# श्रीकृष्णचरितामृतम्

## महाकाव्यम्

*

कृष्णप्रसाद शर्मा घिमिरे

ला: 2006

नं० ४२०५

# श्रीकृष्णचरितामृतम्

( हिन्दीभाषानुवादसहितम् )

## महाकाव्यम्

•

भारतशासनस्य शिक्षामन्त्रालय-
संस्कृतविभाग ( दिल्ली-केन्द्र ) तः
सम्प्राप्तार्थिकसाहाय्यम्

•

कविरत्नम्

**कृष्णप्रसाद शर्मा घिमिरे**

R
891.21
G41

प्रकाशकः : श्रीकृष्णग्रन्थमाला-प्रकाशन
न० १७।३५६ टङ्गाल-गहिरीधारा
काण्ठमाण्डू, नेपाल

संस्करणम् : प्रथमम्-सहस्रमात्रम्
प्रकाशनतिथिः : वि.सं. २०२८, शक सं. १८९३, ख्रि.सं. १९७१

भारतसर्वकारशिक्षामन्त्रालयतो
निर्धारितमूल्यम्

भारतीयमुद्रासु : अङ्केषु ३०.००, अक्षरेषु तीस रुपये
नेपालीयमुद्रासु : अङ्केषु ४२.००, अक्षरेषु वयालीस रुपैयाँ

मार्गव्ययादिकं तदन्यत्

मुद्रकः : विश्वम्भरनाथ द्विवेदः
आनन्दकानन-मुद्रणालयः
सीके. ३६।२०, ढुण्ढिराज वाराणसी–१

© सर्वाधिकारः प्रकाशकेन स्वायत्तीकृतः

सा. २००८ R.

॥ श्रीकृष्णो विजयते ॥

# यत्किञ्चित्

पूज्यपादाः !

नास्त्यस्मिन् विषये मदीयं किञ्चिदपि वक्तव्यम् । यदासीत् तत्सर्वमपि काव्यान्तर्हिततत्तत्स्थलेष्ववलोक्यत एव तत्रभवद्भिः संप्रदत्तसूक्ष्मदृष्टिभिः ।

तथाऽप्यत्र यैर्नाम महानुभावैर्विद्वद्वरैर्महात्मभिश्च तदेतत्काव्यमुद्रणात् पूर्वं पश्चाच्च निरीक्षणपरीक्षणप्रोत्साहनसुसम्मतिप्रदानाभिनन्दनकविरत्नेत्युपाधिवितरणादिभिः सभाजितश्चोपकृतस्तेषां त्वहं चिरकृतज्ञोऽस्म्येव । जयन्तु ते सहृदयहृदयाह्लादकाः परगुणगृघ्नवो विद्वांसः सर्वदैवेत्थंरूपेणैव ।

ततोऽन्यद्वाराणसेय ( सं० वि० वि० ) प्राध्यापकवर्यैः राजशास्त्रविभागाध्यक्षैः पाण्डेय-श्रीरामनारायणदत्तशास्त्रिमहोदयैः काव्यस्याऽस्य मुद्रणादिक्रियासु मत्कृतहिन्द्यनुवादसंशोधनसम्पादनादिव्यवस्थासु च यत्साहाय्यमाचरितं तदेतस्य कृते स्वकृतज्ञतां निदर्शयन् समर्पयंश्चाऽस्मै स्तुत्यचरित्राय भूरिशः साधुवादान् विरमामि विस्तराद्दिति शम् ।

श्रीमतां श्रीचरणधूलिः

वि० सं० २०२८ माघी पौर्णमासी
मृडानीजानेः पुरी

कृष्णप्रसादघिमिरे

**विभो !**

आश्वासनं यमभयाकुलतामृतानां
सञ्जीवनं भवदवव्यथया मृतानाम् ।
आलम्बनं सुकविराजगिरामृतानां
सङ्कीर्तनं जयति ते चरितामृतानाम् ॥

सा.२००८ R.
नं०-४२०८

## महाकाव्येऽस्मिन् सम्मतिप्रदातृमहानुभावानां

# सन्नामानुक्रमणिका

●

### पूज्या जगद्गुरवः शङ्कराचार्याः

१. श्री शृङ्गेरीस्थो महाराजः
२. श्री द्वारकास्थो महाराजः
३. श्री बदरीकास्थो महाराजः
४. श्री पुरीस्थो महाराजः
५. श्री महेश्वरानन्दो महाराजः
६. श्री काञ्चीस्थो महाराजः
७. श्री करपात्रो महाराजः
८. श्री अखण्डानन्दो महाराजः
९. श्रीकृष्णबोधाश्रमो महाराजः

### वाराणसेया विद्वांसः

१०. श्री राजेश्वरशास्त्री द्राविडः
११. श्री पट्टाभिरामशास्त्री
१२. श्री कविपति उमापति
१३. श्री हजारीप्रसाद द्विवेदी
१४. श्री राजनारायणशास्त्री
१५. श्री हरिरामशुक्लः
१६. श्री रामनारायणदत्तशास्त्री
१७. श्री रामप्रसाद त्रिपाठी
१८. श्री गोविन्दप्रसाद सुवेदी Nepali
१९. श्री निरीक्षणपति मिश्रः
२०. श्री सातकडि-मुखोपाध्यायः
२१. श्री बलदेव उपाध्यायः
२२. श्री कृष्णपन्तः

### सम्पादकाः

२३. श्री सूर्योदयसम्पादकः
२४. श्री गाण्डिवम्-सम्पादकः
२५. श्री कल्याणसम्पादकः
२६. श्री विवेकरश्मिसम्पादकः
२७. श्री चिन्तामणिसम्पादकः

### विहारप्रदेशस्थाः

२८. श्री रामपदार्थ शर्मा
२९. श्री अयोध्याप्रसाद सिंहः
३०. श्री वेचन झा
३१. श्रीहरिप्रपन्न द्विवेदी
३२. श्री कपिलदेव शर्मा
३३. श्री विष्णुकान्त झा
३४. श्री उपेन्द्र झा
३५. श्री रुक्मिणीरमणसिंहः
३६. श्री जानकीवल्लभ शर्मा
३७. श्री उमाशङ्कर प्रसाद
३८. श्री उमाकान्त झा, श्यामापद-भट्टाचार्य, उमेश मिश्रः

### वङ्ग ( कलिकाता ) स्थाः

३९. श्री सुनीतिकुमार चटर्जी
४०. श्री कालीपद-तर्काचार्यः
४१. श्री मधुसुदन भट्टाचार्यः
४२. श्री अवधविहारी त्रिपाठी
४३. श्री ब्रह्मदत्त-रामनाथौ
४४. श्री भगवानदत्त जोशी

### उडिसाप्रदेशस्थाः

४५. श्री श्रीनिवास रथः

### मद्र ( मद्रास ) पुरीस्थाः

४६. श्री वेङ्कट राघवन्
४७. श्री कुञ्जुणिराजः
४८. श्री वा० ह० सुब्रह्मण्यशास्त्री
४९. श्री पि० पि० लक्ष्मीनारायण महीशूरस्थः
५०. श्री कुप्पुस्वामी, अन्ये च

### महाराष्ट्रियाः

५१. श्री एस० सुब्रह्मण्य शास्त्री
५२. श्री दत्तवामन पोतदारः
५३. श्री क० माणिकलाल मुन्शी
५४. श्री आर० एन० दाण्डेकर
५५. श्री चिन्तामणि काश्यपकरः
५६. श्री श्रीधर भास्कर वर्णेकरः

### गुजरातस्थाः

५७. श्री उमाशङ्कर जोशी
५८. श्री भगवदाचार्यः
५९. श्रीकृष्णानन्दः, काशिकानन्दः
६०. श्री रामेश्वरानन्दः
६१. आर० एस वस्तन्नी
६२. श्री हरिनारायण झा

### सौराष्ट्रस्थाः

६३. श्री जितेन्द्र जेटली
६४. श्री लक्ष्मीश्वर झा
६५. श्री शोभानन्द झा

### मध्यप्रदेशस्थाः

६६. श्री सुरेन्द्रनाथ शास्त्री
६७. श्री शिवमङ्गलसिंह ( सुमन )
६८. श्री एल० बी० जोशी
६९. श्री सूर्यनारायण व्यासः

### राजधानी ( दिल्ली ) स्थाः

७०. श्री आदित्यनाथ झा
७१. श्री रामकरण शर्मा
७२. श्री सी० आर० स्वामिनाथन्
७३. श्री बी० पी० सिह्ना
७४. श्री योगी रामनाथः

### उत्तरप्रदेशस्थाः

७५. श्री कमलापति त्रिपाठी
७६. श्री महाकवि वनमालीदासः
७७. श्री वैद्यनाथ झा
७८. श्री ब्रजवल्लभशरण
७९. श्री रासविहारी गोस्वामी
८०. श्री रङ्गिलीशरणदेवाचार्यः
८१. श्री लज्जाराम ललामः
८२. श्री निरञ्जनदेवाचार्यः
८३. श्री राघवाचार्यः
८४. श्री पुण्डरीकाचार्यः
८५. श्री वेदानन्द झा
८६. श्री महेश्वरानन्दः
८७. श्री रामस्वरूपाचार्यः
८८. श्री श्यामसुन्दरः
८९. श्री प्रभुदत्त ब्रह्मचारी
९०. श्री सीतारामाचार्यः

### नेपालदेशस्थाः

९१. श्री योगी नरहरिनाथः
९२. श्री डिल्लीराम तिमसिना
९३. श्री लोकनाथ रेग्मी
९४. श्री चन्द्रकान्त अधिकारी
९५. श्री हरिदेव मिश्रः
९६. श्री जीवनाथ झा
९७. श्री शिवशङ्कर झा
९८. श्री पूर्णप्रसाद ब्राह्मणः
९९. श्री चूडानाथ भट्टरायः
१००. श्री माधवप्रसाद देवकोटा
१०१. श्री शेषराज रेग्मी

●

# सम्मतयः

– १ –

**श्रीमदभिनवविद्यातीर्थस्वामिमहाराजः**

जगद्गुरुः शङ्कराचार्यः शृङ्गेरीपीठाधीश्वरः

अस्मदत्यन्तप्रियशिष्यनेपालदेशवासिश्रीकृष्णप्रसादशर्मविषये नारायणस्मरणपूर्वकं विरचिताशिषः समुल्लसन्तुतराम्। भवन्त आबाल्यात् सुरसरस्वतीं संसेव्य लब्धवैदुष्याः सरसकविताचातुरीसमलङ्कृता विराजन्ते। श्रीवेदव्यासमुनिप्रणीतं भागवतं सम्यगधीत्य सरसतत्कथावबोधकं भक्तिरसाप्लावितं भवदारचितं श्रीकृष्णचरितामृताभिधेयं महाकाव्यमस्मानश्रावयंश्च भवन्तः। रसानुगुणपदबन्धुरमिदं काव्यं सहृदयहृदयावर्जकमस्तीति प्रतीमः। भवद्भिरेवमन्यान्यपि काव्यान्याकलितानीति जानीमो दृश्यश्रव्यमयानि। श्रीशारदाचन्द्रमौलीश्वरयोरकम्पानुकम्पापरम्परया काव्यानीमानि सूरिकरपल्लवान्यलंकुर्वन्तु। भवन्तश्चायुरारोग्यैश्वर्यादिभिश्चिरं समेधन्तामित्याशास्ते।

* * *

– २ –

**श्री अभिनवसच्चिदानन्दतीर्थो महाराजः**

जगद्गुरुः शङ्कराचार्यो द्वारकाशारदापीठाधीश्वरः

नेपालीयविद्वद्वरकविता रचनाचतुरश्रीकृष्णप्रसादशर्मप्रणीतं भागवतमनुलक्ष्याऽऽरचितं ललितपदविन्यासमधुरमतिरमणीयं श्रीकृष्णचरितामृतं रसिकजनमनः समावर्जयतीति प्रहृष्टान्तरङ्गाः शुभाशोराशिपरम्परां हृदा प्रयुञ्ज्महे यद्भगवतोर्द्वारकाधीशश्रीचन्द्रमौलीश्वरयोरनुकम्पयाऽकम्पया काव्यमिदमन्ये चैतदीया ग्रन्थाः प्रचुरम्प्रचारमाप्नुयुरेतन्निबन्धा चायुरारोग्यैश्वर्यं समाप्नुयादिति शम्।

* * *

– ३ –

**श्री शान्तानन्दसरस्वती महाराजः**

जगद्गुरुः शङ्कराचार्यो ज्योतिर्मठाधीश्वरः

**सुधाराशयः !**

परमप्रतिभाशालिना कविवरेण श्रीकृष्णप्रसादघिमिरेण विरचितमिदमतुलितगुणधाम श्रीकृष्णचरितामृतं नामाऽभिरामरामणीयकं रुचिरपदावलिललितमवलोक्य साम्प्रतममन्दमानन्दमनुभवतितरां नितरां मदीयोऽन्तरात्मा। अपूर्वैव मनोहारिणी शैली संलक्ष्यते श्रीकृष्णचरितामृतस्य। अनुपममाधुर्यं दधानमिदं श्रीकृष्णचरितामृतं मह्यमतितरां रोचते स्म। अतोऽहमस्य दिशि-दिशि देशे-देशे च प्रचुरं प्रचारं प्रसारञ्चाऽभीप्सन् प्रणेतारमेतस्य शुभाशीराशिभिः संवर्द्धयामिति शुभं भूयात्।

* * *

– ४ –

### श्रीनिरञ्जनदेवतीर्थो महाराजः

जगद्गुरुः शङ्कराचार्यः पुरीस्थगोवर्धनपीठाधीश्वरः

नेपालदेशाजानकविश्रीकृष्णप्रसादशर्मविरचितं श्रीकृष्णचरितामृतकाव्यं श्रुत्वा प्रसीदामः। तत एवाऽस्य प्रचारं प्रसारञ्च सर्वतोमुखं भवत्विति श्रीचन्द्रमौलीश्वरविमलाम्बाचरणारविन्दयोः प्रार्थयामश्च। येनाऽस्य कवेरपि यशः शरीरं सदानन्दतुन्दलितं स्यादिति।

● ● ●

– ५ –

### श्री महेश्वरानन्दसरस्वती महाराजः

जगद्गुरुः शङ्कराचार्यः काशीस्थसुमेरुपीठाधीश्वरः

श्रीकृष्णप्रसादशर्ममहाभागैः कविकर्मनदीष्णैर्विरचनकर्मतां नीतैर्नैकैर्महनीयमहोत्तमकाव्यकलाकलापैः समज्ञाशिखरासीनैर्विरचनकर्मक्रीडाबद्धकौतुकैर्माधुर्यौदार्योदात्तावदात क्रियाकौशल्यैर्न्यबन्धि श्रीकृष्णचरितामृतं नाम महाकाव्यम्। तत्र श्रीमद्भागवतानुबन्धीनि सरससरलानि प्रसादमाधुर्यप्रशंसनीयरमणीयानि समुच्छलद्रसप्रवाहसन्दोहतुन्दिलानि सौदामनीगुम्फनानीव चमत्कारचञ्चुराणि वासन्तानीव सौरभसंभारसंभृतानि सुमनःपुञ्जरञ्जनानि त्वङ्गतुङ्गतरङ्गरङ्गमङ्गमञ्चमारोहन्ति गाङ्गे धवलनिर्मले पूरप्रवाहे सलिलधारावृन्दानीवानवद्यानि हृद्यानि पद्यकदम्बकानि स्वाभाविकानि राजवर्त्मानीवाऽऽग्रामसुन्दराणि रसभारभरितकलसमङ्गलानीव प्रवाहमापनीपद्यमानानि सौरभाणि दर्शं-दर्शं श्रावं-श्रावं सहृदयमहोदयास्तृप्यन्ति धारयितुमिवाऽऽत्मानं न क्षमन्ते चाऽऽपादमस्तकं सम्पूर्यन्त इवाऽऽह्लादसुधासरोवराऽवगाहनैः। तदेतल्लावण्यकारुण्यारुण्यनिधानाय कोटिकोटिकामकमनीयाय शृङ्गोरोद्गारगौरवाऽऽगूरितदीप्तये भगवते श्रीकृष्णचन्द्राय समर्प्यमाणमपि तदनुग्रहगृह्यमाणमपि मनीषिनिवहेभ्योऽन्तेवासिसहस्रेभ्यो जनतासौजन्यविस्फुरितेभ्योऽवश्यमवश्यं तोषकरं भूयो-भूयो विभूयादित्याशास्ते।

● ● ●

– ६ –

### श्री चन्द्रशेखरेन्द्रसरस्वती महाराजः

जगद्गुरुः शङ्कराचार्यः कञ्चीकामकोटीपीठाधीश्वरः

Sri Krishna Prasad Sharma Ghimire; visited this place and had darshan of His Holiness.

He showed his manuscript copy of "Srikrishna Charitamritam" and Kathopanishad Kavyam," Poornahuti Natakam" to their Holinesses and read out excerpts from the same. Their Holinesses were pleased to note the style and the Bhakti Rasa in his works.

I am directed to convey Their Blessings for his long life and prosperity so that he may being out many more useful books in Sanskrit.

● ● ●

### – ७ –

**करपात्रस्वामी**
नारदघाट, वाराणसी

स्वाभाविककविताप्रवाहं सरससरलगीर्वाणगिरा समुद्वमद्भिः श्रीकृष्णप्रसादशर्ममहाभागैरुद्ग्रथितं श्रीकृष्णचरितामृतकाव्यरसं निपीय भृशं प्रसीदति चेतः । सर्वथा श्रीमद्भागवतरसानुकारिसन्दर्भः सर्वस्य श्रेयसे भूयादिति नारायणस्मरणात्मकं शुभाशीराशिं वितरामः ।

• • •

### – ८ –

**श्री स्वामी अखण्डानन्द सरस्वती**
अध्यक्षो भारतसाधुसमाजस्य । वृन्दावनम्

यतस्ततः कविमुखेनैव विश्रुतं तद्रचितं श्रीकृष्णचरितामृताभिधेयं भगवतः सुश्लोक्यं महाकाव्यमयं विविधालङ्कारध्वनिलक्षणादिभिः समुज्जृम्भितं तद्यशोऽस्माभिः । नितरां प्रमोदतेऽन्तरङ्गम् । लोकेऽस्य प्रसिद्धिरस्तु ।

• • •

### – ९ –

**श्रीकृष्णबोधाश्रमो महाराजः**
जगद्गुरुः शङ्कराचार्यः ( जोशीमठ )

अविरलपदपंक्तिः पद्मनाभस्य पुण्या चरणकमलधूलिग्राहिणी भारतीयम् ।
घनतरमुपघातं श्रेयसःश्रोत्रसङ्घात् सुरसरिदिव सद्यो मार्ष्टु माङ्गल्यहेतुः ॥
स्वस्ति वः पाराय तमसः परस्तात् ।

• • •

### – १० –

**पद्मभूषण, पण्डितराजः, श्री राजेश्वरशास्त्री द्राविडः**
विद्वच्छिरोमणिः शास्त्ररत्नाकरः, ब्रह्माघाट वाराणसी

"यं प्रशंसन्ति विद्वांसः स ज्ञेयः पुरुषोत्तमः" इति न्यायेन विद्वत्प्रशंसैवैकमत्येन क्रियमाणा विद्याया अवदातत्वं प्रकाशयतीति हेतोरयं कविर्लोकोत्तरं यशः प्राप्तवानित्यस्माभिर्विलोक्यते । प्रेम्णाऽस्य सर्वविधामुन्नतिं जगदीश्वरो विदध्यादिति तच्चरणकमलयोः प्रार्थ्यते चेति ।

• • •

– ११ –

**श्री पट्टाभिरामशास्त्री**
विद्यासागरः, शास्त्ररत्नाकरः, विद्यावाचस्पतिः
संस्कृतविश्वविद्यालय, वाराणसी

नेपालाभिजनेन श्रीकृष्णप्रसाद-घिमिरे महोदयेन विरचितं 'श्रीकृष्णचरितामृतम्' इति ग्रन्थं यत्रतत्रावालोकयम्। श्रीमद्भागवतस्य प्रायः सर्वोऽप्यंशः पण्डितवरेण पद्यरूपेण वर्णितः। अष्टपञ्चाशत्सर्गपरिमितोऽयं ग्रन्थो विशालकायः, पद्यानि सुललितानि, सरसानि, विविधैश्छन्दोभिर्ग्रथितानि विदुषां मनोरञ्जकानि च वर्तन्ते। तत्र-तत्र भक्तिरसः सुचारु ग्रन्थकारेण प्रवाहितः। ग्रन्थोऽयमतीवोपादेयः, प्रकाशनार्हश्च। ग्रन्थकारस्य सर्वविधं श्रेयः कामयमानो भगवन्तं पशुपतिनाथमभ्यर्थये—यदस्य ग्रन्थस्य देशे सर्वत्र भूयान् प्रचारो भवत्विति।

● ● ●

– १२ –

**श्री उमापति कविपतिः**
मदैनी—वाराणसी

## कविकाव्ययोः शुभाशंसनम्

( १ )

नेपालभूः स्वजनुषाऽलमभूषि येन कृष्णप्रसादकविना कविनायकेन।
तस्याऽतिचारुरचनोपचितं व्यलोकि सद्धामकृष्णचरितामृतनाम काव्यम्॥

( २ )

नामाऽपि यस्य निखिलोत्तरमाधुरीणां धामावरीकृतसुधं वसुधाऽभिरामम्।
श्रेयोवहं हृदयहारि रसातिरेकाद् गीतं गिरा श्रवणशोरुतवौपनीतम्॥

( ३ )

तस्यैव चेद्भगवतो व्रजकेलिपूर्वं पूर्णं चरित्रमिह चित्रितमस्ति काव्ये।
एतावतैव गरिमाऽस्य गिरामगम्यः किं वर्ण्यतां सुकवितारससंप्लुतश्चेत्॥

( ४ )

काव्यं त्विदं सरलहृद्यपदोपबद्धैः नानासुवृत्तसदलंकृतिशालिपद्यैः।
संगुम्फितं सहृदयस्य न कस्य जायात् चेतोहरं हरिकथामृतसारधारम्॥

( ५ )

घीमेर्य्युपाधिकमहाकविरेष नाम्ना कृष्णप्रसाद इह साधितवाक्प्रसादः।
काव्यं विधाय गुरुकायमथाऽयमन्यान् कत्यातनोत् सुरुचिरान् प्रचुरान्प्रबन्धान्॥

( ६ )

संस्मारयन्नयमतीतकवीन् कवित्वशक्त्या स्वया जयति दीपितदिव्यकीर्त्तिः।
जीव्याच्छरच्छतमुमापतिमिष्टमेतद् याचेतरां कविपतिः कमलापतिञ्च॥

● ● ●

– १३ –

**श्री डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी**
का० हि० विश्वविद्यालय।

नेपालके विद्वान् संस्कृत-कवि पं० कृष्णप्रसाद घिमिरेजीके ‘श्रीकृष्णचरितामृत’ काव्यको देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई। कोई ५८ सर्गोंमें २६०० सौ श्लोकोंका यह महाकाव्य बड़ी ही प्रांजल-भाषामें लिखा गया है। पं० कृष्णप्रसादजीका संस्कृत-छन्दोंपर पूरा अधिकार है। अलंकार उनकी भाषामें अनायास आ जाते हैं और सरस-पदावली तो उनके काव्यका निजी गुण है। इस युगमें जब संस्कृतभाषाके अध्ययनकी ओर लोगोंके प्रयास शिथिल हो रहे हैं पं० कृष्ण प्रसाद जैसे विद्वान्-कविको देखकर आशा होती है कि अभी भी इस भाषामें अद्भुत प्राणशक्ति विद्यमान है।

पं० कृष्णप्रसाद घिमिरे जैसे मनस्वी विद्वान्का उचित सम्मान होना चाहिए। मुझे यह जानकर कष्ट हुआ कि उनका यथोचित सम्मान नहीं हो रहा है। वे संस्कृत-भाषाके योग्य कवि और विद्वान् हैं, ‘यथालाभ-सन्तोष’ वृत्तिवाले प्राचीन पंडितोंके महान् आदर्शके अनुगामी हैं। इस उत्तम-काव्यकी रचना करके वे सभी संस्कृत-प्रेमी सहृदयोंकी बधाईके उचित-पात्र सिद्ध हुए हैं। संस्कृतमें रुचि रखनेवाले अधिकारीवर्ग अवश्य विचार करेंगे ही।

● ● ●

– १४ –

**श्री राजनारायण शास्त्री**
सञ्चालकः शास्त्रार्थमहाविद्यालयस्य
प्रधानमन्त्री काशीविद्वत्परिषदः
अध्यक्षः उ० प्र० संस्कृतविद्यालयाध्यापकसङ्घस्य

विविधशास्त्रालोचनप्रत्यालोचनप्राप्तदीक्षैः पण्डितप्रवरैर्विलक्षणां काव्यनिर्मितिनैपुणीमादधानैः श्रीकृष्णप्रसादशास्त्रिघिमिरे-महाशयैः कलिकल्मषापनोदि रसायनं तत्रभगवद्द्वैपायनचर्चितं महापुराणं श्रीमद्भागवतं नाम श्रीकृष्णचरितामृताभिधानेन परिवर्त्त्य सुबोधया सरलातिसरलया भावगभीरया श्रुतिसारसर्वस्वदुघा रीत्या निबद्धम्। तदिदमालोच्य स्वल्पीयसाऽयासेन साक्षाद् भगवतो निरवद्यं चरित्रज्ञानं समधिगम्यत इति।

नयपालदेशीयमहाकविभिः कृतोऽयं विलक्षणः प्रयासः सकलस्य संस्कृतवाङ्मयस्य समग्रस्य च संस्कृतसमाजस्य कृते महदिव गौरवमुपस्थापयति। यथास्थानं छन्दः परिवर्त्तनमाकर्षकभावशैलीसमारोहणे दार्शनिकदिशा सिद्धान्तसमुपस्थापने विशेषतो दशमस्कन्धीयार्थग्रहणे मनागपि मनो नापरज्यति।

मन्येऽवश्यमेतद्ग्रन्थकर्तुर्ग्रन्थानां ग्रन्थस्य चास्य काव्यकथाभावभक्तिरसिकैः क्रियेत समादरातिशय इति कामयते।

● ● ●

– १५ –

**श्री हरिरामशुक्लः, नव्यन्यायाचार्यः**
ब्रह्माघाट वाराणसी

श्रीमद्भिः कृष्णप्रसादशर्मघिमिरेमहोदयैर्निर्मितं श्रीकृष्णचरितामृताभिधं महाकायं महाकाव्यं मया यत्र-तत्र श्रुतम् । कविवरस्येयं कृतिः समेषामपि विद्यावतामवश्यमवश्यमपूर्वं महानन्दं यद्ब्रह्मानन्दसहोदरमभिधीयते, विदधातीति चैतदीयप्रशंसापत्रसमूहमवलोकयतां स्फुटमेवेति । शीघ्रमेवाऽस्य प्रकाशनेन लोकोपकारो भविष्यतीति विश्वसिति ।

● ● ●

– १६ –

**पाण्डेयः श्री रामनारायणदत्तशास्त्री**
व्याकरणसाहित्याचार्यः प्राचार्यः सं० वि० वि० वाराणसी

## श्रीकृष्णचरितामृतकाव्यस्य कवेश्चाऽभिनन्दनम्

भानुनन्दिन्याश्चेतश्चन्दनस्य यशोदानन्दनन्दनस्य निखिलैनसां निकन्दनस्य संतर्जितसंक्रन्दनस्याऽऽवर्जितसनन्दनस्य जितवामदेवस्य जीवितकामदेवस्य नतनामदेवस्य जयदेवाऽऽराध्यदेवस्य देवाधिदेवस्य ग्रीवाविलसितसितकुन्दस्य भगवतो मुकुन्दस्य पादारविन्दमकरन्दगुणानां रसिका रसिकाग्रगण्याः समुपार्जितश्रीकृष्णप्रसादशर्माणःश्रीकृष्णप्रसादशर्माणः सहृदयशिरोमणयो दिवि द्युमणय इव मरीचिभिः प्रतिभावीचिभिर्भुवि विद्योतमाना विघयो नानाविद्योत्तमानां मानातीतगुणग्रामाभिरामा लक्षितलोकविवरा महाकविवराः !

सादरं सानन्दभरं चाऽभिनन्दनं श्रीमतां धीमतां तत्रभवतां भवतां कृतेऽस्माभिर्विहितं हितं विलसतुतरां सुतराम् ।

मधुमधुरिमस्फीतो निपीतो मया समया तत्रभवतो लीलाशुकमुखादिव श्रीमतामेव श्रीमुखारविन्दाभिगलितोऽमृतद्रवमयः पुराणपारिजातफलसमुद्भूत इव काव्यरसोऽननुभूतपूर्वः पूर्वंकवीनां काव्यसमुदायादप्युत्कृष्टतमतमोध्वंसनशीलत्वादमृतत्त्वप्रदानपाटवाच्च ।

किमुच्यतामिह कियल्ललितोचितसंन्निवेशचारुत्वम् ? कियान् मधुरो बन्धः ? कियद्वासुधासोदरं मोदरङ्गप्रदमनन्यसाधारणं साधु माधुर्य्यम् ? प्रतिपद्यं कोऽप्यनवद्यो भावराशिरुन्मिषति । कोऽप्यगणनीयो गुणानां गरिमा गर्जति ? अन्यत्राऽघटिता घटना संघटना किमप्यद्भुतं पाण्डित्यं प्रकटयति । इह सर्वकमणां समन्वयोऽनन्वयः । दर्शनानि चादर्शस्वरूपाणि संस्थितानि । भक्तिभावाम्भोधिस्तूत्तालतरङ्गतामुद्वेलताञ्चाऽऽलिङ्गति । पदे पदे रसनिर्झरो झरति । श्लोके-श्लोके पुण्यश्लोकस्य भगवतः सुश्लोक्यं यशोऽवलोक्यते समुद्भासितं सितम् । वयं तु विचारयामो धारयामश्चेमं विश्वासं यत् काव्यस्यैतस्याहो ! प्रौढिपरिपाकः ! अहो गाम्भीर्यम् ! किञ्चीहो ! गीस्तरङ्गभङ्गी ! किमधिकेन प्रतिपदमेतस्य साहित्यसारसञ्चयैश्चिरं चेतश्चमत्कुरुते चेति भावुकजनमानसप्रत्यक्षैकसाक्षिकमिति । काव्यस्याऽस्य रसपानेन नितरां मोमुद्यमानमानसा वयमधुना मधुना मत्ता इव कलकण्ठाः सोत्कण्ठं नवभिरनवद्यैः पद्यैर्युष्मानायुष्मतः कवीन् काव्यञ्चेदं संस्तुमः—

श्रीश्रीकृष्णप्रसादशर्मकविराट्वक्त्रात् समाकर्ण्य तत्
तेनोन्नीतमतीव सौष्ठवपरं काव्यं रसव्यञ्जनम् ।
नव्यं भव्यमलङ्कृतं धृतगुणं वैदर्भरीत्यां रतं
भावोद्रेकभृतं सभक्तिविभवं मोमुद्यते मानसम् ॥ १ ॥

कालीदासोऽपि दासोऽभवदिह भुवने भासते नाऽपि भासो
वीतोत्कर्षः स हर्षोऽमरुरपि समभून्नाभिनन्दोऽभिनन्द्यः ।
माघः साघः स वा भारविरपि समभूद्भारविक्रान्तचेता
जेता श्रीकृष्णशर्मा सुकविरभिनवोऽयं समेषां कवीनाम् ॥ २ ॥

विद्वँल्लोकेऽवलोके तव विमलयशश्चन्द्रिकायां चितायां
राका सा काऽप्यमाऽभूत् सपदि समभवंस्तेऽपि काका बलाकाः ।
कैलासप्राप्तिरूप्यात् प्रतिगिरि गिरिजां मार्गते भार्गवेज्यः
पद्मां पद्मायताक्षोऽप्यभिलषति धिया नीरधौ क्षीरसिन्धोः ॥ ३ ॥

कलिन्दकुलनन्दिनीमभिनवामहो ! नव्यया
कवित्वकलयाऽनया रतिमयीं हरेरानयन् ।
अवाङ्मनसगोचरं मनसि वाचि संचारयन्
समुज्ज्वलविभान्वितो जयति कृष्णरूपो भवान् ॥ ४ ॥

पुराणनिगमाटवीपरिवृढोऽसि पञ्चाननोऽ-
थवाऽस्यखिलदर्शनाब्ध्यटनशीललीलस्तिमिः ।
सुकीर्तिकुलकन्यकाकरसरोजलाल्योऽथवा-
निकुञ्जरसभृत्कथामृतझरोऽसि लीलाशुकः ॥ ५ ॥

संसारे रसरहिते च सारशून्ये कंसारेर्नवचरितामृतं विधातुः ।
केऽमी रे वयमबुधा बुधेन्दुमौलेर्घमोरे इति सुकवेर्गुणान् प्रगातुम् ॥ ६ ॥

काव्येऽतिकमनीयेऽस्मिन् सर्वधर्मसमन्वयः ।
सर्वदर्शनसिद्धान्तसंगृहीतिः समीक्ष्यते ॥ ७ ॥

भक्तिर्भागीरथी भाति कर्मयुक्तिः कलिन्दजा ।
काव्यत्रिवेण्यामेतस्यां ज्ञानधारा सरस्वती ॥ ८ ॥

श्रीकृष्णरचितं काव्यं श्रीकृष्णचरितामृतम् ।
श्रीकृष्णप्रीतये भूयाच्चेतश्चोरं सचेतसाम् ॥ ९ ॥

* * *

– १७ –

## श्री रामप्रसाद त्रिपाठी

प्रा० व्या० द० आचार्य, व्याकरणविभागाध्यक्ष,
सं० वि० वि० वाराणसी

निखिलशास्त्रपारावारपारदृश्वानो महात्मानो विद्वांसो वैराग्यरागरसिकाः सन्तश्चेदं जानन्त्येव, यदनादिकालतः परिसृतप्रवाहे दुरवगाहेऽगाधे चस्मिन् भीमे भवार्णवे निमज्जतां स्वोद्धाराय कञ्चिदनपायमुपायमजानतां परमं विषीदतां च जनानामेकमेव सुदृढं सन्तरणोपायभूतं श्रीमद्भागवतं शास्त्रम् ।

निगमकल्पतरोः फलं श्रुतिसारसर्वस्वं चैतद् भगवतः श्रीकृष्णस्य प्रत्यक्षा वाङ्मयी मूर्तिरद्याऽपि कराले कलिकाले विराजमानं गर्जति भक्तजनसमुद्धाराय चेति परमं हर्षास्पदम् ।

तदेव श्रीमद्भागवतं तत्तदंशतो गृहीत्वा श्रीकृष्णचरितामृताभिधानं महाकाव्यं विरचय्य 'घिमिरे, इत्युपाधिभाजो नयपालदेशाभिजनाः कविप्रवराः श्री-श्रीकृष्णप्रसादशर्मशास्त्रिणः स्वर्णं सौरभयोगं प्रावकाशन्निति चाऽनिर्वचनीयप्रमोदावसरः समुपस्थितः सचेतसां विदुषाम् । महाकवयश्चेमे कठोपनिषदीयं नाचिकेतोपाख्यानमप्यधिकृत्य महाकाव्यं प्रास्तुवन् ।

एतादृशस्य महनीयमहाकाव्यस्य प्रकाशनं राष्ट्रस्य परमकर्तव्येष्वन्यतममस्ति, येन समाजः शाश्वतिकीं शान्तिममन्दमानन्दं च लभेत । भगवन्तं भवानीपतिं प्रार्थये यदस्य महाकवेर्दीर्घायुष्यमस्य कृतीनां महान् प्रचारश्च भूयादिति ।

● ● ●

– १८ –

## श्री डा० गोविन्दप्रसाद सुवेदी

एम० ए०, द० व्या० सा० आयुर्वेदाचार्य,
प्राचार्य। सं० वि० वि० वाराणसी

स्वजनुषा नेपालराज्यमलङ्कुर्वद्भिः श्रीकृष्णप्रसादशर्मकविवर्यैर्विरचितं श्रीकृष्णचरितामृताभिधेयं महाकायं महाकाव्यं तदीयमुखारविन्दादेव मयाऽश्रावि सुभृशं संप्रदत्तमनोयोगेन । विलक्षणप्रतिभावभासितवपुष एते महानुभावाः काव्येऽस्मिन् स्वकीये स्वबुद्धिवैलक्षण्यं प्रदर्शयन्तः स्थले-स्थले मार्मिकदार्शनिकसिद्धान्तचमत्कारसनाथं श्लेषोत्प्रेक्षोपमायमकाऽर्थान्तरन्यासादिविविधालङ्कारविहितयथास्थानसमावेशं वैदर्भीरीतिप्रायं सप्रसादं प्राञ्जलं समुत्कृष्टतरं नैकविधसमुज्जृम्भितरसविच्छित्तिविशेषं गुणगणगरिमावभासमानं सल्लक्षणलक्षितं नानावृत्तिविराजितपूजितं श्रुतिमनोहरच्छन्दोविचितिपरिपूजितकूजितं नीतिवाक्यामृतविलसितं समस्तजगतीतलमुकुटायमानस्यैकमात्रावशिष्टसनातनहिन्दूराष्ट्रस्य गोरक्षकस्य नयपालदेशस्य सन्महिमानुरूपं विश्वसर्गविसर्गादिदशलक्षणलक्षितस्य श्रीकृष्णाभिधेयस्य परमतत्त्वस्य प्रतिपदं प्रतिपादकं श्रीमद्भागवतमहापुराणस्य सत्सारस्वरूपमनुत्तममिदं महाकाव्यमलं विरचय्य सुरभारतीवरिवस्याव्रतपरिपूर्तिमिव चक्रुरिति मन्ये ।

● ● ●

– १९ –

**श्री निरीक्षणपति मिश्रः**

व्याकरणविभागाध्यक्षः, काशी हिन्दू-विश्वविद्यालय

श्रीमद्भगवत्पशुपतिनाथसनाथपरमपवित्रनेपालदेशवास्तव्येन सुगृहीतनामधेयेन विद्वद्वरेण कविशिरोमणिना श्रीकृष्णप्रसादशर्मघिमिरेमहोदयेन निर्मितं श्रीकृष्णरसपीयूषपूरितं सुधीभूय सुधियामन्तःसन्तोषप्रदं सकलमहाकाव्यलक्षणोपेतं बृहदाकारमष्टपञ्चाशत्सर्गात्मकमन्वर्थनामकं 'श्रीकृष्णचरितामृतम्' महाकाव्यमक्षिसमक्षीकृत्य न मन्दमानन्दमविन्दम् । अस्य महाकाव्यस्य प्रसादगुणोपेतानि नावद्यानि हृद्यानि पद्यानि हिन्दोभाषायामनुवादञ्च निपुणं निरीक्ष्य 'गद्यपद्यमयं वाक्यं भवेद् गङ्गाप्रवाहवत्' । 'तया कवितया किं वा किं वा वनितया तया । पदविन्यासमात्रेण यया नाऽपहृतं मनः' ॥ इत्यादिवचांसि विनायासं द्रागेव स्मृतिपथमायान्ति । अस्य कविकर्मणो विशिष्टं वैशिष्ट्यं मनसि निधायैव गुणगृह्या भारतस्य विभिन्नप्रान्तनिवासिनः पूज्यचरणा जगद्गुरवो धर्माचार्याः महामनसस्तपोधना महात्मानः, वन्दनीया विद्वद्वरेण्याः भारतीयसंस्कृतिसंस्कृतसंरक्षणतत्परा अधिकारिणश्च गुणाधिके वस्तुनि मौनितां दोषमवधार्य महाकाव्यस्याऽस्य विषये समादरभराणि स्पृहणीयानि गुणवर्णनपराणि प्रशस्तिपत्राणि शेमुषीजुषेऽस्मै विदुषे वितीर्य महाकविमेनं सभाजितवन्तः, सत्कृतवन्तश्च 'सूर्योदयपत्रसम्पादकाः विद्वद्वरश्रीवैजापुरकरमहोदयाः 'श्रीकृष्णचरितामृतस्य' परिचयं कानिचित्पद्यानि च सूर्योदयपत्रे विगतवर्षे सादरं प्रकाश्य ।

'कृष्णभावरसभाविता मतिः क्रीयतां यदि कुतोऽपि लभ्यते । तत्र मूल्यमपि लौल्यमेकलं जन्मकोटिसुकृतैरवाप्यते' ॥ इति रीतिमनुसरदिदं महाकाव्यमवश्यं कलिमलापहं भारतोयसंस्कृतिगीर्वाणवाणोसौभाग्यवर्धकमाचन्द्रतारकं श्रीकृष्णशर्मयशोराशिप्रकाशकं सुचिरं सर्वत्र प्रचारं निजगुणमहिम्ना प्राप्नुयादिति भगवन्तमाशुतोषं श्रीविश्वनाथं सम्प्रार्थ्यं विरमति महाकवेरस्य सर्वविधकल्याणसतृष्णमतिर्मिश्रो निरीक्षणपतिः ।

● ● ●

– २० –

**श्री सातकडिमुखोपाध्यायशर्मा**

प्रकाशनाधिकारी, वाराणसीवास्तव्यः

नेपालदेशाभिजनैः सुकविवर्यैः श्रीमद्भिः कृष्णप्रसादशर्मभिर्विनिर्मितं श्रीकृष्णचरितामृताख्यं महाकाव्यं मया कृत्स्नतो व्यालोकि । अंशतस्तु स्वयं कविवराणां मुखारविन्दात् कर्णरसायनतानलयसमुपेततया श्रुतं च । यद्यपि कवेः साफल्यं सहृदयै रसज्ञैरेव निरूपयितुं शक्यते, नाऽस्मादृशैर्व्याकरणन्यायशास्त्रपरिशीलनकर्कशमतिभिस्तथापि यदस्य महाकाव्यस्य पाठेन श्रवणेन चाऽमन्दानन्दसन्दोहमनुभवति मे चेत इति साग्रहं मुक्तकण्ठं चोररीकरोमि । भगवतः श्रीकृष्णस्य चरितं पञ्चसहस्रसंवत्सरैरनेकैरनेकधा कथितं वर्णितं श्रुतं च तथापि मधुमासे द्रुमा इव प्रतियुगं प्रतिकवि तन्महनीयं चरितं नवनवायते इति न परोक्षं सचेतसाम् । इदानीं तत्तु पुनरपि श्रीकृष्णशर्मविरचिते काव्ये सत्यतामापेति निर्विवावदम् ।

काव्येऽस्मिन्, प्रतिसर्गं प्रतिपद्यं छन्दोग्रथनचातुरी, अलङ्कारविन्यासवैदग्धी, रससञ्चारनैपुणी पदे-पद आवर्जयन्ति सहृदयानां हृदयानि । प्रसादगुणभूयिष्ठत्वान्नाऽत्र केवलं

शास्त्रेषु कृतश्रमाणां विदुषां प्रवेशोऽपि त्वन्येषामपि कथञ्चित् लब्धगीर्वाणवाणीपरिचयानां सुखसञ्चारः ।

कामये महाकाव्यस्याऽस्य कृत्स्ने जगतीतले संस्कृतानुरागिषु भूयांसं प्रचारम् । कवेश्च सुचिरमायुरारोग्यादिकं येनाऽयमित्थं काव्यप्रसूनैर्गीर्वाणसरस्वतीपादपङ्कजं समर्चयितुं शक्नुयात् । इति निवेदयति ।

* * *

– २१ –

**श्री बलदेव उपाध्यायः**
प्राध्यावकाशसञ्चालक, अनुसन्धान-संस्थान
हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

नेपालदेशीयकविवरश्रीकृष्णप्रसादघिमिरे–विरचितं श्रीकृष्णचरितामृतमहाकाव्यं नितान्तं रससन्दोहसंवलितं सुभगवचःपेशलं श्रुतिमधुरं च श्रावं श्रावं नितरांप्रसीदति मदीयं मानसम् । प्रथमतस्तु भगवतः श्रीकृष्णस्य चरितमेव मधुरं वर्तते । तदुपरि गीर्वाणवाण्येव कमपि मधुरिमानमावहति । उभयोः संयोगो महाकवेः प्रतिभया समुल्लसितो माधुर्यातिरेकमातनुत इत्यत्र किमपि वक्तव्यं वर्तते नाम । महाकाव्यमिदं रसिकजनेषु समादरभावं भजतामिति निवेदयते ।

* * *

– २२ –

**श्रीकृष्णपन्तः साहित्याचार्यः**
अध्यक्ष। सम्पादकश्चाच्युतग्रन्थमालायाः
अध्यक्षः गो० संस्कृतविद्यालयस्य, वाराणसी

'घिमिरे' इत्युपनामा विजयते कृष्णप्रसादशर्मा कविपुंगवः । वचनरचनाऽऽवर्जितविचक्षणविलक्षणमनसोऽस्य कृष्णचरितामृतं नाम विद्वन्मनोमोदमावहन् महाकाव्यं स्थालीपुलाकन्यायेन यत्रतत्राऽवलोक्य नितरां प्रसीदत्यस्माकं चेतः । श्रीकृष्णस्वरूपनिर्दर्शनपरेऽस्मिन् महति महाकाव्ये चाऽष्टपञ्चाशत्सर्गा विविधछन्दोविचितिनिबद्धा विद्यन्ते । अनवद्यानि निखिलानि पद्यानि चाऽतीवहृद्यानि सुललितपदकदम्बगुम्फितानि भावगभीराणि कवेरस्य नैसर्गिकीं काव्यनिर्माणशक्तिं भृशं द्योतयन्ति ।

अत्र महाकाव्ये मञ्जुलानि पदानि रसा भावा अलङ्कृतयो गुणगणा रीतिततयश्च वाचामधिदेवताया निरवग्रहानुग्रहेण कविपुंगवस्य वश्यानीवाऽहमहमिकया यथास्थानं स्वयं पुरःस्फुरन्तीव विलोक्यन्ते ।

धन्योऽयं कविपुंगवो भगवतः श्रीविश्वनाथस्याऽनुग्रहेण शतायुर्भवतु । अन्यान्यपि एतादृशान्युत्तमकाव्यानि निर्माय लोककल्याणं विदधात्विति शुभाशंसाभिरनन्ताभिरस्य महाकाव्यदर्शनविमुग्धहृदयोऽहं रससिद्धमेनं कविवरमभिनन्दयामीति ।

* * *

– २३ –

**श्री गोविन्द नरहरि वैजापुरकर**
एम० ए०, न्याय-वेदान्त-साहित्याचार्यः
सम्पादक : सूर्योदयस्य
श्रीगङ्गाधरशास्त्रि-भवनम् घासीटोला वाराणसी

सरससाहितीस्रोतस्विनीविहरणवैदग्धिजुषां कवितावनितास्वयंवृतदयितानां तत्र भवतां श्रीकृष्णप्रसादघिमिरे-कविरत्नानां 'श्रीकृष्णचरितामृतम्' नाम महामहाकाव्यं दृष्ट्वैव तस्मिन् रत्नाकरेऽवगाहनमोहपरवशैरस्माभिरकस्मात् प्रायो वर्षद्वयात्पूर्वमवगाहितम्। तत्र च समुपलब्धानि रत्नानि सूर्योदयस्यैकस्मिन्नङ्के संयोज्य सहृदयानां पुरतः समुपस्थापितानि च। नूनं घिमिरेमहोदय आनखशिखं कवितोपादानद्रव्यैरेव वेधसा निर्मित इति महान् प्रमोदावसरो गर्वविहञ्च वृत्तं हिन्दूराष्ट्रस्य नेपालस्य तदीयसंस्कृतिप्रसविनो भारतराष्ट्रस्य चाऽभिजनानां विदुषाम्। महामहाकाव्यमिदं निगमकल्पतरुफलायमानस्य भागवतस्य सारसर्वस्वमिति कथने नातिशयोक्तिलेशोऽपि। सत्येवमपि तदीयसंवादोऽयं कवेःपूर्वकल्पना विलसितेन नितरां नवायमाणः। अतः प्रत्न-नूत्न-सङ्गमस्थलीभूतं महामहाकाव्यं भावुकानां भक्तानां सारस्वतानाञ्चोभयोः कृत आप्यायनकरम्। घिमिरे-कविरत्नैरन्यान्यपि नैकानि महाकाव्यानि, खण्डकाव्यानि, मुक्तकानि, दृश्यकाव्यानि च विरचितानि। अविच्छिन्नं विरच्यते च। अद्यावधि तैस्त्रयोदश-दृश्य-श्रव्यकाव्यानि संग्रथितानि तानि चाऽस्माभिरवलोक्य दृशोः पारणा विहिता।

सौभाग्यमस्माकं यदेतेषु महामहाकाव्यस्याऽस्य प्रथमखण्डो हिन्दीभाषानुवादसमङ्कृतः प्राकाश्यमुपगच्छति। यो हि ५८ अष्टपञ्चाशतसर्गात्मकः शतानां षड्विंशतिश्लोकैः समलङ्कृतो दृश्यते। नूनमेतद् दृष्ट्वा सहृदयाः सरस्वतीसमुपासकास्तु नितरां मोदवार्धौ निमग्ना भवेयुः। तथापि व्यवहारे लक्ष्मीसमुपासकानामपि कर्तव्यं यदेतादृशस्य काव्यस्य समुचितं सम्माननं विधेयम्। तदैव तेऽरसिकत्वापवादनिर्धौताः सारस्वतधारासमाप्लाविताश्च भवेयुः। अत एव भारतशासनस्य प्रदेशशासनानां नेपालराष्ट्रशासनस्य वैश्विकानां संस्कृतप्रणयिनां राष्ट्राणां च साहित्यिकसम्मानकर्तृणां 'राष्ट्रिय-एकेडेमी' ज्ञानपीठादिसंस्थानानामिदं कर्त्तव्यं यदयं महाकविर्यथा निरतिशयं प्रोत्साहित इतोऽपि प्रशस्यतमां काव्यसृष्टिं विदध्यात्तथा प्रयतेरन्। नूनमस्माकं दृष्ट्या महामहाकाव्यमिदं वर्तमानयुगीनसर्वोच्चभारतीयसंस्कृतसाहित्यप्रतिनिधिभूतम्। शासनैः साहित्यिकसंस्थानैर्विद्वद्भिः सहृदयैश्च काव्यरत्नमिदं तदीयगौरवानुरूपं प्रोत्साह्येत चेत् तेषामेव गुणैकपक्षपातित्वमभिव्यञ्जयेत। कवेरस्य पुनस्तेन न किमपि हीयेत, नापि बर्धेत, यतोऽयं निरूपाधिको देववाणीसमुपासकः कर्तव्यमिदमितिकरोत्येव। आशास्यते यत्सम्बद्धाः सर्वे विज्ञा महामहाकाव्यस्याऽस्य समुचितां सत्क्रियाञ्चाऽपचितिं विधाय स्वात्मनः सहृदयत्वं प्रकटयिष्यन्तीति मया निवेद्यते।

• • •

– २४ –

**श्रीरामबालकशास्त्री**
संस्कृतगाण्डीवमित्यस्य सम्पादकः
रामापुरा वाराणसी

सच्चिदानन्दश्रीकृष्णचन्द्राद्भुतचरितमधिकृत्य घिमिरे-श्रीकृष्णप्रसादविरचितं श्रीकृष्णचरितामृतमिति महाकाव्यस्य कतिपयस्थानं श्रीकृष्णप्रसादाच्छ्रुतमस्माभिर्गतवर्षे । पूर्वन्तु श्रीकृष्णचरितमेवाऽद्भुतं तदुपरि तस्य रचयिता चापि श्रीकृष्ण एव स्यात् तदा तदद्भुतत्वातिशायित्वं कथं न प्राप्तमत्रेति प्रतिपादयतो मम चेतो नितरां प्रसीदति काव्यस्याऽस्य साङ्गोपाङ्गसम्वादगतयोगेन । अतोऽत्र महाकाव्यप्रणयने रचनाकौशलेन सह प्रणेतुः धैर्यप्राज्यमपि सहजं साधुवादमर्जयेत् । वर्धकिकार्यं नापितेन, नापितकार्यं वर्धकिना चेति विचित्रां दुर्नीतिमवलम्बमाने शासनेऽस्यापि सहृदयस्येति शुभां भावुकतां सर्वोपरिताञ्चाऽऽशंसन् तन्मुद्रितरूपं द्रष्टुं पुनः पुनः श्रीविश्वेश्वरं प्रार्थयामि ।

● ● ●

– २५ –

**श्री चिम्मनलाल गोस्वामी**
गीतावाटिका ( गोरखपुर )
सम्पादक—कल्याण तथा कल्याण-कल्पतरु

पण्डितश्रीकृष्णप्रसादशर्मघिमिरे—कविना विरचितं श्रीकृष्णचरितामृताभिधेयं महाकाव्यं महाकाव्यं विविधरसभावच्छन्दोलङ्कारादिपरिपूरितं दृष्ट्वा विश्रुत्य चाऽस्य कवेः सुमुखादेव यत्र-तत्रत्यान् कतिपयसर्गस्थश्लोकान् भृशं प्रसीदति मदीयं मनः । कवेरस्य रचना निरतिशयं चातुर्य्यमादधाना सुमनसामपि नितरां सुमनोहारिणी सुभृशं ललिता भगवद्भक्तिपरिपूरिता च दरीदृश्यत एव सर्वैर्विद्वद्वरैः । तदहं कामये भक्तिमयी सैषा कवेः कृतिः कृतिवरस्याऽस्य सर्वमनोहारिण्येव संभवेत् संस्कृत-संस्कृतिप्रिया । भक्तवराश्च तदस्याः समादरं कुर्युरिति ।

● ● ●

– २६ –

**श्री सुदर्शनसिंह 'चक्र'**
सम्पादक : विवेकरश्मि, मानसमणि

'श्रीकृष्णचरितामृतम्' देखनेका अवसर मिला । आजके युगमें संस्कृत-साहित्यमें यह एक नवीन कड़ी है । अवश्य प्राचीन साहित्यके सन्दर्भमें यह एक अद्भुत साहसका काम है । श्रीकृष्ण-प्रेमियोंके लिए इसमें साधन-सम्बल प्राप्त होगा । कविके इस काव्यामृतसे जनता-जनार्दन लाभ उठाकर आशा है संस्कृतानुरागियोंका उत्साह-वर्द्धन करेगा ।

● ● ●

– २७ –

सम्पादक : 'चिन्तामणि'

'श्रीकृष्णचरितामृतम्-महाकाव्य' के प्रकाशन—क्रममें श्रीघिमिरेजीसे सम्पर्क बढ़ा और बढ़ता गया। इनकी तत्परता और लगन, इतने निकटसे देखनेका अवसर मिलेगा मनमें कभी इस प्रकारकी कल्पना भी नहीं थी। इस ग्रन्थमें इनकी विद्वत्ता और काव्य-क्षमताका रसास्वादन तो सुविज्ञ-रसिक जन करेंगे ही। यहाँ इस सन्दर्भमें यह बताना आवश्यक समझता हूँ कि एक अहिन्दीभाषी देशान्तरके निवासी होनेपर भी इन्होंने किस आयास-श्रमसे जो आदर्श उपस्थित किया है, वह भारतीय साहित्यिकों-कलाविदोंके लिए निश्चित ही अनवरत प्रेरणाप्रद होगा। आशा है, कवि और काव्यका सुसंस्कृत जन सदा सम्मान करेंगे। इसके बावजूद इनके विनम्र व्यक्तित्व, मिलनसारिताकी गहरी छाप अमिट बनी रहेगी। मेरी रुचि थी इस ग्रन्थमें पाठकोंके लाभार्थ इनके जीवनकी कुछ झाँकियां प्रस्तुत करूँ और महाकाव्यपर एक विहङ्गम दृष्टि भी। किन्तु मुद्रणके काल-व्यय और साधन-संकोचसे अभी थोड़ेमें ही विराम करना श्रेयस्कर जान पड़ता है। अतः श्रीकृष्णप्रसाद घिमिरेकी प्रतिभाका दिनों-दिन निखार होता रहे और वे सर्वजन-सुखाय साहित्यका सृजन करते रहें। भगवान् सदाशिवसे यह मेरी शुभ कामना है।

● ● ●

– २८ –

**श्री रामपदार्थ शर्मा, सचिवः**

**विहार—संस्कृत-शिक्षापरिषदः**

श्रीकृष्णप्रसादशर्मविरचितं सरसं महाकाव्यं श्रीकृष्णचरितामृताभिधेयं संस्कृतसाहित्य-संसारे नवीनमपूर्वं च किमपि ज्योत्स्नाजातमाविष्करोति। अद्यत्वेऽपि चेदृशाः संस्कृतविद्वांसः कवयश्च वेविद्यन्त इति नितरां मोमुदीति मानसं सुरसरस्वतीसमुपासकानाम्। श्रीहर्ष-माघ-भारवि-कालिदासादिसत्कविसेवितायाः भारत्याः सेवापरायणोऽयं विद्वान् समेषां भारतीयानां साधुवादानर्हति। अस्य महाकाव्यस्य केचनांशाः मया श्रुताः श्रोत्रेन्द्रियलाभसुखं च साधु समुपलब्धम्। अस्य काव्यस्य प्रकाशनं नितरामपेक्षितम्। एतदर्थं सर्वैः सहृदयैः साहाय्यं कार्यमिति प्रार्थ्यते।

● ● ●

– २९ –

**श्री अयोध्याप्रसाद सिंह**

**प्राध्यापक, स्नातकोत्तर-संस्कृतविभाग, पटना-विश्वविद्यालय**

कविवरश्रीकृष्णशर्मप्रणीतं श्रीकृष्णचरितामृताख्यमहाकाव्यमंशतः श्रुतम्। महाकायमिदं यथार्थत एव महद्गुणालङ्काररसादिसत्काव्यतत्त्वोपेतं कवेः प्रज्ञायाः समुत्कर्षं वितनोति। आशासे काव्यस्याऽस्य प्रकाशनं शीघ्रमेव भविष्यति। अनेन खल्वद्यतनसंस्कृतकाव्यसरणिः समलङ्कृता भविष्यतीत्यत्र नास्ति संशयलेशोऽस्माकं मनसि।

● ● ●

– २४ –

**श्रीरामबालकशास्त्री**

संस्कृतगाण्डीवमित्यस्य सम्पादकः

रामापुरा वाराणसी

सच्चिदानन्दश्रीकृष्णचन्द्राद्भुतचरितमधिकृत्य घिमिरे-श्रीकृष्णप्रसादविरचितं श्रीकृष्णचरितामृतमिति महाकाव्यस्य कतिपयस्थानं श्रीकृष्णप्रसादाच्छ्रुतमस्माभिर्गतवर्षे । पूर्वन्तु श्रीकृष्णचरितमेवाऽद्भुतं तदुपरि तस्य रचयिता चापि श्रीकृष्ण एव स्यात् तदा तदद्भुतत्वातिशायित्वं कथं न प्राप्तमत्रेति प्रतिपादयतो मम चेतो नितरां प्रसीदति काव्यस्याऽस्य साङ्गोपाङ्गसम्वादगतयोगेन । अतोऽत्र महाकाव्यप्रणयने रचनाकौशलेन सह प्रणेतुः धैर्यप्राज्यमपि सहजं साधुवादमर्जयेत् । वर्धकिकार्यं नापितेन, नापितकार्यं वर्धकिना चेति विचित्रां दुर्नीतिमवलम्बमाने शासनेऽस्यापि सहृदयस्येति शुभां भावुकतां सर्वोपरिताञ्चाऽऽशंसन् तन्मुद्रितरूपं द्रष्टुं पुनः पुनः श्रीविश्वेश्वरं प्रार्थयामि ।

● ● ●

– २५ –

**श्री चिम्मनलाल गोस्वामी**

गीतावाटिका ( गोरखपुर )

सम्पादक—कल्याण तथा कल्याण-कल्पतरु

पण्डितश्रीकृष्णप्रसादशर्मघिमिरे–कविना विरचितं श्रीकृष्णचरितामृताभिधेयं महाकायं महाकाव्यं विविधरसभावच्छन्दोलङ्कारादिपरिपूरितं दृष्ट्वा विश्रुत्य चाऽस्य कवेः सुमुखादेव यत्र-तत्रत्यान् कतिपयसर्गस्थश्लोकान् भृशं प्रसीदति मदीयं मनः । कवेरस्य रचना निरतिशयं चातुर्य्यमादधाना सुमनसामपि नितरां सुमनोहारिणी सुभृशं ललिता भगवद्भक्तिपरिपूरिता च दरीदृश्यत एव सर्वैर्विद्वद्वरैः । तदहं कामये भक्तिमयी सैषा कवेः कृतिः कृतिवरस्याऽस्य सर्वमनोहारिण्येव संभवेत् संस्कृत-संस्कृतिप्रिया । भक्तवराश्च तदस्याः समादरं कुर्युरिति ।

● ● ●

– २६ –

**श्री सुदर्शनसिंह 'चक्र'**

सम्पादक : विवेकरश्मि, मानसमणि

'श्रीकृष्णचरितामृतम्' देखनेका अवसर मिला । आजके युगमें संस्कृत-साहित्यमें यह एक नवीन कड़ी है । अवश्य प्राचीन साहित्यके सन्दर्भमें यह एक अद्भुत साहसका काम है । श्रीकृष्ण-प्रेमियोंके लिए इसमें साधन-सम्बल प्राप्त होगा । कविके इस काव्यामृतसे जनता-जनार्दन लाभ उठाकर आशा है संस्कृतानुरागियोंका उत्साह-बर्द्धन करेगा ।

● ● ●

– २७ –

**सम्पादक : 'चिन्तामणि'**

'श्रीकृष्णचरितामृतम्-महाकाव्य' के प्रकाशन—क्रममें श्रीघिमिरेजीसे सम्पर्क बढ़ा और बढ़ता गया। इनकी तत्परता और लगन, इतने निकटसे देखनेका अवसर मिलेगा मनमें कभी इस प्रकारकी कल्पना भी नहीं थी। इस ग्रन्थमें इनकी विद्वत्ता और काव्य-क्षमताका रसास्वादन तो सुविज्ञ-रसिक जन करेंगे ही। यहाँ इस सन्दर्भमें यह बताना आवश्यक समझता हूँ कि एक अहिन्दीभाषी देशान्तरके निवासी होनेपर भी इन्होंने किस आयास-श्रमसे जो आदर्श उपस्थित किया है, वह भारतीय साहित्यिकों-कलाविदोंके लिए निश्चित ही अनवरत प्रेरणाप्रद होगा। आशा है, कवि और काव्यका सुसंस्कृत जन सदा सम्मान करेंगे। इसके बावजूद इनके विनम्र व्यक्तित्व, मिलनसारिताकी गहरी छाप अमिट बनी रहेगी। मेरी रुचि थी इस ग्रन्थमें पाठकोंके लाभार्थ इनके जीवनकी कुछ झाँकियां प्रस्तुत करूँ और महाकाव्यपर एक विहङ्गम दृष्टि भी। किन्तु मुद्रणके काल-व्यय और साधन-संकोचसे अभी थोड़ेमें ही विराम करना श्रेयस्कर जान पड़ता है। अतः श्रीकृष्णप्रसाद घिमिरेकी प्रतिभाका दिनों-दिन निखार होता रहे और वे सर्वजन-सुखाय साहित्यका सृजन करते रहें। भगवान् सदाशिवसे यह मेरी शुभ कामना है।

● ● ●

– २८ –

**श्री रामपदार्थ शर्मा, सचिवः**
विहार—संस्कृत-शिक्षापरिषदः

श्रीकृष्णप्रसादशर्मविरचितं सरसं महाकाव्यं श्रीकृष्णचरितामृताभिधेयं संस्कृतसाहित्य-संसारे नवीनमपूर्वं च किमपि ज्योत्स्नाजातमाविष्करोति। अद्यत्वेऽपि चेदृशाः संस्कृतविद्वांसः कवयश्च वेविद्यन्त इति नितरां मोमुदीति मानसं सुरसरस्वतीसमुपासकानाम्। श्रीहर्ष-माघ-भारवि-कालिदासादिसत्कविसेवितायाः भारत्याः सेवापरायणोऽयं विद्वान् समेषां भारतीयानां साधुवादानर्हति। अस्य महाकाव्यस्य केचनांशाः मया श्रुताः श्रोत्रेन्द्रियलाभसुखं च साधु समुपलब्धम्। अस्य काव्यस्य प्रकाशनं नितरामपेक्षितम्। एतदर्थं सर्वैः सहृदयैः साहाय्यं कार्यमिति प्रार्थयते।

● ● ●

– २९ –

**श्री अयोध्याप्रसाद सिंह**
प्राध्यापक, स्नातकोत्तर-संस्कृतविभाग, पटना-विश्वविद्यालय

कविवरश्रीकृष्णशर्मप्रणीतं श्रीकृष्णचरितामृताख्यमहाकाव्यमंशतः श्रुतम्। महाकायमिदं यथार्थत एव महद्गुणालङ्काररसादिसत्काव्यतत्त्वोपेतं कवेः प्रज्ञायाः समुत्कर्षं वितनोति। आशासे काव्यस्याऽस्य प्रकाशनं शीघ्रमेव भविष्यति। अनेन खल्वद्यतनसंस्कृतकाव्यसरणिः समलङ्कृता भविष्यतीत्यत्र नास्ति संशयलेशोऽस्माकं मनसि।

● ● ●

### – ३० –

**श्री बेचन झा. एम० ए० डि० लिट्०, साहित्याचार्यः**
संस्कृतविभागाध्यक्षः, पटना-विश्वविद्यालय

अद्याऽहं श्रीमतां कृष्णप्रसादघिमिरेशर्मणामनवद्यपद्यरचनाचातुरीमज्ञासिषम् । एतद्विरचितञ्च श्रीकृष्णचरितामृताभिधेयं महाकायं महाकाव्यं तन्निर्मितान्यतरनाचिकेतसनामकेनाऽष्टाविंशतिसर्गात्मकेन महाकाव्येनाऽन्येन पूर्णात्यभिधेयेन दृश्यकाव्यनैव च समं श्रावं-श्रावं दर्शं-दर्शं च नितरामानन्दसन्दोहमन्वभवम् । आशासे चाऽचिरात् प्रकाशिताऽस्य कवेः कृतयो भारते तथाऽन्येषु तत्तद्विभिन्नभूखण्डप्रान्तेषु च निरन्तरं पूज्या भवेयुरिति ।

● ● ●

### – ३१ –

**श्रीहरिप्रपन्नो द्विवेदी**
एम० ए०, पी-एच० डी०, शास्त्री
अध्यक्षः, संस्कृतविभाग, बि० एन० कलेज० पटना

नेपालदेशवास्तव्येन गीर्वाणवाणीसमाराधनपरेण सुधिया श्रीकृष्णप्रसादशर्मणा घिमिरेमहोदयेन निबद्धं श्रीकृष्णचरितामृतं नाम महाकाव्यकुसुमं विलोक्य चञ्चरीकायत इव मे मनः । संस्कृतोत्सादनपरेऽस्मिन् युगेऽपि कश्चिद्रत्नाकरकृतेः हरविजयस्याऽपि विस्पर्द्धिनोऽष्टपञ्चाशत्सर्गात्मकस्य महाकाव्यरत्नस्य प्रणेतेति न मे मनः सहसा प्रत्येति । ग्रन्थकर्तुर्नाचिकेतसनाम महाकाव्यं दृश्यकाव्यञ्च पूर्णाहुत्यभिधेयं मयाऽवलोकितम् । मुद्रितयोरनयोर्ग्रन्थयोर्दर्शनार्थं च भृशं लालायितं मे मनः ।

दृष्ट्वेदं काव्यकर्तृत्वं गुम्फितं सकलैर्गुणैः ।
न मे संशीतिलेशोऽपि संस्कृतमुद्धरिष्यते ।

● ● ●

### – ३२ –

**श्री कपिलदेव शर्मा**
अखिलभारतीयदेवभाषापरिषत्सेवकः
( छपरा-विहार )

श्रीकृष्णप्रसादशर्म-घिमिरे कविना विरचितानि दृश्य-काव्यानि श्रव्य-काव्यानि च ( पूर्णाहुति-नाचिकेतस-श्रीकृष्णचरितामृतनामकानि ) विलोक्य नितरां मोदते मे मनः । अस्मिन् कामिनी-काञ्चन-कीर्ति-लोलुपे जगति, विद्या-विमुखे च युगे, अस्य, नयपालदेशाऽलङ्कारभूतस्य भारतनयपाल-सत्कृतस्य कवेः घिमिरे-महोदयस्य मनः कवितायामेव रमत इति दर्शं-दर्शं, श्रावं-श्रावं च तद्रचित-ग्रन्थानां गद्य-पद्यांशान्, कविवरमिमं हृदयेनैव समभिनन्दामि ।

सुकवेरस्य ग्रन्थानां मुद्रणार्थं भारतसर्वकारेण त्रिसहस्ररूप्याणि दत्तानि । एतदर्थं भारतसर्वकारः सर्वथा धन्यवादार्हः । किन्तु त्रिसहस्ररूप्यकमात्रेण चोपर्युक्तमहाग्रन्थानां मुद्रणमसम्भवम् । अतः प्रार्थये—नयपालसर्वकारो भारतस्य सर्वेषां राज्यानां सर्वकाराश्च, तथा समुचितमार्थिकं साहाय्यं कुर्वन्तु । यथोपर्युक्तानि सर्वाणि ग्रन्थरत्नानि शीघ्रातिशीघ्रं मुद्रितानि भवेयुरिति ।

● ● ●

### - ३३ -

**श्री पण्डित विष्णुकान्त झा, साहित्यालङ्कारः**
ज्योतिषरत्न, ज्योतिषाचार्यं, दैवज्ञशिरोमणिः
पौहट्टा—पटना

श्रीकृष्णस्य विभोः पदाम्बुजलसद्भक्तिप्रदं पावनं
काव्योत्कृष्टगुणान्वितं सुललितं विद्वत्प्रमोदावहम् ।
श्रेष्ठं तच्चरितामृतं सुविशदं कृष्णेतिपूर्वं प्रियं
दृष्ट्वा मोदमुपैति मानसमिदं 'कृष्णप्रसादैः' कृतम् ॥

सन्नेपालसुदेशवासिविदुषा विप्रेण मान्येन तत्
पद्यैः सुष्ठुतमैः सुभावभरितैश्चाऽलङ्कृतं सत्तमम् ।
नानासाधुकथान्वितं प्रमहितं कृष्णेतियुक्तं श्रुतं
पीत्वाऽहं चरितामृतं परमिदं मुग्धोऽभवं सर्वथा ॥

मान्याय साधुशीलाय विद्यागुणभृते सते
श्रीमत्कृष्णप्रसादाय पद्याञ्जलिमिहाऽर्पये ॥

● ● ●

### - ३४ -

**श्री उपेन्द्र झा, व्याकरणन्यायाचार्यः**
प्रिन्सिपल—महारानी अधिरानी श्री ३
रमेश्वरलता-संस्कृतमहाविद्यालय, दरभङ्गा

श्रीपशुपतिनाथपवित्रीकृतनेपालदेशाश्रितपण्डितप्रवरश्रीकृष्णप्रसादशास्त्रिविरचितं पीपूषवर्षि श्रीकृष्णचरितामृतं नाम महाकाव्यं विविधालङ्कारच्छन्दोभरितं कविमुखादेव क्वचित् क्वचित्तदीयैरेव सरसैः स्वरैः श्रावंश्रावं ग्रन्थप्रणेतुरगाधं वैदुष्यमुपलभ्य चेतो नितरां प्रासीसदत् । मन्ये चाऽमुष्य कृतिनः कृतिरियं मुद्रिता जनानामाह्लादिनी भवेदिति शम् ।

● ● ●

### - ३५ -

**श्री रुक्मिणीरमणसिंहः**
साहित्याचार्यः, विद्यारत्नम्
श्रीसदनम्-रीगा, मुजफ्फरपुरम्

कृष्णप्रसादकविकाव्यमिदं निशम्य चेतो मदीयमुपयाति सुखं नितान्तम् ।
स्वान्तः सुखाय रचितं हरिभक्तिपूतं काव्यं शुभं सुयशसे सुकवेः सदा स्यात् ॥
कवयन्ति वपन्ति शब्दजालं बहवः पद्यमयं विशेषशून्यम् ।
सविशेषगिरस्तु शक्तिमन्तो बत केचित्, कविरेष तेषु गण्यः ॥

● ● ●

– ३६ –

**श्री जानकीवल्लभशास्त्री**
चतुर्भुजस्थान, मुजफ्फरपुरम्

अभिनवमहाकविना घिमिर इत्युपाधिना श्रीकृष्णप्रसादशर्म्मणा भागवताऽपराभिधानेन प्रणीतं श्रीकृष्णचरितामृतं कविशिखरिणस्सद्यस्स्रवत्सारस्वतामृतमिव पायं पायममन्दानन्दसन्दोहमवाप्तवानस्मि । चिरादेतादृशं काव्यपाटवमन्यत्राऽनवलोकितमद्य साक्षात्कृतम् । सूक्ष्मेक्षिकया निरीक्षणक्षणे काव्येऽस्मिन् पदे पदे कवेरस्य प्रातिभोत्कर्षविशेषं कमपि गिरिग्रावप्रख्यान्तरङ्गं प्रचलयितुमलमिति निभृतं विश्वसिमि । सहृदयास्तु स्वयमेव सौरभ्याकृष्टमधुकरायमाणा अस्याऽनास्वादितपूर्वं माधुर्य्यं सस्पृहमास्वाद्य भविष्यन्ति मत्ततराः।

दौर्भाग्यमस्य देशस्य यदेतादृशप्रतिभाव्युत्पत्यभ्याससम्पन्नो महाकविर्महाकाव्यस्याऽस्य प्रकाशनार्थं कियतऽप्रदेशान् परिक्रम्य नाऽद्यापि सञ्चितप्रचुरवित्त इति चित्तम्भवत्युद्विग्नम् । वाचिकाभ्यर्थयाऽलमलञ्च शपथेन मृगमदामोदविभावनया । केवलमस्य देशस्य शास्तारश्श्रीमन्तश्च सप्रश्रयमावेद्यन्ते सम्प्रति यत्तैर्यथार्यथं साहाय्यम्प्रदाय महाकाव्यमणेरस्य प्रकाशने त्वरा विधेया येनाऽमरभारत्या अमरोऽयं महाकविराशु स्वानुरूपं यशो लभतां नव्यतरं नाचिकेतसं श्रव्यकाव्यं दृश्यकाव्यञ्च पूर्णाहुत्यभिधेयं शीघ्रमेव सहृदयेभ्य उपायनीकर्तुं शक्नुयादिति ।

● ● ●

– ३७ –

**श्री उमाशङ्कर प्रसाद**, बी० एस० सी०
रमना, मुजफ्फरपुरम्

मुझे नेपालके कविवर श्री पण्डित कृष्णप्रसादशर्म्मा घिमरे-कृत श्रीकृष्णचरितामृत महाकाव्यका कुछ अंश सुननेका सौभाग्य प्राप्त हुआ। कविवरने बहुत सुललित एवं सुन्दर पदावली लिखी है। आजकल संस्कृतमें ऐसी कविता कम देखनेमें आती है और लिखी भी कम ही जाती है। इस रचनाके लिए वे बधाईके पात्र हैं। पुरस्कृत होनेके पात्र हैं।

भारतके विशिष्ट विद्वानोंने इस कृतिको मुक्तकण्ठसे सराहना की है और भारत-सरकारने इसके लिए अनुदान दिया है। मैं आशा करता हूँ कि विभिन्न-राज्य भी इसओर ध्यान देंगे और कविवरकी समीचीन सहायता करेंगे।

● ● ●

– ३८ –

**श्री उमाकान्त झा शर्म्मा**
ज्यौतिषगणितफलिताचार्यः, ज्यौतिषतीर्थश्च

**श्री श्यामापद भट्टाचार्यः**
व्याकरणतर्कतीर्थः न्यायाचार्यः

**उमेश मिश्रः**, व्याकरणाचार्यः साहित्यशास्त्री

अद्य नेपालभूसुरतिलकेन पदलालित्योपमार्थगौरवैः कवित्रयीमतिशयानेन कविकुलालङ्कारेण, सुरसरस्वतीसेवासमुपजाताशेषवैदुष्येण पण्डितप्रकाण्डेन तत्रभवता

श्रीमता घिमिरे इत्युपाधिभाजा समधिगतकृष्णप्रसादेन कृष्णप्रसादेन विरचितं ‘श्रीकृष्णचरितामृतं’ नाम महाकाव्यम्, कठोपनिषदमनुवदत् खण्डकाव्यम्, पूर्णाहुत्यभिधेयं नाटकञ्च समुचितच्छन्दोऽलङ्कारगुणरीतिभिः समुज्जृम्भितं रसभावभृतं समवलोक्य श्रुत्वा च कविकोकिलकण्ठतः परमानन्दसन्दोहमनुभवन्तो वैद्यनाथधामान्तर्गताश्रमकरणीवादस्य श्रीबालानन्दसंस्कृतमहाविद्यालयस्य सप्राचार्यप्राध्यापका वयं प्रमुदितेनान्तःकरणेन सुकवीनामेतेषां यशसा दीर्घायुषा च सदैवाचिरमेव काव्यत्रयस्याऽस्य प्रकाशं प्रचारञ्च कामयामहे। येन विकरालेऽस्मिन् कलिकाले सत्पथानवलोकनेन इतस्ततो बम्भ्रम्यमाणा अपि जना परां शान्ति लभेरन्।

●●●

– ३९ –

**श्री सुनीतिकुमार चटर्जी**

वङ्ग ( कलिकाता ) स्थः

आर्षविद्याष्वनूचानो विप्रो नैपालकः सुधीः। पशुपतिप्रपूजको विष्णुभक्तिपरायणः॥
काश्यपगोत्रसंभूतो घिमिरे कुलदीपकः। श्रीकेदारात्मजो नाम्ना सोऽयं कृष्णप्रसादकः॥
काष्ठमण्डपमित्याह्वे कान्तिपुराऽपराऽभिधे। राजोषिते पुरेरम्ये वसति यः सदा मुदा॥
गुरुकुले निवासो हि काश्यां येन प्रकल्पितः। बहुशास्त्रे कृतश्रमः पूजा प्राप्ता विपश्चिताम्॥
नानाछन्दोनिबद्धे च काव्येऽस्मिन् चित्तहारिणि। पुण्यं कृष्णायनं हृद्यं वृत्तं तेन सुवर्णितम्॥
कविता रुचिरा तस्य मनोजाता प्रसादिनी। अर्पिता कृष्णसेवायां धन्योऽसौ विदुषां वरः॥
अधुना देवभाषाया वक्ता श्रोता च दुर्लभः। दातारो नाऽपि दृश्यन्ते म्रियमाणाऽथं देवगीः॥
काव्यं मनोहरं चैतन्नवीनं हर्षवर्धनम्। मुद्रणीयं द्रुतं मन्ये भक्तिप्रीतिप्रदायकम्॥
राजशक्तिः प्रजाशक्तिः पूरयेतां परस्परम्। गुणग्राहिप्रसादेन काव्यमेतत्प्रकाश्यताम्॥

इति विनिवेदयति सर्वकारसमक्षं संस्कृतानुरागिजनसमक्षं च काश्यपचाटुर्ज्याकुलजातो गौडवङ्गीयः सुनीतिकुमारदेवशर्मा। मानविकीविद्यासु भारतस्य जातीय आचार्यो, भारतशासनीयसंस्कृतायोगस्य भूतपूर्वस्याधिष्ठाता, भारतीयसर्वभाषासाहित्यपरिषत्सभापतिश्च।

●●●

– ४० –

**श्री कालीपदतर्काचार्य्य शर्मा**

महामहोपाध्यायः

वंगराज्याधिकृतकलिकातासंस्कृतमहाविद्यालयस्थ।

श्रीमत्कृष्णप्रसादेन कविना पुण्यकर्मणा। निबद्धं रससम्पूर्णं श्रीकृष्णचरितामृतम्॥
काव्यस्याऽस्य रसो नूनं पीयूषरसजित्वरः। सम्मोहयति चेतांसि कविता भावितात्मनाम्॥
अत्र काव्यगुणा दिव्या दीव्यन्ति सुकविप्रियाः। प्रशस्ति सुकवेरस्य वेदयामि ततो मुदा॥
अधुना विप्लवे प्राप्ते संस्कृतध्यानकर्मणोः। दुर्लभैतादृशी काव्यसृष्टिरिष्टा विपश्चिताम्॥
परमेशप्रसादेन चिरं जीवन्नयं सुखम्। कविः कृष्णप्रसादाख्यः कीर्ति विन्दतु पुष्कलाम्॥
काव्यस्याऽस्य प्रचारे च भारतस्य शिवप्रियः। सर्वकारः प्रसन्नात्मा ददातु स्वां सहायताम्॥

इति कविकाव्यगुणमुग्धः प्रार्थयते।

●●●

### – ४१ –

**श्री मधुसूदन भट्टाचार्यः**

गवेषणाविभागाध्यापकः संस्कृत कालेज, कलिकाता

काष्ठमण्डपनेपालवास्तव्येन श्रीकेदारनाथतनुजन्मना काश्यपेन सुकविना श्रीमता-कृष्णप्रसादशर्मघिमिरे-महाभागेन विरचितं श्रीकृष्णचरितामृतं नाम महाकाव्यं, तदन्यदपि मया समवीतम् । महाकाव्येऽस्मिन्नलौकिको ब्रह्मानन्दसहोदरः काव्यरसास्वाद आस्वाद्यतेऽस्माभिः । तथा चाऽस्मिन् भगवतः श्रीकृष्णस्य सुललितपद्यैः श्रीमद्भागवतविवर्णितसुचरित्रगाथा निबद्धा दरीदृश्यते । भृशं मोमुद्यते चाऽस्माकं मनोऽनुभूयैतत् सर्वं महाकविजनोचितविविधालङ्काररञ्जितानि ध्वनिलक्षणादिसमुद्भासितान्यत्रत्यानि सहृदयहृदयमनोहराणि पद्यकदम्बकानि दर्शं दर्शं प्रसादगुणराजिभिर्विभूषितानि नानाविधछन्दोभिर्ग्रथितानि सुमनोमनोहराणि विशेषमाधुर्यव्यञ्जकानि चाऽवश्यमवश्यं सहृदयहृदयान्यावर्ज्याऽऽनन्दयन्ति चेति प्रतीमः । इदं महाकाव्यं यदि सर्वकारसहायेनाऽचिरेणैव मुद्रितं प्रचारितं च स्यात्तदा काव्यरसिकानां विदुषां भगवद्भक्तानां सामाजिकानाञ्च परमं श्रेयो विदधन्महाकाव्यमिदं महदुपकारकं भविष्यतीति विषयेऽस्मिन् राष्ट्राधिकारिणां साधिकारिणाञ्च सविवेका शुभदृष्टिराकृष्यते ।

• • •

### – ४२ –

**श्री अवधविहारी त्रिपाठी**

व्याकरणाचार्यः, काव्यतीर्थः

अध्यापक : पतञ्जलिसाङ्गवेदविद्यालयः, कलिकाता

अयि सहृदयहृदयानन्ददायका अनवद्यविद्याध्ययनाध्यापनपूतान्तःकरणाः सद्विद्याभ्यसनव्यसनिनो नग्ननर्तनदृश्यकाव्यकलादर्शनसुखानुभवास्वादस्वदिनो भावुका विपश्चिद्वराः! श्रव्यकाव्येऽस्मिन् विदाङ्कुर्वन्तु तत्र श्रीमन्तो भवन्तो यत्—

काव्यस्वरूपमिदमद्भुतरङ्गमञ्चं दृष्ट्वा मया सुनिपुणं विधृतश्च सारः ।
यस्मिन्नहो ! विजयते स्वगतिं प्रदर्श्य कृष्णप्रसादघिमिरे कविसूत्रधारः ॥
तद्ब्रह्मकृष्ण उरुशक्तिधरो नटोऽसौ विक्रीडतेऽत्र रुचिरं प्रियभक्तिनट्या ।
तन्नग्ननर्तनमिदं तु निरीक्षितुं भो ! आगच्छताऽहह ! वयं स्वरतिप्रिया यत् ॥

धर्मो विवर्णित इह प्रतिभान्वितेन कृष्णेन कृष्णपरकेन, सदर्थदेन ।
कामो विदर्शित उभौ परलोकलोकश्रेयःप्रदे विलसतोऽत्र सदर्थमुक्ती ॥
गृह्णन्तु तत् सुधिय एत्य सुखं प्रवेशपत्रं विलोकयितुमत्र तयोः सुनृत्यम् ।
शान्ता भविष्यथ भविष्यति संनिविष्टाश्चेतोधनं न तु हरेत् परमत्र चौरः ॥

• • •

– ४३ –

**श्रीब्रह्मदत्तत्रिवेदी-रामनाथदाधीचौ शास्त्रिणौ**
**श्री नारायणस्वामिपादानां चञ्चरीकौ, कलिकातास्थौ**

श्रीकृष्णचरितामृतं नाम दिव्यकलासम्मितं रसपरिणतिं श्रीमच्छास्त्रिकृष्णप्रसादमहोदयश्रावितं भव्यभावसुमनोभिश्छन्दोभिः सुरुचिरं सुनिपुणं श्रावं-श्रावं परमामोदभरं प्राप्नुमो वयम् ।

महाकविनाऽनेन कविरत्नशेखरो जगद्धरभट्टः सुतरामस्मद्दृष्टिपथि समानीतः । कृष्णप्रशस्तिविलसितं कविकर्मेदं जगतोऽमन्दानन्दसन्दोहं कुर्यादिति भूयो भूयः परमेश्वरं प्रार्थयामः, कामयामहे चैतस्याऽविलम्बं मुद्रणं येन जगति भूयो भव्या भारती सुविलासविज्जृम्भणेन विजयतेतराम् ।

● ● ●

– ४४ –

**श्री भगवानदत्त जोशी**
**बि० ए० विशारद**
**दहीहट्टा ष्ट्रीट, कलकत्ता**

नेपालके प्रसिद्ध कविवर श्रीकृष्णप्रसाद घिमिरे द्वारा विरचित श्रीकृष्णतत्त्वनिदर्शनशील सर्वधर्मसमन्वयपरक श्रीकृष्णचरितामृतम् काव्यके कुछ अंशोंको सभाके बीचो-बीच सुनकर अनेकों सभ्योंके साथ मैं भी मन्त्र-विमुग्ध बन गया । हृदयमें अत्यन्त प्रसन्नता हुई । इस युगमें भी ऐसे संस्कृतके कविद्वारा ऐसा सुललित पद्यनिबन्धित काव्योंका निर्माण निश्चय ही महान् आश्चर्यकी बात है। इतनी माधुर्यपूर्ण श्रीकृष्ण-कथाकी रचना अभूतपूर्व है और अत्यन्त आदन्ददायक तथा महोत्साहबर्धक है। इसलिए भी सारे भारतवासियोंके लिए निरन्तर श्रवणीय, मननीय एवं निदिध्यासनीय है ।

● ● ●

– ४५ –

**श्री श्रीनिवासरथः**
**एम० ए० साहित्याचार्य।**
**संस्कृताध्यापक, विक्रमविश्वविद्यालयः ( उडिसास्थः )**

श्रीकृष्णप्रसादघिमिरेमहोदय-रचितं श्रीकृष्णचरितामृतकाव्यरसं पायं-पायं नितरां मुग्धोऽस्मि । महाकवेरस्य कोमलकान्तपदावलीग्रथिता भारतो भारतीयानामस्माकं नितरां महानन्दप्रसूः । विजयतां श्रीकृष्णप्रसादघिमिरे प्रसाधितसुरभारती । तदेतस्य कृते भृशं सम्माननीयोऽसौ सर्वैराधिकारिभिरिति कविकाव्यगुणगुग्धत्वाद्विनिवेदयामि ।

● ● ●

– ४६ –

**कविकोकिल, डा० वेङ्कटराघवन्, एम० ए०, पि० एच० डी०**
**पं० जवाहरलालनेहरुसहचरः ( मद्रास )**

नेपालजेन वरसंस्कृतपण्डितेन कृष्णप्रसादशुभनामभृता द्विजेन।
कृष्णप्रसाद विलसत्कविताविलासधन्येन ये विरचिताः सरसा निबन्धाः ।। १ ।।
संक्षिप्तभागवतमाश्रितकाव्यमेतच्छ्रीनाचिकेतयमतत्त्वकथः प्रबन्धः।
पूर्णाहुतिप्रथितभारतराजसूयवस्तूत्थनाटकमपीह मया त्रयस्ते ।। २ ।।
आलोकिताः कुतुकिना पठिता बहुत्र भागेषु काव्यगुणलोभितमानसेन।
मन्येऽचिरेण कविरेष कृती भवेत् स्वसाहित्यमुद्रणयशोधनभाग्यलाभात् ।। ३ ।।
इत्यादरेण 'कविकोकिल' राघवोऽयमाशंसतेपशुपतेः कृपया 'घिमीरे'।
इत्याख्यया विदित एष समेधतां श्रीकृष्णप्रसादकविराप्तसमस्तकामः ।। ४ ।।

● ● ●

– ४७ –

**श्री डॉ० के० कुञ्जुण्णिराजः, एम० ए० पि० एच० डी०**
संस्कृत विभागाध्यक्षः, मद्रास-विश्वविद्यालयः
**तत्सहचराश्चेमे—श्री० र० तङ्गस्वामी**
**श्री० मु० रामकृष्ण शास्त्री, श्री मु० नरसिंहाचार्यः**
**श्री० न० गङ्गाधरः श्री के० बी० शेषाद्रिनाथः**

श्रीमद्भिः घिमिरे-कृष्णप्रसादमहाकविभिः विरचितं श्रीकृष्णस्तवात्मकं श्रीमद्भागवतसारभूतं महाकाव्यं श्रीकृष्णचरितामृताभिधं तन्मुखतः श्रुतमस्माभिः। तेषां शैली ललितललिता, उदन्त उदात्तः, भावश्च गभीरः । एतैः कविवरैरन्येऽपि चौपनिषद-पौराणिकप्रबन्धाः विनिर्मिताः सहृदयावर्जकाः ।

भारतसर्वकारैरन्यैः संस्कृतभाषाभिमानिभिः सहृदयैः संस्कृतसंस्थानिर्वाहकैश्चैतेषां कविवराणां प्रोत्साहः समधिको विधेय इति चाशास्महे।

● ● ●

– ४८ –

**श्री वा० ह० सुब्रह्मण्यशास्त्री,** अध्यक्षः मद्रपुरीसंस्कृतविद्याशालाध्यापकश्च
**श्री का० राममूर्तिशास्त्रिणः,** उभयमीमांसाविशारदाः
**श्री वे० जगदीश्वरशास्त्रिणः** श्री मीमांसाकेसरी, पण्डितराजः
व्याकरणशिरोमणिः, साहित्यालङ्कारः
**श्री वि० सुब्रह्मण्यशास्त्री,** कलाशालाध्यक्षः
पण्डितराजः शास्त्ररत्नाकरः, वेदान्ताध्यापकः
**श्री के० बालसुब्रह्मण्यशास्त्री**
श्री० कृष्णमूर्तिशास्त्रिणः वेदान्ताध्यापकः

'कवितल्लजैर्घिमिरे-कृष्णप्रसादशर्मभिर्विरचितं श्रीकृष्णचरितामृताभिधं महाकाव्यमष्टपञ्चाशत्सर्गं यावत्प्रपूर्णं नाचिकेतसाभिधेयमनुपमं काव्यं नाटकमन्यच्च पूर्णाहुत्याख्यं यावदलो-

कितमस्माभिरनुभूतं च स्वान्तस्तले यद्भगवतो वासुदेवस्य लीलाविशेषादेव सोऽयं कविवरः स्वलिखितानीमानि काव्यकदम्बकान्यस्मान् निर्दर्शयितुं समर्थोऽभवदिति। सहृदयहृदयावर्जनक्षमाणि चैतानि विदृश्यन्तेऽनुभूयन्ते चेत्यत्र न कश्चिदपि सन्देहलेशः। विशेषेण नूतनतया समून्मीलन्नयं श्रीकृष्णचरितामृताभिधेयकाव्यपूर्णचन्द्रः पूर्णचन्द्र इवाकाशस्थो जगदिव संस्कृतकाव्यलोकं विद्योतयेदित्यस्माकं सुदृढो विश्वासः। वेदान्ततत्त्वावेदकं काठकोत्थं नाचिकेतसाभिधेयं काव्यमन्यच्च रुचिरातिरुचिरमेतेषां कृतिष्वन्यतममवगच्छामः। तयोरन्यतमं दृश्यकाव्यं पूर्णाहुतिनामकं च विजृम्भतेतरां काव्यरसास्वादनपराणां विद्वज्जनानां समक्षम्। एवमश्रान्तं संस्कृतभारतीसेवनं संविदधानानामेषां कविवराणां भारतीयराज्यनिर्वाहकैरन्यैश्च संस्कृतिसंस्कृतप्रणयिभिः समादरणं प्रोत्साहनं च नैरन्तर्येणैव विधेयमित्यस्माकमाभ्यन्तरं सद्भावं च सप्रमोदमावेदयामः।

● ● ●

– ४९ –

**पी० पी० लक्ष्मीनारायणोपाध्यायः** पण्डितभूषणम्
महीशूरास्थानविद्वान्, ज्योतिषतर्कविद्वान्,
ज्योतिषप्रधानाध्यापकः ( मद्रास )

श्रीमता कृष्णप्रसादघिमिरे इत्युपाह्वेन लिखितं काव्यसन्दोहं व्यलोकिषि। कवितारसोऽत्रत्यो भक्तिरसाप्लावितः सुललितपदसन्दोहसुवर्णचषकपरिपूर्णो नितान्तं सर्वानपि रसिकजनान् सहृदयवर्गांश्चानन्दसन्दोहे संल्लीनान् करोत्येव। हन्ताऽस्मिन्नपि काले महान् कविवरोऽयमस्मत्संस्कृतपण्डितगोष्ठीमलङ्करोतीति हंहो! भागधेयमस्माकम्।

● ● ●

– ५० –

**श्री ए० कुप्पूस्वामी**
सेक्रेटरी संस्कृतसाहित्य-परिषद्
त्रिचिरापल्ली, मद्रास

I have great pleasure in going through the manuscript of Srikrishna Charitamritam many eminent men have spoken in evlogistic terms. Sri Krishna Prasad Sharma Ghimire is a great scholar with the gift of the in use, the grace of Sri Saraswati. I pray that God will vouchsafe the blessings to get the manuscript published early. The Govt. Has done a great service to the country helping the author to pubilish it. I wish him success in his noble endeavour.

● ● ●

– ४६ –

**कविकोकिल, डा० वेङ्कटराघवन्, एम० ए०, पि० एच० डी०**
**पं० जवाहरलालनेहरुसहचरः ( मद्रास )**

नेपालजेन वरसंस्कृतपण्डितेन कृष्णप्रसादशुभनामभृता द्विजेन ।
कृष्णप्रसाद विलसत्कविताविलासधन्येन ये विरचिताः सरसा निबन्धाः ॥ १ ॥
संक्षिप्तभागवतमाश्रितकाव्यमेतच्छ्रीनाचिकेतयमतत्त्वकथः प्रबन्धः ।
पूर्णाहुतिप्रथितभारतराजसूयवस्तूत्थनाटकमपीह मया त्रयस्ते ॥ २ ॥
आलोकिताः कुतुकिना पठिता बहुत्र भागेषु काव्यगुणलोभितमानसेन ।
मन्येऽचिरेण कविरेष कृती भवेत् स्वसाहित्यमुद्रणयशोधनभाग्यलाभात् ॥ ३ ॥
इत्यादरेण 'कविकोकिल' राघवोऽयमाशंसतेपशुपतेः कृपया 'घिमीरे' ।
इत्याख्यया विदित एष समेधतां श्रीकृष्णप्रसादकविराप्तसमस्तकामः ॥ ४ ॥

● ● ●

– ४७ –

**श्री डॉ० के० कुज्जुण्णिराजः, एम० ए० पि० एच० डी०**
संस्कृत विभागाध्यक्षः, मद्रास-विश्वविद्यालयः
**तत्सहचराश्चेमे—श्री० र० तङ्गस्वामी**
**श्री० मु० रामकृष्ण शास्त्री, श्री मु० नरसिंहाचार्यः**
**श्री० न० गङ्गाधरः श्री के० बी० शेषाद्रिनाथः**

श्रीमद्भिः घिमिरे-कृष्णप्रसादमहाकविभिः विरचितं श्रीकृष्णस्तवात्मकं श्रीमद्भागवत-सारभूतं महाकाव्यं श्रीकृष्णचरितामृताभिधं तन्मुखतः श्रुतमस्माभिः । तेषां शैली ललितललिता, उदन्त उदात्तः, भावश्च गभीरः । एतैः कविवरैरन्येऽपि चौपनिषद-पौराणिकप्रबन्धाः विनिर्मिताः सहृदयावर्जकाः ।

भारतसर्वंकारैरन्यैः संस्कृतभाषाभिमानिभिः सहृदयैः संस्कृतसंस्थानिर्वाहकैश्चैतेषां कविवराणां प्रोत्साहः समधिको विधेय इति चाशास्महे ।

● ● ●

– ४८ –

**श्री वा० ह० सुब्रह्मण्यशास्त्री,** अध्यक्षः मद्रपुरीसंस्कृतविद्याशालाध्यापकश्च
**श्री का० राममूर्तिशास्त्रिणः,** उभयमीमांसाविशारदाः
**श्री वे० जगदीश्वरशास्त्रिणः** श्री मीमांसाकेसरी, पण्डितराजः
व्याकरणशिरोमणिः, साहित्यालङ्कारः
**श्री वि० सुब्रह्मण्यशास्त्री,** कलाशालाध्यक्षः
पण्डितराजः शास्त्ररत्नाकरः, वेदान्ताध्यापकः
**श्री के० बालसुब्रह्मण्यशास्त्री**
श्री० कृष्णमूर्तिशास्त्रिणः वेदान्ताध्यापकः

'कवितल्लजैर्घिमिरे-कृष्णप्रसादशर्मभिर्विरचितं श्रीकृष्णचरितामृताभिधं महाकाव्यमष्ट-पञ्चाशत्सर्गं यावत्प्रपूर्णं नाचिकेतसाभिधेयमनुपमं काव्यं नाटकमन्यच्च पूर्णाहुत्याख्यं यावदलो-

कितमस्माभिरनुभूतं च स्वान्तस्तले यद्भगवतो वासुदेवस्य लीलाविशेषादेव सोऽयं कविवरः स्वलिखितानीमानि काव्यकदम्बकान्यस्मान् निदर्शयितुं समर्थोऽभवदिति। सहृदयहृदयावर्जनक्षमाणि चैतानि विदृश्यन्तेऽनुभूयन्ते चेत्यत्र न कश्चिदपि सन्देहलेशः। विशेषेण नूतनतया समून्मीलन्नयं श्रीकृष्णचरितामृताभिधेयकाव्यपूर्णचन्द्रः पूर्णचन्द्र इवाकाशस्थो जगदिव संस्कृतकाव्यलोकं विद्योतयेदित्यस्माकं सुदृढ़ो विश्वासः। वेदान्ततत्त्वावेदकं काठकोत्थं नाचिकेतसाभिधेयं काव्यमन्यच्चव रुचिरातिरुचिरमेतेषां कृतिष्वन्यतममवगच्छामः। तयोरन्यतमं दृश्यकाव्यं पूर्णाहुतिनामकं च विजृम्भतेतरां काव्यरसास्वादनपराणां विद्वज्जनानां समक्षम्। एवमश्रान्तं संस्कृतभारतीसेवनं संविदधानानामेषां कविवराणां भारतीयराज्यनिर्वाहकैरन्यैश्च संस्कृतिसंस्कृतप्रणयिभिः समादरणं प्रोत्साहनं च नैरन्तर्येणैव विधेयमित्यस्माकमाभ्यन्तरं सद्भावं च सप्रमोदमावेदयामः।

● ● ●

– ४९ –

**पी० पी० लक्ष्मीनारायणोपाध्यायः** पण्डितभूषणम्
महीशूरास्थानविद्वान्, ज्योतिषतर्कविद्वान्,
ज्योतिषप्रधानाध्यापकः ( मद्रास )

श्रीमता कृष्णप्रसादघिमिरे इत्युपाह्वेन लिखितं काव्यसन्दोहं व्यलोकिषि। कवितारसोऽत्रत्यो भक्तिरसाप्लावितः सुललितपदसन्दोहसुवर्णचषकपरिपूर्णो नितान्तं सर्वानपि रसिकजनान् सहृदयवर्गांश्चानन्दसन्दोहे संल्लीनान् करोत्येव। हन्ताऽस्मिन्नपि काले महान् कविवरोऽयमस्मत्संस्कृतपण्डितगोष्ठीमलङ्करोतीति हंहो! भागधेयमस्माकम्।

● ● ●

– ५० –

**श्री ए० कुप्पूस्वामी**
सिक्रेटरी संस्कृतसाहित्य-परिषद
त्रिचिरापल्ली, मद्रास

I have great pleasure in going through the manuscript of Srikrishna Charitamritam many eminent men have spoken in evlogistic terms. Sri Krishna Prasad Sharma Ghimire is a great scholar with the gift of the in use, the grace of Sri Saraswati. I pray that God will vouchsafe the blessings to get the manuscript published early. The Govt. Has done a great service to the country helping the author to pubilish it. I wish him success in his noble endeavour.

● ● ●

– ५१ –

**श्री एस० सुब्रह्मण्यशास्त्री, शास्त्ररत्नाकरः, पण्डितराजः**
मुम्बादेवी-संस्कृतविद्यालयः ( भारतीयविद्याभवन )

श्रीमन्तः !

कृष्णप्रसादकविता मञ्जुला सुमनोहरा ।
रसालङ्कारभरिता भक्तिं वर्धयते हरौ ॥
श्रुत्वेदं कविसारस्यं मग्ना आनन्दवारिधौ ।
श्लाघन्ते सशिरःकम्पं तत्कवित्वं विपश्चितः ॥
यशो धनं च माङ्गल्यं पण्डितानां पुरस्कृतिम् ।
दद्यादस्य कवेस्तुष्टा सर्वदात्री सरस्वती ॥

* * *

– ५२ –

**श्री दत्तोवामन पोतदारः, महामहोपाध्यायः**
साहित्यवाचस्पतिः, शनिवारपेठ, पूना

नेपालदेशीयाः कविप्रवराः श्रीकृष्णप्रसादघिमिरे-महोदया अद्य प्रातरेव मद्दर्शनार्थं समागताः । शीतबाधाग्रस्ता नेपालं स्वगृहं काशीतो गन्तुकामाः । तैर्विरचितं श्रीमद्भागवतानुवादप्रकाशकं श्रीकृष्णचरितामृतं नाम महाकाव्यं यत्र तत्र किञ्चिदवलोकितम्, श्रुतञ्च तन्मुखादेव बहुषु स्थलेषु । झटित्येव प्रतीतं यत्तेषां श्रीकृष्णप्रसादकवीनां रचनाऽशेषं प्रसादयुक्ता सरला चिन्ताकर्षणसमर्था सर्वथा श्रव्यकाव्यभक्तिसंस्कृतिपोषकाणां रसिकानामादरणीया प्रभवेद्, दार्शनिकाश्च संप्रसीदेयुः । एते न केवलं धन्यवादानर्हन्ति किन्तु यद्यत्साहाय्यं प्रकाशनादिविषये चाऽऽवश्यकं तत्सर्वमेतेषां कृते देयमिति प्रार्थये साधिकारिणः ।

* * *

– ५३ –

**श्री डा० कन्हैयालाल, मानिकलाल मुन्शी**
अध्यक्षः, भारतीयविद्याभवन, बम्बई

श्रीकृष्णप्रसादकविना स्वकृतस्य श्रीकृष्णचरितामृतकाव्यस्य कतिचन भागा मत्सन्निधौ सुपठिताः । श्लोका विविधवृत्तेषु संस्थिताः सुललिताः श्रवणमनोहरा रसवन्तश्च विदृश्यन्ते । कविरयंसर्वेषामप्यस्माकं भारतसंस्कृतसंस्कृतिप्रियाणां निरन्तरमुत्तोजनस्य भाजनञ्च संभवेत् । ग्रन्थस्याऽस्य प्रचारः प्रसारश्च धाराप्रवाहरूपेणैव सर्वत्रैव विभूयादित्याशास्ते ।

* * *

– ५४ –

**श्री रामचन्द्र-नारायण दाण्डेकर**
भाण्डारकरप्राच्यविद्यासंशोधनमन्दिरम्, पूना

श्रीमद्भिः कृष्णप्रसादशर्मभिर्विरचितं श्रीकृष्णचरितामृतसंज्ञकं काव्यं दृष्टमल्पतया पठितं च मया । येन महान् संतोषः संजातः । अचिरादेवेदं काव्यं प्रकाश्येतेत्येव मम बलवत्याशा । येनाऽस्माकं संस्कृतसंस्कृतिपरिवर्धिता भविष्यतीति ।

* * *

– ५५ –

**श्री चिन्तामणि-गणेश काश्यकरः**

पूर्णे विद्यापीठ, संस्कृतप्रगताध्ययनकेन्द्रम्

श्रीमतां कृष्णप्रसादशर्मणां श्रीकृष्णचरितामृतसंज्ञकं संस्कृतमहाकाव्यमद्य भगवतः प्रसादेन दृष्टिपथमागतम्। दृष्ट्वा परीक्ष्य विश्रुत्य च महान्तं सन्तोषमन्वभवम्। नेपालदेशे संस्कृतविद्याऽपि सविशेषं जागर्तीति चाकलय्य संस्कृतभाषायाः प्रचारविषये शुभाशा प्रबधंते। एतेषां कविवराणामिदं महाकाव्यं प्रसादादिगुणयुक्तं ध्वनिलक्षणालङ्कारादिभिः समन्वितं वर्तते। तदचिरादेवाऽस्य काव्यस्य प्रकाशनादिका शोभना व्यवस्था त्वरया संभवेदिति बलवती मदाशा।

* * *

– ५६ –

**डा० श्रीधर भास्कर वर्णेकर**

एम० ए० डि० लिट्०

अध्यापक नागपुर-विश्वविद्यालयः

लोके लोकसहस्रेषु कश्चिदेको हि जायते।
यस्मै श्लोकसहस्रेषु कश्चिदेको न रोचते॥

नगाधिराजोत्सङ्गलालितान्नपालदेशादस्मद्गृहमागत्य श्रीकृष्णचरणैकान्तभक्तेन श्रीकृष्णप्रसादशर्मणा श्रावितमिदं श्रीकृष्णचरितामृतं नाम महाकाव्यमितस्ततः। शब्दब्रह्मणो हि विवर्तभूतं काव्यं नाम श्रोत्रपेयं दिव्यानन्दसन्दोहजनकं किमप्यमृतमेव। तदनेन कविसुहृद्वरेण श्रीकृष्णचरितामृतरूपेण परिणमय्य रसिकभक्तजनानां भृशं खलूपकृतम्! यावत्कालपर्यन्तं श्रीकृष्णनामस्मरणमात्रेण समुल्लसन्ति भावुकानां चेतांसि भूतलेऽस्मिस्तावत्कालपर्यन्तं कविवरस्य श्रीकृष्णप्रसादस्य कवित्वं यशांसि च समुल्लसन्तुतरामिति च प्रार्थयते श्रीकृष्णभक्तचरणारविन्दरजश्चञ्चरीकः।

* * *

– ५७ –

**श्री उमाशङ्कर जोशी**

उपकुलपति, गुजरात-विश्वविद्यालयः

Shri Krishnaprasad Sharma Ghimire, a Sanskrit poet from Nepal, read out a few verses to me from his epic 'Shri Krishnacharitamritam' and a long poem entitled 'Nachiketasam'. I was impressed by the easy flow of metrical composition and ornatediction. In these days when Sanskrit seems to have fallen on evil days, it is really heartening to come across a person who is Sanskrit-drunk and finds leisure enough to compose epical works. Needless to say, Sanskrit is a language which lends it self easily to poetic efforts, which is not to say that it is less exacting. I have no hesitation in commending these works to all lovers of Sanskrit.

* * *

– ५८ –

**श्री भगवदाचार्यः**, वेदादिभाष्यकारः

राजनगर सोसाइटी, अहमदाबाद

कविवराः श्रीकृष्णप्रसादा अद्य श्रीकृष्णचरितामृत-नाचिकेतस-पूर्णाहुत्यभिधेयं काव्यं समादायोपस्थिताः । श्रुताश्च मया केचन सर्गास्तयोरुभयोकाव्ययोर्थैव विश्रुतश्च दृष्टकाव्यस्याऽपि कश्चिदंशः । प्रसीदच्च मदीयं चेतः यथा चैते सरलाः स्वभावेण तथैवैषां कविता-कामिन्यपि सारल्यमनुसरति। बहूनां विदुषामत्रमुकटाक्षनिक्षेपः संजातोऽवश्यमेव तेषामपि चान्तरं प्रासीदच्चेति तेषां लेखेनैव प्रायेण च प्रत्यक्षीकृतमस्माभिः । अन्येऽपि च ये विद्वांसो भविष्यन्ति द्रक्ष्यन्ति चैतत् काव्यरत्नत्रयं तेऽपि स्वान्तःसुखमनुभविष्यन्तीत्यत्र न कोऽपि शङ्कावकाशः । आशा च विद्यते ये नाम धनिका महोदयाः सन्ति तेऽप्यत्र ग्रन्थानामेतेषां समृद्धिमवलोक्य स्वं धनमुपयुक्तं प्रकुर्युरन्ये च ज्ञानसमृद्धा भवेयुरिति स्वां समृद्धिं पुरस्कृत्यैतादृशीं सम्मतिमेव प्रदाय विरमाम्यहम् ।

● ● ●

– ५९ –

**महामण्डलेश्वरः स्वामि श्री कृष्णानन्दजी महाराजः**

**श्री स्वामि काशिकानन्दश्च, अहमदाबाद**

पण्डितप्रवरश्रीमत्कृष्णप्रसादशर्मनिर्मितं प्रसादगुणसंपन्नं भावगम्भीरं भगवन्माहात्म्यवर्णनपरं परं महाकाव्यमवलोक्य परमं मनः प्रसादमगमम् । आशासे विपुलकलेवरमिदं काव्यमनन्तगुणगणगरिम्णो भगवतो यशोवर्णनपरिपूर्णं जनानामसारसंसार सागरनिमज्जनोन्मज्जनक्लान्तस्वान्तानां कान्तासंमितोपदेशयुग्भिर्मधूपमव चोभिर्भक्तिरूपां नाव मुद्भाव्योपकरिष्यतीति ।

● ● ●

– ६० –

**श्री स्वामि रामेश्वरानन्दाचार्यः**

साहित्यरत्न, व्याकरण-वेदान्ताचार्यं,

कोशलेन्द्रमठ अहमदाबाद

सुरभारतीरसरसिको नयपालदेशीयश्रीकृष्णप्रसादशर्मघिमिरे' इत्युपाह्वोऽनन्तकरुणावरुणालयानन्तकल्याणगुणगुम्फितचरणारविन्दस्य परमकारुणिकस्येदृशसंसारोद्भवस्थितिसंहारकस्याऽनन्तभुवनाधिपतेस्तत्रभगवतः श्रीकृष्णस्य सद्गुणगरिमाभिराममनोहरं श्रीकृष्णचरितामृताऽभिधेयं महाकाव्यं यत्सुललितान्त्यानुप्रासयमकाद्यलङ्कारध्वनिलक्षणादिभिः समन्वितं सहृदयहृदयाह्लादकं जग्रन्थ तदेवाऽस्माकं कृते महान् प्रमोदस्य विषयः ।

करालेऽस्मिन् कलिकालेऽपि चैतादृशाः काव्यरसरसिका विद्वांसः कवयश्च विद्यन्त इति निरीक्ष्य परीक्ष्य च तत्काव्यं दृष्ट्वा च तन्निर्मिते अन्ये नाचिकेतसपूर्णाहुतिनामधेये श्रव्यदृश्यकाव्ये चानुभूय च विशुद्धेनाऽन्तरात्मना तद्गतरसान् नितान्तं मोमुद्यते च मे स्वान्तम् । भवेद्यदि साकल्येन प्रकृतकविवरविरचितनिखिलग्रन्थानां शीघ्रमेव प्रकाशनं तेनैतेनाऽपि

महाँल्लोकोपकारः सम्भविष्यतीति। आशासे चाऽत्राऽखिलब्रह्माण्डनायको 'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति यत्प्रत्यभिसंविशन्तीतिश्रुत्युदितमहिमाऽनन्तगुणाकरो भगवाञ्जानकीजानिः श्रेयो विधास्यति कविवराणां मनोरथाञ्च पूरयिष्यतीति। पुनश्च भगवत्कलाकलनकुशलहृदयस्याऽस्य कवेः सान्निध्यं समाप्यं यः कोऽपि जनो ह्रस्वतरोऽपि-क्षणोऽतिवाह्यति चेत् सोऽपि धन्यः प्रभवेदिति चाऽहं मन्ये।

● ● ●

– ६१ –

**P. S. Betvi,**
Reader in Sanskrit
Gujarat Vidyapith
Ahmedabad

I am so glad to meet a scholar and poet from Nepal Shri Krishna Prasad Sharma. I had great delight in hearing some verses from his works and with happiness I find that Sanskrit learning and love for Sanskrit are alive as ever, I heartily congratulate him and wish him and success and fame in his pursuit of Sanskrit.

● ● ●

– ६२ –

**श्री पं० हरिनारायणमिश्रः, न्या० व्या० वेदान्ताचार्यः**
**श्री काशीविश्वनाथ-संस्कृतमहाविद्यालय, अहमदाबाद**

विदितमेवास्ति खल्विह जगति समेषामेवाऽशेषशेमुषीजुषां विदुषां यदज्ञानतिमिरपटलापहाराय समुद्धाराय चैषां मोहमदिरामदोन्मत्तजगतामनुपलं करुणानिकरकरम्बितचेतसा जनकल्याणकारिकाव्यजगत्सर्गनिसर्गवेधसा सामान्यविशेषाभ्यां सर्वं वस्तु वस्तुतो भूयोभूयोऽनुभूय निखिलनिगमागमरहस्यज्ञानवता 'व्यासोच्छिष्टं जगत्सर्वंमि' त्युक्ति सत्यापयता ब्रह्मसूत्रकृता भगवता विभक्तवेदेन वेदव्यासेन लोकशोकापहारायोपहारीकृतं निगमकल्पतरोर्गलितं फलं शुकमुखादमृतद्रवसंयुतं मुहुर्मुहू रसिकभावुकैः परिपेपीयमानं श्रीमद्भागवतं नाम रसायनं बारम्बारं निपीयाऽनिशं भृशं श्रम-क्रमाभ्यां विधिवदधीयानेन चिरतरनिरन्तरसत्कारासेवितैः श्रवणमनननिदिध्यासनैः साधनैः प्रकाश्य तद्रहस्यसमवाप्तजगदीशश्रीकृष्णप्रसादेन श्रीगौरीसनाथपशुपतिनाथपदपाथोजरजोराशिजुषा विशदचक्षुषाऽतिमञ्जुलमृदुलललितकविताकामिनीकृपाकटाक्षनिरीक्षितेन कविकर्मरक्षादीक्षितेन पालितनयनयपालजनपदवास्तव्यभव्याचारविचाराविरतनिरतभूसुरवंशजन्मानुमीयमानपुरातनसत्कर्मणा श्रीकृष्णप्रसादशर्म्मणा रचितं रुचिरतराखिलकाव्यलक्षणलाञ्छितं प्रेमरसामृताञ्चितं सुविलक्षणं विचक्षणचेतश्चमत्कृतिकरं चञ्चच्चन्द्रमरीचिचयवदतीवरुचिकरं 'श्रीकृष्णचरितामृतं' नामाऽतिश्रव्यं महाकाव्यं कठोपनिषदनुसारि 'नाचिकेतसं' पूर्णाहुति' नाम नाटकञ्च निरीक्ष्य परीक्ष्य च कञ्चिदंशमधीत्यचैतेषां समाकर्ण्यं च बहुतरांशं कविमुखादेव सगद्गदरोमाञ्चं

तद्रसास्वादार्णवनिमग्नमानसोऽस्मितरामहमनुभवामि तरामि च नितरामवाङ्मनसगोचरां कामप्यनिर्वचनीयां दशां ब्रह्मास्वादसहोदरानन्दसुधारससन्ततिसन्ततां सन्ततम् । प्रार्थये च नितान्तं नितान्तकरुणावन्तं भगवन्तं भूतनाथं पशुपतिनाथं यत्किल रसभावविदोऽस्य कविकोकिलस्य कृतिरियं कृतिकुलचित्तचमत्कृतिकारितां द्रुततरमासाद्य सपदि सुधासरिणीव सकर्णकर्णारण्यान्तः सञ्चारिणी स्यादिति शिवम् ।

* * *

– ६३ –

**डॉ० जितेन्द्र सु० जेटली०**

एम० ए०, पी एच० डी०

नियामक, द्वारकासंस्कृतविद्यापीठ ( सौराष्ट्र )

श्रीमद्भिः कृष्णप्रसादशर्मघिमिरेमहोदयैः सौभाग्यवशाद् द्वारकाधीश्वरदर्शनार्थं समागतैः स्वरचितेभ्यो महाकाव्येभ्यः कानिचित्पद्यकदम्बानि मह्यमपि श्रावितानि । श्रुत्वा चाऽस्य महाकाव्यस्य कतिचित् पद्यांशान् संहृष्टान्तरङ्गोऽहं सोद्गारं कथयामि यत्संस्कृतभाषा मृतभाषेति कथ्यते नैतत्सत्यम् । अमरा खल्वेषा गीः कालवैकल्येन पूर्वं मृतप्राया या दृश्यते स्म तदस्माकं दृष्टिदोष एव । कवयितुः काव्यवैषयिकी प्रतिभाऽपि सरसा सुमधुरा सरलाऽद्भुतैव । तदस्मिन् प्रोत्साहयितव्योऽसौ कविः साधिकारिभिः ।

* * *

– ६४ –

**श्री लक्ष्मीश्वर झा, प्रधानाचार्यः**

द्वारकास्थवेदभवनमहाविद्यालयः ( सौराष्ट्र )

नूनमेवाऽद्याऽस्माकं सुमहतः सौभाग्यस्यावसरः समुद्भूतो यच्छ्रुतं नेपालदेशादागतैः कविवरैः श्रीकृष्णप्रसादशास्त्रिमहोदयैः श्रावितं तन्मुखारविन्दाद्विगलितं श्रीकृष्णचरितामृतं नामाऽपूर्वं काव्यामृतम् ।

जानन्त्येव सर्वेऽपि विद्वद्वर्या अमी महाभागाः कविकुलकैरवाः सुधियो विद्वद्वरिष्ठा विपश्चिदपश्चिमा गुणैकपक्षपातिनो भूरिकृतभक्तिभावस्य सुललितपदमाधुर्यमयस्य सरससरलसुन्दरसहृदयहृदयानन्दकारिणोऽनुपमाह्लादप्रदायिनः कनककृष्णचरितकाननकुञ्जे विलसद्विलासभामिनीव सुमनसां मनोहारिणोऽस्य महाकाव्यस्य प्रणेतार इति । प्रतिसर्गं स्थाने स्थाने कविना स्वकोकिलकण्ठत एव स्वरलयतानपरिपूरितरीत्या वाक्परिपाट्या श्रावितम् । श्रुतञ्चाऽस्माभिर्विशेषतस्तद्गतसर्वेन्द्रियैर्लब्धञ्चालौकिकचमत्कारजनकं सर्वथाऽऽह्लादकमानन्दं यद्ब्रह्मानन्दसहोदरमभिधीयते । तत्कविरयं सुभृशं प्रशस्यः प्रोत्साहयितव्यश्च ।

* * *

– ६५ –

**श्री शोभानन्द झा, न्या० व्या० वेदान्ताचार्यः**

प्राध्यापक–द्वारकासंस्कृतविद्यापीठ

श्रीमन्तः श्रीकृष्णप्रसादशर्माणः 'घिमिरे' इत्युपाधिका नेपालराज्यस्था महाकविवराः संयोगवशाद् द्वारकाधीशसन्दर्शनसमागतास्तत्रभवतो भगवतो जगदीश्वरान् स्वरचितानि दृश्यश्रव्यमयानि काव्यकदम्बकानि श्रावयन्तः सभक्ति सुस्वरं लयतालतानपरिपूर्णपाठेनाऽस्मानप्यश्रावयन् प्रसङ्गवशात्तत्रैव जगद्विभोः श्रीमण्डपप्राङ्गणे ब्रह्मण्यस्य सुदामसखस्य तस्यैव

समक्षम् । श्रीकृष्णचरितामृताभिधेयं महाकायं महाकाव्यमिदं श्रावयित्वैवाऽस्मानपि सुतरां भक्तिरससमुद्रे क्षिपन्तोऽस्मद्भिः साकमेव श्रुतवद्भिः सहृदयमहापुरुषैर्भक्तवरैश्च तत्रत्यैर्भृशमाह्लादिताञ्चकार्षुः । तत्काव्यगतसद्गुणमुग्धोऽहं तत्रत्यैर्मन्दिरप्राङ्गणस्थैर्भक्तवरैर्विद्वद्भिरन्यैर्महानुभावैश्च प्रेरितो मुखरीकृतश्च तत्प्रतिनिधीभूयेत्थंरूपेणैव साधिकारिणः संस्कृत-संस्कृतिसंरक्षणप्रवर्धनतत्परान् विद्वद्वरान् साञ्जलिबन्धं विनिवेदयामि–एतदीयकाव्यरचनाशैलीं सुष्ठुतरां सुमधुरां सरलातिसरलां समर्थयामि च यदनेन महाकाव्येन भारतीयविद्वत्परिषदलङ्कृतं सद्देशान्तरमपि निरन्तरं स्वसद्गुणेनाऽऽत्मसात् करिष्यत एवेति कामयते ।

● ● ●

( क ) – ६५ –

**श्री हरिशङ्कर-प्रभाशङ्कर शास्त्री**

**भू० सु० प्र० प्रा०म्यूजियम**

**प्रभास-सोमनाथ क्षेत्रम्**

अद्य प्रभासपुण्यतीर्थेश्वरं भगवन्तं श्रीसोमनाथं दर्शनार्थं समागता नेपालदेशीया घिमिरे चेत्युपाह्वाः श्रीकृष्णप्रसादशर्माणोऽस्मद्गृहं समागत्य स्वनिर्मितानि दृश्यश्रव्यमयानि काव्यरत्नानि मामदर्शयन्नश्रावयंश्च। यानि दृष्ट्वा विश्रुत्य च तद्गतरसास्वादनपरेण स्वहृदानुभूय च तत्रत्यामृतफलरसानिव ब्रह्मानन्दसहोदरान् काव्यरसान् नितरां प्रसीदामि। कथयामि च समर्थतरान् धार्मिकान् धनिकान् प्रादेशिकान् भारतसर्वकारांश्चैतादृशान् सहृदयहृदयाह्लादकान् ग्रन्थान् प्रदायार्थिकसाहाय्यं मुद्रापयित्वा शीघ्रातिशीघ्रमेवाऽस्माकं नयनगोचरीभूतान् कुर्युः कारयेयुश्चेति । विशेषतः स्वयंप्रकाशस्याऽस्य भगवतः सोमेश्वरस्य प्रभोः सुकृपा काव्यरत्नेऽस्मिन् काव्यलेखके चाऽमृतवर्षिणी प्रभवेदिति चाशास्यैतादृशानां ग्रन्थरत्नानां नेपाल-भारतसर्वकारयोः सकाशात् परिवृद्धिर्भवितुमर्हतीति चेतादृशसंस्कृत-संस्कृति प्रियाणां विद्वद्वराणां समक्षं विनिवेद्य विरमामि विस्तरादिति ।

● ● ●

– ६६ –

**श्री सुरेन्द्रनाथशास्त्री, आचार्यस्तीर्थश्च**

**एम० ए०, डि० फिल०, एल. एल बी., एफ. आर. ए. एस.**

**भू० पू० उपकुलपति सं० वि० वि० काशी, इन्दौरस्थः**

अद्य दिष्ट्या वृन्दावनमधिवसता स्वामिवर्याणां श्रीमदखण्डानन्दानामाश्रमपरिसरे श्रीलेन कृष्णप्रसादघिमिरे-कविवरेण्येन साकञ्जातः परिचयः । तदीयप्रतिभाविलाससभाजितोऽहं तत्प्रणीतश्रीकृष्णचरितामृतं नाम महाकाव्यं तदन्यत् कठोपनिषदमधिकृत्य विलिखितं महाकाव्यं च श्रावं-श्रावं नितान्तं प्रमोमुदी। अत्र भवतः कवेः काव्यप्रणयनपरिपाटी परं रसस्रोतस्विनी नव्येऽपि युगे भव्यं संस्कृतसारस्यं विद्योतयन्ती सहृदयानां चेतांसि नूनमावर्जयति । परञ्चाऽधुनातनानां संस्कृतकोविदानां कृते परमोपकारिणी तेषामभ्युदयाय कल्पिष्यत इत्यत्र न कोऽपि विचिकित्सितुमीशः। एतादृशानां नवकाव्यानां प्रणयनात् श्लाघ्योऽभीष्टः कविवरः सर्वैराधिकारिभिः परमौदार्येण पुरस्करणीयः साहाय्यप्रदानेन प्रोत्साहनीयः। परञ्च सर्वकारेण सार्वकालिकानुरूपवृत्तिप्रदानेन पोषणीयः । काव्ययोः प्रकाशनार्थमुपयुक्तव्ययप्रदानाङ्गीकारेण सर्वथोपकरणीय इति साम्रेडं सबलं परामृशन्ननुरुणद्धि सुशासकवृन्दम्। कामयते च कविवरस्याऽनुदिनमेधमानां कीर्तिमभ्युदयञ्चेति ।

● ● ●

– ६७ –

**डा० शिवमङ्गलसिंह 'सुमन'**
एम० ए० डि० लिट्
उपकुलपति—विक्रमविश्वविद्यालय, उज्जैन

दिव्य साधनापीठ नेपालके प्रसिद्ध कविर्मनीषी श्रीकृष्णप्रसादजी घिमिरेद्वारा रचित 'श्रीकृष्णचरितामृतम्' नामक प्रबन्ध-काव्य सुनकर मन्त्रमुग्ध रह गया। बहुत दिनों बाद ऐसा रसात्मक एवं भावमोहक काव्य सुननेका सुयोग सुलभ हुआ। आश्चर्य भी हुआ कि आज भी ऐसे भावुक-भक्त कवि आविर्भूत हैं। जिनकी वाणीमें श्रीमद्भागवतका समस्त भावना-वैभव संपुटित होकर नये भावपरिवेशमें उपलब्ध हो जाता है। घिमिरेजीकी तन्मयता समर्पणशीलता और अनन्यता उनकी आलङ्कारिक और विम्बात्मकशैलीमें समस्त कथाको सजीव बना देती है और भाषाके मार्दवका सहज प्रसाद-गुण पाठकको मन्त्र-मुग्ध कर देता है। ऐसा ललित और प्रबुद्ध प्रबन्ध-काव्य भारत और नेपालके प्रत्येक गृहस्थके सरस्वती-भण्डारका अलङ्कार बनना चाहिए और उसके प्रचार और प्रसारद्वारा भारतीके अधुनातन भव्य-स्वरूपका आकलन करना चाहिए। निश्चय ही घिमिरेजी नेपाल और भारतके सांस्कृतिक-सेतु हैं। उनकी वाणी वरेण्य और स्पृहणीय है। मैं उनकी मौलिक प्रतिभाके प्रति अपनी हार्दिक श्रद्धाभावना अर्पित करता हूँ और हार्दिक मङ्गलकामना करता हूँ कि उनकी यशस्विनी-लेखनी भारतीका गौरव बने।

● ● ●

– ६८ –

**एल. ओ. जोशी. एम. ए.**
शिक्षा आयुक्त एवं सचिव, म० प्र० शासन, भोपाल

लीला-पुरुषोत्तम अर्जुनसारथी जगद्गुरु भगवान् श्रीकृष्णके अद्भुत और पावन चरितका आश्रय लेकर रचित इस अर्वाचीन संस्कृत-महाकाव्य 'श्रीकृष्णचरितामृत' का भक्तों और विद्वद्वर्गोंमें समान समादर होगा ही। कृष्णप्रसादजीकी इस सुन्दर रचनामें प्रसाद-गुण सर्वत्र व्याप्त है और भगवद्-भक्तिसे यह ओत-प्रोत है, जैसा कि उन्होंने स्वयं कहा है कृष्ण द्वैपायन ( व्यास ) के ससूत्र कृष्ण-चरित्र गायनका यह नवीन काव्यभाष्यरूपमें है। इसके श्रवण-पठनसे आत्मा निर्मल हो, यह लक्ष्य पूरा हो 'सिद्धिः साध्ये सतामस्तु' यह मेरी कामना है।

● ● ●

– ६९ –

**श्री सूर्यनारायण व्यास,** पद्मभूषण
डि० लिट्० साहित्यवाचस्पति, भारतीयभवन, उज्जैन

श्री पण्डित कृष्णप्रसाद घिमिरेजीकी संस्कृत-काव्य माधुरी एवं निर्माण-चातुरीने मुझे विमुग्ध कर दिया। उनके निर्मित काव्योंके बहुत अंश सुने, जो अत्यन्त ही ललित, अत्यन्त सुन्दर, चित्ताह्लादक तथा आकर्षक एवं प्रभावोत्पादक हैं। मुझे विश्वास है कि ऐसे उत्कृष्ट महाकाव्योंके प्रकाशनके लिए भारत-सरकारके संस्कृत-विभागको सम्पूर्ण सहयोग देना चाहिए और कविवर पं० कृष्णप्रसादजी नेपालनिवासी है। इसलिए भी नेपालके लिए यह गौरवकी

बात होगी कि स्वयं नेपाल-सरकार भी ऐसे ग्रन्थ-रत्नको प्रकाशनमें लानेका अवसर देकर यशका भागी बने, कविकी अतुल-प्रतिभाका विकास जन-जनके मन-मनमें करे। संस्कृति-संस्कृत-प्रवर्धनशील जनता अवश्य ही इस काव्यका उचित सम्मान करेगी ही। मुझे ऐसी आशा है और मैं महाकविका हृदयसे अभिनन्दन करता हूँ।

● ● ●

– ७० –

**श्री आदित्यनाथ झा**

उपराज्यपाल, राजनिवास, दिल्ली

श्रीकृष्णकविना प्रणीतानि सुललितानि सालङ्कारारणि पद्यानि मया श्रुतानि। श्रुत्वा हृष्टोऽभवम्। श्लोकपुंजस्य मुद्रणं सर्वजनसुखाय चात्यन्तमावश्यकम्। संस्कृतसंस्कृतिसंरक्षण-प्रवर्धनपरैरेतादृशाः कवयो निरन्तरमेव संम्माननीयाः प्रोत्साहयितव्याश्चेति शम्।

● ● ●

– ७१ –

**डा० रामकरण शर्मा**

ए० ५१ साउथ एक्सटेनशन, नई दिल्ली

रमणीयमिदं काव्यं हरति प्रसभं मनः। इत्यलम्

● ● ●

– ७२ –

**श्री सी० आर० स्वामीनाथन्**

क्यूरेक्टर नेशनल आर्किव, नई दिल्ली

भो वाणीसेवनरताः सुहृदः !

कृष्णप्रसाद ! भवतः कविताङ्गनेयं कृष्णप्रसादजननी व्रजसुन्दरीव।
मुग्धाऽप्यतीव सरलालपना मनोज्ञा स्निग्धा तमालरुचिरे वसुदेवपोते॥
शब्दापयत्यमृततां गतमात्मसूनुं व्यासे सुतप्रणयिनि प्रचुराभिमानात्।
तातेति वन्यगिरिगह्वरगुल्मवृक्षान् प्रत्यारवैर्मुखरितान् व्यतनोच्छुको यः॥
तस्यानुभावविषयायितकृष्णलीलापीयूषवार्द्धिपरिमग्ननिजान्तरस्य ।
कृष्णप्रसाद ! भवतो रचनाप्रसूनं तुष्ट्यै भवेन्मधुकरायितसज्जनानाम्॥
लीलाशुकेन शुकतुल्यगिरा प्रणीतं पद्मावतीप्रणयिना बहुधा विगीतम्।
श्रीभट्टपादवचसाममृतत्त्वकारि वाक्चातुरीविलसितं कुलशेखरस्य॥
गोपीकुचान्तरलसद्धरिनीलरत्नमाहात्म्यमुच्चतरभक्तिरसप्रवाहम् ।
भावत्ककाव्यरचनाह्रदगं निपीय मोमुद्यतेऽद्य हृदयं सुतरां सखे ! मे॥
शैवोऽपि यत्त्वमतसीकुसुमावभासे नन्दात्मजे दृढरतिं भजसे तदेतत्।
ब्रह्मानुभूतिरिव काव्यरसानुभूतिर्भेदप्रतीतिशमनेति निरूपित किम्॥
कोऽहं ? कवित्वमपि नास्ति न चापि भक्तिर्गीर्वाणवाचि न च सन्मतिरस्त्यनिन्द्या।
मूर्खोऽस्मि कृष्णचरितस्य गुणान् विवेक्तुं कृष्णप्रसाद ! कथमद्य समुद्यतस्ते॥
एवं स्थिते प्रियसखे ! तव भक्तिभावसंगुम्फितं भगवतश्चरितामृतं तत्।
कर्णे प्रविश्य मुखरामकरोन् ममेमां जिह्वामपीह कलुषामपि जाड्यजुष्टाम्॥

● ● ●

– ७३ –

**श्री बच्चुप्रसाद सिंह सिंहा**

हिन्दीविशेषाधिकारी, परराष्ट्रमन्त्रालय, दिल्ली

पंडित श्रीकृष्णप्रसाद शर्मा धिमिरेके दर्शन और उनके मुखारविन्दसे उनकी बहु-प्रशंसित रचना 'श्रीकृष्णचरितामृतम्'के कुछ अंश सुननेका सुयोग सौभाग्यवश आज प्राप्त हुआ। कवि और भक्तका अपूर्व योग इनके व्यक्तित्वकी निजी विशेषता है और इनका निश्छल व्यवहार किसीको भी प्रभावित करनेमें सक्षम है।

'श्रीकृष्णचरितामृतम्'की रचना कर श्री घिमिरेजीने संस्कृत-साहित्यके स्वर्णिम अतीत एवं अपूर्व अभिव्यञ्जना-शक्तिको नवजीवन प्रदान किया है और इस ग्रन्थके प्रकाशनमें योगदानका निश्चय कर भारत सरकारने संस्कृतसाहित्य-प्रेमियोंका बड़ा ही कल्याण किया है। फिर इस ग्रन्थमें हिन्दी-अनुवाद जुड़ जानेसे इसकी उपयोगिता भी बहुत ही बढ़ गई है।

भगवानसे मेरी प्रार्थना है कि श्री घिमिरेजी इसी प्रकार सरस्वतीके मन्दिरका शृंगार अपनी समर्थ-सरस लेखनीद्वारा अनन्तकालतक करते रहें।

● ● ●

– ७४ –

**श्री योगी रामनाथः, शास्त्री**

मोतीनाथ संस्कृतविद्यालय ( दिल्ली )

चिरकालात् संस्कृतलेखकानां महाकवीनाञ्चाभावमये नीरसमये समयेऽस्मिन् भगवतो जगन्मोहनस्य श्रीकृष्णस्य परब्रह्मणोऽनुग्रहेण संस्कृतभाषायां रसभावभरितस्य विविधच्छन्दोऽलङ्कारध्वनिलक्षणादिभिः परिपूरितस्य विद्वज्जनसन्तोषप्रदस्य सर्वजनश्रुतिमनोहरस्य शुभकाव्यस्यैतादृशस्य–श्रीकृष्णचरितामृत–नाचिकेतस-पूर्णाहुतिश्रव्यदृश्यमयकाव्यत्रयस्य प्रणेतार इमे महाकविवराः कृष्णप्रसादशर्मघिमिरेमहोदयाः स्वजन्मनाऽलङ्कृत्य शाङ्करीं नयपालराजधानीमेतर्हि समागत्याऽस्मान् यदश्रावयंस्तत्काव्यत्रयं तदेव प्रमोदास्पदमस्माकमन्येषाञ्च संस्कृतसंस्कृतिप्रियाणां विद्वद्वराणाञ्च।

तदत्र मदीया सद्भावनेयं वरीवर्ति यदेतदीया इमे ग्रन्थाः संस्कृतानुरागिभिर्विश्वविद्यालयमहाविद्यालयादिषु पठनपाठनक्रमे नियतरूपेणैव संस्थाप्याः पाठयितव्याश्च निरन्तरं समादरणीयाश्च ते तादृशैरधिकारिभिरपि। पुरस्करणीयश्चासौ महाकविः सदुपाधिप्रदानादिभिरिति च कामयते—

● ● ●

– ७५ –

**श्री कमलापति त्रिपाठी**

मुख्यमन्त्री, उत्तरप्रदेश, कैम्प—वाराणसी

श्रीकृष्णप्रसाद घिमिरेके श्रीकृष्णचरितामृतमहाकाव्यम् का मैंने दर्शन किया। अभी इसके ५८ सर्गोंका प्रथमखण्ड प्रकाशित हो सका है। भगवान् श्रीकृष्णका चरित्र स्वयं महाकाव्य है। श्रीमद्भागवतकारसे लेकर आजतक भारतके सहस्रों कवियोंने श्रीकृष्णचरितकी कथांशको लेकर प्रायः समस्त भाषाओंमें रचना की है। भगवान् श्रीकृष्ण अलौकिक चरित्रवाले लीलापुरुष थे। एक ओर वे भक्ति-भावना और मधुरोपासनाके आलंबन हैं तो दूसरी ओर श्रीमद्भगवद्गीताके उपदेशक और महाभारतके सर्वपूज्य नायक हैं। ऐसे लीलावतार भगवान्के

चरित्रको आधार लेकर नेपालके संस्कृत-कवि श्री कृष्णप्रसादजीने जिस महाकाव्यका यह प्रथमखण्ड प्रकाशित किया है, वह भी निश्चय ही आधुनिक युगमें उपयुक्त शृंखलाका सफल, सरस, साहित्य-गुणसम्पन्न काव्य सिद्ध होगा। विद्वज्जनोंद्वारा प्रशंसित इस काव्यको लोग पढ़ें और श्रीकृष्ण-चरित्रकी पावन-महिमाके कथामृतका साहित्यिक माध्यमसे पान करें। यह मेरी शुभकामना है।

मैं आशा करता हूँ कि उपनिषदोंमें वर्णित 'रसौ वै सः' से शुद्धसत्त्व-रसका किंचित् परिचय करानेमें यह ग्रन्थ सफल होगा।

● ● ●

– ७६ –

**श्री महाकवि, वनमालीदास शास्त्री**
श्री मन्मध्वपथानुग। गोपालचम्पूटीकाकार।
श्री वृन्दावनवास्तव्य।

कृष्णप्रसाद-घिमिरे सुकवावमुस्मिन् कृष्णप्रसादकविता लसतीह नूनम्।
तन्निर्मितेः सुपठने निजसम्मतिं द्राक् प्रेम्णा ददाति सुकविर्वनमालिदासः॥

● ● ●

– ७७ –

**श्री वैद्यनाथ झा, प्रधानाचार्यः**
व्या० वे० ( शांकर-निम्बार्क ) आचार्य।
'एम० ए०, साहित्यरत्न' न्या० शास्त्री
कवर्गीय-श्रीनिम्बार्कसंस्कृतमहाविद्यालय, वृन्दावन मथुरा

अद्य कविशेखरेण भारतीवरदपुत्रेण पण्डितप्रवरेण श्रीकृष्णप्रसादशर्मणा विरचितं महाकाव्यं विलोक्य संश्रुत्य च लेखकमुखेनैवास्य कतिपयानमूल्यश्लोकान् नितरां प्रासीदम्। इदमाज्ञाय मनः प्रभूतं परितोषमप्यलभत, यदद्याऽपि भरतखण्ड एवंविधाः विद्वांसो लेखका विराजन्ते।

प्रसन्नताया नेदमेव कारणमस्ति, यदिदं महाकाव्यं निखिलकाव्यगुणोपेतं, रसमय्यां सुरभारत्यां विरचितं, पदे पदे चात्र कवेरनेकशास्त्रवैदुष्यं प्रकटितम्। अस्य रचना इयती प्रौढास्ति, यदस्य विंशतिशताब्दीनिर्मितत्वेऽपि संशेते स्वान्तम्। अपि तु काव्यमिदं परात्पर-परमात्मनो रसिकशेखरस्य भगवतः श्रीकृष्णस्य गुणानुवर्णने लिखितमस्ति। अत्र पदे पदे वृन्दावनचन्द्रस्य श्रीनन्दनन्दस्य महिमाऽनुवर्णितोऽस्ति। अतः प्रशंसार्हः प्रसन्नतार्हश्चैष ग्रन्थः।

यदिदं काव्यं सर्वाङ्गपूर्णंसदपि श्रीहरिगुणगानवञ्चितं स्यात् तदा भगवतो व्यासस्य शब्दे वायसतीर्थमात्रं भवेत्, यत्र च काकतुल्याः प्राकृता एव रमेरन्। त्रुटिपूर्णमपि काव्यं श्रीभगवद्गुणगानसमुपेतं भवति विश्वकल्याणकारि जनताघहारि च। दृष्ट्याऽनया भागवत-भूतस्यास्य महाकाव्यस्य प्रशंसनं शब्दैरशक्यमेव।

यद्यप्यस्य प्रकाशनं यस्येदं गुणगानं, यदिच्छया वास्य निर्माणं, तत्कृपाधीनमेव, तथापि नात्र संशयो यदस्य प्रकाशकाः प्रचारकाः पाठकाश्च भविष्यन्ति प्रभूतपुण्यभाजः। अहं तु श्रीकृष्णगुणगानभूतं महाकाव्यमिदं नामं नामं भागवतप्रवरं परमपुण्यात्मानमस्य लेखकमहाभागमेव नत्वैवाऽऽत्मानं कृतकृत्यं मन्ये।

● ● ●

– ७८ –

**श्री व्रजवल्लभशरण, वेदान्ताचार्यः**

पञ्चतीर्थः, श्रीजीकुञ्जाधिकारी, वृन्दावनम्

श्रीमद्व्रजेन्द्रनन्दनपदारविन्दयशोनुगानं हि मानवजन्मसार्थकरं मोक्षदञ्च लोके शास्त्रे प्रसिद्धम् । भगवदवतारेण श्रीवेदव्यासेन भगवता विरचितस्य भागवतस्य भगवद्यशोगानादेव-सर्वोच्चमहत्वमस्ति । तस्यैव दशमस्कन्धीयपूर्वभागे ब्रह्मस्तुतिकौमारलीलापर्यन्तस्य प्रायशः सार्धद्वयसहस्रललितपद्यैर्नेपालीयपण्डितेन श्रीकृष्णप्रसादशर्मणा टीका कृता । इमां रचनां संदृश्य मे मनसि महान् प्रमोदो जातः । रचनेयमलङ्कारपूर्णौजःप्रसादादिसद्गुणमण्डिता विदुषामविदुषां वा मनांसि प्रसादयिष्यतीति मदीयो विश्वासः । टीकेयं सर्वोपकारिणीति सवः सुपठनीयेति पद्यद्वयात्मिका मदीया सम्मतिः ।

लोकेऽस्मिन् भगवद्गुणानुगणनं सर्वार्थसंसाधकं
श्रीमद्भागवतं तथैव गदितं तस्यैव दिक्स्कन्धगा ।
टीका कृष्णप्रसादशर्मरचिता पद्यात्मिका शोभना
रत्नाभा भगवत्कथा रसमयी सद्भिः सदा सेव्यताम् ॥
श्रीनिम्बार्कमहामुनीन्द्रचरणा आचार्यपीठाधिपा-
स्तेषां कुञ्जमहास्थलं व्रजभुवि श्रीधाम वृन्दावने ।
सम्मत्या व्रजवल्लभाख्यविदुषा कृष्णप्रसादः कविः
सत्कृत्वाऽतिसभाजितो हृदयतः श्रीकृष्णलीला कृतौ ॥

● ● ●

– ७९ –

**श्री रासविहारी-गोस्वामी शास्त्री**

व्या० का० वे० दर्शनतीर्थः श्रीचैतन्यसम्प्रदायानुगः, वृन्दावनम्

श्रीकृष्णचरितामृतमहाकाव्यं श्रीकृष्णप्रसादशर्म-घिमिरे महाविदुषा प्रकटितमिति-स्थालीपुलाकन्यायेन मयेतस्ततो व्यलोकि । किमिति श्रीमद्भागवतस्य महत्वमिति को वा न वेत्ति । सैव वाणी तावेवकर्णौ यौ भगवच्चरित्रे सर्वदा रमेते । अतिप्रसन्नोऽस्मि । तदेतेन शुभोदर्केन कर्मणा सन्तुष्टान्तरङ्गः सर्वथाप्रचम् ।

● ● ●

– ८० –

**श्री स्वामिरङ्गिलीशरणदेवाचार्यः, निम्बार्काचार्यानुगः**

साहित्यवेदान्ताचार्यः, रमणरेती वृन्दावनम्

श्रीकृष्णप्रसादमासाद्य प्रसद्य सद्यः श्रीकृष्णप्रसादकरकमलकलितललितकाव्यकला-कौशलं निपुणं निभाल्य गहनगगनमालिनीं सलिलश्यामलां मेघमालामिव निभाल्य मदीयो मनोमयूरः सानन्दं नरीनृत्यते । यतो हि परमं पुनीतं श्रीकृष्णचरितामृतं श्रीकृष्णप्रसादस्य भव्यभावनाभावितभावुकभक्ति विविधालङ्कारालङ्कृतां भारतभारतीनिबद्धां काव्यकलाकला-पाकलनकुशलतां समाकलय्य कविमुखादेव वसुधायां काव्यकथासुधां निपीय नितरां परितृप्तोऽस्मि । प्राचीनसमीचीनकविकुलकौशलं चात्र दरीदृश्यते । अतो भृशं प्रसीदति मदीयं मनः ।

राधाकान्तकोमलकमनीयश्रीचरणकमलयोः कमनीयां कामनां कुर्मः काव्यकलाकलनकुशलकविरयं रविरिव स्वप्रकाशं प्रकाशयन् सन् रससमं समयं लभमानश्चिरायुष्कश्चिरयशष्कः श्रीराधासर्वेश्वरकीर्तिततिं वितत्वन् स्वकीयां कीर्तिततिं विस्तारयत्विति कामयते। भारतीयसर्वकारस्य जनतायाश्चाऽत्र सुदृष्टिरवश्यमवश्यः पतेदित्याशास्ते च।

• • •

### – ८१ –

### श्री लज्जाराम ललाम आचार्य

वृन्दावन—विद्यापीठ

कविवर श्रीकृष्णप्रसादशर्मा घिमिरेजीने कृपाकर अपनेसे निर्मित महाकाव्योंका कुछ अंश प्रेमपूर्वक हमको भी सुनाया, जिनको सुनकर सभ्योंके साथ मैं भी मन्त्रमुग्ध रह गया। श्रीमद्भागवतपर एक अत्युत्तम नवीन पद्धतिसे जिस प्रकार वे काव्यनिर्माणकी कलाको सर्वोच्च दिखानेके लिए उद्योगकर रहे हैं, वह बहुत ही विद्वज्जनमनोहरणशील है। यह धार्मिक एवं भावुक व्यक्ति-विशेषोंके लिए तथा व्यक्तिमात्रके लिए मंगलमय हो और अपनी इष्टसिद्धि करानेमें सदैव सफल हो। यही मेरी सद्भावनामयी कामना है।

• • •

### – ८२ –

### श्री निरञ्जनदेवाचार्यः

आयुर्वेदालङ्कारः, गुरुकुल-कांगड़ी

अस्मिन्नपि युगे श्रीकृष्णप्रसादसदृशाः संस्कृतभाषाविदो विद्वांसः सन्ति, कुर्वन्ति च काव्यरचनां माधुर्यमयीमिति प्रसीदति चेतो नितराम्। अनेन हि विदुषा यदिदं श्रीकृष्णचरितं नाम सुविशालं महाकाव्यं प्रणीतं तन्मया श्रुतं, श्रुत्वा च परां तृप्तिमन्वभवम्। अयं हि महाकविर्नेपालदेशीयः। चित्रमिदं यन्नाऽसौ समादृतस्तत्रत्येन नृपतिना नाऽपि तद्देशीयैर्विद्वद्भिः शासकैर्वाऽपि। सौभाग्येन भारते समागतेनाऽनेन समुपलब्धमवलम्बनमल्पमेव शासकानामत्रत्यानाम्। अन्येऽपि गीर्वाणवाणीसेवकाः काव्यरसिका धनिनश्च जना अस्य महानुभावस्य साहाय्यं कुर्युरिति समभिलषति जनोऽयम्।

• • •

### – ८३ –

### श्री राघवाचार्यः, प्रधानाचार्यः

आदर्शदर्शनमहाविद्यालय, ऋषीकेशः

कृष्णप्रसादघिमिरेशर्मभिः श्रीकृष्णचरितामृतं नाम महाकाव्यं व्यरचि। अत्र च समेषां सम्प्रदायानां समन्वयात्मकः सन्दर्भः प्रत्यपादि। स च सर्वेषां विदुषां चाह्लादकरः। अथ च श्रीकृष्णभक्तानां वैशेष्येण मुक्तिपथं सङ्गन्तुं सुलभः। अतःसर्वैः कोविदैः संग्राह्योऽयं ग्रन्थः समादरणीयश्चेत्यावेदयति विदुषामनुचरः।

• • •

– ८४ –

**श्री पुण्डरीकाक्षाचार्यः**, सांख्ययोगाचार्यः
श्रीआदर्शदर्शनमहाविद्यालय, ऋषीकेश

इयांस्तु विशेष एतस्मिन् ग्रन्थविषये प्रचुरलेखनीयमासीत् किन्तु समयाभावात् संक्षेपरूपेणैव स्वकीयां सम्मतिं प्रयच्छामि। यदेतेनैव विद्वांसो मोदिष्यन्तीति। आचार्यचरणैर्विलिखितमेवाऽत्र ग्रन्थे पर्याप्तमतो नाऽधिकं लिख्यते। किञ्च दृष्ट्वा श्रुत्वा विचार्य चेमं ग्रन्थं भृशं मोदते स्वान्तं नितान्तमिति शम्। अधिकारिणां सुदृष्टिरत्रावश्यं पतेदितिशम्।

● ● ●

– ८५ –

**श्री वेदानन्द झा**, व्या० वे० सा० न्यायाचार्यः
पोष्टाचार्य, साहित्यरत्न, एम० ए०
प्रधानाचार्य—स० सं० महाविद्यालयस्य, हरिद्वार

सकलकलस्याप्यविकलस्य, वामनस्याप्यवामनस्य, खर्वीकृतगर्वस्याप्यखर्वस्य, महतोऽप्यमहतोऽद्वितीयस्याऽपि मायामानापनोदनविनोदहासपरिहासपेशललीलाकलाकलापसाधनसद्वितीयस्य, लोकलीलाकौतुकप्रपञ्चमञ्चनटस्य प्रकृतिनटीविटस्य शृङ्गारसागरस्य सर्वरसस्याऽऽप्तकामस्य नित्यतृप्तस्य राधिकाराधितस्य तस्य भगवतो या कापि लीला निगमतरौ कुसुमिता व्यासपदारविन्दसन्दानिता शुकमुखपद्मामन्दमकरन्दविन्दुतरङ्गिता जयदेवगीतिसङ्गीता सा नूनमेतर्हि श्रीकृष्णप्रसादपद्यौघसुधाधवलप्रासादोच्छलदच्छस्मयमोदमानवियन्मानसहंसतामुपेयुषी नैकविधाविरलरसधारामघ्यूषुषी श्रीकृष्णचरितामृतात्मकपरतत्त्वकथां समीयुषी केषां न सचेतसां सुरभारतीजुषां विदुषामुच्छलदमन्दानन्दसन्दोह परम्परामावहति।

कालिदासभासभारविमाघहर्षदण्डिबाणादिकविपरम्परावाहिनि जगत्प्रवाहेऽस्मिन् को नु जानीते स्म—भगवद्भक्तिकविता त्रिपुरसुन्दरीकेशवेशभूषणविन्यासनिपुणसुकविमालामणिषु भविष्यति कश्चन चन्द्रकान्तमणिरिव सहृदयहृदयाह्लादकरः कविः श्रीकृष्णप्रसादाख्योऽपि सुमणिः।

नैकविधकमनीयकोमलकान्तपदनूपुरानुरणनावर्जिताखिलजनश्रवणा स्वभावरमणीयालङ्कारसमाकर्षितसभ्यान्तःकरणा ध्वनितविविधसरसभावसुभगा समभिवर्षितस्फारस्वरसासारशीकरनिकरावरणीया निर्भयाऽस्य कवेर्भव्या भारती कविराजिषु प्रत्यजिरं चिरं कीर्तिधरायां राजताम्।

भव्या भावुका भगवद्भक्तितल्लजाः कविकृतेः स्वाध्यायकीर्तनचिन्तनैरास्वाद्य चमत्कृतिसारं रसं कुर्वन्तु जीवनं सप्रयोजनम्। विजयतां श्रीकृष्णप्रसादात् तत्र भवान् श्रीकृष्णप्रसादः कविः। कृतिश्च कौस्तुभहारीभवतु हरेर्मुदे चेत्यमुमुद्गारं समुद्गिरति भावविह्वलो विदुषां वशंवदः।

● ● ●

– ८६ –

**श्री स्वामी महेश्वरानन्द, महामण्डलेश्वर**
कनखल, हरिद्वार

हिन्दुराष्ट्रनेपालनिवासिना पण्डितप्रवरेण श्रीकृष्णप्रसादशर्ममहोदयेन विरचितस्य श्रीकृष्णचरितामृतकाव्यस्य कानिचित् पद्यानि मया श्रुतानि। श्रवणेन पद्यानां किमपि लालित्यं प्रकटीभवति। जगद्गुरोः श्रीकृष्णस्य भगवतश्चरितं सर्वत्र विस्तृतं भवेत्। पण्डितप्रवरस्य महान् परिश्रमश्च सफलः स्यादिति मे मंगलकामना। तं काव्यप्रणेतारं पण्डितप्रवरं सुधन्यवादैरभिनन्दामि।

● ● ●

– ८७ –

**श्री स्वामी रामस्वरूप महामण्डलेश्वर** वेदान्ताचार्यः,
गुरुमण्डल-आश्रम, हरिद्वार

वासुदेवः परः कृष्णः श्रोता कृष्णस्तथार्जुनः।
गीतालेखकरूपेण कृष्णः सत्यवती सुतः॥ १॥
कृष्णप्रसादलिखितं श्रीकृष्णचरितामृतम्।
कृष्णप्रसादमूर्तं यदमूर्तं मत्सरात्मनाम्॥ २॥
कविः कृष्णस्तथा काव्यं श्रीकृष्णमिदमद्भुतम्।
रामरावणयोर्युद्धमित्यन्वयसुसंगतम्॥ ३॥
रससागरसंभूतं कविमन्दरलोडितम्।
देवैरपि दुरासाद्यं श्रीकृष्णचरितामृतम्॥ ४॥
दिव्यालंकारसद्भावध्वनिरीतिरणत्कृतिः।
समेषां मोदमाधत्तां कवेः कृतिश्चमत्कृतिः॥ ५॥
धन्या हैमवती गंगा भगीरथकविस्तुता।
नेपाले कृष्णशुक्लात्मा कृष्णशुक्लफलप्रदा॥ ६॥
नेपालभूमिमाणिक्यविद्वद्वृन्दैकवन्दितः।
कृष्णप्रसादमेधावी मेधया चिरमेधताम्॥ ७॥

● ● ●

– ८८ –

**डा० स्वामी श्यामसुन्दरदास शास्त्री**
वेदान्ताचार्य, सांख्ययोगाचार्य, B. I. M. S.
प्रधानाचार्य श्री गरीबदासीयसाधु-
संस्कृतविद्यालय, हरिद्वार

### विद्ययाऽमृतमश्नुते

नेपालवास्तव्यैः 'घिमिरे' इत्युपाधिसमलङ्कृतैर्विद्वद्रत्नैर्विरचितं सौन्दर्यमाधुर्यगाम्भीर्यपदावलीपरिप्लुतमिदं ग्रन्थरत्नं 'श्री कृष्णचरितामृतम्' महाकाव्यं नाम साक्षाद् भगवद्भक्तिद्योतकं भगवद्गुणगरिम मुक्तारत्नं श्रावं श्रावं मे मानसहंसो भूयो भूयो मुदमावहतितराम्। ग्रन्थेऽस्मिन् वेदवेदान्तोपनिषत्पुराण सारभूतं वस्तुतत्त्वं स्थापितं वर्तते। यदीदं ग्रन्थरत्नमचिरमेव प्रकाशितं स्यात्तर्हि सामाजिकसांस्कृतिकधार्मिकवैदिकपरम्परायाः संरक्षणेऽतिशयेन सहायकं भविष्यतीति मे परमास्था।

● ● ●

– ८९ –

**श्री पूज्य प्रभुदत्त ब्रह्मचारी**
संकीर्तन-भवन-झूसी ( प्रयाग )

सुनिके कविता मधुर हियो मेरो अति हुलस्यो ।
काव्य ललित अति सुखद यथा अवसर रस विलस्यो ।।
कृष्णप्रसाद महान कामिनी-कविताके पति ।
रच्यो चरित हरिभक्ति-सुधामय सुन्दरवर अति ।।
पढ़े सुने जे प्रेमतैं प्रभु-चरननि तिनि होइ मति ।
चिर जीवै, जग यश लहै, भई नयैभू धन्य अति ।।

* * *

– ९० –

**महन्त श्री सीतारामाचार्यः**, व्याकरणसाहित्याचायः
प्रधानाचार्यः रामदेशिक-संस्कृतमहाविद्यालय, प्रयाग

श्रीमता कृष्णप्रसादघिमिरेशास्त्रिणा विरचितं श्रीकृष्णचरितामृतं नवोदितं काव्यं सत्यमेव सर्वलोकोपकारकम् । यतो हि काव्यस्यास्य भाषा सरला शैली च मनोहरा । श्रीमद्भागवतकाव्यानुजीवितत्वेन भक्तजनानां यमकानुप्रासागुम्फितत्वेन सहृदयानां विदुषाञ्च मोदावहं वर्तत एव । अस्य प्रकाशनेन भारतीयसंस्कृतेः सुरभारतीमाध्यमेन सर्वत्र प्रकाशो जायेतेति भगवन्तं श्रीकृष्णं प्रार्थये । कामये चास्याऽभ्युदयमिति ।

* * *

– ९१ –

**श्री योगी नरहरिनाथः**
मृगस्थलीगोरक्षपीठनिष्ठा ( नेपाल )

## समवेदना

कृष्णप्रसादघिमिरे-कविना विना कः
शक्नोति कृष्णचरितं भणितुं नवोक्त्या ?
यस्मिन् वसन्ततिलका तिलकायमाना
नाना रसाः सकलवृत्तसखाः समानाः ।। १ ।।
राजा भर्तृहरिः सदुक्तिविमुखैः खिन्नः खलैर्विश्रुतो
वाग्भूतिर्भवभूतिरुद्भटजगन्नाथः कदर्थीकृतः ।
इत्यं सत्कवयो मुरारिसहिता लक्ष्मीप्रसादादयो
याताः कृष्ण ! न ते भयं कविरयं राजामहेन्द्रः स्वयम् ।। २ ।।
अन्ये धन्यजना वसन्ति भुवने मर्मस्पृशः सङ्गिरां
शार्मण्यादिविभिन्नदेशविदुषां कर्णे सुवर्णावली ।
ध्वन्यात्मा प्रविशत्यशेषविषया नैराश्यमुत्सार्यतां
स्वातन्त्र्यं भजतेऽत्र ;भारतधरा काव्येषु बद्धादरा ।। ३ ।।

## यो समवेदनाको नेपालीभाषामा अनुवाद—

कवि कृष्णप्रसादशर्मा घिमिरेले भिन्न अर्को कुन व्यक्ति नयाँ भनाई बाट श्रीकृष्ण-चरित्र भन्न ( लेख्न ) सक्तछ ? जुन भनाईमा वसन्ततिलका ( छन्द ) नै शिरको श्रेष्ठ टीका जस्ता भएका अनेकौं छन्दहरूका मित्र नाना प्रकारका रस (शृङ्गारादि) बराबर छन् ॥ १ ॥

महाराज भर्तृहरि सदुक्तिमा विमुख भएका ( अरुका कुरा न सुन्ने ) वज्र-स्वाँठहरूले साह्रै खिन्न गराइए। त्यस्तै सदुक्तिका उद्गमस्रोत महाकवि भवभूति र प्रकाण्ड-विद्वान् पण्डितराज जगन्नाथ पनि साह्रै नै सताइए। यसरी उहिलेका ठूला ठूला मुरारी आदि कविहरू र अस्तिका लक्ष्मीप्रसाद देवकोटा आदि कविहरू त्यसै ( त्यस्तै भएर ) मरेर गए। तर कृष्ण ! तिमीले त्यसरी डराउनु पर्दैन, राजा महेन्द्र आफैं कवि छन् ॥ २ ॥

( अथवा छैनन् भने ) सदुक्तिको सम्मान गर्न जान्ने, मर्म बुझ्ने अरू धन्य-जनहरू भुवन-भरी छँदैछन् ( ती पनि छैनन् भने ) जर्मन आदि गरिएका विभिन्न ( यूरोपीय ) देश-वासी विद्वान्हरूका कान-कानमा यो सम्पूर्ण विषयको सुवर्णमय-वाणी ध्वनिको रूप लिएर पसी छोड्दछे। यदि पसिन भने ( उनीहरू पनि छैनन् भने ) यस्ता काव्य भन्दा हुरुक्कै हुने ( आदर गर्न जान्ने ) भारत-माता संसारभरमा ( अहिले सम्म ) स्वतन्त्र छँदैछन्। निराश न होऊ !

● ● ●

– ९२ –

**आचार्य, डिल्लीराम तिमसिना**

अध्यापक, नेपालीविभाग, काशी हिन्दूविश्वविद्यालय

एम० ए० काव्यतीर्थ, साहित्यरत्न, दर्शनाचार्य, जर्मन डिप्लोमा

गीर्वाणवाणीका माध्यमले वाग्देवीको उपासना गर्ने नेपाली पण्डितहरूको परम्परामा कविरत्न कृष्णप्रसाद घिमिरेज्यूको काव्य-साधनाले सबैलाई उछिनेको छ।

प्रस्तुत महाकाव्यमा प्रतिभाशाली कवि श्रीकृष्णप्रसादजीका सहज कवित्वको आफ्नै महत्त्व र गौरव छ। सहज-प्रतिभा सम्पन्न सारस्वत-कवि, आभ्यासिक-कवि र औपदेशिक-कविका तीन श्रेणीमध्ये कवि-घिमिरेका काव्य-कलाले आफूलाई पहिलो दर्जामा दर्ता गराउन औंल्याएको छ। यस युगमा पनि सरल, सहज र सरस संस्कृतमा सुबोध काव्य रचेर रसा-स्वाद लिन-दिन सकिन्छ भन्ने उज्ज्वल दृष्टान्त ‘श्रीकृष्णचरितामृतम्’ महाकाव्य हो। पुरातन विषय-वस्तुलाई मौलिक-प्रतिभाद्वारा प्राञ्जल-भाषामा सिंगारिएको छ। कविराज राज-शेखरले भने अनुसार शब्दार्थमा र उक्तिविशेषमा नूतनताको निरीक्षण गर्ने सूक्ष्म र तीक्ष्ण दृष्टिकोण हुने कवि ‘महाकवि’ हो। प्रस्तुत महाकाव्यमा यस्ता अपेक्षित गुणहरू स्पष्ट दृष्टि-गत हुन्छन्। नेपालमा जन्मिएको ‘श्रीकृष्णचरितामृतम्’ ले भारतभूमि-वनारसमा हुर्किएर प्रकाश पाउने अवसर लियो। यो पनि विधिकै विधान वा संजोगकै कुरो हो। यस महाकाव्यको नेपाली-टीका पनि भएको भए सुनमा सुगन्ध हुने थियो कि भन्ने लागेको हो तर खोई ! हुन सक्ला र ? कतिपयौं कारणले कुन्नि ? यस प्रशंसनीय-प्रयासको लागि घिमिरेज्यूमा शुभाभि-नन्दन टक्र्याउन पाउँदा असीम हर्षोल्लासको अनुभव भएको छ।

● ● ●

– ९३ –

**पण्डित लोकनाथ रेग्मी**
**कुरलेचौर काठमाण्डू, नेपाल**

## यसमा मेरो प्रसन्नता र खिन्नता

*

मनँ पर्दैन, भन्न न हिचकिचांउने छन् भने, उनीहरूले पनि अन्तिम सास फेर्दा भाग्यले दिए 'मरे नि ! कृष्ण !' भनेर डांको छोडेर आधारस्थल खोजिने यो तिनै जगन्नियन्ताको सच्चरित्र हो, जसलाई 'कृष्णचरित्रै' भन्दछन् । तिनै प्रभुको त्यही विषय बनाएर नेपाल-माताका सुपुत्र हाम्रा भारत-प्रसिद्ध कवि-भाई कृष्णप्रसाद-घिमिरेज्यूले जो यो महाकाय महाकाव्य रचे, त्यसमा मलाई ठूलो हर्ष र गर्व छ । जसलाई भारतका त्यस्तै त्यस्ता विशिष्ट-विद्वान्हरूले निकै आफन्तको दृष्टिले आँखै गाडेर हेरेछन् । भारत-सरकारले त अगांल्नै खोजेछ, तर हाम्री कविज्यूकी ओजस्विनी सद्गुण-रूपवती कविता-वनितालाई ग्वाम्ल्वाङ्गै पार्न न सकेता पनि हात-पात गर्न चुकेन छ । यो पनि हामीले उनी हाम्री र राम्री हुन् भन्ने सद्भावनापूर्ण ममता राख्ता-राख्तै पनि विवश भएर त्यस्तो गरेको पनि हेरि रहनु पऱ्यो। यसमा पहिले देखिनै हामीले दृष्टि न पुऱ्याएकोमा मलाई निकै ठूलो दुःख लाग्दछ, साथै त्रास पनि लाग्दछ कि, कहीं यी कविका अरू यस्तै-यस्ता रचनारूप कविता-वनिता हरू जो श्रव्य-दृश्यमय छन्, पराइका गुनका भारले झुक्नु परेर उनीहरूले 'हाम्रै हुन्' भन्न सक्ने पार्न न पाँउन् । के यो मेरो भनाईमा सुयोग्य-व्यक्तिमात्रको ध्यान जाला ? चाहे जे होस्, भविष्यले नै भन्नेछ । कवि सँधै अमर हुन्छ । कसै कसैले मृत भनिएको तर अमृत-वाणीमा लेखिएका कृतिहरू छन् भने ता भन्ने मृत भएर गए पनि यी ता अझै अमृतै छन्, पछि पनि हुने नै छन् । यो कुराको निरीक्षण-परीक्षण गर्ने हाम्रा पछिल्ला पीढ़ी पनि त छँदैछन् नि ! अस्तु ॥

● ● ●

– ९४ –

**श्री चन्द्रकान्त अधिकारी, बि० ए०**
**दुराडांडा, पश्चिम नेपाल**

### यसमा मेरो उद्गार—

लीलापुष्पपराग मिश्रित हुंदा सौन्दर्य बढ्दा स्वतः
धाई छन् धरती प्रसन्न जसकी श्रीपादचिह्नाञ्चित ।
छातीमा तिनकै चढ़ी शिशु बनी खेल्ने जगत्का धनी
माटो एक मुठी कुपुक्क मुखमा हाल्छन् विनोदी बनी ॥

सुन्दा बालकबाट नन्द-गृहिणी दौड़दै त्यहां पुग्दछिन्
च्याती श्रीमुख हेर्दछिन् जब उनी सारा जगत् देख्तछिन् ।
त्यस्ता गोप-कुमारका चरित छन् ब्रह्माण्ड देख्नेतक
नीलो ढङ्ग लिएर अङ्कित यहां पढ्ने छ हाम्रो हक ॥

हाम्रै उच्च हिमालबाट यसरी धारा-सुधा काव्यको
ब्रह्मानन्दसहोदरादृत हुँदै भर्दै गुफा वैरियो।
सारा भारत-फांट भर्छ यसले, पारी पुगी अन्तमा
हाम्रो संस्कृति साछं है! घुमि-घुमी पाश्चात्य-संसारमा ॥

हौं हामी सव एक बिन्दु त्यसका, त्यो सिन्धु हो, ब्रह्म हो
झिल्का हौं सव, अग्नि हो प्रभु त्यही, सत्-चित् र आनन्द हो।
चिन्दैनौं त्यसलाइ, शक्ति त्यसको कस्तो छ, के के छ त्यो
जान्दैनौं, कवि जान्दछन् सव कुरो, विश्वास सामू छ यो ॥

हामी गौरव मान्दछौं सुकविमा यो काव्यको सृष्टिमा
राख्छौं सज्जनका समक्ष यसरी विन्ती गरी गढ्नमा।
यो कस्तो छ र, के छ जान्न बहुधा अभ्यर्थना गर्छु म
भन्छन् भारतका सवै बुध यसै 'यो काव्य हो उत्तम' ॥

त्यस्ता सज्जन-सङ्घले पनि निकै यस्को प्रशंसा गरे
बौलाए कित ती सवै जन त्यसै के हो? कि पोल्टो भरे?।
भो छोड़ौं अब यो कुरा, मनपरे हेरौं गढी काव्य यो
हाम्रै हुन् 'कविरत्न-कृष्ण' 'जब यो नेपालको नाक भो ॥'

● ● ●

– ९५ –

**श्री डा० हरिदेव मिश्रः, न्यायाचार्य।**
त्रि० वि० वि० संस्कृत—एम० ए० विभागाध्यक्षः (नेपाल)

विदाङ्कुर्वन्तु तत्र भवन्तो महानुभावा गीर्वाणवाणीप्रणयिनः सर्वकाराः संस्कृतसंस्थासञ्चालका विबुधा नेपालभारतस्थधर्माधिकारिणो बुधाग्रगण्याश्च! यच्छ्रीकृष्णप्रसादघिमिरेप्रणीतानि श्रीकृष्णचरितामृत-नाचिकेतस-पूर्णाहुत्यभिधेयानि श्रव्यदृश्यकाव्यरत्नानि विलोक्य विश्रुत्य च कवयितुरेव श्रीमुखान्नितरां परितुष्टमानसोऽस्मि ब्रवीमि चेदृशे विकराले संस्कृतभाषा (ऽ) भृतभाषेति संजल्प्यमाने सुरासुन्दरीप्रियतमजाले स्वार्थसंपूर्तिसंलग्नविश्वमानसमोहमाले कलिकालेऽपीदृशानां काव्यग्रन्थानामाविर्भावः सत्यमेव स्मारयत्यस्मानपि तत्संसर्गसम्बन्धितकलुषितमतींश्चापीयं भगवद्भक्तिरेवाऽत्र प्रधानमन्यत्सर्वमेवाऽप्रधानमात्मैक एव सत्यं वस्तु यत्सर्वं विसृज्येहाऽवसाने विशुद्धश्चेत्प्रगच्छति सच्चिदानन्दं स्वं धाम। ततस्तत्कृत एव प्रयतितव्यं सर्वैर्विहायेदृशान् गगनफलोपमांस्तर्षान्। तत्प्राप्तये च सुनिपुणं निरूप्य संप्राप्तलौकिकपारलौकिकसद्गुरुप्रसादेनाऽस्माकं प्रियनेपालदेशाभिजनेन श्रीकृष्णप्रसादेन 'कृष्णप्रसादेन घिमिरे' इत्युपाह्वेन विलिखितानीमानिश्रव्यदृश्यकाव्यव्यपदेश्यानि सद्ग्रन्थरत्नान्युभयब्रह्मस्वरूपनिर्देशकानि ये नाम महापुरुषविशेषाः सुसेवन्ते पठन्ति च तानि सम्यक् समाहिता निरूप्याऽत्रत्याः सुगमाः सदुपाया उदारा महात्मानस्ते 'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य' इत्यादिस्वरूपेण विभावयमाना आत्मान आत्मानमेव समुद्धरन्ति कलिकलुषप्रपूर्णादस्माद्भवार्णवादिति विभावयमानस्तत्सत्यं सच्चिदानन्दकं वस्त्वेव स्वानुभूति-

पथमानयन्ति तत्सर्वमपि तेषां संसिध्यति च विचारयन् ग्रन्थानिमानदृष्टपूर्वान् दृष्ट्वा निरूप्य चैषां संस्थितीः सुभृशं विमुग्धहृदयोऽहं गीर्वाणवाणीप्रियान् विविधदेशस्थितिनियमनिर्णयिकान् सर्वकारान् तथा च संस्कृतसंस्कृत्यभिवृद्धिसंस्थासमितिनिर्वाहिकान् विद्वद्वरान् सुरभारत्यभिमानिनश्च महानुभावान् स्वस्वधर्माधिकारिणश्चैवं विज्ञापयंश्चेमां सहृदयहृदयाह्लादकरीं सुश्लोक्यां प्रवृत्तिं नितरां प्रसन्नोऽस्मि। तत्कामयेऽस्य कविवरस्याऽनुदिनमेधमानां सत्कीर्तिं प्रज्ञाञ्च यथा सोऽयं कृष्णप्रसादः संप्राप्तश्रीकृष्णप्रसादो भूत्वा सुचिरमस्मांस्तद्गतप्राणानीदृशैरन्यैरपि सद्ग्रन्थैर्विनिर्मितैराह्लादयत्विति चाशास्ते।

* * *

- ९६ -

**श्री जीवनाथ झा शर्मा**
व्याकरण-न्यायाचार्यः
प्रधानाध्यापक सं० प्र० विद्यालयस्य, जनकपुर, नेपाल

अनुकरणीयगुणचय-सदय-प्रतिभाधर-कविवर श्रीकृष्णप्रसादघिमिरे-शर्मणा क्रियमाणशाश्वतसारस्वतकर्मणा निर्मितं भक्तिधुनीप्रवाहपूरितं कोमलकान्तपदावलीविलसितं सुश्राव्यं कृष्णचरिताऽमृतं नाम सुमहत्काव्यं परमात्मविषयकतयाऽतिभव्यं . नव्यं स्थालीपुलाकन्यायेन वीक्ष्य परीक्ष्य च तत्रत्यं सत्यं परमार्थवत्त्वं तत्त्वं निरवसादं प्रसादं धारयामि पारयामि च ह्रासमये समयेऽप्यस्मिन् समस्मिन् सुरभारत्याः प्रवर्तमानमाराधनं संस्कृतिनिरोधिनां विरोधिनामग्रतः समग्रतः प्रदर्शयितुम्। भक्तिप्रवाहसञ्जातधाराशपातप्रणयनतया नूत्नग्रन्थरत्नमिदमालङ्कारिकसमालोचनानिकषोपले निर्मले घर्षणीयताममर्षणीयताञ्चाऽभूषणदूषणपञ्जिकाघातप्रत्याघातजाले काले सुतरामर्हतितराम्।

श्लाध्यपदलालित्यं स्तुत्यसौहित्यं भव्यं सुमनोभक्तिसौरभ्यञ्चैतदीयं नूनमेव प्रभावयिष्यति संस्कृतजगदिति मन्वानस्तन्वानश्चाऽस्य सुकवेर्दीर्घजीवनम्।

* * *

- ९७ -

**श्री शिवशङ्कर झा, महोपाध्यायः**
साहित्यधर्मशास्त्रायुर्वेदाचार्यः
मटिहानी, नेपाल

पण्डितप्रवर-श्रीकृष्णप्रसादघिमिरे-महोदयेन सन्दृब्धं श्रीकृष्णचरितामृतनामकं महाकाव्यं बहुषु स्थलेषु दृष्टं स्वमनोयोगेन दोषज्ञदृष्ट्या च निभालितं विश्रुत्याऽपि सुविचारितम्। नाऽत्र प्रतिवादः कश्चिदपि वर्तते। स्वान्तं वशोकरोति चेदं महाकायमदृष्टपूर्वं महाकाव्यं नितान्तमश्रुतपूर्वञ्च। सरलं सरसं प्रतिश्लोकं सुमनोहारि शब्दार्थालङ्कारभरितं विलक्षणलक्षणालक्षितं ध्वनिरीत्यादिभिरितस्ततः परिपूरितं दृष्ट्वैतत्काव्यं नितरां प्रसीदन्ति सहृदयहृदयाह्लादकानां सुमनसां सुमनांसि परगुणैकपक्षपातिनाम्। किमन्यद्विज्ञापये ? जगति प्रसरदिदं मनोमन्दिरं प्रकाश्य स्वमहसा पाठकानां ग्रन्थकर्तुः कवेः कीर्तिततिं तनोत्विति च श्री १००८ पशुपतिनाथपादपङ्कजेभ्योऽभ्यर्थये।

* * *

– ९८ –

**श्री पूर्णप्रसादो ब्राह्मणः**
ताहाचल काठमाण्डू (नेपाल)

## मम मन्तव्यम्

'स्वकर्मसूत्रग्रथितो हि लोकः'। इति सत्यं स्वनियतिफलमेवैतत्, यन्ममाऽन्ये सखायो लब्धवर्णा अपि, मुनिसन्ताना अपि केचित्सेवावृत्या जीवनमतिवाहयन्ति, केचन वाणिज्येन, कतिपये च कृषिकर्मणा। स्वयमहमपि स्वयंसृष्टे प्रपञ्चजाले निबद्धोऽभवमकिञ्चित्कर एव। न संभाव्यतेऽस्मत्तः काऽप्यमरकृतिर्भविष्यत्यपि जनिष्यते वेति च। यतो वीतरागाणां परतत्त्वैनकनिष्ठानां कर्मयोगिनां पदमनुसरद्भ्यो महाशयेभ्य एव हि तादृश्याः कृतेः श्रीगणेशो भवति। दुर्हृदयानां स्वान्तःसंस्कारपरिवर्तनशोधनसाधनासाधिका कृतिरेव हि परिभाष्यतेतमाममरा कृतिरिति। एतदनुसारं वयं तु सत्यम् 'यो न विद्वान् न धार्मिकः' इति यत् वितथजनुषां पङ्क्तौ गणनीयाः स्मेत्यहं मन्ये, चेखिद्ये च। अनयैव दृशा दृष्टः कृष्णप्रसादघिमिरे महोदयो मम सखेति स्मृतावपि गर्वमखर्वमनुभवाम्यहम्। यतः स स्वजीवनस्य प्रत्येकक्षणानां भगवतः श्रीकृष्णस्य गुणानुवादेन सदुपयोगात् धार्मिकोऽस्ति, स्वदेशीयैर्विदेशीयैश्च प्रकाण्डविद्वद्भिरप्यतिमात्रं प्रशंसितकवित्वपूर्णवैदुष्यत्वाद् विद्वानप्यस्ति। बहुश्रुतेष्वपि व्यक्तिविशेषेषु वैदुष्यधार्मिकत्वयोः प्रायो वैयधिकरण्यमेव हि दृक्पथमायाति नैतादृशं स्तुत्यं सामानाधिकरण्यम्। विचित्रं चित्रितमेतच्छ्रीकृष्णचरितामृतं श्रीकृष्णप्रसादशर्ममहोदयैः।

किञ्च—यदि वर्तमानयुगं, समाजः, स्वीयाऽर्थिकास्थितिश्च तं न पदे पदे प्राहरिष्यंस्तर्हि वयं घिमिरेमहोदयं नेपालस्य व्यासमेव वक्तुं प्राप्स्याम। तथापि हृदैव भगवन्तं प्रार्थये—'तस्य जीवनं सुदीर्घं, मनोरथाश्च पूर्णा भवन्त्विति।

प्रकृतकृष्णचरितामृतस्य तस्य महामहाकाव्यस्य विषये तु नाऽहं किमपि वक्तुमुत्सहे। यतः प्रकाण्डवैदुष्यैः काव्यनिर्माणसमालोचनचुञ्चुभिः परःशतैस्तैर्विद्वद्भिर्विदेशीयैरेकस्वरेण मुक्तकण्ठमतिसीम च तत्प्रशंसितचरमस्त्येव। तत्र मम पुनः कोऽर्थश्चर्वितचर्वणायितेनाऽल्पप्रतिभेनोपश्लोकनेन। इत्यलं बहुना।

● ● ●

– ९९ –

**श्री चूडानाथ भट्टरायः, सर्वदर्शनाचार्यः**
राष्ट्रिय-प्रज्ञाप्रतिष्ठान काठमाण्डू, नेपाल

श्रीमहाभागवतस्य महाकवेः कृष्णप्रसादशर्मणः श्रीकृष्णचरितामृतं श्रोत्ररन्ध्रैः श्रावं श्रावं, पायं पायं च ब्रह्मानन्दसहोदरं तत्काव्यरसास्वादं न सुतृप्तिमावहत्यस्माकं चेतः। रचनाशैली चास्य सुकवेः सरसा सुमधुरा सरलातिसरला च दरीदृश्यते। सर्वातिशायिनी खल्वेषा सुकृते कृतिः। चकाशते चात्र सर्वेऽपि सत्काव्यगतगुणाः। चमत्करोति च रसमाधुरी। भगवतो महापुरुषस्य श्रीकृष्णस्य सद्गुणरूपलीलासंवलिता सुरचना। तद्धन्योऽयं कविर्येन निर्मायि तच्चरितामृतममृतमिव संभूय सुरासुरैः समुद्रमन्थनतः। तन्नेपालरत्नस्याऽस्य कवेरुत्तरोत्तरां समुन्नतिं कामये।

● ● ●

– १०० –

श्री माधवप्रसाद देवकोटा
धर्मशास्त्राचार्य, पाल्पा ( तानसेन ) नेपाल

# हर्षोद्गारः

⁂

श्रुतमांशिकरूपेण कविकोकिलकण्ठतः ।
महाकायं महाकाव्यं श्रीकृष्णचरितामृतम् ॥ १ ॥
मोक्षप्रदामिहाऽऽलम्ब्य श्रीमद्भागवतीं कथाम् ।
वर्णितं चरितं चारु कृष्णस्य परमात्मनः ॥ २ ॥

रचना भूरिमाधुर्यप्रसादगुणशालिनी ।
आश्लिष्टरससंपुष्टिः सदलङ्कारमालिनी ॥ ३ ॥
द्वैपायनेन संक्षिप्तस्तर्क्योऽर्थः कविना सता ।
विस्तारितो युक्तियुतैः कल्पितैः सुकथानकैः ॥ ४ ॥

श्रीमद्भागवतस्याऽर्थं वैशद्येन बुभुत्सताम् ।
भविता मधुरा व्याख्या श्रीकृष्णचरितामृतम् ॥ ५ ॥
च्युतोऽपि वाग्विसर्गः स्यादच्युतस्य गुणस्तुतेः ।
पापनाशनमाहात्म्यादुपादेयो भवेत् सताम् ॥ ६ ॥

नेपालराजधानीस्थो घिमिरे-कुलदीपकः ।
कविः कृष्णप्रसादोऽयं चकास्ते ग्रन्थगौरवात् ॥ ७ ॥
श्रीकण्ठस्योपासकोऽपि श्रीकृष्णचरितामृतम् ।
पाययन्बोधयत्येष भावं हरिहराद्वयम् ॥ ८ ॥

संस्कृते प्राकृते ग्रन्थान्कृत्वाऽनूद्य च सज्जनान् ।
आह्लादयन् कथं न स्याद् व्यक्तित्वोत्कर्षहर्षभृत् ? ॥ ९ ॥
दृष्ट्वा हृष्टोऽस्म्यदः काव्यं धन्यवादपुरःसरम् ।
कामये सुकवेरस्य चिरायुष्ट्वं श्रियं यशः ॥ १० ॥

• • •

**श्रीशेषराज रेग्मी,** महोपाध्यायः साहित्यसुधाकर।
धर्मशास्त्राचार्यः काव्यतीर्थः, प्राध्यापकः
नेपालस्थत्रिभुवन-विश्वविद्यालयस्य, वाल्मीकिमहाविद्यालयस्य च
( लेखकस्याऽस्य लौकिका गुरुचरणा इमे )

## श्रीकृष्णो विजयताम्

❀

प्रस्तुतं श्रीकृष्णरचितं श्रीकृष्णचरितामृतमवलोक्य परीक्ष्य निरीक्ष्य च तत्र-तत्रत्यैर्विशिष्टविद्वद्भिरित्थममुग्रहीतं विश्रुत्य च कविनुखादेवेतस्ततः प्रायशः सर्वमपि नितरां प्रमुदितोऽभवन्मदीयोऽन्तरात्मा। तदस्मै सत्कवये प्रियवरायान्तेवासिने निम्नस्थितां शुभाशंसां शुभाशीर्वादरूपेणैवोपदीकृत्य कविरत्नस्याऽस्य सत्कर्मणोऽवश्यमवश्यमेव संस्कृतसंस्कृतिसंरक्षणप्रवर्धनपरा। गुणगृघ्नवो विद्वांसः सुतरां परितुष्टा भविष्यन्ति सफलां करिष्यन्ति तदीयां परिश्रमजन्यांसदिच्छां चेति विश्वसिमि, पुनर्विनिवेदयामि च नैकविधप्रपञ्चनिचयव्यग्रत्वेऽपि काव्यरत्नस्याऽस्य द्वितीयसर्गस्थप्रमेयचयमवलोकयितुं सुकृतां सविशेषामिमां मदीयामभ्यर्थनां ध्रुवं करिष्यन्ति सफलामिति मत्वैवाऽहमधुना विरमामि विस्तरादिति शमस्तु।

कृष्णप्रसादसमवाप्तमतिप्रकाशो वागीश्वरीजनितकाव्यकलाविकासः
आरोग्यशक्तिशमसौख्यगुणानवाप्य कृष्णप्रसादकविरेष चिरायुरस्तु ॥
शक्तेः सदा सदुपयोगपरः प्रकृष्टो नारायणस्तवपरायणताविशिष्टः
इत्थं प्रदर्शितनवप्रतिभाविभासो भूयान्महाकविरसौ सफलाभिलाषः ॥

**सर्वात्मन् !**

मनुष्यता पूरुषताग्र्यवर्णता
मनीषिता सत्कविता शिवैकता ।
इयं मम क्षेमपरम्परा विभोः
स्तुतिप्रसङ्गेन गता कृतार्थताम् ॥

सर्वात्मन् । पहले तो मुझे मनुष्ययोनिमें जन्म मिला, उसमें भी पुरुष-शरीर ही प्राप्त हुआ, उस पर भी ऊँचा-वर्ण ( ब्राह्मणत्व ) उपलब्ध हुआ; उसमें भी उत्कृष्ट-बुद्धि एवं उच्च विचार-शक्ति सुलभ हुई, इसके ऊपर भी उत्तम कवित्व-शक्ति मिली और फिर भगवान् शिवके प्रति ऐसी अनन्यता प्राप्त हुई । यह मेरी कल्याण-परम्परा आज आप-प्रभुके स्तुति-प्रसङ्गसे कृतार्थ हो गयी ।

—कृ० प्र० घिमिरे

॥ ५० ॥



कविरत्नम्
कृष्णप्रसाद शर्मा घिमिरे

निरन्तरसत्काव्यप्रणयनानुरक्तचेतसामतिशयविपुलकायमहाकाव्यनिकाय-
निर्मितिसमाह्लादितसचेतसां काव्यानन्दानुभूतिप्रवणमनसां विका-
सितसुमनसां श्रीमतां कृष्णप्रसाद-घिमिरे महाकवीनां श्रीकृष्ण-
चरितामृताख्यमहाकाव्यसमुद्घाटनावसरे 'कविरत्ने'
त्युपाधिदानबहुमानेन समर्प्यमाणम्

# अभिनन्दनदलम्

●

**कविरत्न !**

श्रीकृष्णचारुचरितामृतदुग्धसिन्धुं बन्धुं विदां सुकविमण्डलगर्वभूमिम् ।
'कृष्णप्रसादघिमिरे' 'कविरत्न'-मीड्यं प्रेम्णाऽभिनन्दतितरां कवि-भारतीयम् ॥ १ ॥
येनाऽधुनापि सततं रमणीयकाव्यनिर्माणबन्धुरगिरा सुरवाक्समृद्धिः ।
व्यातन्यते नवनवैः कविताविलासैः सोऽयं चिरं जयतु नूतनसर्गवेधाः ॥ २ ॥
एतादृशानि विविधानि सुधीन्द्रवृन्दवन्द्यानि चारुचरितामृतसम्भृतानि ।
काव्यानि नैकरचितानि लभामहे तत् क्षेमेन्द्रमेतमधुनातनमामनामः ॥ ३ ॥
अस्याऽऽस्यरङ्गभुवि सूक्तिसरस्वतीयं नृत्यत्पदन्यसनतोऽधिकृतान्तरङ्गान् ।
मुग्धान् विदग्धनिवहान् परितर्पयन्ती लोकोत्तरं किमपि कौशलमातनोति ॥ ४ ॥
यो जन्मना हिमवतोऽङ्कमुपाश्रितोऽपि श्रेयस्करः सुमनसां मलयानिलोऽस्ति ।
अर्थागमे गतरसोऽपि सदर्थदाता निःस्वः सुवर्णघटनोर्जितवैभवोऽपि ॥ ५ ॥
आविष्कृता यदपि नव्यतमैः पदार्थैश्चञ्चत्प्रभैर्मतिमतामपि दृष्टिकुण्ठा ।
किन्तु प्रतीपसमयेऽपि दृशोर्बुधानां काव्याञ्जनेन सुषमामसमां तनोति ॥ ६ ॥
वृत्ते स्थितापि, सुगुणापि, विभूषितापि, वक्रोक्तिरञ्जितकथापि, रसाञ्चितापि ।
श्लिष्यत्यहो ! प्रसभमेव विदां सुकण्ठमग्रेऽपि चुम्बति मुखं कविता प्रिया ते ॥ ७ ॥
कृष्णप्रियोऽपि धवलीकृतविश्वरूपो नित्यं चिरन्तनपुराणरतोऽपि नव्यः ।
काव्यानुगोऽप्यमरसम्पदि साधिकारो हारो गिरां जयति कोऽपि गुणाभिरामः ॥ ८ ॥
युष्मत्प्रमोदपरिवर्धनहेतुभूतं प्रत्यग्रकाव्यकुसुमाञ्जलिमर्पयित्वा ।
वाराणसेयकविकाव्यविदां समज्या त्वन्मङ्गलाय भृशमर्थयते महेशम् ॥ ९ ॥

स्थानम्—वाराणसी
दिनाङ्कः—१०-२-७२

वयं स्मः
**कविभारती-सदस्याः**

# प्रस्तुतश्रीकृष्णचरितामृतमहाकाव्यस्य तत्तत्सर्गस्थविषयाऽनुक्रमणिका

●

| | |
|---|---|
| **प्रथमसर्गे–**<br>**( उपजातिवृत्तम् )** | विभिन्नदर्शनदर्शननिर्देशनात्मकं मङ्गलाचरणम् । सच्चिदानन्दाख्यस्य भगवतः श्रीकृष्णस्य साम्यप्राप्त्युपायकथनम् । विद्वत्प्रबोधनम् । ग्रन्थनिर्मातुर्लौकिक-पारलौकिकसद्गुरुकृपानिदर्शनम् । मान्यानामभिनन्दनञ्च । |
| **द्वितीयसर्गे–**<br>**(वसन्ततिलकावृत्तम्)** | काव्यनिर्माणशक्तिप्राप्त्यर्थं कविकुलजगद्गुरोर्लोकशङ्करस्याऽऽशुतोषस्य करुणक्रन्दनगर्भा बहुविधोपालम्भसंवलिता स्तुतिः । |
| **तृतीयसर्गे–**<br>**( उपजातिवृत्तम् )** | प्रस्तुतकाव्यं दशलक्षणलक्षितं महापुराणमुपजीव्य विलिखितत्त्वात् सर्वप्रथमं विद्वत्प्रबोधनपूर्वकं तत्रेशानुकथापर्यन्तानां सप्तानामपि सर्गविसर्गादीनां संक्षिप्तस्वरूपनिदर्शनम् । श्रीकृष्णावतारस्य पूर्णावतारप्रतिपादनम् । स एव चराचराणामात्माऽतस्तल्लीलैव जगत्सुखावहेति स्थिरीकरणञ्च । |
| **चतुर्थसर्गे–**<br>**(वसन्ततिलकावृत्तम्)** | महाभागवतेभ्यो विद्वद्वर्गेभ्यश्च कवयितुर्नमस्कारसमर्पणम् । महाविभूतिपतेर्धीरोदात्तस्य काव्यनायकस्य स्वरूपनिर्दर्शनपूर्वकं संक्षेपतो बाल्यावस्थातः स्वधामगमनपर्यन्तकृत्यप्रदर्शनम् । कवेर्भागवतमेवोपजीव्य भाष्यरूपेण काव्यनिर्माणप्रतिज्ञा च । |
| **पञ्चमसर्गे–**<br>**( मन्दाक्रान्तावृत्तम् )** | श्रीकृष्णावतारोपक्रमप्रसङ्गे धरित्रीपितामहसंवादे ध्यानावस्थितस्य ब्रह्मणो योगावस्थायां स्वात्मन्येव भगवतो भाविलीलाऽऽलोकनम् । देवेभ्यस्तत्कथनम् । तेषाञ्च व्रजमण्डलेऽन्यत्राऽपि च स्वोपयुक्तसेवौपयिकतरुगुल्मपशुपक्षिगोगोपगोप्यादीनां तत्तद्योनिषु जन्मग्रहणनिर्देशनम् । सर्वकार्यसम्पादनानन्तरमघटनघटनाघटनपटीयस्या भगवत्या योगमायाया सर्वैः साकं भगवदवतारप्रतीक्षणम् । |
| **षष्ठसर्गे–**<br>**( उपजातिवृत्तम् )** | मथुरायां विवाहप्रसङ्गे वधूवरयोर्देवकीवसुदेवयोः स्वगृहप्रवेशे कंसमुद्दिश्य सञ्जातामाकाशवाचं श्रुत्वा स्वमृत्युभयतो नववधूं हन्तुकामं कंसं संस्तभ्य समाश्वासनं वरवसुदेवेन स्वसद्वाक्यनिदर्शनञ्च । |
| **सप्तमसर्गे–**<br>**( प्रहर्षिणीवृत्तम् )** | कंसगृहे नारदागमनम् । देवर्षिणा तत्प्रबोधनञ्च । |

| | |
|---|---|
| अष्टमसर्गे–<br>( उपजातिवृत्तम् ) | देवकीगर्भेऽनन्तप्रवेशः। मायेशयोः संवादः। गर्भसङ्कर्षणञ्च। तथा भगवतो वसुदेववीर्यतो देवकीगर्भे प्रवेशश्च। |
| नवमसर्गे–<br>(वसन्ततिलकावृत्तम्) | भगवत आविर्भावः। मातृपितृभ्यां कृता तत्स्तुतिः। भगवता तयोः कर्मनिर्देशः। ताभ्यां तथैवाचरणञ्च। |
| दशमसर्गे–<br>( उपजातिवृत्तम् ) | कारागृहे कंसाऽऽगमनम्। बालिकायाः शिलापृष्ठे पोथनम्। कराश्च्युतया तया स्वरूपनिर्दर्शनपूर्वकं कंसप्रतिबोधनम्। |
| एकादशसर्गे–<br>( भुजङ्गप्रयातवृत्तम् ) | सभागृहे कंसस्य सुहृद्भिः परामर्शः। बालानां विप्रादीनाञ्च विहिंसननिर्देशनम्। |
| द्वादशसर्गे–<br>( उपजातिवृत्तम् ) | गोकुले भगवतो जन्मोत्सवादिवर्णनम्। |
| त्रयोदशसर्गे–<br>( शालिनीच्छन्दः ) | व्रजस्थितिनिर्देशनम्। व्रजराजस्य मथुरागमनम्। तत्रैव वसुदेवनन्दयोः सम्मेलन-सम्भाषणे च। |
| चतुर्दशसर्गे–<br>(वसन्ततिलकावृत्तम्) | पूतनाऽऽगमनम्। तद्वधलीलावर्णनम्। बालकादीनामरिष्टादिभ्यो दैशिकरक्षाविधिप्रदर्शनम्। |
| पञ्चदशसर्गे–<br>( उपजातिवृत्तम् ) | पूतनासंस्कारः। भगवतः कृपानिदर्शनम्। नास्तिकानां प्रबोधनञ्च। |
| षोडशसर्गे–<br>( भुजङ्गप्रयातवृत्तम् ) | शकटासुरवधलीलानिर्देशनम्। |
| सप्तदशसर्गे–<br>( उपजातिवृत्तम् ) | तृणावर्तनिष्पेषलीलावर्णनम्। |
| अष्टादशसर्गे–<br>( स्रग्विणीच्छन्दः ) | श्रीहरेर्दुग्धपानवर्णनम्। यशोदायै भगवता विश्वरूपनिदर्शनञ्च। |
| ऊनविंशसर्गे–<br>( प्रहर्षिणीवृत्तम् ) | महर्षेर्गर्गस्याऽऽगमनम्। रामकृष्णयोर्नामकरणादिवर्णनञ्च। |
| विंशसर्गे–<br>( उपजातिवृत्तम् ) | अदृष्टतत्त्वस्य महत्त्वनिर्देशनम्। भगवतो जानुघृष्ट्या क्रीडनादि। |
| एकविंशसर्गे–<br>( भुजङ्गप्रयातवृत्तम् ) | भगवतोऽग्निजलशृङ्गिदंष्ट्रिभिः साकं विविधक्रीडावर्णनम्। |
| द्वाविंशसर्गे–<br>( उपजातिवृत्तम ) | मातृभ्यां सुतयोः पादचारणशिक्षणम्। तत्र गीतशब्दं श्रुत्वा समागतानां बालकबालिकादीनां ताभ्यां सहैव नृत्यवर्णनम्। भगवतो विचारः। दुग्धशालां प्रविश्य तद्ध्रदे निमज्जमानेनाऽनेन स्वमातुरुद्विग्नीकरणम्। |

| | |
|---|---|
| त्रयोविंशसर्गे–<br>(वसन्ततिलकावृत्तम्) | भगवतो वैश्यबालकस्येप्सितगोवत्समोचनादिलीलावर्णनम् । |
| चतुर्विंशसर्गे–<br>( भुजङ्गप्रयातवृत्तम् ) | भगवतः शौचस्नानादिवर्णनम् । तस्य स्वप्राङ्गणाऽऽगमनम् । भगवता रामेण तद्भाविकार्यक्रमनिर्देशनञ्च । |
| पञ्चविंशसर्गे–<br>( चम्पकमालावृत्तम् ) | गोपबालकैः समं मथुरामार्गे निलीय गोदुग्धादिविक्रयार्थं माथुरागामिनीनां गोपगोपीनां पयस्यलुञ्छने सज्जीकरणवर्णनम् । |
| षड्विंशसर्गे–<br>( उपजातिवृत्तम् ) | मथुराप्रस्थितानां गोपगोपीनां परस्परं तत्रत्यस्वस्वानुभववर्णनम् । |
| सप्तविंशसर्गे–<br>( प्रहर्षिणीवृत्तम् ) | श्रीरामेण साकं तेषां संवादः । वृक्षस्कन्धस्थगोपबालकैस्तच्छिरोभ्यो गोरसघटलुञ्छनम् । तेभ्योऽपि वानरैः । तेषां पलायनवर्णनञ्च । |
| अष्टाविंशसर्गे–<br>( स्रग्विणीच्छन्दः ) | गोपराजसभायां गोपबालकैर्यामुनतटस्थितानां साधकानामन्येषाञ्च तत्तदनुभववर्णनपूर्वकं तत्रत्यस्थितिश्रावणम् । |
| एकोनत्रिंशसर्गे–<br>( उपजातिवृत्तम् ) | नवनीतचौर्यभक्षणप्रसङ्गे भगवता सभ्यानां समक्षं देव्यै वृषभानुनन्दिन्यै हैयङ्गवीनभक्षणप्रदानपूर्वकं तत्स्वरूपनिरूपणवर्णनम् । |
| त्रिंशसर्गे–<br>( स्वागतावृत्तम् ) | यमुनातटे शिलामयीं व्रजदेवीं द्रष्टुमागताया देव्याः कीर्तिदाया व्रजवधूभिः साकं विविधः श्रीकृष्णवैषयिको वार्तालापः । तत्कार्यनिर्देशश्च । |
| एकत्रिंशसर्गे–<br>( उपजातिवृत्तम् ) | सम्प्रदायवादिनां महात्मनां दृष्टिपथमागते श्रीवसुदेवपोते तेषां तत्स्तवनम् । तद्विलोक्य विस्मितानां कंसचराणां तद्वैषयिकी विजिज्ञासा तं दृष्ट्वा तेषां ततः पलायनञ्च । |
| द्वात्रिंशसर्गे–<br>( भुजङ्गप्रयातवृत्तम् ) | भगवतो नवनीतादिचौर्यलीला । गोपीभिस्तद्बन्धनञ्च । |
| त्रयस्त्रिंशसर्गे–<br>( अनुष्टुब्वृत्तम् ) | देव्या कीर्तिदाया योगमार्गेण सुषुप्तिस्वप्नजाग्रदादिदशायां तदूर्ध्वं विगतायामवस्थायाञ्च संप्राप्ततत्तदनुभववर्णनम् । |
| चतुस्त्रिंशसर्गे–<br>(वसन्ततिलकावृत्तम्) | व्रजराजसभायां व्रजराजस्य भृत्यवर्गेषु व्रजकार्यनिर्देशनात्मकाः प्रश्नाः । चौर्यरूपिणं शणपोटलिकास्थितं भगवन्तं विगृह्य तत्रैव व्रजवधूनामागमनम् । व्रजराज्ञीमुद्दिश्य ताभिस्तदुपालम्भनम् । पश्चाच्चौरनिर्दर्शने हास्योपलब्धिश्च । |
| पञ्चत्रिंशसर्गे–<br>( प्रहर्षिणीवृत्तम् ) | भगवता मृद्भक्षणम् । मात्रे विश्वरूपनिदर्शनञ्च । |

| | |
|---|---|
| षट्त्रिंशसर्गे-<br>( उपजातिवृत्तम् ) | यशोदया भगवतश्चरित्रं गायं गायं दधिमन्थनम्। भगवता दधिमन्थनदण्डादीनां विध्वंसनम्। यशोदयैतद् दृष्ट्वा तं विगृह्य दाम्ना तदुदरे चोलूखले बन्धनम्। |
| सप्तत्रिंशसर्गे-<br>( शिखरिणी ) | देवर्षेरनुग्रहात् स्थावरतां प्राप्तयोर्नलकूबरमणिग्रीवयोस्तदवस्थादर्शनम्। भगवतस्तदुद्धारणार्थं तत्र गमनञ्च। |
| अष्टत्रिंशसर्गे-<br>(वसन्ततिलकावृत्तम्) | भगवता स्वोदरनिबद्धोलूखलेन तयोरुन्मूलनम्। ताभ्यां कृता तत्स्तुतिः। तयोः स्वधामगमनञ्च। |
| एकोनचत्वारिंशसर्गे-<br>( उपजातिवृत्तम् ) | नन्दादीनां तत्राऽऽगमनम्। तत्रत्यबालकमुखाद्भगवद्वृत्तान्तश्रवणम्। तेषां विचिकित्सा। भगवतः स्वधामनयनञ्च। |
| चत्वारिंशसर्गे-<br>( भुजङ्गप्रयातवृत्तम् ) | मातृकल्पाभिर्गोपीभिर्भगवतो नर्तन-गायने। तेन तासां मनोविनोदनञ्च। |
| एकचत्वारिंशसर्गे-<br>( द्रुतविलम्बितं छन्दः ) | फलविक्रयिण्याः फलविक्रयणार्थं भगवतो धाम्न्याऽऽगमनम्। तया तदाकारणम्। ततो भगवता फलग्रहणम्। स्वाञ्जलिच्युतैर्मणिमयैर्धान्यांशैस्तत्फलभाण्डपूरणवर्णनम्। |
| द्विचत्वारिंशसर्गे-<br>( स्वागतावृत्तम् ) | क्रीडनपरस्य भगवतो रोहिणीयशोदाभ्यां स्वगृहागमनार्थमाह्वानम्। |
| त्रिचत्वारिंशसर्गे-<br>(वसन्ततिलकावृत्तम्) | गोपसभायां गोकुलं परित्यज्य वृन्दावनमधिवस्तुं याम इति चोपनन्दप्रस्तावः। तत्स्वीकरणपूर्वकं नन्दादीनां शकटैस्तत्र गमनम्। |
| चतुश्चत्वारिंशसर्गे-<br>( चम्पकमालावृत्तम् ) | वृन्दावने भगवतो गोवत्सादिचारणम्। विविधक्रीडा च। |
| पञ्चचत्वारिंशसर्गे-<br>( भुजङ्गप्रयातवृत्तम् ) | भगवतो यमुनातटे वत्सासुरवधः। |
| षट्चत्वारिंशसर्गे-<br>( उपजातिवृत्तम् ) | भगवतो बकासुरवधलीला। |
| सप्तचत्वारिंशसर्गे-<br>( स्रग्विणीवृत्तम् ) | भगवतः कर्मणि गोपवर्याणां विचिकित्सा। |
| अष्टचत्वारिंशसर्गे-<br>(वसन्ततिलकावृत्तम्) | भगवतो वृन्दावनविहारः। तत्र सखिभिः समं नानाविधाभिः खेलाभिः खेलनम्। |
| एकोनपञ्चाशसर्गे-<br>( भुजङ्गप्रयातंछन्दः ) | श्रीरामेण विना गोवत्सांश्चारयितुं गतस्याऽस्य भगवतो हिंसनार्थं तत्राऽघाऽसुरस्याऽऽगमनम्। तस्य चाऽजगररूपधारणम्। तन्मुखे गोपानां गोवत्सानां भगवतश्च प्रवेशः। |

| | |
|---|---|
| **पञ्चाशसर्गे–**<br>**( प्रहर्षिणीवृत्तम् )** | शयोरात्मानं तन्मृतशरीराद्विनिर्गतस्याऽस्य भगवतश्चरणारविन्दे मिलितं दृष्ट्वा श्रुत्वा चाऽन्तरिक्षस्थितैः सिद्धादिभिः सुकृतास्तत्स्तुतीर्भगवतश्चतुर्मुखस्याऽत्राऽऽगमनम् । |
| **एकपञ्चाशसर्गे–**<br>**( स्वागतावृत्तम् )** | भगवतो वयस्यैः समं वार्तालापः । |
| **द्विपञ्चाशसर्गे–**<br>**(चम्पकमालाच्छन्दः)** | भगवतो वयस्यैः सह वनभोजनम् । |
| **त्रिपञ्चाशसर्गे–**<br>**(वसन्ततिलकावृत्तम्)** | भोजनव्यग्रेषु तेषु सुदूरं विगतान् गोवत्सान् प्रत्यानयनार्थं ततो भगवतो गमनम् । तदन्तरा विरिञ्चिकृतं गोवत्स-वयस्यहरणम् । भगवता च तत्तद्वयस्यवत्सस्वरूपग्रहणपूर्वकं स्व-स्वगृहागमनञ्च । |
| **चतुःपञ्चाशसर्गे–**<br>**(भुजङ्गप्रयातंच्छन्दः)** | श्रीरामेण सार्धं वनगतस्य भगवतस्तद्विचिकित्साया निवारणम् । तत्रत्यस्थितिबोधकरणञ्च । |
| **पञ्चपञ्चाशसर्गे–**<br>**( उपजातिवृत्तम् )** | मनुष्यमानतो वर्षमितसमये ब्रह्मणः पुनस्तत्राऽऽगमनम् । सर्वानपि गोवत्सबालकान् भगवतःस्वस्वरूपावस्थितानवलोक्य स्वाभिमानभङ्गपूर्वकं तस्य तेभ्यो नमनम् । |
| **षट्पञ्चाशसर्गे–**<br>**( मन्दाक्रान्तावृत्तम् )** | ब्रह्मकृता भगवत्स्तुतिः । |
| **सप्तपञ्चाशसर्गे–**<br>**(वसन्ततिलकाच्छन्दः)** | ब्रह्मणः स्वधामगमनम् । भगवतो वनभोजनम् । गृहं प्रत्यागमनञ्च । |
| **अष्टपञ्चाशसर्गे–**<br>**( उपजातिवृत्तम् )** | भगवत्स्वरूपनिर्देशनपूर्वकं ग्रन्थनिर्मातुर्ग्रन्थस्याऽस्य प्रथमखण्डमात्रसमाप्तिसूचनम् । निष्किञ्चनोऽस्तीत्यादिना विद्वद्वरेभ्यः शुभाशीर्वादयाचनञ्च । |

**इति प्रथमखण्ड समाप्तिः**

# श्रीकृष्णो विजयतेतराम्

दुष्टसंहारार्थं साधुसंरक्षणार्थं धर्मसंस्थापनार्थं परिपालनार्थञ्च स्वभक्तगणानां विधृतपूर्णावतारस्य भगवतः परब्रह्मणो लीलापुरुषोत्तमस्य श्रीकृष्णचन्द्रस्य लीलासहायकभूता इमे परिकराः पृथिव्यां तदाविर्भावात् पूर्वमेव स्वस्वपूर्णांशमवलम्ब्य सञ्जाता इति दरीदृश्यन्ते श्रीकृष्णोपनिषदि।

तद्यथा—

| | | | |
|---|---|---|---|
| सच्चिदानन्दं ब्रह्म | श्रीकृष्णः | महाव्याधिः | अघासुरः |
| तत्पराऽचिन्त्यशक्तिः | योगमाया | शमः | सुदामा |
| सकलजीवनिकायभूतोऽनन्तः | श्रीबलरामः | दमः | उद्धवः |
| वेदः | वसुदेवः | सत्यम् | अक्रूरः |
| तदस्य वैष्णवीमाया | देवकी | पाञ्चजन्यम् | स्वयं जलशायी |
| परमानन्दः | नन्दः | क्षीरसिन्धुः | दुग्धागारम् |
| मुक्तिदेवी | यशोदा | शिवचक्रम् | सुदर्शनम् |
| वैकुण्ठः | वृन्दावनम् | जगद्बीजम् | लीलाकमलम् |
| उपनिषदः | गोपगोप्यः | कालिका | गदा |
| दया | रोहिणी | माया | शार्ङ्गम् |
| पृथ्वी | सत्यभामा | धर्मः | चामरम् |
| ब्रह्मा | यष्टिः | वायुः | वैजयन्तीमाला |
| रुद्रः | वंशी | आकाशम् | छत्रम् |
| इन्द्रः | रुरुशृङ्गम् | कालः | बाणः |
| मुनिमहर्षयः | वृक्षलतादयः | महेशः | खड्गम् |
| ब्रह्मनिदर्शिन्यो वेदर्चः | विप्रपत्नी-गोपीप्रभृतयः | कश्यपर्षिः | नन्दोलूखलम् |
| कामक्रोधलोभादयः | दैत्यवराः शिशुपालादयः | अदितिः | रज्जूः |
| कलिः | स्वयं कंसः | गरुडः | भाण्डीरवटः |
| द्वेषः | चाणूरो मल्लः | नारदः | सुदामा |
| मत्सरः | मुष्टिको मल्लः | भक्तिः | वृन्दा |
| दर्पः | कुवलयापीडः | बुद्धिः | क्रियादेवी |
| गर्वः | बकासुरः | वेदर्चः | रुक्मिण्यादयः |

इत्युपनिषत्

| | |
|---|---|
| पञ्चाशसर्गे–<br>( प्रहर्षिणीवृत्तम् ) | शयोरात्मानं तन्मृतशरीराद्विनिर्गतस्याऽस्य भगवतश्चरणारविन्दे मिलितं दृष्ट्वा श्रुत्वा चाऽन्तरिक्षस्थितैः सिद्धादिभिः सुक्तास्तत्स्तुतीर्भगवतश्चतुर्मुखस्याऽत्राऽऽगमनम् । |
| एकपञ्चाशसर्गे–<br>( स्वागतावृत्तम् ) | भगवतो वयस्यैः समं वार्तालापः । |
| द्विपञ्चाशसर्गे–<br>(चम्पकमालाच्छन्दः) | भगवतो वयस्यैः सह वनभोजनम् । |
| त्रिपञ्चाशसर्गे–<br>(वसन्ततिलकावृत्तम्) | भोजनव्यग्रेषु तेषु सुदूरं विगतान् गोवत्सान् प्रत्यानयनार्थं ततो भगवतो गमनम् । तदन्तरा विरिञ्चिकृतं गोवत्स-वयस्यहरणम् । भगवता च तत्तद्वयस्यवत्सस्वरूपग्रहणपूर्वकं स्व-स्वगृहागमनञ्च । |
| चतुःपञ्चाशसर्गे–<br>(भुजङ्गप्रयातंच्छन्दः) | श्रीरामेण सार्धं वनगतस्य भगवतस्तद्विचिकित्साया निवारणम् । तत्रत्यस्थितिबोधकरणञ्च । |
| पञ्चपञ्चाशसर्गे–<br>( उपजातिवृत्तम् ) | मनुष्यमानतो वर्षमितसमये ब्रह्मणः पुनस्तत्राऽऽगमनम् । सर्वानपि गोवत्सबालकान् भगवतःस्वस्वरूपावस्थितानवलोक्य स्वाभिमानभङ्गपूर्वकं तस्य तेभ्यो नमनम् । |
| षट्पञ्चाशसर्गे–<br>( मन्दाक्रान्तावृत्तम् ) | ब्रह्मकृता भगवत्स्तुतिः । |
| सप्तपञ्चाशसर्गे–<br>(वसन्ततिलकाच्छन्दः) | ब्रह्मणः स्वधामगमनम् । भगवतो वनभोजनम् । गृहं प्रत्यागमनञ्च । |
| अष्टपञ्चाशसर्गे–<br>( उपजातिवृत्तम् ) | भगवत्स्वरूपनिर्देशनपूर्वकं ग्रन्थनिर्मातुर्ग्रन्थस्याऽस्य प्रथमखण्डमात्रसमाप्तिसूचनम् । निष्किञ्चनोऽस्तीत्यादिना विद्वद्वरेभ्यः शुभाशीर्वादयाचनञ्च । |

इति प्रथमखण्ड समाप्तिः

# श्रीकृष्णो विजयतेतराम्

दुष्टसंहारार्थं साधुसंरक्षणार्थं धर्मसंस्थापनार्थं परिपालनार्थञ्च स्वभक्तगणानां विधृतपूर्णावतारस्य भगवतः परब्रह्मणो लीलापुरुषोत्तमस्य श्रीकृष्णचन्द्रस्य लीलासहायकभूता इमे परिकराः पृथिव्यां तदाविर्भावात् पूर्वमेव स्वस्वपूर्णांशमवलम्ब्य सञ्जाता इति दरीदृश्यन्ते श्रीकृष्णोपनिषदि।

तद्यथा—

| | | | |
|---|---|---|---|
| सच्चिदानन्दं ब्रह्म | श्रीकृष्णः | महाव्याधिः | अघासुरः |
| तत्पराऽचिन्त्यशक्तिः | योगमाया | शमः | सुदामा |
| सकलजीवनिकायभूतोऽनन्तः | श्रीबलरामः | दमः | उद्धवः |
| वेदः | वसुदेवः | सत्यम् | अक्रूरः |
| तदस्य वैष्णवीमाया | देवकी | पाञ्चजन्यम् | स्वयं जलशायी |
| परमानन्दः | नन्दः | क्षीरसिन्धुः | दुग्धागारम् |
| मुक्तिदेवी | यशोदा | शिवचक्रम् | सुदर्शनम् |
| वैकुण्ठः | वृन्दावनम् | जगद्बीजम् | लीलाकमलम् |
| उपनिषदः | गोपयोष्यः | कालिका | गदा |
| दया | रोहिणी | माया | शार्ङ्गम् |
| पृथ्वी | सत्यभामा | धर्मः | चामरम् |
| ब्रह्मा | यष्टिः | वायुः | वैजयन्तीमाला |
| रुद्रः | वंशी | आकाशम् | छत्रम् |
| इन्द्रः | रुरुशृङ्गम् | कालः | बाणः |
| मुनिमहर्षयः | वृक्षलतादयः | महेशः | खड्गम् |
| ब्रह्मनिदर्शिन्यो वेदर्चः | विप्रपत्नी-गोपीप्रभृतयः | कश्यपर्षिः | नन्दोलूखलम् |
| कामक्रोधलोभादयः | दैत्यवराः शिशुपालादयः | अदितिः | रज्जुः |
| कलिः | स्वयं कंसः | गरुडः | भाण्डीरवटः |
| द्वेषः | चाणूरो मल्लः | नारदः | सुदामा |
| मत्सरः | मुष्टिको मल्लः | भक्तिः | वृन्दा |
| दर्पः | कुवलयापीडः | बुद्धिः | क्रियादेवी |
| गर्वः | बकासुरः | वेदर्चः | रुक्मिण्यादयः |

इत्युपनिषत्

●

भूयो भूयो भाविनो भूसुरेन्द्रान्
नत्वा नत्वा याचते कृष्ण एषः ।
सामान्येयं काव्यसेवा बुधानां
काले काले चोपजीव्या कृतज्ञैः ॥



# श्रीकृष्णचरितामृतम्

## महाकाव्यम्

( हिन्दीभाषानुवादसहितम् )

श्री ५ को सरकार

# प्रथमः सर्गः

( विभिन्नदर्शनदर्शननिर्देशनात्मकं मङ्गलाचरणम्। सच्चिदानन्दस्य भगवतः श्रीकृष्णस्य साम्यप्राप्त्युपायकथनम्। विद्वत्प्रबोधनम्। ग्रन्थनिर्मातुर्लौकिकपारलौकिकसद्गुरुकृपानिदर्शनम्। मान्यानामभिनन्दनञ्च। )

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

असीमितं सद्गुरुशक्तिसीमितं
कृष्णात्मकं विश्वकटाहगं महः।
गुरोश्चिदानन्दमयाच्छिवात् सतः
पूर्णं स्वशक्त्यात्र विराजतेतराम् ॥ १ ॥

श्रीकृष्णनामक तेज सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड-कटाहमें व्याप्त है। यद्यपि वह किसी देशकालकी सीमासे आबद्ध नहीं है, तथापि सद्गुरुकी कृपा-शक्तिसे सीमित हो जाता है—मन-बुद्धिकी सीमामें आ जाता है। मेरे गुरुदेव सच्चिदानन्दमय शिवरूप हैं; उनसे प्राप्त वह कृष्णतेज अपनी शक्तिसे परिपूर्ण होकर यहाँ सर्वत्र अतिशय उत्कर्षके साथ विराजमान है ॥ १ ॥

जडात्मिका शक्तिरनर्थकानिमान्
गुणांश्च तत्त्वानि सृजत्यभीक्षणशः।
तैरेव सर्वाञ्छिवसत्यरूपकाञ्-
जीवानपि भ्रामयतीह कौतुकम् ॥ २ ॥

जडात्मिका शक्ति ( अव्याकृत प्रकृति ) अनर्थके मूलभूत इन गुणों और तत्त्वोंकी निरन्तर सृष्टि करती रहती है। उन्हीं गुणों तथा भौतिकतत्त्वों द्वारा जो यह जड़ होने पर भी सम्पूर्ण सत्य एवं शिवस्वरूप जीवोंको भी इस भव-चक्रमें घुमाया करती है; यह कितने कौतूहल या आश्चर्यकी बात है! कमाल है! ॥ २ ॥

जगद्भ्रमेऽस्मिञ्जनिमृत्युरूपके
जीवाः समस्ता बहुयोनिसम्भवाः।
मुधा भ्रमन्त्यत्र शरण्यमीदृशं
गुरुं त्वजानन्त उमेशमीश्वरम् ॥ ३ ॥

जन्म-मरणरूप इस भवभ्रम ( भ्रान्तिपूर्ण संसारचक्र )में विविधयोनि–संभूत समस्त जीव ऐसे शरणागत-पालक उमावल्लभ ईश्वर ( शिव )को न जानने के कारण यहाँ व्यर्थ ही भटक रहे हैं ॥ ३ ॥

ज्ञानं विवेकः परतत्त्ववेदिता
मनुष्ययोनाववभान्ति वै दृढम् ।
तथापि मुह्यन्ति महाजना अपि
परत्वलब्धावहहाऽपरं श्रिताः ॥ ४ ॥

ज्ञान, विवेक, तथा परम-तत्त्वकी उपलब्धि—ये सब मनुष्ययोनिमें ही दृढ़तापूर्वक अवभासित होते हैं। तथापि बड़े-बड़े लोग भी यहाँ परतत्त्वकी प्राप्तिके लिए अपर ( सांसारिक वस्तु )का आश्रय ले मोहमें पड़ते हैं ॥ ४ ॥

अस्मादृशां कैव कथा भवात्मनां
मूढात्मनां यद्विपदं भजामहे ।
पदे पदे मोहततिं वितत्य हा
वृथा वयं क्लेशमुपार्जयामहे ॥ ५ ॥

जब महात्माओंकी ऐसी स्थिति है, तब हम-जैसे लोगोंकी तो बात ही क्या है ? हम तो संसारमें ही मन लगाये रहनेवाले मूढचेता हैं; अत एव विपत्तिके भागी हो रहे हैं। पद-पद पर मोहजालका विस्तार करके हाय ! हम लोग व्यर्थ ही क्लेशोंका उपार्जन कर रहे हैं ॥ ५ ॥

क्व तत्सुखं सत्यचिदात्मरूपकं
नित्यं दृढानन्दमयं मनोमयम् ।
क्वेदृक् सुखं विश्वगतं सुविस्तृतं
द्रोहात्मकं चायतिदुःखपूरितम् ॥ ६ ॥

कहाँ तो वह सच्चिदानन्दस्वरूप, नित्य, अचलानन्दमय, मनोमय, आत्मसुख और कहाँ यह द्रोहपूर्ण, सुविस्तृत सांसारिक सुख, जो केवल वर्तमानमें ही नहीं, भविष्यमें भी दुःख-शोकसे भरा हुआ है ॥ ६ ॥

विचार्य दृष्ट्वाऽप्यनुभूय सर्वतो
भुक्त्वा च सम्यग् विपुलं फलं कटु ।
विवेकिनस्तीक्ष्णधियोऽपि मानवा
मुह्यन्ति चात्रैव परिभ्रमन्त्यहो ॥ ७ ॥

यहाँ प्रचुरमात्रामें जो कटु फल प्राप्त होता है, उसे विचार कर देख कर सब ओर अनुभव करके और भलीभाँति भोग कर भो तीव्र बुद्धिवाले विवेकी मनुष्य भी यहीं मोहमें डूबते और चारों ओर चक्कर लगाते रहते हैं। यह कैसा आश्चर्य है ! ॥ ७ ॥

अस्यां स्थितौ मोहमये प्रपञ्चके
स्नेहे च मोहे च विलम्बिते नरि ।
एका गतिर्विश्वकृदव्ययो विभुः
संहारकः पालक ईश एव सः ॥ ८ ॥

ऐसी अवस्थामें इस मोहमय प्रपञ्चके भीतर स्नेह और मोहमें लटक रहे मनुष्यके लिये एकमात्र विश्वकी सृष्टि, पालन तथा संहार करनेवाले अविनाशी, वे सर्वव्यापी जगदीश्वर भगवान् श्रीहरि ही गति हैं ॥ ८ ॥

परम्परां शास्त्रकुलादिगामिनीं
ह्याश्रित्य दीक्षां गुरुवक्त्रशोभिनीम् ।
भजन्ति केचित् परतत्त्वरूपिणं
यं देवदेवं मनसोऽप्यगोचरम् ॥ ९ ॥

कुछ भक्तजन शास्त्र और कुल आदिसे सम्बद्ध परम्पराका अनुसरण करते हुए गुरुमुखसे प्राप्त होनेके कारण शोभमाना दीक्षाका आश्रय ले परतत्त्व-स्वरूप देवाधिदेव श्रीहरिको, जो मनके भी गोचर नहीं हैं, भजते हैं ॥ ९ ॥

यं योगिनो योगसमाधिना रहो
भजन्ति चाप्तुं निजकर्मणि स्थिताः ।
विहाय भोगान् विपुलान् भवात्मकान्
कुर्वन्ति ये तुच्छमपीदृशं वपुः ॥ १० ॥

जिन परमेश्वरको प्राप्त करनेके लिये योगीजन अपने योगसाधनानुकूल कर्ममें संलग्न हो एकान्तमें योग-समाधि लगाकर भजते हैं तथा विपुल भवभोगोंका परित्याग करके अपने इस धर्म-कामार्थ-साधक शरीरको भी तुच्छ मानते हैं ॥ १० ॥

वेदान्तिनो यत् परतत्त्वचिन्मयं
चोपासते ब्रह्म परां श्रुतिं श्रिताः ।
निरस्य चान्ते भवरूपनामनी
तदेकमेवाऽऽस्त इतीह निश्चिताः ॥ ११ ॥

वेदान्ती विद्वान् जिन परतत्त्वात्मक चिन्मय परब्रह्मकी उत्तम श्रुतिका आश्रय लेकर उपासना करते हैं वे अन्ततोगत्वा संसारके नाम-रूपका बाध कर एकमात्र वह ब्रह्म ही सद्रूपसे विद्यमान है, ऐसा निश्चय करके कृतकृत्य होते हैं ॥ ११ ॥

मीमांसकाः कर्मपराः क्रियामयं
मत्वा विनिर्मथ्य तदर्थगां श्रुतिम् ।
मखैरनेकैर्विधिवत् समर्च्य ते
यं प्राप्तुमिच्छन्ति मखेशरूपिणम् ॥ १२ ॥

कर्मपरायण मीकांसक विद्वान् क्रियार्थगा श्रुतिका मन्थन करके जिन परमेश्वरको कर्मरूप मानकर विधिपूर्वक विविध यज्ञों द्वारा उनकी अर्चना करते हुए 'यज्ञेश' रूपसे उन्हें प्राप्त करना चाहते हैं ॥ १२ ॥

भजन्ति साङ्ख्याः पुरुषं पुरातनं
ह्यतीन्द्रियं यं प्रकृतौ स्थितं तथा ।
बुद्ध्वा चतुर्विंशतितत्त्वसंहतिं
विविच्य यत्नेन निरस्य चान्ततः ॥ १३ ॥

सांख्यमतको माननेवाले लोग जिन इन्द्रियातीत पुरातन पुरुषको प्रकृतिसे संयुक्त अथवा प्रकृतिस्थ समझते हुए उन्हें चौबीस तत्त्वोंका समुदायरूप मानते और अन्तमें यत्नपूर्वक प्रकृति-पुरुष विवेकके द्वारा प्रकृतिका निरास करके उसे असंग-पुरुष रूपसे भजते हैं ॥ १३ ॥

नैयायिकाः स्वानुभवात् स्वरूपतो
निष्कास्य तत्त्वं परमाणुरूपकम् ।
उपासते यं परतत्त्वचिन्मयं
द्वारं निरुध्येन्द्रियगम्यमीदृशम् ॥ १४ ॥

नैयायिक पण्डित अपने अनुभवके अनुसार स्वरूपसे परमाणुतत्त्वको पृथक् करके इन्द्रियद्वारोंके अवरोध ( प्राणायाम ) पूर्वक ऐसे सृष्टिकर्ता रूप जिन परमेश्वरको इन्द्रियगम्य मानकर उसकी उपासना करते हैं ॥ १४ ॥

वैशेषिका यं सविशेषरूपितं
स्मृत्वा पदार्थानुगतञ्च युक्तिभिः ।
उपासतेऽन्योन्यविवादतः परं
विगृह्य तं साग्रहविग्रहग्रहम् ॥ १५ ॥

वैशेषिकमतावलम्बी विद्वान् जिन परमात्माका सविशेष रूपसे चिन्तन करके तर्कयुक्तियों द्वारा उन्हें पदार्थोंमें अनुगत मानकर परस्पर वाद-विवाद करते हुए विवादातीत होनेपर भी उन प्रभुको अपने आग्रह-ग्रहके अनुसार कल्पित विग्रहवाला जानते-मानते हुए भजते हैं ॥ १५ ॥

बौद्धाः प्रबुद्धा बुधतां गता अहो
बौद्धं समास्थाय च सौगतं मतम् ।
प्राप्तुं समिच्छन्ति तत परं पदं
यं नाम्नि रूपे च विभेदकृद्विभुम् ॥ १६ ॥

बुधता ( विद्वत्ता )को प्राप्त हुए प्रबुद्ध बौद्धजन सौगत बौद्ध मतका अवलम्बन करके उससे उसी परम पदको पा लेना चाहते हैं, जो साक्षात् प्रभु श्रीहरिका ही स्वरूप है। केवल नाम और रूपमें भेद प्रदर्शित करनेवाले वे प्रभु वास्तवमें श्रीहरि ही तो हैं ॥ १६ ॥

भजन्ति जैना जिनशासनं श्रिता
यं नित्यमर्हन्निति मोक्षकाङ्क्षिणः ।
महानुभावश्च महांश्च विश्वकृत्
स एव साक्षादिति निश्चितव्रताः ॥ १७ ॥

जैन शास्त्रका आश्रय लेनेवाले जैन लोग 'अर्हन्' यह नाम देकर जिन श्रीहरिका ही मोक्षकी इच्छासे भजन करते हैं तथा वे उस 'अर्हन्' नामधारी प्रभुको ही महानुभाव, महान् एव साक्षात् विश्वस्रष्टा मानकर नियत, व्रतके पालनमें संलग्न रहते हैं ॥ १७ ॥

यं वैष्णवा नित्यमनन्यवृत्तयः
सशङ्खचक्रं पुरुषं पुरातनम् ।
भजन्ति चान्तर्हृदि जन्ममृत्युदं
भवं विहातुं श्रितपाञ्चरात्रकाः ॥ १८ ॥

पाञ्चरात्र आगमका आश्रय लेनेवाले वैष्णवजन जन्म-मरणका क्लेश प्रदान करनेवाले संसार-बन्धनको त्यागनेकी इच्छासे अपने हृदयके भीतर सदा अनन्यभावसे उनका शङ्खचक्रधारी पुरातन पुरुष श्रीहरिके रूपमें भजन करते हैं ॥ १८ ॥

विनायकं यं वपुषोज्ज्वलं सदा
भजन्ति केचित् परतत्त्वलब्धये ।
सौरेण मार्गेण जिगीषवोऽपरे
उपासते दीप्तकरं दिवाकरम् ॥ १९ ॥

कोई साधक परम तत्त्वकी उपलब्धिके लिये उन सर्वेश्वरका उज्ज्वल विग्रहसे सुशोभित 'श्रीगणेशजी'के रूपमें भजन करते हैं तथा सूर्य-मण्डलका भेदन करके सौरमार्गसे परमधामको जानेकी इच्छावाले अन्य उपासक उनकी प्रदीप्त किरणवाले दिवाकर ( सूर्य ) के रूपसे उपासना करते हैं ॥ १९ ॥

दुर्गामुमां तां जगदीश्वरीं परां
भजामहे दुर्गतिनाशिनीं शिवाम् ।
यामस्ततश्चिन्मयतामितीह ते
भजन्त्यहो यं परदेव्युपासकाः ॥ २० ॥

अहो ! हम उन पराशक्ति, जगदीश्वरी दुर्गतिनाशिनी दुर्गा शिवस्वरूपा उमाका भजन करते हैं, इससे हम यहीं चिन्मय ब्रह्मभावको प्राप्त कर लेंगे; इस उद्देश्यको लेकर यहाँ परादेवीके उपासक जिन परमेश्वरका देवीरूपसे भजन करते हैं ॥ २० ॥

तन्त्रं समाश्रित्य तथैव तान्त्रिका
यन्त्रं सदाऽभ्यर्च्य पुनश्च यान्त्रिकाः ।
मन्त्रं जपित्वा च सुखेन मान्त्रिकाः
स्वभावतोऽवापुरभीष्टदं तु यम् ॥ २१ ॥

तान्त्रिक लोग तन्त्रका आश्रय लेकर, यान्त्रिक जन सदा यन्त्रकी अर्चना करके तथा मान्त्रिक साधक मन्त्रका जप करके स्वभावतः सुखसे उन अभीष्टदाता परमेश्वरको प्राप्त हो गये हैं ॥ २१ ॥

कापालिका भीमभवेशभैरवं
भजन्ति भव्यं भयभावनञ्च यम् ।
कृत्वा कपालं करवालकं करे
कालं करालं कलयेत् कलाविति ॥ २२ ॥

कापालिक साधक भीम, भवेश, भैरव तथा भयभावन होते हुए भी भव्य मानकर उन श्रीहरिका भजन करते हैं। जो कापालिक हाथमें कपाल और कृपाण लेकर उग्ररूपसे उपासना करता है, वह कलियुगमें कराल-कालको भी अपना ग्रास बना सकता है अर्थात् कालजयी हो सकता है ॥ २२ ॥

शाक्ताः समाश्रित्य मकारपञ्चकं
जिहीर्षवो मृत्युममुं नियामकम् ।
उपासते नित्यमनेकतन्त्रगै—
र्मन्त्रैर्विधानैर्यमवाप्तुमीश्वरम् ॥ २३ ॥

शाक्त उपासक उन परमात्माको प्राप्त करनेके लिये पञ्चमकारका आश्रय ले उस लोकनियामक मृत्युका निवारण करनेकी कामनासे अनेक तन्त्रोंके मन्त्रविधानों-द्वारा नित्य उनकी उपासना करते हैं ॥ २३ ॥

वामाः सकामाः श्रितवाममार्गका
यं वामदेवञ्च सकाममित्यहो ।
विभाव्य वामं विभवैर्विभूतिभि—
र्भजन्ति भव्यं भवभूतभावनम् ॥ २४ ॥

अहो ! वामाचारसे उपासना करनेवाले लोग सकामभावसे वाममार्गका आश्रय ले उन्हें सकाम वामदेव मानते हैं तथा उनका उसी नामसे चिन्तन करते हुए उन भूतभावन भगवान्‌का भव्य भावसे भजन करते हैं ॥ २४ ॥

केचिन्महात्मान इमं सुदुर्धरं
प्राप्तुं स्वतः श्रीमययन्त्रशोभिनीम् ।
विद्यां परां तन्त्रगतां सुखाकरां
भजन्ति मन्त्रैः क–स–हादिरूपिणीम् ॥ २५ ॥

कुछ महात्मा लोग इन अत्यन्त दुर्धर प्रभुको प्राप्त करनेके लिये स्वतः श्रीयन्त्रसे सुशोभित होनेवाली सुखकी खानरूपा तथा कादि—सादि एवं हादिरूपिणी तन्त्रोक्त परा—विद्याको उन्हींके मन्त्रोंसे भजते हैं ॥ २५ ॥

निरूप्य सर्वं भववस्तु नश्वरं
ह्यनश्वरं तत्परमक्षरं श्रिताः ।
नित्यं समर्चन्ति मुमुक्षवोऽपरे
स्वारामदं राममयं च यं पुनः ॥ २६ ॥

अन्य मुमुक्षु जन संसारकी प्रत्येक वस्तुको नश्वर देख परम अविनाशी अक्षर तत्त्वकी शरण ले परम आराम प्रदान करनेवाले श्रीरामके रूपमें जिनकी सदा समाराधना करते हैं ॥ २६ ॥

शैवा वयं यं गुरुरूपमास्थिता
भजाम कृष्णात्मकतत्त्वलब्धये ।
नास्तीह गन्धर्वपुरोपमे भवे
शैवं पदाब्जं विरहय्य शान्तिदम् ॥ २७ ॥

हम शैव हैं और गुरुरूपसे उन भगवान् शिवकी शरण ले कृष्णात्मक तत्त्वकी उपलब्धिके लिये उनका भजन करते हैं। क्योंकि गन्धर्वनगरोपम इस मिथ्या संसारमें भगवान् शिवके चरणारविन्दोंको छोड़कर दूसरी कोई वस्तु शान्ति देनेवाली नहीं है ॥ २७ ॥

केचिद्बुधा यं नवनीरदोज्ज्वलं
नित्यं चिदानन्दमयं सुधामयम् ।
चूडासमारोपितवर्हिंचन्द्रकं
श्रीकृष्णचन्द्रं हृदि भावयन्ति च ॥ २८ ॥

कुछ विद्वान् उन परमेश्वरका भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रके रूपमें अपने हृदयके भीतर चिन्तन करते हैं। उनकी नवनीलनीरद कान्ति श्यामोज्ज्वल है। वे नित्य चिदानन्दमय तथा अमृतमय हैं और अपने मस्तकपर मयूर-पिच्छका मुकुट धारण करते हैं ॥ २८ ॥

विचार एवात्र सतां प्रपञ्चको
विभेदकृच्चैव यथार्थतोऽनिशम् ।
सद्वस्तु चैकं विभुमव्ययं तु यं
वदन्त्यनेकं बहुधा विपश्चितः ॥ २९ ॥

इस संसारमें सत्पुरुषोंका विचार ही प्रपञ्चका विस्तार करनेवाला है। वही भेदोंकी सृष्टि करनेवाला है। वास्तवमें तो वह सद्वस्तु सदा एक ही है; तथापि उस अविनाशी प्रभुका विद्वान् लोग अनेक नाम-रूपोंमें अनेकधा वर्णन करते हैं ॥ २९ ॥

प्रमाणमत्र स्वरुचिः स्ववासना
जीवांस्तु या प्रेरयतीह कर्मणि ।
स्यूतास्तयैवं भवघट्टमागता
भ्रमन्ति जीवाः सुखदुःखभोगिनः ॥ ३० ॥

इसमें अपनी-अपनी रुचि एवं वासना ही प्रमाण है, जो यहाँ जीवोंको कर्मके लिये प्रेरित करती रहती है। उस वासनाजालसे ही अनुस्यूत हो संसाररूपी घटीयन्त्रमें जुड़े हुए जीव सुख-दुःख भोगते हुए घूमते रहते हैं ॥ ३० ॥

तत्त्वं समुद्घाटच विशुद्धमञ्जसा
वयं वदामोऽत्र तमोऽभिवर्धते ।
यदा तदैवाव्ययमैश्वरं मह-
स्तत् कार्ष्णमाविर्भवतीह शान्तिकृत् ॥ ३१ ॥

इस विषयमें वास्तविक तत्त्वका उद्घाटन करके हम सीधी और सच्ची बात बताते हैं—जब इस जगत्में तमोगुण बढ़ जाता है, तभी यहाँ अविनाशी श्रीकृष्ण सम्बन्धी ईश्वरीय तेजका आविर्भाव ( अवतार ) होता है, जो जगत्में शान्तिकी स्थापना करनेवाला है ॥ ३१ ॥

नानावतारान् परिगृह्य यत् स्वयं
विनाश्य दुष्टाञ्छ्रुतिसाधुदूषकान् ।
विराजते चात्र यदा तदैव तत्
समर्च्यते तैः परतत्त्ववेदिभिः ॥ ३२ ॥

स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण नाना प्रकारके अवतार ग्रहण करके वैदिकमार्ग तथा साधु पुरुषोंको दूषित करनेवाले दुष्टोंका विनाश करके जब यहाँ विराजते हैं, तब उन परतत्त्ववेदी महात्मा जनों द्वारा उनके चरणारविन्दोंकी अर्चना की जाती है ॥ ३२ ॥

महात्मनामुच्चविचारमीदृशं
सिद्धान्तमालोड्य विविच्य यत्नतः ।
गच्छेम लक्ष्यं पदमाप्तुमैश्वरं
तत्कृष्णरूपं स्थिरबुद्धयो वयम् ॥ ३३ ॥

महात्माओंके ऐसे उच्च विचार युक्त सिद्धान्तका आलोडन और यत्नपूर्वक विवेचन करके स्थित बुद्धि हो हम लोग अपने लक्ष्यभूत उस कृष्ण रूपी ईश्वर पदको प्राप्त करनेके लिये चलें ॥ ३३ ॥

अस्यां स्थितौ यं शिवरूपिणं गुरुं
समाश्रिताः सोऽपि तथैव दृश्यते ।
अन्तो न चादिर्न च मध्य एव वा
न नामरूपे च भवस्य साक्षिणः ॥ ३४ ॥

ऐसी स्थितिमें हम जिन शिवरूपी गुरुदेवकी शरणमें आये हैं, वे भी वैसे ही दिखायी देते हैं। इस विश्वके साक्षी हैं, उनका न अन्त है, न आदि है, न मध्य ही है और न उनके कोई नाम-रूप ही हैं ॥ ३४ ॥

श्रितास्तथापीह जगत्प्रपञ्चकं
संहारकं पालकमीश्वरं गुरुम् ।
अज्ञानिनो मोहमयं महातमो
जिहीर्षवो ज्ञानिनमुज्ज्वलौजसम् ॥ ३५ ॥

तथापि जगत्प्रपञ्चके स्रष्टा, संहारक और पालक उन गुरु परमेश्वरकी शरण हमने ली हैं; क्योंकि हम अज्ञानी हैं और अपने मोहमय महान् अन्धकारको दूर करना चाहते हैं। वे गुरु भगवान् ज्ञानी तथा उज्ज्वल तेजसे सम्पन्न हैं ॥ ३५ ॥

कृपा यदीया विलसत्यनारतं
विशिष्टभक्तेषु सुधामयी भृशम् ।
अस्मादृशैः कामहतैर्विविच्य या
न पार्यते वक्तुमहो ! कदाचन ॥ ३६ ॥

उनकी अमृतमयीकृपा विशिष्ट भक्तजनोंपर निरन्तर वरसती हुई शोभा पाती है। विविध कामनाओंके मारे हुए हम जैसे लोग उनकी कृपाका विवेचनपूर्वक वर्णन करनेमें कदापि समर्थ नहीं है। अद्भुत है वह कृपा ! ॥ ३६ ॥

बाणादयो राघवकार्मकच्युता
बाणा इवोग्राः परसैन्यवद् दृढम् ।
विनाश्य सर्वं भववस्तुवैभवं
सदाऽऽश्रयन्ते परमेश्वरं हरम् ॥ ३७ ॥

जैसे भगवान् श्रीरामके धनुषसे छूटे हुए उग्र वाण दृढता पूर्वक शत्रुसेनाको नष्ट करके पुनः उनके तूणीरमें प्रवेश कर जाते हैं, उसी प्रकार वाणासुर आदि उग्र असुर समस्त सांसारिक वस्तुओंके विस्तारको विनष्ट करके नित्य परमेश्वर—हर की शरण लेते हैं ॥ ३७ ॥

सहस्रहस्तैः शतपञ्चसंख्यकै-
र्वाद्यैर्धृतैः सामलयोपबृंहितैः ।
आराधयन्ति स्म मृडं यमत्र ते
तत्ताण्डवे यत्र विभुः स्म नृत्यति ॥ ३८ ॥

भगवान् शिवके ताण्डवमें जहाँ वे भगवान् नृत्य करते थे, वे वाणासुर आदि भक्त अपने हजार हाथों द्वारा पाँच सौ वाद्य धारण करके साम-लयके साथ बजाते हुए उन मृड प्रभुकी आराधना करते थे ॥ ३८ ॥

अन्ये दशग्रीवमुखा भवोन्मुखा
भवोन्मुखत्वं समवापुरव्ययम् ।
ययाऽञ्जसा विश्वविभूतिजृम्भितां
समृद्धिमाप्ता जयतीह तत्कृपा ॥ ३९ ॥

अन्य दशमुख रावण आदि राक्षसोंने भवोन्मुख ( संसार या शिवके प्रति उन्मुख ) होकर अविनाशी भवोन्मुखता ( सांसारिक जीवनमें प्रधानता एवं भगवान् शिवके प्रति उत्सुकता पूर्ण अनुरक्ति ) प्राप्त कर ली थी। भगवान् शिवकी जिस कृपासे अनायास ही उन्होंने जगत्के ऐश्वर्यसे बड़ी-चढ़ी समृद्धि पाली, उस कृपाकी यहाँ सदा जय हो ! ॥ ३९ ॥

निर्माल्यनिर्लङ्घनलब्धकिल्विषो
यत् पुष्पदन्तो गतिरुद्धतां ययौ ।
विज्ञाय पश्चादपराधिनं विभो-
र्गीत्वा महिम्नस्तवमाप्तवांश्च याम् ॥ ४० ॥

भगवान् शिवके निर्माल्यको लाँघनेके कारण पापका भागी हो पुष्पदन्तने जो गतिरोध प्राप्त किया था और पीछे अपनेको अपराधी जानकर शिव महिम्नस्तोत्रका गान करके उसने पुनः भगवान्‌की जिस कृपाको प्राप्तकर लिया था, उसकी वलिहारी है ॥ ४० ॥

जगद्धरो यत्स्तुतिपुष्पकाञ्जलिं
समर्प्य गीत्वा च जगद्धरे हरे ।
जगद्धरोऽभूत् स्वयमेव दुर्धरो
जगद्धरो विष्णुरिवाऽत्र दुर्धरः ॥ ४१ ॥

महान् शिवभक्त महाकवि जगद्धर भट्टने जो स्तुतिकुसुमाञ्जलि नामका स्तोत्रकाव्यका निर्माण करके जगत्‌को धारण करनेवाले भगवान् हरको गाकर सुनाया और उन्हींको सर्मपित कर दिया; इसका फल यह हुआ कि वे दुर्धर ( किसी पकड़में कठिनतासे आने वाले ) जगद्धर ( जगत्पालक ) भगवान् विष्णुकी भाँति स्वयं हो दुर्धर जगद्धर हो गये ॥ ४१ ॥

सुरासुरेन्द्रा बहवो मनस्विनो
ब्रह्मर्षिराजर्षिसुरर्षयोऽपरे ।
प्रापुर्यमद्धाऽद्यतना वयं ह्यपि
गच्छेम शीघ्रं यदनुग्रहादितः ॥ ४२ ॥

बहुत-से सुरेन्द्र, असुरेन्द्र, मनस्वी ब्रह्मर्षि, राजर्षि तथा देवर्षि भी जिन्हें उनकी कृपासे अनायास ही प्राप्त हो गये हैं। इसी तरह आज-कलके हम-जैसे भक्त भी उन्हींके अनुग्रहसे शीघ्र ही यहाँसे उनके श्री चरणोंमें चले जायँगे ( इसमें संदेह नहीं है ) ॥ ४२ ॥

अस्यां स्थितौ यद्वरदां कृपामहो !
प्राप्तुं यतन्ते मुनयोऽपि नित्यशः ।
भूत्वा निराशा विफला समन्ततो
वदन्ति यं स्थाणुरिति प्रभुं विभुम् ॥ ४३ ॥

ऐसी स्थितिमें जिन भगवान् शिवकी अभीष्ट वरदायिनी कृपाको प्राप्त करनेके लिये मुनि लोग भी नित्य प्रयत्नशील रहते हैं तथा सब ओरसे निराश एवं विफल होनेपर उन्हीं सर्वव्यापी प्रभुको स्थाणु ( नित्य शाश्वत अथवा ठूँठा वृक्ष ) कहते हैं—यह आश्चर्यकी बात है ॥ ४३ ॥

स्तम्भो नृसिंहं प्रकटीकरोति चेत्
स्थाणावपीत्थं दृढशक्तिरस्ति हि ।
विचार्य चेत्थं व्यवसायिनो वयं
प्राप्तुं किमर्हा न जगद्गुरुं गुरुम् ॥ ४४ ॥

( अच्छा, ठूँठ ही सही ) यदि खंभा भगवान् नरसिंहको प्रकट कर सकता है, तो उस स्थाणु ( ठूँठ )में भी ऐसी ही दृढ शक्ति है ही । इस प्रकार विचार करके अविचल निश्चयके साथ उद्योग करनेवाले हम लोग क्या उन जगद्गुरु भोलेनाथ शिवको अपने गुरुके रूपमें पानेके योग्य नहीं है ? ( अवश्य हैं ) ॥ ४४ ॥

किं वा वयं तज्जगतो वहिर्गता
न प्राप्नुयाम प्रभुशिष्यतामपि ।
अर्हाः सुपात्राणि च चेद्वयं यदि
ददाति शिक्षां किमसौ न नो गुरुः ॥ ४५ ॥

अथवा हम लोग उनके जगत्से बाहर हो गये हैं क्या ? जो उन आशुतोष प्रभुकी शिष्यताको भी नहीं प्राप्त कर सकते । यदि योग्य हैं, सुपात्र हैं, तो वे हमारे भी गुरु होकर हमें शिक्षा क्यों नहीं देंगे ? अवश्य देंगे ) ॥ ४५ ॥

विच्छेत्तुमद्धा दृढमायसं यथा
लौहं सुतीक्ष्णं भवतीह साधनम् ।
तथैव तत्कृष्णपदाब्जलब्धये
तत्स्थश्च तद्वच्छिव एव साधनम् ॥ ४६ ॥

जैसे सुदृढ लोहेको काटनेके लिये अत्यन्त तेज धारवाला लोहा ही यहाँ साधन होता है; उसी प्रकार भगवान् श्रीकृष्णके चरणारविन्दोंको पानेके लिये उन्हींमें स्थित भगवान् शिव ही अमोघ साधन हैं ॥ ४६ ॥

ततोऽन्यथा तं जगदीश्वरं हरिं
प्राप्तुं ह्युपायः सुगमो न विद्यते ।
सोऽसौ यतो दुर्धरचैत्यगोचरो
बीजे महान् वृक्ष इवाऽव्ययः स्थितः ॥ ४७ ॥

जगदीश्वर श्रीहरिको पानेके लिये इसके अतिरिक्त कोई भी अन्य सुगम उपाय नहीं है । क्यों कि वे प्रभु इन्द्रियातीत होनेके कारण केवल दुर्धर आत्मानुभूतिमें ही आनेवाले हैं । वे अवनाशी प्रभु बीजमें विशाल वृक्षकी भाँति अव्यक्त रूपसे सबमें विराजमान हैं ॥ ४७ ॥

तस्माद् भवन्तो दृढबुद्धयोऽनिशं
शिवं भजन्तां गुरुपादलब्धये ।
अस्मादृशान् योऽमृतसव्यचक्षुषा
प्रदर्श्य मार्गं नयतीह तत्पदम् ॥ ४८ ॥

इस लिये आप लोग स्थिरबुद्धि होकर गुरु चरणोंकी प्राप्तिके लिये निरन्तर उन्हीं भगवान् शिवका भजन करें। वे प्रभु आप-हम जैसे लोगोंको अपने अमृतमय (चन्द्ररूप) वामनेत्रसे मार्ग दिखाते हुए उन परमात्मा श्रीकृष्णके चरणोंकी प्राप्ति करायेंगे (अथवा अपने ही चरणों में ले जांयगे) ॥ ४८ ॥

तथा प्रयासोऽपि न दृश्यते बुधा—
स्तत्प्रीणनार्थं पशुपालको ह्यसौ ।
स्वमृत्युपाशं पशवो वयं यतो
विच्छेत्तुकामाः पशुपं समाश्रिताः ॥ ४९ ॥

बुधजनो ! उन भगवान् शङ्करको प्रसन्न करनेमें कोई बड़ा भारी प्रयास भी तो नहीं दिखायी देता है। क्योंकि वे पशुपालक—पशुपति हैं और हम सब पशु हैं। हम लोग अपने मृत्युपाशका विच्छेद करनेके लिये पशुपतिकी शरण ले रहे हैं (अतः वे हम पर अवश्य और शीघ्र कृपा करेंगे) ॥ ४९ ॥

निरुध्य सर्वेन्द्रियवृत्तिगोचरं
मनः समाधाय भवात्मके भवे ।
निरूप्यतां तत्परमं पदं हृदि
तृतीयनेत्रेऽप्यथवा विभोरिव ॥ ५० ॥

अतः सम्पूर्ण इन्द्रियवृत्तिके विषयोंका निरोध करके इस मनको जगदात्मा भगवान् शिवमें समाहित कीजिये और अपने हृदयमें उस परमपद-स्वरूप प्रभुको ध्यान-नेत्रोंसे देखिये अथवा भगवान् शिवकी ही भाँति जो अपना तीसरा नेत्र (आज्ञाचक्र) है, उसमें उन्हें देखनेकी चेष्टा कीजिये (वहीं वे प्रकट होते हैं) ॥ ५० ॥

सायं तथा प्रातरिहैव सुस्थिरं
शान्तं स्वरूपं परमस्य सद्गतेः ।
समीक्ष्य सञ्चिन्त्य सदाग्रहोज्ज्वलं
निरूपणीयं प्रथमं शनैः शनैः ॥ ५१ ॥

पहले इस आज्ञाचक्रमें ही, सायं काल और प्रातः काल संतोंके आश्रयभूत उन परमेश्वरके सुस्थिर एवं शान्त स्वरूपका निरीक्षण करके यह चिन्तन कीजिये कि वे सदा

ग्रह ( सद्वस्तुओंके संग्रह )से परम उज्ज्वल दिखायी देते हैं। फिर धीरे-धीरे इसी रूपमें उनका साक्षात्कार कीजिये ।। ५१ ।।

नीलं महो व्यापकरूपमास्थितं
यदैव भूत्वा प्रियलक्ष्यमात्मनः ।
न तिष्ठति स्वस्य पुरः स्थिरीभवत्
तावद्विधेयं विहितासनं स्थिरम् ।। ५२ ।।

वह नील ( श्यामसुंदर ) तेजः पुञ्ज जबतक व्यापकरूप धारण करके अपना प्रिय-लक्ष्य ( ध्येय ) बनकर अपने सामने सुस्थिर रूपसे स्थिर नहीं हो जाता, तबतक अपने विहित आसनको स्थिर बनाना चाहिये अर्थात् स्थिर आसनसे बैठे रहकर ध्येयके ध्यानमें संलग्न रहना चाहिये ।। ५२ ।।

उद्भूतमत्रैव तदैव कर्बुरं
ध्येयं महः कृष्णशरीरवद्भवत् ।
संतिष्ठते साधकलक्ष्यतामितं
प्रगृह्य रूपं सुखदं तथेप्सितम् ।। ५३ ।।

इस प्रकार किये जाने वाले ध्यानमें ही उसी समय प्रकट हुआ ध्येयभूत चितकबरा तेज श्रीकृष्ण-विग्रहके रूपमें परिवर्तित हो सुखद मनोरम रूप ग्रहण करके साधकका लक्ष्य बनकर स्थिरभावसे स्थित हो जाता है ।। ५३ ।।

प्रादुर्भवन् यत्र स्वयं गुरुः प्रभु—
र्निदर्शयिष्यत्यमलं स्वविग्रहम् ।
सानन्दचैतन्यमयोऽत्र साधकः
समेति सिद्धिं गुरुदृष्टिदीक्षिताम् ।। ५४ ।।

वहाँ स्वयं गुरुदेव भगवान् प्रकट हो अपने निर्मल विग्रहको दिखायेंगे। यहाँ साधक आनन्द चैतन्यमय होकर गुरुदेवकी दृष्टिमात्रसे दीक्षा पाकर अभीष्ट-सिद्धि प्राप्त कर लेता है ।। ५४ ।।

यां प्राप्य सिद्धा बहवो भवात्मिकां
निरस्य मायां बहुरूपिणीं किल ।
अज्ञेयरूपाः कृतिनः कृतच्छलाः
प्रारब्धनाशार्थमिह भ्रमन्ति हि ।। ५५ ।।

उस सिद्धिको पाकर बहुतेरे सिद्ध संसारमयी बहुरूपिणी मायाको निरस्त करके अज्ञेयरूप एवं कृतकृत्य हो सत्कर्मके व्याजसे इस जगत्में प्रारब्ध-क्षयके लिये विचरते रहते हैं ।। ५५ ।।

किं ब्रूमहेऽन्यं सुगमं ह्युपायकं
यमाश्रिता गच्छत तत्पदं विभोः ।
मन्त्रं परब्रह्मण एव ते नमः
सशक्तिबीजं जपताऽत्र तद्धितम् ॥ ५६ ॥

साधको ! क्या कहें, उसे प्राप्त करनेका दूसरा भी सुगम उपाय है, जिसका आश्रय लेकर तुम उन प्रभुके पदको प्राप्त कर लोगे। परब्रह्मके ही मन्त्रको अन्तमें 'ते नमः', लगाकर शक्ति-बीज सहित जपो। यही उस लक्ष्यकी प्राप्तिके लिये हितकर है ॥ ५६ ॥

सङ्ख्या भवेच्चायुतकं समाश्रिता
ततो विधेया हवनादिकाः क्रियाः ।
भोज्याः पुनर्बालकबालिकादयो
विप्रैः समं दक्षिणया प्रहर्ष्य च ॥ ५७ ॥

इस मन्त्रके जपकी संख्या कम-से-कम दस हजार होनी चाहिये। जपके पश्चात् हवनादि कर्म करने चाहिये। फिर ब्राह्मणोंके साथ बालक-बालिका आदिको भोजन कराये और उन्हें दक्षिणासे संतुष्ट करे ॥ ५७ ॥

निरूपणीया विजने ततो निजा
छाया रवे रश्मिषु रम्यकान्तिषु ।
अष्टोत्तरं मन्त्रशतं निरन्तरं
जप्यं च कण्ठं ह्यवलोक्य सुस्थिरम् ॥ ५८ ॥

तदनन्तर एकान्तमें जाकर, जब कि सूर्यकी किरणें रमणीय कान्तिवाली हों, अपनी परछाई देखनी चाहिये। उस समय अपने कण्ठको सुस्थिर रखते हुए निरन्तर एक सौ आठ बार मन्त्र जप करना चाहिए। ॥ ५८ ॥

पूर्णे जपे स्वोन्नतशीर्षकन्धरः
पश्येन्नभः कृष्णशरीरवन्नरः ।
यद्दृश्यते तत्र तदेव वस्तु सद्
विभावयध्वं स्वगुरुं शिवं च तम् ॥ ५९ ॥

जप पूर्ण होनेपर अपने कंधे और मस्तकको ऊँचा करके मनुष्य आकाशको श्रीकृष्ण-विग्रहके समान देखे, वहाँ जो दिखायी दे वही सद् वस्तु है। वहीं अपने गुरु उन भगवान् शिवके भी स्थित होनेकी भावना करे ॥ ५९ ॥

शृण्वन्त्विहाऽन्यं सुगमं ह्युपायकं
यः प्राणवायुर्विलसत्यसौ पुरि ।
निरूपयध्वं तमिहाऽव्ययं दृढं
कथं स आयात्यपयाति वर्ष्मणि ॥ ६० ॥

अब यहाँ दूसरा भगवत्प्राप्तिका सुगम उपाय सुनो—इस नव द्वारोंसे युक्त शरीररूपी नगरमें जो प्राणवायु आती-जाती शोभा पाती है, उसको देखो ! वह अव्यय एवं दृढ श्वासवायु कैसे शरीरमें आती है और किस प्रकार शरीरसे बाहर निकलती है—इसकी ओर दृष्टि रक्खो ॥ ६० ॥

यदा बहिर्निःसरतीह देहतो
यदा स चाऽन्तः प्रविशत्यनारतम् ।
तदैव सम्यक् स्थिरवृत्तिसाधको
निरूपयेत् तद्गतिमेव केवलाम् ॥ ६१ ॥

जब वह प्राण-समीर देहसे बाहर निकलता है, और जब पुनः भीतर प्रवेश करता है, तब-तब स्थिरवृत्तिवाला साधक निरन्तर केवल उसकी गतिपर ही सम्यक् रूपसे दृष्टि रक्खो ॥ ६१ ॥

अस्यां स्थितौ विस्फुरतीह तत्स्वयं
यत्साधको ध्यायति वस्तु चिन्मयम् ।
कर्तव्यमेवाऽस्ति शिवत्वकारकं
चैकान्ततो यत्क्रियते परीक्ष्यताम् ॥ ६२ ॥

इस स्थितिमें साधक जिस चिन्मय वस्तुका ध्यान करता है, वह स्वयं बार-बार उसे दिखायी देता है । एकान्तमें जो साधन किया जाता है, यह कर्तव्य ही शिवत्वकी प्राप्ति करानेवाला है । परीक्षा करके देख लो ! ॥ ६२ ॥

एवं दृढाऽभ्यासरतो निरन्तरं
तत्कर्म कुर्वन् विगतस्पृहो नरः ।
वैराग्यमाप्नोति भवस्थवस्तुषु
पुत्रेषु दारेषु धनेष्वसत्स्वपि ॥ ६३ ॥

इस प्रकार दृढ अभ्यासमें निरन्तर लगा हुआ मनुष्य निष्काम भावसे उस कर्मको करता हुआ संसारकी सारी वस्तुओंमें—स्त्री, पुत्र और धन आदि असत् पदार्थोंमें भी वैराग्यको प्राप्त होता है ॥ ६३ ॥

याभ्यां विना तत्पदमाप्यते नहि
राद्धान्त एवैष मनीषिसम्मतः ।
प्रारम्भकाले स्थिरताऽत्र कारणं
मनो भवेच्छान्तमहर्निशं यतः ॥ ६४ ॥

इन ( अभ्यास और वैराग्य ) दोनोंके बिना उस परम पदकी प्राप्ति नहीं की जा सकती है—यह तो मनीषिजन सम्मत सिद्धान्त ही है। इसमें प्रारम्भ कालमें स्थिरता ही मुख्य कारण है; जिससे चञ्चल मन अहर्निश शान्त रहता है ॥ ६४ ॥

स्थित्वा विविक्ते प्रियवस्तु साधको
यद्ध्यायति स्वात्मनि यत्र तत्र वा ।
ध्येयः स्वयं सद्गुरुरूपमाश्रयन्
ह्यात्मानमत्र प्रकटीकरोत्यहो ! ॥ ६५ ॥

अहो ! एकान्तमें बैठकर साधक अपने अन्तरमें या जहाँ कहीं भी प्रिय-वस्तु ( ध्येय ) का ध्यान करता है तो वह ध्येय स्वयं ही सद्गुरुका रूप धारण करके अपने आपको ही प्रकट कर देता है ॥ ६५ ॥

ध्याताऽऽरमेच्चेत् प्रियवस्तुलब्धये
क्रमं समालम्ब्य मनोमयं त्वमुम् ।
सत्यं चिदानन्दसुखं महत्तरं
समश्नुते तद् भवभोगवस्तुतः ॥ ६६ ॥

ध्यान करनेवाला साधक उस समयतक इसी मनोमय क्रमका अवलम्बन करके यदि अपनी प्रिय वस्तु ( ध्येयतत्त्व ) की उपलब्धिके लिए प्रयत्न-रत रहे तो वह सांसारिक भोग-पदार्थोंसे अत्यन्त महान्, सत्य तथा चिदानन्द-सुखमय उस ध्येयका अपने भीतर अनुभव करने लगता है ॥ ६६ ॥

अलौकिकाऽऽनन्दमयं समीहितं
मार्गेण गम्यं यदनेन जायते ।
तस्मिन् गते स्वानुभवं च तत्पुर–
स्तुच्छं भवत्येव विरक्तितोऽखिलम् ॥ ६७ ॥

वह अलौकिक आनन्दमय अभीष्ट वस्तु इसी मार्गसे अनुभवगम्य हो सकती है। उसका अनुभव हो जानेपर परम वैराग्य उत्पन्न हो जानेके कारण उसके समक्ष संसारकी सारी वस्तुएँ अत्यन्त तुच्छ प्रतीत होती हैं ॥ ६७ ॥

अस्यां स्थितौ लौहमणिर्निरन्तरं
यथा समाकर्षति लौहमात्मनि ।
तथेह तं सद्गुरुरात्मनः प्रियं
शिष्यं समाकर्षति चात्मसन्निधौ ॥ ६८ ॥

ऐसी स्थिति प्राप्त होनेपर जैसे अयस्कान्तमणि ( चुम्बक ) लोहेको निरन्तर अपनी ओर खींचता है; उसी प्रकार सद्गुरु उस अपने प्रिय-शिष्य ( साधक ) को स्वतः अपने पास खींच लेते हैं ॥ ६८ ॥

ध्येये तदा ध्यानवशात् स्थिरीभवन्
ध्याता विलोक्यैव मनीषितां तनुम् ।
अलौकिकीं शान्तिमथात्मगं सुखं
सम्प्राप्य साध्नोति शुभं स्वकर्म तत् ॥ ६९ ॥

उस समय ध्याता ( साधक ) अपने सुदृढ ध्यानके अभ्याससे ध्येय तत्त्वमें स्थिरतापूर्वक स्थित होकर अपने मनकी इच्छाके अनुरूप इष्टदेवके श्रीविग्रहका दर्शन अवश्य प्राप्त करता है तथा अलौकिक शान्ति एवं आत्मगत सुखको प्राप्त करके अपने उस शुभ-कर्म ( अनुष्ठान ) को सिद्धकर लेता है ॥ ६९ ॥

निरस्य तत्तावदिह स्ववासनां
जगद्गतां तां विषयेष्ववस्थिताम् ।
निरीक्षतां ! तत्पदमेव नित्यश–
स्तैर्ज्ञायते यैः क्रियतेऽनुभूयते ॥ ७० ॥

इस कारण, आप लोग इस संसारसे जुड़ी हुई और विषयोंके प्रति स्थित हुई अपनी बहुमुखी वासनाको हटाकर उस परमात्मपदको ही नित्य देखिये। जो लोग इस प्रकार साधन करते हैं, वे ही ध्येय-तत्त्वको जानते और अनुभवमें लाते हैं ॥ ७० ॥

किञ्चित् प्रयत्नो भवता प्रदीयते
चेदत्र तस्मै भवतेऽपि सोऽव्ययः ।
तेनैव सत्याश्रयिणा सुखात्मना
ददाति चात्मानमपीह तोषितः ॥ ७१ ॥

यदि आप लोग उसे थोड़ा सा भी प्रयत्न देते हैं अर्थात् उसके लिए अभ्यास और समय-दान करते हैं, तो वह अविनाशी परमात्मा इतनेसे ही संतुष्ट हो जाता है और बदलेमें आपको भी सत्यावलम्बी सुखरूपसे अपने आपको ही दे देता है ॥ ७१ ॥

अनेकरूपं तमसः परं महत्
प्रदर्शयन् स्वं पदमञ्जसा पुरः ।
स्थिरीभवत्यत्र महःस्वरूपिणा
ध्येयात्मनैवाऽन्तिमलक्ष्यलब्धये ॥ ७२ ॥

आपके साधनाभ्यास-कालमें वह परमात्मा अपने विविध रूपवाले, अन्धकारातीत, परम महत् स्वरूपका आपके समक्ष अनायास ही दर्शन कराता हुआ तेजःपुञ्जमय ध्येय-स्वरूपसे ही स्थिर हो जाता है और आपके चरम लक्ष्यकी उपलब्धिमें सहयोग देता है ॥ ७२ ॥

राजा यथा निःसरतीह मन्त्रिभि-
र्भृत्यैः प्रियैश्चानुगतः प्रतिक्षणम् ।
तत्रैव तेनाऽपि च भूयते तथा
स्वपार्षदैरग्रगतैर्महापदैः ॥ ७३ ॥

इस लोकमें जैसे राजा हरसमय मन्त्रियों तथा प्रिय-सेवकोंको अपने साथ लेकर निकलता है, इसी प्रकारकी स्थितिमें हमारा ध्येय प्रभु भी होता है, वह भी सदा महान् पदवाले अग्रगामी पार्षदोंसे युक्त रहकर साधकको दर्शन देने आता है ॥

महाविभूतिं परितः श्रिता इमे
प्राग् द्रागहो तत्समतामुपागताः ।
तं दर्शयन्त्यत्र मनोमयं वपुः
प्रलोभनार्थं पत आपतेदिति ॥ ७४ ॥

महान् वैभवसे सम्पन्न वे पार्षद पहले स्वयं आकर तत्काल ही स्वामीकी समताको प्राप्त हो ( अर्थात् ध्येयके स्वरूपका ही अनुकरण करके ) वहाँ साधकको लुभानेके लिए उसे मनोमय रूपमें दर्शन देते हैं। उनका उद्देश्य रहता है कि यह हमसे लौकिक अर्थसिद्धिका वरदान लेकर अपने साधनकी मर्यादासे गिर जाय ॥ ७४ ॥

स्थैर्यं समालम्ब्य धृतिं प्रगृह्य भो !
परीक्षणीयं बहुभिः सुलक्षणैः ।
स्मर्तव्यमत्रैव तु नेति नेति य-
च्चोद्घुष्यते वेदगिरा निरस्य तत् ॥ ७५ ॥

अतः साधको ! स्थिरता रखकर धैर्य धारण करके बहुत-से उत्तम लक्षणोंद्वारा अपने ध्येयरूपकी परीक्षा कीजिए। ऐसा न हो कि कोई पार्षद मायासे वैसा रूप धारण करके

आपको साधनासे गिराना चाहता हो। इस बातका ध्यान रखना चाहिए कि वेदवाणी 'नेति नेति' उद्घोष करके नाम-रूपका निषेध करते हुए जिस तत्त्वका प्रतिपादन करती है, वह अपना यही ध्येय स्वरूप है। अतः उसकी सावधानीसे परीक्षा करके ही उसे सत्य मानना चाहिए।।७५।।

विमृश्य दीर्घं सकलान् निरस्य वा–
श्रान्ते स्फुरत्तैजसमव्ययं स्वतः।
विमार्गितव्यं हृदि सर्वगं महो
निरूप्य पश्चाद्बहुधाऽऽत्मसाक्षिकम् ॥ ७६ ॥

इस प्रकार दीर्घ कालतक विचार करके उन समस्त मिथ्या रूपोंका निराकरण करके फिर अनेक प्रकारसे निरीक्षण-परीक्षण करे और अन्तमें जो क्षय-वृद्धि आदि विकारोंसे रहित, सर्वव्यापी तेजोमय ध्येय-तत्त्व हृदयमें स्फुरित होने लगे तब उस स्वात्मसाक्षिक तेज ( ब्रह्म अथवा इष्टदेव ) का स्वतः अनुसन्धान करना चाहिए ॥ ७६ ॥

तस्मिन् दृढाऽभ्यासवशेन साधकः
स्थिरीभवन् पश्यति वस्तु निर्मलम्।
तेजोमयं प्राक् बहुरूपधारकं
पश्चात् स्थितं स्वात्मनि लक्ष्यविग्रहम् ॥ ७७ ॥

साधक सुदृढ अभ्यासवश उसी ध्येयमें सुस्थिर भावसे स्थित हो उस निर्मल, तेजोमय स्वरूपका, जो पहले (साधनावस्थामें) अनेक रूप धारण कर लेता था और अब (सिद्धावस्थामें) अपनी अन्तरात्मामें ही इष्टदेवका विग्रह धारण करके लक्षित हो रहा है ॥ ७७ ॥

सिद्धामवस्थां स समेति तत्क्षणे
जलं गतो बुद्बुदवद्भवत्यसौ।
ब्रह्माऽहमेवाऽस्मि विभावयंस्ततः
पूर्णो भवत्येव, परीक्ष्यतामतः ॥ ७८ ॥

उपर्युक्त स्थितिमें आकर साधक तत्क्षण सिद्धावस्थाको प्राप्त हो जाता है। ठीक उसी तरह, जैसे बुद्बुद ( बुलबुला ) जलमें मिल जाता है। तदनन्तर 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा अनुभव करते हुए परिपूर्ण परमात्मपदमें प्रतिष्ठित हो जाता है। अतः आपलोग भी परीक्षण करें ( इस स्थितिको पानेका यत्न करें ) ॥ ७८ ॥

तत्प्राप्तयेऽन्यः सफलो महत्तरः
सौकर्यरूपोऽयमुपायकोऽस्ति भोः।
सत्काव्यमेतत् क्षरतोऽक्षरं श्रितं
ब्रह्मात्मकं ब्रह्म विदन्तु सज्जनाः! ॥ ७९ ॥

सज्जनों ! उस वस्तु ( परमात्मपद ) की प्राप्तिके लिए एक दूसरा सुकर, सफल एवं बड़े-से-बड़ा उपाय यह है—क्षर ( नाशवान् वस्तु ) से ऊपर उठकर अक्षर-तत्त्व ( कूटस्थ परमात्मा श्रीकृष्ण तत्त्व ) का आश्रय लेनेवाले इस उत्तम काव्यको ब्रह्मात्मक ( वेदस्वरूप ) एवं वर्णात्मक शब्दब्रह्म समझें ॥ ७९ ॥

दिव्यं महाकायममोघदर्शनं
चैतन्महाकाव्यममेयशक्तिमत् ।
श्रद्धाय भक्त्या प्रतिसर्गसंस्थितो
ध्येयो विधेयो विषयः पुराऽस्य भोः ! ॥ ८० ॥

यह विशालकाय महाकाव्य दिव्य है। इसका दर्शन अमोघ फल देनेवाला है। इसमें अमेय शक्ति भरी है ; श्रद्धा-भक्ति पूर्वक इसके प्रत्येक सर्गमें वर्णित जो विषय है, पहले उसीका चिन्तन करना चाहिए ॥ ८० ॥

कृष्णाऽभिधेयस्य तदस्य नामतः
स्वरूपतो हीनतरस्य वेधसः ।
लीला विचार्या प्रतिसर्गवर्णिता
साऽभूत् कथञ्चेति निरूप्य, तत्परम् ॥ ८१ ॥

तत्रैव चात्मानममुष्य तत्त्वगं
सम्पाद्य संकल्पपथाऽधिरोहिणम् ।
सशक्तिकं सर्वगतं मनोमयं
विभावनीयं स्वगतार्थसिद्धिदम् ॥ ८२ ॥

अतः लौकिक नाम और रूपसे सर्वथा रहित जो जगत्स्रष्टा जगदीश्वर श्रीकृष्ण नामसे प्रसिद्ध श्री भगवान् हैं, उन्हींकी लीलाका इस काव्यके प्रत्येक सर्गमें वर्णन हुआ है, उस लीलाका मनमें विचार एवं चिन्तन करना चाहिए तथा वह क्यों और कैसे हुई ? इसका भी निरूपण ( विचार ) करते रहना चाहिए। तदनन्तर उसी लीलामें संकल्पके पथसे आगे बढ़ते हुए अपने आपको भी उन्हीं प्रभुके उस तत्त्वसे सम्मिलित कर लेना चाहिए तथा अपने मनोगत अभीष्टकी सिद्धि प्रदान करनेवाले उस हृदयरूपको सर्वशक्तिमान् एवं सर्वव्यापक समझना चाहिए ॥ ८१-८२ ॥

तदैव शुद्धाऽप्रतिमेयकर्मण-
स्तद्ब्रह्मणः सद्गुणगानसाधितः ।
मिष्ठो विपक्वो रस ऐश्वरः पर
आस्वाद्यते ब्रह्मसुखप्रदो बुधैः ॥ ८३ ॥

तभी शुद्ध एवं अप्रतिमेय कर्मवाले उन परब्रह्म प्रभुके सद्‌गुणगान द्वारा सिद्ध किये हुए मधुर एवं परिपक्व ईश्वरीय रसका, जो ब्रह्मानन्द प्रदान करनेवाला, परम एवं चरम रस है, विद्वज्जन आस्वादन कर पाते हैं ।। ८३ ।।

पठन्तु तस्माद्‌गुरुरूपिणं शिवं
स्मृत्वा तथाऽभ्यर्च्य सभक्ति संयताः ।
यूयं ततः कृष्णपदाब्जसंस्थितां
सिद्धिं लभध्वे यदि चेत् करिष्यथ ।। ८४ ।।

इसलिए आपलोग मन-इन्द्रियोंके संयमपूर्वक भाव-भक्तिके साथ गुरुरूपी शिवका स्मरण एवं अर्चन करके इस काव्यका पाठ कीजिये । यदि आप विश्वासके साथ ऐसा करेंगे तो अवश्य ही श्रीकृष्णचरणारविन्दोंके आश्रयमें रहनेवाली महासिद्धिको प्राप्त कर लेंगे ( इसमें संशय नहीं है ) ।। ८४ ।।

स्वान्तःसुखं तत्परतत्त्वदर्शनं
महात्मनामुच्चविचारशीलनम् ।
लक्ष्यं गृहीत्वा गुरुमुज्ज्वलं श्रितो
लिखाम्यहं कृष्णचरित्रमार्तिहृत् ।। ८५ ।।

मैं तो उन्हीं परमोज्ज्वल स्वरूप जगद्‌गुरु भगवान् शंकरकी शरण लेकर तथा स्वान्तःसुख, परतत्त्वदर्शन और महात्माओंके उच्च विचारोंके परिशीलनको लक्ष्य बनाकर समस्त क्लेशोंको हर लेनेवाले इस श्रीकृष्ण-चरित्र नामक महाकाव्यकी रचना करता हूँ ।।८५।।

द्वौ मे गुरू लौकिक-पारलौकिकौ
श्रीशेषराजो गुरुरेक उच्चधीः ।
यो देवचन्द्रस्य बुधस्य मध्यमः
पुत्रोऽस्त्यसौ शान्तमना गुणाग्रही ।। ८६ ।।

मेरे दो गुरुदेव हैं—एक लौकिक और दूसरे पारलौकिक । एक जो लौकिक गुरु हैं, उनका नाम श्री शेषराजजी है, वे बड़े उच्च विचारके हैं । आप पण्डितप्रवर श्री देवचन्द्रजीके मझले पुत्र हैं । वे शान्तचित्त तथा गुणसंग्रहके प्रति आग्रह रखनेवाले हैं ।। ८६ ।।

शैवीं पुरीमाश्रयताऽमुना सता
गङ्गाऽपि सा ! स्वात्मगुणैः प्रलोभिता ।
स्नानार्थमायान्तममुं न्यधादहो !
प्रत्यूष एवाऽङ्क इयं तरङ्गिणी ।। ८७ ।।

शिवपुरी काशीमें रहते समय आप-जैसे सज्जनने अपने गुणोंसे गङ्गाजीको भी लुभा लिया था। प्रतिदिन प्रातःकाल ही जब आप स्नानके लिए आते थे तब तरङ्गिणी वह देवी आपको अपने अङ्कमें ले लिया करती थी ॥ ८७ ॥

तन्मालवीये श्रितविश्वपूर्वके
विद्यालयेऽन्यत्र तथा गृहेऽपि च ।
शास्त्राण्यथाऽनेन सुपाठिता भृशं
विद्यार्थिनो भारतवासिनोऽपि च ॥ ८८ ॥

आपने मालवीयजीके हिन्दू विश्वविद्यालयमें तथा अन्यत्र एवं अपने घरपर भी बहुत-से भारतवासी और नेपाली छात्रोंको अनेकानेक शास्त्रोंका अध्ययन कराया है ॥ ८८ ॥

तथा स्वदेशे नयपालमण्डले
वाल्मीकिविद्यालयमध्यमागताः ।
गृहागताः शिष्यवरास्तथाऽवराः
पाठ्यन्त एतर्ह्यमुनाऽप्यहोऽनिशम् ॥ ८९ ॥

तथा अपने देश नयपाल-मण्डलमें वाल्मीकि विद्यालयमें आकर आपने बहुत छात्र पढ़ाये हैं। आपके घरपर छोटे बड़े जो भी विद्यार्थी आ जाते हैं, उन सबको भी आप निरन्तर आजकल भी पढ़ाया करते हैं। यह अद्भुत बात है ॥ ८९ ॥

आसीत् सुशीला रमणी गलद्वयाः
सत्कीर्तिरूपाऽस्य मनोहरा प्रिया ।
प्रलोभिता भारतवासिभिर्बुधै-
र्गताऽधुना तिष्ठति तद्वचस्यहो ! ॥ ९० ॥

इनकी सुशीला एवं सुवृद्धा कीर्तिरूपा रमणी जो अत्यन्त मनोहारिणी प्रिया थी, भारतवासी विद्वानों द्वारा आकर्षित होकर अब उनके श्रीमुखोंको सुशोभित कर रही हैं ॥ ९० ॥

इत्थं महात्मा स उदारदृक् स्वतः
प्रबुद्धविज्ञानघनो बुधाग्रणीः ।
सदा सदाचाररतो विशुद्धवाग्
जयत्यहो ! मद्गुरुरेष लौकिकः ॥ ९१ ॥

इस प्रकार वे उदार दृष्टिवाले महात्मा स्वतः प्रबुद्ध विज्ञानघन स्वरूप हैं। और विद्वानोंमें अग्रगण्य हैं। सदा सदाचारमें तत्पर विशुद्ध वाणीवाले ये मेरे लौकिक-गुरु सदा ही जयशील हैं। और सबसे उत्कृष्ट स्थितिको पहुँचे हुए हैं ॥ ९१ ॥

अन्यो गुरुर्मे जगतां गुरुर्हरो
विराजते स्वात्मनि पारलौकिकः ।
मया यमुद्दिश्य कृतो महत्तरः
सर्गो द्वितीयोऽस्ति, सभक्ति पठ्यताम् ! ॥ ९२ ॥

मेरे दूसरे पारलौकिक गुरु हैं जगद्गुरु भगवान् शंकर, जो मेरे अन्तः करणमें सदा विराजमान हैं। मैंने इन्हींके उद्देश्यसे अत्यन्त विशाल द्वितीय सर्गकी रचना की है। इसको आप लोग भक्तिपूर्वक पढ़ें ॥ ९२ ॥

तयोः कृपैवाऽत्र मदीयसाधनं
यत् सा धनं दुर्गतिहारिणी किल ।
गीर्वाणवाण्याऽऽत्मककाव्यचातुरी
वितन्यते दुर्गतिकेन यन्मया ॥ ९३ ॥

इन दोनों पूज्य चरणोंकी कृपा ही यहाँ मेरे लिए सबसे बड़ा साधन है। वह कृपारूपी महान् धन ही मेरी दुर्गतिका हरण करनेवाला है। उस कृपाका ही यह परिणाम है कि मुझ-जैसा दुर्गतिग्रस्त मनुष्य भी देवभाषात्मक-काव्य-निर्माणमें अपने चातुर्यका प्रसार कर रहा है ॥ ९३ ॥

नाऽहं बुधो ज्ञानघनो न कार्मिकः
खलः शठश्चास्मि न चास्मि धार्मिकः ।
तथापि पश्यन्तु महत्तमा बुधा !
इमां कृपां सद्गुरुशक्तिजृम्भिताम् ॥ ९४ ॥

मैं न तो विद्वान हूँ, न घनीभूत ज्ञानसे सम्पन्न हूँ, न धार्मिक हूँ और न कर्मवीर ही हूँ। यदि कुछ हूँ तो केवल शठ हूँ, खल हूँ। माननीय महत्तम विद्वानो ! तथापि मुझपर सद्गुरुको शक्तिसे बढ़ी-चढ़ी जो यह कृपा उतरी है, उसपर दृष्टिपात कीजिये ; ( मैं क्या था और क्या हो गया ? ) ॥ ९४ ॥

नैपालिकोऽहं परतथ्यवेदिषु
विज्ञापये साञ्जलिकं वचस्त्विदम् ।
तत् प्राक् कुरुध्वं सुधियो विपश्चितो
यद् द्राग् भवेच्चेद्धृदि भासते ह्यसौ ॥ ९५ ॥

मैं नेपाल-निवासी कवि हूँ तथा परम सत्य ( या परतत्त्व ) का साक्षात्कार करनेवाले आपलोगोंके प्रति हाथ जोड़कर यह बात विज्ञापनके तौर पर कहता हूँ। उत्तम बुद्धिवाले विद्वानो ! आप लोग यदि उस बात ( गुरु कृपाकी उपलब्धि ) को पहले ही कर लें; तो आपके हृदयमें शीघ्र ही वे शिव-स्वरूप श्रीकृष्ण उदित एवं प्रकाशित हो जायँ ॥ ९५ ॥

ये ते मयोक्ताः सुगमा उपायका—
स्तान् प्रत्यभीक्षणं स्वमनो निवेश्यताम् ।
विहाय जीवत्वमिहैव चैश्वरं
तत् कृष्णरूपं सुखतोऽधिगम्यताम् ॥ ९६ ॥

मैंने जो ( भगवान् शिवको गुरु-रूपमैं पानेके लिए ) सुगम उपाय बताये हैं, उनमें आप लोग अपने-अपने मनको निरन्तर लगाइये तथा इसके फल-स्वरूप जीवभावका परित्याग करके ईश्वरीय श्रीकृष्णरूपको अनायास ही प्राप्त कर लीजिये ॥ ९६ ॥

बालेन मूर्खेण शठेन यन्मया
सद्वाक्यमित्थं विनिवेद्यते मृदु ।
तदाद्रियध्वं सुधियो यदा कदा
स्वेष्टा भवत्येव शिशोश्च धृष्टता ॥ ९७ ॥

सुधीगण ! मैं मूर्ख, बालक और शठ होकर भी जो मीठे शब्दोंमें इस प्रकार सद्वचन कह रहा हूँ; उसका आप लोग अवश्य आदर करें। क्योंकि कभी-कभी बालककी धृष्टता भी अपनेको प्रिय लगती है ॥ ९७ ॥

प्रलापमेवं शृणुयात् कथं सुधी-
श्चेदस्तु, साहित्य–सुधां पिबन्तु भोः ! ।
कृष्णेन कृष्णस्य कथाऽत्र कीदृशी
निर्दिश्यते हन्त ! विचारयन्तु तत् ॥ ९८ ॥

यदि कहें, कोई उत्तम बुद्धिवाला पण्डित ऐसा प्रलाप कैसे सुन सकता है ? तो आपका यह कथन ठीक है। परन्तु विद्वानो ! इस वाक्य-रचनामें साहित्यकी सुधा भरी हुई है। अतः

उसका तो आपलोग पान करें ही। कृपया देखें तो सही, कि इस काव्यमें कवि कृष्ण भगवान् श्रीकृष्णकी कैसी कथा प्रस्तुत कर रहा है ॥ ९८ ॥

यद्वा भवस्योत्कटवासनामयीं
पीत्वा सुधाभां मदिरां मुहुर्मुहुः ।
तृप्ताः स्थ चेच्चित्तविशोधनाय तु
चैतद्भवेच्छ्रीमुखमार्जनोदकम् ॥ ९९ ॥

अथवा यदि संसारकी उत्कट वासनामें और सुधा-सी प्रतीत होनेवाली मदिराको बार-बार पीकर यदि आपलोग तृप्त हो गये हों—छक गये हों, तो आपके चित्तकी शुद्धिके लिए यह काव्यामृत मुखमार्जनके लिए ग्रहण किये जानेवाले जलका काम देगा ॥ ९९ ॥

शेषाश्रयं शङ्करमुज्ज्वलं हरं
गङ्गाधरं लोकगुरुं कृपाकरम् ।
गुरुं पुरस्कृत्य शशाङ्कशेखरं
कृतं सुकाव्यं जयतीह शङ्करम् ॥ १०० ॥

जो शेष ( अनन्त नाग अथवा मेरे गुरु शेषराजजी ) के आश्रय सबका कल्याण करने वाले तेजस्वी, गौरवर्ण संकटहारी गंगाधर लोकगुरु और कृपानिधान हैं, उन गुरुस्वरूप भगवान् चन्द्रशेखर शिवको सामने रखकर रचा गया यह लोक कल्याणकारी उत्तम काव्य सदा विजयी हो ॥ १०० ॥

नेत्रैः शिरोभिश्च करैः सहस्रकै—
रिन्द्रो ह्यहीन्द्रो भगवान् रविश्च यम् ।
उपासते नित्यमनन्यवृत्तयः
स्वकर्मणा प्राप्तुमहो ! स वर्धताम् ॥ १०१ ॥

इन्द्र अपनी सहस्र नेत्रोंसे, नागराज शेष अपने सहस्र मस्तकोंसे, तथा भगवान् सूर्य अपनी सहस्र किरणोंसे अनन्य भाव रखते हुए अपने-अपने कर्म द्वारा जिन प्रभुको प्राप्त करनेके लिए उनकी नित्य उपासना करते हैं, उन भगवान् शिवकी निरन्तर वृद्धि हो—सदा ही जय हो ॥ १०१ ॥

केदारनाथो जनको गुरुर्मे
यः काश्यपोऽभूद् दृढकर्मयोगी ।
जृम्भेत वीर्यं घिमिरे-कुलस्य
दीपस्य तस्यैव सुतस्य कृत्ये ॥ १०२ ॥

मेरे काश्यप गोत्रीय पिता एवं गुरु श्रीकेदारनाथजी सुदृढ़ कर्मयोगी हो गये हैं, वे घिमिरे कुलके प्रदीप थे। उनके पुत्रकी कृतिमें उन्हींकी दी हुई शक्ति बढ़ती रहे ॥ १०२॥

( अनुष्टुब्वृत्तम् )

सतीसीमन्तरत्नाभा पतिलोकमितो गता ।
मनोरथकुमारीति मन्माता दीव्यताचिरम् ॥ १०३ ॥

मेरी माता मनोरथकुमारी सतियोंकी सीमन्तमणि थीं। जो इस लोकको त्यागकर पतिलोकमें चली गयी हैं, वे वहाँ चिर कालतक देदीप्यमान रहें ॥ १०३ ॥

कुर्वन् भागवतीं वृत्तिं भ्रमंश्चेतस्ततोऽनिशम् ।
स रेवतीप्रसादो मेऽग्रजो बर्धेत कर्मभिः ॥ १०४ ॥

श्रीमद्भागवतकी कथा बाँचनेकी वृत्ति स्वीकार करके जो निरन्तर इधर-उधर भ्रमण किया करते हैं, वे मेरे बड़े भाई रेवतीप्रसादजी अपने सत्कर्मोंसे सदा अभ्युदयको प्राप्त हों ॥ १०४ ॥

ययाऽत्रधार्यतेऽनीर्ष्यं स्वपतिः कवितारतः ।
पत्नी कृष्णकुमारी मे दीव्यतादिह कर्मतः ॥ १०५ ॥

जो यहाँ केवल कवितामें रत रहनेवाले अपने पतिकी ईर्ष्या छोड़कर सँभाल करती रहती है, वह मेरी पत्नी कृष्णकुमारी इस भूतलपर अपने शुभ कर्मोंसे सदा प्रकाशमान रहे ॥ १०५ ॥

मह्यं कवितया दत्ता मत्सुताऽथ कनीयसी ।
कुमारी कवितानाम्नी सतीपदमियाच्छनैः ॥ १०६ ॥

मुझे कविता ( की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती ) ने जिसको दिया है, वह मेरी छोटी पुत्री कुमारी कविता धीरे-धीरे सतियोंके चरण-चिन्होंपर चलती रहे ॥ १०६ ॥

पत्या मन्दिर-लम्सालनामकेनोपलक्षिता ।
जयन्ती ज्येष्ठपुत्री मे बालकैश्चिरमेधताम् ॥ १०७ ॥

मन्दिर प्रसाद लम्साल नामक पतिके द्वारा जिसकी सदा देख-भाल की जाती है, वह मेरी ज्येष्ठ पुत्री जयन्ती अपने बालकोंके साथ सुदीर्घ कालतक वृद्धिमती हो ॥ १०७ ॥

सुता मे श्याम-गोपाल-मोहना घिमिरे द्विजाः ।
योगेशेन समं भ्रात्रा रक्षन्त्विह सतां स्थितिम् ॥ १०८ ॥

श्यामप्रसाद, गोपालप्रसाद एवं मोहनप्रसाद नामक घिमिरे उपनामवाले द्विज ये मेरे पुत्र अपने छोटे भाई योगेशप्रसादके साथ ही साथ इस संसारमें सज्जनोंकी मर्यादाको कायम रक्खें ॥ १०८ ॥

भाद्रेऽत्र वैक्रमे वर्षे वेदनेत्रखयुग्मगे ।
कवेरेकोनपञ्चाशद्वर्षेऽस्य प्रक्रमोऽजनि ॥ १०९ ॥

यहाँ ( नेपालमें ) विक्रम संवत् २०२४ के भाद्रपद मासमें, जबकि इस कविका उनचासवाँ वर्ष आरम्भ हुआ है, इसके द्वारा इस महाकाव्यका प्रारम्भ किया गया है ॥ १०९ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
व्यगमत् प्रथमः सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥ ११० ॥

कृष्णप्रसाद शर्मा घिमिरे की कृति 'श्रीकृष्ण-चरितामृत' नामक इस स्तवनात्मक महाकाव्यमें यह प्रथम सर्ग पूरा हुआ ॥ ११० ॥

◆

# द्वितीयः सर्गः

( काव्यनिर्माणशक्तिप्राप्त्यर्थं कविकृता जगद्गुरोर्लोकशङ्करस्याऽऽशुतोषस्य
करुणक्रन्दनगर्भा बहुविधोपालम्भसंवलिता स्तुतिः )

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

शम्भो ! दयस्व जय तां गुरुतां गृहीत्वा
यच्छिष्यतामहमितो लघुतां गतो हा ! ।
एतां किमर्थमसतां लघुतां श्रितो वा
यच्छिष्यतां सुगुरुतां समताञ्च लब्ध्वा ॥ १ ॥

भगवन् ! शम्भो ! आपकी जय हो। नाथ ! आप मेरे गुरु हैं। अतः उस गुरुत्वको स्वीकार करके मुझपर दया कीजिये। मैं आपकी शिष्यताको प्राप्त होकर भी लघुताको पहुँचा हुआ हूँ। यह बड़े खेदकी बात है ( क्योंकि आप महेश्वर हैं, अतः आपके शिष्यको भी महान् हो जाना चाहिये। किन्तु मैं लघुका लघु ही बना रह गया, यह मेरे लिये दुःखकी बात है। ) अथवा मैंने जो इस असत्पुरुषोचित लघुताका आश्रय लिया है, इसकी क्या आवश्यकता ? जब मुझे आपकी शिष्यता, आप-जैसे गुरुकी सद्गुरुता, तथा सर्वत्र समता मिल गयी, तब मैंने इस ओछी लघुताको अपनाया ही क्यों ? ( इसमें मेरा ही अपराध है। ) ॥ १ ॥

किं वक्ष्यमाण इह चासमहं परात्मन्
किं निर्गतं मुखबिलादहहा ! क्षमस्व ।
भ्रान्तं मनो मतिरभूत् कुमतिर्मदीया
जातोऽस्मि चोन्मद इवाऽत्र कृपां कुरुष्व ॥ २ ॥

परात्मन् ! प्रभो ! मैं यहाँ क्या कहना चाहता था और मेरे मुखरन्ध्रसे यह क्या निकल गया। हाय ! हाय ! महान् दुःखकी बात है। क्षमा कीजिये नाथ ! मेरा मन भ्रान्त हो गया। मेरी बुद्धि कुबुद्धि हो गयी। और मैं यहाँ पागल-सा हो गया हूँ। अब आप कृपा कीजिये ॥ २ ॥

का वा कृपेह भगवन् ! गुरुरेव यस्त्वं
भ्रान्तोऽसि चोन्मद इवाऽसि यतस्ततोऽहम् ।
सञ्जात ईदृगहहो ! गुरवस्खलन्ति
शिष्या अपीह सममेव विभो ! पतन्ति ॥ ३ ॥

अथवा भगवन् ? यहाँ कृपा कैसी ? जब आप साक्षात् गुरु ही भ्रान्त और उन्मत्तकी भाँति हो रहे हैं' तो मैं कैसे इस रोगसे अछूता रह जाता। तभी तो मैं भी ऐसा ही हो गया हूँ। अहो ! जहाँ गुरु ही लड़खड़ा रहे हैं, वहाँ शिष्योंकी क्या बिसात है। विभो ! वे भी गुरुके साथ ही गिर पड़ते हैं।। ३ ।।

रे भ्रान्त ! किं कथयसे जगदीश्वरं मां
लीलाविनोदिनमहो ! बत भाषसे चेत् ।
स्वामिन् ! क्षमस्व विदितं तव तच्चरित्रं
येन त्वया चितिधृतं चरणं पवित्रम् ॥ ४ ॥

इसपर यदि आप यह कहें कि 'ओ विभ्रान्त मानव ! तू मुझ लीलाविनोदीश्वरके प्रति यह कैसी बात कह रहा है; आश्चर्य है।' तो स्वामिन् ! क्षमा कीजिये। जबसे आपने अपने पवित्र चरणको चितापर रखा, तभीसे आपके उस चरित्रका—उस समस्त चर्याका ज्ञान हमें है ॥ ४ ॥

किं तत् कृतं यदनले शवमस्तकस्य
विस्फोटनाच्छुरित-कुत्सित-विक्रियेण ।
मज्जावसारुधिरमांसविमिश्रितेन
पिण्डेन ताडिततनुर्यदभूश्चितासु ॥ ५ ॥

प्रभो ! आपने यह क्या किया ? चिताकी आगमें मुर्दोंकी खोपड़ी फटनेसे जिसका विकार भस्मलिप्त एवं कुत्सित दिखायी देता है, मज्जा, मेदा, रक्त और मांससे जो मिश्रित होता है, ऐसे शव-खण्डसे चिताओंके पास आपका श्रीविग्रह बारम्बार प्रताड़ित होता है। ( ऐसी स्थितिमें आप अपनेको क्यों रखते हैं ) ॥ ५ ॥

बीभत्सितं तव वपुर्यदनेन नाथ !
किं नीरसोऽसि शिव ! वैकरसप्रियोऽसि ।
शृङ्गारवीरभयदाऽद्भुतहास्यशान्त-
रौद्रादयो नवरसाः सरसा न ते वा ? ॥ ६ ॥

नाथ ! इस शवखण्डके स्पर्शसे जो आपका श्रीविग्रह बीभत्स-स्थितिको प्राप्त हुआ है, वह क्या है ? शिव ! क्या आप नीरस हैं अथवा आपको एकमात्र आनन्दरस ही प्रिय है ? या शृङ्गार, वीर, करुण, अद्भुत, हास्य, भयानक, शान्त तथा रौद्र आदि रस आपको सरस ( आस्वाद्य ) नहीं प्रतीत होते हैं ॥ ६ ॥

---

[१] शङ्करजीका भ्रान्त एवं उन्मत्तकी भाँति विचरना लीलामात्र है। यह उनकी अलौकिक स्थितिका सूचक है।

माला विभाति शवखर्परबद्धजाला
हालाहलान्तरितकण्ठगता कराला ।
कृत्तिर्विभाति मृगराजहतार्द्ररक्ता
वृत्तिर्विभाति चितिभस्मभृतानुरागा ॥ ७ ॥

आपके कण्ठके भीतर हालाहल विषकी नीलिमा झलक रही है, गलेके बाह्य भागमें मुर्दोंकी खोपड़ीके समूहसे आबद्ध विकराल माला शोभा पाती है। श्रीविग्रह पर मृगराज सिंहके द्वारा तत्काल मारे गये गजराजका आर्द्र-रक्त रञ्जित चर्म सुशोभित होता है तथा आपकी वृत्ति है चिताभस्मके प्रति अनुरक्ति ॥ ७ ॥

गङ्गा विभाति मृड ! मस्तकगा सभङ्गा-
स्वङ्गा प्रियेव मदविह्वलितान्तरङ्गा ।
लेखा विभाति ललिता शशिनः सुलेखा
स्वद्भक्तभाललिखितेव सुभाग्यलेखा ॥ ८ ॥

सबको सुख देनेवाले शिव ! आपके मस्तकपर विद्यमान तरङ्ग पूरित गङ्गा मदसे विह्वल अन्तरङ्ग ( मन-प्राण ) वाली सुन्दराङ्गी प्रियतमाके समान शोभा पाती है। तथा भालदेशमें लसित कलाधरकी ललित लेखा आपके भक्तोंके ललाटमें सुन्दर अक्षरोंसे लिखी गयी सुभाग्य लेखाकी भाँति सुशोभित होती है ॥ ८ ॥

वासो वनं पितृवनं विकटोऽट्टहासः
मासो निदाघ इह तद्गजचर्म वासः ।
तामुष्णतां वहसि हा ! चितिगां कथं त्वं
किं लप्स्यसे फलमहो ! वदतीह दासः ॥ ९ ॥

हाय ! आपका निवास वन एवं श्मशान भूमि है, अट्टहास विकट है, मास निदाघ ( जेठ ) है, तथा वस्त्र गजचर्म है। इसके अतिरिक्त भी आप चिताग्निकी उष्णताका भार कैसे वहन करते हैं—कैसे सहन कर पाते हैं ?। अहो ! इस उग्र तपसे आपको कौन-सा फल प्राप्त करना है ? बताइये, आपका यह दास पूछ रहा है ॥ ९ ॥

ज्ञातं प्रभो ! शशिकलाऽमृतवर्षिणी सा
त्वां सेवते प्रियमिति प्रथिताऽनुरागा ।
सैषा विनाशयति तामत एव नाथ !
त्वं हीदृशोऽसि चितिगोऽपि च शीतलोऽसि ॥ १० ॥

प्रभो ! अब समझमें आ गया। यह शशिकला अमृतकी वर्षा करनेवाली है; आपके प्रति इसका अनुराग प्रख्यात है। यह आपको अपना प्रिय मानकर निरन्तर आपकी सेवा करती है। यही आपकी पूर्वोक्त उष्णताको नष्ट कर देती है। इसीलिये आप ऐसे हैं। चिताग्निमें जाकर भी शीतल बने रहते हैं ॥ १० ॥

आश्चर्यमेतदखिलं चितिवह्निरेको
भालाग्निरन्य इह नाथ ! सदैव चोभौ ।
ज्वालां स्वभक्तविरहार्तियुतां मनःस्था-
मादाय पीडयत ईश ! कुतो ह्यनास्था ? ॥ ११ ॥

यह सब बड़े आश्चर्यकी बात है। नाथ ! एक ओर तो चिताकी अग्नि और दूसरी ओर भाल देशमें स्थित अग्नि—ये दोनों ही अग्नियाँ आपके हृदयमें प्रज्वलित निज भक्त-विरहजनित पीडामयी ज्वालाको भी अपने साथ लेकर आपको ताप दे रही हैं। मेरे ईश्वर ! इनकी ओरसे इतनी लापरवाही क्यों ? ॥ ११ ॥

एतत्त्रिकं भवति नाशयितुं समर्था
सैका कथं वद विभो ! ह्यमितप्रभं तत् ।
ज्ञातं शरीरगतमुष्णमहीन्द्रभोगै-
स्तद्धन्यते गिरिजयाऽपि मनःस्थिताऽन्या ॥१२॥

प्रभो ! इस प्रकार तीन ज्वालाएँ हो जाती हैं। इनमेंसे एक भी किसीके भी विनाशमें समर्थ है; फिर ये तीनों मिल कर तो अप्रमेय तेजसे सम्पन्न होती हैं; अतः ये क्या नहीं कर सकती हैं। फिर भी आप निश्चित क्यों हैं ? यह बात अब समझमें आयी है। आपके शरीरमें जो उष्णता है, वह तो भुजंगराजके शीतल भोगों ( शरीरों ) के संस्पर्शसे शान्त हो ही जाती है और आपके मनमें जो दूसरी ज्वाला है, उसे गिरिराजनन्दिनी उमा दूरकर देती हैं; यही कारण है कि आप सदा शान्त रहते हैं ॥ १२ ॥

यद्विद्यतेऽमिततनुर्भगवान् कृशानु-
स्त्वद्दिव्यभालफलके स तु दीप्ततेजाः ।
कस्याऽस्ति शक्तिरतुला विगतार्चिषं तं
कुर्याद् य ईश्वर ! विहाय भवन्तमद्धा ॥ १३ ॥

ईश्वर ! आपके दिव्य भाल पट्टमें जो अप्रमेय विग्रहवाले भगवान् अग्निदेव निवास करते हैं; उनका तेज तो अतिशय ही उद्दीप्त है। आपको छोड़कर दूसरे किस देवतामें यह अतुल शक्ति है कि जो उस दिव्य अनलकी ज्वालाको शान्त कर सके ॥ १३ ॥

यद्वा हिमं ग्लपयितुं न हिमं समर्थं
तद्वज्जलं द्रवयितुं न जलं समर्थम् ।
तेजोऽपि तापयितुमीश ! न तैजसन्त-
च्छक्नोति तादृश इहाऽसि महेश ! किंस्वित् ? ॥ १४॥

अथवा महेश ! जैसे बर्फ, बर्फ को नहीं गला सकता, जल, जलको द्रवित नहीं कर सकता तथा तेज भी तेजपुञ्जको नहीं ताप दे सकता; उसी प्रकार आप भी हैं क्या ? तेजोराशि स्वरूप होनेके कारण ही तो आपको अन्य तेज तप्त नहीं कर सकता ॥ १४ ॥

गौरी पितुर्गुणयुतैव सुशीतलाऽतो
भोगोऽप्यहेरहह ! शैत्यमयस्तथैव ।
भागीरथी शशिकला च सुशीतले ते
तस्मात् तनौ वहसि तान् भगवन् ! सदैव ॥ १५ ॥

भगवन् ! आपको ताप कैसे हो ? आप तो शीतल वस्तुओं का संग्रह करके बैठे हैं ! गौरी देवी अपने पिता हिमालयके गुणोंसे युक्त होनेके कारण सुशीतला है, सर्पका शरीर भी अत्यन्त शीतलतामय है। भागीरथी गङ्गा और चन्द्रकला—ये दोनों भी शीतल ही हैं; इसीलिये आप इन सबको सदैव अपने शरीरपर ढोते रहते हैं ॥ १५ ॥

आस्तां, महेश ! हृदयेऽप्यतिजीर्णरूपा
वृद्धा चकास्ति तव या वद का प्रभो ! सा ? ।
किं हे विभो ! प्रियकृपा भवभीतिभाजां
ह्युद्धारिका मम सुखाप्तिविधायिनीति ? ॥ १६ ॥

ये सब रहें। किन्तु प्रभो ! महेश ! यह तो बताइये आपके हृदयमें अत्यन्त जीर्ण रूपवाली जो वृद्धा ( बढ़ी हुई या बूढ़ी ) शोभा पाती है, वह कौन है ? भगवन् ! क्या कहा आपने ? यही न, कि 'यह वृद्धा मेरी प्रिय-कृपा है, जो भवसागरसे संत्रस्त प्राणियोंका उद्धार करनेवाली है तथा भक्तजनोंको सुखकी प्राप्ति करनेवाली है ॥ १६ ॥

धन्योऽस्म्यहं कथयसे भगवन् ! यदीत्थं
दासोऽस्मि तादृश इहेदृशभीतिभग्नः ।
तस्मात् समुद्धर विभो ! यदहं कुमार्गे
भ्रष्टोऽस्मि मोहमददुस्तरगर्तमग्नः ॥१७ ॥

भगवन् ! यदि आप ऐसा कहते हैं, तब तो मैं धन्य हो गया। क्योंकि मैं भी आपका वैसा ही दास हूँ। इस जगत्में इसी तरह भव-भीतिसे भग्न हो रहा हूँ। अतः प्रभो ! मेरा

उद्धार कीजिये; क्योंकि मैं कुमार्गमें गिरा हूँ, मोह और मद के दुस्तर-गर्तमें डूबा हुआ भी हूँ ॥ १७ ॥

माया विकर्षति सदा परिवारकाया
छायायथाऽनुसरतीह ममत्वगा या ।
तां नाशयेह पतितामसतीं सतां हा !
सद्बुद्धिमेव हरति स्थिरशुद्धिमद्धा ॥ १८ ॥

माया परिवारका रूप धारण करके मुझे सदा अपनी ओर खींचती है और ममतागत होकर यहाँ छायाकी तरह मेरे पीछे लगी रहती है। यह असली है, पतित है, इसे नष्ट कर दीजिये; क्योंकि यह सत्पुरुषोंकी सुस्थिर शुद्धिसे युक्त सद्बुद्धिको भी बलात् हर लेती है ॥१८॥

संसारिणो विरहिणोऽङ्घ्रियुगाब्जसक्ता
कष्टं भ्रमन्ति परितो जनिमृत्युभीत्या ।
तान् दर्शय स्वविबुधाऽऽश्रितमार्गमात्रं
किं भ्रम्यते चितिषु नाथ ! विकीर्णगात्रम् ! ॥ १९ ॥

प्रभो ! विरही संसारी जन जन्म और मृत्युके भयसे आपके श्रीचरणोंमें प्रेम करते हुए भी बड़े कष्टके साथ चारों ओर भटक रहे हैं। आप उन सबको अपना वह मार्गमात्र दिखा दीजिये, जिसपर देवता लोग भी चलते हैं। नाथ ! क्यों अपने अङ्गोंको फेंकते हुए आप चिताओंपर घूमते रहते हैं ? ॥ १९ ॥

वृद्धा कृपा लसति ते हृदि ताञ्जनान् या
चोद्धर्तुमिच्छति भवद्गतचित्तकान् सा ।
तत्राऽपि चार्गलमभूर्यदनर्गलस्त्वं
देवोऽप्यदेवचरितोऽसि किमत्र वाच्यम् ॥ २० ॥

आपके हृदयमें जो वृद्धा ( बढ़ी हुई ) कृपा सुशोभित होती है, वह आपमें चित्त लगाये रखनेवाले उन भक्तजनोंका उद्धार करना चाहती है। यदि स्वयं अर्गला रहित होकर भी आप उस कृपाके लिये अर्गला बन गये हैं—उसे आगे बढ़कर उद्धार कार्य करने नहीं दे रहे हैं; तब तो यही कहना पड़ेगा कि आप देव होकर भी देवोचित चरित्र नहीं कर रहे हैं। ऐसी दशामें क्या कहा जाय ? ॥ २० ॥

आ ! किं न पश्यति भवान् स्ववियोगजन्मा
तापाग्निरेव दहतीह निकृत्तमर्मा ।
यान् स्वान् प्रियांश्चरणगानपि भक्तिपूतान्
नोद्धर्तुमिच्छसि ततो भगवन् ! हताः स्मः ॥ २१ ॥

आह ! आप देखते नहीं हैं ? क्योंकि आपके वियोगसे उत्पन्न तापाग्नि ही मर्मच्छेदन करती हुई आपके उन प्रिय भक्तोंको भी यहाँ दग्ध किये देती है; जो आपके चरणोंके अनुरागी हैं और भक्तिभावसे परम पवित्र हो गये हैं। यदि उनका भी उद्धार करना आप नहीं चाहते हैं तब तो भगवन् ! हम सब लोग मारे गये। ( हमारी क्या दुर्दशा होने वाली है ) ॥ २१ ॥

किं नाटकीयघटनेयमहो ! कथं त्वं
सञ्जात ईश्वर ! भयानकरूपधारी ।
खड्गं कपालमसमं च विगृह्य यत्त्वं
त्यक्त्वाऽत्र कृत्तिमभवोऽम्बरवस्त्रधारी ॥ २२ ॥

अहो ! ईश्वर ! यह क्या नाटकीय घटना घटित हुई है ? आप इतने भयानक रूपधारी कैसे हो गये ? खड्ग और अनुचित कपाल ( खोपड़ी ) धारण करके हाथीके चर्मको त्यागकर आप केवल आकाशरूप वस्त्र धारण करनेवाले ( दिगम्बर या नंग-धड़ंग ) क्यों हो गये ? ॥ २२ ॥

विद्युद्वलाहकगतेव सुवर्णवर्णा
यत्ते जटाततिरभूदहहा ! विकीर्णा ।
सर्पोऽसरत् त्रिपथगाऽपथगा बभूव
चान्द्री कलाऽप्यविकला विकला बभूव ॥ २३ ॥

जैसे मेघमें विद्युत्की चमक दिखायी देती है, उसी प्रकार आपके मस्तकपर सुनहरे रंगकी यह जटाश्रेणी क्यों बिखरी दिखायी देती है अहह ! यह क्या हो गया ? सर्प सरककर गिरने लगा, त्रिपथगा गङ्गा अपथगा हो गयीं और सम्पूर्ण चन्द्रकला भी विकल-सी ( खण्ड ) प्रतीत होती है ॥ २३ ॥

किं कर्तुमिच्छसि विभो ! चितिगाः शवा ये
दन्दह्यमानवपुषो विलसन्ति वह्नौ ।
स्वामिन् ! परिष्वजसि तान् सहसा चिताग्ने-
र्निष्कास्य कुत्र नयसीश ! सुखं न मन्ये ॥ २४ ॥

विभो ! स्वामिन् । आप क्या करना चाहते हैं ? चितापर चढ़े हुए जो शव अग्निमें जल रहे हैं और अधजले शरीरसे शोभा पाते हैं, उन्हें सहसा चिताग्निसे निकालकर आप अपने अङ्कमें क्यों लगा रहे हैं ? ईश ! आप उनको कहाँ ले जाते हैं ? मुझे आपकी यह अड़भंगी चाल देखकर चैन नहीं मिलता ॥ २४ ॥

जीवन्ति ते किमु विभो ! करुणावतारः
साक्षात् स्वयं यदसि भक्तमनःस्थहारः ।
किं देव ! जीवयितुमिच्छसि तान् समस्तान्
व्यस्तान् पुरा भवगतावधुनाऽत्र नष्टान् ॥ २५ ॥

भगवन् ! क्या वे शव जीवित हैं ? या देव ! आप उन सबको जीवित कर देना चाहते हैं ? क्यों न हो, आप ठहरे करुणाके अवतार, भक्तजनोंके हृदयके हार ! वे बेचारे पहले सांसारिक गतिमें व्यस्त थे और अब चिताग्निमें जो नष्ट हो रहे हैं; अतः आप उन सबको नया जीवन प्रदान करना चाहते हैं क्या ? ॥ २५ ॥

रुद्धा गतिः कथमहो ! भगवंस्तवाऽत्र
किं ते श्रुतं विलपितं परमार्तिजातम् ।
किं वा मनो द्रवितमीश्वर ! बान्धवानां
स्नेहाभिषिक्तसुमनोवपुषां शवानाम् ॥ २६ ॥

अहो भगवन् ! आपकी गति अवरुद्ध क्यों हो गयी ? ईश्वर ! क्या जिनका तन-मन स्नेहधारासे अभिसिक्त है, उन शवोंके बान्धवोंका अत्यन्त आर्ति-जनित विलाप आपने सुन लिया है; ? अथवा यों ही आपका हृदय द्रवित हो गया है ? ॥ २६ ॥

शान्ताः समस्तभयदाः स्थितयः प्रभो ! ता
आकर्षितं तव मनः करुणार्द्रदृष्ट्या ।
ज्ञातं ! भवोऽसि भवगोऽसि कृपैव सार्था
जाता भवन्तमिह नर्तयितुं समर्था ॥ २७ ॥

प्रभो ! वे समस्त भयदायिनी स्थितियाँ सहसा शान्त कैसे हो गयीं ? संभवतः करुणासे भींगी हुई दृष्टिने आपके मनको आर्कषित कर लिया है । अथवा अब समझमें आया ! आप स्वयं भव हैं और भव ( संसार ) में व्याप्त हैं । अतः इस भवके लोगोंपर आपकी सहज कृपा होगी ही । वही कृपा आपको यहाँ नचानेमें समर्थ हुई है, अतः वह कृपा ही सार्थक है ॥२७॥

किं भो ! विभो ! विलपितं शवबान्धवानां
त्वच्चित्तधाम्न्युपगतं विपदर्दितानाम् ।
त्वं द्राग् यतो द्रवितवान् कठिनोऽपि कस्मात्
स्थाणो ! गतिं विमृश किं रुदितोऽस्यकस्मात् ? ॥ २८ ॥

प्रभो ! क्या मृत प्राणियोंके विपत्तिपीड़ित बन्धु-बान्धवोंका विलाप आपके हृदय धाममें सहसा पहुँच गया, जिससे आप कठोर होकर भी इतना शीघ्र द्रवित हो गये । ऐसा कैसे

संभव हुआ ? स्थाणुदेव ! आप अकस्मात् रो उठे हैं। यह जिसके प्रभावसे हुआ, उस गति ( शक्ति ) का आप विचार कीजिये ॥ २८ ॥

उन्मील्य नेत्रयुगलं भवता समस्तं
दृष्टं ध्रुवं जगदिदं मृड ! कालनष्टम् ।
तस्माद्भवान् विरत ऐश्वरमात्मधाम
यातो हिमालयमुमेश ! शमाप्तुकामः ॥ २९ ॥

सबको सुख देनेवाले शिव ! निश्चय ही दोनों नेत्र खोलकर आपने समस्त जगत्को कालसे नष्टप्राय देखा है; अतः शवोंको जीवन देनेके उद्योगसे विरत हो गये हैं और उमेश ! शान्ति पानेके लिये अपने ईश्वरीय धाम हिमालय ( कैलास ) की ओर चल दिये हैं ॥ २९ ॥

तत्र स्थितान् प्रियगणान् प्रमथादिकान् स्वान्
त्वत्पादपद्मगतबुद्धिमनोविवेकान् ।
न प्रेक्षते किमु भवान् प्रियलक्ष्यदृष्टौ
हृष्टान् भवंस्त इव लक्ष्यमितः स्वदृष्टौ ॥ ३० ॥

वहाँ पहुँचकर भी आप उन प्रिय पार्षद प्रमथगणोंकी ओर क्यों नहीं देखते हैं, जिनके मन, बुद्धि और विवेक सभी आपके चरणारविन्दोंमें अर्पित हो चुके हैं। वे प्रमथगण अपने प्रिय लक्ष्यभूत आपका दर्शन पाकर फूले नहीं समाते हैं। इधर आप भी उन्हीं पार्षदोंकी ही भाँति अपनी दृष्टिमें लक्ष्यको प्राप्त हो गये हैं अर्थात् स्वरूपचिन्तनके लिये ध्यानस्थ हो बैठे हैं ॥ ३० ॥

सिद्धाऽऽसनं धृतमहो ! भगवंस्त्वया किं
रुद्धानि चेन्द्रियमुखानि समाहितः किम् ? ।
अन्तर्हितानि विहितानि बहिर्मुखानि
किं चिन्तयन्ति परतत्त्वमपीह तानि ? ॥ ३१ ॥

भगवन् ! आश्चर्य है ! आपने क्यों तो सिद्धासन लगा लिया ? क्यों इन्द्रियद्वारोंको अवरुद्ध कर दिया ? क्यों आप समाहित हो गये ? और बहिर्मुख इन्द्रियोंको क्यों आपने अन्तर्मुख कर लिया ! क्या वे इन्द्रियाँ भी यहाँ परमतत्त्वका चिन्तन कर रही हैं ? ॥ ३१ ॥

शान्तोऽभवस्त्वमसि तद्भव ! यः पुराऽभू-
द्विभ्रान्त इत्थमभवोऽपि भवार्थकारी ।
यद् दृश्यसेऽद्य भगवन् ! स्थिरधीर्गुणाढ्यो
यो निर्गुणोऽप्यहह ! शान्तरसावतारी ॥ ३२ ॥

हे भव ! आप परम शान्त हो गये। आप वहीं हैं जो अभव (अजन्मा एवं विश्वातीत) होते हुए भी पहले भव—संसारका कल्याण करनेके लिए इस तरह विभ्रान्त से हो गये थे। भगवन् ! निर्गुण होते हुए भी जो आप आज स्थिर बुद्धिसे युक्त, दया-दाक्षिण्यादि गुणोंसे सम्पन्न तथा शान्तरसके अवतारधारी दिखायी देते हैं। यही महान् आश्चर्यकी बात है ॥३२॥

बुद्धिः स्थिरा क्व नु गतं मन ईश ! तत्ते
लुप्तं समस्तकरणं शरणं श्रितः किम् ? ।
ध्येयाऽऽत्मभूतपरतत्त्वमयस्य विष्णोः
कृष्णस्य साधुशमदस्य जगत्क्षयिष्णो ! ॥ ३३ ॥

ईश ! आपकी बुद्धि स्थिर है, मन न जाने कहाँ गया ! समस्त इन्द्रियाँ लुप्त-सी हो गयीं। संसारके संहारक ! क्या आप ध्येयात्मभूत परतत्त्वमय विष्णुकी, जो साधकजनोंको शान्ति प्रदान करनेवाले श्रीकृष्ण ही हैं, शरणमें चले गये हैं ? ॥ ३३ ॥

तत्ते सुकोमलमनोहरमङ्गमेभि-
र्यल्लिह्यते पशुगणैः प्रियमुग्धदृग्भिः ।
त्यक्त्वा स्वभावमपि यैर्विभुमात्मरूपं
निर्वर्ण्य तादृशमधारि च शान्तरूपम् ॥ ३४ ॥

ये जंगली पशुगण, जिनकी दृष्टि प्रेमसे पूर्ण और मुग्ध है, आपके सुकोमल और मनोहर अङ्गको चाट रहे हैं, इन्होंने आप विभुको आत्मस्वरूपमें देखकर अपने स्वाभाविक चपलतादि दोषोंको त्याग दिया है तथा तदनुरूप शान्तस्वरूप धारण कर लिया है ॥ ३४ ॥

प्राणान् निरुध्य हृदि पूरकरेचकाभ्यां
दूरं गतस्त्वमसि कुम्भकसंस्थितः किम् ? ।
यद्योगिनां गुरुरसि प्रभुरुच्चशक्तिः
स्वामिन्नवन्ध्यमहिमाऽसि बुधाऽऽत्तभक्तिः ॥ ३५ ॥

स्वामिन् ! आप प्राणायामकी पूरक तथा रेचक क्रियाओं द्वारा प्राणोंको हृदयमें रोककर सुदूर जाकर कुम्भकमें स्थित हो गये हैं क्या ? क्यों न हो, आप योगियोंके गुरु, उच्च शक्तिसे सम्पन्न, अमोघ महिमावाले तथा बुधजनोंकी शक्ति के भाजन जो हैं ॥ ३५ ॥

चित्रं न किञ्चिदपि चाऽत्र विमर्शयाम-
स्त्वं स्थाणुरेव यदभूर्गतवान् स्वधाम ।
त्यक्तः समस्तकरणैर्विषयैश्च शम्भो !
तत्स्थाणुनाम कृतवानतिसार्थकं भोः ! ॥ ३६ ॥

शम्भो ! हम इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं मानते हैं; आप अपने धाममें पहुँचकर वास्तवमें स्थाणु ( स्थिर या ठूँठ ) ही हो गये हैं। ध्यानस्थ होनेके कारण संपूर्ण इन्द्रियों और विषयोंसे भी परिव्यक्त हो गये हैं और स्थिरताके कारण अपने 'स्थाणु' इस नामको भी अत्यन्त सार्थक कर दिया है ॥ ३६ ॥

गङ्गा गता जलनिधिं नमितोत्तमाङ्गा
त्यक्त्वा भवन्तमगुणं खलु सा त्रिभङ्गा।
सोमाऽगमत् स्थितिमनाश्व हिमालयाङ्के
या शोभते स्म भगवन् ! भवतः पुराङ्के ॥ ३७ ॥

भगवन् ! आप अगुण ( गुणहीन या निर्गुण ) हैं; इसलिए गङ्गा आपको छोड़कर अपने निवासस्थानभूत आपके उत्तमाङ्ग ( मस्तक ) को प्रणाम करके समुद्रको चली गयी हैं। गुणहीनके पास कौन रहेगी ? वह भी जो त्रिभङ्ग है, जिसकी तरंगोंका लीलाविलास तीन स्थानों—स्वर्ग, भूमि और पातालमें हो रहा हो। जो उमा सदा आपके अग्रभागमें—अङ्कमें सुशोभित होती थीं, वे भी आपको छोड़कर हिमालयकी गोदमें निवास करनेके लिए चली गयी हैं ॥ ३७ ॥

भूता गताः प्रमथकादय आत्मनीनं
तद्धाम कालवनमीश ! कृपाविहीनम्।
शेषोऽप्यशेष इह तं गतवानशेषं
स्थाणो ! भवे किमभवत्तव वस्तु शेषम् ॥ ३८ ॥

आपके पार्षद प्रमथ आदि भूतगुण भी इस स्थितिमें आपको छोड़कर अपने लिए हितावह, कृपाविहीन कालवन ( श्मशान ) में चले गये हैं। शेषनाग भी शेष नहीं रहे, वे अशेष ( पूर्ण स्वरूप नारायण ) के पास गये। स्थाणुदेव ! बताइये तो सही, अब इस संसारमें आपकी अपनी कही जानेवाली कौन-सी वस्तु शेष रह गयी है ? ॥ ३८ ॥

कालो गतो भव ! भवेऽत्र भवन्ननन्तं
स्पृष्ट्वाऽपि नान्तमधिगम्य विना भवन्तम्।
तस्मात् कराल ! कलुषीकृतकालजाल !
चोत्तिष्ठ नाथ ! सुभगीकृतभक्तभाल ! ॥ ३९ ॥

हे भव ! इस संसारमें अनन्त होता हुआ भी काल आपका स्पर्श करके अन्त न पा सका और आपके विना ही चला गया। अतः काल-जालको भी कलुषित कर देनेवाले मेरे विकराल नाथ ! भक्तोंके भालको सौभाग्यशाली बनाते हुए अब समाधिसे शीघ्र उठ जाइये ॥ ३९ ॥

आवेदनं चरणपङ्कजसंश्रिताना-
मस्मादृशामपि विभो ! भवता श्रुतं किम् ?
उन्मीलितं शशिसुधाऽऽश्रितसव्यनेत्रं
यद्दृश्यते परमशान्तिमयं पवित्रम् ॥ ४० ॥

विभो ! आपके चरणारविन्दोंकी शरणमें आये हुए हम जैसे भक्तोंका यह आवेदन आपने सुन लिया क्या ? तभी तो चन्द्रमाकी सुधासे परिपूर्ण अपना बायाँ नेत्र खोल दिया है, जो कि परम शान्तिमय और पवित्र दिखायी देता है ॥ ४० ॥

बालातिबालमधुरप्रियरश्मियुक्तं
तद्दक्षिणं नयनमीश्वर ! किं प्रयुक्तम् ।
कर्तुं किमिच्छसि मनो मम सप्रकाशं
यत् कृष्णतत्त्वमनवाप्य सकृष्णमस्ति ॥ ४१ ॥

किन्तु ईश्वर ! नवोदित, अत्यन्त बाल, मधुर तथा प्रिय रश्मियोंसे युक्त आपका जो दक्षिण-नेत्र ( सूर्यरूप ) है, उसका प्रयोग आपने क्यों किया है ? क्या आप मेरे मनको, जो कृष्णतत्त्वको न पाकर सकृष्ण ( काला या कृष्णचिन्तन-रत ) बना हुआ है, प्रकाशसे परिपूर्ण करना चाहते हैं ? ॥ ४१ ॥

किं वर्ण्यते तव कृपा स्थिरचित्तवृत्ति-
र्वृद्धाऽपि हा ! त्यजति न स्वजनाऽनुरक्ता ।
धन्या हि नोदयति या भवदुःखतोऽपि
त्रस्तान् न ईश ! दयितुश्च भवन्तमद्धा ॥ ४२ ॥

स्थिर चित्त-वृत्तिवाली जो आपकी कृपा है, उसका क्या वर्णन किया जाय ? वह स्वजनमें इतनी अनुरक्त है कि वृद्धा होकर भी आपको छोड़ती नहीं है। धन्यवाद है इस कृपाको, जो संसारके क्लेशसे संत्रस्त हुए हम लोगोंको शान्त रहनेकी प्रेरणा देती है और आपको भी हमारे ऊपर दया करनेके लिए प्रेरित करती रहती है ॥ ४२ ॥

आवर्तितानि भवता पुनरिन्द्रियाणि
किं भो ! भवान् भवमयोऽप्यभवो ह्यभूर्हा ! ।
भक्तान् भजस्व भगवन् ! भवभावरक्तान्
संसारसिन्धुसरणीमनुसृत्य सक्तान् ॥ ४३ ॥

भगवन् ! क्या आपने इन्द्रियोंको पुनः लौटा दिया—अन्तर्मुखसे बहिर्मुख कर दिया ? अहा हा ! क्या आप अभव ( भवरहित ) होकर भी भवभय ( जगन्मय ) हो गये ? तब

समाधिसे उठकर हम भक्तजनों पर दृष्टि डालिए। संसार-सागरकी सरणीका अनुसरण करके जो हम भक्तजन इसीमें आसक्त हो संसार-भावमें अनुरक्त हो गये हैं, उन्हें आप अपनाइये। संसारसे हटाकर अपनी ओर लगाइये ॥ ४३ ॥

व्याधिं तथाऽऽधिमनुभूय धृतः समाधिः
किं चोत्थितोऽसि मृड ! दासमिह प्रशाधि।
कृत्यं किमत्र मम नाथ ! चलेच्च वृत्ति-
र्यस्मिन् कृते तदपि चास्तु परार्थवृत्तिः ॥ ४४ ॥

आपने जगत्के जीवोंमें आधि ( मानसिक रोग ) और व्याधि ( शारीरिक रोग ) का अनुभव करके वैराग्यवश समाधि धारण कर ली थी। अब हमारे सौभाग्यसे आप समाधि छोड़कर उठ बैठे हैं। मृड़ ! अब यहाँ खड़े हुए अपने इस दासको आज्ञा दीजिये नाथ ! मेरा क्या कर्तव्य है, जिसके करनेपर जीवनवृत्ति भी चलती रहे और परोपकारका कार्य भी होता रहे ॥ ४४ ॥

किं पृच्छ्यते ? परिकराः क्व गता मदीयाः
सर्वे गताः प्रियगतावधुनैव ते हा !।
एकोऽहमस्मि भगवच्चरणाऽनुरागी
स्वार्थ्यस्मि किन्तु, न तु संसृतिदुःखभागी ॥ ४५ ॥

प्रभो ! आप क्या पूछते हैं ?—मेरे परिकर कहाँ चले गये हैं ? खेदकी बात है कि वे सब अपने मनको प्रिय लगनेवाली वस्तुओंकी प्राप्तिके लिए इस समय अन्यत्र चले गये हैं। एक मात्र मैं ही आपके चरणारवृन्दोंमें अनुराग रखकर यहाँ उपस्थित हूँ। यद्यपि मैं भी स्वार्थी ही हूँ, तथापि संसार-चक्रके दुःखका भागी नहीं हूँ—सांसारिक विषयोंकी आसक्तिमें नहीं फँसा हूँ ॥ ४५ ॥

क्रुद्धो भवानहह ! रौद्ररसाश्रितः किं
संसार ईक्षणयुगेन विलोकितः किम् ?।
अत्युग्रविग्रहधरो भ्रुकुटीकरालो
व्यालोकितोऽद्य भगवान् ज्वलितोग्रभालः ॥ ४६ ॥

अहा हा ! क्या आप कुपित हो गये ? रौद्ररसका अवलम्बन कर लिया ? क्या आपने रोष भरे युगल नेत्रोंसे संसारको देख लिया ? हमें ऐसी शंका इस लिये हुई कि हमने इस समय आप भगवान् भवको अत्यन्त उग्र विग्रहधारी रूपमें देखा है। आप कुटिल भौंहोंके कारण विकराल तथा प्रज्वलित भीषण भालसे युक्त दिखायी देते हैं ॥ ४६ ॥

शान्तं प्रभोऽस्तु सकलं भवभीतिभाज-
स्तेऽप्याऽऽगताः परिकरा विगताः पुराऽज ! ।
लीलां विधस्व भगवन् ! स्वमनोऽनुकूलां
या नाशयेद्भवनदीमवितर्क्यकूलाम् ॥ ४७ ॥

प्रभो ! आपका यह सारा रौद्रभाव शान्त हो जाय । अज ! जो पहले चले गये थे, आपके वे सारे परिकर भी भवभय-भीत होकर फिर लौट आये हैं । भगवन् ! अब आप अपने मनके अनुकूल लीला कीजिए जो इस भव-नदीका, जिसके दोनों तट तर्क-वितर्कसे परे हैं, नाश कर सके ॥ ४७ ॥

मन्दस्मितेन रुचिरेण मनोहरेण
चाप्लाविताः परिकरा अवलोकितेन ।
भावो विचित्रित इतः सकलाश्च गाव
आवर्तिता भगवता सुखदस्वभावः ! ॥ ४८ ॥

भगवन् ! आपने अपने सुन्दर मनोहर मन्द मुस्कान युक्त अवलोकनकी अमृतधारासे समस्त परिकरोंको आप्लावित कर दिया । अब तो पहलेका सारा भाव ही बदल गया । विचित्र अद्भुत रसमय हो गया । स्वभावसे ही सबको सुख देनेवाले परमेश्वर ? आपने अपनी सम्पूर्ण इन्द्रियोंको भी समाधिसे लौटा लिया ॥ ४८ ॥

देवी शिवाऽङ्कमधिरोहति पूर्णरूपा
पूर्णाऽप्यपूर्णहृदया रमणोत्सुका सा ।
गङ्गा कपर्दमधिगम्य कृताङ्गभङ्गा
स्वस्थानमाश्रितवती सुखकृत्तरङ्गा ॥ ४९ ॥

अब पूर्णरूपसे सुशोभित देवी शिवा भी आपके अङ्गमें आ रही हैं । यद्यपि ये आप्तकामा होनेसे सर्वथा परिपूर्ण हैं, तथापि अपूर्ण हृदया-सी होकर आपके साथ मिलनके लिये उत्सुक हैं । जिनके अङ्गका भंग कर दिया गया है—जो भागीरथी आदिके रूपमें विभक्त हो जानेसे भग्नाङ्ग-सी हो गयी हैं, वे गङ्गा भी सुखदायिनी तरङ्गोंसे सुशोभित हो, आपके जटाजूटमें आकर अपने पूर्वस्थानपर आसीन हो गयी है ॥ ४९ ॥

सर्पोऽप्यशिश्रियदहो ! परितः पदाब्जं
स्पृष्ट्वा प्रदक्षिणमिषेण गलं विषाक्तम् ।
भूताः प्रियाः प्रमथका अपि सूक्ष्मदेहा
विश्वेश ! देहमभितो विलसन्ति गेयाः ॥ ५० ॥

विश्वेश्वर ! सर्प भी परिक्रमाके व्याजसे चारो ओरसे आपके चरणारविन्दोंका स्पर्श करके आपके विष चिह्नित कण्ठका आश्रय ले चुका है। आपके प्रिय भूत और प्रमथगण भी सूक्ष्मशरीरसे युक्त हो, प्रभुके श्रीविग्रहके सब ओर सुशोभित हो रहे हैं। वे सबके सब गेय ही गेय हैं—आपके सहवाससे उनका भी यशोगान हो रहा है ॥ ५० ॥

काले गतेऽपरिमते भगवन्तमित्थं
दृष्ट्वा समाधिविरतं श्रितपूर्वरूपम् ।
सर्वे मुदा मुमुदिरे परतत्त्वलब्धौ
हृष्यन्ति के न भगवन् ! सुकृते कृतेऽपि ॥ ५१ ॥

भगवन् ! अपरिमित काल व्यतीत हो जानेपर आप भगवान्को इस प्रकार समाधिसे विरत और अपने पूर्वमें स्थित देखकर समस्त परिकर आनन्दमग्न हो रहे है। क्यों न हो, परमतत्त्वकी उपलब्धि होनेपर तथा पुण्य-कर्मका सम्पादन कर लेनेपर किनको हर्ष नहीं होता है ॥ ५१ ॥

वामाङ्कगा गिरिसुताऽऽश्रितवामकामा
रामाऽभिरामरमणाश्रयमाप्तुकामा ।
त्वां वीक्षते सततलुब्धकटाक्षपातै-
रङ्गैः स्पृशन्त्यविकलं स्मरसंनिखातैः ॥ ५२ ॥

गिरिराजनन्दिनी उमा आपके वामाङ्गमें विराजनेवाली रमणीय रमणीशिरोमणि हैं और आप जैसे मनोऽभिराम रमणका आश्रय पाना चाहती हैं। इन्होंने वाम ( वक्र ) गतिवाले कामभावका अवलम्बन किया है और निरन्तर लुब्धकटाक्ष पातके साथ ये आपकी ओर देखती रहती हैं। इतना ही नहीं, जिनमें कामदेवके बाण गड़े हुए हैं, ऐसे अपने कोमल अङ्गोंद्वारा अविकल भावसे—अथवा कभी विकल न होनेवाले- आपका स्पर्श करती रहती हैं ॥ ५२ ॥

सव्येतरं भुजगभूषणमुच्चबाहुं
ह्युत्थाप्य मुग्धमनसा भवता कृतं किम् ? ।
क्षिप्तः स चाऽद्रितनयासुकुमारकण्ठ
आ ! नीलकण्ठ ! गतलज्ज इवाऽभवस्त्वम् ॥ ५३ ॥

नीलकण्ठ ! मुग्धाचित्त होकर आपने अपनी भुजङ्गभूषित दाहिनी भुजा उठाकर यह क्या किया ? गिरिराजनन्दिनीके सुकुमार कण्ठमें अपनी बाँह डाल दी—भरो सभामें उन्हें गलेसे लगा बैठे ! आह ! आप तो इस समय लज्जाहीनसे हो गये ॥ ५३ ॥

यद्वा भवान् विगतकाममदाऽभिमानः
कुर्यादहो तदपि चाश्रितमीक्षमाणः ।
भक्तान् भजन्ननुसरन्ननुगान् महेश !
कां हानिमेति भवतः खलु तन्महत्त्वम् ॥ ५४ ॥

अथवा आप तो काम, मद और अभिमानसे रहित हैं ! अहो ! आप जो कुछ भी करते हैं या करेंगे, वह अपने आश्रयमें रहनेवाले भक्त या सेवक ( की रुचि ) को देखकर ही । महेश ! आप जो भक्तोंको भजते और अनुगामियोंका अनुसरण करते हैं, इससे क्या हानि उठाते ? विचार किया जाय तो निश्चय यही आपकी महत्ता है ॥ ५४ ॥

भूपेन्द्रजन्हुतनयापरिलक्षितस्त्वं
राजेन्द्रचन्द्रकलया विकलीकृतस्त्वम् ।
शैलेन्द्रजानयनवेधितहृद्विभुस्त्वं
यद् यत् समिच्छसि कुरुष्व परार्थगस्त्वम् ॥ ५५ ॥

राजेन्द्रजह्नुकी पुत्री गङ्गादेवीने आपको अपने कटाक्षपातका लक्ष्य बनाया है, द्विजराजेन्द्र-चन्द्रमाकी मोहिनी कलाने आपको विकल कर दिया है तथा गिरिराजनन्दिनी उमाके नयनवाणसे भी आपका हृदय बिंधा हुआ है । इसके सिवा आप परमार्थतत्त्व ( श्रीकृष्ण ) में भी रम रहे हैं । इतनेपर भी आप व्यापकरूपसे सबके हृदयाकाशमें वास करते हैं । आप सर्वसमर्थ हैं, अतः जो-जो चाहिये, वह सब कीजिये ॥ ५५ ॥

उन्नामितं मुखसरोजमहो ! प्रियायाः
सूर्याऽऽश्रितेन नयनेन भुजेन चैव ।
गन्धं क्षिताविव भवान् निदधे मुखेऽस्याः
किं भो ! रसं रसनया विरसोऽपि देव ! ॥ ५६ ॥

सबके प्रारब्धस्वरूप देवता ! ( आप यह क्या करने लगे ? ) अहो आपने सूर्यके निवासभूत अपने दक्षिण नेत्र तथा दाहिने हाथसे प्रिया गौरीके मुखारविन्दको ऊपर उठा दिया और विरस ( रसनासे विरक्त ) हुए भी आपने अपनी रसना प्रियाके मुखारविन्दमें, पृथ्वीमें गन्धकी भाँति, अमृतरस उड़ेल दिया ॥ ५६ ॥

एतावतैव भगवन् ! भवता प्रियाया-
श्चित्तं स्थिरीकृतमहो ! दृढकामवृत्ति ।
संकल्पसिद्धगतयः प्रभवो भवन्ति
कुर्वन्ति ये स्वजनकामुकतानिवृत्तिम् ॥ ५७ ॥

भगवन् ! इतने ही मात्रसे आपने प्रियाके सुदृढ़ कामवृत्ति वाले चित्तको सुस्थिर कर दिया। यह अद्भुत बात है। सच है प्रभु ( ईश्वर ) संकल्प सिद्ध गतिवाले होते हैं; वे अपने स्वजनोंके कामुक भावको संकल्प मात्रसे निवृत्त कर देते हैं ॥ ५७ ॥

सिद्धाः सुरेश्वरमुखा मुनिपुङ्गवाश्च
देवर्षयश्च धनपश्च सखा गणाश्च ।
द्रष्टुं पदाब्जयुगलं श्रितशान्तरूपं
तेऽभ्यागता विदिततत्त्व ! निभालय त्वम् ॥ ५८ ॥

तत्त्वज्ञ ! आपने ( समाधिसे विरत हो ) पुनः अपने शान्त स्वरूपका आश्रय लिया है, यह जान कर सिद्ध गण, देवेश्वर आदि देवगण, मुनिवर गण, देवर्षि समुदाय, सखा धनपति-कुवेर तथा सभी गण देवता आपके युगल चरणारविन्दोंका दर्शन करनेके लिये यहाँ पधारे हैं; आप इन सबकी ओर दृष्टिपात कीजिये ॥ ५८ ॥

देवी शिवा धृतकराम्बुजपद्मपत्रा
त्वां प्रेष्ठदं कृतवती परिवीजयन्ती ।
दर्भासनानि च जयाविजये वयस्ये
चास्तीर्य रेजतुरहो ! त्वयि बद्धलक्ष्ये ॥ ५९ ॥

देवी शिवा अपने कर-कमलोंमें पुरइन के पत्ते लेकर आपको पंखा झल रही हैं; इस सेवाके द्वारा इन्होंने आपको परम प्रिय पदार्थ भी देनेके लिये उद्यत बना दिया है। उधर इनकी दोनों सखियाँ जया और विजया बहुतसे कुशासन सब ओर बिछाकर आपकी ओर दृष्टि लगाये खड़ी शोभा पाती हैं ॥ ५९ ॥

स्निग्धाञ्जनाभविलसद्दलशोभितेषु
निर्नीडशून्यविहगेषु शमाश्रयेषु ।
विश्रम्यते भगवता मणिकुट्टिमेषु
न्यग्रोधपादपतलेषु सुखासनेषु ॥ ६० ॥

भगवन् ! चिकने काजलके समान काली आभासे विलसित पत्तोंसे-जिनकी बड़ी शोभा हो रही है, जहाँ न कोई घोंसला है, न पक्षी, जहाँ शान्तिका साम्राज्य छा रहा है, जिनकी भूमि ( फर्श ) मणि-रत्नोंसे बंधी है तथा जहाँ सुखद आसन बिछे हैं; बरगदके नीचेके उन सुन्दर स्थानोंमें आप विश्राम कर रहे हैं ॥ ६० ॥

स्पृष्ट्वा क्षितिं मुकुटकोटिभिरङ्घ्रियुग्मं
ध्यायन्त आत्मगतमव्ययमेकतत्त्वम् ।
सर्वेऽप्यमी मुनिगणाः प्रणमन्ति हन्त !
सेन्द्राः सुरा विशदबोधपवित्रितान्तः ! ॥ ६१ ॥

विशद्बोधसे पवित्र अन्तःकरणवाले शिव ! यह हर्षकी बात है कि ये सभी मुनिगण तथा इन्द्र आदि देवता अपने हृदयगत अविनाशी एक तत्त्वरूप आपका ध्यान करते हुए, मुकुटके युगल चरणारविन्दोंको प्रणाम कर रहे हैं ॥ ६१ ॥

शान्तेन भावमधुरेण निरीक्षितेन
मन्दस्मितेन रुचिरेण सुभाषितेन ।
संवृद्धया च कृपया भवता परात्मन् !
आप्लाविता अहह ! ते सुखिनो विभान्ति ॥ ६२ ॥

अहा ! परात्मन् ! आपने अपने शान्तिमय, भाव-मधुर अवलोकनसे, मंद-मंद मुस्कानसे, परम मनोहर वार्तालापसे तथा उस बढ़ी हुई कृपाकी धारासे उन सब देवता-मुनि आदिको आप्लावित ( आनन्दमग्न ) कर दिया है । अब वे सुखी दिखायी देते हैं ॥ ६२ ॥

देवर्षिनारदमुखा भगवन्तमित्थं
चोपासते हृदयगह्वरगं समक्षम् ।
दैवादुपेतमधुना चरणद्वयं ते
ध्यायन्त्यहो ! रुचिरचित्रगता इवैते ॥ ६३ ॥

देवर्षि नारद आदि मुनीश्वरगण हृदय-गुफामें विराजमान आप भगवान्का इस प्रकार प्रत्यक्ष देखकर उपासना करते हैं । अहो ! दैववश प्राप्त हुए आपके युगल चरणारविन्दोंका ये सुन्दर चित्रमें अङ्कित मनुष्योंकी भाँति निष्कम्प रह कर ध्यान करते हैं ६३ ॥

श्वेताऽभ्रकान्तिनिवहेन मनोहरेण
स्वाङ्गेन कोमलतरेण शुचिस्मितेन ।
चित्तं हरन् हर ! हरिष्यसि किल्विषञ्च
तत्ते महत्वमघहन् ! दययाभिषिञ्च ॥ ६४ ॥

हे पाप-तापहारी हर ! श्वेत बादलोंके समान अपने शुभ्रकान्तिपुञ्जसे, मनोहर-सुन्दर एवं कोमलतर अङ्गसे तथा पवित्र मन्दहाससे मेरे चित्तको हरण करते हुए मेरे सारे पापोंको भी हर लीजियेगा । अघहारी हर ! यही आपका महत्त्व है । अब मुझे अपनी दयाकी सुधाधारासे सींचिये ॥ ६४ ॥

मालां निधाय हरिनाममयीं प्रकोष्ठे
मुद्रां विधाय दृढबोधवतीं सदोष्ठे।
मन्दस्मितं विपुलयन् करुणार्द्रदृष्ट्या
आः! त्वं करोषि किमुमेश! सुधाभिवृष्ट्या ॥ ६५ ॥

आः! उमाकान्त! आप अपनी कलाईमें श्रीकृष्णनाममयी माला डाल कर और सुन्दर ओष्ठपुटमें सुदृढ बोधवती मुद्राकी रचना करके सुधाकी वृष्टि करनेवाली करुणार्द्रं दृष्टिसे मन्दहासको विपुल बनाते हुए क्या कर रहे हैं? ॥ ६५ ॥

सव्येतरोरुनिलये पदमब्जतुल्यं
सव्यं निधाय विधिवद्धृतमासनं किम्?।
ज्ञातं प्रभो! वितरसीह सुरर्षये त्वं
ज्ञानं समाधिमधिरुह्य समर्जितं स्वम् ॥ ६६ ॥

प्रभो! आपने अपनी दाहिनी जाँघपर बायें पादारविन्दको स्थापित करके क्यों विधिवत् आसन लगा लिया? हां! अब समझमें आया। आपने समाधिमें अधिरूढ होकर जिस आत्मज्ञानको सम्यग् रूपसे अर्जन किया है, उसका देवर्षि नादरको वितरण करना चाहते हैं ॥ ६६ ॥

सर्वे वयं परिकराः परितो भवन्त
सन्तं श्रिता गिरिश! तच्छ्रवणोत्सुकाः स्मः।
मुख्योऽस्तु नारदमुनिस्तु गुरुश्च वक्ता
यद्व्याहरिष्यति भवाञ्छृणुमो वयं तत् ॥ ६७ ॥

भगवन्! हम आपके समस्त परिवार भी आप सन्त-शिरोमणिको चारों ओरसे घेरकर उस ज्ञानोपदेशको सुननेके लिये उत्सुक होकर बैठे हैं। मुख्य श्रोता नारदमुनि ही रहें। आप-जैसे अनुपम गुरुदेव वक्ता हों। आप अपने श्रीमुखसे जो-जो उपदेश देंगे वह हम सब लोग सादर सुनेंगे ॥ ६७ ॥

स्थाने प्रहृष्यति जगद्भवतो मुखाब्जा-
च्छ्रुत्वा परात्मगततत्त्वमुमेश! यस्मात्।
सिन्धुं तरिष्यति विपद्ग्रथिताऽन्तरङ्गं
दुर्वारकामकवलीकृतचित्तरङ्गम् ॥ ६८ ॥

उमावल्लभ! आपके मुखारविन्दसे परमात्मतत्त्वका उपदेश सुनकर सारा जगत् आनन्दित होगा, यह उचित ही है। क्योंकि उस उपदेशको सुनकर हमारा विपत्तिग्रस्त अन्तः-

करण, जिसके चित्तकी रङ्गभूमिको दुर्जय कामने अपना ग्रास बना लिया है; भवसागरको अनायास तर जायगा ॥ ६८ ॥

हा हा ! हताः स्म भगवन् ! त्रिगुणात्मिका या
माया विनर्तयति नित्यमदृश्यकाया ।
तां नाशय त्वरितमद्य विभोः समक्षं
सा का प्रभो ! प्रभवतीह विकर्षितुं नः ? ॥ ६९ ॥

हाय ! हाय ! भगवन् ! हम तो बे-मौत मारे गये । जिसका रूप कभी दिखायी नहीं देता तथा जो त्रिगुणमयी है; वह माया हमको नित्य नचा रही है । उसको तुरन्त नष्ट कर दीजिये । वह प्रभुके समक्ष यह धृष्टता कर रही है । प्रभो ! वह कौन होती है जो हमें आपके सामने से खींच ले जा सके ॥ ६९ ॥

सान्निध्यमाप्य सकलाः स्थितयो वयश्च
जाताः स्थिरा अविकला विकला धृतिश्च ।
बुद्धिश्च नाथ ! भवगाभवगाद्य जाता
शान्तं समस्तकरणं करणं च जातम् ॥ ७० ॥

नाथ ! आपका सामीप्य पाकर सारी विशृङ्खल अवस्थाएँ सुधर गयीं—स्थिर हो गयीं । हम भी सुस्थिर हो गये । हमारी विकल धृति भी अविकल (शान्त) हो गयी । बुद्धि भी पहले भवगा थी—संसारमें लगी थी, अब भव अर्थात् आप भगवान् शिवमें लग गयी अथवा अब अभवगा—मोक्षगामिनी हो गयी । समस्त इन्द्रियाँ शान्त एवं साधन समर्थ हो गयीं ॥७०॥

जिज्ञासवस्तव पदाब्जगतं रहस्यं
त्वामाश्रिता वयमिह प्रियभक्तवश्यम् ।
शान्ता दृढं ह्यवहिताश्च पदाब्जरक्ता-
श्चोद्घाट्य तत्त्वमनुशिक्षय नः स्वभक्तान् ॥ ७१ ॥

प्रभो ! हम आपके चरणारविन्दगत रहस्यको जानना चाहते हैं, आप अपने प्रिय भक्तोंके अधीन रहते हैं; अतः हम यहाँ आपकी ही शरणमें आये हैं । अच्छी तरह शान्त और सावधान हैं और आपके चरणानुरागी भक्त हैं; आप हमें परमार्थतत्त्वका रहस्य खोल कर बतावें और तदनुरूप शिक्षा-दीक्षा दें ॥ ७१ ॥

साध्यप्रियाः ! शृणुत तत्परमात्मतत्त्वं
चास्त्यत्र सर्वगतमव्ययमेकरूपम् ।
दृश्यं च तद्भवति शान्तपदार्थवृत्ति
चित्तं यदा भवति हीनजगत्प्रवृत्ति ॥ ७२ ॥

[ भक्त कविकी यह प्रार्थना स्वीकार करके भगवान् शङ्कर उपदेश देते हैं—] सबके साध्य श्रीकृष्णतत्त्वसे प्रेम रखनेवाले श्रोताओं सुनो ! वह परमात्मतत्त्व यहाँ सर्वत्र व्यापक, अविनाशी और एकरूप है। वह दृश्य तभी होता है, जब चित्त जागतिक पदार्थोंकी प्रवृत्तियोंसे दूर रह कर शान्त पदार्थ-स्वरूपपर मात्मामें लग जाता है ॥ ७२ ॥

तद्ब्रह्म सन्ततमनन्तममूर्तमेकं
पश्यन्ति शान्तहृदयेन बुधा अनेकम् ।
बह्वाऽऽश्रयं विविधसाधनगम्यभूतं
जानीत विश्वमयमत्र सुरा ! अभूतम् ॥ ७३ ॥

वह ब्रह्म सर्वत्र व्याप्त, अनन्त, अमूर्त और एक ( अद्वितीय ) है। विद्वान् पुरुष शान्त चित्तसे उस ब्रह्मका अनेक रूपोंमें साक्षात्कार करते हैं। वह बहुसंख्यक दृश्य पदार्थोंका आश्रय है। विविध साधनोंसे उसका अनुगम होता है ! देवताओं ! उस विश्वरूप ब्रह्मको अभूत ( पंचभूतोंसे अतीत ) जानो ॥ ७३ ॥

लीलार्थमेव तदमूर्तमपीह मूर्तं
भूत्वा जगद्विसृजते निगमांश्च शक्त्या ।
रूपं च नाम विविधं परिगृह्य चास्मिन्
नाना विभाति परिपाति गृणीत भक्त्या ॥ ७४ ॥

वह अमूर्त होकर भी वहाँ लीला-रसका विस्तार करनेके लिये ही मूर्त बन जाता है और अपनी शक्ति ( योगमाया ) द्वारा जगतकी सृष्टि करता है। वही जगत्कर्ता ब्रह्माको वेदोंका उपदेश देता है। वही इस संसारमें विविध नामरूप धारण करके अनेक-सा प्रतीत होता है और वही विश्वका पालन करता है। तुम लोग भक्तिभावसे उसका गुणगान करते रहो ॥ ७४ ॥

तन्निर्गुणं ह्यपि गुणी भवतीह वेत्ता
दुष्टान् हरञ्छ्रुतिसतां भवभीतिभेत्ता ।
तस्याऽवतार इति कथ्यत एव यत्र
तत् कृष्ण एव समभूत्, स च यत्र तत्र ॥ ७५ ॥

वह निर्गुण होकर भी यहाँ सगुण-सा हो जाता है। उसे सर्वज्ञ कहा गया है। सगुण रूपमें आने पर वह दुष्टोंका संहार, वेदों और सन्तोंका उद्धार, तथा भक्तजनोंके भव-भयका निवारण करनेवाला होता है। उसीको उसका अवतार कहा जाता है। जहाँ कहीं भी अवतार होता है, वहाँ श्रीकृष्ण-संज्ञक परमात्मा ही प्रकट हुआ है। वह श्रीकृष्ण भी यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक है ॥ ७५ ॥

जानीत भो ! हृदयगं सततं ततं तं
व्यस्तं समस्तमपि चात्तजगत्समस्तम् ।
नानात्वभेदजननीमनणीयसीं तां
मायां विनोदयति सैष विभुर्दुरन्ताम् ॥ ७६ ॥

श्रोताओं ! उस श्रीकृष्ण नामक परब्रह्मको सबके हृदयमें रहनेवाला अन्तर्यामी आत्मा जानो । वह सदा और सर्वत्र फैला हुआ है । व्यष्टि और समष्टिरूप जगत् भी उससे भिन्न नहीं है । वही कालरूपसे समस्त जगत्को अपना ग्रास बना लेता है । वही ये भगवान् श्रीकृष्ण हैं, जो नानात्वभेदकी सृष्टि करनेवाली अपनी दुरन्त महीयसी मायाका मनोरंजन करते हैं ॥ ७६ ॥

साक्षी समस्तजगतां जगतश्च भेत्ता
कूटस्थ आद्यपुरुषोऽखिलतत्त्ववेत्ता ।
साक्षात् स एव नटवद्बहुधा विभाति
विश्वं विवर्तयति नृत्यति माति भाति ॥ ७७ ॥

वे श्रीकृष्ण समस्त जगत्के साक्षी हैं । संसारके संहारक भी वे ही हैं । वे कूटस्थ-आदि पुरुष तथा सम्पूर्ण तत्त्वोंके ज्ञाता हैं । साक्षात् वे श्रीकृष्ण ही नटकी भांति अनेक नाम-रूप धारण करके सुशोभित होते हैं । वे अपने आपमें ही इस विश्वको विवर्तित करते, नाचते नाचते इसके अन्तर्गत रहते तथा इससे परे भी प्रकाशित होते हैं ॥ ७७ ॥

तेनेश्वरेण सततं नियमैरभेद्यै-
र्नस्योतगाव इव बद्धहृदोऽस्मदाद्याः ।
लोके भ्रमाम इतरेतरबद्धमूला
मोहात्मकाः स्वकृतकर्मनिखातशूलाः ॥ ७८ ॥

जैसे बैलोंकी नाक नथी होती है, उसी प्रकार हम लोगोंका हृदय सदा उन परमेश्वरके बनाये अभेद्य नियमोंसे बँधा रहता है । हम परस्पर द्रोह, मोह आदिसे बद्धमूल हुए मोहमग्न हो, अपने द्वारा किये गये कर्मरूपी शूलको अपने आपमें चुभोते हैं और संसारमें भटकते रहते हैं ॥ ७८ ॥

यत्तेजसा तपति नित्यमहस्करोऽसौ
विश्वं प्रकाशयत इन्धनभुक्शशी च ।
काले जगत् कवलयत्यसमः स कालः
कुर्मो वयं विहितकर्म स कालकालः ॥ ७९ ॥

जिनके तेजसे तेजस्वी हो, वे सूर्यदेव नित्य तपते हैं और अग्नि तथा चन्द्रदेव जिनके तेजसे ही विश्वको प्रकाशित करते हैं, वे ही परमात्मा अनुपम कालरूप हो, संहार के समय सम्पूर्ण जगतको अपना ग्रास बना लेते हैं। हम लोग उन्हीं की दी हुई शक्ति से शास्त्र-विहित कर्मोंका सम्पादान करते हैं। वे भगवान् कालके भी काल हैं ॥ ७९ ॥

तस्मात्तमेव भजताव्ययमात्मनीनं
ह्याब्रह्मकीटभवविश्वविधौ विलीनम् ।
शान्तिप्रदं निखिलजीवनिकायभूतं
सूक्ष्मातिसूक्ष्ममपि लक्ष्यगतं महान्तम् ॥ ८० ॥

इस लिये तुम लोग उन्हीं परमेश्वरको भजो। वे निर्विकार रहते हुए हमारे अपने हितैषी हैं। ब्रह्मासे लेकर कीट पर्यन्त समस्त विश्वकी सृष्टिमें मिले हुये हैं। सबको शान्ति देनेवाले हैं। समस्त जीव समुदाय उन्हींका स्वरूप-अंशविशेष है। वे सूक्ष्मसे भी अत्यन्त सूक्ष्म तथा महान् हैं। तथापि भक्तजनोंको प्रत्यक्ष दर्शन देते हैं ॥ ८० ॥

तत् कृष्णमेनमधिगन्तुमतोऽत्र वत्सा !
यत्नं दृढं कुरुत सर्वगतो हि योऽसौ ।
मार्गाश्च सन्ति विविधाः सुगमास्तमेव
ये प्रापयन्ति पथिकान् दृढबद्धलक्ष्यान् ॥ ८१ ॥

अतः बच्चों ! इन परमात्मा श्रीकृष्णको प्राप्त करनेके लिए यहाँ सुदृढ़ प्रयत्न करो। क्योंकि वे सबमें हैं, सर्वत्र हैं। उनके पानेके लिए नाना प्रकारके बहुतसे सुगम मार्ग हैं, जो दृढ़ लक्ष्य रखनेवाले पथिकोंको उनके पास पहुँचा देते हैं ॥ ८१ ॥

तत्प्रापकाणि कृतकर्मनिकृन्तनानि
शास्त्राणि चेह विलसन्ति मनोहराणि ।
दिव्याः कलाश्च सकला गुणतन्त्रमन्त्रा-
स्तत्प्रापकाः परिलसन्ति भजन्ति धन्यान् ॥ ८२ ॥

उनकी प्राप्ति करानेवाले यहाँ बहुत-से मनोहर शास्त्र शोभा पाते हैं, जो किये गये कर्मोंका ज्ञान द्वारा उच्छेद कर देनेवाले हैं। इसके अतिरिक्त भगवत्प्राप्ति करानेवाली बहुत सी दिव्य कलायें हैं। समस्त गुण, तन्त्र और मन्त्र हैं। जो सब ओर सुशोभित होते हैं। वे सब साधन पुण्यात्मा पुरुषोंको ही प्राप्त होते हैं ॥ ८२ ॥

ज्ञानं क्रियागतमनेकविधं स्वकर्म
योगश्च जीवपरमात्ममयो विवेकः ।
तं कृष्णमेव बहुधा परिभूषयन्ति
भक्तान् स्वकर्मकुशलांल्लघु निर्दिशन्ति ॥ ८३ ॥

ज्ञानकाण्डगत ज्ञान और कर्मकाण्डगत नाना प्रकारका अपना वर्णाश्रमोचित कर्म, योग तथा जीवात्मा और परमात्माका विवेक—ये बहुत-से साधन श्रीकृष्णको ही विभूषित करते ( प्राप्त होते ) हैं। अपने-अपने कर्ममें कुशल भक्त साधकोंको वे सब साधन शीघ्र ही उस तत्त्वका निर्देश कर देते ( बोध करा देते ) हैं ॥ ८३ ॥

अत्राऽपि भो ! शृणुत कृष्णचरित्रमेव
त्रैविध्यतापमपहर्तुमलं महिम्ना ।
तं ध्यायताद्य विभुमेव परात्मरूपं
ब्रह्मैव जातमिह शान्तिदकृष्णनाम्ना ॥ ८४ ॥

हे भक्त जनो ! सुनो—इन साधनोंके होते हुए भी श्रीकृष्ण चरित्रका अनुशीलन ही एक ऐसा साधन है, जो अपनी महिमासे आध्यात्मिक, आधिदैविक तथा आधिभौतिक तीनों तापोंको हर लेनेमें समर्थ हैं। उन परमात्मस्वरूप सर्वव्यापी भगवान्का ही अब तुम लोग भजन-ध्यान करो। परब्रह्म परमात्मा ही यहाँ शान्तिप्रद श्रीकृष्ण नामसे प्रकट हुआ है ॥ ८४ ॥

आत्मा स एव भवतां हृदि भासते यो
द्रष्टव्य आत्मनि धृतैश्चरितैः श्रुतैस्तैः ।
मन्तव्य इत्थमसकृत् स पुनश्च चिन्त्यः
श्वासं नियम्य हृदि भो ! सुकरोऽस्त्युपायः ॥ ८५ ॥

वही तुम्हारा आतमदेव है, जो सबकी हृदय-गुफामें नित्य प्रकाशमान है। उसीका तुम्हें अपने हृदयमें साक्षात्कार करना चाहिये। किस प्रकार सो सुनो ! उसके लीला-चरित्रोंको हृदयमें धारण करो, श्रवण करो इस प्रकार निरन्तर मनन करो। फिर श्वासका नियमन ( प्राणायाम ) करते हुए अपने चित्तमें निरन्तर उसका चिन्तन करो। भाई ! उसको पानेका यही सुकट उपाय है ॥ ८५ ॥

यद्वा तमाप्तुमनसो यदि यूयमद्धा,
शीघ्रं व्रजं व्रजत बालविहारभूमिम् ।
यत्रेश्वरेण परिपालयता त्रिलोकीं
लीलाकृताऽमृतमयी सह भक्तबालैः ॥ ८६ ॥

अथवा ( यह भी संभव न होने पर ) यदि तुम्हारे मनमें भगवान्को पानेका पक्का निश्चय हो तो शीघ्र ही उनकी बाललीलाकी विहार-भूमि उस व्रज ( गोकुल आदि ) में चले जाओ, जहाँ त्रिलोकीका पालन करनेवाले उन परमात्माने अपने भक्त बालकों ( ग्वालबालों ) के साथ अमृतमयी लीला की है ॥ ८६ ॥

तत्रत्यवस्तु सकलं परितो विभाति
सानन्दसत्यममलं कृतदिव्यलीलम् ।
गत्वा तदत्र परिपश्यत तत्त्वमेकं
दृश्येत यद्यपि तु नैकविधं सदेकम् ॥ ८७ ॥

'वहाँ की सारी वस्तुएँ सब ओरसे निर्मल, सत्य, आनन्दमय और दिव्यलीला-तत्पर प्रतीत होती हैं। अतः वहाँ पहुँचकर तुम उस एकमात्र—अद्वितीय तत्त्वका साक्षात्कार करो। यद्यपि वह एक ही है तथापि अनेक-जैसा दिखायी देता है' ॥ ८७ ॥

पश्चात्तदेकमनसो मथुरां प्रविश्य
लीलां विलोकयत तेन कृतां विविच्य ।
भक्तान् कथं स परिपालयति स्म रक्तः
क्रूरान् विनाश्य सुरसाधुसुधीषु सक्तः ॥ ८८ ॥

'तत्पश्चात् एकमात्र उसीमें मन लगाकर मथुरापुरीमें प्रवेश करो और वहाँ उस ब्रह्म द्वारा की गयी लीलाका अवलोकन करो। साथ ही मनमें यह विचार करते रहो कि यह लीला साक्षात् भगवान्‌की की हुई है। वहां तुम देखोगे कि वह भगवान् किस प्रकार देवता, साधु और सुधीजनोंके प्रति आसक्त रहकर दुष्ट, क्रूर, असुरोंका नाश करके भक्तजनोंका पालन करता है'॥८८॥

त्यक्त्वा ततो मधुपुरीं गतवान् यदा स
तां द्वारकां विशदसद्मवतीं मनोज्ञाम् ।
तिष्ठंश्च तत्र पृथिवीं बहुभारभीतां
योऽत्राऽकरोद्विगतभारवतीं समृद्धाम् ॥ ८९ ॥

'सज्जनो ! तदनन्तर मथुरापुरीको छोड़कर जब वे भगवन् उज्ज्वल भवनोंसे भरी मनोहर द्वारकापुरीको गये तब वहाँ रहते हुए उन्होंने विपुल भारसे भयभीत हुई पृथ्वीको भारविहीन एवं समृद्धिशालिनी बना दिया' ॥ ८९ ॥

द्वावेव तस्य भुवनाधिपतेः प्रियार्हौ
पार्थोद्धवौ विगतमोहमदौ सुशिष्यौ ।
एकः प्रवृत्तिपथगो भवभारहारी
चान्यो निवृत्तिपरको नियमाऽनुसारी ॥ ९० ॥

'प्रिय जनो ! समस्त भुवनोंके स्वामी उन भगवान्‌के दो ही प्रीतिपात्र उत्तम शिष्य हुए हैं। उन दोनोंके ही मोह और मद दूर हो गये थे। वे दोनों हैं—कुन्ती-पुत्र अर्जुन और

उद्धव। इनमें से एक ( अर्जुन ) तो प्रवृत्तिमार्गका पथिक ( कर्मयोगी ) होकर भवभारहरणके कार्यमें संलग्न हुआ और दूसरा निवृत्तमार्गमें रहकर नियमोंके अनुसरणमें लगा रहा' ॥९०॥

तज्जीवनं कथमभूत् सफलौ कथं तौ
स्यातां तदेव सकलं तु विभावयेत ।
आश्रित्य तत्सुसृतिमेकतमां समर्हां
यूयं गमिष्यथ ततः स्थितिमेकतार्हाम् ॥ ९१ ॥

'उन दोनोंका जीवन कैसा था, वे दोनों कैसे सफल हो सके—इन सब बातोंपर विचार करो। उन दोनोंमें-से एकके भी समुचित मार्गका आश्रय लेकर तुम सब लोग श्रीकृष्णके साथ एकत्व ( तादात्म्य ) की स्थिति प्राप्त कर लोगे' ॥ ९१ ॥

तद्गच्छताऽव्ययममोघमलौकिकं तत्
स्थानं स्वभक्तपरिपोषणहेतुभूतम् ।
लीलां विलोक्य रुचिरां स्वमनोऽनुकूलां
तं स्थापयेत हृदि लप्स्यथ तत्र तत्ताम् ॥ ९२ ॥

'अतः तुम सबलोग उस अविनाशी, अलौकिक एवं अमोघ पुण्यस्थानको अपने भक्तोंके पोषणका हेतुभूत है, अवश्य जाओ। वहाँ अपने मनके अनुकूल भगवान्की रुचिर लीलाओं को देखकर उन भगवान्को अपने हृदयमें स्थापित कर लो। ऐसा करके तुमलोग उन भगवान् श्रीकृष्णमें तादात्म्यभावको प्राप्त कर लोगे' ॥ ९२ ॥

भक्त्या परात्मगतभावमयेन धाम्ना
वृद्धाऽऽदरेण गुरुणा च महामहिम्ना ।
त्वत्पादपद्मयुगलं प्रणमन्ति पश्य !
देवर्षयः क्षितिगताः प्रियभक्तवश्य ! ॥ ९३ ॥

'प्रिय भक्तजनोंके वशमें रहनेवाले महेश्वर ! देखिये, ये देवर्षिगण धरतीपर माथा टेककर आपको प्रणाम करते हैं। आपके प्रति बढ़े हुए आदर भावसे, भक्तिसे, परमात्मगत-भावसे तथा तेजसे ये सब लोग आपके युगल चरणारविन्दोंमें शीश झुकाते हैं ॥ ९३ ॥

सर्वेऽप्यमी मुनिगणाः सुरसिद्धसङ्घा
उत्थाय शान्तममलं च शनैः शनैस्त्वाम् ।
स्वामिन् ! प्रदक्षिणमिषेण परिभ्रमन्तः
कुर्वन्ति हृद्गतमहो ! नयनैः पिबन्तः ॥ ९४ ॥

'स्वामिन् ! ये सभी मुनिगण, देवता तथा सिद्धोंके समुदाय उठकर परिक्रमाके बहाने धीरे-धीरे शान्त एवं निर्मल स्वरूप आपके चारो ओर घूमते हैं और आपको अपने हृदय-मन्दिरमें विराजमान करते हैं। अहो ! ये ऐसे प्रेमसे निहारते हैं, मानों दोनों आँखों आपको पी लेंगे ॥ ९४ ॥

बद्धाञ्जलिं विगतमोहमदाभिमाना—
स्त्वत्पादपद्मगतयो हृदि चैकतानाः ।
लीलां विलोकयितुमीश्वर ! कृष्णकामाः
सर्वे गता व्रजमितः परिपूर्णकामाः ॥ ९५ ॥

'ईश्वर ! ये हाथ जोड़कर चल दिये। इनके मनमें मोह, मद और अभिमानका लेश भी नहीं है; आपके चरणारविन्द ही इनके अवलम्ब हैं। ये चित्तको एकतान करके श्रीकृष्ण-प्राप्तिकी कामना लेकर उनकी लीलाका दर्शन करनेके लिए यहाँसे व्रजकी ओर चले गये। इनकी सारी कामनाएँ परिपूर्ण हो गयी हैं' ॥ ९५ ॥

एकोऽहमस्मि भगवंश्चरणेऽवशिष्टः
शिष्टोऽप्यशिष्ट इव विश्वविपत्तिपिष्टः ।
लुप्ता सुबुद्धिरपि शुद्धिरहो ! न मेऽस्ति
प्रेक्षस्व नाथ ! कृपयाऽगतिकोऽस्मि योऽस्मि ॥ ९६ ॥

'भगवन् ! एक मात्र मैं ही आपके चरणोंमें अवशिष्ट रह गया हूँ। शिष्ट होकर भी मैं अशिष्ट मनुष्यकी भाँति सारी विपत्तियोंसे पीस डाला गया हूँ। मेरी उत्तम बुद्धि भी लुप्त हो गयी है। अहो ! मुझमें शुद्धिका भी सर्वथा अभाव है। नाथ ! मैं जो कुछ भी हूँ, बेसहारा हूँ। आप कृपापूर्वक मेरी ओर देखिये' ॥ ९६ ॥

भक्तिप्रियो व्रजपतिर्भगवान् मुकुन्दः
सर्वैः सुरासुरगणैर्मुनिभिश्च वन्द्यः ।
लीलाऽपि तस्य भगवन् ! प्रियभक्तवश्या
दृश्या कथं भवति नः खलु साऽप्यदृश्या ॥ ९७ ॥

'भगवन् ! व्रजपति भगवान् मुकुन्दको तो केवल भक्ति ही प्रिय है। समस्त देवता असुर और मुनिगणोंके भी वे वन्दनीय हैं। उनकी लीला भी उन प्रिय भक्तोंके ही वशमें है। (हम तो उनके भक्त नहीं हैं) फिर हमें उसका दर्शन कैसे होगा ? हमारे लिये तो वह सर्वथा अदृश्य है' ॥९७॥

तस्माद्धता वयमिहैव गता अवश्यं
कीनाशपाशवशमत्र च भक्तवश्यम् ।
प्राप्याऽपि देव ! भवतोऽङ्घ्रियुगं यदेतद्
दुर्भाग्यमेव परिदीव्यति नो विना तत् ॥ ९८ ॥

फिर तो हमलोग यहाँ यों ही मारे गए। निश्चय ही काल-पाशके वशमें पड़ गये। देव ! यहाँ भक्तोंके अधीन रहनेवाले आपके इन युगलचरणारविन्दोंको पाकर भी हम भगवान् श्रीकृष्णकी लीलाके दर्शनसे वञ्चित रह गये। ऐसी दशामें हमारा दुर्भाग्य ही हमें चारों ओरसे घेरकर प्रकाशित हो उठा हैं ॥ ९८ ॥

किं दुष्कृतं कृतमहो ! भगवन् ! मयाऽपि
जन्मान्तरेऽप्यहह ! दृष्टिपथं गतोऽपि।
त्वं स्थाणुरित्थमभवो निजकर्मदोषैः
सोऽहं हतोऽस्मि भवताऽत्र धृतः समाधिः ॥ ९९ ॥

अहो भगवन् ! मैंने जन्मान्तरमें भी कौन-सा ऐसा दुष्कर्म किया है, जिससे आपका दर्शन हो जानेपर भी हम दुर्भाग्यसे मुक्त न हो सके। हाय ! हाय ! यह कितने खेदकी बात है। तुम तो हमारे लिए इस तरह ठूठे काठ ही हो गये। मैं इधर अपने कर्म-दोषसे मारा गया। आपने तो फिर समाधि लगा ली ॥ ९९ ॥

कस्तादृशोऽस्ति भगवन्तमनाथनाथं
त्यक्त्वा ग्रहिष्यति करेऽद्य च मामनाथम्।
क्षुद्रेश्वरा इति विभाव्य मयाऽपि सर्वे
त्यक्ताः स्थितोऽस्मि चरणेऽभयदेऽप्यपूर्वे ॥ १०० ॥

आप भगवान् हैं—छहों ऐश्वर्योंसे भरे-पूरे हैं, अनाथोंके नाथ हैं, आपको छोड़कर दूसरा कौन ऐसा प्रभु है जो मुझ अनाथका हाथ पकड़ेगा ? अन्य देवताओंको क्षुद्रशक्तिशाली मानकर मैंने सबको पहलेसे ही त्याग दिया है और आपके अपूर्व, अभयदायी इन चरणोंके पास खड़ा हूँ ॥ १०० ॥

अस्यां स्थितौ प्रभुवरेण धृतः समाधिः
त्यक्त्वा व्यथाशतगतं गलितेन्द्रियं माम्।
आश्वासनं किमपि न ह्यददाद् भवान् यद्—
धा ! वज्रपातसदृशं किल जातमेतत् ॥ १०१ ॥

ऐसी दशामें आप ईश्वरोंके भी ईश्वरने समाधि लगा ली और सैकड़ों व्यथाओंमें डूबे हुए मुझ गलितेन्द्रिय दीन-हीनको यों छोड़ दिया। आपने कोई आश्वासन तक नहीं दिया ! हाय ! हाय ! आपके द्वारा की गयी यह उपेक्षा मेरे लिये तो वज्रपातके समान दुखदायिनी है ॥ १०१ ॥

तस्मात् प्रभोऽहमपि चास्मि पदानुरक्तो
रक्तो भवत्प्रियगुणै रजसा च रक्तः।
सक्तो विषेषु विषयेषु बुधेष्वसक्तः
स्वामिन्नसक्तमिह मोद्धर योऽसि शक्तः ॥ १०२ ॥

प्रभो ! इस कारण मैं भी आपके चरणोंसे अनुरक्त हूँ, आपके प्रिय गुणोंसे तो रक्त ( आपमें रागयुक्त ) हूँ ही, अपने रजोगुणसे भी रंगकर रक्त हो गया हूँ। विषयरूपी विषके सेवनमें आसक्त हूँ, किन्तु विद्वानोंके प्रति मेरी कोई आसक्ति नहीं है। स्वामिन् ! मैं सर्वथा असमर्थ हूँ, आप मेरा उद्धार कीजिये; क्योंकि आप सर्वसमर्थ हैं ॥ १०२ ॥

याम्यत्र कुत्र तव पादयुगं विहाय
यश्चोद्धरेदहह ! मां तु सुधाऽभिवृष्टया।
को वा समर्थ इह तद्भ्रुकुटीकराल—
कीनाशपाशमवधीरयितुं स्वदृष्ट्या ? ॥ १०३ ॥

मैं आपके युगल चरणोंको छोड़कर कहाँ जाऊँ ? अहह ! कौन ऐसा स्वामी है जो मुझपर अपनी दृष्टिसे अमृतकी वृष्टि करके मेरा उद्धार कर सकेगा ? अथवा कौन ऐसा सामर्थ्यशाली है जो यहाँ अपनी दृष्टिसे देख लेने मात्रसे कुटिल भौंहोंसे युक्त विकराल कालके पाशको अवहेलना कर सके ॥ १०३ ॥

सर्वेऽत्र सन्ति बहुधा विवशा जना ये
कष्टं भ्रमन्ति भवचक्रगताः स्वयं ते।
मां रक्षितुं कथमहो ! प्रभवन्ति केऽन्धा
अन्धान् नयन्ति सुपथा परतत्त्वमद्धा ? ॥ १०४ ॥

भगवन् ! यहाँ जितने लोग हैं, वे सबके सब अनेक प्रकारसे विवश हैं। वे स्वयं ही संसारचक्रमें पड़कर क्लेशपूर्वक चक्कर काट रहे हैं। अहो ! वे मेरी रक्षा करनेमें कैसे समर्थ हो सकते हैं ? कौन ऐसे अन्धे हैं, जो दूसरे अन्धोंको अच्छे मार्गसे परमतत्व ( चरम-लक्ष्य ) तक अनायास ले जा सकते हों ॥ १०४ ॥

क्रुद्धेन तुच्छजनुषाऽपि शरीरिणा च
निर्भर्त्सिता अदयमस्य निवारणञ्च।
ये शक्नुवन्ति न कदाचिदपीह कर्तुं
के तेऽत्र मां तु परिपातुमटन्तु मर्तुम् ॥ १०५ ॥

रोषसे भरे हुए तुच्छ देहधारीके द्वारा भी निर्दयतापूर्वक डाँट-फटकार पा लेनेपर जो यहाँ कदापि उसका प्रतीकार नहीं कर सकते, वे असमर्थ लोग मेरी रक्षा करनेकी क्या शक्ति रखते हैं ? वे मरनेके लिये भले ही घूमें, मेरी रक्षा नहीं कर सकते ॥ १०५ ॥

रूपं च नाम च धरन्ति च ये महान्त—
स्तेषामपीह मृड ! दृश्यत एव चान्तः ।
ते विश्वसृष्टिगतिसंहृतिहेतुभूता
युष्मादृशाः सुगतयस्त्वितरेऽसमर्थाः ॥ १०६ ॥

सुखदायी शिव ! जो बड़े-बड़े महापुरुष यहाँ नाम और रूप लिए बैठे हैं, उनका भी तो नाश होता देखा जाता है । अतः संसारकी सृष्टि, पालन और संहारके कारणभूत आप जैसे ईश्वर ( ब्रह्मा, विष्णु और आप ) ही दूसरोंको सहारा देनेवाले हो सकते हैं । अन्य सब लोग असमर्थ हैं ॥ १०६ ॥

उन्मील्य दृष्टियुगलं श्रितचन्द्रसूर्य
तस्माद्विलोकय विभो ! विहिताऽहितं माम् ।
येन त्वदीयपदपद्मगतांऽशुगौरै-
र्ज्ञानामृतैः श्रितमुकुन्दपदाम्बुजः स्याम् ॥ १०७ ॥

अतः प्रभो ! जिनमें चन्द्रमा और सूर्यका वास है, तैसे अपने दोनों नेत्रोंको खोल कर आप मेरी ओर देखिये । क्योंकि मैंने सदा अपना अहित ही किया है । आपकी कृपादृष्टि पड़नेसे आपके चरणारविन्दोंकी किरणोंके समान उज्ज्वल ज्ञानामृतमय मकरन्द पाकर मैं मुकुन्दके चरणकमलोंका आश्रय लेनेवाला बन जाऊँ ॥ १०७ ॥

नो चेद्धतोऽहमिह मोहमयैरनेकैः
क्रोधादिभिर्हृदयगैः श्रितपञ्चबाणः ।
अन्यैर्मनुष्यहतकैश्च विपत्स्वरूपैः
संधाय वाक्यधनुषा हृदि विद्धबाणः ॥ १०८ ॥

नहीं तो मेरे हृदयमें विद्यमान जो मोहमय क्रोध आदि अनेक शत्रु हैं, उनके द्वारा मैं मारा गया । क्योंकि मैंने श्यामकी जगह कामका आश्रय लिया है । अन्यान्य तुच्छ मनुष्य तो विपत्तिके मूर्तिमान् रूप ही तो हैं । उनसे सन्धि करके या मिलकर मैंने क्या पाया है ? उनके कठोर वचनरूपी धनुषसे मेरे हृदयमें बाण मारा गया ॥ १०८ ॥

आपच्च नाथ ! विहिताऽहितदा सदैव
मामत्र भीतमुपसर्पति हा ! हितेव ।
काचित् कुलीनयुवतीव कटाक्षरामा
वश्यं विधाय रमणं किल रन्तुकामा ॥ १०९ ॥

नाथ ! जैसे अपने कटाक्षपातसे रमणीय लगनेवाली कोई कुलीन युवती अपने प्रियतमको वशमें करके उसके साथ रमण करना चाहती हो, उसी प्रकार सदा अहित प्रदान करनेवाली होकर भी सदा हितकी तरह बनी हुई विपत्ति यहाँ मुझ भयभीतके पास चली आ रही है। हाय ! यह कितने दुःखकी बात है ! ॥ १०९ ॥

संभावितोऽपि विषयो बहुधाऽस्तमेति
तत्राऽन्य आपतति तत्र तदन्य एति ।
इत्थं प्रभो ! विहितकर्ममयैरनेकै-
र्विघ्नैर्विखण्डितमना विकलीकृतस्तैः ॥ ११० ॥

जिस विषयके सिद्ध होनेकी पूरी-पूरी सम्भावना रहती है, वह भी बहुधा विलुप्त हो जाता है; उसकी जगह दूसरी ही बात हो जाती है—बननेके स्थानमें वह कार्य बिगड़ जाता है। उसमें अन्यान्य विघ्न आते ही रहते हैं। प्रभो ! इस प्रकार अपने ही द्वारा किये गये अनेकानेक कर्ममय विघ्नोंसे मेरा मन खण्डित ( हतोत्साह ) कर दिया गया है। मुझे विकल कर दिया गया है ॥ ११० ॥

यावद्भवामि भवदीयपदारविन्दं
ध्यात्वा स्थिरो गुणगृहीतमतिः प्रभोऽहम् ।
तावद्धयनेकविषयैर्हृदयान्तगैः स्वं
विद्धं चलं मृतमिवाऽनुभवेयमेवम् ॥ १११ ॥

प्रभो ! आपके चरणारविन्दोंका ध्यान करके ज्यों ही स्थिर होता हूँ, ज्यों ही मेरी बुद्धिमें उत्तम गुणोंका समावेश होता है; त्यों ही हृदयमें घुसे हुए अनेक विषयों द्वारा अपनेको विद्ध, चञ्चल तथा मरा हुआ-सा अनुभव करने लगता हूँ ॥ १११ ॥

नास्तीह शान्तिरघहन् ! विलसत्यशान्ति-
र्भ्रान्तिश्च भीषयति मां गलतीह कान्तिः ।
आपन्नबन्धुजनरक्षणतत्परोऽहं
ध्यायामि सूक्तिभिरहो ! न तु ताश्च भान्ति ॥ ११२ ॥

पापहारी प्रभो ! इस जगत्में शान्ति नहीं है, यह सब ओर अशान्तिका ही विलास है। मेरी भ्रान्ति मुझे डरा रही है और कान्ति गलती जा रही है। मैं अपने आपत्तिग्रस्त बन्धु-

जनोंके रक्षणमें तत्पर होता हुआ शास्त्रों एवं सज्जनोंकी सूक्तियों द्वारा आपका ध्यान करनेकी चेष्टा करता हूँ; किन्तु वे सूक्तियाँ मेरे हृदयमें समाती ही नहीं हैं ॥ ११२ ॥

गार्हस्थ्यजीवनमुमेश ! कथं सुखी स्या-
दित्थं विचिन्तनपरोऽस्मि दिवानिशं हा ! ।
शोचामि हन्त ! सततं न लभे च शर्म
चिन्ता भिनत्ति भगवन् ! मम मर्म मर्म ॥ ११३ ॥

भगवन् ! उमानाथ ! मेरा गार्हस्थ्य जीवन कैसे सुखी हो, इसी चिन्तामें मैं रात-दिन डूबा रहता हूँ। हा ! हन्त सदा शोचमें पड़ा रहता हूँ, मुझे चैन नहीं मिलता। चिन्ता मेरे मर्म-मर्मको विदीर्ण किये देती है ॥ ११३ ॥

एवंविधे विषमये विषमे भवाब्धौ
मज्जामि नाथ ! नितरां परिपीड्यमानः ।
सर्वेऽत्र सन्ति भवगा भव ! मद्विधा हा !
कं यामि देव ! शरणं भवगोऽपि भूत्वा ॥ ११४ ॥

नाथ ! इस प्रकार विषमय विषम भवसागरमें मैं डूब रहा हूँ, निरन्तर पोडा भोग रहा हूँ। हे भव ! इस संसारमें सब लोग मेरे ही जैसे दुखी हैं; अतः देव ! मैं किसकी शरणमें जाऊँ ? विशेषतः भगवान् भवका शरणागत होकर मैं दूसरेका आश्रय कैसे ले सकता हूँ ? ॥ ११४ ॥

अर्हन्ति पातुमपि केऽत्र च मां स्वतो वै
दन्दह्यमानवपुषः कुविचारवह्नौ ।
नित्यं विशुष्कतनुमानसवृत्तयो ये
दृश्यन्त एव मृतवन्त इव स्वयं ते ॥ ११५ ॥

यहाँ कौन लोग मेरी रक्षा करनेके भी योग्य हैं? उनके तन-मन तो स्वतः ही कुविचारकी आगमें बारंबार जलते रहते हैं। उनके शरीर और मनकी वृत्तियां सदा शुष्क रहती हैं। वे तो स्वयं ही मरे हुए से दिखायी देते हैं ॥ ११५ ॥

स्वार्थ्यस्मि चार्थपरिपूरणलोलुपोऽस्मि
क्रन्दाम्यतः शरणदं भगवन्तमेत्य ।
जाने गतिर्मम विभो ! न च काचिदस्ति
गच्छेयमद्य मृड ! कुत्र च शान्तिरस्ति ॥ ११६ ॥

प्रभो ! मृड ! मैं स्वार्थी हूँ, अर्थकी प्राप्तिके लिये लोलुप बना रहता हूँ, अतः शरणदाता आप भगवान् शंकरके पास आकर रोता हूँ। जानता हूँ, मेरा कोई सहारा नहीं है। मैं कहाँ जाऊँ ? और कहाँ शान्ति है ? ॥ ११६ ॥

आः ! किं करोषि भगवन् ! पुरतोऽस्मि दासः
प्रेक्षस्व नेत्रयुगलेन निमीलितं किम् ? ।
आपन्नभक्तजनरक्षणतत्परस्त्वं
दासोऽस्मि तादृश इहाऽव्यय ! विस्मृतः किम् ? ॥ ११७ ॥

आः ! भगवन् ! आप क्या करते हैं ? मैं आपका दास सामने खड़ा हूँ। दोनों आँखें खोल कर देखिये तो सही, क्यों नेत्र बन्द कर लिए हैं ? आप सदा शरणागत भक्तजनोंके रक्षणमें तत्पर रहते हैं और मैं यहाँ आपका वैसा ही दास हूँ। अविनाशी ईश्वर ! क्या आपने यह बात भुला दी है ? ॥ ११७ ॥

तापैस्तदेभिरतुलैर्विकलीकृतोऽस्मि
पापैश्च नाथ ! विहितैर्विफलीकृतोऽहम् ।
गच्छेयमीश ! शरणं चरणं विहाय
कुत्राऽत्र दास्यति च को ! विलपामि सोऽहम् ॥ ११८ ॥

नाथ ! इन अनुपम संतापोंने मुझे विकल कर दिया है। अपने ही किये पापोंने मुझे विफल-मनोरथ बना दिया है। ईश ! मैं आपके चरण छोड़कर कहाँ किसकी शरणमें जाऊं ? कौन मुझे शरण देगा ? इसीलिये आश्रयहीन-सा होकर विलाप करता हूँ॥ ११८॥

आः ! किं न पश्यति भवान् विविधैः स्वदूतै-
राक्रम्य मृत्युरपि मां तु समेति नेतुम् ।
सर्वे सुराऽसुरजितोऽपि वशं गता हा !
तस्येश्वरस्य मृड ! कोऽस्मि तमत्र जेतुम् ॥ ११९ ॥

आह ! प्रभो ! क्या आप नहीं देखते हैं, कि मृत्यु भी मुझे ले जानेके लिये अपने बहुविध दूतों द्वारा आक्रमण कराकर निकट आ रही है। देवता और असुरोंको भी जीत लेनेवाले बड़े-बड़े बलशाली भी उस सर्व-समर्थ मृत्युके वशमें जा चुके हैं। हाय ! मृड ! फिर मैं उसे जीतनेवाला कौन हूँ—मैं उसे कैसे जीत सकता हूँ ? ॥ ११९ ॥

तस्मादनेकभयहेतुभिरापतद्भि—
र्विक्लिद्यमानहृदयोऽपि भवन्तमेकम् ।
यत्संश्रयामि तत एव तमुग्ररूपं
मृत्युं तरेयमिति निश्चितमानसोऽहम् ॥ १२० ॥

इसलिए अनेक भयजनक हेतुओंके आक्रमणसे मेरा हृदय व्याकुल हो गया है और मैं एक मात्र आपकी शरण ले रहा हूँ। इसीसे मैं उग्र रूपवाली मृत्युके पार जा सकता हूँ। ऐसा मेरे मनमें अटल विश्वास है ॥ १२० ॥

प्रेक्षस्व नाथ ! गतिरस्ति न मेऽत्र काचिद्
उन्मील्य दृष्टिमसमां मयि धेहि सा चित् ।
नो चेद्धतो वशगतो विवशस्तमेतं
ह्याराधयामि स भवानिति निश्चितोऽहम् ॥ १२१ ॥

नाथ ! देखिए, यहाँ मेरे लिए दूसरी कोई गति नहीं है; आप अपनी अनुपम दृष्टि खोलकर उसे मुझपर डालिए। आपकी वह दृष्टि चिन्मयी है। यदि आपने मुझपर कृपा दृष्टि नहीं की तब तो मैं मारा गया। अब मुझे विवश होकर उस कालके वशमें ही जाना पड़ेगा। फिर तो मैं उसकी ही आराधना करने लग जाऊँगा, किन्तु उस समय भी मेरी दृष्टि यही रहेगी कि कालके रूपमें भी आप ही विराजमान हैं। यह मेरा निश्चित मत है ॥ १२१ ॥

वाक्यं प्रभो ! शृणु ममैकमनर्हमेतच्
चोद्घाटयेऽहमुत किं तव कृत्यमद्य ! ।
भक्तान् रतान् पदगतान् किमुपेक्षसे त्वं
वाञ्छन्ति ये हृदयगां करुणां जडस्त्वम् ॥ १२२ ॥

प्रभो ! मेरी एक बात सुनिये, किन्तु यह आपके योग्य नहीं है। आज मैं आपकी करनीका क्या भंडा फोड़ करूँ ? आप नामसे ही नहीं, कामसे भी स्थाणु ( ठूँठ या जड़ ) जान पडते हैं, अन्यथा अपने चरणोंमें पड़े हुए अनुरक्त भक्तोंकी आप इतनी उपेक्षा कैसे करते ? वे बेचारे भक्त आपकी आन्तरिक करुणा ही तो पाना चाहते हैं ॥ १२२ ॥

सापत्रपाऽपि भगवन् ! नहि तेऽस्ति किञ्चित्
सत्यं दिगम्बर इहाऽसि महेश ! किंस्वित् ? ।
किं ब्रूमहे ( ऽ ) दृढगतौ पुरुषे ( ऽ ) जडे हा !
कं श्रावये मृदुगिरश्च शृणोति को वा ? ॥ १२३ ॥

इतना ही नहीं, भगवन् ! आपको तनिक लाज या संकोच भी नहीं है। महेश ! क्या आप यहाँ सचमुच दिगम्बर ( नंगे ) ही बन गये हैं ? स्थिर या अस्थिर हाय ! गतिवाले पुरुष अथवा अजड ( जड ) के पास हम क्या कहें ? अपनी कोमल या करुण वाणी किसको सुनावें ? या हमारी बात कौन सुनेगा ? ॥ १२३ ॥

गच्छानि घोरनरके तमसि प्रविष्टो
मूर्च्छानि तावदहमत्र न मेऽस्ति चिन्ता।
स्वान् पीडितानिह तु मूढधियोऽपि वीक्ष्य
न प्रेक्षते मृड ! भवानिति मेऽस्ति चिन्ता ॥ १२४ ॥

मैं घोर नरकमें जाऊँ या अन्धतमसमें पड़कर मूर्च्छित हो जाऊँ, इसके लिए मुझे कोई चिन्ता नहीं है। मृड ! मुझे चिन्ता और खेद तो केवल इस बातके लिए है कि आप मूढबुद्धि-वाले अपने भक्तोंको पीडित देखकर भी नहीं देखते हैं ॥ १२४ ॥

एतन्मदीयवनरोदनमप्यवश्यं
सोऽसौ श्रृणोति विभुरस्ति यदीश ! कोऽपि।
योऽन्तर्बहिर्निखिलतत्त्वपदार्थकेऽस्मिन्
स्याद् व्याप्त ईश्वरगतिः सघृणश्च सोऽपि ॥ १२५ ॥

ईश ! यहाँ मेरा यह सारा कथन यद्यपि अरण्यरोदनमात्र हो गया है, तथापि यदि आपके अतिरिक्त भी कोई व्यापक ईश्वर है, तो वह इसे सुन ही लेगा। वह भी आप ही की भाँति सारे तत्त्व-पदार्थोंके भीतर व्याप्त होगा। इस ईश्वरगति पुरुषके हृदयमें आपकी ही भाँति दया भी होगी ॥ १२५ ॥

स्थाणो ! श्रृणुष्व जलताडनतुल्यकर्म
चैतन्न मे वितरतीह तदेव शर्म।
सान्निध्यमत्र भवतोऽपि न कामयेऽहं
प्राप्तोऽस्मि यत्पदरतिं सुदृढस्ततोऽहम् ॥ १२६ ॥

हे स्थाणो ! ( हे ठूँठ देवता ! ) सुनिये, मेरा यह कर्म पानी पर लाठी पीटनेके समान निरर्थक नहीं है; यही मुझे यहाँ कल्याण प्रदान कर रहा है। मैं यहाँ आपके सान्निध्यकी भी कामना नहीं करता क्योंकि मुझे आपके चरणोंका अनुराग प्राप्त है और इसीसे मैं पूर्णतः सुस्थिर हूँ ॥ १२६ ॥

भुक्तिं स्वमुक्तिमपि भो ! न विभावयेऽहं
ते श्रीस्त्रियौ च परमेश ! न चार्थयेऽहम्।
लोकातिगाः सुमनसां बहुभूतयोऽपि
स्युर्भूतयो मम तु पादरतिर्दृढा हि ॥ १२७ ॥

परमेश्वर ! मैं अपने लिए भोग और मोक्ष भी नहीं चाहता। मैं आपसे स्त्री और लक्ष्मीको भी याचना नहीं करता। देवताओंके पास जो बहुत-सी अलौकिक विभूतियाँ हैं,

वे भस्मके समान हो जायँ। मेरे लिए तो आपके चरणोंमें दृढ़ अनुराग है, वही पर्याप्त है ॥ १२७॥

त्वं भो ! जगद्गुरुरिति प्रथितोऽसि तस्मात्
साक्षान्मयाऽपि गुरुरेव वृहतोऽस्यकस्मात् ।
किं त्यक्ष्यसे शिव ! शठोऽस्मि परं ततः किं
ज्ञेभ्यो ददासि किमहो ! गृणते बुधाः किम् ? ॥ १२८ ॥

प्रभो ! यह बात प्रसिद्ध है कि आप संपूर्ण जगत्के गुरु हैं; इसीलिए मैंने भी साक्षात् गुरुरूपमें ही आपका सहसा वरण किया है। शिव ! क्या आप मुझे त्याग देंगे ? माना कि मैं महान् शठ हूँ—मूर्ख हूँ, किन्तु इससे क्या हुआ ? जो ज्ञानी हैं, उन्हें आप क्या देंगे और विद्वान् पुरुष आपसे माँगेंगे भी क्या ? ॥ १२८ ॥

हा ! हा ! मया कृतमनर्थमिदं यदर्थं
स स्थाणुरेवमभवत् स दृषत् सदर्थम् ।
आशा विनर्तयति मां द्रवते शिलेति
स्थाणुस्तु नोऽङ्कुरयतीह भृशं भृतोऽपि ॥ १२९ ॥

हाय ! हाय ! मैंने यहाँ जिनके लिए यह अनर्थ कर डाला, वे मेरे लिए स्थाणु ( ठूँठ ) ही हो गये। सच कहा जाय तो वे पत्थर ही हैं। फिर भी यह आशा मुझे नचा रही है कि किसी दिन वह पत्थर भी अवश्य पिघलेगा। परन्तु यह स्थाणु ( ढूठ ) तो अत्यन्त सींचने पर भी यहाँ अङ्कुरित नहीं हो रहा है ॥ १२९ ॥

एवंविधेऽप्यहह ! तच्चरणारविन्दे
संलीनबुद्धिरभवं सरतिर्मुकुन्दे ।
कं संश्रयामि विलयामि किमालपामि
को वा ददाति शरणं न विभावयामि ॥ १३० ॥

वे ऐसे हैं तो भी इनमें, इनके चरणारविन्दमें मेरी बुद्धि लीन है; क्योंकि मुकुन्दमें अनुरक्त हो गया हूँ। ( उनकी कृपाके बिना मुकुन्द मिलेंगे नहीं और ये कृपा करते नहीं हैं, ऐसी दशामें ) मैं किसका आश्रय लूँ ? कितना विलाप करूँ ? किससे क्या कहूँ ? कौन मुझे शरण देगा ? यह सोच नहीं पाता हूँ ॥ १३० ॥

शैवा बुधाः ! शृणुत विश्वमहामहिम्नो
भूम्नो मृडस्य परचिन्मयरूपधृष्णोः ।
दासोऽपि पीड्यत इहाऽशिवरूपमेनं
प्रेक्षध्वमद्य विनिवेदयितुं दयध्वम् ॥ १३१ ॥

शिवोपासक विद्वानों ! सुनिये—विश्वमें जिनकी सबसे बड़ी महिमा है, उन भूमा-परम चिन्मय रूपधारी सुखदायी शिवका दास भी यहाँ पीड़ा भोग रहा है। देखिये इस शिव भक्तको—यह कैसा अशिव रूप हो गया है। आज मेरी दयनीय परिस्थिति भगवान् शिवसे निवेदित करनेके लिए आप लोग दया करें ॥ १३१ ॥

मत्क्रन्दनं यदि भवद्भिरयत्नतोऽपि
स्याच्चेच्छ्रुतं यदि भणिष्यथ योग्यमत्र ।
प्राप्स्यामि तत्पदमतः सुदृढं मनो मे
जातं गताधि च जयन्तु भवन्त इत्थम् ॥ १३२ ॥

यदि मेरा यह करुण-क्रन्दन—आर्त-पुकार आप लोग बिना यत्नके ऊपरी मनसे सुन लें और इस विषयमें उचित बात भगवान् शङ्करसे कहें तो मैं अवश्य उन आराध्यदेवका पद पा लूँगा। इस विचारमात्रसे मेरा मन सुस्थिर और निश्चिन्त हो गया है। इस कृपाके लिए आप लोगोंकी जय हो ॥ १३२ ॥

मातः शिवे ! शिवपरे ! मयि दुष्टचित्ते
प्रेक्षां क्षिपस्य विदुषां कुशलप्रवृत्ते ! ।
आर्तोऽस्मि हन्त ! विलपामि पदारविन्दे
न प्रेक्षते विभुरसौ नय मां तदन्ते ॥ १३३ ॥

माँ शिवे ! तुम शिवपरायणा हो, विद्वानोंके कुशलक्षेम-साधनमें सदा प्रवृत्त रहनेवाली हो। मुझ शिवपरायण दुष्टचित्त सेवक पर भी कृपादृष्टि डालो। हाय ! मैं आर्त हूँ, भगवान् शिवके चरणारविन्दमें गिरकर विलाप करता हूँ, तो भी वे भगवान् मेरी ओर नहीं देखते हैं; तुम्हीं मुझे उनके पास ले चलो ॥ १३३ ॥

देवी शिवा भगवती भवती सती सा
व्याप्ता यदत्र सुखदा सुमता च सद्भिः ।
विश्वस्य दुःखहरणी भरणी श्रियश्च
नित्यं स्थिरा गतमदा शमदा दयाब्धिः ॥ १३४ ॥

आप वही भगवती सती हैं, इस समय शिवा देवीके रूपमें विराजती हैं। आप इस भुवनमें सर्वत्र व्याप्त हैं, सबको सुख देनेवाली हैं; सत्पुरुषोंसे सदा सम्मानित हैं। जगत्के दुःखका हरण करनेवाली हैं, भक्तके घरमें विविध सम्पदाओंको भर देनेवाली हैं। नित्य स्थिर हैं, मद—अभिमानसे शून्य हैं, सबको शान्ति देनेवाली तथा दयाके सागर हैं ॥ १३४ ॥

मातस्त्वया कृतदया बहवो भवस्था
देवाऽसुराश्च विलसन्ति सुखं भवस्थाः ।
विभ्राजसे सुहृदि भक्तिमतां गुणज्ञै—
राराधिता भवरताऽपि वशीकृता तैः ॥ १३५ ॥

माँ ! आपने जिनपर कृपा की है, वे बहुत-से भवस्थ ( संसारी ) मनुष्य, देवता और असुर भी सुखपूर्वक भव ( संसार या शिव ) में स्थित रहते हुए सुशोभित होते हैं। आप भवरता ( शिवमें अनुरक्त अथवा संसारमें स्नेह रखनेवाली ) होकर भी भक्तिमान् पुरुषोंके शुद्ध हृदयमें विराजमान होती हैं और गुणज्ञ जन आपकी आराधना करके आपको वशमें कर लेते हैं—आपके वात्सल्य-भाजन हो जाते हैं ॥ १३५ ॥

किं वर्णयामि महिमानमचिन्त्यशक्त्या
देव्या वशीकृतजगज्जनचित्तवृत्त्याः ।
तुच्छः शिवेऽस्फुटितवाक्यपदार्थशक्ति—
रेवं विरौमि पुरतस्त्वयि जातभक्तिः ॥ १३६ ॥

शिवे ! आपकी शक्ति अचिन्त्य है, मैं आपकी महिमाका क्या वर्णन कर सकता हूँ। आपने समस्त जगत्के लोगोंकी चित्तवृत्तिको अपने वशमें कर रक्खा है। मैं तुच्छ हूँ, मेरी वाक्यशक्ति और पदार्थशक्ति स्फुटित नहीं है; तो भी आपमें भक्ति रखकर आपके सामने खड़ा हो इस प्रकार विलाप करता हूँ ॥ १३६ ॥

स्वोत्पीडकानहह ! दुष्टमतीन् यदा त्वं
धर्मच्युतान् मलिनमार्गमतान् विपश्येः ।
मातस्तदैव सकलान् धृतचण्डरूपा
संहृत्य भक्तहृदि राजसि भो भविष्ये ॥ १३७ ॥

मातः ! आपने भक्तोंका उत्पीडन करनेवाले दुष्टबुद्धि, धर्मभ्रष्ट तथा मलिन मार्गमें प्रवृत्त पापियोंको जब आप देखती हैं, उसी समय प्रचण्ड रूप धारण करके उन सबका संहार कर देती हैं और भविष्यमें भक्तोंके हृदय-मन्दिरमें भक्तवत्सला माताके रूपमें विराजमान होती हैं ॥ १३७ ॥

तस्यैव पत्न्यसि शिवे ! शिवतत्त्वगे त्वां
विज्ञापये किमिह भो ! कमलायताक्षि !
कृष्णस्य गोप्य इव लब्धपदाब्जसङ्गा
जाताऽसि मग्नहृदया सरसीव हंसी ॥ १३८ ॥

कमललोचने शिवे ! आप शिवकी ही धर्मपत्नी हैं, शिवतत्त्वमें आपका पूर्णतः प्रवेश है। मैं आपको क्या सूचित करूँ, ( आप मेरी सारी स्थिति स्वयं जानती हैं )। जैसे गोपियोंको भगवान् श्रीकृष्णके चरणारविन्दका संग प्राप्त था, उसी प्रकार आपको शिव चरणारविन्दोंका संग प्राप्त है। जैसे हंसी मानसरोवरमें मग्न रहती है, उसी प्रकार आपका हृदय भगवान् शङ्करके ही प्रेमसागरमें डूबा हुआ है ॥ १३८ ॥

विज्ञापनं मम शिवे ! तव पादपद्मे
व्यर्थं ह्यभूद् यदि न पश्यसि यामि कुत्र ? ।
किं नीतिरस्ति शरणाऽऽगतरक्तभक्तान्
के वा त्यजन्ति भण देवि ! बुधा भवेऽत्र ? ॥ १३९ ॥

शिवे ! आपके श्रीचरण-कमलमें मेरी जो विज्ञप्ति है—निवेदन है, वह यदि व्यर्थ हो गया, यदि आप मुझपर दृष्टिपात नहीं करती हैं, तो बताइए मैं कहाँ जाऊँ। क्या यही नीति है? देवि ! आप ही कहें, इस जगत्में कौन-से विद्वान्-महापुरुष ऐसे हैं, जो शरणमें आये हुए अनुरक्त भक्तोंको त्याग देते हैं? ॥ १३९ ॥

गङ्गे शिवे ! त्वमसि पापहरा त्रिभङ्गे
यच्छोभसे श्रितजनेऽत्र तदुत्तमाङ्गे ।
धन्याऽसि देवि ! कृतकिल्विषदुष्टचित्तं
मां प्रापयाऽत्र चरणे ( ऽ ) स्थिरबुद्धिवित्तम् ॥ १४० ॥

कल्याणमयी मातः गङ्गे ! तुम्हारी तरङ्गें आकाश, पृथ्वी तथा पाताल तीनों लोकोंमें लहराती हैं। तुम पापहारिणी हो, इसी लिए लोग तुम्हारी शरण लेते हैं। देवि ! तुम इन भगवान् शिवके मस्तकपर विराजती हो, अतः धन्य हो ! अपने ही किये पापोंके कारण मेरा चित्त दूषित है, मेरा बुद्धिवैभव भी सुस्थिर नहीं है; अतः तुम्हीं कृपा करके मुझे भगवान् शिवके चरणोंमें पहुँचा दो ॥ १४० ॥

त्वं जाह्नवी किल भगीरथनामराज्ञा-
ऽऽनीता भुवं कुपथगैव तथापि भासि ।
जह्नोर्मखं कृतवती निजगर्भगं या
जाता तदैव नृपतेस्तनया गताधिः ॥ १४१ ॥

देवि ! तुम जाह्नवी—जह्नुकी पुत्री हो। कहते हैं, राजा भगीरथ (तपस्यासे प्रसन्न करके) तुम्हें पृथ्वीपर लाये। तथापि तुम कुपथगा ( भूमार्गगामिनी )के रूपमें ही सुशोभित होती हो। तुमने राजा जह्नुके यज्ञमण्डपको अपने गर्भमें आत्मसात् कर लिया था

उसी समय उन नरेशने तुम्हें अपनी पुत्री स्वीकार किया था; इस प्रकार जाह्नवी बननेके पश्चात् तुम राजाके रोष-जनित चिन्तासे मुक्त हुईं ॥ १४१ ॥

सौभाग्यशालिनि शिवे ! भवतीन्दुमौलौ
विभ्राजते कृतमदा शमदा महद्भ्यः ।
सोऽसौ भगीरथमहातपसा प्रसन्न-
स्त्वाऽधारयच्छिरसि तस्य महत्वमेतत् ॥ १४२ ॥

सौभाग्यशालिनी शिवे ! गङ्गे ! तुम चन्द्रशेखर शिवके मस्तकपर प्रकाशित होती हो और बड़े-बड़े महात्माओंको भी शान्ति प्रदान करती हो। संभवतः इसीलिए तुम्हें कुछ अभिमान हो गया है। पर इसमें अभिमानकी क्या बात है? राजा भगीरथने बड़ी भारी तपस्या की, उससे भगवान् शिव प्रसन्न हुए और उन्होंने तुम्हें सिरपर धारण कर लिया। इससे तो उन प्रभुकी ही महत्तापर प्रकाश पड़ता है ॥ १४२ ॥

संसार एव गुणवांस्त्वमपीह दिव्या
तद्राजसे गुणवती सुरदीर्घिकाऽऽख्या ।
मुख्यो गुणो जयति तत् स्वजलैः पवित्रै-
र्जीवान् पवित्रयसि दीव्यसि सच्चरित्रैः ॥ १४३ ॥

माँ ! यह संसार ही त्रिगुणात्मक होनेसे गुणवान् है; तुम दिव्या होकर भी यहाँ आयी हो, अतः सुरदीर्घिका नामसे सुशोभित हो। अतएव गुणवती भी हो ही। तुम्हारा मुख्य गुण यह सबके ऊपर विराजमान है कि तुम अपने पवित्र जलसे प्राणिमात्रको पवित्र करती हो और उत्तम चरित्रोंसे प्रकाशित होती हो ॥ १४३ ॥

तत्ते जलं ह्यघहरं बहुशो मयापि
न्यस्तं कपालफलके शुभदं मृतेऽपि ।
पूतोऽस्मि तेन सकृदेव यदङ्गसङ्गाद्
यत्सागराः समतरन् भसिते स्थितेऽपि ॥ १४४ ॥

देवि ! तुम्हारा जल पापराशिको हर लेने वाला है। मृत पुरुषके शरीरपर भी वह पड़ जाय तो उसे शुभ गति देनेवाला होता है। तुम्हारे उस जलको मैंने भी अनेकों बार अपने मस्तकपर धारण किया है और उससे पवित्र हो गया हूँ। एक ही बार उस जलका संस्पर्श होनेसे सगरके सभी पुत्र, यद्यपि उनका भस्ममात्र ही शेष था, नरकसे तर गये ॥ १४४ ॥

भो शन्तनोः प्रियतमे ! शृणु मद्वचस्त्वं
प्रेक्षां क्षिपस्व मयि भक्तिपरेऽनुगे च ।
त्वत्पुत्रभीष्मचरणाब्जसुगन्धलुब्धो
भृङ्गोऽस्म्यहं नय शिवं, कृपया च सिञ्च ॥ १४५ ॥

हे राजा शन्तनुकी प्रियतमा रानी ! मेरी बात सुनो, मुझपर दृष्टिपात करो। क्योंकि मैं तुम्हारा भक्त तथा अनुगामी हूँ। तुम्हारे पुत्र भीष्मके चरणकमलके सौरभपर मुग्ध होनेवाला भ्रमर हूँ। मुझे शिवके पास पहुँचा दो और अपनी कृपाधारासे मुझको सींचो ॥ १४५ ॥

आः ! किं शृणोति भवती मम मुत्तरङ्गं
चैतद्वचस्त्वमपि नृत्यसि मुत्तरङ्गम् ।
न्यस्ता प्रियेण शिरसीति विचारयन्ती
मत्ता किमद्य भवगाऽपि मदं क्षरन्ती ? ॥ १४६ ॥

आः क्या तुम हर्षकी हिलोरोंसे युक्त मेरी यह बात सुन रही हो ? तुम भी तो मोदकी तरङ्गें प्रकट करती हुई नाच रही हो। 'मेरे प्रियतमने मुझे सिरपर धारण कर रक्खा है।' यही विचारकर तुम मतवाली हो गयी हो क्या ? तभी तो भवगा ( संसारगामिनी या शिवगामिनी ) होकर भी जलके रूपमें मद ( अभिमान )का ही क्षरण करती हो ॥ १५६ ॥

आह्लादयन्त्यनुपमैः किरणैः सदा त्वं
धन्याऽस्यहो ! शशिकले ! जगतः प्रिया त्वम्
अंशं क्षिपस्व मयि दुर्गतिकेऽपि देवि !
भूयासमत्र यदनेन परार्थसेवी ॥ १४७ ॥

देवि चन्द्रकले ! तुम अपनी अनुपम किरणोंसे सदा आह्लाद प्रदान करती रहती हो, इसीलिए सम्पूर्ण जगत्को प्रिय हो। अहो ! तुम धन्य हो। मैं दुर्गतिमें पड़ा हूँ। मुझमें भी अपना अंश डाल दो। जिससे मैं भी यहाँ परमार्थस्वरूप शिवकी सेवाका अधिकारी हो जाऊँ ॥ १४७ ॥

तापं समस्तजगतां हरसीन्दुमौलौ
या त्वं स्थिताऽसि वरदे ! गिरिशप्रियाऽसि ।
त्वत्तो वरानभिलषन्ति तथावियोगाद्
आर्ताः प्रिया अभिसरन्ति च यामिनीषु ॥ १४८ ॥

वरदायिनी चन्द्रकले ! तुम जो चन्द्रशेखरके मस्तकपर विराज रही हो और समस्त जगत्का सन्ताप हर लेती हो, इससे भगवान् शिवको तुम बहुत ही प्रिय हो। तुमसे लोग अभीष्ट वर पाना चाहते हैं तथा जो वियोगसे पीड़ित हैं, वे लोग रात्रियोंमें प्रियतमाओं का अभिसरण करते हैं ॥ १४८ ॥

तापं तमश्च युगपज्जगतां हरन्ती
त्वं राजसेऽत्र भगवानत एव तां त्वाम् ।
विभ्रज्जटासु ससुखं भ्रमति स्वयम्भूः
स्वांश्चोद्धरंस्त्वमपि पश्य ! सुदुःखितं माम् ॥ १४९ ॥

देवि ! तुम जगत्के ताप और अन्धकारको एक साथ ही हर लेती हो। इसीलिए यहाँ तुम्हारी बड़ी शोभा होती है। यही कारण है कि स्वयम्भू भगवान् शिव तुम्हें अपनी जटाओंमें धारण किये अपने भक्तोंका उद्धार करते हुए सुखपूर्वक विचरते रहते हैं। तुम भी मेरी ओर देखो, मैं बहुत दुःखी हूँ ॥ १४९ ॥

आह्लादिनी त्वमसि तस्य जगद्विधातु-
र्मद्वाक्यमार्तिविधुरं शृणु कान्तिदेवि !
चन्द्रोऽपि ते प्रियतमो मयि तेऽनुकम्पा
चास्तीह चेच्छशिकलेऽत्र विभौ निधेहि ॥ १५० ॥

हे कान्ति देवि ! हे चन्द्रकले ! तुम उन जगत्स्रष्टा भगवान् शंकरको आह्लाद प्रदान करनेवाली हो, अतः पीड़ा-जनित चीख-पुकारसे युक्त मेरी बात सुनो। चन्द्रमा भी तुम्हारे प्रियतम हैं ( और मैं भी शिवभक्त होनेसे तुम्हारा स्नेहभाजन हूँ ) यदि यहाँ मेरे प्रति तुम्हारी थोड़ी-सी भी अनुकम्पा हो तो उन भगवान् शिवके समीप मुझे पहुँचा दो—ले जाकर रख दो ॥ १५० ॥

चन्द्रं श्रिता त्वमपि हा ! स शिवस्वरूपः
शीर्षं श्रितः शिवपरश्च सदाऽऽत्मरूपः ।
किं वा करिष्यत इमौ विवशौ, मदीये,
विज्ञापनीयविषये, पतितोऽस्म्यगाधे ॥ १५१ ॥

हाय रे मेरा दुर्भाग्य ! तुम चन्द्रमाका आश्रय लेकर विराज रही हो, चन्द्रमा भगवान् शङ्करके मस्तकपर अधिष्ठित हो शिवस्वरूप हो गये हैं। वे शिवकी आराधनामें तत्पर रहनेवाले और सदा आतमस्वरूप हैं। ये दोनों ( चन्द्रकला और चन्द्रमा ) अपने आश्रयोंकी समाराधनामें मग्न हैं, अतः मेरी क्या सहायता करेंगे ? मेरी दुरवस्थाका जो भगवान् शिवसे निवेदन करना हैं, इस विषयमें वे दोनों विवश हैं—असमर्थ हैं। ऐसी दशामें मैं तो अगाध भयसागरमें गिर पड़ा ! मेरा कौन उद्धार करेगा ? ॥ १५१ ॥

नन्दिन् ! प्रभो ! त्वमसि तस्य जगद्विधातुः
प्रेष्ठस्तथोत्तमगुणैः स भवान् विभातु ।
शक्तिस्तवास्ति यदि तच्चरणे निधातुं
मत्क्रन्दनं त्वनुगृहाण दयां विधातुम् ॥ १५२ ॥

प्रभो नन्दिन् ! आप उन जगत्-स्रष्टा भगवान् शिवके सर्वाधिक प्रिय हैं। देव ! आप अपने उत्तम गुणोंसे इसी तरह सुशोभित होते रहें। यदि आपमें मेरे करुण क्रन्दनको भगवान् शिवके चरणों तक पहुँचा देनेकी शक्ति हो तो ऐसी दया करनेके लिए मुझपर अवश्य अनुग्रह कीजिए ॥ १५२ ॥

पृष्ठे वहंस्त्वमपि भो ! सततं ततं तं
लोके परिभ्रमसि चक्रमिवाऽस्थिरो हा !
स्वं कर्म किं न कुरुषेऽद्य गतः श्रमं वा
मौनं श्रितोऽसि वृषराज ! किमर्थमद्धा ? ॥ १५३ ॥

हे वृषभराज ! सदा सर्वत्र व्याप्त रहनेवाले उन भगवान्को अपनी पीठपर ढोते हुए आप समस्त लोकोंमें चक्रकी भांति तीव्र गतिसे घूमते रहते हैं। आज आप अपना काम क्यों नहीं करते हैं ? उन्हें लेकर मेरी ओर क्यों नहीं आते हैं ? अथवा थक तो नहीं गये हैं ? किसलिए आज आप चुप बैठे हैं ? ॥ १५३ ॥

उत्थापय प्रभुवरं तममेयशक्तिं
संदर्शयेशपदपद्मगतां स्वभक्तिम् ।
ध्यानं श्रितोऽपि भगवान् यदि तं वहेथा
व्युत्थापितः स विहरेन्मुदमावहेथाः ॥ १५४ ॥

नन्दिकेश्वर ! उन अप्रमेय शक्तिशाली, प्रभुओंके भी प्रभु भगवान् शिवको समाधिसे उठाइये। ईशके चरणारविन्दोंमें जो आपकी भक्ति है, उसे दिखाइये—सफल कीजिये। यद्यपि भगवान् ध्यान लगाये बैठे हैं, तथापि यदि आप उन्हें पीठपर बिठाकर ले चलियेगा तो वे अवश्य समाधिसे जागकर आपके साथ विचरने लगेंगे; फिर तो आपको परम आनन्दकी प्राप्ति होगी ॥ १५४ ॥

लाङ्गूलमात्रमपसार्य न च त्वयाऽहं
संप्रेक्षितः पशुरसीह यथार्थतस्त्वम् ।
होपेक्षितः पशुपतिं श्रितवांश्च सोऽहं
प्राप्स्यामि किं नु पशुतोऽद्यसृतिं हतोऽहम् ॥ १५५ ॥

हाय ! आपने तो अपनी पूँछमात्र हिलाकर भी मेरी ओर नहीं देखा। वास्तवमें आप निरे पशु ही निकले। जो पशुपति ( शिव )का आश्रय लेकर भी उपेक्षित ही रह गया, वही मैं आज पशुमात्रसे कौन-सा मार्ग पा सकूँगा। हाय ! हाय ! मैं तो मारा गया ॥ १५५ ॥

शेषोऽस्ति शेष इह योऽस्ति गले विशेषः
साक्षादशेषगुणपात्रमतः स शेषः।
तं प्रार्थयेऽहमपि किं न यदस्मि शेषः
शेषेषु शेषविषयेषु विशेषशेषः ॥ १५६ ॥

अब प्रार्थना सुनानेके लिये भगवान् शेष ही शेष रह गये हैं, जो भगवान्के नीलकण्ठमें विशेष भूषणके रूपमें शोभा पाते हैं। वे साक्षात् संपूर्ण गुणोंके आधार हैं; अतएव अशेषरूप कहे जाते हैं। मैं उन्हींसे क्यों न प्रार्थना करूँ? क्योंकि मैं भी उन अशेष भगवान्का शेष ( अंशविशेष ) हूँ। शेष-विषयी भूत जो शेष वस्तुएँ हैं; उनमें मैं विशेष शेष हूँ। (अतः शेषकी अशेषस्वरूप शेषके प्रति प्रार्थना सर्वथा उचित है )॥ १५६ ॥

स्वामिन् ! हतोऽस्मि विविधैर्विषयैर्विशेषैः
शेषैश्च कामहतकैर्मदमानमत्तैः।
दुष्टैः खलैश्च मनुजाऽपसदैर्मृतैर्हा !
नित्यं कदर्थितमनाः शरणं गतस्त्वाम् ॥ १५७ ॥

स्वामिन् ! मैं नाना प्रकारके विशेष विषयोंसे मारा गया हूँ। शेष जो अधमाधम काम ( अभिलाष )हैं, उन्होंने भी मुझे मृतक-सा कर दिया है। मद और मानसे मतवाले जो दुष्ट, खल एवं अधम मनुष्य हैं, वे भी यद्यपि मरेके ही समान हैं, तथापि उन्होंने मेरे मनको अत्यन्त पीड़ा दी है। ऐसी स्थितिमें असहाय एवं निराश होकर आपकी शरणमें आया हूँ ( आप मेरा उद्धार कीजिए। )॥ १५७ ॥

जिह्वासहस्रयुगलं तव तद्द्वयमोघं
यत्त्वां स्तुवीत्यसकृदत्र भवं शुभं हि।
धन्यस्त्वमेव यदनेन यमेन दृष्टो
योऽधः करोषि तमपीह भवार्थगोऽसि ॥ १५८ ॥

शेष ! आपके दो सहस्र जिह्वाएँ हैं और वे भी अमोघ हैं—अपना काम करनेमें कभी चूकती नहीं हैं—असफल नहीं होती हैं। आपकी ये जिह्वाएँ निरन्तर शुभ स्वरूप भव ( संसार या शिव )की स्तुति करती रहती हैं। भगवन् ! आप ही धन हैं। क्योंकि इन युगल सहस्र जिह्वाओंद्वारा आप उस कालको भी नीचा दिखा देते हैं; जो यमराजसे दृष्ट या पोषित है। अतएव भवार्थ हैं—संसार या भगवान् शिवके अर्थसाधनमें तत्पर हैं ॥ १५८ ॥

शेषोऽप्यशेष इव भासि तदुच्चसत्त्वं
तत्त्वं सदैव नुवसीशगलं श्रितस्त्वम् ।
शेषोऽभवं ह्यहमपीह भवे धृतार्थः
शेषे रतोऽप्यसुगमः खलु तत्पदार्थः ॥ १५९ ॥

अनन्त ! आप शेष होकर भी अशेष ( संपूर्ण परमात्मा )के समान भासमान हो रहे हैं। क्योंकि शिवके गलेमें रहकर आप उस उच्च सत्त्व एवं परम तत्त्व परमेश्वरकी सदैव स्तुति करते हैं। इधर मैं भी भव ( जगत् अथवा शिव )में अपना सर्वार्थ समर्पण करमें शेष हो गया हूँ और उन शेषरूप शिवमें ही रत हूँ। तथापि तत्पदार्थ ( परमात्मा शिव ) मेरे लिए सुगम ( सुलभ ) नहीं हो रहे हैं॥ १५९॥

एकाऽस्ति मेऽत्र रसनाऽपि च दुष्टकर्मा
जीवोऽस्मि तुच्छगतिकोऽत्र च मृत्युधर्मा।
किं स्तौमि भो! तमखिलेश्वरमादिदेवं
हाऽसंस्कृतः शठगतिश्च कुपात्रमेवम् ॥ १६० ॥

प्रभो ! ( आपकी सहस्र जिह्वाएँ हैं, किन्तु ) मेरी तो इस जगत्में एक ही जीभ है। ( आप पुण्यकर्मा हैं, किन्तु ) मैं सदा दुष्ट कर्मोंमें लगा रहता हूँ, आप उत्तम गतिवाले परमेश्वर हैं और मैं ) तुच्छ गतिवाला साधारण जीव हूँ। ( आप अमरणधर्मा हैं और मैं) मरणधर्मा हूँ। हाय ! ( इतना अन्तर रहते भी मैं आपकी तरह ) उन अखिलेश्वर आदिदेवकी कैसे स्तुति कर सकता हूँ। इतना ही नहीं, मैं संस्कार हीन हूँ, शठतुल्य गतिवाला हूँ और ऐसा कुपात्र हूँ, फिर मुझमें आपके स्तवनकी योग्यता या क्षमता कैसे हो सकती हैं ?॥ १६० ॥

सत्यं प्रभो ! विषमयोऽस्ति भवान् विषाब्धौ
यत्स्थापितोऽतिविषमेऽत्र गलेऽमलेन।
तत्रापि शैत्यगुणतो भवता बताऽय-
माराधितो गलगतेन शिवश्छलेन ॥ १६१ ॥

प्रभो ! सचमुच ही आप विषमय हैं। क्योंकि अमलात्मा भगवान् शिवने आपको विषके सागररूप अपने कण्ठमें स्थापित कर रक्खा है। आश्चर्य है कि वहां उनके गलेमें रहते हुए भी आपने अपने शीतलत्व गुणके वहानेसे उन भगवान्को आराधना द्वारा प्रसन्न कर लिया है॥ १६१॥

स्वामिन् ! यदस्ति गुणगौरवतः सदार्हं
सद्वस्तु तत्त्वमथवाऽप्रकटं महार्घम् ।
तत्त्वं श्रयन् विलससीश ! भवंश्च तद्वत्
साक्षादशेष इव राजसि सत्यमेतत् ॥ १६२ ॥

स्वामिन् ! इस विश्वमें जो वस्तु गुण-गौरवकी दृष्टिसे सदा अर्चनीय तथा सत् है; अथवा अप्रकट बहुमूल्य तत्त्व है, उस परतत्त्व शिवका आश्रय लेकर तथा स्वयं भी वैसे ही होकर आप शेष होते हुए अशेषकी भांति शोभा पा रहे हैं। वास्तवमें आपका यह अशेषभाव ही सत्य है ॥ १६२ ॥

तस्माद्भवन्तमनवद्यमनन्तपारं
यत्संश्रितोऽस्मि परमेश्वरकण्ठहारम् ।
स्फारं विनाश्य भवभारमनर्थकारं
स्वामिन् ! नयस्व तदगारमनन्तसारम् ॥ १६३ ॥

आप अनवद्य, अनन्त, अपार तथा परमेश्वर शिवके कण्ठहार हैं। आपका मैंने जो आश्रय लिया है, इसके फलस्वरूप आप मेरे बढ़े चढ़े, अनर्थकारी भवभारका संहार करके उन प्रभुके अनन्त-सार अगार ( धाम ) में मुझे पहुँचा दीजिए ॥ १६३ ॥

स्वांशेन कालियतनुं धृतवन्तमित्थं
सम्भाव्य नाथ ! यमुनाऽन्तरितं समर्थम् ।
शीर्षे च कृष्णपदचिन्हविभूषितं त्वा
संलक्ष्य रौमि नय तत्र मृतोऽत्र हा ! हा !! ॥ १६४ ॥

नाथ ! पहले आप ही अपने अंशसे कालियनागका रूप धारण करके यमुनाजीके जलमें रहते थे; अतः मेरे कष्ट-हरणमें आप पूर्ण समर्थ हैं—ऐसी संभावना करके तथा आपके मस्तकको श्रीकृष्णके चरणचिन्होंसे विभूषित देखकर मैं आपको पुकारता हूँ–रो-रोकर विनती करता हूँ कि मुझे भगवान् शिवके समीप ले चलिए। हाय-हाय ! यहाँ तो मैं मारा ही गया ॥ १६४ ॥

आः ! किं भवानपि न पश्यति तत्सहस्रं
नेत्रद्वयं च समभूदत एव तुच्छम् ।
तद्गच्छ शेष ! विवशोऽसि सरीसृपोऽसि
नोद्धारकोऽसि सविषोऽसि विषं श्रितोऽसि ॥ १६५ ॥

आह ! क्या आप भी मेरी ओर नहीं देखते हैं ? फिर तो आपके दो हजार नेत्र अत्यन्त तुच्छ हैं—व्यर्थ हैं। अतः जाइए, शेषजी महाराज ! आप बेबस—असमर्थ हैं। आखिर सरीसृप ( साँप ) ही तो ठहरे। आप विषैले हैं, विषका आश्रय लिये बैठे हैं, अतः मेरे उद्धारक नहीं हो सकते ॥ १६५ ॥

स्वामिन् विशाख ! गतशाखममुं विकाण्डं
स्थाणुं श्रितं समवलोकय दुःखभाण्डम् ।
चण्डैः प्रचण्डगतिभिर्यमचण्डमुण्डै—
र्मुण्डे प्रताड्य विनिभर्त्सितमुग्रतुण्डैः ॥ १६६ ॥

स्वामी विशाख ( स्कन्द ) ! मैं शाखा और काण्डसे रहित स्थाणु ( ठूँठ काठ या शिव )का आश्रय लेकर दुःखका भाण्ड ( या भाण्डार ) बन गया हूँ। आप मुझ दुखियाकी ओर देखिए, ये भयानक तीखी चोंचसे युक्त और प्रचण्ड गतिसे चलनेवाले यमराजके चण्ड-मुण्ड ( दूत ) मेरे माथेपर ठोकर मार-मारकर मुझे डाँट-फटकार रहे हैं; ( कृपया बचाइए ) ॥ १६६ ॥

त्वं षण्मुखः शरवणे विभुवह्निजन्मा
जानासि दुःखमपि मेऽसि च शुद्धकर्मा ।
तस्माद् यतस्व सुगिरा जगतामधीशं
कर्तुं प्रसन्नमनसं गिरिशं गिरीशम् ॥ १६७ ॥

आपके छः मुख हैं ( अतः आपकी वाणीमें छःगुनी शक्ति है )। सरकंडेके वनमें सर्वव्यापी अग्नि देवसे आपका प्राकट्य हुआ है। आप मेरे दुःखको भली-भाँति जानते हैं तथा स्वयं शुद्धकर्मा ( सच्चरित्र या सदाचारी ) भी हैं। अतः कैलाश पर्वतपर शयन करनेवाले जगदीश्वर गिरीश ( शिव ) को प्रसन्नचित्त बनानेके लिए आप अपनी वाणी द्वारा एक बार प्रयत्न तो कीजिए ॥ १६७ ॥

सेनापतित्वमसमं कृतवान् भवांश्च
सञ्चालिताः सुरगणाः परिपालिताश्च ।
तं तारकासुरमिभेन्द्रमिवाऽत्र सिंहः
शक्त्याऽवधीस्त्वमसि तत्प्रभुदेवसिंहः ॥ १६८ ॥

आपने ऐसे सेनापतित्वका कार्य संभाला है, जिसकी कहीं तुलना नहीं है। आपके द्वारा देवसमुदायका संचालन और परिपालन हुआ है। जैसे कोई सिंह गजराजको मार डाले उसी प्रकार आपने शक्ति द्वारा उस प्रसिद्ध तारकासुरका वध किया था, इसलिए आप शक्तिशाली देवताओंमें सिंहके तुल्य हैं ॥ १६८ ॥

जानासि तत्स्थितिगती असि यत्स्वगेहे
तस्मात् प्रभो ! प्रविश चान्तरुमेशदेहे ।
शान्तं समुद्रमिव नक्रगणैः प्रमथ्य
तं त्वं प्रबोधय, दयस्व गणैः सतथ्य ! ॥ १६९ ॥

प्रभो ! आप भगवान् शिवके अपने गृहमें रहनेवाले हैं; इसलिए उनकी स्थिति और गतिको अच्छी तरह जानते हैं, अतः उमावल्लभके शरीरमें प्रवेश कीजिये—अन्तःप्रेरणा देकर जगाइए अथवा हे सत्यवादी कार्तिकेयजी ! अपने गणोंके साथ जाकर ठीक उसी तरह कोलाहलसे उन्हें जगानेकी दया कीजिए, जैसे मगरमच्छगण शान्त समुद्रको भी मथकर अशान्त कर देते हैं ॥ १६९ ॥

शक्तिर्बलं गतिमती कुशलत्वमेवं
वीर्यश्च तत्र फलभाङ् नहि नाथ ! सत्यम् ।
योऽसौ विभुर्जगति खेलति पुत्रिकाभि—
र्जीवादिभिः शिशुरिवाऽत्र विचित्रिताभिः ॥ १७० ॥

नाथ ! उन परमेश्वरके प्रति किसी भी प्राणीकी शक्ति, बल, गति, मति, कुशलता तथा पराक्रमका प्रयोग भी कोई फल नहीं दे सकता; यह सर्वथा सत्य बात है। वे भगवान् जीव आदिके साथ उसी प्रकार खेलते हैं, जैसे नन्हा शिशु विचित्र पुतलियोंके साथ खेला करता है ॥ १७० ॥

लीलाविनोदिनमनन्तमनन्तसारं
नागेन्द्रहारममलं करुणावतारम् ।
प्राप्तुं तमव्ययमहं भगवन्तमित्थं
क्रन्दामि भो ! कुरु कृपां गमयाऽत्र चारम् ॥ १७१ ॥

भगवन् ! जो लीलाओं द्वारा मनोविनोद करनेवाले, अनन्त, असीम सार-शक्तिसे सम्पन्न, भुजगेन्द्रहारसे विभूषित, निर्मल, करुणाके अवतार और अविनाशी हैं, उन भगवान् शिवको प्राप्त करनेके लिए मैं इस प्रकार क्रन्दन कर रहा हूँ। हे स्वामी स्कन्द ! कृपा कीजिए और मुझे शीघ्र उनके पास पहुँचाइए ॥ १७१ ॥

हा ! किं शृणोति न भवानपि रोदनं मे
दुर्भाग्यमेव विलसत्यथवाऽत्र तन्मे ।
नृत्यन्तमद्य पुरतःस्थितबर्हिवृन्दं
संप्रेक्षते प्रभुरहो ! यदुपेक्षितोऽहम् ॥ १७२ ॥

हाय ! क्या आप भी मेरा रोदन नहीं सुनते हैं ? अथवा यहाँ मेरा दुर्भाग्य ही विलास कर रहा है। इस समय सामने स्थित होकर नृत्यमें लगे हुए मयूरोंके समुदायकी ओर भगवान् स्कन्द देख रहे हैं। इसीलिए इन्होंने मेरी उपेक्षा कर दी है ॥ १७२ ॥

कोऽन्यो पुनर्विलसतीह मदग्र एकः
स्थूलोदरो धनपतिः किमु यक्षराजः ? ।
प्रेष्योपमः स्वकरसंधृतरत्नकुम्भो
ज्ञातो मयाऽहहह ! नर्मसखः प्रभोः सः ॥ १७३ ॥

यहाँ दूसरे कौन एक महापुरुष मेरे सामने सुशोभित हो रहे हैं ? इनका पेट तोंदके कारण स्थूल दिखायी देता है। क्या ये यक्षराज धनपति हैं ? इन्होंने सेवककी भाँति अपने हाथमें रत्नमय कलश ले रक्खा है। अहा हा ! अब पहचाना, ये मेरे प्रभुके नर्म-सखा कुबेर ही हैं ॥ १७३ ॥

धन्योऽसि वैश्रवण ! यस्य सखा त्वमेवं
देदीप्यसे पदयुगेऽत्र विभोः सुखेन ।
नार्हः प्रभुः किमिह शम्भुपदाब्जसेवा—
हेवाकिनां सुकृतिनामपि वीक्षितुं नः ॥ १७४ ॥

विश्रवाके पुत्र कुबेर ! आप धन्य हैं। प्रभुके सखा होकर आप इस प्रकार भगवान्‌के युगल चरणोंमें सदा सुखसे सुशोभित होते रहते हैं। हम भी यहाँ भगवान् शिवके चरणारविन्दोंकी सेवाके लिये सदा उत्सुक रहनेवाले पुण्यात्मा जन हैं; क्या वे प्रभु इस प्रकार हमारी दृष्टिके पथमें आने योग्य नहीं हैं ? ( अवश्य हैं, आप उन्हें दर्शन देनेके लिए प्रेरित कीजिए ) ॥ १७४ ॥

सत्यं तदेव यदि नो भगवन्तमीशं
सृष्टिस्थितिप्रलयकारिणमिद्धशक्तिम् ।
किं सेवसे ? कथमिहासि सखा त्वमित्थं
तस्य प्रभो स्वचरणाऽश्रितसत्कथस्य ? ॥ १७५ ॥

यही सत्य है, यदि ऐसा नहीं है तो आप सृष्टि, पालन और संहार करनेवाले, समृद्ध शक्तिशाली भगवान् शिवकी सेवा क्यों करते हैं ? अपने चरणाश्रित भक्तोंकी सत्कथा जिनकी जिह्वापर सदा रहती है; उन प्रभुके ऐसे प्रिय सखा आप यहाँ कैसे हुए ? ॥ १७५॥

सोऽयं विभुर्विलसतीदृशनिर्विकल्पे
सच्चिन्मये परहिते सुखदे समाधौ ।
तस्मान्न पारयति भक्तवरान् गुणैः स्वै—
राप्यायितुं विवशतां गत आत्मयोगात् ॥ १७६ ॥

ये भगवान् ऐसी सच्चिन्मयी परहितसाधिका, सुखदायिनी निर्विकल्प समाधिमें स्थित हो, अत्यन्त शोभा पा रहे हैं। अतः अपने योगसे विवशताको प्राप्त होकर ये अपने गुणों द्वारा श्रेष्ठ भक्तोंको आप्यायित ( परितृप्त ) करनेमें समर्थ नहीं हो रहे हैं ॥ १७६ ॥

तत्तस्य भक्तशमदस्य परस्य शम्भो—
नित्यं प्रियस्त्वमसि नर्मसखः सुहृच्च ।
किं नेक्षसेऽधिपवरस्य तदस्य कर्म
यच्छिष्यते बहुविधं विततं जगत्सु ॥ १७७ ॥

इसलिए आप मेरी सहायता कीजिए। क्योंकि भक्तोंको शान्ति प्रदान करनेवाले उन परमेश्वर शिवके आप नित्य प्रिय, नर्मसखा और सुहृद् हैं। क्या आप अपने श्रेष्ठ प्रभुके उस कार्यको नहीं देख रहे हैं, जो जगत्में बहुविध रूपसे फैला हुआ बाकी पड़ा है ॥ १७७ ॥

सक्ताः प्रभोः पदयुगेषु शुभप्रदेषु
भक्ता इमे हितपरा विलसन्ति कृत्ये ।
यावन्न पश्यति विभुर्विरतः समाधे—
स्तावत्त्वमेव कुरु तस्य सुकर्म सर्वम् ॥ १७८ ॥

भगवान्के कल्याणप्रद युगल चरणोंमें आसक्त हुए ये परहित-परायण भक्तजन कर्तव्य-पालनमें लगे हुए बड़ी शोभा पा रहे हैं। भगवान् समाधिसे विरक्त होकर जबतक इनकी ओर नहीं देखते हैं, तबतक आप उनके समस्त सत्कर्मोंका सम्पादन कीजिये ॥ १७८ ॥

सन्मन्त्र ! योग्यसचिवोऽसि विभोस्तदस्य
स्याद्धृद्यमद्य च तवाऽपि तदर्हकृत्यात् ।
तद्रावणाग्रभव ! मामपि पश्य तूर्णं
पूर्णं कुरुष्व मम हृद्गतकाममेतम् ॥ १७९ ॥

उत्तम मन्त्र देनेवाले कुबेर ! आप उन भगवान्के योग्य सचिव हैं। अतः उनके योग्य कार्य करनेसे आज आपका भी प्रिय एवं हित होगा। अतः रावणके बड़े भाई ! आप मेरी ओर भी शीघ्र दृष्टिपात कीजिए। और मेरे इस हृद्गत मनोरथको पूर्ण कर दीजिये ॥ १७९ ॥

शश्वत्-प्रियस्त्वमसि तस्य विभोः कुबेर !
त्वं ह्येक एव बहुधा कृतशम्भुसेवः ।
त्वामेव भूय उरुगायपदं श्रयन्तं
चोपासते जगति ते धृतनामरूपाः ॥ १८० ॥

कुबेर ! आप उन भगवान् शिवके सदैव प्रिय हैं। आपने अकेले ही शम्भुकी बहुविध सेवाएँ की हैं। आप बहुतोंके द्वारा गाये जानेवाले भगवच्चरणोंके आश्रित हैं। अतः संसारमें आपके नामरूप धारण करनेवाले बहुत-से धनकुबेर आपकी ही बारम्बार उपासना करते हैं ॥ १८० ॥

सिद्धिं ददासि भगवन्नुभयार्थरूपां
त्वं तत्प्रियेभ्य इह भुक्तिपदाऽभिधेयाम् ।
अन्याश्च मुक्तिपदभाजमपीह देव !
ते हस्त एव भवतो लसतः सदैव ॥ १८१ ॥

भगवन् ! आप भगवान् शिवके प्रिय भक्तोंको यहाँ दोनों प्रकारकी सिद्धि प्रदान करते हैं। उनमेंसे एकका नाम है भुक्ति और दूसरीको मुक्ति कहते हैं। देव ! ये दोनों ही सिद्धियाँ आपके हाथमें ही सदा सुशोभित होती हैं ॥ १८१ ॥

ऐश्वर्यसन्निधिरसीश्वर ! दातुमेतत्
कष्टं न ते निधिपतिस्त्वमसीह यस्मात् ।
मुक्तिं प्रदातुमपि तत्पुरुषस्य सङ्गा—
च्छक्नोसि भो ! विदिततत्त्व उपायदानात् ॥ १८२ ॥

ईश्वर ! आप सकल ऐश्वर्योंके उत्तम निधान हैं। यह ऐश्वर्य प्रदान करना आपके लिए कष्टसाध्य नहीं है, क्योंकि आप निधिपति हैं। आप तत्पुरुष शिवके सङ्गसे मुक्ति भी देनेमें समर्थ हैं। भुक्ति-मुक्तिके उपाय देनेके कारण आपका तत्त्व सबको विदित है ॥ १८२ ॥

त्वं यादृशः शिवपरोऽसि पदाऽनुरक्त—
स्तत्तादृशोऽहमपि चाऽस्मि शिवस्य भक्तः ।
किं नेक्षसेऽमुमथ भो ! सहधर्मिणं मां
तत्क्रन्दनादुपरतं कुरु संयतस्व ॥ १८३ ॥

आप जैसे शिवपरायण और उनके चरणानुरागी भक्त हैं, वैसा ही शिवभक्त मैं भी हूँ। हे देव ! मैं आपका सहधर्मी हूँ। आप मेरी ओर क्यों नहीं देखते हैं। अतः मुझे करुण-क्रन्दनसे विरत कीजिये और मेरे मनोरथको पूर्ण करनेके लिए भली-भाँति प्रयत्न कीजिये ॥ १८३ ॥

यक्षाऽधिपस्त्वमसि देवधनादिकानां
गोप्ता परन्तु तव तत्र न किञ्चिदस्ति ।
तल्लुण्ठितं सकलमेव सुखं यदासीत्
सापत्न्यभावमनुसृत्य तवानुजेन ॥ १८४ ॥

आप यक्षराज हैं। देवताओंके धन आदिके रक्षक हैं। परन्तु अब वहाँ आपका कुछ भी नहीं है। जो था, वह सारा ही सुख आपके छोटे भाई रावणने शत्रुता मनमें लेकर लूट लिया ॥ १८४ ॥

ज्ञातं मयैतदखिलं धनवैभवादि
यच्चास्ति नास्ति तव तत्र तथाऽधिकारः ।
नाम्ना कुबेर इति विश्रुतमात्रकर्मा
त्वं राजसेऽलमलमत्र गतोऽहमग्रे ॥ १८५ ॥

अब मैंने जान लिया। वहाँ जो सारा धन वैभव आदि है, उसमें आपका कोई अधिकार नहीं रहा। आप नामके ही कुबेर हैं। आपका कर्ममात्र विख्यात है। आप अपने उस कर्मसे ही शोभा पा रहे हैं। अतः बस कीजिये बस। आपसे कुछ होनेवाला नहीं है। अतः मैं आगे चला ॥ १८५ ॥

हा ! किं करोमि प्रमथाः परितो भवन्त—
स्तं संश्रिताः स्थ भवतामपि नास्ति चान्तः ।
यूयं दयध्वमिह तत्र विभोः समक्षं
मां प्रापयध्वमभवश्च विबोधयध्वम् ॥ १८६ ॥

हाय, हाय ! मैं क्या करूँ ! हे प्रमथगणों ! आपलोग चारो ओरसे भगवान् शङ्करकी सेवामें उपस्थित हैं। आपलोगोंका भी अन्त नहीं है। आप दया करें और मुझे भगवान्के सामने उनके निकट पहुँचा दें। साथ ही उन अजन्मा प्रभुको समाधिसे जगा दें ॥ १८६ ॥

'भूताः स्म' यूयमिह शोचथ किं ? वयं के
स्थाणुं प्रबोधयितुमित्यपि नैव शोच्यम् ।
स्वामी चराचरमयो विभुरव्ययोऽसौ
हृष्टो भवद्भिरत एव तदेव कार्यम् ॥ १८७ ॥

भूतगणों ! तुमलोग यहाँ क्या सोच रहे हो ! 'हमलोग कौन हैं ? स्थाणु ( ठूँठ या शिव ) को जगाने वाले' ऐसी बात भी कभी मनमें नहीं लानी चाहिए। वे भगवान् चराचरमय अविनाशी शिव, तुम्हारे स्वामी हैं। तुम लोगोंसे सदा प्रसन्न ही रहते हैं। अतः उनकी प्रसन्नताके लिए ही वह कार्य करो ॥ १८७ ॥

तस्मै प्रदर्शयत दिव्यगुणान् गतीश्च
योगश्च दिव्यममलं सुकला मतीश्च ।
यैरालबालसदृशैर्जलरूपयत्नैः
स्थाणुः प्ररोक्ष्यति दयाऽङ्कुरमत्र सिक्तः ॥ १८८ ॥

तुम उन्हें अपने दिव्य गुण और गति दिखाओ। दिव्य निर्मल योग, उत्तम कला और मतिका प्रदर्शन करो। वे तुम्हारे गुण आलवाल ( थाला ) का काम करेंगें और तुम्हारे यत्नरूप जलसे सींचा जाकर वह स्थाणु भी अवश्य ही दयामय अंकुर प्रकट करेगा ।। १८८ ।।

श्रुत्वैव मर्त्यरवमीदृशमार्तिजातं
किं भो ! पलायथ भयेन इहाऽस्मि सोऽहम् ।
भूतेभ्य एव भयमावहतीति लोको
मिथ्याऽभवद् यदिह विभ्यति मर्त्यतस्ते ।। १८९ ।।

अरे ! मुझ मरणधर्मा मनुष्यकी यह आर्तपुकार सुनते ही तुमलोग भयसे भाग क्यों चले। मैं तो यहाँ निर्भय खड़ा हूँ। लोग भूतोंसे ही डरते हैं, यह बात आज मिथ्या प्रमाणित हो गयी। क्योंकि वे भूतगण मनुष्यसे ही डर रहे हैं ।। १८९ ।।

त्वं वीरभद्र भगवन् ! प्रमथाऽऽदिकानां
श्रेष्ठस्तथा गणपतिश्च महामहिम्नाम् ।
भूतांस्तथा प्रमथकाननुगृह्य सर्वान्
नृत्य स्वनाथमभितोऽनुगृहाण भक्तान् ।। १९० ।।

भगवन् वीरभद्र ! आप प्रमथादिगणोंमें श्रेष्ठ हैं और उन महामहिम गणोंके गणपति भी हैं। आप समान भूतों और प्रमथोंको साथ लेकर अपने स्वामीके चारो ओर नृत्य कीजिये और इस नृत्य द्वारा भक्तजनोंको अनुगृहीत कीजिए ।। १९० ।।

नृत्येद्भवान् यदि कला सकलाः प्रगृह्य
हृष्टो भविष्यति कृतज्ञविभुर्गुणेन ।
उन्मील्य नेत्रयुगलं स्वसमाधितोऽपि
प्रेक्षिष्यते परिकरान् सफला भवेम ।। १९१ ।।

यदि आप समस्त कलाओंको लेकर नृत्य करेंगे तो कृतज्ञ भगवान् शिव आपके इस गुणसे प्रसन्न होंगे। अपनी समाधिसे भी विरत हो, दोनों नेत्र खोलकर परिकरोंको देखेंगे। फिर तो हम सफल मनोरथ हो जायेंगे ।। १९१ ।।

ते पञ्चतत्त्वपरिपूरितदेहमात्रा
विज्ञापिता इह परं विफला अभूवन् ।
तत्त्वैकमात्रगतिवायुविशिष्टरूपां—
स्तान् प्रेरयंस्त्वमसि तादृश एव हा धिक् ! ।। १९२ ।।

वे भूतगण पंचतत्त्वसे परिपूरित देहमात्र धारण करनेवाले हैं। उनसे जब मैंने अपनी प्रार्थना निवेदित की तो वे सबके सब इसे सिद्ध करनेमें विफल हो गये। वीरभद्र ! एकमात्र तत्त्वगति वायुसे विशिष्ट रूपवाले उन भूतोंको प्रेरित करते हुए तुम भी वैसे ही हो गये—वायुरूपमें परिणत हो, अदृश्य होकर चल दिये। हाय ! धिक्कार है ॥ १९२ ॥

त्वं स्फोट एव डमरो ! श्रुतिनादपूर्णः
पूर्णोऽप्यपूर्णहृदयो दृढघोषघूर्णः ।
त्वां ताण्डवेऽपि च हरो न जहाति तस्मा—
च्छब्दायसेऽलिरिव तस्य विभोः कराब्जात् ॥ १९३ ॥

हे डमरू ! तुम श्रुतिनादसे परिपूर्ण स्फोटरूप ही हो। पूर्ण होते हुए भी अपूर्ण हृदय होकर दृढ़घोषसे घूर्णित होते हो। भगवान् शङ्कर तुम्हें ताण्डव नृत्यके समय भी नहीं छोड़ते हैं। तुम उन भगवान्के कर-कमलमें स्थित रहकर भ्रमरकी भाँति शब्द करते हो ॥ १९३ ॥

सत्साधनं त्वमसि भो ! जगति प्रधानं
तत्संस्कृते स मुनि-पाणिनये निदानम् ।
यस्माद् ददाऽवहह ! व्याकरणात्मकानि
सूत्राणि तानि भगवानइउण्मयानि ॥ १९४॥

हे डमरू ! तुम इस जगत्में प्रधान एवं उत्तम साधन हो। इसीलिए भगवान् शङ्करने तुमसे प्रकट करके पाणिनी मुनिको संस्कृत भाषा विषयक व्याकरणात्मक 'अइउण्' इत्यादि सूत्र दिये। यह कितने हर्षकी बात है अतः तुम पाणिनीय व्याकरणके आदिकारण हो ॥१९४॥

वाद्यस्व तत्स्वयमुमेशविभोः प्रियस्त्वं
तूर्णं क्वणत्स्वरमिहाऽद्य रवो विशेत् खम् ।
श्रुत्वा प्रभुः स्वदहरेऽत्र परे स्थितोऽपि
पश्येत् समाधिविरतः करुणं भवेच्छम् ॥ १९५ ॥

अतः तुम स्वयं बज उठो। क्योंकि भगवान् उमेशको तुम बहुत ही प्रिय हो। तुम्हारा स्वर गूँज उठे और यहाँ गम्भीर घोष आकाशमें फैल जाय। भगवान् शिव अपने परम हृदयाकाश—समाधिमें स्थित रहकर भी उस डमरूनादको सुनें और समाधिसे विरत हो अपनी करुणाभरी दृष्टिसे हम सबकी ओर देखें। इससे कल्याण होगा ॥ १९५ ॥

तच्छक्तिरेव विलसत्यथवाऽत्र तन्मे
ह्याक्रन्दितेन रुदितेन भवेन्न किञ्चित् ।
ईक्षा प्रभोः सुखमयी जयतीह दिव्या
कर्तुं ह्यकर्तमपि या सफला सदैवम् ॥ १९६ ॥

अथवा उन भगवान् शिवकी शक्ति ही यहाँ विलास कर रही है। अतः मेरे रोने-चिल्लानेसे यहाँ कुछ होनेवाला नहीं हैं। भगवान्‌की आनन्दमयी दिव्य दृष्टि ही सबके ऊपर विराजमान है। जो करने न करने और अन्यथा करनेमें सदैव सफल है ॥ १९६ ॥

भो भो त्रिशूल ! दृढशक्तिसमन्वितं त्वं
त्रैलोक्यनाशनविधौ च भृशं समर्थम् ।
तस्माद् दयस्व लघु तान् कफवातपित्तान्—
छूलञ्च नाशय कुरुष्व सुनाम सार्थम् ॥ १९७ ॥

अरे ओ त्रिशूल ! तुम्हारी शक्ति अत्यन्त सुदृढ़ है। तुम तीनों लोकोंका नाश करने की क्रियामें अत्यन्त समर्थ हो। इसलिए शीघ्र दया करो। मेरे शरीरमें जो बात, पित्त और कफजनित रोग हैं, उनको तथा शूलको भी नष्ट कर दो और इसप्रकार अपना नाम सार्थक कर लो ॥ १९७ ॥

निष्कास्य शक्तिमतुलां त्रिभिरङ्गकैस्तैः
स्याच्चेन्निखातमतिशक्ति भवत् तदत्र ।
शीघ्रं भविष्यति विभो ! भुवनं समस्तं
ह्यस्तं तदैव भगवांश्च निरीक्षतेऽत्र ॥ १९८ ॥

प्रभो त्रिशूल ! यदि आप अपनी अनुपम शक्ति प्रकट करके अपने तीन अङ्गों (शूलों) द्वारा गड़ जाँय तो सारा विश्व शीघ्र ही अस्त हो जायगा। क्योंकि आपकी शक्ति असीम हैं। जान पड़ता है कि ऐसा होनेपर ही भगवान् शिव इधर दृष्टिपात करेंगे ॥ १९८ ॥

किं वा करोम्यहह ! हृद्गतकामनायाः
सम्पूरणार्थमसमां विभुदृष्टिमाप्तुम् ।
आक्रन्दनं कृतवतोऽपि मम श्रमोऽत्र
दैवादभूद् विफल एव करोमि भूयः ॥ १९९ ॥

हाय हाय ! क्या करूँ ! अपनी हार्दिक कामनाकी पूर्तिके निमित्त अनुपम भगवद्‌दृष्टि प्राप्त करनेके लिए मैंने सब ओर बड़ा क्रन्दन किया। तो भी दैववश मेरा यह श्रम निष्फल ही हुआ। अब पुनः वही करूँगा ॥ १९९ ॥

भो भो पिनाक ! विधृताऽखिलशक्तिरीश—
स्तस्य प्रभोर्धनुरसि त्वमतः स शम्भुः ।
त्वां वै विभर्त्यसमरूपधरो यदाऽसौ
नूनं जयेच्छरगणान् सृजते त्वदत्र ॥ २०० ॥

अरे ओ पिनाक ! तुम उन भगवान्के धनुष हो, जिन्होंने पूर्ण शक्ति धारण कर रखी है। इसीलिए वे अनुपमरूपधारी प्रभु जब तुम्हें हाथमें लेते हैं, तो निश्चय ही उनकी विजय होती है। वे तुमसे बाण-समूहोंकी सृष्टि ( वर्षा ) किया करते हैं ॥ २०० ॥

सैका स्मृतिः स्मृतिपथश्च ममाऽऽगताऽद्य
या संव्यनक्त्यखिलविश्वपतेर्महत्त्वम् ।
कृष्णाय धर्मगुरवे स्वसुतानिमित्तं
बाणो यदैव निमुमोच शरानमोघान् ॥ २०१ ॥

बाणास्तदस्य वरबारणवेगतुल्या
गत्वा मृगेन्द्रमिव तं भगवन्तमारात् ।
विद्ध्वाऽप्यहो ! युधि पराभवमापुरस्माद्
दृष्ट्वा यदैव कुपितो भगवान् भवोऽभूत् ॥ २०२ ॥

आज एक स्मरणीय घटना मेरे स्मृतिपथपर उतर आयी है, जो सम्पूर्ण जगत्के स्वामी भगवान् शिवकी महत्तापर प्रकाश डालती है। जिस समय अपनी पुत्रीको निमित्त बनाकर बाणासुरने धर्मगुरु श्रीकृष्णपर अपने अमोघ बाण छोड़े थे, उस समय श्रेष्ठ गजराजके समान वेगशाली उसके वे बाण भगवान् श्रीकृष्णके पास उसी प्रकार गये जैसे हाथियोंका समुदाय मृगराज सिंहपर आक्रमण करता है। युद्धस्थलमें वे बाण भगवान्को बींधकर भी पराभवको प्राप्त हुए। यह देखते ही भगवान् भव (शिव) कुपित हो उठे ॥ २०१–२०२ ॥

त्वां वीक्ष्य येन निजभक्तविपोषकेन
तेनाऽपि विश्वपतिना रणकार्मुकेन ।
संयोजितः शर उपायविदा शिवाऽऽख्यो
नारायणेन परमेष यदैव रुद्धः ॥ २०३ ॥

फिर अपने भक्तोंका पोषण करनेवाले विश्वनाथ शिवने युद्धकी इच्छा मनमें लेकर तुमपर दृष्टिपात किया। वे उपायके ज्ञाता तो हैं ही, उन्होंने शिव-बाणका सन्धान किया, परन्तु यह नारायणास्त्रसे तत्काल अवरुद्ध हो गया ॥ २०३ ॥

दृष्ट्वा तदेतदखिलं निजभक्तभक्तं
तं चाशुतोषमपि विश्वपतिं स्वहृत्स्थम् ।
गान्धर्वमस्त्रमुपयुज्य विभुः स कृष्णः
संजृम्भमाणमकरोच्च तदा हतस्त्वम् ॥ २०४ ॥

ये सब देखकर तथा यह विचार करके कि आशुतोष जगदीश्वर शिव अपने भक्तोंके भक्त हैं और वे मेरे हृदयमें भी विराजमान हैं, भगवान् श्रीकृष्णने गान्धर्वास्त्रका प्रयोग करके उन महेश्वरको संजृम्भमाण कर दिया—वे उस बाणके प्रभावसे खड़े-खड़े जँभाई लेने लगे। पिनाक ! उस समय तुम हतप्रतिभ हो गये थे ॥ २०४ ॥

त्वां व्याहरामि किमिहाऽद्य विभुं तमेनं
तूर्णं प्रबोधयितुमेत्रमनीशमत्र ।
मत्काव्यनायकमृते तदनुग्रहं च
मन्ये न चाऽस्ति गतभीश्च विबोधयेद् यः ॥ २०५ ॥

तुम तो यहाँ उन भगवान्को समाधिसे तुरन्त जगानेमें असमर्थ हो गये। फिर मैं तुमसे क्या कहूँ? जान पड़ता है मेरे काव्यके नायक भगवान् श्रीकृष्ण और उनके अनुग्रहको छोड़कर दूसरा कोई ऐसा नहीं है, जो निर्भय होकर उन्हें जगा सके ॥ २०५ ॥

त्वां ज्ञापयाम्यहमुपायममोघमेकं
कर्तुं यतस्व तदिहाऽव्यय ईश एषः ।
जागर्ति येन गुणविह्वलितो ममार्त्या
त्वं निर्गुणोऽपि गुणवान् भव भो ! मदुक्त्या ॥ २०६ ॥

पिनाक ! मैं तुम्हें एक अमोघ उपाय बता रहा हूँ। तुम उसे ही यहाँ काममें लानेका प्रयास करो। ये अविनाशी ईश्वर मेरी पीड़ासे प्रभावित एवं गुणसे विह्वल होकर जिससे जाग जाँय वह करो—तुम निर्गुण होकर भी आज मेरे कहनेसे गुणवान् बन जाओ ॥२०६॥

पश्चाच्छृणु श्रितपरात्मगतिं ह्यतर्क्यं
तं निर्गुणं परगुणैः सगुणीभवन्तम् ।
ध्यात्वा त्वमस्य करपङ्कजमार्तिहारि
श्रित्वा शरान् समुपयुज्य भव प्रहारी ॥ २०७ ॥

इसके बाद क्या करना है, सुनो ! जिन्होंने परमार्थगतिका आश्रय लिया है, जो तर्ककी पहुँचसे परे हैं, निर्गुण होकर भी पराये गुणोंसे सगुण हो जाते हैं, उन भगवान्का ध्यान करके तुम इनके आर्तिहारी करकमलका आश्रय लो। फिर बाणोंका उपयोग करके प्रहार आरम्भ कर दो ॥ २०७ ॥

इत्थं मया सुविहितोऽनुनयोऽपि हन्त !
जातो वृथा विहतधीषु कृतो यथा हि ।
अस्थान आपतित एष मतिर्ममाऽभूद्
दुष्टाऽत्र भूय उरुगायपदं श्रयामि ॥ २०८ ॥

हाय ! इस प्रकार मैंने बहुत अनुनय-विनय की किन्तु सब व्यर्थ हो गयी। हतबुद्धिजनोंके प्रति किया गया जिस प्रकार अयोग्य स्थानमें आ पड़ता है उसी प्रकार यह मेरा अनुनय भी व्यर्थ हो गया। मेरी बुद्धि यहाँ दूषित हो गयी। अतः पुनः भगवान् उरुगाय (कृष्ण या शिव) के चरणोंकी शरण लेता हूँ ॥ २०८ ॥

हा धिग् ! हतोऽस्मि सुदृढं प्रभुसेविकास्ता
या अष्टसिद्धय इहाऽप्रतिरुद्धवीर्याः ।
दृश्यन्त आसु विहिता विनतिः स्तुतिश्च
नूनं फलत्यहह ! ता अपि विस्मृता धिक् ! ॥ २०९ ॥

हाय ! धिक्कार है। मैं हर तरहसे मारा गया। भगवान्की सेवा करनेवाली जो आठ सिद्धियाँ हैं, वे यहाँ अप्रतिहत शक्तिशालिनी देखी जाती हैं। उनके प्रति की गयी विनय अथवा स्तुति निश्चय ही फलदायिनी होती है। किन्तु वे भी मुझे विस्मृत हो गयीं। कितने कष्टकी बात है ॥ २०९ ॥

देव्यो ! भवत्य इह संददतु स्वदृष्टी—
र्भूयासमाभिरहमद्य भृशं प्रसन्नः ।
याः प्राप्य निर्गुणमजं सदुपायलाभा—
दुद्बोधयामि गुणवन्तममुं करोमि ॥ २१० ॥

देवियो ! यहाँ आप ही लोग अपनी दृष्टि दें। आपकी कृपादृष्टियोंसे ही आज मैं अत्यन्त प्रसन्न हो जाऊँगा। इन्हें पाकर एक उत्तम उपाय मिल जानेसे मैं निर्गुण और अजन्मा शम्भुको समाधि से जगाऊँगा और इन्हें सगुण बनाऊँगा ॥ २१० ॥

हा ! धिङ् ! मृतोऽस्म्यहमिहाऽपि च सिद्धयस्ताः
सन्त्यत्र वारवनिता इव चार्थलुब्धाः ।
योगी न चाहमिह नास्ति च मेऽर्थ ईदृङ्
मां किं भजन्त्यहह ! ता गुरुयोगगम्याः ॥ २११ ॥

हाय ! धिक्कार है। मैं तो यहाँ मर गया। ये सिद्धियाँ भी यहाँ वाराङ्गनाओंकी भाँति अर्थलुब्ध प्रतीत होती हैं। मैं योगी हूँ नहीं और मेरे पास यहाँ ऐसा कोई अर्थ नहीं है। फिर गुरुके योगसे सुलभ होनेवाली वे सिद्धियाँ मुझे कैसे अपनायेंगी ॥२११॥

धिग् ! धिग् ! हतोऽस्म्यशरणोऽस्मि किमारभेऽहं
को वा शृणोति मम तुच्छगिरं मृतोऽहम् ।
ये शक्तिमन्त इह सन्ति महामहान्त
आश्रित्य तानपि भवे विफलोऽस्म्यशान्तः ॥ २१२ ॥

धिक्, धिक् ! मैं मारा गया। मुझे कोई शरण देनेवाला नहीं है। मैं क्या करूँ ? कौन मेरी तुच्छ वाणीको सुनेगा। हाय ! मैं मर गया। जो लोग यहाँ शक्तिशाली और महान्से भी महान् हैं, उनकी शरणमें जाकर भी मुझे सफलता नहीं मिली। मैं अशान्त हो गया हूँ ॥ २१२ ॥

स्वामिन् विनायक विभो ! गणनायकस्त्वं
जातः सनायक इहाऽपि विनायकोऽहम् ।
तत्संश्रयामि भवतोंऽङ्घ्रिममङ्गलघ्नं
निघ्नन्तमद्य मम विघ्नममुं ह्यघघ्नम् ॥ २१३ ॥

मेरे स्वामी भगवान् विनायक ! आप गणनायक हैं। यद्यपि मैं भी यहाँ विनायक हो (नायकरहित) हूँ, तथापि आपको पाकर सनायक हो गया हूँ। आपका चरण अमङ्गलहरण, मेरे विघ्नोंका विनाशक तथा अघनाशक है। अतः मैं इसीकी शरण लेता हूँ ॥२१३॥

पूर्वं भवन्तमृषयः स्तुतिभिः स्तुवन्ति
सिद्ध्यर्थमत्र गुणगौरवतो भजन्ति ।
पश्चाद्भजामि भगवन्तमहो ! परन्तु
मूर्खोऽस्मि पादयुगले च लुठाम्यहं तु ॥ २१४ ॥

ऋषि लोग यहाँ सिद्धि प्राप्त करनेके लिए नाना प्रकारके स्तुतियों द्वारा पहले आपका स्तवन करते हैं। फिर आपके गुणोंमें गौरव भावना रखते हुये आपका भजन करते हैं। परन्तु अहो ! मैं ऐसा मूर्ख हूँ कि पीछे आप-भगवान्का भजन कर रहा हूँ। प्रभो ? मैं आपके दोनों चरणोंमें लोट रहा हूँ ॥ २१४ ॥

मध्यो न चादिरिह यस्य तु नास्ति चाऽन्तः
सद्वस्तु तत्त्वमसि राजसि नाथ ! शान्तः ।
तस्मान्न तथ्यमिह पूर्वपरत्वभेदे
भेदोऽपि भेदयति किं भगवन्नभेदे ॥ २१५ ॥

नाथ ! जिसका यहाँ न तो आदि है, न मध्य है, और न अन्त ही है, वह सद्वस्तु आप हैं। आप शान्त भावसे विराजते हैं। इसलिए पहले पीछेके भेदमें कोई तथ्य नहीं है।

भगवन् ! क्या अभेद अथवा अद्वितीय आप परमेश्वरमें भी भेद-दृष्टि कोई भेद उत्पन्नकर सकती है ? ।। २१५ ।।

संश्रित्य लक्ष्यमिह कृष्णगुणाऽनुवादं
यद्व्यापृतोऽस्मि गजवक्त्र ! गिरामतीते ।
तस्मिन्ननन्तविषये मम का गतिः स्या—
देवं विरौमि मयि धेहि सहायमद्धा ।। २१६ ।।

गजानन ! भगवान् श्रीकृष्णके गुणानुवादका लक्ष्य लेकर मैं यहां काव्य रचनाके व्यापारमें लगा हूँ। जहाँ वाणीकी गति नहीं है, उस अनन्त विषयमें मेरी क्या गति हो सकती है ? । ऐसा सोचकर मैं विलाप करता हूँ । आप मेरी सहायता कीजिये ।। २१६ ।।

यस्माद्गुरुत्वमधिगम्य लघुत्वमाप्य
काव्यं करोमि परिपूर्णमिदं विभाव्य ।
अग्रेसरोऽभवमहं जगतां गुरुः स
शान्तो निरिन्धन इवाऽग्निरभूद्गिरीशः ।। २१६ ।।

जिनसे उनका गुरुत्व ( उपदेशकत्व ) पाकर और लघुत्व ( शीघ्रता ) को अपनाकर मैं इस काव्यको परिपूर्ण कर लूँगा, ऐसी आशा लगा रखी थी और इसीके भरोसे मैं अपने कर्तव्य पथपर आगे बढ़ गया था। वे जगद्गुरू भगवान् शङ्कर तो विना ईंधनकी अग्निके समान शान्त ( समाधिस्थ ) हो बैठे हैं। ( ऐसी दशामें मैं क्या करूँ ? ) ।। २१६ ।।

कुत्रास्ति षाऽधिकरणं क्व च सन्ति बृद्धा
न्याय्यं च मे ददति केऽधिकृता विपक्षाः ? ।
गच्छामि कुत्र विलपामि जगद्गुरुर्हा !
मां त्यक्तवानहह ! पश्यत पूज्यपादाः ! ।। २१७ ।।

( क्या मैं अपने विषयमें न्याय करानेके लिए किसी न्यायालयमें जाऊँ ? ) कहाँ है वह न्यायालय ? कहाँ हैं ऐसे बृद्धजन ? जो मुझे न्यायोचित फैसला देगें। कौन-से ऐसे अधिकृत ( न्यायाधीश ) हैं, जो पक्षपातरहित होकर विचार करेगें हाय, मैं कहाँ जाऊँ ? किससे रो-रोकर बताऊँ कि पूज्यपाद गुरुजनो ! देखो, जगद्गुरु भगवान् शङ्करने मुझे त्याग दिया हैं ।। २१७ ।।

युक्तं कथं भवति तच्छरणाऽऽगता ये
त्यक्तास्तु कैरिह महात्मभिरीश्वरैश्च ? ।
वक्तव्यतां च गतवान् स विभुर्यदत्र
तस्माद् गजानन ! विबोधय पूज्यमद्य।। २१८ ।।

यह बात कैसे उचित हो सकती है। किन महात्मा पुरुषों और उच्चकोटिके महानुभावोंने यहाँ शरणागतोंका परित्याग किया है। गजानन? मेरी उपेक्षाके कारण भगवान् शङ्कर यहाँ वक्तव्यता ( लोगोंकी आलोचना )के पात्र बन गये हैं। अतः आप अपने पूज्य पिताजीको अब जगाइए ॥ २१८ ॥

त्वं वै कृपानिधिरहो! गुणपक्षपाती
यद्राजसे पदयुगेऽत्र विमोर्गताधिः।
जानासि तद्गतिमती च सदा गतोऽङ्कं
निःशङ्कमङ्ग! वितराशु कृपामभङ्गाम् ॥ २१९ ॥

अहो! आप कृपाके सागर हैं। गुणोंके पक्षपाती हैं। क्योंकि—यहाँ भगवान्के युगल चरणोंमें निश्चिन्त विराजते हैं। उनकी गति-मतिको जानते हैं। सदा निःशंक होकर उनके अंकमें खेला करते हैं। अतः हे पूज्य गणेश? अब शीघ्र मुझे अपनी चिरस्थायिनी कृपाका वितरण कीजिए ॥ २१९ ॥

सिद्धिं कलौ वितरसीश्वर! साधकेभ्यः
प्राक् त्वां भजन्ति लघु तेऽपि च साधनैः स्वैः।
मूर्खोऽस्म्यहं तु भगवंस्तदुभौ न जाने
साध्यं भवत्पदयुगं शुभदं तु जाने ॥ २२० ॥

हे सर्वसमर्थ गणनायक? आप कलियुगमें साधकोंको सिद्धि प्रदान करते हैं। और वे साधक भी पहले अपने साधनों द्वारा शीघ्रतापूर्वक आपका भजन करते हैं। परन्तु भगवन्! मैं मूर्ख हूँ। साधन और साधक कैसे और क्या होते हैं? इन दोनोंका मुझे ज्ञान नहीं है। आपके युगलचरण ही शुभदायक होनेके कारण मेरे साध्य हैं। इतना ही मैं जानता हूँ ॥ २२० ॥

तस्माद् दयस्व भगवन्! मयि दीनवृत्तौ
योऽस्म्यत्र साहसिक ईशकथाभिगाने।
एकैकवर्णमिह लब्धसुवर्णवर्ण!
पक्षी कणानिव गृणन् विलिखाम्यवर्ण! ॥ २२१ ॥

अतः भगवन्! मुझ दीन वृत्तिवाले दासपर दया कीजिए। जो कि यहाँ भगवान् श्रीकृष्णकी लीलाकथाके गानका—महाकाव्यके रूपमें उनके चारू चरितामृतके रचनाका साहसकर बैठा है। प्रभो! आपको सोने जैसा सुन्दर वर्ण ( रंग ) प्राप्त है, तथापि आप अवर्ण ( ब्राह्मणादिवर्णके अभिमानसे रहित ) हैं। भगवन्! जैसे पक्षी एक-एक दाना चुगता है, उसीप्रकार मैं भी इस काव्यमें एक-एक अक्षर चुनकर लिख रहा हूँ ॥ २२१ ॥

आः किं भवानपि विभो ! बधिरायते हा !
पीडां न पश्यति कथं यदुपेक्षितोऽद्धा ।
मग्नोऽभवत् प्रभुरपीह मनःप्रियेण
तन्मोदकेन विहरन् निजमूषकेण ॥ २२२ ॥

आह, प्रभो ! क्या आप भी बहरे जैसे हो रहें हैं, हाय, मेरी पीड़ा क्यों नहीं देखते हैं। आपने भी क्यों मेरी उपेक्षाकर दी ?। जान पड़ता है, आपको अभिमान हो गया है, आप समर्थ होते हुए भी यहाँ अपने मनको प्रिय लगनेवाले मोदक ( लड्डू ) लिये अपने वाहन मूषकके द्वारा विचरने लगे ॥ २२२ ॥

हा धिग् ! हतोऽहमिह दिव्यविभूतियुक्तान्
संश्रित्य यानपि महापदभूषितांस्तान् ।
एवंविधोऽभवमहो ! यदि तुच्छदेवान्
स्यात् का गतिर्मम तु चेदभजिष्यमन्धान् ! ॥ २२३ ॥

हाय, धिक्कार है ! मैं तो मारा ही गया। जब यहाँ दिव्य-वैभवसे सम्पन्न और महापदसे विभूषित उन बड़े बड़े देवताओंका आश्रय लेकर भी मेरी ऐसी अवस्था हो गयी तो यदि सर्वथा तुच्छ और अन्धे देवताओंका आश्रय लेता तो मेरी क्या गति होती ? ॥ २२३ ॥

आस्तां तदत्र विलपामि पदाब्जयुग्मं
ध्यायन्नतन्द्रितमनोमयमस्य शम्भोः ।
गायन् गुणाञ्जगति पावनहेतुभूतान्
गृह्णंश्च नाम हर ! शङ्कर ! नाथ ! बम् ! भो ! ॥ २२४ ॥

अच्छा, अब अन्य लोगोंके सामने रोना, गिड़गिड़ाना बन्द हो, अब तो मैं भगवान् शम्भुके तन्द्रारहित मनोमय चरणारविन्दयुगलका ध्यान करता हुआ विलाप करूँगा। संसारमें पवित्रताके हेतुभूत उनके पावन गुणोंका चिन्तन और "हर ! शङ्कर ! नाथ ! बम्भोले !" आदि नामोंका उच्चारण करूँगा ॥ २२४ ॥

एकं विहाय भगवन्तमनाथनाथं
त्रैलोक्यशिक्षणरतं ननु मामनाथम् ।
कर्तुं सनाथमिह सन्ति च के समर्थाः
सर्वे कृतान्तवशगा नितरां ह्यनर्थाः ॥ २२५ ॥

एकमात्र उन अनाथनाथ त्रिभुवन-शिक्षण परायण भगवान् शङ्करको छोड़कर मुझ अनाथको सनाथ बनानेमें कौन-कौनसे और कितने लोग समर्थ हैं ? सभी तो कालके वशीभूत हैं और नितान्त अनर्थमें डूबे हुए हैं ॥ २२५ ॥

गच्छेयमद्य भगवञ्छरणं कमन्यं
पूर्णं समर्थतरमादिश माश्व तस्मात् ।
शीघ्रं कृपां कुरु विभो ! मयि हीनवृत्तौ
सिद्धिं लभेय परमां पदयोरकस्मात् ॥ २२६ ॥

भगवन् ! अब मैं दूसरे किस सर्वथा परिपूर्ण तथा अत्यन्त सामर्थ्यशाली पुरुषकी शरण में जाऊँ ? इसलिए भी मुझे आज्ञा दीजिये । प्रभो ! मुझ दीन-हीनपर शीघ्र कृपा कीजिये । जिससे आपके चरणोंमें प्रणत होकर मैं अकस्मात् परम सिद्धि प्राप्तकर लूँ ॥ २२६ ॥

जानासि विश्वमखिलं परितो विभाति
तिष्ठद्व्रजद्द्वितयरूपमिदं यदीश ! ।
अन्तर्गतोऽहमपि तस्य जगद्गुरुं त्वां
क्रन्दाम्यतः समवलोकय मां गिरीश ! ॥ २२७ ॥

हे ईश्वर ! यह सब ओर जो स्थावर-जंगम उभयरूप विशाल विश्व विभासित हो रहा है, इसे आप अच्छी तरह जानते हैं । मैं भी इसीके अन्तर्गत हूँ । आप इस जगतके गुरु हैं । इसीलिये मैं आपके निकट क्रन्दनकर रहा हूँ । गिरीश ! मुझे अपनी कृपा दृष्टिसे देखिये ॥२२७॥

ब्रूते स्म मद्गुरुरपीह भजन् भवन्तं
शम्भो ! गुरो ! शिव ! हरेति महेश्वरेति ! ।
तस्यैव मय्यपि विभो ! स्मृतिराविरस्ति
तद्वीर्यसंस्कृतिरियं न जहात्यहो ! माम् ॥ २२८ ॥

मेरे पिताजी भी यहाँ आपका भजन करते हुये "शम्भो ! गुरो ! शिव ! हर ! महेश्वर !" इत्यादि रूपसे आपके नामोंका कीर्तन किया करते थे । विभो ! मुझे भी आज उनके उसी नामकीर्तनकी स्मृति हो आयी है । अहो ! उनके वीर्यका यह शुभ-संस्कार मुझे छोड़ नहीं रहा है ॥ २२८ ॥

दृष्टान्त एष भगवन् ! स पिता यथा मे
तस्याऽपि चान्य इह विद्यत एव देव ! ।
अन्यः पुनस्तत इतोऽभवदन्य ईश !
हीत्थं भवान् सकलविश्वनृणां पिताऽऽद्यः ॥ २२९ ॥

भगवन् ! यह एक दृष्टान्त प्रस्तुत है । देव ! जैसे मेरे पिताजी थे, वैसे ही उनके भी कोई दूसरे पिता थे ही । फिर उनके भी दूसरे और दूसरेके भी दूसरे पिता थे । इस तरह पूर्व-पूर्व पिताका विचार करनेपर आप ही समस्त विश्वके प्राणियोंके आदि पिता सिद्ध होते हैं ॥ २२९ ॥

सम्बन्धबन्धमिममाप्य निबन्धबन्ध—
मास्वाद्य काव्यमयमेनमुमेश ! वन्द्य ! ।
उन्मील्य चार्धनयनं शशभृच्छ्रितं तत्
सौधोज्वलं प्रकुरु हृन्मम दुष्टमेतत् ॥ २३० ॥

वन्दनीय उमेश ! मेरे साथ इस सम्बन्ध-बन्धन ( रिश्तेदारी ) का अनुभव करके और मेरे इस काव्यमय निबन्ध वन्धका आस्वादन करके अपने चन्द्राश्रित वामनयनको आधा खोलकर मेरे उस दुष्ट हृदयको सौधोज्वल (सुधासे उज्वल प्रासाद या अमृतके समान निर्मल) कर दीजिये ॥ २३० ॥

येन प्रभो ! व्रजपतेश्चरितं विचित्रं
चित्रं यथा सुमनसां हृदि विन्यसेयम् ।
देवा धियं ददति येषु दयन्त एतां—
लोकश्रुतिं कुरु मितां वितराऽत्र दीक्षाम् ॥ २३१ ॥

प्रभो ! जिससे मैं व्रजराज भगवान् श्रीकृष्णके विचित्र-चरित्रको विद्वानों तथा देवताओंके हृदयमें चित्रकी भाँति रखसकूँ, ऐसा अनुग्रह कीजिये। "देवता लोग जिसपर दया करते हैं, उसे उत्तम बुद्धि देते हैं।" इस प्रसिद्ध जनश्रुतिको आप प्रमाणित कीजिये—सत्य कर दिखाइये। यहाँ मुझे दीक्षा दीजिये ॥ २३१ ॥

दीक्षात्रयी जयति नाथ ! मया श्रुतेयं
कूर्मी खगी च शफरी च ददाति यां ताम् ।
दृक्स्पर्शबोधमयरूपविधारिणी या
साध्नोति कार्यमखिलं तव सिद्धिदा सा ॥ २३२ ॥

नाथ ! मैंने तीन प्रकारकी दीक्षा सुनी है, जो उत्कृष्ट फल देनेवाली है। इनमेंसे पहली दीक्षा कच्छपी, दूसरी दीक्षा पक्षिणी और तीसरी दीक्षा मछली देती है। पहली है दृग-दीक्षा, दूसरी स्पर्शदीक्षा और तीसरी है ध्यानदीक्षा। ये तीन रूप धारण करनेवाली जो दीक्षा है, सम्पूर्ण कार्य सिद्ध कर देती है। साधककी इच्छा हो तो वह आपकी सिद्धि भी दे सकती है अर्थात् वह आपकी प्राप्ति करा सकती है ॥ २३२ ॥

मत्स्यी ददाति पृथुकेभ्य उमेश ! यां सा
दीक्षा मयाऽपि भगवन् ! भवतः समाप्या ।
ध्यानेन ताञ्च मयि धेहि यतोऽनुकम्प्याः
स्वामिन् ! वयं हि जयतीह तवाऽनुकम्पा ॥ २३३ ॥

भगवन् उमेश ! मछली अपने बच्चोंको जो दीक्षा देती है, वही आपसे मुझे भी प्राप्त होनी चाहिये। आप ध्यानके द्वारा मुझे वही दीक्षा दें। क्योंकि हे स्वामिन् ! हम सब जीव आपके कृपापात्र हैं। आपकी कृपा ही इस जगतमें विजयिनी है ॥ २३३ ॥

यां प्राप्य कृष्णगुणवर्णनजातशक्तिः
पश्येयमीशमहिमानमिहाऽतिशक्तिम् ।
यं निर्दिशंश्च विलिखंश्च पठन् समाप्तौ
स्यां हर्षपूरितमना भवतः सुखाब्धौ ॥ २३४ ॥

आपके उस कृपाको पाकर मुझमें भगवान् श्रीकृष्णके गुणों और लीलाओंके वर्णनकी शक्ति उत्पन्न हो जाय और मैं भगवान्‌की लोकोत्तर शक्तिशालिनी महिमाको प्रत्यक्ष देख सकूँ। भगवान्‌के उस महिमाका निर्देशन, लेखन और पठन करता हुआ मैं ग्रन्थकी समाप्ति होनेपर हर्षसे पूरित चित्त हो आपके सुख समुद्रमें निमग्न हो जाऊँ ॥ २३४ ॥

यत्स्पर्शनेन गदितेन निरीक्षणेन
सञ्जायतेऽमलमतीन्द्रियबोधवस्तु ।
तच्छाम्भवं वितर नाथ ! जगद्गुरुस्त्वं
यत् ख्यातवानिह भवान् निगमाऽऽगमेषु ॥ २३५ ॥

नाथ ! जिसके स्पर्श, उच्चारण और निरीक्षणमात्रसे निर्मल, अतीन्द्रिय वोधवस्तु ( इन्द्रियातीतज्ञान ) की प्राप्त हो जाती है। उसी शाम्भव-ज्ञान ( शाम्भवी-दीक्षा ) को मुझे दीजिये। क्योंकि आप जगद्गुरु हैं। आपने ही उस ज्ञानका निगमों और आगमोंमें वर्णन किया है ॥ २३५ ॥

दीक्षां सदैव विशदां किल तां दिशन्ति
स्निह्यन्ति यत्र बहुधा गुरवो जयन्ति ।
शिष्या भवन्ति कृतिनश्च तयैव यत्ते
कुर्वन्ति तुच्छमखिलं पदमाप्य तत्ते ॥ २३६ ॥

जिस शिष्यके प्रति गुरुजनोंका बहुत स्नेह होता है, उसे ही सदैव वे वह उज्वल दीक्षा देते हैं। और उसी दीक्षासे शिष्यगण कृतकृत्य हो जाते हैं। क्योंकि वे उस दीक्षाके प्रभावसे ही आपके चरणोंको पाकर संसारकी अन्य सारी वस्तुओंको तुच्छ समझ लेते हैं ॥ २३६ ॥

प्राप्या मयाऽपि भगवन् ! किल सैव दीक्षा
यां प्राप्तुमेव चरणेषु निवेदनं मे ।
तस्माद् विलोकय विभो ! विवशं वशं मां
कुर्वन् नयत्यहह ! काल इतः स्वधाम ॥ २३७ ॥

भगवन् ! मुझे भी वही दीक्षा मिलनी चाहिये । उसीको पानेके लिए मैंने आपके चरणोंमें निवेदन किया है । अतः विभो ! मेरी ओर देखिए । अहह ! काल मुझ बेवसको वशमें करके यहांसे अपने लोकमें लिए जा रहा है ॥ २३७ ॥

मां नाथ ! हन्त ! हतशक्तिमनीशमेवं
संप्रेक्ष्य दुर्धरगतिर्दृढशक्तिरेषः ।
नित्यं कदर्थयति सोऽत्र बलाद् विकर्षन्
कर्षन् बलं त्वयि रतं त्ववमत्य कोऽसौ ? ॥ २३८ ॥

हाय, हाय नाथ ! मेरी शक्ति नष्ट हो गयी है । मैं असमर्थ हो गया हूँ । जिसकी गतिको रोकना बहुत कठिन है । वह यह दृढ़शक्तिशाली काल मुझे इस प्रकार दुर्बल देख अपनी सेनाके साथ आकर आपके चरणोंमें रत होनेपर भी मेरी अवहेलना करके मुझे बलात् अपनी ओर खींचता और प्रतिदिन पीड़ा देता है । आपके सामने वह कौन होता है ? ॥ २३८ ॥

तद्दुर्जयं बलमपीह विचित्रमेवं
प्रत्यूहरूपमनिशं त्वयि भक्तिभाजाम् ।
यद्भृत्यतामुपगतान् परिवारवृत्तौ
भ्रान्तान् विधाय बहुधाऽस्तबलान् करोति ॥ २३९ ॥

उस कालकी दुर्जय एवं विचित्र सेना भी आपमें भक्तिभाव रखनेवाले लोगोंके लिए निरन्तर इस प्रकार विघ्नरूप हो रही है । जो लोग परिवार पालनमें भृत्यकी भाँति जुटे हुए हैं, उनको बहुधा भ्रान्त बनाकर वह काल सेना बलहीन कर देती है ॥ २३९ ॥

शान्तं मनो विगतवृत्ति विगृह्य नाथ !
तिष्ठामि ते चरणचिन्तनतत्परोऽहम् ।
यावत्तदैव गृहिणी समुपेत्य पार्श्वे
मामेव नाथ ! वदतीह विलोकयेति ॥ २४० ॥

नाथ ! मैं वृत्तिशून्य शान्त मनको लेकर आपके चरण-चिन्तनमें ज्यों ही तत्पर होता हूँ, त्यों ही मेरी घरवाली पास आकर मुझसे ही कहने लगती है कि "हे नाथ ! यहाँ मेरी ओर तो देखिये" ॥ २४० ॥

नास्त्यद्य चान्नलवणेन्धनशर्करादि
संपादये कथमहं प्रिय ! भोजनादि ।
उत्तिष्ठ ! गच्छ धनमाहर यत्र तत्र
गत्वाऽपि चिन्तयसि किं शिशवो रुदन्ति ॥ २४१ ॥

"आज घरमें अन्न, नमक, इंधन और चीनी आदि कुछ भी नहीं है। फिर हे प्रिय ! मैं भोजन आदि कैसे बनाऊं ? उठिये, जाइये, जहाँ-तहाँ जाकर भी धन लाइए । यहाँ क्या सोचते या क्या ध्यान लगाये बैठे हैं ? बच्चे भूखसे रो रहे हैं" ॥ २४१ ॥

तद्बाणतुल्यमसह्यं दृढसत्यपूतं
श्रुत्वा वचो निगदितं करुणं प्रियायाः ।
भूत्वाऽप्युदारहृदयो विवशोऽहमीश !
गच्छामि दुष्टहृदयान् प्रति याचनार्थम् ॥ २४२ ॥

ईश ! प्रिय-पत्नीका कहा हुआ बाणके समान असह्य तथा दृढ़ सत्यसे पवित्र वह करुण वचन सुनकर उदार हृदय होकर भी मैं विवश हो दुष्टचित्त लोगोंसे याचना करनेके लिए चल देता हूँ ॥ २४२ ॥

ते कालपाशशिथिलावयवा अधीश !
स्वं मन्वतेऽमरमिवाऽत्र दुराग्रहा हा ! ।
भूयोऽभिमानवशतोऽमितवित्तयुक्ता—
वित्तं विना ददाति तुच्छवचांसि तेभ्यः ॥ २४३ ॥

जगदीश्वर ! ये कालपाशसे शिथिल शरीरवाले होकर भी दुराग्रहके कारण यहां अपने आपको अमर-सा मानते हैं। ये कितने खेदकी बात है। वे अधिक अभिमानवश असीम वैभवसे युक्त होने पर भी उन याचकोंको धन दिए बिना ही ओछे वचनोंका दान दिया करते हैं ॥ २४३ ॥

दुःखं तदेतदसमं भगवन् ! ममाऽद्य
त्वां संस्तुवन्नहमिहाऽव्ययमेकरूपम् ।
वाच्यो भवामि नितरां सुरवाग्विदां त—
न्मार्गेण भृत्यवपुषाश्च बुधब्रुवाणाम् ॥ २४४ ॥

भगवन् ! आज मुझे अनुपम दुःख तो इस बातका है कि मैं यहाँ एकरूपसे अविनाशी ईश्वरकी स्तुतिमें संलग्न होकर भी सुरभाषाके इन विद्वानोंके लिए भी अत्यन्त निन्दनीय

हो रहा हूँ, जो शरीरसे गुलाम या भृत्य होते हुए भी अपनेको बड़ा भारी पण्डित कहा करते हैं ॥ २४४ ॥

सोऽयं दरिद्रः इह भूरिधना वयं यत्
सत्पण्डिताश्च गुरुमानमदान्विताश्च ।
किं तेन, तन्मृतगिरा च तथास्तुतेन
सर्वे मृता, इह वयं सफला धनेन ॥ २४५ ॥

धनी लोग कहा करते हैं कि—यह दरिद्र है और इस संसारमें हम लोग अधिक धन वैभववाले हैं, अच्छे पण्डित हैं तथा भारी मान और मदसे सम्पन्न हैं। उस दरिद्रसे क्या लेना है और उसकी मरी हुयी संस्कृत भाषा द्वारा की गयी वैसी स्तुतिसे भी क्या होना है ?। ये सब संस्कृतके विद्वान् मर गये हैं। यहां धन होनेके कारण हमारा ही जीवन सफल है ॥ २४५ ॥

धन्या महान्त इह ते मरणेऽपि देहं
द्रव्यं नयन्ति सममित्थमवेक्षमाणः ।
त्यक्त्वाऽधमर्णततिगां शिशुपालनार्थां
चिन्तां निवृत्त इत एव वसामि शान्तः ॥ २६६ ॥

ऐसा कहने वाले ये महानुभाव धन्य हैं। जान पड़ता है, यहां मृत्यु हो जाने पर भी ये अपने देह और द्रव्यको साथ ले जायेंगे। ऐसा सोचता हुआ मैं बाल-बच्चोंके पालन-पोषणके लिए ऋण माँगने वाले लोगोंमें व्याप्त चिन्ताको त्यागकर इधर घरकी ओर ही लौट आता हूँ और वहीं शान्त होकर बैठ रहता हूँ ॥ २४६ ॥

तावत् कृपाऽऽविशति हन्त ! हृदन्तरे ते
प्राप्नोति चान्नमयमार्गमसौ प्रिया मे ।
तेनैव तृप्त इह तुष्टमनाः प्रभोऽहं
सत्कर्मणीदृशि लगामि लिखाम्यभीक्ष्णम् ॥ २४७ ॥

हर्षकी बात है कि मेरी यह स्थिति देखकर आपके हृदयमें कृपाका आवेश होता है। और मेरी पत्नीको अन्न मिलनेका मार्ग प्राप्त हो जाता है। प्रभो ! उसीसे तृप्त और सन्तुष्ट चित्त होकर मैं ऐसे सत्कर्ममें लग जाता हूँ और निरन्तर लिखता रहता हूँ ॥ २४७ ॥

रीत्याऽनया विलिखता भगवन्! मयाऽपि
चानूदितं मम गिरा बहुकाव्यरत्नम्।
वाल्मीकि-कृष्णरचितं पुरुषार्थसारं
रामायणं रुचिरभागवतादिकञ्च॥ २४८॥

भगवन्! इस रीतिसे लिखते हुए मैंने अपनी वाणीमें बहुत-से काव्य रत्नोंका अनुवाद किया। महर्षि वाल्मीकि और व्यासके रचे हुए पुरुषार्थ सारभूत रामायण और रुचिर भागवत आदिका भी भाषान्तर किया है॥ २४८॥

क्वाऽहं भवच्चरणचिन्तनरूढबुद्धिः
शान्तस्पृहः कविमना विषयेष्वलुब्धः।
क्वामी मनुष्यहतका धनमानलुब्धा
ये मां दरिद्र इति तुच्छधियाऽऽक्षिपन्ति॥ २४९॥

कहाँ तो आपके चरणोंके चिन्तनमें स्थिर बुद्धि, शान्तकाम और विषयोंके प्रति लोभरहित कवि हृदय मैं हूँ और कहाँ वे अधम मनुष्य? जो धन और मान पर लुभाकर अपनी तुच्छ बुद्धिसे 'ये दरिद्र है' ऐसा कहते हुए मुझपर आक्षेप करते हैं॥ २४९॥

तेषां करालतरकालहतात्मनां हा!
नाऽहं करोमि नुतिगानमहर्निशं तु।
दारिद्र्यमीदृशमहं सुखदं वरञ्च
मन्ये हरं परिणुवंस्तदपेक्षया तु॥ २५०॥

वे अत्यन्त विकराल कालके गालमें जाने वाले हैं। मैं उनका अहर्निश गुणगान नहीं करता हूँ। महेश्वर! मैं आपका स्तवन करके ऐसे दारिद्र्यको भी उन धनियोंकी स्तुतिसे मिलनेवाले धनकी अपेक्षा श्रेष्ठ और सुखद मानता हूँ॥ २५०॥

येन त्वदन्य इह देववराश्च तुच्छा
इत्थं च शास्त्रगुरुभिश्च विमृश्य तत्त्वम्।
त्यक्ताः सुखं गतभिया सुधिया सदैवं
सोऽयं कथं पुनरुपाश्रयते धिगेतान्!॥ २५१॥

इसीलिए आपसे भिन्न जो दूसरे श्रेष्ठ देव हैं, वे तुच्छ हैं। इस प्रकार शास्त्रों और गुरुजनों द्वारा तत्त्वका विचार करके मैंने निर्भय हो, शुद्ध बुद्धिसे सदाके लिए उनका

अनायास ही त्यागकर दिया है। वहीं यह आपका दास अब पुनः उन देवताओंका आश्रय कैसे ले सकता है ?। अब तो यह इन्हें धिक्कारता है ॥ २५१ ॥

तस्माद्गतिर्मम विभोऽस्ति सरस्वतीयं
या त्वां स्तुवीत्यसकृदत्र गुणाब्धिमग्ना।
धन्या धनं तु विषमाऽपि समाऽपि सा मे
या निर्गुणाऽपि गुणिनं भजतेऽनुयामम् ॥ २५२ ॥

अतः प्रभो ! अब तो मेरी यह सरस्वती ही मेरा सहारा है। जो आपके गुण-सागरमें निमग्न हो निरन्तर यहाँ आपकी स्तुति करती रहती है। यही हमारे लिए धन्य है, यही मेरा धन है। यह सम हो या विषम, मेरी तो सब कुछ यही है। यह स्वयं निर्गुणा होकर भी आप सगुण परमेश्वरका प्रत्येक याममें भजन जो करती है ॥ २५२ ॥

आत्माऽऽत्मपुत्र उरुगाय ! तथाऽऽत्मवाणी
सर्वप्रियैव भवतीह यथेशवाणी।
आश्रित्य तामिह मयाऽप्यत एव नाथ !
त्वं संस्तुतोऽसि कुरु कर्णगतां तदेनाम् ॥ २५३ ॥

हे उरुगाय ! अपना आत्मा, अपना बेटा और अपनी वाणी, ये सबको प्रिय लगते हैं। ठीक उसी तरह जैसे ईश्वरकी वाणी ! अतएव नाथ ! मैंने भी उस वाणीका आश्रय लेकर आपकी स्तुति की है। मेरी इस स्तुतिरूपिणी वाणीको आप कर्णगत कीजिये—ध्यानसे सुनिये ॥ २५३ ॥

स्वामिन् ! निषेधविधिकर्मपरा हि लोका
आश्रित्य यौ च समदन्ति फलं कृतानाम्।
सोऽहन्त्वहो ! गतभयस्तदुभौ विहाय
निशङ्क एव विहरामि चरामि सर्वम् ॥ २५४ ॥

स्वामिन् ! प्रायः लोग निषेध और विधिसे युक्त कर्म करनेमें लगे रहते हैं। और विधि-निषेधका ही आश्रय लेकर अपने कर्मोंका फल भोगते हैं। अहो ! मैं तो निर्भय होकर उन दोनों प्रकारके कर्मोंको त्यागकर निःशङ्क विचरता हूँ। भला-बुरा सब कुछ करता रहता हूँ ॥ २५४ ॥

त्यक्तो मया विधिरिह श्रुतिवाक्यरूप-
स्तद्वन्निषेध उरुगाय ! निषिद्ध एव।
जातो विधिर्मयि निषेध इह स्वकृत्यात्
सोऽयं निषेध उभयेश ! विधिर्ह्यभूच्च ॥ २५५ ॥

श्रुति वाक्यरूप जो विधि है, उसको मैंने यहाँ त्याग दिया है । इसी प्रकार हे उरुगाय ? निषेध भी मेरे लिये निषिद्ध ही है । विधि-निषेध दोनोंके स्वामी शिव ! मुझमें अपने कृत्यके अनुसार विधि ही निषेध बन गया है अर्थात् मैं विहित कर्मको ही निषिद्ध कर्मकी भांति त्याग चुका हूँ । और निषेध ही मेरे लिये विधि हो गया है—अर्थात् निषिद्ध कर्म ही मैं करता रहता हूँ ॥ २५५ ॥

शास्त्राणि ते विधिनिषेधमयस्वकृत्या
गच्छन्ति सत्पदमितीह गदन्त्यशङ्कम् ।
कृत्वा तदत्र विपरीतमहो ! मया तु
स्वेष्टं कृतं गतभियैव निरंकुशेन ॥ २५६ ॥

आपके शास्त्र निःशङ्क होकर कहते हैं कि विधि-निषेधमय कर्तव्यके पालनसे कर्मठ पुरुष उत्तम पदको प्राप्त होते हैं । परन्तु मैंने तो इसके विपरीत ही आचरण किया है । अहो ! मुझ निरङ्कुशने डर-भय छोड़कर मनमाना किया है ॥ २५६ ॥

नाऽहं विभो ! तदुभयोः फल आत्मभोग्य
इच्छामि भोक्तुमिह ये स्त उभे स्वरूपे ।
स्वर्गे प्रभो ! जिगमिषाऽस्ति न पुण्ययोगात्
पापान्न वाऽस्ति नरकाच्च भयं यदस्य ॥ २५७ ॥

विभो ! मैं उन दोनों ही प्रकारके कर्मफलोंको, जो मेरे अपने ही भोग्य हैं, नहीं भोगना चाहता । वे दोनोंकेस्वरूपभूत हे प्रभो ! पुण्य-योगसे मुझको स्वर्गमें जानेकी इच्छा नहीं है । और पापके फलस्वरूप नरकमें गिरनेका भी मुझे भय नहीं है ॥ २५७ ॥

यद् यत् कृतं निवसताऽत्र मया त्वनर्थं
सार्थञ्च सर्वमपि वेत्ति भवान् विभुत्वात् ।
तत्राऽस्य का गतिरुमेश ! गुरुर्यदि त्वं
न प्रेक्षसेऽमुमथ चेदमृतो मृतो हा ! ॥ २५८ ॥

मैंने यहां रहकर जो-जो निरर्थक या सार्थक कर्म किया है, वह सब आप जानते हैं । क्योंकि–विभु होनेके कारण आप सर्वत्र विद्यमान हैं । उमेश ! वहाँ इस दासकी क्या गति होगी ? यदि आप गुरु होकर भी इसकी ओर नहीं देखते हैं तो हाय, यह जीते-जी ही मर गया ॥२५८॥

त्वत्तो विरोधयति नाथ ! मृतस्त्वितोऽपि
वार्ता प्रसर्पति यदाऽत्र तवाऽङ्घ्रिसंस्थान् ।
"भूत्वा भवाऽऽश्रित इहेदृश आत्ममानी
सोऽभूद्भवाऽऽश्रित" इमेऽपि यदा ब्रुवन्ति ॥ २५९ ॥

नाथ ! यदि यह दास यहाँ मर गया तो यह बात आपके विरूद्ध पड़ती है। जब यह वार्ता आपके चरणाश्रित भक्तोंके पास पहुँचेगी तो सबके सब यही कहेंगे कि—यह भगवान् भवके आश्रित रहनेवाला ऐसा आत्ममानी था किन्तु भवाश्रित ( संसारके आश्रित ) हो गया ॥ २५९ ॥

एतादृशे व्यतिकरे भगवन्तमित्थं
संसेवमानमनिशं गुणगानमग्नम् ।
प्रेक्षस्व भक्तममुमात्मपदस्थमाशु—
तोषस्वभावविवशो भव चाऽऽशुतोषः ॥ २६० ॥

ऐसे अवसर पर इस प्रकार आप भगवान्‌की निरन्तर सेवा करते हुए आपके ही गुणगानमें मग्न रहनेवाले और आपके चरणोंमें पड़े हुए इस भक्तकी ओर शीघ्र देखिए। और अपने सन्तोषी स्वभावसे बिवश होकर मेरे लिये आशुतोष हो जाइये—शीघ्र प्रसन्न होइये ॥ २६० ॥

किं वा ब्रवीति भगवान् स्वकृतं त्ववश्यं
भोक्तव्यमत्र पुरुषैर्नियमस्त्वलङ्घ्यः ।
तत् स्वीकरोम्यहमथाऽऽदिश ! कोऽत्र दण्डो
योऽर्हो भवेन्मयि विभो ! विनिपात्यतां सः ॥ २६१ ॥

भगवान् क्या कह रहे हैं ?। "यही न कि—सभी पुरुषोंको अपने कर्मका फल अवश्य भोगना पड़ता है। इस नियमका उल्लङ्घन नहीं किया जा सकता है"। तो मैं आपकी इस आज्ञाको स्वीकार करता हूँ। आदेश दीजिये, यहाँ कौन ऐसा दण्ड है, जो मेरे योग्य होगा ?। विभो ! मुझपर वही दण्ड गिराया जाय ॥ २६१ ॥

रे स्वेष्टकृत् ! त्वमसि भक्तवरो ममैको
नेशोऽस्म्यहं तदिह दण्डयितुं स्वयं त्वाम् ।
तद्गच्छ संधृतगतिस्त्वमितस्तदीशं
वैवस्वतं स हि फलं वितरत्यमुत्र ॥ २६२ ॥

क्या कह रहे हैं—"रे मनमानी करनेवाले मानव ? तू मेरा एक श्रेष्ठ भक्त है। अतः तू गति धारण करके यहाँसे दण्ड देनेमें समर्थ अथवा दण्डके स्वामी वैवस्वत यमके पास चला जा। वे ही परलोकमें कर्मोंका फल देते हैं ॥ २६२ ॥

सोऽहं यमश्च नियमश्च शिवोऽहमेको
जीवः शिवोऽभयमिहाऽभयमेकमेव ।
हंसोऽप्यसावहमुभौ शिवजीवरूपौ
मद्रूप एव सकलं [illegible]कले विभाति ॥ २६३ ॥

"वह मैं हूँ, यम और नियम भी मैं हूँ, मैं ही एकमात्र शिव हूँ, जीव भी मैं हूँ, जीव और शिव दोनों एक रूप ही हैं। हंस भी मैं हूँ, शिव और जीव, उभयरूप भी मैं ही हूँ। सकल और निष्कल रूपमें जो कुछ प्रतीत होता है, वह सब मेरा ही स्वरूप है" ॥ २६३ ॥

अद्वैतमेव तदिदं परिदृश्यमानं यन्नाम-
रूपकमिदं परितो विवर्तः ।
ब्रह्मैव तच्च सुजना मनसा विभाव्य
स्वात्मानुभूतिपथतो विरमन्ति कृत्यात् ॥ २६४ ॥

"चारों ओर जो नामरूपात्मक विवर्त दिखाई दे रहा है, वह सब अद्वैत रूप ही है। अतः सन्त जन मनसे सबको ब्रह्मरूप ही जानकर स्वात्मानुभवके पथपर चलते हुए समस्त कृत्योंसे विरत हो जाते हैं" ॥ २६४ ॥

आस्तां ! प्रभो ! स्वगुरुणाऽनुचरेषु देयो
दण्डोऽपि गेय इव दृष्ट इहैव सद्भिः ।
तत् स्वीकरोमि मम जीवनकाल एव
भूत्वाऽस्य दृष्टिपथगोऽत्र भवान् ददातु ॥ २६५ ॥

प्रभो ! बहुत अच्छा; ऐसा ही हो। अपने गुरुद्वारा अनुगामी शिष्योंको दिया हुआ उचित दण्ड भी प्रशंसाके ही योग्य होता है। यह बात इस लोकमें सत्पुरुषोंने प्रत्यक्ष अनुभवकी है। अतः मैं दण्ड स्वीकार करता हूँ। आप मेरे जीवनकालमें ही यहाँ मेरी दृष्टिके समक्ष प्रकट होकर स्वयं वह दण्ड दें ॥ २६५ ॥

तन्नाचिकेतसदृशो मृड ! तत्र गन्तुं
नाऽहं समर्थ उरुगीतपद ! शृणु त्वम् ।
मृत्वा प्रयामि परमत्र भवेत् पणोऽयं
सोऽहं म्रियेय भवतः पुरि काशिकायाम् ॥ २६६ ॥

हे मृड ! मैं नचिकेताके समान स्वयं अनुसरण करके यमराजके लोकमें जानेमें समर्थ नहीं हूँ। बहुतोंके द्वारा संस्तुत चरणारविन्दवाले देव ! मेरी बात सुनिये। मैं मरकर यहाँसे नरकलोकमें जाऊँगा। परन्तु यह शर्त रहे कि मैं आपकी पुरी काशीमें ही मरूँ ॥ २६६ ॥

यत्र शृणोमि सदयस्त्वमिमान् मुमूर्षून्
संश्रावयस्यखिलसद्गुरुरेव भूत्वा ।
तत्तारकं प्रथितमन्त्रममोघवीर्यं
तस्माद् ब्रवीमि पुनरत्र जय त्वमित्थम् ॥ २६७ ॥

जिस काशीपुरीके लिए मैं सुनता हूँ कि—वहाँ मरनेवाले लोगोंपर दया करके आप स्वयं सबके सद्गुरु हो तारक-मन्त्र सुनाया करते हैं। तारक-मन्त्र बहुत प्रसिद्ध है और उसकी शक्ति अमोघ है। इसलिए मैं फिर यहाँ कहता हूँ कि—यहाँ ऐसे ही सद्गुरु रूपमें आपकी जय हो ! ॥ २६७॥

तस्यां स्थितौ मम च तत्र तथा मुमूर्षो—
स्तद्दक्षिणे श्रुतिपुटे ससुखं त्वमेत्य ।
यच्छ्रावयिष्यसि विभो ! परमेशमन्त्रं
तत्तारकं न तु भवेत्, प्रभवेत् तदेतत् ॥ २६८ ॥

विभो ! उस अवस्थामें मैं भी जब उस तरीकेसे वहाँ मरने लगूंगा, तब आप स्वयं सुखपूर्वक उपस्थित हो मेरे दाहिने कानमें जो परमेश-मन्त्र सुनाइयेगा वह अवश्य ही तारक-मन्त्र ( श्रीराम ) न हो, वह यह हो ॥ २६८ ॥

मत्प्रार्थितं तदधुनैव धृताऽवधानो
मन्त्रं शृणोम्यहमुमेश ! तदा वदेस्त्वम् ।
किं ? स्वात्मना नरकपं यममेनमीशं
संगम्य शीघ्रमित एव शमाप्नुहीति ? ॥ २६९ ॥

उमेश ! वह मेरी प्रार्थना यह है कि जिसको अभी ही ध्यान देकर आप सुनें और उस समय मुझे सुनावें, मैं सुनूँगा। क्या कहा ? प्रभो ! 'अपने सूक्ष्म शरीरको साथ ले उन सर्वसमर्थ नरकोंके स्वामी यमराजके यहाँ जा तुरन्त उन्हींसे आत्म-कल्याण प्राप्त कर ले'' ॥ २६९ ॥

आस्तां ! तदस्त्वलमलं परमत्र देव !
सैषा स्थितिर्भवतु तत्र तव प्रसादात् ।
यां पूर्वमेव ससुखं प्रविचिन्त्य पश्चाद्
विज्ञापयामि भगवन् ! पदपङ्कजेषु ॥ २७० ॥

भगवन् ! देव ! बस, यह यहाँ इतना ही रहे, किन्तु वहाँ आपके कृपा प्रसादसे ऐसी स्थिति हो जाय कि जिसका पहले ही सुखपूर्वक चिन्तन करके पीछे आपके चरणारविन्दोंमें इस प्रकार निवेदन करूँ ॥ २७० ॥

यास्यामि देववर ! संयमिनीं यदाऽहं
दिव्यां मनोगतिमवाप्य भवत्कृपातः ।
तस्मिन् क्षणे परमभागवतो यमोऽसौ
स्यात् संस्थितः समुपदिश्य गणान् सभायाम् ॥ २७१ ॥

देवेश्वर ! जब मैं आपकी कृपासे दिव्य एवं मनके समान गति पाकर संयमनी पुरीमें जाऊँगा, उस समय परम भगवद्-भक्त भगवान् यम सभामें अपने गणोंको उपदेश देते हुए बैठे हों ॥ २७१ ॥

स्याद्भूय एतदपि तत्र मया विदृष्टं
नीलाञ्जनाऽऽभमखिलेश ! तदाऽस्य रूपम् ।
सर्वासु दिक्ष्वविहतं मह ऐशमीश !
प्रक्षिप्य शान्तमनिशं रमणीयमेवम् ॥ २७२ ॥

अखिलेश्वर ! उस समय वहाँ मुझसे देखा गया भगवान् यमराजका वह स्वरूप बिल्कुल अञ्जनके समान काला हो और हे ईश ! सारी दिशाओंमें अप्रतिहत ईश्वरीय तेज फेंककर निरन्तर शान्त एवं रमणीय रूपमें विराजमान हो । ( इस स्थितिमें मैं वहाँ पहुँचूँ ॥ २७२ ॥

स्वैः किङ्करैः प्रियहितैर्मृड ! चित्स्वरूपै-
रैशैर्मनोगतिधरैर्धृतकालपाशैः ।
क्रूरैः भयङ्करमुखैः सुमुखैश्च सभ्यैः
सम्यग् वृतो ह्युभयतः स विभुर्यदा स्यात् ॥ २७३ ॥

हे मृड ! जिस समय वह भगवान् यम, प्रिय हितैषी एवं चित्स्वरूप अपने किङ्करोंके साथ, जो कालपाश धारण किये मनोजव, ईश्वरीय शक्तिसे सम्पन्न क्रूर, भयंकर मुखवाले और सुन्दर मुखवाले सभासद भी हैं, दोनों ओरसे घिरे रहकर बैठे हों ॥ २७३ ॥

स्यादेष भूय उरुगायविभोस्तवैव
तुल्यानि नेत्रपुटकानि धृतस्तदाऽपि ।
स्युर्येषु सूर्यशशिवह्निविभा विभाता-
स्त्रैलोक्यगाः स्थिरचरान् स्वसुखं ददत्यः ॥ २७४ ॥

उस समय वे बहुतोंके द्वारा जिनकी महिमाका गान किया जाता है, ऐसे आप भगवान्के ही समान, तीन नेत्रपुट धारण किये हों । उन तीनों नेत्रोंमें क्रमशः सूर्य,

चन्द्रमा और अग्निकी प्रभा उद्भासित हो, जो तीनों लोकोंमें व्याप्त रहकर चराचर जीवोंको आत्माका सुख दे रही हो ॥ २७४ ॥

स्यात्तत्र वह्निमयनेत्रपुटे स्वकीये
दत्तावधान उरुशक्तिभृतं गुरुं त्वाम् ।
ध्यात्वाऽत्र रूपमिह तत्तव किङ्करांश्च
पश्यंस्त्वयीशपद एव निमग्न एषः ॥ २७५ ॥

अपने आप ही के समान उस अग्निमय तृतीय नेत्रपुटमें सावधानीसे आप अनन्त शक्तिशाली गुरुदेवका ध्यान करते हुए वे भगवान् यमराज आपके रूपको ध्यानमें चढा आपके गण उन प्रमथादि किङ्करोंको देखते हुए आपके ही श्रीचरणोंमें मग्न हुए बैठे हों। ( उस समय मैं वहां पहुँचूँ ) ॥ २७५ ॥

तत्रैव भाग्यवशतः समुपस्थितं मां
संप्रेक्ष्य संव्यथित एष क आगतोऽत्र ।
इत्थं स्फुरन्मतिरसौ विरमन् स्वकृत्याद्
यावद्विपश्यति तदाऽस्य पुरो गतः स्याम् ॥ २७६ ॥

वहाँ अपने ध्यान स्थलमें ही भाग्यवश मुझे उपस्थित देखकर यमराज, "यहाँ कौन आ गया" यह सोचते हुए कुछ व्यथित हो, अपने कार्यसे विरत हो जायेगें। और जब अपनी बुद्धि या होश-हवासको ठीक करके मुझे गौरसे देखेगें, तब मैं उनके सामने उपस्थित हो जाऊँ ॥ २७६ ॥

निर्दिश्य भागवतधर्ममसम्प्रदायं
सत्सम्प्रदायममुमात्महितप्रदायम् ।
यावद् यमो विकचपङ्कजकोशतुल्यै-
र्नेत्रैर्विलोकयति तावदहं पुरः स्याम् ॥ २७७ ॥

सम्प्रदाय रहित भागवत धर्मका उपदेश देकर फिर सत्सम्प्रदायसे युक्त एवं आत्महितप्रदायक भागवत धर्मका वर्णन पूरा करके जब यमराज विकसित कमल-कोषके समान नेत्रों द्वारा मुझे देखनेकी चेष्टा करेगें तब मैं उनके आगे खड़ा हो जाऊँ ॥ २७७ ॥

स्यान्नाथ ! भूय इह सन्निकटं समेत्य
बद्धाञ्जलिं स्थितमहो विहितप्रणामम् ।
मां वीक्ष्य साधु करुणामृतसिन्धुरेष
शान्तः प्रसादमुपयातु मया स्तुतः स्यात् ॥ २७८ ॥

हे नाथ ! यह भी हो कि निकट आकर प्रणाम करके हाथजोड़ खड़े हुये मुझको भलीभाँति देखकर ये करुणामृत सागर यमराज शान्त एवं प्रसन्न हो जाँय और मैं इनकी स्तुति करने लगूँ ॥ २७८ ॥

शान्तं प्रसन्नतरमात्मविदां मुनीनां
प्राणायनं शुभकरं परमात्मसंस्थम् ।
कालं विभाव्य सकलं विकलञ्च सत्यं
तद्ब्रह्म यच्छरणगोऽत्र भवेयमन्ते ॥ २७९ ॥

आत्मवेत्ता मुनियोंके प्राणाधार, शुभकारक, अत्यन्त प्रसन्न, एवं शान्त यमराजको आप परमातमामें स्थित सकल ( कलासहित या सगुण ) विकल ( कलारहित या निर्गुण ) कालरूप ब्रह्म, समझ कर अन्ततोगत्वा में वहाँ उनके शरणागत हो जाऊँ ॥ २७९ ॥

भृत्येऽथ तच्चरणगे त्रिविधोक्तरूपा
दीक्षाऽपि सा भवति नाथ ! मयोपलभ्या ।
दृक्स्पर्शबोधमयरूपवती हिता या
सिद्धिं ददाति परमां गुरुतुष्टिकृद्भ्यः ॥ २८० ॥

नाथ ! ये सेवक इस तरह जब उनके चरणोंकी शरण ग्रहण कर ले, तव इसे पूर्वोक्त सर्वहितकारिणी दीक्षा भी, जो दृग्दीक्षा, बोधदीक्षा और स्पर्शदीक्षाके रूपमें प्रसिद्ध है, मिल जानी चाहिये। जो साधक अपनी सेवासे गुरुको सन्तुष्ट कर पा लेते हैं, उन्हें यह दीक्षा परमसिद्धि प्रदान करती है ॥ २८० ॥

औद्दालकिः स इत एव विनिर्गताशः
सर्वं सुखेन समवाप्य शिवाश्रितोऽभूत् ।
सोऽहं न नाथ ! यमराडतिथिर्धृताश–
स्त्वय्यस्मि यद्यपि तथाऽपि लभेय दीक्षाम् ॥ २८१ ॥

नाथ ! उद्दालक पुत्र नचिकेता, जिनकी सारी अभिलाषायें समाप्त हो चुकी थीं, यहीं से यमराजके पास गये और सुखपूर्वक सम्पूर्ण ज्ञान पाकर आप भगवान् शिवके आश्रित हो गये, परन्तु मैं तो न यमराजका अतिथि हूँ; और न निष्काम ही। मैंने तो आशा धारण कर रखी है, वह भी संसारके लिए नहीं, केवल आपके लिए। यद्यपि मैं आशावान् हूँ, तथापि मुझे दीक्षा प्राप्त हो जाय ॥ २८१ ॥

काव्यं विलिख्य च कठोपनिषद्गतार्थं
पूर्णाहुतिप्रथितनाटकमप्यनर्हम् ।
न्यस्ते उभे स्त इह ये तदिमे गृहीत्वा
गत्वाऽन्तकाय विनिवेद्य तथा भवानि ॥ २८२ ॥

भगवन् ! इस प्रकार भूतलपर उसी कठोपनिषद् वर्णित अर्थसे युक्त "नाचिकेतसम्" नामक काव्य लिखकर और "पूर्णाहुति" नामसे प्रसिद्ध एक अनमोल नाटककी रचना करके, ये दोनों वस्तु मैंने जो रख छोड़ी हैं, उन्हीं दोनोंको लेकर मैं संयमनी पुरीमें जाऊँगा और यमराजको समर्पित करके नचिकेताके समान ही उनका कृपापात्र बन जाऊँगा । ॥ २८२ ॥

आज्ञा प्रदीयत उमेश ! किमत्र मह्यं
छात्राय विश्वगुरुणा भवता तदाप्त्यै ।
प्राप्नोमि तामिह यदि त्वममुं प्रपश्ये—
र्गच्छेयमेवमधुनैव तदन्तिकं यत् ॥ २८३ ॥

उमावल्लभ ! आप जगद्गुरु हैं, मुझ अपने शिष्यको उक्त वस्तुकी प्राप्तिके लिए यहाँ आज्ञा दे रहें हैं क्या ? यदि आपकी आज्ञा हो गई तो मैं अवश्य वह सिद्धि प्राप्त कर लूँगा । यदि आप इस सेवकको कृपा दृष्टिसे देख लें तो मैं अभी यमराजके निकट जा पहुँचूँगा ॥२८३॥

त्वां कालकाल इति लोकजना ब्रुवन्ति
नैतद् ध्रुवं किमथवा प्रभुरेव सोऽस्मिन् ? ।
तत् सत्यमेव यदि चेत् स्वजनोऽयमस्यां
देव ! स्थितौ भगवता गुरुणाऽनुकम्प्यः ॥ २८४ ॥

देव ! संसारके लोग कहते हैं कि "आप कालके भी काल ( मृत्युञ्जय ) हैं ।" क्या यह ध्रुव सत्य नहीं है ? अथवा वे यमराज ही इस संसारमें सबसे बड़े प्रभु हैं ? यदि पूर्वोक्त कथन सत्य है तो ऐसी स्थितिमें यह स्वजन आपका भक्त गुरुस्वरूप आप भगवान्के द्वारा दया करने योग्य है—अनुग्राह्य है ॥ २८४ ॥

पश्येयमत्र तदहं भगवन्तमेवं
तद्रूप एव विलसन्तमनन्तशक्तिम् ।
रज्ज्वामहेर्भ्रम इवाऽत्र भवन् विनश्येत्
तन्मद्भ्रमश्च, स यमो न भवेद् भवान् स्यात् ॥ २८५ ॥

मैं वहाँ यमराजके रूपमें आप अनन्त शक्तिशाली भगवान् शिवको ही विलसित देखूँ । जैसे यहाँ रस्सीमें सर्पका भ्रम होता है और वह ज्ञान होने पर नष्ट भी हो जाता है; उसी प्रकार

मेरा वह यमराज रूपी भ्रम भी नष्ट हो जाय और आप ही उस भ्रमके अधिष्ठानभूत रज्जुकी भाँति वहाँ शेष रह जाय ॥ २८५ ॥

सैषा स्थितिर्भवति चेदिह नाथ ! सोऽयं
स्वर्गं तथैव नरकं विगतः श्रितो वा ।
नो खिद्यते तदुरुदुःखभयान्न चाऽसौ
मोमुद्यतेऽप्सरस आप्य सुखेन वाऽऽसाम् ॥ २८६ ॥

नाथ ! यदि ऐसी स्थिति हो जाय तो आपका यह दास स्वर्गमें गया हो या नरकमें पड़ा हो, इसके लिए दोनों समान होंगे । न तो यह नरकमें महान् दुःखके भयसे खिन्न होगा और न स्वर्गकी अप्सराओंको पाकर उनके सुखसे अधिक आनन्दित ही होगा ॥ २८६ ॥

स्वामिन् ! मदीयकथनं किमिदं ह्यसत्यं
किं वा न सम्भवति चैतदिहैव काले ।
मन्येऽहमीश ! सकलं निमिषात् करोषि
कर्तुं ह्यकर्तुमपि शक्त उरुक्रमोऽसि ॥ २८७ ॥

स्वामिन् ! क्या यह मेरा कथन असत्य है, अथवा क्या यह भूतलमें ही इसी क्षण हो जाना सम्भव नहीं है ? ईश ! मैं तो ऐसा मानता हूँ कि आप यह सब पलभरमें कर सकते हैं । क्यों कि आप करने और न करने में भी समर्थ महान् शक्तिशाली जो हैं ॥ २८७ ॥

आवेदनं शृणु विभो ! पुनरेतदेकं
मल्लौकिका गुरव ईशगलोकनाथाः ।
मन्त्रान् समूचुरज ! यैस्तव कूटताया
रूपं विदश्यत इहैवमहं व्यपश्यम् ॥ २८८ ॥

विभो ! फिर मेरा यह एक दूसरा निवेदन भी सुन लीजिये । मेरे लौकिक गुरु ईश्वर-भक्त लोकनाथ रेग्मी ( नेपाली ) ने मुझे उन मन्त्रोंका उपदेश दिया है, जिनसे आपकी कूटता ( तटस्थता ) का रूप दिखाई देता है । अजन्मा प्रभो ! जिससे मैंने भी यहां आपके उक्त स्वरूपका दर्शन किया है ॥ २८८ ॥

तैरेव भूय इह नाथ ! निदर्शितस्त्वं
चातुर्मुखीं स्वतनुमङ्ग ! शिलामयीं स्वाम् ।
धृत्वा तथा जड इवाऽत्र भवन् स्थितोऽप्य-
स्मद्देश एव मृड ! चिन्मय एव दृष्टः ॥ २८९ ॥

हे नाथ ! आपने हमारे देश (नेपाल)में शिलामयी चतुर्मुख-मूर्ति धारण कर रखी है तथा जड़की भाँति यहाँ विराजमान हो रहे हैं। वे ही आप उन्हीं गुरुदेवके द्वारा मेरे अपने ही देशमें चिन्मय दिखाये और देखे गये हैं अर्थात् गुरुदेवकी कृपासे मुझे वह शिलामयी मूर्ति भी चिन्मयी दिखाई दी है ॥ २८९ ॥

जानासि विश्वमखिलं तदिदं च सत्यं
वेत्स्येव नाथ ? पुनरत्र विडम्बना का ? ।
तद्दर्शय स्त्वमिह मां मुहुरार्तशब्दै-
राक्रन्दमानमनिशं त्वदुरुन्तुदैस्तैः ॥ २९० ॥

हे नाथ ! आप सम्पूर्ण विश्वको जानते हैं। अतः यह मेरे इस सत्य कथनको भी जानते ही होंगे, फिर यहाँ विडम्बना क्या है ? मैं आपके मर्ममें पीड़ा पहुँचानेवाले आर्त शब्दों द्वारा निरन्तर क्रन्दन करता हूँ—रोता-विलखता हूँ। अतः पुनः मुझे यहाँ अपने स्वरूपका दर्शन कराइये ॥ २९० ॥

इत्थं विभो ! विलपितैर्बहुवारमेभिः
शब्दैर्विकर्णकटुभिर्निगमागमोक्ताः ।
ते त्वत्प्रियाः परिकरा विबुधाश्च शैवा
उत्का बभूवुरिह किन्तु भवांस्तु नाऽभूत् ॥ २९१ ॥

विभो ! इस प्रकार मेरे बारम्बार विलाप किये गए और कर्णकटु शब्दोंसे आपके निगमागम वर्णित प्रिय परिकर, देवता और शैवभक्त भी उकता गये हैं, परंतु यहाँ आप ही को उकताहट नहीं हो रही है ॥ २९१ ॥

स्थाणुः शिलामय उमेश ! यथाविधो वा
स त्वं प्रभुर्भव यदिच्छसि तत्तथैव ।
नाऽहं त्यजामि भगवन् ! गुरुरूपिणं त्वां
दृष्टोऽसि यत्त्वमिह चर्मदृशा मयैव ॥ २९२ ॥

उमेश ! आप स्थाणु ( ठूँठ ) हों या पत्थर, अथवा जैसे भी हों, सर्वसमर्थ हैं। अतः जैसी इच्छा हो, वैसे ही रहें। किंतु भगवन् ! मैं गुरुरूपी आपको छोड़ नहीं सकता। क्यों कि यहाँ मैंने ही इन चर्मचक्षुओंसे एकबार आपका जो दर्शन पा लिया है ॥ २९२ ॥

यद्वा भवान् विमनुते मम भारतीयं
व्यर्था मृषेति च विभो ! न तु तत्र शङ्क्यम् ।
शब्दो हि वेदमय एष तवोच्चशक्ते-
र्निश्वास एव स च मय्यपि यैस्तुतस्त्वम् ॥ २९३ ॥

सर्वव्यापी प्रभो ! अथवा आप ऐसा तो नहीं मानते कि मेरी यह वाणी व्यर्थ और मिथ्या है। यदि यह आपकी मान्यता हो तो ऐसी शङ्का उचित नहीं है। क्यों कि शब्द ही वेदमय है और यह वेद सर्वोच्च शक्तिशाली आप परमेश्वरका निःश्वास है। वही मुझमें भी है, जिसके शब्दों द्वारा मैंने आपकी स्तुति की है॥ २९३॥

इत्थं मया निगमरूपविधृष्णुना त्वं
शब्देन तेन विषमेण विभुः स्तुतोऽसि।
येन प्रभो! ससुखमेव निशा समस्ता
शस्ता कृताऽऽश्रितपरात्मगिराऽत्र वेत्सि ? ॥ २९४ ॥

प्रभो ! इस प्रकार मैंने उस विषम शब्द राशिके द्वारा निगमरूपधारी आप सर्वव्यापी प्रभुका स्तवन किया है। आप जानते हैं, मैंने परमात्म-सम्बन्धिनी वाणीका आश्रय लेकर उसके द्वारा अपनी सारी रात सुखपूर्वक ही प्रशस्त बनायी है—सारी रात जगकर जो मैंने आपकी स्तुति बनायी है, उससे मेरी रात्रि धन्य-धन्य हो गई है॥ २९४॥

तस्मादिमां मम गिरं प्रति निर्निमेषो
भूत्वा समीक्ष्य सदयं स्वरतिं निधेहि।
त्वां प्रेक्षतेऽप्रतिम! वारविलासिनीव
कञ्चिद्विटं श्रितपदाऽपि हरेरसौ हि ॥ २९५ ॥

हे अनुपम शक्तिशाली प्रभो ! इसलिए मेरी इस वाणीकी ओर अपलक दृष्टिसे देखकर दयापूर्वक इसे अपना प्रेम प्रदान कीजिए। यद्यपि इसने भगवान् श्रीकृष्णके चरणोंका आश्रय लिया है, तथापि जैसे कोई वाराङ्गना किसी विटकी ओर देखती है, वैसे ही यह आपकी ओर देख रही है॥ २९५॥

यद्दृश्यतेऽत्र भगवन्! स उरुर्विरोध—
स्त्वद्भक्तशैववरवैष्णवसम्प्रदाये ।
स्मृत्वा तदेव विषमामनयोः स्थितिश्च
बुद्ध्वा विविच्य भज मां शिव! योऽस्मि शैवः ॥ २९६ ॥

भगवन् ! यहाँ जो आपके भक्त शैवों और श्रेष्ठ वैष्णवोंके सम्प्रदायमें जो महान् विरोध दिखाई देता हैं, उसको याद करके और इन दोनोंकी विषम स्थितिको समझकर विवेकपूर्वक मुझे अपनाइये। क्यों कि हे शिव ! मैं जो भी हूँ, शैव ही हूँ॥ २९६॥

शैवोऽस्मि नाऽहमघहन् ! गदितं मृषा मे
दुष्टं ह्यभूदहह ! वैष्णव एव सोऽस्मि ।
अत्रापि हन्त ! लपितं न मया सुचारु
स्वामिन् ! क्षमस्व तदुभौ श्रित एव सोऽस्मि ॥ २९७ ॥

पापहारी प्रभो ! मैं शैव नहीं हूँ। मैंने जो अपनेको शैव कहा है, मेरा यह कथन दूषित और मिथ्या हो गया। अहह ! मैं तो वैष्णव ही हूँ। परन्तु खेद है कि यहाँ भी मैंने सुन्दर बात नहीं कही। स्वामिन् ! इसके लिए क्षमा कीजिए। वस्तुतः मैं शैव और वैष्णव दोनोंका ही सेवक हूँ ॥ २९७ ॥

छायामिवेह भगवन् ! बहुरूपिणीं तां
मायां विगृह्य परतत्त्वमयोऽपि च त्वम् ।
स्वात्मानमेव शिवविष्णुविभेदकेषु
रूपेष्वहो ! यदिह दर्शयसि स्वभक्तान् ॥ २९८ ॥

भगवन् ! छायाकी भाँति, जो यहाँ बहुरूपिणी माया है, उसीको ग्रहण करके परतत्त्वस्वरूप होते हुए भी आप अपने आपको ही शिव, विष्णु आदि विभेदक रूपोंमें अपने भक्तोंको दिखाते हैं, यह कैसा आश्चर्य है ? ॥ २९८ ॥

मह्यं न रोचत इदं तव तद्विनोदो
ह्यस्मान् विरोधयति यन्मिथ आत्ममूढान् ।
अद्वैततत्त्वपरिनिष्ठितसम्प्रदाया
धन्या हि ते सकलधर्मसमत्वदायाः ॥ २९९ ॥

प्रभो ! मुझे आपका यह विनोद—मायाका आश्रय ले अभेदमें भेदका दर्शन कराना बिल्कुल ही नहीं रुचता है। क्यों कि आत्मज्ञानमें मूढ़ हम मनुष्योंमें आप इस विनोदके द्वारा परस्पर विरोध उत्पन्न कर देते हैं। वे अद्वैततत्त्वमें परिनिष्ठित सम्प्रदाय ही धन्य हैं, जो समस्त धर्मोंमें समताकी स्थापना करते हैं ॥ २९९ ॥

अद्वैततत्त्वमिदमव्ययमेकरूपं
सत्यं सनातनमनन्तमपौरुषेयम् ।
एतत् कदापि भवतीह न संप्रदाय—
स्तेभ्यस्त्वयैव विहितो हि सृतेर्हि दायः ॥ ३०० ॥

भगवन् ! यह अद्वैत-तत्त्व अविनाशी, एकरूप, सत्य, सनातन, अनन्त और अपौरुषेय है। यह कदापि सम्प्रदाय नहीं हो सकता। यह तो आपके द्वारा ही विहित वैसे ही लोगोंके लिए सन्मार्गका दर्शन है ॥ ३०० ॥

स्वामिन् ! पुरा जगति धर्म विलोप एत्य
साक्षात् त्वमेव शिव ! शङ्कर एव भूत्वा ।
सर्वं चकर्थ विषमं सममेव धर्मं
तत् किं ? नवानमयनं त्विदमन्यदास्ते ? ॥ ३०१ ॥

स्वामिन् ! पूर्वकालमें जब जगतके भीतर धर्मका लोप होने लगा था, उस समय हे शिव ! साक्षात् आप ही शंकराचार्य होकर यहाँ आए और आपने उस समय समस्त वैषम्यपूर्ण धर्मको सम बनाया । क्या यह अद्वैत नहीं है ? क्या यह कोई दूसरा नवीन मार्ग है ? ॥ ३०१ ॥

आचार्यशङ्करशरीरगतस्वरूप—
स्त्वं तत्र भट्टवर-मण्डनमिश्रमुख्यान् ।
अन्यांस्तदन्यपथगांश्च विधर्मिणस्तान्
द्वैतान् विजित्य स्वमतानुगतानकार्षीः ॥ ३०२ ॥

प्रभो ! आचार्य शङ्करके शरीरमें आत्मारूपसे विद्यमान आपने ही भट्टप्रवर कुमारिल एवं मण्डन-मिश्र आदि विद्वानोंको तथा उनसे भिन्न मार्गपर चलनेवाले अन्यान्य विरुद्ध-धर्मी द्वैतवादियोंको जीतकर सबको अपने मतका अनुगामी—अद्वैत पथका पथिक बना लिया ॥ ३०२ ॥

तस्मात् प्रभो ! ससुखमत्र तमेव धर्मं
ह्याश्रित्य चात्मरत एव विलेखनीं स्वाम् ।
इत्थं प्रचाल्य तव सन्नुतिमेव गीत्वा
भूत्वैव शैव उरुगाय ! हरिं गतः स्याम् ॥ ३०३ ॥

इसलिये उरुगाय ! बहुसंख्य जनोंसे स्तुत प्रभो ! मैं यहाँ सुखपूर्वक उसी धर्मका आश्रय ले आत्मरत होकर ही इसीप्रकार अपनी लेखनी चलाता हुआ आपकी उत्तम स्तुतिका ही गान करके शैव, होता हुआ ही श्रीहरिका शरणागत होऊँ ॥ ३०३ ॥

अन्या गतिर्मम विभो ! न भवेद्विना त्वां
सैकाऽस्तु गीस्त्वदनुगा सुमतिश्च सा स्यात् ।
सर्वस्वमेव मम या तदिमाश्च माश्च
प्रेक्षस्व चाऽद्य, किमुमेश ! सुवीक्षितेति ? ॥ ३०४ ॥

विभो ! आपके सिवा दूसरी कोई मेरी गति न हो। एकमात्र वह वाणी तथा वह उत्तम बुद्धि ही मेरा अवलम्ब रहे, जो आपमें लगी हुई हो । उमेश ! यह वाणी मेरा ही सर्वस्व

है। आप इसको और मुझको आज अपनी कृपा दृष्टिसे देखिये। क्या कहा? अच्छी तरह देख लिया! ॥ ३०४॥

धन्योऽस्मि भो! तदहमद्य बुधैः प्रशस्यो
जातस्तथाऽबुधवरैस्तु विनिन्द्य एवम्।
जाता तथैव मम वाक् च तव प्रियेव
धिक् तान्! ब्रुवन्त्यविहतेयमितः प्रयाति ॥ ३०५ ॥

यदि ऐसी बात है तो भगवन्! आज मैं धन्य हो गया। विद्वानोंकी प्रशंसाका पात्र बन गया। तथा इसी प्रकार मूर्खोंसे विनिन्दनीय हो गया। मेरी वाणी भी आपकी प्रिया ललित-त्रिपुरसुन्दरी जैसी ही हो गयी, और उन निन्दकोंको धिक्कार देती हुई अप्रतिहत गतिसे आगे बढ़ रही है॥ ३०५॥

तस्मादुपस्तुहि सरस्वति! सत्पतिं तं
सूक्तैर्यथाविभवमाप्नुहि तत्त्वजातम्।
स्याच्छोभनं तदितरद्ऽध्यथवा निकामं
वामं प्रसन्नमनसं कुरु तं प्रकामम् ॥ ३०६ ॥

इसलिये हे मेरी सरस्वती! (हे मेरी वाणी!) अब तुम अपने श्रेष्ठस्वामी भगवान् शङ्करका अपने वाग्वैभवके अनुसार सूक्तियों द्वारा स्तवन करो और उन प्रभुसे तत्त्वज्ञान प्राप्त करो। भले ही तुम्हारा वाग्वैभव सुन्दर हो, या असुन्दर हो अथवा निकम्मा हो। उसीके द्वारा तुम इच्छानुसार भगवान् वामदेवको प्रसन्नचित्त करो॥ ३०६॥

स्त्रीलिङ्गगा त्वमसि वाङ्! मम यादृशी स्या-
स्त्वां तादृशीं स्मरति सोऽपि विभुर्यतोऽसौ।
नास्त्यत्र तस्य कुमती रुचिरेयमेषा
गर्ह्येति पूर्वमसृजद्विविधा यतस्ताः ॥ ३०७ ॥

मेरी वाणी! तुम स्त्रीलिङ्ग शब्दोंमें परिगणित हो। जैसी भी क्यों न हो, उसी रूपमें भगवान् शङ्कर तुम्हारा स्मरण करते हैं। उनके मनमें ऐसी कुबुद्धि नहीं है कि यह सुन्दर भाषा है अथवा निन्दनीय असुन्दर भाषा है। क्योंकि उन भगवान्ने स्वयं ही पूर्वकालमें विविध भाषाओंकी रचना की थी॥ ३०७॥

धन्याऽसि वाणि! मम शान्तिसुखाऽब्धिमग्ना
सार्था त्वमेव भवसिन्धुरसेऽपि मग्ना।
या त्वं प्रशंससि वरं स्ववचःकटाक्षै-
र्भित्वाऽपि मर्म वरदं शरवन्निखातैः ॥ ३०८ ॥

मेरी वाणी ! तुम धन्य हो; क्योंकि भवसागरके रसमें डूबी रहनेपर भी तुम भगवान् शङ्करके गुणचिन्तन एवं जय गान सुखके समुद्रमें मग्न होकर अपना जीवन सार्थक कर रही हो। अपने वचनरूपी तीक्ष्ण कटाक्षोंसे, जो वाणोंकी भाँति धस गये हैं, मर्म भेदकर—अपने श्रेष्ठ वर वरदायक भगवान् शम्भुकी प्रशंसाकर रही हो, मर्मस्पर्शी वचनों द्वारा प्रभुके गुण गा रही हो ॥ ३०८ ॥

आश्रित्य हीन्द्रियगणान् मम भारतीं त्वां
यावद्रतिं प्रकुरुते त्वयि वीक्षमाणः।
तावत्त्वयैव कुटिले ! स विभुः सरागः
स्वीयैः कठोरवचनैः क्रियते विरागः ॥ ३०९ ॥

अपने इन्द्रिय वर्गका आश्रय ले भगवान् शङ्कर मेरी वाग्रूपा तुम सरस्वतीकी ओर देखकर जबतक तुममें अनुराग या प्रेम करते हैं, तबतक ही हे कुटिले ! तुम अपने कठोर वचनोंसे उन सानुराग प्रभुको विरक्तकर देती हो ॥ ३०९ ॥

स्वात्मानमत्र परिधेहि यतः परात्मा
पश्येत् सतां च तव चाव्यय ईश आत्मा।
किं तेन नीरसगिरा गदितेन देवि !
यद् द्रावयत्युपलमेव न सार्थमेनत् ॥ ३१० ॥

इसलिये जो सत्पुरूषोंके और तुम्हारे अविनाशी ईश्वर और आतमा हैं, उन्हींमें अपनी आत्माको स्थापितकर दो। जिससे वे परमात्मा तुम्हें देखें। देवि ! नीरस वचन द्वारा किया गया उस भाषणसे क्या लाभ, जो पत्थरको भी पिघला न दे। वह भाषण तो व्यर्थ ही है ॥ ३१० ॥

शक्तिं समाहर निदर्शय रूपमग्र्यं
व्यामोहयाऽत्र जगतां पतिमात्मनैव।
साकार ईश इह वाणि ! तवेष्टपूर्तिं
शीघ्रं करोति स विभुर्यत आशुतोषः ॥ ३११ ॥

वाणी ! तुम शक्ति एकत्र करो और अपना अत्यन्त सुन्दर रूप दिखाओ। अपने उस स्वरूपसे ही यहाँ जगदीश्वर शिवको लुभा लो। वे साकार ईश्वर शीघ्र ही यहाँ तुम्हारे अभिलषित मनोरथकी पूर्ति करेगें। क्योंकि वे भगवान् आशुतोष जो ( शीघ्र प्रसन्न होनेवाले ) हैं ॥ ३११ ॥

तद्व्याहराऽत्र गुणलुब्धमनास्त्वमेवं
तं त्वत्पतिं विभुमनेकगुणेषु लुब्धम्।
मूलं श्रिताऽसि च सहस्रदलं श्रितोऽसौ
वाणी परा त्वमसि सोऽस्ति परो वरोऽसौ ॥ ३१२ ॥

तुम्हारा मन उनके गुणोंपर लुब्ध है। और वे प्रभु भी तुम्हारे अनेक गुणोंपर लुब्ध हैं। अतः तुम अपने पति उन परमेश्वर शिवकी महिमाका बखान करती रहो। तुम मूलाधारमें स्थित हो और वे सहस्रदल कमलसे उपलक्षित सहस्रारचक्रका आश्रय लिये बैठे हैं। तुम परा वाणी हो और वे परं वर ( स्वामी ) हैं ॥ ३१२ ॥

तत्संगमोऽस्तु युवयोः शिवयोः शिवाय
योगेन सुन्दरतरो भवतारणाय ।
गन्धं धरेव धरताद् भवती पतिं तं
गन्धो धरामिव धरेद् भवतीं सतीं सः ॥ ३१३ ॥

तुम दोनों शिवरूप हो। तुम्हारा यह समागम लोककल्याणके लिए हो। यह सम्बन्ध योग्यताकी दृष्टिसे अत्यन्त सुन्दर तथा संसार-सागरसे लोगोंको पार करनेवाला हो। जैसे पृथ्वी गन्ध धारण करती है उसी प्रकार तुम अपने उन परम-पतिको धारण करो और जैसे गन्ध तन्मात्रा पृथ्वीको धारण करती है उसी प्रकार वे भगवान् तुम जैसी सतीको धारण करें ॥ ३१३ ॥

पत्न्यो यथेह परितः स्वपतिं श्रयन्ते
कुर्वन्ति मुग्धमनसं श्लथशब्दवाक्यैः ।
तद्वच्छुभे ! त्वमपि तं पशुपं पशोर्मे
त्रातारमद्य कुगिराऽपि सुखं स्तुवीहि ॥ ३१४ ॥

शुभे ! जैसे इस लोकमें अनेक पत्नियाँ सब ओरसे अपने पतिका ही आश्रय लेती हैं, और शिथिल शब्दवाले वचनों—टूटे-फूटे वाक्यों द्वारा भी उस पति देवताके मनको मुग्ध कर देतीं हैं। उसी प्रकार तुम भी मुझ पशुका उद्धार करनेवाले उन पशुपतिनाथका आज अपने शिथिल शब्दों द्वारा भी सुखपूर्वक स्तवन करो ॥ ३१४ ॥

पूर्वोक्तनिर्गुणगुणान् विगुणा मनुष्या
नित्यं स्तुवन्ति सुखमाप्तुमनेकमन्त्रैः ।
किं प्राप्नुवन्ति सरले ! तत ईश्वरस्ते
स्वं निर्गुणत्वगुणमेव ददाति तद्वत् ॥ ३१५ ॥

मेरी सीधी-साधी वाणी ! संसारके बहुतेरे गुणहीन मनुष्य, गुणहीनता ही जिनका गुण है, ऐसे पूर्वोक्त मनुष्योंका सदा सुख पानेकी आशासे अनेक मन्त्रों ( गुप्तभाषण, स्तुतिकरण, मिथ्याप्रशंसन आदि ) से स्तवन करते हैं। किन्तु वे उनसे पाते क्या हैं ? वही न कि उनकी गुणहीनता। इसी तरह वे जगदीश्वर शिव भी तुम्हारे स्तुतिसे प्रसन्न हो, तुम्हें अपनी निर्गुणताका ही गुण देंगे। ( इसका फल यह होगा कि तुम मुक्त हो जाओगी ॥ ३१५ ॥

सन्तीह दिव्यपुरुषाः कति किन्तु तान् के
जानन्ति निर्गुणगुणैः पिहिताः स्वयं ते ।
सम्प्रेक्ष्य भूतमत ईशपदानुगांस्तान्
संस्थाप्य चान्त इह तद्गुणितां श्रय त्वम् ॥ ३१६ ॥

इस संसारमें कतिपय दिव्य पुरुष हैं ; परन्तु उन्हें जानते कितने लोग हैं ? क्योंकि उन्होंने स्वयं अपने आपको अपने, निर्गुणगुणोंसे ढक रक्खा है । अतः भूतकाल पर दृष्टिपात करके ईश्वर शिवके चरणारविन्दोंके जो अनुगामी भक्तजन हैं, उनको अपने सामने रखकर– उन्हींके आदर्शपर चलकर यहाँ अन्ततोगत्वा उन्हींके गुणका आश्रय लो । उन्हींकी भाँति भगवद्भजनका गुण अपना लो ॥ ३१६ ॥

स्यात् येन वाणि ! तव सुन्दरमेव सर्वं
रूपं प्रसादगुणजं ध्वनिभूषितञ्च ।
चित्रं ह्यलङ्कृतिभिरेव मनोहरश्चेत्
तर्हीह दोषयुजि च त्वयि रज्यतेऽसौ ॥ ३१७ ॥

वाणि ! जिससे तुम्हारा सब कुछ सुन्दर ही हो जाय, ऐसा करो ! । यदि तुम्हारा रूप, प्रसाद गुणसे युक्त हो, उसे ध्वनि विभूषित करे और अनेकानेक अलंकारोंसे विचित्र शोभा धारण कर यदि वह अत्यन्त मनोहर हो जाय तो ( श्रुतिकटु आदि ) कतिपय दोषोंसे युक्त होने पर भी तुममें वे प्रभु अवश्य अनुरक्त होंगे ॥ ३१७ ॥

किं काङ्क्षसेऽत्र विषमे ! त्वयि विश्वरूपो
हृष्टः स्वयं भवति चेदहहाऽसि धन्या ।
दिव्या नवाम्बरधरा ग्रहमाल्यदीप्ता
चान्द्री कलेव जयतात् तव भूतिरेषा ॥ ३१८ ॥

अरी विषम स्वभाव वाली मेरी वाणि ! यदि तुम पर विश्वरूप प्रभु स्वयं प्रसन्न हो जायँ तब तो अहा ! हा ! तुम धन्य हो गयी । फिर तुम्हें यहाँ और क्या चाहिये ? यह जो तुम्हारी दिव्य विभूति है, वह नवाम्बर धारिणी ( नित्य-नूतन आकाश अथवा नई साड़ी, धारण करने वाली ) तथा ग्रह-नक्षत्ररूप मालाओंसे उद्दीप्त, चन्द्रकलाकी भाँति सर्वोपरि विराजमान हो ॥ ३१८ ॥

विद्वांस उन्नतहृदो रसपानमत्ता
मत्ता भवन्ति यदि तेऽत्र गुणेषु सक्ताः ।
दुष्टाः खलास्तु विहसन्ति गुणेष्वसक्ता
रक्ताः प्रियेषु विहसन्तु, वयन्तु भक्ताः ॥ ३१९ ॥

वाणी ! यदि यहां तुम्हारे गुणोंमें आसक्त होने वाले उदार हृदय विद्वान् रसपानसे मत्त होकर मस्त हो जाते हैं तो यह तुम्हारे लिए गौरवकी बात है। परन्तु जो दुष्ट स्वभाववाले खल हैं, वे तो गुणोंपर रीझते नहीं हैं, मन चाहे भोगोंमें रचे-पचे रहते हैं। अतः वे हँसते हैं तो हँसे, हमलोग तो उनके भक्त ही हैं।। ३१९ ।।

ते तद्विधाः सुगुणिनः सुधियोऽपि देवि !
त्वां निर्गुणामपि निरीक्ष्य दृढाऽनुमेयाम् ।
धुन्वन्त आत्मशिर ईशरतेति मत्वा
स्निह्यन्ति चेज्जयसि भो ! भज तानपि त्वम् ।। ३२० ।।

हे देवि ! वैसे उत्तम गुणवाले शुद्ध-बुद्धिसे युक्त विद्वान् तुम्हें गुण-शून्य देखकर भी जब दृढ़ता-पूर्वक यह अनुमान कर लेगें कि यह ईश्वर-शिवमें अनुरक्त है, तो अपना शिर हिलाते हुए तुम पर स्नेह करने लगेंगे। यदि ऐसा हुआ तो वाणि ! तुम्हारी विजय है। फिर तो तुम उन गुणग्राही सज्जनोंको भी अपनाओ—कृपापात्र बनाओ ।। ३२० ।।

तत्पश्य नाथ ! मम वागसमस्वभावा
त्वां पश्यतीह कृतपादरतिः सरागा ।
सान्निध्यमाप्तुमसमं विषमे भवाब्धौ
स्वैरेव कर्मनिवहैर्मृड ! पातिता हा ! ।। ३२१ ।।

नाथ ! जगदीश्वर शिव ! देखिये, मेरी विषम स्वभाववाली वाणी आपके चरणोंमें प्रेम रखकर, आपके प्रति अनुरक्त होकर आपकी ओर देख रही है। तथा आपका अनुपम सान्निध्य प्राप्त करना चाहती है। हाय ! इसे अपने ही कर्मसमूहोंने विषम भव-सागरमें गिरा दिया है।। ३२१ ।।

नोचेत् प्रभो ! गतिमती न ममाऽत्र केचित्
किं वर्णयामि च मनोवचनातिगेऽपि ।
वागेव न स्फुरति काव्यकलानिबन्धे
का शक्तिरीश ! मम कृष्णगुणाऽनुबन्धे ।। ३२२ ।।

प्रभो ! यदि ऐसा न होता तो मुझे अधिक कठिनाई नहीं होती। इस कार्यमें न कोई मेरी गति है, न मति है। फिर में क्या वर्णन करूँगा। जो मन और वाणीकी पहुँचसे परे हैं, उस अतर्क्य विषयमें मेरी तो वाणी ही नहीं स्फुरित होती है। हे ईश्वर ! जब काव्य-कला निबन्धमें ही मेरी कोई शक्ति नहीं है तो साक्षात् भगवान् श्रीकृष्णके गुणानुबन्धमें मेरा कैसे वश चल सकेगा ?।। ३२२ ।।

एकैकवर्णमिह शब्दमयं गृहीत्वा
भूत्वा च भिक्षुरिव नाथ ! कृतोञ्छवृत्तिः ।
प्राप्स्ये कदाऽहमथ सत्कविशक्तिगम्यां
तृप्तिं परां श्रमहरां मृड ! मूढवृत्तिः ॥ ३२३ ॥

हे नाथ ! हे मृड ! जैसे कोई उच्चकोटिका भिक्षु उञ्छवृत्तिसे जीवन निर्वाह करता है, उसी प्रकार मूढ़-वृत्तिवाला मैं शब्दमय एक-एक वर्णका संग्रह करके काव्य लिखकर उत्तम कवियोंकी शक्तिसे प्राप्त होनेवाली तथा जन्म-मरणका क्लेश हर लेने वाली परा-तृप्तिको कैसे प्राप्त कर सकूँगा ? ॥ ३२३ ॥

ईदृग्विधस्तु विषयो विबुधैरुपास्य-
स्तैरेव गम्य इह देववराऽत्र भाष्यः ।
मत्तुल्यशक्तिविभवो मनुजो महेश !
कर्तुश्च चिन्तनमपीह न योग्य ईश ! ॥ ३२४ ॥

देवेश्वर महेश ? ऐसा विषय—भगवत्सम्बन्धी काव्यका निर्माण तो विबुधों (विद्वानों तथा देवताओं) के लिये उपास्य है—वे ही इसे कर सकते हैं। वे ही इसको समझ सकते हैं तथा वे ही इस पर विशद-व्याख्या लिख सकते हैं। जिसकी शक्तिका वैभव मेरे समान है, वह मनुष्य तो इस विषयके चिन्तनका भी अधिकारी नहीं है। फिर वह इसके निर्माणमें समर्थ कैसे हो सकता है ? ॥ ३२४ ॥

वाल्मीकिरस्मि न विभो ! न च शक्तिसिन्धु-
र्व्यासोऽस्मि, तौ हि कृतिनौ भृतशब्दसिन्धू ।
यस्मै ददौ वरमभीष्टमसौ विधाता
प्रापाऽन्य ईशगतियोगमभूच्च धाता ॥ ३२५ ॥

प्रभो ! न तो मैं आदिकवि वाल्मीकि हूँ और न शक्तिका समुद्र व्यास ही हूँ। उन दोनों पुण्यात्मा पुरुषोंने तो शब्दका महासागर ही धारणकर रखा है। इनमेंसे पहले अर्थात् वाल्मीकिको साक्षात् विधाता ब्रह्माने काव्य-निर्माणके लिये अभीष्ट वरदान दिया था और दूसरे व्यासजी ईश्वरीय-गति योग पाकर स्वयं धाता बन गये ॥ ३२५ ॥

साक्षात् तवैव शमदस्य जगद्धरस्य
पार्श्वस्थितस्य कवि–भट्ट–जगद्धरस्य ।
दासोऽस्म्यहं शृणु विभो ! भवतोऽपि मह्यं
सोऽसौ प्रियो गुरुतरश्च कृतः सहायः ॥ ३२६ ॥

मैं तो ऐसा नहीं हूँ। आप सबको शान्ति प्रदान करनेवाले तथा जगत्को धारण करनेवाले हैं। आपके ही पार्श्वभागमें स्थित जो कवि शिरोमणि जगद्धर-भट्ट हैं, उनका मैं दास हूँ। प्रभो ! सुनिये। मैं उन्हें आपसे भी बढ़कर प्रिय एवं गुरुतर सहायक बना चुका हूँ॥ ३२६ ॥

प्राप्तोपदेश इह तत्स्तुतिकाव्यतोऽहं
भूत्वैकलव्य इव सद्गुरुमाश्रयंस्तम् ।
अग्रेसरोऽभवमहो ! हरिकाव्यबन्धे
लुब्धो यथा मृड ! मृगो मृगनाभिगन्धे ॥ ३२७ ॥

दूसरोंको सुख पहुँचानेवाले शिव ? उन्हीं जगद्धर-भट्टके "स्तुतिकुसुमाञ्जलि" नामक स्तोत्र-काव्यसे उसी तरहका स्तुति-काव्य लिखनेके लिए उपदेश या प्रेरणा पाकर मैं एकलव्य जैसा बन गया हूँ और उन्हींको सद्गुरु मानता हुआ मैं यह "हरिकाव्यबन्धन प्रबन्ध" लिखनेमें अग्रेसर हो गया हूँ। जैसे मृग अपनी ही नाभिसे उत्पन्न होनेवाली कस्तूरीकी सुगन्ध पर लुभाया रहता है, उसी प्रकार मैं भी इस हरिकाव्य-प्रबन्धपर लट्टू हो रहा हूँ ॥ ३२७ ॥

अस्त्यत्र वाच्यमघहन् ! क्व च तत्कवित्वं
अस्मानमेव सरसं प्रकरोति यद्धि ।
स्थाणुं तथांऽकुरयतीह दयांऽकुरं यच्—
छ्रुत्वैव चेतनमचेतनवद्विभाति ॥ ३२८ ॥

पापहारी प्रभो ! यहीं मुझे आपसे कुछ कहना है। कहाँ जगद्धर-भट्टका वह कवित्व जो पत्थरको भी पिघला देता है, तथा आप जैसे स्थाणुको भी दयामय अङ्कुर उत्पन्न करनेके लिए विवश कर देता है। जिस काव्यको सुनते ही चेतन भी आत्मविभोर होकर जड़वत् बन जाता है॥ ३२८॥

धन्या हि सा रसवती कविगीः प्रगल्भा
या वल्लभा प्रियपदाब्जरता सुधाभा ।
पश्यन्ति ये सुमनसोऽपि तदीयरूपं
कुर्वन्ति हेति च निरूप्य निजं कुरूपम् ॥ ३२९ ॥

धन्य है, उन भक्तराज महाकविकी वह वाणी, जो प्रगल्भा होकर भी रसवती है। जो आप प्रियतमके चरणविन्दोंमें रत होकर आपकी वल्लभा बन गई है। तथा जो सुनने या पढ़नेमें अमृतके समान मधुर लगतो है। जो विद्वान् अथवा देवता उस काव्यके सुन्दर रूपको देखते हैं, वे अपने काव्यकी कुरूपता पर दृष्टि डालकर "हा धिक् !" कर बैठते हैं॥ ३२९॥

शब्दैर्विचित्रपदवाक्यमयैर्मनोज्ञै—
रथैर्निसर्गमधुरैर्गुरुतां श्रितैस्तैः ।
निर्माय काव्यमिह येन समर्प्य गीत्वा
त्वं नर्तितः स्मरसि मत्त इवाऽत्र भूत्वा ॥ ३३० ॥

भगवन् ! क्या आपको स्मरण है कि जगद्धर भट्टने विचित्र पद-वाक्य-विन्यासके युक्त सुन्दर शब्दों तथा स्वभावतः मधुर एवं गौरवपूर्ण अर्थोंसे काव्यका निर्माण करके आपको समर्पित किया, गाकर सुनाया और आप मतवालेसे होकर नाच उठे थे ॥ ३३० ॥

का वा कथाऽत्र मम नाथ ! सरस्वतीयं
नैतादृशी रसवती दधती सुधां न ।
शब्दार्थभारभरिता न तथा सुरीतिः
प्रीतिश्च कर्तुमसमेह सुलक्षणा न ॥ ३३१ ॥

नाथ ! यहाँ मेरे विषयमें क्या कहना है । मेरी यह सरस्वती न तो वैसी रसवती है और न सुधाका माधुर्य ही धारण करती है । विलक्षण शब्दों और अर्थोंके भारसे भरी हो, ऐसी बात भी नहीं है । तथा वैसी उत्तम रीति ( पदसंघटना ) भी नहीं है । इसमें कोई उत्तम लक्षण भी नहीं है । ऐसी दशामें यह आपसे प्रीति करनेके सर्वथा अयोग्य है ॥ ३३१ ॥

कृष्णं श्रिता तव पदाब्जरतिः कुरूपा
दोषोज्ज्वला कुपथगा युवती सतीव ।
त्वां प्राप्तुमद्य भवभीतिहरं वरं सा
ह्याकाङ्क्षते पदमिवेश्वर ! किङ्किणीव ॥ ३३२ ॥

मेरी सरस्वती कुरूपा है । इसने कृष्णका आश्रय लिया है तथा यह प्रेम करती है आप भगवान् शिवके चरणारविन्दोंसे यह गुणोंसे नहीं, दोषोंसे ही उजागर है । जैसे कोई सती युवती कुपथगामिनी हो जाय, उसी तरह यह मेरी वाणी उत्तम मार्गसे भ्रष्ट है । तथापि हे ईश्वर ! जैसे किङ्किणी ( करधनी ) अपने लिए उचित स्थान ( कटि प्रदेश ) को चाहती है, उसी प्रकार यह भवभयहारी वरके रूपमें आपको पानेकी अभिलाषा रखती है ॥ ३३२ ॥

सैषा च मे तरुशिखास्थितजन्ममृत्यु—
संहारकाणि सुफलानि भवन्मयानि ।
प्राप्तुं स्पृहा बलिसमं द्विज-वामनस्त्वां
याचेऽत्र भो ! सफलबाहुरहं भवेयम् ॥ ३३३ ॥

यह मेरी स्पृहा तो देखिये, वृक्षोंकी ऊँची शिखा पर लगे हुए उत्तम फलोंके समान जन्म-मृत्यु भयहारी सुफल, जो आप भगवान् शिवके स्वरूपसे अभिन्न हैं, मैं पाना चाहता हूँ तथा जैसे द्विज वटुक वामनने बलिसे याचना की थी, उसी प्रकार मैं आप—जैसे दानीसे याचना कर रहा हूँ। हे भगवन्! मैंने जो याचनाके लिए हाथ फैलाये हैं, यह व्यर्थ न जाय। मैं सफलबाहु हो जाऊँ॥ ३३३॥

नीहारबिन्दुभिरहं भरणं पयोधेः
कुर्वन् विभौ स्थिरमतिः सफलो भवामि।
दीपैर्हृषीकगणतैलनिषेकपूर्णैः
सूर्यप्रभामपि समुज्ज्वलयामि मूढः॥ ३३४॥

प्रभो! ओसकी बूँदोंसे महासागरको भरनेकी चेष्टा करता हुआ मैं आप भगवान्में अपने बुद्धिको दृढ़ता पूर्वक स्थापित कर रहा हूँ। और सोचता हूँ कि इस कार्यमें सफल हो जाऊँगा। इन्द्रियवर्गरूपी तैलविन्दुओंसे भरे हुए दीप जलाकर मैं उनके द्वारा सूर्यकी प्रभाको भी अत्यन्त उज्ज्वल बनानेकी चेष्टा कर रहा हूँ। कैसा मूढ़ हूँ?॥ ३३४॥

संदर्शयाम्यहमजं पुरुषं परेशं
तन्निर्गुणं ह्यपि गृहीतगुणाऽनुबन्धम्।
गीर्वाणवाक्यविदुषां हृदयारविन्दे
तं स्थापयामि निरवद्यगुणैश्च वन्द्यम्॥ ३३५॥

जो अजन्मा, अन्तर्यामी तथा प्राकृत-गुणोंसे रहित साक्षात् परमेश्वर हैं, उन्हीं भगवान्को मैं गुणोंके बन्धनसे बँधा हुआ दिखाऊँगा। अनवद्य (अनिन्द्य) गुणोंसे वन्दनीय उन भगवान् श्रीकृष्णको मैं संस्कृतभाषाके विद्वानोंके हृदयारविन्दपर स्थापित करूँगा॥ ३३५॥

मत्साहसं तु जयतीदृशमत्र नाथ!
तट्टिट्टिभोऽस्मि विधरामि खमापतेच्चेत्।
उत्क्षिप्तके पदयुगे च मयान्तरिक्षे
यद्व्यापृतोऽस्म्यहमशक्यनिबन्धबन्धे॥ ३३६॥

मेरे इस दुस्साहस की जय हो। नाथ! मैं टिट्टिभ हूँ और पैर ऊपर करके इसलिए पड़ा हूँ कि यदि आकाश गिरे तो उसे मैं इन पैरोंपर ही रोक लूँगा। मैंने भी आकाशमें पांव उठा रखे हैं, जब कि ऐसे अशक्य निबन्धको 'लिपिबद्ध करनेके व्यापारमें मैं लगा हुआ हूँ॥ ३३६॥

धृष्टं मया निगदितं मृड ! यत्र तत्र
दुर्वाच्यमार्तमनसाऽनुपयुक्तमत्र ।
क्षान्त्वा दयस्व गुरुताञ्च सुधाञ्च सिञ्च
गृह्णीष्व पादपतनं गुरुदक्षिणाञ्च ॥ ३३७ ॥

हे मृड ! मेरा मन आर्त होनेके कारण मैंने इस काव्यमें यत्र-तत्र कई धृष्टतापूर्ण, दुर्वाच्य तथा अनुपयुक्त बातें कह डाली हैं। उन्हें क्षमा करके मुझपर दया कीजिये। अपनी गुरुताकी सुधासे मुझे सींचिये और गुरु-दक्षिणाके रूपमें अपने चरणारविन्दोंमें मेरा साष्टाङ्ग प्रणाम ग्रहण कीजिये ।। ३३७ ।।

शान्तं प्रसन्नतरमद्य मनो मदीयं
यस्मान्मयाऽनुमितमीश ! भवान् प्रसन्नः ।
बर्धस्व गच्छ पथि लब्धधनः सुखी स्याः
शृण्वन्निदं हृदि वचोऽस्मि सुखाब्धिमग्नः ॥ ३३८ ॥

हे ईश ! आज मेरा चित्त अत्यन्त प्रसन्न एवं शान्त है। क्योंकि मैंने अनुमान कर लिया है कि आप मुझपर प्रसन्न हैं। मैं अपने हृदयमें आपका यह आशीर्वचन सुन रहा हूँ कि "तुम उत्तरोत्तर बढ़ो, अपने रास्तेपर चलते रहो और अपने हृदय-धन श्रीकृष्णको प्राप्त करके सुखी हो जाओ।" यह आशिर्वाद सुनकर मैं सुखके सागरमें मग्न हो गया हूँ ।। ३३८ ।।

तस्माद्विभो ! प्रकृतमेव निरीक्षमाणः
सञ्जातगद्गदवचाः पदयोः पतामि ।
धन्यो दयानिधिरतुल्यगुणो महात्मा
बर्धस्व भक्तहृदि नाथ ! वदँल्लिखामि ॥ ३३९ ॥

अतः हे प्रभो ! अब मैं अपने प्रकृत विषयको ही देखता और गद्गद वाणीमें बोलता हुआ आपके चरणोंमें प्रणत हो रहा हूँ : "नाथ ! आप धन्य हैं, दयाके निधान हैं। आपके गुणोंकी कहीं तुलना नहीं है, आप परमात्मा हैं, अपने भक्तोंके हृदयमें इसी प्रकार बढ़ते रहिये।" ऐसा कहता हुआ मैं यह महाकाव्य लिख रहा हूँ ।। ३३९ ।।

स्वामिन् ! वसन्ततिलकास्तवकाङ्किताङ्गा
त्वङ्गा तवाऽङ्करमणीव समुच्चरङ्गा ।
वाक्यावलिर्मम विभो ! कुसुमाञ्जलीव
साश्रीः स्थिरा विलसतात् पदयोः प्रियेव ॥ ३४० ॥

विभो ! मेरी यह वचनावली जगद्धर भट्टकी "स्तुति कुसुमाञ्जलीकी भाँति आपके चरणोंमें शोभा बिखेरती हुई स्थिरभावसे सुशोभित हो। ठीक उसी तरह जैसे प्रिया पार्वती शोभा पाती हैं। स्वामिन् ! मेरी कविता आपके अङ्कमें विलास करनेवाली रमणी शिवाकी भाँति सुन्दर अङ्गवाली है। इससे रसकी तरङ्गं उछलती रहती हैं। इसने वसन्ततिलकाके पुष्पगुच्छसे अपने अङ्गोंको विभूषित कर रखा है ॥ ३४० ॥

याचे तदन्यदनवद्यमनन्तपारं
सद्वस्तु चैकमिह तच्छृणु भो परात्मन् ! ।
सैषा स्तुतिस्तव विभोर्धृतसत्यरूपा
त्वां प्रीणयेद् भवजनैः पठिता यदि स्यात् ॥ ३४१ ॥

हे परात्मन् ! मैं यहाँ इसके सिवा एक और अनिन्द्य, अनन्त, और अपार सद्वस्तुकी याचना करता हूँ, उसे सुनिये। यह स्तुति आप सर्वव्यापी भगवान्‌के सत्य रूपको धारण किए हुए है। यदि संसारके लोग उसका पाठ करें तो यह आपको अवश्य सन्तुष्ट करे ॥ ३४१ ॥

भुजङ्गप्रयातं यथा नाथ ! तत्र भुजङ्गप्रयातं तथा मे मनोऽत्र ।
चतुर्भिर्यकारैर्यमैर्योगयज्ञै-र्यशोभिर्भवन्तं भजेयं भवेऽत्र ॥ ३४२ ॥

नाथ ! जैसे आपके निकट-भुजङ्गोंका चलना-फिरना होता रहता है, उसी प्रकार मेरा मन भी यहाँ भुजङ्गोंकी भाँति कुटिल गतिसे चलने लगा है। ( इस प्रकार यह भुजङ्ग प्रयात नामक छन्द बन गया है। ) चार यकार ( यगण, ।ऽऽ ) भुजङ्गप्रयात छन्द बनता है। इसी प्रकार मेरे मनके भुजङ्गप्रयातमें भी यम, योग, यज्ञ और यश—ये चार यकार हों, और उनके द्वारा मैं इस संसारमें सदा आपका भजन करता रहूँ ॥ ३४२ ॥

जयति नाथ ! ते भक्तिरुत्तमा भवविनाशिनी भक्तहृद्गमा ।
सुखविधायिनी तापहारिणी सुमतिदायिनी शान्तिकारिणी ॥ ३४३ ॥

नाथ ! आपकी उत्तम भक्ति ही सर्वोपरि विराजमान है। अतः उसकी जय हो। वह भक्तके हृदयमें विराजमान हो, जो भव-भयका नाश करनेवाली सुखसाधिका, त्रितापहारिणी, शान्तिकारिणी तथा सुबुद्धिदायिनी है ॥ ३४३ ॥

जयति ते दया मूकतामपि हरति या प्रभो ! मूढतामपि ।
गमयतीह या पङ्गुमप्यहो ! गिरिशिरस्तथा त्वत्पदं विभोः ॥ ३४४ ॥

प्रभो ! आपकी उस दयाकी जय हो, जो गूँगेपन और मूढ़ताको भी हर लेती है। जो पङ्गुको पर्वतके शिखर पर तो चढ़ा ही देती है। आप सर्वव्यापी प्रभुके पदकी भी प्राप्ति करा देती है। यह उसका आश्चर्यमय चमत्कार है ॥ ३४४ ॥

या कृपा पदतः प्राप्ता कविभिश्च महात्मभिः ।
सा मय्यपि जगन्नाथ ! वितराऽत्र दयस्व हि ॥ ३४५ ॥

हे जगन्नाथ ! कवियों और महात्माओंने आपके पदसे जो कृपा प्राप्त की है, वह मुझपर भो हो । आप उसका वितरण कीजिये और दयालु होइए ॥ ३४५ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
द्वितीयो व्यगमत् सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥ ३४६ ॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति—''श्रीकृष्णचरितामृत नामक स्तोत्रमय महाकाव्यमें यह दूसरा सर्ग पूरा हुआ ॥ ३४६ ॥

* * *

# तृतीयः सर्गः

( प्रस्तुतकाव्यं दशलक्षणलक्षितं श्रीमद्भागवत-महापुराणमुपजीव्य विलिखितत्वात्
सर्वप्रथमं विद्वत्प्रबोधनपूर्वकं तत्रेशानुकथा-पर्यन्तानां सप्तानामपि सर्गविसर्गा-
दीनां संक्षिप्तस्वरूपनिदर्शनम् । श्रीकृष्णावतारस्य पूर्णावतारप्रतिपादनम् ।
स एव चराचराणामात्माऽतस्तल्लीलैव जगत्सुखावहेतिस्थिरीकरणञ्च । )

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपंजातिवृत्तम् )

[ प्रस्तुत महाकाव्य दस लक्षणोंसे लक्षित श्रीमद्भागवत महापुराणका आश्रय लेकर लिखा गया है। अतः सर्वप्रथम विद्वानोंके उद्बोधनपूर्वक सर्ग-विसर्गसे लेकर ईशानुकथापर्यन्त सात लक्षणोंके स्वरूपको संक्षेपसे प्रदर्शित किया गया है। भगवान् श्रीकृष्णका अवतार पूर्णावतार है, इसका प्रतिपादन किया गया है। वे भगवान् श्रीकृष्ण ही चराचर-जगत्के आत्मा हैं। अतः इनकी लीला ही समस्त विश्वको सुख देनेवाली है। इस सिद्धान्तको यहाँ स्थिर किया गया है। ]

विद्वद्वरा ! ध्यानपरा भवन्तु भो यद्वर्णयाम्यत्र मनीषितं प्रियम् ।
क्रमं समालम्ब्य मनागितस्ततः पश्यंल्लिखन् भागवतानुगां स्थितिम् ॥

श्रेष्ठ विद्वानों ! आप लोग इधर ध्यान दें। मैं यहाँ अपनी मनोवाञ्छित प्रिय वस्तुका वर्णन करता हूँ। क्रमका अवलम्बन करके कुछ इधर-उधर देखकर श्रीमद्भागवतके अनुकूल स्थितिका चित्रण कर रहा हूँ ॥ १ ॥

यस्मिन् विभोर्लोकशिखामणेर्भृशं ह्यलौकिकं पावनकर्म विद्यते ।
धृतात्मभिर्योगिभिराग्रहग्रहं गीतं यदेतच्छ्रुतिसारसंग्रहम् ॥

इसमें अखिल ब्रह्माण्डशिरोमणि सर्वव्यापक भगवान् श्रीकृष्णका लोकपावन अलौकिक कर्म ( दिव्य लीलाचरित ) शोभा पा रहा है। मनको वशमें रखनेवाले योगी महात्माओंने भी इस लीला-चरितको श्रुतिसार-संग्रह मानकर बड़े आग्रहके साथ इसका गान किया है ॥ २ ॥

तज्जीवनाऽऽधारमयं महात्मनां मनो महाभागवतं च दृश्यते ।
निवेश्य यस्मिन् स्वगतोज्ज्वलं महः कृष्णेन कृष्णेन सताऽपि भूषते ॥

महात्माओंका मन और महाभागवत शास्त्र ये दो ही भगवान् श्रीकृष्णके जीवनाधार दिखाई देते हैं। जहाँ श्रीकृष्ण कृष्णवर्णके होकर भी तेजकी स्थापना करके शोभा पाते हैं ॥ ३ ॥

विहाय चैतद्द्वयमिश्वराभिधतद्वस्तुनो जीवनचित्रचित्रणे ।
भृशं समीक्ष्याऽपि न लभ्यते गतिर्विमुह्यतेऽस्मिन् विदुषाञ्च यन्मतिः ॥

इन दोको छोड़कर ईश्वर-नामधेय भगवद्-वस्तुके जीवनचित्रका चित्रण करनेके लिए बहुत विचारने पर भी दूसरा कोई अवलम्ब नहीं प्राप्त होता है। क्योकि भगवच्चरित्रका वर्णन करनेमें विद्वानोंकी भी मति जो मोहित हो जाती है ॥ ४ ॥

तस्मादहं तद्विभुकृष्णजीवनं निर्दर्शये भागवताऽऽश्रयं श्रयन् ।
द्वैपायनेनाऽत्र समस्तवाङ्मयं निर्मथ्य कृष्णात्मकसार उद्धृतः ॥

इसलिये मैं श्रीमद्भागवतका आश्रय लेकर भगवान् श्रीकृष्णके जीवन चरित्रका दिग्दर्शन करा रहा हूँ। श्रीकृष्ण-द्वैपायन व्यासजीने समस्त वाङ्मयका मन्थन करके इस श्रीमद्भागवतमें श्रीकृष्णमय सार-तत्त्वको उद्धृत किया है ॥ ५ ॥

तं ब्रह्म शब्दात्मकमित्यमी बुधाः स्फोटेन नादेन भजन्त्यनादकम् ।
वैज्ञानिका यूयमनेकयुक्तिभिरकार्ष्ट सार्थं स्थिरयन्त्रगं च यम् ॥

वह ब्रह्म शब्दात्मक प्रणवरूप है। इसलिए ये विद्वान् स्फोटरूप नादके द्वारा उस नादरहित तत्त्वका भजन ध्यान करते हैं। वैज्ञानिकों ! आपलोगोंने अनेक प्रकारकी युक्तियाँ करके उस शब्द-ब्रह्मको स्थिर यन्त्र ( रेडियो आदि )में आबद्ध करके उसकी नित्य सत्ताको सार्थक किया है ॥ ६ ॥

व्याप्तं प्रपञ्चेऽपि परात्मगं च तं विभाव्य बुद्ध्याऽप्यनुभूय चात्मनि ।
न विश्वसन्त्याधुनिका मनागपि तदीशसत्तासु कुतर्कमास्थिताः ॥

समस्त प्रपञ्चमें व्याप्त उस परमात्माको भी बुद्धिके द्वारा व्यक्त करके अपने आत्मामें अनुभव करके भी आधुनिक वैज्ञानिक कुतर्कका आश्रय ले उस ईश्वरकी सत्तापर तनिक भी विश्वास नहीं करते हैं ॥ ७ ॥

किं ब्रूमहे तान् प्रकृतौ महत्तमान् सिद्धं प्रकृत्यैव सुनिश्चितब्रुवान् ।
भ्रष्टान् स्वतः कारणकार्ययोः परे तत्त्वेऽक्षमान् पीतसुधान् भवाजिरे ॥

जो प्रकृति विज्ञानमें महत्तम विद्वान हैं, और सब कुछ प्रकृतिसे ही सिद्ध हुआ है, ऐसा दृढ़ निश्चयके साथ बोलते हैं, किन्तु स्वतः कार्य-कारण भावसे भ्रष्ट हैं, संसाररूपी प्राङ्गणमें जिन्हें सुधा-पानका आनन्द मिलता है और जो परम तत्त्वके अनुभवमें सर्वथा असमर्थ हैं, उन लोगोंके विषयमें हम क्या कहें ? ॥ ८ ॥

ईदृक्पुराणं विषयं विलिख्य भो ! किं प्राप्स्यते भद्रमनेन हा ! त्वया ।
ब्रुवन्त इत्थं सुधियस्तु मामपि व्यगर्हयन् येऽत्र कियत्पदं श्रुताः ॥

जिन्होंने यहाँ इस काव्यके कुछ पदोंका श्रवण किया है, ऐसे उत्तम बुद्धिवाले पण्डितोंने भी ऐसा कहते हुए कि—"हाय भाई ! तुम ऐसा पुराण ( पुराना ) विषय लिखकर इसके द्वारा कौन-सा कल्याण प्राप्त करोगे ।" मेरी निन्दा की है ॥ ९ ॥

धन्या महान्तः खलु येऽमरा इह जीवत्त्वमाप्तं किल तैर्ब्रुवन्तु ते ।
निवेदये तान्न मुखमुद्रणाक्षमः पन्थानमार्या ! वितरन्तु मामिति ॥

वे महात्मा निश्चय ही धन्य हैं, अमर हैं। उनका ही जीवत्व प्राप्त करना यहाँ सार्थक है। मैं उनका मुँह बन्द करनेमें तो समर्थ नहीं हूँ, किन्तु उनसे यह निवेदन करता हूँ कि—हे आर्य-पुरुषों ! आप ही लोग मुझे मार्ग दिखावें ॥ १० ॥

विवादलेशोऽपि न चाऽत्र युज्यते न वा मदीयो विषयोऽस्त्यसाविह ।
प्राणी स्वतन्त्रोऽस्ति हि कृत्यनिर्णये स्वतन्त्रता केति विचार्यतां परम् ॥

यहाँ लेशमात्र भी विवाद करना उचित नहीं है और न यह मेरा विषय ही है। प्रत्येक प्राणी अपने कर्तव्यका निर्णय करनेमें स्वतन्त्र है। परन्तु उसकी वह स्वतन्त्रता क्या है, इसपर अच्छी तरह विचारकर लेना चाहिए ॥ ११ ॥

किमिन्द्रियाणां सुखदुःखभोगिनां दासत्वमेवाऽधिगतं प्रतिक्षणम् ।
स्वातन्त्र्यमस्माकमहो ! न चेदिदं सुबन्धनन्त्वेव शरीरबन्धनम् ॥

क्या सुख-दुःखका भोग करनेवाली इन्द्रियोंकी प्रतिक्षण दासता ही हमलोगोंको प्राप्त हुई स्वतन्त्रता है ? । यदि हाँ ! तब तो बड़े आश्चर्यकी बात है। और यदि नहीं, तो यह शरीर-बन्धन ही सबसे बड़ा बन्धन है ॥ १२ ॥

अस्यां स्थितौ कां गतिमाप्नुयादसौ जीवः शरीरस्थित ईश्वरोऽपि सन् ।
तदाऽस्य किं वाऽत्र पुनर्भवादयो भवन्ति नैते विषया दशाश्च किम् ॥

ऐसी स्थितिमें शरीरके भीतर विद्यमान जीव साक्षात् ईश्वर या ईश्वरांश होकर भी किस गतिको प्राप्त होगा ?। क्या उस समय इसके पुनर्जन्म आदि नहीं होते हैं ! ये विषय और दशायें क्या इसे नहीं उपलब्ध होती हैं ? ॥ १३ ॥

यावच्छरीरं ध्रियते सहोद्गतै स्तत्प्राकृतैः सम्मिलितैश्च तत्त्वकैः ।
तावद्धि सर्वं क्रियते स्वतन्त्रितैरस्माभिरेषा सुमतिर्विगृह्यते ॥

जबतक कि यह शरीर रहता है, तभीतक इसके साथ ही उत्पन्न हुए उन प्राकृतिक सम्मिलित एवं स्वतन्त्र-से प्रतीत होनेवाले तत्त्वोंद्वारा सब कुछ किया जाता है। हमलोगोंने इस तरहकी सुबुद्धि ग्रहण की है ॥ १४ ॥

आस्तां ! तथा चेद्वयमत्र दीक्षिताः श्रीकृष्णभक्त्या कृतकाव्यकीर्तने ।
स्वैरं व्रजामोऽद्य सुखेन संगता ऋणैर्गृहीत्वाऽपि घृतं निपीय च ॥

यदि ऐसा है तो रहे, हमलोग यहाँ भगवान् श्रीकृष्णकी भक्तिसे किए जानेवाले काव्यके कीर्तनकी दीक्षा ले चुके हैं। इसलिए आज ऋण लेकर भी घृत-पान करके हम सुख-पूर्वक स्वच्छन्द-पथसे चल रहे हैं ॥ १५ ॥

ते तद्विधानां यदहो ! वयं वृथा कौपीनशेषा अपि वाच्यतां गताः।
क्षिपन्ति येऽस्मान् बहुधा शरोपमैः क्रूरैर्वचोभिर्हृदि सेश्वरा इति ॥

प्राचीन विद्वानों ! यद्यपि हमलोगोंके पास वैभवके नाम पर केवल कौपीनमात्र शेष रह गया है, तथापि हमलोगोंको ऐसे लोगोंके आक्षेपका पात्र बनना पड़ा है, जो बहुधा बाणोंके समान तीक्ष्ण क्रूरतापूर्ण वचनों द्वारा हमारे हृदयपर यह कहकर चोट करते रहते हैं कि—ये बड़े ईश्वरवादी बने हुए हैं ॥ १६ ॥

विभिन्नया ध्यानधिया समाहिता यूयं यतध्वे यदवाप्तुमत्र भोः !।
नैतत् पदं तन्न च शान्तिदं च तन्निरापदं चैकपदं पदं हि तत् ॥

माननीय आधुनिक विद्वानों ! आप लोग विभिन्न प्रकारकी चिन्तनशील बुद्धिके द्वारा एकाग्रचित्त हो, जिस वस्तुको पानेके लिए यहाँ प्रयत्न करते हैं, वह वास्तवमें न तो प्राप्तव्य पद है और न शान्ति ही देनेवाला है। हम जिसे प्राप्तव्य मानते हैं, वह एकमात्र अद्वितीय वस्तु सर्वथा निरापद है ॥ १७ ॥

नभोगतं दिव्यगतिश्च साधिता गतश्च चान्द्रस्थलमीक्षितं तथा।
सुखेन पातालतलं विलोडितं न कृत्यशेषं भवतां विलोक्यते ॥

आपलोग आकाशमें भी उड़ते हैं। आपने दिव्य गति साध ली है। चन्द्रलोकमें जाकर वहाँ के स्थलका निरीक्षण कर लिया है और सुखपूर्वक पातालस्थलीका भी आलोडन-विलोडन कर लिया है। अब आपलोगोंके लिये कोई भी कर्तव्य शेष नहीं दिखाई देता है ॥ १८ ॥

धन्या भवन्तस्तदपीह यत्नतः कर्तव्यशेषोऽपि विचार्य तां बुधाः !।
आत्मा स्वयं प्राणिशरीरमास्थितः किं स्यात्, कथं स्यादिति चिन्तयन्तु भोः ! ॥

विद्वानो ! धन्य हैं, आपलोग ! तथापि यहाँ अब भी आपके लिए कुछ करना शेष रह गया है। इस बात पर यत्न-पूर्वक विचार करें। प्राणियोंके शरीरमें विद्यमान जो यह आत्मा है, वह क्या है, और कैसा है ? इस तत्त्वका आपलोग चिन्तन करें ॥ १९ ॥

दृष्ट्वा शरीरं बहुधा मृताऽमृतं परीक्षितं यैश्च सुखं ह्युपायकैः।
तेऽत्र प्रमाणानि, वदन्ति किञ्च ते श्रोतव्यमेषाञ्च वचः समीरितम् ॥

जिन लोगोंने बारम्बार मृत अथवा जीवित शरीरकी अनेक उपायोंसे सुखपूर्वक परीक्षा की है, वे इस विषयमें प्रमाणभूत हो सकते हैं। वे क्या कहते हैं ? उनकी कही हुई बातको सुनना चाहिए ॥ २० ॥

शल्यक्रियाभिर्वपुषां शरीरिणां विदार्य मर्माणि निरीक्षितान्यपि ।
न दृश्यतेऽसौ स्वदितान्नपाचको यत्पाच्यते किन्तु किमेष ? तद्व्ययम् ! ॥

शल्य-क्रिया ( चीर-फाड़ ) के द्वारा देहधारियोंके शरीरके मर्मस्थानोंको चीर-चीरकर देखा गया है, तो भी जो खाये हुये अन्नको पचानेवाला है, वह वैश्वानर वहाँ नहीं दिखाई देता है। किन्तु उसके द्वारा भोजन पचाया जाता है। वह कौन हो सकता है ? हम तो कहते हैं कि यह वही आतमतत्त्व है ॥ २१ ॥

स एव नित्यः परतत्त्वगो महान् एकोऽप्यनेको बहुयोनिगश्च यः ।
आनन्दसच्चिन्मय एकरूपको भूत्वाऽपि मायावशतो भ्रमत्यदः ॥

वह जीवात्मतत्त्व ही नित्य है और परमात्मतत्त्वसे जुड़ा हुआ है। वह महान् है, वह एक और अनेक भी है। वही अनेक योनियोंमें विचरण करनेवाला है। वह अद्वितीय, सच्चिदानन्दमय होकर भी मायाके वशमें होकर संसारमें भ्रमण करता रहता है ॥ २२ ॥

माया च सैषा गुणतो विमोहिनी प्रमाथिनी हीन्द्रियवर्गपोषिणी ।
अहंममाद्यैरशुभैर्हतोदया नृत्यन्त आत्मान इमे ययेह भोः ! ॥

माया वही है, जो तीनो गुणों द्वारा जीवोंको मोहमें डुबाती है; उनके मनको मथ डालती है और इन्द्रियोंका पोषण करती है। इसीकी प्रेरणासे अहंकार और ममता आदि अशुभ भावोंसे युक्त हो जानेके कारण जीवात्माओंका अभ्युदय रुक जाता है और वे इस मायाके इशारेपर नाचने लगते हैं ॥ २३ ॥

तच्छुद्धिरेवेह यदा भवत्यहो ! तदैव सोऽसावपि शुद्धतामितः ।
प्रगच्छति स्वं पदमव्ययं हितं यत्प्राप्तिरेवाऽत्र भवत्सु युज्यते ॥

उन अशुभ-भावोंकी निवृत्तिके कारण जब अन्तःकरणकी शुद्धि होती है तभी वह जीवात्मा भी शुद्ध भावको प्राप्त होता है और अपने हितकर अविनाशी पदकी ओर वेगपूर्वक चल पड़ता है। उसीको प्राप्तकर लेना आप लोगोंके लिए भी उचित है ॥ २४ ॥

विहाय चेमं स्वहिताऽहितप्रदं प्रकुर्वतां नाकपदाऽधिरोहणम् ।
तदुत्तमं वाऽपि निरर्थकं भवेद् यन्नाशयेन्मृत्युभयमुं न कर्हिचित् ॥

यह जीवात्मा स्वयं अपने लिये हितप्रद और अहितप्रद भी होता है, इसे ठुकराकर यदि कोई स्वर्ग शिखरपर भी आरूढ हो जाय अथवा उससे भी ऊँचे स्थानपर पहुँच जाय; उसका वह उन्नयन निरर्थक ही हो जाता है; क्योंकि स्वर्गादि उसके मृत्युभयको नहीं दूर कर सकता हैं ॥ २५ ॥

तदस्तु, तेऽनीश्वरवादिनो ( ऽ ) बुधाः ! शृण्वन्तु भो ! आधुनिकाश्च सन्मताः ।
श्रीकृष्णतत्त्वं सकलं स्वतो महत् पश्यन्तु तत् स्वात्मनि सर्वशक्तिमत् ॥

अस्तु, वे अनीश्वर वादी बुध और सत्पुरूषोंसे सम्मानित आधुनिक वैज्ञानिक मेरी बात सुनें । श्रीकृष्ण-तत्त्व स्वतः महान् और सम्पूर्ण है । उस सर्वशक्तिमान् तत्त्वको आप लोग अपने अन्तरात्मामें देखें ॥ २६ ॥

आर्यैर्विभाव्योऽत्र गुहास्ववस्थितः स एव चास्माकमिहाऽव्ययेश्वरः ।
सैषोऽस्ति युष्मास्वपि किन्तु तं मुधा यूयं ह्यनादृत्य सदा विगर्हथ ॥

जिसका अन्यान्य महात्माजन अपनी हृदय गुहामें अवस्थित देखते हैं, वहीं हमलोगों के अविनाशी ईश्वर श्रीकृष्ण यहाँ सर्वत्र विराज रहे हैं । ये आपलोगोंमें भी विद्यमान हैं । किन्तु आप व्यर्थ ही उनका अनादर करके सदा उनकी निन्दा करते रहते हैं ॥ २७ ॥

शक्तिर्यदोजश्च बलञ्च विद्यते युष्मासु या बुद्धिरिह प्रदृश्यते ।
तत् किं ? कुतः प्राप्तमिदं ? विचार्यतां तच्छक्तिरेवाऽत्र विराजतेतराम् ॥

आपलोगोंमें जो शक्ति, ओज और बल विद्यमान हैं तथा जो बुद्धि दिखाई देती है । वह सब क्या है ? कहाँ से प्राप्त हुआ है ? उसपर विचार कीजिये । एकमात्र भगवान श्रीकृष्णकी शक्ति ही यहाँ बिराज रही है ॥ २८ ॥

यच्छक्तिमादाय सचन्द्रतारकं नभो विभात्याविधि तुच्छकीटकम् ।
चराचरं विश्वमहर्निशं यतः सद्भाति चैतन्यमयं ज्वलत्प्रभम् ॥

जिनकी शक्तिका आश्रय लेकर चन्द्रमा, तारामण्डल, आकाश तथा तुच्छ कीटसे लेकर ब्रह्माजी पर्यन्त चराचर जगत् अहर्निश जिसकी सत्तासे प्रकाशित होता है, वह उद्दीप्त प्रभासे भासमान चैतन्यमय श्रीकृष्ण ही हैं ॥ २९ ॥

तदत्र कृष्णं परमात्मरूपिणं जानीत भो ! स्वे हृदि भान्तमव्ययम् ।
तस्यैव लीलेह विवर्ण्यते भृशं व्यासोऽभवद् यत्स्वयमेव वर्णने ॥

इसलिये हे विद्वानो ! अपने हृदयमें भासमान अविनाशी तत्त्वको आपलोग परमात्मा श्रीकृष्ण ही जानें । इस काव्यमें उन्हींकी लीलाका विशेष वर्णन दिया जा रहा है । वे भगवान् स्वयं ही अपनी लीलाका वर्णन करनेके लिये व्यासरूपमें अवतीर्ण जो हुए थे ॥ ३० ॥

विदृश्यते भागवतद्रुमो महान् कैवल्यशान्तिप्रद आत्मतत्त्वदः ।
आनन्दसच्चिन्मय ईशरूपको वैराग्यकृत् सज्जनसङ्गसौख्यभृत् ॥

यहाँ जो भागवत नामसे प्रसिद्ध पुराणरूपी महान् वृक्ष दिखाई देता है, वह आत्मतत्त्वका ज्ञान देनेवाला तथा कैवल्य-शान्तिप्रदान करने वाला है। वह साक्षात् भगवानका स्वरूप और सच्चिदानन्दमय है। वे संसारसे वैराग्य उत्पन्न करनेवाला और सत्संगका सुख धारण करनेवाला है ॥ ३१ ॥

स्कन्धाश्च ते द्वादश दिव्यरूपकाः श्रयन्त एतं प्रथमेऽत्र वस्तुतः।
परीक्षितं कर्म विभाव्य शर्मदं श्रोतृस्वरूपेण निरूपितं पुरा ॥

इस भागवत वृक्षके बारह दिव्य स्कन्ध ( तनें ) हैं। इसके प्रथमस्कन्धमें राजा परीक्षितके कल्याणप्रद कर्मकी विभावना करके सबसे पहले श्रोताके रूपमें उनका निरूपण किया गया है ॥ ३२ ॥

वक्तुर्द्वितीयेऽमृतपाकतत्फलं ह्यास्वादकस्येह शुकस्य जीवनम् ।
विवर्ण्य किञ्चित्तदमुष्य सन्मुखान् निरूपितोऽयं दशभिः सुलक्षणैः ॥

द्वितीयस्कन्धमें भगवानरूपी कल्पतरुके अमृतमय पके फलका आस्वादन करनेवाले शुकदेवजीके जीवनवृत्तका कुछ विवरण देकर उनके सुन्दर मुखारविन्दसे दश उत्तम लक्षणों द्वारा इस भागवत-द्रुमका उपपादन किया गया है ॥ ३३ ॥

तस्मान् महाभागवते सभक्ति तत् पुराणरूपश्च विवर्णितं विभोः।
सर्गादिरूपैर्नवभिर्निरन्तरं तदाश्रयं वस्तु विविच्य यत्नतः ॥

तदनन्तर महाभागवतमें भक्त सहित भगवानके पुराणरूपका विशिष्ट वर्णन उपलब्ध होता है। क्रमशः नव-स्कन्धोंमें सर्गादिरूप नव लक्षणोंका निरन्तर विवरण देकर दशमस्कन्धमें अन्तिम लक्षण आश्रय वस्तुका यत्नपूर्वक विवेचन किया गया है ॥ ३४ ॥

तदित्थमस्त्यत्र निरूपितं मया संक्षिप्य सर्गादिकवस्तुसप्तकम् ।
गत्वा निरोधे विहिता स्थितिः स्थिरा निर्दर्श्य मुक्तिं किल साऽऽश्रयोऽस्म्यहम् ॥

इस प्रकार इसमें संक्षेपसे मैंने सर्गादि सात वस्तुओंका निरूपण किया है। निरोध प्रकरणमें पहुँचकर स्थिर स्थितिका सम्पादन किया है। फिर मुक्ति तत्त्वको भी प्रदर्शित करके मैं आश्रय-युक्त हो गया हूँ ॥ ३५ ॥

तद्ब्रह्म यद्भागवते सविस्तरं प्रपञ्च्यते कृष्णपदेन सन्ततम् ।
यदाश्रयोऽसौ प्रतिपाद्यतत्त्वको नवैरुपायैर्बहुधाऽत्र शोभितः ॥

वह ब्रह्म जिसका भागवतमें श्रीकृष्ण-नामसे विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है, वही आश्रय है। जिसके तत्त्वका प्रतिपादन करना है। वह उस ग्रन्थमें नये-नये उपायोंद्वारा अनेक प्रकारसे वर्णित एवं सुशोभित हुआ है ॥ ३६ ॥

तद्ग्रन्थनिर्मातुरियं कला कलौ यदाश्रयेणैव तरेयुरित्यमी ।
वक्तुश्च लक्ष्यं परमं तदेव हि श्रोतुः स्थितिश्चाऽत्र निदर्शिता सती ॥

ग्रन्थनिर्माताकी यह कला है, जिसका आश्रय लेकर कलियुगमें ये सभी जीव तर जायेगें। वक्ताका परम लक्ष्य वह आश्रय-तत्त्व ही है और श्रोताकी भी उसी तत्त्वमें सम्यक् स्थिति दिखाई गई है ॥ ३७ ॥

पश्यन्तु सर्गे सुधियो यथाक्रमं ह्यव्यक्ततो व्यक्तमिदं प्रजायते ।
साम्ये स्थितिः सा परतत्त्वनोदिता क्षोभत्वमाप्ता सृजतीदृशं जगत् ॥

सुधीजन, देखें ! सर्ग-प्रकरणमें क्रमशः अव्यक्तसे व्यक्त जगत्की उत्पत्ति बतायी जाती है। तीनों गुणोंकी साम्यावस्थामें स्थिति प्रकृति कही गयी है। वह परम तत्त्व परमात्मासे प्रेरित हो क्षोभ ( गुण-वैषम्य )को प्राप्त होकर इस संसारकी सृष्टि करता है ॥ ३८ ॥

बभौ विसर्गे विधिसृष्टतामितं जगत् सुविस्तीर्णमनेकतां गतम् ।
प्रपञ्च्यते मानसिकस्तपोमयः सोऽयं विसर्गोऽपि परार्थतामितः ॥

विसर्ग प्रकरणमें यह बात बतायी गई है कि किस प्रकार इस जगत्की विस्तारपूर्वक सृष्टि ब्रह्माजीसे हुई। और किस प्रकार यह अनेकरूपोंमें फैली। इसमें तपोमय मानसिक सृष्टिका भी विस्तार बताया गया है। यही विसर्ग कहा गया है। यह सृष्टि भी परार्थ हो है ॥ ३९ ॥

स्थाने स्थितिर्दृश्यत एव यत्र ते लोकाः सपाला बहुजीवसंकुलाः ।
तिष्ठन्ति वैकुण्ठपतेः स्थितिं स्थिरां जिगीषवः स्वेन तथाऽऽत्मकर्मणा ॥

स्थान-प्रकरणमें स्थितिका वर्णन देखा जाता है, जहाँ बहुसंख्यक जीव-समुदायसे व्याप्त लोक और लोकपाल निवास करते हैं। वैकुण्ठनाथ भगवान् विष्णुकी जो सुस्थिर स्थिति है, उसे स्वतः तथा अपने पुण्य कर्मसे जीतने या प्राप्त करनेकी इच्छावाले वे लोकपाल यत्नशील देखे जाते हैं ॥ ४० ॥

लीलाविहारे हरिरेव पोषणे सुदुःखितान् स्वान् बहुरूपधारिणः ।
वेदाँश्च साधूँश्च दयादिभिर्गुणैः पश्यन् स्वयं पालयतीह यत्नतः ॥

भगवान्का जो लीला-विहार एवं अनुग्रह है, उसका नाम पोषण है। इस पोषणमें अनेक रूपधारी अत्यन्त दुःखित स्वकीय भक्तजनों, वेदों एवं साधु-पुरुषोंको अपने दया आदि गुणोंसे देखते हुए भगवान् स्वयं यत्नपूर्वक सबका पालन करते हैं ॥ ४१ ॥

ऊतावनेकान् सुखदुःखभोगिनो जीवान् प्रदर्श्याऽमितकर्मवासनाः ।
वैराग्यमुद्भावयितुं भवं प्रति प्रदर्श्यते यत्परमा कृपा भृशम् ॥

ऊति कहते हैं, कर्मवासनाको । इस प्रसङ्गमें अपरिमित कर्मवासनावाले अनेकानेक जीवोंको सुख-दुःख भोगते दिखाकर संसारकी ओरसे वैराग्य करानेके लिए भगवान्‌की अत्यन्त उत्कृष्ट कृपा दिखाई गई है ॥ ४२ ॥

मन्वन्तरे ते मनवश्चतुर्दश क्षिपन्ति कालं मनुपुत्रदैवतैः ।
कृत्वा च सत्कर्म परत्वमिच्छवश्चरन्ति धर्मश्च महत्तमा हि ते ॥

मन्वन्तरके प्रसंगमें सद्धर्मकी स्थिति दिखाई गई है । इस प्रसंगमें यह कहा गया है कि चौदह मनु, मनुपुत्र तथा देवता एकसाथ एक मन्वन्तरका काल व्यतीत करते हैं । वे परमपदकी प्राप्तिके इच्छुक होकर सत्कर्म करते हुए धर्माचरण करते हैं । वे सबके सब बड़े महात्मा हैं ॥ ४३ ॥

तदत्र चेशानुकथासु विस्तरं प्रपञ्च्यते भक्तचरित्रमद्भुतम् ।
जीवा यदाश्रित्य तरन्ति दुस्तरं भवं भवे भक्तिमवाप्य चेदृशम् ॥

श्रीमद्भागवतका सातवाँ लक्षण ईशानुकथा है । भगवान् और भगवद्भक्तोंके चरित्रका वर्णन ही ईशानुकथा कहलाती है । इस प्रसङ्गमें भक्तोंके अद्भुत-चरित्रका विस्तार पूर्वक वर्णन किया जाता है । जिसका आश्रय लेकर जीव दुस्तर भवसागरसे पार हो जाते हैं और भगवान् भव ( शिव एवं विष्णु ) की ऐसी भक्ति पा लेते हैं, जो उनकी मुक्तिमें सहायक है ॥ ४४ ॥

अतः परं यत्स्थितिहेत्वपाश्रयाश्चेतोहरा ये विषया विवक्षिताः ।
अत्रैव पश्यन्तु हरिप्रिया बुधाः ! कृष्णात्मकास्ते प्रतिपादिता मया ॥

इसके बाद जो स्थितिके हेतुसे सम्बन्ध रखनेवाले जो मनोहर विषय विवक्षित हैं, उन सबको भगवान् श्रीहरिके प्रिय पण्डितजन यहीं देखें । मैंने उन सब विषयोंकी कृष्णस्वरूप बताया है ॥ ४५ ॥

परन्तु जानन्तु यदत्र वर्ण्यते वर्णात्मकं ब्रह्म तमीश्वरं विभुम् ।
कृष्णश्च कोऽसाविति संशयो मुधा माऽभूत् परं ब्रह्म स एव चेश्वरः ॥

परन्तु इस काव्यमें जिस वर्णस्वरूप ब्रह्मका वर्णन है, उसे आप लोग सर्वव्यापी परमात्मा जानें । 'कृष्ण कौन हैं ?' यह व्यर्थ संशय आपके मनमें नहीं होना चाहिए; क्योंकि वे श्रीकृष्ण ही ईश्वर एवं परब्रह्म हैं ॥ ४६ ॥

शङ्काऽपि का वाऽत्र भवान् स्वयं यदि यद्वर्तते स्वानुभवश्च लक्ष्यते ।
तदीशसत्तासु चिदर्थविस्तृतं चराचरं चाऽप्यभितो विराजते ॥

अथवा यहाँ शंका भी क्या हो सकती है ? आप स्वयं यदि अपने हृदयमें देखें तो वहां स्वानुभवैकगम्य श्रीहरि जो हैं, उनका साक्षात्कार हो सकता है। अतः उन ईश्वरकी सत्तामें ही यह चिदर्थ-विस्तृत चराचर जगत् सब ओर विराजमान हैं।

तस्माद्भवन्तः सुधियो विनश्वरे भवे भवेऽनश्वर एव सन्मतिम् ।
निधाय सोऽहं नियमानुसारिणीं क्रीडां करोमीति विभावयेत वै ॥

अतः आप सुधीजन इस विनाशशील जगतमें अविनाशी भव ( भगवान् शङ्कर एवं विष्णु )में ही अपनी शुद्ध-बुद्धि लगाकर, "मैं स्वयं ही भगवत्-स्वरूपसे नियमानुसारिणी क्रीड़ा कर रहा हूँ" ऐसी भावना करें ॥ ४८ ॥

विभावनञ्चैतदमुष्य चिन्तनं विभाव्यते सद्भिरपीह दुष्करम् ।
समत्वमाप्तैः स्थिरधीभिरेव तत् संसाध्यते यत्नत एव केवलम् ॥

यह भावना ही उन भगवान्का चिन्तन है। जो सन्त-महात्माओंके लिए भी यहां अत्यन्त दुष्कर प्रतीत होता है। जिनकी बुद्धि स्थिर है तथा जो सर्वत्र समभावको प्राप्त हैं, केवल ऐसे महानुभाव ही यत्नपूर्वक इस साधनका निर्वाह कर सकते हैं ॥ ४९ ॥

दृष्टा उपाया अपि तेऽत्र सन्ति ये मयाऽनुभूता इह पूर्ववर्णिताः ।
श्रद्धां पुरस्कृत्य भवन्त आदरात् पठन्तु कुर्वन्तु तथाबुभूषवः ॥

इस विषयमें जो दृष्ट या अनुभूत उपाय हैं तथा जिनका मैंने स्वयं अनुभव किया है, उनका वर्णन पहले किया जा चुका है। आप लोग वैसे सिद्ध होना चाहें तो श्रद्धाको आगे रखकर आदरपूर्वक इसका पाठ करें ॥ ५० ॥

परन्तु तं कृष्णपदाऽङ्कितं विभुं लघुं महान्तं गुणिनञ्च निर्गुणम् ।
यां दृष्टिमास्थाय समीक्षतेऽत्र यो भवत्यहो ! सोऽपि तथाविधोऽस्ति यत् ॥

परन्तु जो लोग यहाँ भगवान् श्रीकृष्णको लघु, महान्, गुणी और निर्गुण, जिस किसी भी दृष्टिको अपनाकर देखेंगें, वे स्वयं भी वैसे ही हो जायेगें। यह एक अद्भुत बात है। क्योंकि जिसकी जैसी दृष्टि है, वह स्वयं भी वैसा ही है ॥ ५१ ॥

तादृक्स्वरूपं परमेतमादृतं प्रपत्तिमाश्रित्य परामनन्यगाम् ।
चित्तं स्थिरीकृत्य गतक्रियं हितं शीघ्रं भजध्वं ह्यवतारविश्रुतम् ॥

अवतारोंमें विख्यात ऐसे सर्वस्वरूप इन परमात्मा श्रीकृष्णकी आदरपूर्वक उत्तम एवं अनन्य शरण लेकर चित्तको व्यापार शून्य एवं सुस्थिर करके अपने हितके लिए शीघ्र उनका भजन कीजिये ॥ ५२ ॥

ये तेऽवतारा अभवन् युगे युगे स्वांशावतारा: खलु ते परात्मनः ।
कृष्णावतारस्तु सुरार्थकारकः पूर्णावतारः श्रुतिसाधुशान्तिदः ॥

युग-युगमें भगवान्‌के जो-जो सुप्रसिद्ध अवतार हुए हैं, वे सब निश्चय ही उन परमात्माके अंशावतार हैं। परन्तु देवताओंकी अर्थसिद्धि करनेवाला जो श्रीकृष्णावतार है, वह पूर्णावतार कहा गया है। वह श्रुतियों तथा साधु-पुरुषोंको भी शान्ति देनेवाला है ॥ ५३ ॥

यस्मिन् समस्तं महदल्पभूषितं सद्वस्तु चैश्वर्यपदाऽभिधं च तत् ।
विगृह्य भव्यं भवभूतभावनो भवात्मकोऽभूद् भजतां भवाप्तये ॥

जिनमें महान् और अल्पके भेदसे भूषित समस्त ऐश्वर्य एवं सद्वस्तु विद्यमान है, वे भवभूतभावन भगवान् भव्य रूप ग्रहण करके भक्तोंको कल्याणकी प्राप्ति करानेके लिए भवरूपमें प्रकट हुए हैं ॥ ५४ ॥

यदा महामोहतमोऽभिवर्धते रजश्च सत्त्वं प्रतिबाधते यदा ।
तदैव चाऽऽविर्भवतीह सोऽव्ययः श्रुतिं समुद्धर्तुमनाः कृपापरः ॥

जब महामोहमय तमोगुण बढ़ जाता है, तथा रज और सत्त्वगुणको दबा देता है, तभी वे अविनाशी एवं कृपालु परमेश्वर श्रुतियोंका समुद्धार करनेके लिए यहाँ अवतीर्ण होते हैं ॥ ५५ ॥

क्षणं निवेश्यैव मनो यदत्र तां भ्रान्तिं विहायेह बुधा ममत्वगाम् ।
गच्छन्ति लीलामयरूपिणो हरेः पदं विसृज्याऽत्र महाऽऽपदां पदम् ॥

विद्वज्जन क्षणभर भी उन भगवान्‌में यदि यहाँ मन लगा दें तो ममतामयी भ्रान्तिको भगाकर और इस जगत्‌की बड़ी-बड़ी आपत्तियोंको त्यागकर लीलामय रूपधारी श्रीहरिके पदको प्राप्तकर लेते हैं ॥ ५६ ॥

आत्मा स एवाऽत्र महात्मनामपि सोऽसौ परात्मा च जडात्मनामपि ।
लीलाऽपि तस्याऽत्र जगत्सुखाऽऽवहा लोका अलोकाः प्रभवन्ति यां श्रिताः ॥

वे परमात्मा ही महात्माओं तथा जड़ात्माओंके भी आत्मा हैं । उनकी लीला भी यहाँ जगत्‌को सुख देनेवाली ही होती है । जिसका आश्रय लेकर ये लोक अलौकिक स्थितिको प्राप्तकर लेते हैं ॥ ५७ ॥

क्वेदङ्महावस्तुविशेषवर्णनं क्वाऽहं विमूढो जन उत्कटोऽर्णवः ।
सैषा तितीर्षा च खगेशसाहसं पारं नयत्येव गुरोः कृपाऽपि माम् ॥

कहाँ ऐसी महावस्तु—विशेषका वर्णन और कहाँ मुझ जैसा मूढ़ मनुष्य ! मेरे सामने उत्कट महासागर है। इसे पार करनेकी जो मेरी इच्छा है, यह गरुड़का-सा साहस है। परन्तु गुरुकी कृपा मुझे भी पार लगा देगी ही ॥ ५८ ॥

प्राप्नोम्यहं तां यदि नाऽत्र सद्धितां विदूयते नेह मनोऽपि सज्जनाः !
शरण्यमैशं सदसद्विवेकिनां यद्विद्यते श्रीपदमत्र तद्गतौ ॥

यदि मैं सत्पुरुषोंका हित करनेवाली उस कृपाको नहीं पाऊँगा तो भी हे सज्जनो ! यहाँ मेरे मनको दुःख नहीं होगा। क्योंकि सद्सद्-विवेकी पुरुषोंके लिए भगवान्‌के श्रीचरण ही उसकी प्राप्तिके लिए शरणागत रक्षक हैं ॥ ५९ ॥

( अनुष्टुब्वृत्तम् )

अस्त्वेतत् तत् परं ब्रह्म सच्चिदानन्दशब्दितम् ।
जयतात् कृष्णसूत्रेण ग्रथितं सच्छिवाऽऽत्मकम् ॥

अस्तु, सच्चिदानन्द शब्दसे प्रतिपादित वह परब्रह्म परमात्मा श्रीकृष्ण सूत्रसे ग्रसित है। वह सत् एवं शिवरूप है। उसकी जय हो ॥ ६० ॥

शृण्वन्त्वत्र बुधा भक्तान् पूर्वं तज्जयवर्णनात् ।
महाभागवतांश्चेमान् द्वादश प्रणमामि यत् ॥

विद्वान्‌पुरुष ! सुनें। मैं पहले भगवान्‌के भक्तोंकी जय बोलकर इन सुप्रसिद्ध बारह महाभागवतोंको प्रणाम करता हूँ ॥ ६१ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
तृतीयो व्यगमत् सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति इस स्तोत्रात्मक श्रीकृष्णचरितामृत महाकाव्यमें तीसरा सर्ग पूरा हुआ ॥ ६२ ॥

# चतुर्थः सर्गः

( महाभागवतेभ्यो विद्वद्वर्गेभ्यश्च कवयितुर्नमस्कारसमर्पणम् । महाविभूतिपतेर्धीरोदात्तस्य काव्यनामकस्य स्वरूपनिदर्शनपूर्वकं संक्षेपतो बाल्यावस्थातः स्वधामगमनपर्यन्त-कृत्यप्रदर्शनम् । कवेर्भागवतमेवोपजीव्य भाष्यरूपेण काव्यनिर्माणप्रतिज्ञा च । )

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

धन्या हि ते सुकृतिनो विशदाशया ये कृष्णं निवेश्य हृदये सततं ततं तम् ।
पश्यन्ति यत् करतलामलकीफलाभं विश्वं समस्तमधुनाऽपि विहीनलाभम् ॥

जिनका हृदय अत्यन्त उज्वल और उदार है, जो इस समय भी सदा सर्वत्र व्यापक उन भगवान् श्रीकृष्णको हृदयके सिंहासन पर बिठाकर लाभ-लोभ रहित इस समस्त विश्वको हाथ पर रखे हुए आँवलेके फलकी भाँति प्रत्यक्ष देखते हैं, वे पुण्यात्मा जन धन्य हैं ! ॥ १ ॥

धन्योऽस्ति सोऽपि यदनेन गुणेन साम्ना बद्धं चराचरजगद् दृढकालदाम्ना ।
यो निर्गुणोऽपि गुणितां भजतीह चेद्धा किं निर्गुणाः सुगुणिनो न वयं भवामः ॥

जिन्होंने सामगुणसे बद्ध चराचर जगत्को सुदृढ़ कालरूपी डोरीसे बाँध रखा है, वे परमात्मा भी धन्य हैं । यदि वे निर्गुण होकर भी सगुण हो जाते हैं तो हम जैसे गुण-हीन मनुष्य क्या गुणवान् नहीं हो सकते ? ॥ २ ॥

मान्याश्च तेऽपि महनीयमहाचरित्राः पूज्याः प्रशस्यपदपद्मपदैः पवित्राः ।
ये द्वादश प्रवरभागवताः प्रकृष्टाः सृष्टाश्च येन विजयं तु दिशन्तु हृष्टाः ॥

जिनके महान् चरित्र अत्यन्त महनीय हैं, जो अपने प्रशस्त चरण-कमलोंसे पूज्य तथा पवित्र हैं, जो बारह श्रेष्ठ भागवतों ( भगवद्भक्तों ) में परिगणित होते हैं तथा जिनकी सृष्टि अत्यन्त उत्कृष्ट मानी गई है, वे महात्मा भी मेरे परम माननीय हैं । वे सबके सब हर्षसे उत्फुल्ल होकर मुझे विजय प्रदान करें ॥ ३ ॥

काष्ठात्स्वतोऽनल इवात्र भवन् स्वयम्भूर्यस्मादवाप्य सकलं श्रुतितत्त्वसारम् ।
यो निर्ममे जगदिदं प्रथमो महात्मा काव्येऽत्र भागवतरूपमयः स दीव्यात् ॥

काष्ठसे स्वतः प्रकट हुए अग्निकी भाँति जो स्वयम्भू ब्रह्माजी जिनसे प्रकट हो उन्हींसे सम्पूर्ण श्रुतियोंके तत्त्वका सारभूत ज्ञान पाकर इस जगत्के निर्माणमें लगे थे, वे प्रथम महात्मा महाभागवतस्वरूप विधाता इस काव्यमें प्रकाशमान हों ॥ ४ ॥

तत्तत्ववस्तु परिगृह्य ततो द्वितीयो योऽभूद्बहिर्विदितनारदनामधारी ।
सन्मार्गनोदितजगत्सकलोऽकलोऽसो पुष्णातु मां सकलया कलयावतारी ॥

उन्हींसे तत्त्व वस्तुका उपदेश पाकर जो दूसरे महाभागवत महात्मा प्रकट हुए, जिन्हें बाह्य जगतमें लोग नारदके नामसे जानते हैं, जो सम्पूर्ण जगत्को सन्मार्ग पर चलनेकी प्रेरणा देते हैं, जिनमें सम्पूर्ण कलायें विद्यमान हैं तथापि परमार्थरूपसे जो निष्कल हैं, वे अवतारी-पुरुष देवर्षि नारद अपनी सम्पूर्ण कलासे मेरा पोषण करें ॥ ५ ॥

गौरीं च जह्नुतनयां च शशाङ्करेखां बृद्धां कृपां च हृदये विनिवेश्य चारी ।
मां मूढमत्र परिपातु भवोऽभवोऽसौ यो हन्त ! नित्यमभवद् गिरिजाभिसारी ॥

जो गौरीको वामाङ्गमें, गङ्गाको मस्तक पर, चन्द्रकलाको ललाटमें और बढ़ी हुई कृपाको हृदयमें रखकर विचरते रहते हैं, वे तीसरे महाभागवत अजन्मा शिव, जो नित्यप्रति गिरिजाके सङ्ग अभिसरण या संचरण करनेवाले हैं, इस जगतमें मुझ मूढ़की रक्षा करें ॥ ६ ॥

पादाम्बुजेषु निपपात हरिर्हि येषां तेषां तु शक्तिरथ भक्तिरवर्णनीया ।
यैर्वर्षपञ्चकमितैः प्रियभृत्ययुग्मं शप्त्वाच्युतस्य विहितं रहितं हि तेन ॥

जिनके चरणारविन्दोंमें भगवान् श्रीहरि भी नतमस्तक हुए थे, उन चौथे महाभागवत सनकादिकोंकी शक्ति और भक्तिका वर्णन करना असम्भव है। उन्होंने पाँच वर्षकी अवस्थामें ही भगवान् अच्युतके दो प्रिय सेवकोंको शाप देकर उन्हें हितसे रहित अथवा उन भगवान्से वियुक्त कर दिया था। ( वे इस काव्यमें मुझे उत्तम दृष्टि प्रदान करें। ) ॥ ७ ॥

मात्रे वितीर्य परिभूतविवेकबुद्धयै साङ्ख्योक्ततत्वमतिबुद्धि ममत्वशुद्धयै ।
योऽनाशयत् कुमतिमात्ममतेरवाप्त्यै भूत्यै भवेत् स कपिलोऽपि कवित्वगुप्त्यै ॥

जिनकी विवेक-बुद्धि तिरोहित हो गई थी, उन माता देवहूतिको जिन्होंने उनके ममता आदि दोषोंकी शुद्धिके लिए साधारण मानवकी बुद्धिसे परेकी वस्तु सांख्य-तत्त्वका बोध प्रदान किया तथा आत्मज्ञानकी प्राप्तिके लिए अज्ञानमयी कुबुद्धिका नाश किया, वे पांचवे महाभागवत कपिलदेवजी मेरे कवित्वकी रक्षा तथा मुझे कल्याणमय ऐश्वर्यका दान करें ॥ ८ ॥

यो लोकलोचनमयेन मनोहरेण शास्त्रेण शस्त्रसदृशेग विनिर्मितेन ।
हन्ति स्म दुर्गतितर्तिं विपदां विचारैधर्मं दिशन् स मनुरत्र भवेन्मुदे नः ॥

जिन्होंने विचार पूर्वक निर्मित शस्त्र-सदृश मनोहर लोकलोचनरूपी शास्त्रके द्वारा, विपदाओंसे संबद्ध दुर्गति-परम्पराका नाश कर दिया वे धर्मका उपदेश देनेवाले छठे महाभागवत स्वायम्भुव मनु ( इस काव्य-रचना द्वारा ) हमारे आनन्दका विस्तार करें ॥ ९ ॥

त्यक्त्वा स्थितिं कुलगतिं कुमतिं विभूतिं मुक्त्वा भयं यदभयं शरणं श्रयन् यः ।
दैत्याङ्घ्रिशूनचकथत् सकलां सुशिक्षां पश्येत् स दैत्यशिशुरत्र दिशन् सुभिक्षाम् ॥

जिन्होंने दैत्योंकी वर्तमान-स्थिति, कुल परम्परा, कुबुद्धि तथा वैभवको ठुकराकर भय छोड़कर अभयस्वरूप भगवान्‌की शरण ले अपने साथी बालक दैत्योंको भगवद्भक्तिकी सारी उत्तम शिक्षा प्रदान की, वे सातवें महाभागवत दैत्यराजकुमार प्रह्लादजी इस काव्यमें मुझे भी शिक्षाकी भिक्षा देते हुए मेरी ओर कृपादृष्टिसे देखें ॥ १० ॥

मुक्त्वा गुणादिजननीं प्रकृतिं दृढां स्वां तद्ब्रह्म निर्गुणगुणेन भजञ्छुकोऽसौ ।
यद्योगशक्तिमुपलभ्य गुणाश्रयोऽभूत् तत्कर्मसिद्धिजनको जनकोऽत्र जीयात् ॥

गुण-आदिकी जननी प्रकृतिको तथा अपनी दृढ़ प्रकृति ( स्वभाव ) को भी त्यागकर जो शुकदेवजी निर्गुण-गुणसे ब्रह्मके चिन्तनमें संलग्न थे, वे भी जिनकी योगशक्तिको पाकर गुणाश्रयी हो गये—निर्गुण-ब्रह्मसे हटकर सगुण-ब्रह्म श्रीकृष्णको भजने लगे; वे कर्मसिद्धिजनक आठवे महाभागवत राजा-जनक इस काव्यमें समाविष्ट हो विजय लाभ करें ॥ ११ ॥

गृह्णामि नायुधमहं समरे प्रतिज्ञा सैषा कृतेति यदुवाच हरिः परन्तु ।
व्यर्थीकृताऽहहह ! धारयता रथाङ्गं भीष्मेण भीष्मनियमेन महान् स दीव्यात् ॥

"मैं महाभारत-समरमें शस्त्र ग्रहण नहीं करूँगा । यह मैंने प्रतिज्ञा कर ली है ।" ऐसी बात स्वयं भगवान् श्रीकृष्णने ही कही थी परन्तु आश्चर्यकी बात है कि भयंकर नियमवाले देवव्रत-भीष्मने भगवान्‌के हाथमें रथ-चक्र धारण कराकर उनकी पूर्वोक्त प्रतिज्ञा व्यर्थकर दी । ऐसे नवें महाभागवत महात्मा-भीष्म मेरे इस काव्यमें प्रकाशमान हों ॥ १२ ॥

यो वामनाय सगुणाय परात्मकाय पृथ्वीं प्रदाय चरणाय तृतीयकाय ।
दत्वाऽपि शीर्षमसुरोऽपि च दानबद्धं यं द्वारपालमकरोत् स बलिर्दिशेच्छम् ॥

जिन्होंने सगुण परमात्मा वामनको सारी पृथ्वी दानमें देकर उनके तीसरे चरणको रखनेके लिए अपना मस्तक अर्पित कर दिया और इस प्रकार असुर होकर भी जिन्होंने भगवानको दानसे बाँधकर अपना द्वारपाल बना दिया, वे दशवें महाभागवत राजा बलि हमें कल्याण प्रदान करें ॥ १३ ॥

ऊत्या सदोषमृषिकण्ठनिविष्टसर्पं कालाहिनात्तमरणार्थिनमस्तदर्पम् ।
योऽमूमुचत् तत इहैत्य परीक्षितं तं तं व्याससूनुमथ भागवतं श्रयेऽहम् ॥

जो अपनी कर्मवासनासे विवश हो अपराध कर बैठे, जिन्होंने ऋषिके कण्ठमें मरा सांप लपेट दिया और इसीलिए काल-सर्पसे डँसे जाकर मरनेका जिन्हें शाप मिला था । अतएव जो दर्प-शून्य होकर मृत्युकालकी प्रतीक्षा कर रहे थे, उन राजा परीक्षितको जिन्होंने यहाँ आकर भव-बन्धनसे मुक्त कर दिया, उन ग्यारहवें महाभागवत श्री शुकदेवजी की मैं शरण लेता हूँ ॥ १४ ॥

तिष्ठन् पदे कृतहिताहितदे प्रियान् स्वान् भृत्यान् ह्यजामिलगतान् विनिवारयन् सन् ।
तान् सद्वरान् परमभागवतान् गुणज्ञान् यो निर्दिदेश स यमोऽपि यमं ददातु ॥

जिन्होंने किए हुए कर्मका शुभाशुभ फल देनेवाले धर्मराजके पदपर प्रतिष्ठित हो, अजामिलके यहाँ गए हुए अपने प्रिय सेवकोंको रोका और उन सन्तशिरोमणि परम भागवत एवं गुणज्ञ पार्षदोंको भागवत-धर्मका उपदेश किया, वे बारहवें महाभागवत यम हमें यम ( अहिंसा, सत्य और ब्रह्मचर्य आदि सद्गुण ) प्रदान करें ॥ १५ ॥

( इन्द्रवज्रा )

सन्त्यत्र ये भागवता गुणज्ञा सन्तो महान्तोऽखिलतत्त्वविज्ञाः ।
विन्दन्तु मां ते च विमूढमज्ञं कुर्वन्तु शीघ्रं कृपयाऽत्र तज्ज्ञम् ॥

इस संसारमें जो-जो गुणज्ञ, निखिलतत्त्ववेत्ता, महान् भागवत-सन्त हैं, वे मुझे मूढ़ और अज्ञ जानें और शीघ्र कृपा करके श्रीकृष्णतत्त्वका ज्ञाता बना दें ॥ १६ ॥

( उपजातिः )

दाने दरिद्रोऽस्मि परन्तु माने यद्वर्तते शीर्षमनेन जाने ।
श्रीपादपद्मे करुणानिधाने लुठामि तावद्यदहं विमाने ॥

मैं उन महात्माओंकी सेवामें कुछ धन दान कर सकूँ, इसके लिए तो दरिद्र हूँ—कोरा कंगाल हूँ परन्तु उनका सम्मान करनेके लिए मेरा यह मस्तक प्रस्तुत है । मैं इसीके द्वारा अर्थात् इसीको झुकाकर उनका भली-भाँति समादर कर सकूँगा, इस बातको मैं अच्छी तरह जानता हूँ। अतएव मैं उनके अभिमान रहित करुणानिधान श्रीचरणारविन्दमें पहले ही लोट रहा हूँ ॥ १७ ॥

( अनुष्टुब् )

ब्रह्म नीलं महो वन्दे परमानन्दशान्तिदम् ।
यस्मिन्निवेशितात्मानो महात्मानो भवन्ति तत् ॥

मैं ब्रह्मस्वरूप उस श्यामतेजकी वन्दना करता हूँ, जो परमानन्दमयी शान्ति प्रदान करनेवाला है और जिसमें मन लगाने वाले महात्मा-जन उसीके स्वरूप हो जाते हैं ॥ १८ ॥

नाना मार्गेण यं प्राप्तुं यतन्ते विबुधा बुधाः ।
तमभ्रसदृशं कृष्णं कृष्णं कृष्णोऽभिवन्दते ॥

देवता और विद्वान, नाना मार्गों द्वारा जिन्हें पानेका प्रयत्न करते हैं, उन मेघ-तुल्य कृष्णवर्णवाले श्रीकृष्णकी यह कवि कृष्णप्रसाद वन्दना करता है ॥ १९ ॥

यस्य चूडामणिस्थोऽसौ चन्द्रको दिवि चन्द्रवत् ।
सुमनोभिः समैः सौम्यैः शोभते जयताद्धि सः ॥

जिसके मस्तककी चूड़ामणि बना हुआ मोर का पंख समस्त सुन्दर सुमनोंसे विभूषित हो आकाशमें चन्द्रमाकी भाँति शोभा पाता है, उन भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रकी जय हो ॥ २० ॥

यस्य स्मरणमात्रेण चित्तं शान्तिं समश्नुते ।
चैत्योऽसौ चित्स्वरूपेण चित्ते चैत्यं प्रचोदयात् ॥

जिनके ( रूप-गुण आदिके ) स्मरण मात्रसे चित्त शान्ति का अनुभव करता है, उस चित्तमें चित्स्वरूपसे विराजमान वे चैतन्यमय परमात्मा चित्तगत जीवात्माको अपनेमें मिल जानेकी प्रेरणा दें ॥ २१ ॥

यस्य लीलाकथाः शान्त्या श्रुत्वा चेमा यथा तथा ।
हृदि विन्यस्य धीरास्ते धीराणां धुरि धीमताम् ॥

जिनकी लीलाकथाओंको शान्तिपूर्वक सुनकर और इन्हें जैसे-तैसे हृदयमें धारण कर वे धीर पुरुष बुद्धिमान और धीर-जनोंके अग्रगण्य हो जाते हैं। ( उन भगवान श्रीकृष्णकी जय हो। ) ॥ २२ ॥

छायामिव पृथग्भूतां मायामाश्रित्य लीलया ।
यद्ब्रह्म भासते नाना तत् क्रीडेदत्र लीलया ॥

अपनी ही पृथक हुई छायाकी भाँति, मायाका लीलापूर्वक आश्रय लेकर जो ब्रह्म नाना रूपोंमें भास रहा है, वह इस काव्यमें अपनी लीला शक्तिसे क्रीडा करे ॥ २३ ॥

अहं सम्मान्य प्राचीनान् मान्यानस्य जगत्पतेः ।
बलं दाक्ष्यं महौजश्च सत्त्वं शक्तीश्च वर्णये ॥

अब मैं माननीय महात्माओंको प्रणामपूर्वक सम्मान देकर जगदीश्वर श्रीकृष्णके बल, कौशल, महान् ओज, सत्व तथा शक्तियोंका वर्णन करता हूँ ॥ २४ ॥

कृष्णनामात्मकं वस्तु स्फुरत्येव विशेषतः ।
किमस्मासु जडेष्वत्र त्रिदशेष्वपि यत्समम् ॥

श्रीकृष्ण नामात्मक जो वस्तु है, वह सर्वत्र ही विशेषरूपसे स्फुरित होती है। हम जैसे जड़ मनुष्योंकी तो बात ही क्या है, वह देवताओंमें भी समान रूपसे प्रकाशमान है ॥ २५ ॥

( वसन्ततिलका )

बाल्ये स्वमुग्धचरितेन विचित्रितेन मन्दस्मितेन रुदितेन च जल्पितेन ।
योऽत्राकरोत् स्ववशगं मुनिमानसं च ह्याबालवृद्धवनितादिमयं व्रजं च ॥

जिन्होंने बाल्यावस्थामें ही अपने मनोमुग्धकारी विचित्र चरित्रसे, मन्दमुस्कानसे बालोचित रोदनसे तथा तोतली बातोंसे भी मुनियोंके मनको तथा बाल-बृद्ध और वनितादिसे भरे हुये समूचे ब्रजको भी अपने वशमें कर लिया था ॥ २६ ॥

पूर्णोऽप्यपूर्णसमयो मथुरां समेत्य यः संजहार कुमतीन् सुमतीन् गृहीत्वा ।
पित्रोः पदं सुखमयं च विधाय येन मातामहश्च विहितो नृपतिः सुखेन ॥

इसके बाद अपूण समयके होते हुए भी परिपूर्ण हो, जिन्होंने मथुरामें आकर कुत्सित बुद्धिवाले दुष्टोंका संहार किया और सद्बुद्धिवाले सज्जनोंको अपनी ओर खींच लिया और माता-पिताके स्थानको सुखमय बनाकर मातामह उग्रसेनको सुखपूर्वक राजा बना दिया ॥ २७ ॥

भूभारभूतभयभावकभूतवर्गान् सर्वान् विनाश्य सुखदां स्वपुरीं श्रयन् यः ।
शान्तः समूढसमयः समये समस्तं सस्त्रीगणं स्वकृत शान्तिसुखैः समृद्धम् ॥

पृथ्वीके भारस्वरूप तथा भयके उत्पादक समस्त भूतवर्गोंको नष्ट करके जिन्होंने नूतन बसाई हुई सुखदायिनी द्वारिका-पुरीका आश्रय ले शान्तभावसे मर्यादाका पालन किया और समयानुसार समस्त स्त्रीगणोंको शान्ति सुखसे समृद्ध बना दिया ॥ २८ ॥

दुष्टान् विचित्रबलवीर्यविरूढगर्वान् मित्रार्जुनप्रभृतिभिश्च विनष्टदर्पान् ।
संस्थाप्य सूर्यसुतसद्मनि धाम शान्तं गच्छन्नशिक्षयदसौ स्थितिमुद्धवं स्वाम् ॥

विचित्र बल और वीर्यके कारण जिनका गर्व बहुत बढ़ गया था, उन दुष्टोंका अपने मित्र अर्जुन आदिकी सहायतासे दर्प चूर्णकर दिया और सबको यमलोकमें भेजकर अपने शान्तिमय धामको पधारते हुए जिन्होंने सखा-उद्धवको अपनी स्थितिकी शिक्षा दी ॥ २९ ॥

कृत्यं समाप्य सकलं सकलो महात्मा प्रस्थाप्य सद्म सबलं बलमप्युपायैः ।
अन्ते जगाम गुणवत्सु च दत्तशिक्षः स्वं धाम चिन्मयमहो ! मयि दत्तभिक्षः ॥

इस प्रकार यहाँका समस्त कार्य पूर्ण करके जो स्वरूप परमात्मा श्रीकृष्ण उपायों द्वारा बलराम सहित यदुवंशियोंकी सेनाको भी परमधाम भेजकर अन्तमें गुणवानोंको शिक्षा देकर मुझे भी ऐसे सत्कर्म करते रहनेकी प्रेरणामयी भिक्षा प्रदानकर अन्तमें निज चिन्मय धामको पधारे, उन भगवान्‌की लीला कितनी आश्चर्यमयी है ? ॥ ३० ॥

( उपजातिः )

तदत्र श्रीकृष्णचरित्र-वर्णनं यद्दृश्यते भागवते मनोरमम् ।
मया समाश्रित्य तदेव केवलं विवर्ण्यते नान्यत उत्तमं ह्यपि ॥

अतः उन भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रके चरित्रका जो मनोरम वर्णन श्रीमद्भागवतमें दृष्टिगोचर होता है, केवल उसीका आश्रय लेकर मैं इस काव्यमें उक्त लीलाका विशेषरूपसे वर्णन करूँगा। उत्तम और सुन्दर होने पर भी अन्य ग्रन्थोंसे कुछ नहीं लिया है ॥ ३१ ॥

कृष्णेन कृष्णस्य ससूत्रमव्ययं यदङ्कितं भागवतीयजीवनम् ।
तस्यैव कृष्णेन मयाऽपि कृष्णगं भाष्यं कृतं शम्भुकृपावशादिदम् ॥

कृष्ण-द्वैपायन वेदव्यासने श्रीकृष्णके जिस अविनाशी भागवतीय जीवनका सूत्ररूपसे वर्णन किया है, उसीका मैं कृष्णप्रसाद घिमिरेने भी श्रीकृष्ण प्रीत्यर्थ यह भाष्य किया है। भगवान् शङ्करकी कृपासे ही यह कार्य सम्भव हो सका है ॥ ३२ ॥

( अनुष्टुब् )

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
अगाच्चतुर्थसर्गोऽयं महाकाव्ये स्तवात्मके ॥

इस प्रकार कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति इस 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह चौथा सर्ग पूरा हुआ ॥ ३३ ॥

* * *

# पञ्चमः सर्गः

[ श्रीकृष्णावतारोपक्रमप्रसङ्गे धरित्रीपितामहसंवादे ध्यानावस्थितस्य ब्रह्मणो योगावस्थायां स्वात्मन्येव भगवतो भाविलीलाऽऽलोकनम् । देवेभ्यस्तत्कथनम् । तेषां च व्रजमण्डलेऽन्यत्राऽपि च स्वोपयुक्तसेवौपयिकतरुगुल्मपशुपक्षिगोगोपगोप्यादीनां तत्तद्योनिषु जन्मग्रहणनिर्देशनम् । सर्वकार्यसम्पादनानन्तरं ह्यघटनघटनाघटनपटीयस्या भगवत्या योगमायायाः सर्वैः साकं भगवदवतारप्रतीक्षणम् । ]

( मन्दाक्रान्तावृत्तम् )

मन्दाक्रान्ता प्रकृतिकृतिभिर्यत्स्थितिर्भव्यरूपा
मन्दाक्रान्ता सुकृतिकृतिभिर्यद्गतिर्दिव्यरूपा ।
मन्दाक्रान्ता धृतिविधृतिभिर्यैश्च बुद्धिर्यदीया
मन्दाक्रान्ता जयति सुखदा भक्तभक्तिस्तदीया ॥ १ ॥

जो भव्य रूपवाली स्थिति या सत्ता है, उस पर स्वभावतः कुशल पुरुषोंने धीरे-धीरे पैर रखा अथवा हस्तगत किया है। जो दिव्य रूपवाली गति है, उसे सत्कर्म करनेमें निपुण पुरुषोंने धीरे-धीरे आक्रान्त किया अथवा जाना या पाया है। जिन लोगोंने जो भगवत्-सम्बन्धिनी बुद्धि, धैर्य एवं विशिष्ट धारणाके द्वारा धीरे-धीरे आत्मसात् किया है, उन महाप्रभुके भक्तोंकी वह भक्ति जो धीरे-धीरे प्राप्त की जाती है तथा जो आत्यन्तिक सुख प्रदान करने वाली है, वही संसारमें सबसे श्रेष्ठ है। उसकी सदा जय हो ॥ १ ॥

मन्दाक्रान्तं हृदयममलं त्वद्गुणैर्यन्मदीयं
मन्दाक्रान्तं हृदयममलं मद्गुणैस्तत्त्वदीयम् ।
मन्दाक्रान्ता भवति न कथं सावयोः प्रीतिराद्या
मन्दाक्रान्ता गतिरिह भवेत्त्वत्प्रसादादतो मे ॥ २ ॥

प्रभो श्रीकृष्ण ! आपके सद्गुणोंने मेरे निर्मल अन्तःकरणपर धीरे-धीरे अधिकार जमाया है। यह भी सम्भव है कि मेरे गुणोंने आपके निर्मल हृदयको धीरे-धीरे आकृष्ट किया हो। फिर हे नाथ ! हम दोनों जीवात्मा परमात्माकी जो आदि ( पुरातन ) प्रीति है, वह धीरे-धीरे क्यों नहीं प्राप्त होती ? अतः मेरी प्रार्थना है कि इस काव्य-लेखनमें आपके अनुग्रहसे मेरी गति धीरे-धीरे बढ़ती ही चली जाय ॥ २ ॥

मन्दाक्रान्तं तव पदयुगं योगिभिः शान्तिदं तन्
मन्दाक्रान्तं विलसति यथा चित्तमप्येकवृत्ति ।
मन्दाक्रान्तं हरति च तमस्तन्महो सौररूपं
मन्दाक्रान्तं त्वयि विजयतां कर्म चैतद्विभो ! मे ॥ ३ ॥

भगवन् ! आपके उस परम शान्तिदायक युगल चरणारविन्दको जैसे योगियोंने धीरे-धीरे आत्मसात् किया है, जैसे यह चञ्चल चित्त भी धीरे-धीरे अभ्यासपूर्वक आक्रान्त होने पर एकवृत्ति या एकाग्र हो जाता है तथा जैसे सूर्यदेवका वह महान् आश्चर्यमय तेज धीरे-धीरे आक्रमण करके अन्धकार-राशिको हर लेता है, उसी प्रकार मेरा यह काव्यनिर्माण-रूप कर्म आपपर धीरे-धीरे प्रभाव डालकर सर्वत्र विजयी हो ॥ ३ ॥

तन्त्रैर्मन्त्रैः सयमनियमैः पूजिता नित्यरम्या
यन्त्रैर्यज्ञैर्व्रतविततिभिर्भूषिता भावगम्या ।
आसीत्पृथ्वी ललितरमणीवाभ्रयुक्तेव शम्पा
देवैर्मर्त्यैः सुकृतिकृतिभिः शोभिता द्वापरान्ते ॥ ४ ॥

पूर्वकालमें, द्वापर युगके परिशिष्ट भागमें यह पृथ्वी तन्त्रों, मन्त्रों तथा यम और नियमों द्वारा पूजित होकर नित्य रमणीय शोभा धारण करती थी। यन्त्रों, यज्ञों तथा व्रत-समूहोंसे भूषित हो, बादलोंसे मिली हुई बिजलीकी भांति प्रकाशित हो, परम सुन्दरी रमणीके समान भावगम्या जान पड़ती थी। उन दिनों देवता, मनुष्य नाना प्रकारके पुण्य-कर्मोंका अनुष्ठान करते हुए इस वसुन्धराकी शोभा बढ़ाते थे ॥ ४ ॥

कालः सर्वं ग्रसति, नियमो विद्यते यद्विधातु-
रासीत् पूर्वं यदिह नहि तद्दृश्यते चान्यकाले ।
सूर्यः प्राचीं प्रमृजति करैः प्राग्प्रभाते स एव
पश्चाद् बृद्धां स्वजति गलितस्तद्वशो हा ! प्रतीचीम् ॥ ५ ॥

जगत्स्रष्टा विधाताका यह नियम है कि काल सबको अपना ग्रास बना लेता है। क्योंकि पहले क्षणमें जो वस्तु यहाँ रही है, वह दूसरे क्षणमें नहीं दिखाई देती है। सूर्यदेव पहले प्रातःकालमें प्राची ( पूर्व दिशा या नवोढा नायिका ) का अपने करों ( किरणों या हाथों )से स्पर्श करते हैं। परन्तु वे ही सीधे चलकर जब गलित ( बृद्ध ) हो जाते हैं, तब बृद्धा प्रतीचीका उसके वशीभूत हो, आलिङ्गन करते हैं। यह कैसे दुःखकी बात है ॥ ५ ॥

सैषा देवी प्रगुणितगुणाऽमोघवीर्येण तेन
नीता ग्लानिं हतविगुणिभिः साधनैर्दूषितेन ।
दैत्यैः क्रूरैर्मनुजहतकै राजभिर्भारभूतै-
र्व्याप्ता नित्यं कुमतिगतिभिर्दुःखिताऽभूद् भृशं हा ! ॥ ६ ॥

नष्टप्राय गुण-हीन साधनोंसे दूषित हुए अमोघ शक्तिशाली उस विकरालकालने प्रकृष्ट गुणवाली इन देवी वसुन्धराको ग्लानिपूर्ण अवस्थामें पहुँचा दिया। क्रूर दैत्यों तथा भूभारभूत-नराधम राजाओंसे जिनकी मति गति कुत्सित हो चुकी थी, व्याप्त होकर ये भू-देवी सदा दुःखसागरमें अत्यन्त डूबी रहने लगी। यह बड़े खेदकी बात थी ॥ ६ ॥

अन्तेऽशोचद्धृतपरिकरा साऽत्र जीर्णा विदीर्णा
गच्छेयं हा ! क्व शरणमहं त्रायते माऽद्य को वा ।
त्राताऽऽसीद्योऽप्रविहतगतिर्मे पतिर्विश्वगोऽसौ
ह्यन्यस्तादृङ् नहि भवगतौ कष्टनाशे समर्थः ॥ ७ ॥

इस प्रकार दुष्टोंके द्वारा जीर्ण और विदीर्ण की गई तथा परिकरोंसे हीन हुई पृथ्वी देवी अन्तमें इस प्रकार सोचने लगीं—'हाय ! अब मैं कहाँ किसकी शरणमें जाऊँ ? अब मेरी रक्षा कौन करेगा ? अप्रतिहत गति और शक्तिवाले मेरे पति, जो मेरे रक्षक रहे हैं, इस समय विश्वव्यापी स्वरूपमें रम रहे हैं । ( उनका ध्यान मेरी ओरसे हट गया है । ) इस जगतमें वैसा क्लेशनाशन-समर्थ दूसरा कोई प्रभु नहीं है ॥ ७ ॥

विज्ञाप्येऽस्मिन् विधिरुपचितः सृष्टिकर्ता हि योऽसौ
वक्ता कंचित्सुखकरमुपायं स कर्ता च भद्रम् ।
इत्थं ध्यात्वा व्यवसितमतिः सिद्धिकामा धरित्री
रूपं धृत्वा व्यथितसुरभेर्ब्रह्मलोकं जगाम ॥ ८ ॥

मेरी समझमें इस विज्ञापनीय विषयको बतानेके लिए इस समय सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ही सबसे बढ़कर हैं । क्योंकि वे ही कोई सुखदायक उपाय बतावेगें और मेरा भला करेगें । ऐसा सोचकर ऐसा ही करनेका दृढ़ निश्चय मनमें लेकर सिद्धिकामा धरणिदेवी एक पीड़ित गौका रूप धारण करके ब्रह्मलोकको गई ॥ ८ ॥

स्वं निर्दिश्यातिशयगलितां सत्त्वमात्रावशिष्टां
शिष्टां निष्ठां शुभनतियुतां सम्मतां तां निवेद्य ।
सर्वाः पीडाः श्रुतिपथगताः साऽकरोद् ब्रह्मणस्ताः
कष्टं पश्चान्निगदितवती प्रार्थयन्ती दयाञ्च ॥ ९ ॥

वहाँ जाकर पृथ्वीने अपने उस स्वरूपको दिखाया जो रक्त-मांस गल जानेसे अत्यन्त दुर्बल कङ्काल-सा प्रतीत होता था । उस शरीरमें केवल प्राणमात्र अवशिष्ट रह गये थे । ऐसी शारीरिक स्थितिको दिखाकर शेष शिष्टाचार-निष्ठा व्यक्त करती हुई पृथ्वीने सर्वसम्मत शुभ प्रणाम-परम्परा निवेदित की । तत्पश्चात् अपनी सारी पीड़ायें ब्रह्माजीके कानोंमें डाल दीं और कष्ट-कथा सुनाती हुई दयाके लिए प्रार्थना करने लगी ॥ ९ ॥

श्रुत्वा सर्वं विधिरवहितस्तद्वचः संविभाव्य
मत्वा कार्यं धृतपरिकरं शङ्करं च प्रगृह्य ।
देवैः सर्वैरनुगतपदः क्षीरसिन्धोस्तटं तत् ।
स्मारं स्मारं हरिपदयुगं शीघ्रमेवाजगाम ॥ १० ॥

ब्रह्माजीने सावधान होकर सब बातें सुनी और पृथ्वीके कथन पर भली-भाँति विचार किया। फिर पृथ्वीका उद्धार कार्य आवश्यक समझकर उन सभी देवोंको अपना अनुगामी बनाकर श्रीहरिके युगल चरणारविन्दोंका चिन्तन करते हुए वे शीघ्रतापूर्वक क्षीरसागरके तटपर आये ॥ १० ॥

शान्ते रम्ये विशदपुलिने तत्र गत्वा स धाता
दीर्घं दध्यौ क्षितिदुरिततो जातकम्पोऽन्वशोचत् ।
किं वा कुर्यां निखिलभवपः श्रीपतिः क्वाऽत्र विष्णु-
र्विश्वं व्याप्याऽसुभिरपि सुरैर्योऽविमृश्यो बभूव ॥ ११ ॥

क्षीर-सागरके उस शान्त सुरम्य एवं उज्ज्वल पुलिनपर पहुँचकर विधाता बड़ी देर तक कुछ सोचते रहे। पृथ्वीके क्लेशका विचार करके वे कम्पित हो उठते। उन्होंने विचार किया कि अब मैं क्या करूँ? निखिल जगत्के प्रतिपालक लक्ष्मीपति भगवान् विष्णु यहाँ कहाँ मिलेगें ?। वे तो अपने विश्वव्यापी स्वरूपमें स्थित होकर ऐसे हो गए हैं कि देवता लोग प्राण देकर भी उनका साक्षात्कार नहीं कर सकते ॥ ११ ॥

तस्मात् कंचित्स्फुटतरमुपायं प्रगृह्याऽत्र वृत्ते
बुद्धिं शौर्यं बलमपि ततः प्राप्य कृत्ये प्रवृत्ते ।
सिद्धिः शान्तिर्भवति सुगमा किन्तु मार्गेण केन
गम्यो देवो विभुरिह भवेद्योग एवाऽत्र मुख्यः ॥ १२ ॥

इसलिए इस विषयमें कोई सरलतर उपाय ग्रहण करके भगवान्से प्रस्तुत कार्यके लिए बुद्धि, बल और शौर्य प्राप्त किया जाय, तभी सफलता मिलेगी और शान्ति सुलभ होगी। परन्तु किस मार्गसे उन सर्वव्यापी भगवान्की प्राप्ति होगी। अच्छा! याद आया, इसके लिए तो योग हो मुख्य-साधन है ॥ १२॥

ध्यायन्नित्थं व्यवसितमना योगिराजो विधाता
शान्ते स्वान्ते सकलकरणं सन्निरुध्यात्मनैव ।
तूर्णं योगं ह्यविशदतुलं तं परात्मात्मरूपं
प्रष्टुं चान्तर्हृदयकुहरे योऽस्ति सर्वत्र लीनः ॥ १३ ॥

इस प्रकार सोच-विचार कर मन ही मन ऐसा निश्चय करके योगिराज ब्रह्मा अपने शान्त अन्तःकरणमें समस्त इन्द्रिय-वृत्तियोंका अपने आप ही निरोध करके तत्काल अनुपम परमात्म-योगमें प्रविष्ट हो गये। हृदय-गुफामें जो सर्वत्र व्यापक प्रभु लीन हैं, उनसे कर्तव्य-विषयक प्रश्न करनेके लिए ब्रह्माने समाधि लगाई थी ॥ १३ ॥

यः कोऽप्यस्मिन् व्यवसितमतिर्मार्गमाश्रित्य भव्यं
लक्ष्यं लब्धुं लगति यदि चेत्प्राप्स्यतेऽसौ तदन्ते ।
किं वक्तव्यं पुनरिह विधिर्यत्स्वयं मार्गदृश्वा
कर्मण्यस्मिन् सविधि यतते तस्य लक्ष्यार्थलब्धौ ॥ १४ ॥

जो कोई भी मनुष्य इस विषयमें दृढ़ निश्चय करके भव्य योगमार्गका आश्रय ले लक्ष्य-प्राप्तिके लिए यदि प्रयत्नमें लग जाता है, तो वह अन्ततोगत्वा उस लक्ष्यको अवश्य प्राप्त कर लेगा। फिर जो यहाँ साक्षात् योगमार्गके द्रष्टा विधाता ही इस समाधि-कर्मके लिए सविधि प्रयत्न कर रहे हैं तो उनके लक्ष्यार्थकी प्राप्तिके विषयमें तो कहना ही क्या है ? ॥ १४ ॥

आधिव्याधिक्षयकरमसौ तत्र धृत्वा समाधिं
स्वान्तेऽपश्यत् पुरुषममलं श्यामलं ब्रह्म चैत्यम् ।
तुष्टस्तूर्णं विधिरिह विभुं पौरुषैर्दिव्यसूक्तैः
स्तुत्वा वृत्तं स्थिरमचकथत् यज्जगत्यां तदाऽभूत् ॥ १५ ॥

आधि और व्याधिको विनाश करनेवाली समाधिको वहाँ धारण करके ब्रह्माजीने अपने हृदयके भीतर निर्मल पुरुष चिदानन्दमय श्याम ब्रह्मको देखा। देखकर उन्हें बड़ी प्रसन्नता हुई। उन्होंने दिव्य पुरुषसूक्तके मन्त्रों द्वारा उन प्रभुका स्तवन किया। फिर उस समय पृथ्वीपर जो कुछ घटित हो रहा था, वह सारा वृत्तान्त स्थिरतापूर्वक कह सुनाया ॥ १५ ॥

स्वान्ते तस्मिन्मुकुरविमले सच्चिदानन्दधाम्नि
ब्रह्माऽपश्यद्धृततनुकृता भाविलीला हरेस्ताः ।
आत्मारामोऽभवदिह तदाऽनाहतैर्नादरूपै–
र्लीलाह्लादैर्वितरितदयो जातकर्तव्यबोधः ॥ १६ ॥

ब्रह्माजीने दर्पणके समान निर्मल उस सच्चिदानन्द-धाम अपने हृदयमें, श्रीहरिके भावी लीला चरित्रोंको प्रत्यक्ष देखा। उस समय वे आत्माराम हो गये। उस समय भगवान्ने अपने अनाहत-नादरूप लीलाह्लादसे ब्रह्माजी पर दया की थी जिससे उन्हें अपने कर्तव्यका बोध हो गया ॥ १६ ॥

अन्तर्लीने भगवति हृदि ज्ञातविश्वप्रपञ्चः
सोऽसौ धाता प्रियपरिकरान् स्वानुगांस्तानवोचत् ।
त्रातुं साधूञ्छ्रुतिसुरगणान् पातुमस्मांश्च लीलां
कर्तुं भूमाववतरति भो ! सोऽव्ययः पूर्णकामः ॥ १७ ॥

तदनन्तर भगवान् ब्रह्माजीके हृदयमें ही अन्तर्धान हो गए। अब ब्रह्माजीको बाह्य जगत्के प्रपञ्चका भान हुआ—वे बहिर्मुख हो गए। तब उन विधाताने अपने अनुगामी एवं प्रिय परिकर देवताओंसे इस प्रकार कहा—'देवगण! साधु-संतोंका परित्राण, वेदों तथा देवगणोंका संरक्षण और अपनी दिव्य लीलाकी अवतारणा करनेके लिए वे अविनाशी पूर्णकाम परमात्मा इस भूतलपर अवतार लेने वाले हैं॥ १७॥

लीलाः कर्ता त्रिभुवनपतिर्यत्र लोकातिगास्ताः
सच्चिद्रूपं सकलममलं चाप्य कृष्णावतारम्।
बाल्येऽरण्यं तदनु मथुरां द्वारकामेत्य पश्चात्
संहर्ता योऽसुरनरभवान् भारभूतांश्च सर्वान्॥ १८॥

'वहाँ वे त्रिभुवननाथ भगवान् श्रीहरि निर्मल, परिपूर्ण एवं सच्चिदानन्दमय श्रीकृष्णावतार-ग्रहण करके नाना प्रकारकी अलौकिक लीलायें करेगें। बाल्यावस्थामें महावन और वृन्दावनमें जाकर तथा तरुण एवं किशोर अवस्थामें मथुरा और द्वारकामें पहुँच कर वहाँ रहते हुए वे पृथ्वीके भारभूत समस्त असुरभावापन्न दुष्ट मनुष्योंका संहार करेंगे॥ १८॥

अग्रे तत्राऽखिलभवगुरोर्जन्मतः शौरवीर्यात्
प्रादुर्भूतो हलधरविभुस्तत्कलानन्तरूपः।
सेवां कर्ता प्रियहितरतस्तस्य सेव्यस्य विष्णो–
र्मायां श्रित्वा कृतबहुविधां मोहयन्तीं जगत् ताम्॥ १९॥

'सम्पूर्ण जगतके एकमात्र गुरु, श्रीकृष्णके प्रादुर्भावसे पूर्व ही वसुदेवजीके वीर्यसे उन्हींकी कला-भूत अनन्त-स्वरूप शेष भगवान् हलधर (बलराम) के रूपमें प्रकट होंगे। जो अपने सेव्य श्री विष्णु (कृष्ण)के प्रिय एवं हित साधनमें लगे रहकर जगतको मोहने वाली बहुरूपिणी मायाका आश्रय ले उनकी सेवा करेंगे।' ॥ १९॥

तस्माद् देवा! निजनिजगुणैः शक्तिभिः सद्बलैश्च
सम्पन्नं सद् सुललितमथो शुद्धसत्त्वाऽभिरामम्।
दिव्यं रूपं व्रजपरिसरे द्राक् विधृत्यैव तस्य
सेव्यस्यैवं प्रकुरुत सुखं स्वानुरूपां सुसेवाम्॥ २०॥

इसलिए देवताओ! अब तुम लोग उस व्रजमण्डलमें तुरन्त ही अपने-अपने गुणों-शक्तिओं–सद्बलोंसे सम्पन्न शुद्धसत्त्वसे सुन्दर एवं महान् कमनीय दिव्य रूपको धरकर आरामपूर्वक उन सेवनीय महाप्रभुकी—अपने आत्माके अनुरूपकी सुसेवा करो॥ २०॥

इत्यादिश्यामितबलगुणो देवयोनिर्विधाता
त्रैलोक्येषु प्रथितममलं ब्रह्मलोकं जगाम ।
सेन्द्रा देवा जगति सुखदं त्र्यम्बकं वीक्ष्य यान्तं
नत्वा पश्चादमुमनुययुर्धाम शान्त्याऽथ सर्वे ॥ २१ ॥

इस प्रकार आदेश दे अपरिमित बल और गुणोंसे सुशोभित देवसृष्टिके मूलकारण विधाता अपने त्रिभुवन-विख्यात निर्मल धाम ब्रह्मलोकको चले गये। जगत्‌में सबको सुख देनेवाले त्रिनेत्रधारी भगवान् शङ्करको जाते देख इन्द्रादि देवताओंने उन्हें नमस्कार किया और फिर वे सब लोग उन्हींका अनुसरण करते हुए शान्तिपूर्वक अपने-अपने स्थानको चल दिये ॥ २१ ॥

गत्वा तत्रावहितमनसो देवगन्धर्वसिद्धा
लोकेशाद्याः सुरमुनिगणा यक्षविद्याधराश्च ।
ज्ञाते तत्त्वे मुदितकरणास्तद्ध्यभीक्ष्णं विभाव्य
स्वेष्टं स्वाराधयितुमिहते जन्म भूम्यामगृह्णन् ॥ २२ ॥

वहाँ पहुँचकर सावधान-चित्त हो, ब्रह्मा आदि देवता मुनिगण, देव-गन्धर्व, सिद्ध, यक्ष और विद्याधर भावी श्रीकृष्णावतारके तात्त्विक वृत्तान्तको जानकर अपनी सम्पूर्ण इन्द्रियोंसे आनन्दमग्न हो गये। बारम्बार उस बातपर विचार करके उन्होंने अपने इष्टदेवकी आराधनाके लिए इस भूतलपर जन्म ग्रहण किया ॥ २२ ॥

सेवां स्मृत्वा हरिपदगतां भक्तिपूतां सतां तां
श्रद्धां धृत्वा भवभयभिदां ज्ञानिनां तुष्टिदान्ताम् ।
देवाः सेन्द्रा अथ यदुकुले भेजिरे जन्म भक्त्या
स्वांशाद्रूपं बलगुणमयं द्राक् प्रगृह्यैव शक्त्या ॥ २३ ॥

सत्पुरुषोंके द्वारा की जानेवाली जो श्रीहरिके चरणकमलोंकी भक्तियुक्त सेवा है, उसका स्मरण करके तथा ज्ञानियोंको भी तुष्टि प्रदान करनेवाली जो भवभयभेदिनी श्रद्धा है, उसको धारण करके इन्द्र सहित सम्पूर्ण देवताओंने शीघ्र ही यथाशक्ति बल और गुणसे पूर्ण अंशावतार ग्रहण करके भक्तिभावसे यदुकुलमें जन्म लिया ॥ २३ ॥

तद्वच्चान्ये बहुगुणयुता ज्ञानिनो ब्रह्मनिष्ठाः
सिद्धा दिव्याः परममुनयो योगिनो भक्तनिष्ठाः ।
नित्या विष्णोः प्रियपरिकराः पार्षदाः सर्व एव
रूपं धृत्वाऽप्यतिशुशुभिरे स्वांशतः पूर्वमेव ॥ २४ ॥

इसी प्रकार अन्यान्य बहुगुण सम्पन्न ज्ञानी, ब्रह्मनिष्ठ, सिद्ध, दिव्य-योनिके प्राणी, श्रेष्ठ मुनि, योगी, भक्तगण, सृष्टि-समुदाय तथा भगवान विष्णुके नित्य एवं प्रिय परिकर सभी पार्षद गण अपने-अपने अंशसे मानवरूप धारण करके भगवान्‌के अवतारसे पहले ही भूतल-पर अत्यन्त शोभा पाने लगे ॥ २४ ॥

आसन् येषामनुपमकलाः शक्तयो भूतयो या–
स्ताभिस्तैस्तैरभिमततमं रूपमास्थाय सौम्यम् ।
सेव्यं स्वेष्टं मुदितकरणं कर्तुमस्मिन् विहारे
जन्माधारि प्रथितकुलगं वीर्यशौर्यप्रपूर्णम् ॥ २५ ॥

जिन-जिन देवता आदिके पास जो-जो अनुपम कलायें, शक्तियां तथा विभूतियाँ ( ऐश्वर्य समुदाय ) थीं, उन-उनके साथ उन सभीने अपने मनके अनुरूप सौम्यरूप ग्रहण करके इस लीलाविहारमें अपने सेव्य इष्टदेवता श्रीकृष्णको प्रसन्न करनेके लिए विख्यात कुलमें वीर्य और शौर्यसे भरा-पूरा जन्म धारण किया ॥ २५ ॥

वेदा देवा ऋषिमुनिगणा गोपगोप्यो ह्यभूवन्
कामासक्ता विभुविहरणे कर्तुमेकान्तकामम् ।
प्रादुर्भूता प्रियजनयुता सा रमा सारकामा
वामा कामालसमृदुगतिस्तन्मना दिव्यरामा ॥ २६ ॥

वेद, देवता तथा ऋषि-मुनियोंके समुदाय गोप-गोपियोंके रूपमें प्रकट हुए। वे सबके सब भगवान्‌के लीलाविहारमें उनकी एकान्ततः प्रिय इच्छा पूर्ण करना चाहते थे। अतः इसी शुभकामनामें आसक्त होकर अवतीर्ण हुए थे। इधर देवी रमा भी अपने प्रियतमकी सारभूत सेवा करनेकी इच्छा मनमें लेकर अपनी प्रिया सहचरियोंके साथ दिव्य सुन्दरी रमणी ( श्रीराधा )के रूपमें अवतीर्ण हुई। उनकी मनोहर मंथर गति प्रेमभारसे अलसायी-सी जान पड़ती थी और वे एकमात्र प्रियतम श्यामसुन्दरमें ही मन रमाये रहती थीं ॥ २६ ॥

वृन्दारण्ये व्रजपरिसरे माथुरे द्वारकायां
रक्ता भक्ता विशदयशसो धार्मिकाः सत्यसन्धाः ।
अन्धाः प्रेम्णा हरिपदरताः सद्व्रताः सत्पथाश्च
सर्वेऽस्तिष्ठंस्तृणतरुलतारूपमप्यत्र धृत्वा ॥ २७ ॥

जो-जो भगवान्‌के अनुरक्त भक्त थे, जो उज्ज्वल यशवाले धार्मिक और सत्यप्रतिज्ञ पुरुष थे; तथा जो प्रेमसे अंधे होकर श्रीहरिके चरणोंमें रत रहकर उत्तम व्रतका पालन तथा सन्मार्ग पर विचरण करते थे, वे सब वृन्दावनमें, व्रज मण्डलमें, मथुरामें तथा द्वारकापुरीमें तृण, तरु एवं लताका रूप धारण करके भी निवास करने लगे ॥ २७ ॥

२०

गावो भूत्वाऽऽगमनिगमका दुग्धधाराः स्रवन्तो
जन्माऽगृह्णन् मुदितकरणैः पक्षिभिश्चान्वभावि ।
याभिर्यैश्च व्रजपरिकरं माथुरं तत्प्रदेशं
तूर्णं पूर्णं ह्यभवदमृतैस्तैः कृतैः सद्रवैश्च ॥ २८ ॥

आगमों और निगमोंके समुदाय दूधकी धारा बहानेवाली गौओंका रूप धारण करके वहाँ प्रकट हुए। दिव्य लोकके पक्षी भी आनन्दित अन्तःकरणवाले होकर वहाँ व्रजके विहङ्गमों ( शुक-सारिका, मयूर आदि )के रूपमें अवतीर्ण हुए। उन गौओं तथा पक्षियोंसे व्रजका परिसर भाग तथा मथुरामण्डल शीघ्र ही पूर्ण हो गया। गौओंके दुग्धकी अमृतमयी धाराओंसे व्रजका वनप्रान्त सींच उठा और कुञ्ज-कुञ्ज विहङ्गमोंके कलरवसे मुखरित हो उठा ॥ २८ ॥

( शालिनी )

इत्थं देवी योगमाया रराज सर्वं कृत्यं कुर्वती सुव्यवस्थम् ।
यत्र स्वामी जन्म कृष्णावतारं धृत्वा धृष्टान् धर्षयिष्यत्यजस्रम् ॥ २९ ॥

इस प्रकार देवी योग-माया भगवल्लीला सम्बन्धी सम्पूर्ण कृत्योंकी सुव्यवस्था करती हुई उस व्रजमण्डलमें शोभा पाने लगीं, जहाँ उनके स्वामी श्रीकृष्णावतार धारण करके धृष्ट असुरोंका निरन्तर दमन करनेवाले थे ॥ २९ ॥

( स्वागता )

स्वागतं भवगतेर्भवतः स्यात् स्वागतं तव वयश्च विदध्मः ।
स्वागतं विमलपादविहार ! स्वागतं जय विभो ! प्रियहार ! ॥ ३० ॥

भगवन् श्रीकृष्ण ! आप संसारके आश्रय हैं। आपका स्वागत हो ! । हम सब लोग आपका स्वागत करते हैं। अपने निर्मल चरणोंसे भूतलपर विचरनेवाले श्यामसुन्दर आपका स्वागत है। विभो ! आपका बारम्बार स्वागत है। प्रिय भक्तजनोंके कण्ठहार आपकी जय हो ॥ ३० ॥

( उपजातिः )

प्रतिक्षणं वाक्यमनेकमीदृशं प्रियं ब्रुवन्तः सकलाः कलामयाः ।
कृष्णावतारेण तदत्र भाविना ह्याह्लादितास्तस्थुरहो ! वयं यथा ॥ ३१ ॥

विविध कलाओंसे अलंकृत वे सभी देवांशजन्मा व्रजवासी निकट भविष्यमें होनेवाले श्रीकृष्णावतारसे अत्यन्त आह्लादित हो, उपर्युक्त प्रकारसे प्रतिक्षण अनेकानेक स्वागत एवं जयकार संबन्धी वचन बोलते हुए हम पाठकोंकी ही भाँति भगवद्-दर्शनकी प्रतीक्षा करते हुए वहाँ रह रहे थे ॥ ३१ ॥

( अनुष्टुब् )

जय ! कृष्ण ! हृषीकेश ! स्वागतं तेऽस्तु दीव्यताम् ।
स्वभक्तहृदये चेत्थं स्फुरतां हन्त ! बर्धताम् ॥ ३२ ॥

भक्तोंके चित्तको अपनी ओर खींचनेवाले सच्चिदानन्दघन श्रीकृष्ण ! आपकी जय हो । सम्पूर्ण इन्द्रियोंके स्वामी हृषिकेश ! आपका स्वागत हो । हम बड़े हर्षके साथ प्रार्थना करते हैं कि आप अपने भक्तोंके हृदयमें इसीप्रकार क्रीडा करें, प्रकाशित हों और निरन्तर बढ़ते रहें ॥ ३२ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
व्यगमत् पञ्चमः सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥ ३३ ॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति इस 'श्रीकृष्ण चरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें पाँचवाँ सर्ग पूर्ण हुआ ॥ ३३ ॥

◆

# षष्ठः सर्गः

[ मथुरायां विवाहप्रसङ्गे वधूवरयोर्दैवकीवसुदेवयोः स्वगृहप्रवेशे कंसमुद्दिश्य
सञ्जातामाकाशवाचं श्रुत्वा स्वमृत्युभयतो नववधूं हन्तुकामं कंसं
संस्तभ्य समाश्वासनं वरवसुदेवेन स्वसद्वाक्यनिदर्शनञ्च ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

महापुरी सा मथुरा जयत्यहो ! रत्नं रसाया अमला सुखाकरा ।
यस्यां वसन्ति स्म सुखं सुरासुरा भ्रातृत्वमादाय समानवाः पुरा ॥ १ ॥

अहो ! उस आश्चर्यमयी महापुरी मथुराकी जय हो, जो वसुन्धराका रत्न है, निर्मल है और सुखोंकी खान है। जहाँ पूर्वकालमें देवता, असुर और मनुष्य परस्पर भ्रातृ-भाव रखते हुए सुखपूर्वक निवास करते थे ॥ १ ॥

विराजिता सिद्धिसमृद्धिभिः सदा सुशोभितानेकगुणैर्विभूषिता ।
सौधोज्ज्वला सज्जनसाधुशालिनी याऽऽसीत् सरत्ना स्फुरितेव कामिनी ॥ २ ॥

वह सिद्धियों और समृद्धियोंसे विराजित तथा अनेकानेक गुणोंसे सदा सुशोभित एवं विभूषित थी। सुधा-लिप्त प्रासादोंसे वह पुरी अत्यन्त उज्वल दिखाई देती थी। सत्पुरुष एवं साधु महात्मा उसकी शोभा बढ़ाते थे। वह रत्न-जटित नगरी रत्नमालाओंसे अलंकृत रमणीकी भाँति उद्दीप्त होती थी ॥ २ ॥

यदङ्गसङ्गेन सुखाब्धिगामिना प्रलोभितो गौरवगृध्नुनाऽमुना ।
वसन् सदाङ्के लुठति स्म माधवो धवो रमाया अपि साधवो यथा ॥ ३ ॥

सुख-समुद्रकी उपलब्धि करानेवाले जिस नगरीके गौरवाभिलाषी अङ्ग-सङ्गसे लुभाकर रमापति माधव भी साधु-सन्तोंकी भाँति सदा उसके अङ्कमें लोटते रहते थे ॥ ३ ॥

तस्यां प्रजारञ्जनपालनव्रती स शूरसेनो नृपतिः स्म राजते ।
शूरेण येनाक्षतवीर्यसंपदा यदोः कुलं तद्विपुलीकृतं भृशम् ॥ ४ ॥

उस नगरीमें प्रजाजनोंके रञ्जन और पालनका व्रत लेनेवाले राजा शूरसेन शोभा पाते थे। उन शूरवीर नरेशने अपने अक्षत बल-विक्रमकी सम्पत्तिसे यादवकुलको अत्यन्त विपुल वैभवशाली बना दिया था ॥ ४ ॥

आसीत्तदा माथुरशौरमण्डलं सभाजितं सुष्ठुतया विराजितम् ।
सा राजधानी मथुरा यतो गुणैः सुशोभिताऽभूद्धरिखेलनस्थली ॥ ५ ॥

उनके राज्यकालमें माथुर या शूरसेन जनपद अतिशय सौन्दर्यसे सुसज्जित एवं सुशोभित था। भगवान्‌की क्रीड़ास्थली वह राजधानी मथुरा अनेकानेक गुणोंसे विभूषित थी ॥ ५ ॥

कालेन सर्वे कवलीकृता यदा भौजोग्रसेनो नृपतां ययौ तदा।
यत्पुत्र आसीद्बलवीर्यदुर्मदः कंसो न कं शोच्यदशामलम्भयत् ॥ ६ ॥

जब कालने समस्त पूर्ववर्ती नरेशोंको अपना ग्रास बना लिया, तब भोजवंशो उग्रसेन मथुराके राजा हुए। जिनका पुत्र बल-वीर्यके अभिमानसे उद्दण्ड राजकुमार कंस था। उस कंसने किसको नहीं शोचनीय दशाको पहुँचा दिया था ॥ ६ ॥

तस्यां तु शौरिर्वसुदेव आत्मवान् धीरो युवासीद्बहुधा समृद्धिमान्।
तद्भ्रातृपुत्रीं गुणरूपशालिनीं तां देवकीं यः समुवाह कामिनीम् ॥ ७ ॥

उसी नगरीमें शूरपुत्र वसुदेव रहते थे, जो बड़े मनस्वी, धीर, युवक तथा अनेक प्रकारके समृद्धियोंसे सम्पन्न थे। उन्होंने उग्रसेनके भाईकी पुत्री देवकीसे विवाह किया, जो रूप-गुणसे शोभायमान तथा उन्हींको पति बनानेकी कामना रखनेवाली थी ॥ ७ ॥

ददावतो देवक उत्तमः पिता तस्मै सुतां स्वां विधिना सदासिकाम्।
देयैरनेकैर्धनरत्नवाजिभी - रथैर्महार्हैर्वसनै - रलङ्कृताम् ॥ ८ ॥

अतः उत्तम पिता देवकने बहुमूल्य वस्त्राभूषणोंसे अलंकृत अपनी पुत्री देवकीको वेदोक्त विधिके अनुसार वसुदेवजीके हाथमें दे दिया। साथ ही दहेजके रूपमें बहुत-से धन-रत्न, हाथी, घोड़े तथा रथ दिए। देवकीकी सेवाके लिए बहुत-सी दासियाँ भी अर्पित कीं ॥ ८ ॥

पितृव्यकन्या भगिनी ममोत्तमा सा प्रापणीया स्वगृहान् मयाऽधुना।
मत्वेति तत्स्यन्दनवाजिरश्मयः कंसेन चाऽग्राहिषताऽनुकम्पिना ॥ ९ ॥

'पितृव्य ( चाचा ) की पुत्री मेरी उत्तम बहिन है, इस समय मुझे ही इसे इसके घर ( ससुराल ) पहुँचाना चाहिए' ऐसा सोचकर कृपालु कंसने देवकीके रथके घोड़ोंकी बागडोर स्वयं अपने हाथमें ले ली ॥ ९ ॥

मनोहरैस्तूर्यरवैर्विभूषिते वधूप्रयाणे पथि भव्यतामिते।
तमेव चोद्दिश्य नभः पदं गता ह्यमानुषी वाक् प्रजगाविदं वचः ॥१०॥

मनोहर वाद्य-रवोंसे विभूषित भव्य राजमार्ग पर जब नव वधूका प्रस्थान हो रहा था, उसी समय कंसको ही संबोधित करके आकाशवाणीने उससे यह बात कही—॥ १० ॥

हे कंस ! यां त्वं नयसे गुरोर्गृहं शृणवत्र रे मूढ ! मनागिदं हितम् ।
गर्भाष्टमोऽस्याः सुत एव सत्क्रियो वधिष्यति त्वां तदिदं विचारय ! ॥११॥

'ओ मूढ कंस ! तू जिसे श्वसुरके घरको लिए जा रहा है, इसके सम्बन्धमें नेक-सी यह हितकर बात सुन ले। गर्भसे इसका आठवाँ पुत्र ही, जो सत्कर्म करने वाला होगा, तेरा वध करेगा; इस बात पर विचार कर ॥ ११ ॥

अश्रावि कंसेन सरस्वतीदृशी व्यक्तं तदा तूर्यरवेऽपि तादृशि ।
कचे गृहीत्वा भगिनीं रुषासिना हन्तुं प्रवृत्तोऽथ भयाद् गतत्रपः ॥१२॥

यद्यपि उस समय वाद्योंका वैसा तुमुल-नाद हो रहा था, तो भी कंसको वह आकाश वाणी सुस्पष्ट सुनाई दी। फिर तो रोषसे उसने तलवार खींच ली। और बहिनके केश पकड़-उसे मार डालनेको उद्यत हो गया। भयके कारण उसने लज्जाको तिलाञ्जलि दे दी थी ॥ १२ ॥

विगृह्य हस्तं विनिवारयंस्तदा वरो वरोऽसौ वसुदेव उच्चधीः ।
उवाच कंसं विनयेन सामभिः पश्यत्सु जन्येषु कुतूहलाक्षिभिः ॥१३॥

उस समय बरातीजन कौतूहलसे आँखे फाड़-फाड़कर देख रहे थे। श्रेष्ठ स्वभाव और उच्च विचारवाले वर-महानुभाव वसुदेवने कंसका हाथ पकड़ लिया और उसे मना करते हुए विनय एवं सान्त्वनायुक्त वाणीमें कहा—॥ १३ ॥

अहो ! भवान् भोजयशस्करो भृशं विराजते रत्नमिवेह राजसु ।
प्रशंसितो वीर्यबलेन भूयसा शूरैश्च वीरैश्च गुणैश्च कर्मभिः ॥१४॥

'अहो ! आप तो भोजवंशका यश बढ़ानेवाले हैं ( फिर इस क्रूर कर्मपर कैसे उतारू हो गए )। यहाँ राजाओंमें आप रत्नके समान शोभा पाते हैं। समस्त शूरवीरोंने आपके महान् वीर्यबल गुण और कर्मोंकी प्रशंसाकी है ॥ १४ ॥

तस्माज्जघन्यं भगिनीविशंसनं कुकर्म चेत्थं न हि कर्तुमर्हसि ।
विवाहकाले भगिनीं सुतोपमां को वा विहन्यादहहा ! खलादृते ? ॥१५॥

'इसलिए आपको ऐसा कुकर्म नहीं करना चाहिए। बहिनको मारना बड़ा नीच काम है। हाय, हाय ! किसी दुष्टको छोड़कर दूसरा कौन ऐसा मनुष्य होगा जो विवाहकालमें बेटी जैसी छोटी बहनका वध करेगा ॥ १५ ॥

भवेऽथ मृत्युस्तु शरीरधारिणां ह्यहार्यरूपो भवितैष निश्चयः ।
जीवस्तु भोक्ता स्वकृतस्य तत्फलं शुभाशुभं कर्मवशंगतः प्रभो ! ॥१६॥

'प्रभो ! इस संसारमें देहधारियोंकी मृत्यु अनिवार्य है। यह निश्चय ही होकर रहती है। जीव तो कर्मके वशीभूत होकर अपने किये हुए शुभाशुभका फलमात्र भोगता है ॥ १६ ॥

म्रियेऽहमित्येष च निश्चयोऽपि भो ! जीवस्य मिथ्या भवबन्धनं च सः ।
आत्मा कदाचिन्न मृतो न जायते कुबुद्धिरेषा हि कथं प्रकल्प्यते ? ॥१७॥

'राजन् ! मैं मरूँगा।' जीवका यह निश्चय भी मिथ्या ही है, भव-बन्धनमात्र है। आत्मा तो न कभी मरता है न कभी जन्म लेता है। फिर आप इस जीने-मरनेकी कुबुद्धिकी कल्पना कैसे करते हैं ? ॥ १७ ॥

तस्मात् परद्रोह इहेदृशः प्रभो ! कार्यो न केनाऽपि हितेच्छुनात्मनः ।
भूत्वा भृशं पीडित आयतौ यतः कर्ताऽवशोऽसौ नरके पतिष्यति ॥१८॥

'प्रभो ! अतः अपने हितकी इच्छा रखनेवाले किसी भी मनुष्यको ऐसा परद्रोह नहीं करना चाहिए। क्योंकि भविष्यमें द्रोहकर्ता पुरुष अत्यन्त पीड़ित हो, विवश होकर नरकमें गिरेगा' ॥ १८ ॥

इत्थं स चोक्तोऽपि वरेण सामभिर्भेदैश्च गूढं प्रतिबोधितोऽपि च ।
व्युपारमन्नाऽत्र बधूवधादसौ सखाऽसुराणामनुगश्च वृत्तितः ॥१९॥

इस प्रकार वर महानुभावने साम और भेद-युक्त वचनों द्वारा बड़ी गूढ़ बातें कहकर कंसको समझानेकी चेष्टा की। परन्तु वह वधू-वधसे विरत नहीं हुआ। ऐसा क्यों न हो, वह जो असुरोंका सखा था और वृत्तिसे उन्हींका अनुगामी था ॥ १९ ॥

विचारयामास तदत्र सन्मना निवारयेऽमुं सुतदानतो न किम् ? ।
मृत्युस्वरूपोऽयमुपस्थितः पुरो निवारणीयो बलबुद्धितो न किम् ? ॥२०॥

तब शुद्ध हृदयवाले वसुदेवने यहां यह विचार किया कि 'पुत्रको दे देनेकी प्रतिज्ञा करके इसे क्यों न रोकूँ' ? । इस समय तो यह मेरे सामने मृत्युरूप होकर उपस्थित है। अपने बल और बुद्धिके अनुसार इसके निवारणकी चेष्टा क्यों न की जाय ? ॥ २० ॥

भवन्ति पुत्रा न भवन्ति मेऽत्र वा मृत्युर्ह्यमुं मारयतीह किं न वा ? ।
विपर्ययो वा भविता न किं सुता एनं विहन्युः किमहो ! परेच्छया ? ॥२१॥

'पता नहीं यहां मेरे पुत्र उत्पन्न होंगे या न होंगे ? । यह भी सम्भव है कि कंसकी मृत्यु ही इसे मार डाले। क्या इसके विपरीत कोई बात नहीं हो सकती। अहो ! यह भी तो हो सकता है कि परमात्माकी इच्छासे मेरे पुत्र ही इसे मार डालें ॥ २१ ॥

अदृष्टमेवाऽत्र प्रधानकारणं मृत्यौ च जन्मन्यपि देहिनां परम् ।
वह्नेर्यथा काष्ठवियोगयोगयोर्निमित्तमेवाऽस्ति यदत्र कारणम् ॥२२॥

'देहधारियोंके जन्म और मृत्युमें यहाँ अदृष्ट ही प्रधान कारण है। जैसे अग्निका काष्ठसे वियोग और संयोग होनेमें कोई अज्ञात निमित्त ही कारण होता है ॥ २२ ॥

दृष्ट्वा हठं चाऽप्रतिवार्यमीदृशं तत्प्राप्तकालं विमृशन्नसौ भृशम् ।
उवाच तं सत्यवचा उदारतां प्रदर्शयञ्छुष्कमना हसन्निव ॥२३॥

कंसका ऐसा अनिवार्य हठ देखकर तत्काल प्राप्त कर्तव्यका विशेष विचार करके उदारता दिखाते हुए और शुष्क हृदयसे हँसते हुए—सत्यवादी वसुदेवने उससे कहा—॥ २३ ॥

वधिष्यति त्वां तु न देवकी स्वसा सुतेभ्य एवाऽत्र भयं न किं तव ? ।
समर्पयिष्यामि सुतांस्तु तानहं स्युर्जन्मभाजो यदि ते यदा तदा ॥२४॥

'राजन् ! तुम्हें तुम्हारी बहन देवकी तो मारेगी नहीं। इसके पुत्रोंसे ही तुम्हें भय है न ! अतः यदि इसके पुत्र जन्म लेगें तो जब-जब उनका जन्म होगा, तभी-तभी उन पुत्रोंको आपके हाथमें सौंप दूँगा ॥ २४ ॥

भीतोऽप्यसौ तद्वसुदेवसत्यतां जानन्निवृत्तो भगिनीवधादथ ।
कंसं प्रशंसन् स वरोऽपि सद्वरां वधूं समाश्लिष्य गृहान् ययौ ततः ॥२५॥

यद्यपि कंस मृत्युसे डरता था, तथापि वह वसुदेवजीकी सत्यवादितासे भी भलीभाँति परिचित था। अतः उनकी उक्त बात सुनकर वह अपनी बहिनके वधसे निवृत्त हो गया। वर वसुदेवजी भी सुन्दरी वधूको हृदयसे लगाकर कंसकी प्रशंसा करते हुए अपने घर चले गये ॥ २५ ॥

काले गते तद्वसुदेववीर्यतो ज्येष्ठं सुतं सा सुषुवे स्वगर्भतः ।
नीत्वा स कंसाय ददौ तमात्मजं धृतात्मनां किं भवतीह दुस्त्यजम् ? ॥२६॥

समय बीतनेपर देवकीने अपने गर्भसे वसुदेवजी के वीर्यसे सम्भूत ज्येष्ठ पुत्रको जन्म दिया। वसुदेवने उस पुत्रको ले जाकर कंसके हाथमें दे दिया। जिन महात्माओंने अपने मनको वशमें कर लिया है, उनकी लिए भला किस वस्तुका त्याग करना कठिन है ? ॥ २६ ॥

अथाऽब्रवीत् कंस इमां व्यवस्थितिं तत्सत्यनिष्ठां च विलोक्य विस्मितः ।
भो ! सत्यवादिन् ! नय बालकं त्वमुं नास्माद्भयं मेऽस्ति वदन् प्रहर्षितः ॥२७॥

वसुदेवजीके इस दृढ़ निश्चय और सत्यनिष्ठाको देखकर कंस चकित रह गया और वसुदेवसे बोला—'हे सत्यवादी महापुरुष ! इस बालकको आप ले जाइए। इससे मुझको कोई भय नहीं है।' इतना कहकर वह हर्षसे खिल उठा ॥ २७ ॥

गर्भाद् भवेद् यो युवयोरिहाष्टमाद् देयः स मह्यं शिशुरेक एव तु ।
भूया भविष्येऽपि च सत्यवागतो व्रजस्व गेहं प्रिय ! शान्तिमाप्नुहि ॥२८॥

उसने फिर कहा—'आप दोनोंके आठवें गर्भसे जो उत्पन्न हो, एकमात्र वही शिशु आप मुझे दे दीजियेगा । प्रियवर ! आजकी ही भांति आप भविष्यमें भी सत्यवादी सिद्ध हों, अतः आप अपने घरको जाइये और शान्ति प्राप्त कीजिए ॥ २८ ॥

( अनुष्टुप् )

बलवीर्यमदान्धस्य दुष्टस्याऽमिततेजसः ।
तस्य वाक्ये तु विश्वासं नाकरोच्छूरनन्दनः ॥२९॥

कंस बल-वीर्यके मदसे अन्धा हो रहा था । वह अमित तेजस्वी और दुष्ट था । अतः शूरनन्दन वसुदेवने उसकी बात पर विश्वास नहीं किया ॥ २९ ॥

तस्मात् खिन्नमना भूत्वा गृहीत्वा सुतमात्मनः ।
पत्न्यै ददौ गृहं गत्वाऽवदद् वृत्तं यथाऽभवत् ॥३०॥

वे खिन्नचित्त हो, वहाँसे अपने पुत्रको लेकर लौट आए । घर जाकर उन्होंने वह पुत्र पत्नीके हाथोंमें दे दिया और सारा वृत्तान्त यथावत् कह सुनाया ॥ ३० ॥

( शार्दूलविक्रीडितम् )

संसारः खलु सारहीन इह ये तिष्ठन्ति तेऽपि स्वतो
निःसारा बहुधा परन्तु सुधियः सन्त्यत्र सारप्रियाः ।
येषां सारत एव साररसिका हंसा यथा नीरतः
सारं सत्यमयं विगृह्य सततं प्राणन्ति, धन्या हि ते ॥३१॥

यह संसार सारहीन है । जो लोग यहाँ रहते हैं, वे भी स्वतः प्रायः निःसार ही हैं । परन्तु जिनकी बुद्धि शुद्ध है, वे यहाँ सर्वप्रिय होकर रहते हैं । उनके उस सार-भूत वस्तुसे ही सार-रसिक पुरुष, नीरसे क्षीर लेनेवाले हंसोंकी तरह सत्यमय सारका संग्रह करके सदा जीवन धारण करते हैं । वैसे लोग ही धन्य हैं ॥ ३१ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
व्यगमत् षष्ठसर्गोऽयं महाकाव्ये स्तवात्मके ॥३२॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति इस 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह छठाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ३२ ॥

# सप्तमः सर्गः

[ कंसगृहे नारदाऽऽगमनम् । देवर्षिणा तत्प्रबोधनञ्च ]

( प्रहर्षिणीवृत्तम् )

कंसोऽसावथ विरराज भव्यरूपे स्वे कोष्ठे रुचिरतरे महार्हद्रव्यैः ।
एकाक्युच्छ्वसितमना भृशं भयाब्धौ मग्नोऽभूद्धृदयगता यदा गिरस्ताः ॥

तदनन्तर कंस बहुमूल्य उपकरणोंसे सुसज्जित, अतिशय सुन्दर अपने भव्य भवन ( बैठक )में विराजमान हुआ। वह अकेला था, जोर-जोरसे साँस चलनेके कारण उसका मन अत्यन्त उद्विग्न हो रहा था। जब उसने पूर्वोक्त आकाशवाणी पर मन ही मन विचार किया तब तो वह भयके महासागरमें डूबने लगा ॥ १ ॥

कालेऽस्मिन् समयबलेन नोदितोऽसौ देवर्षिः कृतपरिवादिनीनिनादः ।
तत्रैवाऽऽपतदसमो हरे ! मुरारे ! सद्बुद्धिं वितर विभो ! वदन् सहासः ॥

इसी समय कालरूप परमात्माकी शक्तिसे प्रेरित हो, अनुपम वैशिष्ट्यशाली देवर्षि नारद वीणा बजाते और 'हरे, मुरारे, भगवन् ! सद्बुद्धि दीजिए' इस प्रकार गाते हुए उन्मुक्त हासके साथ वहीं उतर पड़े ॥ २ ॥

उत्थाय प्रणतिततीः समर्प्य पादे पाद्यार्घ्यैः ससुखमपूजयन् मुनिं सः ।
चाऽपृच्छत् कुशलमसौ ततः स्वकृत्ये साशङ्कोऽवददथ तं मुखं निरीक्ष्य ॥

उन्हें देखते ही कंस उठकर खड़ा हो गया और उनके चरणोंमें प्रणाम पर प्रणाम—बारम्बार प्रणाम अर्पित करके उसने मुनिका पाद्य-अर्घ्य आदिके द्वारा सानन्द पूजन किया। तत्पश्चात् उनका कुशल समाचार पूछा—फिर अपने कृत्यके विषयमें सशंक हो मुनिके मुँहकी ओर देखते हुए उनसे कहा—॥ ३ ॥

किं वृत्तं वद भगवन् ! क्षितौ प्रजानां का वार्ता दिवि च सुराः कथं वसन्ति ?।
तेषां किं व्यवसितमद्य मेऽत्र कृत्ये किं किं वा स्थिरमतयश्च मां वदन्ति ? ॥

'भगवन् ! बताइये, भूमण्डलकी प्रजाका हाल-चाल क्या है ?। क्या वृत्तान्त है ?! स्वर्गलोकमें देवता लोग कैसें रहते हैं ? उनलोगोंका क्या निश्चय है—वे क्या करना चाहते हैं तथा यहाँ मेरे कार्यके विषयमें स्थिर विचार करके आजकल वे मेरे प्रति क्या-क्या कहते हैं ? ॥ ४ ॥

श्रुत्वेदं वचनमनिन्दितं ततोऽसौ देवर्षिः स्मितरुचिरं विहस्य किञ्चित् ।
तं चोचेऽसुरगणपूजितं सुभीतं तत्कृत्यं सुरगणचेष्टितं च वृत्तम् ॥

उसके इस अनिन्दित ( उत्तम ) वचनको सुनकर देवर्षिने किञ्चित् मनोहर मन्द मुस्कान प्रकट करके असुर-समुदायसे पूजित और अत्यन्त भयभीत कंससे उसके कार्य व्यवहारको लेकर और उसके प्रति देवताओंद्वारा की जानेवाली चेष्टाका वृत्तान्त बताते हुए इस प्रकार कहा—॥ ५ ॥

वीरस्त्वं क्षितिविदितो (ऽ) विमृश्यकारी स्वच्छन्दः प्रियजनपोषको विहारी।
वीर्येण प्रथितयशा बलेन चैव त्रैलोक्यं लघु कृतवान् भवान् द्रुतं भोः ! ॥

'राजन् ! तुम, भूमण्डलमें विख्यात वीर हो। सोच-विचारकर ( अथवा विना सोचे-समझे ) काम करनेवाले हो। स्वच्छन्द हो। अपने प्रेमीजनोंका पोषण करते हो तथा मन-माने विहारमें लगे रहते हो। बल और पराक्रमकी दृष्टिसे तुम्हारा यश विख्यात हो चला है। कंसराज ! तुमने अपनी महत्ताके सामने तीनों लोकोंको लघु बना दिया है ॥ ६ ॥

धन्यस्त्वं शृणु ! विदितं च तेऽस्ति सर्वं कर्तव्ये विधिविहिते कृतेऽपि लोकाः।
पाण्डित्यं हृदयगतं प्रदर्शयन्तः स्वेच्छं वा किमिह वदन्ति नाव्यलीकम् ? ॥

'तुम धन्य हो ! मेरी बात सुनो। तुम्हें सब कुछ ज्ञात भी है। विधि-विहित कर्तव्य करनेपर भी लोग उसके विषयमें हार्दिक पाण्डित्य दिखाते हुए अथवा स्वेच्छासे ही कुछ टीका-टिप्पणी किया करते हैं जो सत्य नहीं होती ॥ ७ ॥

यच्छौरेः प्रथमसुतं जघान न त्वं तन्नाऽभूदुपचितमत्र शान्तिदं ते।
स्यात् का वा परिगणना च तत्र युक्ता देवक्याः सुतजननेऽष्टमे च गर्भे ? ॥

'तुमने जो वसुदेवके प्रथम पुत्रको नहीं मारा, वह मेरी दृष्टिमें यहाँ तुम्हारे लिए उपयुक्त या शान्तिदायक नहीं हुआ। फिर मैं सोचता हूँ कि देवकीके पुत्र-जनन और अष्टम गर्भके विषयमें कैसी परिगणना उचित होगी ? ( पहलेसे आठवाँ या आठवेंसे पहला ? किसको आठवाँ कहा जायेगा ) ? ॥ ८ ॥

आस्तां तच्छ्रवणयुगं वितीर्य मह्यं श्रोतव्यं शृणु कटु यत्तथापि कंस ! ।
त्वां सर्वे बुधविबुधा विशेषतोऽत्र पश्यन्ति ह्यसमदृशा किमर्थमेवम् ? ॥

'जो हो छोड़ो इन बातोंको। कंस ! अब तुम अपने दोनों कान मुझे ( मेरी ओर ) देकर कुछ होनेपर भी जो अवश्य सुनने योग्य है, मेरी उस बातको सुनो। इस त्रिभुवनमें समस्त विद्वान्, विशेषतः देवता लोग तुम्हें क्यों ऐसी विषम दृष्टिसे देखते हैं ? यह विचारणीय है ॥ ९ ॥

त्रैलोक्यं पवन इव भ्रमन् गतोऽहं स्वर्गेऽपि स्थितिमसमां त्वदृष्टवान् भोः ! ।
नाऽवोचन् किमपि सुरा यदा तदाहं ध्यानस्थोऽभवमतुलं श्रितश्च योगम् ॥

'वायुकी भाँति तीनों लोकोंमें भ्रमण करता हुआ एक दिन मैं स्वर्गमें भी गया, किन्तु कंस ! मुझे वहाँकी स्थिति बड़ी विषम दिखाई दी। उस समय देवताओंने जब मुझसे कुछ भी नहीं कहा—तब मैंने ध्यान लगाया और अनुपम योगका आश्रय लिया ॥ १० ॥

विज्ञातं किल सकलं तदैव वृत्तं त्रैलोक्ये बुधविबुधा यदत्र सन्ति ।
ते सर्वे त्वयि विषमां मतिं दृशश्च सत्रासं ह्यतिभयदां विनिक्षिपन्ति ॥

'उसी समय मुझे सारा वृत्तान्त समझमें आ गया। त्रिलोकीमें जो-जो विद्वान् और देवता विद्यमान हैं, वे सब तुम्हारे प्रति विषम बुद्धि रखते हैं। और तुमपर त्रासयुक्त अत्यन्त भयदायिनी दृष्टि डालते हैं ॥ ११ ॥

वीरस्त्वं त्वतिमनुजं करोषि कर्म यद्यत्तद्भवति विमृश्यमत्र तेषाम् ।
तस्मात्तेऽसफलगिरा शपन्ति कंस ! केचित्त्वां प्रधनमृतं च कामयन्ते ॥

'तुम वीर तो हो ही, यहाँ जो-जो अति मानव ( मनुष्यके लिए असाध्य ) कर्म करते हो, वह उनके लिए विचारणीय बन जाता है। कंस ! इसीलिए वे अपनी सफल या असफल वाणीद्वारा तुम्हें शाप देते हैं। कोई कोई तो युद्धमें तुम्हारी मृत्युकी कामना करते भी हैं ॥१२॥

देवास्ते व्यवसितबुद्धयोऽत्र तस्मात् सञ्जाता निजबलसत्त्वपौरुषाद्यैः ।
भूयिष्ठां यदुकुलगां तनुं गृहीत्वा त्वां हन्तुं छलबलतः स्थिता अमर्षैः ॥

'अतः वे देवता यहाँ निश्चित विचार करके अपने बल, सत्व और पौरुष आदिके साथ जन्म ले चुके हैं। उनमें से अधिकांश यदुकुलमें देहधारण करके छल, बल और अमर्षसे तुम्हें मार डालनेके लिए स्थित हैं ॥ १३ ॥

यान् यान् स्वान् स्मरसि सदा त्वमत्र वीर ! तान् सर्वान् स्मर विवशान् रिपून् स्वयं त्वम् ।
काले त्वां विहितबिलं यदा कदापि ते सर्वे यमसदनं नयन्ति विद्धि ॥

'तुम यहाँ जिन-जिनको अपनापनके साथ स्मरण करते हो, उन सबको अभीतक विवश होकर बैठे हुए अपने शत्रु समझो। समय आनेपर जब कभी भी तुममें कोई छिद्र प्रकट होगा—तुम्हारी त्रुटि दिखायी देगी, वीर ! तब वे सब मिलकर तुम्हें यमलोक भेज देगें, ऐसा निश्चय समझो ॥ १४ ॥

अत्रत्याः शृणु यदवोऽन्धकाश्च भौजास्ते शौराः प्रियपुरुषाः स्त्रियश्च तास्ताः ।
देवांशान् स्मर सकलान् वराँश्च गोपान् नन्दाद्यानपि रिपवो ममेति विद्धि ॥

'कंस ! ध्यान देकर सुनो। यहाँ जो. यदु, अन्धक, भोज और शूरसेन वंशमें प्रकट जो प्रिय-पुरुष तथा उनकी स्त्रियाँ हैं, उन सबको तुम देवताओंके अंशसे उत्पन्न समझो तथा जो नन्दादि श्रेष्ठ गोप हैं, उनको भी 'ये मेरे शत्रु हैं'। ऐसा जानो ॥ १५ ॥

त्वं चासीरसुरवरः स कालनेमिः प्राग्दयोनौ प्रथिततरो महाञ्जगत्याम् ।
जानीहि प्रभुवरविष्णुना हतोऽसि यद्दौष्ट्यं ह्यतिमति जीवगं तदाऽभूत् ॥

'तुम पूर्वजन्ममें असुरशिरोमणि कालनेमि थे। उस समय भूमण्डलमें तुम्हारी बड़ी ख्याति थी। जब जोवोंके प्रति तुम्हारी दुष्टता-बुद्धि औचित्यकी सीमाको लांघ गयी तब अत्यन्त सामर्थ्यशाली भगवान् विष्णुने तुम्हें मार डाला था—इस बातको अच्छी तरह जान लो ॥ १६ ॥

देवक्या उदरगतः स शौरिवीर्यात् कृष्णत्वं समधिगतो जनिष्यतेऽत्र ।
कैशोरे निजवयसि प्रवर्तमानः सोऽसौ द्राक् परमबलो वधिष्यति त्वाम् ॥

'वे ही विस्णु वसुदेवके वीर्यसे देवकीके गर्भमें आकर कृष्ण वर्ण एवं कृष्णनामसे प्रसिद्ध होकर यहाँ जन्म लेंगे। जब वे किशोर-अवस्थामें पहुँच जायेंगे, तब अतिशय बलशाली होकर शीघ्र ही तुम्हारा वध कर डालेंगे ॥ १७ ॥

दैत्यैस्तैरसुरनरैर्नरेन्द्रसंज्ञैः पृथ्वीयं कृतवृजिना भृशं निमग्ना ।
भारास्ते किल विषमा अतो निहन्तुं सोद्योगा अमरगणाश्च, भो ! गतोऽहम् ॥

'इधर 'राजा' नामधारी दैत्यों तथा असुर-स्वभाववाले मनुष्योंद्वारा इतना पापाचार किया जा रहा है; कि उसके भारी भारसे यह वसुन्धरा रसातलमें धसती जा रही है। ये सब विषम-भार असह्य है, इसीलिए देवगण तुमको तथा उन असुर-भावापन्न नरेशोंका वध करनेके लिए उद्योगशील हैं। लो ! अब मैं चला ॥ १८ ॥

✓ सर्वात्मन् ! वितर शिवं ब्रुवन् महर्षिर्देवर्षिस्त्वथ परिवादिनीं विनाद्य ।
स्वर्यातो मृदुमधुरै रवैमुरारेर्गायंस्तान् हृदयगतान् गुणान् प्रशंसन् ॥

'सर्वात्मन् कल्याण प्रदान कीजिए।'—ऐसा कहते हुए देवर्षि महर्षि नारद वीणा बजाकर मृदु मधुर स्वरोंमें मुरारिके उन हृद्गत गुणोंका गान एवं प्रशंसा करते हुए स्वर्गलोकको चल दिये ॥ १९ ॥

देवर्षौ गतवति तत्र भोजवीरः कंसोऽसौ मनसि चिरं विमृश्य सर्वम् ।
कर्तव्यं व्यवसितबुद्धिरस्थिरोऽपि ह्युभ्रान्तं दृढमकरोत् स्वमृत्युभीत्या ॥

देवर्षिके चले जानेपर भोजवंशी वीर कंसने चिर कालतक सब बातोंपर मनमें विचार करके अस्थिर होनेपर भी मृत्युके भयसे निश्चित बुद्धि हो अभ्रान्त वन कर्तव्यका दृढ निश्चय कर लिया ॥ २० ॥

( वसंततिलकावृत्तम् )

ये नाम दुष्टपुरुषाः क्षितिपा नृपाश्च सन्तीह लुब्धहृदयाः परदेहगेहे ।
कुर्वन्ति तेऽत्र नहि दुष्करकर्म किं किं तच्छोणितं ह्यपि पिबन्ति स्वकर्मसिद्धम् ॥

इस संसारमें जो दुष्ट जमींदार या राजा पराये धन-जन या देह—गेहमें आसक्त-चित्त होते हैं, वे यहां कौन-कौन-सा दुष्कर्म नहीं करते हैं ? वे अपने कर्मोंसे सिद्ध किया गया दूसरोंका खूनतक पी लेते हैं ।। २१ ।।

( वंशस्थ वृत्तम् )

कंसेन तेनाक्षतवीर्यसंपदा पूर्वं गृहीतौ प्रियपूज्यदम्पती ।
बद्ध्वा भृशं तौ निगडैर्दृढायसैः कारागृहे स्वे निहितौ ससंभ्रमम् ॥

अक्षत बल-सम्पत्तिवाले उस कंसने पहले अपने प्रिय एवं पूज्य दम्पति ( वसुदेव देवकी )को पकड़ लिया और उन्हें सुदृढ लोहेकी बेड़ी-हथकड़ीसे खूब बाँधकर शीघ्र ही कारागारमें डाल दिया ।। २२ ।।

ताभ्यामभूद्यत्प्रतिवत्सरं शिशुर्जघान तं तं स्वयमेव दुष्टधीः ।
इत्थं तयोः षट्शिशवो विनाशिताः कालः करालोऽथ बभूव दत्तभीः ॥

उन दोनोंसे वहाँ प्रति वर्ष जो-जो बालक उत्पन्न होता उसे दुष्ट बुद्धि कंस स्वयं अपने हाथों मार डालता था। इस प्रकार उनके छः शिशु विनष्ट कर दिये गये। इस पापसे बढ़ा हुआ काल विकराल होकर कंसको भय देने लगा ।। २३ ।।

विरुध्य पश्चाद्यदुभोजवृष्णिभिर्ये तत्र सन्ति स्म सुशीलसाधवः ।
हन्ति स्म तांस्तानपि तुच्छधीरयं प्रमथ्य वीर्येण रुषा च दुर्मदः ॥

तत्पश्चात् तुच्छ बुद्धिवाले इस दुर्मद कंसने यदु, भोज और वृष्णिवंशके लोगोंसे विरोध ठानकर उनमें जो सुशील तथा साधु-पुरुष थे, उन सबको अपने रोष और बल-वीर्यसे मथ कर मार डाला।। २४ ।।

स्वं चोग्रसेनं पितरं विगृह्य हा ! प्रक्षिप्य कोष्ठे बलदर्पतो हि सः ।
राज्यं स्वयं माथुरशौरसेनयोश्चकार दुष्टैर्मिलितो भृशं खलः ॥

औरोंकी तो बात ही क्या है ? उस दुष्टने बलके घमण्डमें आकर अपने पिता राजा उग्रसेनको भी पकड़ कर एक कमरेमें नजर बन्द कर लिया और स्वयं दुष्ट असुरोंसे मिल कर माथुरमण्डल तथा शूरसेन जनपदका राज्य करने लगा ।। २५ ।।

आसन् सखायोऽपि तथैव तस्य ते यथा स आसीदतिदुष्टनिर्घृणः ।
कुर्वन्त उद्योगमनेकदुःखदं द्रोहात्मकं ये प्रथिताः समन्ततः ॥

जैसे राजा कंस अत्यन्त दुष्ट तथा निर्दय था, वैसे ही उसके सहायक मित्र भी थे। वे अनेक दुःखदायक द्रोहात्मक उद्योग करते हुए चारों ओर अपने कुकर्मके कारण विख्यात थे। ।। २६ ।।

प्रलम्बचाणूरमहाशनादिका दुष्टास्तृणावर्तबकाः सधेनुकाः ।
ते मुष्टिकारिष्टबकीहयादयः प्रिया वयस्याः परितस्तमाश्रयन् ॥

वे प्रलम्ब, चाणूर, महाशन आदि (अघासुर) दुष्ट, तृणावर्त, धेनुक, मुष्टिक, अरिष्ट, पूतना तथा केशी आदि असुर उसके प्रिय मित्र थे और उसे चारोंओरसे घेरे रहते थे ॥ २७ ॥

(अनुष्टुप्)

आसीत्तच्छ्वशुरो मित्रं जरासन्धो महाबलः ।
बाणश्चाऽप्रतिमो लोके चैद्यश्चाऽन्ये नृपास्तथा ॥

उसका श्वसुर महाबली जरासन्ध भी उसका मित्र था। लोकमें जिसकी कहीं तुलना नहीं थी, वह बाणासुर तथा शिशुपाल आदि अन्य नरेश भी उसके सहायक थे ॥ २८ ॥

यस्य बुद्धिर्बलं शक्तिर्यादृश्यस्ति धरातले ।
तादृशी तस्य मिलति दैवतः सहयोगिता ॥

भूतल पर जिसकी बुद्धि, बल और शक्ति जैसी होती हैं, दैववश उसके वैसे ही सहयोगी भी मिल जाते हैं ॥ २९ ॥

अनेन नियमेनैव जगत्यां ये तदाऽभवन् ।
दुष्टाः क्रूराश्च राजानः संगतास्तादृशामुना ॥

इसी नियमके अनुसार पृथ्वीपर उस समय जो-जो दुष्ट और क्रूर राजा थे, वे सब वैसे ही स्वभाववाले कंससे मिल गये थे ॥ ३० ॥

यान् समाश्रित्य दुर्मेधाः कंसोऽसौ यदुवृष्णिगान् ।
वृद्धान् वीरांश्च सद्वृत्ताञ्जघान भयतो भृशम् ॥

उसका सहारा लेकर दुर्बुद्धि कंसने यदुवंशी तथा वृष्णिवंशी वृद्ध-पुरुषोंको, जो वीर और सदाचारी भी थे, अत्यन्त भयके कारण मार डाला ॥ ३१ ॥

(वसंततिलकावृत्तम्)

दुष्टैः खलैश्च बहुभिः श्रितघोरवृत्तैस्ते पीडितास्तत इमे यदुवृष्णिवीराः ।
स्वान् स्वान् विगृह्य विविशुः कुरुकेकयांश्च शाल्वान् विदर्भनिषधानथ कोसलांश्च ॥

घोरवृत्तिका आश्रय लेनेवाले बहुसंख्यक दुष्ट और खलोंसे पीडित हो, ये यदुवंशी और वृष्णिवंशी वीर अपने-अपने परिवारको लेकर कुरु, केकय, शाल्व, विदर्भ, निषध और कोशल-जनपदोंमें चले गये ॥ ३२ ॥

( अनुष्टुप् )

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
व्यगमत् सप्तमः सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें सातवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ३३ ॥



# अष्टमः सर्गः

[ देवकीगर्भेऽनन्तप्रवेशः । मायेशयो संवादः । गर्भसङ्कर्षणञ्च । तथा
भगवतो वसुदेववीर्यतो देवकीगर्भप्रवेशश्च ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

कंसेन बालेषु हतेषु षट्सु हा ! बृद्धेष्वधर्मेषु जगत्सु विस्तृतम् ।
नश्यत्सु बृद्धेषु सुदुःखितेष्वभूद् भ्रश्यत्सु धर्मेषु च दुर्गतिः सताम् ॥

कंसने जब देवकीके छः बालकोंकी शोकजनक हत्या कर डाली, जगत्में अधर्मकी विस्तृत बृद्धि होने लगी, बड़े-बूढ़े लोग नष्ट एवं अत्यन्त दुःखित हो गये और धर्मका नाश होने लगा, तब साधु-सन्तोंकी बड़ी दुर्गति हुई ॥ १ ॥

हर्तुं स्थितिं तां भवभीतिदां तथा कर्तुं च लीलां बुधचित्तगां सदा ।
कृष्णावतारोपचिता हरेः कला तद्देवकीगर्भगता बभौ यदा ॥

उस समय उस भवभीति दायिनी अवस्थाका निराकरण तथा विद्वानोंके लिये सतत चिन्तनीय लीलाका विस्तार करनेके लिए श्रीहरिकी कृष्णावतारोपयोगिनी कला माता-देवकीके गर्भमें प्रविष्ट हो, शोभा पाने लगी ॥ २ ॥

वदन्ति यां शेष इति स्वभावतः सहस्रशीर्षा पुरुषो हि यश्च सः ।
अलौकिकं ज्ञानमनन्तमस्य यद्विराजतेऽनन्त इति ब्रुवन्त्यतः ॥

यह वह कला थी, जिसको शेष कहते हैं और जो स्वभाविक रूपसे सहस्रशीर्षा ( सहस्र-मस्तकधारी ) पुरुष हैं। इनका अलौकिक एवं अनन्त ज्ञान प्रकाशित होता है, इसी लिए विद्वान् पुरुष इन शेषको 'अनन्त' कहते हैं ॥ ३ ॥

तस्मिन् प्रभौ गर्भगते विभुर्हरिर्भीतानपश्यत् खलकंसतो यदून् ।
तान्निर्भयान् कर्तुमना मनागसौ मायामवोचन्निजशक्तिमव्ययाम् ॥

प्रभु शेषके गर्भगत हो जानेपर सर्वव्यापी श्रीहरिने देखा—समस्त यादव दुष्ट-कंसके भयसे पीड़ित हैं। तब उन्हें निर्भय करनेकी इच्छा मनमें लेकर उन भगवान्ने अपनी अविनाशिनी शक्ति योगमायासे थोड़ेमें इस प्रकार कहा—॥ ४ ॥

त्वं योगमाये ! शृणु मद्वचो हितं शीघ्रं व्रजं गच्छ मनोहरं त्वितः ।
गोपैश्च गोपीभिरधिष्ठितं श्रिया गोभिर्वृषैर्भूषितमञ्जसा कुरु ॥

'योगमाये ! तुम मेरा हितकर वचन सुनो। यहाँसे शीघ्र ही महोहारिणी व्रजभूमिको चली जाओ। वहाँ गोप और गोपियाँ निवास करती हैं तथा वह गायों और बैलोंसे विभूषित है। तुम अनायास ही उस व्रजको लक्ष्मीसे सम्पन्न कर दो ॥ ५ ॥

शौरेः प्रिया तत्र विराजते भृशं सा रोहिणी नन्दगृहं गता स्थिता ।
अन्यास्तथाऽन्ये च हिताः प्रियव्रताः सेव्यं तमाश्रित्य वसन्ति निर्भयाः ॥

'व्रजमें वसुदेवजीकी प्रिय-पत्नी रोहिणी नन्दरायके गृहकी शरण लेकर रहती हैं और अतिशय शोभा पाती हैं। उनकी अन्य स्त्रियाँ तथा अन्यान्य हितैषी प्रिय-व्रत जन भी उस सेव्य व्रजका आश्रय ले वहाँ निर्भय हो निवास करते हैं ॥ ६ ॥

तां देवकीगर्भगतां कलां शुभे ! । ममेति जानीहि पदानुगां सदा ।
विकृष्य तस्या उदरे यथासुखं निवेशय त्वं ह्यसि यत्पटीयसी ॥

'शुभे ! देवकीजीके गर्भमें जो कला निवास करती है, उसे तुम सदा मेरे ही चरणोंका अनुसरण करनेवाली मेरी 'अनन्त' नामक कला समझो। उसे तुम देवकीके उदरसे खींचकर सुखपूर्वक रोहिणीके गर्भमें स्थापित कर दो। तुमसे इस लिए कहता हूँ कि तुम इस कलामें अत्यन्त पटु हो ॥ ७ ॥

ततस्त्वहं तद्वसुदेववीर्यतस्तां देवकीमेव सुखं समास्थितः ।
तद्गर्भतः पूर्णकलां समाश्रितः प्रादुर्भविष्यामि सुतस्वरूपतः ॥

तत्पश्चात् मैं उन वसुदेवजीके वीर्यसे उन्हीं देवी-देवकीके ही गर्भमें सुखपूर्वक स्थित हो अपनी सम्पूर्ण कलाओंको साथ लिए उस गर्भसे उन दोनोंके पुत्ररूपसे प्रकट होऊँगा ॥ ८ ॥

त्वं देवि ! तत्रैव जनिष्यसे ततो यशोदया तत्पतिनन्दवीर्यतः ।
आवां तदा गोकुलमण्डले तथा वृन्दावनेऽस्मिन् विहराव ईश्वरि ! ॥

'देवि ! ईश्वरि ! उस समय तुम भी उसी व्रजमें यशोदाद्वारा उनके पति नन्दरायजीके वीर्यसे जन्म ग्रहण करोगी। फिर हम दोनों गोकुल-मण्डल तथा वृन्दावनमें लीलाविहार करेगें ॥ ९ ॥

एतन्निमित्तं मनुजा धरातले धूपोपहारर्बलिभिर्विभूतिभिः ।
अर्चन्ति नित्यं फलदां वरेश्वरीं त्वां तुष्टिदां भक्तजनानुकम्पिनीम् ॥

'तुम्हारे ऐसा करनेके कारण भूतलपर मनुष्य धूप आदि उपहार, बलि एवं वैभवके द्वारा नित्य तुम्हारी पूजा करेंगे। क्योंकि तुम मनोवाञ्छित फल देनेवाली, वरदान देनेमें समर्थ, सबको सन्तोष देनेवाली तथा भक्तजनोंपर अनुग्रह करनेवाली हो ॥ १० ॥

कुर्वन्ति नामानि च ते यथा तथा स्थानानि निर्माय च मन्दिराणि ते ।
निरीक्षिता हृष्टहृदः शुभे ! त्वया त्वां स्थाप्य चित्ते विहरन्ति ये सुखम् ॥

'भूलोकनिवासी तुम्हारे लिए स्थानों और मन्दिरोंका निर्माण करके यथायोग्य समुचित नाम रखेंगे । शुभे ! तुम्हारी कृपा-दृष्टि पड़नेपर उन सबके मन प्रसन्न हो जायेंगे और लोग तुम्हें अपने हृदय-मन्दिरमें स्थापित करके सुखपूर्वक विचरेंगे ॥ ११ ॥

त्वं भद्रकाली विजया च चण्डिका कृष्णा च दुर्गा कुमुदाऽम्बिका शिवा ।
नारायणी दिव्यविभूतिरीश्वरी कन्या च माया शुभदेति कथ्यसे ॥

लोगोंद्वारा तुम भद्रकाली, विजया, चण्डिका, कृष्णा, दुर्गा, कुमुदा, अम्बिका, शिवा, नारायणी, दिव्य-विभूति, ईश्वरी, कन्या, माया और शुभदा आदि नामोंसे पुकारी जाओगी ॥ १२ ॥

सा गर्भसंकर्षणगा कला व्रजे प्राप्नोति सिद्धिं महतीं स्वयं ततः ।
वदन्ति यां राम इति प्रभुर्ह्यसौ यदत्र कर्ता स्वजनानुरञ्जनम् ॥

'तुम्हारेद्वारा गर्भसे खींचकर व्रजमें ले जायी गयी वह मेरी कला वहाँ स्वतः महती सिद्धिको प्राप्त होगी । उसे लोग राम या बलराम कहेंगे । वे बलराम प्रभु वहाँ रहकर स्वजनोंका अनुरंजन ( प्रीति सम्बर्द्धन ) करेंगे' ॥ १३ ॥

आज्ञां जगद्भर्तुरहार्यरूपिणीं लीलामयीं तां प्रतिगृह्य चिन्मयीम् ।
पृथ्वीं गता सा स्वविभूतितोऽञ्जसा चकार सर्वं प्रियवस्तु तादृशम् ॥

विश्वम्भर श्रीहरिकी उस अहार्य-शक्तिरूपिणी लीलामयी एवं चिन्मयी आज्ञाको स्वीकार करके देवी योगमाया पृथ्वीपर उतर गयीं और अपने वैभवसे—अघटित घटना घटन पटीयसी शक्तिसे अनायास ही सब कुछ उनके कथनानुसार सम्पन्न कर दिया । यह भगवान्‌के लिए प्रियकारक वस्तु थी ॥ १४ ॥

बभूव संयोग इहेदृशो यदा पत्युश्च पत्न्याश्च सुयोगकाङ्क्षिणोः ।
संमेलने तद्वसुदेवगं महो दधार रोहिण्यपि सा क्षणात्ततः ॥

जब ऐसा संयोग हुआ, एक दूसरेसे मिलनेकी इच्छा रखनेवाले पति और पत्नीका संगम हुआ ( आज कलकी भाँति पहले भी कैदियोंसे उनके स्वजन मिल सकते थे तदनुसार वसुदेव और रोहिणीका संयोग होनेपर ) वसुदेवके तेजको देवी रोहिणीने क्षण भरमें धारण कर लिया ॥ १५ ॥

अमुं सुयोग्याऽवसरं विगृह्य सा मायाऽप्यभूद् गर्भविकर्षणे क्षमा ।
तद्देवकीगर्भगतोऽप्यसौ शिशुस्तयैव तस्या उदरे प्रवेशितः ॥

इस योग्य अवसरको पाकर योगमाया भी देवकीके गर्भका विकर्षण करनेमें समर्थ हुई। उसोने देवकीके गर्भ-गत शिशुको रोहिणीके उदरमें प्रविष्ट कर दिया ॥ १६ ॥

विभ्रंशितः सप्तमगर्भ ईदृशी जनश्रुतिः सा प्रससार सर्वतः ।
तैलं यथा वारिषु तत्क्षणादहो ! प्राप्तो जनैः प्रत्यय ईशमायया ॥

फिर तो चारों-ओर ऐसी किम्वदन्ती फैल गई कि देवकीका सातवाँ गर्भ गिर गया। जैसे जलमें तेल फैलता है, उसी प्रकार यह समाचार तत्क्षण सब ओर व्याप्त हो गया। अहो ! ईश्वरकी मायाके प्रभावसे लोगोंने इसपर विश्वास कर लिया ॥ १७ ॥

अतः परं दिव्यविभूतिमाश्रितो हरिः शरण्योऽभयदः सतां गुरुः ।
प्रविष्टवानानकदुन्दुभेर्मनः स्वांशेन पूर्णेन विशुद्धमुन्नतम् ॥

इसके बाद दिव्य विभूतिका आश्रय लेकर सबको अभय देनेवाले शरणागतवत्सल तथा साधु-सन्तोंके गुरु श्रीहरिने अपने पूर्ण अंशके साथ वसुदेवके विशुद्ध एवं उन्नत हृदयमें प्रवेश किया ॥ १८ ॥

तयोर्विहारे तत आत्मगं महो न्यधात् स पत्न्या उदरेऽतिनिर्मले ।
तद्धारयन्ती शुशुभेऽथ देवकी प्राचीव चन्द्रं ह्यदितिर्विभुं यथा ॥

तदनन्तर उन दम्पतिके विहार कालमें वसुदेवने अपना तेज, अपनी पत्नी-देवकीके अत्यन्त निर्मल उदरमें स्थापित कर दिया। उस गर्भको धारण करके देवकी चन्द्रमाको गर्भमें लेनेवाली प्राची तथा भगवान् वामनको उदरमें धारण करनेवाली देवी अदितिके समान सुशोभित हुईं ॥ १९ ॥

श्रुत्वा चरैस्तामतिदिव्यरूपिणीं ज्वलत्प्रभां गर्भभरालसां पुनः ।
संभ्रान्तचित्तो भयवेगमूर्च्छितः कंसोऽथ कारागृहमागमद् द्रुतम् ॥

तदनन्तर अपने चरोंके मुँहसे उन देवकीको फिर भी अतिशय दिव्यरूपकी एवं अपनी कान्तिसे ही जगमगाती और गर्भके भारसे अलसाई हुई सुनकर अत्यन्त भ्रान्त चित्तका हो, भयके वेगसे मूर्छित-सा हुआ वह कंस तुरन्त उसी कारागृहमें आ पहुँचा ॥ २० ॥

दृष्ट्वेदृशीं तां भयदायिनीमितः स तर्कयामास तदा हृदन्तरे ।
मन्मृत्युरस्या उदरं समाश्रितः स एव नूनं न पुरेदृशी यतः ॥

देवकी कंसके लिए भयदायिनी प्रतीत होने लगी। उसे ऐसी तेजस्विनी देख कंसने मन ही मन अनुमान कर लिया कि मेरी मृत्युका कारणभूत शिशु अब इसके उदरमें आया है। निश्चय ही यह वही है। क्योंकि पहले यह ऐसी दीप्तिमती नहीं दिखाई देती थी ॥ २१ ॥

किं घातयेऽहं भगिनीमिमां सतीं किं वा स्वयं हन्म्यधुना स्वमृत्युदाम् ? ।
यद्वा विहन्याद्वितनूर्विधारिणीं स्त्रियं बुधः कोऽत्र ? खलस्तु नास्म्यहम् ॥

क्या मैं सती बहनको मरवा डालूँ अथवा अपनेको मृत्यु प्रदान करनेवाली इस देवकीको स्वयं ही मार डालूँ ? अथवा दो शरीर-धारण करनेवाली गर्भवती स्त्रीको कौन विद्वान् मारेगा ? मैं ऐसा खल तो नहीं हूँ ॥ २२ ॥

जीवंस्तु कोऽज्ञोऽपि कुकर्म चेदृशं करोत्यहो ! यत्र शपन्ति तं जनाः ।
गन्ता मृते घोरतमो दशाद्वये विगर्हितं यत् खलु मृत्युतो महत् ॥

अहो ! कौन मूर्ख भी जीते जी ऐसा कुकर्म करेगा, जिसके लिए लोग उसे कोसेंगे, गालियाँ देंगे अथवा शाप देंगे और मरनेपर उसे घोर अन्धकारपूर्ण नरकमें गिरना पड़ेगा। जो दोनों दशाओंमें गर्हित है। वह कर्म तो मृत्युसे भी बढ़कर भयदायक है ॥ २३ ॥

तदस्तु जाते ह्युदरस्थबालके तं हन्म्यहं चेति विचार्य यत्नतः ।
बधान्निवृत्तोऽथ मनस्तु तस्य तद्भ्यासीद् भृशोद्विग्नमहो ! प्रतिक्षणम् ॥

अस्तु, अब बहिनका वध नहीं करना है। इसके उदरका बालक जब जन्म लेगा, तब उसे ही मार डालूँगा। यत्नपूर्वक ऐसा विचार करके वह देवकीके वधसे विरत हो गया। परन्तु उसका मन क्षण-क्षणमें अत्यन्त उद्विग्न रहने लगा ॥ २४ ॥

भुञ्जान आसीन इतस्ततो व्रजन् भ्रमन् पिबंश्चैकमना भयादतः ।
तं संस्मरन्मृत्युस्वरूपमात्मनो दधार चित्ते च विकल्प्य भाविनम् ॥

वह खाते-पीते, उठते-बैठते और चलते-फिरते उस बालकके भयसे एकाग्रचित्त हो, अपने मृत्युस्वरूप उस शिशुका स्मरण करता हुआ चित्तमें उसके भावीरूपकी कल्पना करके उसको निरन्तर धारण किये रहता था ॥ २५ ॥

निरीक्ष्य तस्या उदरं गतं हरिं ब्रह्मर्षिदेवर्षिसुरानुगस्ततः ।
ईशानमादाय समं तदागतस्तुष्टाव गीर्भिर्वरदं पितामहः ॥

देवकीके उदरमें श्रीहरिका निवास हुआ देख अपने पीछे ब्रह्मर्षियों तथा देवताओंका समूह लिये भगवान् शङ्करके साथ पितामह-ब्रह्मा वहाँ आये और अपनी वाणी द्वारा उन वरदायक प्रभुका स्तवन करने लगे ॥ २६ ॥

सत्याश्रयं सत्यपरं स्वभावतः सत्यात्मकं त्वां शरणं गता वयम् ।
निवेदयामो भगवन्त्वमाश्रिता माऽभूद्भयं भोजपतेर्भवेश्वर ! ॥

'अखिल ब्रह्माण्डनायक जगदीश्वर ! आप सत्यके आश्रय हैं, सत्य-परायण हैं, स्वभावतः सत्यरूप हैं, हम सब लोग आपकी शरणमें आये हैं। आप भगवान्‌का ही आश्रय लेनेवाले हम आपसे यह निवेदन करते हैं कि 'अब भोजराज कंससे किसीको भय न होने पावे' ॥ २७ ॥

अन्येऽवतारा इव भाव्ययं प्रभो ! माऽभूद् भवेत्पूर्णकलाप्रवेशितः ।
लीलाविहारे विहिते विचारिते स्यान्मुक्तिदायी स्मरतां, गता वयम् ॥

'दूसरी प्रार्थना यह है कि प्रभो ! अन्य अवतारोंकी भाँति आपका यह भावी अवतार आंशिक न हो। इसमें आपकी संपूर्ण कलाओंका प्रवेश होना चाहिए। इसकेद्वारा लीला-विहार किये जाने पर जब उसका चिन्तन किया जाय तो वह चिन्तन-परायण भक्तोंको मुक्ति-प्रदान करनेवाला होवे। अब हम लोग चले ॥ २८ ॥

तद्‌गर्भगं हरिमनश्वरमीश्वरं तं स्तुत्वा नभस्त इह धातृमुखाः सुरास्ते ।
जग्मुर्यथागतमथ प्रचुरां मुदं सा सार्धं शुभेन हरिणा दधती रराज ॥

वे ब्रह्मा आदि देवता इस प्रकार आकाशसे ही उन गर्भ-गत, अविनाशी ईश्वर श्री हरिकी स्तुति करके जैसे आये थे, वैसे ही अपने धामको चले गये। इधर देवकी कल्याण-स्वरुप श्री हरिके साथ ही अपने भीतर प्रचुर परमानन्द धारण करती हुई अतिशय शोभा पाने लगीं ॥ २९ ॥

( अनुष्टुप् )

अभवच्छोभनं सर्वं नभः शान्तं धरा सुखी ।
चराचरात्मकं विश्वं प्रसन्नं भाविश्रेयसि ॥

निकट भविष्यमें होनेवाले उस श्रेय ( हरि-प्रादुर्भाव ) के समय सब कुछ शोभन हो गया। आकाश शान्त और भूमण्डल सुखी हो गया। तथा चराचर विश्वमें प्रसन्नता छा गयी ॥ ३० ॥

पञ्चविंशमिते वर्षेऽवशिष्टे शतपूर्वके ।
द्वापरस्यान्तिमे भागे प्रादुरासीद्धरिस्ततः ॥

जब द्वापर-युगका अन्तिम भाग व्यतीत होनेमें कुल एक सौ पचीस वर्ष शेष रह गये थे, तब श्रीहरिका प्रादुर्भाव हुआ था ॥ ३१ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
व्यगमच्चाष्टमः सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें आठवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ३२ ॥

◆

# नवमः सर्गः

[ भगवत आविर्भावः । मातृपितृभ्यां कृता तत्स्तुतिः । भगवता
तयोः कर्मनिर्देशः । ताभ्यां तथैवाचरणञ्च । ]

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

कालः करोति सकलं बलवान् महान् सः सर्वं जगन्नयति यो विकरालगर्तम् ।
कर्तुं ह्यकर्तुमिह कर्तुमथा न्यथा च यः सर्वदा प्रभवतीशहरिः स एव ॥

काल ही सब कुछ करता है। वह महान् बलवान् है, वही सारे जगत्को विकराल गर्त ( प्रलय ) की ओर ले जाता है। वह सदा करने, न करने और अन्यथा करनेमें समर्थ है। वह काल ही सर्वेश्वर श्रीहरि है ॥ १ ॥

प्रादुर्भवन् स इह किं न भवेच्छुभेष्टं यः कोऽपि शक्तिसदृशं विकरोत्यभीष्टम् ।
पूर्णाः कला अविकलाः श्रयता ह्यनेन किं किं न साधितमहो ! धरणीं गतेन ? ॥

जब वे ही भगवान् यहाँ प्रकट हो रहे हों, तो कौन सा शुभ और अभीष्ट कार्य सिद्ध न होगा। कोई भी क्यों न हो, सभी अपनी शक्तिके अनुसार अभीष्ट वस्तुका सम्पादन करते हैं। अहो ! अपनी सम्पूर्ण अविकल कलाओंका आश्रय लेकर भूतलपर अवतीर्ण हुए इन भगवान् श्री हरिने कौन-कौन-सा कार्य सिद्ध नहीं किया ? ॥ २ ॥

सर्वं सुभिक्षमभवद्धरिजन्मकाले त्रैलोक्यमेव सकलं सकलं बभूव ।
रामा रमा रमणकृष्णपदाब्जसङ्गं ह्याकाङ्क्षती जगति तुष्टमना अखेलत् ॥

भगवान्के अवतारके समय सव प्रकारसे जगत्में सुभिक्ष ( सुकाल ) छा गया था। सारी त्रिलोकी ही सकल कलाओंसे सम्पन्न हो गई। अपने प्रियतम श्रीकृष्णचन्द्रके चरणारविन्दका सङ्ग चाहती हुई प्रिया लक्ष्मी संसारमें संतुष्ट चित्त होकर क्रीडा करने लगी ॥ ३ ॥

सार्धं तयैव सरितश्च दिशश्च सर्वा देवी मही च निजशक्त्युपबृंहितास्ताः ।
तुष्टा मुदा मुमुदिरे भुवि भूत वर्गा देवाश्च ते दिवि तदा सुखिनो ह्यभूवन् ॥

लक्ष्मीके साथ ही सरितायें, सम्पूर्ण दिशायें तथा देवी वसुन्धरा भी अपनी बढ़ी हुई शक्तिसे सम्पन्न हो गई। भूतलके भूत-समुदाय सन्तोष एवं आनन्दका अनुभव करने लगे। स्वर्गलोकके देवता भी उस समय पूर्ण सुखी हो गये ॥ ४ ॥

तौर्यत्रिकं समुदभूदथ नाकलोके तं तुष्टुवुः सुमनसो मुनयश्च सिद्धाः ।
देवा ववर्षुरधिसिन्धु मुदा तदानीं देवस्त्रियः ससुखमप्सरसस्त्वनृत्यन् ॥

फिर तो स्वर्गलोकमें दिव्य वाद्य बजने लगे। देवता मुनि और सिद्धगण भगवान्की स्तुति करने लगे। पर्जन्य-देवता प्रसन्न हो सागरमें वर्षा करने लगे। उस समय देवाङ्गनायें और अप्सरायें सानन्द नृत्य करने लगीं ॥ ५ ॥

कृष्णाष्टमी तिथिरभूद्धरिजन्मकाले भाद्रस्य चातिशुशुभे च निशीथवेला ।
तद्गर्भतोऽथ भगवान् हरिरीश्वरोऽसौ प्रादुर्बभूव निशि पूर्वदिशीव चन्द्रः ॥

श्री हरिके जन्मके समय भाद्रपद मासकी कृष्णपक्षीया अष्टमी तिथि थी और अर्द्धरात्रिकी वेला अतिशय शोभा पा रही थी। जैसे रातमें पूर्व दिशामें चन्द्रोदय होता है, उसी प्रकार उस अर्द्धनिशामें जगदीश्वर भगवान् श्रीहरि देवकीके गर्भसे प्रकट हुये ॥ ६ ॥

आसीद् भृशं कुसुमवृष्टिरितस्ततोऽत्र कारागृहेऽमरगणैर्विहिता नभस्तः ।
वायुः सुगन्धमसृजज्ज्वलनो मुनीनां जज्वाल धूमरहितः स्वत एव शान्त्या ॥

उस कारागारमें आकाशसे देवताओं द्वारा की गई इधर-उधर भारी पुष्पवर्षा हुई। मन्द-मन्द वायु सुगन्धकी सृष्टि करने लगी और मुनियोंके अग्निहोत्र-गृहमें धूमरहित अग्निदेव स्वयं ही शान्ति पूर्वक प्रज्वलित हो उठे ॥ ७ ॥

तद्रूपमुज्ज्वलमशोभत शान्तिदायि सच्चिन्मयं गुणमयं सकलार्थसारम् ।
आनन्दधाम शुभदं अतिनीलवर्णं ज्ञानप्रदं नयनवर्धनमार्तिहारि ॥

भगवानका वह शान्तिदायक उज्वल रूप बड़ी शोभा पाने लगा। वह सच्चिदानन्दमय कल्याण गुणमय सर्वार्थिसार, आनन्दनिकेतन, मङ्गलदायक, ज्ञानप्रद तथा अतिशय नीलवर्ण था। वह नयनोंका आनन्द बढ़ानेवाला और दुःखको दूर कर देनेवाला था ॥ ८ ॥

आपादमस्तकविभूषितमार्तिभाजां ध्येयं चतुर्भुजमवाच्यममेयमीदृक् ।
शान्तिप्रदं परिकरैः सहितं चिदंशैः पीताम्बरं सकलभूषणभूषिताङ्गम् ॥

पैरसे लेकर मस्तकतक उसके सारे अंग दिव्य आभूषणोंसे विभूषित थे। पीड़ित जनोंका चिन्तनीय वह रूप चार भुजाओंसे युक्त अनिर्वचनीय और अप्रमेय था। जगत्को शान्ति-प्रदान करनेवाला तथा चिन्मय परिकरोंसे सेवित था। उसके श्रीअङ्गोंपर पीताम्बर शोभा पा रहा था और सब प्रकारके आभूषण उसके अङ्गोंकी शोभा बढ़ा रहे थे ॥ ९ ॥

दृष्ट्वेदृशं स वसुदेव उदारभावो भूमिं गतेन शिरसानमदव्ययं तम् ।
सञ्जातविस्मय इहाऽद्य तु पुत्रतीर्थे दानं गवामयुतमस्मरदुन्नतोऽसौ ॥

भगवानका ऐसा रूप देखकर उदार भाववाले वसुदेवने धरतीपर मस्तक टेककर उन अविनाशी प्रभुको प्रणाम किया। वे आश्चर्य चकित हो रहे थे। और इस पुत्र-तीर्थमें उस समय उन्होंने उत्साहित होकर दस हजार गौओंके दानका संकल्प किया ॥ १० ॥

अस्तौदमुं तत इतः प्रतिलब्धबोधो दृग्दीक्षयैव विनिवारितमूढवृत्तिः ।
सञ्जातगद्गदवचाः स उदारभावो जानन् परं पुरुषमात्ममयं विभुं तम् ॥

तदनन्तर भगवानसे ही उन्हें बोध प्राप्त हो गया। दृग्दीक्षा द्वारा ही उनकी मूढ़ वृत्तिका निवारण हो गया था। उदारचेता वसुदेव उन्हें सर्वव्यापी आत्मस्वरूप परम पुरुष जानकर गद्गद वाणीद्वारा उनकी स्तुति करने लगे ॥ ११ ॥

त्वं निर्गुणोऽपि सगुणः समभूः स्वभक्तान् संस्थापय स्वचरणे जय सद्गुणाढ्यः ।
ज्ञातोऽसि भक्तहृदयैश्च मयाऽन्तरात्मा साक्षी भवान् पुरुष आद्य इहाऽवतीर्णः ॥

प्रभो ! आप निर्गुण होकर भी सगुण हो गये। अब भक्तोंको अपने चरणोंकी छाया-में स्थापित कीजिये। सद्गुणसम्पन्न परमेश्वर आपकी जय हो। जिनके हृदयमें भक्ति-भाव भरा है, उन भक्तोंके साथ मैंने भी यह जान लिया है कि आप सबके अन्तर्यामी आत्मा साक्षी और आदिपुरुष ही यहाँ इस रूपमें अवतीर्ण हुए हैं ॥ १२ ॥

सत्त्वं श्रयन् भवसि शुक्ल इहाऽव्ययस्त्वं विश्वस्य पालनविधौ विहितानुकम्पः ।
सृष्टौ रजः श्रयसि दुष्टविनाशरक्तः कृष्णीभवन् विजयसे यदसीह कृष्णः ॥

जब आप सत्त्वगुणका आश्रय लेते हैं, तब यहाँ शुक्लवर्णके हो जाते हैं। उस रूप-में ही आप अविनाशी प्रभु विश्वके पालन-कार्यमें संलग्न होते हैं तथा सबके ऊपर कृपा बनाये रखते हैं। सृष्टि-कालमें रजो-गुणका आश्रय लेते हैं। और तब दुष्टोंके विनाशमें संलग्न होनेपर गुणका आश्रय ले कृष्णवर्णके हो जाते हैं। इस समय यहाँ कृष्णरूपमें ही जो आप विजयी हो रहे हैं ॥ १३ ॥

संहर्तुमुग्रपुरुषान् क्षितिभारभूतान् मत्तो भवान् समुदभूत कृपयाऽत्र देव ! ।
श्रुत्वा स्वरक्षकजनैरधुना सशस्त्रो ह्यागत्य कंस इह नाशयिता दयस्व ॥

देव ! पृथ्वीके भारभूत दुष्ट-पुरुषोंका संहार करनेके लिये आप कृपा-पूर्वक मुझसे उत्पन्न हुए हैं। इस समय इस समाचारको सुनकर कंस अपने रक्षकोंके साथ सशस्त्र आकर आपका कुछ अनिष्ट कर देगा। अतः कुछ करनेकी कृपा कीजिये ॥ १४ ॥

दृष्ट्वा परं पुरुषमात्मसुतं तदानीं तुष्टाव गीर्भिरमलाभिरथाऽत्र हृष्टा ।
सा देवकी तदनु गद्गदवाक् सुभीता कंसाद्विशंसनपरादतिशुद्धचित्ता ॥

उधर देवकी भी परमपुरुष परमात्माको अपने पुत्रके रूपमें प्रकट हुआ देख हर्षसे उत्फुल्ल हो उठी और उस समय हत्यारे कंससे अत्यन्त डरी हुई होनेके कारण अत्यन्त शुद्ध चित्त हो निर्मल वाणी द्वारा गद्गद होकर उनकी स्तुति करने लगी ॥ १५ ॥

विश्वं सृजन्नुभयरूपमिदं त्वमेव तद्ब्रह्म निर्गुणमसीश्वर ! लीलयैव ।
भूत्वा स्वयं सगुण ईदृशरूपधारी लीलां तनोषि बहुधा समयानुसारी ॥

प्रभो ! चर और अचर उभयरूपवाले इस विश्वकी आप लीलापूर्वक ही सृष्टि करते हैं। परमेश्वर ! आप ही वह निर्गुण ब्रह्म हैं और स्वयं सगुण होकर ऐसा रूप धारण करके समयका अनुसरण करते हुए नाना प्रकारकी लीलाका विस्तार करते हैं ॥ १६ ॥

शेषोऽसि शेष इह चाऽव्यय, ईशकालो यच्चेष्टया चलति विश्वमिदं सदैव ।
मृत्योर्भयाच्छरणमेत्य भवेश ! मर्त्यः शान्ति समेति पदमाप्य विभो ! तवैव ॥

हे ईश ! प्रलयकालमें आपही यहाँ शेष रह जाते हैं, इसलिये शेष कहे जाते हैं। आप ही अविनाशी काल हैं, जिसकी चेष्टासे यह विश्व सदा ही चलता रहता है। जगदीश्वर प्रभो ! मरणधर्मा मनुष्य मृत्युके भयसे आपके ही शरणमें आकर—आपकी ही चरणोंका सहारा पाकर शान्तिलाभ करता है ॥ १७ ॥

त्रस्ता वयं सततदुष्टहृदोऽत्र कंसात् त्रायस्व नाथ ! शरणागतरक्षकोऽसि ।
विद्यान्न ते जनुरपीश ! स गर्भतो मे कारागृहेऽभवदिति स्वजनाच्छ्रुतेऽपि ॥

हमलोग यहाँ सदा ही दुष्टतापूर्ण हृदय रखनेवाले कंससे डरे हुए हैं। नाथ ! आप शरणागतके रक्षक हैं। अतः हमारी रक्षा कीजिये। ईश्वर ! 'मेरे गर्भसे उस कारागारमें आपका जन्म हुआ है', 'इस बातको वह स्वजनोंके मुखसे सुनकर भी न जान सके ( ऐसी कृपा कीजिये ) ॥ १८ ॥

प्राप्तं सुदर्शनमिदं भवतः स्वरूपं ह्यस्माभिरीश ! विबुधैर्मुनिभिश्च चिन्त्यम् ।
मायाश्रयं सकलजीवनिकायभूतं माऽभूत् प्रभो ! नयनगं जनिमृत्युभाजाम् ॥

आपका यह सुन्दर दर्शनीयरूप जिसे हमने प्राप्त किया है, देवता और मुनियोंके द्वारा भी चिन्तनीय है। मायाका आश्रय है और समस्त जीवोंका निवासस्थान है। प्रभो ! यह जन्म-मरणवाले लोगोंके नेत्रोंका विषय न हो ॥ १९ ॥

माताऽस्मि नाथ ! व्यवहारत एव तेऽहं द्रष्टुं स्पृहाऽस्ति पुनरीश ! शिशोश्च रूपम् ।
धृत्वा तदेतदुपसंहर भक्तचित्तं ह्याकर्षयेत्तदपि दर्शनतो विमुग्धम् ॥

नाथ ! मैं व्यवहारदृष्टिसे ही आपकी माता हूँ। ईश ! अब पुनः मुझे आपके शिशुरूपको देखनेकी इच्छा हो रही है। अतः वही रूप धारण करके इस रूपका उपसंहार कीजिए। आपका वह शिशुरूप भी भक्तोंके विमुग्ध चित्तको अपनी ओर खींच ले ॥ २० ॥

श्रुत्वा गिरं सभयगद्गदकम्पमुक्तां दृष्ट्वा च दुर्गतिततिं भवगां स्वपित्रोः ।
कारुण्यपूर्णहृदयो भगवान् स विष्णुस्तावूच ईश्वरगतिं प्रथयन् स्वकीयाम् ॥

सभय, गद्गदवाणी और कम्पनपूर्वक कही गई देवकीके इस बातको सुनकर और संसारमें अपने इन माता-पिताकी दुर्गति-परम्परा देखकर भगवान् विष्णुका हृदय करुणासे भर आया। वे अपनी ईश्वरीय-गतिको प्रकट करते हुए बोले—॥ २१ ॥

सत्ये युगे श्रृणुतमद्य युवां ममार्थावाराधनं ह्यकुरुतां विगतस्पृहौ द्वौ ।
पृश्निस्त्वमेष सुतपा इति वित्तनामौ चाऽऽस्तां तदा सुमनसामपि पूज्यपादौ ॥

'आप दोनों सुनें ! । सत्ययुगमें आपलोग मेरे माता-पिता थे, और दोनों ने निःस्पृहभावसे मेरी आराधना की थी । माँ ! आप तो पृश्नि कहलाती थीं और ये पिताजी 'सुतपा' नामसे प्रसिद्ध थे। उस समय आप दोनोंके युगलचरण, देवताओंके लिए भी पूजनीय थे' ॥ २२ ॥

धृत्वा स्वरूपमिदमेव मया युवां द्वौ संप्रार्थितौ तत इतो वरयाचनाय ।
मत्तुल्यशक्तिगुणवत्सुतलब्धये वै जातस्पृहौ ह्यभवतां प्रभया विमुग्धौ ॥

'आपकी आराधनासे प्रसन्न हो, यही स्वरूप धारण करके मैंने आप दोनोंसे वर माँगनेके लिए अनुरोध किया । तब आपने मेरी कान्तिसे विमुग्ध होकर मेरे समान ही शक्तिमान् और गुणवान् पुत्रकी प्राप्तिके लिये अपनी अभिलाषा प्रकट की' ॥ २३ ॥

तत्पूर्तयेऽहमपि चात्मसमं ह्यदृष्ट्वा तत्पृश्निगर्भ इति नामधरोऽत्र जातः ।
तद्वत्सुतोऽहमभवं पुनरन्यकालेऽदित्यां च वामन इतीश्वरकश्यपेन ॥

'आपकी इच्छापूर्तिके लिए मैं भी अपने समान दूसरे किसीको न देखकर, पृश्निगर्भ नामधारी पुत्रके रूपमें आपके यहाँ उत्पन्न हुआ । इसी प्रकार दूसरे समयमें आप दोनों अदिति और कश्यप थे और मैं वामननामसे प्रसिद्ध आपका पुत्र हुआ था' ॥ २४ ॥

तत्पश्यतां पुनरहो ! युवयोस्तृतीये जन्मन्यपीह विभुरूपमदः प्रगृह्य ।
जातोऽहमस्मि श्रृणुतं मम रूपमीदृग् द्रष्टुं न शक्यमितरैस्तु जनैर्विना वाम् ॥

'फिर देखिए, आप दोनोंके इस तीसरे जन्ममें भी वही विभु-रूप धारण करके आज आपके पुत्ररूपमें प्रकट हुआ हूँ । एक बात सुन लीजिए—'मेरे ऐसे रूपको आप दोनोंके सिवा दूसरे कोई मनुष्य नहीं देख सकते' ॥ २५ ॥

आस्तां ! तदत्र करणीयमितो युवाभ्यां मुग्धे शिशौ मयि परां मुदमावहेथाम् ।
पश्चाद्विहाय सुतमोहमयीमवस्थां ब्राह्मीं गमिष्यथ मनोवचनान्तगां ताम् ॥

'अस्तु, अब यहाँ जो आपका कर्तव्य है, उसपर ध्यान दीजिए । जब मैं मुग्ध शिशुरूप धारण कर लूँ तो मेरे प्रति वात्सल्य रखते हुए आप परमानन्दका अनुभव करें । आगे चलकर पुत्रमोहमयी अवस्थाका त्याग करके आप दोनों अवाङ्मनसगोचर उस ब्राह्मीस्थितिको प्राप्त कर लेंगे ॥ २६ ॥

कंसाद्विभीत इह चेच्छिशुरूपिणं मां तद्गोकुलं नयतु सौम्य ! भवानितो द्राक् ।
यत्रास्ति नन्दगृहिणीतनयाऽद्य जाता तामानय त्वरित एत्य सुखं वस त्वम् ॥

'सौम्य पिताजी ! यदि आप कंससे यहाँ डरे हुए हैं तो शिशुरूप धारण करनेपर मुझे यहाँसे जल्दी ही गोकुल पहुँचा दें। वहाँ नन्दपत्नी-यशोदाके गर्भसे आज ही एक पुत्री हुई है, उसे तुरन्त यहाँ ले आइये और आकर सुखपूर्वक यहाँ रहिये' ॥ २७ ॥

संपश्यतोरथ तयोः स हरिस्तदुक्त्वा साधारणः शिशुरभून्निजयोगशक्त्या ।
नीलो मणिर्विलसति स्म लुठंस्तदग्रे सच्चिन्मयः स्वजनचित्तचकोरचन्द्रः ॥

वसुदेव और देवकीके देखते-देखते वे श्रीहरि उपर्युक्त बात कहकर अपनी योग-शक्तिसे साधारण शिशुरूप हो गये। अपने भक्तोंके चित्तरूपी चकोरको आल्हादित करनेवाले वे सच्चिदानन्दमय चन्द्रमा, माता-पिताके आगे इस प्रकार धरतीपर लोटने लगे मानो कोई नीलमणि सुशोभित हो रही हो ॥ २८ ॥

श्रीपादपद्ममतिकान्ति बभौ शिशोस्तच्छ्रीवत्सचिन्हमधिवक्षसि शोभमानम् ।
विभ्राजते स्म मुखमप्यतिशायि चन्द्राच्छ्री[†]चक्रचन्द्रकविभूषितकुन्तलाढ्यम् ॥

शिशुके सुन्दर चरणारविन्द अतिशय कान्तिसे उद्दीप्त हो रहे थे। वक्षःस्थलपर श्रीवत्स चिन्ह शोभा पा रहा था। चन्द्रमासे भी अधिक कान्तिमान् मुखश्री चक्रविलसित मोरपंखसे विभूषित अलकावलियोसे अलंकृत हो प्रकाशित हो रहा था ( मोरपंखमें जो चक्राकार चिन्ह था, वह श्रीचक्रका प्रतीक था ) जिसे कुछ भावुकजन रासेश्वरी आद्याशक्ति श्रीराधाका भी प्रतीक मानते हैं ) ॥ २९ ॥

शश्वत्स्फुरन्मकरकुण्डलक्षिप्तशोभं प्रेक्षावतां हृदयगह्वरगं ह्यमेयम् ।
रूपं बभौ रुचिरबालविलासयुक्तं सन्नूपुरं कनकमेखलयाङ्कितं तत् ॥

निरन्तर जगमगाते हुए मकराकार कुण्डलकी छवि चारोंओर छिटक रही थी। वह अप्रमेयरूप चिन्तनशील भावुकोंकी हृदयगुफामें विराजमान था। चरणोंमें सुन्दर नूपुर और कटिप्रदेशमें सोनेके मेखलासे अंकित, वह रुचिर-बाल-विलासरूप युक्त हो बड़ी शोभा पा रहा था ॥ ३० ॥

दृष्ट्वा स्वरूपमथ तस्य शिशोः स शौरिर्ध्यात्वा चिरं विगतविस्मय ईश्वरं तम् ।
उत्थाप्य हस्तयुगलेन बहिर्यदैव निर्गन्तुमैच्छदधुनाऽजनि तत्र माया ॥

उस शिशुका ऐसा मनोहर रूप देखकर वसुदेवजी चिरकालतक ध्यानमग्न हो गये। फिर विस्मयरहित हो, उस बाल-रूपधारी ईश्वरको दोनों हाथोंसे उठाकर उन्होंने ज्यों ही बाहर निकलनेका विचार किया, त्यों ही वहाँ भगवान्की माया प्रकट हुई ॥ ३१ ॥

---

[†] पराम्बायाः श्रीचक्रमेतद्भगवतः श्रीकृष्णचन्द्रस्य चूर्णकुन्तलेषु तत्तच्चक्रसन्निवेशरूपेणैवाविर्भूतम्। तत्र भगवतः शङ्करस्य तु तेनैव निगमागमविदा प्रभुणा जटाजूटेषु विनिर्मायैवं विन्यसितमिति रहस्यम्।

तस्या अतुल्यघटनाघटने समर्था लीलाऽप्यहो ! विजयते सुतरामभेया ।
विश्वं तु या निमिषतोऽद्य महाविमोहे संपातयन्त्यहह ! कर्मकरी बभूव ॥

अहो ! उस मायाकी लीला भी अनुपम घटना घटित करनेमें समर्थ है, अप्रमेय है और सर्वत्र विजयिनी है। जो पलक मारते-मारते समस्त संसारको महामोहमें डाल देती है। अहा हा ! वह यहाँ भगवान्‌की सेवा करनेवाली दासी हो जो गयी ॥ ३२ ॥

यां मोहरात्रिरिति तत्त्वविदो वदन्ति रात्रित्रयेऽतिविशदे सुखदेऽप्यपूर्वे ।
निर्माय तामिह जगज्जयिनीं तदानीं माया रराज हरिवक्षसि तौ विहाय ॥

तत्त्ववेत्ता पुरुष कालरात्रि, महारात्रि और मोहरात्रि इन तीन अतिविशद सुखद और अपूर्व रात्रियोंमें-से जिसको मोहरात्रि कहते हैं उस जगज्जयिनी मोहरात्रिका निर्माण करके माया केवल वसुदेव और देवकीको छोड़कर अन्य सबको मोह-भग्न बनाती हुई भगवान्‌के वक्षःस्थलपर विराजमान हुई ॥ ३३ ॥

वार्तैव का स्वपतिकंसनियुक्तरक्षिवृन्दस्य तत्र दृढमोहितशायितस्य ।
द्वारश्च ता निहितशृङ्खलकीलरुद्धा यत्राऽभवन् रविकरादिव पद्मकोशाः ॥

उस समय अपने स्वामी कंससे नियुक्त रक्षक-समुदायको अत्यन्त मोहित करके मायाने अचेत सुला दिया। इसकी तो बात ही क्या है, जिन्हें साँकल लगाकर और कील ठोंक कर बन्द कर दिया गया था, कारागारके वे दरवाजे भी वहाँ इस तरह खुल गये कि जैसे सूर्यकी किरणोंके स्पर्शसे कमल-कोष खिल जाते हैं ॥ ३४ ॥

स्वान्तःस्थितं तदनु नीलमणिं शिशुं तं शान्तस्थितं बहिरपीह विधाय दोर्भ्याम् ।
निर्गच्छदग्र्यपुरुषो निगडाद्विमुक्तः संघुष्य सोऽथ जय ! शङ्कर ! शङ्करेति ॥

अपने अन्तःकरणमें विराजमान उस नीलमणि शिशुको बाहर भी दोनों हाथोंसे उसे शान्त और सुस्थिर बनाकर श्रेष्ठ पुरुष वसुदेवजी बेड़ी-हथकड़ीसे मुक्त हो 'जय शंकर, जय शंकर' का उद्घोष करके वहाँसे निकले ॥ ३५ ॥

कारागृहाद्बहिरभूत् स यदैव देवास्तद्राजमार्गमभितो ववृषुस्तदानीम् ।
मन्दं जगर्जुरथ बालमुकुन्दभूतं तं ह्यस्तुवन्निगमवन्मुनयोऽन्तकाले ॥

वसुदेवजी ज्यों ही कारागारसे बाहर हुए ज्यों ही पर्जन्य देवता राजमार्गपर सब ओर मन्द-मन्द गर्जना और वर्षा करने लगे। फिर प्रलयकालमें जैसे वेद, उन बालमुकुन्दकी स्तुति करते हैं, उसी प्रकार मुनियोंने वहाँ उनका स्तवन किया ॥ ३६ ॥

शेषोऽप्यशेषमिह वीक्ष्य जलार्द्रगात्रं तं सद्गतिं मतिमतां मतिभिश्च सेव्यम् ।
शेषत्वमात्मन इहापि च सेवकत्वं संदर्शयन्ननुययौ पिदधत् फणाभिः ॥

उस समय शेषने भी सज्जनोंकी गति एवं मतिमानोंकी मतिसे भी सेव्य उन भगवानके सम्पूर्ण अङ्गोंको वर्षाके जलसे जलार्द्र हुआ देख अपनी शेषता और सेवकताका प्रदर्शन करते हुए अपने फनोंसे उन्हें ढँककर वे भी पीछे-पीछे चलने लगे ॥ ३७ ॥

हृष्टेन्द्रियः स वसुदेव उदारभावो द्रागाससाद यमुनां परिवृद्धगात्राम् ।
ध्यायंस्तरेयमहमद्य कथं त्विमां हा ! भीमामगाधसलिलां भगिनीं यमस्य ॥

हर्षोत्फुल्ल इन्द्रियोंसे युक्त, उदारचेता वसुदेवजी शीघ्र ही उस यमुनाके तटपर पहुँच गये, जिसका कलेवर बाढ़के कारण बहुत बढ़ गया था। वे सोचने लगे—हाय ! मैं अगाध जलराशिसे भरी हुई इस भयानक यमभगिनी यमुनाको अब कैसे पार कर सकूँगा ॥ ३८ ॥

यः कोऽपि शिष्ट इह पश्यति चेत् स्वमान्यं शक्त्याश्रयं सुगुणवन्तमुदारचेष्टम् ।
स्वत्वं विहाय सकलं स गताभिमान स्तत्पाद एव लुठति क्रममीक्षमाणः ॥

जो कोई भी शिष्ट-पुरुष यहाँ अपने लिए माननीय, शक्तिमान्, सद्गुणी तथा उदार-चेष्टावाले महानुभावको निकट आया हुआ देखता है, वही लोक-मर्यादाको देखते हुए अपना सारा स्वत्व छोड़कर अभिमान रहित हो, उस महानुभावके पैरोंपर ही लोट जाता है ॥ ३९ ॥

दृष्ट्वा तदत्र शिशुरूपिणमागतं तं सा स्वागतं विदधती पदगा बभूव ।
तैलं यथा भवति वारिगतं तदेवं सद्योऽभवद्धरिपदाब्जगतेव लीना ॥

इस नीतिके अनुसार यमुनाने अपने पास शिशुरूपी भगवान्को आया देख उनका स्वागत करते हुए उनके चरणोंका स्पर्श किया। जैसे पानीमें डाला हुआ तेल उसीमें विलीन हो जाता है, उसी प्रकार यमुना तत्काल श्रीहरिके चरणारविन्दोंमें लीन-सी हो गयीं ( अर्थात् उनमें बहुत थोड़ा जल शेष रह गया ) ॥ ४० ॥

आजानुवर्तिनि जले स्थलवद्व्रजन् स प्रापाऽन्यतीरमथ शौरिरमुं गृहीत्वा ।
पश्यन्नितस्तत उपोढमुदा हृदा तं नन्दालयं विगतभीः सुखमाससाद ॥

यमुनाजीका जल घुटने तक ही रह गया था। वसुदेवजी बालकको लेकर उस जलमें स्थलकी ही भाँति चलते हुए दूसरे तटपर जा पहुँचे और इधर-उधर देखते हुए हर्ष-पूर्ण हृदयसे निर्भय हो अनायास ही नन्दभवनमें चले गये ॥ ४१ ॥

देव्या विमोहितजगज्जनचित्तवृत्त्या संचोदितस्तदनु नन्दगृहान्तरेषु ।
शुश्राव बालरुदितं शनकैर्व्रजन् स दीपोत्करैः सकलवस्तुषु दीप्तिमत्सु ॥

देवी योगमायाने जगत्के लोगोंकी चित्तवृत्ति मोहित कर रखी थी। उसीसे प्रेरित हो वे उस नन्द-मन्दिरके अन्दर घुस गये। मन्दगतिसे चलते-फिरते उन्होंने एक बालकका रोना सुना। उस घरकी सारी वस्तुएँ दीपमालासे उद्दीप्त हो रही थीं। ॥ ४२ ॥

**अन्तः प्रविश्य सभयोऽत्र विलोक्य सर्वं लक्ष्यं विधाय रुदितस्वनमेव यावत् ।**
**अग्रेऽगमत्सरणिमेकतमां गृहीत्वा तावद्ददर्श शयनस्थितकन्यकां ताम् ॥**

डरते-डरते भीतर प्रवेश करके उन्होंने सब ओर दृष्टिपात किया और रोनेकी आवाजको ही लक्ष्य बनाकर वे ज्यों ही एक मार्गपर आगे बढ़े त्यों ही उन्हें शय्यापर सोयी हुई एक बालिका दिखाई दी ॥ ४३ ॥

**नन्दालये सकलसुप्तजने प्रकोष्ठे शान्ते तयैव विहिते च विलुप्तवृत्तौ ।**
**बालां निरीक्ष्य निभृतं विशदे सुतल्पे बालं तयैव पुनरेष समं न्यधाच्च ।**

नन्द-भवनके भीतर लोग सो गये थे । सारा प्रकोष्ठ शान्त था। योगमायाने ही सबकी चित्तवृत्ति विलुप्त कर रखी थी । उज्वल विस्तरपर सोयी उस बालिकाको भलीभाँति देखकर उन्होंने अपने बालकको भी उसीके साथ सुला दिया ॥ ४४ ॥

**युग्मं बभावथ तयोर्जगदीशयोस्तत् कृष्णार्जुनं विमलवर्णमयं प्रसन्नम् ।**
**सौन्दर्यधाम शिवशक्तिमयं ह्यमेयं दृष्ट्वा विचार्य स बभूव सुखाब्धिमग्नः ॥**

जगदीश्वर और जगदीश्वरीकी वह श्याम-गौर युगल जोड़ी बड़ी शोभा पाने लगी। दोनों शिशु निर्मल कान्तिसे युक्त और प्रसन्न थे। सौन्दर्यके धामभूत उस शिव-शक्तिमय अमेय युगल(जोड़ी)को देखकर भलीभाँति विचार करके वसुदेवजी सुखके सागरमें विमग्न हो गये ॥ ४५ ॥

**पादारविन्दयुगलं तत ईश्वयोस्तत् स्वान्ते निधाय कृतसन्नतिरत्र भक्त्या ।**
**प्रेम्णा गलद्धृदय उत्पुलकः प्रमोदाद्गोपाधिराजगृहिणीं च ननाम सुप्ताम् ॥**

ईश्वर और ईश्वरीके युगलचरणारविन्दोंको हृदयमें रखकर वसुदेवजीने उन्हें भक्तिभावसे प्रणाम किया । उस समय प्रेमसे उनका हृदय द्रवित हो गया था । शरीरमें हर्षातिरेकसे रोमाञ्च हो आया था । फिर उन्होंने सोयी हुई गोपराज-गृहिणी यशोदाको भी मस्तक झुकाया ॥ ४६ ॥

**स्वाङ्गेन सुन्दरतरेण यशोदया तां मुक्तां सुतां जनमनोवचनातिगाऽन्ताम् ।**
**उत्थाप्य बाहुयुगलेन शनैः स शौरिः संस्थाप्य वक्षसि तथैव पुनर्निवृत्तः ॥**

यशोदाने उस बालिकाको अपने शरीरसे अलग कर रखा था । वह यशोदा नन्दिनी अपने सुन्दरतर शरीरके कारण मनुष्यकी मन-वाणीकी पहुँचसे परे दिखाई देती थी। उसे अपने दोनों हाथोंसे धीरे-धीरे उठाकर वसुदेवने अपने वक्षःस्थलपर रख लिया और पूर्ववत् वे वहाँसे लौट पड़े ॥ ४७ ॥

( उपजातिः )

देवी यशोदा विवशा कृता तथा यदा प्रसूताऽनिलवेगतस्तदा ।
तयैव पृथ्वीं गतया स्वकन्यया विमोहिता मोहविभावरीमिता ॥

देवी यशोदा जब प्रसूति-वायुके वेगसे विवश (बेहोश) हो गयीं, तब भूतलपर अवतीर्ण हुई उसी अपनी कन्या-योगमायासे विमोहित होकर वे मोहरात्रिमें पहुँचायी गयी थीं ।।४८।।

अतोऽविलोक्यैव गृहीतजन्मनो बालस्य लिङ्गं शिथिलेन्द्रिया सती ।
सुष्वाप निद्रावशमागता परं ह्यहं प्रसूतेति धृतात्मनिश्चया ॥

उनकी इन्द्रियाँ शिथिल हो रही थीं, वे उत्पन्न हुए शिशुके चिन्हको न देखकर ही, अर्थात् वह पुत्र है कि कन्या ! इसकी पहचान किये विना ही निद्राके वशीभूत हो सो गयीं । 'मैंने प्रसव किया है' इतना ही वे निश्चितरूपसे जान सकी थीं ।। ४९ ।।

( अनुष्टुप् )

तां जगज्जननीं देवीं प्राणिनामात्मरूपिणीम् ।
संश्लिस्योरसि सद्भक्त्या वसुदेवस्ततो ययौ ॥

प्राणियोंकी आत्मस्वरूपिणी जगज्जननी देवी योगमायाको शिशुरूपमें पाकर उसे भक्तिपूर्वक छातीसे लगाये वसुदेवजी वहाँसे चल दिये ।। ५० ।।

स चाऽन्ते यमुनां प्राप्य नत्वा मूर्ध्ना तथास्थिताम् ।
मथुरामागमच्छीघ्रं शून्यशान्तजनावृताम् ॥

अन्तमें पूर्ववत् स्थितिमें स्थित हुई यमुनाजीके पास पहुँचकर उन्हें नमस्कारपूर्वक पार करके वे शान्त जनोंसे युक्त सूनी मथुरापुरीमें शीघ्रतापूर्वक आ गये ।। ५१ ।।

प्रविश्याऽत्राऽपि कारायां स्वाऽऽवासेऽन्तः पुरे शुभे ।
स ददर्श ततो देवीं देवकीं स्वागतोत्थिताम् ॥

वहाँ कारागारमें अर्थात् अपने निवासस्थानभूत शुभ अन्तःपुरमें प्रवेश करके वसुदेवजीने देखा, देवी-देवकी स्वागतके लिए खड़ी हैं ।। ५२ ।।

स्नेहसद्भावसम्पन्नां तां कन्यां रूपिणीं श्रियम् ।
देवक्यङ्के निधायाऽसौ ममार्जाऽङ्गानि भक्तितः ॥

स्नेह और सद्भावसे सम्पन्न उस मूर्तिमती लक्ष्मी-स्वरूप कन्याको देवकीकी गोदमें देकर वे भक्तिभावसे उसके अङ्गोंपर हाथ फेरने लगे ।। ५३ ।।

( उपजातिः )

विमृश्य कर्तव्यमतः परं निजं स्मृत्वा हरेर्वाक्यमसौ ततो द्रुतम् ।
पूर्वं यथा स्वं निगडैः पुरोद्गतैर्बद्धा स्थितः शान्तमनाः समं तया ॥

इसके बाद अपने कर्तव्यका विचार तथा श्रीहरिके वचनोंका स्मरण करके देवकी वसुदेवजी शीघ्र ही पूर्ववत् बेडी-हथकड़ीसे बँधकर बैठ गए। उस समय उनके मनमें शान्ति विराज रही थी ॥ ५४ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
व्यगमन्नवमः सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति श्रीकृष्णचरितामृत नामक स्तोत्रात्मक इस काव्यमें नवां सर्ग पूरा हुआ ॥ ५५ ॥

# दशमः सर्गः

[ कारागृहे कंसागमनम् । बालिकायाः शिलापृष्ठे पोथनम् । कराच्युतया तया
स्वरूपनिर्दर्शनपूर्वकं कंसप्रतिबोधनम् । ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

ततस्त्रिलोकीमभितो महाध्वनिर्बभ्राम तद्रोदनतो विनिर्गतः ।
रुरोद कन्या करपादमार्तितः समं क्षिपन्तीव विशेषतस्तदा ॥१॥

तदनन्तर, उस बालिकाके रोदनसे प्रकट हुई महाध्वनि सारी त्रिलोकीमें सब ओर फैल गयी। वह कन्या उस समय पीड़ासे एक साथ ही हाथ-पैर पटकती हुई जोर-जोरसे रो रही थी ॥ १ ॥

कारागृहद्वार इमाः पुरा यथा द्रागावृतास्तेन समं कृतस्वराः ।
तद्रक्षिवर्गा अथ मूढतामिता मायाविमुक्ताः सहसा समुत्थिताः ॥२॥

कारागारके दरवाजे तत्काल ही आवाज करते हुए एक साथ ही पूर्ववत् बन्द हो गये। तदनन्तर मोह-मग्न पहरेदार योगमायाके प्रभावसे मुक्त होनेपर सहसा उठ खड़े हुए ॥ २ ॥

कर्णौ प्रदत्वाऽत्र निशम्य रोदनं तयोः शिशोर्जन्म विभाव्य रक्षकाः ।
आख्यातुमस्मै तदुदन्तमुत्सुकास्ततोऽगमन् कंसगृहं त्वरान्विताः ॥३॥

उन्होंने कान देकर शिशुका रोदन सुना और वसुदेव-देवकीके पुत्रका जन्म हो गया, ऐसा निश्चय करके वे रक्षक वह समाचार स्वामीको बतानेके लिए बड़ी उतावलीके साथ कंसके घर गये ॥ ३ ॥

प्रतीक्षमाणोऽत्र दिवानिशं त्वमुं श्रोतुं समुद्विग्नमनाः स भोजराट् ।
सन्त्यज्य शय्यां श्रवणादनन्तरं निशीथ एवाभिससार विह्वलः ॥४॥

भोजराज कंस तो रात-दिन उसी समाचारको सुननेकी प्रतीक्षा कर रहा था। सुनते ही उसका मन उद्विग्न हो उठा और वह उस आधीरातमें ही शय्या छोड़कर घबड़ाया हुआ सा चल पड़ा ॥ १४ ॥

स प्रस्खलन्मुक्तशिरोरुहो व्रजन् विचारयामास पथि प्ररुढभीः ।
जातोऽद्य मन्मृत्युरसौ तयोः शिशुर्यं हन्मि कारागृह एव साम्प्रतम् ॥५॥

चलते समय उसकी गति लड़खड़ा रही थी। उसके बँधे हुए बाल खुल गए थे। उसके मनमें भय छा गया था। वह मार्गमें विचार करने लगा। आज मेरी मृत्युका कारणभूत, वसुदेव और देवकीका वह शिशु जन्म ले चुका, जिसे इस समय मैं कारागारमें ही मार डालूँगा ॥ ५ ॥

दृष्ट्वैव तं भ्रातरमुग्रतेजसं संश्लिष्य बालां हृदि देवकी तदा ।
उवाच मोहेन परिप्लुतात्मना कारुण्यपूर्णं वचनं गलत्स्वना ॥६॥

उग्रतेजवाले अपने भाई कंसको देखते ही देवकीने उस बालिकाको छातीसे चिपका लिया। वह मोह-मग्न हृदय और लड़खड़ाती हुई वाणीसे करूणापूर्ण वचन बोली—॥ ६ ॥

भ्रातस्त्वया मे बहवोऽनलोपमा निषूदितास्ते शिशवो निरन्तरम् ।
तदत्र कन्याऽजनि यत्र च त्वया स्निह्यामि दत्तेति दयस्व देहि मे ॥७॥

भैया ! आपने मेरे बहुत-से अग्निके समान तेजस्वी पुत्र मार डाले हैं और निरन्तर मारते चले आ रहे हैं। अब कि बार यहाँ कन्याने जन्म लिया है। जिसे मैं तुम्हारी दी हुई पुत्री मानकर इसके प्रति स्नेहकर रही हूँ। दया करो, यह बालिका मुझे दे दो ॥ ७ ॥

अतो निराशाऽस्मि च गर्भसंभवे मन्येऽहमेषा चरमेति मे प्रजा ।
मनोविनोदार्थमपि त्विमां सुतां प्रदातुमर्हस्यसमोऽग्रजोऽसि मे ॥८॥

अब फिर गर्भ होगा—इसकी ओरसे मैं निराश हूँ। समझती हूँ कि 'यह मेरी अन्तिम सन्तति है'। आप मेरे अनुपम तेजस्वी ज्येष्ठ भ्राता हैं। अतः मेरे मन बहलावके लिये भी यह कन्या मुझे दे देनेकी कृपा करें ॥ ८ ॥

एवं ब्रुवन्तीं रुदतीमनिन्दितां भृशं विषण्णां शिशुमोहयन्त्रिताम् ।
दृढं विनिर्भर्त्स्य करादमुं शिशुं लब्ध्वाच्छिनद् दुष्टमनाः खलोऽथ हा !॥९॥

सती-साध्वी देवकी शिशुके मोहपाशमें बँधकर अत्यन्त विषादमें मग्न हो जब इस प्रकार रो गिड़गिड़ा रही थी, हाय ! उस समय दुष्ट-चित्त खल कंसने उसे जोर-जोरसे डाँट बतायी और उस बालिकाको उसके हाथसे छीन लिया ॥ ९ ॥

विगृह्य तस्याश्चरणौ ततस्त्विमां व्यपोथयद् द्राक् स तदा शिलातले ।
बुधोऽपि कंसोऽबुधवद्विमोहितः स्वार्थेन कालेन कृतोऽत्र निर्घृणः ॥१०॥

उस नन्हीं-सी बालिकाके दोनों पैर पकड़कर उसे कंसने तत्काल ही पत्थरपर दे मारा। यद्यपि कंस समझदार था, तथापि मूढकी भांति मोहके वशीभूत हो गया था। स्वार्थंवश कालने उसे निर्दय बना दिया था ॥ १० ॥

सैषा स्थितिर्यत्र जगद्गतौ जनाः परस्परं स्वार्थवशान्निरन्तरम् ।
स्निह्यन्ति निघ्नन्ति च कालमाश्रिता विधिर्निषेधश्च जहाति यानहो ! ॥११॥

इस जगत्का जो स्वरूप है, उसमें ऐसी ही स्थिति देखी जाती है। यहांके लोग स्वार्थवश निरन्तर एक-दूसरेसे स्नेह भी करते हैं, परस्पर आघात–प्रत्याघात भी कर बैठते हैं। वे कालका आश्रय लेकर ऐसे हो जाते हैं कि शास्त्रोंके विधि-निषेध वचन भी उन्हें छोड़ देते हैं अर्थात् उन विधि-निषेधोंको भी लाँघ जाते हैं ॥ ११ ॥

ततो विचित्रं समभावि तत्क्षणे सा बालिका कंसकराच्युताऽन्तरा ।
तदैव मायात्मिकया तया धृतं स्वरूपमाकाशतले सुनिर्मलम् ॥१२॥

तत्पश्चात् उसी क्षण एक विचित्र घटना घटित हुई। वह बालिका बीचमें ही कंसके हाथसे निकल गयी और उसी समय उस मायामयी देवीने आकाशमें अत्यन्त निर्मल रूप धारण कर लिया ॥ १२ ॥

मनोहरं श्रीपदनूपुराश्रितं रत्नैश्चितं मेखलयाङ्कितं कटौ ।
सहारवक्षःस्थलमुन्नतश्रिकं किरीटकेयूरविभूषितं ज्वलत् ॥१३॥

वह रूप बड़ा मनोहर था, उसके श्रीचरणोंमें नूपुर शोभा पाता था। रत्नमय आभूषण उसके अङ्गोंको अलंकृत कर रहे थे। कटिप्रदेशमें मेखला चमक रही थी। वक्षःस्थलपर हार जगमगा रहे थे। किरीट और केयूर आदिसे विभषित उस तेजस्वी-रूपकी शोभा-सम्पत्ति बहुत बढ़ी हुई थी ॥ १३ ॥

दिव्यस्रगाक्षौमममेयकान्तिमद्ध्यलौकिकं चाष्टमहाभुजावृतम् ।
तैरेव चक्रं जलजं धनुः शरं शूलं गदां चर्म च खड्गमादधत् ॥१४॥

दिव्य पुष्पोंके गजरे तथा रेशमीवस्त्र सब ओरसे उस अलौकिक रूपकी छबि बढ़ा रहे थे, उसकी कान्ति अपरिमेय थी। वह अलौकिक विग्रह आठ विशाल भुजाओंसे सुशोभित था और उन्हीं भुजाओंमें चक्र, शंख, धनुष, बाण, शूल, गदा, ढाल एवं तलवार धारण किये शोभा पाता था ॥ १४ ॥

उपास्यमानं बहुभिः सुरादिभिर्नतोत्तमाङ्गैर्बलिभिर्विभूतिभिः ।
संस्तूयमानं बहुधात्मनो गुणैर्गन्धर्वसिद्धाऽप्सरसं गणैर्मुदा ॥१५॥

बहुत-से देवता आदि मस्तक झुकाकर वलि ( भेंट-सामग्री ) और विभूतियों ( ऐश्वर्यसूचक द्रव्यों ) द्वारा देवीके उस स्वरूपकी उपासना कर रहे थे। गन्धर्वों, सिद्धों और अप्सराओंके समुदाय उस दिव्य रूपके गुणोंका बखान करते हुए अनेक प्रकारसे उसकी स्तुति कर रहे थे ॥ १५ ॥

तया बभाषे निजरूपमीदृशं प्रदर्शयन्त्या ह्यवितर्क्यशीलया ।
निरीक्षमाणोऽत्र खलो विमूढधीः स भोजराड् विस्मयविह्वलेन्द्रियः ॥१६॥

भोजराज कंसकी बुद्धि मोहित हो रही थी, उसकी सारी इन्द्रियां विस्मयसे व्याकुल थी; वह चुपचाप देवीकी ओर देख रहा था। तब अपने पूर्वोक्त रूपका प्रदर्शन करनेवाली अवितर्क्यशीला देवी योगमायाने उससे इसप्रकार कहा—॥ १६ ॥

श्रृणुष्व राजन् ! हतया मयाऽपि हा ! लाभोऽत्र कः किं कुशलं च लप्स्यसे ।
तवान्तकृज्जात इहाऽद्य हन्त ! भो ! मा मूर्ख ! हिंसीः कृपणानिमान् वृथा ॥१७॥

'ओ मूर्ख नरेश ! सुनो, तुमने तो मुझे मार ही डाला था, किन्तु हाय ! इससे तुम्हें क्या लाभ हुआ ? अथवा ऐसा करनेसे कौन क्या कुशल-क्षेम प्राप्तकर सकेगा ? खेदके साथ यह बताना पड़ रहा है कि तुम्हारा विनाश करनेवाला महापुरुष इस व्रजमें प्रकट हो गया। अब इन बेचारे दीन-दुर्बल बालकोंका बध न करो ॥ १७ ॥

तमेव जानीहि समर्थमीश्वरं स्वं पूर्वशत्रुं बलवीर्यतोऽधिकम् ।
वधिष्यति त्वां तत एत्य सोऽव्ययश्चेदस्ति सामर्थ्यमुपायमाचर ॥१८॥

'यह जान लो कि जो समर्थ ईश्वर हैं और पूर्वजन्ममें भी जो तुम्हारे शत्रु थे, वे ही बल-पराक्रममें बढ़े चढ़े श्रीहरि ही तुम्हारी मृत्युके कारण बनेंगे। वे अविनाशी परमात्मा यहाँ आकर तुम्हारा वध करेंगे। यदि शक्ति हो तो बचनेके लिए उपाय करो' ॥ १८ ॥

इति प्रभाष्यैव तमुग्रकारिणं निर्दिश्य तत्कर्म जगद्धितैषिणी ।
निलीय तत्रैव शिवा शिवं तदा विचारयामास शिवस्वरूपिणी ॥१९॥

उस उग्र-कर्म करनेवाले कंससे ऐसा कहकर और उसके कर्तव्यका निर्देश करके जगत्का हित चाहनेवाली शिवस्वरूपिणी शिवा वहीं अन्तर्धान हो गयी और इस शुभ बातका विचार करने लगी ॥ १९ ॥

स्वयं परं ब्रह्म यदत्र लीलयाऽवतीर्य भक्तश्रुतिसाधुरक्षणे ।
प्रवर्तते चेत्तदमुष्य सद्गतेर्मयापि कार्यं प्रियमेव सर्वथा ॥२०॥

'साक्षात् परब्रह्म परमात्मा यदि भक्तों, श्रुतियों तथा साधुजनोंके संरक्षणके लिए यहाँ अवतार लेकर कार्यरत है तो सज्जनोंके आश्रयभूत उन परमेश्वरका मुझे भी सर्वथा प्रिय करना चाहिये' ॥ २० ॥

कृष्णावतारेण तदत्र भाविना गृहीतचित्ताः परमर्षयः सुराः ।
ता गोपकन्याः श्रुतयश्च संगताः स्त्रीत्वं समास्थाय पुरैव यत्स्थिताः ॥२१॥

'यहाँ भावी कृष्णावतारने जिनके चित्तको वशीभूत कर लिया है, वे महर्षि देवता तथा श्रुतियाँ भी एकत्र हो गोपकन्याओंके रूपमें स्त्रीका रूप धारण करके पहलेसे ही व्रजमें स्थित हैं' ॥ २१ ॥

**तस्मादहं तद्वृषभानुगोदुहः क्षेत्रेऽमले कीर्त्यभिधेयकेऽधुना ।**
**तयोः सुतात्वेन पुरैव जन्म तत् गृह्णामि यत् स्यात् प्रियमस्य तुष्टिकृत् ॥२२॥**

'इसलिये मैं वृषभानु-गोपकी कीर्ति नामवाली क्षेत्रभूता पत्नीके गर्भसे उन दोनोंकी पुत्रीके रूपमें पहले जन्म ग्रहण करूँगी। यह कार्य उन श्रीहरिके लिए प्रिय तथा संतोष-कारक होगा' ॥ २२ ॥

**मामग्रजो विष्णुरुवाच यत्पुनस्त्वं देवि ! चित्ते वस देहिनामिति ।**
**सम्पाद्यमेतच्च मया धिया धृतं वसामि मूर्तौ हृदि चापि तद्व्यहम् ॥२३॥**

'मेरे बड़े भाई श्रीविष्णुने जो मुझसे कहा था कि 'हे देवि ! तुम समस्त देहधारियोंके हृदय-मन्दिरमें निवास करो।' मैंने इस बातको मनसे स्वीकार किया था, अतः इसका संपादन मुझे करना है। अब मैं स्थापित मूर्ति ( प्रतिमा ) में तथा लोगोंके हृदयमें भी निवास करूँगी' ॥ २३ ॥

**भजन्ति ये मां ह्यथवा शिवं हरिं चोपासते चेद्गणपं रविं तथा ।**
**वत्स्यामि तेषां हृदये च तेऽत्र मां चेत्स्थापयन्ति प्रतिमासु च क्षितौ ॥२४॥**

'जो मुझको अथवा शिव-विष्णुको भजते हैं या गणेश तथा सूर्यदेवकी उपासना करते हैं; उन सबके हृदयमें मैं निवास करूँगी। यदि वे यहाँ (भूतल) पर मेरी प्रतिमा स्थापित करते हैं; तो उन प्रतिमाओंमें भी मैं वास करूँगी' ॥ २४ ॥

**विमृश्य चेत्थं गुणरूपशालिनी ह्यतर्क्यनानाघटनाविधायिनी ।**
**बभूव सा भक्तहितार्थसाधिनी स्वतोऽत्र नानाऽऽयतनाऽवलम्बिनी ॥२५॥**

ऐसा विचार कर दिव्य रूप और गुणोंसे सुशोभित नाना प्रकारकी अतर्कणीय घटना घटित करनेवाली वह भक्तहितकारिणी देवी यहाँ नाना मन्दिरोंका आश्रय लेकर रहने लगी ॥ २५ ॥

**तस्याः स्वरूपं वचनं च तादृशं दृष्ट्वा च संश्रुत्य स विस्मितस्त्वितः ।**
**प्रपूज्य तौ प्राग्गतलज्ज उन्मदो विमोचयामास तदैव बन्धनात् ॥२६॥**

देवी योगमायाका वैसा रूप देखकर और उनके पूर्वकथित वचन सुनकर कंसको बड़ा आश्चर्य हुआ। वह निर्लज्ज और मदोन्मत्त तो था ही। उसने वसुदेव देवकीका पहले कुछ आदर करके फिर तत्काल उन्हें बन्धन मुक्तकर दिया ॥ २६ ॥

विगृह्य पादौ तत उद्धतोऽप्यसावुवाच तौ भाम ! भगिन्यहो ! मया ।
कृतं विगर्ह्यं युवयोः सुता वृथा विहिंसिता राक्षसवन्निरन्तरम् ॥२७॥

उद्दण्ड होनेपर भी उसने उस समय उन दोनोंके पैर पकड़ लिये और कहा—'हे बहनोईजी । और हे बहिन ! मैंने बड़ा घृणित कर्म किया, जो राक्षसकी भाँति लगातार आप दोनोंके अनेक पुत्र व्यर्थ मार डाले ॥ २७ ॥

सोऽहं मृतोऽन्ते प्रियवस्तुबान्धवान् विहाय गन्तास्मि भयानकं तमः ।
विभावयेतं समये जना यथा वक्ति स्म दैवं ह्यसदीदृशं वचः ॥२८॥

'इसका परिणाम यह होगा कि मैं मरनेके पश्चात् समस्त बन्धु-बान्धवोंको छोड़कर भयानक नरकमें जाऊँगा । आप ही लोग विचार करें, उस समय साधारण लोगोंकी भाँति दैवने भी कैसा असत्य वचन कहा था' ॥ २८ ॥

तत्प्रत्ययेनैव हता मयापि ते माऽशोचतं भो ! स्वकृतं भुजो हि तान् ।
संसारिणो दैववशं गता भृशं भ्रमन्ति लोके जनिमृत्युभोगिनः ॥२९॥

'उसीपर विश्वास करके मैंने भी आपके पुत्र मार डाले । अतः आप लोग अपने कर्मका ही फल भोगनेवाले उन बालकोंके लिए शोक न करें । संसारी मनुष्य दैवके वशमें होकर जन्म-मृत्युका क्लेश भोगते हुए जगत्में भटकते रहते हैं' ॥ २९ ॥

भौमानि भूतानि यथा निरन्तरं नरं समायान्त्यपयान्त्ययत्नतः ।
तथैव जीवा अपि देहमाश्रिता मिलन्ति देहिष्वथवा वियुञ्जते ॥३०॥

जैसे भूतलके प्राणी विना यत्नके ही निरन्तर मनुष्यके पास आते-जाते रहते हैं उसी प्रकार देहके आश्रित जीव भी देहधारियोंसे स्वतः मिलते और बिछुड़ते हैं ॥ ३० ॥

सिद्धान्त एवैष निभाल्य सद्धिया तथ्यं च निर्धारयतां दृढं हृदा ।
निःसार्यतां भेद इहेदृशोऽस्ति यो ह्यहंममोत्थो भयकृद्विचार्यताम् ॥३१॥

यही सिद्धान्त है । सद्बुद्धिसे इसपर विचार करके आपलोग अपने मनमें दृढ़तापूर्वक तथ्यका निश्चय करें । अहंता–ममतासे उत्पन्न जो ऐसा भेद है, इसे अपने मनसे निकाल दें और विचार लें कि यह भेद भयकारक है ॥ ३१ ॥

विमृग्यतां स्वात्मपरात्मनोरिदं तत्त्वं यतो विश्वनिवृत्तिराप्यते ।
हतोऽस्मि हन्ताऽस्मि च मन्यतेऽत्र यः प्रबाध्यतेऽसावभिमान्यहो ! नरः ॥३२॥

आत्मा और परमात्माका तत्त्वतः ऐक्य है, इसे विचार लें । इससे संसार-बन्धनकी निवृत्ति होती है । जो यहाँ अपनेको मारा गया और मारनेवाला समझता है; वह अभिमानी मानव अवश्य मोहबाधित होता है ॥ ३२ ॥

तस्मात् क्षमेथामहमस्मि दुष्टधीर्महापराधं च मया कृतं ह्यपि ।
स्यातां भवन्तौ सुखिनौ निरन्तरं तत्कामयेऽहं च विमूढधीरपि ॥३३॥

अतः आप मुझे क्षमा करें । मैं दुष्ट बुद्धि हूँ । मैंने आपका महान् अपराध किया है । आप दोनों निरन्तर सुखी रहें । यद्यपि मैं मूर्ख हूँ, तो भी आपके सुखी रहनेकी कामना करता हूँ ॥ ३३ ॥

इत्थं ब्रुवन् सोऽथ तयोः पदाब्जयोर्लुठन् शुचा साश्रु विलोचनद्वयः ।
प्रदर्शयन् सौहृदमात्मनो हितौ तावानयामास बहिस्तदालयात् ॥३४॥

ऐसा कहकर शोकके कारण दोनों नेत्रोंसे आँसू बहाता हुआ कंस वसुदेव-देवकीके चरणारविन्दोंमें लोटने लगा । वह उन दोनोंके प्रति अपना सौहार्द दिखाते हुए उन्हें उस कारागार से बाहर ले आया ॥ ३४ ॥

स्वैरेव कर्मनिबर्हैरनुतप्तचित्तं स्वं भ्रातरं करुणभाषिणमश्रुपूर्णम् ।
दृष्ट्वा ह्युदारहृदया सुदती सती सा क्षान्त्वा तदा व्यसृजदात्महितं ततस्तम् ॥३५॥

कंसका चित्त अपने ही कुकर्मोंसे संतप्त था । अपने भाईको इस प्रकार आँसू बहाते और करुणा जनक बातें सुनाते देख उदारहृदया सुंदर दातोंवाली सती देवकीने उसे क्षमा कर दिया और अपने उस हितैषी बन्धुको वहाँसे विदा किया ॥ ३५ ॥

पत्न्यग्रजं तं वसुदेव आत्मवाञ्जगाद किञ्चित्स्मितशोभिताननः ।
तत्त्वं समुद्घाट्य भवान् वदत्यहो ! तत्थ्यं महत्तत् सुखदायि चात्मनः ॥३६॥

तब अपने मनको वशमें रखनेवाले वसुदेवजी अपने मुखसे मन्द मुसकानकी छटा बिखेरते हुए अपनी पत्नीके बड़े भाई कंससे बोले—‘अहो ! आप तो तत्त्वका उद्घाटन करके बोल रहे हैं । आपका यह कथन महान् सत्य और अपनेको सुख देनेवाला है ॥ ३६ ॥

जीवान् भ्रमो भ्रामयतीह यत्नतो विभाव्यमानोऽपि बुधैर्भवादृशैः ।
हन्ताऽहमस्म्यत्र म्रियेऽहमित्यपि प्ररूढभावो भ्रमतीह यन्नरः ॥३७॥

‘आप जैसे विद्वानों द्वारा यत्न पूर्वक बार-बार विचार किये जानेपर भी यह भ्रम यहाँ जीवोंको सदा घुमाता या भरमाता रहता है । ‘मैं मारनेवाला हूँ’ ‘मैं यहाँ मर रहा हूँ’ इस प्रकार अहंभाव बढ़ जानेसे ही मनुष्य इस भव-चक्रमें भटकता रहता है ॥ ३७ ॥

तदत्र भ्रम एवायं स्वःपरश्चेति भेदकृत् ।
आब्रह्मकीटपर्यन्तविश्वभ्रमणकारणम् ॥३८॥

‘अतः यहाँ यह भ्रम ही अपने-पराये भेदकी सृष्टि करनेवाला है । यही ब्रह्मासे लेकर कीट पर्यन्त समस्त विश्वको भवचक्रमें घुमानेका कारण है ॥ ३८ ॥

हर्षैस्तर्षैरनेकैर्विषयविषमदैर्लोभमोहैश्च सेर्ष्यैः
कामैः क्रोधैः श्रितैस्तैरहमहमिति ये ह्यत्र कुर्वन्ति नित्यम् ।
तेषां वार्तैव का वाऽनवरतमिह हा ! क्लिश्यमानाः स्वयं तै—
र्नीयन्तेऽन्धंतमस्ते तदनुसरणतो ज्ञानिनोऽपि व्यथन्ति ॥३९॥

'हर्ष, तर्ष ( अभिलाषा ), विषय-विष-सेवन-जनित मद, लोभ, मोह, ईर्ष्या तथा अपने भीतर बैठे हुए काम–क्रोध आदिके कारण जो लोग यहाँ प्रतिदिन अहंभाव व्यक्त किया करते हैं, उनकी बात क्या कही जाय ? वे यहाँ स्वयं निरन्तर क्लेश उठाते हैं और उक्त काम-क्रोधादिके द्वारा घोर अन्धतम ( नरक ) में ले जाये जाते हैं। उनका अनुसरण करनेके कारण ज्ञानी जन भी व्यथित होते हैं ॥ ३९ ॥

जायापतिभ्यामथ तुष्टचेतसा विशुद्धमेवं कथितः खलाग्रणीः ।
तयोरनुज्ञां प्रतिगृह्य शान्तिदां गृहं ययौ, तावपि जग्मतुस्ततः ॥४०॥

उन पति-पत्नी वसुदेव-देवकीके द्वारा संतुष्ट चित्तसे इसप्रकार विशुद्ध भावयुक्त बात कही जानेपर वह दुष्टोंका अगुआ कंस उन दोनोंकी शान्तिदायिनी आज्ञा पाकर अपने घरको चला गया और वे दोनों दम्पति भी वहांसे चले गये ॥ ४० ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
व्यगमद्दशमः सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥४१॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति इस श्रीकृष्णचरितामृत नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें दसवां सर्ग पूरा हुआ ॥ ४१ ॥

* * *

# एकादशः सर्गः

[ सभागृहे कंसस्य सुहृद्भिः परामर्शः । बालानां विप्रादीनाञ्च विहिंसननिर्देशनम् ]

( भुजङ्गप्रयातम् )

प्रभातेऽथ कंसो विनिद्रो रजन्यां स्मरंस्तद्गिरः स्वप्नवन्मन्यमानः ।
समाहूय तान् मन्त्रिणः स्वप्रकोष्ठे सभां कारयामास विभ्रान्त एषः ।।१।।

प्रातःकाल आनेपर जब कंसकी निद्रा टूटी तब रातमें देवी योगमायाके द्वारा कहे गये वचनोंको वह स्वप्नवत् मानने लगा। फिर भी अपने दरबारमें मन्त्रियोंको बुलाकर उस विभ्रान्त नरेशने एक सभा आयोजित की ।। १ ।।

समाश्रित्य भव्यं पदं क्षिप्रमस्यां बभाषेऽखिलं तद्वचो माययोक्तम् ।
स एवाऽत्र तान्नोदयामास भूयः स्वकर्तव्यमादेष्टुकामो वरेण्यम् ।।२।।

वहाँ अध्यक्षके भव्य सिंहासनपर शीघ्र ही बैठकर उसने योगमायाकी कही हुयी सारी बातें दुहराईं। फिर उसीने उन सबको अपने लिये उत्तम कर्तव्य बतानेकी प्रेरणा दी ।। २ ।।

ततस्ते नृशंसाः सदस्याः सभायां तमूचुर्मुखापेक्षिणो मूढचित्ताः ।
विमूढाः स्वतो धर्मकामार्थवृत्तौ सुरान् सद्गुणान् द्वेषिणस्तन्निशम्य ।।३।।

वे समस्त सभासद बड़े ही क्रूर, मूढचित्त और कंसकी मुँहदेखी कहनेवाले थे। स्वयं तो धर्म, काम और अर्थके विषयमें कोई निर्णय देनेमें मूर्ख थे और देवताओं तथा सद्गुणोंसे द्वेष रखनेवाले थे। कंसकी बात सुनकर वे उससे बोले—।। ३ ।।

तथा चेन्महाराज ! शीघ्रं व्रजामो वयं कामरूपं समास्थाय चेतः ।
भ्रमामो धरां ताञ्छिशून् येऽत्र सन्ति निहन्मः सदन्तानदन्तांश्च सर्वान् ।।४।।

महाराज ! यदि ऐसी बात है, तो हमलोग इच्छानुसार रूप धारण करके शीघ्र ही यहाँसे जाते हैं। हम भूतलपर भ्रमण करेंगे और जहाँ भी ऐसे बालक मिलेंगे जिनके दाँत अभी-अभी निकले हैं या जिनके दाँत ही नहीं निकले हैं, वहाँ उन सबको मार डालेंगे ।। ४ ।।

भयं नास्ति किञ्चित् सुरेभ्यो वयं हि विशिष्टास्ततो वीर्यशक्त्यादिभिश्च ।
रणे दुद्रुवुस्ते त्वया ताड्यमाना विगृह्यैव देहं निजं शस्त्रविद्धम् ।।५।।

'हमें देवताओंसे तनिक भी भय नहीं है; क्योंकि हम पराक्रम और शक्ति आदिमें उनसे बहुत बढ़े-चढ़े हैं। देवता वे ही तो हैं, जो युद्धस्थलमें आपके बाणोंकी मार खाकर अपने शस्त्र-विद्ध शरीरको लिये हुए भाग गये थे ।। ५ ।।

अशक्तास्तु केचिद्भवन्तं तदैव समाराधयन्ति स्म भीताः सुरास्ते ।
किरीटं पुरो न्यस्य केचित्तथैव शरण्यं भवन्तं ब्रुवन्त्येव देव ! ॥६॥

'देव ! कितने ही असमर्थ देवता उसी समय भयभीत हो आपकी समाराधनामें लग गये थे। कईने तो आपके सामने अपने मस्तकका किरीट उतारकर रख दिया था और वे आपको 'शरणागतवत्सल' कहकर पुकारने लगे थे ॥ ६ ॥

भवानेव धीमानहो ! वीर्यवांश्च विमुक्तान् करोतीह तांस्त्रासतोऽपि ।
अतो धन्यवादार्ह एवं वराकाः सुरा किं करिष्यन्ति नो दीनचित्ताः ॥७॥

'आप ही बुद्धिमान् हैं, आप ही बलपराक्रमसे सम्पन्न हैं; क्योंकि आप उन्हें त्राससे मुक्त कर देते हैं; अतएव आप ही धन्यवादके पात्र हैं; ऐसे वे बेचारे दीन-चित्त देवता हमारा क्या कर लेंगे ॥ ७ ॥

सुरेन्द्रोऽल्पवीर्यो भवत्सन्निधौ कः स बृद्धो विधिः पालयेत् सृष्टिजातम् ।
शिवोऽरण्यमूढो भजेद्भावगम्यं हरिर्भक्तवृन्दं विलोकेत केऽन्ये ? ॥८॥

अल्प बल-पराक्रम वाला देवराज इन्द्र आपके समीप क्या हस्ती रखता है ? वह बूढ़ा विधाता तो सृष्टि-समूहके पालनमें ही लगा रहता है। वनमें विचरनेवाले शिव भी तो किसी भावगम्य-वस्तुके भजनमें ही मस्त रहते हैं और विष्णु भगवान्‌की दृष्टि तो अपने भक्त-समूहकी ओर लगी रहती है; इनके सिवा दूसरे देवताओंकी क्या विसात है ? ॥ ८ ॥

तथापीह देवा न नो वैरिणो ये ह्युपेक्ष्यास्तदित्थं त्वमस्मान्नियुङ्क्ष्व ।
करिष्याम उन्मूलनं सर्व एव सुराणां सतां सज्जनानां श्रुतीनाम् ॥९॥

'तथापि यहाँ देवता हमारे वैरी हैं, इसलिए उपेक्षाके योग्य नहीं हैं। इस अवस्थामें आप हमें देवताओंके दमनमें नियुक्त कीजिए। हम सभी मिलकर देवताओं, संतों, सत्पुरुषों तथा श्रुतियोंका उन्मूलन ( संहार ) कर डालेंगे ॥ ९ ॥

भवान् व्याहरत्पूर्वजन्मान्तरेऽपि प्रसिद्धोऽभवं कालनेमिर्बलिष्ठः ।
हतः किन्तु तेनेति, तस्मात् स विष्णुर्ह्यवश्यं वधार्हस्तदत्राऽस्त्युपायः ॥१०॥

'आपने कहा था कि 'पूर्व जन्ममें मैं अत्यन्त बलवान् कालनेमि नामसे प्रसिद्ध दैत्य था, किन्तु उस विष्णुने मेरा वधकर डाला था।' इसलिए वह विष्णु अवश्य ही वधके योग्य है। परन्तु इसके लिए यही एक उपाय है ॥ १० ॥

शरीरं विशेषेण तस्यास्ति धर्मः सदाचार एवं श्रुतिर्यज्ञ एव ।
इमानेव चाश्रित्य गा ब्राह्मणांश्च स पुष्णाति तस्मात्त एवाऽत्र वध्याः ॥११॥

'विष्णुका शरीर विशेषतः धर्म, सदाचार, श्रुति एवं यज्ञ ही है; इन्हीं आश्रय लेकर वे गौओं तथा ब्राह्मणोंका पोषण करते हैं; अतः ये ही यहाँ हमारे वध्य हैं ॥ ११ ॥

यदा भूतलस्था द्विजा गाव इत्थं तितिक्षां दयां सत्यमादाय राजन् ! ।
समूलं गमिष्यन्ति नाशं तदैव मृतः स्यात् स विष्णुर्गुहास्थोऽप्यरूपः ॥१२॥

'राजन् ! इस प्रकार भूतलपर विद्यमान ब्राह्मण और गोसमुदाय तितिक्षा ( क्षमा ) दया और सत्यको साथ लिए समूल नष्ट हो जायँगे तब सबकी हृदय-गुफामें रहनेवाला रूपहीन विष्णु भी अवश्य मर जायगा ॥ १२ ॥

शक्त्या विरहिते विष्णौ तन्मूला देवता अपि ।
नष्टप्रायाः भविष्यन्ति तदादिश प्रभो ! हि नः ॥१३॥

'प्रभो ! जब विष्णु शक्तिहीन हो जायगा तो वही जिनका मूल है, वे देवता भी नष्टप्राय हो जायँगे; अतः आप हमें इस कार्यके लिए आदेश दीजिये ॥ १३ ॥

नष्टेऽस्मिन् कीचके वंशे वंशीनिर्माणमूलके ।
निर्मिता केन सा वंशी वाद्यते मृत्युदाऽपि भोः ! ॥१४॥

महाराज ! जो वंशीके निर्माणका मूल है, वह कीचक-वंश ही यदि नष्ट हो जाय तो मृत्युका निवारण करनेवाली होनेपर भी वह बाँसुरी किससे निर्मित होकर बजेगी ( न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी, न विष्णु रहेंगे, न देवता ) ॥ १४ ॥

तद्वधोपाय एवं स्यात् किन्तु प्रारब्धकर्म तत् ।
सर्वथा विवशाञ्जीवान् भ्रामयत्यत्र नित्यशः ॥१५॥

'इसप्रकार विष्णुके वधका उपाय हो सकता है। किन्तु वह प्रारब्ध-कर्म सर्वथा विवश हुए जीवोंको नित्य घुमाता रहता है—कर्मफलका भोग करवाता रहता है' ॥ १५ ॥

इत्थं स दुर्मन्त्रिभिरेवमद्धा संमन्त्र्य दुष्टो विगतज्ज्वरोऽभूत् ।
समर्थ्य सर्वं स्वहितं विभाव्य तानादिदेशाऽत्र तथैव कर्तुम् ॥१६॥

अपने दुष्ट मन्त्रियोंके साथ इसप्रकार मन्त्रणा करके वह दुष्ट चिन्ताज्वरसे मुक्त हो गया। उनकी सलाहमें अपना हित जानकर उसका समर्थन करके कंसने उन्हें वैसा ही करनेकी आज्ञा दे दी ॥ १६ ॥

ततस्तेऽगमन् दिक्षु सर्वासु तूर्णं समाश्रित्य रूपं तमःशक्तिपूर्णम् ।
विभूतिं श्रिता आसुरीं चैव मायां प्रचक्रुर्विनाशं यथोक्तं समायाम् ॥१७॥

तब वे तमोगुणकी शक्तिसे परिपूर्ण मनमाना रूप धारण करके तत्काल सम्पूर्ण दिशाओंमें चल दिए। जैसा कि उन्होंने कंसकी सभामें कहा था, तदनुसार वे आसुरी सम्पत्ति और मायाका आश्रय ले विनाशकारी कार्यमें लग गए ॥ १७ ॥

स्वस्वामिनोऽन्तकविसृष्टकुबुद्धिनष्ट - सत्कर्मणः प्रतिगृहीतकुबुद्धयस्ते ।
आसन्नमृत्युपथिकाः स इवाऽत्र भूत्वा चक्रुर्भृशं कदनमात्मविदां सतां च ॥१८॥

मृत्युकी भेजी हुई कुबुद्धिसे उन दैत्योंके स्वामी कंसके सत्कर्म नष्ट हो गये थे। उसीसे उन असुरोंने भी कुबुद्धि-ग्रहण की थी। वे कंसकी ही भांति निकट आयी हुई मृत्युके मार्गपर चल रहे थे; अतः उन्होंने आत्मवेत्ता महात्माओं संतोंका अत्यन्त संहार आरम्भ कर दिया॥ १८॥

द्रुह्यन्ति येऽत्र कुधिया गुणवत्सु सत्सु शान्त्याश्रयेषु सुमहत्सु हरिप्रियेषु ।
तेषां कथं भवति शं ? ह्यभवच्च कस्य न ज्ञायते, नयति तानध एव कर्म ॥१९॥

इस जगत्में जो भी कुत्सित बुद्धिवाले मानव गुणवान् संतों तथा शान्तिके आश्रयभूत भगवत्प्रिय महात्माओंके प्रति द्रोह रखते हैं, उनका कैसे कल्याण हो सकता है ? और किसका हुआ है ? यह ज्ञात नहीं है। वह द्रोह कर्म उन भक्तद्रोहियोंको नीचे ही ले जाता है—नरकमें ही गिराता है ॥ १९ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
गत एकादशः सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥२०॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह ग्यारहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥ २० ॥



# द्वादशः सर्गः

[ गोकुले भगवतो जन्मोत्सवादिवर्णनम् ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

इतो व्रजो बालकहस्तचेष्टया व्युत्थापिता नन्दमहिष्यतः परम् ।
ससंभ्रमं संस्मृतपूर्वगीरसौ विबोध्य सुप्तं स्वपतिं जगाविदम् ॥१॥

इधर व्रजमें बालकके हाथकी चेष्टाने नन्दरानी यशोदाको जगा दिया । अतः पहलेकी "मैं प्रसूता हुई थी" इस बातको याद करके वे हड़बड़ाकर उठ गयीं और अपने सोये पति नन्दबाबाको जगाकर इस प्रकार कहने लगीं—॥ १ ॥

अहं प्रसूता व्रजराज ! बालकं पश्याव आवां सहितौ किमस्ति तत् ।
सुतः सुता वा निभृतं निरूप्य यन्निर्धारयावो निजकृत्यमञ्जसा ॥२॥

'व्रजराज ! मैंने एक बालकको जन्म दिया है, हम देखें,—'वह क्या है ? पुत्र है या पुत्री ?' इसको अच्छीतरह जानकर हम अपने कर्तव्यका अनायास निश्चय करें' ॥ २ ॥

नन्दः समुत्थाय निशम्य तत्स्वनं ह्युपाविशत्तत्र यशोदया समम् ।
क्षौमेण पीतेन शिशुं तदैव तावापादशीर्षं पिहितं व्यपश्यताम् ॥३॥

नन्दजी उठकर और बालकके रोनेका शब्द सुनकर यशोदाके साथ उसके पास जो बैठे । उसी समय उन्होंने देखा, वह शिशु पैरसे लेकर सिरतक रेशमी पीताम्बरसे ढका हुआ है ॥ ३ ॥

निःसार्य वस्त्रं चरणौ शिशोः शुभौ निरीक्षमाणौ शनकैरुभावपि ।
ध्वजाङ्कुशैर्वज्रसरोरुहादिभिर्दृष्ट्वाङ्कितौ प्रापतुरव्ययं सुखम् ॥४॥

उन दोनोंने धीरेसे वस्त्र हटाकर बालकके सुन्दर युगलचरण देखे । वे ध्वज, अङ्कुश, वज्र और कमल आदि शुभ चिह्नोंसे अङ्कित थे । यह देखकर उन्हें अक्षय-सुख प्राप्त हुआ ॥ ४ ॥

पुंल्लिङ्गताव्यञ्जकवस्तुमात्रकं प्राग्द्राग्विलोक्याऽर्भकवक्षसि स्थितम् ।
तद्भार्गवं चिह्नमवेक्ष्य सत्वरावपश्यतां श्रीश्रितचन्द्रकं शिरः ॥५॥

पहले पुरुषत्व-सूचक वस्तुपर तत्काल दृष्टिपात करके उन्होंने बालकके वक्षःस्थलपर भृगुका चरण-चिह्न देखा, फिर उतावलीसे मस्तकका अवलोकन किया, जिसपर शोभा-युक्त मोरपंखका मुकुट था ॥ ५ ॥

सुलक्षणैरेभिरमुं यथार्थतो विभाव्य साक्षात् परमेश्वरं यथा ।
संस्पृष्टवन्तौ दृढमोहितात्मना तदङ्गमेकैकमनुत्तमं तदा ॥६॥

इन सुन्दर लक्षणोंसे उस शिशुको यथार्थतः साक्षात् परमेश्वर मानकर वे अत्यन्त मुग्ध हो गये और उस समय उसके एक-एक परम उत्तम अङ्गपर हाथ फेरने लगे ॥ ६ ॥

गते सुदीर्घे वयसीह दैवतो जातोऽद्य नौ पुत्र इदं वचो यदा ।
तयोरखेलद्धृदये सुनिर्भरं संलक्ष्य तद्भावमसौ स्मितस्तदा ॥७॥

'इतनी बड़ी आयु व्यतीत हो जानेपर दैववश आज हम दोनोंके पुत्र हुआ है'—यह बात जब उनके हृदयमें खेलने लगी; तब उनका भाव देखकर वह शिशु मुसकरा उठा ॥ ७ ॥

स्मितेन तेनाऽक्षयबाललीलया निरीक्षणेनाऽपि मनो जिहीर्षुणा ।
तन्नीलकान्त्या च मुखश्रिया धिया विमोहितौ तौ सुतरां विरेजतुः ॥८॥

उस मुसकानसे, अक्षय बाल-लीलासे, मनको हर लेनेकी इच्छावाली चञ्चल चितवनसे, शिशुकी श्याम-कान्तिसे, मुखकी शोभासे तथा उसकी सद्बुद्धिसे मोहित हुए वे दोनों दम्पति ( नन्द और यशोदा ) बड़ी शोभा पाने लगे ॥ ८ ॥

अमेयकान्तिप्रचुरं सुदर्शनं सवारिमेघप्रतिमं मनोरमम् ।
अलौकिकं रूपमुभौ निरीक्ष्य तच्चित्रस्थमूर्तिप्रतिमौ बभूवतुः ॥९॥

जहाँ अप्रमेय कान्तिका प्राचुर्य था, जिसका दर्शन बड़ा सुहावना था, जिसकी आभा सजल जलधरके समान श्याम थी तथा जो मनको बरबस अपनी ओर खींच लेनेवाला था, शिशुके उस अलौकिक रूपको देखकर वे दोनों नन्द-यशोदा चित्रलिखित मूर्तिसे प्रतीत होने लगे ॥ ९ ॥

चिरेण कर्तव्यमतः परं निजं संस्मृत्य नन्दो व्रजराज उत्थितः ।
अपश्यदुद्घाट्य गवाक्षमुच्छिरा नीलं महो व्याप्तनभस्तलं ततः ॥१०॥

दीर्घकालके बाद अपने कर्तव्यका स्मरण करके व्रजराज नन्द उठकर खड़े हो गये। उन्होंने घरकी खिड़की खोलकर सिर ऊपर उठा सारे आकाशमें व्याप्त हुई उस नील ज्योतिको देखा ॥ १० ॥

चन्द्रं समाश्लिष्य नवोदितं प्रियं साऽऽह्लादिता तस्य करैरितस्तदा ।
प्राची दिगासीन्मुदिता भृशं तयोः सानन्दचैतन्यमयी सुधीरिव ॥११॥

इसी समय नवोदित प्रियतम चन्द्रका आलिङ्गन करके उसकी इधर-उधर प्रसृत किरणोंसे आह्लादित हुई प्राची दिशा नन्द और यशोदाकी चिन्मयी उत्तम बुद्धिकी भाँति आमोद-मग्न हो गयी ॥ ११ ॥

ततोऽम्बरेऽसौ शशिनं निरीक्ष्य तं निर्वर्ण्य कोष्ठस्थितबालकं पुनः ।
भृशं निरूप्याऽपि च किञ्चिदन्तरं तयोर्न लेभे व्रजराज उन्मनाः ॥१२॥

तदनन्तर व्रजराज नन्दने आकाशमें चन्द्रमाको देखा और भवनके भीतर विराजमान अपने उस बालकपर भी दृष्टिपात किया। भलीभाँति देखनेपर भी वे उन्मना होकर उन दोनों चन्द्रोंमें किञ्चिन्मात्र भी अन्तर नहीं देख सके ॥ १२ ॥

स चिन्तयामास गवाक्षमाश्रितः सच्चिन्मयोऽयं पुरुषः पुरातनः ।
किं वाऽवतीर्णोऽत्र ? ममेष्टदेवता श्रेयो विदद्ध्याज्जयताच्च सर्वथा ॥१३॥

वे खिड़कीका सहारा ले खड़े हो मन ही मन सोचने लगे—'क्या ये सच्चिदानन्दमय पुरातन पुरुष मेरे इष्टदेव ही यहां इस रूपमें अवतीर्ण हुए हैं ? यदि ऐसी बात है तो इनकी जय हो ! और ये मेरा कल्याण करें ॥ १३ ॥

द्वारं समुद्घाट्य ततः स सत्वरो भृत्यान् समाहूय शनैरुपस्थितान् ।
पूज्यान् द्विजाञ्जातककर्मकोविदान् गोपान् समाकारयितुं नियुक्तवान् ॥१४॥

तदनन्तर उन्होंने बड़ी उतावलीके साथ दरवाजा खोलकर सेवकोंको धीरेसे बुलाया और जब वे उपस्थित हुए तो उन्हें जातकर्मके ज्ञाता पूजनीय ब्राह्मणों तथा गोपोंको बुला ले आनेकी आज्ञा दी ॥ १४ ॥

प्रियाः विधेया व्रजराजसेवका बुद्ध्वा तदाज्ञां समुदो यथार्थतः ।
नृत्यन्त औत्सुक्यवशान्निरन्तरं ततो ययुस्ते नतमस्तका द्रुतम् ॥१५॥

व्रजराजके प्रिय आज्ञाकारी वे सेवक उनकी आज्ञाको यथार्थतः समझकर प्रसन्नतासे खिल उठे और निरन्तर बढ़ती हुई उत्कण्ठाके वशीभूत हो सिर झुकाकर नाचते-कूदते हुए तुरन्त वहाँसे चल दिये ॥ १५ ॥

यथानिदेशं प्रथमं समन्ततो गत्वा भ्रमित्वा प्रतिसद्म तान् द्विजान् ।
मुनींश्च पूर्वोक्तगुणैरलङ्कृतान् विज्ञापयामासुरमी तथास्थितान् ॥१६॥

पहले स्वामीकी आज्ञाके अनुसार चारों ओर पहुँचकर घर-घर घूमकर पूर्वोक्त गुणोंसे अलंकृत द्विजों तथा मुनिजनोंको उन्होंने उक्त सूचना दी ॥ १६ ॥

संमन्त्र्य कार्यं रुचिरं करिष्णवस्ते प्राविशन् वाद्यगृहं ततोऽञ्जसा ।
आदाय तस्मात् पटहं सुविस्तृतं मुदं वहन्तो व्रजमध्यमाययुः ॥१७॥

फिर आपसमें सलाह करके रुचिर कार्य करनेके इच्छुक वे सेवक वाद्यगृहमें गये और वहाँसे अनायास ही नगाड़े लेकर प्रसन्नता पूर्वक व्रजमण्डलके बीच आये ॥ १७ ॥

प्रवादयन्तस्तु तमानकं भृशं संघुष्य ते नन्दगिरः स्फुटं तदा ।
जातोऽद्य बालो व्रजराजसद्मनि सर्वे समागच्छत जातकर्मणि ॥१८॥

वे उस नगाड़ेको जोर-जोर बजाते हुए नन्दजीका संदेश उच्चस्वरसे सुनाने लगे—'गोपगण ! आज व्रजराज नन्दजीके घर बालक उत्पन्न हुआ है; उसका जातकर्म-संस्कार होने जा रहा है, उसमें आप सब लोग पधारें ॥ १८ ॥

नादेन तेनाऽऽहतनादरूपिणा व्युत्थापितास्ते व्रजवासिनस्ततः ।
आकर्षितास्तद्वचसैव सोत्सुका अथाऽऽययू राजगृहं समन्ततः ॥१९॥

उस आहतनादरूपी नादसे समस्त व्रजवासी शयनसे उठा दिये गए। वे उक्त घोषणासे आकर्षित और उत्सुक हो चारोंओरसे राजगृह ( नन्द-भवन ) की ओर आने लगे ॥ १९ ॥

द्विजाशिषं तां प्रतिगृह्य सर्वतो नतोत्तमाङ्गो व्रजराज उत्सुकः ।
निवेद्य तेभ्यः सुतजन्मकर्म तत्सम्पादनार्थं चरणेऽक्षिपद्गिरः ॥२०॥

द्विजोंके दर्शनके लिए उत्कण्ठित व्रजराजने उनके आनेपर मस्तक झुकाकर प्रणाम किया और उनका आशीर्वाद लेकर उनसे पुत्रके जातकर्मके विषयमें निवेदन किया । फिर उस कर्मके संपादनके लिए उनके श्रीचरणोंमें अपनी बात रक्खी ॥ २० ॥

ततो द्विजा मन्त्रविदः सुमङ्गलाः सुमङ्गलं मङ्गलकर्मणीदृशि ।
तत्पुत्रतीर्थे विधिवन्मुदान्विताः संस्नापयामासुरमुं सचैलकम् ॥२१॥

तब मन्त्रज्ञ तथा परम मङ्गलरूप उन ब्राह्मणोंने ऐसे मङ्गल कर्मके उपस्थित होनेपर बड़ी प्रसन्नता प्रकट की और उस उत्तम पुत्रतीर्थमें वस्त्र सहित नन्दराजको विधिपूर्वक माङ्गलिक स्नान कराया ॥ २१ ॥

प्रोद्घुष्य ते स्वस्त्ययनं सुमङ्गलं कृत्वा विधेयं विधिवत्सुरार्चनम् ।
नान्द्यादिसच्छ्राद्धमपीह यत्नतः सम्पादयामासुरमुष्य शान्तिदम् ॥२२॥

फिर उन्होंने सुमङ्गलमय स्वस्तिवाचन करके कर्तव्य देवपूजनको विधिवत् पूर्ण किया और यजमानके लिए शान्तिदायक कर्म, नान्दी आदि श्राद्धका यत्नपूर्वक सम्पादन कराया ॥ २२ ॥

महामनाः सोऽपि महार्हवस्तुभिः सम्पादयामास समस्तकर्म तत् ।
सम्प्राप्य तीर्थं क उदारमानसो ददाति पात्रेभ्य इहेप्सितं न किम् ! ॥२३॥

महामनस्वी नन्दने भी बहुमूल्य वस्तुओंद्वारा वह समस्त कर्म सम्पन्न किया । क्यों न करें, कौन ऐसा उदारहृदय पुरुष होगा जो तीर्थ प्राप्त होनेपर सत्पात्रोंको दान न देगा तथा उन्हें कौन-सी अभीष्ट वस्तु नहीं दे डालेगा ॥ २३ ॥

२६

आनन्दतो नन्द उदारतावशाद् ददौ द्विजेभ्यो विविधं धनं बहु ।
गवां शुभे द्वे नियुते अलङ्कृते ददे सवत्से ससुखं सुपूजिते ॥२४॥

उदारतावश नन्दने बड़े आनन्दसे द्विजोंको नाना प्रकारका बहुत धन अर्पित किया। इतना ही नहीं उन्होंने वस्त्राभूषणोंसे विभूषित तथा सुपूजित दो लाख गौएँ भी सुखपूर्वक दान कीं ॥ २४ ॥

संस्थाप्य सप्ताद्रिसमान् हरिप्रियान् तिलोच्चयान् रत्नसुवर्णभूषितान् ।
महार्हवस्त्रैः पिहितान् विधाय तान् नारायणायेति ददौ विशेषतः ॥२५॥

सात पर्वतोंके समान तिलके सात ढेर, जो भगवान् श्रीहरिको बहुत प्रिय हैं, स्थापित करके उन्हें रत्न एवं सुवर्णसे भूषित किया और बहुमूल्य वस्त्रोंसे ढ़ककर वे सबके सब विशेषतः 'नारायणाय समर्पयामि' ऐसा कहते हुए नन्दजीने ब्राह्मणोंको दान कर दिये ॥ २५ ॥

विशुद्ध्यते कालवशाद्धरादिकं शौचाच्छरीरं वसनं प्रमार्जनैः ।
हृषीकवृन्दं तपसेज्यया द्विजा गर्भादि संस्कारत एव संस्कृतम् ॥२६॥

पृथ्वी तथा पार्थिव आदि वस्तुएँ विशेषतः कालसे विशुद्ध होती हैं। शरीर स्नानसे, वस्त्र धोनेसे, इन्द्रिय समूह तपसे, द्विज यज्ञ-यागसे तथा गर्भ आदि संस्कारसे संस्कृत होकर शुद्ध होते हैं ॥ २६ ॥

तुष्ट्या मनो रत्न-धनादि भौतिकं संशुद्ध्यते वस्त्वखिलं तु दानतः ।
स्वात्मा तु सच्छास्त्रगुरूपशिक्षितां विद्यामृते नैव विचिन्त्यतां बुधाः ! ॥२७॥

मनकी शुद्धि संतोषसे होती है, रत्न-धन आदि समस्त भौतिक पदार्थकी शुद्धि दानसे होती है; परन्तु विद्वज्जनो ! आत्माकी शुद्धि सत्-शास्त्र तथा गुरुजनोंसे सीखी हुई विद्याके विना नहीं होती है—इस बातको सदा स्मरण रक्खें ॥ २७ ॥

विगृह्य सद्बुद्धिमिमां व्रजेश्वरः स्वजीवनं सत्प्रथितं कृतार्थयन् ।
द्रव्योपयोगश्च निदर्शयन् क्षितौ चकार तत्-सत् ! सुतजन्मतीर्थके ॥२८॥

व्रजेश्वर नन्दजीने इस सद्बुद्धिको अपनाकर सत्पुरुषोंमें प्रसिद्ध अपने जीवनको कृतार्थ करते हुए और भूतलपर द्रव्यका सदुपयोग कैसे करना चाहिये—यह दृष्टान्त सामने रखते हुए उस पुत्र-जन्मरूप तीर्थमें 'ॐ तत् सत्' बोलकर धनका दान किया ॥ २८ ॥

समाप्य सर्वान्नियमानितस्ततः सत्याशिषस्ते मुनयो गुरुद्विजाः ।
तूर्णं ह्यरिष्टं न्यविशन् व्रजेश्वरं सार्धं प्रगृह्यैव शिशुं दिदृक्षवः ॥२९॥

तत्पश्चात् इधर सारे नियमोंको पूरा करके वे सत्य एवं शुभ आशीर्वाद देनेवाले मुनि, गुरु तथा ब्राह्मण नवजात-शिशुको देखनेके लिए व्रजेश्वरको साथ लेकर तुरन्त सूतिकागारमें प्रविष्ट हुए ॥ २९ ॥

इतः प्रियां स्वां प्रकृतिस्वरूपिणीं ह्युषां पुरस्कृत्य करैर्मृजन् रविः ।
समागतो बालकमम्बुजोपमं कर्तुं प्रफुल्लं स्वहितं विभाव्य तम् ॥३०॥

उधर अपनी प्रकृति-स्वरूपिणी प्रिया उषाको आगे करके उसपर अपने कर ( किरण या हाथ ) फेरते हुए सूर्यदेव उस कमलोपम-बालकको अपना हित समझकर उसे प्रफुल्ल करनेके लिये उदित हुए ॥ ३० ॥

पौरास्ततो गोकुलमण्डलं श्रिता उदन्तमाकर्ण्य बहिः समागताः ।
अन्योन्यमामन्त्र्य व्रजं झटित्यहो ! प्रामार्जयन् सर्वत एव संगताः ॥३१॥

तब गोकुलवासी नागरिक वह समाचार सुनकर नन्द-भवनके बाहरी भागमें आ पहुँचे और एक दूसरेको बुलाकर शीघ्रतापूर्वक मिल-जुलकर सब ओरसे व्रजको साफ-सुथरा करने लगे ॥ ३१ ॥

प्रागापुरद्वारगृहाङ्गणादिकं तैः शोधनीभिः परिमार्जितं द्रुतम् ।
सुगन्धवारि प्रतिगृह्य सर्वतस्तेष्वेषु संसिक्तमतन्द्रितैस्ततः ॥३२॥

पहले उन्होंने झाड़ू लेकर पुर-द्वारसे घरके आङ्गन आदि तक सारा व्रजमण्डल शीघ्रतापूर्वक झाड़-बुहार दिया, फिर सुगन्धित जल लेकर आलस्यरहित हो उन बाहर-भीतर के सभी स्थानोंपर छिड़काव किया ॥ ३२ ॥

ध्वजैर्विचित्रैर्नवपल्लवाङ्कुरै-र्माल्यैः पताकाभिरतुल्यकान्तिभिः ।
चैलैश्च चित्रैर्मिलितैर्व्रजस्थितैस्तैर्भूषितं द्राक् परितो व्रजं तदा ॥३३॥

विचित्र-ध्वज स्थापित कर, नूतन पल्लवाङ्कुर ( वंदनवारें ) सुदूर तक लगाकर, उनमें फूलोंके हार लटकाकर, अनुपम कान्तिवाली बहुत-सी पताकाएँ फहराकर तथा विचित्र रंगोंके वस्त्र तानकर संघटित व्रजवासियोंने पहले बड़ी शीघ्रताके साथ व्रजको चारों ओरसे सुसज्जित कर दिया ॥ ३३ ॥

प्राभातिकीः स्वाः नियमादिकाः क्रियाः समाप्य सर्वे व्रजवासिनो जनाः ।
मुदान्विता गा वृष-वत्सकैः समं प्रक्षिप्य शष्पं रुचिरं ह्यभूषयन् ॥३४॥

समस्त व्रजवासी जनोंने प्रातःकालिक नियम आदि पुण्य-कर्म समाप्त करके आनन्दमग्न हो गौओं, साड़ों और बछड़ोंके आगे घास डाल दिया और उन सबको सुन्दर ढंगसे विभूषित किया ॥ ३४ ॥

स्नानेन संशोध्य शरीरमेकशस्तैलैर्हरिद्रादिविमिश्रितैः शुभैः ।
वस्त्रैर्महार्हैश्च सुगन्धिवस्तुभिस्ते भूषिता रेजुरहो ! भृशं पुनः ॥३५॥

स्नान करानेके द्वारा एक बार उनके शरीरकी शुद्धि करके हल्दी मिश्रित सुन्दर तैलसे, बहुमूल्य वस्त्राभूषणोंसे और सुगन्धित वस्तुओंसे उन्हें विभूषित किया। फिर तो उनकी अत्यन्त अद्भुत शोभा होने लगी ॥ ३५ ॥

ततः स्वयं ते व्रजभूपतेः शिशोर्जन्मोत्सवे सम्मिलितुं समुत्सुकाः ।
आत्मानमेवाऽतुलतो व्यभूषयन् स्नानादिना प्राग्गतकल्मषा मुदा ॥३६॥

तदनन्तर वे व्रजवासी व्रजराज-शिशुके जन्मोत्सवमें सम्मिलित होनेके लिए उत्सुक हो प्रसन्नतापूर्वक स्नान करके साफ सुथरे हो अपने आपको ही अनुपम ढंगसे विभूषित करने लगे ॥ ३६ ॥

महार्हवस्त्राभरणैः सुसज्जिताः द्रव्यैः सुगन्धीभिरितः सुवासिता ः ।
आबालवृद्धास्तरुणाश्च सङ्घशः प्रत्युद्गता नन्दगृहं त्वरान्विताः ॥३७॥

अधिक मूल्यवान वस्त्राभूषणोंसे सुसज्जित तथा सुगन्धित द्रव्योंसे सुवासित हो बालक, बृद्ध और तरुण गोप बड़ी उतावलीके साथ यूथबद्ध होकर नन्दके घर आये ॥ ३७ ॥

इतो व्रजस्था गुणरूपशीलतो बृद्धाः स्वतो मातर उत्सुकास्तदा ।
गोपालबालाः प्रमदाः सबालिका आत्मानमद्धा बहुधा व्यभूषयन् ॥३८॥

इधर व्रजमें रहनेवाली गुण, रूप एवं शीलमें बढ़ी चढ़ी माताएँ, गोप बालाएँ व्रज युवतियाँ तथा बालिकाएँ भी स्वतः उत्सुक हो अपने आपको अनेक प्रकारसे सँवारने और विभूषित करने लगीं ॥ ३८ ॥

ता देवबाला मुनियोषितस्तथा गोपाङ्गनास्ताः श्रुतिसंहितादिकाः ।
चतुर्विधाः स्वप्रियदर्शने प्रियाः स्वं भूषयाञ्चक्रुरहो ! तदुद्भवे ॥३९॥

गोपियाँ चार प्रकारकी थीं—देवाङ्गनास्वरूपा, मुनिरूपा, गोपाङ्गनास्वरूपा तथा श्रुतिसंहितादिरूपा। ये चारों तरहकी हरि वल्लभाएँ अपने प्रियतम नन्द-नन्दनका दर्शन करनेके निमित्त उनके जन्मोत्सवपर अपनेको विभूषित करने या सँवारने लगीं ॥ ३९ ॥

द्रव्यैरनेकैरनुलेप्य सुन्दरं महार्हवस्त्रैः सुविभूषितं पुनः ।
रत्नोज्ज्वलत्कुण्डलहारशोभितं प्राक् ता अपश्यन्मुकुरे स्वविग्रहम् ॥४०॥

अनेक अङ्गरागोचित द्रव्योंसे अपने सुन्दर अंगोंमें अनुलेप लगाकर उन्होंने बहुमूल्य वस्त्र और आभूषण धारण किये। कानोंमें रत्ननिर्मित झलमलाते कुण्डल पहने और कण्ठमें हार धारण किया। इस प्रकार शोभा सम्पन्न हुए और सुन्दर शरीरको उन्होंने दर्पणमें देखा ॥ ४० ॥

निवेश्य नेत्रेऽञ्जनमुज्ज्वलं मुखं सम्पाद्य किञ्चिन्नवकुङ्कुमारुणम् ।
निक्षिप्य माल्यं च शिखाष्वनुत्तमं प्रसाधयामासुरमुं दिदृक्षया ॥४१॥

आँखोंमें अंजन लगाकर उन्होंने मुखको सुगन्ध चूर्णसे उज्ज्वल किया, उसमें कुङ्कुम लगाकर कुछ अरुण आभा ला दी और जूड़ेमें परम सुन्दर पुष्पहार गूँथकर प्रियदर्शनकी इच्छासे उन गोपियोंने अपना शृङ्गार किया ॥ ४१ ॥

सम्पाद्य सर्वं गृहकृत्यमञ्जसा प्रतीक्षमाणाः समयं समन्ततः ।
द्रष्टुं प्रियं तं व्रजराजबालकं सरित्पतिं नद्य इवाऽऽपतंस्ततः ॥४२॥

उन्होंने घरका सारा काम अनायास ही समाप्त कर डाला और अपने प्रिय व्रजराज बालकको देखनेके लिए वे सब ओरसे समयकी प्रतीक्षा करने लगीं। जैसे नदियाँ समुद्रकी ओर दौड़ती हैं, उसी तरह वे नन्द-नन्दनको लक्ष्य करके जहाँ तहाँसे तीव्र गतिसे वहाँ आने लगीं ॥ ४२ ॥

सुखेन सर्वा व्यगमन् समुत्सुका नन्दालयं विश्वजनाश्रयालयम् ।
चन्द्रं चकोर्यः श्रुतयः परं यथा प्रभा रविं द्रष्टुमिवाऽऽययुस्तदा ॥४३॥

जैसे चकोरियाँ चन्द्रमाको, श्रुतियाँ परब्रह्मको, प्रभा सूर्यको पाना चाहती हैं, उसी प्रकार वे सब गोपियाँ नन्द-नन्दनको देखनेके लिए उत्सुक हो सुखपूर्वक उस नन्दभवनमें आ पहुँची, जो समस्त विश्वके आश्रयभूत भगवान्का भी निवासगृह बना हुआ था ॥ ४३ ॥

उद्यन्तमादित्यनिभं शिशुं हरिं स्तुवन्त उच्चैः स्वगिरा कृतच्छलाः ।
तत्राऽऽययुर्द्राग् व्रजमण्डलं श्रिता द्रष्टुं महं तं पशुपक्षिणोऽप्यमी ॥४४॥

उगते हुए सूर्यके समान तेजस्वी शिशुरूप श्रीहरिकी अपनी बोली या कलरवके बहाने उच्च स्वरसे स्तुति करते हुए व्रजमण्डल निवासी वे पशु-पक्षी भी नन्दकुमारके उस जन्म-महोत्सवको देखनेके लिए वहाँ आ गये थे ॥ ४४ ॥

कालेऽथ तस्मिन्मुनयो द्विजा बुधास्तत्राऽऽगमन् प्राग् जय ! जीव ! वादिनः ।
स्वैः स्वैर्गुणैर्दिव्यकलादिभिश्च तस्याराधनार्थं शुभमस्तु भाषिणः ॥४५॥

उस समय मुनि, द्विज, विद्वान् अपने-अपने गुणों और दिव्य-कला आदिके द्वारा उस नन्द शिशुकी समाराधना करनेके लिए वहाँ पहले आये। वे अपने मुखसे 'जय हो, बाल-गोपाल चिरंजीवी हों, शुभ हो ( मंगल हो )' इत्यादि बोल रहे थे ॥ ४५ ॥

अथाऽऽययुर्मागधसूतवन्दिनः पौराणिका वंशनुतिप्रभाषिणः ।
आकर्षितास्तच्छिशुतेजसा भृशं तदीयसत्कीर्तिकथाभिमानिनः ॥४६॥

तदनन्तर वंशकी स्तुति गानेवाले मागध, सूत, बन्दी और पौराणिक उस शिशुके तेजसे अत्यन्त आकर्षित हो उसकी सत्कीर्ति-कथाके गानका अभिमान लिए वहाँ आये ॥ ४६ ॥

ततोऽगमन् नृत्यसुगीतवाद्यकैस्तं तोषयन्तोऽत्र विशारदा जनाः ।
नृत्यन्त उल्लासवशान्निरन्तरं गायन्त उच्चैरमुमेव सत्स्वनाः ॥४७॥

तत्पश्चात् वहाँ प्रवीण-जन नृत्य, सुन्दर-गीत और वाद्योंसे उसको संतुष्ट करनेके लिए वहाँ आ पहुँचे । निरन्तर वे उल्लसित होकर नाचते और उच्चस्वरसे उस बालकका ही यशोगान करते थे ॥ ४७ ॥

तौर्यत्रिके गुञ्जति दिव्यरूपतस्तद्राजमार्गे मिलिता स्वयूथशः ।
ते ताश्च जग्मुर्व्रजराजसद्मनि प्रदर्शयन्तः स्वगुणान् कलाश्च ताः ॥४८॥

वहाँके राज मार्गपर दिव्य रूपसे विविध प्रकारके वाद्यरव गूँज रहे थे और झुंडके झुंड मिलकर पूर्वोक्त कलाकार स्त्री-पुरुष अपने गुणों तथा कलाओंका प्रदर्शन करते हुए व्रजराज-सदनमें आये ॥ ४८ ॥

विबोधिताः प्राक् शिशुजन्मवार्तया विभूषिता वारविलासिनीजनाः ।
आकर्षितास्तन्महजात् कुतूहलात् तत्राऽऽगमन् द्राक् कृतदिव्यगायनाः ॥४९॥

पहले नन्दशिशु जन्मकी वार्ताका प्रसारण होनेसे जो जाग उठी थीं, वे वाराङ्गनाएँ सज-धजकर उक्त महोत्सव जनित कौतूहलसे आकर्षित हो वहाँ शीघ्रता पूर्वक आयीं । वे सब दिव्य-गीत गा रही थीं ॥ ४९ ॥

इत्थं गताः पौरजनाः स्वयूथशः शिशुं तमालोकमितुं नवोदितम् ।
सुसज्जितं तत्क्षण एव भूषितं नन्दालयं शान्तिसुखैः सुपूरितम् ॥५०॥

इस प्रकार पुरवासी जन उस नवोदित नन्द-शिशुका अवलोकन करनेके लिए वहाँ यूथके यूथ आने लगे । नन्द-भवन तत्काल ही भूषित और सुसज्जित किया गया था । वह शान्ति-सुखसे भरा पूरा था । वहाँ वे सब लोग उपस्थित हो गये ॥ ५० ॥

उपायनं स्वप्रियवस्तुबाहुभिर्विगृह्य तत्राऽर्पयितुं गता इमे ।
प्रत्यूष एवाऽत्र समागतास्ततो नन्दालयस्याऽजिरमप्यभूषयन् ॥५१॥

हाथोंमें अपनी प्रिय वस्तुको उपायनके रूपमें देनेके लिए लेकर ये सब स्त्री-पुरुष प्रातःकाल ही नन्दभवनमें आ गये और उसके प्राङ्गण-भागको विभूषित करने लगे ॥ ५१ ॥

इतो यशोदाङ्कविसुप्तमर्भकं समाप्तशौचादिविधिं सुखं स्थितम् ।
द्विजाः सनन्दा अभिसस्रुरुत्सुकाः शुभाशिषं दातुममेयशक्तयः ॥५२॥

इधर शौच-स्नानादि विधिको समाप्त करके यशोदाजीके अंकमें सुखपूर्वक सोये हुए उस बालकको नन्दसहित अमेयशक्ति-सम्पन्न ब्राह्मण उत्सुक हो शुभाशीर्वाद देनेके लिए आये ॥ ५२ ॥

विप्रैः कृतस्वस्त्ययनं ततस्त्वमुं प्रेम्णा विमाताऽस्य विगृह्य रोहिणी ।
विप्रान् पुरस्कृत्य प्रसूतिकागृहाद्रराज नन्दालयदेहलीं श्रिता ॥५३॥

जब ब्राह्मणोंने स्वस्तिवाचन कर लिया तब उसकी विमाता-रोहिणी देवी उन विप्रोंको पुरस्कृत करके प्रेमपूर्वक उस बालकको गोदमें ले नन्द-नन्दनकी द्वार-देहलीपर आ खड़ी हुईं ॥ ५३ ॥

स्वहस्तपद्मस्थममुं ततस्तया न्यदर्शि तेभ्यो बहुधा ज्वलच्छ्रिया ।
ते तास्तमीन्दीवरनीलमद्भुतं स्वपद्मनेत्रैर्ददृशुः समन्ततः ॥५४॥

रोहिणीजी उद्दीप्त कान्तिसे अत्यन्त उद्भासित होती थीं, उन्होंने अपने करकमलोंमें स्थित वह बालक वहाँ आये हुए समस्त नर-नारियोंको दिखाया। वे पुरुष और वे स्त्रियाँ भी उस नीलकमलके समान श्यामसुन्दर अद्भुत बालकको सब ओरसे अपने प्रफुल्ल पद्मोपम नेत्रोंद्वारा देखने लगीं ॥ ५४ ॥

पूर्णाः कलाः स्वा परिगृह्य चन्द्रमाः प्राच्यां समुद्भूत इवाऽभवत्तदा ।
तज्ज्योतिषा व्याप्तममेयकान्तिमत् सौरं महोऽप्यत्र बभूव शीतवत् ॥५५॥

उस समय ऐसा जान पड़ा, मानो अपनी सम्पूर्ण कलाओंको लेकर चन्द्रदेव पूर्व-दिशामें प्रकट हो गये हों। उस शिशुकी ज्योतिसे व्याप्त अमेयकान्तिमान सौरमण्डलका तेज भी शीतल-सा हो गया था ॥ ५५ ॥

विशिष्टतेजःप्रचुरं सुखावहं सानन्दमाह्लादकसद्गुणाश्रयम् ।
तद्रोहिणीबाहुसजरोसंस्थितं सच्चिन्मयं नीलमणिं व्यलोकयन् ॥५६॥

रोहिणीजीके कर-कमलमें विराजमान उस नीलमणि बालकमें विशिष्ट तेजका आधिक्य था। वह परम सुखद एवं आनन्दपुञ्ज जान पड़ता था। आह्लादकारी सद्गुणोंका अधिष्ठान प्रतीत होता था। उस सच्चिदानन्दमय शिशुको सब लोगोंने जी भरकर देखा ॥ ५६ ॥

कोलाहलोऽभूज्जय ! जीव ! वादिनां शुभाशिषं संवदतां समूहतः ।
आह्लादितानां गुणवृत्तिशालिनां सर्वेन्द्रियाऽऽकर्षणशीलबालतः ॥५७॥

सामूहिक रूपसे 'जय हो, बालक चिरजीवी हो' इत्यादि शुभाशीर्वाद बोलते हुए गुणवृत्तिशाली लोगोंका कोलाहल वहाँ व्याप्त हो गया। वह बालक स्वभावसे ही इन्द्रियोंको अपनी ओर खींच रहा था। उसके दर्शनसे सव लोग आह्लादित थे ॥ ५७ ॥

नेत्रैः पिबन्तो नयनाभिनन्दिनं तं नन्दिनं स्फारितनेत्रपंक्तयः।
सर्वेऽप्यमी रूपनिरीक्षणोत्सवाद्बभूवुरेकेन्द्रियवृत्तिगामिनः ॥५८॥

नयनोंको आनन्द प्रदान करनेवाले उस आनन्दी शिशुको आँखें फाड़-फाड़कर देखते और नेत्रपुटोंसे उसके रूप-रसका पान करते हुए ये सब दर्शक उस रूपदर्शन-जनित उत्सवके कारण एकमात्र नेत्रेन्द्रियकी वृत्तिमें पहुँच गये थे ॥ ५८ ॥

आनन्दसच्चिद्गुणजालमालिना बालेन तेनाऽपि च शान्तिशालिना।
दृष्ट्या श्रियाऽतुल्यधिया स्वया तदा ह्यहारि तेषां मन एव सर्वथा ॥५९॥

आनन्द सच्चिन्मय गुणोंके जालकी मालासे अलंकृत उस शान्तिशाली बालकने अपनी दृष्टि-कान्ति तथा अनुपम बुद्धिसे उस समय उन सबके मनको सर्वथा हर लिया ॥ ५९ ॥

शक्त्या प्रभावेण गुणेन वीर्यतः सामर्थ्यवन्तोऽत्र विचक्षणा जनाः।
सिद्धं स्वतो व्यक्तिमनोऽनुसारिणा ज्ञानेन कुर्वन्ति वशं जनाञ्जनाः ॥६०॥

ऐसा क्यों न हो, इस जगत्में जो सामर्थ्यशाली और विचक्षणजन हैं, वे अपनी शक्ति, प्रभाव, गुण और पराक्रमसे तथा व्यक्तिके मनका अनुसरण करनेवाले ज्ञानसे लोगोंको अपने वशमें कर लेते हैं। यह बात स्वतः सिद्ध है ॥ ६० ॥

तस्मादनेनाऽतुलशक्तिशालिना विज्ञानिना तद्धृदयाऽग्रवर्तिना।
निरीक्षणेनैव सुखाब्धिगामिना विमोहितास्ते गुणतो विनोदिना ॥६१॥

फिर यह बालक तो अतुल शक्तिसे सुशोभित था ही। विज्ञानवान् तथा सत्त्वादि गुणोंसे विनोद करनेवाला था। अतः उसने हृदयतकका स्पर्श करनेवाली, सुख-सिन्धुगामिनी अपनी चञ्चल चितवनसे उन सब लोगोंका मन मोह लिया ॥ ६१ ॥

स्वहस्तपद्मस्थमुपायनादिकं सद्वस्तु सर्वं परितो गलत्करम्।
विकीर्य भूमावजिरे ततस्त्विमे तद्वस्तुवद्रेजुरहो गतेन्द्रियाः ॥६२॥

समागत सज्जन अपने करकमलोंमें स्थित उपायन आदिकी उत्तम वस्तुओंको नन्दभवनके आँगनकी भूमिपर सब ओर बिखेर कर रिक्तहस्त हो गये और उन वस्तुओंके समान ही मानो गतेन्द्रिय होकर शोभा पाने लगे ॥ ६२ ॥

अदर्शि कैश्चिच्छिशुनेत्रपद्मयोर्नीलं महो तैर्यदुपासितं रहः ।
कैश्चित्तु दौर्गं गुणरूपतो ज्ज्वलत्सौरं परैर्गाणपतं च शाम्भवम् ॥६३॥

अहो ! कुछ लोगोंने नन्दशिशुके नयनकमलमें वह नील तेज देखा, जिसकी उन्होंने एकान्तमें उपासना की थी। किन्हींने उसमें दुर्गाजीका तेज देखा। कितने ही लोगोंने गुण और रूपसे जाज्वल्यमान सूर्यका प्रभापुञ्ज देखा और कितने ही लोगोंको उसमें गणपति तथा भगवान् शिवके तेजका दर्शन हुआ ॥ ६३ ॥

तेजस्विनस्तं ददृशुः सुतेजसं महाबला उग्रबलं महौजसम् ।
महागुणं तं गुणिनः सुरूपिणं सुरूपिणो निर्गुणिनं च निर्गुणाः ॥६४॥

तेजस्वी जनोंकी दृष्टिमें वह अत्यन्त तेजस्वी जान पड़ा। महाबली पुरुषोंने उसे उग्रबलसे सम्पन्न एवं महान् ओजसे युक्त देखा। गुणियोंको वह महान् गुणशाली, रूपवानोंको अधिक सुरूपवान् तथा निर्गुण-उपासकोंको निर्गुण दिखायी दिया ॥ ६४ ॥

नन्दादिभिः पूज्यजनैर्वयोऽधिकैर्गोपैरमुं स्नेहविमुग्धकारिणम् ।
निभाल्य सम्यग् हृदयेऽवधारितं प्राप्तं शिवाऽनुग्रहतोऽत्र सौभगम् ॥६५॥

अधिक अवस्थावाले नन्द आदि सम्माननीय गोपोंने स्नेहसे मुग्ध कर देनेवाले उस बालकको अच्छी तरह देखकर अपने हृदयमें यह निश्चित किया कि यह हमें भगवान् शिवके अनुग्रहसे मूर्तिमान् सौभाग्य प्राप्त हुआ है ॥ ६५ ॥

ता मातरस्तं स्वसुताऽधिकप्रियं न्यमंसत स्वात्मसुखप्रदं सुतम् ।
गोप्यस्त्वपश्यन् भगिनीनिभा अमुं स्वभ्रातृवत्तेन विमोहिता भृशम् ॥६६॥

मातृभावना रखनेवाली गोपाङ्गनाओंने उस आत्मसुखदायी शिशुको अपने पुत्रोंसे भी अधिक प्रिय माना। बहिनकी-सी भावनावाली गोप-किशोरियोंने अत्यन्त मोहित हो उसे अपने सगे भाईके रूपमें देखा ॥ ६६ ॥

सेवाप्रकारं सकलं समुज्झता ह्यतीन्द्रिये स्वात्मसुखे वितिष्ठता ।
महाजनौघेन सुखं समाधिजं भुक्तं हि तस्मिन् हृदयान्तरे गते ॥६७॥

सम्पूर्ण सेवा प्रकारको त्याग कर इन्द्रियातीत आत्मसुखमें प्रतिष्ठित हुए इस महान् जन-समुदायने उस बालकको अपने हृदय-मन्दिरमें पाकर समाधि-जनित सुखका अनुभव किया ॥ ६७ ॥

अस्यां स्थितौ शान्तिरभूद्यदाऽमुना स्वयोगशक्त्याऽत्र विमोहिता जनाः ।
वत्सा वृषा गाव इतः सबन्धना आकर्षितास्तत्र कृता विबन्धनाः ॥६८॥

इस अवस्थामें वहाँ पूरी शान्ति छा गयी। उस बालकने अपनी योगशक्तिसे जब सब लोगोंको मोहत कर दिया तब वहाँके बँधे हुए बछड़े, गाय और बैल भी उससे आकर्षित हो बन्धन-रहित हो गये ॥ ६८ ॥

दृष्ट्वा स्वयूथं परितो विबन्धनं निरूप्य शून्यं व्रजमण्डलं च तत् ।
वत्सान् पुरस्कृत्य वृषानुगामिनी गोसंहतिर्नन्दगृहं तदाऽऽययौ ॥६९॥

अपने यूथको सब ओरसे बन्धन-रहित और व्रजमण्डलको सूना हुआ देख बछड़ोंको आगे और बैलोंको पीछे करके गायोंका समुदाय पङ्क्ति-बद्ध होकर नन्द-भवनके द्वारपर आया ॥ ६९ ॥

सा रोहिणी हस्तसरोजसंस्थितं ह्यानन्दसच्चिन्मयमव्ययं महः ।
शिशुस्वरूपं हृदयाभिनन्दनं मुमोह दृष्ट्वैव भृशं स्रवत्पयाः ॥७०॥

गौओंकी वह पङ्क्ति रोहिणी देवीके कर-कमलमें विराजमान उस आनन्द सच्चिन्मय अविनाशी शिशुस्वरूप तेजको, जो हृदयमें आनन्दकी राशि उड़ेल रहा था, देखते ही मोहित हो गयी। उसके स्तनोंसे दूध झरने लगा ॥ ७० ॥

खगा इतो येऽम्बरमध्यमागता दृष्ट्वा स्थितिं तां गुणतो विमोहिताः ।
आत्मानमापात्य सुगाङ्गनादिभिः समं जगुस्तद्गुणगौरवाण्यहो ! ॥७१॥

इधर जो खग ( आकाशचारी पक्षी अथवा सिद्ध गन्धर्व आदि ) आकाश मध्यमें आये, वे उस स्थितिको देखकर बालकके गुणोंसे मोहित हो अपनेको नीचे गिरा सुन्दर गान करनेवाली अपनी अङ्गनाओं ( मैना अथवा अप्सरा आदि ) के साथ उसके गुण गौरवको गाने लगे। यह एक अद्भुत बात हुई ॥ ७१ ॥

अव्यक्तवाक्या अपि ते कुतूहलाद् यद्यप्यगायन् मधुरं तथापि तत् ।
ज्ञातं स्फुटं गीतमयत्नतोऽनया करस्थबालप्रतिबुद्धया धिया ॥७२॥

यद्यपि उनकी वाणी अव्यक्त थी, तथापि वे कौतूहलवश जो मधुर गीत गा रहे थे, उसको रोहिणी देवी अपने करस्थ-बालकके प्रभावसे प्रतिबुद्ध हुई बुद्धिके द्वारा सुस्पष्ट समझ लेती थीं ॥ ७२ ॥

तदेव गीतं प्रतिसृत्य सत्वरं तयाऽपि गीतं बहुधा शुभाकृति ।
मन्त्रैर्विमुग्धेव सुतं विगृह्य या रराज गायन्त्यद एव तद्गतिः ॥७३॥

नन्दशिशु ही जिनका आश्रय था उन सुन्दर-आकृतिवाली रोहिणी देवीने भी मन्त्रमुग्ध-सी होकर खगों द्वारा गाये गये उसी गीतका तत्काल अनुसरण करके उसे अनेक प्रकारसे गाया। वे उस शिशुको गोदमें लिए वही गीत गाती हुई बड़ी शोभा पा रही थीं ॥ ७३ ॥

जयति गोकुलं जन्मतोऽत्र ते यदभवद्विभो ! श्रीनिकेतनम् ।
प्रमुदिताः स्वतो विश्वदेहिनः कुरु कृपां पदे प्रापयस्व नः ॥७४॥

'प्रभो ! आपके जन्मसे इस गोकुलकी जय हो रही है, इसका उत्कर्ष सर्वोपरि हो गया है। क्योंकि यह लक्ष्मीका लीला-निकेतन बन गया। समस्त देहधारी जीव स्वतः आनन्दमग्न हो गये हैं। कृपा कीजिए और हम सबको अपने चरणोंकी शरणमें ले लीजिये' ॥ ७४ ॥

अनाहतेनाऽऽत्मविभाव्यरूपिणा नादेन पूर्वं जगतां मनो हृतम् ।
पश्चाच्छ्रितेनाऽऽहतरूपमुच्चकैर्ब्रह्माण्डमालोडितमेकधाऽमुना ॥७५॥

अपने-आपमें ही जिसका रूप अभिव्यक्त हुआ था, उस अनाहत नादने पहले जगत्के लोगोंका मन हर लिया। फिर उच्च स्वरसे आहतनादका रूप लेनेवाले उक्त गीत-रवने एक ही बार सम्पूर्ण ब्रह्माण्डको मथ डाला ॥ ७५ ॥

तदत्र चाऽऽब्रह्मपिपीलिकादिषु विज्ञानिनो व्याप्य जगत् स्थितास्तदा ।
श्रुत्वैव गीतं ह्यसमं समागता दृष्ट्वा स्थितिं तां मुमुहुर्गतव्यथाः ॥७६॥

यहाँ ब्रह्मासे लेकर चींटीतक जगत्में स्थित जितने भी विशिष्ट ज्ञानवान् चेतन प्राणी थे, वे उस समय इस अनुपम गीतको सुनते ही वहाँ आ गये और व्यथा-पीडासे रहित हो मोहित हो गये ॥ ७६ ॥

तदेव गायन्त इहोपसंगताः संस्तभ्य धृत्या हृदयं सभक्ति ते ।
नन्दाऽजिरे व्यस्तमुपायनादि तत् संगृह्य तस्यैव पदे समार्पयन् ॥७७॥

फिर धैर्यसे किसी प्रकार अपने हृदयको सँभालकर यहां एकत्र हुए उन सब प्राणियोंने उसी गीतको गाना आरम्भ किया। नन्द-प्राङ्गणमें बिखरी हुई उपहार-सामग्रीको उठा-उठाकर वे उस नन्द-शिशुके ही चरणोंमें समर्पित करने लगे ॥ ७७ ॥

अमुं प्रगृह्याऽवसरं मनोमयं देवी रमा तच्छिशुपादमास्थिता ।
तद्धस्तवस्तून्यभिलाषमात्रतश्चकार बृद्धानि निरन्तरं तदा ॥७८॥

इस मनोरम अवसरको पाकर उस शिशुके चरणोंकी सेवामें उपस्थित रहनेवाली देवी रमाने अपने संकल्पमात्रसे उन लोगोंके हाथोंमें स्थित उन उपहार-वस्तुओंको निरन्तर बृद्धिशील ( अक्षय ) बना दिया ॥ ७८ ॥

सद्वस्तुभिस्तैर्ज्ज्वलनोज्ज्वलैः शुभैः स्वर्णैर्महार्हैर्मणिभिः समर्पितैः ।
नन्दालयस्याऽजिरमेव तन्नहि व्यापूरि सर्वं व्रजमण्डलं च हि ॥७९॥

प्रज्वलित अग्निके समान उज्ज्वल उन सुन्दर समर्पित उपहार वस्तुओं, बहुमूल्य सुवर्णों तथा मणि-रत्नोंसे न केवल वह नन्द-भवनका आँगन, अपि तु सारा व्रजमण्डल ही उस समय भर गया ॥ ७९ ॥

**समाप्य कृत्यं बहुधा सुविस्मिता वदन्त इत्थं जय ! जीव ! शाश्वतम् ।**
**अन्तर्हितास्तेऽम्बरचारिणो यदा तदैव बुद्धाः क्षितिचारिणोऽप्यमी ॥८०॥**

वे सब आकाशचारी अत्यन्त विस्मित हो 'जय ! शाश्वतं जीव' इत्यादि रूपसे शुभाशीर्वाद देते हुए अपने नाना प्रकारके कृत्य समाप्त करके जब अन्तर्धान हो गये, तभी ये भूतलचारी मानवादि प्राणी भी जागे ॥ ८० ॥

**स्वान्तः प्रविष्टेन गुहाग्रवर्तिना रवेण तद्गीतमयेन चारुणा ।**
**संस्मारिता वासनया च नोदितास्तदेव तेऽप्यत्र जगुर्मनोहरम् ॥८१॥**

अपने अन्तर्हृदयमें प्रविष्ट, दहराकाशवर्ती उस मनोहर गीतकी ध्वनिसे जिन्हें अपने गेयका स्मरण हो आया था तथा जो अपनी अन्तर्वासनासे भी प्रेरित थे, वे समस्त स्त्री-पुरुष उसी हृदयहारी गीतका गान करने लगे ॥ ८१ ॥

**तौर्यत्रिके गुञ्जति तन्मनोहरे गाने समुज्जृम्भति भव्यरूपतः ।**
**पुनश्च सैव स्थितिरापतद् भृशं जडोऽजडोऽभूदजडो जडस्ततः ॥८२॥**

सत्पुरुषोंके मनको मोह लेनेवाले नृत्य, गीत और वाद्यका शब्द गूँज उठा । उस गीतकी मोहक ध्वनि भव्य-रूपसे सब ओर फैलने लगी । फिर तो बड़े वेगसे ऐसी स्थिति आ गयी कि जड चेतन हो गये और चेतन जड ॥ ८२ ॥

**चिरेण पूर्वस्थितिमागते ततो महाजनौघे परितो विसर्पिणि ।**
**निष्क्रम्य कोष्ठाच्छनकैर्व्रजेश्वरश्चकार सर्वान् समुदः प्रणम्य तान् ॥८३॥**

तदनन्तर बहुत समयतक वह जनसमूह पूर्वोक्त स्थितिमें आकर सब ओर विभ्रान्त सा डोलता रहा । इसी समय व्रजेश्वर नन्दजी धीरे-धीरे अपने प्रकोष्ठसे बाहर निकले और उन सबको प्रणाम करके उन्होंने सब लोगोंको आनन्दित किया ॥ ८३ ॥

**सुपूजितास्तेन महात्मना तदा प्रदाय सद्वस्तु तदेव विस्तृतम् ।**
**यथाक्रमं भूषणवस्त्रभूषिताः सर्वेऽत्र ते रेजुरहो ! ततः परम् ॥८४॥**

उन महात्माने वहाँ फैली हुई उसी उत्तम उपहार-सामग्रीको उन्हें देकर उन सबका आदर-सत्कार किया; फिर क्रमशः उनके दिये हुए भूषण और वस्त्रोंसे विभूषित हो वे सभी वहाँ अतिशय शोभा पाने लगे ॥ ८४ ॥

परस्परं फुल्लसरोजसुन्दरं निरीक्ष्य वक्त्रं परमोज्ज्वलं मुदा ।
कर्तव्यमूढाः परितः श्रिता इमे तमेव पूज्यं विनयादपूजयन् ॥८५॥

एक दूसरेके प्रफुल्ल कमलके समान परम उज्ज्वल मुखको देखकर वे सबके सब आनन्दमग्न हो किंकर्तव्य विमूढ-से हो गये। फिर चारों ओर उज्ज्वल बैठे हुए इन सब लोगोंने बड़ी विनयके साथ पूजनीय-नन्दरायजीका ही पूजन ( आदर-सत्कार ) आरम्भ कर दिया ॥ ८५ ॥

उत्थाप्य भाण्डं दधिदुग्धपूरितं स्थितं प्रतिद्वारमपां महाघटम् ।
ते स्नापयन्ति स्म तदा परस्परं प्रक्षिप्य सर्वेऽत्र मुदा विनोदिनः ॥८६॥

वहाँ प्रत्येक द्वारपर दही-दूधसे भरा मटका रक्खा था और जलके बड़े-बड़े कलश स्थापित किये गए थे। वे विनोद-परायण गोप उसी पात्र और कलशको उठा-उठाकर उसके द्वारा एक-दूसरेको नहलाने लगे। वे परस्पर दही-दूध-माखन फेंककर बड़े आनन्दित होते थे ॥ ८६ ॥

ततो हरिद्रादिभिरुत्तमोत्तमैर्द्रव्यैरनेकैरनुलेप्य विग्रहम् ।
परस्परं भूषणभूषिता मुदा हैयङ्गवीनं च विचिक्षिपुर्मुखे ॥८७॥

तदनन्तर हल्दी आदि अनेक उत्तमोत्तम द्रव्योंका अपने शरीरपर अनुलेपन धारण करके वस्त्राभूषणोंसे विभूषित हो वे गोप एक दूसरेके मुखपर ताजा माखन फेंकने लगे ॥ ८७ ॥

तदेव गानं रुचिरं मनोहरं गायन्त उच्चैर्बहुधा कृतत्वरम् ।
मुग्धा अनेकैर्विषयैस्तदीक्षणैरानन्दमग्ना व्यचरंस्तदाऽत्र ते ॥८८॥

बड़ी उतावलीके साथ उसी रुचिर मनोहर गीतको भांति-भाँतिसे उच्च स्वरमें गाते हुए वे गोप अनेक विषयों और उनके अवलोकनसे मुग्ध एवं आनन्दमग्न हो उस समय वहाँ विचर रहे थे ॥ ८८ ॥

समाप्य कृत्यं विधिवत्समागतास्तथा गतास्तेऽत्र यथा पुराऽऽगताः ।
इत्थं हरेर्जन्ममहोत्सवोऽभवल्लोकातिगो जीवसुखावहः क्षितौ ॥८९॥

विधिपूर्वक वह मङ्गलकृत्य समाप्त करके वहाँ आये हुए सब लोग जैसे आये थे, उसी प्रकार लौट गये। इस प्रकार वह हरिजन्म-महोत्सव इस पृथ्वीपर अलौकिक रीतिसे सम्पन्न हुआ, जो समस्त जीवोंके लिए सुखदायक था ॥ ८९ ॥

इतो महारत्नसुवर्णभूषिता सा रोहिणी गोपवृषैः सुपूजिता ।
अलौकिकं नीलमणिं समुज्ज्वलं विगृह्य पश्चात् ससुखं गताऽन्तरम् ॥९०॥

इधर महारत्न जटित सुवर्णमय भूषणोंसे विभूषित वे रोहिणी-देवी श्रेष्ठ गोपों द्वारा भली-भाँति पूजित हुईं। पश्चात् वे उस तेजस्वी तथा अलौकिक नीलमणि-शिशुको गोदमें लिए सुखपूर्वक भवनके भीतर चली गयीं ॥ ९० ॥

**प्रदाय मात्रे तदनन्तरं सुतं रराज सा जन्ममहोत्सवे भृशम् ।**
**ततो यशोदापि विगृह्य तं शिशुं व्यपाययत्स्तन्यमथाऽमृतं यथा ॥९१॥**

तदनन्तर उस शिशुको माता यशोदाकी गोदमें देकर वे उस जन्ममहोत्सवमें अत्यन्त सुशोभित हुईं। उधर यशोदाजी शिशुको लेकर उसे अपना अमृतमय स्तन्य ( दूध ) पान कराने लगीं ॥ ९१ ॥

**तदापि तस्या मुखगह्वरादहो ! विनिःसृतं गानमदः परात्मगम् ।**
**महात्मभिर्गीतमनेकशस्तदा चैतर्हि गायेम मुदा वयं तथा ॥९२॥**

उस समय भी उनके मुखरन्ध्रसे वही परमात्माकी ओर ले जानेवाला गान निकल रहा था। महात्मा-पुरुषोंने भी उस गीतको इस अवसरपर अनेक बार गाया था। अब इस समय हमलोग भी उन्हीके ठीक प्रसन्नतापूर्वक वही गीत गायें ॥ ९२ ॥

**जयति गोकुलं जन्मतोऽत्र ते यदभवद्विभो ! श्रीनिकेतनम् ।**
**प्रमुदिताः स्वतो विश्वदेहिनः कुरु कृपां पदे प्रापयस्व नः ॥९३॥**

( इसका अर्थ श्लोक नम्बर ७४ में आ चुका है। वहीं देखें )

**कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।**
**सर्गो द्वादश चैषोऽगान्महाकाव्ये स्तवात्मके ॥९४॥**

कृष्ण प्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह बारहवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ९४ ॥

# त्रयोदशः सर्गः

[ व्रजस्थितिनिर्देशनम् । व्रजराजस्य मथुरागमनम् । तत्रैव वसुदेवनन्दयोः सम्मेलनसम्भाषणे च । ]

( शालिनीछन्दः )

इत्थं लक्ष्मी विष्णुपादाब्जसङ्गात्तत्राऽतिष्ठच्चञ्चलत्वं विहाय ।
यः कोऽप्यस्मिन् स्वप्रियार्थस्य हेतौ तुष्टो मग्नो जायते वर्धते च ॥१॥

इस प्रकार भगवान् विष्णु ( श्रीकृष्ण ) के चरणारविन्दोंका संग प्राप्त होनेसे लक्ष्मी देवी अपनी चञ्चलता छोड़कर उस व्रजमण्डलमें विराजमान हो गयीं । इस संसारमें कोई भी क्यों न हो, अपनी प्रिय-वस्तुकी प्राप्ति होनेपर वह संतुष्ट हो उसीमें मग्न हो जाता है और हर्षसे बढ़ता रहता है ॥ १ ॥

तस्या दृष्ट्याऽऽपूरिते गोकुलेऽस्मिन् ह्यासीत्सर्वं पूर्णमेवाऽभिरामम् ।
ऐश्वर्यं तद्भौतिकं वस्तुजातं सम्पन्नं सच्छोभते स्माऽत्र नित्यम् ॥२॥

लक्ष्मीजीकी दृष्टिसे परिपूरित इस गोकुलमें सारी वस्तुएँ पूर्णताको प्राप्त हो अत्यन्त अभिराम प्रतीत होने लगीं । अणिमादि अष्टविध ऐश्वर्य तथा भौतिक वस्तु-समुदाय सब वहाँ पूर्णतः सम्पन्न होकर नित्य सुशोभित होने लगे ॥ २ ॥

आसन् सर्वे सुप्रसन्नास्तदानीं तत्रत्यास्ते प्राणिनो भव्यरूपाः ।
गेहे गेहे दिव्यसद्भाववन्तः श्रीशाभ्यां सम्प्रेक्षितास्ते यदाऽत्र ॥३॥

घर-घरमें दिव्य सद्भावसे युक्त व्रजवासियोंपर जब लक्ष्मी और नारायणकी शुभ दृष्टि पड़ी, तब वे सब लोग तथा वहाँके सम्पूर्ण प्राणी उस समय अत्यन्त प्रसन्न और भव्य स्वरूप हो गये ॥ ३ ॥

गावो वत्सास्ते वृषाश्चैव हृष्टाः प्रेष्ठा जाताः प्राणिनां हृद्यरूपाः ।
तांस्तान् दिव्यैः स्वैर्गुणैस्तोषयन्तस्तद्व्रेजुस्तत्पशुत्वं विहाय ॥४॥

गायें, बछड़े और वृषभ सबके सब मनोरम रूपवाले होकर सभी प्राणियोंके प्रियतम बन गये । वे अपना पशुत्व छोड़कर अपने-अपने दिव्य सद्गुणों द्वारा व्रजवासियोंको संतोष देते हुए बड़ी शोभा पाने लगे ॥ ४ ॥

इत्थं पूर्णं गोकुलं सर्वमेव तैस्तैर्दिव्यैः सद्गुणैर्वस्तुभिश्च ।
द्रव्यै रत्नैरुत्तमैः शष्पधान्यैः श्रीशाभ्यां तैर्वीक्षितैः प्राणिभिश्च ॥५॥

इस प्रकार सारा ही गोकुल उन-उन दिव्य गुणों और वस्तुओंसे परिपूर्ण हो गया, लक्ष्मी तथा नारायण द्वारा देखे गये उत्तमोत्तम द्रव्यों, रत्नों, शष्य-धान्यों और प्राणियोंसे भी सम्पन्न हो गया ॥ ५ ॥

श्रीशोऽखेलत् तत्र लक्ष्म्या सुलक्ष्म्या हृष्टा रामा सापि वामा च रेमे ।
तत्राऽखेलन् प्राणिनस्तेऽपि ताभ्यां हृष्टास्तुष्टाः स्मारिता ब्रह्म याभ्याम् ॥६॥

लक्ष्मीपति श्रीकृष्ण वहाँ सुन्दर शोभामयी लक्ष्मीके साथ क्रीडा करने लगे। रमणशीला सुन्दरी रमा भी वहाँ उनके साथ लीलारत रहने लगीं। उन दोनोंकी दृष्टि पड़नेसे वहाँके समस्त प्राणी भी हर्षातिरेकसे युक्त हो इस प्रकार खेलने लगे, मानो उन दोनों ( लक्ष्मी नारायण ) ने उनको ब्रह्मानन्दका अनुभव करा दिया हो ॥ ६ ॥

कालो यातोऽसौ सुखेनैव शीघ्रं मग्नाः सर्वे दिव्यतायां यदाऽत्र ।
तेनैवाऽत्र प्रेरितो गोकुलेशो नन्दोऽध्यायद्राजकार्यं निगूढम् ॥७॥

जब वहाँके सब लोग परमानन्दमय दिव्य-भावमें निमग्न हो गये, तब वह सारा समय सुखसे ही शीघ्रतापूर्वक बीत गया। तत्पश्चात् कालसे प्रेरित हो गोकुलेश्वर नन्दने निगूढ राजकार्यपर ध्यान दिया ॥ ७ ॥

तुष्टः कंसोऽस्माकमिच्छानुसारी रुष्टः कर्ताऽनर्थमेवाऽभिचारी ।
सामन्ताः स्मो मानयामोऽत्र तं ये दद्मो देयं भागधेयं यदस्मै ॥८॥

उन्होंने सोचा, "राजा कंस संतुष्ट होनेपर हमारी इच्छा के अनुसार चलता है, परन्तु यदि रुष्ट हो जाय तो अभिचार तत्पर हो हमारा अनर्थंकर सकता है, हम कंसके सामन्त हैं, अतः उसका संमान करते हैं अतः जो राजाका देयभाग है वह हम उसे अवश्य देंगे" ॥ ८ ॥

तस्मात् कृत्वा राजकार्यं सुगुप्तं सर्वं न्याय्यं युक्तिमद्धर्मतोऽहम् ।
यास्ये दातुं भागधेयं प्रगृह्य गोदुग्धादि प्रीतिमद्वस्तु तस्मै ॥९॥

इसलिए समस्त न्यायोचित राजकार्यको गुप्त रूपसे युक्ति-युक्त पद्धतिसे सम्पादित करके धर्मतः राजाका भाग उसे अर्पित करनेके लिए दूध-दही आदि प्रीतिकारक वस्तु लेकर मैं मथुरा जाऊँगा ॥ ९ ॥

ध्यायन्नित्यं गोकुलेशः स नन्दः सन्नन्दादींस्तत्र संस्थाप्य कार्ये ।
प्रीतोऽगच्छन् माथुरं तं प्रदेशं स्निग्धैर्मित्रैर्गोपवीरैश्च सार्धम् ॥१०॥

ऐसा विचार करके गोकुलेश्वर नन्द वहाँका कार्यभार सनन्द आदिको सौंपकर अपने स्नेही मित्र गोप-वीरोंके साथ प्रसन्नतापूर्वक मथुराको गए ॥ १० ॥

दत्त्वा देयं सोपहारादि तत्र राज्ञे सर्वं भावुकं चाऽन्ववोचत् ।
प्रीतः कंसस्तेन पश्चात् प्रवृद्धो नन्दोऽप्यागात् स्वं निवासं सह स्वैः ॥११॥

वहाँ उपहार आदि देय वस्तुएँ राजाको देकर उन्होंने उससे अपने यहाँका सारा माङ्गलिक समाचार कह सुनाया। कंसने प्रसन्नता प्रकट की। तत्पश्चात् बूढ़े नन्दजी स्वजनोंके साथ अपने डेरेपर चले गये ॥ ११ ॥

अस्यां रात्रौ श्रीहरेर्जन्मभूम्यां तस्यां पुर्यामेव नन्दोऽवसत् स्वैः ।
भृत्या युक्तास्तैरनोभिर्वृषैश्च भुक्त्वा पीत्वा चाऽवसन् तेऽपि साकम् ॥१२॥

उस रातमें नन्दजी अपने परिजनोंके साथ श्रीहरिकी जन्मभूमि-स्वरूपा उस मथुरापुरीमें ही ठहर गये। छकड़ों तथा बैलों सहित उनके सेवक भी खा-पीकर उनके साथ ही वहाँ रहे ॥ १२ ॥

श्रुत्वा वैश्यो मातुलेयोऽग्रजोऽसौ नन्दो राजा तत्र चायात इत्थम् ।
पुत्रस्नेहक्लिन्नचेताः स शौरिर्वासस्थानं तस्य गुप्तं जगाम ॥१३॥

'मेरे ममेरे बड़े भाई वैश्य जातीय नन्द मथुरामें आये हैं' यह समाचार सुनकर वसुदेवजी पुत्रस्नेहसे आर्द्रचित्त हो गुप्तरूपसे तत्काल ही उनके ठहरनेके स्थान पर गये ॥ १३ ॥

दृष्ट्वाऽकस्मादागतं भ्रातरं तं स्नेहान्नन्दश्चोत्थितः स्वागतार्थम् ।
किञ्चिद् गत्वा सस्वजेऽथ प्रगाढं प्राणाविष्टः शावदेहो यथाभूत् ॥१४॥

अपने ( फुफेरे ) भाई वसुदेवजीको अकस्मात् आया देख नन्दरायजी स्नेहाधिक्यके कारण उनके स्वागतके लिए उठ खड़े हुए। कुछ आगे जाकर उन्होंने अपने भाईका प्रगाढ आलिङ्गन किया ( उन्हें हृदयसे लगा लिया )। वे इतने हर्षोत्फुल्ल थे, जैसे मृतकके शरीरमें प्राण आ गया हो ॥ १४ ॥

तं सद्भावैः पूजयित्वा प्रसन्नो नन्दः स्पृष्ट्वाऽनामयं प्राक् प्रसन्नम् ।
शौरिं प्रेम्णा स्थापयामास पश्चात्तेषां प्रीत्याऽनामयं चाप्यपृच्छत् ॥१५॥

प्रसन्नतासे भरे नन्दने सद्भावसे उनका पूजन ( आदर-सत्कार ) करके पहले हर्षित हुए वसुदेवसे उनकी कुशलता पूछी, फिर बड़े प्रेमसे उन शूरनन्दनको अपने पास बिठाया और उनके मथुरावासी परिवारका कुशल-मङ्गल पूछा ॥ १५ ॥

पुत्रस्नेहात् क्लिन्नचेताः स शौरिस्तं प्रत्यूचे स्वागतेनाऽभिनन्द्य ।
श्रीमन् ! भ्रातः ! श्रीमतां पुण्यदेहः कच्चित्स्वस्थः स्वस्तिदो विद्यते किम् ॥१६॥

पुत्रके प्रति प्रेमके कारण जिनका हृदय द्रवीभूत हो रहा था, उन वसुदेवने स्वागतपूर्वक नन्दका अभिनन्दन करके उनसे कहा—'श्रीमन् ! बन्धुवर ! आपका पुण्यमय शरीर स्वस्थ और कल्याणप्रद तो है न ? ॥ १६ ॥

कश्चिच्छान्तं नीरुजं तत्पशव्यं वृन्दारण्यं गोकुलं चैव भव्यम् ? ।
गोपाः प्रेम्णा यत्र गाश्चारयन्ति शष्पाम्बुभ्यां सौम्यमत्युत्तमं तत् ? ॥१७॥

'पशुओंके लिए हितकर वृन्दावन तथा भव्य-गोकुल शान्त और आरोग्यमय है न ? जहाँ गोपगण प्रेमसे गौएँ चराते हैं। वह स्थान घास और पानीकी सुविधासे सम्पन्न तथा अत्यन्त उत्तम है॥ १७॥

सौभाग्यं तच्चोत्तमं ह्यस्मदीयं निःसन्तानो निर्गताशः प्रजासु ।
वार्धक्ये यत्प्राप पुत्रं भवान् तज्जातं भव्यं ह्युद्धरिष्यत्यसौ नः ॥१८॥

'यह हमारे लिए परम उत्तम सौभाग्यकी बात है कि आपको इस वृद्धावस्थामें पुत्रकी प्राप्ति हुई। अन्यथा आप संतान-हीन तो थे ही सन्तान प्राप्तिकी ओरसे निराश भी हो चुके थे। आपके यहाँ पुत्रका जन्म परम कल्याण-प्रद है। अब वही बालक हम सबका उद्धार करेगा॥ १८॥

संसारेऽस्मिन् वर्तमाना वयं हा ! भ्रष्टा मृष्टाः कालवेगेन तात ! ।
काले काले मेलनं प्राप्नुयामस्तत्सौभाग्यं प्राक्तनं नोऽत्र मन्ये ॥१९॥

'तात ! इस संसारमें वर्तमान हमलोग कालवेगसे भ्रष्ट हुए—विछुड़ गये—यह कितने खेदकी बात है ? फिर उसी कालवेगसे प्रेरित हो आज शुद्ध-भावसे मिल गये यह संतोषकी बात है। हम इसी प्रकार समय-समयपर मिलते रहें तो मैं समझता हूँ कि यह हमारे पूर्व जन्मके पुण्यका फलस्वरूप महान् सौभाग्य होगा॥ १९॥

नानारूपाः प्राणिनः कर्मलोके बम्भ्रम्यन्ते कर्मभिः स्वैरनेकैः ।
का वा तेषां शाश्वती शान्तिरत्र त्यक्त्वा शैवीं सत्स्थितिं ध्यानगम्याम् ॥२०॥

'इस कर्म-लोकमें नाना रूपवाले प्राणी अपने-अपने कर्मोंद्वारा बारंबार घुमाये जाते हैं। ध्यानसे प्राप्त होनेवाली जो भगवान् शङ्करकी सच्चिदानन्दमयी स्थिति है, उसको छोड़कर उनके लिये सनातन शान्तिका उपाय ही क्या है ?॥ २०॥

नीचैरुच्चैः कालवेगान्नदीषु वस्तून्याहो प्लाव्यमानान्युतौघात् ।
संगच्छन्तेऽन्योन्यमासाद्य तद्वत् संलीयन्ते प्राणिनोऽपि प्रभोऽत्र ! ॥२१॥

'प्रभो ! जैसे नदियोंमें जलप्रवाह द्वारा ऊपर-नीचे बहायी जानेवाली तृण आदि वस्तुएँ कभी-कभी एक दूसरीके पास पहुँचकर मिल जाती हैं, उसी प्रकार संसारके प्राणी भी काल-वेगसे कभी परस्पर मिलते और विछुड़ते रहते हैं॥ २१॥

प्राप्ताऽऽवाभ्यां तज्जनिर्या द्वितीया वक्तुं शक्या श्रीमता पुत्रलब्ध्या ।
दीर्घे काले श्रीमतां दर्शनेन स्वालापैर्वा दुर्लभैस्तन्मयाऽपि ॥२२॥

'हम दोनों ने ही दूसरा जन्म पा लिया। आपने तो पुत्रकी प्राप्ति द्वारा द्वितीय जन्म पाया—ऐसा कहा जा सकता है। और मैंने भी दीर्घकालके पश्चात् आपका दर्शन और आपके साथ सुन्दर वार्तालापका सुदुर्लभ अवसर पाकर दूसरा नया जन्म पा लिया ॥ २२ ॥

**कश्चिच्छ्रीमन् ! रौहिणेयः सुतो मे मात्रा सार्धं गोकुले स्वस्थगात्रः ।**
**मन्वानो वां जन्महेतू युवाभ्यां पुष्टो हृष्टो जायते वर्धते च ? ॥२३॥**

'श्रीमन् ! क्या मेरा पुत्र रोहिणी-कुमार अपनी माताके साथ गोकुलमें स्वस्थ है ? वह तो आप ही दोनोंको अपना जन्मदाता माता-पिता मानता है और आप ही दोनों द्वारा उसका पालन-पोषण होता है। क्या वह वहाँ सानन्द बढ़ रहा है ? ॥ २३ ॥

**किं श्रैमत्कोऽक्लिष्टकर्मा स्वरूपैर्दिव्यैर्भावैः कृष्टलोकप्रबोधः ।**
**शान्तेर्दाता जन्मतो भव्यगात्रः पुत्रः शान्तो वर्धते दीर्घजीवी ॥२४॥**

'जिसके कर्म सिद्ध है, जो अपने दिव्य-स्वरूपों और भावोंसे समस्त लोकोंका ज्ञान अपनी ओर खींच लेता है, जिसका शरीर जन्मसे ही भव्य है और जो शान्तिदाता है, वह आपका शान्त एवं दीर्घजीवी पुत्र वहाँ सकुशल वृद्धिको प्राप्त हो रहा है ? ॥ २४ ॥

**धर्मः कामश्चाऽर्थ एते नराणां स्वेष्टा हृद्याः संभवन्तीह सौम्य ! ।**
**नित्यं चैषां पालनं संविधाय यैर्धार्यन्ते भ्रातृपुत्रादयस्ते ॥२५॥**

'सौम्य ! धर्म, अर्थ और काम—ये त्रिवर्ग इस लोकमें मनुष्योंको अभीष्ट और प्रिय होते हैं। प्रतिदिन इन तीनोंका सम्यक् पालन एवं संबर्धन करके लोग इनके द्वारा अपने भाई-पुत्र आदिका धारण-पोषण करते हैं ॥ २५ ॥

**सन्नन्दाद्या भ्रातरस्तेऽष्ट सौम्या दारास्तेषां सत्सुता बालिकाश्च ।**
**लाल्यन्ते यच्छ्रीमता नित्यमेव दासैर्दासीभिश्च साकं समानम् ॥२६॥**

'भैया ! सन्नन्द आदि जो आपके आठ भाई हैं, वे, उनकी स्त्रियाँ, उनके पुत्र और पुत्रियाँ सभी सौम्य-शान्त हैं न ? आप प्रतिदिन अपने दास-दासियोंके द्वारा समान-भावसे उन सबका लालन-पालन करते हैं ॥ २६ ॥

**क्लिष्टास्ते चेच्छास्त्रवृद्धादिभिर्यस्त्रैवर्गोऽर्थोऽनुष्ठितस्तद्विधैः सः ।**
**व्यर्थो जातो घुष्यते स्वात्मवृत्तौ पुष्टोऽमोघोऽथापि दुष्टोऽविशेषम् ॥२७॥**

'वैसे लोगों द्वारा भली-भाँति संपादित वह त्रिवर्ग-संबन्धी पुरुषार्थ अपने लिए व्यक्तिगत रूपसे पुष्ट और अमोघ होनेपर भी शास्त्रों तथा बड़े बूढ़ोंद्वारा उसे व्यर्थ और दूषित ही घोषित किया जाता है' ॥ २७ ॥

श्रुत्वा वाक्यं स्नेहपूर्णं तदीयं हृष्टो नन्दस्तं बभाषेऽथ भूयः ।
सत्यं चैतद् ! भ्रात एवं ब्रवाषि प्रेम्णैव त्वं लोकतत्त्वे प्रवीणः ॥२८॥

वसुदेवजीका वह स्नेहपूर्ण वचन सुनकर हर्षसे भरे हुए नन्दजीने उनसे फिर कहा—'भाई ! तुम प्रेमभावसे यह सब सच ही कह रहे हो, क्योंकि तुम लोकतत्वमें प्रवीण हो ॥ २८ ॥

देवक्यां ते जातमात्राः सुपुत्राः कंसेनेत्थं घातिताः सौनिकेन ।
छागा यद्वत् कन्यकैकाऽवशिष्टा स्वर्गं याता सापि निन्द्यः स राजा ॥२९॥

'देखो न, देवकीके गर्भसे जन्म लेते ही तुम्हारे सुन्दर-पुत्रोंको कंसने इस प्रकार मार डाला, जैसे कसाई बकरोंका बध करता है । बेचारी एक कन्या बच गयी थी, वह भी स्वर्गको चली गयी । वह राजा कंस अपने इस पाप-कृत्योंसे सदा ही निन्दनीय है ॥ २९ ॥

नूनं भ्रातः ! काल एवाऽत्र मुख्यो विश्वव्यापी कत्थ्यते यो ह्यदृष्टः ।
तेनैवाऽस्मिन् प्रेरितो जीवलोको रक्तः सक्तश्चात्मघातं करोति ॥३०॥

'भ्रातः ! निश्चय, इस विषयमें वह काल ही मुख्य है, जो विश्व व्यापी तथा अदृष्ट कहा जाता है । इस संसारमें उसीसे प्रेरित होकर जीव-समुदाय अनुरक्त और आसक्त हो आत्मघात करता है ॥ ३० ॥

कालो ह्यात्मा शुद्धरूपश्चिदंशोऽदृष्टं तत्त्वं यं ब्रुवन्तीह तज्ज्ञाः ।
इत्थं ज्ञात्वा तद्गतिं प्राप्नुवन्ति ये तन्निष्ठा दृष्टतोऽदृष्टरूपाम् ॥३१॥

'अपना आत्मा ही काल है । वह चैतन्यांशसे परिपूर्ण तथा विशुद्धरूप है । जिसको उसे जाननेवाले ज्ञानी पुरुष 'अदृष्ट-तत्व' कहते हैं । जो लोग ऐसा जानकर उसमें निष्ठा करते हैं, वे दृष्ट-प्रपञ्चसे ऊपर उठकर आत्माकी अदृष्ट स्वरूपा गतिको प्राप्त कर लेते हैं' ॥ ३१ ॥

वाक्यं चैतत् स्वात्मबोधप्रपूर्णं श्रुत्वा शौरिः शान्तचित्तो बभूव ।
पश्चाद्भूयस्तं बभाषे स भीतो धीरो वीरः प्राप्तनन्दप्रबोधः ॥३२॥

नन्दजीका आत्मज्ञानसे परिपूर्ण यह वचन सुनकर वसुदेवजीका चित्त शान्त हो गया । तत्पश्चात् जिन्हें नन्दजीसे प्रकृष्ट बोध प्राप्त हुआ था, वे धीर-वीर वसुदेव कुछ भीतसे होकर फिर उनसे बोले—॥ ३२ ॥

युक्तं चैतल्लब्धबोधोऽहमस्मि वाक्यैरेभिः श्रीमता पोषितो यः ।
संस्थाप्याऽङ्कं दत्तमिष्ठान्नतृप्तः स्वेष्टं तत्तच्चिन्तये प्राप्तकालम् ॥३३॥

'तात ! आपने जो कुछ कहा, वह ठीक है। इन वचनोंसे मुझे आत्मबोध प्राप्त हुआ है। आपने अपनी गोदमें बिठाकर मेरा पोषण किया है। मिठाइयाँ दे-देकर मुझे परितृप्त किया है। अब मैं यथावसर आपके कथनानुसार अपने इष्टका चिन्तन करूँगा ॥ ३३ ॥

आस्तां तावद् गम्यतां गोकुलं तद् यत्राऽऽसाते स्वात्मरूपौ शिशू तौ ।
नाना विघ्नास्तत्र रूपैरनेकैर्बाधन्तेऽस्मॉल्लब्धलक्ष्याः समन्तात् ॥३४॥

अच्छा अब इन बातोंको छोड़िये। और जहाँ आपके आत्मस्वरूप वे दोनों शिशु विद्यमान हैं, उस गोकुलको जाइये। क्योंकि नाना प्रकारके विघ्न वहाँ अनेक रूप धारण करके आते हैं और हमें अपना लक्ष्य बनाकर सब ओरसे बाधा पहुँचाते हैं ॥ ३४ ॥

दत्तो राज्ञे वार्षिकोभागधेयो दृष्टाः स्निग्धा भ्रातरो गोपराज ! ।
तद्गन्तव्यं श्रीमता शीघ्रमेव नात्र स्थेयं दीर्घकालं सुखाप्त्यै ॥३५॥

'गोपराज ! आपने राजाको वार्षिक कर चुका दिया। आपके जो इष्ट-मित्र और भाई हैं, उन सबसे भेंट कर ली। अब आपको शीघ्र ही यहाँसे चला जाना चाहिए। सुख पानेकी इच्छा हो, तो यहाँ दीर्घकालतक ठहरना ठीक नहीं है' ॥ ३५ ॥

इत्थं सम्यक् शौरिणा बोधितोऽसौ नन्दो भीतो भाविविघ्नैरनिष्टैः ।
युक्तं ह्युक्तं स्निह्यता तत्त्वयाऽहं शीघ्रं गच्छामीत एतज्जगौ सः ॥३६॥

इसप्रकार वसुदेवजीके अच्छी तरह समझानेपर नन्दजीने भावी अनिष्टकारी विघ्नोंसे डरकर कहा—तुमने स्नेहपूर्वक जो बात कही है, वह ठीक है। अब मैं शीघ्र ही यहाँसे जा रहा हूँ ॥ ३६ ॥

तौ भ्रातरौ तत उभौ मुदितौ प्रकामं ह्यामन्त्र्य जग्मतुरभीष्टतमं प्रदेशम् ।
एको ययौ व्रजमखण्डितधीरथाऽन्यो दिव्यं प्रियाभवनमीश्वरदत्तचित्तः ॥३७॥

इसके बाद वे दोनों भाई परस्पर मिलकर प्रसन्न हो, एक दूसरेसे बिदा ले, इच्छानुसार अपने अभीष्टतम स्थानको चले गये। एक अर्थात् नन्दजी, जिनकी बुद्धि अखण्डित थी, व्रजको चले गये और दूसरे वसुदेवजी ईश्वरका चिन्तन करते हुए प्रिया देवकीके दिव्यभवनको चल दिये ॥ ३७ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
त्रयोदशोऽगमत् सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥३८॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह तेरहवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ३८ ॥

* * *

# चतुर्दशः सर्गः

[ पूतनाऽऽगमनम् । तद्वधलीलावर्णनम् । बालादीनामरिष्टादिभ्यो
दैशिकरक्षाविधिप्रदर्शनम् । ]

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

आपाततोऽखिलजगन्नियमादिलोपे दक्षाऽविशुद्धगतिरुग्रमतौ प्ररूढा ।
संहारिणी जगत ईश्वरशक्तिवादेऽदक्षाऽऽसुरी जयति शक्तिरियं कदाचित् ॥१॥

जो आरम्भमें सम्पूर्ण जगत्के नियम आदिका लोप करनेमें दक्ष है, जिसकी गति विशुद्ध नहीं है, जो उग्र विचारमें बढ़ी-चढ़ी है, जगत्के संहारमें संलग्न रहती है, तथा ईश्वर-शक्तिवादमें कभी दक्षता नहीं प्राप्त करती है, ऐसी यह आसुरी शक्ति कभी-कभी विजयिनी होती है—सर्वोपरि हो जाती है ॥ १ ॥

आश्रित्य तामविहतां स्वमनोऽनुकूलां दुर्धर्षदुष्टनृपनोदितपुष्टवृत्तिः ।
सा पूतनाऽखिलजगच्छिशुनाशहेतुर्निघ्नन्त्यहो ! शिशुगणान् व्रजमाससाद ॥२॥

उस अप्रतिहत तथा अपने मनके अनुकूल प्रतीत होनेवाली आसुरी शक्तिका आश्रय ले पूतना व्रजमें आई । दुर्जय तथा दुष्ट राजा कंससे प्रेरित होकर उसकी हिंसा-वृत्तिसे परिपुष्ट हुई थी, वह सारे जगत्के शिशुओंके विनाशमें हेतु बनी थी । आश्चर्य है कि शिशुसमूहोंका संहार करती हुई वह राक्षसी व्रजमें भी आ पहुँची ॥ २ ॥

ग्रामेष्वनेकनगरेषु च ये जनानां ह्यासन् हृदम्बुजनिभाः शिशवः शुभाङ्गाः ।
तान्नाशयन्त्यसमबुद्धिबलैरुपायैर्बालग्रहैश्च विरराज निशाचरी सा ॥३॥

गांवों तथा अनेकानेक नगरोंमें लोगोंके प्रफुल्ल हृदय-कमलके सदृश जो सुन्दर शिशु थे, उन सबका विषमबुद्धि और बलसे युक्त उपायों तथा बाल ग्रहोंद्वारा विनाश करती हुई वह निशाचरी अपने समाजमें शोभा पाती थी ॥ ३ ॥

तर्कैरनेकशिशुनाशवितर्कमूलैर्ध्यायन्त्यसौ व्रजसुसीमनि दीर्घकालम् ।
आत्मानमेव सहसा कुविचारगर्ते ह्यापातयन्त्यसमधीः समुवाह हर्षम् ॥४॥

अनेकानेक शिशुओंके विनाश सम्बन्धी ऊहापोह-मूलक तर्कोंद्वारा व्रजकी सुन्दर सीमामें दीर्घकालतक अपने कर्तव्यके विषयमें सोचती-विचारती हुई उस विषम बुद्धिवाली पूतनाने सहसा अपनेको ही कुविचारके गड्ढ़ेमें गिराकर मन ही मन हर्षसे उत्फुल्ल हो उठी ॥ ४ ॥

लक्ष्म्याश्रयं सततसुन्दरमब्जनेत्रं लोलत्कपोलयुगकुण्डलमुन्नसं स्वम् ।
सम्पाद्य शक्तिनिवहैः परितः समेता तद्गोकुलस्थितशिशूनपि नाशयामि ॥५॥

उसने सोचा—मैं अपने रूपको शोभाका निकेतन, सतत सौन्दर्य-राशिसे पूर्ण, कमल-नयनोंसे सुशोभित, कपोलोंपर झिलमिलाते हुए युगल कुण्डलोंसे मण्डित तथा ऊँची नासिकासे युक्त बनाकर शक्ति-समूहसे समावृत हो, गोकुलवासी शिशुओंका भी नाश कर डालूँगी ॥ ५ ॥

इत्थं विचिन्त्य रमणीमणिवच्छुभाङ्गी स्वेच्छानुरूपविहितोज्ज्वलरम्यरूपा ।
सा पूतना कुटिलधीः शिशुनाशशीला नन्दालयं विषकुचा द्रुतमाविवेश ॥६॥

ऐसा विचारकर उस पूतनाने अपनी इच्छाके अनुरूप उज्ज्वल एवं रमणीयरूप धारण कर लिया। उसके सभी अङ्ग सुन्दर शोभा-राशिसे सम्पन्न हो गये। वह रमणी मणि-सी प्रतीत होने लगी। उसकी बुद्धि बड़ी कुटिल थी। शिशुओंका विनाश उसके लिए खेल-सा था। उसने अपने स्तनोंपर विषका लेप कर दिया और शीघ्रतापूर्वक नन्दभवनमें प्रवेश किया ॥ ६ ॥

यस्मिन् समस्तजगतां ग्रसने समर्थः कालोऽपि कीटमपि नाशयितुं न शक्तः ।
तस्मिन् व्रजे शिशुगणांस्तदपि प्रकृष्टान् हन्तुं गताऽहहह ! सा भवितेह किन्नु ? ॥७॥

जिस व्रजमें समस्त लोकोंको अपना ग्रास बना लेनेमें समर्थ काल भी ( ईश्वर इच्छाके विना ) एक कीटका भी नाश नहीं कर सकता। उसी व्रजमें वह शिशु-समूहोंको उनमें भी अत्यन्त उत्कृष्ट कोटिके बालकोंको मारनेके लिये चली गयी। हाय ! हाय ! पता नहीं उसका क्या होगा ? ॥ ७ ॥

अन्तः पुरे व्रजपतेः सकले विशाले तल्पे सुवर्णमणिमण्डितकान्तिजाले ।
सुप्तं तमर्भकमसौ सहसा ददर्श स्त्रीभिर्वृतं कृतदयं स्वजनेषु शश्वत् ॥८॥

व्रजराज नन्दके विशाल अन्तःपुरमें, जो सकल कलाओंसे सुशोभित था, सुवर्ण-रत्नोंसे मण्डित कान्तिराशिसे कमनीय शय्यापर सोये हुए उस बालकपर सहसा पूतनाकी दृष्टि पड़ी। वह शिशु स्त्रियोंसे घिरा था और स्वजनोंपर निरन्तर दयाकी वर्षा करता था ॥ ८ ॥

दृष्टैव तामसमितकान्तिसमृद्धरूपां तत्रत्यशान्तिसुखमग्नविशुद्धवृत्तिः ।
नारीजनोऽप्यसमतत्प्रभयावधूतो घूर्णो बभूव सुखपूर्ण इवावधूतः ॥९॥

पूतनाका रूप अपरिमित कान्तिराशिसे समृद्ध था, उसे देखते ही वहाँके शान्ति-सुखमें निमग्न विशुद्ध वृत्तिवाला नारीवर्ग उसकी समतारहित प्रभासे तिरस्कृत हो आनन्द-पूर्ण अवधूतकी भाँति झूलने लगा ॥ ९ ॥

तस्या अतुल्यगुणलक्ष्मयुतं वरेण्यं रूपं निरीक्ष्य कबरीस्थितमाल्यशोभम् ।
उच्चस्तनं सुकटिलम्बितकाञ्चिभारं मुग्धं बभूव वनितामन एकवारम् ॥१०॥

उसका वरेण्यरूप अनुपम गुणों और लक्षणोंसे युक्त था। वेणीमें लगे हुए पुष्पहार उसकी शोभा बढ़ाते थे। स्तनयुगल उन्नत और पीन थे। उसके सुन्दर कटि-प्रदेशमें कर्धनी लटक रही थी। उसको देखकर एक बार वहाँकी नारियोंका मन मुग्ध हो गया ॥ १० ॥

सौम्यैः स्मितै रुचिरभावमयैर्विलासै रत्नोज्ज्वलद्वलयकुण्डलकान्तिभिश्च ।
तत्रस्थवृद्धमहिलाशिशुवर्गचित्तं चौरी यथाऽहरदसावपि वस्तुवित्तम् ॥११॥

उसकी मुसकानसे सौम्यभाव टपक रहा था, उसके विलास रुचिर भावसे विभूषित थे। कंगन और कुण्डलोंकी कान्ति रत्नोंकी प्रभासे जगमगा रही थी। इन सब विशेषताओंसे पूतनाने वहांकी वृद्धा-महिलाओं तथा शिशुओंके चित्तको उसी तरह चुरा लिया, जैसे कोई चोरनी घरकी वस्तुओं तथा धनको चुरा लेती हो ॥ ११ ॥

तस्मात्स्थितेऽत्र सकले जन एकवृत्त्या तत्राऽऽगतां श्रियमिव प्रियवीक्षिताङ्गीम् ।
सम्यङ्निरूप्य सकलाः स्त्रिय उच्चभावास्तस्थुर्भृशं तदनुरक्तधियो विमूढाः ॥१२॥

इस कारण वहाँ सब लोग एकमात्र उसीमें चित्त-वृत्ति लगाकर ठगे-से खड़े रह गये। जिसके सुन्दर अङ्गोंपर प्रियतमकी दृष्टि पड़ रही हो उस लक्ष्मीकी भाँति वहाँ आयी हुई पूतनाको अच्छी तरह देखकर उच्चभाववाली सारी स्त्रियोंका मन उसीमें अनुरक्त हो गया और वे अत्यन्त मूढ-सी होकर जहांकी तहाँ स्थित रहीं ॥ १२ ॥

किञ्चित्पदानि सुविलासमयानि गत्वा सा पूतना तत उपेन्द्रसमीपमेत्य ।
पर्यङ्कसुप्तशिशुरूपमिहोग्रकालव्यालं समाश्लिषदहो जननीव बालम् ॥१३॥

अत्यन्त विलासपूर्ण गतिसे दो चार पग चलकर वह पूतना पलंग पर सोये हुए शिशुरूप उपेन्द्र ( श्रीकृष्ण )के पास पहुँच गयी और जैसे माता अपने बच्चेको छातीसे चिपका लेती है उसी प्रकार उसने भी उसे गोदमें ले लिया। परन्तु वह शिशु उसके लिए काला-साँप-सा सिद्ध हुआ ॥ १३ ॥

तत्रस्थसज्जनहृदैव विभाव्यमानो ज्ञानेन योगजनितेन च सेव्यमानः ।
स्पर्शेन तेन विषमेण विबोध्यमानो बालोऽप्यसावतिबभौ परिचिन्त्यमानः ॥१४॥

वहाँके सज्जन जिसका अपने हृदयसे चिन्तन करते थे, योगजनित ज्ञानसे ही जिसका सेवन होता था, वह सबके ध्यानका विषय बना हुआ बालक पूतनाके विषम-स्पर्शसे जाग उठा और उसकी गोदमें अतिशय शोभा पाने लगा ॥ १४ ॥

तस्याश्छलेन परिशोभितपद्मनेत्रे कृत्वा स्वनेत्रकमलं स्थिरमेकवारम् ।
यद्दृष्टवाञ्छिशुरसौ तत एव तेन दुष्टाऽऽसुरीयमिति बुद्धमलौकिकेन ॥१५॥

पूतनाके छलसे सुशोभित होनेवाले नेत्र-कमलमें एक बार अपनी पद्मोपम-दृष्टि स्थिर करके उस अलौकिक बालकने ज्योंही देखा, त्योंही उसने ताड़ लिया कि यह तो दुष्टा राक्षसी है ॥ १५ ॥

**मातेव मामियमहो विषपूर्णदेहा दुग्धं तु पाययितुमिच्छति चात्मनैव ।**
**यो मामुपाश्रयति येन पथा तथैव तं चाऽऽभजाम्यहमिति व्रतमास्थितं मे ॥१६॥**

उसने सोचा 'इसका शरीर ( स्तन ) विषसे भरा है, तथापि यह स्वयं ही माताकी भाँति मुझे दूध पिलाना चाहती है। जो जिस मार्गसे मेरा आश्रय लेता है, मैं भी उसी मार्गसे उसको अपना लेता हूँ—यह मेरा स्वीकृत व्रत है' ॥ १६ ॥

**इत्थं विचिन्त्य नयने विनिमीलितेऽस्मिन् मातेव सुस्थिरतरा शयनेऽवसत् सा ।**
**भस्मावलुप्तहुतभुक्सदृशं शिशुं तं स्वाङ्के समुन्नततरे निदधे ततो हा ! ॥१७॥**

ऐसा विचार करके नन्द-शिशुने जब अपने नेत्र बंदकर लिये, तब वह माताकी भाँति सुस्थिरभावसे उसकी शय्यापर बैठ गयी और खेदकी बात है कि राखमें छिपी हुई आगके समान उस शिशुको उसने अपने ऊँचे स्तनवाले अंकमें संभालकर रख लिया ॥ १७ ॥

**चोलाञ्चलाद्रुचिरचूचुकमेकमीषन्निष्कास्य चोग्रविषमस्य मुखे निधाय ।**
**साऽपाययत्तमहिता कृतकृत्यभीता सोऽचूचुषत् करगृहीतकुचः कृतज्ञः ॥१८॥**

फिर चोलीसे अपने एक सुन्दर स्तनका थोड़ा-सा भाग, जिसमें भयानक विष लगा हुआ था, निकालकर उसके मुँहमें दे दिया। पूतना उसका अहित करने आयी थी और अपने द्वारा किये गये कुकृत्यसे भयभीत भी थी, तथापि उस शिशुको स्तन-पान कराने लगी। उसके कृत्यको जाननेवाला वह शिशु भी दोनों हाथोंसे उसके स्तनको पकड़कर चूसने लगा ॥ १८ ॥

**भो ! मुञ्च मुञ्च ! कुचमित्यभिभाषमाणा स्विन्नाङ्गयष्टिरधिमर्म निपीडिता सा ।**
**नेत्रे विवृत्य चरणौ स्वभुजावजस्रं स्वार्त्या क्षिपन्त्यहह ! तत्र भृशं रुरोद ॥१९॥**

उस समय पूतनाके मर्मस्थानमें अत्यन्त पीडा होने लगी। उसकी सारी अङ्गयष्टि शिथिल हो गयी और वह 'अरे रे ! हाय ! हाय ! छोड़ दे छोड़ दे मेरा स्तन' इस प्रकार चिल्लाती तथा वेदनासे आँखें फाड़कर निरन्तर हाथ-पैर पटकती हुई बड़े जोरसे रोदन-कर उठी ॥ १९ ॥

**स्त्रीणां हि मर्म कुचयुग्ममतुल्यमेकं गाढं तदेव परिपीड्य भृशं कराभ्याम् ।**
**यत्पीतवाञ्छिशुरसौ सविषं पयस्तत् प्राणा गतास्तत इयं च मृता तदैव ॥२०॥**

स्त्रियोंका दोनों स्तन ही मर्म-स्थान है, उनमेंसे एक अनुपम-स्तनको दोनों हाथों द्वारा बड़े जोरसे दबाकर जो उस शिशुने उसका विषयुक दूध पिया उससे उसके प्राणपखेरू उड़ गये और वह तत्काल मृत्युको प्राप्त हो गयी ॥ २० ॥

२९

**संयोग आपतित ईदृश ऐक्यमाप्य स्थानान्तरे निपतितौ तत एव चोभौ ।**
**देहे मृतेऽपसरतः स्थितनामरूपे दूरं यथा विहितवेगवशात्तथैव ॥२१॥**

ऐसा संयोग आ पड़ा कि वे दोनों ( पूतना और शिशु ) एकताको प्राप्त होकर दूसरे स्थानमें जा गिरे। जैसे शरीरके मृत हो जानेपर अपनेसे उत्पन्न वेगके कारण नाम और रूप दूर हट जाते हैं ॥ २१ ॥

**गोष्ठाद् बहिः सुवितते रमणीयदेशे सार्धैकयोजनमिते न्यपतत् स देहः ।**
**तद्वृक्षपंक्तिरपि हा ! पततोऽस्य सङ्गाद् भग्ना पपात बहुधा कृतचण्डनादा ॥२२॥**

गोष्ठसे बाहर छः कोस विस्तृत रमणीय प्रदेशमें पूतनाका वह शरीर धराशायी हो गया। हाय ! उस गिरते हुए शवके धक्केसे वहाँके वृक्ष-समुदाय भी नाना प्रकारके प्रचण्ड शब्द करते हुए पृथ्वीपर गिर पड़े ॥ २२ ॥

**तस्याः स्वनेन पतनेन धरान्तरिक्षे व्याप्तेन विश्वमखिलं ध्वनितं प्रकामम् ।**
**द्यौः सग्रहा गिरियुता क्षितिरब्धयोऽपि चेलुर्दिशश्च विकटं ध्वनिताः क्षणेन ॥२३॥**

उसके गिरनेसे धमाकेकी आवाजसे पृथ्वी और आकाश भर गये। सारा विश्व जोरसे गूँज उठा। ग्रहों सहित अन्तरिक्ष, पर्वतों सहित पृथ्वी, सम्पूर्ण दिशाएँ तथा समुद्र भी क्षणभरमें भयंकर शब्दसे व्याप्त हो गये ॥ २३ ॥

**वज्राहतः सुररिपुर्विषमो महात्मा वृत्रो यथाऽपतदिहाऽसमशैलगात्रः ।**
**सा पूतनापि शिशुशक्तिहता द्वितीया स्वं पातयन्त्यसमरूपवती रराज ॥२४॥**

जैसे देवशत्रु महाकाय वृत्रासुर वज्रसे आहत हो अनुपम पर्वतके समान आकारमें इस पृथ्वीपर गिरा था, उसी प्रकार दूसरी यह पूतना थी, जो शिशुकी शक्तिसे मारी जाकर अपनेको गिराते समय तुलना रहित विशाल शरीरसे सुशोभित हुई ॥ २४ ॥

**मातृत्वमाप्य सविषस्तनपानजन्यं चात्मा गतो विलयमत्र परात्मरूपे ।**
**हिंसामयी प्रकृतिरुग्रतराऽऽसुरी तु तस्यास्तदैव विकटा प्रकटीबभूव ॥२५॥**

विषयुक्त स्तनपान करानेके कारण मातृभावको प्राप्त हुई उस पूतनाका जीवात्मा वहाँ परमातमस्वरूपमें विलीन हो गया। और उसकी हिंसामयी जो उग्रतरा आसुरी-प्रकृति थी वही उस समय मर कर विकट आकार में प्रकट हुई थी ॥ २५ ॥

**दंष्ट्राद्वयं तदनु लाङ्गलदण्डकल्पं तस्याः समुन्नततरं मुखमप्यशोभि ।**
**तन्नासिकाविवरयुग्ममहो ! विशालं हैमालयं विवरवत्सुमहद्रराज ॥२६॥**

उसकी दोनों दाढें दो हलदण्डके समान जान पड़ती थीं। उनके कारण उसका ऊँचा मुख अद्भुत शोभा पा रहा था। अहो ! उसकी नासिकाके दोनों छेद हिमालयकी दो बड़ी बड़ी कन्दराओंके समान सुशोभित होते थे ॥ २६ ॥

वृक्षाऽऽवलीसमविकीर्णसुताम्रकेशं शैलस्तनं शिखरचूचुकमार्तिदायि ।
तद्राक्षसीवपुरहो ! शुशुभे निकामं गाढान्धकारनयनं गहनं प्रकामम् ॥२७॥

उसके ताम्रवर्णके केश वृक्षावलियोंके समान बिखरे थे। दोनों स्तन पर्वतके सदृश तथा उनके पर-पीडादायक चूचुक ( स्तनाग्रभाग ) शिखरके समान जान पड़ते थे। अहो ! वह राक्षसीका अत्यन्त गहन शव, जिसके नेत्र गाढ अन्धकार-राशिके समान प्रतीत होते थे, अद्भुत शोभा धारण कर रहा था ॥ २७ ॥

नाभिह्रदं मलयुतं परिहीणतोयं बाहुद्वयं विततवर्ष्मपयोधिकूलम् ।
आरोहणे कठिनमुच्चनितम्बविम्बं रोमाऽऽवलीविलसितं जघनं च गर्ह्यम् ॥२८॥

उसका नाभि-कुण्ड मलयुक्त तथा जलसे शून्य था, दोनों बाहें उसके शरीररूपी विस्तृत समुद्रके दोनों तटोंके समान दिखायी देती थीं। नितम्ब-मण्डल इतना ऊँचा था कि उसपर किसीके लिए भी चढ़ना कठिन था। रोमावलियोंसे आच्छादित जघनस्थल घृणास्पद प्रतीत होता था ॥ २८ ॥

तद्रूपमीदृशमनर्थकरं करालं संप्रेक्ष्य गोपवनिता व्रजमण्डलस्थाः ।
तत्राऽऽगताः सभयमर्भकवृद्धसङ्घैर्युक्तास्तदद्भुतरवेण भृशं विमूढाः ॥२९॥

पूतनाका ऐसा अनर्थकारी विकराल रूप देखकर डरती-डरती वहाँ आयी हुई व्रजमण्डलकी गोपवनिताएँ, जिनके साथ बालक और वृद्ध-जन भी उपस्थित थे, उसके अद्भुत आर्तनादसे अत्यन्त विमूढ ( अचेत ) हो गयीं ॥ २९ ॥

दृष्ट्वा शिशुं शशिनिभं हृदयाग्रभागे क्रीडन्तमप्रतिभयं मणिवच्छुभाङ्गम् ।
गत्वा द्रुतं सभयमीश्वरचित्तनैस्ता गोप्योऽप्यमुं जगृहुरार्तियुताः क्षणेन ॥३०॥

उस राक्षसीके वक्षः स्थलपर वह चन्द्रमा-जैसा सुन्दर और नीलमणि-जैसा श्यामोज्ज्वल अङ्गवाला शिशु निर्भय होकर खेल रहा था। गोपियाँ भयभीत हो भगवान्का स्मरण करती हुई तुरन्त वहाँ गयीं और व्यथितचित्त हो क्षणभरमें उसे उठा लाईं ॥ ३० ॥

मात्रे प्रदाय शुभनीलमणिं ततस्ता गत्वा द्रुतं कपिशगावमुपाहरंश्च ।
पुच्छं प्रगृह्य सजलं भ्रमणैः समन्त्रं रक्षां शिशोर्विदधिरे स्वकुलानुरूपम् ॥३१॥

सुन्दर लीलमणिको माता यशोदाकी गोदमें देकर वे तुरन्त जाकर एक कपिला गौ वहाँ ले आयीं और जलसहित उसकी पूँछ पकड़कर मन्त्रपाठ पूर्वक उसे घुमाती हुई उन्होंने अपने कुलकी प्रथाके अनुसार उस शिशुका संरक्षण विधान किया ॥ ३१ ॥

ता रोहिणीं व्रजपतेर्महिषीं विगृह्य मूत्रेण गोः शिशुममुं त्वभिषिच्य पूर्वम् ।
संस्नाप्य धेनुशकृता हरिनामबीजैर्विन्यस्य चाङ्गकरयोर्विजगुः प्रगेयम् ॥३२॥

उन गोपियोंने रोहिणी तथा व्रजराज नन्दकी रानी यशोदाको साथ लेकर पहले गोमूत्रसे उस शिशुका अभिषेक किया । फिर गोबर-मिश्रित जलसे नहलाकर भगवन्नाम संबन्धी बीजमन्त्रोंसे अङ्गन्यास-करके वे इस गाने योग्य रक्षा-कवचको गान करने लगीं ।३२।

( उपजातिः )

नैषा सुरक्षा शुभदा शिशूनामेवाऽस्ति चाऽस्माकमपीह दिव्या ।
शीघ्रं यया सेवितया भवाब्धेः पारं प्रयामो वयमस्ति सेत्थम् ॥३३॥

यह सुरक्षा केवल शिशुओंके लिए ही शुभदायिनी हो, ऐसी बात नहीं है; यह हमारे लिये भी यहाँ दिव्य सुरक्षा सिद्ध होगी । इसका सेवन करनेसे हम शीघ्र ही भवसागरसे पार हो जायँगे । ऐसी महत्त्वशालिनी है यह सुरक्षा ॥३३॥

( भुजङ्गप्रयातम् )

अजोंऽङ्घ्रिं शिशोस्तेऽवतात्सर्वकालं तथा जान्वसावाणिमान् विश्वरूपः ।
क्रमेणैव यज्ञोऽच्युतोऽसौ त्वदूरू कटिं सोदरं चैव पायाद्धयास्यः ॥३४॥

'वत्स ! तेरे पैरकी रक्षा सदा ही भगवान् अज करें । घुटनेकी रक्षा विश्वरूप अभिमान् करें । क्रमशः तेरे ऊरुओं और कठिप्रदेशकी रक्षा भगवान् यज्ञ और अच्युत करें तथा भगवान् हयग्रीव उदरका संरक्षण करें ॥ ३४ ॥

सहृत् केशवो वक्ष ईशोऽवतात्ते त्विनः कण्ठदेशं भुजौ विष्णुरीशः ।
मुखं विश्वरूपैकपादो महात्मा शिरः पातु नित्यं शिशोरीश्वरस्ते ॥३५॥

'तेरे हृदयकी केशव और वक्षःस्थलकी ईश रक्षा करें । कण्ठदेशकी इन ( सूर्यदेव ) और भुजाओंकी भगवान् विष्णु रक्षा करें । विश्वरूप जिनका एक पैर है, वे महाकाय विराट् तेरे मुखकी और ईश्वर तुझ शिशुकी नित्य रक्षा करें ॥ ३५ ॥

स चक्री हरिः स्वां गदां भ्रामयित्वा शिशोस्तेऽग्रतः पातु पश्चाच्च नित्यम् ।
असिं कार्मुकं चैव बाह्वोर्दधानो मधुघ्नोऽजनश्चाऽवतात्त्वां कृपार्द्रः ॥३६॥

'वे चक्रधारी श्रीहरि अपनी गदा घुमाकर तुझ शिशुकी सदा आगे और पीछेसे रक्षा करें । दो भुजाओंमें तलवार और धनुष धारण करनेवाले कृपालु अजन्मा मधुसूदन सदा तेरा संरक्षण करें ॥ ३६ ॥

चतुर्दिक्षु कोणेषु शङ्खं गृहीत्वा हरिः संहरेत्तेऽशुभं पद्महस्तः ।
अधस्तार्क्ष्यदेवस्तथैवोर्ध्वभागे ह्युपेन्द्रोऽवतु त्वां हली वै समन्तात् ॥३७॥

'हाथमें कमल धारण करनेवाले श्रीहरि शङ्ख लेकर चारों दिशाओं तथा कोणोंमें तेरे अशुभका संहार करें। तार्क्ष्यदेव ( भगवान् गरुड ) नीचेसे तेरी रक्षा करें, उपेन्द्र ऊपर से रक्षा करें और भगवान् हलधर चारोंओरसे तेरा संरक्षण करें ॥ ३७ ॥

सदा पातु ते त्विन्द्रियाणीन्द्रियेशो जगद्धेतुनारायणः प्राणवर्गम् ।
तथा श्वेतद्वीपेश ईशोऽपि चित्तं मनश्चाऽवतात्ते स योगेश्वरोऽपि ॥३८॥

'हृषीकेश सदा तेरी इन्द्रियोंकी रक्षा करें। जगत्कारण भगवान् नारायण प्राणवर्गका पोषण करें। भगवान् श्वेतद्वीपपति तेरे चित्तकी और योगेश्वर तेरे मनकी रक्षा करें ॥ ३८ ॥

शिशोस्तेऽवतात् पृश्निगर्भः सुबुद्धिं परः श्रीश आत्मानमव्याकृतोऽसौ ।
गवामीश्वरः पातु क्रीडन्तमेवं शयानं शिशुं त्वाऽवतान्माधवस्तु ॥३९॥

'भगवान् पृश्निगर्भ तुझ शिशुकी सुबुद्धिका और अव्याकृत परमात्मा श्रीपति तेरे आत्माका संरक्षण करें। गौओंके स्वामी खेलते समय तथा भगवान् माधव सोते समय तेरी रक्षा करें ॥ ३९ ॥

व्रजन्तं तथा पातु वैकुण्ठ ईशः सुराणां गुरुश्चैव तिष्ठन्तमित्थम् ।
शिशोर्व्याधिरूपग्रहत्रासदाता मखात्मा हरिर्भोजने चाऽवतात्त्वाम् ॥४०॥

'चलते समय भगवान् वैकुण्ठ और खड़ा होते समय सुरगुरु तेरी रक्षा करें। व्याधिरूप ग्रहोंको त्रास देनेवाले यज्ञात्मा श्रीहरि भोजन कालमें तुझ बालकका संरक्षण करें ॥ ४० ॥

शिशूनां ग्रहा यातुधानादयस्ते पिशाचास्तथा प्रेतभूताश्च यक्षाः ।
समं डाकिनीशाकिनीभिर्विनाशं गताः सन्तु रक्षोगणैः सार्धमेव ॥४१॥

'बालग्रह, यातुधान आदि, पिशाच, भूत, प्रेत, डाकिनी, शाकिनी तथा राक्षसगण भगवन्नामके प्रभावसे एक साथ ही नष्ट हो जायँ ॥ ४१ ॥

( शालिनी )

तेऽपस्मारा कोटरा रेवती च ज्येष्ठा श्रेष्ठा दुष्टतायां प्रसिद्धा ।
उन्मादास्ते बालदेहेन्द्रियादीन् ये द्रुह्यन्ति स्युर्विनष्टाः सदा ते ॥४२॥

'अपस्मार, कोटरा, रेवती तथा ज्येष्ठा जो दुष्टतामें प्रसिद्ध और बढ़ी-चढ़ी हैं और जो उन्मादरोग बालकोंके शरीर इन्द्रिय आदिसे द्रोह करनेवाले हैं, वे सब सदाके लिये विनष्ट हो जाँय ॥ ४२ ॥

स्वप्ने दृष्टा वृद्धबालग्रहाश्च ह्युत्पातास्ते सूचका विघ्नरूपाः ।
सर्वे शीघ्रं शान्तिमायान्तु नष्टा विष्णोर्दिव्यैर्नामभिः संगृहीताः ॥४३॥

'स्वप्नमें देखे गये जो वृद्ध और बाल-ग्रह हैं, जो सूचक विघ्नरूप उत्पात हैं, वे सब भगवान् विष्णुके दिव्य नामोंसे संगृहीत होकर शीघ्र ही नष्ट एवं शान्त हो जाँय ॥ ४३ ॥

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

**इत्थं परात्मनि हरौ सुखदावतारे स्नेहेन बद्धहृदया गुणतो विमुग्धाः ।**
**गोप्यः स्वदेशिककुलाचरणानुरूपां रक्षां विचक्रुरखिलां शुभदां शिशोस्ताम् ॥४४॥**

इस प्रकार सुखद अवतारधारी परमात्मा श्रीहरिके प्रति जिनके हृदय स्नेहसे बँधे हुए थे, जो उनके गुणोंपर मुग्ध थीं, वे गोपियोंने अपने गुरुकी आज्ञा तथा कुलाचारके अनुसार उस शिशुके लिए संपूर्ण शुभदायिनी रक्षाका विधान किया ॥ ४४ ॥

( उपजातिः )

**माता यशोदा शिशुमीश्वरं हरिं स्वोत्सङ्ग आधाय कुचामृतं निजम् ।**
**आपाययन्ती शरणं श्रिता शिवां तं शाययामास शनैःशनैस्ततः ॥४५॥**

ईश्वर श्रीहरि-स्वरूप शिशुको गोदमें लेंकर माता यशोदा अपने स्तनका अमृत पान कराती हुई भगवती शिवाकी शरणमें गयीं । फिर धीरे धीरे उसे सुलाया ॥ ४५ ॥

**तदापि तस्या मुखपङ्कजादहो ! विनिःसृतं गीतमिदं परात्मगम् ।**
**दयस्व शम्भो ! भवताऽऽशुतोषिणा दत्तः सुतोऽयं भवतैव रक्ष्यते ॥४६॥**

उस समय भी यशोदाके मुखारविन्दसे यह परमात्म-संबन्धी गीत निकल रहा था । 'हे भगवन् शङ्कर ! दया कीजिये । आप आशुतोष हैं, आपने ही यह पुत्र प्रदान किया है और आपके ही द्वारा इसकी रक्षा हो रही है' ॥ ४६ ॥

**कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।**
**गतश्चतुर्दशः सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥४७॥**

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें चौदहवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ४७ ॥

* * *

# पञ्चदशः सर्गः

[ पूतनासंस्कारः । भगवतः कृपानिदर्शनम् । नास्तिकानां प्रबोधनञ्च ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

अथाऽऽगतास्ते व्रजराजसंयुता गोपा वरेण्या मथुराप्रदेशतः ।
व्यलोकयन् ये पथि पूतनावपुः सुविस्तृतं कज्जलशैलवत् स्थितम् ॥१॥

तदनन्तर मथुरा प्रदेशसे व्रजराज नन्द सहित वे सभी गोप व्रजमें आये। उन्होंने मार्गमें पूतनाके सुविस्तृत शवको देखा, जो काजलके पर्वतके समान पड़ा था ॥ १ ॥

सम्यङ् निरीक्ष्याऽत्र भृशं विभाव्य तत् ह्याश्चर्यमापुर्नितरां गतव्यथाः ।
अन्योन्यमालोक्य चिरं व्रजेश्वरः स्मृत्वा हरिं चेत्थमुवाच तांस्तदा ॥२॥

उसको यहाँ भलीभाँति देखकर तथा उसके विषयमें बहुत सोच-विचारकर एक दूसरेकी ओर देखते हुए वे सब लोग व्यथारहित हो आश्चर्यमें डूब गये। कुछ देरके बाद व्रजेश्वर नन्दने श्रीनारायणका स्मरण करके अपने साथी गोपोंसे उस समय इस प्रकार कहा ॥ २ ॥

मान्या भवन्तो व्रजवासिनः प्रियाः शृणुध्वमस्मद्वचनं महत्तमम् ।
यद्राजधान्यां वसुदेव आह नस्तदेव दृष्टं भयदं ह्यरिष्टकम् ॥३॥

'आप समस्त मान्य व्रजवासी गण मेरे लिये बहुत प्रिय हैं। अतः मेरी महत्त्वपूर्ण बात सुनें—राजधानी मथुरामें वसुदेवने जिसकी ओर संकेत किया था, वही यह भयदायक अरिष्ट हमें दिखायी दिया है ॥ ३ ॥

मन्त्रान् स्थितिं पश्यति शान्तिमानृषिर्यथेह तद्वत् स बभूव सत्यदृक् ।
अहं तु मन्ये श्रितबन्धनालयोऽभ्यासेन योगस्य स जात ईदृशः ॥४॥

'जैसे कोई शान्त महर्षि यहाँ मन्त्रों और परिस्थितिको प्रत्यक्ष देख लेता है, उसी प्रकार वसुदेव भी सत्य-द्रष्टा हो गये हैं। मैं तो समझता हूँ, कारागारमें रह कर योगाभ्यास करनेसे वे ऐसे शक्तिसम्पन्न हो गये हैं' ॥ ४ ॥

आमन्त्र्य पश्चात् परिबुद्धतत्स्थितिराज्ञापयामास च तान् व्रजेश्वरः ।
संदाहयामास च राक्षसीवपुर्जनङ्गमैः स्वैर्व्रजवासिभिः प्रियैः ॥५॥

तत्पश्चात् परस्पर बातचीत करके उस परिस्थितिको जानकर व्रजेश्वरने लोगोंके शवदाहके लिये आदेश दिया और अपने व्रजमें निवास करनेवाले प्रिय चाण्डालों द्वारा उस राक्षसीके शरीरका दाह करवाया ॥ ५ ॥

परश्वधैस्तद्वपुषं कृतश्रमाः प्रत्यङ्गमाच्छिद्य गतव्यथा इमे ।
दूरेऽनयंस्तत्र च काष्ठसंभृतां चितां समारोप्य मुदाऽदहन्नहो ! ॥६॥

उन सबने श्रम करके फरसों द्वारा पूतनाके प्रत्येक अङ्गके टुकड़े-टुकड़े करके व्यथा रहित हो दूर ले जाकर रक्खा और काष्ठ-निर्मित चितापर चढ़ाकर प्रसन्नता पूर्वक उसका दाह कर दिया। वह अद्भुत दृश्य था ॥ ६ ॥

पापाऽऽसुरी सा प्रथिता महत्तमा घोरा शिशूनां भयदाऽन्तकारिणी ।
जिघांसया यद्धरये ददौ स्तनं लब्धं तयैतन्मरणोत्तरं धनम् ॥७॥

उस विशाल आकारवाली पापाचारिणी घोर राक्षसीने, जो शिशुओंके लिये भयदायिनी तथा उनका विनाश करनेवाली थी, मार डालनेकी नीयतसे श्रीहरिके मुखमें स्तन दिया था, परन्तु मरनेके बाद उसे यही ( भगवान् ही ) धन मिला ॥ ७ ॥

माताऽथवा धात्र्यपि यां शुभां गतिं प्राप्नोत्यहो ! स्वोदरजातबालतः ।
तामेव सा प्राप दयालुमीदृशं त्यक्त्वा कमन्यं शरणं व्रजेम भोः ! ॥८॥

अहो ! अपने पेटसे पैदा हुए बालकसे जैसे माता अथवा धायको शुभ गति प्राप्त होती है; उसीको पूतनाने भी श्रीकृष्णसे पा लिया। सज्जनो ! दयालु हरिको छोड़कर हम लोग दूसरे किसकी शरणमें जांय ? ॥ ८ ॥

ख्यातिं गतास्ते बहवो मनस्विनो विद्वांस एवं गुणिनस्तपस्विनः ।
तत्कृष्णतत्त्वं शरणं श्रिताः सुखं गताः परं तत्सदिति प्रभाषिणः ॥९॥

बहुतसे मनस्वी, विद्वान्, गुणी और तपस्वी लोग भी, जो जगत्में विख्यात हो चुके हैं, उस श्रीकृष्ण-तत्त्वकी ही शरण लेकर 'वही परम सत् तत्त्व है' ऐसा कहते हुए सुखसे उस परम तत्त्वको प्राप्त हो गये ॥ ९ ॥

संसारिणो नित्यमनीश्वरब्रुवास्तथा कदाचाररता नृशंसकाः ।
अपीह चाऽन्ते गतिरस्तु मे हरिर्ब्रुवन्त्यहो ! चाऽऽधुनिकब्रुवा अपि ॥१०॥

आश्चर्य तो यह है कि जो सदा ही ईश्वरकी सत्ताको अस्वीकार करते, कुत्सित आचरणमें लगे रहते, नृशंसता पूर्ण बर्तावमें लगे रहते तथा अपनेको आधुनिक विचारवाला कहते हैं, ऐसे संसारी लोग भी अन्तिम अवस्था आनेपर मुँहसे यही बोलते हैं कि 'भगवान् मेरी गति हों' ॥ १० ॥

को हेतुरत्राऽस्ति विविच्यतां स्वतः पाश्चात्यविद्वांस इमे ब्रुवन्तु तान् ।
योगेन शक्त्या च बलिष्ठया धिया साध्नोति कः किं न भवे ब्रुवन्तु नः ? ॥११॥

इसमें क्या कारण है ? इसका स्वतः विवेचन किया जाय ? ये पाश्चात्त्य विद्वान् भी उन लोगोंको उत्तर दें। योग-शक्तिसे वलिष्ठ हुई बुद्धिके द्वारा संसारमें कौन क्या नहीं साध सकता है ? यह हमें बतायें ॥ ११ ॥

**या कर्मभूमिः प्रथिता जगत्त्रये देवाश्च गायन्ति यदीयसद्गुणान् ।**
**तामाश्रिता भो ! विबुधा गतह्रियो व्यर्थं किमस्मान् हरिगान् विगर्हथ ! ॥१२॥**

जो तीनों लोकोंमें 'कर्म-भूमि' के नामसे प्रसिद्ध है, देवता भी जिसके गुणोंका गान करते हैं; आधुनिक विचारवाले विद्वानो ! उसी भूमिमें रहकर आप लोग लज्जाको तिलाञ्जलि दे क्यों हम भगवद्-गुणगान करनेवालोंकी निन्दा करते हैं ? ॥ १२ ॥

**तत्पश्यत व्यापकरूपको ह्यसौ विभाति चाऽस्मिन् सचराचरे स्वतः ।**
**चिदात्मशक्त्याऽऽत्मविभाव्यरूपत आब्रह्मकीटेषु हृदि व्यवस्थितः ॥१३॥**

अतः आप देखें, वे भगवान् श्रीहरि सर्वव्यापी-रूपसे इस चराचर जगत्में स्वतः प्रकाशमान हैं। चैतन्यात्मशक्तिसे युक्त तथा आत्मानुभवैकगम्य-रूपसे वे ब्रह्माजीसे लेकर कीट-पर्यन्त संपूर्ण प्राणियोंके हृदयमें स्थित हैं ॥ १३ ॥

**तदत्र यूयं हृदयाग्रवर्तिनं तमेव नित्यं स्मरताऽव्ययं हितम् ।**
**यस्तादृशीं हन्त ! निशाचरीमपि धामाऽनयद्धात्र्युचितं महत्तमम् ॥१४॥**

इसलिये इस संसारमें आप लोग सबके हृदयाग्रभागमें विद्यमान उन्हीं सर्वहितैषी अविनाशी श्रीहरिका नित्य स्मरण-चिन्तन करें। कितनी अच्छी बात है कि उन्होंने वैसी निशाचरी पूतनाको भी अपना वह महत्तम धाम दे दिया, जो माता अथवा धायके ही पाने योग्य है ॥ १४ ॥

**विद्वद्भिराप्तैर्ऋषिभिर्महात्मभिः शास्त्रैः पुराणैश्च बुधैरहर्निशम् ।**
**यत्कथ्यते ब्रह्म चिदात्मरूपकं तत्किं ? किमात्माऽपि न विद्यतेऽत्र भोः ! ॥१५॥**

विद्वानों, आप्तजनों, ऋषि-मुनियों महात्माओं शास्त्रों, पुराणों तथा उनके ज्ञाताओंने जिसे अहर्निश चिदात्मरूप ब्रह्म कहा है, वह क्या है ? क्या वह आत्मारूपसे भी यहाँ विद्यमान नहीं है ॥ १५ ॥

**अभ्यस्य सम्यग्धृदयेऽतिनिर्मले ब्रह्मैव तद् ध्यायत योगचक्षुषा ।**
**यद्व्याप्य विश्वं परितश्चकास्ति तां कार्ष्णीं गतिं लप्स्यथ चान्तिमेऽञ्जसा ॥१६॥**

अतः अत्यन्त निर्मल हृदयमें अच्छी तरह अभ्यास करके योगदृष्टिसे उस ब्रह्मतत्त्वका ही ध्यान कीजिये, जो सम्पूर्ण विश्वको व्याप्त करके उसके चारों ओर प्रकाशित हो रहा है। इस ध्यानकी अन्तिम परिणति यह हो कि आपको अनायास श्रीकृष्ण-स्वरूपकी उपलब्धि हो जायगी ॥ १६ ॥

**कृष्णाय तस्मै गुणगृध्नवे सतां ददाति सद्वस्तु यदीह कोऽप्यसौ ।**
**किमत्र वाच्यं लभते तदात्मतां तथापि मुह्यन्ति निसर्गतो हि ते ॥१७॥**

भगवान् श्रीकृष्ण सज्जनोंके केवल गुण-ग्रहण करनेके इच्छुक हैं। जो कोई भी उन्हें यहाँ कोई सद् वस्तु अर्पित करता हैं, वह उनका तादात्म्य प्राप्तकर लेता है, इसके विषयमें तो कहना ही क्या है ? तथापि लोग उनके विषयमें स्वभावतः मोहित हो रहे हैं ॥ १७ ॥

**तदस्तु, दाहाद्वपुषः समुत्थितो रराज धूमोऽपि धरां दिवं श्रितः ।**
**परन्तु तद्गन्ध उपेन्द्रसङ्गमात् सुगन्धभूर्जात इतस्ततो गतः ॥१८॥**

अस्तु, पूतनाके शरीरके दाहसे उठा हुआ धुआं भी पृथ्वी और आकाशमें व्याप्त होकर शोभा पाने लगा। परन्तु इधर-उधर फैला हुआ वह धूम उपेन्द्र ( श्रीकृष्ण ) के अंगोंका पूतनाके शरीरसे सम्पर्क होनेके कारण सुगन्धका जन्मस्थान बन गया। उस धूमसे मोहक सुगन्ध उठने लगी ॥ १८ ॥

**तदस्य सौरभ्यमतुल्यतृप्तिदं घ्राणैः पिबन्तोऽत्र समागता जनाः ।**
**मिथो वदन्तः किमिदं कुतो न्विदं सुगन्ध आयात इहेदृशः कथम् ? ॥१९॥**

अनुपम तृप्ति प्रदान करनेवाले उस धूम-सौरभको अपनी घ्राणेन्द्रियों द्वारा पान करते हुए वहाँ तत्काल आए लोग परस्पर कहने लगे—'यह क्या है ? कहाँसे आया है और ऐसी सुगन्ध यहाँ कैसे प्रकट हो गयी ? ॥ १९ ॥

**पृच्छन्त औत्सुक्यवशात्परस्परं तत्रत्यगोपैः कथिताः कथा इमे ।**
**श्रुत्वैव मुग्धाः कुशलं शिशोस्तदा दृष्ट्वा च संस्मृत्य हरिं शुचि स्मिताः ॥२०॥**

उत्कण्ठावश परस्पर पूछते हुए ये लोग जब निकट आये और वहाँके गोपोंकी कही हुई सारी कथा सुनी तो सबके सब मुग्ध हो गए। नन्दशिशुको सकुशल देख श्रीहरिका स्मरण करते हुए वे सब लोग मुसकरा उठे ॥ २० ॥

**स्वान्तः पुरेऽथ वितते व्रजराजनन्दो गत्वा निरीक्ष्य सुखमर्भकमत्र सुप्तम् ।**
**आघ्राय मूर्ध्नि शिवचिन्तनतत्परोऽभूच्छम्भो ! दयस्व भगवन्निति भाषमाणः ॥२१॥**

तदनन्तर व्रजराजनन्दने अपने विशाल अन्तःपुरमें जाकर जब बालकको सुखसे सोया हुआ देखा तो उसका मस्तक सूँघकर वे शिवके चिन्तनमें तत्पर हो गये ओर बोले—भगवन् शम्भो ! दया कीजिये ॥ २१ ॥

**कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।**
**गतः पञ्चदशः सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥२२॥**

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृत्ति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें पन्द्रहवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ २२ ॥

# षोडशः सर्गः

[ शकटासुरवधलीलानिर्देशनम् ]

( भुजङ्गप्रयातम् )

ततोऽस्मिन्महे तच्छिशोर्भव्यरूपे त्रिमासे शुभे जन्मनक्षत्रयुक्ते ।
यशोदा सुतं पार्श्वसुप्तं विधातुं चकाराऽत्र तद्दैशिकं कार्यजातम् ॥१॥

तदनन्तर जब नन्द-नन्दन तीन महीनेका हो गया और उसका त्रैमासिक शुभ जन्म-नक्षत्र आया तो उस दिन भव्य-उत्सवका आयोजन हुआ। उस उत्सबमें यशोदा अपने लालाको करवट बदलकर सुलानेवाली थी, अतः उसके लिए देशाचारके अनुसार सारा माङ्गलिक कार्य उन्होंने सम्पादित किया ॥ १ ॥

तदानीं व्रजस्थावयोज्ञानवृद्धा विशेषेण चाऽऽमन्त्रिता आगतास्ते ।
सभामण्डपं शोभयामासुरुच्चैः शिशोर्दीर्घजीवित्वमाकाङ्क्षमाणाः ॥२॥

उस समय ज्ञानवृद्ध, वयोवृद्ध व्रजवासी विशेषरूपसे आमन्त्रित होकर आये थे। वे उस शिशुके दीर्घ जीवनकी कामना करते हुए सभामण्डप अधिक सुशोभित करते थे ॥ २ ॥

तथैवाऽऽगता योषितः सर्वतस्ताः स्फुरद्दिव्यवर्णाः सबाला युवत्यः ।
सदाचारवृद्धाः शुभा मातृकल्पा व्रजाधीश्वरं हर्षयन्त्योऽत्र रेजुः ॥३॥

इसी प्रकार बालकों सहित युवती स्त्रियाँ भी सब ओरसे वहाँ आयीं, जिनकी दिव्य-कान्ति प्रकाशित होती थी। सदाचारमें बढ़ी चढ़ी माता–सदृश शुभा प्रौढा स्त्रियाँ भी व्रजेश्वर नन्दका हर्ष बढ़ाती हुई वहाँ शोभा पा रही थीं ॥ ३ ॥

पुरस्कृत्य बालं यशोदा तदानीं गृहप्राङ्गणे संनिवेश्याङ्क एव ।
विधिज्ञैर्द्विजैर्मन्त्रविद्भिः समन्त्रं सुतं स्नापयामास तत्राऽभिषिच्य ॥४॥

उस समय नन्दरानी यशोदाने बालकको आगे करके घरके आँगनमें अपने अङ्कमें लिए हुए ही बिठाया और शास्त्रीय विधिके ज्ञाता मन्त्रवेत्ता ब्राह्मणों द्वारा मन्त्रपाठ पूर्वक अभिषेक करवा कर नहलाया ॥ ४ ॥

ततः सा ज्ज्वलन्नीलकान्ति प्रसन्नं स्फुरत्पीतवस्त्रं शुभाङ्गं सुभूषम् ।
गुणैर्लोभयन्तं स्वतोऽभ्यागतांस्तान् समं तैर्जयाशीर्भिरेवाऽऽवबर्ष ॥५॥

तत्पश्चात् व्रजेश्वरी जाज्वल्यमान नोल कान्तिवाले, सुन्दर, प्रसन्न तथा चमकीले पीले वस्त्रसे सुभूषित एवं अपने गुणोंसे समागत जनोंको स्वतः लुभा लेनेवाले उस बालकपर उन सब लोगोंके साथ 'जय! जीव' इत्यादि बोलती हुई आशीर्वादकी वर्षा करने लगी ॥ ५ ॥

प्रजेशं हरिं पूजयामासुरस्मिन् दिने सद्विधिज्ञा द्विजास्तेऽपि पश्चात् ।
तया पूजिताः स्वन्नवस्त्राद्यभीष्ट - सुवर्णैर्धनैर्दानमानादिभिश्च ॥६॥

उत्तम विधिके ज्ञाता ब्राह्मणोंने उस दिन प्रजापति श्री हरिका पूजन करवाया तत्पश्चात् व्रजरानीने उन ब्राह्मणोंका भी उत्तम अन्न-वस्त्र आदि अभीष्ट वस्तु, सुवर्ण, धन एवं मान आदिके द्वारा सत्कार किया ॥ ६ ॥

ततोऽभ्यागतान् स्वांश्च दृष्ट्वा क्षुधाभिस्तथा तृड्भिरभ्यर्दितान् साऽकृतज्ञा ।
सुतं वाहनाऽनोऽध एवाऽतिनिद्रं सुखं शाययित्वा जगामेयमन्तः ॥७॥

तदनन्तर आये हुए अतिथियों और स्वजनोंको भी भूख-प्याससे पीड़ित देख कृतज्ञ यशोदा अपने बालकको, जो अत्यन्त निद्रित था, सवारीके छकड़ेके नीचे सुखपूर्वक सुलाकर भीतर चलीं गयीं ॥ ७ ॥

तदस्मिन् सुभूषाभिरेवाऽभिरामे वृते बालकैर्भव्यरूपैः समन्तात् ।
गवां सद्रसैः पूरितान्युत्तमानि मणीनां च भाण्डानि सन्ति स्म चाऽन्तः ॥८॥

वह छकड़ा सुन्दर अलंकरणोंसे सुसज्जित होनेके कारण अत्यन्त मनोभिराम दिखाई देता था। बहुतसे भव्य-रूपवाले बालक उसे चारों ओरसे घेरे हुए थे। उसके भीतर गोरसोंसे भरे हुए उत्तमोत्तम मणिमय भाण्ड लदे थे ॥ ८ ॥

इतो बालकोऽसौ क्षुधापीडितोऽभूत्तदैवाऽऽविशत् कामगो दैत्य एकः ।
अरूपः सुखेनैव तस्मिञ्छिशुं तं निहन्तुं नृपप्रेरितो वायुरूपः ॥९॥

इधर वह बालक भूखसे पीड़ित हो गया। उसी समय राजा कंसका भेजा हुआ एक वायुरूपधारी दैत्यने, जो इच्छानुसार कहीं भी आ जा सकता था और जिसका रूप किसीको दिखाई नहीं देता था, उन नन्द-शिशुको मार डालनेके लिए सुखपूर्वक उसी छकड़ेमें प्रवेश किया ॥ ९ ॥

ततो ज्ञातदैत्यस्वभावोऽर्भको यं स्वमातुस्तनं पातुमेनं निहन्तुम् ।
चिकीर्षुर्द्वयं कार्यजातं सहैव चकाराऽत्र बुद्धिं शुभां योगगम्याम् ॥१०॥

तब दैत्योंके स्वभावको जाननेवाले इस बालकने अपनी माताका स्तन-पान और उस दैत्यका वध, ये दोनो कार्य एक साथ ही करनेकी इच्छासे वहाँ योगगम्य शुभ निश्चय किया ॥ १० ॥

रुदन् पूर्वजानां शिशूनां समक्षं शुभौ कोमलाङ्घ्री नभस्यक्षिपत् सः ।
ततः स्पर्शमात्रेण तेनाऽत्र दैत्यो ममार द्रुतं तदङ्घ्यनश्चाऽप्यभाङ्क्षि ॥११॥

अपनेसे पहले उत्पन्न हुए बालकोंके समक्ष वह अपने सुन्दर कोमल चरणोंको आकाशकी ओर फेंकने लगा। उन चरणोंके स्पर्शमात्रसे वहाँ वह दैत्य काल-कवलित हो गया और छकड़ा भी तत्काल ही टूट गया ॥ ११॥

इतो वायुरूपोऽप्यरूपः स दैत्यो य आसीद् भृशं कामरूपस्तदानीम् ।
तथैवाऽभवत्सर्वगो वायुरूपो यदिच्छा विनष्टा प्रभोः स्पर्शमात्रात् ॥१२॥

इधर इच्छानुसार रूपधारण करनेवाला वह वायुरूपधारी अदृश्य-रूपी दैत्य उस समय मरनेके बाद उसी प्रकार सर्वव्यापी वायुरूप हो गया ( उसने मुक्ति लाभ कर लिया ) प्रभुके स्पर्शमात्रसे उसकी इच्छा विनष्ट हो गई ॥ १२ ॥

तदन्तःस्थिते वस्तुमात्रे विनष्टे छलेनैव रोरूयमाणे शिशौ तु ।
स्थितिं दृष्टवन्तोऽर्भका ज्ञाततत्त्वा अकुर्वन् भयादेव कोलाहलं ते ॥१३॥

उस छकड़ेके अन्दर रखी हुई सारी वस्तुएँ जब नष्ट हो गई और वह बालक छलसे ही जोर-जोरसे रोने लगा। तब इस स्थितिको देखनेवाले बालक सारा इस रहस्यको जानकर भयसे ही कोलाहल करने लगे ॥ १३ ॥

निशम्येदृशं तत् स्त्रियोऽभ्यागताश्च व्रजेशादयो गोपवर्याश्च तेऽपि ।
समागम्य तूर्णं विलोक्याऽत्र चेत्थं बभूवुर्भृशं विस्मयोत्फुल्लदेहाः ॥१४॥

ऐसी घटना सुनकर वे सब स्त्रियां वहां दौड़ी हुई आ पहुँची। वे व्रजेश्वर आदि श्रेष्ठ गोप-जन भी तुरन्त वहां आ गये। आकर उन्होंने जब ऐसा काण्ड घटित हुआ देखा तो उनके शरीरमें अत्यन्त विस्मयके कारण रोमाञ्च हो आया ॥ १४ ॥

तदा ते ह्यकुर्वन्ननेकान् वितर्कान् स्वतोऽभाञ्जि चैतत्कथं जातमीदृक् ? ।
शिशोरङ्घ्रिणा स्पृष्टमेतद्धयनः किं विनष्टं कृपा वा हरेर्हेतुरत्र ? ॥१५॥

तब वे सब लोग अनेक प्रकारके तर्क-वितर्क करने लगे। 'यह छकड़ा स्वयं कैसे टूट गया ? ऐसी अनहोनी बात कैसे संभव हुई ? क्या बालकके चरणसे छू जाने मात्रसे यह छकड़ा नष्ट हो गया ? अथवा इसमें श्रीहरिकी कृपा ही कारण है' ॥ १५ ॥

ततो गोपमान्याः स्त्रियो मातृकल्पा अभाषन्त तत्रत्यबालैः सहैतैः ।
अनेनैव नीलेन बालेन भग्नं ह्यदश्चालितं पादयुग्मं यदैव ॥१६॥

उस समय गोपगणोंकी माननीया मातृ-कल्पा स्त्रियां वहांके बालकोंके साथ कहने लगीं 'इस नीलमणि शिशुने ही जब अपने दोनों पैर उछाले हैं तब यह छकड़ा टूटा है ॥ १६ ॥

शिशोस्तादृशीं योगगम्यां स्थितिं तां ह्यरिष्टस्य दैत्यस्य दिव्यां गतिं ताम् ।
विबोद्धुं समर्थो भवेत् कोऽत्र विद्वान् यदीहाऽस्ति चेत् सैष ईशो न एव ॥१७॥

इस शिशुकी वैसी योगगम्या स्थितिको तथा अरिष्ट-स्वरूप दैत्यकी उस सद्गतिको ठीक-ठीक समझ लेनेमें यहाँ कौन समर्थ है ? यदि कोई समर्थ है तो वह हम सबका ईश्वर ही है ॥ १७ ॥

अतः केऽत्र ते बोद्धुमीदृक् प्रभावं शिशोरस्य चानन्तशक्तेरपारम् ।
वचो बालकैः सत्यमुक्तं तथापि न तैः श्रद्धयाऽग्राह्यसारं विभाव्य ॥१८॥

अतः इस अनन्त-शक्तिशाली बालकके ऐसे अपार प्रभावको जाननेमें यहाँ कौन सक्षम हैं ? यद्यपि वहाँ बालकोंने ठीक ही कहा था तथापि उनके उस कथनको सार-हीन समझकर उन गोप लोगोंने उसे स्वीकार नहीं किया ॥ १८ ॥

यशोदा ततो भ्रान्तचित्ता भयेन समागम्य जग्राह बालं कराभ्याम् ।
स्तनं पातुकामं करौ स्वौ शुभाङ्घ्री मुहुः क्षिपवन्तं रुदन्तं शिशुं तम् ॥१९॥

तदनन्तर भयसे भ्रान्तचित्त हुई यशोदाने वहाँ आकर बालकको दोनों हाथसे उठा लिया । वह उस समय स्तनपान करनेके लिए अपने दोनों हाथों और सुन्दर चरणोंको बार-बार फेंकता हुआ रो रहा था ॥ १९ ॥

विधिज्ञा द्विजाः संगता अत्र भूयः शिशोश्चक्रुरव्याहतां स्वस्ति-शान्तिम् ।
गवां पद्रजोभिर्ललाटेऽस्य चिह्नं प्रदायैव रक्षामकुर्वन् समन्त्राम् ॥२०॥

फिर वहाँ शान्ति-विधिके ज्ञाता ब्राह्मण एकत्र हुए । उन्होंने उस नन्द-शिशुके लिए अव्याहत स्वस्तिवाचन कर्म तथा शान्तिका विधान किया । पहले गोओंकी पद-धूलिसे शिशुके ललाटमें तिलक लगाकर ही उन्होंने समन्त्र रक्षा विधान सम्पादित किया ॥ २० ॥

इतो योगमाया पुनर्गोकुलेऽस्मिन् रराजैव विन्यस्य तान् मोहगर्ते ।
यदाऽभ्यागताः संगताः प्राङ्गणेऽत्र शिशुं तं निरीक्ष्यैव मुग्धा बभूवुः ॥२१॥

इधर भगवती योगमाया फिर इस गोकुलमें वहाँके सब लोगोंको मोहगर्तमें निमग्न करके विराजमान हुई । जब वहाँ आये हुए सब लोग आँगनमें एकत्र हुए तो नन्द-शिशुको देखते ही मुग्ध हो गये ॥ २१ ॥

शुभैर्वेदमन्त्रैर्द्विजैः शास्त्रदृष्ट्या निरस्तग्रहं नन्दपत्न्याग्रहेण ।
स्तनं पाययामास सा मेघकृष्णं शिशुं प्रेमतो मुग्धभावा तदैव ॥२२॥

जब द्विजोंने शास्त्रीय दृष्टिसे शुभ वेदमन्त्रों द्वारा ग्रहबाधाका निवारणकर दिया तब नन्दरानीने आग्रह पूर्वक उस घनश्याम शिशुको स्तन पिलाना आरम्भ किया। उस समय पुत्रके प्रति प्रेमके कारण उनका हृदय मुग्ध था ॥ २२ ॥

पिबन् दुग्धमस्या सुधामिष्टमित्थं स सस्मार पीतं विषाक्तं स्तनं च ।
तयोः पाययन्त्योः समं स्वस्तनीयमवाप्तो मया वस्तुभेदो न किञ्चित् ॥२३॥

इस प्रकार माता यशोदाका अमृतके समान मधुर दूध पीते हुए नन्द-नन्दनने पूतनाके पीये हुए विषाक्त स्तनका स्मरण किया 'ये दोनों ( पूतना और मैया यशोदा ) अपने-अपने स्तनका दूध समान रूपसे मुझसे पिलाती रही हैं, किन्तु मैंने इनके दुग्ध या विषरूप वस्तुमें किञ्चित् मात्र भी भेद नहीं पाया ॥ २३ ॥

यशोदाऽत्र मे पुष्टिहेतोः शुभाङ्गी कुरूपा त्वसौ द्वेषिणी विग्रहस्य ।
तयोर्भाव एव प्रभिन्नः प्रदाने न मे भेददृष्टिस्तयोः स्तन्यपाने ॥२४॥

शुभाङ्गी यशोदा मेरी पुष्टिके लिए स्तन पिलाती हैं, किन्तु वह कुरुपा राक्षसी मेरे इस शरीरसे द्वेष रखकर दूध पिलाती थी। दुग्ध-प्रदान करते समय इन दोनोंके भावमें ही भेद रहा है; किन्तु इन दोनोंके स्तन्यपानमें मैंने कभी भेद दृष्टि नहीं की ॥ २४ ॥

गृहीतं मया यस्य यद्वस्तुवित्तं कृतज्ञेन दातव्यमस्मै तदर्हम् ।
धनं कस्यचिन्मागृधः स्वार्थहेतोर्मयोक्तं स्मराम्येव, माताऽस्त्वतः सा ॥२५॥

मैंने जिसका जो वस्तु-वैभव ग्रहण किया है, मुझे कृतज्ञ होकर उस—उसके योग्य प्रतिदान देना है। 'स्वार्थके लिए किसीका धन न लेनेकी इच्छा करो'। यह मैंने ही श्रुतिमें कहा है; जो मुझे स्मरण है; अतः वह पूतना भी मेरी माताके ही स्थानपर प्रतिष्ठित हो ॥२५॥

जगद्बालसंहारिणी पूतना सा हरौ चिन्तयत्येवमित्थं क्षणेन ।
जगामैव गोलोकधाम्न्यत्र कृष्णे मिलन्ती स्वरूपेण सिद्धा सुखेन ॥२६॥

जगत्के बालकोंका संहार करनेवाली पूतना श्री हरिके इस प्रकार चिन्तन करते ही क्षणभरमें गोलोक धाम जा पहुँची और स्वरूपतः श्रीकृष्णमें मिलकर अनायास ही सिद्ध ( मुक्त ) हो गयी ॥ २६ ॥

पुनस्तद्ध्यनः स्थापितं पूर्ववत्तैर्व्रजस्थैर्यतोऽसौ शिशुः शायितोऽधः ।
ततः खिन्नचेता व्रजेशो द्विजैस्तैः क्रियाः कारितः शान्तिभद्रादिरूपाः ॥२७॥

व्रजवासियोंने फिर उस छकड़ेको पूर्ववत् खड़ाकर दिया। उसके नीचे बालक सुलाया गया था तो अनिष्ट हुआ; अतः खिन्नचित्त हुए व्रजेश्वर नन्दने उस स्थानपर शान्ति–भद्रादि क्रियाएँ करवाई ॥ २७ ॥

गृहीता च तस्मात् कृतज्ञात्सुपूजा स्वतो मुग्धभावेन दानं गृहीतम् ।
गवां वृन्दमानायितं सद्म वासो धनैः स्वर्णमुख्यैः प्रपूर्णैरभावि ॥२८॥

कृतज्ञ-नन्दसे ब्राह्मणोंने उत्तम पूजा ग्रहण की। स्वयं ही मुग्ध हृदय होकर दान स्वीकार किया। गौओंके समुदायको गोष्ठमें पहुँचाया गया और नन्दभवनमें वस्त्र, धन और सुवर्ण आदि रत्न भरे पूरे हो गये ॥ २८ ॥

चिरं पात्वमुं केशवोऽनन्तजीवी ह्यसावस्तु नित्यं सुखं नो वितन्वन् ।
ब्रुवन्तस्त आशीर्वचः सद्म जग्मुः समाप्ता क्रिया चाऽथ कृष्णो रराज ॥२९॥

'भगवान् केशव सुदीर्घ कालतक इस शिशुकी रक्षा करते रहें'। यह हम लोगोंके सुखका विस्तार करता हुआ अनन्तकाल तक जीवित रहे' ऐसा आशीर्वाद देते हुए ब्राह्मण लोग अपने घर गये। शान्तिकर्म समाप्त हुआ और श्रीकृष्ण पूर्ववत् शोभा पाने लगे ॥ २९ ॥

आत्मा परात्मा च मिथो विभिन्नौ सत्तत्त्वदृष्ट्या तु समस्वरूपौ ।
सत्यावतो दत्त इमौ तु यस्मै यत् तद् भवत्येव तथैव सत्यम् ॥३०॥

आत्मा और परमात्मा यद्यपि परस्पर भिन्न प्रतीत होते हैं तथापि सत्तत्त्व-दृष्टिसे देखें तो समरूप ( अभिन्न ) है; अतएव सत्य भी हैं। इसलिए वे दोनों जिसे जो कुछ देते हैं, वह भी उन्हींकी भाँति अवश्य सत्य ही होता है ॥ ३० ॥

तस्माद्भवन्तोऽपि च पूज्यपादा महत्तमाः साधव एकचित्ताः ।
यच्छन्तु मह्यं च शुभाशिषं भो ! स्यामत्र कृत्ये त्वनया प्रपूर्णः ॥३१॥

अतः हे पूज्यपाद महात्माओं ! साधु-सन्तों ! आप लोग भी एक चित्त होकर मुझे शुभाशीर्वाद दें और उस आशीर्वादसे मैं अपने इस कृत्य ( काव्यरचना ) में पूर्णतः सफल होऊँ ॥ ३१ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
व्यगमत् षोडशः सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥३२॥

कृष्ण प्रसाद घिमिरेकी कृति इस 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें सोलहवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ३२ ॥

# सप्तदशः सर्गः

[ तृणावर्तनिष्पेषलीलावर्णनम् ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

अथैकदाऽऽकाशतले विहारिणि श्रीसूर्यविम्बे सति तीव्रतेजसि ।
क्लिन्ने शिशौ तत्प्रभया मनागितश्चचाल वायुर्हरिसेवनोत्सुकः ॥१॥

एक दिन आकाशविहारी सूर्यदेवका मण्डल जब तीव्र-तेजसे तपने लगा और नन्द-शिशु उसकी प्रचण्ड धूपसे पसीना-पसीना हो गया तब श्रीहरिकी सेवाके लिए उत्सुक रहनेवाली वायु वहाँ शीतल मंदगतिसे चलने लगी ॥ १ ॥

स्रग्भिर्ध्वजैश्चित्रविचित्रिते तदा नन्दालये प्राङ्गण एव संगताः ।
गोप्यश्च गोपाश्च तदीयसत्कथाः कृत्वा विलोक्याऽर्भकमत्र संस्थिताः ॥२॥

पुष्पहारों तथा ध्वजोंद्वारा चित्र-विचित्र प्रकारसे सुसज्जित नन्दभवनके आँगनमें उस समय एकत्र हुए गोप और गोपियां उस बालककी ही कथा-वार्ता करती तथा नन्द-शिशुकी ही शोभा निहारती हुई वहाँ देर तक बैठी रहीं ॥ २ ॥

चिरं स्थितेनाऽत्र शरीरपीडनादुत्काः समुत्थाय शनैः शनैस्ततः ।
जग्मुर्यदा ते जननी व्रजेश्वरी स्नेहाद्गृहीत्वाऽङ्क इमं न्यधादितः ॥३॥

देर तक बैठे रहनेसे शरीरमें पीडा होने लगी; अतः वहाँसे चलनेके लिये उत्सुक हो सब लोग जब धीरे-धीरे उठकर चले गये तब शिशुकी माता यशोदाने स्नेहवश उसे अपनी गोदमें उठा लिया ॥ ३ ॥

नैसर्गिकीं स्वां गतिमव्ययां त्यजन् वृद्धो ववौ वायुरसौ तदन्तरे ।
दैत्यस्तृणावर्त उपागतो व्रजे स्वात्मानमावेशयदत्र तत्क्षणात् ॥४॥

पाठकगण ! इसी बीचमें अपनी विकारहीन स्वाभाविक गतिको छोड़ वायु बढ़कर प्रचण्ड वेगसे बहने लगी। इसका कारण यह था कि उस समय व्रजमें तृणावर्त नामक दैत्य आ गया था और उसने वहाँ वायुमें ही अपने आपको आवेशित कर दिया था ॥ ४ ॥

शिशुं विलोक्यैव शशिप्रभं शनैर्निरूप्य चिन्हैः सकलेष्वनुत्तमम् ।
वात्यास्वरूपेण जिहीर्षुरुद्धतो मनो दधेऽसौ नृपकंसनोदितः ॥५॥

वह राजा कंससे प्रेरित होकर आया था। उसने चन्द्रमाके समान कान्तिमान् उस नन्द-शिशुको देखते ही लक्षणोंसे उसे सर्वोत्तम समझकर बवंडरके रूपमें उसे हर ले जानेका विचार किया ॥ ५ ॥

**शक्तिं समाश्रित्य स आसुरीं श्वसन् दुर्दर्शरूपो ह्यसदग्रणीः शठः ।**
**तमत्र पस्पर्श यदा स्वरस्वरं ज्ञातस्तदैवाऽक्षयबोधतोऽमुना ॥६॥**

वह दुष्टोंका अगुआ और शठ था। उसके रूपको देखना अत्यन्त कठिन था। उसने आसुरी-शक्तिका आश्रय ले जोर-जोरसे श्वास खींचते हुए ज्योंही यहाँ उस बालकका स्पर्श किया, त्योंही उसने अपनी अक्षय बोध-शक्तिसे उसको पहचान लिया ॥ ६ ॥

**ततो जनन्याः स्तनयोर्लुठन्नसौ स्वयोगशक्त्या विरराज तत्क्षणे ।**
**श्रितः परं पार्थिवतत्त्वमञ्जसा मेरुर्यथा भारभृदात्मना बभौ ॥७॥**

तब माताके स्तनोंपर लोटता हुआ वह बालक उसी क्षण अपनी योग-शक्तिसे सुशोभित हो उठा। वह अनायास ही परम पार्थिवतत्त्व ( भूमिगत-भूरिभार ) को अपनाकर अपने शरीरसे मेरु-पर्वतके समान बड़ा भारी हो गया ॥ ७ ॥

**तदस्य शक्त्याश्रयिणः शरीरगं भारं समुद्वोढुमपारयन्त्यसौ ।**
**विन्यस्य भूमौ तनयं हृदि स्थितं सस्मार नारायणमात्मनः प्रियम् ॥८॥**

योगशक्तिके आश्रयभूत उस बालकके इस भारी भारको ढोनेमें असमर्थ हो, माता यशोदाने अंकमें स्थित उस पुत्रको भूमिपर रख दिया और अपने प्रिय देवता भगवान् नारायणका स्मरण किया ॥ ८ ॥

**कुतः सुतो मे गिरिसारभारभृत् सञ्जात ईदृक् किमिदं कथं न्विदम् ।**
**सुविस्मिता सेत्थमचिन्त्यमीश्वरं जगाम भक्त्या शरणं विशङ्किता ॥९॥**

मेरा पुत्र इस प्रकार पर्वतके समान भारी क्यों हो गया, यह क्या है ? ऐसा कैसे सम्भव हो गया, इस प्रकार आश्चर्यपूर्वक सोचती हुई माता यशोदा सशंक हो उठी। और भक्ति-भावसे अचिन्त्य ईश्वरकी शरणमें गई ॥ ९ ॥

**इतस्तदा वायुरभूत् स्थिरो मनाक् दुष्टाऽसुरावेशविबुद्धतन्मतिः ।**
**मन्दं ववौ शान्त इव स्वयं हृदि विलज्जमानोऽसुरसङ्गदोषतः ॥१०॥**

इधर उसी समय उस दुष्ट असुरके आवेशसे उसके विचारको जानकर वायुदेव कुछ स्थिर हो गये और असुरके संगदोषसे मानो मन ही मन लज्जित हो, स्वयं शान्तसे होकर मन्द-मन्द बहने लगे ॥ १० ॥

**क्षणं विमृश्याऽथ जगद्धितैषिणा बालेन लीलाश्रयिणा विनोदिना ।**
**युक्त्या कृतं कार्यमहो ! द्वयं समं सा प्रेषिताऽन्तोऽत्र विबर्धितोऽनिलः ॥११॥**

लीलाका आश्रय ले उस जगत् हितैषी विनोदी बालकने क्षणभर विचारकर युक्तिसे दो कार्य एक साथ ही किये। एक तो उसने माताको घरके भीतर भेज दिया और दूसरे वायुके वेगको बढ़ा दिया ॥ ११ ॥

पुनर्ववौ वायुरसौ प्रवर्धितः प्रेम्णा प्रकुर्वन् प्रियमस्य सेवनम् ।
शनैः शनैर्वृद्धरयः खरस्वरो गां कम्पयन् आनभ उन्नतो भृशम् ॥१२॥

अब वायुदेव बड़े प्रेमसे भगवान्‌की यह प्रिय-सेवा करते हुए पुनः बढ़कर प्रचण्ड वेगसे बहने लगे । इनका वेग धीरे-धीरे बढ़ा । फिर भी प्रखर-स्वरसे पृथ्वीको कम्पित करते हुए आकाशतक अत्यन्त ऊँचे उठ गये ॥ १२ ॥

व्रजं दृषद्भिश्च रजःकणैः क्षणादुन्मूलितैर्वृक्षगणैः समन्ततः ।
प्रच्छाद्य तूर्णं दृढचक्ररूपया गत्या प्रचण्डो विरराज सोऽनिलः ॥१३॥

वह वायुरूप दैत्य भी धूलि-कणों, कङ्कण-पत्थरों और उखाड़े हुए वृक्ष समूहों द्वारा तुरन्त व्रजको चारो ओरसे आच्छादित करके सुदृढ़ बवंडरकी गतिसे प्रचण्ड होकर शोभा पाने लगा ॥ १३ ॥

मुहूर्तमीदृक् रजसाऽऽवृतं ह्यभूत् गाढान्धकारं व्रजमण्डलं तदा ।
अन्यं तथाऽऽत्मानमपीह कोऽप्यसौ न वेद हा ! तेन विमोहिताऽऽत्मना ॥१४॥

दो घड़ीतक सारा व्रजमण्डल इसी तरह धूलिसे आच्छादित हो प्रगाढ़ अन्धकारमें निमग्न रहा । उस समय उस ( तृणावर्त ) से मोहित होनेके कारण कोई अपने और परायेको भी नहीं जान सका ॥ १४ ॥

अमुं प्रगृह्याऽवसरं मनोमयं तदाश्रयी दैत्यवरोऽपि हर्षितः ।
आसीनमत्रैव शुभाङ्गमुज्ज्वलं जहार बालं स्वबलाधिकं ततः ॥१५॥

उस मनोनुकूल अवसरको पाकर वायुका आश्रय लेनेवाला वह दैत्य भी हर्षसे उल्लसित हो उठा । उसने वहाँ आँगनमें बैठे हुए उस सुन्दर तेजस्वी बालकको, जो बलमें उससे बहुत बढ़ा-चढ़ा था, हर लिया ॥ १५ ॥

सदागतेस्तां गतिमुत्कटामितो निरूप्य माताऽस्य समागताप्यथ ।
निधाय तं यत्र पुरा गताऽन्तरं तत्राऽनिरीक्ष्याऽमुमहोऽपतत् स्वतः ॥१६॥

इधर वायुकी ऐसी उत्कट गति देखकर माता यशोदा दौड़ी आयी और जहाँ पहले अपने शिशुको रखकर भीतर गयी थीं, वहाँ उसे न पाकर आश्चर्यचकित एवं अचेत हो स्वयं धरतीपर गिर पड़ीं ॥ १६ ॥

चिरेण संज्ञामधिगम्य कृच्छ्रतो भृशं यशोदा रुदती भयाकुला ।
इतस्ततोऽन्विष्य समं सखीजनैश्चुक्रोश देहीति सुतं ! हरिं तदा ॥१७॥

बहुत देरके बड़ी कठिनाईसे होशमें आकर अत्यन्त रोदन करती हुई यशोदा भयसे व्याकुल हो उठी। सखीजनोंके साथ इधर-उधर खोजकर निराश हो 'हे भगवन् मेरे बेटेको दे दो' ऐसा कहकर चीखने-चिल्लाने लगीं ॥ १७ ॥

श्रुत्वा स्वमातू रवमार्तिसंयुतं दृष्ट्वा च तां दुर्ग्रहपूरितामिव ।
अभूत्कृपार्द्रोऽसुरसंधृतोऽप्यसौ धृतोऽनया यद्धृदि यत्नतो दृढम् ॥१८॥

अपनी माताका वह आर्तनाद सुनकर तथा उसे किसी दुष्ट-ग्रहसे आविष्ट हुई-सी देखकर श्रीकृष्ण करुणासे आर्द्र हो गये। यद्यपि वे असुरकी पकड़में आ गये थे, तथापि माताने बड़ी दृढ़ताके साथ उन्हें यत्नपूर्वक हृदयमें धारणकर रक्खा था ॥ १८ ॥

कोलाहलोऽभूदथ चैकभावतः स्त्रियो रुदत्योऽत्र समाययुर्यदा ।
दैत्यस्तृणावर्त उपांशुगर्जितो निष्कास्य षष्ठ्या बलमद्भुतं त्वितः ॥१८॥

जब व्रजकी दूसरी स्त्रियाँ भी रोती हुई वहाँ आ गयीं तब उनके तुमुलनादसे भारी कोलाहल मच गया। दैत्य तृणावर्त छठीका अद्भुत बल प्रकट करके धीरे-धीरे गर्जने लगा ॥ १९ ॥

व्रजेश्वरी पुत्रवियोगजन्यया स्वार्त्या तयाऽतप्यत मूर्च्छिता पुनः ।
कृतोपचारा च सखीभिरावृता संप्राप्तसंज्ञा विलपन्त्यसौ स्थिता ॥२०॥

व्रजेश्वरी यशोदा पुत्र-वियोग जनित पीड़ासे ऐसी संतप्त हुई कि उन्हें पुनः मूर्छा आ गई। सखियोंके उपचारसे चेतना प्राप्त होनेपर वे उनसे घिरी हुई वहीं बैठे-बैठे विलाप करने लगीं ॥ २० ॥

अन्वर्थनामा तृणवृक्षधूलिभिः प्रच्छन्नगात्रोऽनिलचक्रमध्यतः ।
स्वाङ्के स्थितं तं स नृशंसया धिया निरीक्ष्य हन्तुं च मनो दधे ततः ॥२१॥

तृणावर्तका जैसे नाम था वैसा ही अर्थ। तृण-वृक्ष एवं धूलिसे उसका सारा शरीर ढँका हुआ था और वह वायु चक्रके मध्यभागमें स्थित था। उसने अपनी गोदमें विद्यमान उस शिशुको ओर देखकर अपनी क्रूर बुद्धिके द्वारा उसे मार डालनेका विचार किया ॥२१॥

तं लौहसारं गिरिभारमद्भुतं बालं निहन्तुं न शशाक किन्तु सः ।
अमन्यताऽमुं तु दृषद्यथा दृढं मया प्रमादापहृतं मुधेति च ॥२२॥

परन्तु वह अद्भुत बालक लोहेके समान सारवान् और पर्वतके समान भारी था। अतः तृणावर्त उसे मारनेमें सफल न हो सका। उसे उसने सुदृढ़ पत्थरके समान माना और सोचने लगा—'मैंने प्रमाद-वश व्यर्थ ही इसका अपहरण किया ॥ २२ ॥

अहो ! शिशोरस्य शरीरमद्भुतं संदृश्यते कोमलमीदृशं मया ।
परन्तु शैलाग्रनिभं सशक्तिकं स्थिरं महासारमयं न हन्यते ॥२३॥

'अहो ! इस शिशुका शरीर मुझे अद्भुत दिखाई देता है। छूने पर यह ऐसा कोमल है किन्तु शैल-शिखरके समान सशक्त जान पड़ता है। यह सुस्थिर एवं अत्यन्त सारमय है। इस लिए मारा नहीं जा रहा है ॥ २३ ॥

भाव्यं तथापीह मयाऽनुजीविना कंसप्रियार्थे तु गतासुनाऽपि भोः ! ।
वितर्क्य चात्मन्यधिकं विमृश्य स बालस्य कण्ठे निदधे करावहो ! ॥२४॥

'तथापि मैं राजा कंसका अनुजीवी हूँ। अतः उसका प्रिय करनेके लिए आवश्यकता हो तो मुझे अपने प्राण भी दे देने चाहिये'। इसप्रकार वितर्क करके मन ही मन बहुत सोच विचार करनेके बाद आश्चर्य है कि उसने बालकके कण्ठमें अपने हाथ लगा दिये ॥ २४ ॥

दृढप्रयत्नोऽपि सदाऽन्तरिक्षगो दैत्योत्तमोऽसौ बहुधा कृतक्रियः ।
उपेक्ष्यमाणं गलदत्तसद्भुजं तं नाऽशकद्धन्तुमहो ! स्वशक्तितः ॥२५॥

वह आकाशचारी महान् दैत्यने सुदृढ़ प्रयत्न करके भी अनेक प्रकारके कृत्य किये परन्तु जिसके गलेमें उसके दोनों हाथ पड़े थे उस बालकको निकट देखकर भी वह अपनी शक्ति द्वारा उसे मार न सका। यह कैसा आश्चर्य है ? ॥२५॥

यथा गृहीतं बलिनं भुजङ्गमं स्वं मोचनार्थं यतमानमुद्धतम् ।
क्रीडन्नुपेक्ष्यैव मुकुन्दवाहनो निहन्ति पश्चात् स हतोऽमुना तथा ॥२६॥

जैसे कोई बलवान् सर्प पकड़ लिया गया हो और अपनेको छुड़ानेके लिए प्रयत्नकर रहा हो, उस उद्धत सर्पकी उपेक्षा करके ही मुकुन्दवाहन गरुड़ पहले उसके साथ खेलते हैं और फिर उसे मार डालते हैं। उसी प्रकार वह भी श्रीकृष्णके द्वारा मारा गया ॥२६॥

कण्ठग्रहं तं हतवान् विहायसि बालोऽप्यबालो गुणवीर्यतो ज्ज्वलन् ।
दृढं कृतज्ञोऽत्र दयालुरूर्जितस्तस्मै ददौ सङ्गवशाच्छुभाङ्गतिम् ॥२७॥

वह तेजस्वी बालक अवस्थामें छोटा होनेपर भी गुण और पराक्रमकी दृष्टिसे बालक नहीं था। उसने आकाशमें ही तृणावर्तका गला घोंटकर उसे मार डाला। परन्तु वह बड़ा ही कृतज्ञ, ओजस्वी तथा दयालु है। अतः उसने अपने सम्पर्कमें आनेके कारण उस दैत्यको शुभ-गति प्रदान की ॥२७॥

यथा प्रमादादपि देहधारिणः स्पृशन्ति चेदग्निमनीश्वरभ्रुवाः ! ।
किं शीतलोऽसौ भवति त्यजन् गुणान् ? किं निह्नुते वौषधिरेव सद्गुणान् ? ॥२८॥

ईश्वरको न माननेवाले देहधारी भी यदि भूलसे भी अग्निका स्पर्श कर लें तो क्या वह उनके लिए अपने दाहक-गुणोंको त्यागकर शीतल हो जाती है ? अथवा क्या औषधि भूलसे भी खा लेने पर अपने सद्‌गुणोंको छिपा लेती है ? ॥२८॥

क्षणं विमर्शेत्थमयत्नतोऽपि भो ! कृष्णं भजध्वं हृदयाग्रवर्तिनम् ।
स एव युष्मान् गुरुरूपमास्थितः प्रदर्शयत्येव पथः स्वशर्मदान् ॥२९॥

सज्जनो ! इस प्रकार क्षणभर विचार करके बिना किसी प्रयत्नके भी हृदयाग्रवर्ती भगवान् श्रीकृष्णका भजन करो। वे ही गुरुरूप धारण करके तुम्हें अपने कल्याणदायी मार्गोंको प्रदर्शित करेंगे ॥२९॥

तदस्तु, पूर्वं ह्यसुरस्य कायतो विनिर्गतं नेत्रयुगं प्रभारुणम् ।
रराज पश्चाद्बहुधा भयङ्करं मृतं शरीरं गिरिवत् तदा दिवि ॥३०॥

अस्तु, पहले उस असुरके शरीरसे अरुण कान्तिवाले दो नेत्र निकलें। तत्पश्चात् नाना प्रकारसे भय उत्पन्न करनेवाला उसका प्राण-हीन शरीर आकाशमें पर्वतके समान सुशोभित हुआ ॥३०॥

शब्दायमानो नितरां ततो व्रजे तेनैव सार्धं न्यपतद् गृहाङ्गणे ।
तदाऽस्य कायः पतितोऽपि भूतले बभौ भृशं तत्र शिलासु चूर्णितः ॥३१॥

फिर वह व्रजमें बड़े जोरसे शब्द करता हुआ उस बालकके साथ ही घरके आँगनमें गिरा। उस समय भूतलपर गिरकर भी वहाँकी शिलाओंपर चूर-चूर होकर विखर गया और इस रूपमें अधिक शोभा पाने लगा ॥३१॥

तथा हतेऽरिष्टतरेऽसुरोत्तमे सर्वत्र शान्तं विगतं महाभयम् ।
क्रीडन्तमस्योपरि पूर्ववच्छिशुं तं ताः समेता ददृशुः पुरःस्थितम् ॥३२॥

अत्यन्त अरिष्टस्वरूप उस श्रेष्ठ असुरके इस प्रकार मारे जानेपर सर्वत्र शान्ति छा गई और वहाँका महान् भय दूर हो गया। वहाँ एकत्र हुई स्त्रियोंने देखा—वह शिशु उनके सामने ही उस दैत्यके शरीरपर पूर्ववत् खेल रहा है ॥३२॥

ससंभ्रमं तत्र गता व्रजस्त्रियस्तद्देहतोऽमुं प्रतिगृह्य विस्मिताः ।
प्रदाय मात्रे प्रणयेन तत्कथा मिथोऽभ्यगृह्णन् स्मृतशम्भ्वनुग्रहाः ॥३३॥

तब व्रजाङ्गनायें बड़ी घबड़ाहटके साथ वहाँ गईं और आश्चर्य चकित हो, उस दैत्यके देहसे बालकको लेकर उसकी माताकी गोदमें दे भगवान् शङ्करके कृपाका स्मरण करती हुई परस्पर प्रेमपूर्वक उस बालककी ही कथा वार्ता कहने लगीं ॥३३॥

( प्रहर्षिणी )

आर्ये ! त्वं कृतकुशलाऽसि यत्सुतोऽसावायातोऽसुरवरमृत्युवक्त्रतोऽपि ।
सक्षेमस्तदपि शुभे ! सुखं वितन्वन् सर्वाङ्गैरपि कुशली स्वयं गुणाढ्यः ॥३४॥

वे बोलीं—'आर्ये यशोदे ! तुमने बड़ा पुण्यकर्म किया है, जिससे तुम्हारा बेटा उस महान् असुरके मृत्युरूप मुखसे भी सकुशल बचकर निकल आया। शुभे! उस पर भी विशेषता यह है कि हमारे सुखका विस्तार करनेवाला यह गुण-सागर शिशु स्वयं अपने सम्पूर्ण अङ्गोंसे स्वस्थ है—इसे कोई क्षति नहीं पहुँची है ॥३४॥

अस्माकं हृदयधनः सुखैकमूर्तिः साह्लादो विधुरिव लोकशान्तिदोऽयम् ।
अस्माभिः कृतकुशलैः पुरा शुभेच्छैः संप्राप्तः फलमिषतो मखादिकृद्भिः ॥३५॥

'यह हमारा हृदय-धन है, सुखकी एकमात्र मूर्ति है, चन्द्रमाके समान आह्लादजनक है और सब लोगोंको शान्ति देनेवाला है। हमलोगोंने भी पूर्व जन्ममें शुभ संकल्प लेकर पुण्यकर्म और यज्ञादिके अनुष्ठान किये थे जिसके फलके बहाने यह बालक हमें प्राप्त हुआ है ॥३५॥

हिंस्रोऽयं स्वकृतकुकर्मदोषतोऽद्य संप्राप्तो यमसदनं विधेर्नियोगात् ।
सत्येयं सुमुखि ! जनश्रुतिः प्रसिद्धा स्वैः कृत्यैर्विगतभया हि साधवो ये ॥३६॥

'यह हिंसक दैत्य अपने किये हुए कुकर्मके दोषसे आज विधातासे प्रेरित हो, यमलोकको चला गया। सुमुखि ! यह प्रसिद्ध किम्वदन्ती सत्य है कि 'साधु-पुरुष अपने शुभकर्मोंसे ही भय रहित होते हैं' ॥३६॥

धन्या त्वं शिवचरणे रता सुभक्त्या या नित्यं नुदसि च नः शिवैकभक्त्याम् ।
तस्यैवं सुफलमभून्मृतोऽपि बालः संप्राप्तः पुनरपि देवि ! यत्तवाऽङ्के ॥३७॥

'तुम धन्य हो ! उत्तम भक्ति-भावसे भगवान् शिवके चरणोंकी आराधनामें लगी रहती हो और नित्य हमें भी एकमात्र शिवकी भक्तिके लिए प्रेरणा देती रहती हो। देवि ! यह उसी पुण्य कर्मका फल है कि तुम्हारा मरा हुआ बालक भी फिर तुम्हारी गोदमें आ पहुँचा' ॥३७॥

गोप्यस्ता निगदितवत्य इत्थमस्यै गोपास्ते धृतसुकृता व्रजेशमाहुः ।
धन्यस्त्वं कृतसुकृतः सुतोऽपि यस्य संजातो जनकनिभो महागुणाब्धिः ॥३८॥

इस प्रकार गोपाङ्गनाओंने यशोदासे कहा। उधर पुण्यात्मा गोप व्रजराज नन्दसे बोले—'गोपराज ! तुम धन्य हो ! तुमने अवश्य सत्कर्म किये हैं। जिसका पुत्र भी पिताके समान ही महान् गुणसागर हुआ है' ॥३८॥

( मालिनीच्छन्दः )

निगदितवति चेत्थं संगते तज्जनौघे व्रजपतिरधिचित्तं तर्कयामास भूयः ।
अधिगतसकलार्थः शौरिरस्मान् यदाह तदखिलमिह जातं ब्रह्मवाक्यं यथा सत् ॥३९॥

उस समागत जन-समुदायके इस प्रकार कहनेपर व्रजराज नन्द पुनः मन ही मन इस प्रकार तर्क करने लगे। अहो ! सम्पूर्ण अर्थोंके ज्ञाता वसुदेवने हमसे जो कहा था वह सब उसी प्रकार सत्य निकला, जैसे ब्रह्मवाक्य सत्य होता है ॥३९॥

गृहीत्वाऽङ्के सुतं शान्तं यशोदान्तः पुरं गता ।
तया सार्धं गतोऽहश्च येऽन्ये तेऽपि गृहान् गताः ॥४०॥

यशोदा अपने पुत्रको गोदमें लेकर अन्तःपुरमें चली गईं। उनके साथ मैं (कवि) भी वहीं पहुँच गया तथा जो दूसरे लोग वहाँ आये थे वे अपने-अपने घरोंको चले गये ॥४०॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
गतः सप्तदशः सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥४१॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह सत्रहवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥४१॥

# अष्टादशः सर्गः

[ श्रीहरेर्दुग्धपानवर्णनम् । यशोदाय भगवता विश्वरूपनिदर्शनञ्च । ]

( स्रग्विणीछन्दः )

एकदा स्वाङ्क आदाय वात्सल्यतस्तं सती पाययामास दुग्धामृतम् ।
श्रीहरेः पादतो निःसृता स्वर्धुनी पाययन्ती जगन्तीव नीरामृतम् ॥१॥

जैसे श्रीहरिके चरणसे निकली हुई गङ्गा जगत्को अपना नीरामृत पिलाती है, उसी प्रकार एक दिन सती यशोदा अपने लालाको गोदमें लेकर वात्सल्य भावसे उसको अपना दुग्धामृत पिलाने लगीं ॥ १ ॥

शैलतो निर्झराः कन्दरादौ यथा स्यन्दमानाः स्रवन्तीह धारोद्गमैः ।
नन्दपत्न्याः स्तनाभोगतो निःसृता दुग्धधारास्तथाऽऽप्लावयंस्तं तदा ॥२॥

जैसे पर्वतसे झरनेवाले झरने धाराके उद्गमों द्वारा कन्दरा आदिमें गिरते हैं, उसी प्रकार नन्दरानीके स्तनमण्डलसे निकली दुग्धधारायें उस समय उस बालकको आप्लावित करने लगीं ॥ २ ॥

तत्पयोभिः सुधासन्निभैः सोऽर्भकः पूरितो ह्यागलं मातुरङ्के ततः ।
क्रीडति स्माऽव्ययस्तत्स्तनौ संस्पृशन् योगिभिर्हृत्तटे स्थापितो यत्नतः ॥३॥

माताके अङ्कमें विद्यमान वह बालक उसके अमृत समान मधुर दुग्धसे आकण्ठ तृप्त हो गया । अब वह अविनाशी बालक, जिसे योगियोंने बड़े यत्नसे अपने हृदयके भीतर स्थापित कर रक्खा है, मैयाके उन स्तनोंको पकड़कर खेलने लगा ॥ ३ ॥

सुन्दरं कोमलं रत्नवत्प्रोज्ज्वलं तन्मुखं नन्दपत्नी स्पृशन्ती तदा ।
पूरिताऽऽह्लादतः स्नेहवात्सल्यतः सा निरीक्ष्यैव तं तत्र मुग्धा बभौ ॥४॥

उस बालकका मुँह सुन्दर, कोमल तथा रत्नके समान प्रकाशमान था । नन्दपत्नी उस समय उसपर हाथ फेरती हुई आह्लादसे पूरित हो गयीं और स्नेह-वात्सल्यसे उसे निहारती हुई मुग्ध हो उठीं ॥ ४ ॥

सोऽपि लीलाविनोदी जगत्कौतुकी नन्दपत्न्या मुखं सन्निरीक्ष्यैव तत् ।
दर्शयामास तां स्वे मुखे विस्तृतं विश्वमन्तर्हितं दृश्यमेतद्विधम् ॥५॥

यह सारा जगत् ही जिसकी कौतुक है, वह लीलाविनोदी बालक नन्दपत्नीके मुखकी ओर एकटक देखने लगा । देखते ही देखते उसने यशोदाको अपने मुखके भीतर स्थित इस विशाल जगत्का दर्शन कराया ॥ ५ ॥

पञ्चतत्त्वानि वानीन्द्रियाणीश्वरं तन्मनो वस्तु तत्प्राकृतं वैकृतम् ।
तद्गुणान् स्वस्वरूपे स्थितान् सुन्दरं सा ददर्शाऽखिलांस्तन्मुखे प्रस्तुतान् ॥६॥

पाँचोंतत्त्व वे इन्द्रियवर्ग, उनके प्रेरक मन, प्राकृत वैकृत, उनके गुण, जो बालकके अपने स्वरूपमें स्थित एवं प्रस्तुत थे, उन सबको यशोदाने सुन्दर ढङ्गसे देखा ॥ ६ ॥

सूर्यचन्द्रौ तथा वह्निवायू क्षितिं द्यां जलं ज्योतिराशा ग्रहाणां स्थितिम् ।
पर्वतांस्ता नदीरम्बुधीन् काननं सर्वमेतत्तयाऽदर्शि वक्त्रे शिशोः ॥७॥

सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, वायु, पृथ्वी, आकाश, जल, ज्योतिर्मय नक्षत्रमण्डल, दिशा ग्रहोंकी स्थिति, पर्वत, नदियाँ, सागर, और वन—ये सारी वस्तुयें नन्दरानीने अपने बालकके मुखमें देखीं ॥ ७ ॥

( वियोगिनीच्छन्दः )

अवलोक्य शिशाविदं सती हरिणीशावकनेत्रयुग्मतः ।
उपजातशरीरवेपथुश्चकिता शान्तिमिता स्वरूपतः ॥८॥

हरिणीके वच्चोंके समान अपनी युगल चच्चल नेत्रोंसे शिशुके भीतर यह सव देखकर सती यशोदाके शरीरमें कँपकँपी छा गयी। वे चकित हो, स्वरूपसे होनेवाली शान्तिको प्राप्त हुईं ॥ ८ ॥

नयने विनिमील्य सा क्षणं हृदि विन्यस्तममुं विचिन्त्य च ।
सुखमाप सती महत् पुनर्गतकामैर्मुनिभिश्च दुर्लभम् ॥९॥

सती यशोदाने क्षणभरके लिये दोनों नेत्र बन्दकर लिये। और अपने हृदयमें स्थापित उस बालकका चिन्तन करके उन्हें वह महान् सुख प्राप्त हुआ, जो निष्काम मुनियोंके लिए भी दुर्लभ है ॥ ९ ॥

( वसन्ततिलकाछन्दः )

शम्भो ! गुरो ! कृतकुकर्मविपाकदोषैः संरुद्धसद्गतिरहं स्थितिमाप्तुमेनाम् ।
तस्माद्दयस्व भगवञ्छरणागतोऽस्मि तत्रैव मां नयतु, पश्यतु सा कृपा माम् ॥१०॥

( अब कवि अपने इष्टदेव शम्भुका स्मरण करके कहता है ) हे शम्भो ? हे गुरुदेव ? अपने द्वारा किए गये कुकर्मोंके परिणाम दोषसे ऐसी स्थिति प्राप्त करनेमें मेरी सद्गति अवरुद्ध हो गई है। अतः हे भगवन् मुझपर दया कीजिए। मैं आपकी शरणमें आया हूँ। मुझे उसी स्थितिमें पहुँचाइये। आपकी वह उदार कृपा-दृष्टि मुझपर पड़े ॥ १० ॥

रक्षस्व मामज जगद्विदितं भवन्तं व्याप्तं भवेऽत्र सकलेषु सदा स्फुरन्तम् ।
दृष्ट्वैवमाशु सुखदं ह्यधुना भजन्तं हाहेत्यनीश्वरजनैरुपहास्यमानम् ॥११॥

अजन्मा प्रभो ! आप सम्पूर्ण विश्वमें विदित हैं, व्यापक हैं। समस्त पदार्थोंमें सदा आपकी ही स्फूर्ति हो रही है। आप शीघ्र ही सुख देनेवाले हैं। आपकी ऐसी महिमा देखकर मैं इस समय आपका भजन करता हूँ। किन्तु अनीश्वरवादी लोग 'आहा हा हा'! इस प्रकार हँसकर मेरा उपहास करते हैं। अतः आप मेरी रक्षा कीजिये ॥ ११ ॥

**क्रोशन्ति दुष्टपुरुषाः किल तेऽत्र काका ये मां हृदिस्थितमपीह भृशं क्षिपन्ति।**
**तेषां सुकृत्यमिदमेव तवेदमस्माद् भूया विलग्न इह, किं भगवन्! तथास्तु! ॥१२॥**

भगवन्! आपने क्या कहा कि संसारमें वे दुष्ट-पुरुष निश्चय ही कौओंके समान होते हैं, जो दूसरोंको कोसते हैं। औरोंकी तो बात ही क्या है, वे अपने ही हृदयमें विराजमान मुझ परमेश्वरपर भी अधिक आक्षेप करते हैं। उनका सुकृत्य या कुकृत्य यही है और तुम्हारा कृत्य है यह काव्य निर्माण। अतः तुम उसीमें लगे रहो।' अच्छा, प्रभो! आपकी आज्ञा शिरोधार्य है। अब ऐसा ही होगा ॥ १२ ॥

**कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते।**
**गतो ह्यष्टादशः सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥१३॥**

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति इस 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें अट्ठारहवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ १३ ॥

* * *

# ऊनविंशः सर्गः

[ महर्षेर्गर्गस्याऽऽगमनम् । रामकृष्णयोर्नामकरणादिवर्णनञ्च । ]

( प्रहर्षिणीवृत्तम् )

**धन्यास्ते विधिकुशलाः पुरोहिताद्या ये नित्यं स्थिरमतयो भवन्ति शान्ताः ।**
**निर्लोभा विगतमदाः परोपकारे संलग्नाः कुलपुरुषान् भजन्ति भव्यान् ॥१॥**

शास्त्रीय विधिके अनुसार कर्म करने और करानेमें कुशल वे पुरोहित लोग धन्य हैं, जो नित्य सुस्थिर-बुद्धि और शान्त रहते हैं। निर्लोभ और मद-रहित होकर परोपकारमें संलग्न होते हैं और भव्य-भाववाले कुलीन पुरुषोंको अपनाये रखते हैं ।।१।।

**तन्मध्ये हरिगुणगानलुब्ध एको ब्रह्मर्षिर्विधिनियमादिसंस्कृतान्तः ।**
**गर्गोसावमितगुणैर्महातपोभिः संपन्नो रविरिव लोकचक्षुरासीत् ॥२॥**

ऐसे ही पुरोहितोंमें एक गर्गाचार्य थे, जो हरिगुण-गानपर लुभाये रहते थे। विधि और नियम आदिके पालनसे उनका अन्तःकरण शुद्ध हो गया था। वे ब्रह्मर्षि अपरिमित गुण और महान् तपोबलसे सम्पन्न थे और सूर्यदेवकी भाँति लोगोंके लिए नेत्रका काम करते थे ।।२।।

**येनाऽस्मिञ्जगति हरेः स्वरूपमेतद्यज्ज्योतिर्मयममलं ह्युशन्ति तज्ज्ञाः ।**
**ज्ञातं सत् परिलसति स्वतो ह्यबाधं ध्रौव्यैस्तैर्ग्रहगणितैश्च सौरशास्त्रैः ॥३॥**

उन गर्गाचार्यसे ही इस जगत्में श्रीहरिका स्वरूपभूत यह निर्मल ज्योतिष-शास्त्र निर्मित हुआ, जिसे विद्वान् पुरुष जाननेकी इच्छा करते हैं। वह परिज्ञात होकर ध्रुव सम्बन्धी ग्रह-गणितों तथा सौर-शास्त्रोंसे बाधा रहित हो, सब ओर स्वतः सुशोभित होता है ।।३।।

**तज्ज्ञोऽसावतुलगुणः सुखैकधाम ज्योतिर्विद् प्रथितपुरोहितो यदूनाम् ।**
**सानन्दे परसुखदे शिवे सुखाब्धौ संलग्नो विहितसमाधितः प्रबुद्धः ॥४॥**

वे गर्गजी उस ज्योतिषशास्त्रके ज्ञाता थे। उनके गुणोंकी कहीं तुलना नहीं थी। वे सुखके एकमात्र धाम थे। ज्योतिर्विद गर्गजी यदुवंशियोंके विख्यात पुरोहित थे। वे आनन्दमय, परम सुखद, सौख्य-सिन्धु, शिवमें संलग्न हो, समाधिस्थ रहते थे। उस दिन वे अपनी विहित समाधिसे जाग उठे ।।४।।

**ज्ञानेनाऽक्षतगतिना महर्षिणा तज्ज्ञातं यद्यदुकुल एव शौरिवीर्यात् ।**
**संजातो हरिरिह गोकुले वसन् स्वां सन्लीलां श्रुतिसुखदां करोति चेति ॥५॥**

उन महर्षिने अप्रतिहत-गति वाले ज्ञानसे यह जान लिया कि इस समय भगवान् श्रीहरि वसुदेवके वीर्यसे यदुकुलमें ही अवतीर्ण हुए हैं और गोकुलमें रहते हुये अपनी श्रवण-सुखद सुन्दर लीलाका विस्तार करते हैं ॥५॥

द्रष्टुं ताः परशुभदो मुनिर्महात्मा संभ्रान्तो द्रुतमभियाय शौरिवेश्म ।
दृष्ट्वैवं मुनिममलं समागतं तं पाद्यार्घ्यं समुदमुपाहरत् स शौरिः ॥६॥

भगवान्की उन लीलाओंको देखनेके लिए वे परम शुभदायक सम्भ्रान्त महात्मा मुनि द्रुतगतिसे वसुदेवके घर गये। उन निर्मल मुनिको इस प्रकार आया देख वसुदेवने बड़ी प्रशंसाके साथ उनके लिये पाद्य-अर्घ्य आदि भेंट किये ॥६॥

साष्टाङ्गं प्रणतिततीः समर्प्य पादे स्वं वृत्तं परिणयतो निवेद्य तस्मै ।
तद्दुःखं ह्यपि सुतजन्मपुण्यतीर्थे सद्दानाकरणभवं समाचचक्षे ॥७॥

तदनन्तर उनके चरणोंमें बारम्बार साष्टाङ्ग-प्रणाम अर्पित करके विवाहकालसे लेकर अबतकका अपना सारा वृत्तान्त उनसे कह सुनाया साथ ही यह भी बताया कि पुत्र-जन्मरूपी पुण्यतीर्थमें मैं जो उत्तमोत्तम वस्तुओंका दान न कर सका, इसके लिए मुझे बड़ा दुःख है ॥ ७ ॥

अश्रुवक्षस्तदनु मुनिं सभार्य ऊचे संस्कारान् प्रियसुतयोस्तदैव कर्तुम् ।
गन्तुं स द्रुतमथ चाऽर्थयाम्बभूव ह्यासाते प्रियतनयावुभौ च यत्र ॥८॥

इसके बाद पत्नी सहित वसुदेवने नेत्रोंमें आँसू भरकर मुनिसे अपने पुत्रोंका तत्काल संस्कार करानेके लिए कहा और इस समय उनके दोनों प्रिय पुत्र जहाँ रहते थे, वहाँ शीघ्र जानेके लिए उनसे प्रार्थना की ॥ ८ ॥

श्रुत्वैतन्मुदितमना महर्षिरेवं प्रत्यूचे तमथ चिकीर्षितं विधित्सुः ।
एवं स्यात्तव सुतयोः प्रियार्थमङ्ग ! ह्येषोऽहं चलित इतो व्रजेशवेश्म ॥९॥

उनकी यह प्रार्थना सुनकर महर्षि गर्ग मन-ही-मन मुदित हो उठे। उन्होंने उत्तर दिया मैं तुम्हारा अभीष्ट कार्य करनेका विचार कर चुका हूँ। ऐसा ही हो। तुम्हारे पुत्रोंका प्रिय करनेके लिए यह मैं यहाँसे व्रजेश्वर-नन्दके भवनको चला ॥ ९ ॥

तत्पश्चाद्विधिकुशलो हरेः प्रियोऽसौ ब्रह्मर्षिर्व्रजमगमच्च शान्तिकामः ।
संस्कर्तुं प्रथितगुणौ तयोः सुपुत्रौ यावास्तां हृदयगतौ समाधिकाले ॥१०॥

तत्पश्चात् संस्कार-विधिके कार्यमें कुशल श्रीहरिके प्रिय शान्तिकामी ब्रह्मर्षि गर्ग वसुदेव-देवकीके विख्यात गुणशाली उन सुन्दर पुत्रोंका जो समाधिकालमें उनकी हृदयगुफामें विराजमान थे, संस्कार करनेके लिए व्रजमें गये ॥ १० ॥

शान्तात्मा गुणनिधिरव्ययो महात्मा योगेन स्फुरितगतिः स वायुगत्या ।
संप्राप्तो द्रुतमभिपत्य नन्दसद्म यत्राऽऽस्तां पिहितगुणौ सुतौ तदीयौ ॥११॥

उनका चित्त शान्त था। गुणोंकी तो वे निधि ही थे। निर्विकार महात्मा थे। उनकी गति योगशक्तिसे स्फुरित होती थी। वे वायुकी गतिसे तुरन्त जाकर उस नन्द-भवनमें पहुँच गये, जहाँ छिपे हुए गुणोंवाले वसुदेवके दोनों पुत्र रहते थे ॥ ११ ॥

दृष्ट्वा तं मुनिममलं गुणैर्ज्ज्वलन्तं सद्भाग्योदयमिव कर्मतः फलन्तम् ।
साह्लादो व्रजपतिरुद्ययौ विनम्रः 'पाद्यार्घ्यैर्विहितसुपूज ऊच इत्थम् ॥१२॥

कर्मसे फलीभूत हुए सौभाग्योदयके समान गुणोंसे प्रकाशमान् उन अमलात्मा मुनिको आया देख व्रजराज नन्दको बड़ी प्रसन्नता हुई। उन्होंने मुनिकी अगवानी की और विनम्र हो पाद्य, अर्घ्य आदिके द्वारा उनकी भलीभाँति पूजा करके उनसे इस प्रकार कहा—॥ १२ ॥

मद्भाग्योदयमभवन्मुने ! भवान् यत्संप्राप्तो भवनमहो ! मदीयमेवत् ।
जीवानां भवति यदा शुभोदयोऽत्र श्रीमन्तो ददति तदा स्वदर्शनं हि ॥१३॥

'अहो मुने ! आप जो मेरे इस भवनमें पधारे यह मेरे लिए महान् भाग्योदय हुआ। इस लोकमें जब जीवोंके शुभका उदय होता है, तब आप जैसे महात्मा, अपना दर्शन देते हैं ॥ १३ ॥

तज्ज्योतिर्भगवत आश्रयोपनद्धं यच्छास्त्रं ग्रहगणितं बुधा भणन्ति ।
निर्मायाऽनघ ! भवता तदेव भूमौ सर्वेषामुपकृतमित्थमीश्वरेण ॥१४॥

'निष्पाप मुने ! भगवान्के आश्रयसे सम्बद्ध जो ज्योतिषशास्त्र है, जिसे विद्वान् ग्रहगणित कहते हैं, इस भूतलपर उसीका निर्माण करके आप ईश्वर-कोटिके महात्माने इस रूपमें समस्त प्राणियोंका महान् उपकार किया ॥ १४ ॥

ब्रह्मज्ञा बुधविबुधा यदत्र सन्ति तेभ्यस्त्वं गुणगणतो महान् वरिष्ठः ।
पूर्णस्त्वं पुनरिह पूर्णकाम एकः किं कुर्यामहमुचितां भवत्सुसेवाम् ? ॥१५॥

'इस जगत्में ब्रह्मतत्त्वके ज्ञाता जो विद्वान् और देवता हैं, आप अपने गुण-समूहसे उन सबकी अपेक्षा महान् वरिष्ठ हैं। यही नहीं यहाँ आप एकमात्र पूर्ण तथा पूर्णकाम हैं। मैं आपकी क्या योग्य सेवा करूँ ? ॥ १५ ॥

श्रीमन्तं तदपि विभो ! निवेदयेऽहं संस्कर्तुं रुचिरतरावुभौ सुतौ मे ।
श्रेष्ठस्त्वं किल भगवन् ! गुरुर्जनानां जात्यैव स्फुरितमतिर्ददासि शिक्षाम् ॥१६॥

'प्रभो ! तथापि मैं श्रीमान्‌से यह निवेदन करता हूँ कि आप मेरे इन दो सुन्दरतर पुत्रोंका संस्कार कराइये। 'भगवन् ! आप जातिसे ही सब वर्णोंके लोगोंके श्रेष्ठ गुरु हैं। आपकी बुद्धि निर्मल एवं प्रकाशपूर्ण है। आप सबको उत्तम शिक्षा देते हैं' ॥ १६ ॥

इत्युक्त्वा व्रजपतिरीश्वरं मुनिं तं क्लिन्नाक्षश्चरणगतो रुरोद भक्त्या।
शान्तात्मा मुनिरपि चोन्नमय्य पश्चात्तं चोचे मुदितमनाः प्रसन्नमित्थम् ॥१७॥

उन ईश्वर-कोटिके मुनिसे ऐसा कहकर व्रजराज नन्द उनके चरणोंमें गिर पड़े। उनके नेत्रोंसे प्रेमके आँसू प्रवाहित होने लगे और वे भक्तिके आवेशसे रो पड़े। तब उन शान्तचेता मुनिने भी उन्हें उठाकर मुदितमना हो, उन प्रसन्न नन्दसे इस प्रकार कहा—॥ १७ ॥

सत्यं तद् व्रजजनराज ! यद् ब्रवीषि विप्राः स्मो भुवनजना समाः समा नः।
किन्त्वेतत्कथय पुरोहितो यदूनां कुर्याद्वा कथमिह वैश्यनामकर्म ? ॥१८॥

'व्रजजनराज ! तुम जो कहते हो, वह सब सत्य है। हम ब्राह्मण हैं। हमारे लिए इस जगत्‌के सभी मनुष्य समान हैं किन्तु यह तो बताओ मैं यदुवंशियोंका पुरोहित होकर यहां किस प्रकार वैश्यका नामकरण संस्कार कराऊँ॥ १८ ॥

कुर्याश्चेत्तदपि च संस्कृतौ त्वदीयौ तौ बालौ नृपविदितोऽहमेव तत्र।
दण्ड्यः स्यां तव च भवेदनर्थ इत्थं देवक्या उदरभुवावुभौ स्मरेत् सः ॥१९॥

'यदि मैं कराता हूँ भी तो मेरे द्वारा संस्कारयुक्त हुये तुम्हारे इन बालकोंको राजा कंस देवकीके उदरसे उत्पन्न हुआ समझेगा। वह मुझे भी अच्छी तरह जानता ही है। 'मैंने संस्कार कराया है' यह समझकर वह मुझे तो दण्ड देगा ही, ऐसा होनेपर तुम्हारा भी अनर्थं होगा' ॥ १९ ॥

गुप्तेऽस्मिन् व्रजपरिधौ गृहान्त एव संच्छन्नो द्विजविधिना स्वशास्त्रदृष्ट्या।
कर्मैतत् कुरु मुनिराज ! शान्तिदायि ह्यत्रत्यैरपि च जनैरलक्षितस्त्वम् ॥२०॥

तब नन्दने कहा—'मुनिराज ! इस व्रज मण्डलमें जो सब ओरसे सुरक्षित रहेगा, एक घरके भीतर छिपकर आप द्विजोचित विधिसे अपनी शास्त्रीय दृष्टिके अनुसार यह शान्तिदायक कर्म कीजिये। ऐसा करते समय यहाँके निवासी भी आपको नहीं देख सकेंगे' ॥ २० ॥

तेनोक्तं प्रियवचनं निशम्य चेत्थं संस्कर्तुं मुनिरभवन्मुदा प्रवृत्तः।
सर्वज्ञो विधिकुशलः सुमन्त्रदर्शी संस्कारान् द्विजविधितस्तयोश्चकार ॥२१॥

नन्दके कहे हुए इस प्रिय वचनको सुनकर मुनि प्रसन्नता पूर्वक संस्कार-कर्ममें प्रवृत्त हुए। वे सर्वज्ञ और विधिकुशल तो थे ही उत्तम मन्त्रोंके द्रष्टा भी थे। उन्होंने द्विजोचित-विधिसे उन बालकोंके संस्कार-कर्म सम्पन्न किये ॥ २१ ॥

तत्पश्चाद् ग्रहगणितं विलोक्य सम्यग् ज्योतिर्विन्मुनिवर एष आह भूयः ।
दम्पत्योः प्रियसुतयोस्तयोः समक्षं सर्वज्ञश्चकित उभौ निधाय चाऽङ्के ॥२२॥

तत्पश्चात् उन ज्योतिष-शास्त्रके ज्ञाता सर्वज्ञ मुनिवर गर्गने ग्रहगणितका सम्यक् अवलोकन करके चकित हो दोनों बालकोंको अपनी गोदमें विठाकर उन नन्द-दम्पतिके समक्ष जिन्हें अपने पुत्र बहुत प्रिय थे, इस प्रकार कहा—॥ २२ ॥

गौराङ्गःशिशुरतुलो हि रौहिणेयो रामोऽयं रमयति सद्गुणैर्गुणज्ञान् ।
सद्भावैः प्रियसुहृदश्च योगिनोऽपि प्रेम्णाऽस्मिन् विशदगतौ शिशौ रमन्ते ॥२३॥

'व्रजराज ! जिस बालकका अंग गौरवर्णका है और जिसकी कहीं तुलना नहीं है, ऐसा यह रोहिणीकुमार अपने सद्गुणोंसे गुणज्ञोंका मन अपनेमें रमाता रहेगा, इसलिये इसका नाम 'राम' होगा। इस उज्वल स्वरूपवाले शिशुमें प्रिय सुहृद्जन और योगीजन भी सद्भाव तथा प्रेमसे रमण करते हैं ॥ २३ ॥

बालेऽस्मिन् बलमपि विद्यते ह्यतुल्यं तेनाऽसौ बल इति नाम कर्मणैति ।
जात्याऽयं यदुकुलवीरसाम्यमाप्य तत्संकर्षणमभिधानमेति भूयः ॥२४॥

'इस बालकमें बल भी ऐसा है, जिसकी कहीं समता नहीं है। अतः यह अपने बल-साध्य कर्मके कारण लोकमें 'बल' नामसे भी विख्यात होगा। यह जातिसे यदुकुल वीरोंकी समताको प्राप्त होकर पुनः 'संकर्षण' नाम धारण करेगा ॥ २४ ॥

सर्वज्ञो मुनिवर एष उच्चभावोऽगोपायद्बलमिह सद्गुणैरनन्तम् ।
मायायास्तदनु हरेश्च भावबोधान्मन्वानः प्रियहितमद्य तावतैव ॥२५॥

भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों कालोंके ज्ञाता, सर्वज्ञ तथा उच्चभाव वाले मुनिवर गर्गने आज इतना ही फलादेश करके इसीसे नन्द-दम्पतिका प्रिय और हित मानकर सद्गुणोंकी दृष्टिसे जो अनन्त हैं, उन बलरामजीके विषयमें शेष बातें छिपा लीं। साथ ही नन्दके यहाँ मायाका प्राकट्य तथा उसके बाद श्रीहरिके आविर्भाव वाली बात भी उन्होंने गुप्त ही रक्खी ॥ २५ ॥

बालोऽयं नवजलपूर्णमेघकृष्णः स्वां कीर्तिं प्रथयति नन्द ! कृष्णनाम्ना ।
लोकेऽस्मिन् प्रथितगुणो दयादिभिः स्वान् सानन्दान्मुदितहृदः करोत्यभीक्ष्णम् ॥२६॥

तदनन्तर वे फिर बोले—'नन्द ! यह जो नूतन जलधरके समान श्यामसुन्दर बालक है, 'कृष्ण' नामसे अपनी कीर्तिका विस्तार करेगा। इसके गुण प्रख्यात होंगे तथा इस लोकमें अपने दया आदि सद्गुणों द्वारा स्वजनोंको सदा आनन्दमग्न एवं प्रमुदित-चित्त करता रहेगा ॥ २६ ॥

त्रैवर्ण्यं त्वनुयुगमादितः प्रगृह्य ह्याश्चर्यं प्रथितबलेन येन भूयः ।
वैवर्ण्यं ह्यवगमिताः प्रजा व्रजेश ! स्वेधाम्नि प्रचुरगुणेन कर्मणैव ॥२७॥

'व्रजेश्वर ! इस विख्यात बलशाली बालकने सृष्टिके प्रारम्भसे ही प्रत्येक युग ( सत्य, त्रेता और द्वापर ) में क्रमशः श्वेत, पीत और कृष्ण—ये तीन वर्ण धारण किये, तथापि आश्चर्य है कि इसने प्रचुर गुण और कर्मके द्वारा अपने परमधाममें ले जायी गयी समस्त प्रजाको वैवर्ण्य ( वर्णहीनता ) की प्राप्ति करायी है ॥ २७ ॥

रक्तोऽभूदिह गुणतो ह्यसङ्ख्यवारं नैर्गुण्ये कृतरतिरप्यसौ विनोदी ।
पीतत्त्वं बहुवपुषां त्वयं सशुक्लं धृत्वाऽहो ! शुभमकरोच्च सज्जनानाम् ॥२८॥

'अहो ! निर्गुणतामें अनुराग रखनेवाला यह विनोदी बालक इस संसारमें गुणसे असंख्य बार रक्त-वर्ण ( रजोगुणी ) हो चुका है। बहुत-से शरीरोंमें इसने शुक्लवर्णता ( सत्त्वगुणता ) स्वीकार की है तथा अनेक देहोंमें पीतवर्णता ( मिश्रित-वर्णता ) धारण करके इसने सज्जनोंका कल्याण किया है ॥ २८ ॥

सोऽयं भो ! खलमतिभिः कुकर्मिभिश्च पिष्टान् स्वाञ्छ्रुतिसुहृदश्च पातुमिच्छन् ।
कृष्णोऽभूदथ बहुधा प्रियं विधित्सुः स्वैः स्वाभिर्हृतहृदयोऽधुनाऽत्र तेषाम् ॥२९॥

'हे व्रजराज ! वही यह बालक दुष्ट-बुद्धिवाले कुकर्मी जनों द्वारा पीसे गये अपने भक्तजनों तथा वेदानुरागी महापुरुषोंका संरक्षण करनेकी इच्छासे उन सबका बहुधा प्रिय करनेके लिए उद्यत हो कृष्णवर्णका हो गया है। इस समय इसके प्रिय सुहृदों तथा प्रिय-जनोंने इसके मनको हर लिया है ॥ २९ ॥

प्राक् शौरेर्गुणगणतः प्रसन्न एष पुत्रोऽभूद् व्रजजनराज ! देवकीतः ।
तस्माद् द्राक् प्रथितगुणं जना वदन्ति तन्नाम्ना विदितममुं च वासुदेवम् ॥३०॥

'व्रजराज ! पहले कभी यह वसुदेवके गुण-समुदायसे प्रसन्न होकर वसुदेव देवकीका पुत्र हुआ था; अतः लोग इस विख्यात गुणशाली कुमारको उन्हींके नामसे प्रसिद्ध करते हुए 'वासुदेव' कहने लगे ॥ ३० ॥

यन्नाम्नां धृतगुणकर्मणां बहुत्वाच्चाऽऽनन्त्यादिह मनुजैरगण्यमस्ति ।
दैवज्ञोऽहमपि यथार्थतस्तान् संख्यातुं विफल इमे जनास्तु केऽत्र ? ॥३१॥

'धारण किये गये गुण और कर्मोंसे युक्त इसके नाम इतने अधिक या अनन्त हैं कि मनुष्य उनकी गणना नहीं कर सकते हैं। यद्यपि मैं दैवज्ञ ( ज्योतिषी ) हूँ तथापि मैं भी उन नामोंकी यथार्थ गणनामें सफल नहीं हो सकता। फिर इन साधारण लोगोंकी क्या बिसात है, जो इसके नामोंकी गणना कर सकें ॥ ३१ ॥

एतेनाऽसमगुणिना त्वराजकेऽस्मिन् क्रूरास्ते श्रुतिबुधनाशमीहमानाः ।
दुर्वृत्ताः कुपथगदस्यवो नृशंसा विध्वस्ता ह्यनुयुगमन्तकेन यद्वत् ॥३२॥

'इस अनुपम गुणशाली नन्द-कुमारने अराजक-कालमें वेदों और विद्वानोंका नाश चाहनेवाले क्रूर, दुराचारी और कुमार्गगामी नृशंस दस्युओंको प्रत्येक युगमें इस प्रकार नष्ट किया है, जैसे यमराजने ही उन सबका नाश कर दिया हो ॥ ३२ ॥

गोगोपान् पुनरिह गोपिकाः समग्रास्तान् सर्वान् स्वपदरतांश्च जीवमात्रान् ।
स्वप्रेम्णाऽनवरतमव्ययोऽर्भकोऽयं ह्युद्धर्ताऽतुलविषमेऽपि कष्टकाले ॥३३॥

'यह अविनाशी बालक अनुपम विषम संकट-कालमें भी गौओं, गोपों, समस्त गोपियों तथा अपने चरणानुरागी सम्पूर्ण जीवोंका भी निरन्तर प्रेमसे ही उद्धार करता रहेगा ॥ ३३ ॥

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

तस्माद् व्रजेश ! गुणकर्मबलैः सुबुद्ध्या नारायणांशममुमुच्चतरं जगत्याम् ।
रक्षेस्त्वमत्र सततं प्रियमात्महेतुं नानाविधाभिरुपयुक्तसुयुक्तिभिश्च ॥३४॥

'इसलिए व्रजेश्वर ! अपने गुण, कर्म, बल और उत्तम बुद्धिसे भगवान् नारायणके अंशभूत इस उच्चतर एवं प्रिय बालककी, जो स्वयं ही अथवा तुम्हारे अपने अभ्युदयका हेतु है, नाना प्रकारकी उपयुक्त एवं उत्तम युक्तियोंसे यहां सदा रक्षा करो' ॥ ३४ ॥

सम्पाद्य नामकरणादि समस्तकर्म निर्दिश्य सद्गुणममुष्य शिशुद्वयस्य ।
संस्थाप्य तौ व्रजपतेर्वितते शुभाऽङ्के गर्गो जगाम निजधाम विलोकयंस्तौ ॥३५॥

इस प्रकार गर्गाचार्यने उन दोनों शिशुओंके नामकरणादि समस्त संस्कार-कर्मका सम्पादन करके उनके गुणोंको भी बताकर व्रजराजके विस्तृत शुभ अङ्कमें उन दोनोंको बिठा दिया और स्वयम् उन दोनोंपर दृष्टिपात करके अपने घरको चले गये ॥ ३५ ॥

गोष्ठाद्बहिः स मुनिराज उपागतोऽपि संस्मृत्य कृष्णशिशुकर्म तथा गुणादि ।
आह्लादितोऽभवदथाऽस्य शरीरसङ्गात् जातश्च सोत्पुलक आत्मविलीनवृत्तिः ॥३६॥

गोष्ठ ( व्रज ) से बाहर आनेपर भी मुनिराज गर्ग उस कृष्ण-वर्ण वाले शिशुके कर्म तथा गुण आदिका स्मरण करके आह्लादित हो उठे और उसके शरीरका संग प्राप्त हुआ था । इसलिए उनके अङ्गोंमें रोमाञ्च हो आया था; उनकी वृत्ति आत्मामें विलीन हो गयी थी ॥ ३६ ॥

तत्रैव मग्न ऋषिराज उदारभावात्तं ध्यानमार्गमवलम्ब्य विधाय हृत्स्थम् ।
योगं समाविशदनेन गृहीतचेताः संध्यायमान उदरस्थितविश्वलीलम् ॥३७॥

उसी शिशुकी यादमें डूबे हुए ऋषिराजने उदार-भावसे ध्यानमार्गका आश्रय ले उसे अपने हृदय-मन्दिरमें बिठा लिया। उसने उनके चित्तको अपने वशमें कर लिया था, सम्पूर्ण विश्व-लीला उस शिशुके उदरमें विद्यमान थी; उसका सम्यग् ध्यान करते हुए वे समाधिस्थ हो गये ॥ ३७ ॥

त्रैकालिकीं गतिममुष्य शिशोर्विभाव्य विज्ञाय तत्र सकले सकलां यथेष्टम् ।
उत्थाय कालकलया स समाधितोऽपि तद्वीक्षणे पुनरहो ! मन आदधिष्ट ॥३८॥

उसी सबीज समाधिमें उस शिशुकी त्रिकाल-व्यापिनी गतिका चिन्तन करके सब कुछ यथेष्ट रूपसे जानकर कुछ कालमें वे उस समाधिसे भी जाग उठे और पुनः उनके मनमें उस शिशुके दर्शनका विचार उठा ॥ ३८ ॥

वक्ष्यन्ति किं व्रजजनाः पुनरीक्षणे मां नन्दस्य चाऽस्य च भवेदशुभं ह्यनेन ।
इत्थं विचिन्त्य जय कृष्ण ! विभो ! ब्रुवंस्तं शान्तो जगाम मुनिराज उपात्तधैर्यः ।३९।

परन्तु उन्होंने सोचा, 'यदि मैं पुनर्दर्शनके लिए जाऊँ तो व्रजके लोग मुझे क्या कहेंगे ? ऐसा करनेसे नन्दका तथा उनके उस शिशुका भी अहित होगा'। ऐसा विचार कर वे शान्तचित्त वाले मुनिराज धैर्य धारण करके 'जय कृष्ण ! विभो' ! इत्यादि रूपसे नाम-कीर्तन करते हुए वहाँसे चले गये ॥ ३९ ॥

अद्यैव मे जनुरभूत्सफलं धरायां जातं तपः कुलमदोऽध्ययनं च धन्यम् ।
आचार्यता यदुकुलस्य भृशं प्रपूर्णा चैतद्विचार्य मुनिना विहितः समाधिः ॥४०॥

'आज ही भूतलपर मेरा जन्म सफल हुआ, मेरी तपस्या, मेरा कुल और मेरा अध्ययन—सब धन्य हो गये। आज यदुकुलकी मेरी आचार्यता परिपूर्ण हो गयी'। ऐसा विचार करते हुए मुनिने समाधि लगा ली ॥ ४० ॥

ब्रह्मकल्पान्मुनेरित्थं भविष्यं पुत्रयोर्द्वयोः ।
श्रुत्वा व्रजेश्वरो मेने ह्यात्मनः सफलं जनुः ॥४१॥

साक्षात् ब्रह्माजीके समान ज्ञानी गर्ग-मुनिसे इस प्रकार अपने पुत्रोंका भविष्य फल सुनकर व्रजराज नन्दने अपना जन्म सफल माना ॥ ४१ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
सर्गोऽयमूनविंशोऽगान् महाकाव्ये स्तवात्मके ॥४२॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह उन्नीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ४२ ॥

* * *

# विंशः सर्गः

[ अदृष्टतत्त्वस्य महत्त्वनिर्देशनम् । भगवतो जानुधृष्ट्या क्रीडनादि । ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

अदृष्टतत्त्वं भवनामरूपतो भिन्नं सदाऽदृष्टपरं महत्तरम् ।
न वेद यत् कश्चिदपीह वस्तुतो यो वेत्ति तथ्येन भवत्यसौ हि तत् ॥१॥

अदृष्टतत्त्व ( ब्रह्म ) अदृष्ट ( प्रारब्ध ) से परे हैं तथा संसारके नाम और रूपसे सर्वथा भिन्न है। वह महान्‌से भी महान् है। उसे यहां यथार्थरूपसे कोई नहीं जानता है। जो तत्त्वतः उसे जान लेता है, वह वही हो जाता है ॥ १ ॥

कालात्मनाऽनेन कृतं सुदुष्करं विश्रूयते ध्यानपथाऽनुभूयते ।
जगत् सदैवाऽमिततेजसाऽमुना विपाच्यते हन्त ! जनैश्च दृश्यते ॥२॥

कालरूपसे उसके द्वारा जो दुष्कर कर्म किया गया है, उसे केवल सुना जाता है या ध्यानमार्गसे अनुभवमें लाया जाता है। आश्चर्य है कि उस अमित तेजस्वी अदृष्ट या कालके द्वारा यह जगत् सदा ही पकाया जाता है और लोगोंको यह तथ्य दिखायी देता है ॥ २ ॥

तदेव चेशो हि विगीयते बुधैर्यत् कृष्ण आसीदधुना व्रजक्षितौ ।
आत्मानमेवाऽत्र विपाचयन्नसौ स्वानां पुरः संबवृधे तदा गृहे ॥३॥

विद्वान् लोग उसीको 'सर्वेश्वर' कहते हैं। वही इस समय व्रजभूमिमें 'कृष्ण' रूपसे प्रकट हुआ है। यहां अपने आपको ही परिपाकका विषय बनाता हुआ वह ईश्वर उस समय नन्दभवनमें स्वजनोंके समक्ष प्रतिदिन बढ़ने लगा ॥ ३ ॥

विन्यस्य भूमावतिशोभनौ भुजौ विघृष्य रम्यं निजजानुनी उभे ।
विलोक्य पश्चात्सदयं शनैः शनैः प्रलोभयन् स्वान् विजहार माधवः ॥४॥

माधव श्रीकृष्ण भूतलपर अपने दोनों सुन्दर हाथोंको रखकर दोनों घुटनोंको रगड़ते हुए पीछेकी ओर सदय दृष्टिसे देख-देखकर स्वजनोंका मन लुभाते हुए धीरे-धीरे चलने लगे ॥ ४ ॥

रत्नोज्ज्वलैर्भूषणभूषितैः शुभैः स्वाङ्गैःस्फुरद्भिः परितोऽवभासयन् ।
व्रजे स बभ्राम बलान्वितो जनैः प्रशस्यमानो गुणरूपतो ज्ज्वलन् ॥५॥

उनके सुन्दर अङ्ग भूषणोंसे भूषित थे तथा रत्नोंकी उज्ज्वल प्रभासे जगमगा रहे थे। उनके द्वारा चारों ओर प्रकाश बिखेरते हुए वे बलराम सहित गोष्ठभूमिमें विचरने लगे। वे अपने गुण तथा रूपसे प्रकाशमान थे और वहांके लोग उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते थे ॥ ५ ॥

यदैव काञ्च्यङ्गदनूपुरादयो त्यजन्ति कर्णप्रियशिञ्जितस्वनम् ।
तमेव विश्रुत्य भृशं मनोहरं बभौ स बालश्चकितः स्वयं तदा ॥६॥

जब कर्धनी, बाजूबन्द और नूपुर आदि आभूषण कानोंको प्रिय लगनेवाली झनकार फैलाते थे तब उस अत्यन्त मनोहर ध्वनिको सुनकर वह बालक उस समय स्वयं चकित हो उठता था ॥ ६ ॥

आश्रित्य मार्गं स्वगृहोपसङ्गतं जनेषु गच्छत्स्वभितः प्रतिक्षणम् ।
निरीक्ष्य तान् मुग्धमना मनागसौ स्वजानुघृष्ट्याऽनुसरन् द्रुतं ययौ ॥७॥

उसके अपने घरसे सटे हुए मार्गका अवलम्बन करके लोग जब प्रतिक्षण इधर-उधर आते-जाते थे तो उनकी ओर देखकर कुछ मुग्ध-चित्त हुआ वह बालक अपने घुटनोंके बल-पर तत्काल उनके पीछे-पीछे जाने लगता था ॥ ७ ॥

ते यात्रिणः श्यामलकान्तिमद्भुतं बालं निरीक्ष्याऽनुसरन्तमात्मनः ।
यदा जिघृक्षन्ति तदीयगौरवात्तदा निवृत्तोऽपि स भीतवद्बभौ ॥८॥

वे यात्री उस श्यामल-कान्ति वाले अद्भुत बालकको जब अपने पीछे-पीछे आते देखते और उसके गौरवसे आकृष्ट हो उसे पकड़ कर गोदमें उठा लेनेकी इच्छा करते तब वह उनसे डरा हुआ-सा पीछेकी ओर लौट पड़ता था। इस प्रकार उसकी बड़ी शोभा होती थी ॥ ८ ॥

उपेक्षिता इत्थमनेन यात्रिणो ह्युपेक्षितस्तैः स पुरा भृशं यतः ।
विचार्य चैतद्विबुधाः स्वया धिया तत् कृष्णतत्त्वं भजताऽत्र नित्यशः ॥९॥

इस प्रकार वह उन यात्रियोंकी उपेक्षा कर देता था जब कि यात्रियों द्वारा स्वयं भी उपेक्षित हो चुका था। विज्ञ जनो! इस प्रकार अपनी बुद्धिसे चिन्तन करते हुए आप लोग नित्य प्रति उस श्रीकृष्ण तत्त्वका भजन करें ॥ ९ ॥

सैषा प्रतिज्ञाऽस्ति तदस्य मां जना यथा भजन्तीह तथाऽहमप्यमून् ।
भजामि, गीतासु विगीयतेऽमुना स्मरध्वमन्तेऽत्र च लप्स्यथेप्सितम् ॥१०॥

उसकी यह प्रतिज्ञा हैं—'जो जिस प्रकारसे मेरा भजन करते हैं, उनका उसी प्रकारसे मैं भी भजन करता हूँ'। उसकी की हुई प्रतिज्ञा आज भी गीतामें गायी जाती है। अतः

सदा यहाँ उसका स्मरण-चिन्तन करें। अन्तमें तुम्हें अपना अभीष्ट मनोरथ प्राप्त हो जायगा ॥ १० ॥

ततो निवृत्तेन तथैव गच्छता बालेन विज्ञानवताऽमुना सता ।
गतं तदाऽहो ! व्रजकर्दमादिषु पश्यत्सु चात्मीयजनेषु सस्पृहम् ॥११॥

अहो ! उसी प्रकार लौटता और किसीके पीछे जाता हुआ वह सत्स्वरूप विज्ञानवान् बालक व्रजकी कीचड़ आदिमें भी चला जाता था; उस समय आत्मीयजन बड़ी स्पृहासे उसकी ओर देखते रहते थे ॥ ११ ॥

तौ श्यामरामौ विशदस्मितौ सदा प्रशस्यमानौ स्वजनैः समन्ततः ।
अगच्छतां हन्त ! विनोदिनौ भृशं गोमूत्रपूर्णेऽपि लघौ ह्रदे ततः ॥१२॥

उज्ज्वल हासकी छटा विखेरते हुए उन राम और श्याम दोनों बालकोंकी सब ओर विद्यमान आत्मीय जन बड़ी प्रशंसा करते थे। खेद है कि वे दोनों विनोदी बालक एक दिन गोमूत्रसे लबालब भरे हुए एक छोटे-से गड्ढेके पास चले गये ॥ १२ ॥

दृष्ट्वैव तौ दुष्करकर्मकारिणौ तन्मातरौ द्वावपि भीतया धिया ।
तत्रोपसृत्यैव चलत्कुचौ द्रुतं संस्थापयामासतुरङ्क आदरात् ॥१३॥

वहाँ जाते हुए उन दुष्कर कर्म करनेवाले दोनों बालकोंको देखते ही उनकी दोनों माताएँ भयभीत हो हिलते स्तनोंके साथ दौड़कर उनके पास पहुँच गयीं और उनको बड़े आदरसे अपनी गोदमें ले लिया ॥ १३ ॥

स्नानेन पश्चाद्विमलौ विधाय तौ नीले सुपीते परिधाप्य वाससी ।
प्रोज्ज्वल्य भालं तिलकक्रियादिभिरलङ्कृतौ मातृभिरेव रेजतुः ॥१४॥

फिर नहला धुलाकर स्वच्छ करके उन्हें क्रमशः नीले और पीले दो-दो सुन्दर वस्त्र पहनाये और तिलक आदि करनेके द्वारा उनके ललाटको उद्भासित करके माताओंने उन्हे आभूषण धारण कराये। फिर उन दोनोंकी बड़ी शोभा होने लगी ॥ १४ ॥

संस्थाप्य चाऽङ्के तत उत्सुकावुभौ ते मातरौ स्वीयसुधासमं पयः ।
व्यपाययेतां च तयोः समुज्ज्वलं मुखं निरीक्ष्यैव मणिप्रभे मुदा ॥१५॥

तदनन्तर स्तनपानके लिए उत्सुक उन दोनों बालकोंको अंकमें लेकर दोनों मातायें अपना सुधाके समान मधुर दूध पिलाने लगीं। उन दोनोंके मुख मणिके समान प्रकाशमान थे। उन्हें देखकर माताओंको बड़ी प्रसन्नता होती थी ॥ १५ ॥

तदैव ताभ्यां शिशुवक्त्रयोस्तयोर्व्यदर्शि शोभा रदनैः समुज्ज्वला ।
उद्दीप्तचन्द्रे नभसि ग्रहावलीविशोभमाना शरदीव निर्मला ॥१६॥

उसी समय उन्होंने उन शिशुओंके मुखोंमें दांतोंसे प्रकाशमान शोभा देखी। मानो शरद्कालमें उद्दीप्त चन्द्रमण्डलसे युक्त आकाशमें निर्मल ग्रहपंक्ति सुशोभित हो रही हो ॥ १६ ॥

संस्थाप्य भूमौ बहुधाऽऽगलं पयः पीत्वा सुतृप्तौ स्वसुतावुभौ ततः।
न्यसीदतां तत्र गृहान्तरे पुनः समागताभिर्महिलाभिरन्वितौ ॥१७॥

वे दोनों बच्चे बहुधा दूध पीकर आकण्ठ तृप्त हो गये। तब उन दोनोंको धरतीपर बिठाकर दोनों मातायें घरके भीतर आई हुई महिलाओंके साथ बैठ गईं ॥ १७ ॥

तदन्तरं प्राप्य मनोहराः कथाः कृत्वा विमुग्धासु सतीषु तास्वथ।
बालावितस्तौ परदृष्टिवञ्चकौ बहिर्गतावाशु विघृष्य जानुनी ॥१८॥

यह अवसर पाकर जब वे सती-साध्वी महिलायें उन बालकोंके मनोहर कथा कह-सुनकर मुग्ध हो गईं, उसी समय इधर वे दोनों बालक दूसरोंकी दृष्टि बचाकर अपने घुटने घिसते हुए तत्काल बाहर निकल गये ॥ १८ ॥

गृहाङ्गणे स्वे परितः समुज्ज्वले शरीरपातं कृतखेलनक्रियम्।
दृष्ट्वैव गोवत्सगणं तदाऽप्यहो! बभूवतुस्तौ मुदिताननौ भृशम् ॥१९॥

सब ओरसे साफ-सुथरे अपने घरके आंगनमें उन्होंने देखा—गायोंके बछड़े खेलते हुए दौड़ लगा रहे हैं। यहांतक कि वे गिर-गिर पड़ते हैं। उस समय यह सब देखते ही वे दोनों शिशु अत्यन्त प्रसन्न होते थे और उनके मुखोंपर हास्यकी छटा छिटक जाती थी ॥ १९ ॥

ततस्त्विमौ विश्वविमुग्धकारिणौ ब्रह्मेश्वरौ श्यामलगौरवर्णिनौ।
उपेत्य पश्चात् प्रियवत्सयोर्द्वयोर्गृहीतवन्तौ सममेव बालधी ॥२०॥

तदनन्तर विश्वको विमोहित करनेवाले ब्रह्म और ईश्वररूप इन दोनों श्याम-गौर बालकोंने पीछे-पीछे जाकर दो प्यारे बछड़ेकी पूंछे एक साथ ही पकड़ ली ॥ २० ॥

इतः स्वपुच्छग्रहणेन विस्मितौ स्पर्शेन लोकाभयदेन बोधितौ।
वत्सौ ततस्तावपि बालकाविमौ प्रगृह्य सार्धं ययतुर्द्रुतं प्लुतम् ॥२१॥

इधर अपनी पूँछ पकड़े जानेसे चकित हुए बछड़े उन दोनोंके लोकाभयदायी स्पर्शसे सुखका अनुभव करते हुए वे इन बालकोंको साथ लिए दिए द्रुतगतिसे छलांग लगाने लगे ॥ २१ ॥

आश्चर्यमासीन्नितरां कृतच्छलौ बालौ यदा तत्यजतुर्न पुच्छके।
वेगाद्भ्रमन्तौ मृदुवत्सकावपि व्यतिष्ठतां नैव यदा तदाऽङ्गणे ॥२२॥

उस समय बड़े आश्चर्यकी बात यह हुई कि वे छलसे शिशुरूपधारी बालक उस अवस्थामें भी उन बछड़ोंकी पूँछे छोड़ न सके। और वेगसे घूमते हुए वे कोमल बछड़े भी वहाँ आँगनमें कहीं खड़े नहीं हुए ॥ २२ ॥

अव्यक्तरावौ कृतलीलया शिशू स्नेहात्तयोश्चुक्रुशतुर्मिथस्ततः ।
वत्सौ शिशुस्नेहभरार्दितावितश्चक्रन्दतुर्भो ! त्यजतामिति स्वतः ॥२३॥

लीलासे शिशु बने हुए वे बालक उन बछड़ोंके स्नेहसे परस्पर अव्यक्त शब्दमें चिल्लाने लगे। मानों कह रहे हों–बछड़ों ! ठहर जाओ। इधर उन शिशुओंके प्रति स्नेहके भारसे पीड़ित हुए वे बछड़े भी अव्यक्त बोलीमें क्रन्दन करने लगे। मानो कहते हों—बालको ! तुम हमें छोड़ दो ॥ २३ ॥

अन्योन्यलीलामयखेलनेऽप्यहो ! सञ्जात उच्चैः स्वन उत्थितस्तदा ।
श्रुत्वा तमत्र स्त्रिय आगतास्तयोर्लीलामपश्यन् स्वत आतया दृशा ॥२४॥

परस्पर किए गये लीलापूर्वक उस खेलमें बड़े जोरसे कोलाहल प्रकट हुआ। उसे सुनकर घरकी स्त्रियाँ वहाँ आ गईं और आर्त-दृष्टिसे उन बालकोंके खेल देखने लगीं ॥ २४ ॥

द्रुतं प्रगृह्यैव शुभा व्रजस्त्रियः संस्थापयामासुरिमौ सुखं पुनः ।
तौ पाययामासतुरङ्क आदराद्भिन्यस्य पश्चाच्छिशुमातरौ पयः ॥२५॥

फिर सुन्दरी व्रजाङ्गनाओंने बड़े वेगसे दौड़कर इन दोनो बछड़ोंको सुख-पूर्वक खड़ा किया। तत्पश्चात् शिशुओंकी माताएँ उन्हें आदरपूर्वक अंक.में लेकर अपना दूध पिलाने लगीं ॥ २५ ॥

मुखश्रिया दीप्तमुखो मणिप्रभः कृष्णोऽर्भकोऽसौ विरराज तत्क्षणे ।
कर्पूरगौरोऽपि शिशुः स्वमातृभिर्निरीक्षितः सञ्छुशुभेऽमुना सह ॥२६॥

उस समय नीलमणिके समान कान्तिमान् और उज्वल मुखवाला वह साँवला बालक अपने मुँहकी शोभासे अत्यन्त उद्भासित हो रहा था। उसके साथ ही कपूरके समान गोरे रंगवाला वह शिशु भी अपनी माताओं द्वारा देखा जाता हुआ बड़ी शोभा पा रहा था ॥ २६ ॥

नन्दालये तादृशमद्भुतस्वनं श्रुत्वा स्त्रियोऽप्यन्यगृहात् समागताः ।
समुत्सुकास्तौ ददृशुः सुखं स्थितौ मनोहरन्तौ प्रियबालचेष्टया ॥२७॥

नन्दके घरमें वैसा अद्भुत कोलाहल सुनकर अन्य घरोंसे भी स्त्रियाँ उत्सुक हो वहाँ आ पहुँचीं। आकर उन्होंने देखा कि अपनी प्यारी-प्यारी बाल-चेष्टाओंसे सबका मन हर लेनेवाले वे दोनों बालक वहाँ सुखसे विराजमान हैं ॥ २७ ॥

ततश्च चक्रुर्विमलाः कथाः स्त्रियः स्वोत्सङ्ग आधाय शिशू क्रमेण तौ ।
मुदा निरीक्षयन्त्य इमौ सुखावहौ प्रलोभमानौ गुणगौरवैश्च ताः ॥२८॥

तब सभी स्त्रियाँ क्रमशः उन दोनों शिशुओंको गोदमें ले-लेकर निर्मल कथा-वार्ता कहने सुनने लगीं। अपने गुण-गौरवसे सबको लुभा लेनेवाले इन दोनों सुखदायी बालकोंको वे बड़े हर्षसे निहारती थीं ॥ २८ ॥

इत्थं कालात्मनाऽनेन जगत्पाचयता सदा ।
अपाचि स्वयमात्माऽहो ! स्वानाकर्षयता गुणैः ॥२९॥

इस प्रकार कालरूपसे सदा जगत्को पचानेवाले और अपने गुणों द्वारा स्वजनोंके चित्तको आकर्षित करनेवाले इस बालकने अपने आपको ही पका लिया—शिशुरूपमें परिणत कर लिया। यह कैसे आश्चर्यकी बात है ? ॥ २९ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
व्यगमद्विंशसर्गोऽयं महाकाव्ये स्तवात्मके ॥३०॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति इस 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह बीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ३० ॥

* * *

# एकविंशः सर्गः

[ भगवतोऽग्निजलश्टङ्गिदंष्ट्रिभिः साकं विविधक्रीडावर्णनम् । ]

इतः परं "श्टङ्ग्यग्निदंष्ट्र्यसिजलद्विजकण्टकेभ्य" इत्यादिना भागवते सूत्रस्वरूपेण भगवता कृष्णेन निर्दशिता भगवल्लीलाः संप्राप्ततत्सद्बोधेन मयापि कृष्णेन भाष्यरूपेणैवं विवर्ण्यन्ते—।

( भुजङ्गप्रयातम् )

ततश्चैकदा बिम्बमात्रावशिष्टे विधौ हंसतुल्ये जराजीर्णगात्रे ।
प्रबुद्धावुभौ बालकौ श्यामरामौ मिथोऽपश्यतां शून्यकोष्ठे स्वतल्पात् ॥१॥

तदनन्तर एक दिन प्रातःकाल जब चन्द्रमाका बिम्बमात्र शेष रह गया था, चाँदनी लुप्त हो गई थी और वह जरा-जीर्णगात्र हंसतुल्य प्रतीत हो रहा था, तब दोनों बालक श्याम और राम नींदसे जाग उठे और सूने घरमें अपनी-अपनी शय्यासे उन्होंने एक दूसरेको देखा ॥ १ ॥

विनोदी कृतज्ञोऽर्भको मेघकृष्णः शिशुं स्वाग्रजं गौरवर्णं निरीक्ष्य ।
उवाचेङ्गितेनैव चाऽऽवां जनन्यौ करिष्याव उत्केऽद्य कृत्यैर्भयार्थैः ॥२॥

तब मेघके समान श्यामवर्ण वाला विनोदी एवं कृतज्ञ बालक अपने गोरे रंगवाले शिशुरूप ज्येष्ठ भ्राताकी ओर देखकर संकेतसे ही बोला—हम दोनों आज भयोत्पादक कार्योंद्वारा अपनी माताओंको उन्मनी बना दें—घबराहटमें डाल दें ॥ २ ॥

ततस्तस्य चित्तस्य भावं विबुध्य तथैवाऽस्त्वहं स्वीकरिष्येऽनुसृत्य ।
ब्रुवत्यग्रजे चेष्टयैवं मुकुन्दो रुरोदाऽसमं देहपातं तदैव ॥३॥

तदनन्तर उसके हृदयका अभिप्राय समझकर अग्रज बालकने चेष्टाद्वारा ही बताया कि मैं भी तुम्हारा अनुसरण करके वैसा ही करूँगा। तब मुकुन्द ( कृष्ण ) अपने हाथ-पैर पटक-पटककर तत्काल उस प्रकार रोने लगे जिसकी कोई समता नहीं है ॥ ३ ॥

यशोदासुतस्याऽद्भुतं रोदनं तन्निशम्याऽथ भीताऽऽजगामाऽऽशु कोष्ठे ।
कराभ्यां समुत्थाप्य विन्यस्य चाऽङ्के पयः पाययामास कृष्णार्भकं तम् ॥४॥

अपने पुत्रका अद्भुत रोदन सुनकर डरी हुई यशोदा तुरन्त उस कमरेमें आई और दोनों हाथोंसे उठाकर गोदमें बिठाकर उस श्याम बालकको दूध पिलाने लगी ॥ ४ ॥

तदैवाऽऽगता रोहिणी चापि भीता ददर्शाऽत्र रोरूयमाणं शिशुं स्वम् ।
निधायाऽङ्क एवाऽऽगताभिः सखीभिः समं सान्त्वयामास तं लोकगीतैः ॥५॥

इसी समय माता रोहिणी भी भयभीत हो वहाँ आ पहुँची। उन्होंने अपने बालकको भी वहाँ जोर-जोरसे रोते देखा। फिर अंकमें लेकर वहाँ आई हुई सखियोंके साथ उन्होंने लोकगीत ( लोरी आदि ) गाकर उस बालकको शान्त किया॥ ५॥

ततस्तौ प्रसन्नौ पयः पानमात्रात् तदङ्कात् सुतृप्तौ गतौ भूमिभागम्।
विमोह्यैव सर्वाः स्त्रियो हावभावैर्मिषेणाऽग्निधान्याः समीपं गतौ द्राक् ॥६॥

इसके बाद दूध पीने मात्रसे तृप्त और प्रसन्न हुए वे दोनों बालक माताओंके गोदसे उतर कर पृथ्वी पर बैठ गये। और अपने हाव-भावोंसे सब स्त्रियोंको मोहित करके किसी बहाने शीघ्र ही अँगीठीके पास जा पहुँचे॥ ६॥

उभावग्निधान्याः स्फुलिङ्गान् कराभ्यां-ज्ज्वलद्रक्तरत्नान् यथा संप्रगृह्य।
अनुद्विग्नचित्तेन चिक्रीडतुः स्म ह्यमूषां पुरस्तात् कथासून्मुखीनाम् ॥७॥

वे दोनों चमकते हुए लालमणिके समान अँगीठोके अङ्गार कणोंको दोनों हाथोंसे ले लेकर उद्वेग रहित शान्त-चित्तसे उन स्त्रियोंके सामने ही खेलने लगे। वे स्त्रियाँ उन्हीं दोनोंकी कथाओंमें उन्मुख ( दत्तचित्त ) थीं॥ ७॥

ततस्ता भृशोद्विग्नचित्ताः समन्ताद्धसन्ताविमौ जगृहुस्तत्र गत्वा।
करेभ्यस्तयोस्तान् स्फुलिङ्गान् निरस्य जलैः प्रोञ्छ्य बाहू न्यसीदन् सुखेन ॥८॥

तदनन्तर वे सबकी सब अत्यन्त उद्विग्नचित्त हो उठीं और चारोंओरसे वहाँ पहुँचकर इन हँसते हुए दोनों बालकोंको पकड़ लिया। फिर उनके हाथोंसे अङ्गार-कणोंको हटाकर दोनोंके हाथ धो-पोछकर वे चैनसे बैठ सकीं॥ ८॥

प्रवृद्धाः कथास्तासु वृद्धासु भूयो जनन्योः पयस्तौ पिबन्तौ समीक्ष्य।
अयं मेघकृष्णोऽर्भको भो यशोदे! विचित्रोऽस्ति धृष्टोऽभयश्चञ्चलश्च ॥९॥

अब उन बालकोंको माताओंके स्तन पीते देख वहाँकी बड़ी बूढ़ी स्त्रियोंमें उन दोनोंकी ही चर्चा बढ़-चढ़कर होने लगी। एक बोली—'यशोदाजी! यह तुम्हारा घनश्याम बालक विचित्र है, बड़ा ही ढीठ, निडर और चपल है'॥ ९॥

त्वदीयः सुतो गौरवर्णो ह्यसौ तु वरीवर्ति शान्तस्तथाऽभ्रान्तचित्तः।
परं कृष्णवर्णस्य चाऽस्यैव सङ्गादभूदीदृशो रोहिणी! भ्रान्त उत्कः ॥१०॥

दूसरीने कहा—'रोहिणीजो! आपका यह जो गौर-कान्तिवाला बालक है, यह स्वभावतः शान्त तथा निर्भ्रान्त चित्तवाला है। परन्तु इस साँवले बालकके ही संगसे यह भी ऐसा भ्रान्त और चञ्चल हो गया है'॥ १०॥

इतस्तासु चेत्थं कथासून्मुखीषु मिथोऽपश्यतां तावुभौ भ्रातरौ च ।
ततः पूर्ववद्धीङ्गितेनैव भावं विबुध्याऽऽगतौ प्राङ्गणे जानुघृष्ट्या ॥११॥

इधर वे स्त्रियाँ ऐसी बातचीतकी ओर उन्मुख थीं और उधर उन दोनों भाइयोंने एक दूसरेकी ओर देखा । फिर पूर्ववत् संकेतसे ही पारस्परिक-भाव समझकर वे घुटने घीसते हुए आँगनमें निकल गये ॥ ११ ॥

तदाऽऽसीद्ध्रदः कश्चिदाजानुदघ्नो गवां मूत्रपूर्णो ह्यगम्योऽर्भकैस्तु ।
सरीसृप्यमाणावमुस्मिन् निमज्य कपेर्झम्पिकावत् सुखं क्रीडतः स्म ॥१२॥

उस समय पास ही गो-मूत्रसे भरा हुआ एक गड्ढा था जिसकी गहराई घुटने तककी थी । वह बालकोंके लिए अगम्य था । वे दोनों बालक सरकते हुए उसमें गिर पड़े और बानरकी झम्पिकाके समान उसीमें सुखपूर्वक खेलने लगे ॥ १२ ॥

इतस्तावदृष्ट्वा समेताः स्त्रियस्ताः समाजग्मुरुत्काः क्षणात्प्राङ्गणेऽस्मिन् ।
यशोदा सती रोहिणी चैव मूढा मुमूर्च्छाऽत्र दृष्ट्वा तथावस्थितौ तौ ॥१३॥

इधर उन दोनोंको न देखकर वहाँ एकत्र हुई सारी स्त्रियाँ उन्मनी हो, क्षणभरमें आँगनमें आ गईं । सती यशोदा और रोहिणी उन दोनों बालकोंको उस अवस्थामें देखकर मोहवश मूर्छित हो गईं ॥ १३ ॥

उपागम्य तूर्णं कराभ्यामुभौ तौ विनिष्कास्य यत्नात् क्षणेनैव भूयः ।
स्त्रियोऽभ्यागमन् प्राङ्गणे यत्र नन्दः सभां कारयित्वैव तिष्ठत्यमुष्याम् ॥१४॥

फिर अन्य स्त्रियाँ तुरन्त दौड़ी गईं और दोनों हाथोंसे उन्हें यत्नपूर्वक निकालकर क्षणभरमें पुनः आँगनमें लौट आईं । जहाँ नन्दजी गोप-सभा एकत्र करके बैठा करते थे ॥ १४ ॥

ततस्तासु निक्षिप्य दृष्टिं स्वकीयां जगन्मोहिनीं मोहयित्वा स्त्रियस्ताः ।
गतोऽयं विनोदी शिशुः कृष्णवर्णः कराभ्यां समुत्प्लुत्य मातुः समीपम् ॥१५॥

तब अपनी विश्व विमोहिनी दृष्टि डालकर उन स्त्रियोंको मोहित करके वह साँवला विनोदी शिशु दोनों हाथोंसे उछलता हुआ माताके समीप आ गया ॥ १५ ॥

सुतस्याऽस्य शक्तेरतुल्यस्य साम्ये विवृद्धेन मोहेन वात्सल्यतः सा ।
तदाऽऽसीन्मृतेवाऽत्र गत्वाऽधिवक्षो ममार्जैष वक्त्रं तदस्या विशोभम् ॥१६॥

शक्तिसे समता करने पर जिसकी कहीं तुलना नहीं थी, उस पुत्रके लिए बढ़े हुए मोह और वात्सल्यके कारण यशोदाजी वहाँ मरी-सी अचेत पड़ी थीं । बालक उनकी छाती-पर चढ़कर उनके शोभारहित मुखपर हाथ फेरने लगा ॥ १६ ॥

तदाऽभूद्विचित्रं करैरुष्णरश्मेर्यथा स्पृष्टमम्भोजमुत्फुल्लवीह ।
तथैवाऽस्य मातुर्मुखं तत्प्रफुल्लं यदा स्पृष्टमेतेन जातं ससंज्ञम् ॥१७॥

उस समय एक विचित्र बात हुई। जैसे सूर्यकी किरणोंके स्पर्शसे कमल खिल उठता है, उसी प्रकार जब उस बालकने स्पर्श किया, तब उसकी माताका मुख उत्फुल्ल एवं सचेत हो उठा ॥ १७ ॥

जगत्यां महान्तो बुधा ध्यानतोऽपि यमाप्तुं तथाभूतमभ्यासतोऽपि ।
न शक्ता अहो ! ब्रह्मरूपोऽर्भकोऽसौ हृदि क्रीडति स्माऽव्ययो नन्दपत्न्याः ॥१८॥

अहो ! भूतल पर बड़े-बड़े विद्वान् या ज्ञानी ध्यानके अभ्याससे भी जिस बालकको पानेमें समर्थ नहीं हो सके, वही ब्रह्मरूप अविनाशी बालक नन्दपत्नीके वक्षस्थलपर क्रीडा कर रहा है ॥ १८ ॥

प्रफुल्ले उभे पद्मनेत्रे स्वमातुर्निरीक्ष्याऽत्र संत्यज्य तामेष भूयः ।
तथाऽत्रस्थितां रोहिणीं प्रेक्ष्य तूर्णं सुखं दातुमस्यै गतो जानुघृष्ट्या ॥१९॥

अपनी माताके दोनों कमलोपम नयनोंको उत्फुल्ल देख वहाँ उन्हें छोड़कर उसने उसी तरह अचेत पड़ी हुई रोहिणीजीकी ओर देखा और तुरन्त उन्हें सुख देनेके लिए घुटनोंके बलसे चलता हुआ उनके पास जा पहुँचा ॥ १९ ॥

विसंज्ञामिमां मातरं प्राङ्गणस्थां कृपापूर्णदृष्ट्या विलोक्याऽत्र गत्वा ।
ससंज्ञां तदैवाऽकरोत् स्पर्शमात्रात् कृतज्ञो कृपालुर्जगद्व्यापकोऽयम् ॥२०॥

आँगनमें अचेत पड़ी हुई इन माता रोहिणीके निकट जा उन्हें कृपापूर्ण दृष्टिसे देखकर उस कृतज्ञ कृपालु एवं विश्वव्यापी बालकने स्पर्शमात्रसे तत्काल सचेत कर दिया ॥ २० ॥

ततस्ताः समेताः पुनः प्राङ्गणेऽस्मिन् प्रसन्नाननौ लालयित्वाऽर्भकौ तौ ।
कथां चक्रुरुच्चैस्तयोस्तद्विचित्रं महत्वं गुरुत्वं च संलक्ष्य बुद्ध्या ॥२१॥

तब वे सब स्त्रियां पुनः प्राङ्गणमें आ गईं और दोनों प्रसन्न मुख बालकोंको लाड़ लड़ाकर उन दोनोंके विचित्र महत्त्व एवं गुरुत्वको बुद्धिके द्वारा लक्षित करके उच्चस्वरसे उन्हींकी बातें करने लगीं ॥ २१ ॥

यशोदे ! तवाऽयं सुतो वासुदेवो महाशक्तिशाली दरीदृश्यतेऽत्र ।
अनेनैव नीताऽऽसुरी पूतना सा पुरीं सूर्यपुत्रस्य पानात्स्तनस्य ॥२२॥

एक बोली—'यशोदे ! तुम्हारा यह पुत्र वासुदेव यहाँ महान् शक्तिशाली दिखाई देता है। इसीने स्तनपान करके उस राक्षसी पूतनाको यमलोक भेज दिया' ॥ २२ ॥

कथासूत्सुकास्वत्र वृद्धासु चेत्थं समायात एतां सभां भूषयन् सः ।
व्रजेशो व्रजस्थैः प्रियैर्गोपवृन्दैः समं स्नानदानादि नद्यां समाप्य ॥२३॥

जब बड़ी-बूढ़ी स्त्रियाँ इस प्रकार श्रीकृष्ण-कथा कथन-श्रवणमें उत्सुकतापूर्वक संलग्न थीं, उसी समय इस सभाको विभूषित करते हुए व्रजराज नन्द व्रजवासी प्रिय गोप समूहके साथ यमुनाजीमें स्नान-दानादि कर्म पूर्ण करके वहाँ आ गये ॥ २३ ॥

उवाचैष हृष्टस्तथाऽवस्थितास्ता विलोक्यैव पुत्रौ च दुग्धं पिबन्तौ ।
भवत्यः सभायां स्थिताः सुप्रसन्नाः कथं त्वद्य मह्यं ब्रुवन्त्वत्र चार्याः ! ॥२४॥

वे प्रसन्न होकर दोनों पुत्रोंको दूध पीते देख वहाँ बैठी हुई स्त्रियोंसे बोले—'आर्याओं ! आपलोग इस सभामें अत्यन्त प्रसन्न होकर कैसे बैठी हैं ? कोई विशेष बात हो तो आज मुझे बताइये' ॥ २४ ॥

ततस्ता अवोचञ्छिशू तौ प्रदर्श्य ह्युभाभ्यां कृतं तद्विचित्रं सुकर्म ।
निशम्येदृशीं सत्कथां पुत्रयोस्तां बभूवाऽथ नन्दोऽपि मग्नः सुखाब्धौ ॥२५॥

तब उन्होंने उन दोनों बालकोंको दिखाकर कहा—'आज इन दोनोंने विचित्र सुकर्म किया है।' पुत्रोंकी ऐसी सत्कथा सुनकर नन्दजी भी सुखके समुद्रमें मग्न हो गये ॥ २५ ॥

पुनस्तेषु मग्नेषु वात्सल्यसिन्धौ तयोर्मायया ब्रह्म संस्मारितेषु ।
मुखस्थं स्वमातुस्तनाग्रं विहाय गतः प्राङ्गणे पूर्ववत् कृष्ण एषः ॥२६॥

तदनन्तर पुनः वे सबलोग उन दोनोंके वात्सल्य-सिन्धुमें जब मग्न हो गये, और उन दोनोंकी मायासे जब उन्हें ब्रह्मानन्दकी स्मृति हो आई, तब यह श्याम बालक अपने मुखमें पड़े हुए माताके स्तनाग्रभागको निकाल कर पूर्ववत् दूसरे प्राङ्गणमें चला गया ॥ २६ ॥

तदाऽऽसन् समेताः शिशोःस्नेहबन्धोन्मृगा वर्हिणश्चाऽमुनाऽऽकृष्टचित्ताः ।
महात्मान एते पुरोक्तं यथा ते प्रगृह्यैव रूपं स्थिताः स्वानुकूलम् ॥२७॥

उस समय उस शिशुके स्नेह-बन्धनसे बँधकर हरिण और मोर एकत्र हो गये। उस बालकने उनके चित्तको आकर्षित कर लिया था। जैसाकि पहले कहा गया है—ये सबके सब महात्मा थे और अपने अनुकूल-रूप धारण करके वहाँ रह रहे थे ॥ २७ ॥

ततस्तत्र पश्यत्सु चैतेषु सोऽयं मुकुन्दोऽगमच्चाऽत्र तेषां समीपम् ।
तदैव प्रसन्नाः खगास्तं विलोक्य चतुष्पाद्भिरेतैः समं दंष्ट्रिभिश्च ॥२८॥

उन सबके देखते-देखते मुकुन्द वहाँ उनके समीप गये । उसी समय पक्षी उन्हें देखकर प्रसन्न हो उठे । साथ ही ये चौपाये ( पशु ) तथा द्रंष्ट्रावाले ( श्वापद ) भी बड़े हर्षसे वहाँ आ गये ॥ २८ ॥

सुखेन स्थितं ध्यानमग्नं शुभाङ्गं विचित्रं खगं बर्हिणं चैकमेत्य ।
स धृत्वा धरां बाहुनैकेन चैकं समुत्थाप्य तेनैव जग्राह पुच्छम् ॥२९॥

वहाँ सुन्दर अङ्गवाला एक विचित्र पक्षी मयूर ध्यान मग्न हो सुखसे विराजमान था । उस श्याम-बालकने उसके पास जाकर अपना एक हाथ तो धरतीपर टिका दिया और एक हाथ ऊपर उठाकर उसीसे उसकी पूँछ पकड़ ली ॥ २९ ॥

समुन्मील्य नेत्रे ततो बर्हिणाऽपि परावृत्य मुग्धेन चित्तेन दृष्टः ।
अतर्क्येण चाऽनेन शक्त्या मयूरो मुदा चक्रवन्नर्तितो हन्त ! तत्र ॥३०॥

तब मोरने भी आँखें खोल पीछेकी ओर घूमकर मुग्धचित्तसे उसे देखा । उस अतर्क्य शक्तिशाली बालकने उस मयूरको वहाँ चक्रकी भाँति सानन्द नचाना आरम्भ किया ॥ ३० ॥

न तत्याज पुच्छं यदा चैष बालो विनोदेन तुष्टस्तदा पक्षिणाऽपि ।
भृशं भ्रामितो ह्यन्तरिक्षे च सार्धं व्रजस्थे जने प्राङ्गणे वीक्षमाणे ॥३१॥

जब बालकने पूँछ नहीं छोड़ी, उसके साथ विनोद करके वह सन्तोषका अनुभव करने लगा, तब इस पक्षीने भी उसे साथ लेकर अन्तरिक्षमें बहुत घुमाया । उस समय व्रजवासी गोप नन्द-प्राङ्गणमें खड़े होकर यह दृश्य देख रहे थे ॥ ३१ ॥

यथौत्तानपादिर्महात्माऽन्तरिक्षे ग्रहाणां चये शोभते प्रोज्ज्वलेऽस्मिन् ।
तथाऽशोभताऽसौ मयूरस्य पुच्छे विचित्रे भ्रमेऽप्यत्र तैर्वीक्षमाणः ॥३२॥

जैसे राजा उत्तानपादके पुत्र महात्मा ध्रुव तेजसे उद्दीप्त ग्रह-समूह ( पुच्छल ताराओं ) के बीच शोभा पाते हैं, उसी प्रकार उस विचित्र मोर-पुच्छपर भ्रमण कालमें भी वह बालक सुशोभित होता था । व्रजवासी एकटक होकर उसको देख रहे थे ॥ ३२ ॥

शिशोर्मायया मूढवत्कारितेषु प्रपश्यत्सु शान्त्या भृशं मोहितेषु ।
मयूरस्त्वितोऽसौ चिरं नर्तितत्वात् पपाताऽचलायां हृदि स्थाप्य चामुम् ॥३३॥

उस शिशुकी मायासे जब मूढवत् बनाये गये सब लोग अत्यन्त मोहित हो शान्त भावसे उसकी ओर देख रहे थे, उस समय वह मोर देरतक नचाये जानेके कारण थक कर उस बालकको छातीसे लगाये धरतीपर गिर पड़ा ॥ ३३ ॥

दयार्द्रां सुदृष्टिं विमुच्यैव तस्मिंस्ततोऽभ्यागमज्जानुधृष्ट्यैव चैषः ।
समीपस्थमेकं जराजीर्णगात्रं स्पृशन् खञ्जनं पक्षिणं श्वानपार्श्वम् ॥३४॥

उस मोरपर दयार्द्र दृष्टि डालकर घुटनोंके बलपर चलता हुआ यह शिशु पास ही खड़े हुए एक जराजीर्ण अङ्गवाले खंजन पक्षीको छूता हुआ एक कुत्तेके निकट आ गया ॥ ३४ ॥

तदा दंष्ट्रिणं तं विशालं करालं निरीक्ष्याऽस्य लीलां विलीनं सुखाब्धौ ।
प्रगृह्यैव शीर्षे भुजाभ्यामुभाभ्यां कपिर्वृक्षशाखां यथाऽधूनयत् सः ॥३५॥

वह दाढ़वाला विकराल एवं विशाल कुत्ता उस शिशुकी लीला देखकर सुखके सागरमें डूब गया । तब दोनों हाथोंसे उसका सिर पकड़कर वह शिशु उसे इस प्रकार हिलाने लगा, जैसे बानर किसी वृक्षकी डालको हिलाता या कँपाता है ॥ ३५ ॥

ततश्चापि तिष्ठन्तमेनं कृपालुं समुन्मील्य नेत्रे ह्यपश्यच्चिराय ।
समं शान्तिदेनाऽमुना क्रीडितुं च तदैवैच्छदव्यग्र एषोऽपि शिष्टः ॥३६॥

तब वह कुत्ता भी वहां खड़े हुए उन कृपालु प्रभुको आंखें खोलकर देरतक देखता रहा । फिर उसने तत्काल ही शान्त तथा शिष्ट होकर उन शान्तिदाता प्रभुके साथ खेलनेकी इच्छा की ॥ ३६ ॥

अमुं त्यक्तशीर्षं कृपां वर्षयन्तं स्वदन्तैर्विघृष्यैव भक्त्या प्रणम्य ।
रवैर्भुक्भुकैः स्तोत्ररूपैः स्वकीयैः प्रसन्नं चकाराऽथ तं पातयन् सः ॥३७॥

बालकने उसका शिर छोड़ दिया और उसपर कृपाकी वर्षा करने लगा । तब उस कुत्तेने भक्ति-भावसे उसको प्रणाम किया और अपने स्तोत्ररूप ‘भुक ! भुक !!’ शब्दसे बोलते हुए अपने दांतोंसे रगड़कर नन्द-शिशुको पृथ्वीपर गिरा दिया । अपनी इस चेष्टाद्वारा उसने उस शिशुको प्रसन्नकर लिया ॥ ३७ ॥

चिरं तेन साकं विहृत्यैव तत्र स्थितं शृङ्गिणं कृष्णसारं बलिष्ठम् ।
विगृह्यैव शृङ्गे विनोदी स भूयश्चकाराऽध एवोत्तमाङ्गं निपात्य ॥३८॥

देरतक उस कुत्तेके साथ खेलकर उस विनोदी शिशुने फिर वहाँ खड़े हुए बड़े-बड़े सींगवाले बलिष्ठ कृष्णसार मृगका सींग पकड़ लिया और उसके मस्तकको गिराकर अपने नीचे कर दिया ॥ ३८ ॥

स्वदेहं समर्प्याऽऽत्मना साकमस्मै जगत्पालकं तं तदैव प्रणम्य ।
न्यधादेष उच्चैर्विषाणाग्रभागे समुत्थाप्य यत्नात् सुखं भक्तितोऽमुम् ॥३९॥

उस मृगने अपनी आत्माके साथ शरीरको भी नन्द-शिशुके हाथमें सौंप दिया । और तत्काल उन जगत्पालक प्रभुको प्रणाम करके भक्तिभावसे यत्नपूर्वक उन्हें सुखसे उठाते हुए अपने ऊँचे सींगके अग्रभागपर रख लिया ॥ ३९ ॥

स आसीन्मुनिः कोऽपि दिव्यो महात्मा शिशोरस्य सच्चिन्मयीं भव्यलीलाम् ।
दिदृक्षुः समायात इत्थं स्वरूपं प्रगृह्याऽद्भुतं तत्र तत्सेवनार्थम् ॥४०॥

वह मृग कोई दिव्य महात्मा मुनि था। जो उस नन्द शिशुकी सच्चिन्मयी भव्य-लीलाका दर्शनके लिए ऐसा अद्भुत स्वरूप धारण करके वहाँ आया था। वह श्रीकृष्णकी सेवा करना चाहता था ॥ ४० ॥

त आह्लादितास्तेन लीलां निरीक्ष्य भृशं धूतशीर्ष्णा न्यसीदन् व्रजस्थाः ।
मृगेणाऽमुना सोत्सुकः खेलनेऽयं पुनर्भ्रामितो हाऽन्तरिक्षेऽथ चेतः ॥४१॥

उसकी की हुई इस लीलाको देखकर अत्यन्त आह्लादित हुए व्रजवासी जोर-जोरसे शिर हिलाते हुए बैठे रहे। उस मृगके साथ खेलनेमें उत्सुकता पूर्वक लगे हुए उस बालकको उसने पुनः अन्तरिक्षमें घुमाना आरम्भ किया ॥ ४१ ॥

नमामीश्वरं शम्भुमेतद्विधं त्वां विभुं शङ्करं भक्तभक्त्या प्रसन्नम् ।
ब्रुवन्नित्थमात्मन्यसौ भक्तिपूर्णो न्यधात्तं समीपस्थसिंहस्य शीर्ष्णि ॥४२॥

वह मन ही मन ऐसा कह रहा था कि प्रभो! आप इस रूपमें साक्षात् ईश्वर हैं, शम्भु हैं, सर्वव्यापी शंकर हैं तथा भक्तकी भक्तिसे प्रसन्न होनेवाले हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूँ। ऐसा कहते हुए भक्तिभावसे भरपूर उस मृगने पास ही खड़े हुए एक सिंहके मस्तकपर उस बालकको बिठा दिया ॥ ४२ ॥

मृगेन्द्रस्तदा तं शिरस्थं सटाभिः समाच्छाद्य पूर्वं स्वपुण्योपपन्नम् ।
समर्प्य स्वमस्मै लुठन् पादपीठे स्वयं तेन सार्धं चकाराऽथ लीलाम् ॥४३॥

तब मृगराज सिंहने अपनी पूर्वकृत पुण्यसे प्राप्त एवं मस्तकपर आरूढ़ उस बालकको अयालोंसे ढँककर अपने आपको उसकी सेवामें सर्मपित कर दिया। और स्वयं उसकी पाद-पीठमें लोटता हुआ उसके साथ खेल करने लगा ॥ ४३ ॥

सतामाश्रयेणाऽमुना चिन्मयेन समं क्रीडमानः स शुद्धात्मकेन ।
ददर्शाऽस्य नीले शुभाङ्गे स्फुरन्तं तदात्मानमेव प्रकृत्यां विलीनम् ॥४४॥

वह बालक सत्पुरुषोंका आश्रय, चिन्मय और शुद्ध-बुद्ध परमात्मस्वरूप था। उसके साथ क्रीड़ा करते हुए उस सिंहने उसके नील सुन्दर अंगमें अपने आपको ही प्रकाशमान एवं प्रकृतिमें विलीन देखा ॥ ४४ ॥

जगर्जाऽत्र सञ्जातबोधस्ततोऽसौ पुरःस्थं प्रगृह्यैव दंष्ट्राभिरेनम् ।
विभो! बिभ्यतोऽस्मान् स्वकीयैः कुकृत्यैर्नयेतः परं धाम सत्यात्मकं तत् ॥४५॥

तदनन्तर बोधको प्राप्त होकर उस सिंहने अपने सामने खड़े हुए उस बालकको अपनी दाढ़ोंसे पकड़कर गर्जना की और अव्यक्त शब्दमें कहा—'प्रभो ! हम अपने ही कुकृत्योंसे डरे हुए हैं। आप हमें यहांसे अपने सत्यस्वरूप परम धाममें ले चलें' ॥ ४५ ॥

ब्रुवन् केसरी स्वात्मनादैरनादैरिदं पूर्णमार्त्या समाधिस्थ आसीत् ।
इतो बालकोऽयं तदानीन्तनीं तां स्वलीलां समाप्य स्थितः प्राङ्गणेऽस्मिन् ॥४६॥

वह केसरी जिस भाषामें बोल रहा था, वह उसका सिंहनाद नहीं, आत्मनाद था—आत्माकी आवाज थी। सांसारिक पीड़ासे परिपूर्ण ऐसा नाद करके वह समाधिस्थ हो गया। इधर यह बालक भी अपनी तात्कालिक लीला समाप्त करके नन्द-प्राङ्गणमें खड़ा हो गया ॥ ४६ ॥

महाशक्तिरेषा जयत्यत्र नित्यं विनष्टा भवत्येव लघ्वी तदग्रे ।
भवन्तोऽपि वैज्ञानिका ! नित्यसिद्धं वचोऽप्यत्र किं नाऽऽद्रियन्ते वदन्तु ? ॥४७॥

इस संसारमें भगवान्‌की यह महाशक्ति ही विजयिनी हो रही है। उसके सामने दूसरी छोटी शक्तियां विनष्ट हो जाती हैं। वैज्ञानिकों ! बताइए तो सही, आपलोग भी इस नित्य शुद्ध वचनका क्या यहाँ आदर नहीं करेंगे ? ॥ ४७ ॥

जगत्यत्र कर्तुं ह्यकर्तुं ततोऽन्यद्विकर्तुं समर्थोऽस्ति सोऽयं परात्मा ।
यतः प्राप्य शक्तिं स्थिरौ चन्द्रसूर्यौ विभातः सदैवाऽत्र वायुः प्रवाति ॥४८॥

इस संसारमें यह परमात्मा करने, न करने और अन्यथा करनेमें समर्थ है। उसीसे शक्ति पाकर चन्द्रमा और सूर्य स्थिरतापूर्वक प्रकाशित होते हैं और उसीके शक्तिसे यहाँ वायु सदैव प्रवाहित होती है॥ ४८ ॥

ततो मायया ते विसृष्टा व्रजस्थाः पुरावच्छिशुं तं पुरःस्थं ह्यपश्यन् ।
न तत्याज तांस्तत्स्मृतिस्त्वात्मभित्तौ स्थिता चित्रवत् कर्मजा स्नेहवृद्धा ॥४९॥

तदनन्तर मायाके प्रभावसे छूटे हुए व्रजवासी उस शिशुको पूर्ववत् अपने सामने खड़ा हुआ देखने लगे। परन्तु उनके अन्तःकरणकी भित्तिपर चित्रकी भाँति अंकित तथा स्नेहसे बढ़ी हुई उस बालकके अद्भुत कर्मोंकी वह स्मृति, उन्हें छोड़ नहीं सकी ॥ ४९ ॥

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

ते मातरौ स्वसुतयोरतुलामतर्क्यां लीलां विलोक्य सुखदां च विभाव्य चित्ते ।
वात्सल्यतस्तनयुगात् पय आस्नुवन्त्यौ संस्थाप्य तौ हृदि गतौ सदनान्तराले ॥५०॥

दोनों माताएँ अपने पुत्रोंकी उस अतुलनीय, अतर्क्य और सुखदायिनी लीलाको देखकर मन ही मन उसीका चिन्तन करने लगीं। वे वात्सल्य वस अपने स्तनोंसे दूध बहाती हुई उन बच्चोंको गोदमें लेकर घरके भीतर चली गईं ॥ ५० ॥

इत्थं प्रतिक्षणमहो ! प्रियमातरौ ते कृत्वा विचिन्तनपरौ स्वशरीरहेतोः ।
उत्के विधायसततं निजकृत्यतस्तौ तज्जानुघृष्टिगमनं जहतुः स्म तूर्णम् ॥५१॥

अहो ! इसप्रकार प्रतिक्षण प्रिय माताओंको अपने शरीरके लिए चिन्तामग्न करके वे दोनों बालक अपने कार्य-कलापों द्वारा उन्हें सदा उत्कण्ठित बनाये रहते थे। अब उन्होंने घुटनोंके बल चलनेकी चेष्टाका शीघ्र ही त्याग कर दिया ॥ ५१ ॥

अस्ताचलशिरोरत्नं संयाते लोकभास्करे ।
गताः स्वस्वगृहांल्लोकास्तल्लीलाकृष्टचेतसः ॥५२॥

जब जगत्को प्रकाशित करनेवाले सूर्यदेव अस्ताचल शिखरको चले गये, तब उन बालकोंकी लीलासे आकृष्ट चित्तवाले व्रजवासी अपने-अपने घरको गये ॥ ५२ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
सर्गोऽयमेकविंशोऽगान्महाकाव्ये स्तवात्मके ॥५३॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह इक्कीसवां सर्ग पूरा हुआ ॥ ५३ ॥

* * *

# द्वाविंशः सर्गः

[ मातृभ्यां सुतयोः पादचारणशिक्षणम् । तत्र गीतशब्दं श्रुत्वा समागतानां बालक-
बालिकादीनां ताभ्यां सहैव नृत्यवर्णनम् । भगवतो विचारः । दुग्धशालां
प्रविश्य पयस्यह्रदे निमज्जमानेनाऽनेन स्वमातुरुद्विग्नीकरणम् । ]

अतः परं केषुचित् सर्गेषु गोदुहां गोरसविक्रयनिवारणादिका हेतुगर्भा विविधा लीला निर्दर्श्यन्ते । या "वत्सान्मुञ्चन् क्वचिदसमये" चेत्यादिरूपेण व्रजमातरो यशोदासमीपमागत्य समुक्तवत्य उपालम्भात्मिकया स्ववाक्चातुर्या ।

( गीतिरियम् )

चल चल राम ! चल सुखधाम ! द्रुतमभिराम ! चल शमधाम ! ।
चल चल राम ! चल हतकाम ! द्रुतमभिराम ! चल बलराम ! ।।१।।

चल चल कृष्ण ! व्यपगततृष्ण ! हतबुधतृष्ण ! चल चल कृष्ण ! ।
चल चल कृष्ण ! चल चल कृष्ण ! विगतवितृष्ण ! चल चल कृष्ण ! ।।२।।

चल चल राम ! चल चल कृष्ण ! चल बलराम ! चल हततृष्ण !

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

श्रीकृष्णरामौ प्रियमातरावुभौ प्राग् ग्राहयित्वा स्वकराङ्गुलीस्ततः ।
गन्तुं मुदाऽशिक्षयतां गृहाङ्गणे गीतं प्रगायोपरिगीतमञ्जसा ।।४।।

श्रीकृष्ण और बलरामको उनकी दोनों प्यारी माताएँ पहले अपनी-अपनी अङ्गुलियाँ पकड़ाकर उपर्युक्त गीत गाती हुई घरके आंगनमें प्रसन्नतापूर्वक अनायास चलना सिखाने लगीं ।। ४ ।।

चलामि मातः ! ससुखं मनागित इत्थं वदन्तौ चलतः स्म तौ स्वतः ।
तयोर्मुखे वीक्ष्य समुज्ज्वले उभे बभूवतुस्ते बहुधा प्रहर्षिते ।।५।।

'मां ! मैं यहां आरामसे थोड़ा-थोड़ा चल रहा हूँ'—ऐसा बोलते हुए वे दोनों स्वतः चलने लगे । उन दोनोंके दीप्तिमान् मुखका अवलोकन करके वे दोनों माताएँ बार-बार हर्षमग्न हो जाती थीं ।। ५ ।।

इत्थं क्रमेणैव गते तदाऽहनि जातौ समर्थौ चलितुं सुखेन तौ ।
अन्तर्बहिश्चङ्क्रमणे कृतत्वरौ विरेजतुर्यौ स्वजनैश्च वीक्षितौ ।।६।।

इस प्रकार क्रमशः कुछ दिन बीत गये, तब वे दोनों बालक सुखपूर्वक अब वे बार-बार बाहर-भीतर जाने-आनेमें बड़ी फुर्ती दिखाने लगे । परिवारके लोग देखते थे, और वे दोनों चलते समय बड़ी शोभा पाते थे ।। ६ ।।

आसन् पुरा येऽत्र गृहीतविग्रहा ब्रह्मर्षिराजर्षिसुरर्षियोगिनः ।
अमुं समाराधयितुं तदैव ते समागतास्तत्र वयस्यरूपिणः ॥७॥

जो ब्रह्मर्षि, देवर्षि तथा योगीजन पहलेसे ही श्रीकृष्णकी समाराधनाके लिये व्रजमें देह धारण करके प्रकट हुए थे, वे उस समय नन्द-नन्दनके सखारूप होकर उनके पास आ गये ॥ ७ ॥

अन्येऽप्यहो ! प्रेमविशुद्धया धिया सुखं विहर्तुं प्रभुणा समं ततः ।
समागताः सुन्दरबालिकातनूर्विधृत्य तास्ताः सकलाः समन्ततः ॥८॥

अहो ! अन्यान्य संत-महात्मा भी प्रेम-विशुद्ध बुद्धिसे प्रभुके साथ सुखपूर्वक विहार करनेके लिये सुन्दर गोपकुमारियोंके शरीरको धारण करके आ गये थे। वे-वे सारी-की-सारी कन्याएँ उन्हें चारों ओरसे घेरे रहती थीं ॥ ८ ॥

कामोज्ज्वलं भाविनमेकमद्भुतं पुमांसमेनं गुणरूपमोहिताः ।
स्त्रियश्च बुद्धा वयसाग्रजा अपि समागमन्नात्मसुखाप्तये तदा ॥९॥

यह बालक कामके समान सुन्दर, होनहार और एक अद्भुत पुरुष था, उसके गुण और रूपसे मोहित हुई जेठी और समझदार स्त्रियाँ भी उस समय आत्मसुखकी प्राप्तिके लिये उसके पास आ जाती थीं ॥ ९ ॥

इत्थं प्रियैर्बालकबालिकादिभिर्वृताविमौ स्वात्मरती समुज्ज्वलौ ।
तदा स्वभातां सुमनोहरौ वरौ पश्यत्सु चात्मीयजनेष्वहोऽभितः ॥१०॥

इस प्रकार प्रिय बालिकाओं तथा बालकोंसे घिरे हुए ये दोनों सुन्दर कुमार, जो अपने आपमें ही रत रहनेवाले थे, उस समय अत्यन्त मनोहर एवं श्रेष्ठ स्वरूपसे बड़ी शोभा पा रहे थे। उन्हें समस्त आत्मीय-जन सब ओरसे निहारते रहते थे ॥ १० ॥

जीवेश्वरौ स्वैर्बलवीर्यसद्गुणैः समन्वितौ स्वाभिरनिन्द्यशक्तिभिः ।
सुदीव्यतोऽत्रैव यथा तथैव तौ स्वाभिश्च तैः स्वैश्च वृतौ विरेजतुः ॥११॥

जैसे बलवीर्य और सद्गुणोंसे सम्पन्न तथा अपनी अनिन्द्य शक्तियोंसे समन्वित जीव और ईश्वर शोभा पाते हैं, उसी प्रकार वे दोनों बालक राम और श्याम अपनी सखियों और सखाओंसे घिरकर विशेष शोभा पाते थे ॥ ११ ॥

लीला प्रवृत्ताऽथ जगत्सुखावहा ताभ्यां कृता तैः सखिभिः समं मुदा ।
आकर्षिणी स्वात्मरतौ भवात्मकान् ह्याह्लादिनी भक्तजनानुरागिणी ॥१२॥

अब उन सखाओंके साथ प्रसन्नतापूर्वक की गयी उन दोनोंकी जगत्-सुखदायिनी लीला आरम्भ हुई। वह लीला संसारमें रचे-पचे लोगोंको आत्मरति ( भगवत्प्रीति ) की ओर खींचनेवाली है। भक्तजनोंको अनुराग तथा आह्लाद प्रदान करनेवाली है ॥ १२ ॥

क्रीडासहाया अभवंस्तयोरिह पुराऽऽगतास्ते पशुपक्षिणस्तथा ।
तेऽप्यन्य आसंस्तरुगुल्मरूपिणो गावश्च वत्सा वृषभाश्च संगताः ॥१३॥

पहलेसे व्रजमें प्रकट हुए जो पशु और पक्षी थे, वे भी उन दोनोंकी लीलामें सहायक हुए। इनके सिवा अन्य भी जो वृक्ष एवं गुल्मरूपधारी जीव थे, वे और गाय, बछड़े तथा वृषभ आदि सब मिलकर उनकी लीलाके सहायक थे ॥ १३ ॥

ततस्तयोः सद्गुणनामरूपितं पूर्वोक्तगीतं मृदु मातृवक्त्रयोः ।
निष्क्रम्य शान्तं प्रससार सुन्दरं स्फुटं श्रुतं गोकुलवासिभिस्तदा ॥१४॥

तदनन्तर उन दोनों भाइयोंके सद्गुण एवं नाम-रूपोंसे निरूपित तथा माताओंके मुखसे निर्गत जो पूर्वोक्त मधुर गीत था, वह शान्त सुन्दर और स्फुटरूपसे सब ओर फैल गया और समस्त गोकुलवासियोंने उस समय उसे सुना—॥ १४ ॥

तन्मायया तत्र विमोहिता भृशं व्रजौकसस्तेऽपि तदाऽनुसृत्य तत् ।
स्वं स्वं शिशुं तद्वयसा समं प्रियं विगृह्य तद्वन्न्यवदश्चलेति च ॥१५॥

भगवान्की मायासे अत्यन्त विमोहित वे समस्त व्रजवासी राम-श्यामके समान अवस्थावाले अपने-अपने बालकोंका हाथ पकड़कर उनको चलना सिखाते हुए बोलने लगे—'चल चल राम' इत्यादि ॥ १५ ॥

पित्रोरनुज्ञामधिगम्य तेऽर्भकास्तत्राऽचलन् संपरिगृह्य तत्करान् ।
समागमन्नन्दगृहांस्तदैव ते शनैः शनैश्चङ्क्रमणेन सर्वतः ॥१६॥

माता-पिताकी आज्ञा मान वे बालक उनके हाथ थामकर वहाँ चलने लगे। इस तरह धीरे-धीरे चलते हुए वे उसी समय सब ओरसे नन्दके घर आये ॥ १६ ॥

समागमोऽभूदखिलात्मनाऽमुना ह्याकर्षितानां व्रजवासिनामिह ।
अतर्क्यरूपेण समागता अमी व्यभूषयन्नन्दगृहाङ्गणं पुनः ॥१७॥

इस प्रकार आकर्षित हुए व्रजवासियोंका उस अतर्क्य-रूपवाले अखिलात्मा नन्द-किशोरके साथ समागम हुआ। उन सबने आकर नन्दगृहके आँगनको विभूषित किया ॥१७॥

दिशामधीशाः ससुरा यमादयः समुन्नताः स्वैर्गुणरूपकर्मभिः ।
अत्राऽऽगता बालकरूपमाश्रिता अमुष्य पादे व्यलुठन् स्वयं नताः ॥१८॥

यम आदि दिक्पाल तथा देवता जो अपने गुण, रूप और कर्मोंसे समुन्नतिको प्राप्त हुए थे, बालक-रूप धारण करके आये और उन नन्दनन्दनके चरणोंपर मस्तक रखकर वहाँ लोटने लगे ॥ १८ ॥

निवेद्यते भक्तवरा बुधा ! मया शृण्वन्तु चैतद्वच एकमत्र भोः ! ।
काव्यस्य पूर्वाऽपरसंगतिस्मृतिः पात्रस्थितिर्ध्यानगता भवेदिति ॥१९॥

भक्तप्रवर विद्वानो ! मैं यहाँ एक निवेदन करता हूँ। मेरी इस बातको आप सब लोग सुनें। यह बात इसलिए कहता हूँ कि इस काव्यकी पूर्वापर-संगति, स्थिति और इसके पात्रोंकी अवस्था भी ध्यानमें आ जाय ॥ १९ ॥

अस्यां स्थिताबाधुनिकब्रुवा अपि विचारमार्गे सुदृढं चलन्ति चेत् ।
प्राप्स्यन्ति तेषामुखमुद्रणात्मकं क्षेप्योत्तरं मत्कथितं पदे पदे ॥२०॥

इस निवेदनके ऊपर ध्यान देनेपर अपनेको आधुनिक कहनेवाले लोग भी यदि विचार मार्गपर चलेंगे तो वे अपने द्वारा किये गये आक्षेपोंका मेरे द्वारा पद-पदमें कहा हुआ उत्तर, जो मुख बन्दकर देने वाला है, पा जायँगे ॥ २० ॥

लीलाऽत्र चैतन्यमयी विवर्ण्यते जगत्पतेर्गोपशिशोरमुष्य सा ।
तां कर्मभिस्तं च पिधाय हृद्गतं येऽसंभवा सेति विगर्हयन्ति नः ॥२१॥

इस काव्यमें उन जगदीश्वर गोप-किशोरकी उस चैतन्यमयी लीलाका वर्णन किया जाता है, जिसे अपनी क्रियाओं द्वारा ढँककर और हृदयस्थित उन परमेश्वरपर भी परदा डालकर वे नास्तिक लोग उस लीलाको असम्भव बताते हुए उलटे हम लोगोंकी ही निन्दा करते हैं ॥ २१ ॥

अस्मत्समाजे शुभधर्मकर्मणोः क्रियाकलापे व्यवहारकेऽपि च ।
विघ्नास्तथेत्थं रसभङ्गकारिणः सन्त्येव हानीश्वरवादिनो बुधाः ॥२२॥

विद्वानो ! खेदकी बात है कि हमारे समाजमें ऐसे बहुत-से अनीश्वरवादी तत्त्व हैं, जो शुभ धर्म-कर्मोंमें, क्रिया-कलापमें तथा व्यवहारमें भी विघ्नस्वरूप होते हैं और बीचमें टोक-टाक कर सरस काव्य-प्रसंगमें रस-भङ्ग कर देते हैं ॥ २२ ॥

प्राणी स्वतन्त्रो बहुधा जगद्भ्रमे तथापि तेऽस्मानधिकं क्षिपन्ति हि ।
क्रोशन्तु काका दृढनिश्चया वयं लगाम आगच्छत कृत्य एव भोः ! ॥२३॥

इस भ्रमणशील संसारचक्रमें सभी प्राणी बहुधा स्वतन्त्र हैं, तथापि वे लोग हमपर ही अधिक आक्षेप किया करते हैं। करें, कौए काँय-काँय करते रहें, हमलोग तो आइये, दृढ निश्चयके साथ अपने कर्तव्यमें ही संलग्न हों ॥ २३ ॥

श्रृणोति विद्वानपलापमीदृशं को वाऽत्र ? कुर्वन्तु वदन्तु ते तथा ।
वयं त्वनेनैव वशीकृता हठाद् गायाम एतर्ह्यपि तद्गुणानिह ॥२४॥

कौन विद्वान् पुरुष होगा जो इन नास्तिकोंके वैसे अपलाप सुनेगा ? वे जो चाहें करें, जैसा चाहें बोलें। हमको तो इस नन्दकिशोरने हठात् अपने वशमें कर लिया है, इसलिए ऐसे समयमें भी हम उसीका गुणगान करते हैं ॥ २४ ॥

समस्तभक्तेषु सुधीषु साधुषु विद्वत्सु चास्यैव शिशोः प्रियेषु च ।
करोति याञ्चां पदयोर्लुठन्नयं क्षम्यो भवद्भिः प्रकृतं त्यजन् कविः ॥२५॥

समस्त भक्तों, सुधीजनों, साधु-पुरुषों, विद्वानों तथा इस नन्दनन्दनके प्रिय जनोंके समीप उनके चरणोंमें लोटता हुआ यह कवि याचना करता है कि मैंने काव्यके प्रकृत प्रसंगको छोड़कर जो दूसरी बात छेड़ दी है, इसके लिए आप सब लोग मुझे क्षमा प्रदान करें ॥ २५ ॥

कर्तुं ह्यकर्तुं च विधातुमन्यथा समर्थ ईशोऽस्ति सदा स्मरन्तु ते ।
दृढं परीक्षन्तु च शक्तिरस्ति चेत् कीदृग् शिशुर्दृश्यत एष भो ! तदा ॥२६॥

वे आधुनिक विचारवाले लोग यह सदा स्मरण रखें कि ईश्वर करने, न करने और अन्यथा करनेमें भी समर्थ है। यदि शक्ति हो तो वे इस बातकी दृढता पूर्वक परीक्षा कर लें। हे पाठकों ! देखिये, वह नन्दशिशु उस समय वहां (ध्यानमें) कैसा दिखायी देता है ॥ २६ ॥

तदस्तु, चेत्थं सकलेष्वथो सुखं समागतेष्वत्र शिशुः स्वरूपतः ।
प्रेम्णा विनिष्कास्य महत्तमं महः सर्वान् समाह्लादयदागतांस्ततः ॥२७॥

अस्तु, छोड़िये इन अप्रासंगिक बातोंको; उस समय उन सब व्रजवासियोंके सुखपूर्वक वहाँ आ जानेपर वह परब्रह्म-रूप शिशुने प्रेमपूर्वक अपने स्वरूपसे ही महत्तम तेज प्रकट करके वहाँ आये हुए सबलोगोंको आह्लादित कर दिया ॥ २७ ॥

दृष्टया स्वया शान्तमनोऽभिरामया विलोक्य सर्वान् भ्रमणेन सर्वतः ।
तान् स्वागतीकृत्य विमुग्धया धिया ननर्त चक्रभ्रमिमेष सोत्सुकः ॥२८॥

अपनी शान्त एवं मनोभिराम दृष्टिसे सब ओर घूम-घूमकर सबका अवलोकन करके उसने विमुग्ध बुद्धिसे सबलोगोंका स्वागत किया; फिर उत्सुक होकर वह घूमते हुए चक्रके समान वहाँ नाचने लगा ॥ २८ ॥

आह्लादिता इत्थमयत्नतोऽमुना दृष्ट्वा च नृत्यन्तममुं मनोहरम् ।
भृशं विमुग्धा गुणरूपमोहितास्तूष्णीमतिष्ठन् सकलास्तदाऽऽगताः ॥२९॥

इस प्रकार उस बालकने सबको बिना यत्नके ही आनन्द-मग्न कर दिया। उस मनोहर शिशुको नाचते देख अत्यन्त मुग्ध हुए सकल समागत सज्जन उसके गुण और रूपसे मोहित हो चुपचाप चित्रलिखित-से खड़े रह गये ।। २९ ।।

परं वयस्याः प्रियबालबालिका आकर्षिताः स्वेन विनोदिनाऽमुना ।
सर्वे समागत्य गृहाङ्गणे सुखं समं ह्यनृत्यन् प्रियसंगतात्मना ।।३०।।

उस विनोदी शिशुने अपने समान वयवाले बालकों और बालिकाओंको स्वतः अत्यन्त आकर्षित कर लिया। वे सब नन्दगृहके आँगनमें आ अपने प्रिय सुहृदसे मिलकर उसके साथ ही सुखपूर्वक नृत्य करने लगे ।। ३० ।।

मन्त्रैर्विमुग्धा भुजगा इवाऽथ ते स्वानां शिशूनां पुरतो व्यवस्थिताः ।
लोकातिगां नृत्यकलां निरीक्ष्य तां मूढा बभूवुर्विगतैषणा यथा ।।३१।।

मन्त्रोंसे मोहित हुए सर्पोंके समान अपने बालकोंके समक्ष खड़े हुए वे सब व्रजवासी उस अलौकिक नृत्य-कलाको देखकर मूढ-से हो गये। उनकी सारी इच्छाएँ मानो समाप्त-सी हो गयीं ।। ३१ ।।

बभ्राम विश्वं परितस्ततो ध्वनिर्ह्लादितानां मुखपद्मनिःसृतः ।
तस्यैव शक्त्याऽऽत्मसु तेषु नोदितो मनोहरोऽधस्तनगीतगुञ्जितः ।।३२।।

उस नृत्यके समय सारा विश्व ही सबओर नाचने लगा। नृत्य-जनित आह्लादमें मग्न हुए लोगोंके मुखारविन्दसे निर्गत और अन्तःकरणमें उस बालकसे ही प्रेरित निम्नाङ्कित गीतसे गूँजता हुआ मनोहर शब्द प्रकट हुआ—।। ३२ ।।

जयति ते कृपा चन्द्रशेखर ! विलसताच्चिरं गोकुले हर ! ।
कुशलदाऽधिकं विश्ववस्तुषु सुखकरी भृशं जीवजन्तुषु ।।३३।।

‘हे संकटहरण हर ! हे चन्द्रशेखर ! आपकी कृपा सर्वोपरि विराजमान है, वह गोकुलमें चिर कालतक विलास करती रहे। वह विश्वकी समस्त वस्तुओंमें अधिक कुशलता देनेवाली तथा जीव-जन्तुओंके भीतर विशेष सुख उत्पन्न करने वाली है ।। ३३ ।।

शिशुरयं विभो ! त्वत्कृपामिमां ह्यधिगतः स्वतोऽजायताऽत्र यत् ।
समभवन्महांस्तं शिशुं पुनर्ह्यव महेश ! नो भाग्यमस्तु तत् ।।३४।।

‘सर्वव्यापी प्रभो ! यह नन्दशिशु आपकी कृपा पाकर स्वतः यहाँ प्रकट हो गया और सबसे महान् बन बैठा। महेश्वर ! इस शिशुकी आप पुनः सदैव रक्षा कीजिए। इसका संरक्षण हम सबके लिए महान् सौभाग्य होगा ।। ३४ ।।

उच्चैः स्वरंताललयप्रपूरितं प्रगाय गीतं गुरुभक्तिसंयुतम् ।
विघूर्ण्य शीर्षाणि निमील्य सुन्दरं स्वनेत्रपद्मान्यथ ते स्थिताः सुखम् ॥३५॥

उच्च स्वरमें ताल और लयसे पूरित, इस भारी भक्तिसे युक्त गीतको गा-गा कर सब लोग सिर हिलाने लगे और सुन्दर ढङ्गसे अपने नेत्र-कमलोंको बन्द करके सुख पूर्वक बैठे रहे ॥ ३५ ॥

इतः स दिव्योऽद्भुतवैश्यबालको विचिन्तयामास तदा क्षणं हृदि ।
मन्मातृकल्पा अबला गृहे गृहे तिष्ठन्त्यशक्ता हि समेतुमत्र ताः ॥३६॥

इधर वह दिव्य एवं अद्भुत वैश्यबालक क्षण भरके लिए अपने हृदयमें इस प्रकार विचार करने लगा—'व्रजवासियोंके घर-घरमें मेरी माताके समान बहुत-सी अबलाएँ हैं; जो यहां आनेमें असमर्थ होकर वहीं रहती हैं ॥ ३६ ॥

या उत्सुका जन्मत एव दर्शनान्मदेकतानाश्च गुणैर्विमोहिता ।
स्वसद्मकृत्ये विनियोजिता अतो ह्यनागता याम्यहमद्य तद्गृहान् ॥३७॥

जो जन्मसे ही मेरे दर्शनसे उत्सुक हो सारी चित्तवृत्ति केवल मुझमें ही लगाकर एकतान हो गयी हैं; मेरे गुणोंसे मोहित रहती हैं; वे अपने घरके काम-काजमें लगा दी गयी है, अतः यहाँ नहीं आ सकी हैं; अब मैं ही उनके घरोंमें चलता हूँ ॥ ३७ ॥

विचार्य चेत्थं स्वजनाभयप्रदो महाविनोदी शिशुरेष कौतुकी ।
तथैव संस्थाप्य विघूर्णमस्तकान् स्वं प्रापयामास तदैव तद्गृहान् ॥३८॥

स्वजनोंको अभय प्रदान करनेवाला वह महाविनोदी कौतुकी शिशु मन-ही-मन ऐसा सोचकर वहाँके लोगोंको उसी तरह सिर हिलाते बैठे छोड़कर स्वयं उन माताओंके घर-घरमें तत्काल चला गया ॥ ३८ ॥

बीजानि वृक्षा ददतीह चाऽऽत्मतो यथाऽन्यकायेषु विशन्ति योगिनः ।
तथैव शक्त्याश्रयिणाऽमुनापि भो ! अधारि रूपान्तरमैश्वरं क्षणात् ॥३९॥

जैसे वृक्ष अपने स्वरूपसे ही बीज देते हैं, जैसे योगीलोग दूसरे शरीरमें प्रवेश किया करते हैं; उसी प्रकार अपनी शक्तिभूता योगमायाका आश्रय लेनेवाले उस शिशुने भी दूसरा ईश्वरीय रूप क्षणभरमें धारण कर लिया ॥ ३९ ॥

ततो गतः प्राग्वितते स्वमन्दिरे भाण्डारके गोदधिदुग्धसञ्चिते ।
तत्रस्थवस्तून्यसकृद्यथासुखं निरीक्ष्य सोऽचिन्तयदित्थमीश्वरः ॥४०॥

वहाँसे चलकर वह पहले अपने विशाल भवनमें गया, जहाँ भण्डारमें गौओंके दही-दूधसे भरे मटके रक्खे थे। वहाँकी वस्तुओंका बारम्बार सुखसे अवलोकन करके उस ईश्वररूप शिशुने इस प्रकार सोचा ॥ ४० ॥

इमान् रसौघान् नवलक्षयसंख्यका मत्सद्मगावो ददतीह नित्यशः ।
परन्तु खादन्ति सुधोपमानिमान् कंसादयः क्रूरधियोऽपि माथुराः ॥४१॥

'मेरे घरमें नौ लाख गौएँ हैं और वे प्रतिदिन इस गोरस-राशिको देती रहती हैं। परन्तु इन अमृतोपम वस्तुओंको मथुरावासी क्रूर-चित्तवाले कंस आदि असुर खाते हैं ॥ ४१ ॥

वैश्या वयं क्षेत्रविकर्षणव्रता गोवृत्तयो युक्तमिदं स्वधर्मतः ।
किन्त्वत्र कर्तुं दधिदुग्धविक्रयं ह्ययोग्यमेवाऽहिषु दुग्धदानवत् ॥४२॥

हमलोग नियमपूर्वक खेत जोतनेवाले वैश्य हैं। गौएँ ही हमारी आजीविकाका साधन हैं। यह धर्मतः हमारे लिए उचित है। किन्तु यहाँ दही-दूधका विक्रय करना कदापि ठीक नहीं है। असुरोंको गोरस देना साँपको दूध पिलानेके समान भयंकर है ॥ ४२ ॥

पिबन्तु ते गोरसमेत्र नित्यशः का नोऽत्र हानिर्गुणगृध्नवो वयम् ।
परं ह्यमीषां निगमागमात्मनां दुग्धं त्वपेयं प्रतिभाति तैः खलैः ॥४३॥

'वे ही रोज गोरसका पान करें, इससे हमारी हानि ही क्या होती हैं, हम लोग तो गुणोंके अभिलाषी हैं; परन्तु ये गौएँ निगमागम स्वरूपा हैं, इनका दूध वे दुष्ट असुर पीयें, 'यह उचित नहीं जान पड़ता है' ॥ ४३ ॥

तस्मादिमं गोरससिन्धुमक्षयं पिबाम्यहं प्रागुपयुक्तमाचरन् ।
गावोऽपि तुष्यन्तु, धरा च तृप्यतु, पिबन्तु मित्राणि च मर्कटैः सह ॥४४॥

'इसलिए उपयुक्त आचरण करता हुआ इस अक्षय गोरस-सिन्धुको पहले मैं पीऊँगा, इससे गौएँ भी संतुष्ट होंगी और वसुधाको भी तृप्ति प्राप्त होगी। मेरे साथ ही ये मेरे सखा ग्वालबाल तथा मोर-बंदर भी इस गोरसकी पान करें' ॥ ४४ ॥

विचार्य चेत्थं कृतकौतुकक्रियो यथार्थदर्शी कविरेष बालकः ।
हैयङ्गवीनं दृढकाष्ठभाजनान्निष्कास्य वत्स्वात्ममुखे जुहाव ह ॥४५॥

इस प्रकार विचार करके वह कौतुककारी और यथार्थदर्शी कवि-बालक काठके बने हुए सुदृढ़ पात्रसे ताजा माखन निकालकर अपनी मुखाग्निमें उसकी आहुति देने लगा ॥ ४५ ॥

ततोऽन्तराऽसौ विजने व्यवस्थितो जघास बालो दधि दुग्धमेव च ।
यद्भोजने तन्मृदुहस्तपादतः संघट्य पात्राणि बभञ्जुरञ्जसा ॥४६॥

तदनन्तर निर्जन एकान्तमें बैठे हुए उस बालकने दही खाया और दूध भी पी लिया। दही दूध खाते समय उसके कोमल हाथ–पैरोंसे जो टकरा जाते वे वर्तन-भाँड़ तत्काल टूट-फूट जाते थे ॥ ४६ ॥

ततो ह्रदोऽजायत निर्मलो महान् भाण्डालयेऽस्मिन् दधिदुग्धमिश्रितः ।
श्रौषट् धरायै सकलो गवां रसः स्वाहाऽग्नये चेति वदन्नसौ स्मितः ॥४७॥

फिर तो इस भाण्डागारमें दही-दूधके मिश्रणसे युक्त एक महान् तालाब-सा बन गया। उस समय वह नन्द-किशोर 'यह सकल गोरस धरायै श्रौषट्, अग्नये स्वाहा' इत्यादि बोलता हुआ मुसकरा उठा ॥ ४७ ॥

उपद्रवैरित्थमयत्नतः कृतैः स्वात्मप्रियैरर्थपरम्पराश्रितैः ।
रराज कृष्णोऽपि स शुक्लवद्ध्यहो ! सर्वाङ्गलग्नैर्दधिदुग्धसद्घृतैः ॥४८॥

अनायास किये गये और अपनेको प्रिय लगनेवाले इन उपद्रवोंसे, जो अर्थ शास्त्रीय परम्परापर अवलम्बित थे, वह काला कन्हैया भी सारे अङ्गोंमें लगे हुए दही, दूध और माखनसे श्वेत जैसा हो गया। कैसा अद्भुत दृश्य था ! ॥ ४८ ॥

एकीकृतं तत्सकलं गवां रसं विज्ञातवान् तत्र ह्रदेऽपि सोऽव्ययः ।
अस्या अयं भाग इतीह कौतुकी सस्मार तास्ताः कपिलादिकाश्च गाः ॥४९॥

उस तालाबमें समस्त गौओंका गोरस एकमें मिल गया था, तथापि वह अविनाशी चिन्मय बालक यह पहचान लेता था कि गोरसका यह भाग अमुक गायका है और यह अमुक गायका। इस प्रकार उन-उन कपिला आदि गौओंका वह स्मरण करता जाता था ॥ ४९ ॥

निमज्जमानो दधिदुग्धपूरिते ह्रदेऽद्भुते भग्नघटादिभिर्वृते ।
व्रजेश्वरीं मातरमाजुहाव स तत्रैव तां दर्शयितुं व्यवस्थितिम् ॥५०॥

टूटे फूटे घड़े आदि बर्तनोंसे आवृत और दही-दूधसे भरे हुए उस अद्भुत तालाबमें डूबता हुआ वह नन्दशिशु अपनी माता व्रजेश्वरी यशोदाको वहाँकी स्थिति दिखानेके लिए वहीं पुकारने लगा ॥ ५० ॥

मातस्त्वमागच्छ गृहान्तरे द्रुतं ह्यहं निमग्नोऽस्मि ह्रदेऽत्र दुर्गमे ।
श्रुत्वैव सा तस्य रवं पुरःस्थितं व्यपश्यदव्यग्रमितः शुचिस्मितम् ॥५१॥

'मैया ! तुम जल्दी घरके भीतर आ जाओ मैं यहाँ एक दुर्गम तालाबमें डूब रहा हूँ' । उसकी यह आवाज सुनते ही व्रजरानी ज्योंही उधर जानेको उद्यत हुईं त्योंही उन्होंने उसे अपने सामने ही अव्यग्र-भावसे खड़ा देखा, वह मन्द-मन्द मुसकरा रहा था ॥ ५१ ॥

परन्तु भूयोऽपि तदुच्चसुस्वरं शुश्राव चार्त्या गदितं पुनः पुनः ।
कुतूहलाक्रान्तमना मनागितो नृत्यन्तमेनं तु ददर्श चाङ्गने ॥५२॥

परन्तु पुनः उच्चस्वरसे बारंबार उसकी आर्त पुकार सुनायी देने लगी । अब यशोदाजीके मनमें कौतूहल उत्पन्न हुआ, वे ज्यों ही कुछ कदम आगे बढ़ीं त्योंही अपने लालाको आँगनमें नाचते देखा ॥ ५२ ॥

गृहान्तराद्भूय उपागमद्रव आगच्छ चान्तस्त्वरयेति मे प्रसू ! ।
द्रुतं समुत्थाय ततो यशोवती जगाम साऽन्तर्भवनं ससंभ्रमम् ॥५३॥

घरके अंदरसे फिर आवाज आई—'अरी ! ओ मेरी मैया ! जल्दी भीतर आओ ।' तब थशोदा तुरंत उठकर बड़े वेगसे दौड़ती हुई घरके भीतर गयी ॥ ५३ ॥

सत्यं ! सुतं नीलमणिं तथा ह्रदे ददर्श मज्जन्तमियं व्रजेश्वरी ।
स्वात्मप्रियं प्राणधनं सुतं ततः कृष्णेति चक्रन्द भृशं निपीडिता ॥५४॥

वहाँ जाकर व्रजेश्वरी यशोदाने सचमुच ही अपने लाला नीलमणिको दही-दूधके तालाबमें डूबते देखा । वह उन्हें अत्यन्त प्रिय था, उनका प्राणधन था । उसे उस अवस्थामें देखकर पीड़ाका अनुभव करती हुई व्रजेश्वरी चीख उठीं 'ओ कृष्ण !' ॥ ५४ ॥

यदाऽङ्गनादन्त उपागतो ह्यसौ चोचेऽहमायात इहाऽस्मि भो ! इति ।
तदा गताधिः परिवृद्धविस्मया व्यलोकयत्साऽऽगतमङ्गनादमुम् ॥५५॥

तब आंगनसे घरमें आकर कृष्ण बोला—'आ गया मां ! मैं यहाँ हूँ ।' यह देख उनकी मानसिक चिन्ता दूर हुई और आश्चर्य बढ़ गया । सचमुच उन्होंने कृष्णको आँगनसे ही आया देखा ॥ ५५ ॥

निभाल्य सम्यग्भवनान्तरे पुनः सुतं ह्यदृष्ट्वैव विलोक्य साऽत्र तु ।
प्रियं तमाश्लिष्य नताङ्गमञ्जसा पपात द्वार्येव विमोहिता भृशम् ॥५६॥

फिर उन्होंने घरके भीतर भली-भाँति देखा, वहाँ कन्हैया नहीं था, उसे यहाँ द्वारपर देखकर उन्होंने झुके हुए अंगवाले उस प्यारे शिशुको हृदयसे लगा लिया और अत्यन्त मोहित होकर वे घर-दरवाजेपर ही गिर पड़ीं ॥ ५६ ॥

कोलाहलोऽभूदथ चाङ्गणे महान् दृष्ट्वा पतन्तीं व्रजराजगेहिनीम् ।
तत्रस्थितैस्तैर्व्रजवासिभिः कृतो दुःखात्मकोऽज्ञातपरार्थभावितः ॥५७॥

फिर तो व्रजराज गेहिनी यशोदाको गिरती देख नन्दके आँगनमें भारी कोलाहल मच गया। वहाँ जो व्रजवासी खड़े थे, वे दुःखपूर्ण आर्तनाद कर उठे। उन्हें वास्तविक कारणका पता नहीं था ॥ ५७ ॥

ततोऽसौ विनोदी स्वमातुस्थितिं तां विलोक्यैव हृष्टो व्रजेशं समीक्ष्य।
समुत्प्लुत्य कृत्वोरसि स्वात्मपातं ममार्जैष वक्त्रं पिबन् स्तन्यमस्याः ॥५८॥

तब उस विनोदी बालकने अपनी माताकी उस स्थितिको देखकर मन-ही-मन हर्षका अनुभव किया और व्रजराज पर दृष्टिपात करके वह उछलकर माताकी छाती पर गिरा और उसका स्तन्य पान करता हुआ उसके मुँहको हाथसे पोंछने लगा ॥ ५८ ॥

स्पर्शेन तस्य सुखदेन परात्मगेन ह्याह्लादिता व्रजपतेर्महिषी सती सा।
उन्मीत्य दृष्टियुगमव्ययमात्मपुत्रं दृष्ट्वा स्ववक्षसि बभूव सुखे निमग्ना ॥५९॥

उस बालकका कर स्पर्श परातमसुखकी प्राप्ति करानेवाला था, बहुत ही सुखद एवं आह्लादकारी था, उससे आह्लादित हुई व्रजेश्वरी सती यशोदाने दोनों नेत्र खोल दिए और प्रियपुत्रको वक्षःस्थल पर देखकर वे सुखके सिन्धुमें निमग्न हो गयीं ॥५९॥

सा दिव्याऽद्यतनी लीला कृष्णस्य परमात्मनः।
महद्बीजमभूद् दुष्टान् संहर्तुं रक्षितुं सतः ॥६०॥

परमातमा श्रीकृष्णकी आज की हुई वह दिव्य लीला दुष्टोंके संहार तथा सज्जनोंके संरक्षणके लिए महान् बीज ( कारण ) बन गयी ॥ ६० ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते।
सर्गो द्वाविंश एषोऽगान्महाकाव्ये स्तवात्मके ॥६१॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति इस 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह बाईसवां सर्ग पूरा हुआ ॥ ६१ ॥



# त्रयोविंशः सर्गः

[ भगवतो वैश्यबालकस्येप्सितगोवत्समोचनादिलीलावर्णनम् । ]

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

तत्रैकदा ससुखमित्थमहन्यतीते लीलाह्रदेऽत्र विनिमज्जति गोपवृन्दे ।
सस्मार पूर्वचरितं भगवान् मुकुन्दो ह्याह्लादिता व्रजजनाः शमदेन येन ॥१॥

व्रजमें एक दिन, जब इसी प्रकार सुखपूर्वक दिन बीत गया, भगवान्‌के लीला-सरोवरमें गोपवृन्द निमग्न होने लगे, भगवान् मुकुन्दने अपने पूर्व चरित्रका स्मरण किया जो परम शान्तिदायक था, और जिससे समस्त व्रजवासी जन आह्लादित होते थे ॥ १ ॥

लोकातिगा बुधजनैः सततं विचिन्त्या लीला विधाय रुचिरा गुणगौरवाढ्याः ।
आह्लादितान् व्रजजनान् परमात्मतत्त्वं नीत्वा भवानि कृतकृत्य उदारचेष्टः ॥२॥

'पण्डितजन जिनका सदा चिन्तन करें, जो अलौकिक, रुचिर तथा गुण-गौरवसे सम्पन्न हो, ऐसी लीलाओंका विधान करके आनन्दमग्न हुए व्रजवासियोंको परमात्म-तत्त्वमें पहुँचाकर मैं अपनी उदार चेष्टाएँ प्रकट करता हुआ कृतकृत्य हो जाऊँगा ।' ॥ २ ॥

एतद्विचिन्त्य परितो गुरुमातृवर्गे शान्तेऽत्र पश्यति तथाऽवहिते विमुग्धे ।
मन्दस्मितेन समितिं परितोष्य कान्त्या सूर्यप्रभां मलिनयन् स ननर्त भूयः ॥३॥

ऐसा सोचकर मन्द मुसकानसे व्रजवासियोंके समुदायको परितुष्ट करके अपनी कान्तिसे सूर्यदेवकी प्रभाको भी मलिन करते हुए श्रीकृष्ण पुनः वहाँ नाचने लगे । गुरुजन-वृन्द तथा मातृवर्ग शान्त, मुग्ध तथा सावधान होकर वहाँ वह सब कृत्य देख रहे थे ॥ ३ ॥

आसीच्छविस्तदनु तस्य मनोऽभिरामा रामेव भूषिततनुर्गुणशीलधामा ।
संपश्यतां हृदि शमादि ददातुकामा सर्वार्थदेति विबुधैर्दृढचिन्त्यमाना ॥४॥

तदनन्तर श्रीकृष्णकी छवि और भी मनोभिराम हो गयी, उनकी देह रमणीकी भाँति विभूषित हो तदनुरूप गुण और शीलका धाम बन गयी थी । कन्हैयाकी वह छवि दर्शकोंके हृदयमें शम-दमादि उत्पन्न करना चाहती थी । 'वह सर्वार्थ दायिनी हैं, इस प्रकार विबुध-जन दृढतापूर्वक उसका चिन्तन करते थे ॥ ४ ॥

तस्याः प्रभाववशतोऽथ विमुह्यमाने तत्र स्थिते सुखपरे जन एकताने ।
कृष्णाङ्ग एष गुणवन्तममुं हिमाङ्गं स्वस्याऽग्रजं मुदित आह दृगिङ्गितेन ॥५॥

तब उस छावके प्रभावसे वहाँ उपस्थित हुए सभी लोग सुखमग्न एवं मोहित हो गये थे, सब उसीमें एकतान हो रहे थे। इसी समय वह श्याम कान्ति वाला शिशु हिमके समान श्वेत गौर-शरीरवाले अपने बड़े भाई बलरामसे नेत्रोंके संकेत द्वारा प्रसन्नता पूर्वक यों कहने लगा—॥ ५ ॥

आर्या ! भवन्त इह मान्यजनान् गुणाढ्यान् संमोह्य सद्गुणगणै रुचिरं वसन्तु।
वात्सल्यतो मयि गतात्मधियो विमुग्धा मान्याः स्त्रियः सुखयितुं लघु याम्यहं तु ॥६॥

आर्य ! आप अपने सद्गुण-समूहसे यहाँके माननीय गुणाढ्य जनोंको मोहित करते हुए यहीं रुचिर-निवास करें। मैं तो उन मान्या गोपाङ्गनाओंको सुख देनेके लिए जा रहा हूँ, जो वात्सल्य-भावसे मुग्ध हो अपनी मन-बुद्धिको मुझमें लगा चुकी हैं॥ ६ ॥

इत्यूचिवान् प्रियगुणैर्ग्रथितान्तरात्मा सोऽन्तर्हितस्तत उपागमदेष बालः।
आर्योपनन्दभवनं गुणवैभवाढ्यं स्वात्मप्रियैः परिजनैर्वृतमात्मनीनम् ॥७॥

जिसकी अन्तरात्मा प्रिय लगनेवाले गुणोंसे ग्रथित है, वह श्याम शिशु ऐसी बात कहकर तत्काल वहीं अन्तर्धान हो आर्य-उपनन्दके उस गुण-वैभव सम्पन्न भवनमें चला गया, जो अपने प्रिय परिजनोंसे घिरा तथा अपने लोगोंके लिए परम हितकर था॥ ७ ॥

दृष्ट्वाऽत्र तं प्रियजनानुपशिक्षयन्तं सच्चिन्मयं परमशान्तमुमेशतत्त्वम्।
गत्वा समीप उपविश्य तदर्थलुब्धः शुश्राव शान्तमनसाऽनुपलक्षितस्तैः ॥८॥

वहाँ जाकर उसने देखा कि उपनन्दजी अपने प्रियजनोंको परम शान्त, सच्चिन्मय, शिवतत्त्वका उपदेश दे रहे हैं। निकट जाकर वह बैठ गया और उन सबसे अदृश्य रहकर उपनन्दजीके द्वारा प्रतिपादित विषयपर लुब्ध हो शान्तचित्तसे उसको सुनने लगा॥ ८ ॥

वत्सा ! शृणुध्वमिदमव्ययमात्मतत्त्वं प्राप्तं मयेह शुभदं गुरुगर्गवक्त्रात्।
शान्तं शिवं भजत सद्गुरुलब्धये प्राक् यूयं लभध्वमखिलं स्वगुरोः कृपातः ॥९॥

वत्सो ! सुनो, यह अविनाशी, शुभद आत्मतत्त्व मैंने गुरुदेव गर्गाचार्यजीके मुखसे प्राप्त किया है। तुम लोग भी सद्गुरुकी प्राप्तिके लिए पहले शान्तस्वरूप भगवान् शिवका भजन करो। फिर अपने गुरुदेवकी कृपासे संपूर्ण तत्त्वका ज्ञान प्राप्त कर लो॥ ९ ॥

वक्ति स्म मां मुनिवरो हरिभक्तिपूर्णो घूर्णो महागुणगणैरतुलैस्तदीयैः।
उद्धर्तुमात्मपुरुषान् व्रजराजधाम्नि विक्रीडतेऽद्य शुभदः स इहाऽवतीर्णः ॥१०॥

हरिभक्तिसे परिपूर्ण हृदयवाले मुनिवर गर्गजी भगवान्के अनुपम एवं महान् गुणगणोंसे आनन्दमत्त रहते हैं। उन्होंने मुझसे कहा था कि 'कल्याणदाता भगवान् श्रीहरि अपने भक्त-

जनोंका उद्धार करनेके लिए इस भूतलपर व्रजराज नन्दके घरमें अवतीर्ण हो नाना प्रकारकी क्रीडायें कर रहे हैं ॥ १० ॥

विज्ञाय यं भवगतौ भ्रमतां जनानां ज्ञातव्यमेव किमपीह न विद्यतेऽङ्ग ! ।
तज्ज्ञानकारणमुमेशपदाब्जसेवाप्रीतिश्चकास्ति भज तं त्विह लब्धयेऽमुम् ॥११॥

'उपनन्द ! सुनो—जिन भगवान्‌को जान लेनेपर संसारगतिमें भ्रमण करनेवाले लोगोंके लिए यहाँ कुछ भी ज्ञातव्य नहीं रह जाता है, उनके ज्ञानका कारण है—भगवान् उमानाथके चरण-कमलोंकी सेवामें प्रीतिका होना। भगवच्चरण-सेवा—प्रीति ही सर्वत्र सुशोभित होती है; अतः श्रीहरिकी उपलब्धिके लिए उन शिवका ही भजन करो ॥ ११ ॥

मुग्धा विशुद्धमनसः सरलाः स्वभावादाबालवृद्धवनितादियुता व्रजस्थाः ।
आश्रुत्य तत्सुगमसद्गुरुलब्ध्युपायं मग्ना बभूवुरधिगम्य गुरुं सुखाब्धौ ॥१२॥

बालकों, बूढ़ों और वनिताओं सहित समस्त व्रजवासी स्वभावसे ही सरल, मुग्ध और विशुद्ध चित्तवाले थे। वे सद्‌गुरुकी प्राप्तिका यह सुगम उपाय सुनकर और गुरुको जानकर सुखके समुद्रमें निमग्न हो गये ॥ १२ ॥

तद्भक्तिपूर्णहृदयेषु जनेषु तेषु चाह्लादितेषु विनिमीलितलोचनेषु ।
स्वं दृश्यरूपमभिगृह्य पुरःस्थितानां तेषां गृहानधिजगाम शिशुर्विनोदी ॥१३॥

वे सबलोग भगवान् शिवके प्रति भक्तिभावसे परिपूर्ण हृदयवाले हो गये। आनन्दमग्न होकर उन सबने अपने नेत्र मूँद लिये। उसी समय वह विनोदी बालक कन्हैया सामने बैठे हुए लोगोंके घरोंमें दृश्यरूप धारण करके प्रविष्ट हुआ ॥ १३ ॥

गोष्ठं विलोक्य पुरतः प्रथमं समृद्धं गोवत्सवृन्दशतकैरभिशोभमानम् ।
प्रेम्णा निरीक्ष्य सकलान् स्रवदश्रुधारान् तान् बन्धनाँल्लघु मुमोच कृपालुरेषः ॥१४॥

वहाँ पहले उसने देखा सामने समृद्धिशाली गोष्ठ है, जो सैकड़ों बछड़ोंसे सुशोभित है। वे सब प्रेमसे इस नन्द-शिशुको देखकर नेत्रोंसे अश्रुधारा बहाने लगे। इस कृपालु बालकने उन सबको बन्धनमुक्त कर दिया ॥ १४ ॥

दाम्नो विमुच्य युगपन्नवनीरदाभं श्यामं शिशुं कृतदयं गुणतोऽभिरामम् ।
दृष्ट्वा पुरःस्थितममुष्य गुणैर्विमुग्धा गोभिः समं वृषगणाः परिवव्रुरेनम् ॥१५॥

एक साथ ही बन्धनसे छूटकर वे सब पशु नूतन जलधरके समान श्याम उस गुणाभिराम शिशुको, जिसने उन सबके ऊपर बड़ी कृपा की थी, सामने खड़ा देख, उसके गुणोंसे मुग्ध हो गये। गौओं और बछड़ोंके साथ साँड़ भी उसे चारों ओरसे घेरकर खड़े हो गये ॥१५

गोष्ठात्ततः समुपसृत्य कटाक्षभङ्ग्या पश्यन्नितस्तत उपेन्द्र उपाजगाम ।
तच्छम्भुभक्तिभरितं भजनैः सुरम्यं पूर्वोक्तवेश्मनि पुनः स तथोपविष्टः ॥१६॥

गोष्ठके भीतरसे निकलकर उपेन्द्र श्रीकृष्ण कटाक्ष-भंगीसे इधर-उधर देखते हुए पुनः उस पूर्वोक्त सदनमें पूर्ववत् अदृश्य-भावसे आ बैठे, जो भगवान् शङ्करकी भक्ति भावनासे भरा था और भजन-कीर्तन द्वारा अत्यन्त सुरम्य जान पड़ता था ॥ १६ ॥

गावो वृषा इत उपेन्द्रममुं व्रजन्तं दृष्ट्वा विमुग्धमनसाऽनुगताः सवत्साः ।
आर्योपनन्दगृहसीमनि मार्ग एवं चान्तर्हितः परमसौ ददृशुश्च तं ते ॥१७॥

उपेन्द्रको यहाँसे जाते देख गाय-बैल और बछड़े विमुग्धचित्त हो, उनके पीछे-पीछे चले। किन्तु आर्य उपनन्दके घरकी सीमाके भीतर मार्गमें ही वह श्याम शिशु अदृश्य हो गया। उसे अदृश्य होते उन सबने देखा ॥ १७ ॥

या दुर्दशा भवति लुप्तफणामणीनामाशीविषां हतविवेकधियां नराणाम् ।
तेषामपीह युगपच्छिशुलोपजन्या धन्या दशा भवदहोऽतुलशक्तिगम्या ॥१८॥

फणाकी मणिके लुप्त हो जानेसे सर्पोंकी जो दुर्दशा होती है तथा विवेक-बुद्धिके नष्ट हो जानेसे मनुष्योंकी जैसी दुरवस्था होती है, वैसी ही दुर्दशा उस शिशुके अन्तर्धान हो जानेसे एक साथ ही उन गौओंकी भी हुई। उनकी वह धन्य दशा अतुल शक्तिसे ही गम्य थी ॥ १८ ॥

दुःखात्मकेन तददर्शनजेन तेन शोकेन विह्वलधियो वृषभादयस्ते ।
हुम्बारवं गतभयं प्रतिमुञ्चमाना रेजुस्तदार्यभवनं परितः क्षणेन ॥१९॥

नन्द शिशुके उस अदर्शनजनित दुःख-शोकसे विह्वल-चित्त हुए वृषभ आदि हुम्बारव करते हुए एक ही क्षणमें आर्य उपनन्दके घरके चारो ओर निर्भय खड़े हो शोभा पाने लगे ॥ १९ ॥

प्रेम्णा निमीलितदृशः शिवभक्तिपूतास्तन्नामकीर्तनपराः स्मृतगर्गवाक्याः ।
ते गोदुहस्तदनु तान् ददृशुः समेतान् हुम्बारवैर्ध्वनितदिग्दशकानसङ्ख्यान् ॥२०॥

वहां जो गोप बैठे थे, उनकी आँखे प्रेमसे मुँदी हुई थी। उनका अन्तःकरण शिव-भक्तिसे पवित्र हो गया था तथा वे गर्गजीके वचनोंको स्मरण करके शिव-नामकीर्तनमें लगे हुए थे। उन्होंने हुम्बारवसे दशों दिशाओंको ध्वनित करनेवाले असंख्य गाय बैलोंको वहाँ एक साथ उपस्थित देखा ॥ २० ॥

आश्चर्यफुल्लवदना उपनन्दमुख्याः प्रेम्णाऽवदन् मिथ उपागतगात्रहर्षाः ।
एतत् कथं ह्यभवदेकपदे समस्ता दाम्नो विमुच्य कथमागतवन्त इत्थम् ? ॥२१॥

उस समय उपनन्द आदि गोप एक दूसरेको देखने लगे। उनके शरीरमें रोमाञ्च हो आया। और मुख-कमल आश्चर्यसे खिल उठे। वे बोल उठे—'ऐसा कैसे हुआ ? एक साथ ही समस्त गाय-वृषभ बन्धनसे छूटकर इस तरह यहाँ कैसे आ गये ॥ २१ ॥

आभाष्य चेत्थमभितः स्मयचित्रितेषु गोपेषु गोपशिशवोऽस्फुटमाहुरित्थम् ।
आगत्य गोष्ठमिह नन्दकुमारकृष्णो दाम्नो मुमोच सकलानिति दृष्टवन्तः ॥२२॥

इसप्रकार एक दूसरेसे कहकर सब ओर गोपगण जब विस्मयविमुग्ध हो, चित्रलिखितसे हो गये, तब गोपशिशु अपनी तुतलाती हुई बोलीमें इस प्रकार कहने लगे—'नन्दनन्दन कृष्णने यहाँ गोष्ठमें आकर समस्त गौओंको बन्धनसे मुक्त कर दिया है। यह बात हमने अपनी आँखोंसे देखी है ॥ २२ ॥

एतत् कथं भवति गोकुलराजबालो नैतादृशः सुगतिको वयसा स चाल्पः ।
तत्रापि दुग्धवदनाः शिशवो वदन्ति विश्वासयोग्यमद एव कथं भवेद्वा ? ॥२३॥

'यह कैसे सम्भव है ! गोकुल राजकुमार इस प्रकार अच्छी तरह चलने-फिरनेवाला नहीं है और उसकी अवस्था बहुत थोड़ी है। उसपर भी दुधमुँहे बच्चे यह बात कह रहे हैं। भला, इनकी बातें विश्वासके योग्य कैसे हो सकतीं हैं ?' ॥ २३ ॥

इत्थं वदत्सु सकलेषु च चित्रितेषु प्रेम्णा निरीक्ष्य सकलान् स महाविनोदी ।
सन्नन्दगोष्ठमभिगम्य तथैव वत्सान् गा गोवृषांश्च विमुमोच सुखेन दाम्नः ॥२४॥

जब सब लोग आश्चर्यचकित हो, ऐसी बातें कह रहे थे, उस समय उस महाविनोदी बालकने उन सबपर प्रेमपूर्ण दृष्टि डालकर सन्नन्द नामक गोपकी गोशालामें प्रवेश किया। और वहाँ भी उसने उसी प्रकार गायों, बैलों और बछड़ोंको सुखपूर्वक बन्धनसे मुक्त कर दिया ॥ २४ ॥

दृष्ट्वा तदद्भुतशिशुं पुरतो ज्वलन्तं हुम्बारवं प्रतिविमुच्य गुणार्द्रचित्ताः ।
चक्रन्दुरार्तमनसा स्वगिरा यदा ते विश्रुत्य तत् सभयमभ्ययुरत्र गोपाः ॥२५॥

जब वे सब उस दीप्तिमान् अद्भुत शिशुको सामने प्रकाशित होता देख उसके गुणोंसे आर्द्रचित्त हो क्रन्दन करने लगे तब उनकी आवाज सुनकर गोपगण भयभीत हो वहाँ आ पहुंचे ॥ २५ ॥

दृष्ट्वैव तं सजलमेघसमानकृष्णं कृष्णं ह्युपद्रवकृतं वयसाऽग्रजास्ते ।
आक्रुश्य सस्मितगिराऽसमये कुकृत्यं कुर्वन्तमव्ययममुं न्यवदंश्च किं भोः ? ॥२६॥

सजल जलधरके समान श्यामवर्णवाले उस उपद्रवकारी कृष्णको देखते ही बड़ी अवस्थावाले गोपबालक चिल्ला उठे और कुकृत्य करते हुए उस अविनाशी शिशुको समय पर ही पकड़कर मुस्कराती हुई वाणीमें उससे बोले—'अजी ! यह क्या हो रहा है !' ॥ २६ ॥

संदृश्य तान् गुरुजनान् पुरतःस्थितान् स्वानात्मानमित्थमपराधिनमाकलय्य ।
साधारणीं नरशिशोः प्रकृतिं सुरम्यां गम्यां सुधीभिरनुसृत्य हसन् स तस्थौ ॥२७॥

तब सामने खड़े हुए गुरुजनोंको देखकर और अपने आपको इसप्रकार अपराधी पाकर मानव शिशुकी सुरम्य साधारणी प्रकृतिका जो सुधी पुरुषोंके लिए ही गम्य है, अनुसरण करके वह बालक हँसता हुआ खड़ा रहा ॥ २७ ॥

धृष्टं तमीश्वरमिमेऽत्र ग्रहीतुकामा किञ्चित्पदानि पुरतोऽस्य गता यदैव ।
कर्तव्यमूढ उपलब्धपरात्मशक्तिरन्तर्हितः सुखद एष शिशुस्तदैव ॥२८॥

उस ऐश्वयंशाली धृष्ट बालकको पकड़नेके लिए वे गोप ज्योंही उसके सामने दो-चार पग चले, त्योंही वह सुखदायक शिशु किंकर्तव्यविमूढ़ हो, अपनी परमात्मशक्तिको उपलब्ध करके अन्तर्धान हो गया ॥ २८ ॥

गोपालराजतनयेऽथ तथा विलीने गोपा बभूवुरतिखिन्नहृदः क्षणेन ।
दृष्ट्वा चमत्कृतिममुष्यशिशोरतुल्यां ह्यन्योन्यमेव सकला विकला अभूवन् ॥२९॥

गोपाल राजकुमार कृष्णके इस प्रकार अदृश्य हो जानेपर गोपोंका चित्त क्षण भरमें अत्यन्त खिन्न हो गया। उस शिशुका वह अनुपम चमत्कार देखकर वे सब एक-दूसरेका मुँह ताकते हुए अत्यन्त व्याकुल हो उठे ॥ २९ ॥

तद्वद्व्रजस्थगुरुमान्यसुधीजनानां गोष्ठे प्रविश्य बहुरूपधरोऽर्भकोऽसौ ।
दाम्नो विमुच्य सुरभीवृषभानकाले वत्सानपाययदहो ! पय आत्मतुष्ट्यै ॥३०॥

इसी प्रकार व्रजके निवासी गुरु मान्य तथा सुधो जनोंके गोष्ठमें प्रवेश करके उस अनेक रूपधारी बालकने असमयमें ही गौओं और बैलोंको बन्धन-मुक्त करके बछड़ोंको दूध पिला दिया। यह सब उसने अपनी प्रसन्नताके लिए किया ॥ ३० ॥

स्वां योगशक्तिमधिगम्य ततः स बालो द्रागाससाद वृषभानुगृहं समृद्धम् ।
यस्याऽजिरे प्रियसखीनिवहैः समेता ह्यासीद्विमुग्धहृदयाऽस्य सुता भ्रमन्ती ॥३१॥

तदनन्तर अपनी योगशक्तिका आश्रय ले वह बालक तत्काल ही वृषभानु गोपके समृद्धिशाली भवनमें जा पहुँचा। जिसके आँगनमें अपनी प्रिय सखियोंके साथ विमुग्धहृदया वृषभानुनन्दिनी श्री राधा विचर रही थीं ॥ ३१ ॥

दृष्ट्वैवताममितकान्तिममेयरूपां संभ्रान्त एष बहुधाऽतुलशक्तितोऽस्याः ।
तूष्णीं जगाम तत एव सुशोभितं तद्गोष्ठं गवां बहुगणैः कृतभव्यभूषम् ॥३२॥

उनकी कान्ति अनन्त एवं अपरिमित थी। उनके रूपसौन्दर्यकी कहीं तुलना नहीं थी। उसकी अनुपम शक्तिसे यह नन्दनन्दन सम्भ्रममें पड़ गया और चुपचाप गौओंकी अनेक यूथोंसे सुशोभित उनके गोष्ठमें चला गया, जिसकी सजावट बड़ी भव्य थी ॥ ३२ ॥

अत्रापि पूर्ववदहो स्थिरबुद्धिरेष दाम्नो मुमोच सुरभीवृषवत्सकांस्तान् ।
प्रेम्णा निरीक्ष्य सभयं सनिवृत्तमानस्तामेव कीर्तितनयां स्वपुरो व्यपश्यत् ॥३३॥

वहाँ भी सुस्थिर चित्तवाले इस बालकने पूर्ववत् गायों, बैलों और बछड़ोंकी रस्सी खोल दी। फिर प्रेमपूर्वक सभयदृष्टिसे देखते हुए जब वह गोष्ठसे लौटने लगा, तब उन्हीं कीर्ति-कन्या श्री राधाको अपने सामने खड़ी देखा ॥ ३३ ॥

दृष्ट्वा पुरस्तमपराधिनमात्महेतुं सञ्चालकं जगत ईश्वरमेकरूपम् ।
साकं सखीभिरुपगम्य रुषा निरीक्ष्य कस्त्वं ब्रुवन्त्यमुमियं परिवार्य तस्थौ ॥३४॥

उस अपराधी शिशुको, जो स्वयं ही अपना कारण था, सम्पूर्ण जगत्को संचालन करनेवाला एकरूप ईश्वर था, सामने देख श्री राधा सखियोंके साथ पास आ गयीं और रोषपूर्वक उसकी ओर देखती हुईं उसे घेरकर खड़ी हो गयीं और तत्काल पूछ बैठीं—'तुम कौन हो !' ॥ ३४ ॥

धृष्टोऽपि चैष बलवानपि तामवार्यां कन्यां विलोक्य बहुधाऽऽत्मगुणैर्ज्वलन्तीम् ।
प्रेम्णा समीक्ष्य विगतस्मय आह सोऽहं ब्रह्माऽस्मि चैत्यपुरुषो वद देवि ! का त्वम् ॥

यद्यपि यह बालक धृष्ट और बलवान् भी था, तथापि उस कन्याको रोक न सका। वह अपने बहुविध गुणोंसे प्रकाशित हो रही थी। उसे देखकर उसके ऊपर प्रेमपूर्ण दृष्टि डालकर उस शिशुका अभिमान उतर गया और वह बोला—'देवि ! मैं परब्रह्म हूँ, चैत्य-पुरुष हूँ, बताओ, तुम कौन हो !' ॥ ३५ ॥

सा चाह भोः ! प्रकृतिरस्म्यमेकरूपा सञ्चालिका जगत ईश्वरशक्तिरेका ।
मायां वदन्ति सुधियो बहुधाऽऽत्तमायां मां ब्रह्मणोऽपि हृदिगां धृतबुद्धिकायाम् ।३६।

वह बोली—'भद्रपुरुष ! मैं एकरूपा प्रकृति हूँ। इस जगत्का संचालन करनेवाली अद्वितीय ईश्वर-शक्ति हूँ। सुधीजन मुझे अनेक प्रकारकी माया स्वीकार करनेवाली योगमाया कहते हैं। मैं बुद्धिमयी काया धारण करके परब्रह्मके भी हृदयमें निवास करती हूँ ॥ ३६ ॥

त्वं हन्त ! लब्धबहुधाऽऽत्मबलो बलीयान् यच्छोभसे हृदि सतां धृतचैत्यरूपः ।
इत्थं ह्युपद्रवमहो ! प्रतिसद्म गत्वा कुर्वन् विलज्ज इह भासि कथं विरूप ! ॥३७॥

'परन्तु खेदकी वात है कि तुम्हें अनेक प्रकारका आत्मबल प्राप्त है। तुम सबसे अधिक बलवान् हो। चैतन्यरूप धारण करके सत्पुरुषोंके हृदयमें विराजमान हो, तो भी तुम प्रत्येक घरमें जा-जाकर ऐसा उपद्रव करते हो। आश्चर्य है कि इसके लिए तुम्हें लज्जा नहीं आती यहाँ विरूप ( अथवा विविधरूपधारी ) होकर कैसे शोभा पाते हो ? ॥ ३७ ॥

दृष्टं मया बहुविधं तव कर्म चैतत् यत्पीडयस्यहह ! गोकुलवासिनोऽस्मान् ।
येन त्वयाऽसमय एव निविश्य गोष्ठे संमोच्यते वृषगवां गण एकवृत्त्या ॥३८॥

'अहह ! मैंने तुम्हारा यह बहुविध कर्म देखा है। जिससे तुम हम गोकुलवासियोंको पीड़ा देते रहते हो। तुम असमयमें ही गोष्ठमें प्रवेश करके गाय-बैलोंके समुदायको एक साथ बन्धनमुक्त कर देते हो ॥ ३८ ॥

भो मेघकृष्ण ! शृणु मद्वचनं त्वमेकं मैतादृशो भव विनोदरतः कदापि ।
गोदुग्धविक्रयपरा व्रजवासिवृत्तिर्यत्क्षीयते पिबति वत्सगणः पयांसि ॥३९॥

'घनश्याम ! तुम मेरी एक बात सुनो। तुम इस तरहकी क्रीड़ामें कदापि संलग्न न होओ। व्रजवासियोंकी जीविका गायोंके दूध-दही बेचनेसे ही चलती है। तुम्हारे कारण जब बछड़े सारा दूध पी लेते हैं, तब वह जीविका क्षीण हो जाती है ॥ ३९ ॥

सा चाऽऽर्थकी सुमहती भवतीह हानिः सीदत्यतो व्रजजनः सधनोऽधनो हा ! ।
याः वच्मि गोकुलनिवासिसुतासखीनां यूथेश्वरी प्रकृतिरस्मि गुणेषु लुब्धा ॥४०॥

'यह बहुत बड़ी आर्थिक हानि हो रही है। इससे व्रजके धनी भी निर्धन होकर कष्ट पायेंगे। मैं गोकुलनिवासियोंको कन्यास्वरूपा सखियोंकी यूथेश्वरी हूँ। तुम्हारे गुणोंपर लुब्ध रहनेवाली दिव्य-प्रकृति हूँ। मैं जो कहती हूँ, उसपर ध्यान दो ॥ ४० ॥

यूथेश्वरोऽहमपि पश्य कटाक्षकान्ते ! त्वं दर्पपूर्णहृदयासि किमीक्षसे माम् ।
संभूय यूथश इमे रुचिरा वयस्यास्ते चागता इह विलोकय निर्गुणं माम् ॥४१॥

श्रीकृष्ण बोले—'अपने कटाक्षसे अत्यन्त कमनीय प्रतीत होनेवाली श्री राधे ! देखा, तुम यूथेश्वरी हो तो मैं भी यूथेश्वर हूँ। इस समय तुम्हारा हृदय दर्पसे भरा हुआ है। तुम मेरी ओर इस तरह क्यों देखती हो ! ये मेरे सुन्दर सखा यूथके यूथ एकत्र हो यहां आ पहुँचे हैं। मैं इन्हींका यूथेश्वर हूँ। मुझ निर्गुण पुरुषपर दृष्टिपात करो। ॥ ४१ ॥

नास्त्यत्र भो ! मदपराध इमे व्रजस्थाः कुर्वन्ति गोपनिवहाः सततापराधम् ।
नीत्वा बहिर्व्रजपुरान्मथुराप्रदेशे विक्रीयतेऽहहह ! गोरसमेभिरेव ॥४२॥

'अजी ! मेरा यहां कोई अपराध नहीं है। ये व्रजवासी गोप ही सदा अपराध करते हैं। हाय ! कितने खेदकी बात है कि ये गोदुग्धजीवी गोप ही व्रजपुरसे बाहर ले जाकर मथुरा प्रदेशमें इस गोरसका विक्रय करते हैं ॥ ४२ ॥

एतत् कथं भवति युक्तमहो ! वद त्वं तद्दुग्धविक्रयमशोभनकर्म तेषाम् ।
तत्रापि दुष्टहृदयेभ्य इमे सहर्षं नीत्वा स्वयं ददति हन्त ! धनेन किञ्चित् ॥४३॥

'अहो ! उन गोपगणोंका यह गोदुग्ध-विक्रयरूप अशोभन कर्म उचित कैसे हो सकता है ? यह तुम्हीं बताओ। उस पर भी विशेषता यह है कि ये स्वयं ले जाकर उन दुष्ट हृदयवाले असुरोंको थोड़े-से धनके बदले अपना सारा गोरस दे आते हैं ॥ ४३ ॥

एतां स्थितिं ह्यशुभदां परिहर्तुकामो वत्सानपाययमहं तु गवां पयांसि ।
त्वं कर्म तत् परिहराऽत्र भृशं समर्था यच्छ्रीरिवाऽसि सुखदाऽसि रुषं जहीहि ॥४४॥

'इस अशुभदायिनी परिस्थितिको टालनेके लिए मैंने बछड़ोंको सारे गोदुग्ध पिला दिये हैं। तुम भी गोपोंके इस गोरस-विक्रय रूप कर्मको रोको; क्योंकि इसमें पूर्ण समर्थ हो, लक्ष्मीकी भाँति सर्वसुखदायिनी हो। मेरे प्रतिरोषको त्याग दो ॥ ४४ ॥

गोपालनं धरणिकर्षणमात्मनीना वाणिज्यकर्म विहिता शुभवैश्यवृत्तिः ।
सा क्षीयते न यदि तत्क्रियते व्रजस्थैः किं भो ! ब्रुवन्त्यहह ! सैक्षत वक्रदृष्ट्या ॥४५॥

'गोपालन, खेती और वाणिज्य कर्म—यही अपने लोगोंके लिए हितकर शुभ वैश्यवृत्ति है। अहह ! यदि व्रजवासी यह सब न करें तो उनकी जीविकावृत्ति ही नष्ट हो जायगी ! क्यों जी ! क्या ऐसी बात नहीं है ?' यह कहती हुई श्रीराधाने कटाक्षपूर्वक श्रीकृष्णकी ओर देखा ॥ ४५ ॥

युक्तं शुभे ! तदपि वच्मि भुजङ्गमेभ्यो गोदुग्धदानमुपयुक्तमहो ! कथं स्यात् ।
तस्मान्निवारय विनिन्दितकर्मणस्तान् गोपान् समस्तधनधान्यगुणैः समृद्धान् ॥४६॥

'शुभे ! तुम्हारा कहना ठीक है तथापि अहो ! सर्पोंको गायका दूध पिलाना कैसे उपयोगी हो सकता है ? यहाँके गोप समस्त धनधान्य-गुणोंसे सम्पन्न हैं, तथापि यह निन्दित कर्म कर रहे हैं। अतः तुम इन्हें रोको ॥ ४६ ॥

किं दानकारणमथाऽपि वरोरु ! तत्र यद्दीयते प्रतिदिनं स्वयमेव नीत्वा ।
दुग्धाधिकत्वविनिवारणमेव तच्चेद् गोपाः सदा ददतु मूल्यमृते सुधीभ्यः ॥४७॥

'वरोरु ! गोप लोग जो प्रतिदिन स्वयं ले जाकर दुष्टोंको दूध दही दे आते हैं, उनके इस दानका क्या कारण है ? यदि दूधकी अधिकताका निवारण करना ही कारण है, तो गोपगण सदा ज्ञानी सत्पुरुषोंको दूध दिया करें और उनसे इसके लिए कुछ भी मूल्य न लें।' ॥ ४७ ॥

इत्यूचिवान् स तत एव विलीय भूयः स्वस्याऽङ्गणं समधिगम्य विलोक्य सर्वान् ।
लीलां समाप्य बहुसारभरां विचिन्त्यां ह्यङ्के स्वमातुरवसच्च कुचौ प्रगृह्य ॥४८॥

ऐसा कहकर श्रीकृष्ण वहींसे अदृश्य हो गये और पुनः अपने आँगनमें आकर सबकी ओर दृष्टिपात करके उन्होंने अत्यन्त सारपूर्ण और चिन्तन करने योग्य अपनी वह लीला समाप्त की। फिर अपनी माताके गोदमें जा बैठे और उसके स्तन पकड़कर पीने लगे ॥४८॥

भक्ता बुधा भावुकसाधवोऽङ्ग ! मुग्धा वयं साम्प्रतमस्य पाठात् ।
विश्रम्य किञ्चिद्रसपानमग्ना भूयः पठिष्याम इयं स्थितिः स्यात् ॥४९॥

हे भक्तो ! विद्वानो ! और भावुक साधु पुरुषो ! इस समय हम इस काव्य-पाठसे भाव-मुग्ध हो गये हैं। अब थोड़ा विश्राम लेकर पुनः रसपानमें मग्न हो इसे पढ़ेंगे। यही स्थिति रहे ॥ ४९ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते।
त्रयोविंशोऽपि सर्गोऽगान्महाकाव्ये स्तवात्मके ॥५०॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें तेइसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ५० ॥

* * *

# चतुर्विंशः सर्गः

[ भगवतः शौचस्नानादि वर्णनम् । तस्य प्राङ्गणाऽऽगमनम् । भगवता रामेण तद्भाविकार्यक्रमनिर्देशनञ्च ]

( भुजङ्गप्रयातम् )

**कदाचित् प्रभाते प्रबुद्धः स बालो ददर्शाऽऽत्मनस्तल्पसुप्तां यशोदाम् ।**
**निमील्यैव भूयोऽपि नेत्रे मिषेण प्रसुष्वाप हस्तौ क्षिपंस्तत्स्तनाग्रे ॥१॥**

एक दिनकी बात है कि वह बालक नन्दशिशु प्रातःकाल जाग उठा । उस समय उसने अपनी माता यशोदाको अपनी शय्यापर प्रगाढ़ नींदमें सोयी देखा । फिर वह भी नींदका बहाना लेकर दोनों आंखें बन्द करके माताके स्तनाग्र-भागपर हाथ फेंकता हुआ सो गया ॥ १ ॥

**तदानीं समुद्भूतवार्तः स्वचित्तेऽभवद् ध्यानमग्नः स्वकृत्ये सदर्थे ।**
**मया गोकुलानां हितार्थं सुखेन प्रसूनां स्तनं पायितास्तर्णकाद्याः ॥२॥**

उस समय उसके मनमें एक बात आयी । वह सत्पुरुषोंके हितके लिए किये जानेवाले अपने कर्तव्यके विषयमें ध्यानमग्न होकर सोचने लगा ।—'मैंने गोकुलके हितके लिए सुखपूर्वक बछड़े आदिको उनकी माताओंके स्तन पिला दिये हैं ॥ २ ॥

**अनेनाऽप्यभून्न्यूनता गोरसानां व्रजादन्यभागेष्वसद्विक्रयस्य ।**
**तथाऽपीह गोपाः स्वभावेन लुब्धा मिषेणापि नीत्वा तथैवाऽऽचरन्ति ॥३॥**

ऐसा करनेसे इस व्रजसे अन्य भागोंमें गोरसके अनुचित विक्रयमें कमी हो गयी है । तथापि यहाँके गोप स्वभावसे ही लोभी हैं, अतः कोई बहाना बनाकर गोरस ले जाते हैं और पूर्ववत् उसका विक्रय करते हैं ॥ ३ ॥

**अतः पूर्णरूपेण तद्रोधनार्थं प्रपूर्णां निजेच्छामिमां कर्तुकामः ।**
**यतिष्येऽहमस्मिन् व्रजे गोरसानां ह्रदे मज्जमानोऽप्यमीषां गृहेषु ॥४॥**

अतः इस गोरस-विक्रयपर पूर्ण रूपसे रोक लगानेके लिए तथा अपनी इस अधूरी इच्छाको पूरी करनेके लिए मैं इस व्रजमें प्रयत्न करूँगा । इन गोपोंके घरोंमें गोरसका तालाब बनाकर उसमें निमग्न होकर भी यह कार्य सिद्ध करूँगा ॥ ४ ॥

**भविष्यत्यनेनाऽपि तृप्तिः परा सा यदिच्छन्ति मित्राणि भोक्तुं च तेभ्यः ।**
**तथा वानरेभ्यो नरेभ्योऽपि सोऽयं विनोदः प्रदास्यत्यभीक्ष्णं च तुष्टिम् ॥५॥**

इससे भी मुझे परम-तृप्ति होगी। क्योंकि मेरे सखा माखन आदि खाना चाहते हैं। मेरा यह विनोद उन सखाओंको वानरोंको तथा अन्यान्य मनुष्योंको भी बारम्बार सन्तोष प्रदान करेगा ॥ ५ ॥

कृतेऽर्थे भविष्यन्ति ये बुद्धिमन्तो महान्तो महात्मान एतेऽथ तस्मिन् ।
किमेवं कथं वाऽकरोद्विश्वनाथो वदिष्यन्ति वादैरनेकैर्वितर्क्यैः ॥६॥

यह कार्य सिद्ध हो जानेपर भविष्यमें जो बुद्धिमान् महान् महात्मा होंगे, वे इस विषयमें अनेक प्रकारके वितर्क-वादोंद्वारा कहेंगे कि जगदीश्वर श्रीकृष्णने ऐसी लीला क्यों की? कैसे की? इत्यादि ॥ ६ ॥

विनोदी स एवं विचार्यैव चित्ते द्रुतं ह्याजुहाव स्वयं मातरं ताम् ।
अयि स्वापशीले ! प्रबुध्यैव मान्तु नयेतो बहिः शौचमाकाङ्क्षमाणम् ॥७॥

मन ही मन ऐसा विचार करके उस विनोदी बालकने तुरन्त अपनी माताको पुकारा। ओ सोनेवाली मैया ! उठो तो सही। मुझे बाहर ले चलो। मुझे शौचकी हालत हो रही है ॥ ७ ॥

सुतस्येदृशीं वाचमाकर्ण्य सुप्ता यशोदा तमुत्थाप्य चोत्थाय कोष्ठात् ।
क्षणादानयामास सद्मान्तराले मलं त्याजयामास संस्थाप्य पद्भ्याम् ॥८॥

बेटेकी ऐसी बात सुनकर सोयी यशोदा तत्काल उठ खड़ी हुई और उसे गोदमें उठाकर क्षणभरमें कमरेसे बाहर ले आई। फिर घरके बीच आँगनमें उसे अपने पांबोंके सहारे बिठाकर मल त्याग करवाया ॥ ८ ॥

स्वतः शुद्धरूपं नराकारमेवं ह्यजानन्त्यमुं स्नापयामास पश्चात् ।
शुभे पीतवस्त्रे उभे संनिधाप्य शरीरेऽस्य शोभां व्यपश्यत् समृद्धाम् ॥९॥

यह निराकार बालक स्वतः शुद्ध-स्वरूप परमात्मा है, इस बातको यशोदा नहीं जानती थी। अतः शौचके पश्चात् उसे नहलाया-धुलाया। फिर उसे दो पीताम्बर पहनाया। इससे उसके शरीरकी शोभा कई गुनी बढ़ गई। यह बात यशोदाने प्रत्यक्ष देखी ॥ ९ ॥

ललाटे पुनश्चित्रकं भूषयित्वा विसर्पत्सुगन्धिद्रवं चान्वयुंक्त ।
ततो नीलकण्ठस्य पिच्छांशमेकं शिरस्यस्य विन्यस्य हृष्टा बभूव ॥१०॥

तदनन्तर ललाटमें तिलक और शरीरमें सुगन्ध फैलानेवाला अनुलेपन लगाया। इसके बाद उस शिशुके मस्तक पर एक मोरपंखका मुकुट रख दिया। यह सब करके यशोदाको बड़ा हर्ष हुआ ॥ १० ॥

तथाऽप्यस्य दृष्ट्वा शरीरश्रियं तां ह्यपूर्णामिवाऽनन्तशक्तेर्विभाव्य ।
समानीय कोष्ठादलङ्कारजातं यथास्थानमस्याऽङ्ग आधात् सती सा ॥११॥

इसपर भी उस अनन्त शक्तिशाली शिशुके शरीरकी शोभाको अपूर्ण सी देखकर उसने मन ही मन विचार किया और घरके भीतरसे बहुतसे आभूषण लाकर सती यशोदाने उसके अंगोंमें यथास्थान पहना दिया ॥ ११ ॥

ततः स्वर्णमण्यादिभिः प्रोज्ज्वलं तं प्रदीप्तं यथा चञ्चलं चान्द्रबिम्बम् ।
पयः पाययामास सा कापिलेयं विनिःक्षिप्य वक्त्रेऽस्य हैयङ्गवीनम् ॥१२॥

तदनन्तर स्वर्णरत्न आदिसे जगमगाता हुआ वह बालक चंचल चन्द्रमण्डलके समान उद्दीप्त हो उठा । उस समय माताने उसके मुखमें ताजा माखन देकर उसे कपिला गायका दूध पिलाया ॥ १२ ॥

तदैवाऽऽगतान् प्रेक्ष्य मुग्धान् वयस्यान् स्वकोष्ठाद्बहिः प्रागसावाजगाम ।
समुत्प्लुत्य दाशीकराभ्यां नदीतो यथाऽभ्येति मीनः समुद्रे तथैव ॥१३॥

उसी समय बहुतसे भोले-भाले सखाओंको आया देख कन्हैया पहले ही अपने घरसे बाहर निकल आया । जैसे नदीसे निकाला हुआ कोई मीन मल्लाहिनके हाथोंसे उछलकर समुद्रमें आ गया हो ॥ १३ ॥

यशोदा ततो द्वारमागत्य भीता यदा पश्यति स्माऽव्ययां तस्य लीलाम् ।
तदाऽऽहूतवानार्य ! चागम्यतां भो ! गृहप्राङ्गणेऽस्मीति रामाग्रजं तम् ॥१४॥

तब यशोदा भयभीत हो, द्वारपर आकर ज्योंही उसकी अविनाशिनी लीलाको देखने लगीं, त्योंही उसने अपने बड़े भाई बलरामको पुकारा—'आर्य ! आओ । मैं घरके आँगनमें खड़ा हूँ' ॥ १४ ॥

गतस्तद्ध्वनिः कर्णरन्ध्रं प्रविश्य बलं कारयामास सोत्कण्ठमेवम् ।
यतस्तेन विस्मृत्य देहस्थितिं स्वां तदैवाऽऽगतं सार्धमेतेन रन्तुम् ॥१५॥

उसकी आवाज जब कानोंमें पहुँची तो बलराम वहाँ आनेके लिए उत्कण्ठित हो गये । वे अपने देहकी सुधि भुलाकर तत्काल उसके साथ खेलनेके लिए आ पहुँचे ॥ १५ ॥

स कृष्णोऽत्र नीलाम्बरः श्वेतदेहो बलो रक्तवर्णैर्वयस्यैर्वृतस्तैः ।
भृशं शोभितोऽभूद्यथा श्वेतमेघो विभाति ह्यपतौ सुरेन्द्रस्य चापैः ॥१६॥

नन्द-शिशु कृष्णवर्णका था और नीलाम्बरधारी बलरामका शरीर गौरवर्णका था । रक्तवर्णवाले सखाओंने उन्हें घेर रखा था । वे वर्षाकाल बीतनेपर इन्द्रधनुषसे घिरे हुए श्वेत बादलके समान अत्यन्त शोभा पाने लगे ॥ १६ ॥

इतो बाहुमूले धृते क्रीडनार्थे दृढे हालमौसल्ययुग्मे च तस्य ।
भृशं रेजतुर्वैश्यवृत्तिप्रधाने स्त एवाऽत्र हेतू सुखे संसृते द्वे ॥१७॥

इधर बळरामजीने अपने बाहोंके मूळभागमें खेलके लिए सुदृढ़ हल और मूसल धारणकर रखे थे। ये दोनों वैश्य-वृत्तिके प्रधान साधन हैं और सांसारिक सुखके हेतु भी हैं; अतः इनकी बड़ी शोभा होती थी ॥ १७ ॥

ततो वंशयष्टिं वयस्यस्य हस्तात् समाच्छिद्य रामो बभाषे मुकुन्दम् ।
किमर्थं समाहूत आयुष्मताऽहं कुतस्त्या प्रवृत्तिर्वरीवर्ति चाऽद्य ? ॥१८॥

तदनन्तर एक सखाके हाथसे बांसकी छड़ी छीनकर बलरामने मुकुन्दसे कहा—'आयुष्मन्! तुमने मुझे किस लिए बुलाया है? आज किधर चलनेकी प्रवृत्ति हो रही है? ॥ १८ ॥

करस्था दृढा यष्टिरेषाऽद्य कस्य विभिन्द्याद् घटान् गोरसानां सुधाक्तान् ।
दधिद्रप्सतक्रैश्च हैयङ्गवीनैः क्षुधा क्षीयते वाऽद्य केषां शुभानाम् ? ॥१९॥

'बताओ, आज मेरे हाथकी यह सुदृढ़ लाठी किसके घरके गोरस-सुधासे परिपूर्ण घड़ोंको फोड़ डाले? आज किन शुभ सौभाग्यशाळी लोगोंकी भूख दही, मट्ठा, तक्र और ताजे माखनोंसे मिटायी जायगी? ॥ १९ ॥

इमे वानरा यात्रिणस्ते नराश्च प्रसन्ना भवन्त्यद्य वा कैश्च कृत्यैः ।
गुणैर्मोहिता गोपगोप्यश्च गावः प्रफुल्ला भविष्यन्ति किं छद्मचौर्यैः ॥२०॥

'ये बानर और यात्री मनुष्य आज किन कृत्योंसे प्रसन्न होंगे? तुम्हारे गुणोंसे मोहित ये गोप, गोपी और गायें आज किस, वस्तुकी छद्म-पूर्ण चोरीसे प्रफुल्ळ हो उठेंगी? ॥ २० ॥

बले भाषमाणेऽथ भाविन्युदात्ते मुकुन्दस्य कार्यक्रमे चेत्थमत्र ।
निरीक्ष्यैव तं देहलीं संश्रिता सा यशोदा गृहान्तर्गता विस्मितेव ॥२१॥

मुकुन्दके ऐसे उदात्त कार्य-क्रमके विषयमें बलरामजीके इस प्रकार भाषण देनेपर द्वार देहलीपर खड़ी यशोदा उनपर एक दृष्टि डालकर विस्मित-सी हो घरके भीतर चली गयी ॥ २१ ॥

गोपालराजरमणी रमणस्य पार्श्वे गत्वाऽत्र पूजनगृहे परिगृह्य पुष्पम् ।
पत्या समं शिवमुपास्य सुतस्य भद्रं स्यादित्यथाऽस्य पदयोश्च तदक्षिपत् सा ॥२२॥

तव गोपराजकी रमणी यशोदा अपने पतिके पास पूजन गृहमें गयीं और एक फूल हाथमें लेकर पतिके साथ ही भगवान् शिवकी उपासना करके 'मेरे पुत्रका

कल्याण हो' इस आशीर्वादकी याचना करती हुई उन्होंने शिवके चरणोंमें वह पुष्प अर्पित कर दिया ॥ २२ ॥

धृष्टोऽयं चपलो बालो ह्यद्य किं किं करिष्यति ।
न पारयाम्यहं रोद्धुं हरिर्मे शं विधाष्यति ॥२३॥

'मेरा यह बालक धृष्ट तथा चपल है। पता नहीं आज क्या-क्या करेगा ? मैं उसे-रोक नहीं पाती हूँ। भगवान् हो मेरा कल्याण करेंगे' ॥ २३ ॥

इत्युक्त्वा देवदेवस्य महादेवस्य सन्निधौ ।
सा पपात भृशं दीना भयसंजातवेपथुः ॥२४॥

ऐसा कहकर वे देवदेव महादेवके समीप अत्यन्त दीन होकर गिर पड़ीं; भयके कारण वे काँप रही थीं ॥ २४ ॥

स्वमातुस्तादृशीं चेष्टां बुद्ध्वा चित्ते विभाव्य सः ।
किंकर्तव्यविमूढोऽभूत् स्नेहात्तद्गतमानसः ॥२५॥

अपनी माताकी वैसी चेष्टा मनमें जानकर और उसपर विचार करके श्रीहरि किं—कर्तव्य विमूढ हो गए। उनके स्नेहवश श्रीकृष्णका मन मातामें ही लग गया था ॥ २५ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
चतुर्विंशोऽप्यगात् सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥२६॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह चौबीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ २६ ॥

* * *

# पञ्चविंशः सर्गः

[ गोपबालकैः समं मथुरामार्गे निलीय गोदुग्धादिविक्रयार्थं मथुरागामिनीनां गोपगोपीनां पयस्यलुञ्छने सज्जीकरणवर्णनम् ]

( चम्पकमालावृत्तम् )

अन्यमनस्कं मेघसवर्णं भावविवर्णं मातृदशायाम् ।
कृष्णमथोचुस्ते प्रियबालाः पश्यति रामे तत्र सभायाम् ॥१॥

मेघके समान श्याम वर्णवाले कृष्ण भावविवर्ण हो माताकी पूर्वोक्त दशासे अन्यमनस्क थे । उस समय उनके प्रिय सखा ग्वाल-बाल आकर भरी सभामें बलरामजीके देखते-देखते उनसे इस प्रकार बोले—॥ १ ॥

कृष्ण ! वयं ते स्निग्धवयस्याश्चम्पकमालाः संपरिधाय ।
यन्मिलिता भो ! प्रातरितोऽद्य कुत्र मनस्ते किं कुरुषे वा ? ॥२॥

'कन्हैया ! हम तुम्हारे स्नेही-सखा चम्पाकी मालाएँ धारण करके जो आज तुमसे मिले हैं, उसका कारण यह है कि हम जानना चाहते हैं, आज प्रातः काल तुम्हारे मनमें यहाँसे किस ओर चलनेका संकल्प है ? अथवा तुम क्या करते हो ?' ॥ २ ॥

सस्मितमेषां मित्रगणानां वक्त्रसमूहं सोऽथ समीक्ष्य ।
विस्मृततादृग्भाव उवाच मातरमेनां तांश्च निरीक्ष्य ॥३॥

मित्रगणोंके मुस्कराते हुए मुखमण्डलपर दृष्टिपात करके कन्हैयाको वह पूर्व कथित भाव भूल गया । फिर उसने मैया यशोदा तथा इन सखाओंकी ओर देखकर कहा—॥ ३ ॥

आर्य ! वयस्या ! माथुरमार्गं रोद्धुममीषां विक्रयकर्म ।
याम उपायैर्विक्रयवस्तून्यद्य हितान्येवं प्रविकुर्मः ॥४॥

'बड़े भैया ! और मित्रों ! आज हम लोग इन गोप-गोपियोंके गोरस-विक्रय संबन्धी कार्यको रोकनेके लिए मथुराके मार्गपर चलें और सभी उपायोंसे विक्रयकी वस्तुओंको अपने अधिकारमें ले लें । आज हम लोग इसी प्रकार व्रजका हित-साधन कर सकते हैं' ॥ ४ ॥

युक्तमिदं स्याद्याम उपेन्द्र ! तेऽस्तु सुपूर्णो हृद्गतकामः ।
एवमुपायैर्गोरसमित्थं भूकपिमित्रेभ्यो वितरामः ॥५॥

सखा बोले—'उपेन्द्र ! यह बहुत उचित है, हम अवश्य चलें, तुम्हारा मानसिक संकल्प परिपूर्ण हो । ऐसे उपायोंसे हम लोग भूतलके वानर एवं मित्रोंको गोरस वितरण कर सकेंगे' ॥ ५ ॥

इत्थमसौ तद्वाक्यसुधाभिः प्रेममयीभिरतं त्वभिषिच्य ।
गच्छ दयाब्धे ! प्रागिति चोक्त्वा कृष्णमनैषीन्माथुरमार्गम् ॥६॥

इस प्रकार वह सखामण्डल अपने प्रेममय वचनामृतोंसे कन्हैयाका अभिषेक करके बोला—'दयासागर ? पहले तुम्हीं चलो'। यों कहकर वह ग्वालबालमण्डली कृष्णको मथुराके मार्गपर ले गयी ॥ ६ ॥

ते व्रजबाला रामसमेताश्चम्पकमालाशोभितगात्राः ।
कृष्णबलाक्ताः संययुरग्रे स्वं करपादं चापि क्षिपन्तः ॥७॥

बलराम सहित वे व्रजके बालक, जिनके गात्र चम्पाकी मालाओंसे शोभित थे, कृष्णके बलसे परिपुष्ट हो, अपने हाथ-पैर फेंकते हुए आगे-आगे चले ॥ ७ ॥

हो ! हो ! ही ! हीत्युक्त्वा सर्वे शीघ्रं प्रापुर्मध्येमार्गम् ।
कृत्वा कृत्वा नानायुक्तीः संलिल्युस्ते वृक्षाग्रेषु ॥८॥

'हो हो ! ही ही ! इत्यादि कहते हुये वे सब ग्वाल-बाल शीघ्र ही मथुराके मध्य मार्गमें पहुँच गये और नाना प्रकारकी युक्तियाँ कर-करके वृक्षोंकी आड़में छिप गये ॥ ८ ॥

श्रीदामरामसुबलार्जुनकृष्णमेघप्रस्थर्षभादय उपेन्द्रमनुप्रयाताः ।
बाला बरूथपयुताः सविशालकाश्च संतस्थुरंशुसहिता बलशक्तियुक्ताः ॥९॥

श्रीकृष्णके पीछे चलनेवाले श्री दामा, बलराम, सुबल, अर्जुन, स्तोककृष्ण, मेघप्रस्थ तथा ऋषभ आदि बालक यूथपतियोंसे युक्त हो, विशाल और अंशुके साथ वहाँ जाकर डट गये। वे सभी बलरामकी शक्तिसे सम्पन्न थे ॥ ९ ॥

समारुह्य बृहत्स्कन्धं कदम्बं जलदोज्ज्वलः ।
शिखाग्रेऽस्य स्वयं कृष्णो विरराज महाबलः ॥१०॥

मेघके समान श्याम-उज्ज्वल वर्णवाले महाबली कृष्ण, एक विशाल तने एवं शाखाओं-वाले कदम्ब-वृक्षपर आरूढ़ हो, उसकी शिखाके अग्र भागपर स्वयं विराजमान हो गये ॥ १० ॥

तस्य मूलं श्रितो रामो निजं क्रीडनकं हलम् ।
स्कन्धान्निष्कास्य बाहुभ्यां पृथ्वीं कर्षन्निव स्थितः ॥११॥

बलराम उसी वृक्षके मूलभागका आश्रय ले, अपने खेलके लिए, लिये हुए हलको दोनों हाथों द्वारा कन्धेसे उतारकर धरती जोतते हुए-से खड़े हो गये ॥ ११ ॥

कृषिमुख्यां वैश्यवृत्तिं दर्शयंस्तत्र कर्मणा ।
पयस्यविक्रयं रोद्धुं संकर्षण इयेष ह ॥१२॥

उस कर्मके द्वारा वे यह दिखा रहे थे कि वैश्योंकी मुख्य जीविका-वृत्ति कृषि ही है। इस प्रकार संकर्षणने भी दूध-दहीके विक्रयको रोकनेका विचार किया ॥ १२ ॥

माथुरं मार्गमावृत्याऽदृश्याः शाखामृगा यथा ।
तस्थुः सरामकृष्णास्ते गोपागमनकाङ्क्षिणः ॥१३॥

मथुराके मार्गको घेरकर बलराम और कृष्ण सहित सारे ग्वाल-बाल वानरोंके समान वृक्षोंपर अदृश्य भावसे बैठ गये और गोपोंके आगमनकी प्रतीक्षा करने लगे ॥ १३ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
सर्गोऽगात् पञ्चविंशोऽयं महाकाव्ये स्तवात्मके ॥१४॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति ‘श्रीकृष्णचरितामृत’ नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें पचीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ १४ ॥



# षड्विंशः सर्गः

[ मथुराप्रस्थितानां गोपगोपीनां परस्परं तत्रत्यस्वस्वानुभवश्रावणम् ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

गोपा इतो गोरसविक्रयोत्सुकाः समाप्य कल्ये गृहकृत्यमञ्जसा ।
घटान् घृताक्तान् दधिदुग्धपूरिताञ्छिरःसु संन्यस्य गृहाद्विनिर्ययुः ॥१॥

इधर गोरस-विक्रयके लिए उत्सुक हुए गोपगण बड़े सबेरे सुविधा पूर्वक घरका सारा काम-काज समाप्त करके दही-दूधसे भरे घृताक्त ( चिकने ) घड़ोंको शिरपर रखे घरसे निकले ॥ १ ॥

गत्वा समृद्धां मथुरां पुरीमितो गृहान् भ्रमित्वा यदुभोजवंशिनाम् ।
विक्रीय चेमान् रससम्भृतान् घटांल्लप्स्यामहे काकिणिकाः सुखं वयम् ॥२॥

वे सोचने लगे—हम यहांसे समृद्धि-शालिनी मथुरापुरीमें जाकर यदुवंशियों और भोजवंशियोंके घरोंमें घूमकर गोरस भरे घड़ोंको बेचेगें और सुखपूर्वक बहुत सी काकिबीयां ( इकन्नियां ) अर्जित करेंगे ॥ २ ॥

संमन्त्र्य चेत्थं प्रतिगृह्य गोरसान् गोप्यश्च गोपाश्च सुसज्जितास्ततः ।
तद्राजमार्गेण ययुर्दिदृक्षवो महार्हपण्यादिविभूषितां पुरीम् ॥३॥

इस प्रकार मन्त्रण करके गोरस ले सुसज्जित गोपी और गोपगण उसी राजमार्गसे बहुमूल्य विक्रेय-वस्तुओंसे विभूषित मथुरापुरीको बेचनेके लिए चले ॥ ३ ॥

प्रौढा व्रजन्तः सकला इमे ततः संजल्पुरित्थं पथि चान्तरान्तरा ।
पूर्वं यथा स्वानुभवांस्तु माथुरान् प्रदर्शयन्तो वचनैः सुधामयैः ॥४॥

यात्रा करते हुए वे समस्त प्रौढ़ गोपजन मार्गके बीच-बीचमें इस प्रकार बातें करते थे। वे अमृतमय वचनों द्वारा मथुरा-यात्राके अपने पूर्व अनुभवोंका प्रदर्शन कर रहे थे ॥ ४ ॥

तत्रैक आहाऽथ हिमोज्ज्वलो युवा भवन्त आर्याः ! शृणुताऽद्य मद्वचः ।
गतोऽहमासं मथुरां गतेऽहनि गगर्षये चाऽर्पयितुं गवां पयः ॥५॥

वहां एक हिमके समान उज्ज्वल वर्णवाला गोप-युवक बोला—'आर्यजन ! आज आप मेरी यह बात सुनें। मैं कल महर्षि-गर्गको गो-दुग्ध देनेके लिए मथुरापुरीमें गया था ॥ ५ ॥

समर्प्य तद्वस्तु तथा पदे नतीस्ततो निवृत्तोऽशृणवं जनश्रुतीः ।
विश्रामघट्टे मुनयो महर्षयो वसन्ति तीर्थेभ्य उपागता इति ॥६॥

'मैंने दूध अर्पित करके उनके चरणोंमें प्रणाम किया और वहांसे लौटते समय लोगोंके मुखसे यह चर्चा सुनी कि अन्यान्य तीर्थोंसे आये हुए बहुसंख्यक महर्षि एवं मुनि विश्रामघाटपर ठहरे हुए हैं' ॥ ६ ॥

ततोऽगमं दर्शनलालसोऽप्यहं प्रगृह्य पुष्पाणि फलानि हस्तयोः ।
सत्यं ! त आसन् यमुनाजलेऽमले समागताः स्नातुममोघशक्तयः ॥७॥

तब मैं भी हाथोंमें कुछ फूल और फल लेकर उनके दर्शनके लिए गया । सचमुच ही वे अमोघशक्तिशाली महर्षि यमुनाजीके निर्मल जलमें स्नान करनेके लिए वहाँ आए थे ॥ ७ ॥

निवेद्य तेभ्यस्तदुपायनादिकं समर्प्य पादेषु सभक्ति सन्नतीः ।
तत्राऽविदूरे स्थितवानहं तदा सच्छ्रद्धयाऽऽकृष्टसमस्तहृद्गतिः ॥८॥

मैंने उन्हें उपहार आदि देकर उनके चरणोंमें सभक्ति प्रणाम अर्पित किया । और उनके पास ही खड़ा हो गया । उस समय उत्तम श्रद्धासे मेरे हृदयकी सारी वृत्ति उनकी ओर आकृष्ट हो गई थी ॥ ८ ॥

प्रेक्ष्योपहारं स्वपुरःस्थितं शुभं दयार्द्रचित्तेषु भवत्सु तेष्वथ ।
एको मुनिर्मामवदत् स्वतेजसा विनाशयिष्यन्निव हृद्गतं तमः ॥९॥

मेरे उस शुभ उपहार पर दृष्टि डालकर और अपने सामने खड़े हुए मुझे देखकर उन दयार्द्र-चित्त एवं पूजनीय महर्षियोंमें-से एक मुनि, अपने तेजसे मेरे हृद्गत अन्धकारका नाश-सा करते हुए मुझसे बोले—॥ ९ ॥

व्रजस्थगोपालयुवेव भो ! भवान् संलक्ष्यतेऽस्माभिरतुल्यलक्षणैः ।
पुरः प्रतिष्ठाप्य हृदिस्थितं वचः पृच्छाम उत्काः शिवमस्तु ते प्रिय ! ॥१०॥

'अजी ! आप अपने अनुपम लक्षणोंसे हमें व्रजवासी गोप-युवक-से दिखाई देते हैं । अतः प्रियवर ! हम अपने हृदयकी बात तुम्हारे सामने रखकर उत्कण्ठापूर्वक पूछते हैं, तुम्हारा कल्याण हो ॥ १० ॥

किं गोकुले नन्दगृहे रमाश्रये कश्चिच्छिशुर्वर्तत एवमेव यः ।
साधून् बुधान् भक्तवरांश्च सद्गुणैराकर्षयन् स्वात्मनि वर्धतेऽनिशम् ॥११॥

'क्या गोकुलमें लक्ष्मीके निवासभूत नन्द-सदनमें कोई ऐसा शिशु विद्यमान है, जो साधुजनों, विद्वानों तथा उत्तम भक्तोंको सद्गुणों द्वारा अपनी ओर खींचता हुआ अपने आपमें निरन्तर बढ़ रहा है ॥ ११ ॥

नीता सुखं स्वर्गमनेन सा बकी कृतस्तृणावर्त उपायतो वशे ।
स तत्र तिष्ठत्यखिलेषु साधुषु दयालुरस्तीति च गीयते जनैः ॥१२॥

'लोग कहते हैं कि उसने पूतनाको अनायास ही स्वर्ग भेज दिया। तृणावर्तको भी किसी उपायसे अपने वशमें कर लिया और समस्त साधुजनोंके प्रति दया-भाव रखता हुआ वह गोकुलमें ही निवास करता है ॥ १२ ॥

जगाद चान्यो मुनिरात्मनो हितं विभाव्य पृच्छन्निह मां तमद्भुतम् ।
किमेष शैवः शिवदः सतां गुरुः शान्तिस्थलं तद् भण चाऽस्य कर्म तत् ॥१३॥

एक दूसरे मुनि अपने हितका विचार करके उस अद्भुत बालकके विषयमें मुझसे पूछते हुए बोले—'यह सत्पुरुषोंका गुरुरूप कल्याणदायी बालक, जो शान्तिका धाम सुना जाता है' शैव है क्या ? इसके कर्मका वर्णन करो' ॥ १३ ॥

सञ्चालिकाऽसौ जगतः सुखप्रदा दुर्गाऽवतीर्णेति च तत्स्वरूपतः ।
अशृणम यत् सत्यमिदं कृपाकरो बालोऽस्ति चेद्वर्णय चान्य आह माम् ॥१४॥

एक अन्य ऋषि मुझसे पूछ बैठे—'जो जगत्का संचालन करनेवाली सुखदायिनी दुर्गा देवी हैं, वे ही तो उसके रूपमें नहीं अवतीर्ण हुई हैं ? हमने जो सुना है कि वह बालक कृपाकी खान है, यदि यह बात सत्य है तो उसके वृत्तान्तका वर्णन करो' ॥ १४ ॥

किमेष बालो गणपं विनायकं समाश्रितो गाणपता वयं ह्यपि ।
पृच्छाम उत्कास्तदमुष्य जीवनं विदृश्यते चेत् सुखदं द्रुतं भण ॥१५॥

एक ने पूछा—क्या इस बालकने गणपति-विनायकका आश्रय लिया है ? हम भी गणपतिके ही उपासक हैं, इसी लिए उत्कण्ठित होकर उसके जीवनके विषयमें पूछ रहे हैं; यदि यह सुखद बात उसके जीवनमें दिखाई देती हो तो शीघ्र बताओ ॥ १५ ॥

किं जानकीजानिरसौ समागतो यो राक्षसान् हृष्टहृदाऽवधीत् पुरा ।
सोऽसौ महांस्तद्गतकर्मशर्मभृद्बालोऽप्ययं चेद् भण कीदृशोऽस्ति सः ॥१६॥

अन्य महर्षि बोल उठे—'जिन्होंने पूर्वकालमें प्रसन्नचित्तसे राक्षसोंका वध किया था, वे जानकी-वल्लभ श्रीराम ही तो उस बालकके रूपमें नहीं अवतीर्ण हुए हैं ? सुना है कि वह बालक होकर भी महान्, अद्भुतकर्मा तथा कल्याणका निधान है। यदि ऐसी बात है, तो बताओ वह कैसा है ?' ॥ १६ ॥

उद्यन्तमादित्यमसौ कृतक्रियः सदा ह्युपास्ते पुनरन्य आह माम् ।
सौरा वयं यद्गुणगृध्नवश्च तज्जिज्ञासवस्तत्त्वममुष्य सङ्गतः ॥१७॥

अन्य महर्षिने मुझसे पूछा—'क्या वह नित्य-कर्म करके प्रतिदिन उगते हुए सूर्य-देवकी उपासना करता है ? हम सूर्योपासक हैं और उसके गुणोंके अभिलाषी भी हैं। हम लोग उसके संगसे तत्त्व-ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं' ॥ १७ ॥

व्याप्यैव विश्वं सचराचरं स्वया शक्त्या स विष्णुः श्रुतिसाधुशान्तिकृत् ।
पूर्णावतारं परिगृह्य चागतस्तद्दुष्टनाशार्थमितीह चेद् वद ॥१८॥

एकने जिज्ञासा की—'जो अपनी शक्तिसे चराचर प्राणियों सहित समस्त विश्वको प्राप्त करके स्थित हैं, वे श्रुतियों तथा साधुओंको शान्ति प्रदान करने वाले भगवान् विष्णु ही तो नहीं, पूर्णावतार धारण करके दुष्टोंके संहारके लिए यहाँ आये हैं ? यदि यह बात है, तो बताओ ॥ १८ ॥

किमस्य हृद्या अलका विभान्ति ते श्रीचक्रचक्राङ्कितदिव्यपीठकाः ।
देव्याः किमाराधनपद्धतिं च स जानात्यपृच्छत् पुनरन्य ईप्सितम् ॥१९॥

तदनन्तर दूसरे मुनिने अपनी मनोवाञ्छित बात पूछा—गोपयुवक ! क्या तुम्हें उस बालककी मनोहरिणी घुँघराली अलकें श्रीचक्रके (श्रीविद्याके) चक्रसे चिह्नित दिव्य-पीठ वाली प्रतीत होती हैं ? ( यहाँ इस काव्यके नवम सर्गका २९वाँ श्लोक द्रष्टव्य है । ) क्या वह देवीकी आराधना पद्धतिको जानता है ?' ॥ १९ ॥

किं सत्यमेतद्वद भो कृपार्णवं तं ये च पश्यन्ति गुणाग्रहं शिशुम् ।
मुह्यन्ति तेऽप्यत्र वयं ह्यश्रृणम यत् तत्त्वद्दिदृक्षापि च बाधते हि नः ॥२०॥

'अरे भैया ! क्या यह सत्य है कि उस करुणा-सागर गुणाग्रही बालकको जो ही देखते हैं, वे ही मोहित हो जाते हैं ? यह बात हमारे सुननेमें आयी है। यदि ऐसा है तो उसके दर्शनकी इच्छा हमें बाधित कर रही है—हम उसे देखनेको उत्सुक हो रहे हैं ॥ २० ॥

किमस्य रूपं नवनीरदोज्ज्वलं विभाति चैत्यं प्रियवस्तुवद्गुण ! ।
स्निग्धालके भाति च बर्ह उन्नतो विराजते वा पुनरस्य सद्वपुः ? ॥२१॥

'बताओ तो क्या उसका रूप नवीन-नीरद ( मेघ ) के समान श्यामोज्ज्वल है ? हृदयस्थित प्रिय वस्तु चिन्मय आत्माके ही समान सुशोभित होता है। क्या उसके स्निग्ध केशपाशमें कोई ऊँचा मोरपंख भी शोभा पाता है ? और इस प्रकार उसका दिव्य विग्रह भी अत्यन्त सुशोभित होता है ?' ॥ २१ ॥

श्रुत्वेदृशीं तद्गिरमात्मतुष्टिदां चैकाश्रितां तेषु समुत्सुकेष्वथ ।
मयापि मान्या ! व्रजराजबालकं प्रशस्य किञ्चिद् गदितं सभामुखे ॥२२॥

'माननीय गोपगण ! वे मुनि श्रीकृष्ण दर्शनके लिए अत्यन्त उत्सुक थे, अपनेको आनन्द देनेवाली उनकी एकमात्र श्रीकृष्णसे संबद्ध पूर्वोक्त बातें सुनकर मैंने भी व्रजराज नन्दके इस बालकको प्रशंसा करके उस सभाके संमुख कुछ कहा—॥ २२ ॥

शृण्वन्तु पूज्या ! भगवन्त आर्तिहृत् तदस्य सत्कर्म निवेदयाम्यहम् ।
यः सर्वथाऽस्मान् सुखयत्यलौकिकैः शुभैश्चरित्रैः पशुपक्षिभिः समम् ॥२३॥

'पूजनीय महर्षियों ! आप लोग भगवत्स्वरूप हैं, मैं आपके समक्ष उस बालकके सत्कर्मका वर्णन करता हूँ, जो सबकी पीड़ा हर लेनेवाला है। वह बालक अपने अलौकिक शुभ चरित्रों द्वारा पशु-पक्षियों सहित हम सब लोगोंको सर्वथा सुख प्रदान करता है' ॥ २३ ॥

यदत्र पृष्टं भगवद्भिरुत्तमं तत्सत्यमेवाऽस्ति न तत्र संशयः ।
पश्यत्यमुं यः स भवत्यविक्लवो ह्यानन्दमग्नो गुणतो विमोहितः ॥२४॥

'आप पूज्य महर्षियोंने जिसके विषयमें पूछा है, वह सब सत्य ही है, उसमें संशय नहीं है। जो भी उस बालकको देखता है, व्याकुलता-रहित हो आनन्दसिन्धुमें निमग्न हो जाता है। उसके गुणोंपर मोहित हो उठता है ॥ २४ ॥

संसारिणः स्वां मतिमेकवृत्तिगां विधाय संस्कारवशात् प्रवर्धिताम् ।
यां दृष्टिमास्थाय निरूपयन्ति तं विदृश्यतेऽसावपि तैस्तथाविधः ॥२५॥

'संसारी मनुष्य अपनी मतिको एकाग्र करके संस्कारवश बढ़ी हुई जिस दृष्टिको अपना कर उस बालकको देखते हैं, वह बालक उन्हें वैसा ही दिखायी देता है ॥ २५ ॥

तस्य स्वरूपं च विभाति तादृशं ह्यापादशीर्षं शशिचन्द्रिकोज्ज्वलम् ।
सुलक्षणैर्विश्वविलक्षणैः श्रितं संपश्यतां स्वात्मसुखप्रदं स्फुरत् ॥२६॥

'उसका स्वरूप भी वैसा ही प्रतीत होता है वह पैरोंसे लेकर सिरतक चन्द्रमाकी चाँदनीके समान परम उज्ज्वल है। वह अपने उत्तम लक्षणोंसे, जो सारे विश्वसे विलक्षण हैं, युक्त होकर प्रकाशित होता है। अपना दर्शन करनेवाले लोगोंको वह आत्मानन्द प्रदान करता है ॥ २६ ॥

मयूरपिच्छाश्रितचूर्णकुन्तलं निहन्तुमेनश्च कृतप्रयत्नकाः ।
नष्टा अरिष्टा बहवः समागता अग्नौ पतङ्गा इव तस्य तेजसा ॥२७॥

'उसके घुँघराले केशोंमें मोरपंख शोभा पाता है। इस बालकको मारनेके लिए आकर जिन-जिन बहुसंख्यक अरिष्ट-ग्रहोंने प्रयत्न किया, वे सबके-सब स्वयं नष्ट हो गये। आगमें पड़े हुए पतिंगोंके समान उसके तेजसे जल मरे ॥ २७ ॥

मयोदितं तद्गुणरूपवर्णनं श्रुत्वा समासेन विबुध्य सद्गतिम् ।
गतेऽस्तमर्के मुनयोऽपि संयताः स्नातुं प्रविष्टा यमुनाह्रदे ततः ॥२८॥

मेरे द्वारा कथित उसके गुणों तथा रूपका वर्णन संक्षेपसे सुनकर उसके उत्तम स्वरूपको जानकर वे संयमशील मुनि भी सायंकाल स्नान करनेके लिए यमुनाजीके जलमें प्रविष्ट हुए ॥ २८ ॥

शुभाशिषं प्राप्य ततोऽहमागमं कृतत्वरो गोकुलराजवेश्मनि ।
मणिं यथा तं परिगृह्य हस्तयोः शान्तोऽभवं तावदिहाऽव्ययो हि सः ॥२९॥

तदनन्तर उनका शुभाशीर्वाद लेकर मैं बड़ी उतावलीके साथ गोकुलराय नन्दजीके घर आया और उस नीलमणि सदृश बालकको हाथोंमें लेकर शान्त हुआ। यहाँ वह शिशु वास्तवमें अविनाशी परमात्मा ही है ॥ २९ ॥

जगद्विधातुर्गणरूपवर्णनं निशम्य गच्छत्सु च तेष्वथो पथि ।
जगाद चान्यः स्थविरो गलद्वचास्तन्माथुराणां प्रियतां च तं प्रति ॥३०॥

जगद्विधाता ईश्वरके गुण और रूपका वह वर्णन सुनकर जब वे सब लोग मथुराके मार्गपर चल रहे थे, उस समय एक दूसरे बूढ़े गोपने, जिसकी वाणी लड़खड़ा रही थी, मथुरा वासियोंके श्रीकृष्णके प्रति प्रेमका वर्णन आरम्भ किया ॥ ३० ॥

तन्माथुरे पर्वणि दैशिकोत्सवं द्रष्टुं गतोऽहं वसुदेवसद्मतः ।
पूर्वोत्तरस्यां दिशि संगताञ्जनानपश्यमादौ श्रृणुताऽत्र मद्वचः ॥३१॥

'एक दिन मथुरामें किसी पर्वपर वहाँ एक स्थानीय उत्सव चल रहा था, मैं भी उसे देखनेके लिए गया। वसुदेवजीके घरसे पूर्वोत्तर कोणमें लोगोंकी बड़ी भारी भीड़ एकत्र थी, वहाँ मैंने जो कुछ देखा, पहले उसके विषयमें मेरी बात तुम लोग सुनो—॥ ३१ ॥

स्यान्मर्त्यसंमर्द इयानहो! कथं तथाऽत्र किं स्यादिति जातकौतुकः ।
यदा गतस्तत्र तदैव दृष्टवान् कश्चिन्मुनिं रक्षिजनैः प्रताडितम् ॥३२॥

'अहो! यहाँ इतने मनुष्योंकी भीड़ क्यों एकत्र है? वहाँ क्या हो रहा है?—यह देखनेके लिए मेरे मनमें भी कौतूहल जाग उठा। जब वहाँ गया तो मैंने देखा किसी मुनिको राजाके पहरेदार सिपाही पीट रहे हैं ॥ ३२ ॥

प्रताड्यते किं मुनिरेष रक्षिभिः को दोष एतस्य च विद्यतेऽत्र भोः! ।
पृष्टा मया तत्र जनास्तदाऽवदन् मद्वामकर्णे निभृतं त्विदं वचः ॥३३॥

'मैंने वहाँ लोगोंसे पूछा—'ये सिपाही इन महात्मा मुनिको क्यों मार रहे हैं ? इनका क्या अपराध है ?' तब उन्होंने मेरे बायें कानमें धीरे-धीरे यह बात कही—॥ ३३ ॥

**न ज्ञायते किं भवता शुभोदयो नन्दोऽस्त्यसौ गोकुलराज उच्चधीः ।**
**तस्यैव पुत्रेण विमोहितो गुणैर्ननर्त हृष्टो मुनिरेष उत्सवे ॥३४॥**

'क्या आप नहीं जानते हैं, व्रजमें उच्च विचार वाले सौभाग्यशाली गोकुलराज नन्द रहते हैं। उन्हींके पुत्रने अपने गुणोंद्वारा इन मुनिवरको मोह लिया है। उसीके स्मरणसे आनन्दित हो ये मुनि इस उत्सवमें नाच रहे थे ॥ ३४ ॥

**तदाऽत्र संभूय निरीक्षणोत्सुकाः पौरा विमुग्धा गतभीतयो नृपात् ।**
**तत्कर्म गायन्तममुं प्रशस्य भो ! स्वात्मानमस्मै मुनये समार्पयन् ॥३५॥**

'उस समय दर्शनके लिए उत्सुक बहुत-से नागरिक मुग्ध हो राजकीय भयको हृदयसे निकालकर यहाँ एकत्र हो गये। नन्द-नन्दनकी लीलाका गान सुनकर इनके इस कर्मकी प्रशंसा करते हुए सब लोगोंने इन मुनिकी सेवामें अपने आपको सर्मापित कर दिया ॥ ३५ ॥

**सुधीषु पौरेषु निशम्य गायनं ह्यानन्दमग्नेषु विभाव्य तत्स्थितीः ।**
**कंसाज्ञया रक्षिण आगताः क्षणान्निघ्नन्त्यमुं हा ! कशया गतत्रपाः ॥३६॥**

'मुनिके उस कीर्तन एवं गानको सुनकर समस्त उत्तम बुद्धिवाले पुरवासी जब आनन्दमग्न हो गये, तब उस स्थितिपर विचार करके कंसकी आज्ञासे बहुत-से रक्षक सिपाही क्षणभरमें आ गये और हाय! निर्लज्ज हो मुनिपर कोड़ेसे प्रहार करने लगे हैं।' ३६ ॥

**असह्यमेवं वचनं जनोक्तिभिः श्रुत्वा सरोषं स्थविरोऽप्यहं तदा ।**
**सुदुर्जयांस्तान् प्रसभं दुरुक्तिभिर्व्यगर्हयं प्रागपसार्य पादतः ॥३७॥**

'जनताके मुखसे यह असह्य वचन सुनकर बूढ़े होनेपर भी मुझे रोष आ गया और मैंने तत्काल उन दुर्जय सिपाहियोंको पहले पाद-प्रहारसे बलपूर्वक हटाकर कटुवचनों द्वारा उनकी भरपेट निन्दा की ॥ ३७ ॥

**क्षुब्धाः खलास्ते लगुडैः प्रताड्य भो ! बद्धा ततो मामनयन्नृपालयम् ।**
**नीतो महात्मा मुनिरप्यसौ समं मामीक्षमाणो धृतविग्रहश्च तैः ॥३८॥**

'वे दुष्ट सिपाही क्षुब्ध हो उठे और मुझे दण्डोंसे मार बन्धनमें डालकर राजभवनमें ले गये। मेरे ही साथ वे महात्मा मुनि भी पकड़े जाकर वहाँ पहुँचाये गये। वे मेरी ओर बार-बार देख रहे थे ॥ ३८ ॥

नृपब्रुवो दुष्टशिरोमणिर्युवा कंसस्तदासीत् स्वनृपासने स्थितः ।
दृष्टैव मां तं च मुनिं पुरःस्थितं बभूव भृत्यैः प्रतिबोधितार्थकः ॥३९॥

'अपनेको राजा कहनेवाला दुष्टोंका सरदार युवक कंस उस समय राजसिंहासन पर बैठा था । उसने मुझको और मुनिको भी सामने देखा और सेवकोंने उनको सारा वृत्तान्त बता दिया ॥ ३९ ॥

कोऽयं मुनिर्लज्ज उदात्तपौरुषो विभाति धृष्टः सुगलद्वया अपि ।
यो निर्भयं मद्विषयस्थिताः प्रजा विरोधयत्यत्र नृपेण सर्वथा ॥४०॥

'तब वह बोला—'यह निर्लज्ज कौन है ? यह बूढ़ा हो गया है तो भी उत्तम पुरुषार्थी और ढीठ जान पड़ता है । इसने निर्भय होकर मेरी राज्यकी प्रजाको सर्वथा राजाके विरुद्ध भड़काया है ॥ ४० ॥

मिथ्याप्रवृत्तिर्वसुदेव आत्मजं रात्रावनैषीद् व्रजमण्डलं पुरा ।
सोऽयं रिपुर्मे तदमुष्य गोपजैर्दुष्कीर्तिरेषाऽत्र वितन्यते भृशम् ॥४१॥

'मिथ्याचारी वसुदेवने पहले रातमें ही अपने बेटेको व्रजमण्डलमें पहुँचा दिया था । यही तो मेरा शत्रु है । ये गोपलोग उसकी दुष्कीर्ति यहाँ फैला रहे हैं' ॥ ४१ ॥

कोऽसौ शिशुर्मे पुरतस्तथाप्यहो ! गायन्ति तत्कीर्तिमिमे मुनिब्रुवाः ।
भजन्ति चेमं सुख-शान्तिदं त्विति तत्प्राप्नुयुः शान्ति-सुखे यथेप्सितम् ॥४२॥

'वह शिशु मेरे सामने क्या है ? तो भी आश्चर्य है कि अपने को मुनि कहनेवाले ये दुष्ट लोग उसीकी कीर्ति गाते हैं और उसे सुख-शान्तिका दाता मानकर उसका भजन करते हैं । अतः ये अब यथेष्ट सुख-शान्ति प्राप्त करें' ॥ ४२ ॥

आभाष्य चेत्थं खलमन्त्रिभिः समं कंसोऽवदद्रक्षिण आततायिनः ।
निष्कास्यतां दुष्टधियाविमौ पुरादामृत्यु संताड्य सभासु गच्छत ॥४३॥

'इस प्रकार दुष्ट मन्त्रियोंसे बात-चीत करके कंस अपने आततायी सिपाहियोंसे कहा—'इन दोनों दुष्टोंको नगरसे निकाल दो और इतना मारो कि इनकी मृत्यु हो जाय उसके बाद राजसभामें लौटना ।' ॥ ४३ ॥

शिरस्यथाऽऽधाय निदेशमस्य तैः प्रताडितोऽहं कशया भृशं ततः ।
अत्याहितं कृष्ण ! मृतोऽहमञ्जसा त्रायस्व चोच्चवेति विमूर्च्छितोऽभवम् ॥४४॥

'उसके इस आदेशको शिरोधार्य करके उन सिपाहियोंने मुझे कोड़ोंसे बहुत पीटा ।' 'हा कृष्ण ! यह तो अत्यन्त भय प्राप्त हुआ, अब तो मैं मरा । अब तुम्हीं मेरी रक्षा करो ।' ऐसा कहकर मैं मूर्छित हो गया ॥ ४४ ॥

ततस्त्वहं मूढमतिः किमप्यहो ! नाऽज्ञासिषं स्वं च पुरःस्थितं मुनिम् ।
अवेदिषं केवलमस्य सद्गतेः कृष्णस्य शान्तिप्रदबाहुमार्जनम् ॥४५॥

‘तदनन्तर मैं मूर्छित हो जानेके कारण कुछ भी नहीं जान सका। न अपनेको और न सामने खड़े हुए मुनिको ही जान पाया। केवल इन सत्पुरुषोंके आश्रयदाता श्रीकृष्णके शान्तिदायक हाथ फेरनेका मुझे भान हुआ ॥ ४५ ॥

चिरात् प्रबुद्धोऽहमचेतनः कदा नीतो न जाने व्रजसीम्नि रक्षिभिः ।
तथाऽऽगतः सद्मनि तद्गुणान्स्मरन्नेवं ह्यभून्मय्यपि, सोऽत्र ईश्वरः ॥४६॥

‘चिरकालके बाद मुझे होश हुआ। न जाने अचेत अवस्थामें मुझे कंसके पहरेदारोंने कब व्रजकी सीमामें पहुँचा दिया। इस प्रकार मैं उसी कृष्णके गुणोंका स्मरण करता हुआ घर लौटा। ऐसी घटना मुझपर घटित हुई है। अतः मैं कह सकता हूँ कि वह नन्दनन्दन साक्षात् ईश्वर ही हैं’ ॥ ४६ ॥

वक्ति स्म काचिद्युवती व्रजाङ्गना पुरो व्रजन्ती सकलेषु तेष्वथ ।
मयाऽनुभूतं ह्यपि वच्मि तत्पुरि श्रृण्वन्तु मान्या ! वचनं तथोदितम् ॥४७॥

तदनन्तर कोई युवती व्रजाङ्गना जो उन सबके आगे चल रही थी, कहने लगी—‘माननीय जनों ! मैंने भी कुछ मथुरापुरीमें अनुभव किया है। उसे बताती हूँ, आपलोग मेरी बात सुनें ॥ ४७ ॥

प्रसाधनं क्रेतुमहं पुरीं गता गोपीभिराभिर्विपणीः समाश्रिता ।
पण्यान् विपश्यन्त्यसमान् मनोरमं क्षणं स्थिता तत्र तदा गतेऽहनि ॥४८॥

‘मैं कुछ श्रृङ्गार-सामग्री खरीदनेके लिए इन गोपियोंके साथ मथुरापुरीमें गई थी। वहाँ बाजारमें जाकर अनुपम विक्रय योग्य वस्तुओंको देखती फिरी। एक क्षणतक वह मनोरम दृश्य देखती हुई मैं वहाँ खड़ी थी। यह बात अभी कल की है ॥ ४८ ॥

काचित् सखीभिः परितः सुशोभिता रूपैर्गुणैर्भूषितगात्रमानसा ।
पौराङ्गनाऽऽगत्य विगृह्य मत्करं प्रदर्श्य मैत्रीमवदत्तदेव माम् ॥४९॥

‘उसी समय कोई नगरकी स्त्री सखियोंसे घिरी हुई वहाँ आई। वह अपने रूप और गुणोंसे बड़ी शोभा पा रही थी। उसके तन और मन दोनों विभूषित थे। उसने मेरा हाथ पकड़कर मैत्री दिखाते हुए मुझसे इस प्रकार कहा—॥ ४९ ॥

जानासि बाले ! व्रजराजनन्दनः किं नन्दयस्यत्र गताञ्जनानपि ।
किं शक्नुमो गोकुलमागता वयं तं द्रष्टुमानन्दत एव संस्थिताः ॥५०॥

“बाले ! क्या तुम जानती हो ? व्रजराज-नन्दन श्रीकृष्ण वहाँ गये हुए लोगोंको भी आनन्दित करते हैं ? क्या हम गोकुलमें आकर उनका आनन्दपूर्वक दर्शन कर सकती हैं ? ॥ ५० ॥

किं रूपमस्याऽस्ति कियद्वयाः स वा स्निह्यन्त्यमुस्मिन् प्रतिवेशिनोऽपि किम् ।
स तेषु वा स्निह्यति तत्समीभवन् करोति किं वा परचित्तनिर्वृतिम् ॥५१॥

‘उनका रूप कैसा है ? उनकी अवस्था कितने वर्षकी हो गई ? क्या, आस-पड़ोसके लोग भी उनके प्रति स्नेह रखते हैं ? और वे भी उन्हींके समान होकर उन सबके प्रति स्नेहका निर्वाह करते हैं ? क्या, वे दूसरेके चित्तको सन्तुष्ट कर देते हैं ?’ ॥ ५१ ॥

प्रबाधतेऽस्माञ्छ्रुवतद्गुणोदयान् औत्सुक्यमस्यैव दिदृक्षयोद्भवम् ।
दत्त्वोचितं ह्युत्तरमत्र शोभने ! कुरुष्व शान्तं मन एकधैव नः ॥५२॥

‘शोभने ! हमने नन्दनन्दनके गुणोदयकी चर्चा सुन रखी है । अतः उनके दर्शनकी इच्छासे उत्पन्न उत्कण्ठा, हमें सता रही है । तुम इस विषयमें उचित उत्तर देकर एक बार हमारे मनको शान्त कर दो’ ॥ ५२ ॥

पृष्टा तयेत्थं श्रुततत्कथा त्वहं तदाऽवदं शान्तहृदैव संसदि ।
पृष्टं त्वया यत्सुखदं शुचिस्मिते ! जानामि तच्चित्रचरित्रमार्तिहृत् ॥५३॥

‘उसके इस प्रकार पूछने पर उसकी सारी बातें सुनकर मैंने नागरियोंकी उस सभामें शान्त चित्तसे ही उत्तर दिया—‘पवित्र मुस्कानवाली देवि ! तुमने जो बात पूछी है, उसकी चर्चा मेरे लिए बड़ी सुखदायिनी है । मैं जानती हूं, नन्द-नन्दनका अद्भुत चरित्र सबके समस्त क्लेशोंको हर लेनेवाला है’ ॥ ५३ ॥

सत्यं शुभे ! गोकुलराजनन्दनो विराजतेऽस्मद्व्रजमण्डलेऽर्कवत् ।
आह्लादयत्यत्र गताञ्जनान् सुखं स्वैः सद्गुणैरात्मसमर्पणादिभिः ॥५४॥

‘शुभे ! यह सत्य है कि हमारे व्रजमण्डलमें गोकुलराज-नन्दन श्रीकृष्ण सूयंके समान देदीप्यमान हैं । जो लोग वहाँ गये हैं उनको वे अपने आत्म-समपंण आदि सद्गुणोंसे परम सुख एवं आह्लाद प्रदान करते हैं’ ॥ ५४ ॥

अभ्यागतांस्तत्पितरावपि स्वतः कात्स्न्र्येन चाऽऽनन्दयतोऽत्र नित्यशः ।
संमानितास्तेऽपि शिशोर्मनोहरां क्रीडां समीक्ष्यैव वसन्ति निस्पृहाः ॥५५॥

‘उनके माता-पिता भी वहाँ आये हुए सज्जनोंको अपनी ओरसे प्रतिदिन पूर्णतः सुख देते हैं । उनसे सम्मानित होकर वे समागत सज्जन उस शिशुकी मनोहर क्रीड़ा देखते हुए वहाँ निःस्पृह-भावसे निवास करते हैं’ ॥ ५५ ॥

अस्याऽस्ति रूपं वचनातिगं स्फुरत् सच्चिन्मयं केवलमात्मनन्दनम् ।
पश्यत्यमुं यः प्रतिगृह्य यां दृशं तथा भवत्येव शिशुश्च तत्पुरः ॥५६॥

‘नन्द-नन्दनका रूप वाणीकी पहुँचसे बाहर है। वह नित्य प्रकाशमान सच्चिदानन्द-मय होनेके कारण केवल आत्माको आनन्द प्रदान करनेवाला है। जो जैसी दृष्टि लेकर उस शिशुको देखता है, वह उनके सामने वैसा ही हो जाता है’ ॥ ५६ ॥

कुर्वन् स चेत्थं परचित्तनिर्वृतिं विराजते तत्र भृशं दयार्णवः ।
देव्यश्च यूयं व्रजमागता यदि सुखं लभध्वे वचनातिगं ततः ॥५७॥

‘वह इस प्रकार अत्यन्त दयाका सागर है और दूसरोंके चित्तको आनन्द-प्रदान करता हुआ व्रजमें निवास करता है। आप सब देवियाँ यदि व्रजमें आ गयीं तो आपको व्रजराज-नन्दनसे वर्णनातीत सुख प्राप्त होगा’ ॥ ५७ ॥

इत्थं ब्रुवन्त्यां मयि जातविस्मया स्तत्राऽऽगताः पौरजनाः स बालकाः ।
व्याहारमस्माकमिमं निशम्य ते मुग्धा बभूवुः परिवार्य मां पुनः ॥५८॥

‘जब इस प्रकार मैं कह रही थी, तब बहुतसे पुरवासी मनुष्य और बालक विस्मित होकर वहाँ आए और मेरी यह बात सुनकर वे चारोंओरसे मुझे घेरकर मुग्ध हो गये ॥५८॥

श्रुत्वाऽन्यया भक्तियुतं सुधोपमं लोकोत्तरं कृष्णचरित्रमीदृशम् ।
सभामुखेऽहं गदिता शुभानने ! शीघ्रं त्वमस्मान्नय गोकुलं त्वितः ॥५९॥

‘एक दूसरी स्त्रीने भक्ति-भावसे अमृतके समान मधुर यह लोकोत्तर कृष्णचरित सुनकर सभामें ही मुझसे कहा—‘शुभानने ! तुम हमें शीघ्र यहांसे गोकुलमें ले चलो’ ॥ ५९ ॥

अन्योन्यमालप्य तदीयसत्कथा इत्थं व्रजन्तः पथि गोदुहस्तदा ।
स्थूलं घनच्छायमदृश्यबालकं तमेव वृक्षं ददृशुः पुरःस्थितम् ॥६०॥

इस प्रकार परस्पर श्रीकृष्णकी कथा कहते हुए वे गोप जब मथुराके मार्गपर चल रहे थे। आगे जाकर उन्होंने घनी छायासे युक्त उसी स्थूल-वृक्षको सामने देखा, जिसपर ग्वाल-बाल छिपे हुये थे ॥ ६० ॥

तस्यैवाऽधः स्थितं चैकं बालं क्रीडाहलेन ते ।
पश्यन्ति स्म पुरः पृथ्वीं कर्षन्तं व्यग्रमानसम् ॥६१॥

उसी वृक्षके नीचे एक बालक अपने खिलौनेके हलसे सामनेकी भूमि जोत रहा था, किन्तु उसके चित्तमें व्यग्रता थी। यह बात वहाँ आये हुए गोपोंने देखी ॥ ६१ ॥

अत्र सर्वा दिशः शून्या मध्ये मार्गमयं शिशुः ।
किं करोति स्थितश्चैकः कोऽयं स्यादित्यभून्मतिः ॥६२॥

उनके मनमें यह विचार उठा कि यहांकी सारी दिशायें तो सूनी हैं किन्तु यह शिशु बोच रास्तेपर खड़ा होकर अकेला क्या कर रहा है । यह कौन हो सकता है ? ॥ ६२ ॥

गत्वाऽग्रे वृक्षमूलं तद्यदाऽपश्यन्निरूप्य ते ।
तदा परिचितो रामस्तैराहूतः सुविस्मितैः ॥६३॥

आगे बढकर उन्होंने जब वृक्षके नीचे देखा तो उन्हें सुपरिचित बलराम दिखाई दिए । फिर उन्होंने आश्चर्य-चकित होकर उन्हें बुलाया ॥ ६३ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
एष षड्विंशसर्गोऽगान्महाकाव्ये स्तवात्मके ॥६४॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति इस 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह छब्बीसवां सर्ग पूरा हुआ ॥ ६४ ॥

# सप्तविंशः सर्गः

[ श्रीरामेण साकं तेषां संवादः। वृक्षस्कन्धस्थगोपबालकैस्तच्छिरोभ्यो गोरसघटलुञ्छनं तेभ्योऽपि वानरैः। तेषां पलायनवर्णनञ्च ]

( प्रहर्षिणीवृत्तम् )

श्रीराम ! त्वमिह कुतः समागतोऽसि क्रीडार्थं रचितहलेन किं करोषि।
भूरित्थं किमिति विदार्यते त्वयाऽद्य को हेतुस्त्यज पदवीं पुरीं व्रजामः ॥१॥

'श्री बलराम ! तुम यहाँ कहाँसे आ गये ? खेलनेके लिए बनाये गये इस हलके द्वारा क्या करते हो ? इस प्रकार यहाँकी धरतीको क्यों विदीर्णकर रहे हो ? तुम्हारे यह सब कार्य करनेका क्या हेतु है ? छोड़ो हमारा रास्ता, हम मथुरापुरीकी ओर जा रहे हैं' ॥ १ ॥

त्वद्भ्राता नवजलदोज्ज्वलोऽद्य कृष्णः कुत्राऽऽस्ते क्व च विलसन्ति ते वयस्याः।
एकाकी त्वमिह कथं कदागतो वा तत्सर्वं वद बल ! का च ते चिकीर्षा ? ॥२॥

'नूतन जलधरके समान श्याम-उज्ज्वल वर्णवाला तुम्हारा भाई कन्हैया आज कहाँ है ? और तुम्हारे वे सखा कहाँ सुशोभित हो रहे हैं ? तुम यहाँ अकेले कब और कैसे आ गये ? भइया बलराम ! ये सब बातें बताओं। तुम क्या करना चाहते हो ?' ॥ २ ॥

इत्थं तैः शिरसि पयोघटान् वहद्भिः संस्पृष्टस्तरुतल उत्थितैश्च गोपैः।
श्रीरामोऽवददथ तान्निरीक्ष्य शीर्षं चोत्थाप्य स्मितरुचिरेण वाङ्मयेन ॥३॥

वृक्षके नीचे सिरपर दूधके घड़े लिए खड़े हुए उन गोपोंके इस प्रकार पूछनेपर बलरामने सिर उठाकर उन सबकी ओर देखा और मन्द मुस्कराहटके साथ रुचिर वाणीमें इस प्रकार कहा—॥ ३ ॥

अत्राऽहं गृहत उपागतोऽस्मि कल्ये कृष्यर्थं क्षितिमसमां विदारयामि।
योगीव स्वधृतसमाधिरार्यपादा ! भ्राता मेऽम्बुजनयनः प्रसुप्त आसीत् ॥४॥

'आर्यचरणों ! मैं यहाँ घरसे बड़े सबेरे आ गया था। खेतीके लिए इस विषम भूमिको जोत रहा हूँ। जब मैं आया, उस समय मेरा भाई कमलनयन कन्हैया योगीकी भाँति समाधि लगाए सो रहा था ॥ ४ ॥

अत्राऽहं शृणुत वपामि शष्पबीजं येन स्यात्प्रचुरमदः सुधारसाक्तम्।
यद्भुक्त्वा ददतु पयश्च गाव इत्थं तन्नीत्वा विकुरुत विक्रयं तु यूयम् ॥५॥

'मैं यहां घासके बीज बोऊँगा। जिससे सुधा-रससे सिक्त घास प्रचुर मात्रामें हो सके। उस घासको खाकर हमारी गौयें खूब दूध दें और आपलोग उसे ले जाकर मथुरापुरीमें बेचा करें' ॥ ५ ॥

अस्माकं श्रमफलजं सुधोपमं तद्भुञ्जन्तु प्रतिदिनमेवमेव दुष्टाः।
यद्द्रष्टुं ह्यपि च न पारयन्ति सन्तस्तद्दुःखं व्यथयति चाऽद्य मानसं मे ॥६॥

'इस प्रकार हमारे परिश्रमके फलस्वरूप वह अमृत समान दुग्ध प्रतिदिन दुष्टोंके उपभोगमें आता रहे। जिसको सन्त-पुरुष देख भी नहीं सकते हैं, वहीं दुःख आज हमारे चित्तको पीड़ा दे रहा है' ॥ ६ ॥

इत्युक्त्वा वचनशरेण तेन चेत्थं विद्धास्ते हृदि विपुलं विबुध्य भावम्।
अन्योन्यं गलितहृदः समीक्ष्य तस्थुर्ध्यात्वैवाऽनुचितमिदं विकर्म चेति ॥७॥

बलराम ऐसा कहकर चुप हो गये। उनके वचन-बाणसे उन गोपोंका हृदय बिंध गया। उनके विशद अभिप्रायको समझकर उन सबका हृदय ग्लानिसे भर गया और वे एक दूसरेको ओर देखते हुए यह सोचकर कि यह अनुचित अथवा बुरा काम है, मौन खड़े रह गए ॥ ७ ॥

एतस्मिन् ह्यवसर एव तत्तरुस्थाः पूर्वोक्ता व्रजशिशवोऽवरुह्य किञ्चित्।
गोधुग्भिः शिरसि धृतान् पयोघटांस्तान् बाहुभ्यामुपरि विगृह्य हन्त! जह्रुः ॥८॥

इस अवसरपर उस वृक्षके उपर बैठे हुए पूर्वोक्त ग्वाल-बालोंने कुछ नीचेकी ओर उतर कर गोपों द्वारा सिरपर धारण किये गये दूधके घड़ोंको ऊपर ही ऊपर दोनों हाथोंसे उठाकर अपने अधिकारमें कर लिया। यह अद्भुत बात हुई ॥ ८ ॥

तत्राऽऽसन् विपुलमवस्थिता निलीय सद्बाला इव कपयोऽपि पूर्वमेव।
दृष्टं तैरपि च यदा पयस्यमेभ्यो निष्कास्य स्वमुखविलेषु ते क्षिपन्ति ॥९॥

उस वृक्षपर उन अच्छे बालकोंकी भांति बहुत से बानर भी पहले से ही भली-भांति छिपकर बैठे थे। उन्होंने भी दही-दूध आदिके पात्र देखे, जब कि उनमेंसे निकाल-निकालकर वे अपने मुँहके भीतर उन वस्तुओंको डालने लगे ॥ ९ ॥

सौभाग्यं गुरुतरमेतदस्मदीयं यल्लब्धं स्वसदन एव पेयमद्य।
ध्यायन्तः क्षणमथ वानरा नराणां हस्तेभ्यः ससुखमिमान् घटांश्च जह्रुः ॥१०॥

'आज हमारा बड़ा भारी सौभाग्य है कि हमें अपने घरमें ही बैठे-बैठे ही खाने-पानेको वस्तुएँ प्राप्त हो गईं।' ऐसा सोचते हुए उन बानरोंने इन नरोंके हाथोंसे अनायास ही क्षणभरमें उन गोरससे भरे घड़ोंका अपहरण कर लिया ॥ १० ॥

प्राग्वत्ते तत्र उपविश्य वृक्षकाण्डे तत्पेयं सुखमपिबन्द्रुतं यथेच्छम् ।
तत्पश्चात् सुदृढपयोघटांस्तु रिक्तानुन्मत्तास्तरुतल एव विक्षिपुस्ते ॥११॥

फिर पहलेकी ही भाँति वृक्षकी शाखापर बैठकर उन्होंने सुखपूर्वक इच्छानुसार उन पेय वस्तुओंका पान किया। तत्पश्चात् खाली हुए उन मजबूत दुग्ध-पात्रोंको उन्मत्तकी भाँति वृक्षके नीचे ही फेंक दिया ॥ ११ ॥

वर्षर्तौ नवजलदो जलप्रहारैः शैलाग्रान् व्यथयति सोपलैर्हि यद्वत् ।
तद्वत्तानपि हरयो विचक्रुरेवं संस्नातान् व्यथितसुमस्तकांश्च गोपान् ॥१२॥

जैसे वर्षा ऋतुमें नूतन मेघ ओले सहित जल प्रहारके द्वारा शैल-शिखरोंको पीड़ा देते हैं, उसी प्रकार बानरोंने उन व्यथित हुए समस्त गोपोंको दूध-दहीसे नहलाकर विकृत कर दिया ॥ १२ ॥

दृष्ट्वेमां स्थितिमसमामतर्क्यरूपां सम्भ्रान्ता व्रजमनुजाः शिरः प्रगृह्य ।
सत्रासां झटिति पयस्यविक्रयं तन्मन्वाना अनुचितमेव दुद्रुवुर्हा ! ॥१३॥

यह अतर्कनीय विषम-परिस्थिति उत्पन्न हुई देख व्रज-वासी सिर थामकर घबरा उठे। उनपर भय छा गया और वे उस दुग्ध-विक्रयको अनुचित कर्म मानकर तुरन्त वहाँसे भाग खड़े हुए। इस घटनासे उनके मनमें बड़ा खेद हुआ ॥ १३ ॥

इत्थं याते गोकुलं गोपवर्गे नीचैरायातः स कृष्णो द्रुमाग्रात् ।
बालाश्चान्ये पूर्ववन्मार्गमध्यं ह्यागत्यैवं तस्थुरस्यैव पार्श्वे ॥१४॥

इस प्रकार जब गोपवृन्द गोकुलमें लौट गये, तब श्रीकृष्ण वृक्षसे उतरकर नीचे आए। दूसरे ग्वाल-बाल भी पूर्वोक्त मध्यमार्गमें आकर श्रीकृष्णके ही पार्श्वभागमें खड़े हो गये ॥१४॥

ततोऽभाणि रामोऽनुजेनाऽच्युतेन भवान् सत्यकामो विशिष्टो धरायाम् ।
स्वदाक्ष्येण येनाऽत्र गोपाः कुवृत्तौ प्रवृत्ता निवृत्तीकृता धन्य आर्य ! ॥१५॥

तब छोटे भाई कृष्णने कहा—'आर्य! आप धन्य हैं। इस पृथ्वीपर सत्य-संकल्पके रूपमें विख्यात हैं। आपने किस चातुर्यसे कुवृत्तिमें लगे हुए गोपोंको उसकी ओरसे निवृत्तकर दिया है ॥ १५ ॥

व्रजामो वयं चाऽद्य सम्पन्नकामा इतः स्वान् गृहान् भो ! द्रुतं पादचारैः ।
भवेयुर्भृशं खिन्नचित्ता व्रजस्थास्त आर्या अदृष्ट्वा च नो मार्गमाणाः ॥१६॥

'आज हमारी कामनापूर्ण हो गई। अतः हम यहाँसे तुरन्त पैदल ही अपने-अपने घरको लौट चलें। व्रजवासी आर्य-जन हमलोगोंको खोजते होगें और न देखकर मन ही मन अत्यन्त खिन्न हो रहे होगें ॥ १६ ॥

इत्थं वानरवर्गांस्तान् पयस्यादनलोलुपान् ।
अविक्रयपरान् गोपान् कृत्वा सर्वे गृहान् ययुः ॥१७॥

इसप्रकार बानर समुदायको दही-दूध खानेके लिए लोलुप बनाकर और गोपोंको गोरस-विक्रयसे पराङ्मुख करके वे सब लोग अपने घरोंको लौट गए ॥ १७ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
सप्तविंशोऽपि सर्गोऽगान्महाकाव्ये स्तवात्मके ॥१८॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह सत्ताइसवाँ सर्ग भी पूरा हुआ ॥ १८ ॥



# अष्टाविंशः सर्गः

[ गोपराजसभायां गोपबालकैर्यमुनतटस्थितानां साधकानामन्येषाञ्च
तत्तदनुभववर्णनपूर्वकं तत्स्थितिश्रावणम् । ]

( स्रग्विणीछन्दः )

**काल एवं गतो गोकुले शान्तितो गोदुहां बालकान् वर्धयन् स्वैर्गुणैः ।**
**तेऽपि गोपालका बुद्धिदेनाऽमुना प्रत्यहं वीक्षिताः शान्तिभाजोऽभवन् ॥१॥**

इस प्रकार गोकुलमें ग्वाल-बालोंको अपने गुणोंसे बढ़ाता हुआ समय शान्तिपूर्वक व्यतीत होने लगा। बुद्धिदाता श्रीकृष्णकी प्रतिदिन दृष्टि पड़नेसे वे ग्वाल-बाल भी शान्तिके भागी हो गए ॥ १ ॥

**एकदा संगता बालकाः सर्वत आगता गोपराजस्य सद्माङ्गने ।**
**यत्र चासीदसौ स्वैर्जनैर्वीक्षितो वानरैः संवृतः क्रीडमानः सुखम् ॥२॥**

एक दिन सब गोपबालक चारों ओरसे एकत्र हो गोपराज नन्दके भवनके भीतर आँगनमें आए। जहाँ बानरोंसे घिरे हुए श्रीकृष्ण सुखपूर्वक खेल रहे थे और स्वजन, बन्धु उनकी उस लीलाको देख रहे थे ॥ २ ॥

**तं तदा पाययन्ती यशोदा पयो ह्यानयामास हैयङ्गवीनैः समम् ।**
**तन्मुखे स्थापयामास तत्सुन्दरं सोऽपि वक्त्रं च विस्फारयामास ह ॥३॥**

उसी समय यशोदा उन्हें दूध पिलानेके लिए ताजे माखनके साथ घरमें ले आयीं। वहाँ लाकर उन्होंने वह माखन सुन्दर ढंगसे उनके मुँहमें डालना चाहा। तब श्रीकृष्णने अपना मुँह फैला दिया ॥ ३ ॥

**किन्तु तस्मिन् क्षणे तस्य दृष्टिः शुभा संगता वानरेष्वप्यहो ! स्नेहिषु ।**
**येन ते गोपयस्यादने लोलुपाः कारिता स्तद्दिनादागताः पृष्ठतः ॥४॥**

किन्तु उसी क्षण कन्हैयाकी शुभ-दृष्टि उन स्नेही बानरोंपर भी पड़ी। अहो ! उन्होंने ही उसी पूर्व दिनसे उन्हें गोरस खानेके लिए लोलुप बना दिया था और वे सदा उनके पीछे लगे रहते थे ॥ ४ ॥

**मातृहस्तादतो दुग्धपात्रं स्फुरत् तेन संगृह्य तद्भक्षितं प्राक् ततः ।**
**वीक्षिता तृप्तिदेनात्मना बालकाः फेलया तर्पिता वानराः स्नेहतः ॥५॥**

उन्होंने माताके हाथसे चमकता दूधपात्र लेकर पहले तो स्वयं उसका उपभोग किया। फिर उन तृप्तिदाता श्री हरिने स्वयं बालकों और बानरोंकी ओर देखा और उन सबको अपने उच्छिष्ट प्रसादसे स्नेहपूर्वक तृप्त किया ॥ ५ ॥

प्राङ्गणात्तैः समं साग्रजोऽयं पुनर्ह्याजगामाऽऽशु तं गोपराजं प्रति ।
उन्नते स्वासने स्वैर्वृतो यत्र स मग्न आसीद् भृशं तद्विनोदार्णवे ॥६॥

फिर उन सबके साथ वे बड़े भाई बलराम सहित शीघ्र ही गोपराज नन्दके पास आए। जो स्वजनोंसे घिरे हुए उच्च आसनपर बैठकर अपने उस शिशुकी ही विनोद-सागरमें अत्यन्त मग्न थे ॥ ६ ॥

संस्थितं स्वाङ्क आगम्य तं गोपराण् मूर्ध्न्युपाघ्राय वात्सल्यतः संसदि ।
आप्तवान् स्वात्मगां पूर्णतृप्तिं ततः क्षिप्तवान् स्वां दृशं रौहिणेये च सः ॥७॥

पास खड़े हुए कन्हैयाको गोदमें लेकर गोपराजने उस सभामें वात्सल्यपूर्वक उसका मस्तक सूँघा। उससे उनकी आत्माको पूर्ण-तृप्ति प्राप्त हुई। फिर उन्होंने अपनी दृष्टि रोहिणी-नन्दन बलराम पर डाली ॥ ७ ॥

संनिविष्टास्ततो बालकाः सर्वतः शोभितं तत्सभासद्म तैः शान्तितः ।
उत्थितस्तत्र चैकः शिशुर्नामत उद्धवो विश्रुतो व्याहरत्प्रेमतः ॥८॥

तदनन्तर वे समस्त बालक उनके चारों ओर बैठ गये। वह सभा-सदन उनके द्वारा शान्तिपूर्वक शोभा पाने लगा। इसी समय वहाँ उद्धव नामसे प्रसिद्ध एक गोप-शिशु उठकर खड़ा हुआ और प्रेमपूर्वक बोला—॥ ८ ॥

कृष्ण ! सद्वृत्तयो भिक्षुकाश्चर्षयो गोकुलं ह्यागता नागरास्तेऽपि च ।
माथुरे माथुरैः पीडितान्नो भृशं पान्तु बाला इति व्याहरन्त्यत्र च ॥९॥

'हे श्रीकृष्ण ! कुछ सदाचारी भिक्षुक, ऋषि तथा मथुराके नागरिक गोकुलमें आए हैं। वे कहते हैं कि हम मथुरामें मथुरावासी असुरोंसे अत्यन्त पीड़ित हैं। अतः गोकुलके बालक हमारी रक्षा करें ॥ ९ ॥

गोदुहामाश्रये तिष्ठतां निर्भयं भुञ्जतां गोरसाञ्छ्रद्धयोपाहृतान् ।
कृष्ण ! तेषां विपत्क्रन्दनं गोकुले गुञ्जतेऽहर्निशं त्रायतां भो इति ॥१०॥

'सबके मनको अपनी ओर खींच लेनेवाले कृष्ण ! वे ग्वालोंके घरमें निर्भय ठहरे हुए हैं और उनके द्वारा श्रद्धापूर्वक समर्पित गोरस खाते है; उनका यह विपत्ति-कालिक करुण-क्रन्दन गोकुलमें अहर्निश गूँजता रहता है—'प्यारे गोपबालको ! हमारी रक्षा करो।' इत्यादि ॥ १० ॥

नामतश्चाऽर्जुनो बाल आहाऽथ भो श्रूयतां तत्तटे पावने यामुने ।
संस्थिता दीक्षिता याज्ञिकाः साधवः कुर्वते सत्क्रिया मन्त्रतन्त्रान्विताः ॥११॥

उन बालकोंमें एक अर्जुन नामवाला बालक था, वह बीचमें ही बोल उठा—'प्यारे कृष्ण ! मेरी बात सुनो—यमुनाजीके पावन तटपर बहुत-से साधु-महात्मा दीक्षा लेकर यज्ञ-कर्ममें लगे बैठे हैं और मन्त्र-तन्त्रसे युक्त सत्क्रियाओंका संपादन करते हैं ॥ ११ ॥

ह्यो वयं दर्शने ह्युत्सुकाः स्मो गता आह्वयाञ्चक्रिरे वीक्ष्य ते नोऽपि च ।
संस्थिता श्रद्धयाऽचञ्चलाः सर्वथा संगतास्तैर्वयं तत्र गत्वा तदा ॥१२॥

'कल हमलोग उनके दर्शनके लिए उत्सुक होकर वहां गए थे; उन्होंने भी हमें देखकर अपने पास बुला लिया। तब वहां जाकर उनसे मिले और चपलता त्यागकर श्रद्धापूर्वक सुस्थिर भावसे वहां बैठे रहे ॥ १२ ॥

आशिषं संप्रयुज्यैव नस्ते ततः स्वासने स्थापयामासुरुच्चैर्धिया ।
शर्करामिश्रितं तृप्तिदं सद्घृतं संप्रदायाऽवदन्नित्थमेतद्वचः ॥१३॥

'तदनन्तर उन्होंने हमें आशीर्वाद देकर बड़ी उच्चबुद्धिसे हम सबको अपने ही आसनों पर बिठाया और परम तृप्तिदायक मिश्री-मिला माखन हमें खानेके लिए देकर यह बात कही—॥ १३ ॥

बालका ! ब्रूत किं गोकुले दर्शनादेव शान्तिप्रदो मेघनीलोऽर्भकः ।
विद्यते ! किं भवन्तोऽपि जानन्ति तं ह्यस्ति चेत् कोऽस्त्यसौ किं स्वरूपश्च सः ॥१४॥

'बालको ! यह तो बताओ, क्या गोकुलमें कोई मेघके समान श्याम-कान्तिवाला बालक है जो दर्शनमात्रसे ही सबको शान्ति प्रदान करनेवाला हैं ? तुमलोग उसे अवश्य जानते होंगे। यदि है तो बताओ वह कौन है ? और उसका स्वरूप कैसा है ?' ॥ १४ ॥

कीदृशास्तद्गुणाः शक्तिरस्त्यस्य का तेन वाऽऽकृष्यते स्वात्मवृत्तौ जगत् ।
मोहिता भावुका ज्ञानिनः साधका विश्वचक्रं भ्रमन्तीह यत्प्राप्तये ॥१५॥

उसके गुण कैसे हैं ? उसकी शक्ति क्या है ? क्या उसकेद्वारा सारा जगत् आत्मवृत्तिकी ओर खींच लिया जाता है ? क्या उसके दर्शनसे सब लोग आत्मानन्दका अनुभव करने लगते हैं ? यदि ऐसी बात है, तो यह वही बालक है, जिसकी प्राप्तिके लिए मोहित हो, भावुक-भक्त, ज्ञानी और साधक इस संसार चक्रमें घूम रहे हैं ॥ १५ ॥

तेष्वथो योगिनो माऽवदन् बालका ! ध्यानमार्गस्थिता वृत्तिहीना वयम् ।
अद्भुतं श्यामलं तच्छिशुं शान्तिदं हन्त ! पश्याम एवाऽत्र सचिन्मयम् ॥१६॥

'उन लोगोंमें जो योगी थे, वे मुझसे बोले—'बालको ! जब हमलोग ध्यान-मार्गमें स्थित होकर वृत्तिहीन हो जाते हैं, तब उस अद्भुत श्यामल, शान्तिप्रद एवं सच्चिदानन्दमय शिशुको ही देखने लगते हैं। उस समय बड़ा आनन्द आता है' ॥ १६ ॥

**ते च साङ्ख्या वदन्ति स्म भो ! पूरुषं तत्प्रधानं च संचिन्त्यमाने हृदि ।**
**सोऽयमायाति तन्मध्यतः संस्फुरद् दृक्पथेऽस्माकमव्याकृतोऽहर्निशम् ॥१७॥**

'तदनन्तर उनमें जो सांख्यवादी थे, वे कहने लगे—'गोपबालको ! जब हम अपने हृदयमें पुरुष और प्रकृतिके पार्थक्यका चिन्तन करने लगते हैं तो उन्हींके बीचसे स्फुरित हो, वह अव्याकृत तत्त्व-स्वरूप बालक अहर्निश हमारे दृष्टिपथमें आने लगता है' ॥ १७ ॥

**कृष्ण ! वेदान्तिनोऽप्येवमाहुस्तदा ब्रह्म संचिन्तयन्तो वयं स्वे हृदि ।**
**तं शिशुं मूर्तमेवंविधं नित्यशो हन्त ! पश्याम इत्थंगुणश्चाऽस्त्यसौ ? ॥१८॥**

'कृष्ण ! तब वेदान्ती लोग भी इसी प्रकार बोल उठे—'बड़े हर्षकी बात है कि जब हमलोग अपने हृदयमें ब्रह्मका चिन्तन करने लगते हैं, उस समय प्रतिदिन वही श्याम-शिशु मूर्तिमान् दिखाई देता है। ऐसे अद्भुत गुणोंवाला वह गोपकिशोर है' ? ॥ १८ ॥

**तत्र नैयायिकाश्चाऽवदंस्तातकाः ! साणुवादं पुरस्कृत्य भव्यं मतम् ।**
**यत्समीक्षामहे तत्त्वमेकं तदा सन्निरीक्षामहे तं महान्तं पुरः ॥१९॥**

'उसी समय वहाँ नैयायिक कहने लगे—'बालको ! हमलोग जब परमाणुवाद-युक्त भव्य न्याय-मतको सामने रखकर एक तत्त्वकी समीक्षा करने लगते हैं, तो 'महतो महीयान्' चिन्मय-तत्त्वके रूपमें उसी श्याम-शिशुका समक्ष दर्शन करते हैं' ॥ १९ ॥

**श्याम ! वैशेषिकास्ते च बौद्धाः पुनर्ह्येवमाहुर्विशेषं च बुद्धं वयम् ।**
**यद्भजामस्तथापीह सामान्य उँ ! कोऽप्यबुद्धः शिशुर्भासते नो हृदि ॥२०॥**

'श्याम ! तत्पश्चात् वैशेषिक मतावलम्बी और बौद्ध इस प्रकार कहने लगे—'हमलोग यद्यपि विशेष और बुद्धका चिन्तन करते हैं, तथापि हमारे आन्तरिक ध्यानमें वह कोई सामान्य स्वरूप अथवा बुद्ध-भिन्न शिशु प्रकाशित हो उठता है' ॥ २० ॥

**एवमत्र स्थिते बालकैः संवृतो यूथपस्तोककृष्णोऽप्यथाऽऽगम्य ह ।**
**अन्तराऽपातयद्विघ्नमेकान्ततो वावदूकोऽभणत् सूचयिष्यन्निदम् ॥२१॥**

जब कि वहाँ ऐसी स्थिति थी तभी स्तोककृष्ण नामसे प्रसिद्ध एक यूथपति गोप-बालक बहुतेरे ग्वाल-बालोंसे घिरा हुआ वहाँ पहुँचा। वह बड़ा वावदूक ( बोलनेवाला ) था। उसने चलती हुई बात-चीतमें विघ्न उपस्थित कर दिया और यह सूचना देते हुए कहा—॥ २१ ॥

**कृष्ण ! गोपालका नित्यतुष्टास्तथा सन्ति हृष्टा व्रजे पूर्णकामाः स्वतः ।**
**विक्रयं गोरसानां न कुर्वन्ति ते ह्यत्यजन् गर्ह्यकर्मेति सन्निश्चिताः ॥२२॥**

'कृष्ण ! व्रजके गोपगण स्वतः नित्य सन्तुष्ट, हर्ष-मग्न एवं पूर्णकाम हो गये हैं। उन्होंने यह निश्चय कर लिया है कि गोरसविक्रय निन्द्यकर्म है। अतः अब वे गोरस-विक्रय नहीं करते हैं। इस धन्धेको उन्होंने सर्वथा छोड़ ही दिया है ॥ २२ ॥

किन्तु नूतनप्रिया द्रष्टुकामाः पुरीं गोप्य औत्सुक्यतो बालिकाभिः समम् ।
छद्मतोऽपि प्रभो ! प्रत्यहं गोघृतं तत्र नीत्वा ददत्याखलेभ्योऽखिलम् ॥२३॥

'परन्तु प्रभो ! नूतन-वस्तुसे प्रेम करनेवाली गोपियाँ मथुरापुरीको देखनेकी इच्छासे उत्सुक हो, अन्यान्य गोपकिशोरियोंके साथ कोई न कोई बहाना बनाकर प्रतिदिन गो-घृत लिए वहाँ जाती हैं और दुष्टोंतकको वह सब दे आती हैं' ॥ २३ ॥

तन्निरोद्धुं वयं स्मः समर्था अतो याम उच्चैर्धिया स्थीयते किं त्वया ।
अमृतं पार्थिवं भुञ्जते यत् खलाः साम्प्रतं नैव तच्छीघ्रमायाहि भोः ! ॥२४॥

'इस अन्यायको रोकनेके लिए हम सर्वथा समर्थ हैं । अतः इस उच्च विचारके साथ हम चलें । तुम यहाँ क्यों बैठे हो ? भूतलके अमृतका दुष्टलोग उपभोग करें, यह उचित नहीं है । अतः भइया ! शीघ्र आओ' ॥ २४ ॥

ततस्तोककृष्णस्य वचो ह्यनुत्तमं निशम्य कृष्णोऽत्र बभूव सस्मितः ।
शनैरथोत्थाय निरीक्ष्य मातरं जगाम सार्धं सखिभिर्बहिस्ततः ॥२५॥

स्तोककृष्णकी यह बहुत उत्तम बात सुनकर कृष्ण वहाँ मन्द-मन्द मुस्कुरा उठे । वे धीरेसे उठकर खड़े हो गए और मातापर दृष्टि डालकर सखाओंके साथ बाहर चले गए ॥२५॥

गृहपार्श्वे इहाऽऽगम्य सरामा गोपबालकाः ।
संमन्त्र्य व्रजकार्यं स्वं कृष्णं धृत्वा करे ययुः ॥२६॥

घरके पार्श्वभागमें आकर बलराम सहित समस्त गोपबालक व्रजमें किये जानेवाले कार्यके विषयमें सलाह करके कृष्णका हाथ पकड़कर आगे बढ़ गये ॥ २६ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
एषोऽष्टाविंशसर्गोऽगान्महाकाव्ये स्तवात्मके ॥२७॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें अट्ठाइसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ २७ ॥

* * *

# एकोनत्रिंशः सर्गः

[ नवनीतचौर्यभक्षणप्रसङ्गे भगवता सभ्यानां समक्षं देव्यै वृषभानुनन्दिन्यै
हैयङ्गवीनभक्षणप्रदानपूर्वकं तत्स्वरूपनिरूपणवर्णनम् । ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

**अतर्क्यबोधोऽथ शिशुर्मणिप्रभो मयूरपिच्छाश्रितशीर्ष उच्चधीः ।**
**ददौ शुभादेशममीभ्य ईप्सितं प्रियं करिष्णुर्व्रजयोषितां सताम् ॥१॥**

अतर्क्य-बोधसे सम्पन्न और नीलमणिके समान श्याम-कान्तिसे युक्त उस नन्द-शिशुके मस्तकपर मोर-पंखका मुकुट शोभा पा रहा था। उसका विचार बहुत ऊँचा था। वह व्रजके युवतियों और सत्पुरुषोंका प्रिय करना चाहता था। अतः उसने अपने सखाओंको अभीष्ट-कार्यके लिए इस प्रकार शुभ आदेश दिया—॥ १ ॥

**आर्या ! वयस्याः ! शृणुताऽत्र मद्वचस्तथैव कार्यं व्रजमण्डलेष्वपि ।**
**रीतिर्विगर्ह्येयमतो विशेषतो निषेधनीया भववाच्यतां गता ॥२॥**

'आर्य बलराम तथा साथियों ! यहाँ मेरी बात सुनो और व्रजमण्डलमें तदनुसार ही कार्य करो। गोपियोंकी यह गोरस-विक्रयकी रीति निन्दनीय है। जगत्में इससे बड़ी बदनामी होती है। अतः हमें विशेष-प्रयत्न करके इस कुरीतिको रोकना है ॥ २ ॥

**अस्मान् क्षिपन्तोऽत्र श्रुतौ श्रुतौ जना गोपाः समर्था अपि सेश्वरा अपि ।**
**वराटकैर्गोरसविक्रयं सदा कुर्वन्त्ययोग्यं त्विति ते ब्रुवन्ति च ॥३॥**

'जनपदके लोग परस्पर काना-फूसी करते हुए हमलोगोंपर आक्षेप करते हुए कहते हैं कि गोपगण समर्थ हैं, ईश्वरके साथ रहते हैं, तथापि सदा ही कौड़ियोंके मोलपर गोरस बेंचा करते हैं। यह तो बड़ा अयोग्य कर्म है ॥ ३ ॥

**गृहे गृहे गच्छत यूथशोऽथ भो ! लभ्येत यद्यद्दधिदुग्धसद्घृतम् ।**
**तत्प्रत्यहं खादत मित्रवानरा भवन्ति तेभ्योऽपि च दत्त भूरिशः ॥४॥**

'अतः मेरे मित्रों ! तुम घर-घरमें जाओ और वहाँ जो भी दही-दूध तथा उत्तम घृत उपलब्ध हो, उसे प्रतिदिन खा जाया करो। यदि पीछे बानर हों तो उन्हें भी पर्याप्त गोरस दो ॥ ४ ॥

**प्रविश्य गोष्ठं व्रजवासिनां प्रिया ! विमुच्य गोवत्सगणानितस्ततः ।**
**दुग्धं गवां पाययत त्वरान्विता गृहस्थनेत्राण्यपवार्य यत्नतः ॥५॥**

'प्यारे साथियों ! व्रजवासियोंके गोष्ठमें प्रवेश करके इधर-उधर बँधे हुए बछड़ोंको खोल दो और तुरन्त उन्हें गौओंका सारा दूध पिला दो। परन्तु प्रयत्नपूर्वक घरके मालिककी आँखोंसे छिपे रहकर यह कार्य करना चाहिए ॥ ५ ॥

नराश्च नार्यश्च विशेषतो व्रजे स्निह्यन्ति चाऽस्मासु निजार्भकेष्विव ।
यूयं सुखं गच्छत निर्भया अतो गृहे गृहे गोरसपूरितेऽन्वहम् ॥६॥

'व्रजके लोग विशेषतः नारियाँ हम सबके ऊपर अपने बालकों-जैसा स्नेह रखती हैं, अतः तुम प्रतिदिन निर्भय हो सुखपूर्वक गोरससे भरे प्रत्येक घरमें जाओ ॥ ६ ॥

स्नेहं प्रदर्श्याऽवसरं प्रतीक्ष्य भो ! प्रसाद्य मान्यान् सकलान् गृहस्थितान् ।
कृत्वा कथा मिष्टतमा विमोह्य तान् सुखं गृहान्तर्विशताऽत्र निश्चिताः ॥७॥

'मित्रो ! अवसरकी प्रतीक्षा करके स्नेह दिखाकर घरके सभी आदरणीय बड़े-बूढ़ोंको प्रसन्न करो, फिर अपनी मीठी-मीठी बातें सुनाकर उन्हें मोहित करके अपनी कार्य-सिद्धिका निश्चित विचार लिए घरके भीतर आरामसे घुस जाओ ॥ ७ ॥

ततो दधिक्षीरघृतादिसञ्चिते भाण्डारकोष्ठे निभृतं प्रविश्य च ।
यथासुखं खादत यत्नपूर्वकं निष्कास्य तूष्णीं सकलं विभज्य तत् ॥८॥

'फिर चुपचाप दही, दूध और घृत आदिसे परिपूरित भण्डार घरमें प्रवेश करके आरामसे जितना खा सको यत्नपूर्वक निकाल-निकालकर खाओ और चुपकेसे ही सारी वस्तुएँ आपसमें बांट लिया करो ॥ ८ ॥

पयस्यमस्माभिरिह प्रतिक्षणं संभुज्यते लुण्ड्यत इत्यसाम्प्रतम् ।
संमन्यमानाः स्वगृहान्तरेऽपि ते तत्स्थापयन्त्येव निगूह्य सर्वथा ॥९॥

'हमलोग प्रतिक्षण उनके दूध-दही आदिको खाते और लूट लिया करते हैं; यह सर्वथा अनुचित है—ऐसा मानकर वे गोपगण अपनी सारी वस्तुएँ घरके भीतर छिपाकर रखते हैं ॥९

तेषां भयं वर्तत आखुभिस्तथा तैराखुभुग्भिः कपिभिश्च भक्षणात् ।
तस्मादिमे शिक्य इवस्ततोऽपि भो ! संस्थापयन्तीत्थमदृश्यरूपतः ॥१०॥

'इनको चूहोंसे बिल्लियोंसे और बानरोंसे गोरसके खाये जानेका भय है, अतः मित्रो ! ये लोग इधर-उधर छींकेपर अपने गोरसको इस तरह रखते हैं कि उसपर किसीकी दृष्टि न पड़े ॥ १० ॥

भाण्डैः कुचैलैश्च पिधाय तैरिदं संस्थाप्यते यत्नत एव भित्तिषु ।
प्रदर्श्य निष्काशयत स्वविग्रहे विन्यस्तरत्नानि विनाश्य तत्तमः ॥११॥

'वे लोग बर्तनों और चीथड़ोंसे ढँककर बड़े यत्नसे दीवारोंमें भी गोरस आदि रखते हैं। तुम्हारे अङ्गोंमें जो रत्नमय आभूषण हैं, उन्हें दिखाकर उनके प्रकाशसे वहाँका अंधेरा दूर करके गोरस निकाल लेना ॥ ११ ॥

समं भविष्यन्ति सखाय उद्धतास्तत्पानलुब्धाः कपयोऽपि वस्तदा ।
भाण्डाद्विनिष्काश्य पयस्यमव्यथं विभज्य मित्रेषु च खादताऽखिलम् ॥१२॥

'तुम्हारे साथ गोरसपानके लिए लुब्ध और उद्धत बानर भी सखा बनकर रहेंगे, तुम पात्रसे गोरस निकालकर बिना किसी कष्टके उन मित्रोंको बाँट देना और सारा गोरस खा लेना ॥ १२ ॥

भवन्तु मित्राणि विनिर्भयाणि भो करोमि साहाय्यमहं च गच्छत ।
यूथेषु यूथेषु विशिष्टरूपतः स्फुरद्गुणं मां समये विपश्यथ ॥१३॥

'मेरे सब मित्र निर्भय हो ! साथियो ! जाओ, मैं तुम्हारीं सहायता करूँगा। हर समय प्रत्येक यूथमें विशेषरूपसे प्रकाशमान गुणवाले, मुझ अपने सखाको तुम सब लोग देखोगे ॥ १३ ॥

आदिश्य चेत्थं शिशुयूथपानसौ महाविनोदी व्रजराजनन्दनः ।
यथागतः प्राङ्गणमार्गतः पुरा तथा गतस्तत्र पुनः स साग्रजः ॥१४॥

इस प्रकार बालक यूथपतियोंको आदेश देकर वह महाविनोदी व्रजनन्दन जैसे आँगनके मार्गसे आया था, उसी प्रकार अपने बड़े भाईके साथ पुनः वहाँ लौट गया ॥ १४ ॥

इतो गतास्ते शिशवा दृढोत्सुका गृहे गृहे तद्दधिदुग्धमोषणे ।
लब्ध्वा तथादेशममुष्य हर्षिता मित्रैः प्रियैस्तैः कपिभिश्च संयुताः ॥१५॥

श्रीकृष्णका पूर्वोक्त आदेश पाकर सब ग्वाल-बाल बड़े प्रसन्न हुए। उनमें घर-घर जाकर दही-दूधकी चोरी करनेके लिए दृढ़ उत्कण्ठा जाग उठी। वे अपने प्रिय-मित्रों और बानरोंके साथ वहाँसे चल दिये ॥ १५ ॥

प्राक् स्तोककृष्णोऽर्भकयूथपस्ततो गत्वा व्रजस्थस्य च कस्यचिद् गृहे ।
मान्या भवन्तः कुशलाः स्थ सस्मितं वदन्निति स्वैरवसत् सभाङ्गणे ॥१६॥

सबसे पहले कुछ बालकोंकी टोलीका सरदार स्तोककृष्ण व्रजके किसी गृहस्थके घरमें गया और मुसकराता हुआ बोला—'आप सभी माननीय गुरुजन बड़े कार्य कुशल हैं।' ऐसा कहकर वह अपने मित्रोंके साथ उस घरके आँगनमें जा बैठा ॥ १६ ॥

ब्रुवन्तु वत्साः ! कुत आगता इह संभूय सर्वेऽद्य विधित्सितं च किम् ? ।
उपद्रवं कर्तुमनेकरूपतो वाञ्छाऽस्ति वा सद्मनि तद्वदन्तु भोः ! ॥१७॥

उस घरके लोग पूछने लगे—'मेरे बच्चों ! बताओ; तुम सब लोग संघबद्ध होकर कहाँसे यहाँ आये हो ? तुम्हें क्या करनेकी इच्छा है ? अथवा तुमलोग मेरे घरमें अनेक रूपसे उपद्रव करना तो नहीं चाहते हो ?' ॥ १७ ॥

**सस्नेहमित्थं गृहतो विनिःसृतैर्गोपैर्गृहस्थैः परिभाषिता इमे ।**
**परस्परं वीक्ष्य भयाद् गलद्गिरो न नाऽवदन्नस्फुटमेव संघशः ॥१८॥**

इस प्रकार घरसे निकले हुए गृहवासियों द्वारा सस्नेह पूछे जानेपर सब बालक एक दूसरेका मुँह ताकने लगे। भयके कारण उनके मुँहसे कोई बात नहीं निकली। वे झुण्डके झुण्ड बच्चे अस्फुट स्वरमें बोल उठे—'नहीं ! नहीं !!' ॥ १८ ॥

**स स्तोककृष्णस्त्ववदन्मिषादिदं पूज्या ! वयं स्मः सकलास्तृषार्दिताः ।**
**समागता नोऽत्र ततो ददस्विह तक्रादिकं वा सलिलं पिबेम यत् ॥१९॥**

तब स्तोककृष्ण बहाने बनाकर बोला—'पूज्यचरण ! हम सबलोगोंको बड़ी प्यास लगी है, इसीलिए हम यहाँ आये हैं; अतः आपके यहाँ यदि मट्ठा आदि हो तो दें, नहीं तो हम पानी ही पी लें' ॥ १९ ॥

**देव्यः ! शिशूनां शृणुताऽत्र याचनं तत्पूरणीयं च गता वयं त्वितः ।**
**विन्यस्य शष्पादिकमञ्जसा वृषान् कुर्याम शीघ्रं क्षितिकर्षणक्षमान् ॥२०॥**

गोप बोले—'देवियो ! इन बालकोंकी याचना सुन लो। उसे पूर्णकर देना। हम तो यहाँसे चले। घास आदि खिलाकर बैलोंको इस योग्य बनायें कि वे शीघ्र खेत जोतनेमें समर्थं हों ॥ २० ॥

**ब्रुवन्त इत्थं गृहिणीर्यदैव ते बहिर्गता गोपवृषास्त्वरान्विताः ।**
**तदैव निःसृत्य गृहिण्य एकधा तानब्रुवन् प्रेक्ष्य तथास्थितानिदम् ॥२१॥**

अपनी घरवालीसे ऐसा कहकर जब वे श्रेष्ठ-गोप शीघ्रतापूर्वक निकल गये, तब सारी गृहिणियाँ एक साथ निकल कर उन तथाकथित बालकोंको बैठा देख उनसे बोलीं ॥२१॥

**प्रियाः सुता ! उद्धतकर्मकारिणो भवद्भिरित्थं प्रतिसद्म गोकुले ।**
**बम्भ्रम्यते किं वदताऽत्र नित्यशो विधाय हानिं परितोऽसमञ्जसम् ॥२२॥**

उद्धत कर्म करनेवाले 'प्यारे पुत्रो ! तुम लोग इस प्रकार गोकुलके घर-घरमें प्रतिदिन क्यों भ्रमण करते हो ? बताओ। ऐसा करके तुम व्रजमें सब ओर अनुचित हानि पहुँचा रहे हो ॥ २२ ॥

**का वश्चिकीर्षाऽद्य च सत्यमेव किं प्रबाधते वश्च तृषा गलग्रहा ।**
**अहो ! तथा चेद्भणताऽथ बालका ! ददाम तक्रादिकमस्ति यद्गृहे ॥२३॥**

'तुम्हारी इच्छा आज यहाँ क्या करनेकी है ? क्या सचमुच तुम्हें गलग्राहिणी पिपासा सता रही है। अहो ! बालको ! यदि ऐसी बात है तो हमारे घरमें जो भी तक्र (मट्ठा) आदि है, वह सब हम तुम्हें देंगी' ।। २३ ।।

**उक्तं प्रियं ताभिरिदं निशम्य ते प्रोत्फुल्लवक्त्राम्बुरुहो व्रजार्भकाः ।**
**प्रगृह्य तासां परिधानमाकुलं प्रोचुस्तदा मातर ! एवमस्ति तत् ।।२४।।**

इस प्रकार उन स्त्रियोंके कहे गए इन प्रिय वचनोंको सुनकर व्रज-बालकोंके मुखकमल खिल उठे। उन्होंने हठात् उनके अंचल पकड़कर कहा—'माताओ ! हाँ ! वास्तवमें ऐसी ही बात है। ( हमें प्यास सता रही है ) ।' ।। २४ ।।

**विश्रुत्य तेषां करुणं प्रभाषणं स्निग्धा इमास्तेष्वथ संभ्रमद्धियः ।**
**गत्वा समानीय गृहान्तरस्थितं तक्रादि तेभ्यः प्रददुः सुधोपमम् ।।२५।।**

उनका करुणायुक्त वचन सुनकर उन स्नेह-परायणा स्त्रियोंके हृदयमें घबराहट पैदा हो गयी। उन्होंने घरके भीतर जाकर वहाँ सुधोपम स्वादसे युक्त जो तक्र आदि वस्तुएँ थीं, उन्हें लाकर उन बालकोंको दिया ।। २५ ।।

**प्राग्देहि मह्यं नहि मह्यमीदृशं वदत्सु तेष्वत्र तृषार्दितेष्विव ।**
**गृहान्तरेभ्यश्च समागताः स्त्रियः कोलाहलाकर्षितबुद्धयस्त्विह ।।२६।।**

'मैया ! मुझे पहले दें, नहीं !, पहले मुझे दें' ऐसा कहते हुए जब प्याससे पीडितकी भाँति वे सब बालक बोलने लगे, तब वहाँ कोलाहल मच गया, इससे आस-पड़ोसकी स्त्रियोंका मन भी आर्कषित हुआ और दूसरे-दूसरे घरोंसे भी आकर वे वहाँ एकत्र हो गयीं ।। २६ ।।

**पिबत्सु बालेष्वथ शक्रदुर्लभं तक्रं च पश्यत्सु जनेषु सस्पृहम् ।**
**तत्राऽऽगता यूथपबालिकेश्वरी सा कीर्तिपुत्री च सखीभिरावृता ।।२७।।**

वे बालक सस्पृह होकर उस शक्र-दुर्लभ तक्रका पान करने लगे। बहुत–से लोग यह दृश्य देख रहे थे। इसी समय यूथप बालिकाओंकी अधीश्वरी कीर्ति-कन्या श्रीराधा अपनी सखियोंसे घिरी हुई वहां आ पहुँचीं ।। २७ ।।

**तद्देयमस्मभ्यमपीह मातरः प्राप्ता यथाकालमिमाश्च बालिकाः ।**
**प्राक् पाययन्त्वत्र पिपासुता भृशं प्रबाधतेऽस्मानपि साऽऽह सस्मितम् ।।२८।।**

वे मुसकराती हुई बोलीं—'माताओ ! हम लोगोंको भी तक्रदान करो। ये सब बालिकाएँ ठीक समयसे यहाँ आ पहुँची हैं; पहले इन्हें ही पिलाओ। हम सबको भी बड़े जोरकी प्यास सता रही है ।। २८ ।।

यूथेश्वरीं तामवलोक्य तादृशीं श्रुत्वा च वाचं प्रतिवेश्मिनां स्त्रियः ।
समं गृहस्थाभिरमूभिरुत्सुकाः कर्तव्यमूढाः परितोऽवसंस्ततः ॥२९॥

यूथेश्वरी वृषभानु-नन्दिनीको उपस्थित देख और उनकी उक्त बात सुनकर पड़ोसी गोपोंकी स्त्रियाँ भी उस घरकी स्त्रियोंके साथ उत्सुक हो किंकर्तव्य-विमूढ-सी होकर सब ओर बैठ गयीं ॥ २९ ॥

धृष्टा भृशं ते शिशवो निरीक्ष्य तां विघ्नप्रदां स्वात्मगुणैर्ज्ज्वलत्प्रभाम् ।
उत्प्लुत्य तासां करतः स्वकैः करैः पयस्यभाण्डान्यपहृत्य दुद्रुवुः ॥३०॥

वे ग्वाल-बाल बड़े ढीठ थे, उन्होंने देखा—अपने गुणोंसे प्रकाशित होनेवाली श्रीराधा विघ्न डालनेके लिये आ गयी हैं। तब वे उछलकर उन गृहिणी-गोपियोंके हाथोंसे दूध-दहीका पात्र छीनकर अपने हाथोंमें लिये भाग चले ॥ ३० ॥

दृष्ट्वैव तानुद्धतकर्मकारिणः क्षणेन गत्वाऽनुपदं सबालिकाः ।
ता यूथपाः संजगृहुः खरस्वरं निर्भर्त्स्य भाण्डानि शिशुभ्य उत्कटम् ॥३१॥

उन ग्वाल-बालोंको उद्दण्डता पूर्ण कार्य करते देख बहुत-सी यूथेश्वरी गोप-किशोरियोंने अपने साथकी बालिकाओंके साथ क्षणभरमें उनका पीछा करके उन्हें जा पकड़ा और कड़े स्वरमें डाँट-फटकार कर उन शिशुओंके हाथोंसे ये गोरस-पात्र छीन लिये ॥ ३१ ॥

ततोऽभवद्बालकबालिकादिषु संघर्ष एवाऽत्र पयस्यलुण्ठने ।
समीक्ष्य यं तद्गृहवृक्षसंस्थिताः शाखामृगास्तेऽप्यभवंस्तदुत्सुकाः ॥३२॥

तदनन्तर बालकों और बालिकाओंमें दही-दूध लूटनेके लिये संघर्ष छिड़ गया; जिसे देखकर उस घरके वृक्षपर बैठे हुए वानर भी उत्कण्ठित हो गये ॥ ३२ ॥

विधाय लक्ष्याण्यत उद्धता इमे पयस्यभाण्डान्यवरुह्य वृक्षतः ।
प्रगृह्य सर्वाणि सुखं सझम्पिका आरुह्य वृक्षांश्च तदादुरञ्जसा ॥३३॥

वानर तो स्वभावसे ही उद्दण्ड होते ही हैं। वे गोरस-पात्रको ही लक्ष्य बनाकर वृक्षोंसे उतर पड़े और उन सबको लेकर छलांग लगाते हुए पुनः उन्हीं वृक्षोंपर चढ़ गये। और बड़े आरामसे उस गोरसका स्वाद लेने लगे ॥ ३३ ॥

अतर्क्य ईदृग् घटनाक्रमो यदा सञ्जात आसीदिह सुन्दरायतिः ।
तदैव तत्सद्मपतिः स्वगोष्ठतो गोधुग्भिरन्यैः सहितः समागमत् ॥३४॥

जब इस प्रकार सुन्दर भविष्यसे युक्त अतर्कणीय घटना-क्रम चल रहा था, उसी समय उस घरका स्वामी गोप अन्य गोपोंके साथ गोष्ठसे लौटकर आया ॥ ३४ ॥

स्थितीर्विचित्रा अवलोक्य सद्मनो निरीक्ष्य तान् बालकबालिकादिकान् ।
वृक्षस्थितान् मर्कटकांश्च भुञ्जतः पयस्यमालोक्य विसिस्म्युरत्र ते ॥३५॥

अपने घरकी विचित्र स्थितिका अवलोकन कर वहाँ खड़े बालकों और बालिकाओं आदि पर दृष्टि डाल तथा वृक्षपर बैठे वानरोंको गोरसका भक्षण करते देख वे सब बड़े आश्चर्यमें पड़ गये ॥ ३५ ॥

ततोऽवदंस्ता गृहिणीर्निरीक्ष्य भो क्षुत्तृड्भिरेते शिशवो विबाधिताः ।
लक्ष्यन्त एभ्यस्तत उत्तमं दधि प्रदत्त सार्धं पृथुकैर्गुडैरपि ॥३६॥

तब अपनी गृहिणियोंकी ओर देखकर वे गोप बोले—'अरी देवियों ! ये शिशु भूख-प्याससे पीडित दिखाई देते हैं; अतः इन सबको गुड़-चिउड़ाके साथ उत्तम दही दो' ॥ ३६ ॥

विश्रुत्य तेषां वचनं सुखावहं सद्यो गृहान्तर्विविशुर्गृहस्त्रियः ।
बहिः समानेतुमनन्ततृप्तिदं पेयं च भक्ष्यं पृथुकादिभिर्युतम् ॥३७॥

उनका यह सुखदायक वचन सुनकर घरकी स्त्रियाँ चिउड़ा आदिके साथ अनन्त तृप्तिदायक भक्ष्य और पेय लानेके लिए तत्काल घरके भीतर गयीं ॥ ३७ ॥

इतो विवादोऽजनि भूय एकधा तत्र स्थितेष्वर्भकबालिकादिषु ।
युष्माभिरेवाऽत्र कृतं ह्यनर्थकं युष्माभिरित्यादिवदत्स्वहो ! मिथः ॥३८॥

इधर बाहर खड़े बालकों और बालिकाओंमें फिर एक बार विवाद छिड़ गया। वे सब एक-दूसरेपर यह आक्षेप करने लगे कि 'तुम लोगोंने ही यहाँ आकर अनर्थ किया है ! नहीं, हमने नहीं, तुम लोगोंने ! ॥ ३८ ॥

प्रागागता अत्र वयं तृषार्दिता विलप्य कृच्छ्रात् करुणं तथा मृदु ।
प्राप्तं प्रदत्तं प्रियमातृभिश्च तद् यावत् पिबामः किमु विघ्निता मुधा ॥३९॥

लड़के बोले—'पहले हम लोग यहाँ आये थे। प्याससे पीडित थे ही, करुण विलाप करके बड़ी कठिनाईसे प्रिय-माताओंका दिया गोरस हमने पाया था; ज्यों ही हम उसे पीने लगे, त्यों ही तुम लोगोंने व्यर्थ यहाँ आकर विघ्न डाल दिया' ॥ ३९ ॥

ब्रुवत्सु बालेष्वथ बालिका अपि प्रत्यूचुरेवं गुणरूपगर्विताः ।
क्षिपन्ति नो व्यर्थमिमे दुराग्रहाः पयस्यलुब्धाः शिशवो विपश्यत ! ॥४०॥

बालकोंके ऐसा कहनेपर गुण और रूपकी गर्वीली बालिकाएँ भी उन्हें उत्तर देती हुई बोलीं—'ये बालक दुराग्रही हैं, हम लोगोंपर व्यर्थ आक्षेप करते हैं। आप लोग देखें, ये गोरसके लोभसे ही यहाँ आये हैं' ॥ ४० ॥

मान्या इमा मातर एव कृत्स्नशो जानन्ति केषाञ्च कुकृत्यमस्ति भोः ! ।
एते मुधाऽस्मांस्तु विगर्हयन्ति हा ! सोपद्रवा नित्यमनर्थकारिणः ॥४१॥

'अजी ! यहां किनका कुकृत्य चल रहा है, इस बातको ये माननीया-माताएँ पूर्णरूपसे जानती हैं। ये ग्वाल-बाल अकारण हमारी निन्दा करते हैं। हाय ! ये सबके सब उपद्रवी तथा नित्य अनर्थ करनेवाले हैं' ॥ ४१ ॥

एवं स्थिते ताः स्वगृहान्तरं गता गृहं व्यपश्यन् कपिभिः प्रपूरितम् ।
तत्रत्यसद्वस्तु सुखेन भक्षितं विस्फोटितं लुण्ठितमाकुलीकृतम् ॥४२॥

इधर बाहरकी तो यह स्थिति थी, उधर गृहिणी-गोपियोंने घरके भीतर जाकर देखा तो सारा घर उन्हें बंदरोंसे भरा दिखायी दिया। वहाँकी सारी अच्छी वस्तुएँ ( दूध, घी, माखन आदि ) वे सुखसे खा गये थे। गोरस-पात्र कुछ लुढ़काये पड़े थे और कुछ फोड़ दिये थे। सारी वस्तुएँ अस्त-व्यस्त पड़ी थीं ॥ ४२ ॥

कोलाहले प्राप्तपथास्त उद्धताः क्षणात्तथाक्रुरहो ! प्रविश्य यत् ।
दृष्ट्वा गृहाभ्यन्तर आगतास्तदा ये त्रासयामासुरिमाः स्वतर्जनैः ॥४३॥

जब बाहर कोलाहल हो रहा था, तभी उन बंदरोंको घरमें घुसनेका मार्ग और मौका मिल गया था। अहो ! उन उद्दण्ड-कपियोंने क्षणभरमें घरके भीतर घुसकर वहाँकी ऐसी गति बना दी थी। घरके भीतर आयी हुई गोपियोंको देख वे बानर उनको ही घुड़क-घुड़ककर त्रास देने लगे ॥ ४३ ॥

गजोपमान् दुर्धरकर्मकारिणो निरीक्ष्य तान् दन्तनखायुधान् कपीन् ।
भीत्या बहिः प्रेक्ष्य ससंभ्रमा इमा अत्याहितं ! हेति वदन्त्य आगताः ॥४४॥

दांत और नख ही उनके आयुध थे। वे हाथीके समान दुर्धर-कर्म करनेवाले थे। उन्हें देखकर भयके मारे बाहरकी ओर देखती हुई ये गोपियां बड़ी घबराहटके साथ द्वारपर आ गयीं और कहने लगीं—'हाय ! हाय ! बड़ा अनर्थ हो गया' ॥ ४४ ॥

सकम्पमित्थं गदितं निशम्य ते वृद्धा अपृच्छन् स्त्रिय उत्सुकास्ततः ।
किं तत्र दृष्टं भवतीभिरुत्कटं भयावहं वस्तु वदन्तु भो इति ॥४५॥

काँपती आवाजमें उनकी यह बात सुनकर वे उत्सुक हुए वृद्ध-गोप उन स्त्रियोंसे पूछने लगे—'अरी ! घरमें जाकर तुमने कौन-सी विकट एवं डरावनी बात देखी है, उसे बताओ' ॥ ४५ ॥

तैः साग्रहं विस्मितमानसं तथा पृष्टाः पुरन्ध्र्यस्तु गलद्गिरं स्वतः ।
ऊचुर्विपश्यत्सु च तेषु तन्मुखं भयात् प्रफुल्लारुणपद्मसुन्दरम् ॥४६॥

जब उन्होंने आग्रहपूर्वक विस्मित-चित्तसे पूछा; और भयसे प्रफुल्ल-कमलके समान खिले हुए उनके सुन्दर मुखकी ओर वे देखने लगे, तब उन गोपियोंने स्वतः गद्गदवाणीमें कहा—॥ ४६ ॥

आर्या ! गृहाभ्यन्तर उच्चविग्रहाः स्थूला भृशं हस्तिनिभा बलोद्धताः ।
भयङ्करा मर्कटका वने यथा क्रीडन्ति विस्फोट्य समस्तभाण्डकम् ॥४७॥

'आर्यजन ! घरके भीतर ऊँचे शरीरवाले अत्यन्त मोटे और हाथीके समान उत्कट बलशाली बलोन्मत्त भयंकर वानर जैसे वनमें खेलते हैं, वैसे ही खेल रहे हैं। उन्होंने सारे गोरस-पात्र फोड़ दिये हैं' ॥ ४७ ॥

उच्चासने मेघनिभो भयङ्करः कश्चित्स्थितः प्राक्तनजाम्बवानिव ।
ज्वलत्प्रभो भूधरसन्निभो महान् ह्यस्माभिरेकः शिशुरप्यदर्शि च ॥४८॥

'वहाँ ऊँचे आसनपर मेघके समान काला कोई भयंकर भालू बैठा है, जो पूर्वजन्मके जाम्बवान्-सा दिखायी देता है। वह बड़ा तेजस्वी तथा पर्वतके समान विशाल-काय है। वहीं हमने एक शिशु भी देखा है' ॥ ४८ ॥

मान्यासु चैवं ब्रुवतीषु सस्मितं साटोपमाविष्कृतदिव्यधीगुणा ।
यूथेश्वरी कीर्तिसुताऽब्रवीदिदं तेनैव भाव्यं व्रजराजसूनुना ॥४९॥

माननीया गोपियाँ जब इस प्रकार कह रही थीं, उस समय अपनी बुद्धिके दिव्य-गुणको प्रकट करनेवाली यूथेश्वरी कीर्ति-नन्दिनी राधाने बड़े अभिमानके साथ मुसकराकर कहा—'वह बालक अवश्य व्रजराज-नन्दन होंगे ॥ ४९ ॥

तदन्तराऽसौ व्रजराजनन्दनो हैयङ्गवीनस्य बृहद्घटं वहन् ।
स्वं दर्शयामास गृहस्य देहलीं श्रित्वा स्वरूपेण शुभेन तान् हसन् ॥५०॥

इसी बीचमें उन व्रजराज-कुमारने ताजे माखनका एक विशाल घट हाथमें लिये अपने आपको उस घरकी द्वार-देहलीपर दिखाया। वे हँस रहे थे। उनका स्वरूप बड़ा ही सुन्दर था ॥ ५० ॥

ततोऽवदच्चाऽप्रतिमोऽयमर्भकः शृण्वन्तु सत्यं वचनं मयोदितम् ।
यदब्रुवन् मातर एत्य चाऽत्र तद्ध्यसत्यमेवेति विचारयन्तु भोः ! ॥५१॥

उस अप्रतिम बालकने कहा—'आर्यजन ! मेरी बताई हुई, सच्ची बात सुनें। माताओंने यहाँ आकर जो कुछ कहा है, वह सब मिथ्या ही है। इसपर आपलोग विचार करें ॥ ५१ ॥

पूज्या ! गृहाभ्यन्तर एक एव तु बालोऽथवा मर्कटकोऽपि नास्ति च ।
न तत्र किञ्चिच्च विदूषितं तथा विस्फोटितं वाऽस्ति सुखेन पश्यत ॥५२॥

'पूज्य गोपगण ! घरके भीतर एक भी न तो बालक है और न कोई बानर ही है। वहां किसी वस्तुको किसीने दूषित नहीं किया है। और न कोई गोरसका पात्र ही फोड़ा गया है ! आपलोग सुखपूर्वक चलकर देंख लें' ॥ ५२ ॥

मां दूषयित्वा वदतीह बालिका सैषा भृशं छद्मवती विनोदिनी ।
कः प्रत्ययोऽस्या वचने जगद् भ्रमे निक्षिप्य या पश्यति तस्य विक्रियाम् ॥५३॥

'यह छल-छन्द करनेवाली विनोदिनी बालिका मुझपर कलंक लगाकर जो बात कह रही है, इसकी इस बातपर क्या विश्वास किया जा सकता है ?। जो संसारको भ्रममें डालकर उसकी प्रतिक्रिया देख रही है' ॥ ५३ ॥

तदस्तु, खादन्तु सुखं व्रजार्भका दध्यादि सर्वं पृथुकैर्गुडैः समम् ।
भवन्त आनीय ददत्वदः शुभं भक्ष्यं च पेयं त्विदमस्ति सद्घृतम् ॥५४॥

अस्तु, व्रजके बालक गुड़ और चिउड़ोंके साथ दही आदि सब वस्तुएँ सुखपूर्वक खांय और आपलोग घरमें-से ला-लाकर इन्हें शुभ भक्ष्य एवं पेय वस्तुयें प्रदान करे। यह रहा 'उत्तमघृत' ॥ ५४ ॥

ततो गृहिण्याः करपद्मयोर्युगं ह्यापूरितं तेन घटेन सस्मितम् ।
श्रुत्वा वचस्तादृशमक्षतं गृहं विलोक्य ते विस्मयमापुरद्भुतम् ॥५५॥

तदनन्तर गृहिणीके युगल कर-कमलको नन्द-नन्दनने मुस्कराते हुए उस घटके घृतसे भर दिया। उस श्याम शिशुकी बात सुनकर और घरकी सारी वस्तुओंको बिना किसी क्षतिके सुरक्षित देख वे सब अद्भुत आश्चर्यका अनुभव करने लगे ॥ ५५ ॥

भक्ष्येषु पेयेषु समाहृतेष्वथ संस्थाप्य तान् बालकबालिकादिकान् ।
ता मातरस्ते पितरो विभज्य तत् संभोजयामासुरिमान् यथेप्सितम् ॥५६॥

भक्ष्य और पेय पदार्थ एकत्र किये गये। फिर उन बालक और बालिकाओंको पंक्तिबद्ध बैठाकर उन मातृस्थानीया गोपियोंने और पितृतुल्य गोपोंने वे सब वस्तुयें सबको बाँट-परोसकर इच्छानुसार भोजन कराया ॥ ५६ ॥

ततः स्वयं नीलमणिर्यथाज्वलँल्लीलाप्रियः स्नेहधनोऽयमर्भकः ।
तृप्ताःस्थ यूयं किमिति प्रभाष्य तां कन्यामपृच्छत् सखिभिः समं स्वकैः ॥५७॥

तदनन्तर नीलमणिके समान प्रकाशमान, लीला-प्रेमी और स्नेहका धनी वह बालक अपने सखाओंके साथ स्वयं जाकर उस कीर्ति-कन्यासे पूछा—'क्या तुमलोग अच्छी तरह तृप्त हो गई ?' ॥ ५७ ॥

प्रश्नेन तेनाऽपि विशुद्धरूपिणा विदारिता मर्मणि चाऽत्र पीडिता ।
यूथेश्वरी सा कुटिलं निरीक्ष्य तं जगाद तच्छक्तिविवित्सया ततः ॥५८॥

विशुद्धरूपधारी उस बालकके इस प्रश्नसे वह किशोरी इस तरह पीड़ित हुई, मानो उसका मर्मविदीर्ण हो गया हो। तब उस यूथेश्वरीने कुटिल कटाक्षसे नन्द-नन्दनकी ओर देखकर उनकी शक्तिकी परीक्षाके लिए कहा—॥ ५८ ॥

साऽहं ह्यतृप्ताऽस्मि विभोजयाऽत्र मां हैयङ्गवीनन्तु यथेप्सितं हितम् ।
तद् देहि भो वर्णसमानमानस ! सैषाऽस्मि तद्भक्षण एव सज्जिता ॥५९॥

'अजी ! तुम्हारे शरीरका जैसा रङ्ग है, वैसा ही हृदयका भी तो है। लो ! मैं अतृप्त ही रह गई हूँ। मुझे खिलाओ ! इच्छानुसार हितकर माखन दो। मैं उसे खानेके लिए ही तैयार बैठी हूँ' ॥ ५९ ॥

तदस्तु सज्जा भव भो ददान्यहं यथेप्सितं भुङ्क्ष्व कियच्च खादसि ।
सेत्थं समुक्ता शिशुनाऽमुना ततो गत्वा गृहिण्यङ्क उपाविशद् द्रुतम् ॥६०॥

'अच्छा ! तो तैयार हो जाओ। मैं तुम्हें इच्छानुसार माखन देता हूँ। खाओ, कितना खाओगी।' वह देवी उस शिशुके ऐसा कहनेपर तुरन्त जाकर उस घरके गृहिणीके गोदमें बैठ गयी ॥ ६० ॥

क्षिप्तं मृदस्तन्नवनीतभाण्डकं रिक्तं समुत्थाप्य करेण लीलया ।
पश्यत्सु सर्वेषु निरीक्ष्य तद्घटं संमन्त्रयामास किमप्यसौ जपन् ॥६१॥

मिट्टीका नवनीत पात्र खाली होकर फेंका पड़ा था। कन्हैयाने लीला-पूर्वक उसे हाथसे उठा लिया। फिर सबके देखते-देखते कुछ जप करते हुए इसने उस घड़ेको अभिमन्त्रित किया ॥ ६१ ॥

तदन्तरे नन्दमुखा व्रजेश्वरास्तत्राऽऽययुस्तैर्वृषभानुभिः समम् ।
बुद्ध्वा कथां शान्तिमयीं च तां स्थितिं समीक्ष्य तस्थुः परितोऽत्र विस्मिताः ॥६२॥

इसीबीचमें नन्द आदि व्रजेश्वर वृषभानुके साथ वहाँ आ पहुँचे। वे वहाँकी शान्तिमयी वार्ताको जानकर और उस स्थितिका निरीक्षण करके चारोंओर चकित होकर बैठ गए ॥ ६२ ॥

मृद्भाण्डमेतेन निरीक्षितं तदा हैयङ्गवीनेन बभौ सुपूरितम् ।
ततो विनिष्कास्य करेण तद्बहु व्याक्षिप्तमस्या विवृते गुहामुखे ॥६३॥

कन्हैयाकी दृष्टि पड़ते ही वह मिट्टीका गोरसपात्र ताजे माखनसे भर गया। तब अपने हाथसे बहुत-सा माखन निकालकर उसने वृषभानु-नन्दिनीकी फैली हुई मुख-कन्दरामें डाल दिया ॥ ६३ ॥

निक्षिप्य भाण्डं ह्यवनीतले पुनर्निष्कास्य तत्प्राञ्जलिना मुहुर्मुहुः ।
असौ विचिक्षेप तदुन्नते मुखे क्षितेर्महागर्त इवाऽव्ययेऽव्ययम् ॥६४॥

फिर पात्रको भूतलपर रखकर वह बार-बार अञ्जलिद्वारा माखन निकाल कर उस किशोरीके उठे हुए मुखमें डालने लगा। मानो, धरतीके किसी अक्षय-महागर्तमें अक्षय माखन उड़ेल रहा हो ॥ ६४ ॥

नैषा गता तृप्तिमितो न बालकस्तत्कार्यजाताद्विरराम वस्तुतः ।
इत्थं व्यतीतः समयो महानिदं दृष्ट्वा जनौघोऽत्र बभूव विस्मितः ॥६५॥

न तो वह बालिका ही तृप्त होती थी और न वह बालक ही अपने परिवेषण कार्यसे विरत होता था। वस्तुतः यही स्थिति आ गई थी। इस प्रकार बहुत समय व्यतीत हो गया। यह दृश्य देखकर सारा जनसमुदाय चकित हो उठा ॥ ६५ ॥

कर्मप्रधानं जगदस्ति चाऽव्ययं विवर्तते यद्बहुरूपनामसु ।
कालः स्वयं तद्ग्रसते यमीश्वरः प्रचोदयत्यात्मगतौ स्वशक्तितः ॥६६॥

यह सारा जगत् कर्मप्रधान है, जो अक्षय-प्रवाहरूपसे अनेक नाम-रूपोंमें विवर्तमान है। काल स्वयं जगत्को अपना ग्रास बना रहा है। और यह ईश्वर अपने स्वरूपमें ही स्थित हो अपनी शक्तिसे उसे प्रेरित करता है ॥ ६६ ॥

किमस्य कृत्येष्वधुनातनैर्बुधैर्भृशं विमर्श्येष्वबुधैस्तु मादृशैः ।
ध्यायन्निदं रक्तमुखो रविर्महत् स्वं कर्म संभाव्य गतोऽस्तमद्रिषु ॥६७॥

आजकलके वैज्ञानिक विद्वानोंके लिए जो अत्यन्त विचार किये जानेवाले हैं, ईश्वरके उन कृत्योंके विषयमें मेरे जैसे अज्ञानी-पुरुष क्या कह सकते हैं ?। मानो, यही सोचते हुए सूर्यदेवका मुख लाल हो गया और वे अपने कर्तव्यको ही महान् मानते हुए अस्ताचलको चले गये ॥ ६७ ॥

यूथेश्वरीं प्रेक्ष्य तथाविधामितो दीर्घं गुहाव्यायतवक्त्रशोभिनीम् ।
स भाण्डमुत्थाप्य करेण तन्मुखे न्युब्जात्ततोऽपातयदस्थिरं ह्यदः ॥६८॥

यूथेश्वरीको उसी प्रकार दीर्घ कालतक गुहाके समान फैले हुए मुखसे सुशोभित होती हुई देख कन्हैयाने गोरसके पात्रको हाथमें उठा लिया और उसे औंधाकरके उसके मुखमें धाराप्रवाह-रूपसे माखन गिराना आरम्भ किया ॥ ६८ ॥

अचिन्त्यशक्त्याश्रयिणाऽमुना ततः प्रवाहिते तस्य प्रवाह ईदृशि ।
स्वेदाम्बुभिस्तन्मुखमम्बुजोपमं व्यापूरि यद्दृष्टमहो ! सभास्थितैः ॥६९॥

अचिन्त्य शक्तिके आश्रय-भूत उस शिशुके द्वारा इसप्रकार माखनका प्रवाह बहाये जानेपर किशोरीका मुखारविन्द पसीनेंकी बूँदोंसे भर गया। इस बातको उस समाजमें स्थित उन सभी लोगोंने देखा ॥ ६९ ॥

तदन्तरागत्य गृहस्थगोदुहा तद्भाण्डमादाय शिशोः करद्वयात् ।
अभाणि सोऽयं विरमेति सस्मितं प्रेक्षामहे श्वोऽद्य समागता निशा ॥७०॥

तब गृहस्थ-गोपने बीचमें आकर उस शिशुके दोनों हाथोंसे वह पात्र ले लिया और मुस्कराते हुए कहा—'बस, अब रहने दो! कल पुनः हम यह लीला देखेगें। आज तो रात आ गई है' ॥ ७० ॥

तदस्तु मान्या! वचनं भवादृशां संपाल्यतेऽस्माभिरहर्निशं मुदा ।
वदन्तमेनं वृषभानुगोदुहः संस्थाप्य चाऽङ्के पुनरेव सोऽब्रवीत् ॥७१॥

श्रीकृष्णने कहा—'माननीय गुरुजनो! ऐसा ही हो! हमलोग सदा ही प्रसन्नतापूर्वक आप जैसे माननीय-जनोंकी आज्ञाका पालन करते हैं'। ऐसा कहनेवाले श्रीकृष्णको गोपश्रेष्ठ-वृषभानुके गोदमें बिठाकर फिर उसने इस प्रकार कहा—॥ ७१ ॥

धन्योऽसि भो गोकुलराजनन्दन! चैकागतिस्त्वं व्रजवासिनां धनम् ।
येन त्वयेयं धरणी स्वजन्मना स्वकर्मणा चैव पवित्रिता वयम् ॥७२॥

'गोकुलराज-नन्दन! तुम धन्य हो, व्रजवासियोंके एकमात्र अवलम्ब और धन हो। तुमने अपने जन्मसे इस धरतीको और अपने कर्मसे हम सब गोपोंको पवित्र कर दिया' ॥७२॥

मनोहरं विस्मयकारणं हृदि ध्यातव्यमेभिर्मुनिभिश्च योगिभिः ।
विनोदमित्थं प्रतिसद्म गोकुले कृत्वा त्वया हन्त! वशीकृता वयम् ॥७३॥

'तुमने गोकुलके प्रत्येक घरमें ऐसा विनोद करके हम सब लोगोंको वशमें कर लिया है। तुम्हारा विनोद मनोहर तथा विस्मय उत्पन्न करनेवाला है। जो इन मुनियों और योगियोंके लिए भी चिन्तनीय हैं' ॥ ७३ ॥

मध्ये सभायां प्रतिवेशिनी स्त्रिय उत्थाप्य सर्वा गृहिणी तदन्तरा ।
जगाद पत्युर्वचसा तिरस्कृतां विभाव्य हा! कीर्तिसुतां प्रशस्य ताम् ॥७४॥

तब उस घरकी गृहिणीने उस सभाके बीच पास-पड़ोसकी सभी स्त्रियोंको उठाकर पतिके वचनसे कीर्ति-कन्याको तिरस्कृत हुई मानकर उसकी प्रशंसा करके कहा—॥ ७४ ॥

शृण्वन्तु कोऽयं चपलो(ऽ)गुणाग्रही कृष्णोऽर्भको धृष्ट उपायविद्बहु ।
क्वेयं कुमारी वृषभानुजाऽक्षता प्रशस्यते केन भवद्भिरप्ययम् ॥७५॥

'आप सबलोग ध्यान देकर सुनें। यह चपल, निर्गुणताका आग्रही, बहुतसे उपायोंका जानकार धृष्ट-बालक कृष्ण क्या हैं? कहाँ तो वह और कहाँ यह हमारी वृषभानु-नन्दिनी कुमारी? जिसमें कोई त्रुटि नहीं है। यह कलूटा क्या है? आपलोग किस विशेषताके कारण केवल इसकी ही प्रशंसा करते हैं' ॥ ७५ ॥

**यज्जन्मतो गोकुलमेव मण्डितं बभूव सद्धान्यधनैः सुपूरितम् ।**
**भणन्तु विद्वांस ! इमां शुभोदयां किं भो न जानीथ महापदाश्रिताम् ॥७६॥**

'बताइये, क्या आपलोग इस शुभोदया कन्याको नहीं जानते हैं? जिसके जन्मसे ही सारा गोकुल श्रीसम्पन्न हो गया है। उत्तम धन-धान्यसे परिपूर्ण हो उठा है, और बहुत ऊँचे पदपर प्रतिष्ठित है' ॥ ७६ ॥

**यस्याः प्रसादं समवाप्य हृद्गतं व्रजेश्वरी ह्येनमसूत सद्व्रता ।**
**तदाप्रभृत्येव गृहं समृद्धिमद्बभूव तस्या अपि विस्मृतं किमु ? ॥७७॥**

'इसीके हार्दिक-प्रसाद ( अनुग्रह ) को पाकर उत्तम व्रतका पालन करनेवाली व्रजेश्वरी यशोदाने इस कृष्णको जन्म दिया है और तभीसे उन व्रजरानीका घर भी समृद्धिशाली हुआ है। क्या इस बातको आपलोग भूल गये हैं?' ॥ ७७ ॥

**तस्मादियं गोकुलवासिनां धनं ह्यात्मा च सर्वस्वमियं विशेषतः ।**
**यां द्रष्टुमेते मुनयोऽपि नित्यशो दिग्भ्यः समायान्ति, क एष किं स्तुतः ? ॥७८॥**

'अतः यह कन्या गोकुलवासियोंका धन है, आत्मा है, और विशेषतः यही सर्वस्व है। इसका दर्शन करनेके लिए सभी दिशाओंसे ये मुनिलोग भी प्रतिदिन आया करते हैं। इसके सामने यह कृष्ण क्या है? क्यों इसकी स्तुतिकी गई है?' ॥ ७८ ॥

**श्रुत्वा तयोक्तं वच एष सत्यगं स्वयं सभायामिदमाह मोहिनीम् ।**
**आह्लादिनीं चैव दृशं विकीर्य तां यूथेश्वरीं स्वात्मरतां प्रियां स्तुवन् ॥७९॥**

उक्त गृहकी गृहिणीके द्वारा कहे गए इस सत्य वचनको सुनकर कन्हैया स्वयं भरी-सभामें अपने-आपमें रत रहनेवाली जगन्मोहिनी, परमाह्लादिनी उस यूथेश्वरी प्रियतमा श्रीराधा पर दृष्टि डालकर उनकी प्रशंसा करता हुआ बोला—॥ ७९ ॥

**शृण्वन्तु पूज्या ! सुगुणेयमीदृशी यद्दृश्यते तन्न, विनोदिनी ह्यसौ ।**
**स्थिरा दृढा(ऽ) सद्गुणपूरिताऽनिशं सत्यं विजानीथ महा(ऽऽ)पदाश्रिताम् ॥८०॥**

'पूज्य चरण ! आपलोग सुनें। यह कन्या बहुत सद्गुणवती है। यह जैसी दिखाई देती है, वैसी नहीं है। परम विनोदिनी है। सुस्थिर, सुदृढ़ तथा निरन्तर उत्तम-गुणोंसे भरी हुई है। आपलोग सच जानिये। यह अत्यन्त ऊँचे पद ( महा आसक्तिकी स्थान ) पर प्रतिष्ठित है ॥ ८० ॥

**अस्मांस्तु या भ्रामयतीह वस्तुतः स्वदृष्टिमात्रेण जगद्भ्रमे भ्रमे ।**
**काऽस्याः कथा निर्गुणतामुपेयुषां सतां हृदाऽतर्क्यगुणाम्बुधेरहो ! ॥८१॥**

'वस्तुतः यह अपनी दृष्टिमात्रसे हम सबको जगत्के भ्रमरूप भ्रम ( चक्र ) में भटकाती रहती है । अहो ! इसकी बात क्या कही जाय; इसके गुणोंका सागर निर्गुणताको प्राप्त सत्पुरुषोंके हृदयके लिए भी अतर्क्य है ॥ ८१ ॥

**वर्षद्वयात्पूर्वमहन्तु जातुचित् तां ग्रामदेवीं व्रजसीम्नि संस्थिताम् ।**
**संदर्शनार्थं गत आसमेककः प्रणम्य तां पार्श्वं उपाविशं तदा ॥८२॥**

'आजसे दो वर्ष पहलेकी बात है, एक दिन मैं व्रजकी सीमापर विराजमान ग्रामदेवीका दर्शन करनेके लिए अकेला ही गया था । वहाँ देवीको प्रणाम करके मैं उनके समीप बैठ गया ॥ ८२ ॥

**कृता मया तत्स्तुतिरत्र चाम्बिके ! त्वं पालयाऽस्माञ्छरणागता वयम् ।**
**स्वलीलयाऽऽह्लादय नो व्रजस्थितांस्त्वद्वीक्षिताः स्याम जगत्प्रतिष्ठिताः ॥८३॥**

'वहाँ मैंने उनकी इस प्रकार स्तुति की—'अम्बिके ! हम तुम्हारी शरणमें आये हैं; तुम हमारी रक्षा करो । अपनी लीलासे हम व्रजवासियोंको आह्लादित करो । तुम्हारी कृपा-दृष्टि प्राप्त करके हम जगत्में प्रतिष्ठित होंगे' ॥ ८३ ॥

**उक्ता मयेत्थं विनता शिलामयी प्राक् कम्पिता साऽथ विनिसृता ततः ।**
**स्वाभिः सखीभिः समभीप्सितं वरं मह्यं ददातीव विनिर्ययावितः ॥८४॥**

'ऐसा कहकर मैंने देवीकी शिलामयी प्रतिमाको प्रणाम किया । पहले तो उस प्रतिमामें कुछ कम्पन हुआ, फिर उसमें-से चिन्मयी देवी अपनी सखियोंके साथ प्रकट हुई । मानो मुझे अभीष्ट वर देना चाहती हो, इसी मुद्रामें वह एक ओरको चल दी ॥ ८४ ॥

**कुतूहलाकृष्टमना मनागहं तामन्वगां मन्दिरतोऽविदूरतः ।**
**स्निग्धैर्घनैः स्कन्धदलादिभिर्वृतो यत्रैक आसीद्वटवृक्ष उन्नतः ॥८५॥**

'कौतूहल वश मेरा मन उनकी ओर आकृष्ट हुआ । मैं मन्दिरसे थोड़ी दूरतक उनके पीछे-पीछे गया । वहाँ एक ऊँचा वट वृक्ष है, जो चिकनी घनी डालियों और पत्तोंसे भरा हुआ है' ॥ ८५ ॥

**तस्यैव मूलं श्रित एकको मुनिर्ह्यासीत् समाधिस्थित उच्च आसने ।**
**गत्वा तदग्रे मुदितानना ह्यसौ स्थिता समुत्थाय सखीभिरन्विता ॥८६॥**

'उसी वृक्षके मूल भागमें एक मुनि बैठे थे, जो ऊँचे आसनपर स्थित हो समाधि लगाये हुए थे । वह प्रसन्नमुखी देवी सखियोंके साथ उठकर वहीं गयी और मुनिके सामने खड़ी हो गयी ॥ ८६ ॥

ततः क्षणादेव शिलानिभो मुनिर्व्युत्थापितो हा ! त्वनया स्वयुक्तितः ।
त्रायस्व दुर्गे ! करुणं वदन्नसावुत्थाय चैनां प्रणनाम भक्तितः ॥८७॥

तदनन्तर देवीकी प्रेरणा एवं युक्तिसे वे शिला-समान निश्चल मुनि क्षण भरमें समाधिसे उठा दिए गये। 'दुर्गे ! मेरी रक्षा करो' ऐसा करुणाभरे स्वरसे कहते हुए उन मुनिने इस देवीको भक्तिभावसे प्रणाम किया ॥ ८७ ॥

वृक्षाश्रये संस्थित आत्मविग्रहं निगूहमानोऽहमितोऽथ सद्गुणाम् ।
एनां विलोक्यैव कृतत्वरो द्रुतं गतश्च पार्श्वं तरुगुल्ममध्यतः ॥८८॥

मैं उस वृक्षके ही आश्रयमें अपने आपको छिपाकर खड़ा हो गया। फिर इस सद्गुणवती बालिकाको वहाँ देखकर मैं जल्दी-जल्दी तरु-गुल्मोंके बीचमें होता हुआ इसके पास चला गया ॥ ८८ ॥

सेयं तदाऽमुं मुनिराह सादरं मद्धस्तरेखां प्रसमीक्ष्य यत्नतः ।
समुच्यतां मेऽत्र च भाविजीवनं विदृश्यते कीदृशमेतदव्ययम् ॥८९॥

'उस समय इसने उन मुनिसे सादर कहा—ब्रह्मन् ! आप यत्नपूर्वक मेरे हाथकी रेखा देखकर बताइए—यहाँ मेरा यह निर्विकार भावी जीवन कैसा दिखायी देता है ?' ॥ ८९ ॥

भवान् मुने ! गर्ग इतीह विश्रुतो जानाति तत्त्वं सकलां स्थितिं तथा ।
सामुद्रिकीं चैव गतिं ग्रहस्थितिं भौगोलिकीं पश्यति योगचक्षुषा ॥९०॥

'मुने ! आप यहाँ गर्ग नामसे विख्यात ज्योतिर्विद् हैं; आपको सारे तत्त्व और स्थितिका परिज्ञान है। आप अपनी योगदृष्टिसे सामुद्रिकी रेखा, ग्रहस्थिति और भूगोलमें घटित होनेवाली घटनाको प्रत्यक्ष देखते हैं' ॥ ९० ॥

पृच्छामि तस्माद्भगवन्तमीदृशं प्रश्नं च विन्यस्य वदत्विदं पुनः ।
को मे पतिः कीदृगसौ भविष्यति स्वः कीदृशे दुःखसुखे च जीवने ॥९१॥

'ऐसे ऐश्वर्यशाली मुनीश्वरसे मैं पूछती हूँ। आप मेरे प्रश्नपर विचार करके फिर कहिए कि मेरे पति कौन और कैसे होंगे ? तथा मेरे जीवनमें दुःख-सुख कैसे होंगे ?' ॥ ९१ ॥

प्रसार्य प्राणी ह्यनया प्रदर्शितौ मुनिर्विगृह्यैव भुजद्वयेन तौ ।
इमामवोचत् करपद्मयोः शुभा रेखाः समीक्ष्याऽथ विमुग्धया धिया ॥९२॥

'यों कहकर इसने दोनों हाथ फैलाकर दिखाये। मुनिने अपने दोनों हाथोंसे उन कर-कमलोंको पकड़कर उनकी रेखाएँ देखीं और मुग्ध-चित्तसे इससे कहा—॥ ९२ ॥

अलं शिवे ! त्वां जगदीश्वरीं परां जानाम्यहं भक्तजनानुरागिणीम् ।
भुवं गतां कीर्तिसुताभिधान्वितां मायां परब्रह्मरतां छलाश्रिताम् ॥९३॥

'बस बस, शिवे ! मैं जानता हूँ, आप भक्तजनोंपर अनुराग रखनेवाली जगदीश्वरी पराशक्ति हैं। इस भूतलपर 'कीर्ति कन्या' के नामसे अवतीर्ण हुई हैं; मानवपुत्रीके छलसे आप परब्रह्म-रता माया ही प्रकट हुई हैं' ॥ ९३ ॥

पश्चादवोचन्मुनिरेष बालिके ! त्वं गोपकन्याऽसि च जन्मना त्वतः ।
गोपं पतिं प्राप्स्यसि तादृशं परं यः स्वैर्गुणैर्विश्वपतिर्भविष्यति ॥९४॥

'इतना कहनेके पश्चात् मुनि बोले—'बालिके ! तुम जन्मसे गोपकन्या हो; अतः तदनुसार ही गोप-पति प्राप्त करोगी, जो अपने गुणोंसे विश्वपति हो जायगा' ॥ ९४ ॥

परन्तु पत्युः शृणु कन्यके ! त्वया न लप्स्यते दैहिकसङ्ग ईदृशः ।
तत्रापि चैकादशवत्सरे तव पत्युर्वियोगश्च भविष्यति ध्रुवम् ॥९५॥

परन्तु कन्ये ! एक बात सुन ले। तुम्हें पतिका ऐसा अङ्ग-सङ्ग नहीं प्राप्त हो सकेगा। उसमें भी ग्यारह वर्षकी अवस्थामें निश्चय ही तुम उससे बिछुड़ जाओगी' ॥ ९५ ॥

त्वं भो ! ह्यनर्थैः कपटैर्निजैर्गुणैर्जीवान् सदा नर्तयसीह यच्छुभे ! ।
तस्यैव सर्वं परिणाममीदृशं संभोक्ष्यसे चेति विदृश्यते स्फुटम् ॥९६॥

'शुभे ! तुम अपने अनर्थकारी कपट-पूर्ण ( मायामय ) गुणों द्वारा जो जीवोंको सदा नचाती रहती हो, उसीका ऐसा सब प्रतिकूल परिणाम तुम्हें भोगना पड़ेगा; यह स्पष्ट दिखाई देता है' ॥ ९६ ॥

इयं सुरेखा वदतीदृशं फलं व्यासोऽपि यद्भागवते वदिष्यति ।
मुनीश्वरस्तत्र सुनाम तावकं नो धारयिष्यत्यपि टङ्कयिष्यति ॥९७॥

'तुम्हारी यह सुन्दर रेखा ऐसा फल बता रही है कि मुनीश्वर वेदव्यास जो भागवत-पुराण संपादित करेंगे। उसमें वे तुम्हारे सुन्दर नामका स्पष्टतया कहीं नहीं उच्चारण करेंगे और न उसे लिखेंगे हो' ॥ ९७ ॥

मान्या ! निवृत्तोऽहमथो विचक्षणा वदन्ति मायामिति तां छलाश्रिताम् ।
देवीमिमां दुर्जयकर्मकारिणीं जानीथ भो इत्थमतृप्तरूपिणीम् ॥९८॥

'मान्य जनो ! तदनन्तर मैं वहाँसे लौट आया। विद्वान् पुरुष कहते हैं कि ये छलनाका आश्रय लेनेवाली माया हैं। दुर्जय-कर्म करनेवाली देवी हैं। इन अतृप्त स्वरूपवाली किशोरीके विषयमें आप लोग ऐसा ही जानें' ॥ ९८ ॥

कस्त्वं ? क्षिपस्यत्र परेश्वरीं शिवां देवीमिमां स्वर्गत आगतामिह ।
अस्मान् समुद्धर्तुमतः कदापि भो ! ह्यग्रेऽतसीपुष्पसमान ! मा भण ॥९९॥

'कन्हैया ! तुम कौन हो इनपर आक्षेप करनेवाले ! ये साक्षात् देवी शिवा हैं और हम सबका उद्धार करनेके लिए स्वर्गसे यहां आयी हैं। अतसीकुसुमके समान श्याम-वर्णवाले नन्दकिशोर ! अब तुम आगे कदापि एक शब्द भी इनके विषयमें मत मुखसे निकालना' ॥९९॥

तमित्थमुक्त्वा वृषभानुनन्दिनीं समुज्ज्वलद्रूपगुणैः सुशोभिनीम् ।
तां तद्गृहं प्रापयितुं कृतत्वरा जगाम सेयं गृहिणी निशामुखे ॥१००॥

ऐसा कहकर उस घरकी गृहिणी उज्ज्वल रूप और गुणोंसे सुशोभित वृषभानुनन्दिनीको उनके घर पहुँचानेके लिए उतावली हो प्रदोषकालमें वहांसे चल दी ॥ १०० ॥

सर्वे गताः स्वस्वगृहांस्ततः परं विसर्जिता साऽपि सभा हतोपमा ।
प्रगृह्य बाहुं स्वशिशोः सतां गतेर्जगाम नन्दोऽपि गृहं प्रहर्षितः ॥१०१॥

फिर वह अनुपम सभा विसर्जित हुई। तत्पश्चात् सब लोग अपने-अपने घरको गये। नन्दजी भी हर्षसे उत्फुल्ल हो सत्पुरुषोंके आश्रयदाता अपने शिशुका हाथ पकड़कर घरकी ओर चल दिये ॥ १०१ ॥

अग्रे भवान् गच्छतु तात ? पृष्ठतो ह्यायाम्यहं पूज्यजनानुगोऽस्मि यत् ।
वदन् स इत्थं तत एत्य चाऽन्तरा तिरोहितोऽभूत् किमपि स्मरन् पुनः ॥१०२॥

'तात ! आप आगे-आगे चलें और मैं पीछे-पीछे आता हूं, क्योंकि मैं पूज्यजनोंका अनुगामी हूं।' ऐसा कहकर बीच रास्तेमें आनेपर श्रीकृष्ण पुनः कुछ स्मरण करके अन्तर्धान हो गये ॥ १०२ ॥

इतो व्रजेशोऽस्य शिशोर्महत्तमां लीलां विनोदश्च तथाविधं स्मरन् ।
भूत्वा समाधिस्थ इवाऽध्वनि व्रजन् न ज्ञातवानस्य विचेष्टितं हितम् ॥१०३॥

इधर व्रजेश्वर नन्दजी उस शिशुकी वैसी महत्तम लीला और विनोदको याद करके मार्गमें चलते-चलते समाधिस्थ-से होकर अपने पुत्रकी हितमयी चेष्टाको न जान सके ॥१०३॥

गृहाङ्गणं ह्येत्य सुतं स्वपृष्ठगं निरीक्षमाणोऽयमितस्ततो दृशम् ।
क्षिप्त्वाऽप्यदृष्ट्वा भयजातवेपथुश्चक्रन्द कृष्णेति मुमूर्षुभक्तवत् ॥१०४॥

घरके आँगनमें पहुँचकर अपने पीछेवाले शिशुके ऊपर उन्होंने दृष्टि निक्षेप किया; किन्तु उसे न देखकर भयसे काँपने लगे और मरणासन्न भक्तकी भांति 'हे कृष्ण !' कहकर क्रन्दन करने लगे ॥ १०४ ॥

साम्रेडितं क्रन्दनमार्तमीदृशं श्रुत्वा पितुः साग्रज एष सद्व्रतः ।
बहिः समायात उभौ स्वमातरौ विसृज्य मुग्धे श्रुतयोगशक्तिभिः ॥१०५॥

पिताका बारम्बार किया हुआ ऐसा क्रन्दन सुनकर श्रीकृष्ण अपने बड़े भैयाके साथ घरसे बाहर निकल आये। अपनी माताओंको, जो सुनी गयी उनकी योगशक्तियोंसे मुग्ध थीं, घरमें छोड़कर दोनों भाई पिताके पास आये थे ॥ १०५ ॥

अहं गृहाभ्यन्तर एव मातृभी रुद्धोऽवसं साग्रज एव भो पितः ! ।
नानाकथाभिः सुविनोदयंश्च ता मध्याह्नकालादिह चाऽस्मि सोऽब्रवीत् ॥१०६॥

कृष्ण बोले—'पिताजी ! मैं तो भाईके साथ घरमें ही था, माताओंने मुझे रोक रक्खा था। नाना प्रकारकी बातोंसे उनका मनोरञ्जन करता हुआ मैं दोपहरसे ही यहीं हूँ' ॥१०६॥

ततः साग्रजेनाऽमुना नन्द एष समानीत एवाऽन्तरं स्वालयस्य ।
सुखं श्रावितश्चाऽत्र तत्रत्यवृत्तं स्वमात्रोर्मुखाभ्यां विमुग्धीकृतश्च ॥१०७॥

तदनन्तर अग्रज सहित श्रीकृष्ण नन्दजीको घरके भीतर ले आये। उनकी दोनों माताओंने अपने मुखसे उनका वृत्तान्त उन्हें सुनाया। सुनकर वे मुग्ध हो गये ॥ १०७ ॥

इत्थं प्रतिक्षणमिहाऽऽत्मवतां मुनीनां स्वानां समक्षमतिमानुषकार्यजातम् ।
कुर्वन्नसौ स्थलमभूद् दृढविस्मयानां तद्गोकुलस्थितजनौघहृदां सताञ्च ॥१०८॥

इस प्रकार व्रजमें प्रतिक्षण मनस्वी मुनियों तथा स्वजनोंके समक्ष अलौकिक लीला चरित्र करते हुए वे गोकुलवासी जन-समुदाय तथा सत्पुरुषोंके हृदयके लिए सुदृढ़ विस्मयके स्थान बन गये थे ॥ १०८ ॥

एवं विधाय विविधान् रुचिरान् विनोदान्
दुष्टान् स्वकृत्यकृतमत्सरिणोऽनभिज्ञान् ।
अस्मांश्च भाविन इहेश्वरबुद्धिहीनान्
बभ्राम हन्त ! भगवान् व्रजमण्डलेषु ॥१०९॥

इस प्रकार भाँति-भाँतिके सुन्दर लीलाविनोद करके अपने कार्योंके प्रति ईर्ष्या-द्वेष रखनेवाले हम जैसे भावी दुष्टोंको आस्तिक बुद्धिसे हीन एवं मूढ़ बनाकर भगवान् व्रजमण्डलमें विचरण करने लगे ॥ १०९ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
सर्ग एकोनत्रिंशोऽगान्महाकाव्ये स्तवात्मके ॥११०॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह उनतीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ११० ॥

* * *

# त्रिंशः सर्गः

[ यमुनातटे शिलामयीं व्रजदेवीं द्रष्टुमागताया देव्याः कीर्तिदाया गोपवधूभिः साकं विविधः श्रीकृष्णविषयको वार्तालापः तत्कार्यनिर्देशश्च ]

( स्वागतावृत्तम् )

स्वागतं तव शुभे ! किमिह त्वं प्रातरागतवती व्रजसीम्नि ।
कीर्तिदां समवदन् यमुनायां स्नातुमद्य च गता व्रजनार्यः ॥१॥

आज भी यमुनाजीमें नहानेके लिए गई हुई व्रजसुन्दरियाँ रानी-कीर्तिदासे बोलीं–'शुभे ! आपका स्वागत है, आप किसलिए आज प्रातः काल ही इस व्रजकी सीमामें आयी हुई हैं ?' ॥१॥

आगतास्म्यहमिहाऽद्य शिलासु वन्दितुं भगवतीं विलसन्तीम् ।
पूजिता किल मया सुखदाऽसौ स्यादतो जिगमिषाऽप्यवदत्सा ॥२॥

वे बोलीं— मैं शिलाओंपर विराजमान भगवतीकी वन्दनाके लिए आयी हूँ। मेरे द्वारा पूजा की जानेपर वे मेरे लिये सुखदायिनी होंगी; अतः यहाँसे लौट जाना चाहती हूँ' ॥ २ ॥

विश्रम क्षणमिहाऽपि वरोरु ! का त्वरा तव गृहे गमनेऽपि ।
संगता वयमिहाऽद्य चिरेण काऽपि हृद्गतकथा करणीया ॥३॥

व्रजाङ्गनायें बोलीं—'वरोरु ! क्षण भर यहाँ भी विश्राम तो करो। तुम्हारे घर जानेके लिए अभी क्या जल्दी है। हमलोग चिरकालके बाद आज यहाँ मिली हैं। कुछ हार्दिक बातोंकी चर्चा करनी चाहिए' ॥ ३ ॥

ताभिरित्थमतुलं गदिता सा तत्र संस्थितवती तटदेशे ।
याः समाप्य निजकृत्यममोघं भूय एव मिलिता अचिरेण ॥४॥

उनके अनुपम ढंगसे इसप्रकार कहनेपर रानी-कीर्तिदा तट प्रदेशमें ठहर गईं। वे व्रजाङ्गनायें भी अपना सारा कार्य सफलता पूर्वक समाप्त करके फिर शीघ्र ही उनसे आ मिलीं ॥ ४ ॥

तासु गोकुलसतीषु तटीषु संस्थितासु विगलत्सिकतासु ।
संबभूवुरसमाः प्रियगाथा आत्मनो हितपरा बहुरूपाः ॥५॥

जहाँ बालू नहीं थी, तटके उस स्थानपर सारी गोकुल-सुन्दरियाँ बैठ गईं और उनमें अपने हितसे सम्बन्ध रखनेवाली अनेक प्रकारकी अनुपम एवं प्रिय कथा-वार्ता होने लगी ॥ ५ ॥

स्वानुभूतमवदत्तत आशु काऽपि गोपरमणी स्मृतसार्थी ।
तां व्रजेश्वरशिशोरनुरूपां स्वां सुतां स्मृतिपथेषु नयन्तीम् ॥६॥

उस समय देवी कीर्तिदा अपनी पुत्री (राधा) को व्रजेश्वर-नन्दन श्रीकृष्णके अनुरूप मानकर उसीको स्मृति पथमें ला रही थीं। तब उनमेंसे कोई एक गोप-रमणी पहलेकी बातोंको स्मरण करके उनसे अपना अनुभव सुनाने लगी ॥ ६ ॥

कीर्तिदे ! विगतरात्र्यवसाने व्युष्ट एव शयनात् प्रतिबुद्धा ।
साऽहमागतवती यमुनायां स्नानमत्र च विधाय निवृत्ता ॥७॥

'देवि कीर्तिदे ! कलकी रात जब प्रायः बीत चली थी उस समय सबेरे पौ फटते ही मैं अपनी शय्यासे जाग उठी और यमुनाजीमें स्नान करनेके लिए चली आई' और यहां स्नान करके फिर घरको लौट चली ॥ ७ ॥

यावदागममहं गृहसीम्नि तावदेव शिशुरेष मुकुन्दः ।
बालिकाभिरखिलैश्च वृतः स्वैर्मद्गृहाङ्गणगतो रमते स्म ॥८॥

'ज्योंही अपने घरकी सीमामें मैंने पैर रखा, त्यों ही देखा कि वह शिशु मुकुन्द बहुत-सी बालिकाओं तथा अपने साथी समस्त बालकोंसे घिरकर मेरे घरके आंगनमें आकर खेल रहा है ॥ ८ ॥

शान्तिदं विहरणं तदमुष्य संनिरीक्ष्य मुदिताऽत्मनि साऽहम् ।
तत्र संस्थितवती चिरकालं मन्त्रमुग्धभुजगीव विमूढा ॥९॥

'उसका वह क्रीडा-विहार परम शान्तिदायक था। उसे देखकर मैं मन-ही-मन आनन्द मग्न हो गई। और मन्त्रसे मोहित हुई सर्पिणीके समान किंकर्तव्यविमूढ़ हो चिरकाल तक वहीं खड़ी रह गई ॥ ९ ॥

तत्र चैष विहरन् कृतलीलो राजवृत्तमनुसृत्य वरोरु ! ।
स्वानुगान् धृतमहेन्द्रसमाज्ञ इत्थमादिशदहो ! सुरकल्पान् ॥१०॥

'वरोरु ! वहाँ विहार करते हुए उसने एक लीला की। वह राजाके बर्तावका अनुसरण करके देवराज इन्द्रके समान आज्ञा देता हुआ अपने देवोपम साथियोंसे इस प्रकार बोला—॥ १० ॥

मन्निदेशमसमं श्रृणुताऽत्र यूयमद्य कुरुताऽङ्ग ! तथैव ।
विश्वदुःखजलधौ ह्यनिशं स्वान् मज्जतश्च नयताऽन्तममुष्य ॥११॥

''प्यारे साथियों ! तुम यहाँ मेरे अनुपम आदेशको सुनो और सुनकर आज वैसा ही करो। संसारके दुःखरूपी सागरमें निरन्तर डूबते रहनेवाले आत्मीय-जनोंको उसके पार पहुँचाओ' ॥ ११ ॥

यत्र यत्र गुरुनिन्दनमेवं धर्महेलनमनार्यसमृद्धिः ।
दृश्यते श्रुतिसतां च विपत् सा तत्र तत्र भवतां सुगतिः स्यात् ॥१२॥

'जहाँ-जहां गुरुजनोंकी निन्दा, धर्मकी अवहेलना, दुष्टोंकी समृद्धि, तथा श्रुतियों और स्मृतियोंपर विपत्ति दिखाई दे, वहाँ-वहाँ तुमलोगोंको अवश्य जाना चाहिए' ॥ १२ ॥

कार्यमत्र रुचिरं शृणुत प्राक् स्वं मनो हृदि निरुध्य विशुद्धम् ।
आत्मयोगपथगं करणीयं स्वेष्टकृद्भवति तदध्यवधार्यम् ॥१३॥

"वहां जो रुचिर कार्य करना है, उसे सुनो। पहले अपने मनका विशुद्ध भावसे हृदयमें निरोध करो और उसे आत्म-योग पथका अनुगामी बनाओ। ऐसा मन ही अभीष्टका साधक होता है, इस बातको अच्छीतरह समझ लो' ॥ १३ ॥

यूयमत्र च यदीप्सथ तत्र कामयध्व इतरद्भवितुं वा ।
सर्वमेव भवतीह सुखेन योग एव कथितोऽमृतपायी ॥१४॥

'वहां ( उस योगस्थितिमें ) पहुँचकर तुम लोग जो-जो चाहोगे, अथवा दूसरो जिन-जिन वस्तुओंके होनेकी कामना करोगे, वह सब सुख-पूर्वक सिद्ध हो जायेगा। यह योग कहा गया है, जो मर्त्यंको अमृत पान करानेवाला है' ॥ १४ ॥

एवमेष उपदिश्य सखीन् स्वान् स्वं च शक्तिरहितं परिकल्प्य ।
आजुहाव तनयां मम शक्तिनामिकां स्वसदनान्तरसुप्ताम् ॥१५॥

'इस प्रकार अपने सखाओंको उपदेश देकर और अपनेको शक्ति-रहित-सा मानकर मेरो शक्ति नामवाली बालिकाको इसने पुकारा। वह दूसरे अपने घरमें सोई थी' ॥ १५ ॥

एहि देवि ! सुखदा त्वमसीह तस्थुषाञ्च जगतामखिलानाम् ।
शक्तिरप्यसि सुखं विहराव एहि तूर्णमिह शर्म ददावः ॥१६॥

'वह बोला—'देवि ! यहाँ आओ। तुम स्थावर, जंगम सभी प्राणियोंके लिए संसारमें सुखदायिनी हो। साक्षात् शक्ति भी हो, शीघ्र आओ, हम दोनों यहां सुख-पूर्वक विहार करें और लोगोंको कल्याण प्रदान करें' ॥ १६ ॥

तस्य हूतिरियमार्तजनानां शान्तिदा श्रुतिपथं मम पुत्र्याः ।
संगता तत इमां शयनात् स्वादुत्थितां समकरोत् त्वरितां च ॥१७॥

'उसका यह आह्वान आर्तजनोंको शान्तिप्रदान करनेवाला था। वह मेरी पुत्रीके कानमें पड़ा। उसने तत्काल मेरी इस कन्या शक्तिको शय्यासे उठा दिया ॥ १७ ॥

वीक्षिता किल मयाऽपि सुखेन तत्क्रिया गृहगवाक्षविलेन ।
देहलीं श्रितवती मम पुत्री कीर्तिदे ! समभवत् तव पुत्री ॥१८॥

‘मैंने भी खिड़कीके छिद्रसे सुख-पूर्वक उसकी क्रिया देखी। कीर्तिदे ! मेरी पुत्री ज्योंही उस घरके दरवाजे पर आई, त्योंही तुम्हारी पुत्री बन गई’ ॥ १८ ॥

नव्यभव्यजलदोज्ज्वलरूपः कृष्ण एष गुरुगोकुलमानी ।
शक्तिपूर्ण उरुगाय उपेन्द्रो भ्राजते स्म तव ईश्वरमानी ॥१९॥

‘कृष्णका रूप नव्य-भव्य जलधरके समान शोभा पाता था। वह गुरुजनों और गोकुलका मान बढ़ाने वाला था। उस समय शक्तिसे परिपूर्ण हो बहुतोंके द्वारा गाये जानेवाले भगवान् विष्णुके सदृश सुशोभित हुआ और अपनेको ईश्वर मानने लगा ॥ १९ ॥

तत्र तौ च मिलितौ रुचिराङ्गैरैक्यतामुपगतैरथ देवि ! ।
राजतः स्म रुचिरं श्रिततत्त्वौ तावुभौ तदनु संसदि तेषाम् ॥२०॥

‘देवि ! वहाँ वे दोनों अपने सुन्दर अङ्गोंसे परस्पर मिले। उनके दोनों अङ्ग एकताको प्राप्त हो गये थे। ( वे शक्ति और शक्तिमान् दोनों मिलकर एक हो गये )। तत्त्वका आश्रय ले वे दोनों ही उस बाल-संसदमें रुचिररूपसे शोभा पाने लगे ॥ २० ॥

गोदुहां शिशव ईशनिकाशास्तत्क्षणात् समभवन्नवितर्क्याः ।
दिव्यवस्त्रतुलसीदलमाल्यैर्भूषिता विहिततत्स्तुतयश्च ॥२१॥

तव वे ‘गोपोंके शिशु भी अतर्क्यरूपसे तत्काल ईश्वर जैसे हो गये। दिव्य वस्त्र और तुलसीदलोंकी मालाएँ उन्हें विभूषित करने लगीं। वे उन दोनों शक्ति-शक्तिमान्की स्तुति करने लगे ॥ २१ ॥

दृश्यमीदृशमहं कमलाक्षि ! संनिरीक्ष्य चकिताऽथ विमुग्धा ।
साऽहमीक्षितवती तव एनं सोऽपि मामपि च तत्र ददर्श ॥२२॥

‘कमललोचने ! इस प्रकार उसकी ऐसी लीला देखकर मैं चकित और मुग्ध हो गयी। तदनन्तर मैंने कृष्णको देखा और उसने भी वहाँ मुझे देख लिया ॥ २२ ॥

तावदेव विधृतात्मिकशक्तिरीश एष शिशुराश्रितलीलः ।
स्वं तथा तव सुतां च सखींश्च पूर्वरूपविधृतः समकार्षीत् ॥२३॥

‘तब तक ही आत्मशक्ति-धारी ईश्वररूप इस नन्द-नन्दनने लीलाशक्तिका आश्रय ले अपनेको, तुम्हारी पुत्रीको तथा अपने सखाओंको ऐसा कर दिया कि, जिससे वे सब अपने-अपने पूर्वरूपमें ही स्थित हो गये ॥ २३ ॥

कीर्तिदे समवलोक्य ततो मामाह्वयन् मधुरया स्वगिरा सः ।
स्वां सखीं मम सुतां प्रियशक्तिं मामदर्शयदियं छलिनीति ॥२४॥

'कीर्तिदे ! तब उसने मेरी ओर देखकर मधुर वाणी द्वारा अपनी सखी एवं मेरी पुत्री प्रिय शक्तिको बुलाकर मुझे दिखाते हुए कहा—मा ! 'यह बड़ी छलिनी है' ॥ २४ ॥

स्वानुभूतमवदत् पुनरन्या सोत्सुकास्विह भृशं सकलासु ।
कीर्तिदे ! शृणु हितं कथयामि त्वामहं विघटितं तदुदन्तम् ॥२५॥

तदनन्तर दूसरी गोपीने अपना अनुभव सुनाते हुए उनसे कहा । उसका अनुभव सुननेके लिए सभी स्त्रियाँ उत्सुक थीं । वह बोली—'कीर्तिदे ! सुनो, तुम्हारे हितकी बात कहती हूँ । बीती हुई घटना सुनाती हूँ ॥ २५ ॥

अद्य सार्धघटिकाद्वयपूर्वमिन्धनप्रभृतिसंग्रहणार्थम् ।
व्युष्ट एव विपिने विगताऽऽसं कर्तुमात्महितकृद्गृहकृत्यम् ॥२६॥

'आज ढ़ाई घड़ी पहलेकी बात है । मैं इन्धन आदि वस्तुओंके संग्रह तथा अपने लिए हितकर गृहकृत्यका सम्पादन करनेके लिए बड़े सबेरे ही वनमें गई थी' ॥ २६ ॥

तत्र सुन्दरि ! मयाऽखिलवस्तु सञ्चितं निमिषतोऽथ निवृत्ता ।
गह्वराद्वनपथात्त्वरिताऽहं दर्भदारुसुफलानि गृहीत्वा ॥२७॥

'सुन्दरि ! वहाँ सारी आवश्यक वस्तुओंका क्षण-भरमें संग्रह करके कुशा, इंधन और फल आदि लेकर मैं तुरन्त उस गह्वर-वनके मार्गसे लौटी' ॥ २७ ॥

सुन्दरं सखि ! वनं गहनं तद् दृश्यते स्म रमणीयमभीक्ष्णम् ।
स्थावरा अपि सुखं स्म लसन्ति यत्र काममनुभूय हृदिस्थम् ॥२८॥

'सखि ! वह गहन वन निरन्तर परम सुन्दर और रमणीय दिखाई देता है । वहाँके स्थावर वृक्ष आदि भी हार्दिक कामनाओंका अनुभव करते हुए बड़े सुखसे सुशोभित होते हैं' ॥ २८ ॥

जङ्गमास्तु सकलाः सकलं स्वान् स्माऽऽश्रयन्त इह कामरसाक्ताः ।
ज्ञानिनः सुदति ! कामकलानां तान् विभूष्य बहुधा स्म विभान्ति ॥२९॥

'समस्त जंगम-प्राणि तो इच्छानुसार उपलब्ध काम-रससे सराबोर हो, वहाँ स्वजनोंको बड़ी कलाके साथ अपनाते हैं । सुन्दर दाँतोंवाली देवि ! काम-कलाके ज्ञाताजन वहाँ सब लोगोंको अनेक प्रकारसे विभूषित करके स्वयं भी सुशोभित होते हैं' ॥ २९ ॥

सर्वतः सुखमये समयेऽस्मिन् बालसूर्यकिरणैः स्नपितेऽथ ।
यूथशः पशुविहङ्गमवर्गान् साध्वपश्यमहमीश्वरि ! तत्र ॥३०॥

'ईश्वरि ! ( रानीजी ! ) बालसूर्यके किरणोंसे नहलाये गये इस सर्वतः सुखमय समयमें मैंने उस वनमें झुण्डके झुण्ड आते हुए पशुओं और पक्षियोंके समुदायोंको अच्छी तरह देखा' ॥ ३० ॥

आगताः कुत इमे त्वरिता वा संगता जिगमिषन्ति च कुत्र ।
तर्क एष तुदति स्म मदीयं मानसं गतभयं तदभूच्च ॥३१॥

'उस समय मेरे मनको ऐसा तर्क प्रेरित करने लगा कि 'ये पशु-पक्षी इतनी उतावलीके साथ कहाँसे आये हैं और झुण्डके झुण्ड मिलकर कहाँ जाना चाहते हैं ?' तब मेरे मनसे भय भी निकल गया था' ॥ ३१ ॥

सोत्सुकाऽहमगमं ह्यथ तत्र तत्पथानुसरणं कृतवन्तौ ।
मत्पदावपि शुभे ! चलतः स्म मां विगृह्य तरसाऽस्मृतकृत्याम् ॥३२॥

'मैं उत्कण्ठित होकर उधर ही चल पड़ी । शुभे ! मेरे दोनों पैर उन्हींके पथका अनुसरण करते हुए मुझे लेकर वेगसे आगे बढ़ने लगे । उस समय मैं अपने घरके सारे काम-काज भूल गयी थी ॥ ३२ ॥

वेष्टिते तरुलतादिभिरित्थं शोभितेऽतिगहने वनकुञ्जे ।
साऽहमागतवती तत आलि ! दृष्टवत्यहह ! दृश्यमतर्क्यम् ॥३३॥

'आलि ! इस प्रकार वृक्षों और लताओंसे परिवेष्टित एवं सुशोभित अत्यन्त गहन वनकुञ्जमें मैं आ पहुँची । अहा हा ! वहाँ मैंने अतर्क्य दृश्य देखा' ॥ ३३ ॥

द्वित्रिवत्सरमितोऽर्भक एकः संविगृह्य करयो रुरुशृङ्गम् ।
वादयन् विलसति स्म पुरस्तादागतान् समनुगृह्य च वन्यान् ॥३४॥

'दो-तीन वर्षकी अवस्थाका एक बालक दोनों हाथोंमें रुरु-हिरणका सींग लेकर बजाता हुआ शोभा पा रहा था । उसने वहाँ सामने आये हुए समस्त वन्य पशु-पक्षियोंपर महान् अनुग्रह प्रकट किया था' ॥ ३४ ॥

शृङ्गवादनममुष्य वरोरु ! सामगायनमिवर्षिवरस्य ।
शोभते स्म ललितं सरसं च ब्रह्मगं स्वरलयाढ्यमतुल्यम् ॥३५॥

'वरोरु ! उसका शृङ्गवादन किसी श्रेष्ठ ऋषिके सामगान-सा सुशोभित होता था । स्वर और लयसे युक्त वह ललित एवं सरस संगीत अनुपम था, ब्रह्मानन्दका अनुभव कराता था' ॥ ३५ ॥

व्याप्य येन सकलं त्रिदिवं तत् साम्प्रतं सखि ! चमत्कृतमासीत् ।
संगताः श्रुतिधरा भुवनेशा यन्निशम्य त इहाऽऽगतवन्तः ॥३६॥

'सखि ! उस संगीतने सम्पूर्ण विश्वमें व्याप्त होकर उस समय स्वर्ग-लोकतकको चमत्कृत कर दिया था। श्रवण-शक्तिसे सम्पन्न समस्त लोकपाल उसे सुनकर वहाँ आ गये थे और एकत्रित हो गये थे' ॥ ३६ ॥

भूतलं तदुपगैः पशुपक्षिवृन्दकैरथ नभः सुरसंघैः ।
व्याप्तमेव समभूत् प्रति बालं स्वात्मपातनतिसत्स्तुतिकृद्भिः ॥३७॥

'इस प्रकार वहांका भूतल-पास आये हुए पशु-पक्षियोंके समुदायोंसे तथा आकाश देव-समूहोंसे व्याप्त हो गया था। वे सब उस बालकके प्रति साष्टाङ्ग-प्रणाम एवं स्तुति कर रहे थे' ॥ ३७ ॥

पुष्पवृष्टिरतुलेह नभस्तोऽजायताऽहहह ! जीव ! जयेति ।
शब्दवृष्टिरपि देवि ! यतोऽसौ संसदेव परमां मुदमाप ॥३८॥

'अहा हा ! वहाँ आकाशसे अनुपम पुष्प-वृष्टि होने लगी। साथ ही 'जय, जीव' आदि शब्दोंकी वर्षा आरम्भ हो गई। देवि ! इससे वह सारी सभा ही परमानन्दमें निमग्न हो गई' ॥ ३८ ॥

दृश्यमेतदभिवीक्ष्य शिशोस्तां शक्तिमद्भुततमां च विभाव्य ।
कोऽयमीश्वरगतिः पृथुकः स्यादित्यतर्क्यत मया चिरमत्र ॥३९॥

'यह दृश्य देखकर और उस शिशुकी अत्यन्त अद्भुत शक्तिपर विचार करके मैं बहुत देरतक इस तर्क-वितर्कमें पड़ी रही कि यह ईश्वरके समान प्रभावशाली बालक कौन हो सकता है ?' ॥ ३९ ॥

ध्यानमार्गमवलम्ब्य चिराय वीक्षितोऽपि शिशुरेष मयाऽद्धा ।
नाऽभवत् परिचितोऽथ पुनस्तं साऽहमीक्षितवती गुरुयोगात् ॥४०॥

'मैंने ध्यानमार्गका आश्रयले चिरकाल तक इस शिशुको देखा। परन्तु किसी तरह उसका परिचय नहीं प्राप्त हुआ। तब मैंने अत्यन्त एकाग्र चित्तसे उसपर दृष्टिपात किया' ॥४०॥

यावदानखममुष्य मयाऽपि शीर्षमेव निपुणं परिलक्ष्य ।
तत्र वीक्षितमथेश्वरि ! तावन्मेचकोऽत्र विलसन् सखि ! दृष्टः ॥४१॥

'रानीजी ! जब मैंने उसके नखसे लेकर शिखातकके भागका भलीभांति निरीक्षण किया, तब हे सखि ! मुझे उसके मस्तकपर मोर-पंखका मुकुट शोभा पाता दिखाई दिया' ॥ ४१ ॥

तावतैव परिलक्षित एष नन्दपुत्र इति जातसुबुद्ध्या ।
दृष्टपूर्वसुगुणैरनुभूतैः शक्तिभिश्च विषमाभिरमुष्य ॥४२॥

'उसपर दृष्टि पड़ते ही मुझमें सद्‌बुद्धिका उदय हुआ और मैं पहचान गई कि यह हमारे नन्दरायजीका ही पुत्र है। उस बालकमें जो अनुपम शक्तियाँ हैं तथा जो उसके उत्तम गुण देखे या अनुभव किये गये हैं, उन सबके द्वारा भी उसको पहचाननेमें सहायता मिली' ॥ ४२ ॥

यावदब्जनयनो मयि दृष्टिं पातयन् स्थिरमभूद् धृतशक्तिः ।
तावदेव पुनरत्र मनोज्ञे ! दृश्यमन्यदभवत्तदिहस्थम् ॥४३॥

'सुन्दरी रानीजी ! वह कमलनयन नन्द-नन्दनजी अपने भीतर अनन्त शक्ति धारण किया हुआ था, ज्यों ही मुझपर दृष्टि डालकर स्थिर-भावसे खड़ा हुआ, त्यों ही वहाँका सारा दृश्य बदलकर कुछ और ही हो गया' ॥ ४३ ॥

कीर्तिदे ! बटुकभैरवरूपः शान्तमूर्तिरतुलोऽद्भुत एषः ।
योगशक्तिपरिसेवितगात्रो दृष्टिगोचरमितो मम भूयः ॥४४॥

'कीर्तिदे ! तव यह अनुपम और अद्भुत बालक शान्तमूर्ति बटुकभैरव-रूप हो गया । सारी योगशक्तियाँ उसके शरीरकी सेवाकर रहीं थीं । इस अभिनव-रूपमें वह मुझे फिर दृष्टिगोचर हुआ' ॥ ४४ ॥

दृष्टपूर्ववपुषो भुवनेशाः स्माऽत्र सन्ति य इमे प्रियरूपाः ।
तेऽपि सर्व इह सुन्दरि ! जाताः प्रेतभूतकगणाश्च विदृष्टाः ॥४५॥

'सुन्दरी ! पहले जो मूर्तिमान् लोकपाल देखे गये थे तथा जो यहाँ प्रिय लगनेवाले नयनाभिरूपसे विराजमान थे, वे सब भूत-प्रेतोंके गण हो गये। भूतों-प्रेतोंके रूपमें ही इनका दर्शन होने लगा' ॥ ४५ ॥

भ्राजते स्म तदनु प्रमथैः स्वैर्गीतकैः सुविहितैरथ नृत्यैः ।
स्वान् समीक्ष्य सदयं परतत्त्वं संदिशन्नसमया स्वदृशाऽत्र ॥४६॥

'तदनन्तर प्रथमगणोंके सुन्दर गीत और नृत्योंके साथ वह वटुकभैरव शोभा पाने लगा। वह अपनी अनुपम दृष्टिसे आत्मीयगणोंकी ओर दयापूर्वक देखकर परम तत्त्वका उपदेश दे रहा था' ॥ ४६ ॥

तद्विलोक्य सखि ! साऽहमतर्क्यं दृश्यमात्महृदि संभृतकम्पा ।
तं जगत्पतिमतुल्यगुणाढ्यं सन्नतिं ह्यकरवं क्षितिपातम् ॥४७॥

'सखि ! वह अतर्क्य-दृश्य देखकर मैं अपने हृदयमें कांप उठी। और उस अतुल्य-गुण सम्पन्न जगदीश्वरको मैंने धरतीपर माथा टेककर प्रणाम किया' ॥ ४७ ॥

यावदात्मशिर उन्नमितं तत्तावदेव पुनरेष मयाऽपि ।
त्वत्सुतां विपरिष्वज्य तथैव साकमत्र विहरंश्च विदृष्टः ॥४८॥

'फिर ज्योंही मैंने अपना शिर उठाया, त्योंही वह मुझे तुम्हारी पुत्रीका आलिङ्गन करके उसीके साथ वहाँ विचरता दिखाई दिया' ॥ ४८ ॥

तावुभौ तदनु तत्र निरीक्ष्य स्नेहबद्धहृदया तरुगुल्मात् ।
पार्श्वमागममहं ह्यनयोस्तु नासीदत्र स परन्त्विह साऽऽसीत् ॥४९॥

'तत्पश्चात् वहाँ उन दोनोंको देखकर मेरे हृदयमें स्नेह उमड़ आया। और मैं वृक्षों एवं झाड़ियोंके बीचसे होती हुई उनके पास जा पहुँची। किन्तु उनमेंसे एक वह कृष्ण तो विद्यमान नहीं था परन्तु वह तुम्हारी पुत्री वहीं मौजूद थी' ॥ ४९ ॥

एकिकामथ करेण गृहीत्वा पृष्टवत्यहमिमां क्व गतोऽसौ ।
उक्तवत्यहह मामपि साऽपि मातरेनमिह विद्धि सदर्थम् ॥५०॥

'तब उस अकेलीको ही हाथसे पकड़कर मैंने पूछा—'वह कहाँ चला गया'। तब अहा हा ! उसने मुझसे कहा कि मैया ! तुम इस कृष्णको सदा सर्वत्र विद्यमान सत्-तत्त्व समझो' ॥ ५० ॥

प्रातरद्य मम गेहमुपेन्द्र आजगाम विपिनं च ततोऽपि ।
मामिहाऽऽनयदहो ! कृतमायः स्वैरचार्य्यविहतप्रभ एषः ॥५१॥

'आज प्रातः काल उपेन्द्र ( कृष्ण ) मेरे घर आया और वहांसे कोई माया रचकर मुझे इस वनमें भी यहाँ ले आया। अहो ! वह महान् स्वेच्छाचारी है और कभी भी इसका तेज प्रतिहत नहीं होता है' ॥ ५१ ॥

मां गृहं नयतु मातरितीह त्वत्सुतामथ भयेन गदन्तीम् ।
स्नेहतो हृदि समुह्य भुजाभ्यां तां विसृज्य गृहमेवमिताऽहम् ॥५२॥

'तब मैया ! मुझे घर ले चलो। यहाँ डर लगता है'। भयसे ऐसा कहती हुई तुम्हारी पुत्रीको मैंने हार्दिक स्नेहवश दोनों हाथोंसे उठा लिया और उसे तुम्हारे यहाँ छोड़कर मैं इस प्रकार अपने घर लौटी हूँ' ॥ ५२ ॥

काचिदित्थमवदत्तत ऊर्ध्वं प्रेक्ष्य शं कुरु शिवेत्यभिधाय ।
हृद्गतं सुदति ! कौतुकमेकं ह्यन्यथं तुदति नः शृणु वच्मि ॥५३॥

तदनन्तर कोई गोपी ऊपरकी ओर देखकर तथा 'हे शंकर ! कल्याण करो।' ऐसा कहकर इस प्रकार बोली—'सुन्दर दांतोवाली रानी जी ! मेरे हृदयमें एक कौतुक है, जो व्यथा पहुँचाये विना ही मुझे पीड़ा दे रहा है, उसे बताती हूँ, सुनो ! ॥ ५३ ॥

कीर्तिदे ! तदिदमस्ति सुधीनां हृद्गतोऽयमतुलो गुणधाम ।
गोकुलेशतनयोऽमिततेजाः स्यात् क आगत इहाऽपि कथं वा ॥५४॥

'कीर्तिदे ! वह यह है कि विशुद्ध बुद्धिवाले ज्ञानियोंके हृदयमें ध्येय-रूपसे विद्यमान यह कहीं भी तुलना न रखनेवाला अमित तेजस्वी तथा सकल सद्गुणधाम गोकुलेन्द्र-नन्दन कृष्ण कौन हो सकता है तथा कैसे यहाँ आया हैं' ? ॥ ५४ ॥

शङ्करः किमथवा स विरिञ्चिर्देवराज उत विष्णुरसौ वा ।
विद्म एव न वयं शिशुमेनं देवि ! सोऽयमिति निश्चिततत्त्वाः ॥५५॥

'देवि ! यह साक्षात् शंकर है, अथवा ब्रह्मा है या देवराज इन्द्र है अथवा स्वयं विष्णु है ? । हमलोग इस शिशुके विषयमें यह अमुक ही है !, इस प्रकार तत्त्व निश्चयपूर्वक कुछ नहीं जानती हैं ॥ ५५ ॥

लोकपालसमसत्त्वगुणाढ्यो दृश्यते शिशुरसौ बलवांश्च ।
दिव्यशक्तिगतिपूर्णसुबुद्धिर्योगिराडिव विभाति पुनर्यः ॥५६॥

'यह बालक लोकपालोंके समान सत्त्वशाली, गुणसम्पन्न और बलवान् दिखाई देता है। दिव्य शक्ति और गतिसे परिपूर्ण उत्तम बुद्धिवाला यह नन्द-शिशु किसी योगिराज-सा जान पड़ता है' ॥ ५६ ॥

भाग्यमीदृशमहो ! कमलाक्षि ! ब्रूहि केन विधिना भवतीह ।
येन विद्म उरुगायममुं तद् धृच्च नस्तुदति वेत्सि किमु त्वम् ॥५७॥

'अहो कमललोचने ! तुम्हीं बताओ। इस जगत्में ऐसा सौभाग्य कैसे प्राप्त होता है। जिससे, बहुतोंके द्वारा जिसकी कीर्ति गाई जाती है, उस बालकको हमलोग जान सकें। यहीं प्रश्न हमारे हृदयको पीड़ा देता रहता है। देवि ! क्या तुम उसके विषयमें तत्त्वतः जानती हो ?' ॥ ५७ ॥

वेद्मि किञ्चिदपि नाऽहममुस्य साऽभ्यधादथ विहस्य सलज्जम् ।
सत्यमाल्य उरुशक्तियुतोऽयं ध्येय इत्थमभवत् स्वजनानाम् ॥५८॥

यह सुनकर रानी कीर्तिदा लज्जापूर्वक हँसकर बोलीं—'सखियों ! मैं सच कहती हूं कि उसके विषयमें कुछ नहीं जानती हूँ। यह अनन्त शक्ति-शाली बालक इस प्रकार हमारे स्वजनोंका ध्येय बन गया है ॥ ५८ ॥

पीडयत्यहह ! मामपि सख्य एकवाक्यमनिशं किमिदं नु ? ।
ब्रूत यन्मम सुता शयनेऽपि कृष्ण ! कृष्ण ! वदति ह्यधिरात्रम् ॥५९॥

'अहह सखियों ! मुझे भी एक बात निरन्तर पीड़ा देती रहती है। न जाने यह क्या है ? तुम्हीं लोग बताओ। मेरी पुत्री (राधा) रातके समय शय्या पर सोती रहकर भी 'कृष्ण !, कृष्ण !!' पुकारा करती है ॥ ५९ ॥

उत्थिता तत इयं शृणुताऽत्र ध्यानमार्गमवतिष्ठत इत्थम् ।
येन लभ्यत इहाऽव्यय ईशः साऽप्यदर्शि च मया बहुबारम् ॥६०॥

'शय्यासे उठनेके बाद भी यह मेरी कन्या ऐसे ध्यानमार्गका अवलम्बन कर स्थित होती है, जिससे यहां अविनाशी परमेश्वरकी प्राप्ति की जाती है। मैंने उसे बहुत बार ध्यान करते देखा है' ॥ ६० ॥

तद्दशाऽस्पृशदहो ! मम चित्तं शान्तिदा सुखकरी च भृशं या ।
प्रेरयत्यथ च मामपि हन्त ! कृष्ण ! कृष्ण !! कथने च वयस्याः ॥६१॥

'अहो ! उसकी इस दशाने मेरे चित्तका भी स्पर्श किया है; जो अत्यन्त शान्तिदायिनी और सुखकारी है। हन्त ! सखियों ! उसकी वह ध्यान-निष्ठा मुझे भी 'कृष्ण ! कृष्ण !!' कहकर पुकारनेको प्रेरित करती है' ॥ ६१ ॥

तन्मयाऽनुमितमाल्य ! उपेन्द्रो ह्याजगाम गुणशक्तियुतोऽयम् ।
स्वैर्गुणैः प्रियजनान् परिपाल्य शक्तिभिर्हरति दुष्टहृदस्तान् ॥६२॥

'अतः सखियों ! मैंने अनुमान द्वारा यह निश्चय किया है कि गुण और शक्तिसे सम्पन्न ये उपेन्द्र ( विष्णु ) ही इस बालकके रूपमें आये हैं। जो अपने गुणों द्वारा प्रियजनोंका परिपालन करके अनन्त-शक्तियों द्वारा दुष्टोंका संहार करते हैं' ॥ ६२ ॥

दृष्ट एव भवतीभिरमुष्य शान्तिदः सुखकरश्च विनोदः ।
रञ्जयत्यनिशमेव मनो नः कामयामह इहाऽस्तु स नित्यम् ॥६३॥

'तुमलोगोंने तो देखा ही है। इस बालकका विनोद कितना शान्तिदायक और सुखद होता है। जो हमारे मनका नित्य निरन्तर अनुरञ्जन करता है। हम तो चाहती हैं, यह नन्द-नन्दनका वह विनोद नित्य यहाँ बना रहे' ॥ ६३ ॥

सोत्सुकं भवति हृत् पुनरित्थं द्रष्टुमस्य सुविनोदमतो वः ।
किञ्चिदत्र निभृतं कथयामि स्याच्च नोऽपि च सुखायतिरेषः ॥६४॥

'उसके इस तरहके सुन्दर विनोदको बार-बार देखनेके लिए हृदय सदा उत्सुक रहता है। अतः मैं तुमलोगोंसे एकान्तमें कहने योग्य कुछ कहती हूँ। यह विनोद भविष्यमें हमलोगोंके लिए भी सुखदायक हो' ॥ ६४ ॥

एत्य सद्म स उपद्रवमित्थं ह्याचरन् विगतभीर्भवतीभिः ।
संनिगृह्य सुखमाल्य ! उपायैः क्षिप्त एव च भवेद् गृहकोष्ठे ॥६५॥

'सखियों ! जब वह बालक हमारे घरमें आकर पूर्वोक्त प्रकारसे उपद्रव करने लगे, तब तुम लोग निर्भय होकर उसे पकड़ लेना और सुखपूर्वक विभिन्न उपायों द्वारा उसे अपने घरके भीतर ही डाले रखना' ॥ ६५ ॥

प्रेक्ष्य एष पुनरत्र निरुद्धः किं किमाचरति जल्पति किं वा ।
तद्विचार्य सविनोदममोघं कर्म यद्भवति साधु विधेयम् ॥६६॥

'फिर देखना, वह वहाँ रोक लिये जानेपर क्या-क्या करता अथवा कहता है। उसके द्वारा किया गया सफल विनोद-युक्त कर्म जैसा भी हो उसे विचारपूर्वक भली भाँति करना चाहिए' ॥ ६६ ॥

स क्षमां च यदि याचत आल्यः साऽपि तेन लघु तत्र समाप्या ।
प्राप्य यां विहतशक्तिरुपेन्द्रो लज्जयाऽत्र विरमेच्च चिराय ॥६७॥

'सखियों ! यदि वह क्षमा याचना करे तो वह क्षमा भी उसे शीघ्र मिलनी चाहिए। जिसको पाकर उपेन्द्रकी शक्ति कुण्ठित हो जाय और वह लज्जावश चिरकालके लिए उपद्रवसे विरत हो जाय' ॥ ६७ ॥

तद्विमृश्य यदि धृष्ट इहाऽपि नेय एष ससुखं नृपवेश्म ।
तत्र तेन विहिता गृहहानिस्तत्सभासु विदिता करणीया ॥६८॥

'इन सब बातोंपर विचार करके भी यदि वह धृष्ट ही बना रह जाय—उपद्रवसे विरत न हो तो उसे सुखपूर्वक नन्दरायजीके घरपर ले जाया जाय और वहाँ उसके द्वारा की गई प्रत्येक घरकी हानिभरी कहानी सभामें विदित कराई जाय' ॥ ६८ ॥

प्राप्स्यते फलमनेन तदैव तस्य दण्ड उचितो ह्ययमेव ।
किं करिष्यति भविष्यति हास्यो दृश्यते च गतिरित्थममुष्य ॥६९॥

'ऐसा करनेसे ही उसे तत्काल अपनी करनीका फल मिलेगा। उसके लिए यही दण्ड उचित होगा। वह सबके लिए उपहासका पात्र हो जायेगा। फिर क्या करेगा ? इस प्रकार उसकी भावी गति-विधि भी देखी जायेगी' ॥ ६९ ॥

अन्यदस्तु, समये समये तद्विज्ञ एव बहुधा वयमाल्यः ! ।
कोऽत्र संशय उपेन्द्रसमोऽसौ गोकुलेशतनयो जयतीह ॥७०॥

'सखियों ! अब और बातें रहने दो। समय-समयपर उसके और भी नाना प्रकारके जो खेल होगें, उन्हें हमलोग जानेगीं ही। इसमें क्या सन्देह है कि वह गोकुलराज-कुमार साक्षात् विष्णुके समान पराक्रमी है। उसकी यहाँ सदा ही जय हो' ॥ ७० ॥

गच्छाम आल्य ! इति कीर्तिदया समुक्ता-
स्ता उत्थिता अथ गृहान् प्रति गन्तुकामाः ।
कर्तुं च गोप्यमिदमात्महितं सुवृत्तं
संमन्त्र्य चाऽऽययुरिमाः पुरि सुप्रसन्नाः ॥७१॥

'अच्छा, सखियों ! अब हमलोग चलें'। रानी कीर्तिदाके ऐसा कहनेपर वे सब व्रजाङ्गनायें अपने-अपने घर जानेके लिए उठीं। और अपने लिए हितकर उस उत्तम कार्यक्रमको गोपनीय रखनेके लिए ही परस्पर सलाह करके अत्यन्त प्रसन्नतापूर्वक सभी अपने गाँवमें लौट आई ॥ ७१ ॥

हंहो ! व्रजस्त्रिय उपेन्द्रमनुप्रयाताश्चौरं सदोषमिव तं च गृहीतुमित्थम् ।
सज्जा बभूवुरधिसद्म कृतप्रयत्नाः शेकुर्न यं तु मुनयोऽपि च कर्तुमेवम् ॥७२॥

अहो ! जिन्हें प्रयत्न करके मुनिलोग भी वशमें नहीं कर पाते हैं, उन्हीं उपेन्द्रको माखन-चोरीके अपराधमें रँगे हाथ पकड़नेके लिए प्रत्येक घरकी गोपाङ्गनायें तैयार हो गईं थीं ॥ ७२ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
त्रिंशः सर्गोऽप्यगादेष महाकाव्ये स्तवात्मके ॥७३॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह तीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ७३ ॥

# एकत्रिंशः सर्गः

[ सम्प्रदायवादिनां महात्मनां दृष्टिपथमागते श्रीवसुदेवपोते तेषां तत्स्तवनम्।
तद्विलोक्य विस्मितानां कंसचराणां तद्वैषयिकी विजिज्ञासा।
तं दृष्ट्वा तेषां ततः पलायनवर्णनञ्च। ]

( गीतिरियम् )

जय जय दुर्गे ! जय जय मातर्बुधजनचित्ते विहर सदा त्वम्।
जय जय राम ! हतखरकाम ! मुनिवरचित्ते विहर सदा त्वम् ॥

जय जय शम्भो ! हर कलुषं भो ! सुखदचरित्र ! स्वजनान् पाहि।
जय जय विष्णो ! सुकृतविधृष्णो ! जय जय दुष्टान् सुजनान् पाहि ॥

'दुर्गे ! तुम्हारी जय हो, जय हो। मातः ! तुम्हारी जय हो, जय हो। तुम विद्वानोंके चित्तमें सदा विहार करती रहो।

राक्षस-खरकी कामनाओंको नष्ट करनेवाले श्रीराम ! तुम्हारी जय हो, जय हो। तुम श्रेष्ठ मुनियोंके मानस-मन्दिरमें सदा विहार करो।

शम्भो ! तुम्हारी जय हो, जय हो। तुम सारे पापको हर लो। प्रभो ! तुम्हारा चरित्र सुखदायी है। तुम अपने भक्तजनोंका पालन करो।

विष्णो ! तुम्हारी जय हो, जय हो। पुण्यधारी हरे ! तुम दुष्टोंपर विजय प्राप्त करो, विजय प्राप्त करो और सज्जनोंका सदा संरक्षण करो।

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

शरच्छशाङ्कप्रतिमं मनोहरं ध्येयं विभुं साग्रजमेनमच्युतम्।
गृहाद्विनिष्क्रम्य गृहान्तरागतं समीक्ष्य हृष्टा मुनयोऽथ जातुचित् ॥१॥

एक समयकी बात है—शरद ऋतुके चन्द्रमाके समान मनोहर तथा ध्यान करने योग्य भगवान् अच्युत अपने बड़े भैयाके साथ घरसे निकलकर दूसरेके घर आये। उन्हें देखकर मुनियोंको बड़ी प्रसन्नता हुई ॥ १ ॥

स्वैः स्वैर्मतैर्ध्यानपथागतैर्हितैः स्वैः संप्रदायैश्च विमृश्य तत्त्वतः।
भक्त्या हृदिस्थापितमेनमस्तुवन् गीतं प्रगायोपरिगीतमत्र ते ॥२॥

वे स्मरण-पथपर आये हुए अपने-अपने हितकर मतों एवं सम्प्रदायों द्वारा तत्त्वतः विचार करके भक्तिभावसे हृदयमें स्थापित किये गए उन भगवान् अच्युतकी वहाँ उपर्युक्त गीत गा-गाकर स्तुति करने लगे ॥ २ ॥

भावानुकूलं कृतदिव्यकीर्तनाः स्वध्येयसंदर्शनजातविभ्रमाः।
त आत्मपातं ननृतुर्मुदान्विता गायन्त एकैकश आत्मनः प्रियम् ॥३॥

उन्होंने अपने-अपने भावोंके अनुकूल दिव्य कीर्तन किया। अपने ध्येयका दर्शन करके उनके हृदयमें एक प्रकारकी हड़बड़ी पैदा हो गई—वे भावावेशसे विह्वल हो गये। उनमेंसे एक-एक व्यक्ति अपने प्रिय देवताका गुणगान करने लगा। वे सबके सब आनन्दमग्न हो नाचने लगे। नाचते-नाचते वे गिर-गिर पड़ते थे ॥ ३ ॥

संसार इत्थं प्रियलक्ष्यलब्धये व्यग्रोऽस्त्यहो ! यद्गत ईश्वरोऽप्यसौ ।
लब्धुं च तल्लक्ष्यमिमे वयं तथा व्यग्रास्त आसन् मुनयोऽपि तद्यथा ॥४॥

अहो ! सारा संसार अपने प्रिय-लक्ष्यकी प्राप्तिके लिए व्यग्र है। साक्षात् ईश्वर भी इसीके अन्तर्गत हैं। उसी लक्ष्यको पानेके लिये हमलोग भी प्रयतनशील हैं। जैसे उस समय मुनिलोग भी लक्ष्य-सिद्धिके लिए व्यग्र थे ॥ ४ ॥

विपश्यतः स्वार्थममुष्य दुर्हृदः कंसस्य भृत्या बहुरूपधारिणः ।
इतः समागत्य तथास्थितानमून् गाढं ह्यपश्यन् कृतसज्जनप्रियान् ॥५॥

मथुराका राजा दुष्ट हृदयवाला कंस भी इसी प्रकार स्वार्थपर दृष्टि रखनेवाला था। उसके सेवक अनेक प्रकारके रूप धारण करके इधर आ निकले और इस प्रकार कीर्तनमें लगे हुए तथा सज्जनोंका प्रिय करनेवाले इन मुनियोंकी ओर आंखें फाड़कर देखने लगे ॥५॥

तेष्वेक आगत्य समीपमुद्धतोऽपृच्छन्मुनिं कंचिदिदं समत्सरम् ।
कस्त्वं त्वयेदं वद किं विधीयते को हेतुरित्थंकरणे च के च ते ? ॥६॥

उनमें एक उद्दण्ड राजपुरुष निकट आकर ईर्ष्यापूर्वक किन्हीं मुनिसे पूछने लगा—'तुम कौन हो ? बताओ, तुम्हारे द्वारा यह क्या किया जा रहा है। ऐसा करनेका क्या हेतु है और जो लोग इस कार्यमें लगे हैं, वे कौन हैं ?' ॥ ६ ॥

तान् दुष्टचित्तानथ विघ्निता इमे विरम्य संकीर्तनतो व्यलोकयन् ।
पृष्टो मुनिस्तेन तमित्थमभ्यधात् प्रसन्नचेताः स्मृततच्छुभाकृतिः ॥७॥

उन सबके आनेसे मुनियोंके कार्यमें विघ्न पड़ गया। ये संकीर्तनसे विरत होकर उन दुष्टोंको देखने लगे। जिस मुनिसे प्रश्न किया गया था, वे प्रसन्न चित्त हो भगवान्के शुभ आकारका चिन्तन करते हुए उस पूछनेवालेसे इस प्रकार बोले—॥ ७ ॥

शाक्तोऽस्म्यहं पञ्चमकारसेवको शक्तिं ह्युपासे जगदीश्वरीं पराम् ।
सैषाऽस्ति तन्नन्दगृहे सुतात्मना श्रीकृष्णनाम्ना च भजामि तामहम् ॥८॥

'भइया ! मैं शक्तिका उपासक हूँ। पञ्च-मकारका सेवन करता हूँ और जगदीश्वरी पराशक्तिके उपासनामें संलग्न रहता हूँ। वह शक्ति नन्दरायके घरमें पुत्ररूपसे उत्पन्न हुई है। उसका नाम 'श्रीकृष्ण' है। मैं उसीका भजन करता हूँ' ॥ ८ ॥

के ते मकाराः कथमव्ययात्मिका साध्या प्रसन्ना भवतीह साधके ।
जानाम्यहं सम्यगिदं किमीहसे त्वमाप्तुमेनामनुगो भवाऽत्र मे ॥९॥

'वे पञ्चमकार कौन-कौनसे हैं ? कैसे उनका सेवन किया जाता है और वह निर्विकार-स्वरूपा हमारी आराध्या जगदम्बा साधकपर कैसे प्रसन्न होती है ? इन सब बातोंको मैं अच्छी तरह जानता हूँ । बताओ, तुम क्या चाहते हो ? । यदि तुम भी जगदम्बाके प्राप्तिके इच्छुक हो तो इस साधनाके मार्गमें मेरा अनुगामी हो जाओ' ॥ ९ ॥

कंसस्य भृत्येषु ततः सविस्मयं पश्यत्सु चाऽन्यो मुनिरेवमाह भोः ! ।
न सत्यमेतत् कथनं मयोदितं सत्यं सतत्त्वं शृणु यद्वदाम्यहम् ॥१०॥

कंसके भृत्य यह सब सुनकर आश्चर्य चकित हो उन सबकी ओर देखने लगे । इसी समय कोई दूसरा मुनि इस प्रकार बोल उठा—'अजी यह कथन सत्य नहीं है । मैं जो बताता हूँ, वह सत्य है । उसका तत्त्वतः वर्णन करता हूँ, सुनो ! ॥ १० ॥

श्रीराम एवाऽत्र समागतः स्वयं कृतावतारो व्रजराजवेश्मसु ।
विराजता पञ्चवटीं सुखं तदा रक्षोगणा येन हताः खरादयः ॥११॥

'यहाँ साक्षात् श्रीरामका ही शुभागमन हुआ है । स्वयं श्रीराम ही व्रजराज-नन्दके भवनमें अवतीर्ण हुए हैं । जिन्होंने पंचवटीमें रहते समय खर आदि सहस्रों राक्षसोंका अनायास ही संहारकर डाला था ॥ ११ ॥

न पश्यसि त्वं किमिहाऽभितः स्थितांस्तत्प्राक्तनान् मित्रगणांश्च वानरान् ।
स रावणो दुष्टसखः क्षणेन यैः सहायभूतैः प्रभुणा विनाशितः ॥१२॥

'क्या तुम यहाँ चारों ओर स्थित उनके पुराने मित्रगण वानरोंको नहीं देखते हो ? जिनकी सहायता पाकर भगवान्‌ने दुष्ट साथियों सहित रावणको क्षणभरमें नष्ट कर दिया था' ॥ १२ ॥

श्रीकृष्णरूपं धरताऽधुनाऽमुना विपाल्यते हन्त ! जगद्विभावय ।
शरण्यमेभिर्मुनिभिर्हृदा धृतं त्वं जानकीजानिममुं समाश्रय ॥१३॥

'श्रीकृष्णका रूप धारण करके वे भगवान् श्रीराम इस समय जगत्‌की रक्षा कर रहे हैं । इस बातका तुम मन ही मन विचार करो । वे जानकी-वल्लभ श्रीराम शरणागतवत्सल हैं । इन मुनियोंने उन्हींको हृदयमें धारण कर रखा है । तुम उन्हींका आश्रय लो' ॥१३॥

प्रेम्णाऽऽर्द्रभक्त्या गदितं सुधामयं निशम्य तद्वाक्यमिदं सुदुर्धराः ।
ते कंसभृत्या अपि जातविस्मया अन्योन्यमालोक्य बभूवुरुन्मदाः ॥१४॥

प्रेमसे सराबोर भक्ति-भावसे कही गई इस सुधामयी वाणीको सुनकर वे दुर्धर्ष कंस-भृत्य भी विस्मयमें डूब गये और एक दूसरेकी ओर देखकर उन्मद हो गये ॥ १४ ॥

तदन्तरा शैव उवाच सस्मितं विमत्सरा भो शृणुताऽत्र मद्वचः ।
तमव्ययं शङ्कररूपधारिणं नित्यं विजानीथ जगद्गुरुं हरम् ॥१५॥

इसी बीचमें एक शैव सज्जनने मुस्कराते हुए कहा—'अरे भाइयों ! ईर्ष्या-द्वेष छोड़कर यहाँ मेरी बात सुनो ! लोककल्याणकारी रूप-धारण करनेवाले उस बालकको तुमलोग साक्षात् जगद्गुरु भगवान् शिव समझो ॥ १५ ॥

साध्वीं कृपां यस्य समाप्य सज्जना असज्जनाश्चैव गताः पदं परम् ।
तमीदृशं शक्तिसमन्वितं हरं त्यक्त्वा कुतो गच्छथ लब्धुमीश्वरम् ॥१६॥

'जिनकी उत्तम कृपाको पाकर सज्जन और असज्जन सभी परम-पदको प्राप्त हो गये हैं। ऐसे शक्तिशाली उन पापहारी हरको छोड़कर तुम ईश्वरकी प्राप्तिके लिए कहाँ जा रहे हो ?' ॥ १६ ॥

गोपालकानां सुहृदां सतां गवां शान्तिप्रदो गोकुलराजसद्मनि ।
विक्रीडते हन्त ! शिशुत्वमाश्रयन् यो नित्यमित्थं परिपाति वश्च सः ॥१७॥

'वे भगवान् शिव गोकुलराजके भवनमें शिशुत्वका आश्रय ले गोपालों, सखाओं, सन्तों और गौओंको शान्ति प्रदान करते हुए इस प्रकार नित्य नूतन क्रीड़ायें करते हैं। वे ही तुमलोगोंका परिपालन करते हैं' ॥ १७ ॥

स आशुतोषो भगवान् भवेश्वरो भक्तान् भयात्त्रायत एव नित्यशः ।
विभाव्य चेत्थं भजत स्वमायया गोप्यङ्कबद्धं प्रभुमीश्वरं हरम् ॥१८॥

'वे भगवान् आशुतोष और जगत्के ईश्वर हैं। वे नित्य ही अपने भक्तोंकी भयसे रक्षा करते हैं। ऐसा विचारकर अपनी मायासे गोपीकी गोदमें सटे हुए उन सामर्थ्यशाली ईश्वर-हरका भजन करो' ॥ १८ ॥

सिद्धान्तपुत्रौ भवतः सदा प्रियौ स्वबुद्धिवीर्यप्रभवौ च शोभनौ ।
एवं विचार्यैव जगद्गुरुं हरं यूयं भजध्वं तत आप्स्यथेप्सितम् ॥१९॥

'अपना सिद्धान्त अपनी बुद्धिसे प्रकट होता है और अपना पुत्र अपने वीर्यसे। इसीलिए वे दोनों सदा ही प्रिय एवं शोभायमान जान पड़ते हैं। ऐसा विचार करके तुमलोग जगद्गुरु-हरका भजन करो। इससे तुम्हें मनोवाञ्छित फल प्राप्त होगा' ॥ १९ ॥

धन्यः स राजाऽपि च यस्य पूरुषा राज्ञा समं प्राप्तुममुं सुखप्रदम् ।
दृढं यतन्ते कपटैर्हठैरपि शृण्वन्ति वाचं च विभोर्गुणाश्रिताम् ॥२०॥

'वह राजा कंस भी धन्य है। जिसके सेवक राजाके साथ ही उन सुखदायक प्रभुको प्राप्त करनेके लिए दृढ़ प्रयत्न करते हैं तथा कपट और हठसे भी उन भगवान्के गुणोंसे सम्बन्ध रखनेवाली वार्तायें सुना करते हैं' ॥ २० ॥

पुरः समागत्य तदैव वैष्णवः सशङ्खचक्राङ्कितबाहुयुग्मकः ।
उद्दिश्य तान् व्यक्तमिदं जगाद भो किं पश्यथैवं तु भजध्वमव्ययम् ॥२१॥

तदनन्तर जिनकी दोनों भुजाओंमें शंख-चक्रके चिह्न थे, वे वैष्णव सज्जन तत्काल सामने आकर उन राज-सेवकोंसे यह सुस्पष्ट वचन बोले—'अरे भाइयों! क्या देखते हो। अविनाशी श्री हरिका भजन करो' ॥ २१ ॥

भुक्तिं च मुक्तिं च ददाति तोषितो भक्तेभ्य इत्थं भगवानसौ हरिः ।
को द्वापरो विष्णुरयं स्वशक्तितो वेवेष्टि विश्वं तु विसृज्य यः स्वयम् ॥२२॥

'वे भगवान् श्रीहरि ऐसे हैं कि सन्तुष्ट किये जानेपर वे अपने भक्तोंको भोग और मोक्ष भी दे डालते हैं। उनसे दूसरा कौन है?। ये भगवान् विष्णु ही अपनी शक्तिसे सम्पूर्ण विश्वकी सृष्टि करके स्वयं उसमें व्याप्त हो रहे हैं' ॥ २२ ॥

कंसादयः सन्ति सहस्रशोऽधुना सुदुर्धरा दुर्हृद आततायिनः ।
तानेव संहर्तुमिहाऽऽगतं ध्रुवं तं विष्णुमेनं ह्यवगन्तुमर्हथ ॥२३॥

'तुम सबलोग यह जान लो कि इस समय जगत्में जो कंस आदि सहस्रों दुर्धर्ष एवं दुष्ट-चित्त आततायी हैं, निश्चय ही उन्हींका संहार करनेके लिए ये भगवान् विष्णु यहाँ स्वयं पधारे हैं' ॥ २३ ॥

प्रियैर्वयस्यैरनुगैर्गवादिभिर्वृतः सरामो व्रजराजनन्दनः ।
दृग्गोचरीभूय तदा महात्मनामेषां पुरस्तादविदूरतो ययौ ॥२४॥

उस समय बलराम सहित व्रजराज-नन्दन श्रीकृष्ण अपने प्रिय सखाओं, सेवकों और गौओं आदिसे घिरे हुए उन महात्माओंके सामने दृष्टिगोचर हो निकट-से ही जाने लगे ॥२४॥

दृष्ट्वैव तं पद्मदलायतेक्षणं प्रसन्नवक्त्रं शरदिन्दुसुन्दरम् ।
मयूरपिच्छाश्रितशीर्षमुन्नसं प्रसन्नतां प्राप मुनीन्द्रसंहतिः ॥२५॥

उनके विशाल लोचन प्रफुल्ल-कमल-दलके समान जान पड़ते थे। मुखपर प्रसन्नता छा रही थी। उनका सौन्दर्य शरत्कालके चन्द्रमाको लज्जित कर रहा था। मस्तकपर मोरपंखका मुकुट सज्जित था। उनकी नासिका ऊँची थी। उन्हें देखते ही वह मुनीन्द्र-समुदाय आनन्दमग्न हो गया ॥ २५ ॥

पुनः प्रगायोपरिगीतमार्तिहृत् तद्गीतमेते मुनयः प्रहर्षिताः ।
स्वध्येय आविश्य मनः समुज्ज्वलं ह्यानन्दमग्ना ननृतुः पुरा यथा ॥२६॥

तदनन्तर ऊपर बताये हुए उसी आर्ति-हारी उत्तम गीतको पुनः गाकर वे मुनि हर्षसे खिल उठे और विशुद्ध मनको अपने-अपने ध्येयमें लगाकर आनन्दमग्न हो पूर्ववत् नांचने लगे ॥ २६ ॥

कंसस्य भृत्या इव आत्मनो(ऽ)हितं विलोक्य धृष्टैः शिशुभिर्वृतं त्वमुम् ।
स्वपार्षदैः संवृतमन्तकं यथा वितर्क्य तस्माद्भयमाप्य दुद्रुवुः ॥२७॥

इधर कंसके सेवक धृष्ट-बालकोंसे घिरे हुए उन भगवान्‌को अपना अहित जान और पार्षदोंसे घिरे हुए यमराजके समान मानकर भयभीत हो वहाँसे भाग खड़े हुए ॥ २७ ॥

तत्रत्यानां काल आनन्दनाम्ना ध्येयेनैवाऽऽक्रान्त एवं जगाम ।
कृत्यैः सोऽयं कृष्ण औपद्रवैः स्वैः प्राप्तानन्दान् स्वान् प्रकुर्वन् रराज ॥२८॥

उन गोकुलवासियोंका वह समय आनन्द-नामधारी ध्येय-तत्त्वसे आक्रान्त हो इस प्रकार सुखसे बीतने लगा और वह बालक कृष्ण अपने उपद्रवी कृत्योंसे सबको आनन्द प्रदान करता हुआ अतिशय शोभा पाने लगा ॥ २८ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
सर्गोऽगादेकत्रिंशोऽयं महाकाव्ये स्तवात्मके ॥२९॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह एकतीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ २९ ॥

# द्वात्रिंशः सर्गः

[ भगवतो नवनीतादिचौर्यलीला । गोपीभिस्तद्बन्धनञ्च । ]

( कञ्जलीगीतिरियं 'भाषायां गजल' इति चोच्यते )

गृहे चौरोऽयमायातो भवन्तः सर्वे आयान्तु ।
निगृह्णीमो वयं ह्येनं भवन्तः सर्वे आयान्तु ॥१॥

'आप सबलोग आइये । घरमें यह चोर घुस आया है । हम सबलोग मिलकर इसे पकड़ें । इसलिए आप सबलोग आ जाइये' ॥ १ ॥

पयस्यं तत्प्रियं स्वेष्टं गृहस्थान् मोहयित्वाऽयम् ।
हरत्यस्माकमायान्तु भवेद्धास्यो विगृह्योऽयम् ॥२॥

'इसको दूध दही घी और माखन आदि बड़ा प्रिय है । यही इसकी अभीष्ट-वस्तु है । यह हम गृहस्थोंको मोहमें डालकर हमारी ये वस्तुयें हर लेता है । इसलिए आपलोग आइये और इसे पकड़िये जिससे यह लोगोंमें उपहासका पात्र बने' ॥ २ ॥

पिधायैवं गृहद्वारं मया संरुद्ध एषोऽस्ति ।
भवन्तश्चाऽत्र पश्यन्तु गृहे चौरोऽस्ति धृष्टोऽस्ति ॥३॥

'मैंने घरका दरवाजा बन्द करके इसे रोक रखा है । आपलोग यहाँ आकर इसे देखिये । घरमें चोरी करनेवाला यह चोर बड़ा ही धृष्ट ( सीनाजोर ) है' ॥ ३ ॥

( भुजङ्गप्रयातं वृत्तम् )

कदाचिद् व्रजेशस्य पुत्रो विनोदी पयस्यस्य चौर्ये गतो गोकुलानि ।
प्रविष्टो गृहेष्वेकको भिन्नरूपं गृहीत्वा गृहस्थान् विमोह्यैव चान्तः ॥४॥

एक समयकी बात है कि व्रजराज-नन्दका वह विनोदी पुत्र गोरसकी चोरीके लिए गोकुलमें जाकर वहाँके घरोंमें अकेला ही भिन्न-भिन्न रूप धारण करके घुस गया और गृहस्थोंको मोहमें डालकर ही अन्दर दाखिल हो गया ॥ ४ ॥

स गत्वाऽत्र खादन् पयस्यं यथेष्टं विदृष्टो गृहिण्या गृहस्यैव रन्ध्रात् ।
तदैवाऽनया गीतमेतत् प्रगाय समाकारिताः प्रतिवेश्याः समन्तात् ॥५॥

घरमें घुसकर वह इच्छानुसार गोरस खाने लगा । गृहिणीने घरके एक छेदसे उसको ऐसा करते देख लिया । फिर उसीने यह उपर्युक्त गीत गाकर आस-पासके लोगोंको चारों ओरसे पुकारा ॥ ५ ॥

तदाऽऽगत्य कश्चौर आ चौर एवं ब्रुवन्त्यस्त्रियः प्रोचुरौत्कण्ठ्यतस्ताम् ।
तथैव स्थितो निर्भयश्चौरबालो गवाक्षैस्तया दर्शितो हन्त ! ताभ्यः ॥६॥

तब बहुत-सी स्त्रियाँ 'कौन चोर ? आ चोर !' इत्यादि बोलती हुई आईं और उत्कण्ठापूर्वक उस पुकारनेवाली स्त्रीसे पूछने लगीं। उस स्त्रीने खिड़कीके छेदसे उन्हें उस बालकको दिखा दिया। वह चोर-बालक उसी प्रकार निर्भय खड़ा था ॥ ६ ॥

तदानीमिमा मन्त्रयामासुरित्थं विगृह्योऽयमस्माभिरत्रैव चाऽद्य ।
विसंतर्ज्य एवं पुनश्चैष बालो न कुर्याद्विकर्मेदृशं गोकुलेषु ॥७॥

उस समय इन स्त्रियोंने इस प्रकार सलाह किया—'आज हमलोग इसे यहीं पकड़ लें और इस प्रकार डरावें, धमकावें कि यह बालक फिर कभी गोकुलमें ऐसा अनुचित कर्म न करे ॥ ७ ॥

गृहद्वारमुद्घाट्य चाऽन्तः प्रविश्य प्रगृह्णीम एनं समामन्त्र्य चेमाः ।
तथाकृत्य चाऽन्तर्गतास्तं क्षणेन निगृह्याऽऽययुः प्राङ्गणे तद्गृहस्य ॥८॥

'घरका दरवाजा खोलकर भीतर घुसकर हम सब इसे पकड़ लें।' इसप्रकार सलाह करके वे भीतर गईं और क्षण-भरमें उसे पकड़कर घरके आँगनमें ले आईं ॥ ८ ॥

त्वमस्माकमात्मा प्रियः प्राणतत्त्वं व्रजेशस्य योग्योऽर्भकः स्नेहपात्रम् ।
कुकर्मेदृशं किं करोषीह कृष्ण ! प्रदर्श्याऽभितो धार्ष्ट्यमस्मद्गृहेषु ॥९॥

फिर कहने लगीं—'कृष्ण ! तुम हमारे प्रिय आत्मा और प्राणतत्त्व हो। व्रजराजके योग्य पुत्र हो और स्नेहके पात्र हो। बताओ तो हमारे घरोंमें ढिठाई दिखाकर चारोंओर ऐसा कुकर्म क्यों करते हो' ? ॥ ९ ॥

समुक्तो गृहिण्या भयान्नेत्रयुग्मे चले कारयित्वा शरीरं प्रकम्प्य ।
कराभ्यां तु संप्रोञ्छ्य नेत्राम्बुजे स्वे बभूवाऽत्र रोरूयमाणः स बालः ॥१०॥

गृहिणीके ऐसा कहनेपर भयसे दोनों नेत्रोंको चञ्चल करके शरीरको कँपाकर दोनों हाथोंसे अपने दोनों नेत्रोंको पोंछता हुआ वह बालक जोर-जोरसे रोने लगा ॥ १० ॥

तदैवाऽभितो गोकुलानां गृहाणि प्रविष्टो गृहे चौर आयात चाऽत्र ।
इतीदं वचः श्रूयते स्माऽत्र ताभिः समुक्तं ह्यपूर्वं व्रजस्थाभिराभिः ॥११॥

उसी समय गोकुलके अन्य घरोंके आस-पाससे भी यह आवाज सुनाई देने लगी कि घरमें चोर घुस आया है—आओ, आओ। यह अपूर्व बात उन-उन घरोंकी व्रजबालाओंने कही थीं ॥ ११ ॥

इदानीं तु संस्थाप्य सद्मान्तराले तमः पूर्णकोष्ठेऽत्र रुद्ध्वा सुखेन ।
पुनर्नेतुमेनं यशोदासमीपं विचार्यं शुभेऽस्माभिरेवं शुभं स्यात् ॥१२॥

तब इस प्रथम गृहकी स्त्रियोंमें-से एकने सलाह दी—'शुभे ! इस समय तो हमलोग इस चोर बालकको घरके भीतर अँधेरे कमरेमें सुख-पूर्वक बन्द कर दें। फिर इसे यशोदा जीके समीप ले चलनेका विचार किया जायेगा। ऐसा करनेसे ही भला होगा ॥ १२ ॥

तदायाहि बाले ! समाप्य स्वकार्यं व्रजामो वयं प्रातिवेश्यालयांश्च ।
विपश्याम उत्काः क एषोऽस्ति चौरः स्वमौत्कण्ठ्यमेवं निरस्याम इत्थम् ॥१३॥

'बाले ! अतः इस समय घरका काम समाप्त करके आओ, पड़ोसके घरोंमें चलें। उत्कण्ठा बढ़ रही है। देखें, यह चोर कौन है ? इस प्रकार हमलोग अपनी उत्सुकताको शान्त करें' ॥ १३ ॥

कयाचित्तथाभाषितां वाचमेनां निशम्याऽवदद् गेहिनी सस्मितं द्राक् ।
भवत्यः सुखं गच्छताऽहं तु बालं न मुञ्चाम्युपायैस्तु बद्ध्वा नयामि ॥१४॥

किसी स्त्रीका ऐसा भाषण सुनकर गृहिणीने तुरन्त मुस्कराकर कहा—'आपलोग सुखपूर्वक जाइये। मैं तो इस बालकको नहीं छोड़ूँगी। अनेक उपायोंसे बाँधकर इसे ले जाऊँगी' ॥ १४ ॥

गृहिण्या वचस्तत् समाकर्ण्यमिष्टं ततो जग्मुरौत्सुक्यपात्राणि सर्वाः ।
प्रविष्टा गृहे प्रातिवेश्ये पुनस्ता रुदन्तं तमेनं ह्यपश्यन् निरुद्धम् ॥१५॥

गृहिणीका वह मधुर कथन सुनकर उत्सुक हुई अन्य सब व्रजाङ्गनायें वहांसे चली गईं। एक पड़ोसके घरमें प्रवेशकर उन्होंने देखा कि फिर वही बालक यहाँ पकड़ा जाकर रो रहा है ॥ १५ ॥

निरीक्ष्यैव ता मातृकल्पाः पुरस्तात् स चक्रन्द चाऽऽर्त्येव पश्चाज्जगाद ।
विपश्यन्तु मां मातरः पीड्यमानं दयन्तां च तूर्णं त्वितो मोचनार्थम् ॥१६॥

उन माता जैसी स्त्रियोंको सामने देखते ही वह बालक मानो पीड़ासे चीख उठा और फिर बोला—'माताओं ! देखिये, मुझे पीड़ा दी जा रही है। आपलोग शीघ्र यहांसे मुझे छुड़ानेके लिए दया कीजिये' ॥ १६ ॥

तथावस्थितं पूर्वगेहे तमेनं निरीक्ष्याऽऽगता अत्र पूज्याः पुरन्ध्र्यः ।
तथाभूतमेनं समीक्ष्येह भूयो महाश्चर्यगर्ते निपेतुस्तदानीम् ॥१७॥

वे पूजनीया व्रजाङ्गनायें पहलेवाले घरमें इस बालकको उस रूपमें अवस्थित देखकर यहां आई थीं। इस घरमें पुनः इसे उसी अवस्थामें देखकर वे उस समय महान् आश्चर्यके गर्तमें जा गिरी ॥ १७ ॥

स बालस्ततोऽभाणि ताभिः किमर्थं विगृह्णन्ति चौरं यथा त्वामिमाश्च ।
कुतः किं त्वयोपद्रवश्चाऽत्र सत्यं वद त्वं यतो मुच्यसे शीघ्रमेव ॥१८॥

तब उन स्त्रियोंने उस बालकसे कहाँ—'क्यों ये सब तुम्हें चोरकी तरह पकड़े हुये हैं। सच-सच बताओ ! तुमने यहाँ उपद्रव क्यों और क्या किया है ? बता दोगे तो शीघ्र ही छोड़ दिये जाओगे' ॥ १८ ॥

अवोचच्छलेनैष वाचं निरुध्य क्षुधार्तोऽहमायात उच्चैः प्रधावन् ।
अदृष्ट्वा निलीना इमाः शून्यगेहे प्रविश्याऽऽदमासान्तु हैयङ्गवीनम् ॥१९॥

उनकी बातको बीचमें ही रोककर इस बालकने छलसे कहा—'मैया ? मैं भूखसे पीड़ित था। अतः जोर-जोरसे दौड़ता हुआ यहाँ आ गया। ये सब सूने घरमें छिपी हुई थीं। अतः इन्हें न देखकर मैं घरके भीतर घुस आया और इनका माखन खाने लगा ॥ १९ ॥

क्षुधार्तोऽत्ति भक्ष्यं तु कोऽस्यापराधो मया वा कृतं किं तदन्यद्वदन्तु ।
दरिद्रा इमा मां निगृह्णन्ति किञ्चित् सुधाभे घृते खादितेऽप्यत्र मान्याः ॥२०॥

'जो भूखसे पीड़ित होता है, वह भक्ष्य-पदार्थं मिलने पर उसे खाता ही है। उसका क्या अपराध है ? मैंने इसके सिवा और क्या किया है ? तुम्हीं बताओ। माननीय माताओ ! मैंने यहाँ थोड़ा सा अमृतसमान मधुर माखन खा लिया है, जिसके कारण ये दरिद्र-गोपियाँ मुझे पकड़ रही हैं' ॥ २० ॥

सतथ्यं तथा युक्तिमद्वाक्यमेतन्निशम्याऽस्य हृष्टाः पुरन्ध्र्योऽवदंश्च ।
सहेलं विहस्यैव तं साधुबाल ! भवान्नापराधी त्विमा दूषयन्ति ॥२१॥

उस बालककी यह युक्ति-युक्त तथा तथ्य बात सुनकर वे व्रजाङ्गनायें बहुत प्रसन्न हुईं और लीलापूर्वक हँसकर बोलीं—'शाबाश बच्चे ? तुमने कोई अपराध नहीं किया है। ये गोपियाँ झूठे ही तुम पर दोषारोपण करती हैं' ॥ २१ ॥

तदैवाऽब्रवीद् गेहिनी धृष्टमेनं गृहीत्वा यशोदासमीपं नयामि ।
अनेनाऽत्र यद्यत् कृतं तत्कुकृत्यं सभायां स्वतोऽहं समुद्घाटयामि ॥२२॥

उसी समय उस घरकी गेहिनी बोल उठी—'मैं इस धृष्ट-बालकको पकड़कर यशोदाजीके पास ले जाऊँगी। इसने यहाँ जो-जो कुकृत्य किया है उसे मैं स्वयं भरी-सभामें खोल-खोलकर कहूंगी' ॥ २२ ॥

अभीष्टं कुरुष्वेति तां सेर्ष्यमुक्त्वा गतास्ताः पुनर्द्रष्टुमन्यालयेषु ।
श्रुतस्तेषु शब्दो यदा ताभिरेवं प्रविष्टो गृहे चौर आयात चेति ॥२३॥

'अच्छा तुम्हारी जो इच्छा हो सो करो' ईर्ष्या पूर्वक ऐसा कहकर वे सब स्त्रियां पुनः दूसरे घरोंमें वहांका कौतुक देखनेके लिए गईं। क्योंकि उन्होंने उन घरोंमें भी यह शब्द सुना था कि 'मेरे घरमें चोर घुस आया है। आओ' ॥ २३ ॥

अपश्यंस्तदाऽत्राऽपि तं मेघनीलं करैः संगृहीतं व्रजस्थाभिरित्थम्।
सदोषं तथा साश्रुनेत्रे मृजन्तं कराभ्यां धृतं पात्रमेकं घृतस्य ॥२४॥

वहाँ भी उन व्रज-गोपियोंने उस मेघ-श्याम बालकको व्रजवनिताओंके हाथों उसी प्रकार पकड़ा गया देखा। वह अपराधी तो था ही आँसूभरे नेत्रोंको दोनो हाथोंसे पोंछ रहा था। उसके पास ही माखनका एक पात्र भी रखा हुआ था ॥ २४ ॥

अहो! किं कृतं श्रीमतीभिर्ह्ययोग्यं समुक्ताः स्त्रियः प्रोचुरभ्यागतास्ताः।
कृतं दुष्कृतं कज्जलाभेन तेन गृहं दूषितं चोरितं सद्घृतादि ॥२५॥

तत्काल आई हुई स्त्रियोंने उस घरकी गोपियोंसे कहा—'अहो! आपलोगोंने यह क्या अनुचित कर्म किया है!' तब वे बोलीं—'इस काले-कलूटेने बहुत बुरा काम किया है। इसने माखन आदि तो चुराया ही है, हमारे घरको भी दूषित कर दिया है ॥ २५ ॥

नयामस्तदेनं व्रजेशस्य पार्श्वं भवेन्न्यूनमौपद्रवं येन चाऽस्य।
भवत्यो द्रुतं गच्छताऽन्यालयेऽपि प्रविष्टो गृहे चौर इत्यस्ति वार्ता ॥२६॥

'इसलिए हमलोग इसे व्रजराजके पास ले जायेगीं। जिससे इसका उपद्रव कुछ कम हो। आप सबलोग तुरन्त दूसरे घरोंमें जाइये। क्योंकि वहां भी चोरके घुसनेकी बात सुनाई पड़ी है' ॥ २६ ॥

निशम्येदृशीं वाचमासां ततस्ताः समाजग्मुरौत्कण्ठ्यपात्राणि सर्वाः।
अपश्यन्निमं चौरवत्सापराधं धृतं स्त्रीभिरन्यालयेऽप्युच्चधैर्यम् ॥२७॥

उनकी ऐसी बात सुनकर वे सबकी सब उत्कण्ठित व्रजगोपियाँ वहांसे चली गई और दूसरे घरोंमें भी उसी बालकको चोरके समान अपराधी तथा वहाँकी स्त्रियों द्वारा पकड़ा गया देखा। उसका धैर्य बहुत ऊँचा था ॥ २७ ॥

दृष्ट्वैव तं सजलमेघसमानकृष्णं कृष्णं त्वमुत्र चकिता व्रजमातरस्ताः।
पप्रच्छुरेनमसकृद् व्रजराजबाल! प्राक् ब्रूहि नोऽत्र कति चाऽसि कथं विभासि ॥२८॥

सजल-जलधरके समान श्यामवर्णवाले कृष्णको वहाँ भी देखकर वे व्रजवासिनी मातायें चकित हो उठीं। और व्रजराजके उस बालकसे बार-बार पूछने लगीं—'बेटा! पहले यह बताओ कि यहां तुम कितने हो और कैसे अनेक रूपोंमें प्रकाशित होते हो?' ॥ २८ ॥

पूज्याभिराभिरिह मातर ! इत्थमद्य रुद्धोऽहमस्म्यवददत्र स यत्र तत्र ।
रुन्धन्ति मां सहृदयाश्च तथा क्षणाद्धा ! सोऽहं विरौमि विलपामि दयध्वमद्धा ॥२९॥

वह बोला—'अन्यत्रकी भांति यहाँ भी माताओं ! इन पूजनीया व्रजदेवियोंने इस प्रकार मुझे यहाँ पकड़ रखा है। इसी प्रकार जहाँ जो भी सहृदयलोग हैं, मुझे क्षण-भरमें पकड़ लेते और रोक रखते हैं। अतः मैं रोता हूँ, बिलखता हूं। आपलोग मुझपर दया करें ॥ २९ ॥

नाऽहं करोमि पुनरेवमिमा अतो मां मुञ्चन्तु शीघ्रमहमस्मि च नीयमानः ।
पित्रोः समीपमथ मां तु समीक्ष्य साध्यः शृण्वन्तु मेऽद्य वचनं गुणगृध्नुरस्मि ॥३०॥

'अब मैं पुनः कभी ऐसा नहीं करूँगा। अतः मुझे छोड़ दो। मुझे शीघ्र ही माता-पिताके पास ले जाया जायेगा। इसलिये साध्वी देवियों ! मेरी दयनीय दशा देखकर आपलोग मेरी बात सुनें। मैं गुणग्राही हूँ' ॥ ३० ॥

इत्युक्तवन्तमथ तं गृहिणी ह्यवोचत् त्वं कज्जलाभ ! विहितच्छल इत्थमेव ।
नित्यं कदर्थयसि नोऽत्र गृहान् भ्रमित्वा त्वां तन्नयामि चल राजसभासु धृष्टः ॥३१॥

उसके ऐसा कहनेपर गृहिणीने कहा—'काले कृष्ण ? तू प्रतिदिन ही ऐसा छल करता है। और हमारे घरोंमें घूस-घूसकर हमें क्लेश देता है। अतः धृष्ट ! चल तुझे राजसभामें ले चलती हूँ' ॥ ३१ ॥

सेत्युक्त्वा तं समारोप्य स्कन्धे विन्यस्य भारवत् ।
स्वोत्तरीयेण चाच्छाद्य गोकुलेशसभां ययौ ॥३२॥

ऐसा कहकर उसने कृष्णको बोझकी तरह अपने कन्धोंपर ले लिया और अपनी ओढ़नीसे ढँककर उसे गोकुलेश्वर नन्दकी सभामें ले गई ॥ ३२ ॥

इत्थं गोकुलनार्यस्ताश्चौरं स्वस्वगृहागतम् ।
युक्त्या प्रगृह्य प्रच्छाद्य जग्मू राजसभां प्रति ॥३३॥

इसी प्रकार गोकुलकी दूसरी स्त्रियाँ भी अपने-अपने घरमें आये हुए माखनचोर कृष्णको युक्तिपूर्वक पकड़ कर और वस्त्रसे मुँह ढँककर राजसभामें ले गईं ॥ ३३ ॥

नरा नार्यश्च तत्रत्या आसामनुपदं ययुः ।
यातोऽहमपि विद्वांऽऽसोऽप्यायाताऽस्य विचिन्तकाः ॥३४॥

वहाँके दूसरे-दूसरे नर और नारियाँ भी उन गोपियोंके पीछे-पीछे गए। विद्वानो! तथा इस बालककी लीलाका चिन्तन करनेवालो! मैं भी उन देवियोंके साथ चला। आप भी चाहें तो आ जांय ॥ ३४ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते।
गतो द्वात्रिंशसर्गोऽयं महाकाव्ये स्तवात्मके ॥३५॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह बत्तीसवां सर्ग पूरा हुआ ॥ ३५ ॥

# त्रयस्त्रिंशः सर्गः

[ देव्याः कीर्तिदाया योगमार्गेण सुषुप्तिस्वप्नजाग्रदादिदशायां तदूर्ध्वं विगतायामवस्थायाञ्च संप्राप्ततत्तदनुभववर्णनम् ]

( अनुष्टुब्वृत्तम् )

ब्रह्मरात्रिरुपावृत्ता ब्रह्मरूपप्रकाशिनी ।
यस्यां विक्रीडते बुद्धिः प्राणिनामात्मरूपिणी ।।१।।

अब ब्रह्मके स्वरूपको प्रकाशित करनेवाली ब्रह्मरात्रि ( ब्राह्मी वेला ) आई। जिसमें प्राणियोंकी बुद्धि आत्मरूप होकर विलास करती है ।। १ ।।

तस्यां प्रवर्तमानायां प्रबुद्धा विबुधा बुधाः ।
नरा नार्यश्च विश्वस्मिन् ब्रह्मानन्दमभीप्सवः ।।२।।

ब्रह्मवेलाके आ जानेपर बुध और विबुध ( विद्वान् और विज्ञ देवगण ) जाग उठे। ब्रह्मानन्दकी इच्छा रखनेवाले समस्त स्त्री-पुरुष निद्रा त्यागकर उठ बैठे ।। २ ।।

विस्मृत्य सकला वार्ता ऐहिकामुष्मिकीश्च ताः ।
संलग्नास्ते तमभ्येतुं स्व-स्व-कर्मणि संयताः ।।३।।

इहलोक और परलोककी सारी बातें भूलकर वे सबलोग उस ब्रह्मानन्दको प्राप्त करनेके लिए अपने-अपने कर्तव्यमें संयत होकर लग गए ।। ३ ।।

गोकुलावसथे चास्मिन् गोप-गोपीभिरावृते ।
व्रजमण्डलकेऽप्यद्य प्रबुद्धास्तादृशा जनाः ।।४।।

गोपों और गोपियोंसे घिरे हुए गो-समुदायके निवासभूत इस व्रजमण्डलमें भी आज वैसे लोग जाग उठे थे ।। ४ ।।

समाप्य विधिवत् कृत्यं शौच-स्नानादिकं स्वकम् ।
स्वेष्टमाराधयामासुर्यथा-ज्ञानं स्वकर्मभिः ।।५।।

अपने शौच-स्नानादि-कृत्यको विधिपूर्वक समाप्त करके उनलोगोंने अपने ज्ञानके अनुसार स्ववर्णाश्रमोचित कर्मोंद्वारा इष्ट-देवताकी आराधना की ।। ५ ।।

आसीत्तत्र गृहं चैकं रमाक्रीडं मनोरमम् ।
वसतः स्म सुखं यत्र सुशीलौ गोपदम्पती ।।६।।

उस व्रजमें एक बड़ा मनोरम गृह था, जो लक्ष्मीका क्रीड़ास्थल जान पड़ता था। वहाँ दो सुशील गोप-दम्पति सुखपूर्वक निवास करते थे ॥ ६ ॥

तयोर्नरः सदाचारो गोपवंशप्रदीपकः ।
वृषभानुरितिख्यातो गोप आसीत् सुधार्मिकः ॥७॥

उन दोनोंमें जो पुरुष था, वह सदाचारी होनेके साथ ही गोपवंशका दीपक था—अपने कुलको उजागर करनेवाला था। उसका नाम था वृषभानु। वृषभानु गोप बड़े धर्मात्मा थे ॥ ७ ॥

स्त्रीणां सद्रत्नभूतैषा कीर्तिदेति श्रुता जनैः ।
पूज्या गोगोपगोपीनां चकास्ति स्माऽखिले व्रजे ॥८॥

नारी, स्त्रियोंमें रत्नभूता कीर्तिदाके नामसे विख्यात थी। गोप और गोपियाँ सभी उसका सम्मान करते थे। वह समस्त व्रजमण्डलमें बड़ी शोभा पाती थी ॥ ८ ॥

तयोरेका सुता साऽऽसीद् गुणस्थानं सुरूपिणी ।
स्व-शक्त्या रूप-सम्पत्त्या प्रोज्ज्वला विश्व-मोहिनी ॥९॥

इन गोप-दम्पतिके एक पुत्री थी। जो गुणोंका आगार तथा सुन्दर रूपवाली थी। वह अपनी शक्ति तथा रूपसम्पत्तिसे परम उज्वल एवं विश्वके मनको मोह लेनेवाली थी ॥९॥

सौधोज्ज्वलं गृहं तस्याः सर्वाधिष्ठानमद्भुतम् ।
प्रबुद्धैर्विबुधैः सिद्धैः सेव्यमानं बभौ व्रजे ॥१०॥

कीर्तिदाका अट्टालिकाओंसे सुशोभित अद्भुत भवन समस्त वस्तुओंका एकमात्र अधिष्ठान था। उत्तम ज्ञानी, विद्वान् और सिद्ध महात्माओंसे नित्य सेवित रहकर वह भवन व्रजमें अधिक शोभा पाता था ॥ १० ॥

रात्रौ स्वसुतया सार्धं स्वतल्पे शङ्करं हृदा ।
ध्यायं ध्यायं प्रसुप्ता सा स्वप्नमेकं व्यलोकत ॥११॥

देवी-कीर्तिदा रातमें अपनी पुत्रीके साथ अपनी शय्यापर मन ही मन भगवान् शङ्करका ध्यान करती हुई जब सोई थीं, उस समय उन्होंने एक स्वप्न देखा ॥ ११ ॥

काल आसीत् प्रभातोऽद्य मुहूर्तोऽपि शुभोदयः ।
यस्मिंस्तन्मन आरूढं तत्स्वप्नपथमद्भुतम् ॥१२॥

उस समय प्रातःकाल हो रहा था। वह मुहूर्त भी शुभोदयका सूचक था। उसी वेलामें कीर्तिदाका मन उस अद्भुत स्वप्न मार्गपर आरूढ़ हुआ था ॥ १२ ॥

तथा दृष्टमिदं तत्र प्रागाकाशमपावृतम् ।
गुरुणा तमसाच्छन्नं शबलं सर्वव्यापिमत् ॥१३॥

देवी-कीर्तिदाने स्वप्नमें यह देखा—'पहले खुला आकाश प्रकट हुआ, जो सर्वत्र व्यापक तथा प्रगाढ़ अन्धकारसे आच्छन्न होनेके साथ ही चित्र-विचित्र रङ्गोंसे युक्त दिखाई देता था ॥ १३ ॥

नामरूपाऽऽत्मकं किञ्चिन्नाऽऽसीद्वस्तुमात्रकम् ।
शून्यं शान्तमतर्क्यं च सा ददर्शाऽखिलं त्विदम् ॥१४॥

उसमें नाम-रूपात्मक कोई वस्तु नहीं थी। वह सारा आकाश शून्य, शान्त और अतर्क्य था। देवी-कीर्तिदाने उसे वैसा ही देखा ॥ १४ ॥

नीहारपिहिताकाशे दिग्भ्रमो जायते यथा ।
तथैवाऽऽविरभून्मोहस्तस्याश्चित्तेऽप्यहो ! तदा ॥१५॥

'कुहरेसे भरे हुए आकाशमें जैसे दिग्भ्रम हो जाय, उसी प्रकार उसके चित्तमें उस समय आश्चर्यजनक मोहका आविर्भाव हुआ ॥ १५ ॥

दृष्ट्वैतत्सकलं तत्र भयोद्विग्ना चलन्मतिः ।
स्वात्मानं धारयामास स्वात्मना सुस्थिरा सती ॥१६॥

उनकी बुद्धि विचलित हो गई। फिर भी सुस्थिर स्वभाववाली उस सतीने अपने-आप ही अपने हृदयको स्थिरता पूर्वक धारण किया ॥ १६ ॥

गतो मौहूर्तिकः काल इत्थमेव शनैः शनैः ।
सद्विचारोदयो जातस्तदात्मनि ततोऽमले ॥१७॥

इसीप्रकार धीरे-धीरे एक मुहूर्तका समय व्यतीत हो गया। फिर तो उनके निर्मल अन्तःकरणमें उत्तम विचारका उदय हुआ ॥ १७ ॥

यतो विचारयामास कीर्तिदा ध्यानमास्थिता ।
गाढं तमोमयं सर्वं किमेतद् दृश्यतेऽद्भुतम् ॥१८॥

कीर्तिदाने ध्यान लगाकर इस बात पर विचार किया कि प्रगाढ़ अन्धकारमय दीखनेवाला यह सारा अद्भुत दृश्य क्या है ? ॥ १८ ॥

नामरूपात्मकानीह वस्तुमात्राणि कान्यपि ।
न दृश्यन्ते विदृश्यन्ते शून्यप्रायाणि सर्वतः ॥१९॥

'यहां नामरूपात्मक वस्तुमें कुछ भी नहीं दिखाई देती है, सबओर शून्यमात्र ही दृष्टिगोचर होता है' ॥ १९ ॥

वर्तमानोऽप्ययं देहो मदज्ञानाय कल्पते ।
नास्म्यहं कीर्तिदा सेति भावः स्फुरति चात्मनि ॥२०॥

'यद्यपि मेरा यह देह विद्यमान है, तो भी यह मेरे अज्ञानका ही कारण बनता है। मैं वह कीर्तिदा नहीं हूँ, ऐसा भाव हृदयमें स्फुरित होता है' ॥ २० ॥

इमानीन्द्रियजालानि मद्देहानुगतान्यपि ।
स्वस्वकर्मासमर्थानि चानुभूयन्त आत्मनि ॥२१॥

'मेरे देहमें अनुगत जो ये इन्द्रिय-समुदाय हैं, वे सभी अपने-अपने कर्ममें असमर्थ हैं, ऐसा अनुभव मेरे हृदयमें हो रहा है' ॥ २१ ॥

शब्दग्रहणसामर्थ्यं नास्ति श्रोत्रेन्द्रियेऽप्यहो ! ।
तच्छब्दविषयाभावाद् धृषीकाभाव आप्यते ॥२२॥

'मेरी श्रवणेन्द्रियमें शब्दग्रहणकी शक्ति नहीं है। उसके विषयभूत शब्दका अभाव होनेसे उस इन्द्रियका अभाव प्राप्त होता है' ॥ २२ ॥

वस्तुस्पर्शनचातुर्यं सत्यं नास्ति त्वगिन्द्रिये ।
तत्स्पर्शविषयाभावो विद्यते यत्समन्ततः ॥२३॥

'सचमुच ही मेरे इस त्वगिन्द्रियमें तत्तत् वस्तुओंके स्पर्शनकी चातुरी या सामर्थ्य नहीं है। क्योंकि सबओरसे स्पर्श-विषयका अभाव ही विद्यमान है' ॥ २३ ॥

अत्र रूपस्य का वार्ता रूपयेत् किं तदिन्द्रियम् ।
तैजसं चापि तच्चक्षुः सान्धकारं प्रदृश्यते ॥२४॥

'इस स्थितिमें रूपकी तो बात ही क्या है? वह चक्षु-इन्द्रिय भी क्या निरूपण करे—रूप-सम्बन्धि इन्द्रिय किसका निरूपण करे। वह नेत्र जो तेजस-पदार्थ कहा जाता है, मुझे अन्धकारयुक्त दिखाई देता है' ॥ २४ ॥

रसना च रसश्चोभौ यदन्योन्याश्रितावपि ।
पृथग्भूतौ विदृश्येते रसाभावाद्विशेषतः ॥२५॥

'रसना तथा रस, दोनों जो एक दूसरेपर आश्रित हैं, वे भी विशेषतः रसका अभाव होनेसे पृथक्-पृथक् दिखाई पड़ते हैं' ॥ २५ ॥

घ्राणेन्द्रियमिदं भूयो विद्यमानमपि ध्रुवम् ।
अधिष्ठानमृते किञ्चिन्नोपयुक्तं भवत्यहो ! ॥२६॥

'फिर यह घ्राणेन्द्रिय अवश्य विद्यमान होनेपर भी अधिष्ठानके बिना इसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है। यह कैसा आश्चर्य है ?' ॥ २६ ॥

ज्ञानेन्द्रियाणि सर्वाणि पञ्चकर्मेन्द्रियैः सह ।
प्रेरकं मन आदाय विकर्माणि भवन्ति यत् ॥२७॥

'पाँच कर्मेन्द्रियों सहित समस्त ज्ञानेन्द्रियाँ अपने प्रेरक मनको साथले कर्महीन हो गई हैं' ॥ २७ ॥

सविकल्पं ससङ्कल्पं मनो दोलायितं मम ।
इत्थं मयाऽप्यवस्थेयं क्षणात् काऽप्यनुभूयते ॥२८॥

'संकल्प और विकल्पके व्यापारसे युक्त मेरा मन भी दोलायमान हो गया है। इसप्रकार मुझे क्षण-भरमें ही किसी अनिर्वचनीय अवस्थाका अनुभव हो रहा है' ॥ २८ ॥

सदा चिन्तनशीलं तच्चित्तमप्यद्य तुष्टिदम् ।
विभ्रान्तं सर्वथा युक्तं न संचिन्तयति स्फुटम् ॥२९॥

'मुझे सन्तोष देनेवाला नित्य चिन्तनशील वह चित्त भी सर्वथा विभ्रान्त हो गया है और स्पष्ट है कि यह किसी उपयुक्त बातका चिन्तन नहीं कर रहा है ॥ २९ ॥

अस्मच्छब्दप्रयुक्तोऽयं शब्दो निर्दिशतीह किम् ।
तन्मनो वा किमन्यद्वा नैतन्निर्धार्यते पुनः ॥३०॥

'अस्मत्-शब्दसे प्रयुक्त होनेवाला यह 'अहम्' और 'मम' (मैं और मेरा) शब्द किसका निर्देश करता है। उस मनका या किसी और वस्तुका ? इस बातका निश्चय नहीं हो पाता है ॥ ३० ॥

इतः सा कीर्तिदाऽस्मीति प्ररूढाभ्यासवेगतः ।
ममात्माऽऽकृष्यते भूयः किंस्यादेतदनिष्टकृत् ! ॥३१॥

इधर 'मैं वही कीर्तिदा हूँ' इसप्रकार सुदृढ़ अभ्यासके वेगसे मेरा आत्मा बारम्बार आकृष्ट होता है। ऐसी अनिष्टकारिणी बात क्या है ? ॥ ३१ ॥

तदत्र केवला बुद्धिः शिष्यते सापि वस्तुतः ।
भ्रान्तोद्विग्नेव यद्भाति गुरुणा तमसेरिता ॥३२॥

'इस स्थितिमें केवल बुद्धि ही शेष रह जाती है, किन्तु वह भी प्रगाढ़ अन्धकारसे प्रेरित हो वस्तुतः भ्रान्त और उद्विग्न सी प्रतीत होती है ॥ ३२ ॥

दृश्यदर्शनयोर्लोपः स्फुटमत्र विभाव्यते ।
शिष्यते केवलो द्रष्टा स्फुरतीत्थं मतिर्मम ॥३३॥

'दृश्य और दर्शन-दोनोंका यहां लोप हो गया है, यह स्पष्ट जान पड़ता है। केवल द्रष्टा ही यहां शेष है। इस प्रकार मेरी बुद्धि स्फुरित हो रही है ॥ ३३ ॥

नूनं बुद्धिरियं शुद्धा सदसद्भ्यां परा शुभा ।
रूपं निर्दिशति स्वस्य तत्सत्या सैव मे गतिः ॥३४॥

'वास्तवमें मेरी यह बुद्धि ही विशुद्ध है। जो सत् असत् ( कारण और कार्य ) से परे होनेके कारण शुभ है। वही मेरे स्वरूपका निर्देश करती है ! अतः वही सत्य है और वही मेरी गति है ॥ ३४ ॥

इत्थं निश्चित्य सा देवी शङ्करं लोकशङ्करम् ।
संस्मृत्य शरणं गत्वा स्वात्मन्यात्मानमादधे ॥३५॥

ऐसा निश्चय करके देवि-कीर्तिदाने लोक कल्याणकारी भगवान् शंकरका स्मरण करके उनकी शरण में जा अपने-आपमें बुद्धिको स्थिर किया ॥ ३५ ॥

ततः समभवच्चित्रं खद्योता इव रात्रिषु ।
जीवाणवस्तदाकाशे तया ददृशिरे तदा ॥३६॥

तदनन्तर रात्रिमें प्रतीत होनेवाले खद्योतोंकी भांति आकाशमें जीवाणु प्रकट हुये। यह विचित्र दृश्य सामने आया। कीर्तिदाने उन जीवाणुओंको देखा ॥ ३६ ॥

निरीक्ष्यैताननन्तान् सा प्रोज्ज्वलज्ज्योतिषः कणान् ।
क एत इति स्वात्मानं संस्तभ्याऽचिन्तयत् क्षणात् ॥३७॥

इन अनन्त उज्वल तेजः कणोंका दर्शन करके कीर्तिदाने अपने मनको एकाग्र करके एक क्षण तक यह विचार किया कि 'ये सब क्या हैं ?॥ ३७॥

दृश्यदर्शनसंयोगः कथं संजायते पुनः ।
कोऽयं द्रष्टा तथेमे के सचैतन्या विभान्ति ये ॥३८॥

फिर कैसे दृश्य-दर्शनका संयोग होने लगा है। यह द्रष्टा कौन है ? और ये जो प्रतीत हो रहे हैं, वे चैतन्य युक्त ज्योतिःकण कौन हैं ॥ ३८ ॥

जीवाणवः किमेते वा गतिमन्तोऽर्चिषः कणाः ।
अवश्यमेव तैर्भाव्यं यान् पश्यामीह सर्वतः ॥३९॥

'क्या ये जीवाणु हैं या गतिशील ज्योतिः कण हैं ? मैं जिन्हें सब ओर देखती हूँ, ये अवश्य वे ही होने चाहिए ॥ ३९ ॥

त इमे चेदहो ! कष्टं ये नित्याः सुखिनोऽपि हा ! ।
कथमस्यामवस्थायां सीदन्त्यत्र विशेषतः ॥४०॥

'यदि ये वे ( जीव ) ही हैं, तो बड़े कष्ट की बात है। हाय ! जो नित्य और सुखी कहे गए हैं, वे यहाँ इस अवस्थामें पड़कर क्यों विशेष क्लेश उठा रहे हैं ॥ ४० ॥

मोहरूपिण्यवस्थेयं दृश्यते च तमोमयी ।
एतेषां बुद्धिनाशाय कल्पते या स्वरूपतः ॥४१॥

'यह अवस्था मोहरूपिणी एवं तमोमयी दिखाई देती हैं। जो स्वरूपतः इन जीवोंकी बुद्धिका नाश करनेमें समर्थ हो रही है ॥ ४१ ॥

किमेषा नरकः स्याद् वा संगता यत्र पापिनः ।
इत्थमेव विसीदन्ति श्रुतमासीन्मयाऽप्यहो ! ॥४२॥

'क्या यह अवस्था नरक ही तो नहीं है ? जहां गए हुए पापीजन इसीप्रकार दुःख उठाते हैं। अहो ! मैंने नरकके विषयमें तो ऐसी ही बात सुन रखी है ॥ ४२ ॥

किमहं नरकं प्राप्ता मृता किं वा स्वदेहतः ।
यदिन्द्रियाणि सर्वाणि न दृश्यन्त ऋते स्मृतिम् ॥४३॥

'क्या मैं नरकमें आ गई हूँ ? या अपने शरीरसे मृत हो गई हूँ ? फिर क्या कारण है कि सारी इन्द्रियां अदृश्य हो गई हैं और केवल उनकी स्मृति ही शेष है ॥ ४३ ॥

आत्माऽमरोऽव्ययो नित्यः सच्चिदानन्दरूपकः ।
अस्तीत्यादि श्रुतं चाऽद्य सत्यमेवाऽनुभूयते ॥४४॥

'मैंने जो सुना था कि आत्मा अमर, निर्विकार, नित्य और सच्चिदानन्दस्वरूप है, उसका आज ही सत्य अनुभव हो रहा है' ॥ ४४ ॥

तस्मादेभिर्विभिन्नोऽयं ममात्मा तद्विवेकतः ।
विशुद्धः सत्यसंकल्पी साक्षी द्रष्टा च सोऽस्म्यहम् ॥४५॥

'अतः नित्यानित्य विवेकसे यह जान पड़ता है कि हमारा यह आत्मा इन्द्रियादि-विकारोंसे पृथक् है। यह विशुद्ध सत्यसंकल्प, साक्षी तथा द्रष्टा है। ऐसा जो आत्मा है, वह मैं ही हूँ' ॥ ४५ ॥

इत्थं चिन्तयमानायां कीर्तिदायां तदा पुनः ।
नानारूपेष्वदृश्यन्त प्रागदृष्टा अर्चिषः कणाः ॥४६॥

जब कीर्तिदा देवी इसप्रकार चिन्तन कर रही थीं, उस समय फिर नाना रूपोंमें वे पहलेके देखे गए समस्त ज्योतिःकण दृष्टिगोचर होने लगे ॥ ४६ ॥

परिवर्तनशीलांस्तान् क्षणादित्थं विलोक्य सा ।
भूयोऽप्यचिन्तयद् धैर्यात् संस्तभ्याऽऽत्मानमात्मना॥४७॥

इस प्रकार क्षण-क्षणमें परिवर्तनशील उन ज्योतिःकणोंको देखकर रानी कीर्तिदा फिर धैर्यपूर्वक स्वयं ही अपने चित्तको स्थिर करके विचार करने लगीं ॥ ४७ ॥

क्षणाद्रूपान्तरं प्राप्तास्त इमे पुनरप्यहो ! ।
इत्थंरूपाः कथंभूता नानायोनिगता इव ॥४८॥

'अहो ! आश्चर्यकी बात है कि फिर ये सारे ज्योतिःकण क्षण-भरमें रूपान्तरको प्राप्त हो गए। इस प्रकार ये नाना योनियोंमें प्राप्त हुए की भाँति कैसे हो गए' ॥ ४८ ॥

किमेतद् दृश्यते भूयो विचित्रं परिवर्तते ।
दृश्यमेतन्मया सर्वं सत्यमेवाऽनुभूयते ॥४९॥

'यह पुनः क्या दिखाई देने लगा है ? विचित्र परिवर्तन हो रहा है। यह सारा दृश्य मुझे सत्य सा-ही प्रतीत हो रहा है' ॥ ४९ ॥

मर्त्यलोके यथा भान्ति रजोविक्षिप्तचेतसः ।
बहुरूपगता जीवाः सूक्ष्मास्तद्वद्विभान्ति ये ॥५०॥

'जैसे मर्त्यलोकमें रजोगुणसे विक्षिप्त-चित्त हुए जीव अनेक रूपोंमें दिखाई देते हैं, ठीक उसी तरह ये सब भी सूक्ष्मरूपमें प्रतीत हो रहे हैं' ॥ ५० ॥

यतन्तेऽलब्धलाभार्थं लब्धस्य परिपालने ।
रागद्वेषौ समादाय ये द्रुह्यन्ति परस्परम् ॥५१॥

ये भी मर्त्यलोकके जीवोंकी भाँति अप्राप्त वस्तुकी प्राप्तिके लिए प्रयत्न करते हैं। प्राप्त वस्तुकी रक्षाके लिए यत्नशील दिखाई देते हैं तथा राग-द्वेषका आश्रय ले परस्पर द्रोह करते है ॥ ५१ ॥

स्फुटमत्र विदृश्यन्ते लोभाक्रान्ताः स्वरूपतः ।
रजोगुणयुताश्चैते कामक्रोधाभिपीडिताः ॥५२॥

'स्पष्ट ही यहाँ वे सब स्वरूपतः लोभाक्रान्त दिखाई देते हैं। ये सभी रजोगुणसे युक्त और काम-क्रोधसे पीड़ित हैं' ॥ ५२ ॥

तन्नूनं बुद्धिविक्षेपो मेऽत्र संभवति स्फुटम् ।
या प्रपश्याम्यहं चैतान् संलग्नान् स्वस्वकर्मषु ॥५३॥

'ऐसी स्थितिमें निश्चय ही मेरी ही बुद्धिमें विक्षेप हो गया है, स्पष्टतः इसी बातकी सम्भावना है। क्योंकि मैं इन सबको अपने-अपने कर्मोंमें संलग्न देखती हूँ' ॥ ५३ ॥

तदत्र शरणस्थानं तथा चैका गतिर्मम ।
भगवाञ्छङ्करो देवः सैष कुर्यात् कृपां मयि ॥५४॥

'अतः अब यहाँ देव-देव भगवान् शङ्कर ही मुझे शरण देनेवाले हैं। एकमात्र वे ही मेरी गति हैं। वे मुझपर कृपा करें' ॥ ५४ ॥

आशुतोषं शशाङ्काङ्कं शिवं ध्यात्वा प्रणम्य सा ।
यदा स्थितवती तत्र दृश्यमन्यदभूत्तदा ॥५५॥

इस प्रकार जब वह आशुतोष चन्द्रशेखर भगवान् शिवका ध्यान और प्रणाम करके सुस्थिर हुईं, तब वहाँ दूसरा ही दृश्य दिखाई दिया ॥ ५५ ॥

समदृश्यन्त ते सर्वे विशुद्धा दिव्यवर्चसः ।
क्षणादेव तया भूयश्चिन्तितं परमार्थतः ॥५६॥

वे सब जीवाणु क्षण-भरमें विशुद्ध एवं दिव्य-कान्तिसे सम्पन्न दिखाई देने लगे। तब कीर्तिदाने पुनः परमार्थरूपसे चिन्तन आरम्भ किया—॥ ५६ ॥

किमेतद् दृश्यते दृश्यं परिवर्तितमीदृशम् ।
स्थानं सुखावहं चैतन्मनोनन्दनमार्तिहृत् ॥५७॥

'यह कैसा दृश्य दिखाई देता है? इसमें ऐसा परिवर्तन कैसे हो गया? यह स्थान मनको आनन्द देनेवाला सुखावह और क्लेशहारी जान पड़ता है' ॥ ५७ ॥

सुदर्शनाः क एतेऽपि नरा नार्यश्च भूषिताः ।
अत्रत्यास्तु विदृश्यन्त आप्तकामा इवाऽर्थतः ॥५८॥

'ये सुन्दर दिखाई देनेवाले तथा वस्त्राभूषणोंसे विभूषित नर और नारियाँ कौन हैं ? यहाँके समस्त स्त्री-पुरुष वस्तुतः आप्तकाम-से दिखाई देते हैं' ॥ ५८ ॥

साह्लादं मे मनोऽप्यत्र बुद्धिश्चाऽपि प्रसीदति ।
अत्रैव रमते चित्तं साऽहं चाऽस्म्यभिजायते ॥५९॥

'इस समय यहाँ मेरे मनमें आह्लाद भर गया है। बुद्धि भी प्रसन्न हो गई है। मेरा चित्त इसी स्थितिमें रम रहा है। और 'मैं वही कीर्तिदा हूँ, ऐसा बोध होता है' ॥ ५९ ॥

सुयुक्तं स्थानमेतद्वा मत्कृते दिव्यशान्तिदम् ।
साऽहं किमत्र तिष्ठेयं दिव्यभोगादिसेविता ॥६०॥

'यह स्थान मेरे लिए दिव्य शान्तिप्रद और अत्यन्त उपयुक्त जान पड़ता है। क्या मैं दिव्य-भोग आदिसे सेवित हो यहीं निवास करूँ ?' ॥ ६० ॥

सुखदः किमयं स्वर्ग इहस्थाः किमिमे सुराः ।
इदं नन्दनमासाद्य रमन्ते येऽप्सरोगणैः ॥६१॥

'क्या यह सुखदायक स्वर्ग है ? क्या यहाँ रहनेवाले ये सबलोग देवता हैं ? जो इस नन्दनवनमें आकर अप्सराओंके साथ विहार करते हैं' ॥ ६१ ॥

धार्मिकाः सत्त्वसम्पन्नाः कामात्मानो मृता जनाः ।
अत्राऽऽगत्य शुभं यावद् रमन्त इति च श्रुतम् ॥६२॥

'मैंने सुन रखा हैं कि धार्मिक, सत्त्वगुण-सम्पन्न, किन्तु सुख भोगकी इच्छा रखनेवाले लोग मरनेके बाद यहाँ आकर जबतक पुण्य शेष रहता है, तबतक यहाँ आनन्द भोगते हैं' ॥ ६२ ॥

श्रुतमासीन्मया पूर्वं संस्कारवशतः स्मृतम् ।
स्पर्धासूयादिभिर्विद्धा अत्रत्याः प्रभवन्ति यत् ॥६३॥

'मैंने पहलेसे सुन रखा था, इस लिए संस्कारवश इनका स्मरण हो आया है। परन्तु इस स्वर्गके लोग आपसमें स्पर्धा और असूया आदि दोषोंसे युक्त प्रतीत होते हैं' ॥ ६३ ॥

तन्नैतत् कामये साऽहं भ्रान्तचित्ताऽपि सर्वथा ।
हृदिस्थं स्वगुरुं देवं शरणं यामि निःस्पृहा ॥६४॥

'इसलिए मैं सर्वथा भ्रान्त-चित्त होनेपर भी इसकी कामना नहीं करती हूँ। अपने हृदयमें विराजमान श्रीगुरुदेवकी शरणमें निःस्पृहभावसे जाती हूँ' ॥ ६४ ॥

इति संचिन्त्य सा देवी भ्रुवोर्मध्यं व्यलोकत ।
तदैवाऽऽविरभूत्तेजस्तत्राऽलौकिकमव्ययम् ॥६५॥

ऐसा सोचकर देवी कीर्तिदाने अपने भौहोंके मध्यभागमें दृष्टि स्थिर की। उसी समय वहां अलौकिक और अविनाशी तेज प्रकट हुआ ॥ ६५ ॥

ततः पूर्वकृताभ्यासात् संस्कारवशतस्तथा ।
आशीर्वादैर्मुनीनाञ्च तत्रैवेदं ददर्श सा ॥६६॥

तदनन्तर पूर्वकृत अभ्याससे तथा संस्कारवशात् मुनियोंके आशिर्वादके साथ उन्होंने वहाँ इस प्रकार देखा—॥ ६६ ॥

वृक्षाद्बीजमिवोद्भूतं काष्ठादग्निमिवोज्ज्वलम् ।
श्रीसूर्यमिव पूर्वाद्रेर्जगत्त्रयप्रकाशकम् ॥६७॥

जैसे वृक्षसे बीज उत्पन्न होता है, काष्ठसे उज्वल अग्निका प्राकट्य होता है उदयाचलसे सूर्यंका उदय होता है, उसीप्रकार तीनों लोकोंको प्रकाशित करनेवाले एक तेजः पुञ्जको कीर्तिदाने दृष्टिगोचर किया ॥ ६७ ॥

आह्लादकरमानन्दं चान्द्रं तेज इवाऽक्षतम् ।
परिपूर्णतमं शान्तं शबलं नैकरूपकम् ॥६८॥

जो पूर्ण चन्द्रमाके समान शीतल, परिपूर्णतम शान्त, चितकबरा तथा अनेक रूपवाला था। पहले तो वह विविधरूपोंमें प्रकट हुआ ॥ ६८ ॥

पूर्वं बहुविधं पश्चान्मनोनयनवर्धनम् ।
एकरूपस्थितं शुद्धं नभोवर्णं महामहः ॥६९॥

फिर मन और नेत्रोंका आनन्द बढ़ानेवाले हो एक ही विशुद्धरूपमें स्थित हुआ। वह महान् प्रकाश-पुञ्ज आकाशके समान नीलोज्वल वर्णंका था ॥ ६९ ॥

सा दृष्ट्वैतन्महाभागा स्वात्माह्लादकरं महः ।
स्थैर्याद् धैर्याद् विलोक्यैवं चिरं तत्र व्यतिष्ठत ॥७०॥

महाभागा कीर्तिदा अपने आत्माको आनन्द प्रदान करनेवाले इस तेजको देखकर स्थिरता और धीरतापूर्वक उसमें दृष्टि गड़ाये हुए चिरकालतक उसी अवस्थामें स्थित रहीं ॥ ७० ॥

ततः प्रादुरभूत् तत्र साकारं तेज ऐश्वरम् ।
तदेकतानयावृत्त्याऽऽकृष्टमत्यद्भुतं शिवम् ॥७१॥

तदनन्तर वहाँ साकार ईश्वरीय तेज प्रकट हुआ। जो अत्यन्त अद्भुत तथा कल्याणमय था। वह कीर्तिदाकी एकतान दृष्टिसे मानो आकृष्ट हुआ था ॥ ७१ ॥

संस्काराभ्यासयोगैस्तैस्तत्कृतैरेकरूपतः ।
प्राप्तकाले फलीभूतं सच्चिदानन्ददं स्वतः ॥७२॥

उस देवी द्वारा एक रूपसे किए गए पूर्व साधनजनित संस्कार और अभ्यासयोगसे समय आनेपर फलके रूपमें स्वतः प्रकट हुआ वह तेज सच्चिदानन्दमय था ॥ ७२ ॥

साधकैः साधनैः साध्यं स्वतः सिद्धमबोधहृत् ।
कण्ठे नीलविभाशोभि स्फुरज्ज्योतिरतृप्तिकृत् ॥७३॥

साधकों और साधनों द्वारा साध्य वह तेज, वास्तवमें स्वतः सिद्ध तथा अज्ञान हर लेनेवाला था। वह कण्ठदेशमें नील-छविसे सुशोभित था। उससे ज्योति प्रकट हो रही थी तथा वह देखनेवालेके हृदयमें अतृप्ति ( अधिकाधिक देखनेकी अभिलाषा ) उत्पन्न करनेवाला था ॥ ७३ ॥

समुन्नतजटाभारं श्रीचक्रैरलकैर्युतम् ।
प्रतिपश्चन्द्रसज्ज्योतिश्चयान्तरितमुज्ज्वलम् ॥७४॥

उसके मस्तकपर जटाका ऊँचाभार भासमान था। श्रीचक्राकार अलकावली उसकी शोभा बढ़ाती थी भालदेशमें द्वितीयाके चन्द्रमाकी ज्योति उद्भासित होती थी। वह तेज उज्वल वर्णका था ॥ ७४ ॥

तदन्तः क्रीडितं गाङ्गैः प्रवाहैः सर्वतो वृतम् ।
गुप्तं परमदृश्यं च ध्यानस्थैरपि योगिभिः ॥७५॥

उसकी जटाके भीतर गङ्गाका जलप्रवाह क्रीड़ा करता था। वह जटाकलाप उस प्रवाह द्वारा सब ओरसे आवृत था। वह परम गुप्त तेजःपुञ्ज ध्याननिष्ठ योगियोंके लिए भी अदृश्य था ॥ ७५ ॥

प्रोज्ज्वलज्ज्वालमालाढ्यं नीलज्योतिषमद्भुतम् ।
अतर्क्यमविचिन्त्यं च सा व्यलोकत यत्नतः ॥७६॥

उससे अत्यन्त उज्वल ज्वालामालाएँ प्रकट होती थीं। वह अद्भुत नीलोज्वल तेज अतर्क्य एवं अचिन्त्य था। कीर्तिदाने यत्नपूर्वक उसे दृष्टि गड़ाकर देखा ॥ ७६ ॥

मध्ये ललाटमत्यग्रं रूपस्याऽस्य समुज्ज्वलम् ।
अतापकरमाग्नेयं चोर्ध्वनेत्रं ददर्श सा ॥७७॥

इस भव्य तेजस्वी-रूपके ललाटमें सुस्थिर उज्ज्वल, अतापकारी एवं अग्निमय, उर्ध्वं-नेत्रका उन्हें दर्शन हुआ ॥ ७७ ॥

भास्वरं सौरतेजस्कं दक्षिणं चक्षुरैश्वरम् ।
वाममाह्लादकं चान्द्रं तथैवाऽपश्यदव्ययम् ॥७८॥

उस ईश्वरका दाहिना नेत्र सूर्यके तेजसे परिपूर्ण एवं प्रकाशमान था। बांया नेत्र आह्लादजनक चन्द्र-ज्योतिसे सम्पन्न था। यह अविनाशी रूप कीर्तिदाको उस समय वहां स्पष्ट दिखायी दिया ॥ ७८ ॥

सुप्रसन्नमुखाम्भोजमीषत्स्मितमनोहरम् ।
शरण्यं करुणामूर्तिं शङ्करं सा व्यलोकत ॥७९॥

कीर्तिदाने देखा–वे शरणागत वत्सल करुणामूर्ति साक्षात् भगवान् शङ्कर थे। उनका मुखारविन्द अत्यन्त प्रसन्न तथा मन्द मुस्कानसे मनोहर प्रतीत होता था ॥ ७९ ॥

क्षणादेव चिदानन्दं तद्रूपं पूर्णतामितम् ।
व्यदृश्यत तया तत्र दृष्टपूर्वे परात्मनि ॥८०॥

कीर्तिदाने पूर्वदृष्ट परमात्माके भीतर क्षणभरमें ही इस प्रकार भगवान् शङ्करका पूर्णत्वको प्राप्त हुआ चिदानन्दमय रूप देखा ॥ ८० ॥

इन्द्राद्याः सकला देवा नारदाद्या महर्षयः ।
तं स्तुवन्ति स्म तत्रैव स्व-स्वबुद्ध्यनुसारतः ॥८१॥

इन्द्र आदि समस्त देवता तथा नारद आदि महर्षि वहीं उपस्थित हो अपनी-अपनी बुद्धिके अनुसार उनकी स्तुति कर रहे थे ॥ ८१ ॥

तत्रत्यं सकलं वस्तु विविच्यैवाऽन्तरात्मना ।
ॐ ह्रीँ नमः शिवायेति महामन्त्रं जजाप सा ॥८२॥

वहांकी सारी वस्तुओंका अन्तरात्मा द्वारा विवेचन करके वह 'ॐ ह्रीं नमः शिवाय' इस मन्त्रका जप करने लगी ॥ ८२ ॥

पर्यवर्तत तद्दृश्यं ततस्तु ददृशे तया ।
अर्धनारीश्वरो देवः शिवशक्तिमयः पुनः ॥८३॥

फिर उस दृश्यमें परिवर्तन हुआ। तदनन्तर कीर्तिदाने शिव-शक्तिमय देव अर्द्ध-नारीश्वरको अपने सामने देखा ॥ ८३ ॥

श्वेतवर्णं श्रिया जुष्टं तद्वामार्धं व्यशोभत ।
आपादमस्तकं पूर्णं विस्फुरत्स्तनगोलकम् ॥८४॥

उन भगवान् अर्द्धनारीश्वरका वामार्द्धभाग पैरसे लेकर शिरतक गौरवर्ण तथा अनुपम शोभासे सम्पन्न था। उसका एक गोलाकार स्तन उद्भासित हो रहा था ॥ ८४ ॥

दक्षिणार्धं ततो भिन्नं नीलमस्य प्रकाशकम् ।
अशेषं शेषसन्नद्धं सर्वात्म्यैक्यं व्यराजत ॥८५॥

उनका दूसरा सम्पूर्ण दक्षिणार्द्धभाग उससे सर्वथा भिन्न नीलवर्ण एवं प्रकाशक था। उसमें शेषनाग लिपटे हुए थे। उस स्वरूपको सम्पूर्ण आत्माओंसे ऐक्य प्राप्त था। इस प्रकार उसकी बड़ी शोभा हो रही थी ॥ ८५ ॥

विद्याऽविद्ये उभे तत्र व्यक्ताऽव्यक्ते समुज्ज्वले ।
चकाशाते स्म सन्मन्त्रतन्त्रयन्त्रादिभिर्वृते ॥८६॥

वहाँ विद्या और अविद्या-दोनों ही विराजमान थीं। व्यक्त और अव्यक्त भी उत्तम मन्त्र, यन्त्र और तन्त्र आदिसे युक्त हो विद्यमान थे ॥ ८६ ॥

उच्चां प्रपत्तिमाश्रित्य तत्पश्यन्ती निरन्तरम् ।
ऋषिदृष्टिमिता देवी स्पष्टं तत्त्वमबुध्यत ॥८७॥

उच्चकोटिकी शरणागतिका आश्रय ले उस स्वरूपको निरन्तर देखती हुई देवी कीर्तिदाने ऋषियोंकी दृष्टि प्राप्त कर ली और उसीके द्वारा यथार्थ-तत्त्वको जान लिया ॥८७॥

दृष्टपूर्वमिदं रूपं ह्यर्धनारीश्वरोदयम् ।
वामदक्षिणपार्श्वाभ्यां द्वैधं समभवत्ततः ॥८८॥

तदनन्तर पहलेका देखा हुआ अर्द्धनारीश्वरके रूपमें प्रकट भगवान् शिवका वह स्वरूप वाम और दक्षिण पार्श्वसे दो रूपोंमें विभक्त हो गया ॥ ८८ ॥

दक्षिणार्धमभूद्बालो वामार्धं कन्यकैकिका ।
उभौ परिचितावास्तां तस्या अङ्कोपलालितौ ॥८९॥

दक्षिणार्द्धभाग एक बालक और वामार्द्धभाग एक बालिकाके रूपमें परिणत हो गया। वे दोनों कीर्तिदाके अंकमें उपलालित हुए थे। अतः उनके पूर्ण परिचित थे ॥ ८९ ॥

नन्दगोपसुतो बालः स्वपुत्री बालिका च सा ।
परस्परमभीप्सन्तौ क्रीडतः स्म तदेह तौ ॥९०॥

वह बालक नन्दगोपका लाड़ला था और बालिका कीर्तिदाकी अपनी ही पुत्री थी। वे दोनों एक दूसरेको चाहते हुए वहीं परस्पर क्रीड़ामें संलग्न हो गए ॥ ९० ॥

अन्यत्सर्वं तथैवाऽऽसीत् तत्रत्याः सकलाः सुरा ।
तौ स्तुवन्ति स्म सद्भक्त्या विधिविष्णुहरादयः ॥९१॥

और सब बातें ज्योंकी त्यों थीं। वहाँ उपस्थित ब्रह्म, विष्णु और शिव आदि सब देवता उन दोनोंकी स्तुति कर रहे थे ॥ ९१ ॥

क्रीडन्तौ तावुभौ भूयः शिवशक्तिस्वरूपिणौ ।
तदुत्सङ्गमुपागत्य व्यतिष्ठेतां निरीक्ष्य ताम् ॥९२॥

क्रीड़ा करते हुए वे दोनों कुमारी और कुमार जो शक्ति और शिवके रूप थे, पुनः कीर्तिदाकी गोदमें आकर उसकी ओर देखते हुए बैठ गये ॥ ९२ ॥

दक्षिणाङ्केऽवसद्बालो वामाङ्के बालिका ततः ।
बभूवतुस्तदोभौ तावेकाकारौ स्वरूपतः ॥९३॥

दाहिने अंकमें बालक बैठा था और वामाङ्कमें बालिका। तदनन्तर वे दोनों उस समय स्वरूपतः एकाकार हो गए ॥ ९३ ॥

दृष्ट्वैतत्सकलं दृश्यं विस्मिता कीर्तिदा स्वतः ।
स्वात्मना तौ नमस्यन्ती प्रबुद्धा स्वप्नयोगतः ॥९४॥

यह सारा दृश्य देखकर कीर्तिदाको बड़ा आश्चर्य हुआ। वह अपने मनसे उन दोनोंको नमस्कार करने लगीं। इतने ही में वह स्वप्न टूट गया और वह जाग उठी ॥ ९४ ॥

स्मारं स्मारं तथादृष्टं स्वप्नवस्तु यथार्थतः ।
संत्यज्य शयनं याता कर्तुं शौचादि साऽप्यथ ॥९५॥

स्वप्नमें यथार्थतः देखी गई सारी बातोंको स्मरण करती हुई माता कीर्तिदा शौचादि कर्म करनेके लिये शय्या छोड़कर उठ गई ॥ ९५ ॥

स्वं प्रातःकालिकं कृत्यं समाप्य विधिवच्च सा ।
पूजास्थानं समागत्य निषसादाऽऽसने शुभे ॥९६॥

विधिपूर्वक प्रातःकालिक कृत्य समाप्त करके वह पूजा स्थानमें जाकर एक उत्तम आसनपर बैठी ॥ ९६ ॥

तैर्यमैः पालितैर्नित्यं नियमैश्च कृतैर्हितैः ।
प्राणायामैर्दृढाभ्यासैः प्रत्याहारञ्चकार सा ॥९७॥

अपने द्वारा नित्य पालित हितकर साधन यम, नियम, तथा सुदृढ अभ्यासयुक्त प्राणायाम करके कीर्तिदाने प्रत्याहार किया ॥ ९७ ॥

भावनां धारणां शुद्धां गुरुशुश्रूषयाऽऽगताम् ।
निरन्तरं प्रकुर्वाणा ध्यानमाप्ता सती स्वतः ॥९८॥

गुरु-शुश्रूषासे प्राप्त हुई विशुद्ध भावना और धारणाको निरन्तर करती हुई वह सती स्वतः ध्यानस्थ हो गई ॥ ९८ ॥

निर्दर्शितक्रमेणैवं स्थैर्याद्धैर्याच्च कीर्तिदा ।
समाधिं सविकल्पं तं जगामाऽथ ददर्श यत् ॥९९॥

इस प्रकार निर्दर्शित क्रमसे स्थिरता और धीरताका आश्रय ले कीर्तिदा सविकल्प समाधिमें स्थित हो गयीं । उस समय उन्होंने देखा—॥ ९९ ॥

वस्तु स्वप्नविदृष्टं तच्चिन्तयन्ती क्रमोदितम् ।
तामवस्थां गता देवी न जानाति स्म किञ्चन ॥१००॥

स्वप्नमें देखी गई उपर्युक्त वस्तुएं क्रमशः प्रकट होने लगीं । उनका चिन्तन करती हुई वे देवी उस अवस्थाको पहुंच गईं, जहां दूसरी किसी वस्तुका भान नहीं होता था ॥१००॥

एतस्मिन्नन्तरे स्वस्मिन् सदने शयनं श्रितः ।
गोकुलेशसुतो बालः प्रबुद्धोऽद्योषसि द्रुतम् ॥१०१॥

इसी समय गोकुलेश्वर नन्दरायका बालक, जो अपने घरमें शय्यापर सोया था, आज उस कालमें ही सहसा जाग उठा ॥ १०१ ॥

वृषभानुप्रिया देवी यां दशां प्रापिता यया ।
तां दशां प्रापितश्चासीद्बालोऽपीशेच्छया तदा ॥१०२॥

जिस शक्तिने वृषभानु प्रिया देवी-कीर्तिदाको उस पूर्वोक्त अवस्थामें पहुँचाया था, उसी शक्तिने ईश्वरेच्छासे उस बालकको भी उसी दशामें पहुँचा दिया ॥ १०२ ॥

विसृज्य शयनं तस्मान्मन्त्राकृष्ट इव स्वतः ।
कीर्तिदाया गृहं धावन्नाजगाम स वेगतः ॥१०३॥

अतः शय्या छोड़कर मन्त्र-शक्तिसे आकर्षित पुरुषकी भांति वह स्वतः बड़े बेगसे दौड़ता हुआ कीर्तिदाके घर आ पहुँचा ॥ १०३ ॥

अरुणोदयवेलायां प्राप्तद्वारो गृहस्य तत् ।
तदावृत्य स्थितां तस्याः पुत्रीमेव ददर्श सः ॥१०४॥

अरुणोदयकी वेलामें जब वह उनके गृह-द्वारपर पहुँच गया, तो उसे रोककर खड़ी हुई कीर्तिदाकी कन्याको ही उसने देखा ॥ १०४ ॥

तां दृष्ट्वैव प्रसन्नोऽसौ सिद्धिमेव पुरःस्थिताम् ।
तामालिङ्गय तया सार्धं तत्पूजास्थानमागमत् ॥१०५॥

मानो सिद्धि ही सामने खड़ी हो। उसे देखते ही नन्द-नन्दन प्रसन्न हो गया और उसका आलिङ्गन करके उसीके साथ कीर्तिदाके पूजा स्थानपर आया ॥ १०५ ॥

उभौ निरीक्षमाणौ तां तुर्यावस्थागतां तथा ।
ज्ज्वलन्तीं ज्योतिषा शुद्धां दृष्ट्वा स्वमुदमापतुः ॥१०६॥

तव उन दोनोंने देखा—कीर्तिदा तुर्यावस्थामें पहुँचकर दिव्य तेजसे देदीप्यमान हो, विशुद्धरूपमें विराजमान है। इस रूपमें कीर्तिदाको देखकर उन दोनोंको बड़ी प्रसन्नता हुई ॥ १०६ ॥

इन्द्रियैर्मनसा रुद्धैः स्थितप्रज्ञां तथाऽऽत्मना ।
परतत्त्वगतां तत्र तौ पश्यन्तीं निरन्तरम् ॥१०७॥

उसने इन्द्रियोंको मनके द्वारा वशमें कर लिया था। वह स्थितप्रज्ञ होकर स्वरूपसे ही परम तत्त्वको प्राप्त हो गई थी और उस अवस्थामें निरन्तर उन्हीं दोनोंका दर्शनकर रही थी ॥ १०७ ॥

शिवशक्तिमयौ चैकाविमाविति च चेतसि ।
नन्दपुत्रं स्वपुत्रीं च भावयन्तीं परापरौ ॥१०८॥

ये शिव-शक्तिमय नन्दनन्दन और मेरी पुत्री दोनों एक तथा परस्पर अभिन्न-स्वरूप हैं। ऐसी वह चित्तमें भावना करती थी ॥ १०८ ॥

अतर्क्यं सच्चिदानन्दमैक्यं स्वात्मपरात्मनोः ।
विभाव्य संस्थितां चैत्ये दीप्तामग्निशिखामिव ॥१०९॥

अतर्क्यं, सच्चिदानन्दमय, आत्मा और परमात्माका ऐक्य अनुभव करके वह देवी प्रज्वलित अग्निशिखाकी भांति विराजमान थीं ॥ १०९ ॥

बिलोक्य कीर्तिदामित्थं शुद्धां निर्विक्रियां स्वतः ।
तां प्रबोधयमानौ तौ निरुपायौ बभूवतुः ।।११०।।

इस प्रकार कीर्तिदाको विशुद्ध एवं निर्विकार अवस्थामें देखकर वे दोनों उन्हें जगानेकी इच्छा करने लगे । परन्तु उनको कोई उपाय नहीं सूझा ।। ११० ।।

तां प्रबोधयितुं तत्र मन्त्रयामासतुर्ह्युभौ ।
परस्परमवालोक्य स्वशक्त्येदं च चक्रतुः ।।१११।।

तब वे दोनों उन्हें वहां जगानेके लिए एक दूसरेकी ओर देखते हुए परस्पर मन्त्रणा करने लगे और इस कार्यको उन्होंने अपनी शक्तिसे ही सम्पन्न कर लिया ।। १११ ।।

अस्या ध्यानपथं यातावावामत इयं सती ।
न जागर्ति ततो याव आवां तत्र त्वदृश्यताम् ।।११२।।

वे बोले—'ये सती देवी कीर्तिदा इसलिए नहीं जाग रही हैं कि हम दोनों इनके ध्यान-पथमें आ गए हैं । अतः हम दोनों वहाँ अदृश्य हो जायँ और इनकी गोदमें जा बैठें । ऐसा करनेसे ये जाग उठेगीं' ।। ११२ ।।

तिष्ठावश्च तदुत्सङ्गे येन सा बोधमेष्यति ।
इत्याऽऽलोच्य तयाऽऽकृष्टौ तथाचक्रतुरीश्वरौ ।।११३।।

ऐसा विचार करके पूर्वोक्त ईश्वरीय शक्तिसे आकृष्ट किये गए उन दोनों ईश्वरी और ईश्वर ( राधा, कृष्ण ) ने वैसा ही किया ।। ११३ ।।

दक्षिणाङ्केऽवसद्बालो वामाङ्के बालिका ततः ।
बभूवतुस्तदोभौ तावेकाकारौ स्वरूपतः ।।११४।।

कीर्तिदाके दाहिने अंकमें वह बालक बेठ गया और बायें अंकमें वह बालिका । फिर उस समय वे दोनों स्वरूपतः एकाकार हो गये ।। ११४ ।।

ततः खिन्नतरा सैषा समजायत तत्क्षणात् ।
तद्वियोगात् समाधौ यावदृश्येतां तथासुखम् ।।११५।।

तब जिन्हें सुखपूर्वक समाधिमें देख रही थीं, उनके वियोगसे देवी कीर्तिदा तत्क्षण खिन्न हो उठीं ।। ११५ ।।

दृष्ट्वैतत् सकलं दृश्यं विस्मिता कीर्तिदा स्वतः ।
ससंभ्रमं प्रबुद्धाऽथ भ्रंशिता ध्यानयोगतः ।।११६।।

यह सारा दृश्य देखकर आश्चर्यमें पड़ी हुईं कीर्तिदा देवी स्वतः सम्भ्रममें पड़कर ध्यानयोगसे च्युत हो जाग उठीं ॥ ११६ ॥

तथाविधाविमौ दृष्ट्वा शान्तचिन्ता सुविस्मिता ।
साह्लादं तौ समालिङ्ग्य गद्गदेदं समब्रवीत् ॥११७॥

इन दोनोंको इस रूपमें देखकर विस्मित हुई कीर्तिदाका चित्त शान्त हुआ और वे बड़े आनन्दसे दोनोंको हृदयसे लगाकर गद्गद् वाणीमें इस प्रकार बोलीं—॥ ११७ ॥

युवां ध्यानपथं यातावित्थमेवाऽधुनेह भोः ! ।
तन्नूनं तौ चिदात्मानौ सदानन्दौ नमाम्यहम् ॥११८॥

'बच्चों ! तुम्हीं दोनों इसप्रकार मेरे ध्यान-पथमें आए थे। अतः निश्चय ही तुम चिरात्मा एवं सदानन्दमय हो। मैं उन तुम्हीं दोनोंको नमस्कार करती हूँ' ॥ ११८ ॥

इत्थं स्वशरणं यातां तां विसृज्य तथैव तौ ।
पूजास्थानाद्बहिर्यातौ क्रीडन्तौ पूर्ववत् पुनः ॥११९॥

इस प्रकार अपनी शरणमें आई हुई देवी कीर्तिदाको उसी अवस्थामें छोड़कर वे दोनों पुनः पूर्ववत् क्रीड़ा करते हुए पूजास्थानसे बाहर चले आए ॥ ११९ ॥

हस्तौ प्रगृह्य बहिरेत्य ततः स बालो
बालामभाषत शुभेन्दुमुखीं प्रियां स्वाम् ।
त्वं देवता गुणवती ह्यसि किन्तु सोऽहं
स्वात्मप्रियोऽस्मि विगुणः स्वरतिः स्वतन्त्रः ॥१२०॥

बालिकाके दोनों हाथ पकड़े बाहर निकलकर उस बालकने अपनी प्रिया उस सुन्दर चन्द्रमुखी बालासे कहा—'देवि ! तुम गुणवती देवता हो। किन्तु मैं स्वात्म-प्रिय, निर्गुण, आत्म-रति एवं स्वतन्त्र हूँ ॥ १२० ॥

तच्छोभने ! त्वमिह मां त्यज सङ्गभीत्या
खिन्नोऽस्मि सिद्ध इव सिद्धिषु दृष्टदोषः ।
मह्यं न रोचत उरुप्रियया त्वया ये
सद्वीक्षितास्त इह तत्र चिरं रमन्ताम् ॥१२१॥

'अतः शोभने ! तुम यहाँ मुझे छोड़ दो। क्योंकि मैं सङ्ग ( आसक्ति ) के भयसे खिन्न हूँ। सिद्ध पुरुषकी भाँति सिद्धियोंमें दोष देखता हूँ। इसलिए मुझे यह सब अच्छा नहीं लगता। तुम लक्ष्मीरूपसे बहुत लोगोंकी प्रीतिपात्र हो। तुमने अच्छी दृष्टिसे जिन्हें देखा है, वे महानुभाव यहाँ लौकिक सिद्धियोंमें चिर-कालतक रमते रहें' ॥ १२१ ॥

किन्त्वत्र ये प्रविलसन्ति जना मदीया भक्ता रताश्च मयि बद्धहृदोऽहमेषाम् ।
कर्तुं प्रियं विवशमापित आत्मयोगात् सोऽहं भ्रमामि भव तत्र सहायिका त्वम् ॥१२२॥

'परन्तु यहाँ जो मेरे भक्तजन सुशोभित होते हैं, जिनका मुझमें ही अनुराग है तथा जिन्होंने अपने मनको मुझमें बांध रखा है, उन लोगोंका प्रिय करनेके लिए विवश हो आत्मयोगसे मैं यहाँ प्रकट होता और चक्कर लगाता हूँ। तुम यहाँ मेरी सहायिका बनो' ॥ १२२ ॥

श्रुत्वा तथाविधममुष्य वचो दुरूहं सेर्ष्यं निरीक्ष्य कुटिलं जगदीश्वरी सा ।
त्यक्त्वाऽथ तत्करसरोरुहमार्तिहारि सोऽयं निरर्गल इति प्रविचिन्त्य याता ॥१२३॥

नन्द-नन्दनकी वह बात कठिनाईसे समझमें आनेवाली थी। उसे सुनकर उस जगदीश्वरीने ईर्ष्यापूर्वक कुटिल-कटाक्षसे उनकी ओर देखा। फिर वे उनके परपीड़ा-हारी कर-कमलको छोड़कर 'ये निरंकुश हैं' ऐसा सोचकर चली गईं ॥ १२३ ॥

विद्वांस ! उन्नतधियो गुरुणा श्रमेण दृष्टा मया स्थितिरियं भवतां प्रसादात् ।
या वर्णिता तदिह लब्धुमिमां भवन्तोऽहं प्रार्थये शुभविचारणया यतन्ताम् ॥१२४॥

ऊँची बुद्धिवाले विद्वानों ! गुरुदेवके अनुग्रह और आपलोगोंके कृपा-प्रसादसे मैंने परिश्रम पूर्वक इस स्थितिका साक्षात्कार किया है, जिसका यहाँ वर्णन किया। मेरी प्रार्थना है कि इस स्थितिको प्राप्त करनेके लिए आपलोग भी शुभ विचारपूर्वक प्रयत्न करें ॥ १२४ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
त्रयस्त्रिंशोऽप्यगात्सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥१२५॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें तेतीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ १२५ ॥

# चतुस्त्रिंशः सर्गः

[ व्रजराजसभायां व्रजराजस्य स्वभृत्येषु व्रजकार्यनिर्देशनात्मकाः प्रश्नाः । चौररूपिणं शणपोटलिकास्थितं भगवन्तं विगृह्य तत्रैव व्रजवधूनामागमनम् । व्रजराज्ञीमुद्दिश्य ताभिस्तदुपालम्भनम् । चौरनिदर्शने हास्योपलब्धिश्च । ]

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

दिष्ट्या स्वयाऽभिमतया हरिणा समीक्ष्य संवर्धितो मुनिगणैश्च सुधीभिरेवम् ।
बभ्राज गोकुलपतिः सह गोपगोभिर्गोपीभिरित्थमथ चन्द्र इवांशुभिः स्वैः ॥१॥

इस प्रकार श्रीहरिने तथा मुनिजनों एवं विद्वानोंने भी अपनी अनुकूल दृष्टिसे देखकर गोकुलपति नन्दरायका संबर्धन किया। जैसे चन्द्रमा अपनी किरणोंसे सुशोभित होते हैं, उसी तरह नन्दबाबा गोपों, गोपियों और गौओंसे संयुक्त हो बड़ी शोभा पाने लगे ॥ १ ॥

औदार्यमुच्चतरमुन्नतमार्यभावं दाक्षिण्यमव्ययममुष्य वदान्यताञ्च ।
संलक्ष्य योगिन इमे मुनयो बुधाश्च तत्रैत्य तस्थुरभितो गृहमस्य तावत् ॥२॥

उनकी उच्चतर उदारता, उन्नत-आर्यभाव, अक्षय-दाक्षिण्य तथा दानशीलता आदि गुणोंको लक्ष्य करके ये योगी, मुनि, ज्ञानी-पुरुष वहाँ आकर उनके घरके आसपास डेरा डाले रहते थे ॥ २ ॥

सच्चित्स्वरूपमिममक्षयमात्मतत्त्वं ध्येयं शिशुं समवलोक्य मनोभिरामम् ।
तद्गेहमार्गमवलम्ब्य गताः सुदूरं ते यात्रिणोऽप्यहह ! तत्र चिरं ह्यतिष्ठन् ॥३॥

नन्दबाबाके घरके रास्तेसे यात्रा करते हुए कुछ दूर तक गये हुए वे यात्री भी इस सच्चिदानन्दस्वरूप, अविनाशी, आत्मतत्त्वरूप, घ्यान करने योग्य तथा मनोभिराम शिशु-( श्रीकृष्ण ) का दर्शन करके वहाँ चिरकाल तक खड़े रह जाते थे ॥ ३ ॥

इत्थं प्रपूर्णमसकृत् सुजनैः सुरम्यं तद्गोकुलेशभवनं बहुधा रराज ।
आनन्दधाम गुणगौरवतोऽभिरामं ह्याकृष्टसत्त्वमसमं कृतबाललीलम् ॥४॥

इस प्रकार निरन्तर सन्त-जनोंसे भरा रहनेवाला गोकुलेश्वर नन्दका वह सुरम्य भवन अनेक प्रकारसे सुशोभित होता था। वह आनन्दका धाम था। गुण-गौरवकी दृष्टिसे अभिराम प्रतीत होता था। सब जन्तु उसकी ओर खिच आते थे। उसकी कहीं भी तुलना नहीं थी तथा वहाँ सदा श्रीकृष्णकी बाललीला होती रहती थी ॥ ४ ॥

तस्मिन् स्वसद्मनि कदाचिदसौ व्रजेश आसीत्सभाङ्गणगतो ह्युपनन्दमुख्यैः ।
गोपैः प्रियैः शिशुजनैर्वसुदेवपत्न्या पत्न्या च सार्धममुना च शिशुद्वयेन ॥५॥

एक समयकी बात है व्रजराज नन्द अपने इस भवनके भीतर सभाके प्राङ्गणमें उपनन्द आदि प्रिय गोपों, ग्वालबालों, वसुदेवपत्नी-रोहिणी, अपनी पत्नी यशोदा तथा दोनों शिशु कृष्ण-बलरामके साथ बैठे थे ॥ ५ ॥

दृष्ट्वा समृद्धमथ राजसभं विशालं संचिन्तयन् स निजगोकुलराज्यभारम् ।
निर्देशकं कमपि भद्रमुखाभिधेयं गोपं मुदाऽऽह मधुरं व्रजकार्यमेवम् ॥६॥

उस विशाल राजसभाको लोगोंसे भरी देख नन्दजी अपने गोकुल-राज्यके भारका चिन्तन करते हुए भद्रमुख नामक किसी गोपसे, जो निर्देशक था, प्रसन्नता पूर्वक मधुर वाणीमें व्रजसम्बन्धी कार्यके विषयमें इस प्रकार पूछने लगे—॥ ६ ॥

निर्देशक ! त्वमसि किं कुशली स्वकृत्ये किं वा नियोजयसि योग्यजनांश्च कृत्ये ।
प्रेम्णा विपश्यसि ददासि च वा स्वभृत्ये प्रोत्साहनं सधनमानमुपेतकृत्ये ॥७॥

'निर्देशक ! क्या तुम अपने कार्यमें योग्य मनुष्योंको नियुक्त करते हो ? प्रेमपूर्वक उन सबको देखते हो ? क्या अपना कार्य पूर्ण कर लेनेवाले सेवकोंको धन और मन सहित प्रोत्साहन देते हो' ? ॥ ७ ॥

किं किं कृतं व्रजसुरक्षणहेतुभूतं कार्यं त्वयेह वद शान्तमनाः शृणोमि ।
निर्देश्यमस्ति किमु वा मम राजकृत्ये युक्तं विचार्य भण तच्छुभदं करोमि ॥८॥

'बताओ, व्रजकी सुरक्षाका हेतुभूत कौन-कौन सा कार्य तुमने यहाँ सम्पन्न किया है ? मैं शान्तचित्त होकर तुम्हारी बात सुनता हूँ। मेरे राजकार्यके विषयमें तुम्हें क्या-क्या निर्देशन देना है ? । उचित विचार करके कहो। तुम्हारे शुभदायक सुझावका मैं पालन करूँगा' ॥ ८ ॥

तद्गोकुलेशमधुराक्षरपुष्पमालां मालां यथा शिरसि सन्नमिते विधृत्य ।
निर्देशकोऽयमवदत् कृतकार्यजातं बद्धाञ्जलिः सदसि चोत्थित आत्मपातम् ॥९॥

गोकुलेश्वर नन्दके मधुर अक्षररूपी पुष्पोंकी मालाको मालाकी ही भांति झुकाये हुए मस्तकपर सादर धारण करके निर्देशकने हाथ जोड़ साष्टाङ्ग-प्रणाम पूर्वक खड़ा हो सभामें अपनेद्वारा किए कार्य-कलापको इस प्रकार बताया ॥ ९ ॥

स्वामिन् ! कृतं बहुविधं व्रजरक्षणार्थं सत्कर्म राज्यमभितो विहितव्यवस्थम् ।
न्यस्तं चतुर्दिशि सुखं व्रजवीरसैन्यं नानायुधं परिचिताऽग्र्यजनप्रवेश्यम् ॥१०॥

'स्वामिन् ! व्रजकी रक्षाके लिए मैंने बहुतसे उत्तम कार्य किये हैं। राज्यके चारो-ओर सुरक्षाकी उत्तम व्यवस्था कर दी गई है। चारो दिशाओंमें सुखपूर्वक व्रज वीरोंकी सेना तैनात की गई है। उस सेनाके पास अनेक प्रकारके अस्त्र-शस्त्र हैं तथा उसमें जाने बुझे हुए श्रेष्ठ-पुरुषोंका ही प्रवेश है' ॥ १० ॥

पृष्ट्वा व्रजागमनहेतुमनेकयत्नैर्भावैः प्रबुध्य हृदयान्तरितां च चेष्टाम् ।
त्यज्यन्त एव सकला मुनिवेषिणश्च ह्यागन्तुकाश्च सततं सुपरीक्ष्य देव ! ॥११॥

'देव ! आने-जानेवाले लोगोंसे, 'वे मुनियोंके भी वेषमें क्यों न हों, उनके व्रजमें आगमनका कारण पूछकर अनेक प्रयत्नों और भावों द्वारा उनकी हार्दिक चेष्टा जानकर सदा भली-भांति जांच परख कर लेनेके बाद ही सबको आने अथवा जाने दिया जाता है ॥ ११ ॥

सर्वत्र चैष नियमोऽस्ति शुभां नृपाज्ञां मूर्ध्ना वहन्ति सुखदामिति गोकुलस्थाः ।
तस्माद् व्रजेश ! विषये ससुखं वसन्ति युष्मत्प्रजा जितभया विहरन्ति कामम् ॥१२॥

सर्वत्र यही नियम लागू कर दिया है, समस्त गोकुलवासी जन राजाकी शुभ एवं सुखद आज्ञाको सिरपर ढोते हैं। 'अतः व्रजराज ! आपके राज्यमें सारी प्रजा सुखपूर्वक निवास करती तथा निर्भय हो, इच्छानुसार विचरती है' ॥ १२ ॥

सर्वं सुकृत्यमिह वर्तत एव किन्तु द्वौ माथुरौ कुपुरुषौ स्त इमौ गृहीतौ ।
यौ प्रायशोऽर्भकयुगे तदपि प्रकृष्टे कृष्णार्जुने निहितदुष्टदृशौ यदाऽऽस्ताम् ॥१३॥

'यहां सब शुभकार्य ही हो रहा है, किन्तु मथुराके ये दो दुष्ट पुरुष पकड़े गए हैं, जो प्रायः यहांके दो उत्कृष्ट बालक श्याम-गौर कृष्ण-बलरामके प्रति सदा दुष्टतापूर्ण दृष्टि गड़ाए रखते थे' ॥ १३ ॥

अस्माकमक्षयधनानि शिशोः कुलानि तेभ्योऽपि धन्यतरमर्भकयुग्ममेतत् ।
यस्मिन् निवेशितदृशौ कुधियाविमौ तु दण्ड्याववश्यमिति गोपभटैर्गृहीतौ ॥१४॥

'हमारे अक्षय धन हैं व्रजके बालकवृन्द। उन सबसे भी धन्यतर हैं ये दो बालक, श्रीकृष्ण और बलराम। इन्हीं दोनों पर इन दुष्टोंने दृष्टि गड़ा रखी थी। अत; हमारे गोप-योंद्धाओंने इन्हें पकड़ लिया है। ये दोनों अवश्य ही दण्ड पानेके योग्य हैं' ॥ १४ ॥

तस्मात्प्रमाणमिह गोकुलराज एव स्वामिन् ! यदिच्छसि कुरुष्व तथा सुयोग्यम् ।
इत्युक्तवन्तमथ तं व्रजराज आह दुष्टाविमौ त्यजत भो व्रजसीम्नि नीत्वा ॥१५॥

'इस लिए गोकुलराज ! प्रभो ! अब इस विषयमें आप ही प्रमाण हैं। आपकी जैसी इच्छा हो, तथा आप जो उचित समझें वह करें'। निर्देशकके ऐसा कहनेपर व्रजराज बोले—'अजी ! तुम इन दुष्टोंको व्रजकी सीमापर ले जाकर छोड़ दो' ॥ १५ ॥

भाण्डारिकं तदनु वीक्ष्य पुनः सभायां किञ्चिद्विहस्य मुदितानन आह सोऽथ ।
किं भो ! त्वया भण वदान्यतयाऽतिथिभ्यो भक्ष्यादिकं स्वयमुपेत्य समर्प्यतेऽत्र ? ॥१६॥

तदनन्तर भाण्डागाराध्यक्षकी ओर देखकर सभामें कुछ मुस्कराते हुए प्रसन्नमुख नन्द फिर बोले—'भइया ! तुम बताओ कि स्वयं पहुँचकर यहाँ आये हुए अतिथियोंको भक्ष्य-भोज्य आदि पदार्थ समर्पित करते हो क्या ?' ॥ १६ ॥

त्वद्धृत् किमस्ति विततं बहुधा प्रदाने त्यागस्य मार्गमवगच्छसि वाऽत्र दाने ? ।
संसारिणो वयमिह द्विकराः स्म दाने सोऽस्मांस्तु पश्यति सहस्रकरः प्रदाने ॥१७॥

'क्या तुम्हारा हृदय दूसरोंको नाना प्रकारकी वस्तुयें देनेमें विशाल है ? क्या तुम दानके विषयमें त्यागका मार्ग अच्छी तरह जानते हो ? हम संसारी लोग देनेमें दो हाथ वाले हैं परन्तु हमको वह प्रभु देखता हैं, जिसके दानके लिए हजारों हाथ हैं' ॥ १७ ॥

एतद्विचार्य सततं व्रजराज्यकोषं ह्युद्घाट्य देयमसमं सकलेभ्य इत्थम् ।
येनाऽऽगता अतिथयो मुनयो बुधाश्च स्युर्योगिनोऽपि नितरां परितृप्तचित्ताः ॥१८॥

'ऐसा विचारकर सदा व्रजके राज्यका खजाना खोलकर समस्त याचकोंको इस प्रकार दान दो, जिसकी कहीं तुलना न हो। उस दानसे यहाँ आये हुए अतिथि, मुनि, विद्वान् और योगी भी निरन्तर जी भरकर तृप्त होते रहें' ॥ १८ ॥

संच्छिद्य गोकुलजनेश्वरवाक्यमित्थं मध्ये जगाद विहिताञ्जलिरेष तत्र ।
स्वामिन् ! मया स्वयमुपेत्य सभक्ति तेभ्यो भक्ष्यादिकं सकलवस्तु समर्प्यतेऽत्र ॥१९॥

गोकुलराजकी इस बातको बीचमें ही काटकर ये भाण्डागाराध्यक्ष वहाँ हाथ जोड़कर बोले—'स्वामिन् ! मैं स्वयं पहुँच कर समागत जनोंको भक्ष्य आदि सारी वस्तुएँ भक्ति-भावसे अर्पित करता हूँ ॥ १९ ॥

भाण्डारकोष्ठमभिगम्य सहस्रशस्ते स्वात्मप्रियं हितकरं रुचिमद्यथेष्टम् ।
भक्ष्यादिकं सदधिदुग्धमभीक्ष्णमेव श्रद्धार्पितं स्वयमवेक्ष्य नयन्ति देव ! ॥२०॥

'देव ! हजारों लोग भाण्डागारमें जाकर अपने लिए प्रिय, हितकर, रुचिकारक दही, दूध आदि सहित यथेष्ट भक्ष्य-भोज्य आदि पदार्थ जो उन्हें निरन्तर श्रद्धापूर्वक ही अर्पित किया जाता है, स्वयं देख-भालकर ले जाते हैं' ॥ २० ॥

इत्थं प्रतिक्षणमबाधमवार्यरूपैर्नीतं प्रभो ! बहुपदार्थकमीप्सितं तत् ।
आश्चर्यधाम भवतीश्वर ! दृश्यमानं संपूर्यते द्विगुणमेभिरहो ! क्षणेन ॥२१॥

'प्रभो ! इस प्रकार प्रतिक्षण बिना किसी बाधाके अनिवार्य रूपसे ले जानेवाला बहुत-सा अभीष्ट पदार्थ इन सबकी दृष्टि पड़ते ही क्षण-भरमें दुगुना होकर भाण्डारमें भर जाता है। मेरे मालिक ! यह बड़े आश्चर्यकी बात है' ॥ २१ ॥

पश्यत्सु तेषु सकलेष्वथ विस्मितेषु शान्त्या स्थितास्वखिलमूर्तिषु तत्सभायाम् ।
द्रागागता युवतिभिः शिशुभिर्वृतास्ता मान्याः स्त्रियोंऽशुकसुपोटलिकां वहन्त्यः ॥२२॥

उस सभामें सारी मूर्तियाँ शान्तिसे बैठी थी और सब लोग विस्मित होकर यह सब देख रहे थे। इसी समय युवतियों और शिशुओंसे घिरी हुई वे माननीय गोपाङ्गनाएँ कपड़ेको पोटली उठाये वहाँ आ पहुँची ॥ २२ ॥

दृष्ट्वा सभासद इमा युवतीश्चतस्रः पूज्याः स्त्रियो व्रजसतीजनरत्नभूताः ।
आगोकुलेशमभितश्चकिता बभूवुर्हस्ताम्बुजस्थितसुपोटलिकाभिराभिः ॥२३॥

जो व्रजकी सतियोंमें रत्नभूता थीं, उन पूजनीया चार युवती-स्त्रियोंको कर-कमलोंमें पोटलियोंके साथ वहाँ आई देख गोकुलेश्वर पर्यन्त वहाँके सभी सभासद् चकित हो गए ॥२३॥

तास्ताः प्रगृह्य सुदृढं रुचिरं विहस्य तैः स्वैर्गुणैरहह ! लक्ष्म्य इवाऽत्र दीप्ताः ।
ऊचुर्व्रजेशगृहिणीमुपहास्य तावत् किं भो ! व्रजेश्वरि ! वदाऽर्भकराज्यमेतत् ? ॥२४॥

वे स्त्रियाँ अपने गुणोंसे लक्ष्मियोंकी भाँति प्रकाशित होती थीं। वे अपने हाथोंमें मजबूत गठरी लेकर कुछ हँसती हुई-सी व्रजराज-गेहिनी यशोदाका उपहास करके बोलीं—'व्रजरानीजी ! बताओ तो सही, क्या गोकुलमें इन बालकोंका ही राज्य है ? ॥ २४ ॥

यै राजभिः प्रतिगृहं व्रजमण्डलेऽस्मिन्नागोकुलेशभवनं प्रतिगोपवेश्म ।
सङ्गम्य सङ्घश उपद्रवमेव कृत्वा बाध्यन्त इत्थमसकृत् ससुखाः प्रजाः स्वाः ॥२५॥

'ये बालक-राजालोग इस व्रजमण्डलमें गोकुलेश्वरके घरसे लेकर प्रत्येक गोपके घरोंमें यूथ बना-बनाकर जाते हैं, और उपद्रव करके अपनी प्रजाओंको सताते हैं' ॥ २५ ॥

किं साम्प्रतं भवति तद्भण भो ! यशोदे ! ध्येये स्थिते व्रजजने प्रतिसद्म गत्वा ।
तस्मान्निवारणममुष्य पुरः स्वमेव निर्दिश्य विस्फुरणमस्य शिशोः सुकर्म ॥२६॥

'रानी यशोदा ! तुम्हीं बताओ, क्या यह उचित है कि जब व्रजके लोग ध्येयमें स्थित हों—अपने इष्टदेवके चिन्तनमें लगे हों, उस समय यह प्रत्येक घरमें जाकर उन लोगोंको ध्यानसे भ्रष्ट करे और उनके आगे अपनेको ही प्रकट करके दिखाए या प्रकाशित करे ?। क्या इस बालकका यही सुकर्म है ?' ॥ २६ ॥

युक्तं कथं भवति भो ! तदपि स्वभक्तैर्मित्रैर्भयङ्करमुखैः कपिभिः समेत्य ।
अव्याहतं परगृहेषु निविश्य हन्त ! विस्फोटनं सकलवस्तुन आत्मतन्त्रम् ॥२७॥

'रानीजी ! यदि उपर्युक्त कर्मको ठीक मान लें तो भी यह कैसे उचित होगा कि अपने भक्तों, सखाओं तथा भयानक मुखवाले वानरोंके साथ आकर यह दूसरोंके घरोंमें बे रोक-टोक

घुस जाय और वहाँ की प्रत्येक वस्तुको स्वच्छन्दतापूर्वक तोड़-फोड़ डाले। यह तो बड़े खेदकी बात है' ॥ २७ ॥

अत्याहितीकरणमव्यथमात्मनीनं ह्यस्मद्गृहे विहरणं शिशुभिर्वृतस्य ।
स्वेष्टं प्रियं भवति गोकुलराज्ञि ! किन्तु मन्यामहे(ऽ) सुकृतमेव तदप्यमुष्य ॥२८॥

'गोकुलकी रानी ! गोप शिशुओंके साथ घिरे हुए इस बालकका हमारे घरमें मनमाना विहार करना और किञ्चित् व्यथाका अनुभव न करके भयदायक कर्म करना तथा जो अपनेको प्रिय लगे वही करते रहना हमें अभीष्ट और प्रिय हो तो भी हम उसे इसका वह कर्म अनुचित ही मानते हैं' ॥ २८ ॥

शुद्धे स्वतो धनदगेह इवाऽभिरम्ये ह्यन्तर्बहिश्च परिमार्जित आलये नः ।
आगत्य नित्यमहहा(ऽ) शुचिवस्तुभिर्भो ! तद्दूषणं भवति साम्प्रतमस्य किं वा ? ॥२९॥

'हमारा घर स्वतः शुद्ध तथा कुबेरके गृहके समान मनोभिराम है तथा भीतर और बाहरसे झाड़-बुहार लीप-पोतकर स्वच्छ किया हुआ है। किन्तु हाय ! वहाँ आकर यह अपवित्र वस्तुओंसे उसे दूषित कर देता है। इस बालकका यह कर्म क्या उचित माना जायेगा ?' ॥ २९ ॥

गोष्ठं प्रविष्य समयेऽसमये कुकृत्यं कृत्वा विमुच्य सुरभीवृषवत्सकांस्तान् ।
तस्मात् पलायनममुष्य चरित्रमेतत् किं शोभनं भवति राज्ञि ! गृहे गृहे नः (!) ॥३०॥

'रानीजी ! हमलोगोंके घर-घरमें जाकर समय-बेसमय गोशालामें प्रवेश करके कुकृत्य करते हुए यह हमारी गायों, बैलों और बछड़ोंको खोल देता है और वहांसे भाग जाता है। इसका यह चरित्र क्या शोभन कहा जायेगा ?' ॥ ३० ॥

व्यग्रेषु कृत्यनिवहेषु गृहस्थवर्गेष्वागत्य नेत्रकमलान्यपवार्य युक्त्या ।
भाण्डारकोष्ठमभिगम्य गृहस्थितं तद्दध्यादिचोरणममुष्य सुखं ददाति (!) ॥३१॥

'व्रजके गृहस्थवृन्द जब अपने-अपने कार्यमें व्यग्र रहते हैं। उस समय आकर यह उनके नेत्र कमलोंको युक्तिसे किसी दूसरी ओर देता है और स्वयं कोठारमें घुसकर वहांके दूध-दही आदिको चुराने लगता है। यहीं सब कार्य इसे सुखद जान पड़ता है' ॥ ३१ ॥

आरुह्य पीठमथवा तदुलूखलादि दुष्प्राप्यभाण्डमपि शिक्यविलम्बितं तत् ।
निष्कास्य बालसखिभिः कपिभिः समं वा तत्रत्यवस्त्वदनमस्य सुखं तनोति(!) ॥३२॥

'किसी पीढ़ेपर या उस घरके ओखली आदिपर चढ़कर जिसको पाना कठिन है, उस छींकेपर लटकाये गए पात्रको भी यह पा लेता है और उसमें रखी हुई माखन आदि वस्तुओंको निकालकर सखाओं अथवा बन्दरोंके साथ खाता है। इस प्रकार चुराकर खाना इसको अधिक आनन्द देता है' ॥ ३२ ॥

ध्वान्तालये निहितवस्तुन आत्मबोधं सम्पाद्य चन्द्रकिरणैरिव संज्ज्वलद्भिः ।
रत्नांशुभिस्तनुधृतैर्विहितैरुपायैर्हैयङ्गवीनमपि हर्तु ममुष्य यत्नः ॥३३॥

'अँधेरे घरमें रखी हुई वस्तुओंका अपने शरीरमें धारण किये रत्नमय आभूषणोंकी प्रभासे जो चन्द्र किरणोंके समान प्रकाशित होती है, ज्ञान प्राप्त करके ताजा माखन चुरानेके लिए इसका यत्न रहता है ॥ ३३ ॥

चौरः प्रविष्ट इति सद्मनि संविभाव्य गत्वा निरीक्ष्य सुधृतोऽपि शुभे! सदोषी ।
अस्मान् विहस्य विपरीतमसौ सुमिष्टैर्वाक्यैर्विमोह्य भवतीह च साधुवद् यः ॥३४॥

'शुभे ! घरमें चोर घुसा हुआ है, यह जानकर वहाँ जाकर देख-भाल करनेपर पकड़ लिए जानेके बाद भी वह दोषी बालक उलटे हमारा उपहास करके अपने मीठे-मीठे वचनों द्वारा हमें मोहमें डाल देता और स्वयं भलामानुस सा बन जाता है ॥ ३४ ॥

संगृह्य चाऽप्रतिहतां गतिमात्मनीनां सर्वत्र हन्त! विहरन्नतसीसुमाभः ।
सोऽयं गृहस्थितजनान् सुखदे! हतेच्छो ह्याक्रुश्य गच्छति शिशूनपि रावयित्वा ॥३५॥

'सुखदायिनी यशोदे ! खेदकी बात है कि अपनी अप्रतिहत गतिको लेकर सर्वत्र विहार करनेवाला यह अतशीकुसुमके समान श्याम कान्तिवाला बालक अपनी इच्छा पूरी न होनेपर घरके लोगोंको खोटी-खरी सुनाकर और छोटे बच्चोंको भी रुलाकर चल देता है ॥ ३५ ॥

विश्वं विनाशि विकृतं ह्यविनश्वरस्तु स्वात्मैव भाति तदमुष्य सुलब्धयेऽत्र ।
भुङ्ध्वं सदात्महितमेव विहाय सर्वं त्यागस्य मार्गमवलम्ब्य वदत्ययं नः ॥३६॥

यह हमलोगोंको उपदेश देता है कि यह विश्व क्षणभङ्गुर है, सविकार है । केवल अपना आत्मा ही अविनाशी है । अतः उसकी उपलब्धिके लिए सदा सब कुछ छोड़कर त्यागके मार्गका अवलम्बन करके अपने लिए हितकर भोगका ही उपभोग करो ॥ ३६ ॥

भावोऽप्यथाऽस्य कथनस्य न चैव विद्मो विद्मो वयं तु सुतरां छलिनं ह्यमुं तु ।
ज्ञातारमस्य भुवनस्य च दीप्तबोधं को ज्ञातुमीश उरुगायममुं वरोरु! ॥३७॥

'वरोरु ! इसके इस कथनका अभिप्राय हम नहीं समझते हैं किन्तु इतना अवश्य जानती हैं कि यह छलिया है । यह समस्त लोकोंका ज्ञाता है । इसकी ज्ञान-शक्ति अत्यन्त उद्बुद्ध है । बड़े-बड़े लोग इसके यशका गान करते हैं । भला इसको कौन जान सकता है ? ॥३७॥

एतादृशोऽपि सुखदाऽपि तवैष बालो किं दुष्कृतं व्रजगृहेषु करोत्यभीक्ष्णम्? ।
किं वक्ष्यसीह ललिते! वदकज्जलाभं त्वेनं निजाङ्कमधिरोप्य सुखं हसन्ती ॥३८॥

'ललितरूपवाली रानी यशोदे ! तुम इस काजल जैसे काले बालकको सुखपूर्वक गोदमें बिठाकर हँस रही हो। तुम्हारा यह शिशु ऐसा होनेपर भी बड़ा सुखदायी है। तो भी यह तो बताओ कि यह बार-बार व्रजवासियोंके घरोंमें जा-जाकर अनुचित कार्य क्यों करता है ? तुम्हारे पास इस प्रश्नका क्या उत्तर है ?' ॥ ३८ ॥

संयुक्तरूपत इदं वचनं निगद्य तूष्णीं स्थितासु सकलासु जगाद चैका ।
वद्धाञ्जलिं सभयगद्गदवाचमेवं सम्बोध्य गोकुलजनेश्वरमस्य कृत्यम् ॥३९॥

सामूहिकरूपसे यह बात कहकर जब सारी व्रजगोपियाँ चुप हो गईं, तब एक गोपीने गोकुलेश्वर नन्दरायको सम्बोधित करके हाथ जोड़ इस शिशुके कृत्यका सभय गद्गदवाणीमें इस प्रकार वर्णन आरम्भ किया—॥ ३९ ॥

राजन् ! भवान् विजयतां तदिमौ विशुद्धौ ब्रह्मेश्वराविव शिशू जयतां सदेत्थम् ।
किन्त्वत्र कृष्णशिशुना कृतमैश्वरं तत्सत्कर्म सज्जनसभास्ववधार्यताञ्च ॥४०॥

'राजन् ! आपकी जय हो तथा आपके इन दोनों विशुद्ध ब्रह्म और ईश्वरके समान बालकोंकी भी सदा इसी प्रकार जय होती रहे। किन्तु आपके इस श्याम-शिशुने यहाँ जो ईश्वरोचित सत्कर्म किया है, उसे सज्जनोंकी उस सभामें सुनाती हूँ। ध्यान देकर सुनिए ॥ ४० ॥

आसं व्रजेश्वर ! गताऽद्य सरिज्जलेषु स्नातुं तथा किमपि कर्म शुभञ्च कर्तुम् ।
सम्पाद्य कृत्यमहमीश ! ततो निवृत्ताऽद्राक्षं पुरः स्थितममुं वनमार्ग एकम् ॥४१॥

'व्रजेश्वरी ! मैं आज यमुनाजी के जलमें नहाने और कुछ शुभ-कर्म करनेके लिए गई थी। वहाँ सम्पूर्ण कृत्य सम्पन्न करके जब मैं वहाँसे लौटी हूँ कि यह वनके मार्गमें अकेला ही मेरे सामने खड़ा है' ॥ ४१ ॥

भ्रान्तं मनो मम समीक्ष्य तदैव चैनं कस्मादिहाऽऽगत उपेन्द्रसमोऽर्भकोऽयम् ।
किं वा चिकीर्षति गताः क्व च ते सखाय एकाकिनं कथमिहाऽद्य वने त्यजेयम् ॥४२॥

'उस समय इसे देखकर मेरा मन भ्रान्त हो उठा। मैंने सोचा—यह भगवान् विष्णुके समान पराक्रमी बालक यहाँ कहाँसे आ गया ? क्या करना चाहता है और इसके वे सखा कहाँ चले गये। आज मैं इसे इस वनमें अकेला ही कैसे छोड़ दूँ ?' ॥ ४२ ॥

मन्मानसे मतिरियं समभूत्ततस्तु गत्वा समीपमहमस्य करे गृहीत्वा ।
प्रेम्णाऽभ्यधां कुत इहाऽसि मुकुन्द ! सर्वं सत्यं वदेत्यमुमहो ! हृदये निधाय ॥४३॥

'मेरे मनमें जब ऐसा विचार उत्पन्न हुआ, तब मैं उसके पास गई और इसका हाथ पकड़कर इसे हृदयसे लगाकर प्रेमपूर्वक बोली'—'मुकुन्द ! तुम यहाँ कहाँसे आ गए ?। सब-कुछ सच-सच बता दो' ॥ ४३ ॥

वक्ति स्म सोऽथ करुणं स्रवदश्रुधारो मातर्भयानकवनेऽहमिहाऽऽस्मि चैकः ।
आनीय कीर्तिसुतया स्वसखीभिरेवं त्यक्तोऽस्मि मां नय गृहं छलिनी भृशं सा ॥४४॥

'तब यह नेत्रोंसे आंसूकी धारा बहाता हुआ करुणाजनक स्वरमें कहने लगा—'मइया ! इस भयानक वनमें मैं अकेला ही हूँ। मुझे सखियों सहित कीर्ति-कन्या राधा यहाँ लाकर छोड़ गई है। वह बड़ी छलिनी है। तुम मुझे मेरे घर पहुँचा दो ॥ ४४ ॥

लोकं मुहुर्मुहुरियं विविधैः स्वकृत्यैरित्थं विवर्तयति तामपि पश्य मातः ! ।
युक्त्याऽनयाऽहमपि चाऽत्र विवर्तयामि हास्या यया भवति साऽद्य सुधीसभासु ॥४५॥

'माँ ! देखो, यह राधा इस प्रकार विविध उपायोंद्वारा बार-बार लोगोंको ठगती रहती है। मैं भी उसे इस युक्तिसे पराजित करूँगा कि जिससे वह आज सुधी-समाजमें उपहासका पात्र बनेगी' ॥ ४५ ॥

इत्युक्तवन्तमथ तं हृदये समुह्य संमील्य नेत्रयुगलं गृहमागताऽहम् ।
पश्यामि तावदमुमेव गृहान्तरे मे दध्यादिचौर्यनिरतं सखिभिः समं स्वैः ॥४६॥

'इसके ऐसा कहनेपर मैंने इसे हृदयमें रख लिया—छातीसे लगा लिया और दोनों आँख बन्द करके घर लौटी आनेके बाद क्या देखती हूँ कि यही मेरे ही घरके भीतर अपने सखाओंके साथ दही आदिकी चोरीमें संलग्न है ॥ ४६ ॥

साश्चर्यमात्महृदयस्थितमेनमित्थं कुर्वन्तमत्र च निरीक्ष्य भृशं विमुह्य ।
पश्यामि यावदहमात्महृदं ततोऽत्र नासीदयं करयुगं मम रिक्तमासीत् ॥४७॥

'जिसे मैंने अपने हृदयसे लगा रखा था और हाथोंसे पकड़ रखा था, उसे ऐसा करते देख मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। मैं भारी मोहमें पड़ गई और जब अपने हृदयकी ओर देखती हूँ तो वहाँ यह नहीं रहा तथा मेरे दोनों हाथ भी खाली ही थे ॥ ४७ ॥

तन्मूर्छिताऽपतमहं ह्यवनीतले द्राङ् नाऽज्ञासिषं किमपि गोकुलराज ! पश्चात् ।
संज्ञां समाप्य निमिषात् स्वहृदि स्थितं तं ह्यद्राक्षमीश ! पुनरेव मुखं मृजन्तम् ॥४८॥

'गोकुलराज ! इससे मैं तत्काल मूर्छित होकर धरती पर गिर पड़ी और पीछे क्या हुआ, कुछ भी नहीं जान सकी। निमेषमात्रमें जब होश हुआ तो फिर देखती हूँ कि वह मेरे हृदयसे ही लगा हुआ है। और पुनः मेरा मुँह पोंछ रहा है ॥ ४८ ॥

संस्मृत्य पूर्वचरितं हृदयस्थितं तं भूयोऽपि बाहुयुगलेन निगृह्य गाढम् ।
सेर्ष्याऽभ्यधामहमपि त्वमसत्यवादिन् ! मायाव्यतुल्यशिशुरूपधरोऽसि यक्षः ॥४९॥

'फिर इसके पूर्वचरित्रका स्मरण करके हृदयसे लगे हुए उस बालकको मैंने पुनः दोनों हाथोंद्वारा उसको जोरसे जकड़ लिया और ईर्ष्यापूर्वक कहा—अरे ओ मिथ्यावादिन्! तू मायावी है और अनुपम शिशुका रूप धारण करनेवाला कोई यक्ष है ॥ ४९ ॥

यक्षोऽस्म्यसौ न रुचिरे! स्मृतिविभ्रमस्ते भूतानि यं तु परिपीडयितुं न शेकुः ।
तद्विद्धि मां स्ववशगं व्रजराजपुत्रं बालोऽस्मि योऽस्मि हतरूपगुणोऽस्मि सोऽहम् ॥५०॥

'[ श्रीकृष्णने उत्तर दिया— ] 'मेरी सुन्दरी मइया! मैं वह यक्ष नहीं हूं जिसे अग्नि आदि पांचों-भूत पीड़ित न कर सके ( यह कथा केनोपनिषदमें आई है। ) तुम्हारी स्मरण-शक्ति भ्रान्त हो गई है। अतः तुम मुझे अपना वशवर्ती व्रजराजका बालक समझो। मैं बालक अवश्य हूं परन्तु प्राकृत-रूप और गुणसे अतीत हूँ। जो हूँ, वही हूँ। ( तुम दूसरा कुछ मुझे न समझो। )' ॥ ५० ॥

जल्पन्तमित्थमसमं मधुरैर्वचोभिर्मां मोहयन्तमनिशं व्रजराज! तत्र ।
स्मृत्वा तदस्य बहुबारकृतं कुकृत्यं रुष्टाऽवदं तदनु साऽहमिमं समीक्ष्य ॥५१॥

'व्रजराज! इसप्रकार मधुर वचनों द्वारा असङ्गत बात कहकर जब यह मुझे मोहित करने लगा, तब इसके द्वारा अनेक बार किये गए कुकृत्योंका स्मरण करके मुझे रोष आ गया और मैं इसकी ओर देखकर इसप्रकार बोली—॥५१॥

त्वां कज्जलाभ! कलुषीकृतलोकचित्तं संपश्य राजसभमद्य नयामि तावत् ।
उद्घाटयामि तव चौर्यमिदं सभायां हास्यो भविष्यसि भविष्यति च त्वमेव ॥५२॥

'ओ काजल जैसे काले-कलूटे कन्हैया! तूने लोगोंके चित्तको अपनी ओरसे कलुषित कर लिया है। देख, अब मैं पहले तुझे राजसभामें ले चलती हूं। वहां भरी सभामें तेरी यह चोरी खोलकर बताऊँगीं। फिर भविष्यमें तूँ ही सबकी हँसीका पात्र बनेगा' ॥ ५२ ॥

मा मां नयस्व सुखदे! कथयन्तमेनं प्रच्छाद्य वस्त्रयुगलेन हठात् समुह्य ।
आनीतमत्र सुधियोऽपि विलोकयन्तु सोयं विराजत इहाऽपि परन्तु हन्त! ॥५३॥

'तब यह बोला—'मेरी सुखदायिनी मां! मुझे वहां मत ले चलो'। इसके ऐसा कहनेपर भी मैंने इसे दो वस्त्रोंसे ढँककर हठात् गोदमें यहाँ उठा लाई हूँ। आप सब सुधीजन इसे अपनी आंखों देख लें। परन्तु आश्चर्य है कि वही यह बालक यहां भी पहलेसे मौजूद है' ॥ ५३ ॥

इत्थं प्रजल्प्य विविधं हृदयानुकूलं ध्येयं तमीश्वरमसौ प्रतिगृह्य दोर्भ्याम् ।
निष्कास्य वस्त्रत इह स्वगुरुस्वरूपं संदर्शयन्त्यहह! भीतियुता रराज ॥५४॥

इसप्रकार अपनी हार्दिक भावनाके अनुसार तरह-तरहकी बातें कहकर उन ध्यान योग्य ईश्वरको दोनों हाथोसे पकड़कर वहां वस्त्रसे बाहर निकाला। परन्तु वह उसका गुरु

( अपनी बुद्धिके अनुसार जैसा जो समझे ) निकला। अहा हा! अपने गुरुके रूपको दिखाती हुई वह भयभीत हो अद्भुत शोभा पाने लगी ॥ ५४ ॥

**आश्चर्यमुच्चतरमेवमभूत्तदानीं पश्यत्सु तेषु सकलेषु सुविस्मितेषु ।**
**बद्धोऽर्भकः समभवत् स्वगुरुर्ह्यमुष्या दृष्टः सभासु सकलैरनया तु सैषः ॥५५॥**

उस समय वहाँ विस्मित होकर देखते हुए सब लोगोंको बड़ा भारी आश्चर्य हुआ। सभामें उसके द्वारा बँधा हुआ वह बालक अन्य सबको उसका गुरु ही दीखा, किन्तु उसे तो वह नन्दशिशु ही दिखाई पड़ा ॥ ५५ ॥

**कोलाहलः समुदभूत् परिहासजन्यो दृष्ट्वाऽस्य तद्गुरुममुं स्थविरं सभासु ।**
**आर्ये ! त्वया कृतमिदं किमहो ! गुरुस्ते ह्यानीत इत्थमिह चाभ्यवदंश्च सभ्याः ॥५६॥**

फिर तो उस सभामें उसके बूढ़े गुरुको देखकर सबलोग उसकी हँसी उड़ाने लगे। उस परिहासके कारण वहाँ महान् कोलाहल मच गया। सभी सभासद् कहने लगे—'आर्ये! तुमने यह क्या किया ? अहो ! इस प्रकार तुम अपने गुरुको ही यहाँ उठा ले आयी' ॥ ५६ ॥

**दृष्ट्वा स्वकृत्यपरिहासमिमं त्वसह्यं श्रुत्वा सदस्यवच ईदृशमार्तिकारि ।**
**साऽतप्यत स्वहृदि कृष्णशिशुं पुरस्थं संदृश्य तत्र विचरन्तमथाऽभ्यधाच्च ॥५७॥**

अपने कार्यका यह परिहास देख तथा सदस्योंका ऐसा क्लेशदायक वचन सुनकर उसको अपने हृदयमें बड़ा संताप हुआ। वह वहाँ अपने सामने विचरते हुए उस कृष्ण-शिशुकी ओर देखकर इस प्रकार बोली—॥ ५७ ॥

**दुश्चेष्ट ! धूर्त ! बहुमाय ! सदाग्रह ! त्वां जानाम्यहं छलिनमस्म्यबलाऽहमत्र ।**
**तस्माद्रुणद्ध्मि हृदि याहि बहिर्यदि त्वं सामर्थ्यवानसि विभो ! सबलाऽस्मि तत्र ॥५८॥**

'दुश्चेष्ट ! धूर्त ! बहुत-सी माया फैलानेवाले ! हठीले ! मैं जानती हूँ, तू बड़ा छलिया है। किन्तु क्या करूँ ? मैं अबला हूँ। तुझे बलसे जीत नहीं सकती। अतः अपने हृदयके भीतर तुझे रोके लेती हूँ। यदि तुझमें सामर्थ्य है तो बाहर निकल जा ! विभो ! इस क्रियामें मैं सबला हूँ' ॥ ५८ ॥

**उक्त्वा तमित्थमभयं स्मृततत्स्वरूपा सा साधुगोपगृहिणी स्वहितं वितर्क्य ।**
**बद्धाञ्जलिं स्वगुरुरूपधरं ततोऽमुं नत्वाऽभवत्सुचिरमस्य कृपासु मग्ना ॥५९॥**

उस निर्डर बालकसे ऐसा कहकर उसके स्वरूपका स्मरण करके उस साध्वी गोपाङ्गनाने अपने हितका विचार किया और अपने गुरुका रूप धारण करनेवाले उस बालकको हाथ जोड़कर मस्तक झुकाया। फिर चिरकालतक उसकी कृपामें डूबी रही ॥५९॥

५१

सभ्यान् समीक्ष्य तत आसु जगाद चैका स्थित्याऽनया प्रकुपिता व्रजराजमेवम् ।
राजन् ! मयाऽपि शिशुरेष पिधाय वस्त्रैरानीत आत्ययिककर्म गृहे विकुर्वन् ॥६०॥

तदनन्तर उन व्रजाङ्गनाओंमें-से एक इस परिस्थितिसे कुपित होकर सभ्योंकी ओर देखकर व्रजराजसे इस प्रकार बोली—'राजन् ! मेरे घरमें हानिकारक कर्म करते समय मैं भी इस शिशुको वस्त्रोंसे ढँककर ले आई हूँ' ६० ॥

ग्रन्थिं विमुच्य शणपोटलिकां गृहीत्वा सम्यङ् निरीक्ष्य शिशुमेनमिह स्थितं च ।
तिष्ठेति सेर्ष्यमभिधाय तमीश्वरं सा निष्कास्य दर्शितवती स्वसुतस्वरूपम् ॥६१॥

परन्तु गाँठ खोलकर सनकी पोटली ले उसमें रखे हुए इस शिशुकी ओर अच्छी तरह देखकर उसने ईर्ष्यापूर्वक कहा—'अरे ! खड़ा रह ।' ऐसा कहकर इस ईश्वर-रूप बालकको निकालकर जब दिखाया तो यह उसका अपना ही बेटा निकला ॥ ६१ ॥

दृष्ट्वैव तं परिचितं प्रतिवेशिबालं सभ्या इमां जहसुरुच्चधियोऽपि हन्त ! ।
उत्थाय गोकुलजनेश्वरपुत्र एष गत्वा स्वमित्रममुमाशु तदाऽऽलिलिङ्ग ॥६२॥

हा हन्त ! उस अपने पड़ोसी एवं परिचित बालकको देखते ही उच्च विचारवाले सदस्य भी इस गोपीकी हँसी उड़ाने लगे । फिर इस गोकुलराजके पुत्र कृष्णने भी उठकर अपने मित्र-स्वरूप उस बालकको हृदयसे लगा लिया ॥ ६२ ॥

दृष्ट्वा स्थितिं तदनु गोकुलरत्नभूताः प्रौढाः स्त्रियः प्रकुपिताश्चकिता भृशं याः ।
ऊचुस्तमित्थमसमं प्रतिगृह्य बाहौ त्वं शम्बरोऽसि बहुमाय उपायविच्च ॥६३॥

यह स्थिति देखकर गोकुलकी रत्नभूता प्रौढ़ा स्त्रियाँ अत्यन्त कुपित एवं भारी आश्चर्यसे चकित हो उठीं । वे इस अनुपम बालककी बाँह पकड़कर इस प्रकार बोलीं—'अरे ! तू बहुत-सी माया प्रकट करनेवाला शम्बर है । तरह-तरहके उपाय जानता है' ॥६३॥

सभ्या ! वदन्त्यहह ! मां व्रजमातरोऽपि मायाविनं ह्यनपराधिनमप्यभीक्ष्णम् ।
नाऽहं स राक्षस उपायशतेष्वभिज्ञा मायाविनी महितकीर्तिसुताऽस्ति साऽत्र ॥६४॥

कृष्ण बोले—'सभासदों ! कितने खेदकी बात है कि ये व्रज-माताएँ भी बिना किसी अपराधके ही मुझे बार-बार मायावी कहती हैं । किन्तु मैं वह मायावी राक्षस शम्बर नहीं हूँ । मायाविनी तो यहाँ पूजनीया कीर्तिजीकी कन्या ही है' ॥ ६४ ॥

एवं निगद्य धृतयौगिकशक्तिरेष आसां प्रभावमवगम्य कयाचिदत्र ।
आनीतमात्मगृहवस्तुविदूषकं स्वं संमन्त्र्य तत्र च विवर्तयति स्म भूयः ॥६५॥

ऐसा कहकर इन गोपाङ्गनाओंके प्रभावको जानकर इस बालकने यौगिक-शक्ति धारण कर ली । किसी गोपीके द्वारा लाये गये स्वगृह-वस्तु-विदूषक अपने स्वरूपको ही अभिमन्त्रित करके उसकी पोटलीमें ही रूपान्तरित कर दिया ॥ ६५ ॥

क्षिप्त्वाऽथ तत्करयुगस्थितमात्मरूपं रूपान्तरे परिणमय्य सुखं तदस्याः ।
ग्रन्थिं विमुच्य शणपोटलिकास्थितां तां तान् दर्शयन् स विरराज महासभासु ॥६६॥

फिर उसके दोनों हाथोंके बीच स्थित हुए अपने रूपको हटाकर उसे अनायास ही रूपान्तरमें परिणत कर दिया। तदनन्तर बोरेकी गांठ खोलकर उसमें बैठी हुई कीर्ति-कन्याको उस महासभामें दिखाता हुआ वह अपूर्व शोभा पाने लगा ॥ ६६ ॥

देवो जगाद पुनरेवमहो ! महान्तः पूज्याः प्रपश्यत समेऽपि इहाऽस्ति सैषा ।
व्यामोहयत्यखिलविश्वमनादिरेषा मायाविनी जयति हन्त ! विनोदिनीयम् ॥६७॥

तत्पश्चात् उस देवस्वरूप बालकने इस प्रकार कहा—'अहो ! पूजनीय महापुरुषो ! आप सब लोग देखें। यह कीर्ति-कन्या राधा इसीमें बैठी है। यह अनादि मायाविनी है और अखिल विश्वको मोहमें डालती रहती है। आश्चर्य है, इस विनोदिनीकी सदा ही जीत होती है' ॥ ६७ ॥

इत्थं प्रभाष्य वृषभानुसुतां प्रदर्श्य तां तत्र बाहुयुगलेन विगृह्य बाढम् ।
सोऽयं जगद्धर उपेन्द्रशिशुः सभायां प्रेम्णा ननर्त सुजनैरभिवीक्षमाणः ॥६८॥

ऐसा कहकर और वृषभानु-नन्दिनी श्रीराधाको वहां दिखाकर वह जगदाधार उपेन्द्र-रूपी शिशु भरी सभामें उस कीर्ति-किशोरीको दोनों हाथोंसे पकड़कर प्रेमपूर्वक नृत्य करने लगा। सन्त-जन उसकी इस लीलाको देख रहे थे ॥ ६८ ॥

दृष्ट्वैव तद्युगलमात्मसुखस्वरूपं सच्चिन्मयं प्रकृतिपूरुषयोर्निदानम् ।
आनन्दहेतुमपरं परतत्त्वसंज्ञं सभ्या अपीह ननृतुश्च मुदाऽऽत्मपातम् ॥६९॥

आत्मसुखस्वरूप, सच्चिदानन्दमय आनन्द-हेतु, अपर, परमतत्त्व तथा प्रकृति और पुरुषके आदि कारण उस युगल जोड़ीको देखते ही समस्त सभासद् भी हर्षके मारे नाचने लगे। नाचते-नाचते वे गिर-गिर पड़ते थे ॥ ६९ ॥

एतां स्थितिं समवलोक्य गृहीतकृष्णा अन्याः स्त्रियः स्वभुजपोटलिकां विसृज्य ।
विद्धा हरिण्य इव हिंस्रजनेन शश्वद् ह्रीणाः स्वकृत्यनिवहेष्वथ दुद्रुवुर्हा ! ॥७०॥

इस स्थितिको देखकर श्रीकृष्णको पकड़कर लानेवाली अन्य गोपाङ्गनाओंने अपने हाथकी बोरीको वहीं छोड़ दिया और वधिकके बाणसे बींधी हुई हरिणियोंकी भांति वहांसे भाग चलीं। हाय ! उन्हें अपनी करतूतोंपर बड़ी लज्जा आ रही थी ॥ ७० ॥

इत्थं ह्युपालब्धुममुं जगत्पतिं समागतास्ता व्रजवासिनां स्त्रियः ।
शान्त्याऽमुनैवाऽत्र तिरस्कृताः सुखं ह्यानन्दमग्नाश्चकिता गृहान् ययुः ॥७१॥

इस प्रकार उन जगदीश्वर श्रीकृष्णके विषयमें उलाहना देनेके लिए आई हुई वे व्रजवासियोंकी स्त्रियाँ यहाँ शान्तिपूर्वक उन्हींके द्वारा तिरस्कृत हो आनन्दमग्न एवं चकित होकर सुखसे अपने-अपने घरोंको लौट गई ॥ ७१ ॥

पश्चिमाशां गते सूर्ये चन्द्रे पूर्वां श्रिते ततः ।
सभ्यान् संमोह्य सर्वांस्तान् विवेशाऽऽत्मगृहं हरिः ॥७२॥

जब सूर्य पश्चिम-दिशामें अस्ताचलको चले गए और पूर्वदिशामें चन्द्रमाका उदय हुआ तब उन समस्त सभासदोंको सम्मोहित करके श्रीहरि अपने घरमें गए ॥ ७२ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
चतुस्त्रिंशोऽप्यगात्सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥७३॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक सुधीप्रिय महाकाव्यमें यह चौतीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ७३ ॥

# पञ्चत्रिंशः सर्गः

[ भगवता मृद्भक्षणम् । मात्रे विश्वरूपनिदर्शनञ्च । ]

( प्रहर्षिणीवृत्तम् )

स्वैर्मित्रैर्व्रजमणिभिः समं बलेन संक्रीडन् क्षितिपतिपुत्र एष तत्र ।
अन्यस्मिन्नहनि धरां स्वमातरं च संपश्यन् दयितुमना मृदं ह्यखादत् ॥१॥

दूसरे दिनकी बात है—अपने साथी व्रजरत्न बालकों तथा बलरामजीके साथ खेलते हुए इस व्रजराज कुमारने भू-देवी तथा माता यशोदापर कृपा करनेके लिए देखते-देखते मिट्टी खा ली ॥ १ ॥

दृष्ट्वैव प्रियतममित्थमेनमत्र खादन्तं मृदमसमं सदोषबुद्ध्या ।
संभ्रान्ता व्रजशिशवो व्रजेशवेश्म संगम्य द्रुतमवदन्निदं यशोदाम् ॥२॥

अपने प्यारे मित्रको इस प्रकार अनुचित-रूपसे मिट्टी खाते देख उसमें सदोषताकी भावना करके व्रजके बालक घबरा उठे और तुरन्त व्रजराजके भवनमें जाकर यशोदासे इस प्रकार बोले—॥ २ ॥

भो मातर्नवजलदोपमः सखा नः क्रीडित्वा सुचिरममीभिरेव बालैः ।
अस्माकं नयनसमक्षमद्य मृत्स्नामाखादीद्बलसहिता वयं वदामः ॥३॥

'अरी मइया ! हमारे सखा नूतन जलधरके समान श्याम-वर्णवाले तुम्हारे लालाने इन बालकोंके साथ चिरकाल तक क्रीड़ा करके हमलोगोंकी आँखोंके सामने मिट्टी खाई है। यह बात बलरामजीके साथ हम सबलोग कहते हैं' ॥ ३ ॥

किं युक्तं भवति शुभे ! तदत्र कृत्यं ध्यातव्यं क्षुधिततरोऽपि कृष्ण एषः ।
मृत्स्नां किं विजनगतोऽत्ति भक्ष्यमिष्टं नाप्नोति व्रजसुखदे ! निवार्यतां तत् ॥४॥

'शुभे ! व्रजराज-सुखदायिनी मइया ! इस विषयमें क्या करना उचित होगा, यह सोचना चाहिए। अत्यन्त भूखा होनेपर भी यह कन्हैया एकान्तमें जाकर मिट्टी क्यों खाता है ? क्या, इसे अभीष्ट भोजन नहीं मिलता है ? अतः तुम इसे रोको' ॥ ४ ॥

तच्छ्रुत्वा व्रजशिशुभिर्निगद्यमानं सद्वाक्यं भयचकिता व्रजेश्वरी सा ।
दृष्ट्वा तं हिमधवलाङ्गरौहिणेयं प्रेम्णैवाऽवददथ राम ! सत्यमेतत् ? ॥५॥

व्रज-बालकोंके मुखसे कही जानेवाली इस सच्ची बातको सुनकर व्रजेश्वरी यशोदा भयसे चकित हो उठीं। उन्होंने हिमके समान गौर अङ्गवाले रोहिणीनन्दन बलरामकी ओर देखकर प्रेमसे ही पूछा—'राम ! क्या यह सत्य है ?' ॥ ५ ॥

सत्यं भो ! जगदपि योऽत्ति कालतुल्यो मद्भ्राता गुणगरिमाभिराम एषः ।
किं चित्रं स्मर सुखदेऽत्र सद्गुणानां कृत्येऽपि ह्युदरगतं जगच्च येषाम् ॥६॥

[ बलरामने कहा—] 'हां मइया ! सच है । मेरा यह भाई अपने गुणोंकी गरिमासे अत्यन्त अभिराम है । यह काल तुल्य होकर समस्त जगत्को भी अपना ग्रास बना सकता है । सबको सुख देनेवाली माँ ! उत्तम गुणवाले पुरुषोंके ऐसे कार्यमें भी क्या आश्चर्यंकी बात है । याद रखो माँ ! यह सारा जगत् ही ऐसे लोगोंके पेटमें हैं' ॥ ६ ॥

साकूतं वदति बलोऽपि कृष्णमेनं कर्माऽपि प्रविततमस्ति चाऽस्य भूयः ।
आहारा अननुगुणास्तु भक्षितारं बाधन्ते तदुचितमस्य वारणं स्यात् ॥७॥

[ यशोदाने सोचा—] 'बलराम भी इस कृष्णके विषयमें विशेष अभिप्राय भरी बात बोल रहा है तथा इस बालकका कर्म या चरित्र भी वहुत दूरतक फैला हुआ है । प्रतिकूल आहार अवश्य खानेवालेको क्लेश पहुँचाता है । अतः कन्हैयाको इस कार्यंसे रोकना ही उचित होगा' ॥ ७ ॥

ध्यात्वेदं द्रुतमभिगम्य सा वरोरुर्वात्सल्यात् सरभसमग्रहीत् स्वपुत्रम् ।
संभ्रान्तो व्रजमहिषीधृतो भयार्तः कृष्णोऽयं तदनु तया ह्यभाणि चाऽत्र ॥८॥

यह सोचकर सुन्दरी यशोदा तत्काल वात्सल्य-भावसे प्रेरित हो कन्हैयाके पास गई और बड़े वेगसे उन्होंने अपने पुत्रको जा पकड़ा । व्रजरानीके द्वारा इस प्रकार पकड़े जानेपर कन्हैया घबरा गया और भयसे व्याकुल हो उठा । तब यशोदाने उससे वहाँ कहा—॥ ८ ॥

किं वा भो कृतमहहा ! ह्यदान्त ! बाल ! यद्भुक्ता मृदपि तथा त्वमञ्जनाभ ! ।
क्लिश्यामो वयमसमं दिवानिशं हा ! त्वत्कृत्यैरतिमनुजैः परात्मनिष्ठैः ॥९॥

'हाय, हाय, उद्दण्ड बालक ! यह तूने क्या किया ? काजल-से काले-कलूटे ! तूने मिट्टी भी खा ली ! हाय, हमलोग तुम्हारे अलौकिक तथा परमात्मोचित कर्मोंसे दिन-रात अनुपम क्लेश उठाते रहते हैं ॥ ९ ॥

किं सत्यं बलकथनं सखाय एते मृद्भक्षं शृणु निगदन्ति साम्प्रतं त्वाम् ।
एकान्ते त्वमपि मृदं स्वयं किमादः को हेतुर्वद चपलाऽत्र मां तु सत्यम् ॥१०॥

'क्या, बलरामका कथन सत्य है ? सुन ले, ये तेरे सखा भी तुझे इस समय मिट्टी खानेवाला बताते हैं । एकान्तमें स्वयं तूने भी मिट्टी क्यों खाई है ? इसका क्या कारण है ? ओ चंचल ? यहाँ मुझसे सच-सच बता' ॥ १० ॥

पृष्टोऽसौ तदनु तयाऽऽह निर्व्यलीकं ! सत्यं तज्जगदखिलं मृषा मयीति ।
तन्नाऽहं सुमृदमभक्षयं हि मातर्मा सर्वे (ऽ) सममनृतेन दूषयन्ति ॥११॥

माताके इस प्रकार पूछनेपर कन्हैयाने सच्ची बात कही—'माँ ! सत्य तो यह है कि मुझमें सारा जगत् ही मिथ्या है। अतः मैंने मिट्टी नहीं खाई है। ये सारे सखा अनुचित-रूपसे झूठ बोलकर मुझपर कलङ्क लगा रहे हैं॥ ११ ॥

**विश्वासो भवतु दृढो मयीह मातस्तं मेधा द्रढयतु सैव विश्वहन्त्री।**
**प्रज्ञैषा जगदखिलं स्वचित्स्वरूपे सानन्दे परिणमयत्वदो विवर्तम् ॥१२॥**

'माँ ! मुझपर तुम्हारा दृढ़ विश्वास होना चाहिए। मेधा ( धारणा शक्ति ) उस विश्वासको अधिकाधिक सुदृढ़ करे। वह शक्ति ही विश्वका संहार करनेवाली है। यही प्रज्ञा बनकर सम्पूर्ण जगत्को, जो विवर्त या भ्रमरूप है, अपने सच्चिदानन्द-स्वरूपमें परिणतकर देती है' ॥ १२ ॥

**उक्तिर्मे यदि वितथा विभाति चेत्त्वं पश्येदं मम मुखमस्ति यत्समक्षम्।**
**यद्गन्धैस्तदवयवैश्च दन्तलग्नैः संदृष्टैः सदसदिति प्रबुध्यते च ॥१३॥**

'यदि मेरी बात झूठी प्रतीत होती है तो यह मेरा मुंह तुम्हारे सामने है, देख लो। क्योंकि मिट्टीकी गन्धसे तथा दांतमें लगे हुए मृत्तिका-कणोंके दिखाई देनेसे इसकी सत्यता और असत्यताका स्वतः बोध हो जाएगा' ॥ १३ ॥

**इत्युक्ता व्रजमहिषी सुखं सुतेन विभ्रान्ता शिशुसदसि प्रबुध्य पश्चात्।**
**वक्ति स्म स्वसुतमिदं तदस्त्वदान्त ! व्यादेहि स्वमुखमहं स्वयं निरीक्षे ॥१४॥**

अपने पुत्रके सुखपूर्वक ऐसा कहनेपर बालकोंकी उस सभामें व्रजरानीको कुछ भ्रम हो गया। परन्तु पीछे फिर सचेत होकर वे पुत्रसे बोलीं—'उद्दण्ड ! यदि ऐसी बात है तो अपना मुँह खोल ! मैं स्वयं देखती हूँ' ॥ १४ ॥

**ईशोऽसावथ भगवान् स्वयोगशक्त्या ह्यात्मानं परिणतवान् विराट्शरीरे।**
**साऽऽद्राक्षीच्छिशुवदने मृकण्डुपुत्रः प्राङ्मायामिव विततं जगत् स्वदृष्ट्या ॥१५॥**

यह सुनकर षड्विध ऐश्वर्यसे सम्पन्न जगदीश्वर कृष्णने योगशक्तिसे अपने आपको विराट् शरीरमें परिणत कर लिया। यशोदाने शिशुके मुखमें अपनी आँखोंसे देखा—सारा जगत् फैला हुआ है। ठीक उसी तरह जैसे पूर्वकालमें मार्कण्डेयजीने मुकुन्दके मुखमें मायामय-जगत्का दर्शन किया था॥ १५ ॥

**स्वर्भूमी सुखदमिदं जगत्तथाऽत्र तद्धेतू प्रकृतिकृतोऽथरान् गुणांश्च।**
**तन्मात्राण्यपिहितभूतपञ्चकानि वैकारांस्तदुपचिते च नामरूपे ॥१६॥**

यशोदाने देखा—श्रीकृष्णके मुखमें स्वर्गलोक, पृथ्वी, यह सुखद जगत्, इसके हेतुभूत प्रकृति-पुरुष, कार्य, तीनों गुण, तन्मात्रायें पांचो-भूत उनके विकार तथा उनसे बढ़े हुए नाम और रूप सभी कुछ हैं॥ १६ ॥

तद्विद्धानुभयजगद्भवांश्च जीवान् प्रत्येकं ह्यधिगतमर्म कर्म चैषाम् ।
कालञ्चाऽप्रतिहतवीर्यमत्र बीजं संप्रेक्ष्याऽभवदथ सा भृशं विमूढा ॥१७॥

उस नाम-रूपसे युक्त, स्थावर-जङ्गम उभयविध जगत्‌में होनेवाले जीव, इनमेंसे प्रत्येकके मार्मिक कर्म, अप्रतिहत शक्तिशाली काल और बीज ( कारणतत्त्व ), इन सबको देखकर व्रजरानी यशोदा अत्यन्त मोहित हो गईं ॥ १७ ॥

स्वे नेत्रे तदनु विमृज्य चाऽऽप्तसंज्ञा सा भूयः सुचिरममुत्र तत्समीक्ष्य ।
दृष्ट्वाऽन्तर्हितमखिलं व्रजं धवं स्वं साशङ्का विधृतवती परेशमेनम् ॥१८॥

तत्पश्चात् अपनी दोनों आंखे मलकर होश-हवास ठीक करके यशोदाने फिर देरतक उसके मुखमें वह सब कुछ देखा। मुखके ही भीतर सारे व्रजको, अपने पतिको और अपनेको भी देखकर शंकितचित्त हो, उन्होंने निश्चितरूपसे समझ लिया कि यह बालक साक्षात् परमेश्वर है ॥ १८ ॥

चित्तेऽभूदतुलकथा तथास्थितेऽस्याः स्वप्नोऽदर्श्यसमकथो मयाऽत्र किं वा ? ।
किं मायाऽदितिदितिपुत्रयोरियं वा संमोहः किमुत मम स्वबुद्धिजोऽयम् ? ॥१९॥

उस स्थितिमें उनके चित्तके भीतर अद्भुत बातें उठने लगीं। वे सोचने लगीं कि क्या मैंने कोई ऐसा स्वप्न तो नहीं देखा है, जिसकी कथा अनुपम हो। अथवा यह देवताओं और दैत्योंकी माया तो नहीं है ? अथवा क्या यह मेरी बुद्धिमें उत्पन्न हुआ व्यामोह है ? ॥ १९ ॥

यद्वैतत् स्वहितधियोऽर्भकस्य विष्णोरंशस्याऽतुलबलतेजसो महत्त्वम् ।
शक्तिर्वा नहि नहि चैष आत्मयोगः सद्भावोऽखिलभवगो विभाति वाऽस्य ? ॥२०॥

कि वा यह मेरे हितका विचार रखनेवाले अतुल-बल और तेजसे सम्पन्न इस बालककी जो भगवान् विष्णुका अंश है, महत्ता या शक्ति है। नहीं, नहीं, यह आत्मयोग है अथवा इस बालककी अखिललोक-व्यापिनी सत्ता प्रतीत होती है ॥ २० ॥

यद्दृष्टं शिशुवदने मयाऽत्र चैतत्सद्वर्यैरपि मनसाऽप्यतर्क्यमाद्यम् ।
अन्येषामहमहमेव कुर्वतां तु का वार्ता दुरधिगमं हि तत्त्वमैशम् ॥२१॥

मैंने यहां अपने शिशुके मुखमें जो यह सब देखा है, वह आदि ईश्वरीय तत्त्व है। इसे बड़े-बड़े सन्त शिरोमणि भी अपने मनके द्वारा सोच भी नहीं सकते। फिर जो केवल 'मैं मैं' ही करनेवाले हैं, उन इतरलोगोंकी तो बात ही क्या है इस तत्त्वकी प्राप्ति सभीके लिए अत्यन्त दुष्कर है ॥ २१ ॥

ब्रह्मैतच्छरणमिताऽस्मि सा ममाऽहं मन्वानाऽधिगतमदाभिमानमूढा ।
यद्बुध्या प्रकृतिमिमां जहाति जीवो मां सोऽयं विभुरवताच्चिदात्मरूपः ॥२२॥

सदा मैं और मेराकी भावना करनेवाली मैं अपनेको प्राप्त मद और अभिमानसे मूढ़ हो गई हूँ। जिसकी दी हुई बुद्धिसे यह जीव इस प्रकृतिका परित्याग कर देता है, उसी ब्रह्मकी मैं शरणमें जाती हूँ। वही यह सर्वव्यापी सच्चिदानन्द स्वरूप परमात्मा मेरी रक्षा करे ॥ २२ ॥

ध्यात्वेदं व्रजमहिषी सुतं प्रगृह्य विन्यस्य स्वहृदि समुह्य चेश्वरं तम् ।
मग्नाऽभूत्सुचिरममुष्य योगिगम्ये सद्ध्याने निजदहरे गतेन्द्रिया सा ॥२३॥

इस प्रकार सोचकर व्रजरानी यशोदा अपने ईश्वररूप बालकको पकड़कर हृदयसे लगा गोदमें लेकर देरतकके लिए उसके ध्यानमें निमग्न हो गईं। उस समय उनकी सम्पूर्ण इन्द्रियां हृदयाकाशमें स्थित हो गई थीं। वे उस उत्तम-ध्यानमें संलग्न थीं, जो योगीजनोंके लिए ही गम्य है ॥ २३ ॥

तां दृष्ट्वा गुणगणतोऽभिरामरूपां सज्ज्योत्स्नामिव शशिनः श्रिया ज्ज्वलन्तीम् ।
जानन्तीमसमधिया परं पुमांसं भूयोऽयं प्रभुरतनोत् स्वयोगमायाम् ॥२४॥

गुणसमूहसे सुन्दर रूपवाली तथा चन्द्रमाकी चांदनी-सी कान्तिसे प्रकाशमान माता यशोदाको अनुपम बुद्धिके द्वारा अपनेको परम-पुरुषके रूपमें जानती देख इन भगवान्ने पुनः अपनी योगमायाका विस्तार किया ॥ २४ ॥

यद्व्याप्ता व्रजमहिषी पुरेव तत्स्वं जीवत्वं समधिगता दुरापमाप्य ।
संभ्रान्ता पुनरपि तं तथैव मेने स्वं बालं गुणगरिमाभिराममत्र ॥२५॥

उस दुर्लभतत्त्वको पाकर भी वह योग मायासे व्याप्त हो पहलेकी भांति पुनः अपने जीवभावको प्राप्त हो गई। फिर घबड़ाकर उन्होंने उस बालकको वहां गुण-गरिमासे अभिराम अपना पुत्र ही माना ॥ २५ ॥

सा चाऽहं व्रजपतिरेष मे पतिस्ते गोपा मे हितवचनस्थिताश्च गोप्यः ।
सोऽयं मे शिशुरसमं धनं ममैतद्धीत्याद्या मतिगतयोऽभवन् पुनस्तु ॥२६॥

'मैं वहीं व्रजरानी यशोदा हूँ, ये मेरे पति व्रजराज नन्दजी हैं। और वे मेरे हितकर वचनके पालनमें स्थिर रहनेवाले गोप और गोपियां हैं। मेरा यह पुत्र हो मेरे लिए अनुपम धन है' इत्यादि मति और गति उनके भीतर पुनः प्रकट हो गईं ॥ २६ ॥

बाहुभ्यामथ तनयं प्रगृह्य गाढं वात्सन्यामृतसुरसे चिरं वगाह्य ।
स्वं मेने शिवकृपया भवे कृतार्थं साऽऽश्लिष्य प्रचुरगुणं सुतं परेशम् ॥२७॥

तदनन्तर अपने दोनों भुजाओंसे पुत्रको पकड़कर उसे छातीसे चिपकाती हुई वे चिरकालतक वात्सल्यामृत-रसके सिन्धुमें अवगाहन करती रहीं। उस प्रचुर गुणोंसे सम्पन्न

परमेश्वररूप पुत्रको हृदयसे लगाकर यशोदाने शिवकी कृपासे संसारमें अपने-आपको कृतार्थं माना ॥ २७ ॥

धन्यौ हि व्रजहितदम्पती गतार्थौ यावास्तां कृततपसौ स्वपूर्वयोनौ ।
नन्दोऽयं वसुरतुलो धरा यशोदा भूत्वा यौ फलमिदमापतुस्तदीशात् ॥२८॥

व्रजका हित चाहनेवाले वे दोनों दम्पति धन्य और आप्तकाम हो गये थे। उन दोनोंने पूर्वजन्ममें बड़ी तपस्या की थी। उस समय उनके नाम वसु और धरा थे। अनुपम भाग्यशाली वसु, ये नन्द हुए और धरा, यशोदा। उन्होंने भगवान्‌से यह दुर्लभ फल प्राप्त किया था ॥ २८ ॥

विश्वं कर्मप्रधानं हि यत्कुर्वन्त्यबुधा बुधाः ।
चेष्टन्ते सत्सु तज्ज्ञाना विचेष्टन्तेऽत्र दुर्हृदः ॥२९॥

यह जगत् कर्मप्रधान है। उस कर्मको विद्वान् और मूर्ख सभी करते हैं। परन्तु जो ज्ञानी हैं, वे सत्कर्मोंके लिए चेष्टा करते हैं और जो दुष्ट हृदयवाले लोग हैं उनकी चेष्टायें धर्मके विपरीत होती हैं ॥ २९ ॥

अहंममादिभिर्यन्त्रैर्मन्त्रैरिव भुजङ्गमाः ।
बाध्यन्ते कालपाशैस्ते येषामत्र सदा मनः ॥३०॥

जिन लोगोंका मन सदा इस संसारमें अहंता, ममता आदि यन्त्रोंद्वारा, मन्त्रोंसे सर्पोंके समान बँधा हुआ है, वे ही यहाँ कालपाशसे बाधित होते हैं ॥ ३० ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
पञ्चत्रिंशोऽप्यगात्सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥३१॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्ण चरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह पैंतीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ३१ ॥

# षट्त्रिंशः सर्गः

[ यशोदया भगवतश्चरित्रं गायं गायं दधिमन्थनम् । भगवता दधिमन्थनदण्डादीनां विध्वंसनम् ।
यशोदयैतद् दृष्ट्वा तं विगृह्य दाम्ना तदुदरे चोलूखले बन्धनम् । ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

लीलामनुष्यस्य विभोर्जगत्पतेः श्रीकृष्णचन्द्रस्य सुतस्य गोपतेः ।
तृतीयवर्षस्य सुदीपमालिका समागता साऽद्य सुमङ्गलैधिता ॥१॥

लीलाके लिए मनुष्यरूपधारी व्रजराज-कुमार सर्वव्यापी जगदीश्वर श्रीकृष्णचन्द्र जब तृतीय-वर्षकी अवस्थामें पहुँच गये, तब उसके लिए दीपमालिकाका पर्व आया, जो उत्तम मङ्गल-कृत्योंसे समृद्ध था ॥ १ ॥

तस्यां व्रजेशस्य गृहे रमाश्रये ह्यासन् समेता बहवो निमन्त्रिताः ।
नराश्च नार्यश्च कुटुम्बबान्धवा आरात्तथा दूरत आगताः स्थिताः ॥२॥

उस पर्वपर लक्ष्मीके आश्रयभूत व्रजराजके भवनमें बहुत-सी नारियां, नर, कुटुम्बी एवं बन्धु-बान्धव निमन्त्रित होकर आये। उनमेंसे कुछ लोग दूरसे आये थे और कुछ नजदीकसे ॥ २ ॥

उद्दिश्य यस्यां भगवन्तमक्षयं सुरासुरेशं व्रजराज उच्चधीः ।
भक्त्या तमानर्च सुतस्य सर्वथा स्याच्छ्रेय इत्येव विचार्य तन्महे ॥३॥

उच्चविचारवाले व्रजराज-नन्दने दीपमालिका पर अविनाशी सुरासुरेश्वर भगवान् नारायणकी भक्तिभावसे पूजा की। उन्होंने यह सोचकर कि ऐसा करनेसे मेरे पुत्रका सर्वथा कल्याण होगा, उस पर्वपर भगवान्‌की प्रसन्नताके उद्देश्यसे उनकी पूजाका आयोजन किया था ॥ ३ ॥

पितृष्वसा कुन्त्यपि तस्य सद्गतेर्याऽऽसीत्प्रिया सन्नतपाण्डुभूपतेः ।
महोत्सवेऽस्मिन् मिलिता पितुर्गृहादत्राऽऽगता गोपवृषैः सुपूजिता ॥४॥

श्रीकृष्णकी बुआ कुन्ती भी जो, सत्पुरुषोंके प्रति विनम्र रहनेवाले राजा-पाण्डुकी प्रिय पत्नी थीं, उस महोत्सवमें सम्मिलित हुईं। वे अपने पिताके घरसे यहाँ आईं थीं। श्रेष्ठ-गोपगणोंने उनका बड़ा सम्मान किया ॥ ४ ॥

प्रभात एवाऽत्र समुत्सुको महाञ्जनोपमर्दो व्रजराजवेश्मनि ।
विशोभते स्माऽद्य सुखं गता इतो दासाश्च दास्यश्च युताः स्वकर्मणि ॥५॥

प्रातः कालसे ही व्रजराजके भवनमें उत्सुक लोगोंकी बड़ी भारी भीड़ एकत्र हो, शोभा पाती थी। बहुत-सी दासियाँ और दास अपने-अपने कार्यमें सुखपूर्वक संलग्न थे ॥ ५ ॥

स्वभृत्यवर्गेष्वखिलेष्वथोत्सवे व्यग्रेषु कृत्येषु सती व्रजेश्वरी ।
विचिन्तयामास सुसुप्तमर्भकं निरीक्ष्य जागर्तिमियाद् बुभुक्षितः ॥६॥

अपने समस्त सेवकोंके उत्सव-सम्बन्धी कार्योंमें संलग्न हो जानेपर सती-साध्वी व्रजेश्वरी यशोदाने गाढ़ निद्रामें सोये हुए अपने बालकको एकबार देखकर विचार किया कि जब इसे भूख लगेगी, तब यह जाग उठेगा ॥ ६ ॥

किं देयमस्मै यदि याचते स चेद्भक्ष्यं हितं यच्च भवेत्सुतृप्तिकृत् ।
न रोचतेऽस्मै गतयाम उत्तमः कश्चित्पदार्थोऽपि करोम्यहं नु किम् ? ॥७॥

उस समय यदि यह भोजन मांगे तो इसे क्या देना उचित होगा, जो इसके लिए हितकर और परम तृप्तिकारक हो। इसे बहुत पहलेका बना हुआ कोई उत्तम पदार्थ भी अच्छा नहीं लगता है। मैं क्या करूँ ! ॥ ७ ॥

तस्माद्विनिर्मथ्य मया स्वयं दधि स्थाप्यं विनिष्कास्य घृतं सुधोपमम् ।
यतो भवेच्छ्रेय उरुक्रमोऽर्भको भवेच्च तुष्टो नवनीतभक्षणात् ॥८॥

अतः मुझे स्वयं ही दही मथकर उससे अमृतके समान मधुर माखन निकालकर रख देना चाहिये। जिससे बालकका भला हो। मेरा भगवत्स्वरूप पुत्र माखन खानेसे ही सन्तुष्ट होगा' ॥ ८ ॥

विचार्य चेत्थं शयने विसृज्य तं प्राग् दुग्धशालां प्रययौ स्वकोष्ठतः ।
संमार्ज्य पात्राणि ससंभ्रमाऽद्य सा तत्कापिलेयं दधि निर्ममन्थ ह ॥९॥

ऐसा विचारकर उसे शय्यापर ही छोड़ व्रजरानी अपने कमरेसे निकलीं और पहले दुग्धशालामें ही गईं। फिर बड़े वेगसे सब पात्रोंको माँजकर साफ किया और कपिला-गायके दूधसे तैयार दहीको मथने लगीं ॥ ९ ॥

तदैव तस्या मुखगह्वरादिदं विनिःसृतं गीतमधस्तनं हितम् ।
तेनैव पूर्वं व्रजमण्डले कृतैर्लीलात्मकैः सच्चरितैः सुपूरितम् ॥१०॥

उसी समय उनके मुखसे निम्नाङ्कित हितकारी गीत निकला, जो उस बालकके द्वारा ही पहले व्रजमण्डलमें किये गये लीलात्मक सच्चरित्रोंसे परिपूर्ण था ॥ १० ॥

( इतः परं श्लोकपञ्चकं ललितं छन्दः, सुन्दरीति वा )

जयतु कृष्ण ! ते शक्तिरुत्तमा बलमथाऽव्ययं तेज उन्नतम् ।
ददति यत्सदा तुभ्यमाशिषा मुनिगणास्तथा साधवोऽनिशम् ॥११॥

'हे कृष्ण ! तुम्हारी उत्तम शक्ति, अक्षय बल और उन्नत तेजकी जय हो। मुनिगण और साधुजन तुम्हें नित्य-निरन्तर यही शुभाशीर्वाद दिया करते हैं॥ ११ ॥

कृतमिह त्वयाऽमानुषं महत्सुचरितं विनोदोऽपि शान्तिदः ।
जयति योगिनस्तद्विचारकाः सुगुणिनश्च ते येऽत्र मोहिताः ॥१२॥

'तुमने यहाँ महान् एवं उत्तम, अलौकिक लीला-चरित्र किए हैं। शान्तिदायक विनोद भी किया है। उसकी सदा जय हो। उत्तम विचार करनेवाले योगीजन तथा सद्गुणशाली मनुष्य यहाँ तुम्हारी लीलाओंपर मोहित रहते हैं॥ १२ ॥

जयति जन्म ते येन गोकुलं गुणगणैर्धितं हीन्दिराश्रितम् ।
धनजनैर्युतं गोधनैर्हितं मुनिगणैस्तथाऽभ्यागतैर्वृतम् ॥१३॥

'तुम्हारे जन्मकी जय हो, जिससे गोकुल गुण-गणोंसे समृद्ध तथा लक्ष्मीका आश्रय ( लीलानिकेतन ) बन गया है। यह धन-जनसे सम्पन्न गोधनसे हितकारक तथा मुनिगणों एवं अभ्यागतोंसे भरा-पूरा हो गया है॥ १३ ॥

जयति पूतनाकृतनाशकृच्चरितमार्तिहृद् दुष्टनाशभृत् ।
शकटभञ्जनं त्वद्बलं तथा जयति तत्तृणावर्तसूदनम् ॥१४॥

'तुम्हारा चरित्र पूतनाका नाश करनेवाला पीड़ा-निवारक तथा दुष्टोंका संहारक है। उसकी जय हो। तुम्हारा बल शकटभञ्जनकारक और तृणावर्तका विनाशक है। उसकी भी जय हो॥ १४॥

जयतु कृष्ण ! ते वत्समोचनं दधिपयोऽमृतास्वादनं च तत् ।
प्रतिगृहं गतो गोकुले भवान् विजयतेतरां शान्तिदः सताम् ॥१५॥

'हे कृष्ण ! तुम्हारे द्वारा बछड़ोंको खोल दिया जाना तथा दूध-दही और अमृतके समान मधुर माखनका स्वाद लिया जाना विजयी हो। तुम गोकुलके घर-घरमें जाकर विजयी होते और सत्पुरुषोंको शान्ति प्रदान करते हो' ॥ १५ ॥

तदेव रम्यं सुखदं नवं प्रियं प्रगाय गीतं मृदु नन्दगेहिनी ।
बभौ तदा मेखलयाश्रिता कटौ नितम्बिनी क्षौमदुकूलधारिणी ॥१६॥

उस रमणीय, सुखदायक, नूतन, प्रिय एवं कोमल, गीतको गा-गाकर नन्द गेहिनी उस समय बड़ी शोभा पा रही थीं। उनके कटिप्रदेशमें करधनी खन-खना रही थी। नितम्बिनी यशोदा रेशमी साड़ी पहने हुए थीं॥ १६ ॥

स्नेहात्स्वपुत्रस्य कुचात्स्रवत्पयाः किञ्चित्सकम्पा सुदती श्लथत्करा ।
प्रगृह्य रज्जू चलरत्नकुण्डला स्रस्तांशुका तद्दधि निर्ममन्थ सा ॥१७॥

पुत्रके प्रति स्नेहके कारण उनके स्तनसे दूध झर रहा था। उनके हाथ थक जानेके कारण कुछ ढीले पड़ रहे थे। जिससे सुन्दर दाँतोंवाली व्रजरानी कुछ-कुछ कम्पित हो जाती थीं। दोनों हाथोंसे मथानीकी रस्सी पकड़कर वे दही मथ रही थीं। उस समय उनके रत्नमय कुण्डल हिल रहे थे और वस्त्र सिरसे खिसक जाता था॥ १७॥

इतस्तदैवाऽव्यय एष बालको लब्धप्रबोधो नयने मृजन्नुभे।
समाह्वयन्मातरमात्मनः प्रियां तत्राऽऽगतोऽलब्धगती रुदन् भ्रमन् ॥१८॥

इधर वह अविनाशी बालक उसी समय जाग उठा और दोनों आँखे मलता हुआ अपनी प्यारी मांको बुलाने लगा। जब माताका कुछ पता न चला, तब वह रोता-घूमता वहीं आ पहुँचा॥ १८॥

तां तादृशीं तत्र निरीक्ष्य सोऽव्ययो व्यग्रां स्वकृत्येष्वतथोचितां प्रसूम्।
निषेद्धुकामः स्तनपान उत्सुकः समीपमागत्य तदङ्क आवसत् ॥१९॥

वह निर्विकार शिशु अपनी माताको इसप्रकार दही मथनेमें व्यग्र और परिश्रान्त देख, जो इतने परिश्रमके योग्य कदापि नहीं थीं, रोकनेके लिए स्तनपानकी इच्छासे उत्सुक हो, उनके निकट आकर गोदमें बैठ गया॥ १९॥

ततो गृहीत्वैकभुजेन सुन्दरं मन्थानदण्डं च तदन्यबाहुना।
मातुर्विगृह्यैककुचं बुभुक्षितस्तच्चूचुकं स्वाननपङ्कजे न्यधात् ॥२०॥

उसने एक हाथसे मथानीको पकड़ लिया और दूसरे हाथसे माताका एक स्तन पकड़कर भूखा होनेके कारण उसका अग्रभाग अपने मुखारविन्दमें डाल लिया॥ २०॥

सा स्नेहमालोक्य निषेधिताऽमुना तमङ्कमारूढमपाययत्स्तनम्।
हैमप्रियाऽङ्कादिव वारिनिर्झरा या दुग्धधारा विसृज्यन्त्यहो! बभौ ॥२१॥

उसका स्नेह देखकर तथा उसके द्वारा रोकी जानेपर यशोदा उस गोदमें बैठे हुए शिशुको स्तनपान कराने लगीं। अहो! स्तनसे दुग्ध-धारा छोड़ती हुई यशोदा अपने अंकसे जलके निर्झर बहानेवाली गङ्गाके समान सुशोभित होती थीं॥ २१॥

इतस्तदाऽऽसीत्स्वगृहस्थभृत्यकैर्दुग्ध्वा समानीय समाप्तकृत्यकैः।
चुल्ल्यां समारोपितमुत्तमं पयः सोत्सिच्यमानं समवैक्षताऽग्रतः ॥२२॥

इधर उनके घरके सेवकोंने सब काम पूरा करके दुहनेके पश्चात् दूध ले आकर उसे चूल्हे पर चढ़ा दिया था। उस समय व्रजरानीने अपने सामने देखा—वह उत्तम दूध उबाल खा रहा है॥ २२॥

ततस्त्वियं भ्रान्तमतिर्निरीक्ष्य तत् स्वाङ्कस्थितं ब्रह्मसुखप्रदं सुतम् ।
अतृप्तमुत्सृज्य तथैव तत्पय उत्तारणार्थं प्रययौ ससंभ्रमा ॥२३॥

यह देख वे घबरा उठीं और गोदमें बैठकर ब्रह्मानन्द-प्रदान करनेवाले उस पुत्रको अतृप्त ही छोड़कर वे दूध उतारनेके लिए बड़े वेगसे दौड़ी ॥ २३ ॥

तदन्तरा गोपशिशुत्वमाश्रयन्नव्याहतैश्वर्य उपेन्द्र ईश्वरः ।
भृशं चुकोपाऽत्र रुदन्निमां प्रति तथा गतां तां प्रसमीक्ष्य सद्गतिः ॥२४॥

इसी बीचमें गोपशिशुका नाटय करनेवाले अव्याहत-ऐश्वर्यंसे सम्पन्न एवं सत्पुरुषोंके अवलम्ब जगदीश्वर उपेन्द्ररूप श्रीकृष्ण इस तरह चली जानेवाली माताकी ओर देखकर उसके प्रति अत्यन्त कुपित हो उठे और रोने लगे ॥ २४ ॥

मन्थानदण्डं दधिमन्थभाजनान्निष्कास्य विस्फोट्य च तेन भाजनम् ।
मात्रे धरायै वषडित्यजूहवत् पयस्यमेतत्सकलं स रोषितः ॥२५॥

उन्होंने दहीके पात्रसे मथानी निकाल ली और उसीसे उस पात्रको फोड़ दिया । फिर वह सारा गोरस रोषपूर्वक माता धराके लिए होम दिया ॥ २५ ॥

ततस्त्वसौ संस्फुरितारुणाधरं संदश्य दन्तैर्मृदुहीरकोज्ज्वलैः ।
मृषाश्रुभिः कज्जलबिन्दुमिश्रितैर्विभूषयामास मुखं शशिप्रभम् ॥२६॥

तदनन्तर उन्होंने अपने हीरे—जैसे उज्वल दाँतोंसे कोमल एवं फड़कते हुए लाल ओष्ठको दबाकर झूठे बहाए गये कज्जल-बिन्दु-मिश्रित आंसुओं द्वारा चन्द्रमाके समान उज्वल मुखको विभूषित कर लिया ॥ २६ ॥

अथाऽपसव्येन भुजेन लीलया व्युत्क्षिप्य भूमेर्नवनीतपिण्डकम् ।
स्वाहा परब्रह्मण इत्यसौ जपंस्तं क्षिप्तवानात्ममुखे स्वतन्त्रतः ॥२७॥

तत्पश्चात् दाहिने हाथसे लीलापूर्वक भूतल पर गिरे हुए माखनके लोदेको उठाकर 'परब्रह्मणे स्वाहा' इस मन्त्रका जप करते हुए स्वतन्त्रतापूर्वक अपने मुँहमें डाल लिया ॥ २७ ॥

ततस्त्वयं प्राञ्जलिना सुधोपमं हैयङ्गवीनं सकलं कलामयः ।
उत्थाप्य यत्नेन बहिर्ययौ द्रुतं मातुर्भयात् कृत्यविशङ्कितेक्षणः ॥२८॥

फिर वे कलामय भगवान् अपनी अंजलिसे उस सारे अमृतोपम माखनको यत्नपूर्वक उठाकर माताके भयसे तुरन्त बाहर निकल गये । अपने इस कृत्यसे उनकी दृष्टि शंकापूर्ण हो गई थी ॥ २८ ॥

उत्क्षिच्यमानं पय आत्मबाहुना सेतः समुत्तार्य समागता द्रुतम् ।
विस्फोटितान्यत्र विलुण्ठितान्यपि तन्मन्थपात्राणि ददर्श न त्वमुम् ॥२९॥

इधर उबलते हुए दूधको अपने हाथसे उतारकर यशोदा तुरन्त लौट आईं। किन्तु यहां आकर उन्होंने मन्थनपात्रोंको फूटे और धरती पर लुढ़के हुए देखा। और श्रीकृष्ण नहीं दिखाई दिये ॥ २९ ॥

संभ्रान्तचित्ता तत आत्मवत्प्रियं सुतं ह्यपश्यन्त्यसमक्रियाकरम् ।
कोष्ठाद्विनिष्क्रम्य सविस्मया क्षणाद् बभ्राम कोष्ठान्यभितश्चलत्कुचम् ॥३०॥

आत्माके समान प्रिय तथा अनुपम-कर्म करनेवाले उस पुत्रको वहां न देखकर यशोदाके चित्तमें बड़ी घबराहट हुई। वे क्षण-भरमें उस कमरेसे निकलकर आश्चर्य-चकित हो अन्य कमरोंके आस-पास घूमने लगीं। उस समय उनके स्तन हिल रहे थे ॥ ३० ॥

पश्चाद्धसित्वा बहु तस्य कर्मणि ततः समागत्य गृहाङ्गनान्तरम् ।
साऽपश्यदात्मप्रियमात्मजं च तं ह्युलूखलाङ्घ्रेरुपरि व्यवस्थितम् ॥३१॥

फिर वे उसके कर्मपर बहुत हँसकर वहांसे चलती हुई घरके दूसरे आंगनमें आई। वहां उन्होंने अपने प्यारे पुत्रको ओखलीके ऊपर खड़ा देखा ॥ ३१ ॥

हस्तस्थितं तं नवनीतपिण्डकं शाखामृगेभ्यो वितरन्तमत्र च ।
तद्भक्षणायैव कृतत्वरानिमान् निर्दशयन्तं च पुनः शिचिस्थितम् ॥३२॥

वह वहाँ हाथमें लिए हुये माखनके लोंदेंको बन्दरोंमें बांट रहा था। उस माखनको खानेके लिए ही जल्दी मचानेवाले इन बानरोंको वह बार-बार छींकेपर रखा हुआ माखनपात्र दिखा रहा था ॥ ३२ ॥

तद्भाण्डविस्फोटनचौर्यकर्मभिर्विशङ्कमानं भयविह्वलेक्षणम् ।
निरीक्षमाणं सकलासु दिक्षु तं ददर्श दूरान्निभृतं व्रजेश्वरी ॥३३॥

उस भाण्डको फोड़ने और माखनकी चोरी करनेके कर्मसे वह शंकित था। उसके नेत्र भयसे चंचल हो रहे थे। वह चारों दिशाओंकी ओर बार-बार देखता था। इस अवस्थामें उसे व्रजेश्वरीने दूरसे चुपचाप देखा ॥ ३३ ॥

तदैव संजातरुषा धिया त्वमुं गोपेश्वरी ताडयितुं स्खलद्गतिः ।
जग्राह चैकां लघुवंशयष्टिकां ततोऽगमत् सम्मुखमस्य सद्गतेः ॥३४॥

उसी समय गोपेश्वरीके हृदयमें कुछ रोष प्रकट हो गया। वे लड़खड़ाती हुई आगे बढ़ीं और एक छोटी-सी बांसकी छड़ी हाथमें लेकर सत्पुरुषोंके आश्रयभूत उस बालकके सम्मुख गईं ॥ ३४ ॥

प्रपूर्णबोधोऽथ शिशुर्निरीक्ष्य तां करात्तयष्टिं निजकृत्यकोपिताम् ।
उलूखलाङ्घ्रेरवरुह्य सत्वरो भीतो यथाऽधावदहो ! महाप्रभुः ॥३५॥

अहो ! परिपूर्ण-बोधसे सम्पन्न वह महाप्रभु शिशु अपने ही कुकृत्यसे कुपित हुई माताको हाथमें छड़ी लेकर आती देख भयभीत हो, तुरन्त ओखलीसे उतरकर भागे ॥ ३५ ॥

धावन्तमेनं प्रसमीक्ष्य सद्गतिं श्रोणीस्तनाभोगभरालसा सती ।
द्रागन्वधावद् दृढकेशबन्धनच्युतप्रसूनानुगतिर्गलद्गतिः ॥३६॥

सन्तोंके आश्रयभूत इस बालकको भागते देख साध्वी यशोदा तत्काल उसके पीछे दौड़ीं। नितम्ब और स्तनमण्डलके भारसे उनकी गति मन्द थी। वे लड़खड़ाती जाती थीं और उनके सुदृढ़ केशबन्धसे पग-पग पर फूल गिर रहे थे ॥ ३६ ॥

योगैस्तपोभिर्नियमादिभिर्व्रतैरते ध्यानिनो योगिन आप्तुमत्र यम् ।
शेकुर्न हन्तेह तमात्मगोचरं विभुं जिघृक्षन्त्यनुगा परामृशत् ॥३७॥

हन्त ! जिन्हें योग, तप और नियम आदि व्रतोंके द्वारा ध्यानपरायण योगी भी नहीं पा सके, उन्हीं आत्मगोचर भगवान्के पीछे-पीछे उन्हें पकड़नेके लिए जाती हुई यशोदाने आखिर जा पकड़ा ॥ ३७ ॥

ततो गृहीत्वाऽस्य करं सुकोमलं मुखाम्बुजं नेत्रजलैर्मृजन्मलम् ।
समीक्ष्य सान्ध्यप्रभमार्तिमद्भयाद् भ्रान्ता स्वयं सा करयष्टिमत्यजत् ॥३८॥

तदनन्तर उसके अत्यन्त कोमल हाथको पकड़कर मइयाने जब पुत्रके मुखारविन्दपर दृष्टिपात किया तो आँसुओंके जलसे वह अपने मुँहको धो रहा था। उस समय उसके भयसे पीड़ित हुए लाल मुखकी कान्ति सन्ध्याकालकी आभाके समान प्रतीत होती थी। उसे देखकर मइया यशोदाने भ्रान्त होकर अपने हाथकी छड़ी फेंक दी ॥ ३८ ॥

कुन्तीप्रधाना व्रजमातरस्तदा तेऽभ्यागतास्तद्गृहदेहलीं श्रिताः ।
मातुः शिशोश्चाऽप्रतिमं सुदर्शनं प्रधावनं प्रग्रहणं व्यलोकयन् ॥३९॥

व्रज-बालकोंकी मातायें तथा कुन्ती आदि देवियाँ, जो वहाँ आई थीं, उस घरकी द्वार-देहली पर खड़ी हो, माता और बेटेका वह दौड़ना और पकड़ना, जो उनके लिए अनुपम सुन्दर दृश्य था, देखने लगीं ॥ ३९ ॥

तदैव कुन्त्या मुखगह्वरादिदं विनिःसृतं गीतमनर्थनाशनम् ।
❀ जगद्विभो ! भीरपि यद्बिभेत्यहो ! तस्यैव ते भीतिरियं विडम्बना ! ॥४०॥

---

* अत्र श्रीमद्भागवतप्रथमस्कन्धाष्टमाध्यायस्यैकत्रिंशः श्लोको 'गोप्याददे त्वयी' त्यादिकः स्मरणीयो विद्वद्भिः ।

उसी समय कुन्ती देवीके मुखरन्ध्रसे यह अनर्थनाशक गीत निकल पड़ा—'अहो जगदीश्वर! जिससे भय भी भय मानता है, उसी तुझ-परमेश्वरको यह भय होना विडम्बनामात्र है' ॥ ४० ॥

श्रुत्वा तया गीतमिदं वचो हरिर्दृष्ट्वा च तां भक्तिरसाप्लुतां तदा ।
विज्ञाततत्त्वां च विभाव्य मोहिनीं दृशं विकीर्याऽत्र रुरोद सोऽव्ययः ॥४१॥

उनका गाया हुआ यह गीतमय वचन सुनकर श्रीहरिने उस समय भक्तिरसमें डूबी हुई कुन्ती देवीकी ओर देखा और उन्हें तत्त्वज्ञ जानकर उन अविनाशी ब्रह्मने उनपर अपनी मोहिनी दृष्टि फेंकी तथा वे जोर-जोरसे रोने लगे ॥ ४१ ॥

वृद्धेन वात्सल्यरसेन यन्त्रिता गोपालिका सेत इमं स्वबालकम् ।
इयेष दाम्नाऽथ निबद्धुमञ्जसा निर्दर्शयन्ती महतीं विभीषिकाम् ॥४२॥

बढ़े हुए वात्सल्य-रससे नियन्त्रित हुई गोपी यशोदाने बड़ी भारी विभीषिका दिखाते हुए अपने इस बालकको अनायास ही रस्सीसे बांधनेकी इच्छा की ॥ ४२ ॥

हंहो ! जयत्यत्र महाऽज्ञता भृशं यशोदया यत्र कृताऽस्य बन्धने ।
महर्षिदृष्ट्या प्रसमीक्ष्य यां प्रभुः शुकोऽहसद्भागवतस्य भाषणे ॥४३॥

हंहो ! यशोदाने इस बालकको बांधनेके लिए चेष्टा की, यह उसने अपनी बड़ी भारी अज्ञताका परिचय दिया। उसकी वह अज्ञता विजयिनी हुई। प्रभु शुकदेव-मुनिने महर्षि-दृष्टिसे यशोदाको देखकर भागवतका प्रवचन करते समय उसकी हँसी उड़ायी है ॥ ४३ ॥

नाऽदिर्न चान्तर्न बहिश्च विद्यते पूर्वापरं वाऽपि न यस्य कल्प्यते ।
तं सर्वगं बीजमिव स्थितं तरौ को वा निबद्धुं प्रभवेत् क्षिताविति ॥४४॥

जिनका न आदि है न अन्त, न बाहर है, न भीतर अथवा जिसके पूर्वापरकी कल्पना भी नहीं है। वृक्षमें बीजकी भांति स्थित हुए उन सर्वव्यापी प्रभुको इस भूतलपर कौन बांध सकता है ? ॥ ४४ ॥

अव्यक्तमेतत्परमात्मतत्त्वकं व्याप्तं चिदानन्दमयं ह्यमूर्तकम् ।
मूर्तं प्रकल्प्य स्वमथो विनोदिनं बबन्ध दाम्नाऽन्यसुतं यथाऽत्र सा ॥४५॥

जो यह अव्यक्त परमात्म-तत्त्व सर्वत्र व्याप्त है, सच्चिदानन्दमय और अमूर्त है, तथा जो अपनेको मूर्त बनाकर लीला, विनोद कर रहा है, उसीको यशोदाने दूसरे सामान्य बालकोंकी भांति रस्सीसे बांधनेका प्रयत्न किया ॥ ४५ ॥

तद्बध्यमानस्य शिशोः स्वमायया व्रजेश्वरीहस्तगृहीतदाम तत् ।
न्यूनं ह्यभूद्द्व्यङ्गुलमात्रमिष्टकृद् द्रागन्यदादाय ततोऽत्र संदधे ॥४६॥

बांधे जाते हुए उस शिशुकी अपनी ही मायासे व्रजेश्वरीके हाथकी रस्सी दो अंगुल छोटी हो गई। तब उसने अपनी अभीष्ट-कार्यकी सिद्धिके लिए झट दूसरी रस्सी उसमें जोड़ दी ॥ ४६ ॥

न्यूने च तस्मिन्नपि तत्र साऽपरं सन्धाय भूयोऽपि बबन्ध तं सती ।
न्यूनं ह्यभूद्द्व्यङ्गुलमेतदप्यहो ! संभ्रान्तचित्ताऽथ ततोऽन्यदाददे ॥४७॥

किन्तु जब वह भी दो अंगुल छोटी पड़ गई तो साध्वी यशोदाने फिर उसमें दूसरी रस्सी जोड़ी। अहो ! यह भी दो अंगुल छोटी पड़ गई। तब व्रजेश्वरी मन ही मन घबड़ा उठीं। फिर उन्होंने दूसरी रस्सी हाथमें लीं ॥ ४७ ॥

गृहस्थदामान्यथ संदधत्यपि न्यूनानि जातानि यदैव तान्यपि ।
तदैव कोष्ठान्तरिता व्रजस्त्रियः कुन्त्या समं संजहसुः स्मयान्विताः ॥४८॥

उस घरमें जितनी रस्सियाँ थी, वे सब जोड़ दी गईं, फिर भी जब वे छोटी ही पड़ती चली गईं तब उस कमरेके भीतर मुस्कुराती हुई व्रजाङ्गनायें कुन्ती देवीके साथ ठहाका मारकर हँस पड़ीं ॥ ४८ ॥

इतो व्रजेश्याः कबरीधृतस्रजश्च्युतानि माल्यात् कुसुमानि सुन्दरम् ।
स्वेदाम्बुभिः सार्धममुष्य सद्गतेः श्रीविग्रहं सार्द्रमकार्षुरञ्चितम् ॥४९॥

इधर व्रजेश्वरीकी चोटीमें गूँथे हुए पुष्पहारसे झड़े फूल पसीनेकी बूँदोंके साथ उस साधुजनाश्रय बालकके सुन्दर श्रीविग्रहको आर्द्र एवं अलङ्कृत करने लगे ॥ ४९ ॥

उद्विग्न एवं जननीभयाच्चले विमृज्य नेत्रे हरिणा विलोकिता ।
ततोऽभवत्सा सफलाऽत्र तत्क्षणादाप्त्वा दयां तस्य पृथानुरोधिताम् ॥५०॥

माताके भयसे उद्विग्न एवं चञ्चल नेत्रोंको पोंछकर श्रीहरिने उनकी ओर देखा। कुन्तीने भी उनसे कृपा करनेका अनुरोध किया। तब उनकी कृपा पाकर उसी क्षण यशोदा उन्हें बांधनेमें सफल हो गईं ॥ ५० ॥

स्यात् केन लब्धेह कृपेदृशी प्रभोर्या प्राप गोपी मुनिभिः सुयोगिभिः ।
इन्द्रादिदेवैर्विधिभिश्च दुर्जया माया च सैषा ह्यतुलाऽस्यवेधसः ॥५१॥

गोपी यशोदाने भगवान्के जिस कृपाको प्राप्त किया, इस जगत्में किसने प्राप्त की होगी ? भगवान्की यह माया अनुपम है। इसे उत्तम-योगी, मुनि, इन्द्रादि देवता तथा विधाताके लिए भी जीतना कठिन है ॥ ५१ ॥

सलोकपालं विधिशङ्करादिभिर्वृतं जगत्स्थावरजङ्गमात्मकम् ।
वशे स्थितं यस्य विभाति तेजसा तस्याप्यहो ! पश्यत भक्तवश्यताम् ॥५२॥

अहो ! लोकपालों तथा ब्रह्मा और शङ्कर आदिसे युक्त समस्त चराचर जगत् जिनके तेजसे वशीभूत दिखाई देता है, उनकी भी इस भक्त-परवशताको तो देखो ! ॥ ५२ ॥

तद्ब्रह्म सत्यं परमेश्वरं त्वमुं प्राप्तुं ह्युपायः सुगमोऽस्त्ययं हितः ।
यो भक्तिमार्गस्थबुधैर्महात्मभिः प्रयोजितः संकथितश्च गौरवात् ॥५३॥

उन ब्रह्मस्वरूप सत्य परमेश्वरको प्राप्त करनेके लिए सुगम और हितकर उपाय यह है, जिसे भक्ति मार्गपर चलनेवाले ज्ञानी महात्माओंने प्रयोगमें लाया है तथा गौरवपूर्वक कहा है ॥ ५३ ॥

यस्मिन् तदात्मत्वनिवेदनं विभौ विराजतेऽहंममतादिनिर्गतम् ।
अन्येषु नास्त्येव विशोभते च भो सोऽहंममत्वादि कुभावना च सा ॥५४॥

जिस भक्तिमार्गमें परमात्माके प्रति अहंता और ममता आदिसे रहित तादात्म्य-निवेदन शोभा पाता है, अन्य मार्गोंमें आत्म-निवेदन नहीं सुशोभित होता है। क्योंकि वहां अहंता, ममता आदि कुत्सित भावनायें बनी रहती हैं ॥ ५४ ॥

एतत्समीक्ष्यैव च लोकशङ्कर आचार्यपादो भगवांश्च शङ्करः ।
नारायणेति प्रजगौ भवच्छिदं तां षट्पदीं संस्तुतिमस्य चान्तिमे ॥५५॥

ऐसा विचारकर ही लोक कल्याणकारी आचार्यपाद भगवान् शङ्करने अपनी अन्तिम अवस्थामें 'नारायण ! करुणामय !' इत्यादि पद्यों द्वारा भगवान्‌की षट्पदी स्तुति गाई थी, जो भव-बन्धनका उच्छेद करनेवाली है ॥ ५५ ॥

तदस्त्वथाऽसौ भगवान् परेश्वरो मायाशिशुर्मोहमयीं दृशं निजाम् ।
तस्यां विनिक्षिप्य रुदन्निमां तदा प्रसादयामास विमोक्तुमञ्जसा ॥५६॥

अस्तु, मायासे शिशुरूप धारण करनेवाले उन भगवान् परमेश्वरने मातापर अपनी मोहमयी दृष्टि डालकर रोते हुए उस समय उन्हें अपनेको जल्दी खोल देनेके लिए प्रसन्न किया ॥ ५६ ॥

सोपद्रवस्त्वमसि चञ्चल ! नित्यमित्थं धार्ष्ट्यं करोषि सदने सदने समेषाम् ।
तद्भुङ्क्ष्व तस्य फलमित्यभिधाय माता याता विहाय सुतमद्य तथाऽत्र बद्धम् ॥५७॥

'ओ चंचल ! तू बड़ा उपद्रवकारी है। नित्य इसी प्रकार सबके घर-घरमें जाकर ढिठाई किया करता है। उसका फल आज भोग।' ऐसा कहकर माता यशोदा पुत्रको वहीं बँधा छोड़कर चली गई ॥ ५७ ॥

दाम्ना निबद्ध उदरे तदुलूखलस्य कट्यन्तरे च परिबद्धवदन्यभागः ।
सोऽयं शिशुर्व्रजजनैर्निभृतं विदृष्टो दामोदरेति कथितो भवतान्मुदे नः ॥५८॥

रस्सी उस शिशुके उदरमें बँधी थी और उसका दूसरा छोर ओखलीके कटिप्रदेशमें बँधा था। इस प्रकार व्रजजनोंने जब उस शिशुको उदरमें दाम (रस्सी) से भली भाँति बँधा देखा, तब उसका नाम 'दामोदर' रख दिया। वे दामोदर हमलोगोंका आनन्द बढ़ावें ॥५८॥

दामोदरेतिसन्नामप्राप्तनाथ ! कृपामय ! ।
विजयस्व सदैवेत्थं पाहि देवर्षिभिः स्तुतः ॥५९॥

'दामोदर' यह सुन्दर नाम प्राप्त करनेवाले नाथ ! कृपामय ! आप सदा ही इसी प्रकार विजयी हों। देवर्षियों द्वारा अपनी स्तुति सुनकर आप हमारी रक्षा करें ॥ ५९ ॥

आत्मस्तुतिमयं वाक्यं श्रुत्वाऽसौ गुञ्जितं ततः ।
साश्चर्यं कुत आयातमित्यपश्यदितस्ततः ॥६०॥

अपनी स्तुतिसे युक्त इस गूँजते हुए वाक्यको सुनकर श्रीकृष्णने आश्चर्यपूर्वक इधर-उधर देखा और मन ही मन कहा—'अहो ! यह शब्द किस ओरसे आया है ?' ॥ ६० ॥

तदाऽपश्यद्देवः स्वरुचिरगृहात् पश्चिमदिशि
विसंस्थूलावुच्चावमलयमलावर्जुनतरू ।
तयोरन्तर्गर्भे सुविहितनती सिद्धपुरुषौ
महात्मानौ युग्मौ ह्यथ हरिरभूत् संस्मृतकथः ॥६१॥

उसी समय भगवान्‌ने देखा—मेरे सुन्दर घरसे पश्चिम दिशामें दो बड़े ऊँचे और मोटे निर्मल अर्जुन वृक्ष हैं। उनके भीतरी गर्भमें दो सिद्ध-पुरुष महात्मा हैं जो प्रणाम कर रहे हैं। यह देखकर श्रीहरिको उनके पूर्व जन्मकी वार्ताका स्मरण हो आया ॥ ६१ ॥

संप्रगृह्यैकहस्तेन तां रज्जूं स्वोदरस्थिताम् ।
अन्येनोलूखले बद्धामाकर्षन् स स्थितः क्षणम् ॥६२॥

उन्होंने एक हाथसे अपने कमरमें बँधी हुई रस्सी पकड़ कर और दूसरे हाथसे ओखलीमें बँधी हुई रस्सी थामकर वे एक क्षण उसीको खींचते हुए खड़े रहे ॥ ६२ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
षट्त्रिंशोऽयमगात्सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥६३॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह छत्तीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ६३ ॥

# सप्तत्रिंशः सर्गः

[ देवर्षेरनुग्रहात् स्थावरतां गतयोर्नलकूबरमणिग्रीवयोस्तदवस्थादर्शनम् ।
भगवतस्तदुद्धारणार्थं तत्र गमनञ्च । ]

( शिखरिणीवृत्तम् )

महात्मा देवर्षिर्ह्यतुलगुणधाम द्रुतगति-
र्नराणां तन्नारं द्यति जगति यो नारद इति ।
प्रसिद्धो धन्योऽसौ जयति च सदैवेत्थमतुलं
कथाऽखेलत् तस्याऽखिलभवपतेश्चेतसि तदा ॥१॥

देवर्षि महात्मा नारद अनुपम गुणोंके धाम हैं। वे बड़ी तीव्र-गतिसे चलते हैं। नरोंके नार ( पाप ) का दमन करनेसे वे जगत्में 'नारद' नामसे विख्यात हैं। देवर्षि धन्य हैं। उनकी सदा ही इस प्रकार विजय होती है, जिसकी कहीं तुलना नहीं है। उस समय अखिल जगदीश्वर भगवान्के हृदयमें नारदजीकी पुरानी यह कथा खेलने लगी ॥ १ ॥

विविक्तेऽस्मिंस्तिष्ठन्नुदरगतदामा प्रभुरयं
स्मरन् प्रत्नां वार्तां विदितसकलार्थोऽप्यसमदृक् ।
अभूद् ध्याने मग्नो मुकुरविमले तस्य मनसि
तदैवाऽऽविर्भूता सुखदमुनिगाथाऽमृतमयी ॥२॥

उस एकान्त स्थानमें खड़े और उदरमें रस्सीसे बँधे ये प्रभु सर्वज्ञ होनेपर भी असम ( अनुपम ) दृष्टिवाले होकर पुरानी बातका स्मरण करते-करते ध्यानमग्न हो गये। उसी समय उनके दर्पणके समान निर्मल अन्तः करणमें सुखदायी मुनि नारदकी अमृतमयी-गाथा प्रकट हो गई ॥ २ ॥

शिवस्याऽसौ मित्रं धनद इति वित्तो गुणगणै-
रतुल्यो ब्रह्माण्डे प्रथितधनराशिर्बहुयशाः ।
कुबेरो यक्षाणामधिपतिरुमेशे कृतरतिः
पुराऽऽसीत्ता दिव्याः शरद उपयाताः शतमहो ! ॥३॥

हम जिसे धनदके नामसे जानते हैं, वे कुवेर भगवान् शिवके मित्र हैं। गुण-गणोंके द्वारा उनकी कहीं तुलना नहीं है। उनकी धनराशि ब्रह्माण्डमें विख्यात है। वे बहुत यशस्वी, यक्षोंके राजा और उमावल्लभ भगवान् शिवमें अनुरक्त हैं। सैकड़ों दिव्य-वर्ष व्यतीत हो गये, कुवेर पूर्वकालसे ही धनाध्यक्षके पदपर प्रतिष्ठित हैं ॥ ३ ॥

पुरी तस्याऽऽसीत्सा सुकृतिरलका नाम महिता
सखिप्रेम्णा नित्यं ह्यधिवसति यां शम्भुरतुलः ।
विभोः सेवार्थं तेऽसुरसुरवरेण्या गतभया-
स्तदस्याः कैलासोपवनमधितिष्ठन्ति सततम् ॥४॥

सुन्दर निर्माण-कार्यसे सुशोभित उनकी पुरी अलका नामसे प्रसिद्ध है। वह समस्त देवताओं द्वारा सम्मानित है। अपने सखा कुबेरके प्रेमसे विवश हो, अनुपम शक्तिशाली भगवान् शङ्कर उस पुरीमें नित्य निवास करते हैं। वहांके कैलाश-समीपवर्ती उपवनमें भगवान् शिवकी सेवाके लिए असुरों और देवताओंमें वरिष्ठ पुरुष सदा निर्भय होकर रहते हैं ॥ ४ ॥

सुरम्येऽस्मिन् प्रान्ते सुरभितजला कल्मषहरा
च्युता विष्णोः पादादसुरसुरवर्यैश्च महिता ।
गुणाढ्या गङ्गाऽऽसीदतुलजलधिं प्राप्तुमनसा
प्रवृत्ता संरुद्धा परमतुलितैरस्य सुगुणैः ॥५॥

उस सुरम्य प्रान्तमें भगवान् विष्णुके चरणाविन्दसे प्रकट हुई सुरभित जलवाली कल्मषहारिणी, गुणवती गङ्गा प्रवाहित होती हैं, जो असुरों तथा सुरेश्वरों द्वारा भी पूजित हैं। वे अनुपम महासागरमें मिलनेके लिए जाती थीं, परन्तु भगवान् शिवके अनुपम सद्गुणोंने उन्हें वहां मानो रोक लिया ॥ ५ ॥

तदस्यां गङ्गायां धनदतनयौ गर्वितधियौ
मणिग्रीवौ तौ द्वौ शिवपदरतौ पीतमदिरौ ।
कदाचित् ग्रीष्मर्तौ सह युवतिभिश्चेरतुरहो !
मदैः कामैमूढौ विगतवसनौ प्राकृतसमौ ॥६॥

उन्हीं गङ्गाके तटपर कुबेरके दो गर्वीले पुत्र, नलकूबर और मणिग्रीव, जो शिवके चरणोंमें अनुरक्त रहनेवाले थे, किसी दिन ग्रीष्म ऋतुमें मदिरा पान करके मद और कामसे विवेकशून्य हो, निम्नकोटिके पुरुषोंके समान नग्न हो युवतियोंके साथ विचरने लगे। यह कैसे आश्चर्यकी बात है ? ॥ ६ ॥

यदृच्छातो नारायण ! शिव ! विभो ! पाहि कृपणान्
ब्रुवन् गायँल्लीला अखिलभुवनेश्या भवहराः ।
समायातो वीणां श्रुतिसुखरवैः सन्मुखरितां
प्रकुर्वंस्तेनैव प्रमृजितपथा नारदमुनिः ॥७॥

उसी समय उस विशुद्ध-पथसे देवर्षि नारद-मुनि श्रुति-सुखद रवसे अपनी वीणाको निनादित करते हुए आ निकले। वे स्वेच्छासे 'हे नारायण, हे शिव, हे विभो ! दीन-जनोंकी

रक्षा कीजिए।' ऐसा बोलते और अखिल भुवनेश्वरी उमा देवीकी भव-भयहारिणी लीलाओंका गान करते आ रहे थे ॥ ७ ॥

समायान्तं ह्येनं समधिगततत्त्वं मुनिवरं
समीक्ष्य ह्रीणाः सुरयुवतयो नग्नतनवः ।
स्ववासांसि त्रासाल्लघु परिदधुस्ता गतमदा
विवस्त्रौ तौ नैवं स्मरमदवशाच्चक्रतुरहो ! ॥८॥

इन तत्त्वज्ञ मुनि श्रेष्ठको आते देख नग्न शरीरवाली देवाङ्गनाओंने लज्जित हो, भयसे तुरन्त अपने-अपने वस्त्र पहन लिए। उनका नशा उतर गया था। परन्तु आश्चर्यकी बात है कि वे दोनों वस्त्रहीन कुबेर-पुत्र काम और मदके वशीभूत होनेके कारण ऐसा न कर सके ॥ ८ ॥

विलोक्य क्षीबौ तौ धनदतनयौ द्वावित ऋषि-
र्ह्ययोग्यौ मन्वानौ मृडचरणयोः सेवनविधौ ।
कृपां कर्तुं सम्यग् व्यपगतमदौ तौश्च दयितुं
जगावित्थं योगी स्मृतहरिचरित्रोऽसमगिरा ॥९॥

उन दोनों कुबेर पुत्रोंको मद-मत्त देख देवर्षि नारदने उन्हें शिवके चरणोंकी सेवाके लिए अयोग्य माना। तब उनपर उत्तम कृपा करने और उन्हें मदरहित बनानेके लिए भगवच्चरित्रका चिन्तन करनेवाले योगी नारदने अपनी अनुपमवाणी द्वारा इस प्रकार कहा—॥ ९ ॥

शरीरेऽस्मिन् पुंसोऽसुलभविषयानेव जुषतो
ह्यवश्यं सद्बुद्धेर्भवति रजसा भ्रंश इह तु ।
विशेषस्तत्राऽपि प्रचुरमद एवाऽयमतुलः
श्रियां मोहाज्जन्यो नयति यमधो नित्यमहहा ! ॥१०॥

इस शरीरमें रहकर दुलंभ अथवा प्राणपणसे जुटाए गये विषयोंका ही सेवन करने वाले पुरुषकी उत्तम बुद्धिका रजोगुणके प्रभावसे अवश्य ही नाश हो जाता है। उसमें भी विशेष बात यह है कि यह लक्ष्मीका मोह-जन्य प्रचुर मद ही, जिसकी कहीं तुलना नहीं है, पुरुषको सदा अधोगतिको पहुँचा देता है। यह कितने खेदकी बात है ॥ १० ॥

ममाऽहं मन्वानो नर इह विशेषेण बहुधा
मदेनाऽस्या मत्तो भ्रमति जटिले विश्वविवरे ।
भवन्ति स्त्री द्यूतं विषयमदिरा चैवमनिशं
सहैवाऽऽभिर्नाऽसौ पतति च ततो भ्रंशित इह ॥११॥

लक्ष्मीके मदसे मत्त-पुरुष, विशेषतः मनुष्य 'मैं और मेरा' की भावना करता हुआ इस जटिल विश्व-विवरमें बहुधा भ्रमण करता रहता है। उसके पास स्त्री, जुआ, विषय-भोग, मदिरा-पान आदि व्यसन नित्य बने रहते हैं और इन्हींसे मार्ग भ्रष्ट होकर वह मनुष्य नरकमें गिरता है ॥ ११ ॥

त एते संमूढास्तदतुलमदेनैवमभितो
ह्यकार्यं कुर्वन्ति प्रचुरमदया हन्त ! जगति ।
हृषीकैराकृष्टा विषयविषमापीय बहुधा
प्रमत्ता निघ्नन्ति क्षितितलभवाञ्जीवनिवहान् ॥१२॥

वे ही ये सम्पत्तिके अतुलमदसे अत्यन्त मूढ़ हुए लोग संसारमें सबओर निर्दयता पूर्वक प्रचुरमात्रामें न करने योग्य कार्यं करते हैं। इन्द्रियोंसे आकृष्ट हो, विषय-विषका पान करके बहुधा प्रमत्त हो, भूतलके जीवसमूहोंका संहार करते हैं ॥ १२ ॥

कथं कल्याणं स्यात् परतरममीषां हतधियां
विमन्यन्ते देहान् सततममरान् येऽत्र कुधियः ।
धिगेतान् दुर्वृत्तान् भवकुपथगाञ्छुद्धहृदया-
नपीत्थं संक्षुब्धानिव गतभयं कुर्वत इह ॥१३॥

जो कुबुद्धि लोग यहाँ अपने शरीरोंको सदा अमर मानते हैं, इस प्रकार जिनकी बुद्धि मारी गई है, ऐसे लोगोंका परम कल्याण कैसे हो सकता है। संसारमें रहकर कुपथपर चलनेवाले तथा शुद्धहृदय होकर भी क्षुब्धकी भाँति निर्भय हो यहाँ कुकर्म करनेवाले इन दुराचारियोंको धिक्कार है ! ॥ १३ ॥

शरीरं नामैतद्विनशनपरं देवकथितं
भवेत् किं वा नेदं भवति पतितं प्राणरहितम् ।
तदेतस्याऽनित्या भसितकृमिविट्स्वास्थितगति-
र्भवत्येव स्वार्थेऽथ क इह विमुह्येद् बुधजनः ॥१४॥

यह शरीर देवतानामधारी ही क्यों न हो, अन्तमें विनष्ट होनेवाला है। क्या यह प्राणहीन होकर एकदिन गिर नहीं जाता है ? अतः इस पाञ्चभौतिक शरीरकी स्थिति अनित्य है। इसे एक दिन जलकर राख होना है अथवा इसमें कीड़े पड़ जायँगे अथवा यह किसी जन्तुका भोजन बनकर उसके विष्ठाके रूपमें परिणत हो जायगा। ऐसी दशामें कौन विद्वान् पुरुष होगा, जो परमकल्याणमय स्वार्थ-साधनके विषयमें यहाँ प्रमोद करेगा ॥ १४ ॥

मृतस्येमं देहं दहति यदि कश्चित् प्रियजनो
भवत्येवं तूर्णं भसितमवशिष्टः परिणतौ ।
तथा त्यक्ते क्षिप्ते तत इह भवन्त्येव कृमयः
श्वभिर्भुक्ते सोऽयं भवति च पुरीषं स्थितिरियम् ॥१५॥

मृतककी इस देहका यदि कोई प्रिय जन दाह-संस्कार करता है, तो यह परिणाममें तुरन्त भस्ममात्र होकर शेष रह जाता है। यदि इसे त्याग या फेंक दिया जाय तो इसमें कीड़े हो जायेंगे तथा यदि इसे कुत्ते आदि हिंस्र-जीव खा जाँय तो यह उनका विष्ठा बन जायेगा। यही स्थिति है ॥ १५ ॥

पितुः स्यात् किं वाऽयं य इह सुतबीजं प्रवपते
जनन्याः स्यात् किं वा यमिह निजगर्भे प्रदधते।
स्वमातुः पित्रोर्वा भवति किमुताऽन्नादिकरसान्
प्रदायाऽस्मै मिष्टान् कुरुत इह यौ पुष्टमनिशम् ॥१६॥

क्या यह शरीर पिताका है, जो यहाँ पुत्रके बीजका वपन करता है अथवा यह उस माताका है, जो इसे दश मासतक गर्भमें धारण करती है या माताके भी माँ-बापका है अथवा उन दो व्यक्तियोंका है? जो इसे मीठे अन्न रसादि देकर निरन्तर पुष्ट करते हैं ॥ १६ ॥

बलीयान् कोऽपि स्याद् गतबलमहो ! स्वात्मवशगं
करोत्येवं तस्माद्भवति किमुताऽस्यैव य इह।
भवेत् क्रेतुर्वाऽयं दहति दहनो यं परिणतौ
शुनः स्याद् किश्वेमं ससुखमिह यश्चाऽत्ति बहुधा ॥१७॥

अहो? कोई बलिष्ठ-पुरुष निर्बल-मनुष्यको अपने वशमें कर लेता है, इस दृष्टिसे इस देह पर क्या उस बलवान्का ही स्वत्व होता है? अथवा यदि किसीने इसे खरीद लिया तो उस खरीददारका है अथवा अन्तमें इसे आग जला देती है तो इसपर उसीका अधिकार माना जाय? कि वा उसे उस कुत्तेकी सम्पत्ति समझी जाय जो बड़े सुखसे बहुधा अपना आहार बना लेता है ॥ १७ ॥

समुत्पन्नोऽव्यक्तात्प्रकृतगुणलिङ्गोऽस्थिरतरो
विभात्येवं देहः सरस इव साधारण इव।
समाश्रित्येमं को व्यपगतसुखानात्मविमुखान्
मृतप्रायाञ्जीवान् व्यथयति वृथा दुर्जनमृते ॥१८॥

अव्यक्त-तत्त्वसे उत्पन्न हुआ प्राकृतिक गुण-लिङ्गवाला यह शरीर सरस-सा प्रतीत होने पर भी अत्यन्त अस्थिर एवं साधारण है। इस शरीरका आश्रय लेकर दुर्जनके सिवा दूसरा कौन सुखरहित, आत्मविमुख तथा मृतप्राय-जीवोंको व्यर्थ पीड़ा देगा? ॥ १८ ॥

श्रियामत्तान् मूढानसत इह चोद्धर्तुमनिशं
प्रदेयं प्राज्ञेनाऽपरहितकरं ह्यज्ञनमपि।
तदेतद् दारिद्र्यं विलसति शुभं त्यागसहितं
सतां प्रेष्ठं श्रेष्ठं बहुगुणयुतं चाऽऽयतिसुखम् ॥१९॥

जो लक्ष्मीके मदसे मत्त हो, अपना विवेक खो बैठे हैं, उन दुष्टोंका उद्धार करनेके लिए विद्वान् पुरुषको उन्हें सदा परहितकारी अञ्जन-प्रदान करना चाहिये। यह शुभ अञ्जन दरिद्रता ही है, जो त्यागसे पूजित, सत्पुरुषोंको परम प्रिय, श्रेष्ठ, बहुगुण सम्पन्न तथा भविष्यमें सुख देनेवाला है ॥ १९ ॥

दरिद्रः संसारे भवति विमदो विश्वविषयै-
विंहीनः संत्यक्तो विषविषयिभिर्लाञ्छित इह ।
स्मरंस्तेषां कृत्यं तदितरजनान् पश्यति यदा
तदात्मौपम्येन स्वहितमिव कर्तुं च यतते ॥२०॥

दरिद्र-पुरुष इस संसारमें मदरहित, सम्पूर्ण विषयोंसे हीन, विषमय-विषयी पुरुषोंसे परित्यक्त तथा लाञ्छित होता है। धनियोंके बर्तावका स्मरण करके वह उनसे भिन्न लोगोंको अपने ही समान देखता है और अपना ही हित मानकर उनका हित करनेके लिए यत्न करता है ॥ २० ॥

दरिद्रान् संपश्यंस्तदनु दयमानोऽत्र बहुधा
करोत्येवं श्रेयो भवति सफलो यत्र स ततः ।
दृढै रोगैर्विद्धो जन इव परानात्मसदृशां-
स्तथाभूतान् द्रष्टुं कथमपि च नेच्छत्यविकलः ॥२१॥

वह दरिद्रोंको देखकर उनके प्रति बहुधा दया दिखाता है और जहाँ वह सफल होता है, वहाँ उनकी भलाई करता रहता है। जैसे सुदृढ़ रोगोंसे पीड़ित मनुष्य दूसरोंको अपने ही समान देखता है और उनके रोग मिटानेकी इच्छा करता है। परन्तु जो रोगसे व्याकुल नहीं है, वह कदापि किसी तरह भी दूसरोंको अपने समान नहीं देखना चाहता ।२१।

अहङ्कारान्मुक्तो व्यपगतमदो नष्टविषयो
दरिद्रो दिष्ट्यैवं प्रभवति फलं भोक्तुमिह यत् ।
तपस्तस्यैतत् स्यात् क्षुधितमनसश्चान्नमपि तत्
सुदुष्प्राप्यं यस्माद् भवति परहिंसा कथमतः ॥२२॥

दरिद्र-मनुष्य अहंकार शून्य तथा सब प्रकारके मदोंसे मुक्त होता है। उसे भाग्यसे जो कुछ मिल जाता है, उसी फलको भोगनेमें समर्थ होता है। यह उसकी तपस्या है। जिसको भूखे होने पर मुट्ठीभर अन्न भी दुर्लभ रहता है, वह धनियोंकी भाँति दूसरेकी हिंसा कैसे कर सकता है ॥ २२ ॥

दरिद्राः सच्छीलास्तदनु विमदाः शान्तमनसो
विहिंस्रा युज्यन्ते परमगुणिभिः साधुचरणैः ।
दयार्हास्ते येभ्यो हृदयगतवर्षानपि भृशं
प्रपूर्णान् कुर्वन्ति द्रुतमथ विशुष्यन्ति च ततः ॥२३॥

दरिद्र-मानव सुशील, मद-मानसे रहित, शान्तचित्त और हिंसासे दूर रहनेवाले होते हैं। वे परम गुणवान् साधु-चरणोंका सङ्ग करते हैं और दयाके पात्र होते हैं। वे उन साधु पुरुषोंके सङ्गसे अपनी हार्दिक अभिलाषाओंको भी विशेषरूपसे पूर्ण कर लेते हैं और उन इच्छाओंको त्यागकर विशुद्ध हो जाते हैं ॥ २३ ॥

दरिद्रेभ्यस्तेभ्यः परमकृपणेभ्यो गुणधना
महात्मानः सन्ति ह्यतुलसुखदातार इह ये ।
त एव क्षिप्रं तान् भवविषयमुक्तान् स्वकृपया
प्रसङ्गं दत्वेतः परमुपनयन्ति प्रविधिभिः ॥२४॥

उन परम दीन-दरिद्रोंको गुणके धनी महातमा जन इस संसारमें अनुपम सुख देनेवाले होते हैं। वे ही उन्हें शीघ्र ही अपनी कृपासे साधु-सङ्ग देकर सांसारिक विषयोंसे मुक्त करके उत्तम सावनों द्वारा परमात्माको प्राप्ति करा देते हैं ॥ २४ ॥

धनस्तम्भा दुष्टा न ददति गुणिभ्योऽपि वसु यत्
तदेभिर्हन्यन्ते धनदयशसस्ते च समये ।
भवेत् कोऽर्थोऽस्माकं दृढतरमुपेक्ष्यैः कुपुरुषै-
स्तथाप्येतान् हिंस्रानपि दयितुमर्हन्ति सुधियः ॥२५॥

जो धनके अभिमानसे अकड़े हुए रहते हैं और गुणवानोंको भी धन नहीं देते हैं, वे कुबेरका यश लेनेवाले धनीलोग समय आने पर उन गरीबोंके ही हाथसे मारे जाते हैं। ऐसे दुष्ट पुरुष दृढ़ताके साथ उपेक्षा करने योग्य हैं। उनसे हमारा क्या प्रयोजन सिद्ध हो सकता है। तथापि जो शुद्ध बुद्धिवाले सन्त हैं,. वे इन हिंसकोंपर भी दया करते हैं ॥ २५ ॥

वयं संसारेऽस्मिन् हरिचरणसेवामृतरसान्
निपीयैवं मग्नास्तदतुलसुखे चैत्यपुरुषे ।
परं भग्नान् मग्नान् कुविषयविषाब्धौ प्रतिदिनं
त्विमान् दृष्ट्वा हन्त ! व्यथितहृदयाः स्याम सततम् ॥२६॥

हमलोग इस संसारमें भगवच्चरणोंकी सेवाके अमृतमय-रसका पान करके अनुपम सुख-स्वरूप, चैतन्यमय, परम-पुरुषमें मग्न रहते हैं। परन्तु हाय ! कुत्सित विषयरूपी विषके सागरमें डूबे हुये इन हताश जीवोंको प्रतिदिन देखकर हमारा हृदय सदा व्यथित होता रहता है ॥ २६ ॥

तदेतौ संस्कर्तुं दयितुमनयोर्वृद्धमदयो-
र्मदं मोहं हर्तुं परिणतिसुखं कर्तुमसमम् ।
यतेऽहं शान्त्येति व्यवसितमतिः सोऽथ मुनिराड्
विचार्येदं तौ द्वौ तदनुहितमाहेत्थमतुलम् ॥२७॥

इसलिए जिनका मद बढ़ा हुआ है, उन इन कुबेर-पुत्रोंका चित्त शुद्ध करने, इनपर दया दिखाते, इनके मद और मोहको हर लेने तथा अन्ततोगत्वा इनको अनुपम सुख प्रदान करनेके लिए मैं शान्तिपूर्वक प्रयत्न करूँगा। ऐसा निश्चित विचार करके मुनिराज नारदने कुछ सोचकर उन दोनोंके प्रति यह अतुलनीय हितकर बात कही—॥ २७ ॥

मणिग्रीवौ ! स्त्रैणौ ! धनदतनयावत्र शृणुतं
युवां नैव स्यातं युवतिमदिरादौ गतमती ।
भवेतां वां नैव स्मरवशगतौ पीतमदिरौ
विनिर्लज्जावित्थं पुनरिह सतां हेलनकरौ ॥२८॥

‘स्त्रियोंके वशमें रहनेवाले कुबेरपुत्र नलकूबर और मणिग्रीव ! तुम दोनों यहाँ मेरी बात सुनो। तुम्हारी बुद्धि युवती एवं मदिरा आदिमें लगी हुई है। आजसे तुम दोनों कामदेवके वशीभूत हो मदिरा पीकर निर्लज्ज हो, इस प्रकार यहाँ पुनः सत्पुरुषोंकी अवहेलना करनेवाले नहीं हो सकोगे ॥ २८ ॥

युवां योग्यौ तस्माद्भवितुमगतां भ्रंशितमदौ
तथैव स्यातं चाऽवनितलगतावर्जुनतरू ।
दयेयं जानीतं मम हितकरी चाऽऽयतिसुखा
न शापोऽयं तत्राऽपि च भवतु कृष्णस्मृतिरपि ॥२९॥

‘तुम दोनों मद-भ्रष्ट होकर वृक्षयोनिमें जानेके योग्य हो। अतः भूतलपर अर्जुन-वृक्षके रूपमें उत्पन्न होओ। तुम्हें जानना चाहिए कि यह शाप नहीं है, मेरी हितकारिणी दया है, जो भविष्यमें सुख देनेवाली होगी। उस वृक्ष-योनिमें भी तुम्हें श्रीकृष्णकी स्मृति बनी रहेगी ॥ २९ ॥

शते दिव्ये वर्षे व्यपगतवतीत्थं स्थितवतोः
सुतापेनाऽस्मिन् भो ! मृजितमनसोस्तत्र युवयोः ।
विभोः पादस्पर्शं समधिगतयोस्तत्त्वविदुषो-
र्भवेन्मुक्तिस्तस्माद्धरिचरणयोर्भक्तिरपि च ॥३०॥

‘सौ दिव्य-वर्ष बीत जानेतक भी तुम इसी तरह वृक्ष-रूपमें खड़े रहोगे और अत्यन्त अनुतापके कारण वहाँ तुम दोनोंका चित्त शुद्ध हो जावेगा। तदनन्तर भगवान् श्रीकृष्णके चरणोंका स्पर्श पाकर तुम तत्त्वज्ञ हो जाओगे, वृक्ष शरीरसे तुम्हें छुटकारा मिल जायेगा और श्रीहरिके चरणोंमें तुम्हारी भक्ति भी हो जायेगी’ ॥ ३० ॥

तावेवमुक्त्वा मुनिराज उच्चधीर्नारायणस्थानमगात्ततो द्रुतम् ।
विचार्य दामोदर इत्थमत्रतत्स्मरन्नपश्यद्यमलार्जुनावमू ॥३१॥

उन दोनोंसे ऐसा कहकर उच्च विचारवाले मुनिराज नारद वहाँसे तुरन्त ही नारायण स्थान ( बदरिकाश्रम ) को चले गए। इधर ऐसा विचारकर दामोदरने पुरानी बातका स्मरण करते हुए उन यमळार्जुन वृक्षोंको देखा ॥ ३१ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
सर्गोऽगात् सप्तत्रिंशोऽयं महाकाव्ये स्तवात्मके ॥३२॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें सैतींसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ३२ ॥



# अष्टत्रिंशः सर्गः

[ भगवता स्वोदरनिबद्धोलूखलेन तयोरुन्मूलनम् । ताभ्यां कृता तत्स्तुतिः ।
तयोः स्वधामगमनञ्च ]

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

दामोदरस्तदनु तस्य मुनेर्महर्द्धेर्वक्त्रारविन्दगलितं वचनं विमृश्य ।
सत्यं विधातुमिदमस्य कृपालुरेष तत्राऽगमन्मृजितनेत्रजलो विविक्ते ॥१॥

तदनन्तर महान् ऐश्वर्यसे सम्पन्न मुनिवर नारदके मुखारविन्दसे निकले हुए वचनपर विचार करके इसे सत्य करनेके लिए ये कृपालु भगवान् दामोदर एकान्तमें आंसू पोंछते हुए वहाँ गए ॥ १ ॥

आकृष्य रज्जुमथुया स उलूखलञ्च ह्यानाय्य सार्धमसमां तत आत्मलीलाम् ।
पुण्यां प्रदर्श्य शिशुरूपमयीं सुधीषु चोद्धर्तुमर्जुनतरू तरुमूलमागात् ॥२॥

वे रस्सी खींचकर उसके साथ ओखली भी खींच लाये। और जिसकी कहीं तुलना नहीं है, ऐसी अपनी शिशुरूपमयी पवित्र लीलाका सुधी-जनोंमें प्रदर्शन करते हुए दोनों अर्जुन वृक्षोंके उद्धारके हेतु उनके मूलभागमें गए ॥ २ ॥

संप्रेक्ष्य तौ तत उपेन्द्रशिशुः सुखेन मध्येन वृक्षयुगलस्य गतस्तदानीम् ।
स्थौल्येन किन्त्ववहितं तदुलूखलन्तु नान्तर्विवेश किल तिर्यगभूत् क्षणेन ॥३॥

उन वृक्षोंको देखकर वह उपेन्द्र-स्वरूप शिशु उस समय अनायास ही दोनोंके बीचसे निकल गया। परन्तु स्थूल होनेके कारण वहाँ खींचकर लाई हुई ओखली वृक्षोंके बीचमें प्रविष्ट न हो सकी। क्षण भरमें टेढ़ी होकर अटक गई ॥ ३ ॥

दामोदरोऽयमतुलो बलवान् विनोदी चित्ते महद्भिरनुचिन्त्यपदारविन्दः ।
तद्दामभागमवगृह्य करेण किञ्चिदाकृष्टवान् स्वसखिभिः स तदा विदृष्टः ॥४॥

अतुल्य बलवान् और विनोदी दामोदरने, जिसके चरणाविन्दोंका बड़े-बड़े महात्मा अपने चित्तमें निरन्तर चिन्तन करते हैं, ओखलीकी रस्सीके एक छोरको हाथसे पकड़कर कुछ खींचा। उसे ऐसा करते उसीके सखाओंने देखा ॥ ४ ॥

आश्चर्यमत्र सुमहत् समभूत्तदानीं तावर्जुनद्रुमवरौ कृतचण्डशब्दौ ।
आमूलवेपितशिखौ सदलप्रकाण्डौ संपेततुश्च सहसोत्कलिताङ्घ्रिबन्धौ ॥५॥

उस समय वहां बड़े भारी आश्चर्यकी बात यह हुई कि वे दोनों श्रेष्ठ अर्जुन-वृक्ष मूलसे लेकर शिखापर्यन्त हिल गए और पत्तों तथा शाखाओं सहित प्रचण्ड शब्द करके गिर पड़े। उनकी जड़ें सहसा उखड़ गईं ॥ ५ ॥

कान्त्या ततस्तु ककुभः परिदीपयन्तौ सिद्धौ कुबेरतनयौ नलकूबरौ तौ ।
निष्क्रम्य वृक्षयुगलाच्छिरसा प्रणम्य दामोदरं तमिदमूचतुरत्र चेत्थम् ॥६॥

तदनन्तर अपनी कान्तिसे दिशाओंको प्रकाशित करते हुए सिद्ध-स्वरूप दोनों कुबेरपुत्र नलकूबर और मणिग्रीव उन युगल-वृक्षोंसे निकले और भगवान् दामोदरको झुके हुए शिरसे प्रणाम करके उनसे इस प्रकार बोले—॥ ६ ॥

योगेश्वरेश्वर ! विभो ! स भवान् परात्मा ह्यात्मा च सर्वजगतामिह तस्थुषाञ्च ।
यस्मादिदं भवति तिष्ठति नाशमेति स त्वं परः पुरुष ईश ! तथाऽऽद्य एकः ॥७॥

'योगेश्वरेश्वर ! विभो ! आप सम्पूर्ण जङ्गम तथा स्थावर जगत्के आत्मा एवं परमात्मा हैं। हे ईश ! जिससे यह संसार उत्पन्न होता, जिसके आधारपर टिकता और जिसमें लीन हो जाता है, वह एक आदि परम-पुरुष आप ही हैं ॥ ७ ॥

त्वद्रूपमेतदखिलं सदसद्विभाति दृश्यं ह्यदृश्यमपि तन्महतः प्रसूतम् ।
यद् ब्रह्मतत्त्वविद उत्तमपूरुषास्ते जानन्ति नाथ ! बहुधाऽऽप्य परां कृपां ते ॥८॥

'यह सत् असत् जो कुछ प्रतीत होता है, वह सब आपका ही रूप है। महत्तत्त्वसे उत्पन्न दृश्य और अदृश्य जगत् भी आपका ही स्वरूप है। नाथ ! जो ब्रह्मतत्त्वके ज्ञाता श्रेष्ठ-पुरुष हैं, वे बहुधा आपकी कृपा प्राप्तकरके सब कुछ जानते हैं' ॥ ८ ॥

त्वद्वीक्षिता प्रकृतिरेव गुणत्रयेषु संक्षोभमाप्य सृजतीश्वर ! विश्वमेतत् ।
यत्प्रेरकस्त्वमसि काल उपात्तलीलोऽध्यक्षस्तथा प्रकृतिपूरुषयोर्निदानम् ॥६॥

'हे ईश्वर ! आपके द्वारा देखी गई प्रकृति ही तीनों गुणोंमें क्षोभको प्राप्त होकर इस विश्वकी सृष्टि करती है। उसके प्रेरक काल भी आप ही हैं। अनेक प्रकारकी लीलायें करनेवाले आप ही प्रकृति और पुरुषके स्वामी तथा आदि कारण हैं' ॥ ९ ॥

त्वं प्राकृतैर्गुणगणैरिह गृह्यमाणैरर्थैश्च विश्वविकृतैर्विततैः पदार्थैः ।
अग्राह्य एव भगवन्नसि तत्त्वतस्त्वां ज्ञातुं समर्थ उरुगाय ! भवे भवेत् कः ? ॥१०॥

'भगवन् ! आप प्राकृत गुण-समूहोंसे, गृहीत होनेवाले विषयोंसे, समस्त विकारोंसे और विस्तृत पदार्थोंसे भी अग्राह्य ही हैं। प्रभो ! आप उरुगाय हैं—बहुतसे भक्त और ज्ञानी आपके यशका गान किया करते हैं। आपको तत्त्वतः जाननेके लिए कौन समर्थ हो सकता है ?' ॥ १० ॥

धन्यास्त एव भगवन् ! भगवन्तमारात् प्रेम्णा विगृह्य हृदये प्रभवन्ति रोद्धुम् ।
येऽन्येष्वपि स्वहृदि सन्तमनाथनाथं पश्यन्ति चैत्यपुरुषस्य धियाऽऽत्मनैव ॥११॥

'भगवन् ! जो आपको समीपसे प्रेमपूर्वक हृदयमें स्थापित करके वहीं रोक रखनेमें समर्थ होते हैं, वे ही लोग धन्य हैं। वे अपने हृदयमें सदा विद्यमान आप अनाथ-नाथको चैतन्य-पुरुषकी बुद्धिसे स्वयं ही अन्य प्राणियोंके भी भीतर देखते हैं' ॥ ११ ॥

ब्रह्मत्वशक्तिपरिपूर्णगुणा विकारास्त्वां तादृशं अपि पिधाय निजैः स्वभावैः ।
ईदृग्विधं परिनिदर्श्य भवन्महत्त्वं स्वामिन्निमां प्रकटयन्ति दयालुताञ्च ॥१२॥

'स्वामिन् ! संसारके सारे विकार वास्तवमें आपकी ब्रह्मत्व-शक्तिसे परिपूर्ण गुणवाले हैं। तो भी अपने ही सृष्टिकर्ता आपको अपने स्वभावोंसे ढँक कर आपको ऐसे महत्त्वको दिखाकर आपकी दयालुताको ही प्रकट करते हैं' ॥ १२ ॥

नानाशरीरगतरूपमनेकवारं धत्ते भवानिह विनोदकृतावतारम् ।
तज्ज्ञायतेऽसुरमनुष्यसुरेष्वभूतैर्लोकोत्तरैः सुचरितैर्भवता कृतैस्तैः ॥१३॥

'आप इस जगत्में नाना प्रकारके शरीरगत-रूप अनेकबार धारण करते हैं, लीला-विनोदके लिए अवतार ग्रहण करते हैं। देवताओं, असुरों और मनुष्योंमें जो कभी हुए नहीं ऐसे आपकेद्वारा किये गए लोकोत्तर चरित्रोंसे आपके उस अवतारका पता चलता है' ॥१३॥

स त्वं प्रभोऽखिलजगत्परिपालनाय त्राणाय वेदविदुषामसतां क्षयाय ।
ऐश्वर्यराशिरपि भासि कृतावतारो मायाब्धितीर्ण ऋषिवर्य इहाऽवतीर्णः ॥१४॥

'प्रभो ! वे आप संपूर्ण जगत्के परिपालन, वेदवेत्ताओंके परित्राण तथा दुष्टोंके संहारके लिए ऐश्वर्य-राशि होते हुए भी अवतार लेकर सुशोभित होते हैं। आप माया-सागरसे पार हुए ऋषिवर्य नारायण ही यहाँ अवतीर्ण हुए हैं ॥ १४ ॥

निःश्रेयसाय परतत्वमयाय तुभ्यं नारायणाय यदुवंशसुखोदयाय ।
दिव्याय चैत्यपुरुषाय सुमङ्गलाय शान्ताय चेष्टगतये प्रभवे नमोऽस्तु ॥१५॥

'आप परम कल्याणरूप, परतत्त्वमय नारायण हैं। यदुवंशको सुख देनेके लिए उसमें प्रकट हुए हैं, आपको नमस्कार है। आप दिव्य चैतन्यपुरुष, परम मङ्गलमय, शान्त-स्वरूप, अभीष्ट-गतिप्रद और सबके प्रभु हैं। आपको नमस्कार है ॥ १५ ॥

ब्रह्म स्वयं त्वमसि देव ! मुनेः कृपायाः प्राप्तं फलं सुकृतिभिश्च सुदुर्लभं यत् ।
गच्छाव आत्मभवनं भगवन्ननुज्ञां काङ्क्षाव ईश ! जय दामनिबद्ध नाथ ! ॥१६॥

'देव ! आप साक्षात् ब्रह्म हैं, जो पुण्यात्माओंके लिए भी अत्यन्त दुर्लभ है, वह फल हमें देवर्षि नारदकी कृपासे प्राप्त हो गया। भगवन् ! अब हम अपने धामको जा रहे हैं और उसके लिए आपकी आज्ञा चाहते हैं। ईश ! दामोदर ! नाथ ! आपकी जय हो ॥ १६ ॥

आवां सुरेतरसमौ कृततुच्छलीलौ युष्मत्सुसेवककुबेरसुतौ धनाढ्यौ।
मत्तौ यदा स्व उरुगाय ! तदेव दण्डो हीदृग्विधोऽत्र विहितः स्वकृतैः कुभावैः ॥१७॥

'हम आपके सेवक कुबेरके पुत्र हैं। हमने दूसरे देवताओंके समान निम्नकोटिकी क्रीड़ाएँ की थीं। उरुगाय ! हम धनाढ्य होनेके कारण जब मदमत्त हो रहे थे, उसी समय अपने द्वारा किये गए दुर्भावोंके कारण हमें यहाँ ऐसा दण्ड प्राप्त हुआ ॥ १७ ॥

वाणी गुणानुकथने श्रवणौ कथायां हस्तौ च कर्मसु मनस्तवपादयोर्नः।
स्मृत्यां शिरस्तव निवासजगत्प्रणामे दृष्टिः सतां दर्शनेऽस्तु भवत्तनूनाम् ❀ ॥१८॥

'हमारी वाणी आपके गुणोंके वर्णनमें, कान आपकी कथा सुननेमें, दोनों हाथ आपके लिए कर्म करनेमें, मन आपके युगल चरणारविन्दोंके चिन्तनमें, मस्तक आपके निवासभूत जगत्को प्रणाम करनेमें तथा दृष्टि भगवत्-स्वरूप सन्त-महात्माओंके दर्शनमें संलग्न रहे १८।

ताभ्यां स्तुतः स भगवान् परिपूर्णकामो दामोदरस्तत उलूखलबद्ध इत्थम्।
आह स्म बाहुयुगलेन विगृह्य दाम क्रीडंश्च तेन विहसन् प्रियगुह्यकौ तौ ॥१९॥

उनके इस प्रकार स्तुति करने पर ओखलीमें बँधे हुए पूर्णकाम भगवान् दामोदर जो दोनों हाथोंसे रस्सी पकड़कर खेल रहे थे, हँसते हुए उन दोनों प्रिय गुह्यकोंसे इस प्रकार बोले—॥ १९ ॥

ज्ञात्वैतदस्म्यहमुपागत इत्थमत्र भो गुह्यकौ ! शृणुतमद्य युवां सुसिद्धौ।
मत्तौ श्रिया मदिरया युवतीभिरेवं क्षीवौ कृतौ गतमदौ मुनिना तथेति ॥२०॥

'कुबेरपुत्र गुह्यको ! ये सारी बातें जानकर मैं यहाँ इस रूपमें आया। तुम मेरी यह बात सुनो। आजसे तुम दोनों परम सिद्ध हो गये। तुम्हें धन-लक्ष्मीने मत्त और मदिरा तथा युवतियोंने उन्मत्त बना दिया था परन्तु देवर्षि-नारदने तुम्हें इस प्रकार मदरहित कर दिया ॥ २० ॥

वद्वित्तमस्य सुकृपां महतीं समाप्तां ज्ञानं ययाऽभवदिहाऽऽत्मगतं प्रपूर्णम्।
मद्दर्शनं ह्यधिगतं ससुखं युवाभ्यां पूर्णावतः शिवपदाब्जरतौ भवेतम् ॥२१॥

---

❀ श्लोकोऽयं श्रीमद्भागवतस्थ एव। संसिद्धमन्त्रमयत्वान्मयाऽपि तथैवाऽत्र संस्थापितः। अतोऽत्रस्था आर्षाः प्रयोगा अपि पाणिनिपिङ्गलादीनां नियमान्नापेक्षन्त इति चाऽवधारणीयं विद्वद्भिः।

'अतः मुनिके शापको उनकी महती कृपा प्राप्त हुई समझो। जिससे तुम्हें यहाँ पूर्ण आत्मज्ञान हो गया है। तुमने सुखपूर्वक मेरा दर्शन पाया है, इसलिये पूर्णकाम हो गए। अब भगवान् शिवके चरणारविन्दोंमें रत रहो ॥ २१ ॥

सूर्योदये सति घटादिपदार्थकानां ज्ञानं यथा भवति तद्वदिहाऽपि वित्तम् ।
आत्मैव सर्वमिति बोधवतामृषीणां संदर्शनं द्यति जगद्गतकल्मषं यत् ॥२२॥

'जैसे सूर्योदय होनेपर घट-पटादि पदार्थोंका ज्ञान होता है, उसी प्रकार यहाँ भी समझो। यह सब कुछ आत्मा ही है, ऐसे बोधवाले ऋषियोंका दर्शन जगत्के पाप-तापका खण्डन कर देता है ॥ २२ ॥

तत्राऽपि मच्चरणयोर्मननप्रियाणां दत्तात्मनां मयि सतां समदर्शनानाम् ।
संदर्शनं तु शृणुतं प्रददाति सर्वान् कामान् परत्वमपि मोक्षपदाभिधं तत् ॥२३॥

'उसमें भी जिन्हें मेरे चरणोंका चिन्तन और मनन-प्रिय है, जिन्होंने मुझे अपने आपको समर्पित कर दिया है, उन समदर्शी सन्तोंका दर्शन तो सम्पूर्ण कामनाओंको पूर्ण कर देता है तथा मोक्षनामक परम तत्त्व भी उपलब्ध करा देता है ॥ २३ ॥

तद् गच्छतं स्वसदनं परमं स्वधाम्ना मां पश्यतं स्वजनबद्धमिहैव दाम्ना ।
मद्भक्तिभाव उदितो हृदये युवाभ्यां यः काङ्क्षितोऽत्र युवयोः प्रिय एष मोक्षः ॥२४॥

'अतः अब तुम अपने घरको लौट जाओ। स्वजनों द्वारा दाम ( रस्सी )से यहाँ बँधे हुए मुझको अपने तेजसे युक्त परमात्मा देखना। तुमने जिसकी इच्छा की थी, वह मेरा भक्तिभाव तुम्हारे हृदयमें उदित हो गया है। यही तुमलोगोंका प्रिय-मोक्ष है' ॥ २४ ॥

दाम्ना सुबद्धं ह्युदरे तदैनं भक्त्या प्रणम्याऽथ हृदि प्रवेश्य ।
प्रदक्षिणीकृत्य कुबेरपुत्रौ गृहं गतौ द्राग् तत औत्तरं स्वम् ॥२५॥

उदरमें दामसे बँधे हुए इन भगवान्को हृदयमें रखकर भक्तिभावसे प्रणाम करके उनकी परिक्रमा करनेके पश्चात् वे दोनों कुबेर पुत्र तत्काल उत्तर दिशावर्ती अलकापुरीमें स्थित अपने भवनको लौट गए ॥ २५ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
अष्टत्रिंशोऽपि सर्गोऽगान्महाकाव्ये स्तवात्मके ॥२६॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें अड़तीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ २६ ॥

# एकोनचत्वारिंशः सर्गः

[ नन्दादीनां तत्राऽऽगमनम् । तत्रत्यबालकमुखाद्भगवद्वृत्तान्तश्रवणम् ।
तेषां विचिकित्सा । भगवतः स्वधामनयनञ्च । ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

**आकारिता राजगृहे महोत्सवे समागता गोकुलराजबान्धवाः ।**
**आसन् व्रजस्था मुनयश्च भिक्षुकाः संन्यासिनस्तेऽप्यभितो गृहं श्रिताः ॥१॥**

राजकीय-सदनके महोतसवमें बुलाये गए गोकुलराज-नन्दके भाई-बन्धु तो आये ही थे, व्रजवासी मुनि, भिक्षुक और संन्यासी भी चारोंओरसे उनके घरपर पधारे थे ॥ १ ॥

**क्रियामयं मन्त्रवशं तमीश्वरं ब्रह्मज्ञविप्रैर्निगमागमात्मकैः ।**
**राजोपचारैः प्रहुतं यथाविधि निरीक्ष्य चाऽऽसन् सकलास्त आस्थिताः ॥२॥**

ब्रह्मज्ञ-ब्राह्मणोंने, जो निगम और आगमके मूर्तिमान् स्वरूप थे, उन सत्क्रियामय, मन्त्राधीन परमेश्वरके निमित्त विधिपूर्वक राजोपचारोंद्वारा हवन, पूजन किया। यह देखते हुए सब लोग वहां चुपचाप बैठे थे ॥ २ ॥

**मुग्धे जनौघेऽत्र सुखं व्यवस्थिते तथाऽघटत्संघटना पुरोदिता ।**
**विश्रुत्य यस्या रवमार्तिकारकं तत्राऽऽगमंस्त्रासविमोहिता जनाः ॥३॥**

सारा जन-समुदाय मुग्ध होकर वहाँ सुखपूर्वक विराजमान था। उसी समय वह पूर्वोक्त घटना घटित हुई थी। वृक्षोंके गिरनेका क्लेशदायक शब्द सुनकर भयसे मोहित हुए बहुतसे लोग वहां आ पहुँचे ॥ ३ ॥

**नन्दादयो गोपवृषाः समाकुलाः सञ्जातमेतत्किमिति प्रभाषिणः ।**
**प्रधावमानास्त्वरिताः समाययुः शब्दानुसारेण तदाऽत्र वेपिताः ॥४॥**

नन्द आदि श्रेष्ठ गोप व्याकुल हो 'यह क्या हुआ, क्या हुआ' ऐसा कहते और उस शब्दका अनुसरण करते हुए तुरन्त दौड़े गये। वे सब कांप उठे थे ॥ ४ ॥

**आकस्मिकं ह्यर्जुनवृक्षयुग्मयोरामूलचूडं पतनं भयङ्करम् ।**
**तदन्तिकस्थं शिशुमक्षतं च ते समीक्ष्य संभ्रान्तधियोऽवतस्थिरे ॥५॥**

अकस्मात् दोनों अर्जुन-वृक्षोंका जड़से शिखातक उखड़कर गिरना बड़ा भयंकर था। उसके निकट खड़े हुए शिशु नन्द-नन्दनको कोई क्षति नहीं पहुँची है, यह देखकर मन ही मन घबराये हुए वे सब वहाँ जा खड़े हुए ॥ ५ ॥

तमद्भुतं बालकमग्रतः स्थितं दाम्नाऽत्र खेलन्तमथो निरूप्य च ।
अन्योन्यमाजल्पुरिदं जनास्तत उत्पात ईदृग् समभूत् कथं त्विति ॥६॥

वह अद्भुत बालक सामने खड़ा वहाँ रस्सीसे खेल रहा था। उसे देखकर सब लोग आपसमें कहने लगे—'अहो! ऐसा उत्पात कैसे हुआ ?॥ ६ ॥

अप्राप्य किञ्चित् पतनस्य कारणं विमृश्य दीर्घं सुधियोऽपि गादुहः ।
विपृच्छया तस्य जगत्पतेः प्रियांस्तानन्तरङ्गान् पृथुकान् व्यलोकयन् ॥७॥

उत्तम बुद्धिवाले गोपोंने दीर्घ कालतक विचार करके भी वृक्षोंके गिरनेका कोई कारण नहीं पाया, तब इसके विषयमें पूछ-ताछके लिए उन जगदीश्वर श्रीकृष्णके प्रिय अन्तरङ्ग-सखा ग्वालबालोंकी ओर दृष्टिपात किया ॥ ७ ॥

उलूखले बद्ध उदारविक्रमो महानुभावो विभुबालकस्त्वितः ।
पश्यन् सखींस्तद्गदितुं यथार्थतः प्राचोदयत् स्वात्मगतैः शुभेङ्गितैः ॥८॥

ओखलमें बँधे हुए महान् पराक्रमी महानुभाव भगवत्स्वरूप बालकने सखाओंकी ओर देखकर अपने शुभ-संकेतों द्वारा उन्हें सच्ची बात कहनेके लिए प्रेरणा दी ॥ ८ ॥

बालास्तदोचुः सभया गलद्गिरो वृद्धान् समाभाष्य सुतथ्यमत्र भोः! ।
उलूखलं कर्षयताऽमुनाऽधुना ह्युन्मूलितं चार्जुनवृक्षयोर्युगम् ॥९॥

उस समय भयभीत हुए बालकोंने लड़खड़ाती आवाजमें बड़े-बूढ़ोंको सम्बोधित करके सच्ची बात बतायी—'गुरुजनों! इस समय यहाँ ओखली खींचते हुए कन्हैयाने ही दोनों अर्जुन-वृक्षोंको जड़-मूलसहित उखाड़ दिया है ॥ ९ ॥

तावन्तराऽयं तु यदागतस्त्वित उलूखलं तिर्यगभूद् बृहत्तया ।
तदैव तेनाऽपि च सत्त्वशालिना ह्याकर्षितं तत्स्वबलप्रयोगतः ॥१०॥

'उन दोनों वृक्षोंके बीचमें जब यह आकर खड़ा हुआ, तो ओखली बड़ी होनेके कारण टेढ़ी हो गई। उसी समय इस महान् बलशाली श्यामने भी अपने बलका प्रयोग करके उसे खींचा ॥ १० ॥

सखाऽस्मदीयो व्रजराजनन्दनो ह्यतर्क्यशक्तिर्बहुधा विराजते ।
येनाऽत्र मान्यास्तरुयुग्ममध्यतो निष्कासितौ द्वौ पुरुषावलौकिकौ ॥११॥

'माननीय जनो! हमारा सखा व्रजराज-नन्दन बहुधा अतर्क्य-शक्तिसे सम्पन्न होकर शोभा पाता है। जिसने दोनों वृक्षोंके बीचसे दो अलौकिक पुरुषोंको भी प्रकट कर दिया था ॥ ११ ॥

अदृश्यरूपेण वयं स्थितास्तदा सर्वं ह्यपश्याम चरित्रमस्य भोः ! ।
तस्माद्भवेत् प्रत्यय एव सर्वथा सर्वेष्वथो मान्यजनेषु सत्स्वहो ! ॥१२॥

'गुरुजनो ! उस समय हम सब लोग यहां छिपे हुए खड़े थे और इसका सारा चरित्र देखते थे। अतः हमारी बातपर आप समस्त माननीय-जनोंको सर्वथा विश्वास होना चाहिए। अहो ! बड़ी अद्भुत घटना घटित हुई थी' ॥ १२ ॥

श्रुत्वा शिशूनां वचनं तथाविधं तन्मायया मुग्धधियो व्रजौकसः ।
असम्भवं चैतदिति प्रभाष्य ते परस्परं भ्रान्तमति व्यलोकयन् ॥१३॥

शिशुओंका ऐसा वचन सुनकर भगवान्‌की मायासे मुग्ध चित्त हुए व्रजवासी 'यह असम्भव बात है', ऐसा कहकर परस्पर घबड़ाये हुए-से देखने लगे ॥ १३ ॥

तदाहुरेते शिशुमेनमद्भुतं दोषज्ञदृष्ट्याऽत्र विभाव्य सस्मितम् ।
कथं घटेताऽस्य दिविस्पृशोरहो ! ह्युत्पादनं तत्तरुवर्ययोरिह ॥१४॥

तब वे दोषज्ञ-दृष्टिसे 'यह अद्भुत बालक है' ऐसा सोचकर मुस्कुराते हुए बोले—'अहो ! इन गगन-चुम्बी महान् वृक्षोंका यहां इस बालकके द्वारा उत्पादन कैसे सम्भव हो सकता है' ॥ १४ ॥

क्वेदृग्विधं चाऽर्जुनवृक्षयुग्मकं क्वाऽयं शिशुर्दुग्धमुखः सुकोमलः ।
किं स्पर्श एतस्य तथाविधोऽस्ति भो ! वज्रोपमो येन विपाटितावमू ॥१५॥

'कहां ऐसे विशाल दो अर्जुन-वृक्ष और कहां यह दुधमुँहा सुकोमल शिशु ? । क्या इसका स्पर्श ऐसा वज्रके समान कठोर हो सकता है ? जिससे ये वृक्ष उखड़ जाते' ॥ १५ ॥

केचिद्वदन्ति स्म बुधास्तदाऽत्र ते संदिग्धचित्तास्तदमुष्य कर्मणि ।
बालो विचित्रोऽस्ति समर्थ ईदृशं वक्तुं ह्ययोग्यश्च विचारयन्त्वहो ! ॥१६॥

उस समय वहां कुछ विद्वान् पुरुष उस बालकके इस अलौकिक कर्मके विषयमें सन्दिग्धचित्त हो इस प्रकार बोलने लगे—'भइया ! यह बालक बड़ा विचित्र और सामर्थ्यशाली है। अतः इन गोपबालकोंके प्रति ऐसी अविश्वास भरी बात कहना उचित न होगा। इसलिए आप लोग इसपर विचार करें। यह बड़ी आश्चर्यजनक घटना घटित हुई है ।१६।

स्पृष्टं ह्यनो यत्प्रपदा सुखं पुरा रराज निष्कास्य महासुरं ह्यपि ।
किमस्य चित्रं तु करावमर्शनान्निष्कासनं तत्तरुतो नृसिद्धयोः ॥१७॥

'पहले इसने अपने पैरके पंजसे सुखपूर्वक छकड़ेका स्पर्श किया था। परन्तु उसके भीतरसे बड़े भारी असुरको निकालकर सुशोभित हुआ। फिर इसके लिए यह क्या

विचित्र बात है कि इसके हाथका स्पर्श होनेसे वृक्षोंके मध्यसे दो सिद्ध-पुरुषोंका प्राकट्य हो गया' ॥ १७ ॥

इत्थं प्रजल्पत्सु जनेषु वस्तुतो मज्जत्सु तर्कामृतसागरेष्वथ ।
पश्यन् सुतं स्नेहभरेण यन्त्रितो गोपालराजोऽस्य समीपमाययौ ॥१८॥

इस तरह लोग तरह-तरहकी बातें कर रहे थे और तर्कके अमृतमय-सागरमें गोते लगा रहे थे । इतनेमें अपने पुत्रको देखकर स्नेहाधिक्यसे बँधे हुए गोपराज-नन्द उसके समीप आ गए ॥ १८ ॥

स्वोदरस्थं बृहद्दाम विकर्षन्तममुं तदा ।
प्रेम्णोत्थाप्य स्वबाहुभ्यां विमुमोच ततः स्वयम् ॥१९॥

वह अपने उदरमें बँधी हुई लम्बी रस्सीको खींच रहा था । उस समय नन्दने अपने दोनों हाथोंसे उसको प्रेमपूर्वक उठा लिया और स्वयं उसका बन्धन खोल डाला ॥ १९ ॥

प्रहसन्नस्य सत्कृत्ये लोकविभ्रामके हिते ।
तं समुह्य हृदा सार्धं स सर्वैः गृहमागमत् ॥२०॥

उस बालकका सत्कर्म लोगोंको आश्चर्यमें डालनेवाला और हितकर था । उसपर विचार करके हँसते हुए नन्दजी उसे गोदमें लिए सबके साथ अपने घर लौट आए ॥ २० ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
सर्ग एकोनचत्वारिंशत्तमोऽगात् स्तवात्मके ॥२१॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह उनतालीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ २१ ॥

# चत्वारिंशः सर्गः

[ मातृकल्पाभिर्गोपीभिर्भगवतो नर्तन-गायने । तेन तासां विनोदनञ्च । ]

( भुजङ्गप्रयातं वृत्तम् )

षडैश्वर्यसम्पन्न एषोऽव्ययात्मा त्रिवर्षात्मको लोकदृष्ट्याऽर्भकः सन् ।
विशेषेण भक्तैर्गृहीतोऽपि चित्ते विनिष्क्रम्य तस्माद्रराजाङ्गणे स्वे ॥१॥

छः प्रकारके ऐश्वर्यसे सम्पन्न यह अविनाशो बालक लोक-दृष्टिसे तीन वर्षका शिशु था। विशेषतः भक्तोंने उसे अपने चित्तमें पकड़ रखा था तो भी वह वहाँसे निकलकर अपने आँगनमें शोभा पाने लगा ॥ १ ॥

तदा तं समेताः स्त्रियो मातरस्ताः समालम्ब्य हस्ते मनोज्ञैः सुकृत्यैः ।
प्रलोभ्याऽत्र नानाकथाभिर्मुनीनां चरित्रैश्च संनर्तयामासुरित्थम् ॥२॥

उस समय मातृस्थानीया बहुत-सी स्त्रियाँ एकत्र हो गईं और उसे हाथका सहारा देकर सुन्दर सुकृत्यों, नाना प्रकारकी कथाओं तथा मुनियोंके चरित्रों द्वारा लुभाकर नचाने लगीं ॥ २॥

( कज्जली–गीतिरियं, भाषायां गजल इति चोच्यते )

“त्वमात्मा कृष्ण ! सर्वेषां सुखैकस्थानमाद्योऽसि ।
अतस्त्वं नृत्य सानन्दं वयं पश्येम धन्योऽसि ॥३॥

‘कृष्ण ! तुम सबके आत्मा हो, सुखके एकमात्र स्थान हो, आदि पुरुष हो और धन्य हो, इसलिए आनन्दपूर्वक नृत्य करो। हम सब देखेगीं ॥ ३ ॥

प्रियस्त्वं श्याम ! सर्वेषां प्रियं कर्तुं त्वमर्होऽसि ।
वयं हैयङ्गवीनं तत् प्रदद्माऽत्तुं त्वमर्होऽसि” ॥४॥

‘श्याम ! तुम प्रिय हो और सबका प्रिय करनेके योग्य हो। हम तुम्हें माखन देती हैं, तुम इसे खानेके योग्य हो’ ॥ ४ ॥

निशम्येदृशीं वाचमुद्गीतिपूर्णां जगन्नर्तकः सूत्रधारो मुकुन्दः ।
सुकुन्दप्रभांश्चारुदन्तान् प्रदर्श्य बभूवाऽत्र सज्जो मनोरञ्जनार्थम् ॥५॥

इस प्रकार गीत-पूर्ण वाणी सुनकर जगत्को नचानेवाले सूत्रधार मुकुन्द, कुन्दकी-सी कान्तिवाले, मनोहर दांतोंको दिखाकर वहां उन सबका मनोरञ्जन करनेके लिए तैयार हो गए ॥५॥

समुत्क्षिप्य पादौ भुजावुन्नमय्य कला दर्शयन् नृत्यमातृस्वरूपाः ।
इमाः कारयित्वा विमुग्धाः स्वकृत्ये ननर्ताऽव्ययो बालवद्धन्त ! तत्र ॥६॥

दोनों बाहें ऊँची करके पैर फेंक-फेंक कर, नृत्यकी जननी-स्वरूपा कलाओंका प्रदर्शन करते हुए उन अविनाशी प्रभुने वहां बालककी भांति नाचना आरम्भ किया। उन्होंने अपने कार्यद्वारा उन सब स्त्रियोंको विमुग्ध कर दिया ॥ ६ ॥

महाभाग्यवत्यः स्त्रियो गोकुलस्थास्तदानीं लयाढ्यं सुगीतं प्रगाय ।
प्रशस्यैनमीशं मुदा साधु ! साधु ! वदन्त्योऽत्र रेजुः करास्फोटनेन ॥७॥

उस समय परम सौभाग्यवती गोकुलवासिनी स्त्रियाँ लयसे युक्त सुन्दर गीत गाकर इस ईश्वर-स्वरूप बालककी प्रशंसा करके आनन्दसे वाह-वाह ! करती और ताली बजाती हुई शोभा पा रही थीं ॥ ७ ॥

क्षणाद्देव्य आहुः पुनर्गीयतां भो ! भवद्गीतमिष्टं च शृण्मो वयं यत् ।
फलं दीयते तुभ्यमस्माभिरस्मिन्नपूपो घृताक्तः सुधाभश्च कृष्ण ! ॥८॥

क्षणभरमें व्रज-देवियोंने कहा—'लाला ! फिर गाओ। तुम्हारा गीत बड़ा प्यारा लगता है। हम उसे सुनेंगीं। कृष्ण ! हम उसके लिए तुम्हें फल दे रही हैं—सुधाके समान मधुर और घी-से तर मालपूआ भेंट कर रही हैं' ॥ ८ ॥

ततो दिव्यशक्तिर्मुकुन्दो वरेण्या इमाः सत्स्त्रियोऽवोचदित्थं भवत्यः ।
ददत्वत्र गायामि पश्चात्सुगीतं बुभुक्षैव मां बाधते यत्तदद्मि ॥९॥

तब दिव्य-शक्तिशाली मुकुन्दने इन माननीया साध्वी स्त्रियोंसे इस प्रकार कहा—'आप लोग जो कहती हैं, उसे पहले यहां दे दें !। उसके वाद मैं सुन्दर गीत गाऊँगा। अभी तो मुझे भूख सता रही है। आप लोग जो देगीं उसे खाऊँगा' ॥ ९ ॥

तदानीय गेहात्प्रदायाऽथ तस्मै पुनस्ता अवोचन्मुकुन्दाऽप्रमेय ! ।
द्रुतं गीयतां भो ! प्लुतं षड्जयुक्तं भवेद् यद्वयं तत्र मग्ना भवेम ॥१०॥

तब अपने-अपने घरसे उक्त वस्तुयें लाकर कृष्णको अर्पित करनेके पश्चात् वे फिर बोलीं—'अप्रमेय शक्तिशाली मुकुन्द ! तुम षड्ज-स्वरसे युक्त ऊँची आवाजमें शीघ्र गीत गाओ। जिसे सुनकर हमलोग उसीमें मग्न हो जांय' ॥ १० ॥

ततोऽसाऽवगायच्च दत्तावधानः स्मरन् योगिभिर्वीतरागैः प्रगीतम् ।
विचार्यं सदैवाऽत्र विद्वद्वरिष्ठैर्विमृश्यं यदेतद्वितृष्णैश्च सद्भिः ॥११॥

तब सावधान हो वीतराग योगियोंद्वारा गाये गए गीतका स्मरण करके श्रीकृष्णने गाया। वह गीत बड़े-बड़े विद्वानोंके लिए विचारणीय तथा तृष्णा-रहित सन्तोंके लिए भी विशेष मननीय था ॥ ११ ॥

( मालिनीयं छन्दः )

जयति जयति विश्वव्यापिनी भूरितृष्णा
नयति नयति नित्यं निन्दितांस्तानधः सा ।
हरति हरति कालो देहिनां जीवनाशां
सरति सरति चायुर्भिन्धि तद्वृत्तिगाशाम् ॥१२॥

सम्पूर्ण विश्वमें व्याप्त हुई अधिकाधिक तृष्णाकी ही जीत हो रही है। वही सबके ऊपर सवार है। यह उन निन्दित मनुष्योंको नित्य अधोगतिकी ओर ले जा रही है—नीचे गिरा रही है। काल देह-धारियोंके जीवनकी आशाको हर ले रहा है—नष्ट कर रहा है। आयु प्रतिक्षण बीत रही है—क्षीण हो रही है। अतः तृष्णा-वृत्तिसे बँधी हुई आशाको त्याग दो—नष्ट कर दो ॥ १२ ॥

जगन्नायकोऽयं व्रजस्थाभिराभिर्वशे स्थापितः स्नेह-भक्त्या तदानीम् ।
ननर्ताऽत्र भूयोऽपि तच्चेष्टयैव स्वयं दारुयन्त्रं यथोक्तं प्रकुर्वन् ॥१३॥

ये जगदीश्वर श्रीकृष्ण इन व्रजवासिनी देवियोंके द्वारा उस समय उनकी स्नेह-भक्तिसे वशमें कर लिए गये थे। अतः कठपुतलीकी भांति उनकी आज्ञाका पालन करते हुए स्वयं उनकी चेष्टासे ही यहाँ नृत्य करने लगे ॥ १३ ॥

विलोक्यैवमीशं तु नृत्यन्तमत्र विमुग्धा मनोवृत्तिहीना महान्तः ।
महानन्दमग्नाः स्वचैत्यावशिष्टा जगु–"दींव्यतादेष वेदान्तसारः" ॥१४॥

सर्वेश्वर श्रीकृष्णको यहाँ इस प्रकार नृत्य करते देख मुग्ध एवं मनोवृत्तियोंसे शून्य हुए महात्मा-जन महान् आनन्दमें मग्न हो, अपने चिदानन्द-स्वरूपमात्रसे अवशिष्ट रह गए। और बोल उठे—'यह वेदान्तका सारभूत सिद्धान्त, इसी प्रकार सदा प्रकाशित होता रहे ॥ १४ ॥

दरिद्रा यथा प्राप्य राशिं धनस्य न मुञ्चन्ति मग्ना भवन्त्यत्र लौल्यात् ।
इमे बालरूपं परात्मस्वरूपं विभुं प्राप्य तद्वत्त्यजन्ति स्म नैव ॥१५॥

जैसे दरिद्र मनुष्य धनकी राशि पाकर उसे छोड़ते नहीं हैं, लोभवश उसीमें मग्न हो जाते हैं, उसी प्रकार ये महात्मा लोग परमात्मस्वरूप सर्वव्यापी भगवान्‌को बालरूपमें पाकर उन्हें छोड़ नहीं पा रहे थे। उन्हींके चिन्तनमें मग्न हो गए थे ॥ १५ ॥

तोऽसौ कयाचित्तदाऽऽज्ञप्त इत्थं तदानीयतां चेति वस्तु प्रदर्श्य ।
स्पृशंस्तत्र गत्वा समर्थोऽप्यशक्तो यथा नाटयामास किञ्चित् समुद्य ॥१६॥

तदनन्तर किसी गोपीने कोई वस्तु दिखाकर आज्ञा दी—'लाला ! उसे उठा लाओ!' । तब समर्थ होने पर भी असमर्थकी भांति वहां जाकर किसी वस्तुका स्पर्श करके उसे थोड़ा उठाकर वे न ला सकनेकी चेष्टाका नाट्य करने लगे ॥ १६ ॥

तदन्यत् समानीय तासां पुरस्ताद्विनिक्षिप्य पश्चाद्धठात् पीठकादि ।
तथा मानपात्रं गुरोः पादुकां च समुद्याऽऽगतोऽयं बभौ मातृमध्ये ॥१७॥

जिस वस्तुको लानेके लिए वे स्त्रियाँ कह चुकी थीं, उससे भिन्न वस्तुको लाकर उसके सामने पटक देते । पीछे हठपूर्वक पीढ़ा आदि आसन, अनाज मापनेका पात्र तथा पिताजीकी खड़ाउँ उठा कर लाते हुए वे उस मातृ-मण्डलोमें सुशोभित होते थे ॥ १७ ॥

यथा तत्र तासां भवत्येव हर्षो महाहास एवं विनोदोऽप्यतर्क्यः ।
तथैवाऽकरोद्विश्वनाथः सनाथा विकुर्वन्निमा "धन्य ईशोऽव्ययोऽसौ" ॥१८॥

जिस प्रकार वहाँ उन व्रज-देवियोंको हर्ष होता, बड़े जोरसे हँसो आती और अतर्कनीय विनोद ( मनोरंजन ) प्राप्त होता, उसो प्रकार वे विश्वनाथ श्रीहरि लीलायें करते थे । वे इन सबको सनाथ कर देते थे । वे अविनाशी ईश्वर धन्य हैं ! ॥ १८ ॥

कयाचित् पुनस्तत्र चाज्ञप्त एष विचिक्षेप बाहू तदन्या विगर्ह्य ।
तदास्ताः प्रिया गोप्य आनन्दमग्नाः प्रियं मन्यमानाः स्वमेवाऽस्य हृष्टाः ॥१९॥

फिर किसी गोपीने वहां आज्ञा दी—'लाला ! उस गोपीको पीटो । वह बड़ी ढोठ है' । तब वे उससे भिन्न दूसरी ही गोपीकी निन्दा करके उसके ऊपर अपनी दोनों बांहें पटक देते थे । उस समय वे सारी प्यारी गोपियां अनिर्वचनीय आनन्दमें मग्न हो जातीं और अपनेको ही उस बालकका प्रीति-पात्र मान कर हर्षसे उत्फुल्ल हो उठती थीं ॥ १९ ॥

महात्मान एतद्विदो भक्तवर्या विलोक्याऽस्य कृत्यं विमुग्धाश्चरित्रैः ।
शशंसुर्ह्यमुं भक्तवश्योऽयमीशः परात्मात्मरूपो जयत्यत्र नित्यम् ॥२०॥

इसको जाननेवाले भक्तप्रवर महात्मा-जन उसकी लीला देखकर उसके चरित्रोंसे मुग्ध हो गए और उसके विषयमें बोले—'ये भक्त-परवश परमात्मा एवं आत्मारूप ईश्वर यहां सदा विजयी हो रहे हैं—सर्वोपरि विराजमान हैं' ॥ २० ॥

इत्थं व्रजस्य जगतामथ तस्थुषां च प्रीतिं विधाय चरितैः स्वविनोदरूपैः ।
आनन्दधाम परतत्त्वमयस्वरूपं तांश्चानयन् स विरराज सुखीसमासु ॥२१॥

इस प्रकार अपने लीला-विनोद-रूप चरित्रोंद्वारा व्रजके स्थावर और जङ्गम प्राणियोंको प्रसन्न करके उन्हें परतत्त्वमय आनन्द धामको पहुँचातें हुए वे बालरूप भगवान् सुधी-समाजमें सुशोभित होते थे ॥ २१ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
चत्वारिंशोऽप्यगात् सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥२२॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें चालीसवां सर्ग पूरा हुआ ॥ २२ ॥



# एकचत्वारिंशः सर्गः

[ फलविक्रयिण्याः फलविक्रयणार्थं भगवतो धाम्न्यागमनम् । तया तदाकारणम् । ततो भगवता फलग्रहणम् । स्वाञ्जलिच्युतैर्मणिमयैर्धान्यांशैस्तत्फलभाण्डपूरणम् । ]

( द्रुतविलम्बितं छन्दः )

विजयते मथुरा मुनिसेविता सुरवरैरवरैश्च समेधिता ।
वसति यत्र समं बहुधाऽऽश्रितैः सकलया कलयाऽऽत्तपदो हरिः ॥१॥

जो अनेकानेक मुनियोंसे सेवित और श्रेष्ठ देवताओं तथा उनसे छोटी श्रेणीके लोगोंसे भी समृद्धशालिनी है, उस मथुरापुरीकी सदा ही विजय है । जहां अनेकानेक आश्रित-जनोंके साथ सकल कलाओंसे समलङ्कृत चरणवाले भगवान् श्रीहरि निवास करते हैं ॥ १ ॥

बहुगुणेऽप्यथ माथुरमण्डले परिवृते यदुवृष्णिसुधीजनैः ।
नृपतिकंसकुकर्मनिपीडिता सुजनता जनता व्यथिता भृशम् ॥२॥

बहुगुण सम्पन्न तथा यदुकुल एवं वृष्णवंशके सुधीजनोंसे घिरे हुए उस मथुरा-जनपदमें भी राजा कंसके कुकर्मसे सुजनता पीडित थी और जनता अधिक क्लेश उठा रही थी ॥ २ ॥

परमिदं च निरीक्ष्य कुकर्म तामधिवसञ्जनतापहरो हरिः ।
तदुपशान्तिमवाप्तुमयं बभौ समयदो मयदोहदनाशकृत् ॥३॥

इस महान् कुकर्मको देखकर मथुरापुरीमें निवास करनेवाले जनतापहारी, सबको उन्नतिका अवसर देनेवाले तथा मयासुरकी आसुरी अभिलाषाका नाश करनेवाले श्रीहरि सर्वदा इसकी शान्ति चाहते थे ॥ ३ ॥

तदिह वैश्यकुलोद्भवसुन्दरी सुजनशान्तिकरी महिलैकिका ।
सुखमुवास शिवं दधती हृदा शमफलाऽऽमफलाश्रमपंक्तिषु ॥४॥

उस मथुरापुरीमें वैश्यकुलमें उत्पन्न एक सुन्दरी महिला सुखपूर्वक निवास करती थी । जो सज्जनोंको शान्ति प्रदान करनेवाली थी । शम ( शान्ति ) ही उसके लिए प्राप्तव्य फल था । वह कच्चे फलोंके आश्रयभूत वृक्षोंकी पंक्तियोंमें बैठकर मन ही मन भगवान् शङ्करका ध्यान करती थी ॥ ४ ॥

निशि निजं शयनं श्रितया तया शिशुरलोकि गुणोज्ज्वल एककः ।
तत इयं गुणतोऽस्य विमोहिता व्रजगताऽजगताऽखिलहृद्गतिः ॥५॥

एक समय रातमें जब वह अपनी शय्यापर सोई थी। उस समय उसने एक शिशुको देखा, जो अपने गुणोंसे प्रकाशित हो रहा था। फिर तो वह उसके गुणोंसे मोहित हो गई। उसके हृदयकी सारी गति अजन्मा भगवान्‌के साथ एकाकार हो गई और वह आकर्षित होकर व्रजमें गई ॥ ५ ॥

पथि फलान्यवचित्य कियन्त्यसौ शुभमुपायनमस्य कृते ततः ।
समवगृह्य निधाय सुपात्रके व्रजजनेऽजजने मिलिता सुखम् ॥६॥

मार्गमें कुछ फल चुनकर उसने उस शिशुके लिए सुन्दर उपायनके रूपमें संग्रह किया और उत्तम पात्रमें रखकर सुखपूर्वक व्रजके लोगोंसे आ मिली, जो वास्तवमें भगवान्‌के ही जन थे ॥ ६ ॥

व्रजजनेश्वरधामगता ततोऽप्यवसरं च समीक्ष्य बहिः स्थिता ।
सदयमाह्वयदत्र जगत्पतिं सुकृतिभिः कृतिभिश्च कृताश्रयम् ॥७॥

व्रजेश्वर नन्दके भवनके निकट जाकर वह अवसरकी प्रतीक्षामें बाहर ही बैठ गई और उन दयालु जगदीश्वरका आवाहन किया, जो पुण्यात्माओं तथा विद्वानोंके भी आश्रय हैं ॥ ७ ॥

सुखमिमानि फलानि विगृह्य भो रुचिरबालक ! बालकदम्बकैः ।
सममिहैत्य फलानि च देहि मे सुसमताऽसमता च फलेन्मयि ॥८॥

हे सुन्दर बालक ! तुम अपने सखा बाल-समूहोंके साथ यहाँ आकर सुखपूर्वक इन फलोंको ले लो और मुझे भी उत्तम फल दो। मुझमें उत्तम समता तथा असमता फलित हो अर्थात् मुझमें समत्व-भाव जाग्रत हो और मेरी स्थिति अनुपम हो ! ॥ ८ ॥

इति तया गदितं वचनामृतं लघु निपीय फलक्रयणेच्छया ।
हरिरभूदचलोऽपि चलस्तदा सुवरदो वरदोहदपूर्तिकृत् ॥९॥

उस फल बेचनेवालीके कहे हुए इस वचनामृतको शीघ्र ही कानों द्वारा पीकर उत्तम वर देनेवाले तथा श्रेष्ठ-अभिलाषाकी पूर्ति करनेवाले श्रीहरि अचल होकर भी फल खरीदनेकी इच्छासे उस समय चंचल हो उठे ॥ ९ ॥

स्वलघुनाऽञ्जलिनाऽङ्गणसंस्थितं दिनकरद्युतितापितधान्यकम् ।
समवगृह्य फलेच्छुरिमां ययौ श्रुतनयस्तनयो जननीं यथा ॥१०॥

सूर्यकी धूपमें सुखाये गए धान्यको, जो आँगनमें फैलाया गया था अपनी छोटी-सी अञ्जलिमें लेकर वे फलकी इच्छासे उसके पास उसी तरह गए, जैसे नय-वेत्ता पुत्र अपनी माँके पास जाता है ॥ १० ॥

तत उपेत्य समीपमसौ प्रभुः सुफलदोऽपि फलग्रहलालसः ।
प्रियमुवाच फलानि ददातु मे विनिमयो नियमोऽस्तु स आवयोः ॥११॥

सबको उत्तम फल देनेवाले होनेपर भी स्वयं फल-ग्रहणकी लालसा लेकर उसके समीप जाकर प्रभुने यह प्रिय बात कही—'आप मुझे फल दें। हम दोनोंमें विनिमय-रूप नियम लागू हो। आप हमारा धान्य ले लें और हमें अपना फल दे दें' ॥ ११ ॥

श्रुतगुणं हृदयस्थितमीश्वरं समवलोक्य तथाविधमव्ययम् ।
ससुखमस्य वचश्च निशम्य सा भुवनपावनपादमभाषत ॥१२॥

जिनके गुणोंको उसने सुन रखा था तथा जो उसके हृदयमें सदा विद्यमान रहते थे, उन अविनाशी ईश्वरको उस रूपमें सामने देख और सुखपूर्वक उनकी बात सुनकर वह फल बेंचनेवाली सुन्दरी त्रिभुवन-पावन-चरणवाले उन भगवान्‌से बोली—॥ १२ ॥

अयि जगज्जनचित्तहर! प्रभो! परिमितानि फलानि भवन्ति मे ।
तव तु सन्त्यमितानि हितान्यहो! विनिमयो नियमोऽत्र नयज्ञ! कः? ॥१३॥

'हे जगत्के सब लोगोंका चित्त हर लेनेवाले प्रभो! मेरे फल तो परिमित ( थोड़े-से ) हैं, किन्तु अहो! आपसे प्राप्त होनेवाले फल अमित और हितकारी हैं। फिर हे नयज्ञ! इसमें विनिमयरूप नियम क्या लागू होगा?' ॥ १३ ॥

तव मनो यदि लब्धुमथाऽपि तान्यसमधि त्वरतेऽस्तु ददान्यहम् ।
प्रिय! गृहाण निजाञ्जलिपात्रके भुवनभावन! भातु भवद्रतिः ॥१४॥

'हे भुवन-भावन प्रियतम! यदि मेरे इन फलोंको पानेके लिए असमबुद्धि होकर उतावला हो उठे हैं, तो अपने अञ्जलि-पात्रमें ये फल ग्रहण कीजिये। मेरे हृदयमें आपके प्रति अनुराग प्रकाशित हो' ॥ १४ ॥

इति तयोदितमक्षरमक्षरं लघु निपीय पिपासुरिवाऽमृतम् ।
पथि जवच्युतधान्यशुभाञ्जलिं प्रसृतवाञ्छृतवान् स परां गतिम् ॥१५॥

जैसे प्यासा मनुष्य अमृतपान करे, उसी प्रकार उस फल बेंचनेवालीके द्वारा कहे हुए अक्षर-अक्षरको शीघ्र ही पीकर रास्तेमें अपनी शुभ-अंजलिसे वेगपूर्वक धान्य बिखराए हुए उन्होंने उसके आगे दोनों हाथ फैला दिये और अपनी उत्तम गति ( उत्कृष्ट योगशक्ति ) का आश्रय लिया ॥ १५ ॥

तत इयं मधुरैः सुफलैश्च तच्छुभकराञ्जलिमेतमपूरयत् ।
इत उपायविदा हरिणाऽप्यहो! सुमणिभिः फलभाण्डमपूरि च ॥१६॥

तदनन्तर उस फल बेंचनेवालीने सुन्दर-सुन्दर मधुर फलोंसे उनकी इस शुभ अञ्जलिको भर दिया। इधर उपायवेत्ता श्रीहरिने भी उसके फल-पात्रको उत्तम मणि-रत्नोंसे पूर्ण कर दिया। यह कैसा आश्चर्य है ?॥ १६ ॥

गतोऽसौ ततः स्वालयं दिव्यमूर्त्या गुणज्ञामिमां चित्रवत् स्थापयित्वा।
चिरेणाऽत्र संप्राप्तसंज्ञाऽथ साऽपि सकामा ययौ माथुरं स्वं निवासम् ॥१७॥

तत्पश्चात् इस गुणज्ञा-सुन्दरीको चित्रवत्-स्थापित करके वे अपनी दिव्यमूर्तिसे घरमें चले गए। चिरकालके वाद होशमें आनेपर वह फल-विक्रयिणी भी सफल मनोरथ हो, मथुरामें अपने निवासस्थानको चली गई ॥ १७ ॥

प्राणिनां कर्मणो युक्तं फलदोऽयं जगत्प्रभुः।
अग्रहीत् सुफलान्यस्या यद्दृष्ट्वा जहसुर्बुधाः ॥१८॥

प्राणियोंके कर्मका उचितफल देनेवाले इन जगदीश्वरने उस स्त्रीसे सुन्दर फल ग्रहण किए। जिसे देखकर समझदार लोग हँसने लगे ॥ १८ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते।
चत्वारिंशोऽप्यगात्सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥१९॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्ण चरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें एकतालीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ १९ ॥

# द्विचत्वारिंशः सर्गः

[ क्रीडनपरस्य भागवतो रोहिणीयशोदाभ्यां स्वगृहाऽऽगमनार्थमाह्वानम् ]

( स्वागतावृत्तम् )

स्वागतं तव सदाऽस्तु वदन्ती भास्करस्य तनयाऽथ कदाचित् ।
ऊर्मिभिः स्वचपलैर्भुजरूपैर्नर्तयन्त्यमुमहो ! विरराज ॥१॥

एक समयकी बात है—सूर्यकन्या कालिन्दी 'आपका सदा स्वागत हो' यह कहती हुई अनेक चञ्चल-बाहुरूप तरङ्गोंद्वारा श्यामसुन्दरको नचाती हुई अद्भुत शोभा पा रही थी ॥ १ ॥

प्रातरेव सखिभिः प्रियकृत्यैः सार्धमागत इहाऽद्य मुकुन्दः ।
क्रीडति स्म बहुधा स्वविलासैः साग्रजः शुचितरे तटबन्धे ॥२॥

आज प्रातःकालसे ही प्रिय करनेवाले सखाओंके साथ मुकुन्द यहाँ आ गए थे और यमुनाके पवित्र तटपर अपने बहुविध लीला-विलासोंद्वारा भाई बलरामके साथ खेल रहे थे ॥ २ ॥

इत्थमत्र सुचिरं कृतलीलो ह्यत्यवाहयदसौ समयं तु ।
गोकुलेशसदनेऽस्य विमाता रोहिणी स्मृतसुता व्यथिताऽभूत् ॥३॥

इस प्रकार बहुत देरतक क्रीड़ा करते हुए उन्होंने अधिक समय व्यतीत कर दिया। उधर गोकुलेश्वरके भवनमें श्रीकृष्णकी सौतेली-माँ रोहिणी अपने पुत्रोंका स्मरण करके व्यथित होने लगीं ॥ ३ ॥

आजुहाव तनयौ तत उच्चैः साऽधिश्रित्य गृहमभ्रलिहं तत् ।
एहि तात बल ! कृष्ण ! गृहं स्वं पश्य ! पश्य ! समयो बहु यातः ॥४॥

वे गगनचुम्बी भवनके छतपर चढ़कर उच्च स्वरसे दोनों पुत्रोंको बुलाने लगीं—'तात बलराम और कृष्ण ! देखो, देखो ! बहुत समय बीत गया। अब तुम अपने घर आ जाओ' ॥ ४ ॥

रोहिणीमुखसरोरुहनीडान्निर्गतो ध्वनिरयं द्रुतमिष्टः ।
वायुना सममिहैत्य खगाले पक्षिवद्भ्रममितो विरराज ॥५॥

रोहिणी-देवीके मुखारविन्दरूपी नीड़से निकली हुई यह प्रिय-ध्वनि पक्षीकी भांति वायुके साथ ही नभोमण्डलमें पहुँचकर सुशोभित होने लगी ॥ ५ ॥

स्वं त्विहाऽप्यसफलं परिचिन्त्य सा द्रुतं तत उपेत्य यशोदाम् ।
अभ्यभाषत तदाह्वयनार्थं त्वं समाह्वय सुताविति देवि ! ॥६॥

यहाँ भी अपनेको असफल मानकर रोहिणीजी तुरन्त यशोदाके पास गईं और उन दोनोंको बुलानेके लिए उन्हींसे कहा—'देवि ! अब तुम्हीं दोनों बच्चोंको बुलाओ ॥ ६ ॥

बालकैः स्वसखिभिर्व्रजराज्ञि ! क्रीडनेऽतिसुखदे गतचित्तौ ।
श्यामरामतनयौ शुभदौ तौ नाऽऽगतौ त्वमिह चाऽऽनय गत्वा ॥७॥

'व्रजरानी ! अपने सभी ग्वाल-बालोंके साथ वे दोनों बालक अत्यन्त सुखदायिनी क्रीड़ामें दत्तचित्त हो रहे हैं । इसीलिए वे श्याम और राम, दोनों पुत्र अब तक नहीं लौटे । अब तुम्हीं जाकर उन दोनोंको यहाँ बुला लाओ' ॥ ७ ॥

रोहिणीगदितमात्महितं तच्चाऽऽकलय्य मधुरं तत एषा ।
आजगाम सुखदं तटबन्धं यामुनं युवतिभिः कृतरक्षा ॥८॥

रोहिणीके कहे हुए मधुर वचनको अपने लिए हितकर मानकर ये यशोदा यमुनाजीके सुखद तट-बन्ध पर आईं । उस समय बहुत सी युवतियाँ उनकी रक्षा कर रही थीं ॥ ८ ॥

तौ समीक्ष्य सुचिरं श्रमयुक्तौ स्वेदबिन्दुपरिपूरितगात्रौ ।
स्वैः प्रियैः शिशुजनैः कृतलीलौ साऽऽजुहाव किल दूरत एव ॥९॥

वहाँ उन्होंने देखा—दोनों बालक देरसे खेलते-खेलते थक गये हैं । उनके शरीर पसीने-पसीने हो गये हैं । अपने प्रिय सखा ग्वाल-बालोंके साथ खेलमें लगे हुए उन दोनोंको यशोदाने दूरसे ही पुकारा ॥ ९ ॥

लोकराम ! बलराम ! गुणज्ञ ! कृष्ण ! खेलनसतृष्ण ! नयज्ञ ! ।
क्रीडथः किमिति साधु युवामाऽऽगच्छतं च सदनं सखिभिः स्वैः ॥१०॥

'लोगोंको आनन्द देनेवाले बलराम ! और खेलनेके लिए सदा प्यासे रहनेवाले गुणज्ञ एवं नयज्ञ कृष्ण ! तुम दोनों क्यों इस तरह खेल रहे हो ? । अब अपने सखाओंके साथ घर आओ ॥ १० ॥

क्षुच्च पीडयति राम ! भवन्तं कृष्ण ! चैहि पिब दुग्धमितस्त्वम् ।
खेलनैरलमलं श्रमयुक्तौ नार्हथो भवितुमत्र युवां तु ॥११॥

'राम ! तुम्हें भूख सता रही होगी । कृष्ण ! आओ और दूध पीओ । अब खेलना बन्द करो । तुम दोनों थक गये हो । अब तुम्हें यहाँ नहीं ठहरना चाहिए ॥ ११ ॥

प्रातरेव कृतभोजन इत्थं क्रीडने विहितचित्त ! मुकुन्द ! ।
कुन्दपुष्पनिभदन्त ! वितृष्ण ! कृष्ण ! मातृगदितं शृणु चैहि ॥१२॥

'प्रातःकाल ही भोजन करके इस तरह खेल-कूदमें मन लगानेवाले मुकुन्द ! तुम्हारे दांत कुन्द-पुष्पके समान चमक रहे हैं। कृष्ण ! अब खेलकी तृष्णा छोड़ो। माताकी बात सुनो और आओ ॥ १२ ॥

भ्रातरं समवगृह्य विकाम ! त्वं च राम ! सुखमेहि गृहं स्वम् ।
भोक्तुमर्हसि समं परिवारैर्बाधतेऽहहह ! साऽतिबुभुक्षा ॥१३॥

'कामनारहित बलराम ! तुम अपने भाईको लेकर सुखपूर्वक घर चलो। हाय, हाय ! तुम्हें बड़ी भूख सताती होगी। अतः परिवारके साथ तुम्हें भोजन करना चाहिए ॥ १३ ॥

भोक्ष्यमाण उरुगाय ! पिताऽपि त्वां प्रतीक्षत उपस्थितमाशु ।
तत्त्वमेहि बलराम ! सकृष्णः कृष्ण ! चैहि सबलस्त्वमपीह ॥१४॥

'उरुगाय कृष्ण ! तुम्हारे पिताजी भोजन करेंगे। अतः वे भी तुम्हारे शीघ्र उपस्थित होनेकी प्रतीक्षा करते हैं। इस लिए बलराम ! तुम कृष्णके साथ आओ और कृष्ण ? तुम भी भैया-बलरामके साथ यहां चले आओ ॥ १४ ॥

यात यात शिशवः ! स्वगृहाणि मातरोऽपि भवतां प्रतिसद्म ।
मार्गयन्ति व इहाऽत्यतिवेलं क्रीडनाद् गतबलाः श्रमिताः स्थ ॥१५॥

'बालकों ! जाओ-जाओ अपने घरोंको। तुम्हारी मातायें घर-घरमें तुम्हारी राह देखती हैं। तुम यहां बहुत देरतक खेल-कूदमें लगे रहनेके कारण थक गये होगे। तुम्हारा बल क्षीण हो गया होगा ॥ १५ ॥

पश्य कृष्ण ! शबलं निजगात्रं धूलिधूसरितमित्थमनर्हम् ।
एहि तत्त्वमसि वेदविगीतः पूर्णकाम उरुगाय उपेन्द्रः ॥१६॥

'कृष्ण ! देखो, तुम्हारा शरीर धूलि-धूसरित होकर चितकबरा हो गया है। यह शरीर ऐसा होने योग्य नहीं है। अतः आओ, तुम वह वेद-वर्णित परमात्मा हो। पूर्णकाम हो, बहुतसे लोग तुम्हारे यशका गान करते हैं। तुम साक्षात् उपेन्द्र हो ॥ १६ ॥

वर्तते शृणु मुकुन्द ! तवाऽद्य जन्मनः शुभदमृक्षमनर्हम् ।
एहि तात ! सदनं गुरुभक्त्या देहि गा द्विजवरेभ्य ऋषीश ! ॥१७॥

'मुकुन्द ! सुनो । आज तुम्हारे जन्मका शुभ एवं प्रशस्त नक्षत्र है । तात ! घर आओ और भारी भक्ति-भावसे श्रेष्ठ ब्राह्मणोंको गौओंका दान करो । तुम ऋषियोंके ईश्वर साक्षात् नारायण हो ॥ १७ ॥

पश्य ! पश्य !! सकलान् स्ववयस्यान् मातृमृष्टसुतनून् रुचिरांश्च ।
तद्भवानपि कृतार्थ इहैत्य कृष्ण ! खेलतु यथेप्सितमेवम् ॥१८॥

'कृष्ण ! देखो-देखो, तुम्हारे सारे मित्रोंको उनकी माताओंने नहला-धुलाकर सुन्दर एवं रुचिर वेष-भूषासे सम्पन्न बना दिया है । अतः तुम भी स्नान-दान आदि कर्म करके कृतार्थ हो फिर यहां आकर इच्छानुसार खेलना' ॥ १८ ॥

सेत्थं तमुक्त्वा शिशुरूपधारिणं जगत्पतिं भक्तभयापहारिणम् ।
समीपमेत्याऽस्य करं विगृह्य तं नीत्वा गृहं कृत्यमकारयत्ततः ॥१९॥

इस प्रकार शिशुरूप-धारी, भक्त-भयहारी जगदीश्वर श्रीकृष्णसे कहकर यशोदा निकट आ उनका हाथ पकड़कर उन्हें घर ले गई और वहां उनसे सारा आवश्यक कृत्य करवाया ॥ १९ ॥

समाप्य विधिवत् कृत्यं भुक्त्वा पीत्वा सुखं हरिः ।
सरामो मोदयामास व्रजौकस उपस्थितान् ॥२०॥

सारा कार्य विधिवत् सम्पन्न करके सुख-पूर्वक भोजन-पानके पश्चात् बलराम सहित श्रीकृष्ण वहां उपस्थित हुए व्रजवासियोंको आनन्दित करने लगे ॥ २० ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
द्विचत्वारिंशसर्गोऽगान्महाकाव्ये स्तवात्मके ॥२१॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह बयालीसवां सर्ग पूरा हुआ ॥ २१ ॥

* * *

# त्रिचत्वारिंशः सर्गः

गोपसभायां गोकुलं परित्यज्य वृन्दावनमधिवस्तुं याम इत्युपनन्दप्रस्तावः ।
तत्स्वीकरणपूर्वकं नन्दादीनां शकटैस्तत्र गमनम् ।

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

ब्रह्माश्रयं सततपूज्यममोघलीलं स्वानन्ददं भयहरं व्रजमण्डलं तत् ।
इत्थं रराज परमेतदभूदनन्यत् त्रासस्थलं तदनभिज्ञसुधीजनानाम् ॥१॥

जो साक्षात् परब्रह्म परमात्माका आश्रयस्थल है, अतएव सबके लिए परम-पूजनीय है जहां भगवान्‌की अमोघलीलायें होती रहती हैं, जो आत्मानन्द प्रदान करनेवाला और सबका भय हर लेनेवाला है, वह व्रजमण्डल सदा इसी रूपमें शोभायमान है। परन्तु जो लोग उसके इस स्वरूपसे परिचित नहीं हैं, ऐसे सुधीजनोंके लिए यह एकमात्र त्रासका स्थान बन गया था ॥ १ ॥

उत्पातहेतुभिरनेकविधैरनिष्टैर्भ्रान्ता व्रजौकस इमे तत आत्मनीनम् ।
श्रेयःप्रदं ह्यभयधाम विगन्तुकामा भव्यां सभां समधितस्थुरतो व्रजस्यैः ॥२॥

वहाँ अनेक प्रकारके अनिष्ट-सूचक उत्पातके कारण बनते जा रहे थे। इसीलिए ये व्रजवासी भ्रान्त चित्त हो गये थे। अब वे ऐसे स्थानपर जानेके लिए उत्सुक हो गए जो उनके अपने लिए हितकर, कल्याणकारी तथा अभयदायक हो। तब उन्होंने तत्क्षण एक भव्य-सभाका आयोजन किया और वे सबके सब अन्यान्य व्रजवासियोंके साथ उसमें बैठे ॥ २ ॥

संबोध्य तानथ महानुपनन्दनामा गोपो वयोधिक उवाच सभाधिराजः ।
संमन्त्रयन् प्रियहितं व्रजकार्यमेवं श्रीकृष्णरामचरणप्रिय ईशरक्तः ॥३॥

उस सभामें सभापतिका आसन ग्रहण किया महान् गोप-उपनन्दने। वे ही सबसे अधिक अवस्थाके थे। श्रीकृष्ण और बलरामके चरणोंमें उनका बड़ा प्रेम था और वे ईश्वरमें अनुरक्त भक्त थे। उन्होंने व्रजके प्रिय एवं हितकर कार्यके विषयमें सलाह देते हुए इस प्रकार कहा—॥ ३ ॥

सभ्या सुखं शृणुत ! नैकावधा महान्तोऽनिष्टा भवन्त्यविरतं भयदाः शिशूनाम् ।
तद्गोकुलस्य हितकृद्भिरुपायविद्भिरन्यत्र गन्तुमुचितं स्वजनैश्च वस्तुम् ॥४॥

'सभासदो ! सुख साथ मेरी बात सुनो। इन दिनों यहां नित्य-निरन्तर अनेक प्रकारके बड़े-बड़े अनिष्टकारी उत्पात हो रहे हैं, जो हमारे बालकोंके लिए भयदायक हैं। अतः जो

गोकुलके हितकारी और उपायवेत्ता लोग हैं, उन्हें स्वजनोंके साथ निवास करनेके लिए यहांसे अन्यत्र जाना उचित होगा' ॥ ४ ॥

अस्माकमक्षयधनं व्रजराजपुत्रो दामोदरोऽयमतुलो जगति प्रसिद्धः ।
हन्तुं यमत्र धृतसुन्दरदिव्यरूपा सा राक्षसी प्रथममेव तदाऽऽजगाम ॥५॥

'यह व्रजराजनन्दन दामोदर, जो अपने अतुल्यबलके लिए जगत्में प्रसिद्ध हैं हमारा अक्षय-धन हैं। सबसे पहले इसको मारनेके लिए सुन्दर दिव्य-रूप धारण करके वह पूतना नामवाली राक्षसी यहाँ आई थी' ॥ ५ ॥

बालघ्न्यसौ सुखदगोकुलराजधाम्नि ह्यागत्य तं कपटपूर्णहृदा समुह्य ।
स्वाङ्के निधाय विषलेपितचूचुकं स्वं संपाययन्त्यहह ! यत्र मृतेशदृष्ट्या ॥६॥

'वह बालघातिनी थी और गोकुलराजके सुखदायक धाममें आकर कपट-पूर्ण हृदयसे उसे गोदमें लेकर अपना विषयुक्त-स्तन पिलाने लगी। अहा हा ! भगवान्की कृपादृष्टिसे वह स्वयं यहाँ मर गई' ॥ ६ ॥

त्रैमासिकस्य सकलेशगुणाश्रितस्य संशायितस्य पुनरस्य शिशोरनोऽधः ।
यद्व्यासुरं शकटमप्यपतत्तदूर्ध्वं तच्चाऽपि चूर्णमभवद्भगवत्कृपातः ॥७॥

'सम्पूर्ण ईश्वरीय गुणोंका आश्रयभूत, यह बालक जब तीन महीनेका था और छकड़ेके नीचे सुला दिया गया था, तब एक असुरके आवेशसे युक्त वह छकड़ा इसके ऊपर ही गिर पड़ा था। किन्तु भगवान्की ऐसी कृपा हुई कि वह स्वयं चूर-चूर हो गया और इस बालकका बाल बांका भी नहीं हुआ' ॥ ७ ॥

यच्चक्रवात इह चैत्य सुखेन सुप्तं बालं त्वमुं वियति सिद्धपथं च नीत्वा ।
तत्याज किन्तु पतितोऽपि शिलासु देवैस्त्रातो भुजैर्विधृत एष ममार दैत्यः ॥८॥

'तदनन्तर जो यहां बवण्डर-रूपधारी तृणावर्त नामका दैत्य आया और सुखसे सोये हुए इस बालकको आकाशमें उड़ाकर सिद्धपथमें ले गया और वहींसे उसने इसे नीचे डाल दिया। यद्यपि यह पत्थरपर गिरा था, तथापि देवताओंने इसकी रक्षा कर ली। उन्होंने अपने हाथमें लेकर इसे बचा लिया। उल्टे वह दैत्य ही कालके गालमें चला गया' ॥ ८ ॥

भूयोऽपि यः पतितयोर्द्रुमवययोस्तत्प्राप्याऽन्तरं न च ममार तदेव भव्यम् ।
नारायणस्य सुकृपैव निदानमत्र यद्रक्षणं समभवत् सुकृतैः कृतैर्नः ॥९॥

'इसके बाद पुनः दो बडे-बडे अर्जुन-वृक्ष अकस्मात् गिरे और उनके बीचमें पहुँचकर भी, जो यह बालक नहीं मरा, वही हमारे लिए मङ्गलकी बात हुई। इसमें भगवान् नारायणकी उत्तम कृपा ही कारण है। जिससे हमारे द्वारा किये गए पुण्योंके प्रभावसे इसकी रक्षा सम्भव हुई' ॥ ९ ॥

तस्माद्भवन्त इह गोकुलराज्यकृत्यं संचिन्त्य संददतु भव्यतमां स्वबुद्धिम् ।
कर्तव्यमस्ति किमथाऽव्ययमात्मनीनं प्रस्ताव एष निहितोऽत्र मया विचार्य ॥१०॥

'इसलिए यहां गोकुलराज्यका क्या कतव्य है ? इसपर भली-भांति बिचार करके आप-लोग हमें अपनी भव्य सलाह दें। क्या किया जाय, जो हमारे लिए अक्षय एवं हितकर हो। यह प्रस्ताव मैंने यहाँ बहुत सोच-विचारकर रखा है' ॥ १० ॥

मन्ये ह्यहं तु शुभमेतदिहाऽस्मदीयैः सत्साधनैर्धनजनैः शिशुभिः समेताः ।
सर्वे वयं हितकरं सुखदप्रदेशं गच्छेम वस्तुमित उन्नतवीर्यशौर्याः ॥११॥

'मैं तो यह शुभ-कर्तव्य मानता हूँ कि हम सब लोग यहांसे अपने समस्त उत्तम साधन, धन-वैभव, स्वजन और शिशुओंके साथ किसी सुखद एवं हितकर प्रदेशमें निवास करनेके लिए चले। हमारा बल-विक्रम और शौर्य बढ़ा-चढ़ा है' ॥ ११ ॥

उत्पातका अहितशंसिन एत्य यावन्नो पीडयन्ति न इहस्थशिशून् विगृह्य ।
तावद्वयं गतभयं हितकृत्समेषां वृन्दावनं रुचिरधाम सुखेन यामः ॥१२॥

'अहितसूचक उत्पात यहां प्रकट होकर हमारे इन शिशुओंको जबतक पीड़ा नहीं पहुँचाते, तबतक ही हम इन्हें लेकर निर्भय एवं सर्वहितकारी रुचिर धाम वृन्दावनमें सुख-पूर्वक चले चलें' ॥ १२ ॥

वत्स्यन्ति तत्र ससुता व्रजमातरोऽपि प्राप्याऽस्मदीयशुभरक्षणमात्मतन्त्रम् ।
गोप्यश्च गोपनिवहैः सह गोगणैस्तै रंस्यन्त एव शिशवश्च सुखेन यत्र ॥१३॥

'वहीं हमारा स्वतन्त्र शुभ संरक्षण प्राप्त करके व्रजबालकोंकी मातायें भी अपने पुत्रों सहित निवास करेंगीं। गोपों और गौओंके साथ गोपाङ्गनायें और गोपबालक भी वहां सुखसे क्रीड़ा-विहार करेंगे' ॥ १३ ॥

नद्यः प्रसन्नसलिला रुचिरद्रुमाग्राः शैलाश्च सन्ति लघुदीर्घगुहावरोधाः ।
शष्पं प्रशस्यमभितो विलसत्यजस्रं गन्तव्यमाशु सकलैरिदमात्मनीनम् ॥१४॥

'वहाँ नदियोंके स्वच्छ-जल सुलभ होंगे। वहाँके वृक्षोंके अग्रभाग बड़े सुन्दर हैं। वहाँके पर्वत भी छोटी-छोटी विस्तृत गुहारूप गृहोंसे सुशोभित होते हैं। वहां सबओर सदा अच्छी घास शोभा पाती है। यह वृन्दावन ही हमारे लिए हितकर है। अतः हम सबको शीघ्र वहीं चलना चाहिए' ॥ १४ ॥

गच्छेम तत्र वयमद्य सुखं व्रजस्था आदाय सर्वविधसुन्दरवस्तुजातम् ।
सज्जीकुरुध्वमखिलान् वृषभाननःसु संस्थाप्य बालसहिताः स्त्रिय उच्चभावाः ॥१५॥

'हम सब व्रजवासी सब प्रकारकी सुन्दर वस्तुयें लेकर आज सुखपूर्वक वहाँ चलें। सारे बैलोंको गाड़ियोंमें जोतो और बालकों सहित स्त्रियोंको उनपर बैठाकर उत्तम भावनाके साथ यात्रा करो' ॥ १५ ॥

किं रोचते हितमिदं वचनं भवद्भ्यो मा भूद्विलम्ब इह तद्यदि भावुकं चेत् ।
मुञ्चन्तु गोकुलधनानि सुखं पुरस्ताद् गच्छन्तु तानि च वयं ऽनुगा भवेम ॥१६॥

'क्या, मेरी यह हितकर बात आपलोगोंको अच्छी लगती है ! यदि यह भली बात है, तब यहाँ विलम्ब नहीं होना चाहिए। गोकुलके समस्त गो-धनोंको खोल दो, वे आगे-आगे चलें और हमलोग उनके पीछे-पीछे चलेगें' ॥ १६ ॥

श्रुत्वा तदस्य वचनं हितकृन्मनोज्ञं गोपाः प्रसन्नतरचेतस उत्सुकाश्च ।
श्रेयस्तदेतदतिसाधु वदन्त उच्चैरन्यत्र गन्तुमथ तीव्रतरा अभूवन् ॥१७॥

उपनन्दका वचन सबके लिए हितकारी और मनोरम था। उसे सुनकर सभी गोप प्रसन्नचित्त और उत्कण्ठित हो गए। 'यह अत्यन्त कल्याणकारी और सुन्दर सुझाव है' ऐसा कहते हुए वे सब अन्यत्र जानेके लिए उतावले हो उठे ॥ १७ ॥

उन्मुच्य गोकुलमिमे प्रथमं रथाभां स्वां सुन्दरीं शकटराजिमपि प्रयुज्य ।
निक्षिप्य तत्र सकलं गृहवस्तुजातं वृन्दावनं समगमंस्त्वरया व्रजस्थाः ॥१८॥

'फिर तो ये सब व्रजवासी गोसमुदायोंको खोलकर पहले अपनी रथ जैसी सुन्दर शकट-पंक्तिको जोतकर और उसीपर घरकी सारी वस्तुयें रखकर बड़ी शीघ्रताके साथ वृन्दावनकी ओर चल दिये ॥ १८ ॥

संचोदयन्त उरुगायहितान् वृषान् स्वान् हो ! हो !! वदन्त ऋषिचित्तनिभाः पवित्रा ।
ते संययुस्तदनु गोकुलतः स्त्रियः स्वा आवार्य बालसहिता धृतयष्टिशस्त्राः ॥१९॥

भगवान्के हितैषी वे सब अपने बैलोंको हांकते हुए और 'हो-हो' कहते हुए वे ऋषियोंके चित्तकी भाँति पवित्र-गोप बालकों सहित अपने स्त्रियोंको चारोंओरसे घेरकर गोकुलसे चले। उन्होंने हाथोंमें लम्बी लाठी और शस्त्र भी ले रखे थे ॥ १९ ॥

जग्मुः पुरोहितगणाः पुरतो द्विजाश्च नन्दादयः समगमंस्तत उच्चभावाः ।
शृङ्गध्वनिं समवकीर्य रवैरक्षुण्य तौर्यत्रिकैश्च विदिशोऽपि विनाद्य गोपाः ॥२०॥

सबके आगे पुरोहितगण और ब्राह्मण चले। तदनन्तर उच्च विचारवाले नन्द आदि प्रधान गोप चले। तत्पश्चात् शृङ्गनामक वाद्यकी ध्वनि बिखेरते और नृत्य, वाद्य एवं गीतके सम्मिलित-रवसे दिशाओं एवं विदिशाओंको निनादित करते हुए समस्त गोपगण चलने लगे ॥ २० ॥

मध्ये स्त्रियः स्वशकटैः प्रययुर्गुणाढ्याः सौन्दर्यदीप्ततनवोऽस्य कथाः प्रगाय ।
हारैस्ततो व्यथितसुन्दरचूचुकास्ता जग्मुर्व्रजेशवनिता अपि निष्ककण्ठ्यः ॥२१॥

बीचमें स्त्रियां अपने-अपने छकड़ोंसे यात्रा कर रही थीं। वे सभी सद्गुणवती थीं और उनका अंग-अंग सौन्दर्यकी आभासे दीप्तिमान् दिखाई देता था। वे श्रीकृष्णकी कथाओंका गान करती चल रही थीं। तदनन्तर जिनके सुन्दर-कुचाग्र हारोंसे दबे हुए थे। वे व्रजेश्वरके व्रजकी वनितायें कंठमें सोनेकी कंठी पहनकर जा रही थीं ॥ २१ ॥

ता देशिकं लयसमन्विततालपूर्णं गीतं प्रगाय मधुरं सुखदं ह्यधःस्थम् ।
आराधयन्त्य इममद्भुतमादिदेवं शान्त्या ययुस्तदनु वर्त्मनि तौ निरीक्ष्य ॥२२॥

वे गोपाङ्गनायें देशी लय और तालसे युक्त निम्नलिखित सुखद, मधुर-गीत गाती हुई, इन अद्भुत आदिदेवकी आराधनामें संलग्न हो, इन दोनों भाईयोंकी ओर देख-देखकर शान्तिपूर्वक उन मार्गपर जा रही थीं ॥ २२ ॥

( ललितं छन्दः )

जयत एव तौ नन्दबालकौ गुणगणैर्धितौ शान्तिदायकौ ।
स्वचरितप्रियौ दुष्टनाशकौ स्वजनदेहिनां चित्तमोहकौ ॥२३॥

[ वह गीत इस प्रकार है—जयत एव इत्यादि ] गुणसमूहोंसे बढ़े-चढ़े तथा परम-शान्तिदायक वे दोनों नन्दबालक सदा ही विजयी हों, जिन्हें अपनी लीला-चरित्र बहुत प्रिय है, जो दुष्टोंके नाशक हैं तथा स्वजनों और देहधारियोंके चित्तको मोह लेनेवाले हैं ॥ २३ ॥

आस्थाय चैकशकटं सुतरामकृष्णौ स्वाङ्के समुह्य वसुदेवकनन्दपत्न्यौ ।
विश्रुत्य गीतममुभयोः ससुखं व्रजन्त्यौ मुग्धे बभूवतुरलं पथि ताः समीक्ष्य ॥२४॥

वसुदेवजी तथा नन्दरायकी पत्नी रोहिणी और यशोदा एक छकड़ेपर बैठकर अपने पुत्र बलराम और कृष्णको गोदमें लिए, उन दोनोंके सम्बन्धमें, मधुर-गीत सुनकर मुग्ध हो जाती थीं और उन गानेवाली स्त्रियोंकी ओर देखती हुई मार्गमें सुख-पूर्वक यात्रा कर रही थीं ॥ २४ ॥

पश्चाज्जगाम मुनिसंहतिरप्यनिन्द्या गायन्त्यमुष्य सुगुणानतिमानुषांश्च ।
नृत्यन्त्यहो ! विविधभावमयैर्विलासैस्तौ हासयन्त्यनुययुस्तदनु व्रजस्थाः ॥२५॥

इनके पीछे अनिन्द्य मुनिमण्डली श्रीकृष्णके अलौकिक सद्गुणोंका गान करती, नाचती और विविध भावमय-विलासोंद्वारा, उन दोनों भाईयोंको हँसाती हुई चल रही थी। उनके पीछे अन्य व्रजवासी थे ॥ २५ ॥

इत्थं जगाम सकलं व्रजमण्डलं तद्वृन्दावनं सुखदमत्र सदैव रम्यम् ।
सर्वर्तुसौख्यदमचिन्त्यगुणप्रकाशं यत्स्थावरोपचितजङ्गमपूर्णमासीत् ॥२६॥

इसप्रकार समस्त व्रजमण्डलके लोग सदैव रमणीय तथा सुखद वृन्दावनमें गए। जो सभी ऋतुओंमें सुखदायक तथा अचिन्त्य गुणोंको प्रकाशित करनेवाला था। वह वन स्थावर-जंगम सभी प्राणियोंसे परिपूर्ण था ॥ २६ ॥

तत्र प्रविश्य सकलाः कलया समेता आवासमत्र शकटैश्च विचक्रुरेवम् ।
यद्वीक्षणेऽर्धविधुवत्परमोज्ज्वलश्च संदृश्यते स्म नृपदुर्ग इवाऽप्रवेश्यः ॥२७॥

उस वनमें प्रवेश करके सभी गोपोंने विविध कलाओंसे युक्त छकड़ोंद्वारा आवास-स्थानका निर्माण किया। जो देखनेमें अर्द्धचन्द्राकार तथा परम उज्वल दीखता था। राजाके दुर्गकी भांति उस शकट-दुर्गमें किसी दूसरेका प्रवेश नहीं हो सकता था ॥ २७ ॥

वृन्दावनं स्वगुणरम्यमतीवधन्यं गोवर्धनं गिरिवरं यमुनातटं च ।
संवीक्ष्य तद्गुणविलोभितचित्तवृत्तिरीशोऽपि साग्रज इहाऽवसदार्यगोपैः ॥२८॥

अपने गुणोंसे रमणीय और अतिशय धन्य वृन्दावन, गिरिराज-गोवर्धन तथा यमुना-पुलिनको देखकर उनके गुणोंसे लुभाई हुई चित्त-वृत्तिवाले ईश्वर श्रीकृष्ण भी अपने बड़े भाईके साथ वहां सुखपूर्वक रहने लगे। श्रेष्ठ गोपगण उनका साथ देते थे ॥ २८ ॥

वृन्दावनं जयति यत्र जगन्निवासो लीलाश्चकार विविधा बुधचित्तगम्याः ।
संदृश्य या अनुगता ऋषयोऽपि हन्त ! स्वां स्वां क्रियामपि विसस्मरुरुच्चभावाम् ॥२९॥

उस वृन्दावनकी जय हो, जहां जगन्निवास भगवान् श्रीकृष्ण विविध लीलायें करते हैं, जो विद्वद्जनोंके हृदयमें ही अनुभवके योग्य हैं। जिनको देखकर अनुगत मुनिजन भी अपनी-अपनी उच्च भाव-युक्त क्रियाओंको भी भूल गए हैं ॥ २९ ॥

तत्रेत्थं तिष्ठता तेन गोपबालेन यत्कृतम् ।
तत्सर्वं वर्ण्यतेऽनेन सज्जनानां मुदे त्विह ॥३०॥

इसप्रकार वृन्दावनमें रहते हुए उन गोपराज-कुमारने जो कुछ किया, उस सब लीलाका वर्णन यहां सज्जनोंकी प्रसन्नताके लिए कविद्वारा किया जाता है ॥ ३० ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
त्रिचत्वारिंशसर्गोऽयमगात्काव्ये स्तवात्मके ॥३१॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति ‘श्रीकृष्णचरितामृत’ नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह तैंतालीसवां सर्ग पूरा हुआ ॥ ३१ ॥

—:०:—

# चतुश्चत्वारिंशः सर्गः

[ वृन्दावने भगवतो गोवत्सादिचारणम् । विविधक्रीडा च ]

( चम्पकमालावृत्तम् )

घोरवनेऽस्मिन् बालचरित्रैः सज्जनचिन्त्यैरात्मविनोदैः ।
गोकुलगोपीगोपगणांस्तान् संरमयञ्छ्रीशोऽथ रराज ॥१॥

उस घोर वनमें सज्जनोंके द्वारा चिन्तनीय एवं आत्मविनोदकारी अपने बाल-चरित्रोंसे गौओं, गोपियों और गोपगणोंको आनन्द प्रदान करते हुए श्रीपति भगवान् श्रीकृष्ण अब बड़ी शोभा पाने लगे ॥ १ ॥

गोपवरेण्यानात्मचरित्रैर्ज्ञातमहत्वान् संविदधत् सः ।
दर्शितशक्तिर्भक्तवरेभ्यो बालमुकुन्दः संववृधेऽत्र ॥२॥

अपने चरित्रोंद्वारा श्रेष्ठ गोपोंको अपनी महिमाके ज्ञानसे सम्पन्न बनाते तथा श्रेष्ठ-भक्तोंको अपनी शक्तिका दर्शन कराते हुए, वे भगवान् बालमुकुन्द वहाँ बढ़ने लगे ॥ २ ॥

वत्सगणान् स्वान् बालवयस्यैः सार्धमथाऽसौ चारयितुञ्च ।
आत्मन इच्छां मान्यजनेष्वस्थापयदेवं वाक्परिपाट्या ॥३॥

अपने बाल-सखाओंके साथ बछड़े चरानेकी इच्छाको उन्होंने मान्य-जनोंके समक्ष निम्नाङ्कित वाक्य-परिपाटीद्वारा स्थापित किया—॥ ३ ॥

तात ! समर्था गोवृषवत्सांश्चारयितुं नूनं वयमत्र ।
युष्मदनुज्ञां प्राप्तुमनिन्द्यां चाऽभिलषामो देहि ततस्ताम् ॥४॥

'तात ! अब हमलोग निश्चय ही यहाँ गौओं, बैलों और बछड़ोंको चरानेमें समर्थ हो गये हैं और इसके लिए आपकी अभिनन्दनीय-आज्ञा प्राप्त करना चाहते हैं। अतः आप वह आज्ञा हमें दें' ॥ ४ ॥

कृष्णमुखोत्थं सद्वचनं तत्कर्णपुटाभ्यां तत्र निपीय ।
स्नेहनिबद्धो नन्द उवाच तद्भवदुःखं द्रागनुभूय ॥५॥

श्रीकृष्णके मुखसे प्रकट हुए इस उत्तम वचनामृतको दोनों कर्णपुटोंसे वहाँ पीकर स्नेहसे बँधे हुए नन्दरायजी गोचारण-जनित क्लेशका शीघ्र ही स्मरण करके बोले ॥ ५ ॥

तात ! किमेषा ह्युत्सुकता ते चारयितुं तान् गोवृषवत्सान् ।
सन्ति गृहे स्वेऽस्मद्गतचित्ता भृत्यवरिष्ठास्तत्र नियुक्ताः ॥६॥

'वत्स ! आज गौओं, बैलों और बछड़ोंको चरानेके लिए यह अधिक उत्कण्ठा तुम्हें क्यों हो रही है ? । अपने घरमें इस कार्यकी ओर ध्यान देनेवाले बहुत-से उत्तम भृत्य हैं, जो गोचारण-कर्ममें लगाए गए हैं ॥ ६ ॥

नोचितमेवं तत्कथनं ते क्रीड यथार्हं स्वे गृह एव ।
अल्पतरस्त्वं कोमलगात्रश्चारयसीत्थं गा अचिरेण ॥७॥

'अतः तुम्हारा ऐसा कथन उचित नहीं है । तुम अपने घरपर ही यथोचित क्रीड़ा करो । अभी तो तुम बहुत छोटे हो । तुम्हारा शरीर कोमल है । थोड़े ही दिनोंमें सयाने होनेपर तुम इस प्रकार गौयें चराने लगोगे' ॥ ७ ॥

तत्र ममेयं सद्रुचिरस्ति हृच्च ममेदं रंस्यत एव ।
गोवृषवत्सा हृष्टतराश्च तात ! भवन्तीत्थं करणे हि ॥८॥

[ श्रीकृष्ण बोले— ] 'पिताजी ! इस कार्यमें मेरी अच्छी रुचि है । और इसमें मेरा मन भी लगेगा । ऐसा करनेसे हमारे गाय, बैल और बछड़े खूब हृष्ट-पुष्ट हो जायेंगे ॥ ८ ॥

देहि शुभाज्ञां देहि वदन् स उक्त उपायैर्गोपवृषेण ।
चारय वत्सांस्त्वं ह्यविदूरे चाऽस्तु सदिच्छा ते परिपूर्णा ॥९॥

'इस कार्यके लिए अपनी शुभ-आज्ञा दे दीजिए, दे दीजिए' । ऐसा कहते हुए श्रीकृष्णसे गोपराजने कहा—'अच्छा, तुम आस-पास ही बछड़े चराया करो । तुम्हारी यह शुभ इच्छा परिपूर्ण हो' ॥ ९ ॥

प्राप्य तदाज्ञां गोकुलवर्यो बालमुकुन्दो हृष्टहृदाऽथ ।
साग्रज एवाऽचारयदत्र वत्सगणान् स्वैर्दत्तसुहृष्टिः ॥१०॥

पिताकी यह आज्ञा पाकर गोकुल-प्रवर बालमुकुन्द प्रफुल्ल-चित्तसे बड़े भाई बलरामके साथ वहां आस-पास बछड़े चराने लगे । आत्मीय-जन उनपर सदा उत्तम दृष्टि रखते थे ॥ १० ॥

कृष्णबलौ तावत्र समं स्वैर्बालकवत्सैः संवृतगात्रौ ।
चक्रतुरेवं प्राकृतरूपैः क्रीडनकार्यैस्तांश्च कृतार्थान् ॥११॥

वे दोनों भाई श्रीकृष्ण और बलराम बालकों और बछड़ोंसे घिरे रहकर प्राकृत खेल-कूदोंके द्वारा उन सबको कृतार्थ करने लगे ॥ ११ ॥

साधनमासीन्मुख्यमिहाऽपि गानमनिन्द्यं वाद्यमनेकम् ।
शृङ्गसुवेणू सुन्दररूपौ यौ धृतवन्तौ चक्रतुरित्थम् ॥१२॥

यहाँ भी उनकी क्रीड़ाका मुख्य साधन था, उत्तम गान और अनेक प्रकारका वाद्य। शृङ्ग और सुन्दर वंशी-ये दोनों सुन्दर वाद्य थे, जिन्हें हाथमें लेकर वे दोनों भाई इस प्रकार मनोरंजन करते थे ॥ १२ ॥

ततो रामश्यामौ सखिभिरिह चिक्रीडतुरलं
क्वचित् क्षेप्यान् क्षिप्त्वा क्वचिदपि च पादान् मृदुतरान् ।
क्वचिच्छृङ्गं वेणुं ललितमधुरं श्वासपवनैः
प्रपूर्य्याऽरण्यं तद्विदधतुरनिन्द्यं सुखमयम् ॥१३॥

तदनन्तर राम और श्याम सखाओंके साथ यहाँ पर्याप्त खेल-कूद करने लगे। वे कहीं फेंकने योग्य ढेले फेंकते और कहीं अपने कोमल चरणोंको नृत्यको मुद्रामें संचालित करते थे। कहीं सींगें बजाते कभी ललित मधुर वेणुको श्वासवायुसे भरकर उस अनिन्द्य वृन्दावनको सुखमय बना देते थे ॥ १३ ॥

वृषायमाणौ क्वचिदत्र तावुभौ चिक्रीडतुर्गोकुलबालकैर्मुदा ।
अन्योन्यमासीद्रण एव कृत्रिमो यत्सिंहनादोऽपि सुगुञ्जितस्तदा ॥१४॥

कभी वे दोनों यहाँ बैलका-सा नाट्य करते हुए गोकुलके बालकोंके साथ क्रीड़ा करते थे और कभी उन दोनोंमें परस्पर कृत्रिम-युद्ध ही छिड़ जाता था, जिसका सिंहनाद भी वहाँ उस समय गूँज उठता था ॥ १४ ॥

क्वचित् कदाचित्तदरण्यवासिनां श्रुत्वा हितान्यत्र रुतानि पक्षिणाम् ।
तौ तैः समं तान्यनुकृत्य सुन्दरं प्रगायतां तद्गतमानसावम् ॥१५॥

कहीं कभी उस वनमें रहनेवाले पक्षियोंके हितकर कलरव सुनकर वे दोनों भाई उन्हींके समान उनकी बोलियोंकी नकल करके तद्गत-चित्त हो, सुन्दर गीत गाने लगते थे ॥ १५ ॥

इत्थं भक्तहिताप्तये धृततनू अप्राकृतौ प्राकृतैः
स्वैर्मित्रैर्व्रजवासिबालकगणैर्भूत्वा तदा तत्समौ ।
ब्रह्मज्ञैर्मुनिभिस्तथर्षिविबुधैः साश्चर्यमालोकितौ
क्रीडन्तौ परमेश्वरौ शुभमयीं क्रीडास्थलीं चक्रतुः ॥१६॥

इस प्रकार भक्तोंको हितकी प्राप्ति करानेके लिए शरीर धारण करनेवाले अप्राकृत श्याम और राम अपने प्राकृत सखा व्रजवासी-बालकोंके साथ उस समय उन्हींके समान

होकर खेलते और ब्रह्मज्ञ-मुनियों तथा देवर्षियोंसे साश्चर्य देखे जाते हुए वे दोनों परमेश्वर-बन्धु क्रीड़ा करके उस वनको शुभमयी क्रीड़ास्थली बनाने लगे ॥ १६ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
विगतोऽयं चतुश्चत्वारिंशः सर्गस्तवात्मके ॥१७॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह चौवालींसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ १७ ॥



# पञ्चचत्वारिंशः सर्गः

[ भगवतो यमुनातटे वत्सासुरवधः । ]

( भुजङ्गप्रयातवृत्तम् )

कदाचिद् व्रजेशस्य पुत्रो गुणज्ञो विमुच्याऽऽत्मवत्सान् गतश्चारणार्थम् ।
सुरम्यं तटं यामुनं शृङ्गशब्दैः समाहूय मित्राणि सार्धं बलेन ॥१॥

एक समयकी बात है—व्रजराज नन्दके गुणज्ञ पुत्र श्रीकृष्ण सींगेके शब्दोंसे बलराम सहित अपने मित्रोंको बुलाकर तथा बछड़ोंको खोलकर उन्हें चरानेके लिए यमुनाके सुरम्य तटपर गए ॥ १ ॥

शिशोर्वैश्यजातेरमुष्याऽद्भुतस्य शुभौष्ठद्वयान्निःसृतोऽतर्क्यरूपः ।
रुरोः शृङ्गशब्दोऽयमुच्चैः प्रधावन् क्षणेनाऽकरोद्विश्वमाकृष्टसत्त्वम् ॥२॥

वैश्य-जातिके उस अद्भुत शिशुके शुभ-ओष्ठद्वयसे निकला हुआ वह अतर्क्य रुरु-शृङ्गका शब्द उच्चस्वरसे चारों ओर फैलने लगा। उसने क्षणभरमें सम्पूर्ण विश्वके जीव-जन्तुओंको अपनी ओर आकृष्ट कर लिया ॥ २ ॥

भ्रमन् प्राक् पृथिव्यां मुनीनामृषीणां श्रुतिद्वारतोऽन्तर्बिलं ब्रह्मसंस्थम् ।
प्रविश्यैव तान् सोत्सुकान् संप्रकुर्वन् समागन्तुमस्यैव पार्श्वे रराज ॥३॥

पहले भूतलपर भ्रमण करते हुए उस शृङ्ग-नादने कानोंके द्वारसे ऋषि-मुनियोंके अन्तःकरणके दहराकाशमें प्रवेश करके उन सबको इन बाल-कृष्णके ही पास आ जानेके लिए उत्सुक कर दिया और वह सबओर अनुपम शोभा पाने लगा ॥ ३ ॥

प्रभिन्दन् धरायास्तलं तत् स्वशक्त्या सुखेनैव पातालमाविश्य भूयः ।
इहस्थांश्च तांस्तान् मुमुक्षुन् प्रबुद्धान् तथैवाऽत्र चागन्तुकामांश्चकार ॥४॥

तदनन्तर अपनी शक्तिसे भूतलका भेदन करके वह अनायास ही पातालमें भी प्रविष्ट हो गया। फिर वहांके मुमुक्षुओं और प्रबुद्ध-पुरुषोंको उसी प्रकार श्रीकृष्णके पास आ पहुँचनेके लिए उसने उत्कण्ठित कर दिया ॥ ४ ॥

गृहीत्वैव दिव्यां गतिं स्वां ततोऽसौ गतः स्वर्गलोकं क्षणादेव भूयः ।
स्वरूपेण नित्येन चेतोहरेण गुणाढ्यानिहस्थांश्च मुग्धानकार्षीत् ॥५॥

तत्पश्चात् वहांसे दिव्य-गति धारण करके वह शब्द क्षणभरमें स्वर्ग लोक जा पहुँचा। और अपने नित्य मनोहर-रूपसे वहांके गुणवान् लोगोंको भी मुग्ध बनाने लगा ॥ ५ ॥

ततोऽप्यङ्ग ! सत्यं परं ब्रह्मलोकं प्रविष्टोऽस्य धातुः प्रपश्यंश्च सर्गान् ।
सहैवाऽऽत्मना ज्ञाततत्त्वेन तेन क्षणादुद्भवस्थानमानीत एषः ॥६॥

अहो! वहाँसे भी आगे बढ़कर वह शब्द परम-सत्य ब्रह्मलोकमें जा पहुँचा और विधाताके सर्गोंका साक्षात्कार करने लगा। वहाँ उसके रहस्यको जानकर तत्त्वज्ञ उस शृङ्गरव साक्षात् विधाताको भी क्षण-भरमें साथ ही अपने उद्भवस्थानतक ले आया ॥ ६ ॥

स इत्थं समस्तं जगद् योगिचित्तं विशुद्धं यथैव भ्रमित्वेच्छयाऽस्य ।
भवस्थांश्च सर्वान् विशिष्टान् वनेऽस्मिन् समागन्तुकामान् विधायाऽऽत्मलीनः ॥७॥

इस प्रकार योगियोंके विशुद्ध-चित्तकी भाँति वह शब्द श्रीकृष्णकी इच्छासे समस्त जगत्में घूमकर तीनों लोकोंमें रहनेवाले समस्त विशिष्ट-पुरुषोंको उस वृन्दावनमें आनेके लिए उत्सुक बनाकर फिर भगवान्में ही लीन हो गया ॥ ७ ॥

तदाश्रुत्य कर्णप्रियं स्वात्मनादं प्रपूर्णं मनोज्ञं रुरोःशृङ्गशब्दम् ।
क्षणं तद्गता गोपबालाः समन्ताद्विमुच्याऽऽययुर्वत्ससङ्घानथ स्वान् ॥८॥

रुरु-मृगके सींगसे प्रकट हुए उस मनोहर, श्रवणप्रिय तथा आत्मनादसे पूर्ण शब्दको सुनकर व्रजके समस्त ग्वाल-बाल अपने-अपने बछड़ोंको खोलकर चारोंओरसे क्षण-भरमें उनके पास जा पहुँचे ॥ ८ ॥

मिलित्वा ततो मार्गमध्ये प्रियेण समालिङ्गितास्तेन दामोदरेण ।
त आजग्मुरेवाऽत्र तांश्चारयन्तो मनोज्ञं तटं यामुनं द्रष्टुकामाः ॥९॥

तदनन्दर बीचमार्गमें मिलकर वे ग्वाल-बाल अपने प्रिय सखा दामोदरका आलिङ्गन प्राप्त करके बछड़े चराते हुए मनोहर यमुना तटका दर्शन करनेके लिए वहाँ आ गए ॥ ९ ॥

निरीक्ष्याऽस्य सौन्दर्यमानन्ददायि विमुग्धा भृशं सैकतैस्तत्प्रदेशैः ।
समाकृष्टचित्ताश्च चिक्रीडुरस्मिन् समं तेन विश्वात्मना शान्तिमाप्ताः ॥१०॥

उस प्रदेशका आनन्ददायक सौन्दर्य देखकर वे सबके सब अत्यन्त मुग्ध हो उठे वहाँके सिकतामय-स्थलोंने उनका चित्त आकृष्ट कर लिया था। वे वहाँ शान्ति पाकर उन्हीं विश्वात्मा भगवान्के साथ खेलने लगे ॥ १० ॥

इतो वत्ससङ्घास्तदानीममुष्याः सुरम्ये तटप्रान्तदेशे प्रशष्पे ।
समुत्सृज्यमानाश्चरित्वाऽत्र तेषां निरीक्ष्यैव खेला मुदाऽऽसन् स्थिताश्च ॥११॥

यमुनाके अत्यन्त रमणीय तटप्रान्तमें उत्कृष्ट घास जमी हुई थी। अतः उस समय वे छोड़े गये बछड़े वहाँ चरकर उन सब बालकोंका खेल देखते हुए सानन्द खड़े हो गये ॥ ११ ॥

तदैवाऽऽगतो दैत्य एको विशिष्टः सखा भोजराजस्य भव्यं विधित्सुः ।
उभौ श्यामरामौ निहन्तुं चिरेण भ्रमित्वा व्रजं तत्र न प्राप्य चाऽत्र ॥१२॥

उसी समय एक दैत्य आया, जो भोजराज कंसका विशिष्ट सखा था और उसका कल्याण करना चाहता था। वह श्याम और राम दोनों बालकोंका वध करनेके लिए चिरकालसे व्रजमें घूम रहा था। परन्तु उन्हें अन्यत्र न पाकर वहाँ आया ॥ १२ ॥

समीक्ष्याऽथ संक्रीडमानावुभौ तु परीक्ष्यैव गाढं विचार्याऽत्र भूयः ।
बभूवैष वत्सः स्वयं कामरूपो निगूढ स्वमेवं ह्युभौ हन्तुकामः ॥१३॥

वहाँ खेलते हुए उन दोनों पर दृष्टिपात कर उनकी भली-भाँति परीक्षा ले बार-बार विचार करके वह स्वयं भी बछड़ा बन गया। क्योंकि उसमें इच्छानुसार रूपधारण करनेकी शक्ति थी। इस प्रकार अपनेको बछड़ोंमें छिपाकर वह असुर इन दोनों भाइयोंके वधकी इच्छा करने लगा ॥ १३ ॥

विभिन्नोऽभवत् किन्तु वत्सेभ्य एभ्यः प्रकृत्यैव हिंस्रस्तमःपूर्णशक्तिः ।
प्रवृद्धं स्वकीयाऽऽसुरं तेज इत्थं छलाद्गूहमानोऽमिलत् वत्सयूथे ॥१४॥

किन्तु वह दैत्य इन बछड़ोंसे भिन्न प्रतीत होने लगा। क्योंकि वह स्वभावसे ही हिंसक तथा तमोगुणी-शक्तिसे युक्त था। तथापि अपने असुर सम्बन्धी बढे हुए तेजको इस प्रकार छलसे छिपाता हुआ वह बछड़ोंके झुण्डमें मिल ही गया था ॥ १४ ॥

ततो भक्षयन् शष्पमेभिः समं स प्रतीक्ष्यैव कालं स्थितस्तौ प्रपश्यन् ।
इतोऽमोघबोधो मुकुन्दः स्ववत्सान् प्रपश्यन्नपश्यद्धयमुं वत्सरूपम् ॥१५॥

इसके बाद इन्हीं बछड़ोंके साथ घास चरता हुआ वह दैत्य समयकी प्रतीक्षामें उन्हीं दोनोंकी ओर देखता हुआ खड़ा रहा। इधर अमोघबोध-सम्पन्न भगवान् मुकुन्दने अपने बछड़ोंको देखते समय उस वत्सरूपधारी असुरको भी देख लिया ॥१५ ॥

तदैवाऽत्र तं वीक्ष्य तादृक्स्वरूपं तथा कंसमित्रं च विज्ञाय चैनम् ।
निहन्तुं सुखेनैष रामं प्रदर्श्य तदग्रे जगामाऽस्य भावं च बुद्ध्वा ॥१६॥

उस समय उसके वैसे स्वरूपका निरीक्षण करके तथा उसे कंसका मित्र जानकर अनायास ही मार डालनेके लिए इस श्याम बालकने बलरामजीको संकेतसे दिखाया फिर वह उस दैत्यके अभिप्रायको जानते हुए उसके सामने गया ॥ १६ ॥

ममाऽयं महाञ्छत्रुरेकोऽल्पवीर्यो ह्यजानन्नसावागतो मत्समीपम् ।
मुहूर्ताद्धनिष्याम्यहं संविचार्य सरोषः स्थितो दैत्य एनं जिघांसुः ॥१७॥

उसे आते देख दैत्यने मन ही सोचा—'यह मेरा एक शत्रु है। इसमें बहुत थोड़ा बल है। यह मुझे न पहचानकर मेरे समीप आया है। अब मैं इसे एक ही मूहूर्तमें मार डालूँगा'। ऐसा विचार कर वह दैत्य श्रीकृष्णको मार डालनेकी इच्छासे सरोष खड़ा हो गया॥ १७॥

ततस्तत्र खेलत्सु बालेषु भूयः समीपं गतो दुष्टवत्साऽसुरस्य ।
सपुच्छौ गृहीत्वाऽपरावस्य पादौ रराजैष बालो भृशं भ्रामयंस्तम् ॥१८॥

तदनन्तर जब अन्य ग्वाल-बाल वहाँ खेल रहे थे, तब पुनः श्रीकृष्ण वत्सरूपधारी उस दुष्ट असुरके समीप गए। उन्होंने पूँछ सहित उसके दोनों पिछले पैर पकड़ लिये और उसे घुमाना आरम्भ किया। उस समय उस बाल-कृष्णकी बड़ी शोभा हो रही थी॥ १८॥

तदा दृष्टवांस्तत्र कापित्थवृक्षान् फलैः पूरिताग्रान् स्वखेलोपयुक्तान् ।
सुखं पातनार्थं च तेषां फलानि मृतं भ्रामणेनैनमेष्वाक्षिपत् सः ॥१९॥

उस समय श्रीकृष्णने वहाँ बहुतसे कपित्थ ( कैथके ) वृक्ष देखे, जिनके अग्रभाग फलोंसे भरे थे और जो उनके इस खेलके उपयुक्त थे। तब उन्होंने उन वृक्षोंके फलोंको असानीसे गिरानेके लिए उस दत्यको जो घुमानेसे ही प्राणहीन हो गया था, उन वृक्षोंपर दे मारा॥ १९॥

समं स्वात्मना पात्यमानैः फलैस्तैर्बभौ पूर्णगात्रः स दैत्यः पतित्वा ।
धृतं स्वासुरं रूपमुग्रं विशालं मृतं तं ह्यपश्यंस्तदा गोपबालाः ॥२०॥

वह दैत्य वहाँ गिरकर अपने साथ ही धराशायी होनेवाले उन वृक्षों और फलोंके द्वारा पूरित होकर बड़ी शोभा पाने लगा। मरते समय उसने अपने भयङ्कर एवं विशाल असुररूपको धारण कर लिया था। गोप बालकोंने उसे मरनेपर ही देखा॥ २०॥

तदस्य प्रसन्नाः सखायः सरामा अमुं दर्शितस्वात्मशक्ति सखायम् ।
समालिङ्ग्य गाढं शशंसुस्तदानीं मुदा साधु कृष्णेति चोक्त्वाऽऽत्मपातम् ॥२१॥

तब बलराम सहित उस कृष्णके सखा प्रसन्न हो गए। उन्होंने आत्मशक्तिका प्रदर्शन करनेवाले अपने सखा श्यामका गाढ़ आलिङ्गन करके उस समय प्रसन्नतापूर्वक कहा—साधु कृष्ण! साधु!' ऐसा कहकर उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। वे हर्षके मारे गिर-गिर पड़ते थे॥ २१॥

देवा दृष्ट्वाऽसुरवरममुं शैलकल्पं करालं
सत्त्वोद्रेकादसमशिशुना पातितं घातितं च ।
स्वोद्यानस्थैः कुसुमनिवहैश्छादयन्तोऽन्तरिक्षात्
प्रेम्णा पूज्यं तमथ चकिताः पूजयाञ्चक्रुरत्र ॥२२॥

देवताओंने देखा—वह श्रेष्ठ असुर पर्वतके समान विकराल है। परन्तु सत्त्वके उद्रेकसे एक ऐसे शिशुने उसे मार गिराया है, जो शरीरमें कदापि उसके समान नहीं है। तब वे अपने उद्यान नन्दन-वनके कुसुमस-मूहोंकी आकाशसे वर्षा करते हुए उसे आच्छादित करने लगे। उन देवताओंने चकित होकर उस पूजनीय शिशुका पूजन किया ॥ २२ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
सर्गोऽगमदयं पञ्चचत्वारिंशः स्तवात्मके ॥२३॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेको कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह पैतालीसवाँ सर्ग पूर्ण हुआ ॥ २३ ॥

# षट्चत्वारिंशः सर्गः

[ भगवतो बकासुरवधलीला ]

( उपजातिवृत्तम् )

अथैकदा सर्वजगत्प्रपालकौ भूत्वा च तौ सुन्दरवत्सपालकौ ।
विमुच्य वत्सान् सह गोपबालकैः प्रभात एवाऽऽययतुर्वनं स्वकैः ॥१॥

एक दिन सम्पूर्ण जगत्के प्रतिपालक वे दोनों श्रीकृष्ण और बलराम सुन्दर वत्सपाल होकर प्रातःकाल ही बछड़ोंको खोलकर अपने साथी ग्वाल-बालोंके साथ वनमें आ गए ॥ १ ॥

चिरं भ्रमित्वा विपिनं नवे नवे प्रान्ते निरीक्ष्याऽस्य सुदृश्यमद्भुतम् ।
क्षुत्तृड्भिरेतौ व्यथितौ भृशं तदा ह्यागच्छतां तद्यमुनातटेऽमले ॥२॥

चिरकालतक वनमें भ्रमण करके नये-नये वन-प्रान्तमें उसके सुन्दर एवं अद्भुत दृश्य देखकर वे दोनों भाई भूख-प्याससे अत्यन्त पीड़ित हो उस समय वहांके निर्मल यमुना तट पर आए ॥ २ ॥

वत्सेषु शष्पाणि चरत्सु बालकाः विधाय तान् दृष्टिपथाश्रितांस्ततः ।
तौ श्यामरामौ परिवार्य सुन्दरं निषेदुरन्योन्यमुखावलोकनैः ॥३॥

बछड़े घास चरने लगे। ग्वाल-बालोंने उन्हें ऐसे स्थानपर कर दिया, जहांसे वे बराबर दृष्टिपथमें बने रहें। ऐसा करके वे सारे गोपबालक श्रीकृष्ण और बलरामको चारोओरसे घेरकर एक स्थानपर ऐसे सुन्दर ढंगसे बैठ गए, जिससे उन्हें एक दूसरेका मुख दिखाई देता रहे ॥ ३ ॥

ताभ्यां समं पोटलिका विमुच्य ते शिक्याद्विनिष्कास्य पयस्यमन्ततः ।
गृहात्समानीतममोघतृप्तिदं तं प्रातराशं जघसुर्मुदान्विताः ॥४॥

उन दोनों भाइयोंके साथ अपनी-अपनी पोटली खोलकर छींकेसे गोरस निकालकर घरसे लाए हुए अमोघ तृप्तिदायक कलेवेको वे सबके सब प्रसन्नता पूर्वक खाने लगे ॥ ४ ॥

ततः समुत्थाय पिपासयान्विताः प्रेम्णा स्ववत्सान् परिगृह्य हूतिभिः ।
समागमन् निर्मलवारिशोभितं तद्यामुनं तीरमिमे समन्ततः ॥५॥

तदनन्तर प्यास लगने पर वे सब उठे और प्रेमसे पुकार कर अपने-अपने बछड़ोंको साथ ले सबओरसे उस यमुनाके तटपर आए, जो निर्मल जलसे शोभा पा रहा था ॥ ५ ॥

तान् पाययित्वा प्रथमं सुधोज्ज्वलं जलं तदस्याः शिशवोऽत्र दुर्धराः ।
प्रमार्ज्य वक्त्रं करपादमेकधा भृशं पपुस्तज्जलमन्तवो हितम् ।।६।।

सुधाके समान उज्वल यमुना-जल पहले उन बछड़ोंको पिलाकर उन दुर्धर्ष गोपबालकोंने एक बार हाथ-पैर और मुंह धोया, अन्तमें उस हितकर जलमें ही क्रीड़ा करने लगे ।। ६ ।।

व्रजत्सु वत्सेषु शनैरितस्ततः क्रीडत्सु बालेषु जलेषु केषुचित् ।
अदर्शि कैश्चिद्वक एक उन्नतो जलाशयाऽभ्यर्णमवस्थितो महान् ।।७।।

उसी समय कुछ लोगोंने जलाशयके पास ही बैठे हुए एक बगुलेको देखा, जो बहुत ही ऊँचा था ।। ७ ।।

शृङ्गं हिमाद्रेरिव चोच्छ्रितं महत्तदुच्चसत्वं समवीक्ष्य वेपिताः ।
वितत्रसुर्हेति वदन्त उन्मदा निरीक्षणेनैव गलद्गिरोऽर्भकाः ।।८।।

हिमालयके शिखर-से अत्यन्त ऊँचे उस जानवरको देखकर वे गोपबालक भयसे कांप उठे और 'हाय, हाय' करने लगे। उसे देखनेमात्रसे वे पागल हो गए और उनकी वाणी लड़खड़ाने लगी ।। ८ ।।

भयावहं तद्रवमार्तिदां स्थितिं विश्रुत्य दृष्ट्वाऽथ तदन्यबालकाः ।
यावद्विपश्यन्ति तदैव सोऽग्रसत् तमेव कृष्णं शिशुमागतोऽन्तिकम् ।।९।।

उनके भयानक आर्तनादको सुनकर और क्लेशदायिनी परिस्थितिका अवलोकनकर दूसरे बालक ज्योंही एक दूसरेकी ओर देखने लगे, त्योंही उस बगुलेने निकट आकर शिशुस्वरूप श्रीकृष्णको निगल लिया ।। ९ ।।

सखा स आसी यदुभोजवंशिनां राज्ञः प्रभोः कंसदुरात्मनः प्रियः ।
नाम्ना बको दैत्य उपायविद्धहु बकस्वरूपं परिगृह्य चाऽऽगतः ।।१०।।

वह यदु-भोजवंशी लोगोंके प्रभावशाली राजा दुरात्मा कंसका प्रिय सखा बक-नामक दैत्य था। उसे अनेक प्रकारके उपाय ज्ञात थे। वह वहां बगुलेका रूप धारण करके आया था ।। १० ।।

निहन्तुमेनं कृतधीर्दुराग्रहो ह्यप्राकृतं प्राकृतबालवत्स्थितम् ।
अमुं तदैवाऽगिलदात्मघातिनं यदाऽग्रसच्चञ्चुपुटेन निर्भयः ।।११।।

उसने श्रीकृष्णको मार डालनेका निश्चय किया था। उस दुराग्रही दैत्यने प्राकृत बालककी भांति खड़े हुए उस अप्राकृत शिशुको, जो उसके शरीरका घात करनेमें समर्थ था, तत्काल निर्भय हो अपनी चोंचसे पकड़कर निगलना आरम्भ किया ।। ११ ।।

दृष्ट्वा तमित्थं बकदैत्यभक्षितं तदस्य मित्राणि विमुग्धबालकाः ।
देहेन्द्रियाणीव बिनात्मनः कृतान्यत्राऽभवंस्ते गतचेतसस्तदा ॥१२॥

श्रीकृष्णको इसप्रकार बक-दैत्यका ग्रास बना देख उनके भोले-भाले मित्र ग्वाल-बाल वहाँ उसी तरह अचेत हो गए, जैसे, आत्माके विना देह और इन्द्रियां अपनी जीवनी-शक्ति खो बैठती हैं ॥ १२ ॥

तस्योदरं प्राप्त इतोऽद्भुतः शिशुर्ममार नैवाऽत्र परं स्वयोगतः ।
विबुध्य भावं च तदस्य हृद्गतं ह्याविश्चकाराऽऽत्मनि वह्निमुल्वणम् ॥१३॥

इधर यह अद्भुत-शिशु बकासुरके उदारमें पहुँचकर भी अपनी योगशक्तिके प्रभावसे मरा नहीं। उस दैत्यके हार्दिक अभिप्रायको समझकर उसने अपने शरीरमें भयानक अग्नि प्रकट की ॥ १३ ॥

विशुद्धया धारणया प्रबर्धिता परात्मगा तत्त्वपरीक्षणक्षमा ।
सद्बुद्धिरेषाऽरणिकाष्ठवत्सुखं सृजत्यहो ! वन्हिमुपायमद्भुतम् ॥१४॥

विशुद्ध धारणासे बढ़ी हुई तथा तत्त्व-परीक्षणमें समर्थ परमात्माकी इस सत्-बुद्धिने उस अग्निस्वरूप अद्भुत उपायको उसी तरह प्रकट किया, जैसे अरणि-काष्ठ अनायास ही अग्निको उत्पन्न कर देता है। यह कैसा आश्चयं हुआ ? ॥ १४ ॥

इत्थं कृते तत्र महात्मनाऽमुना प्रज्ज्वालितेऽग्नावुदरेऽस्य दाहके ।
स्वं तालुमूलं प्रदहन्तमक्षतं चच्छर्द तं तुण्डविलाद् द्रुतं बकः ॥१५॥

वहाँ उस परमात्माने जब ऐसा किया और उस दैत्यके उदरमें दाहक-अग्नि प्रज्वलित कर दी, तब उसके तालूका मूलभाग जलने लगा। फिर तो उस बगुलेने उस दाहक शिशुको तुरन्त ही अपने मुखके छिद्रसे उगल दिया। उसे किसी प्रकारकी क्षति नहीं पहुँची थी ॥१५॥

समीक्ष्य स स्वोदरतो विनिर्गतं तथाऽक्षतं तं पितरं विधेरपि ।
रुषाज्ज्वलन्नभ्यपतन्महाबली दैत्योऽत्र भूयोऽपि निहन्तुमीश्वरम् ॥१६॥

अपने उदरसे निकलकर अक्षत-भावसे स्थित उस विधाताके भी पिता शिशुको देखकर वह महाबली दैत्य रोषसे जल उठा। उसने पुनः ईश्वररूप शिशुको मार डालनेके लिए उसपर आक्रमण किया ॥ १६ ॥

तमापतन्तं तत उग्रपौरुषं तुण्डायुधं कंससखं बकं हरिः ।
प्रगृह्य तत्तुण्डममोघकार्यसौ वशीचकाराऽहिमिवाऽस्य वाहनम् ॥१७॥

उसका पराक्रम भयानक था। चोंच ही उसके लिए आयुध थी। कंसके मित्र उस बगुलेको अपने ऊपर आक्रमण करते देख अमोघ-कार्य करनेवाले श्रीहरिने उसकी चोंच पकड़ ली और जैसे गरुड़ किसी सर्पको काबूमें कर लेता है, उसी प्रकार उसे वशीभूत कर लिया ॥ १७ ॥

तुण्डस्य तस्याऽथ सतां गतिः पतिः पूर्वापरावंशवरौ विगृह्य तौ ।
ददार दोर्भ्यां ससुखं सखिष्वथो पश्यत्सु देवेषु मृतोऽयमुद्धतः ॥१८॥

सत्पुरुषोंके आश्रय तथा पालक श्रीहरिने उसकी चोंचके ऊपर और नीचेके भागोंको दोनों हाथोंसे पकड़कर अनायास ही चीर डाला। फिर उसके सखाओं तथा देवताओंके देखते-देखते वह उद्दण्ड असुर मर गया ॥ १८ ॥

तदाऽन्तरिक्षात्सुरलोकवासिनस्तदस्य सत्कर्म समीक्ष्य विस्मिताः ।
शिशुं बकारिं निजनन्दनोद्भवैः पुष्पैः समाकीर्य मुदाऽत्र तुष्टुवुः ॥१९॥

उस समय देवलोक निवासी देवता आकाशसे भगवान्‌के उस सत्कर्मको देखकर आश्चर्य-चकित हो उठे। उन्होंने शिशुस्वरूप, बक-नाशक, श्रीहरिके ऊपर अपने नन्दन-वनके फूल बरसाकर सानन्द उनकी स्तुति की ॥ १९ ॥

वाद्यान्यवाद्यन्त तदानकादयः शङ्खाः प्रदध्मुः सुरहस्तवादिताः ।
स्तवैरनेकैश्च सुरर्षिभिः कृतैर्व्याप्तं च वृन्दाविपिनं व्यशोभत ॥२०॥

उस दैत्यके मारे जानेपर नगाड़े आदि बाजे बज उठे। देवताओंके हाथ और मुख-द्वारा बजाये गये शंख अपनी ध्वनि फैलाने लगे। अनेकानेक देवर्षियों द्वारा किये गए स्तोत्रों-द्वारा व्याप्त हुआ वह वृन्दावन बड़ी शोभा पाने लगा ॥ २० ॥

तत्कालकल्पाद्बकदैत्यदुर्मुखान्मुक्तं सखायं शिशुरूपमीश्वरम् ।
संप्राप्य गत्वाऽस्य समीपमर्भकाः प्रेम्णा समालिङ्ग्य मुदाऽभिरेभिरे ॥२१॥

उस कालसदृश बक दैत्यके भयंकर मुखसे छूटे हुए सखा शिशुरूपधारी ईश्वरको पाकर ग्वाल-बालोंने उनके समीप जा प्रेम और प्रसन्नतासे उनको हृदयसे लगा लिया ॥ २१ ॥

यथाभवत्यत्र गतिर्गतात्मनां देहेन्द्रियाणां कलुषा घृणास्पदा ।
भूत्वाऽथ तेषामपि तत्र तत्स्थितिस्तं प्राप्य भूयोऽपि रराज शान्तिदा ॥२२॥

आत्माको विना शवस्वरूप देह और इन्द्रियोंकी जैसी कलुषित और घृणास्पद स्थिति हो जाती है, वैसी ही स्थिति पहले उन बालकोंकी भी हो गई थी। परन्तु भगवान्‌को पुनः प्राप्त करके फिर उनकी शान्तिदायिनी स्थिति सुशोभित होने लगी ॥ २२ ॥

**शष्पाणि सम्यक् चरतः स्वकान् स्वकान् वत्सान् समाहूय ततस्त्विमेऽर्भकाः ।**
**अभ्यागमन् साग्रजमेनमद्भुतं शिशुं पुरस्कृत्य गृहान् सुखान्विताः ॥२३॥**

तदनन्तर सुखपूर्वक घास चरनेमें लगे हुए अपने-अपने बछड़ोंको बुलाकर ये गोपबालक बड़े भाई बलराम सहित श्रीकृष्णको आगे करके सानन्द घरोंको लौटे ॥ २३ ॥

**तदैव ते नन्दगृहाङ्गणं श्रिताः प्रेम्णाऽस्य सद्वीर्यगुणोपबृंहितम् ।**
**अथोऽङ्कितं गानमयं सुकर्म तज्जगुर्मुदा तद्गतकायमानसाः ॥२४॥**

उस समय नन्द-भवनके आँगनमें वे सब ग्वाल-बाल एकत्र हो गए और श्रीकृष्णके उत्तम बल-पराक्रम एवं सद्गुणोंसे बढ़े-चढ़े निम्नांकित गीतमय सत्कर्मको सानन्द गाने लगे । उन सबके शरीर और मन श्रीकृष्णमें ही लगे थे ॥ २४ ॥

**जयति जयति शक्तिः सद्गतेरस्य नित्यं भवति भवति भव्यं ह्याश्रितानां तदस्य ।**
**दिनकरदुहितुस्तत्तीरदेशं समेत्य बकमसुरममेयं यो जघानाऽद्य भूयः ॥२५॥**

'सत्पुरुषोंके आश्रयभूत उन भगवान्की शक्तिकी सदा ही जय हो, जय हो ! । जिनकी शरणमें आये हुए लोगोंका नित्य ही मङ्गल होता है, मङ्गल होता है तथा जिन्होंने सूर्य-कन्या यमुनाके तट-प्रान्तमें पहुँचकर अमेय-शक्तिशाली बकासुर नामक एक दैत्यका आज फिर वध किया है' ॥ २५ ॥

**कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।**
**षट्चत्वारिंशसर्गोऽयमगात्काव्ये स्तवात्मके ॥२६॥**

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्ण चरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह छियालीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ २६ ॥

# सप्तचत्वारिंशः सर्गः

[ भगवतः कर्मणि गोपवर्याणां विचिकित्सा । ]

( स्रग्विणीवृत्तम् )

तैःप्रगीतं तथाभूतमाश्चर्यकृद्गोपकैर्विश्रुतं गीतमेतत् क्षणात् ।
पूरितं तद्वनं वासभूतं गवां शोभते स्माऽव्ययं सत्सु हृद्यं सदा ॥१॥

उन गोपबालकों द्वारा गाया गया वह पूर्वोक्त आश्चर्यजनक विख्यात गीत क्षण-भरमें गोपोंके निवास-स्थान उस वृन्दावनमें व्याप्त हो गया। सत्पुरुषोंको प्रिय लगनेवाला वह अक्षय गीत वहाँ निरन्तर शोभा पाने लगा ॥ १ ॥

ते ततो विस्मितास्तन्निशम्य क्षणं गोपवृद्धाः शिशुस्त्रीभिरेवाऽन्विताः ।
उत्सुकाः सर्वथाऽऽलोकनैः सद्गतिं तं पिबन्तो वपुर्नेत्रपात्रैर्निजैः ॥२॥

उसको सुनकर चकित हुए बड़े-बूढ़े गोप-बालकों और स्त्रियोंके साथ क्षण-भरमें उत्कण्ठित हो, सज्जनोंके आश्रयभूत उन भगवान्का सर्वथा अवलोकन करके उनकी रूप-माधुरीका अपने नेत्र-पुटोंद्वारा पान करते हुए बड़ी शोभा पाने लगे ॥ २ ॥

आदराद्बालकं प्रेक्ष्य भूयोऽपि तेऽतृप्ततर्षाः पुनर्जीवितं भाग्यतः ।
मन्यमानाः सुखं नन्दगोपाङ्गणे सत्सभां कारयित्वाऽऽवसंस्तेऽथ ताम् ॥३॥

भाग्यसे पुनर्जीवित हुए उस बालकको आदर पूर्वक देखकर उनकी दर्शन-पिपासा शान्त नहीं होती थी। वे मन ही मन सुख मानते हुए नन्दगोपके आँगनमें सज्जनोंकी सभाका आयोजन करके उसमें बैठे ॥ ३ ॥

तत्र कैश्चित्ततः स्वाङ्क आधाय तं स्नेहतोऽभाणि सभ्या ! वयं वस्तुतः ।
भाग्यवन्तोऽनिशं गोपकाः स्माऽत्र यत् प्रापितोऽतर्क्यशक्तिः शिशुः शान्तिदः ॥४॥

वहाँ कुछ लोगोंने श्याम-शिशुको बड़े स्नेहसे अपनी गोदमें बिठाकर कहा—'सभामें बैठे हुए गोपगण ! हमलोग वस्तुतः सदा ही यहाँ बड़े भाग्यवान हैं, जोकि हमें यह अतर्क्य-शक्तिशाली शान्तिदायक शिशु प्राप्त हो गया है ॥ ४ ॥

पश्यताऽस्य व्रजेशस्य पुत्रस्य यन्मृत्युदा हेतवोऽसंख्यकाश्चाऽभवन् ।
दृष्टमस्माभिरादौ व्रजेऽत्राऽपि भो क्षेममेवाऽभवत् किन्तु भाग्यैर्हि नः ॥५॥

'देखो, व्रजराजके इस पुत्रके लिए असंख्य मृत्युदायक कारण प्रकट हुए। हमने पहले भी देखा है और यहाँ भी हम देख रहें हैं। परन्तु हमारे भाग्यसे इस शिशुका सदा कल्याण ही हुआ है ॥ ५ ॥

शत्रुभिर्दुष्टकैस्तैः पुरा दुष्कृतं यत्कृतं तत्फलं प्राप्तमेतद्विधम् ।
येन तेषामभूद्विप्रियं सर्वथा दुष्टता भक्षयत्येव तान् पश्यत ! ॥६॥

उन दुष्ट-शत्रुओंने पहले जो दुष्कर्म किया उसका फल उन्हें उनके कर्मानुसार मिल गया। जिससे सर्वथा उनका अप्रिय ही हुआ है। देखो, उनकी दुष्टता उन्हें ही खाए जा रही है ॥ ६ ॥

आगता यं निहन्तुं हि दुष्टाः स्वयं ते पतङ्गा यथाऽग्नौ विनश्यन्ति च ।
क्रूररूपा इमे नैनमाक्रामितुं शक्नुवन्त्यागताः किन्तु चाऽऽयान्ति च ॥७॥

इसे मारनेके लिए जो दुष्ट लोग आए, वे स्वयं ही आगमें गिरे हुए पतंगोंके समान नष्ट हो गए। आने पर वे क्रूर-रूपधारी असुर इसको दबा तो नहीं पाते हैं, परन्तु इसपर आक्रमण करनेके लिए आते अवश्य हैं ॥ ७ ॥

ब्रह्मकल्पा महान्तोऽपि धन्या हि ते भावि ये संवदन्त्यत्र सत्यं सदा ।
गर्ग एवाऽवदत् यत्पुरा नोऽत्र भो ! तत्तथैवाऽभवद् दुर्हृदस्ते मृताः ॥८॥

'ब्रह्मके समान सर्वज्ञ वे महात्मा भी धन्य हैं, जो यहां सदा सत्य-भविष्य बताते हैं गर्गजीने ही यहाँ पहले हमलोगोंसे जो कुछ कहा था वह सब ज्यों का त्यों घटित हुआ है। अन्तमें वे शत्रु ही मारे गए हैं' ॥ ८ ॥

तद्वयं त्रासमुत्सृज्य दुष्टोद्भवं शङ्करं शङ्करं चिन्तयन्तः सदा ।
तद्गुणानेव गीत्वा सुखं स्वैर्जनैः सार्धमत्रापि तिष्ठेम तद्वीक्षिताः ॥९॥

'अतः हमलोग दुष्टोंसे प्राप्त होनेवाले भयको छोड़कर सदा कल्याणकारी भगवान् शङ्करका चिन्तन करते हुए स्वजनोंके साथ सुखपूर्वक उन्हींके गुण गा-गाकर यहाँ भी उनकी कृपा दृष्टिसे सुरक्षित रहें' ॥ ९ ॥

सन्नन्दनन्दा उपनन्दमुख्या इत्थं हरेः कीर्तिकथां प्रगाय ।
आनन्दमग्ना भववेदनां च नैवाऽस्मरन्नस्य दयेद्धचित्ताः ॥१०॥

सन्नन्द, नन्द और उपनन्द आदि गोप इस प्रकार श्रीहरिकी कीर्ति-कथा गाकर आनन्दमग्न हो, उन्हींकी दयासे समृद्धचित्त होकर कभी सांसारिक वेदनाका स्मरण नहीं करते थे ॥ १० ॥

गोप्यस्तथैवाऽर्भकसंयुतास्ता गृहे गृहे तच्छिशुकृत्यचर्चाम् ।
कुर्वन्त आसन् मुदिताः सुखाब्धौ निमज्जमाना हृदयं समर्प्य ॥११॥

इसीप्रकार गोपाङ्गनायें घर-घरमें अपने बालकों सहित उस नन्द-शिशुके चरित्रोंकी चर्चा करती हुई उन्हींको अपना हृदय समर्पित कर सुखके सागरमें निमग्न हो प्रसन्न रहा करती थीं ॥ ११ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
अगात्सर्गोऽप्ययं सप्तचत्वारिंशः स्तवात्मके ॥१२॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्ण चरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह सैतालीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ १२ ॥



# अष्टचत्वारिंशः सर्गः

[ भगवतो वृन्दावनविहारः । तत्र सखिभिः समं नानाविधाभिः खेलाभिः खेलनम् ]

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

गोपालराजतनयः स्वविनोदधन्यो जागर्ति नित्यमसमो निजकालशक्त्या ।
यस्मिन्नमूर्त इह मूतजगद्विकारा भावाश्च तेऽपि जलबुद्बुदवद्भवन्ति ॥१॥

गोपालराज-कुमार श्रीकृष्ण अपने लीला-विनोदके कारण धन्य हो रहे हैं। उनकी समता नहीं है। वे अपनी कालशक्तिद्वारा सतत जागरूक रहते हैं। यद्यपि वे अमूर्त हैं, तथापि उनमें मूर्त जगत्के भाव-विकार जलमें बुलबुलेके समान प्रकट होते रहते हैं ॥ १ ॥

वृन्दावने स्वसखिभिर्वृत एष तिष्ठन् कुर्वंश्च सज्जनहृदाऽप्यवितर्क्य कर्म ।
आविश्चकार बहुधा सुरसाधुवर्गेष्वात्मानमग्निरिव दारुषु हन्त ! योऽत्र ॥२॥

वृन्दावनमें अपने सखाओंसे घिरे रहकर वे श्याम ऐसे ऐसे कर्म करते थे जो संत-महात्माओंके चित्तके लिए भी अतर्क्य थे। उन्होंने देवताओं तथा साधु-समुदायमें अपने आपको बहुविध रूपोंमें प्रकट किया था। ठीक वैसे ही, जैसे एक ही अग्नितत्त्व अपनेको विविध काष्ठोंमें प्रकट करता है ॥ २ ॥

सोऽयं कदाचिदुषसि प्रतिबुध्य गोष्ठाद्वत्सान् विमुच्य सुविभूषित आत्मतन्त्रः ।
आदाय शिक्यनिहितं हितमात्मभक्ष्यं तद्भक्षणार्थमिह चारयितुं जगाम ॥३॥

वे ही ये स्वतन्त्र भगवान् श्रीकृष्ण एक दिन प्रातःकाल ब्रह्म-वेलामें जाग उठे और वस्त्राभूषणोंसे विभूषित हो गोष्ठसे बछड़ोंको खोलकर छीकेमें रखे हुए अपने लिए हितकर कलेवेको वनमें ही ग्रहण करनेके उद्देश्यसे लेकर उन्हें चरानेके लिए गये ॥ ३ ॥

किन्त्वग्रजस्य तदमुष्य बलस्य पुण्यं जन्मर्क्षमापतितमद्य तदर्थमेषः ।
नैवागमत् सममिहाऽनुजवत्सपेन संरुद्ध एव जननीभिरसौ गृहेषु ॥४॥

किन्तु उस दिन उनके बड़े भाई बलरामका पुण्यमय जन्मनक्षत्र आ गया था, उसके कारण वे अपने छोटे भाई वत्सपाल कृष्णके साथ वनमें नहीं गए। माताओंने उन्हें घरमें ही रोक लिया था ॥ ४ ॥

आस्तां ! तदात्मभवनप्रतिहारमेत्य निष्कास्य कक्षगतशृङ्गमुदार एषः ।
श्वासानिलैर्विधिनिषेधमयैर्जगद्वत् तत्पूरयन् प्रियसखांस्तत आजुहाव ॥५॥

अस्तु, ये उदार श्रीकृष्ण अपने घरके दरवाजेपर आकर कक्षमें रखे हुए सिंगेको निकालकर, जैसे विधि-निषेधमय वेद वाक्यरूप-निःश्वसितसे जगत्‌को पूरित करते हैं, उसी प्रकार अपनी श्वास-वायुसे उस वाद्ययन्त्रको पूरित करके प्रिय-सखाओंको पुकारने लगे ॥ ५ ॥

तच्छृङ्गनाद उषषि प्रथिमानमेत्य बभ्राम हन्त ! भुवनान्यभितो विधाय ।
आब्रह्मकीटभवजीवगतान् गुणज्ञांस्तद्वादकस्य कृतिदर्शनलुब्धवृत्तीन् ॥६॥

उस कालमें प्रकट हो प्रथिमा ( वृद्धि ) को प्राप्त होकर वह श्ृङ्गनाद सारे भुवनमें सबओर फैलने लगा। उसने ब्रह्मासे लेकर कीटपर्यन्त समस्त गुणज्ञ सांसारिक जीवोंको उसके बजानेवाले कला-कारके चरित्रोंको देखनेके लिए लुब्ध कर दिया ॥ ६ ॥

आकर्षितास्तत इमेऽद्य भृशं विमुग्धा आजग्मुरित्थमसमं तमरण्यभागम् ।
स्थित्वाऽन्तरिक्ष इह तेऽपि शिशोरमुष्य लीलां विलोकयितुमुत्सुकतामगृह्णन् ॥७॥

उस श्रृङ्गनादसे इसप्रकार आकर्षित तथा अत्यन्त मुग्ध हुए वे दिव्यलोकोंके प्राणी उस अनुपम वन प्रान्तमें आये और आकाशमें स्थित हो उस श्याम-शिशुकी लीलाका अवलोकन करनेके लिए उन्होंने अतीव उत्कण्ठा ग्रहण की ॥ ७ ॥

संश्रुत्य तद्रवमितोऽस्य वयस्यबाला गोवत्सपास्तदनु संस्मृतगोपकृत्याः ।
स्वं प्रातराशममृतं जननीप्रदत्तं संगृह्य चान्वगुरमुं परिमुच्य वत्सान् ॥८॥

सिंगेकी उस ध्वनिको सुनकर बछड़े चरानेवाले श्याम-सखा ग्वाल-बाल अपने गोपकृत्यका स्मरण करके माताओंके दिये हुए अपने अमृतोपमा कलेवेको लेकर उसके पीछे बछड़े खोल चल दिये ॥ ८ ॥

आगत्य चाऽस्य चरणद्वयसन्निधिं तं सम्प्राप्य योगिमुनिभिश्च सुखादलभ्यम् ।
आश्लिष्य तत्प्रणयभारनता वयस्या नेत्रैः पिबन्त इव कृष्णममुं विरेजुः ॥९॥

योगी-जन भी जिसे सरलतासे नहीं पा सकते उस श्यामके युगल चरणारविन्दोंके सामीप्यको पाकर वे अपने नेत्रपुटोंसे श्रीकृष्णकी रूप-माधुरीका पान करते हुए सुशोभित होने लगे ॥ ९ ॥

वत्सा गता इत उपेन्द्रमिमं निरीक्ष्य तद्वत्सवर्गमभितो मिलितुं गुणाढ्याः ।
इत्थं ममज्जुरिह बालकवत्सवर्गाः संख्यामतीत्य तदरण्यनिभे सुखाब्धौ ॥१०॥

गुणवान् बछड़े इन उपेन्द्रका दर्शन करके उनके वत्स-समुदायमें मिलनेके लिए चले गए। इस प्रकार बालकों और बछड़ोंके समूह, जो असंख्य थे, उस वनके सुखके तुल्य सागरमें निमग्न हो गये ॥ १० ॥

तद्ब्रह्म केवलमनन्तमनेकरूपैरंशैः स्वजीवनिवहैः पशुबालकैस्तैः ।
चिक्रीड तत्र वयमत्र यथा कुभावैः क्रीडाम इत्थमनिशं त इव स्वभावैः ॥११॥

वह केवल ( अद्वितीय ) अनन्त ब्रह्म अपने अनेक रूपवाले अंशभूत जीव-समुदायोंके प्रत्येक उन गोपबालकोंके साथ उसी प्रकार क्रीडा करने लगा, जैसे यहाँ हमलोग कुभावोंके साथ अपने स्वभावानुसार खेला करते हैं ॥ ११ ॥

तस्येच्छया तत इमे स्फुरदात्मरूपाः प्राग्भूषिता अपि गृहे जननीभिरेषाम् ।
आत्मानमत्र च पुनर्विविधैरुपायैः संभूष्य तेन सममद्य बभुर्निकामम् ॥१२॥

तदनन्तर भगवान्की इच्छासे प्रेरित हो ये आत्मस्वरूपसे प्रकाशित होनेवाले ग्वाल-बाल, यद्यपि घरपर अपनी माताओं द्वारा विभूषित किये गए थे, तथापि पुनः विविध उपायोंद्वारा अपने आपको अलंकृत करके उन श्यामसुन्दरके साथ आज विशेष शोभा पाने लगे ॥१२॥

प्रागेष आत्मनिधिरव्यय ईशकृष्णो गुञ्जावतंसकृतभूषणधातुचित्रः ।
स्वं कृष्णमेघनिभगात्रमपि स्वयुक्त्या श्वेतं यथा परिनिदर्श्य सखीन् रराज ॥१३॥

ये अविनाशी ईश्वर कृष्ण समस्त जीवात्माओंकी निधि हैं। पहले इन्होंने ही गुञ्जाका कर्णभूषण धारण करके विविध धातुओंसे अपनेको चित्रित किया। यद्यपि उनका श्रीविग्रह मेघके समान श्याम था, तथापि ये युक्तिसे अपने-स्वरूपको सखाओंके समक्ष श्वेतरूपमें दिखाकर सुशोभित हुए ॥ १३ ॥

पश्चाद् भ्रमन् स इह बालकमण्डलीषु संदृश्य तत्र च कलापिकलापमुक्तम् ।
पिच्छांशमेकमवगृह्य मुदा तमेष आधात् स्वमूर्धनि समीड्यपदो महात्मा ॥१४॥

तत्पश्चात् बालमण्डलीमें रहकर इस वनमें भ्रमण करते हुए श्यामसुन्दरने वहाँ मोरसमूहोंके द्वारा परित्यक्त एक पंख देखा और उसे प्रसन्नतापूर्वक लेकर अपने शिरपर धारण कर लिया। वे भगवान् परमात्मा हैं और बड़े-बड़े ऋषि-मुनियोंके द्वारा उनके चरणारविन्दोंकी स्तुति की जाती है ॥ १४ ॥

ध्यानायनं भवदवानलपीडितानामाब्रह्मकीटगतजीवसमूहकानाम् ।
शान्तिप्रदं स्ववपुरद्य मलघ्नमेवं सम्पाद्य सोऽत्र शुशुभे कृतदिव्यलीलः ॥१५॥

संसाररूपी दावाग्निसे पीड़ित जो ब्रह्मसे लेकर कीटपर्यन्तके जीव-समूह हैं, उनके लिए ध्येय, शान्तिप्रद तथा मलविक्षेप आदिके नाशक अपने श्रीविग्रहको ऐसे सुन्दर रूपसे विभूषित करके दिव्यलीलाका आविष्कार करनेवाले वे भगवान् मुकुन्द वहाँ वृन्दावनमें अद्भुत शोभा पा रहे थे ॥ १५ ॥

दृष्ट्वा तथाविधममुं प्रियबालकास्ते ह्यात्मानमप्यतिमनोज्ञमभूषयंश्च ।
पुष्पैः प्रवालफलकैः स्तवकैश्च पिच्छैर्गुञ्जासुवर्णमणिधातुभिरिष्टकाचैः ॥१६॥

उन श्याम-सुन्दरको इस प्रकार विभूषित हुआ देख उनके प्रिय सखा ग्वाल-बालोंने भी अपने आपको विभूषित करके अत्यन्त मनोरम बना लिया। उन्होंने फूलों, नूतन-पल्लवों, फलों, पुष्पगुच्छों, मोरपंखों, गुञ्जाओं, सुवर्णों, मणि-रत्नों, धातुओं तथा अपनी पसन्दके काँचों ( शीशों ) द्वारा अपना शृङ्गार किया था ॥ १६ ॥

ते तद्विधाः सुकविनाटकहास्यपात्राणीवाऽऽबभुस्तदनु खेलन उत्सुकाश्च ।
अन्योन्यवस्तुहरणे दृढदत्तचित्ताश्चिक्रीडुरेवममुना सममत्र कामम् ॥१७॥

वे उस प्रकार सजकर श्रेष्ठ-कविके द्वारा निर्मित नाटकोंके हास्य अभिनेताकी भांति शोभा पाने लगे। तत्पश्चात् खेलनेके लिए उत्सुक हो, वे एक दूसरेकी वस्तुओंके अपहरणमें दृढ़तापूर्वक दत्तचित्त हो गए और श्यामसुन्दरके साथ वहाँ इच्छानुसार खेलने लगे ॥ १७ ॥

केनाऽपि कस्यचिदहो! प्रियशिक्यमेव प्रेम्णा व्यहारि तत एष हरन्तमेनम् ।
विज्ञाय तं त्वभिगतो लघु तद्ग्रहीतुं चिक्षेप तद् स पुनरन्य इतो जहार ॥१८॥

अहो! किसी बालकने किसी दूसरे बालकके प्रिय छींकेको प्रेमसे ही हर लिया। तब उसने उस अपहरण करनेवालेको पहचान कर तुरन्त उसे वापस लेनेके लिए उसका पीछा किया। यह देख उसने उस छींकेको फेंक दिया। फिर वहाँसे दूसरा ही उसे उठा ले गया ॥ १८ ॥

एवं भ्रमन् हृतपदार्थक एष बालो दीनो यदाऽभवदिमे तदिमं प्रदर्श्य ।
संल्लोभ्य तं पुनरिह प्रविहस्य तावत्तस्मै ददुः स्वहृतवस्तु सुखेन भूयः ॥१९॥

इस प्रकार जिसकी वस्तु चोरी गई थी वह बालक भटकता हुआ, जब दुःखी होने लगा, तब इन बालकोंने वह वस्तु उसे दिखाकर और उसके लिए फिर बार-बार उसे लुभाकर जोर-जोरसे हँसते हुए वह अपहृत-वस्तु फिर उसे सुखपूर्वक लौटा दी ॥ १९ ॥

द्रष्टुं यदैव भगवांस्तदरण्यशोभां याति स्म दूरममुमत्र निरीक्ष्य बालाः ।
तत्स्पर्शने स्थिरधियो धृततीव्रकामाः संस्पृश्य तं मुमुदिरे परिधावमानाः ॥२०॥

जब भगवान् वनकी शोभा देखनेके लिए दूर निकल जाते तब उन्हें देखकर वे ग्वाल-बाल उन्हें छूनेका विचार करके उनके स्पर्शकी तीव्र कामना मनमें लिए दौड़ते और उन्हें छूकर आनन्दित होते थे ॥ २० ॥

वेणून् प्रवाद्य मधुरं ससुखं प्रगाय चिक्रीडुरत्र बहुधा व्रजगोपबालाः ।
आध्माय शृङ्गमपि केचिदिमे सहर्षं तद्गुञ्जितं वनमकार्षुरहो! तदानीम् ॥२१॥

वेणु बजाकर और सुखपूर्वक मधुर गीत गाकर वे व्रजगोप-बालक वहां नाना प्रकारकी क्रीड़ायें करने लगे। कितने ही बालक सहर्ष सींगे बजाकर उस समय उस वनको गुञ्जायमान कर देते थे ॥ २१ ॥

भृङ्गैः समं तदनुकृत्य जगुश्च केचित् केचिद् द्रुतं परभृतैः कुहुरित्यगायन् ।
केश्चित् खगानभिविलक्ष्य खगांस्तथैव कृत्वा प्रसार्य भुजयुग्ममिमेऽप्यधावन् ॥२२॥

कुछ बालक भ्रमरोंके साथ उनकी बोलीका अनुकरण करके गुनगुनाते थे। कुछ कोकिलोंके साथ उनकी कूककी नकल करते हुए कुहू, कुहूके, स्वरमें गाते थे। कुछ ग्वाल-बाल आकाशमें उड़ते हुए पक्षियोंको लक्ष्य करके वैसी ही चेष्टा करते हुए अपनी दोनों भुजायें पंख सी फैलाकर दौड़ते थे ॥ २२ ॥

दृष्ट्वा स्थलेऽपि च जलेऽपि च संचरन्तं कैलासशृङ्गधवलं कलहंसवृन्दम् ।
प्रेम्णा स्वयं तदनुकृत्य विलासहासैर्गत्या च जग्मुरिह तच्च विहस्य केचित् ॥२३॥

स्थल और जलमें भी विचरते हुए हिमाच्छादित कैलाश-शिखरके समान श्वेतवर्णवाले कलहंस समूहको देखकर कुछ ग्वाल-बाल हास-विलास और गतिके द्वारा प्रेमपूर्वक स्वयं उसकी नकल करके हँसते हुए उसके पीछे-पीछे जाते थे ॥ २३ ॥

दृष्ट्वा बकान् सततलक्ष्यनिबद्धचित्तान् गत्वा च तत्र निभृतं धृतधैर्यसाराः ।
बालास्तु तांश्च परिहस्य तथैव शान्त्या तत्राऽवसंस्तदनुकृत्य हरिं स्मरन्तः ॥२४॥

बगुलोंको सदा लक्ष्यमें निबद्ध-चित्त देख वहां जाकर एकान्तमें धैर्यधारण करके गोपबालक उन बगुलोंकी हँसी उड़ाकर उन्हींके समान उनके ध्यानका अनुकरण करते हुए वहां भगवान् हरिके स्मरणमें संलग्न होकर बैठ जाते थे ॥ २४ ॥

नृत्यन्तमत्र विधिवत् सकलं कलापं सम्यक् प्रसार्य खगवर्यकलापिनं तम् ।
संप्रेक्ष्य केचिदमुमेव हसन्त उच्चैर्बाहू प्रसार्य ननृतुर्ह्यनुकृत्य तद्वत् ॥२५॥

उस वनमें अपनी सारी पांखें भली-भांति फैलाकर विधिवत् नृत्य करते हुए श्रेष्ठ पक्षी मयूरको देखकर कुछ बालक उसीकी हँसी उड़ाते दोनों बाँहे ऊपर फैलाकर उसीका अनुकरण करते हुए वैसा ही नृत्य करने लगते थे ॥ २५ ॥

शाखामृगानथ विलोक्य तदर्भकांश्च लाङ्गूलमध्यमवगृह्य विकृष्य चेमान् ।
आक्रष्टुमन्तिकमशक्ततयाऽऽत्मसत्त्वात्तैरेव सार्धमभवंस्तरुगाश्च केचित् ॥२६॥

कोई-कोई गोपबालक बन्दरों और उनके बच्चोंको देखकर उनकी पूँछ पकड़ लेते और अपनी शक्तिसे उन्हें पास खींच लानेमें असमर्थ होनेके कारण स्वयं ही उनके साथ खींचकर वृक्षपर चले जाते थे ॥ २६ ॥

स्वांस्तादृशानभिविलक्ष्य निजैर्विकारैः क्रोधात्कृतैरुपहसन्त इमान् कपींश्च ।
केचित् क्षणात्तदनुकृत्य हसन्त उच्चैरुत्पेतुरत्र विटपाद्विटपं तथैव ॥२७॥

अपने बच्चोंको इस प्रकार सताए जाते देख वे बानर जब क्रोधपूर्वक कटकटाते और मुँह बनाते तो उन विकारोंसे युक्त इन कपियोंका उपहास करते हुए कुछ ग्वाल-बाल जोर जोरसे हँसते और उनकी नकल करके क्षण-भरमें ऊँचे उछलकर एक शाखासे दूसरी शाखा पर पहुँच जाते थे ॥ २७ ॥

दृष्ट्वाऽथ केचिदिह भेकगणां सुदूरमुल्लङ्घ्य यान्तमनुकृत्य तथा ह्यकुर्वन् ।
केचित्तु निर्झरजलेषु सरित्सु चैव स्नात्वा विशुद्धतनवो रुचिरा अभूवन् ॥२८॥

कुछ ग्वाल-बाल मेढकोंके समूहको बहुत दूरतककी भूमिको कूदकर लाँघते और जाते देख उनका अनुकरण करके स्वयं भी वैसा ही करते थे। कोई-कोई गोप-शिशु झरनों और नदियोंके जलोंमें नहाकर शुद्ध हो, सुन्दर हो जाते थे ॥ २८ ॥

छायां निरीक्ष्य विधृतात्मगतिं शुभां स्वां केचित्तु तामपि हसन्त इमे त्वखेलन् ।
कस्त्वं निगद्य तदिदं प्रतिनादमस्य श्रुत्वा पुनस्तमपि शेपुरमीषु केचित् ॥२९॥

इनमेंसे कोई बालक अपनी गतिका अनुसरण करने वाली अपनी ही सुन्दर परछाईं देखकर उसकी भी हँसी उड़ाते हुए खेलते थे। कोई पूछ बैठते—'तुम कौन हो' ? फिर जब वनमें अपनी ही शब्दकी प्रतिध्वनि सुनते तो उस ध्वनि करने वालेको ही कोसते थे ॥ २९ ॥

इत्थं विशुद्धमनसो व्रजबालकास्ते यैः पूर्वजन्मनि कृतं तप आत्मनीनम् ।
चिक्रीडुरत्र हरिणा सममस्य दास्यं सम्पाद्य दुर्लभतरं सुभगत्वमाप्य ॥३०॥

इस प्रकार वे विशुद्ध चित्तवाले व्रजबालक, जिन्होंने पूर्वजन्ममें अपने लिए हितकर तप किया था, भगवान्के साथ क्रीड़ा करते थे। वे उसका दास्य-भाव प्राप्त करके अत्यन्त दुर्लभ सौभाग्यके भागी हो गए थे ॥ ३० ॥

तत्क्रीडनं भुवनवन्द्यममोघमासीदानन्दधाम वचसा मनसाप्यतर्क्यम् ।
यद्ब्रह्म चिन्मयमुशन्ति बुधास्तदेव चिक्रीड यैः सममिहाऽपि सखिस्वरूपम् ॥३१॥

उनकी वह भुवनवन्द्य क्रीड़ा अमोघ थी। आनन्दका धाम हो गई थी और वाणी तथा मनके लिए भी अतर्क्य थी। विद्वानलोग जिस चिन्मय ब्रह्मकी कामना करते हैं, वही वहाँ उन बालकोंके साथ उन्हींका सखा बनकर क्रीड़ा कर रहा था ॥ ३१ ॥

अनेकजन्मोपचितैः शुभैः शिवैर्ब्रह्मर्षिभिश्चाऽपि यदस्य पद्रजः ।
न लभ्यते ध्यानपथस्थितैरपि तदेभिरेवं व्यतनोत् स्वकं यशः ॥३२॥

अनेक जन्मोंके उपार्जित शुभ-कर्मोंके फलस्वरूप शिव, ब्रह्मा तथा ऋषि, मुनि ध्यानस्थ होकर भी जिसके चरणोंकी धूल नहीं उपलब्ध कर पाते, वही ब्रह्म इन बालकोंके साथ अपने यशका विस्तार कर रहा था ॥ ३२ ॥

व्रजगोपालबालानां तस्मादत्र कथैव का ।
तल्लीलावक्तृश्रोतृणां साभवेद्भक्तिवर्धिका ॥३३॥

अतः व्रजके गोप-बालकोंकी यहाँ कथा ही क्या कही जाय । जो उनकी लीला ही वक्ता और श्रोताओंकी उत्तम-भक्तिको बढ़ानेवाली है ॥ ३३ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
अगात् सर्गोऽप्ययं चाऽष्टचत्वारिंशः स्तवात्मके ॥३४॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति ‘श्रीकृष्णचरितामृत’ नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह अड़तालीसवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ३४ ॥



# एकोनपञ्चाशः सर्गः

[ श्रीरामेण विना गोवत्सांश्चारयितुं गतस्याऽस्य भगवतो हिंसनार्थं तत्राऽघासुरस्याऽऽगमनम्।
तस्याऽजगररूपधारणम्। तन्मुखे गोवत्सपानां तेषां श्रीकृष्णस्य च प्रवेशः। ]

( भुजङ्गप्रयातवृत्तम् )

प्रसिद्धो धरायामघो नाम दुष्टस्तदासीन्महान् दैत्य एको विशिष्टः।
बलिष्ठश्च हिंस्रस्तथा कामरूपः प्रियो भोजराजस्य मित्रं कुलघ्नम् ॥१॥

पृथ्वीपर अघासुर नामसे प्रसिद्ध एक दुष्ट महान् दैत्य रहता था, जिसका असुरोंमें विशिष्ट स्थान था। वह जैसा बलिष्ठ था, वैसा ही हिंसक भी था। उसमें इच्छानुसार रूप-धारण करनेकी शक्ति थी। वह भोजराज कंसका कुलघातक मित्र था ॥ १ ॥

भयेनैव यस्य प्रसिद्धाः सुराश्च समुद्विग्नचित्ता भवन्ति स्म सर्वे।
कदाऽयं म्रियेतेति पीतामृतास्ते शपन्ति स्म तं यस्य वीर्येण पिष्टाः ॥२॥

उसके भयसे ही समस्त सुप्रसिद्ध देवता भी उद्विग्न चित्त रहते थे। वे उसके बल-पराक्रमसे ऐसे पीसे गये थे कि अमृत पीनेके बाद भी अपना जीवन सुरक्षित नहीं मानते थे और 'यह दुष्ट कब मर जायेगा' इस प्रकार उसे शाप दिया करते थे ॥ २ ॥

गतोऽसौ कदाचित् स्वमित्रस्य सद्म सुखं कंसराजेन संस्थापितश्च।
कथास्त्वत्र शुश्राव तस्याऽग्रजौ द्वौ हतौ गोपबालेन कृष्णेन चेति ॥३॥

एक दिन वह अपने मित्र कंसके भवनमें गया। राजा कंसने बड़े सुखसे अपने पास बिठाया। वहां उसे यह चर्चा सुननेको मिली कि उसके दो अग्रज, बहिन और भाई, गोपबालक कृष्णके हाथसे मारे गये हैं ॥ ३ ॥

जगत्ख्यातवीर्याऽग्रजा पूतना सा बकश्चाऽग्रजो घोरवीर्यो ममाऽसौ।
कथं वा मृतौ तस्य बालस्य हस्ताद्विचार्याऽघ एवं बभूद् ध्यानमग्नः ॥४॥

'मेरी बड़ी बहिन वह पूतना थी, जिसका बल, पराक्रम संसारमें विख्यात था तथा मेरा बड़ा भाई वह बकासुर था, जिसका बल, विक्रम भयंकर था। वे दोनों उस गोप-बालकके हाथसे किस तरह मरे? यह विचार कर अघासुर ध्यानमग्न हो गया ॥ ४ ॥

तदा तस्य दुष्टस्य नेत्रान्तराले स्फुरज्ज्योतिरेकोऽर्भकश्चित्स्वरूपः।
सदानन्ददातोदभूदेष तस्मै प्रदायाऽतुलं सौख्यमक्रीडदत्र ॥५॥

इसी समय उस दुष्टके नेत्रोंके बीच एक सच्चिदानन्दमय बालक प्रकट हुआ, जिसका तेज प्रकाशित हो रहा था। वह सदानन्ददाता गोप-किशोर उसे अनुपम सौख्य प्रदान करके वहाँ क्रीड़ा करने लगा॥ ५॥

अपश्यच्च दिष्ट्याऽऽद्यमद्याऽघ एष स्वपूर्णाऽऽसुरेणाऽपि भावेन पूर्णम् ।
तथाऽप्यत्र संरम्भयुक्तेन तेन न किञ्चिद्विमृष्टं न वा हृत् प्रदत्तम् ॥६॥

सौभाग्यकी बात है कि आज अघासुरने उन पूर्णतम आदिपुरुषका दर्शन किया। यद्यपि यह दर्शन उसने अपने परिपूर्ण आसुर-भावसे ही किया था। दर्शन कर लेनेपर भी रोषावेशसे युक्त हुए उस असुरने, न तो कुछ विचार किया, और न उठा और न भगवान्को अपना हृदय ही अर्पित किया॥ ६॥

किमेतन्मया दृश्यते सत्स्वरूपं महानन्दपूर्णं शिशोरद्भुतं यत् ।
असौ कः पुनः स्यात् ममात्माऽपि येन तथाऽऽकृष्यते मोहयित्वा यथेह ॥७॥

सोचने लगा—'यह मैं क्या देख रहा हूँ? शिशुका जो अद्भुत एवं परमानन्दसे परिपूर्ण सत्स्वरूप है, वह क्या है? वह कौन हो सकता है? जिसने, मानो मुझे मोहमें डालकर मेरी अन्तरात्माको भी अपनीओर खींचना आरम्भ कर दिया है॥ ७॥

विरुद्धं तदेतत्तमोज्योतिषोर्यत्तथाऽऽस्ते स्वभावो ममाऽस्याऽर्भकस्य ।
तथापीह मां कर्षतेऽयं ममात्मा स्वयं गन्तुकामोऽस्ति तत्रैव किं स्यात् ? ॥८॥

'जैसे अन्धकार और प्रकाशका विरोधी स्वभाव है, उसी प्रकार मेरा और इस बालकका स्वभाव एक दूसरेके विपरीत है। तथापि यह मुझे यहां इस तरह आकर्षित कर रहा है, मानों मेरा आत्मा हो। मैं स्वयं भी इसकीओर जानेके लिए उत्सुक हो रहा हूँ। यह क्या हो सकता है'?॥ ८॥

ततोऽभाणि कंसेन मध्ये स दैत्यो विचारे निमग्नोऽपि भो ! रामकृष्णौ ।
तथाऽऽसात एतौ निहन्तुं व्रजं त्वमितो गच्छ शीघ्रं सहैभिः स्वभृत्यैः ॥९॥

तब विचारमें डूबे हुए उस असुरसे कंस बीचमें ही बोल उठा—'प्रिय मित्र ! सुनो ! बलराम और कृष्ण वनमें ही रहते हैं। तुम इन दोनोंको मार डालनेके लिए यहांसे अपने इन सेवकोंके साथ शीघ्र ही व्रजको जाओ'॥ ९॥

निशम्याऽस्य वाक्यं प्रियं दैत्यवर्यस्तृणेऽग्निर्यथा प्रज्ज्वलन् क्रोधवेगात् ।
मृतौ स्वाग्रजौ संस्मरन् खिन्नचित्तो जगामाऽथ वृन्दावनं तौ निहन्तुम् ॥१०॥

कंसकी यह प्रिय लगनेवाली बात सुनकर वह महान् दैत्य तिनकेमें लगी हुई आगके समान क्रोधके वेगसे जल उठा। अपने मरे हुए ज्येष्ठ भाई और बहनोंको याद करके उसका

चित्त खिन्न हो उठा और वह राम और कृष्ण, दोनोंका वध करनेके लिए वृन्दावनको चल दिया ॥ १० ॥

भ्रमित्वा चिरं तद्वनं प्रेक्ष्य सर्वं ह्यदृष्ट्वाऽत्र तावेष तत्राऽऽजगाम ।
समं स्वांशभूतैः प्रियैर्गोपबालैर्हरिर्यत्र याऽऽसीत्तथारूप ईशः ॥११॥

सारे वनमें चिरकाल तक भ्रमण करनेके बाद उसने सब कुछ देखा, परन्तु वहां कृष्ण नहीं दिखाई दिए। तब वह उस स्थानपर आया, जहां अपने अंशभूत प्रिय ग्वाल-बालोंके साथ पूर्वोक्त-रूपवाले वे ईश्वर श्रीहरि विराजमान थे ॥ ११ ॥

निरीक्ष्याऽत्र तं दृष्टपूर्वं स्वदेहे विशुद्धाख्यचक्रे समुद्भूतरूपम् ।
प्रसन्नोऽभवद् दैत्यवयस्तदानीं स एवेत्यसौ मन्यमानो विमृश्य ॥१२॥

उसने अपने शरीरके विशुद्ध-चक्रमें पहले प्रकट हुए जिनके रूपको देखा था, उन्हींको यहां देखकर उस दैत्यराजको बड़ी प्रसन्नता हुई। उसने उस समय सोच-विचार कर यह निश्चय किया कि 'वह यही है' ॥ १२ ॥

ततः सोऽत्र संचिन्तयामास भूयो द्वयोरेक एवाऽस्त्यसौ कृष्णबालः ।
यमाश्रित्य बालाः स्वखेलाभिरित्थं रमन्तेऽस्य शक्त्यैव विस्मृत्य विश्वम् ॥१३॥

फिर उसने विचार किया कि यहां तो दोनोंमेंसे एक ही बालक है, जो कृष्ण-वर्णका है। उसीका आश्रय लेकर सारे ग्वाल-बाल इसकी योग-शक्तिके प्रभावसे सम्पूर्ण विश्वको भूलकर अपने खेल-कूदमें इस प्रकार रमे हुए हैं ॥ १३ ॥

ममाऽसौ महाञ्छत्रुरेको विशिष्टो मया तूर्णमेवाऽत्र हन्तव्य एषः ।
यदा हन्यतेऽयं तदैवाऽस्य हृद्याः सखायश्च नश्यन्ति नो चेन्निहन्मि ॥१४॥

यह एक ही मेरा सबसे महान् और विशिष्ट शत्रु है। अतः मुझे तुरन्त ही यहां इसका वध कर देना चाहिए। ज्योंही यह मारा जायेगा, त्योंही इसके सारे मनोरम सखा भी नष्ट हो जायेंगे। यदि नहीं नष्ट हुए तो मैं उनको भी मार डालूंगा ॥ १४ ॥

हतेष्वेषु बालेषु रक्तैः समांसैरमीषां जलाक्तैस्तिलैश्चैव सार्धम् ।
मया दीयते पिण्ड आभ्यां सवारि तदा शान्तिमाप्नोम्यहं शोधितर्णः ॥१५॥

इन बालकोंके मारे जाने पर इनके जलसे भीगे हुए रक्त और मांससे तिलके साथ मैं अपने भाई-बहनोंको जलसहित पिण्ड दूँगा। ऐसा करनेपर ही उनके ऋणसे उऋण हो, मैं शान्ति प्राप्त करूँगा ॥ १५ ॥

इतो नाशमायान्ति सर्वे व्रजस्था विनष्टे शिशूनां गणे चैकवारम् ।
प्रजाः प्राणतुल्या हि तेषां यतस्ते विनश्यन्ति काया यथाऽऽत्मप्रयाणे ॥१६॥

इधर इन बालक-समुदायोंके एक साथ ही नष्ट हो जानेपर समस्त व्रजवासी स्वयं ही नष्ट हो जायेंगे। क्योंकि उनके लिए उनकी सन्तति प्राणोंके समान है जैसे जीवात्माके निकल जानेपर शरीर नष्ट हो जाते हैं, यही दशा उनको भी होगी ॥ १६ ॥

बलाढ्यः स्वतः कामरूपोऽहमस्मि विधृत्येष्टरूपं तदेनं निहन्मि ।
व्यवस्येत्थमादावघः क्रूरभावो बभूवाऽथ दुष्टः शयुर्भीमरूपः ॥१७॥

मैं स्वतः इच्छानुसार रूपधारण करनेमें समर्थ तथा बलवान् हूँ। अतः जो मुझे प्रिय होगा, वैसा रूप-धारण करके इस कृष्ण-शिशुको मार डालूँगा। ऐसा निश्चय करके क्रूरभावनासे युक्त दुष्ट अघासुर भयानक अजगर बन गया ॥ १७ ॥

विचित्रोऽस्य भोगस्तदैवं रराज चतुःक्रोशविस्तारयुक्तो विशालः ।
महाशैलपीनो महेच्छो विषाक्तस्तदङ्गैरुपाङ्गैश्च संपन्न ईदृक् ॥१८॥

उसका विचित्र एवं विशाल शरीर चार कोस लम्बा होकर अद्भुत शोभा पाने लगा। उसकी मोटाई महान् पर्वतके समान थी। वह महत्वाकाङ्क्षा रखनेवाला था। विषसे तो भरा था ही वह अजगर अपने समस्त अङ्गों और उपाङ्गोंसे सम्पन्न था ॥ १८ ॥

तदाऽशोभताऽसौ गुहाव्यात्तवक्त्रो धराभ्रे गतं चौष्ठयुग्मं दधानः ।
गिरेः शृङ्गकल्पस्वदंष्ट्राभिराभिर्विरूपो विशिष्टो ह्यतर्क्यश्च सर्वैः ॥१९॥

उस समय पर्वतकी कन्दराके समान मुँह फैलाकर वह सुशोभित हुआ। उसका एक ओष्ठ पृथ्वीपर और दूसरा आकाशमें स्थापित हो गया था। उसकी दाढ़ें पर्वतके शिखरों-सी जान पड़ती थीं। उनके कारण वह बड़ा ही वीभत्स-रूपवाला और विलक्षण जान पड़ता था। उसका स्वरूप सबके लिए अतर्कनीय था ॥ १९ ॥

विगाढ़ाऽन्धकाराननो मार्गजिह्वः खरश्वासगर्भो ज्वलद्दावनेत्रः ।
तथाकृत्य चाऽऽत्मानमेषां पुरस्तात् स सुष्वाप पथ्यैव तद्भक्षणार्थम् ॥२०॥

उसके मुखमें घनान्धकार भरा हुआ था। उसकी जिह्वा मार्गके समान प्रतीत होती थी। भीतरसे प्रचण्ड साँस चलती थी और उसके दोनों नेत्र दावानलके समान जल रहे थे। ऐसा स्वरूप बनाकर अघासुर इन सबका भक्षण करनेके लिए सामने ही रास्तेपर सो गया ॥ २० ॥

ततो बालकास्तत्र खेलन्त एवं तदाऽऽजग्मुरत्राऽप्यजानन्त इत्थम् ।
स्थितस्याऽस्य दुष्टस्य पार्श्वे भ्रमन्तो ह्यपश्यंश्च सर्वे तथाभूतमेनम् ॥२१॥

तदनन्तर खेलते हुए बालक तत्काल वहाँ आ पहुँचे। 'यहाँ ऐसी माया की गई है' इसका ज्ञान उन्हें नहीं था वे वहाँ पड़े हुए दुष्ट अजगरके पास घूमते-घामते चले आए। फिर उन सबने उसका वैसा रूप देखा ॥ २१ ॥

तदा तर्कयामासुरुत्प्रेक्ष्य सर्वे भ्रमेणैव सत्येऽप्यसत्यं निरूप्य।
श्रियं मन्यमाना वनस्याऽस्य भव्यां समाकर्षिता व्यात्ततुण्डेन तेन ॥२२॥

वे सब उत्प्रेक्षापूर्वक वहाँ तर्क करने लगे। भ्रमसे ही सत्यमें भी उनकी असत्य बुद्धि हो गई थी। वे उस अजगरको वृन्दावनकी कोई भव्य-शोभा मानने लगे। खुले मुँह-वाले अजगरने उन्हें आकर्षित कर लिया था ॥ २२ ॥

अहो ! पश्यतेदं महासत्त्वकूटं पुरस्ताद्दरीवर्ति चाऽस्माकमित्थम् ।
किमस्माकमाश्वेव संभक्षणार्थं शयोर्व्याचतुण्डायते नैतदत्र ? ॥२३॥

अहो मित्रो ! देखो तो सही। यह किसी विशाल जन्तुका पर्वत-शिखर-सा आकार हम लोगोंके सामने इस प्रकार विद्यमान है। क्या हम लोगोंको शीघ्र ही निगल जानेके लिए यह अजगरके खुले हुए मुख-सा जान पड़ता है या नहीं ? ॥ २३ ॥

यदा केचिदित्थं वदन्ति स्म तत्र तदैवाऽवदन्नेवमन्येऽर्भकाश्च ।
वयस्या ! भवद्भिः सदुक्तं यदत्र महासर्पमुत्प्रेक्ष्य वृन्दाश्रियं तु ॥२४॥

जब कुछ बालक वहाँ ऐसा कह रहे थे, तब उसी समय दूसरे बालक यों बोले— 'साथियो ! तुमने ठीक ही कहा है, जो कि यहाँ वृन्दावनकी उस शोभाको एक विशाल सर्पके रूपमें उत्प्रेक्षा की है ॥ २४ ॥

प्रभातार्करक्तप्रभायुक्तमेघो यथा शोभते चोर्ध्वमोष्ठस्तदस्य ।
अधःस्थाऽधरेणाऽपि तद्बिम्बितेन विभात्येष तीरं यथा शैवलिन्याः ॥२५॥

'इसका ऊपरवाला ओष्ठ उसी प्रकार शोभा पाता है, जैसे प्रातःकालके सूर्यकी अरुण-प्रभासे युक्त बादल हो। अपने नीचले अधरसे भी यह उसी तरह सुशोभित होता है, जैसे प्रातःकालिक सूर्यसे प्रतिबिम्बित सरिताका तट शोभा पाता हो ॥ २५ ॥

उभे सृक्किणी यच्छुभे चाऽप्यपूर्वे प्रतिस्पर्धमाने तु दर्याविवाऽऽस्ताम् ।
इमास्तस्य दंष्ट्रा गिरेः शृङ्गकल्पाः समुत्तुङ्गरूपाश्च पश्यन्तु सर्वे ॥२६॥

'सब लोग देखो ! इसके दोनों सुन्दर जबड़े भी अपूर्व ही प्रतीत होते हैं। मानो, दो गुफाओंसे होड़ ले रहें हों। उसकी ये दाढ़ें इतनी ऊँचीं हैं कि पर्वतके शिखरको भी अतिक्रमित कर रहीं हैं ॥ २६ ॥

स्वजिह्वां विनिष्कास्य विस्तीर्य सम्यक् तयैष प्रतिस्पर्धते राजमार्गम् ।
स्वदंष्ट्रान्तरालस्थितांऽधस्तमोभिर्निरुद्धं समुज्जृम्भतेऽस्याऽन्तरास्यम् ॥२७॥

'अपनी जिह्वाको मुँहसे बाहर निकाल और फैलाकर उसकेद्वारा यह किसी राज-मार्गका मुकाबला कर रहा है। इसकी दाढ़ोंके बीचमें स्थित घोर अन्धकारसे इसके मुँहका भीतरी भाग अवरुद्ध जान पड़ता है' ॥ २७ ॥

सुखं भक्षितारण्यसत्त्वैरपक्वैः समुद्भूतदुर्गन्धपूर्णोऽन्तरस्थैः ।
दवाग्नेः सुमित्रं यथा तीव्रवायुर्ह्ययं श्वास एवाऽस्य कृत्यं तनोति ॥२८॥

'इसने सुखपूर्वक जो जङ्गली जीवोंको खा लिया है, वे अभी पचे नहीं हैं । पेटमें पड़े हुए उन जन्तुओंसे ही निकली हुई दुर्गन्धसे यह भरा हुआ है । दावानलका मित्ररूप जो तीव्र वायु बह रहो है, यही इस अजगरके प्रचण्ड श्वासका काम कर रही है" ॥ २८ ॥

मिलित्वाऽऽहुरेवं ततः सर्व एव निविष्टा वयं चेत्तदस्याऽऽस्यगर्भे ।
करिष्यत्यसौ किं ! किमस्मान् प्रविष्टान् ग्रसिष्यत्ययं वा सखायो ब्रुवन्तु ! ॥२९॥

फिर सबने मिलकर ऐसी बात कही—'यदि हमलोग इसके मुखके भीतर प्रविष्ट हो जांय तो यह क्या करेगा ? सखाओ ! बताओ तो सही, क्या ? अपने भीतर घुसनेपर हमलोगको यह निगल जायेगा ? ॥ २९ ॥

करोतीह धार्ष्ट्यं यदाऽयोग्यमेतत्तदा नाशमायात्यसौ पूर्णशक्तेः ।
वयस्यस्य कृष्णस्य कृत्यात् क्षणेन बको दैत्यवन्नष्टशक्तिः समन्तात् ॥३०॥

'यदि यहां यह ऐसी अनुचित घृष्टता करेगा तो तत्काल हमारे पूर्ण शक्तिशाली सखा-कृष्णके प्रयत्नसे बकासुरकी भांति सब ओरसे क्षीण-शक्ति हो क्षणभरमें नष्ट हो जायेगा' ॥ ३० ॥

समुक्त्वा त इत्थं बकारेः प्रसन्नं मुखं वीक्ष्य कान्तं स्वपार्श्वेस्थितस्य ।
करास्फोटनैर्गोपबालाः सवत्साः क्षणादेव तस्याऽऽननान्तः प्रविष्टाः ॥३१॥

ऐसा कहकर अपने पास ही विद्यमान् बकारिके प्रसन्न एवं कान्तिमान् मुखकीओर देखकर ताली पीटते हुए वे ग्वाल-बाल बछड़ोंके साथ ही क्षण-भरमें उसके मुखके भीतर घुस गए ॥ ३१ ॥

इतो दृष्टवान् पूर्णबोधो महात्मा प्रविष्टानिमांस्तस्य वक्त्रेऽन्तकाभे ।
तथा सत्यतत्त्वेऽप्यसत्यं प्रकल्प्य मिथः कथ्यमानं वचश्चाऽशृणोत् सः ॥३२॥

इधर पूर्ण बोधशाली परमात्मा श्रीहरिने देखा कि ये बालक इस अजगरके यमराजके सदृश मुखमें प्रविष्ट हो गये । वे जो सत्यमें असत्यकी कल्पना करके परस्पर बातचीत करते थे, उसे भगवान्‌ने सुन लिया था ॥ ३२ ॥

समेषां जगत्तस्थुषां प्राणिनां यः परात्मा तथाऽन्तःस्थितो भाति नित्यम् ।
तदत्राऽप्यसौ ज्ञानपूर्णोऽन्तरात्मा ह्यजानात्तमस्याऽपि चैत्यं कुभावम् ॥३३॥

जो परमात्मा समस्त स्थावर एवं जंगम प्राणियोंके भीतर नित्य विराजमान रहकर शोभा पाते हैं, वे ही सबके ज्ञानस्वरूप अन्तरात्मा श्रीहरि वहां उस अजगरके आन्तरिक दुर्भावको समझ गए ॥ ३३ ॥

ततश्चैष रोद्धुं शयोर्वक्त्रपातादनाथानिमान् बालवत्सान् स्वकीयान् ।
इयेषाऽत्र यावत्तदैवाऽसुरस्य निपेतुस्त एत्याऽन्तकस्येव वक्त्रे ॥३४॥

तदनन्तर ये श्रीहरि जबतक इन अपने सखा अनाथ ग्वाल-बालों और बछड़ोंको उस अजगरके मुखमें पड़नेसे रोकनेकी इच्छा करते हैं, तबतक ही वे सबके सब उस असुरके काल-समान मुखमें जा पड़े ॥ ३४ ॥

तदेषां कुभाग्याद्विनष्टस्मृतीनां विलोक्याऽत्र धाष्टर्यं प्रसन्नोऽघदैत्यः ।
समं शत्रुकृष्णेन तद्भक्षणार्थं प्रतीक्ष्य स्थितस्तत्प्रवेशं स्ववक्त्रे ॥३५॥

दुर्भाग्यसे जिनकी विचार-शक्ति मारी गई थी, उन ग्वालबालोंकी यह धृष्टता देखकर अघासुरको बड़ी प्रसन्नता हुई। वह अपने शत्रुभूत कृष्णके साथ ही उन सबका भक्षण करना चाहता था। अतः उनका भी उसके मुखमें प्रवेश हो जाय, इसकी प्रतीक्षामें ज्योंका त्यों पड़ा रहा ॥ ३५ ॥

न गीर्णाः परं तेऽर्भकास्तेन तस्मान्मृतौ स्वाग्रजौ ध्यायता स्वेन दुःखात् ।
इतोऽसौ हरिश्चिन्तयामास भूयः सुदूरं गतानात्मनाथान् वयस्यान् ॥३६॥

अघासुर अपने मरे हुए भाई-बहनोंको बड़े दुःखसे याद कर रहा था। अतः वह उन बालकोंको तत्काल निगल नहीं गया। इधर श्रीहरि अपने अनाथ-मित्रोंके विषयमें जो उनके हाथसे दूर निकल गए थे, फिर इस प्रकार चिन्ता करने लगे—॥ ३६ ॥

इमे मद्वयस्याः प्रियाः शुद्धचित्ता अनन्याश्च मत्पादपद्माम्बुसिक्ताः ।
अजानन्त एवं शयुं सत्यरूपं ह्यसत्यं समुत्प्रेक्ष्य वक्त्रे निविष्टाः ॥३७॥

'ये मेरे सखा मुझे बहुत प्रिय हैं। इनका चित्त शुद्ध है। ये अनन्य-भावसे मेरा भजन करते हैं और मेरे चरण-कमलोंके जलसे अपनेको सींचते हैं। ये अनजानेमें ही सच्चे अजगरको असत्य मानकर इसके मुँहमें घुस गए हैं' ॥ ३७ ॥

भविष्यन्ति दुष्टोदराग्नेः सुभक्ष्याः क्षणादेव मृत्युश्च संतिष्ठतेऽत्र ।
किमेषामिदं ह्यन्तकृद्दिष्टमेवं समायातमाहोस्विदद्यैव नो वा ॥३८॥

'अब ये क्षण-भरमें ही इस दुष्टकी जठराग्निके लिए उत्तम भक्ष्य बन जायेंगे। इन सबकी मृत्यु यहाँ खड़ी है। क्या ? इन सबका आज ही अन्त कर देनेवाला दुर्दैव आ पहुँचा है या नहीं' ? ॥ ३८ ॥

किमस्त्यत्र मत्कर्म योग्यं भवेत् यन्म्रियेताऽघदैत्यश्च येनेह भूयः ।
सुखं पूर्ववद्दीर्घजीवित्वमाप्ताः सखायश्च मे न म्रियेरन् द्वयं स्यात् ॥३९॥

'यहां मेरे लिए कौन-सा कार्य उचित होगा ? जिससे यहां आज फिर इस दैत्यका संहार हो जाय और मेरे सखा पहलेको ही भांति सुखपूर्वक दीर्घ-जीवन प्राप्त करके मृत्युके अधीन न हों। ये दोनों बातें कैसे सम्भव होगीं' ॥ ३९ ॥

इत्थं विचिन्त्य भगवानिह जातबोधस्तस्याऽऽननान्तरुपविश्य रराज नैभिः ।
तत्कृष्णमेघवदनं सजलं सशम्पं संविश्य चन्द्र इव तैः स्वगणैरुपेतः ॥४०॥

ऐसा सोचकर पूर्णबोध-स्वरूप भगवान् उस अजगरके मुखमें प्रविष्ट होकर अपने उन सखाओंके साथ उसी तरह शोभित नहीं हुए, जैसे नक्षत्रगणों सहित चन्द्रमा जल और विद्युतसे युक्त काले-मेघके मुखमें जाकर शोभारहित हो जाते हैं ॥ ४० ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
अगात्सर्गोऽयमेकोनपञ्चाशत्तत्स्तवात्मके ॥४१॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह उनचासवां सर्ग पूरा हुआ ॥ ४१ ॥



# पञ्चाशः सर्गः

[ घयोरात्मानं तन्मृतशरीराद्विनिर्गतस्याऽस्य भगवतश्चरणारविन्दे मिलितं दृष्ट्वा श्रुत्वा चाऽन्तरिक्षस्थितैः सिद्धादिभिः कृता स्तत्स्तुतीर्भगवतश्चतुर्मुखस्याऽत्राऽऽगमनम् । ]

( प्रहर्षिणीछन्दः )

एतस्मिन्नवसर एत्य कंसभृत्यैरालोकि व्यपगततृष्ण एष कृष्णः ।
स्वैर्मित्रैः सममसमं वयस्यवत्सैर्दैत्याहेः कपटमुखप्रविष्ट इत्थम् ॥१॥

इस अवसर पर कंसके सेवकोंने आकर देखा कि तृष्णारहित श्रीकृष्ण अपने मित्र ग्वालबालों और बछड़ोंके साथ अनुचित-रूपसे उस सर्पाकर दैत्यके कपट मुखमें प्रविष्ट हो गए हैं ॥ १ ॥

ते गत्वा तदनु सुखेन कामवेगा आचख्युः सकलमिदं हितं तु राज्ञे ।
यच्छ्रुत्वा नृपतिरसौ च भोजवीरः सन्तुष्टोऽभवदघदुष्टबन्धुमित्रैः ॥२॥

तत्पश्चात् इच्छानुसार वेगसे चलनेवाले उन सेवकोंने सुखसे जाकर यह सारा हितकर समाचार राजा कंससे कह सुनाया। उसे सुनकर वह भोजवंशी वीर राजा कंस अघासुरके दुष्ट-बन्धुओं और मित्रोंके साथ सन्तुष्ट हो गया ॥ २ ॥

तद्वृन्दावन इह चाऽन्तरिक्षमाप्ताः पूर्वोक्ताः सुरमुनयः समेत्य सिद्धाः ।
संप्रेक्ष्याऽजगरमुखप्रविष्टमेनं त्रासेनाऽतुलमथ चुक्रुशुश्च हेति ! ॥३॥

यहां उस वृन्दावनके आकाशमें एकत्र हुए पूर्वोक्त देवता, मुनि और सिद्ध भगवान्‌का अजगरके मुखमें प्रवेश देखकर त्रासके मारे अनुपम हाहाकार कर उठे ॥ ३ ॥

श्रुत्वैतत् सकलमुदन्तमाकलय्य स्वैर्वत्सैः प्रियसखिभिश्च सार्धमेषः ।
स्वं हन्तुर्दितितनयस्य कण्ठ एव योगस्थो धृतमहिमा व्यवर्धत द्राक् ॥४॥

यह सारा समाचार सुनकर और उसपर सोच-विचार करके अपने प्रिय सखाओं और बछड़ोंके साथ ये श्रीकृष्ण अपनेको मारनेके लिए आये हुए उस दैत्यके कण्ठमें ही योगस्थ हो, महिमा नामवाली सिद्धिको धारण कर तत्काल बढ़ने लगे ॥ ४ ॥

तद्देहेऽसुरबलिभूमिदानलब्धौ वृद्धेऽत्राऽदितिसुतवर्ष्मवत्तदानीम् ।
दैत्यात्माऽनिलपथरोधमाप्य पश्चात् स्वस्थानाद्विचलित आत्मपातमिच्छन् ॥५॥

जैसे असुरराज बलीसे तीन पग भूमि प्राप्त हो जानेपर अदितिनन्दन उपेन्द्र ( वामन ) बढ़कर विराट हो गए थे, उसी प्रकार उस समय श्रीकृष्णके शरीरके बढ़ जानेपर उस दैत्यका जीवात्मा श्वासमार्गका तत्काल अवरोध हो जानेसे निष्क्रमण की इच्छा रखकर अपने स्थानसे विचलित हो गया ॥ ५ ॥

अप्राप्य स्थितिमिह कुत्रचित्तदस्य पादाब्जं शरणमितोऽपि पीडितात्मा ।
निर्यातस्तदनु बहिस्तदुत्तमाङ्गं विष्फोट्याऽसमगतिमाप्य चाऽन्तरिक्षम् ॥६॥

फिर इस शरीरमें कहीं भी ठहरनेका स्थान न पाकर उस दैत्यका पीड़ित जीवात्मा श्रीकृष्णके चरणारविन्दकी शरण लेकर अनुपम गतिका आश्रय ले उस सर्प-शरीरके मस्तकको विदोर्ण करके बाहर आकाशमें निकल गया ॥ ६ ॥

आश्चर्यंमहदभवच्छयोस्तदात्मा जज्वालाऽतुलमिह चाऽस्य तेजसेद्धः ।
यत्प्राप्याऽनलसहितौ प्रभाकरौ तौ सूर्येन्दू ज्ज्वलत उभौस्व एवमिद्धौ ॥७॥

उस समय महान् आश्चयंकी बात यह हुई कि इस अजगरका जोव भगवान्के तेजसे समिद्ध होकर इस तरह प्रज्वलित हो उठा जिसकी यहाँ कहीं तुलना ही नहीं है । भगवान्के उसी तेजको पाकर अग्निसहित सूर्य और चन्द्रमा, जो प्रभाके आकर माने जाते हैं, सदा इसो प्रकार प्रज्वलित एवं प्रकाशित होते हैं ॥ ७ ॥

श्रीकृष्णस्तदनु तदुत्तमाङ्गरन्ध्रान्निष्क्रम्य प्रकृतगतिं विधृत्य भूयः ।
संत्यज्याऽमृतनयनं मृतान् सखींस्तान् स्वैर्वत्सैः सममसमं ह्यजीवयच्च ॥८॥

तदनन्तर उस अजगरके मस्तक-रन्ध्रसे निकल कर श्रीकृष्णने पुनः प्राकृत-गोपबालकके स्वरूपको धारण कर लिया और अपनी अमृतमयी दृष्टि डालकर मरे हुए सखाओंको अपने बछड़ों सहित जीवित कर दिया । यह असाधारण घटना हुई ॥ ८ ॥

संपश्यन्नमुमुरगस्थितांशमेष विश्वात्मा क्षितितलमेत्य संरराज ।
तस्यात्मा तत इत आगतोऽस्य पादे लीनोऽभूनिमिषति दिवौकसां गणेऽत्र ॥९॥

उस सर्पके आकाशस्थित अंश-जीवात्माको देखते हुए ये विश्वात्मा श्रीकृष्ण पूर्ववत् भूतलपर आकर सुशोभित होने लगे । तत्पश्चात् अघासुरका जोवात्मा इधर आकर देव-समुदायके देखते-देखते इन भगवान्के चरणोंमें लीन हो गया ॥ ९ ॥

तद्दृश्यं सुरमुनयोऽप्सरोगणाश्च साश्चर्या नभसि निरीक्ष्य संनिविष्टाः ।
तं दुष्टक्षयकरमस्तुवन्मुकुन्दं सद्भक्त्या प्रणयभरान्नतोत्तमाङ्गाः ॥१०॥

वह अद्भुत दृश्य देखकर आकाशमें स्थित हुए देवता मुनि और अप्सराओंके समुदाय आश्चर्य चकित हो उत्तम भक्तिभावसे उन दुष्ट-संहारक भगवान् मुकुन्दकी स्तुति करने लगे । उस समय प्रेमके भारसे उन सबके मस्तक झुक गए थे ॥ १० ॥

स्वोद्यानोद्भवकुसुमैरमुं प्रसन्ना इन्द्राद्या अदितिसुता अवाकिरन् प्राक् ।
ब्रह्मज्ञा ऋषिमुनयोऽनुवज्जयेति गीत्वा तत्स्तुतिमयगीतमेनदत्र ॥११॥

इन्द्र आदि अदिति पुत्रोंने प्रसन्न होकर उनके ऊपर अपने उद्यान नन्दनवनके फूल बरसाए। ब्रह्मज्ञ ऋषि-मुनियोंने उनकी स्तुतिसे पूर्ण गीत गाकर जय-जयकार की ॥११॥

संभूय श्रुतिसुखवाद्यवादकास्ते वाद्यानि प्रचुरगुणान्यवादयंश्च ।
आसन् ये परभृतकण्ठकल्पशब्दास्तेऽगायन्निह ननृतुः स्त्रियश्च तेषाम् ॥१२॥

सङ्घबद्ध होकर श्रवण-सुखद वाद्य बजानेवाले देवताओंने विशेष गुणशाली वाद्य बजाए। उनमें जो कोकिल-कण्ठके समान मधुर-रागसे गानेवाले लोग थे, उन्होंने यहाँ गीत गाए और उनकी स्त्रियोंने नृत्य किया ॥ १२ ॥

तत्तौर्यत्रिकमिदमुच्चरूपमाप्य ब्रह्माण्डं सुखमकरोत् सुविस्मितं यत् ।
आकृष्टा दृढममुना तदागतास्ते ब्रह्मज्ञा ऋषिमुनयो विधिश्च साक्षात् ॥१३॥

इस प्रकार उत्कृष्टरूपको पाकर उस तौर्यत्रिक गीत, वाद्य और नृत्यने सारे ब्रह्माण्डको अत्यन्त विस्मित और आनन्दमग्न कर दिया। उससे अत्यन्त आकृष्ट होकर ब्रह्मज्ञ ऋषि-मुनि और साक्षात् ब्रह्माजी भी उस समय वहाँ आ गए ॥ १३ ॥

दृष्ट्वैतानथ समुदोऽत्र मग्नचित्तान् ब्रह्मज्ञानपि मृदु गायतोऽस्य शक्तीः ।
ब्रह्माऽभूद्विचलितवृत्तिरीशमायाकृष्टत्वादितरजनैः समो विमूढः ॥१४॥

तदनन्तर इन सबको वहाँ प्रमुदित और मग्नचित्त देख तथा ब्रह्म-ज्ञानियोंको भी भगवान्की शक्तिका मधुर गान करते पाकर ब्रह्माजी भी भगवान्की मायासे आकृष्ट होनेके कारण इतर-जनोंके समान मोहको प्राप्त हो गए। उनकी चित्तवृत्ति चंचल हो उठी ॥ १४ ॥

गोवत्सैः सममभितो निशम्य गीतं देवादीन् सुखददृशा निरीक्षमाणम् ।
श्रीकृष्णं तदनु मुदा वयस्यबालैराश्लिष्य स्थितमिह सोऽप्यपश्यदित्थम् ॥१५॥

गो-वत्सोंके साथ सब ओर गूँजते हुए गीतको सुनकर श्रीकृष्ण देवता-आदिको सुखद-दृष्टिसे देखने लगे। उनके सखा ग्वाल-बाल प्रसन्नतापूर्वक उन्हें हृदयसे लगा रहे थे। इस स्थितिमें ब्रह्माजीने भी श्रीहरिको देखा ॥ १५ ॥

श्रुत्वाऽधःस्थितमृदुगानमस्य तत्र ब्रह्माण्डप्रथिततरं महत्त्वपूर्णम् ।
ब्रह्मज्ञैरपि रुचिरं प्रगीयमानं तद्गानं तदनु विधिः सुविस्मितोऽभूत् ॥१६॥

इसके बाद भगवान्की महिमासे युक्त निम्नाङ्कित मधुर गान गाया जाने लगा। जो अखिल ब्रह्माण्डमें अत्यन्त प्रसिद्ध और महत्त्वपूर्ण है। ब्रह्मज्ञ-लोग भी सुन्दर ढंगसे इसे गा रहे थे। उसे सुननेके बाद ब्रह्माजी भी अत्यन्त विस्मित हो गए ॥ १६ ॥

तवेयं चिच्छक्तिर्जयति भगवन् ! विश्वसुखदा
स्वभक्तेभ्यो भव्या विहितखलसंहाररुचिरा ।
चिदानन्दं सत्यं पदमकथनीयं नयति या
विशाले तृष्णाब्धौ कुसृतिपथिकान् मज्जत इह ॥१७॥

भगवन् ! अपनी इस विश्वसुख-दायिनी चिच्छक्तिकी जय हो, जो अपने भक्तोंके लिए कल्याणमयी है और दुष्टोंका संहार करनेके कारण रुचिर प्रतीत होती है। जो लोग तृष्णाके विशाल सागरमें कुपथगामी होकर डूब रहे हैं, उन्हें आपकी वह शक्ति अनिर्वचनीय सच्चिदानन्दमय रूपको पहुँचा देती है ॥ १७ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
गतः सुखेन पञ्चाशः सर्गोऽप्यत्र स्तवात्मके ॥१८॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह पचांसवां सर्ग पूरा हुआ ॥ १८ ॥

* * *

# एकपञ्चाशः सर्गः

[ भगवतो वयस्यैः समं वार्तालापः ]

( स्वागतावृत्तम् )

स्वागतं प्रियसखे ! इत एहि नित्यधन्य उरुशक्तियुतस्त्वम् ।
इच्छयैव कुरुषेऽतिमनुष्यं कर्म शङ्करमहो ! भगवांस्त्वम् ॥१॥

इस प्रकार अजगरके मुखसे निकलकर वहाँ एकत्र मिले हुए प्रिय ग्वाल-बाल श्रीकृष्णसे कहने लगे—'प्रिय मित्र ! तुम्हारा स्वागत है। इधर आओ। तुम सदा धन्य हो और विशेष-शक्तिसे सम्पन्न हो ॥ १ ॥

अद्य दृष्टमसमं तव कृत्यं यन्मृतोऽजगर ईशगुणाढ्यः ।
यत्र तुष्टहृदयाः सुरसिद्धास्त्वां स्तुवन्ति कुसुमैरवकीर्य ॥२॥

तुम अपनी इच्छासे ही लोक कल्याणकारी अलौकिक कर्म करते हो। अहो ! तुम साक्षात् भगवान् हो। आज हमने तुम्हारा अनुपम-कर्म देखा है। जिससे यह ऐश्वर्य-गुणसे सम्पन्न अजगर मारा गया ॥ २ ॥

तद्वयस्य ! विजयस्व सदेवं पूर्णमस्तु तव कृत्यममेयम् ।
इत्थमत्र मिलिताः प्रियबालाः कृष्णमेनमवदंस्तत एत्य ॥३॥

इससे सन्तुष्ट चित्त हुए देवता और सिद्ध गण फूलोंकी वरसा करके तुम्हारी स्तुति करते हैं। इसलिए हमारे मित्र तुम सदा इसी प्रकार विजयी होते रहो। तुम्हारा अप्रमेय-कर्म नित्य परिपूर्ण हो' ॥ ३ ॥

तान्निरीक्ष्य गदतो गतकाम एष तत्र विहरन् सखिभिः स्वैः ।
अत्यवाहयदहो ! तदरण्य एकहायनमितं समयञ्च ॥४॥

ऐसा कहनेवाले उन सखाओंकी ओर देखकर वे निष्काम परमेश्वर उन सबके साथ वहाँ विहार करने लगे। अहो ! उन्होंने उस वनमें ही उनके साथ एक वर्षका समय व्यतीत कर दिया ॥ ४ ॥

नित्यतृप्त उरुगायविभुः स दर्शयञ्जगदभावमिमान् स्वान् ।
क्रीडति स्म पुनरत्र विधाय स्वात्मयोगपरमान् स्मृततत्त्वान् ॥५॥

भगवान् नित्य-तृप्त हैं। बहुत लोग उनकी कीर्तिका गान करते हैं और वे सर्वत्र हैं। उन्होंने इन अपने मित्रोंको जगत्के अभावका ज्ञान कराते हुए उनके साथ यहाँ क्रीड़ा की। इससे पहले उन्हें आत्मयोग-परायण तथा तत्त्वज्ञानसे सम्पन्न बना दिया था ॥५॥

विस्मयः किमपि नाऽत्र विधेयश्चित्रमस्य चरितं तु विचित्रम् ।
गोपबालकनिभो हरिरेष स्वेच्छया जगदिदं वितनोति ॥६॥

यहां तनिक भी आश्चर्य नहीं करना चाहिए। भगवान्‌का विचित्र-चरित्र ही आश्चर्यमय है। गोपबालकके रूपमें प्रकट हुए ये श्रीहरि अपनी इच्छासे इस जगत्‌का विस्तार करते हैं ॥ ६ ॥

मूर्तिमान् कलुष एष शयुश्च प्राप साम्यमिह यस्य दयेद्धः ।
विस्मयः किल महानवितर्क्य एष एव मुनिभिर्हृदि चिन्त्यः ॥७॥

यह अजगर मूर्तिमान् पाप था। तो भी जिनकी दयासे समृद्ध होकर उसने उन्हींकी समता प्राप्त कर ली। यही महान् विस्मय है, जो तर्कसे परे है। ये भगवान् ही ऋषि-मुनियों-द्वारा हृदयमें चिन्तन करने योग्य हैं ॥ ७ ॥

नित्यमात्महितमेनमुशन्ति स्वात्मतत्त्वविद आत्मनि लीनम् ।
ब्रह्म सत्यसुखपूर्णमनन्तं स्वानुभूतिसुखतृप्तममेयम् ॥८॥

सदा अपने हित करनेवाले और अन्तःकरणमें स्थित रहनेवाले इन परमात्माको आत्मतत्त्ववेत्ता मुनि प्राप्त करना चाहते हैं। ये ही सत्य, सुखसे परिपूर्ण, अनन्त, आत्मज्ञानानन्दसे तृप्त एवं अमेय ब्रह्म हैं ॥ ८ ॥

सोऽव्ययस्तदुरगोदरगर्ते यत्प्रविष्ट इह किं कथनीयम् ! ।
यस्य मूर्तिरपि मानसिकी सा हृद्गता लघु निहन्ति विवर्तम् ॥९॥

वे अविनाशी परमात्मा जो उस अजगरके उदरगर्तमें प्रविष्ट हो गए, उसके माहात्म्यके विषयमें यहां क्या कहना है ? उनकी मनःकल्पित मूर्ति भी यदि हृदयमें आ जाय तो वह शीघ्र ही समस्त विवर्त ( संसारभ्रम ) का नाश कर देती है ॥ ९ ॥

एकहायनमिते समये सा गोदुहां श्रुतिमिताऽच्युतलीला ।
ब्रह्मणा कृतमिहैव विचित्रं द्रष्टुमव्ययममुष्य सुकर्म ॥१०॥

भगवान्‌की वह लीला एक वर्षका समय बीत जानेपर व्रजवासी गोपोंके कानोंमें पड़ी। उनके अविनाशी सत्कर्मको देखनेके लिए ब्रह्माजीने यहीं एक विचित्र कार्यकर डाला ॥ १० ॥

वर्ण्यते तदिह गोपशिशुत्वं प्राकृतत्वमनघं च विधृत्य ।
आत्मभिर्विहरतोऽस्य गुणाब्धेर्दृक्पथागतममुमेशकृपाढ्यम् ॥११॥

गोपशिशुत्व तथा निष्पाप प्राकृतभावको धारण करके जीवात्माओंके साथ विहार करनेवाले इन गुण-सागर भगवान्‌की जो लीला भगवान् शङ्करकी कृपासे मेरे दृष्टिपथ ( ध्यान ) में आयी है, उसीका यहां वर्णन किया जाता है ॥ ११ ॥

प्रार्थयेऽहमितरांश्च गुणाढ्यान् सन्ति येऽत्र सुधियोऽस्य गुणार्द्राः ।
तेऽप्यनूद्य कथितं परतत्त्वं सन्निरीक्ष्य मुदिताश्च भवेयुः ॥१२॥

मैं अन्य गुणवान् पुरुषोंसे भी प्रार्थना करता हूँ कि यहाँ जो सुधीजन भगवान्के गुणचिन्तनसे प्रेमार्द्र हृदयवाले हैं, वे भी अनुवाद करके कहे गए इस परम तत्त्वपर दृष्टिपात करके आनन्दित हों ॥ १२ ॥

कृष्ण कृत्यमखिलं धृतदीक्षास्तद्बुधाः सुगुणिनश्च पठेयुः ।
ये विशेषत उपायविदः स्युस्तेऽपि काव्यरसमत्र पिबेयुः ॥१३॥

भक्तकी दीक्षा ग्रहण करनेवाले जो विद्वान् तथा सद्गुणशाली महात्मा हैं, वे इस सारे श्रीकृष्ण-चरित्रको पढ़ें । जो विशेष-रूपसे उपायवेत्ता साधक हैं, वे भी इस काव्यरसका पान करें ॥ १३ ॥

तदस्तु, विद्वांस ! इह प्रजापतिः सुविस्मितोऽभूत् कथमद्य तद्गतिः ।
स्वान्तः सुखायैव महात्मनां सतां तद्दर्शयत्येष ऋषित्वमाश्रयन् ॥१४॥

अस्तु, विद्वानो ! प्रजापति-ब्रह्मा, जिनकी भगवान् ही एकमात्र गति हैं, आज कैसे उक्तलीलाको देखकर अत्यन्त विस्मित हो गये। इस बातको यहाँ ऋषि-दृष्टिका आश्रय लेनेवाला यह कवि सन्तों और महात्माओंके स्वान्तः सुखके लिए दिखा रहा है ॥ १४ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
गतोऽयमेकपञ्चाशः सर्गोऽप्यत्र स्तवात्मके ॥१५॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्ण चरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह इक्यावनवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥ १५ ॥



# द्विपञ्चाशः सर्गः

[ भगवतो वयस्यैःसह वनभोजनम् ]

( चम्पकमालावृत्तम् )

मृत्युनिभात्तद्ग्राहसवक्त्राद्वत्सवयस्यान् प्राग् गमयित्वा ।
संस्तुत एभिर्बालमुकुन्दो द्राक् शुशुभेऽघं स्वात्मनि धृत्वा ॥१॥

मृत्युके समान विकराल उस अजगरके मुखसे पहले बछड़ों और सखाओंको निकालकर उनके द्वारा की गई स्तुति सुनते हुए भगवान् बालमुकुन्द अघासुरको अपने हृदयमें धारण करके शीघ्र शोभा पाने लगे ॥ १ ॥

एत्य ततस्तद्यामुनतीरं सार्धममीभिर्वत्सवयस्यैः ।
आह परात्मा श्रीहरिरेष तद्दयमानः संस्मृतलीलः ॥२॥

वहांसे इन बछड़ों और ग्वाल-बालोंके साथ ये परमात्मा श्रीहरि यमुना-तटपर आये और पूर्वकृत लीलाका स्मरण करके जीवोंके प्रति दया दिखाते हुए इस प्रकार बोले—॥ २ ॥

पश्यत मित्राण्यत्र मनोज्ञं सैकतरम्यं यामुनतीरम् ।
केलिषु मह्यं दत्तसहायं शोभत इत्थं सम्भृतसम्पत् ॥३॥

'मित्रो ! देखो यहां यमुनाजीका तट कैसा मनोरम है । बालुकामय पुलिनके कारण इसकी रम्यता और बढ़ गई है । यह क्रीड़ाओंके लिए मुझे सदा सहायता देता है । शोभा-सम्पत्ति धारण करनेवाला यह तट इस तरह सुशोभित होता है' ॥ ३ ॥

पद्मसुगन्धै रम्यसरोभिः संहृतचित्ता षट्पदराजिः ।
लौकिकभोगेषूद्गतचित्ता योगिदशावद् यत्र विभाति ॥४॥

'यहांके रमणीय सरोवरोंमें कमलकी सुगन्ध छाई है । जिससे अन्यत्रसे चित्त हटाकर भ्रमरोंकी पंक्ति वहां मँड़रा रही है । जैसे लौकिक भोगोंसे ऊपर उठे चित्तवाली योगियोंकी दशा होती है, वैसी ही इन भ्रमरोंकी भी जान पड़ता है' ॥ ४ ॥

पश्यत भृङ्गाश्चाटुषु दक्षाः कुर्वत इत्थं गुञ्जनमत्र ।
यत्प्रतिनादैर्नादितदिक्का यामुनवृक्षा भान्त्यधितीरम् ॥५॥

'देखो, चिकनी-चुपड़ी बातें बनानेमें चतुर ये चपल चञ्चरीक यहां इस प्रकार गुञ्जारवकर रहे हैं, जिसकी प्रतिध्वनिसे सम्पूर्ण दिशाओंको निनादित करनेवाले यमुनाके निकटवर्ती वृक्ष तटपर सुशोभित होते हैं ॥ ५ ॥

भास्कररूपं ब्रह्म विशुद्धं शोभत एत्याऽऽकाशतलं यत् ।
तद्वयमत्राऽऽस्थाय वयस्या भुञ्ज्मह एतद्भक्ष्यमनर्हम् ॥६॥

'सूर्यरूपधारी विशुद्ध ब्रह्म आकाशतलमें आकर शोभायमान है। इसलिए मित्रो ! हमलोग भी यहाँ बैठकर अपनी इस बहुमूल्य-भक्ष्य पदार्थका भोजन करें' ॥ ६ ॥

प्राणसमा नो वत्सगणास्ते यामुननीरं संपरिपीय ।
शष्पमदन्तः सर्वसमक्षं स्वात्मनि मग्नास्तत्र चरन्तु ॥७॥

'हमलोगोंको प्राणोंके समान प्यारे बछड़े यमुनाजीका जल पीकर हम सबके समक्ष घास चरते हुए अपने-आपमें मग्न हो, वहाँ विचरण करें' ॥ ७ ॥

कृष्ण ! सदुक्तं तद्ध्युपयुक्तं प्राणनिभस्त्वं नो गतिरेका ।
तिष्ठ सुखं भो तद्वयमीश ! कुर्मह इत्थं प्रागचिरेण ॥८॥

[ यह सुनकर बालकोंने कहा— ] 'कृष्ण ! तुमने बहुत अच्छी बात कही। वह हमें ठीक लगी है। तुम प्राणोंके समान प्रिय हो। हमारी एकमात्र गति हो। हमारे स्वामी ! तुम सुखपूर्वक बैठ जाओ। फिर हमलोग पहले शीघ्रतापूर्वक इस भोजनका ही कार्य निपटा लें' ॥ ८ ॥

कृष्णशरीरं कृष्णमथैनं वाक्यमिदं ते स्नेहत उक्त्वा ।
स्वप्रियवत्सांस्तज्जलतृप्तान् क्षिप्रमकार्षुस्तानथ धृत्वा ॥९॥

श्याम-शरीरवाले श्रीकृष्णसे स्नेहपूर्वक ऐसा कहकर उन ग्वाल-बालोंने अपने-अपने प्रिय-बछड़ोंको पकड़कर शीघ्र ही यमुनाजीके जलसे तृप्त किया ॥ ९ ॥

शाद्वलभूमिं ताँल्लघु नीत्वा दृष्टिपथेऽवारुद्ध्य समन्तात् ।
एत्य पुनस्ते कृष्णसमीपं देह्यवदन् भो ! नोंऽशमुपेन्द्र ! ॥१०॥

फिर तुरन्त ही घाससे भरी हुई भूमिमें ले जाकर सबओर अपने दृष्टि-पथमें रखते हुए उन्हें चरनेके लिए छोड़ दिया। फिर श्रीकृष्णके समीप लौटकर वे बोले—'हे उपेन्द्र ! हमारे हिस्सेका भोजन हमें दो' ॥ १० ॥

तिष्ठत मित्राण्यत्र यथेच्छं भुङ्ध्वमिहस्थं तृप्तिकरं तत् ।
शिक्यघटस्थं दिव्यपयस्यं भोज्यमनेकं सद्घृतयुक्तम् ॥११॥

[ श्रीकृष्ण बोले— ] 'मित्रो ! यहाँ बैठो। यहाँ भी तृप्तिकर भोजन है। उसे इच्छानुसार खाओ। छीकेपर कलशमें दिव्य दही-दूध माखन रखा है। घीमें पकाया हुआ अनेक प्रकारका उत्तम भोजन भी है' ॥ ११ ॥

श्रीहरिणैवं प्रेमत उक्ता वत्सपबालाः सन्मुखमत्र ।
तस्थुरिदानीं पद्मदलानीवाऽथ विरेजुर्विश्वगमुष्य ॥१२॥

श्रीहरिके प्रेमपूर्वक ऐसा कहनेपर बछड़े चरानेवाले ग्वाल-बाल वहाँ श्रीकृष्णके सामने बैठ गये। इस समय वे भगवान्के चारोंओर उसी प्रकार शोभित हुए, जैसे कमलकी कर्णिकाके सबओर खिले हुए दल शोभा पाते हैं ॥ १२ ॥

बालकराजिर्मध्यगतेन तेन रराजाऽतर्क्यमहिम्ना ।
खेचरराजिः शीतकरेणाऽह्लादमयेनेवाऽऽश्रितधाम्ना ॥१३॥

भगवान् श्रीकृष्ण सबके बीचमें विराजमान थे। उनके चारोंओर बैठी हुई बालकोंकी पंक्ति उन अतर्क्य-महिमावाले श्रीहरिसे उसी प्रकार सुशोभित होती थी, जैसे आह्लादमय तेजस्वी चन्द्रमाके बीचमें होनेसे उनके चारोंओर फैली हुई ताराओंकी पाँत शोभा पाती है ॥ १३ ॥

भक्ष्यसमूहं पोटलिकास्थं पद्ममृदुभ्यां स्वात्मभुजाभ्याम् ।
प्राक् परिगृह्योपेन्द्र इमान् स्वान् द्राक् वितरंस्तद्भुन्त ! रराज ॥१४॥

पोटलीमें रखे हुए भोजन-समूहको कमलके समान कोमल हाथोंसे उठा-उठाकर उपेन्द्र श्रीकृष्ण अपने उन सखाओंको बाँटते हुए अद्भुत छवि पा रहे थे ॥ १४ ॥

भोजनपात्राऽभावभयेन भ्रामितचित्ता वत्सपबालाः ।
स्वाञ्जलिपात्राण्यत्र विधाय भक्ष्यमथादंस्तत्र निधाय ॥१५॥

भोजनपात्रकी कमी न हो जाय, इस भयसे भ्रान्त चित्तवाले वत्सपाल ग्वाल-बाल अपनी अंजलिको ही वहाँ पात्र बनाकर भक्ष्य पदार्थको उसीमें रखकर खाने लगे ॥ १५ ॥

केचिदमीषां वृक्षवराणां स्थूलदलौघैः साधनभूतैः ।
ते कृतपात्राः पुष्पसमूहैस्तूर्णमखादन् स्वप्रियदत्तम् ॥१६॥

इनमेंसे कुछ बालक बड़े-बड़े वृक्षोंके स्थूल पत्तोंको लाकर, उन्हींके द्वारा पत्तल बना लेते तथा कुछ बालक चौड़े-फूलोंसे ही पात्रका काम लेकर अपने प्रिय-सखाके दिये हुए भोजनको चटपट खाने लगे ॥ १६ ॥

पात्रमलब्ध्वा केचिदितस्तु स्थूलदृषद्भिस्त्वग्भिरगानाम् ।
पल्लवसङ्घैः सत्फलवृन्दैः संस्कृतपात्रास्तेऽभ्यवजह्रुः ॥१७॥

कितने ही गोप-बालक कोई पात्र न पाकर इधर-उधरसे स्थूल पत्थर उठा लाते, कुछ वृक्षोंकी छालें छुड़ा लाते, कितने ही लोग पल्लव-समूह तथा उत्तम फलोंका संग्रह करके उन्हींसे पात्रका काम लेते हुए भोजन कर रहे थे ॥ १७ ॥

भोज्यरुचिं स्वां मित्रगणेषु संकथयन्तो दिव्यचरित्राः ।
तेऽत्र हसन्तस्तेन तदानीं सार्धमखादन् कर्मफलं स्वम् ॥१८॥

वे दिव्य-चरित्रवाले बालक अपनेको मिले हुए भोज्य पदार्थंका स्वाद मित्रोंसे बताते हुए खाते थे। वे हँसते हुए वहाँ श्रीकृष्णके साथ उस समय भोजनके व्याजसे अपने पुण्य-कर्म-फलका ही उपभोग कर रहे थे ॥ १८ ॥

विन्यस्य वेणुमुदराम्बरमध्यभागे शृङ्गं रुरोः शुचितरं लघुवेत्रयष्टिम् ।
कक्षे विधृत्य कवलं दधिभक्तयोस्तत् सव्याञ्जलौ विपरिगृह्य मखेश आद ॥१९॥

मुरलीको कमरके फेंटेमें खोंसकर और परम पवित्र रुरुशृङ्ग एवं बेंतकी छोटी-सी छड़ीको काँखमें दबाकर दही-भातके कौरको बांयी अंजलिमें रखकर यज्ञेश्वर भगवान् स्वयं भोजन कर रहे थे ॥ १९ ॥

तिष्ठन् स्ववत्सपवयस्यगणस्य मध्ये तान् हासयंश्च कृतकैः प्रियनर्मभिः स्वैः ।
ध्यानायनं स्मितशुभं स्वमिमान् प्रदर्श्य खादन् स दृष्ट इह सिद्धजनैर्नभस्थैः ॥२०॥

अपने वत्सपाल-सखाओंके बीचमें बैठकर उन सबको किये गए प्रिय-परिहास वचनों द्वारा हँसाते हुए तथा अपने हास-शोभित सुन्दर ध्येय-स्वरूपका इन सखाओंको दर्शन कराते हुए श्रीहरि भोजन करते थे। इस अवस्थामें उस समय आकाशमें स्थित सिद्धजनोंने उन्हें देखा ॥ २० ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
गतः सर्गो द्विपञ्चाशो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥२१॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्ण चरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह बावनवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ २१ ॥



# त्रिपञ्चाशः सर्गः

[ भोजनव्यग्रेषु तेषु सुदूरं विगतान् गोवत्सान् प्रत्यानयनार्थं ततो भगवतो गमनम् ।
तदन्तरा विरिञ्चिकृतं गोवत्सवयस्यहरणम् । भगवता च तत्तद्वयस्यवत्स-
स्वरूपग्रहणपूर्वकं स्वस्वगृहागमनञ्च ]

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

तत्सिद्धमार्गमवलम्ब्य निरीक्षमाणेष्वाकाशचारिषु विमुग्धमनःसु तेषु ।
आसीत् परात्मगतिरुन्नतहंसयानस्तत्रैक उच्चपुरुषोऽपि विलोकमानः ॥१॥

आकाशमार्गका अवलम्बन करके समस्त आकाशचारी देवता जब मुग्ध-चित्त होकर वहाँका दृश्य देख रहें थे। उस समय ऊँचे हंस-यानपर आरूढ़ एक उच्च-पुरुष भी जिनकी परमात्मतत्वमें गति थी, वहाँकी स्थितिका अवलोकन कर रहे थे॥ १ ॥

हंसस्थ एष भगवानपि सोऽहमेवं जाताभिमान इह लोककृदस्मि चेति ।
अध्यास्य चात्मनि परात्मगतिं तमीशं विस्मृत्य कोऽयमितिरूढदुराग्रहोऽभूत् ॥२॥

हंसपर बैठे हुए वे पुरुष साक्षात् भगवान् ब्रह्मा ही थे तो भी उन्हें यह अभिमान हो गया था कि मैं ही समस्त लोकोंका निर्माता हूँ। वे अपनेमें ही परमात्मा-पनका आरोप करके उन परमेश्वरको भुलाकर मेरे सिवा ईश्वर कौन है ? इस दुराग्रहको उन्होंने मनमें भर लिया था॥ २ ॥

गोवत्सपालकशिशोः परमेशितुस्तद्दृष्ट्वाऽघदैत्यहननं स्वत आत्मशक्तिम् ।
सम्भाव्य चाऽस्य महिमोपनतां विरिञ्चिर्जज्वाल हन्त ! मनसीश्वरताविमूढः ॥३॥

वह गोवत्सपालक शिशु साक्षात् परमेश्वर था। उसने जो अघासुरका वध किया, उसे देखकर उसमें स्वयं प्रकट एवं उसकी महिमासे सम्पन्न आत्मशक्तिकी सम्भावना करके ईश्वरताके अभिमानसे मूढ़ हुए विधाता, मन ही मन ईर्ष्यासे जल उठे। यह कितने खेदकी बात है ? ॥ ३ ॥

दीर्घं विमृश्य चकितोऽयममुष्य कृत्येषूच्चेष्वतर्क्यमहिमान्वित एष बालः ।
कः स्यात् किमेष जगदीश्वर एव साक्षात् स्याद्वेति तत्र विचिकित्सनतत्परोऽभूत् ॥४॥

दीर्घकाल तक विचार करके उसके उच्चकोटिके कर्मोंके विषयमें चकित हुए ब्रह्माजी वहाँ इस संशयमें पड़ गए कि अतर्क्यं-महिमासे सम्पन्न यह बालक कौन हो सकता है ? क्या यह साक्षात् जगदीश्वर ही होगा ? ॥ ४ ॥

स्यात् कोऽप्यमुष्य जगदुत्तरकर्मकर्तुः किं शक्तिरस्त्यविहिता सफला सदैवम् ।
किं वैष मय्यपि समर्थ इहाऽस्य शक्तिं ज्ञातुं मयेश्वरतया क्रियतेऽत्र किञ्चित् ? ॥५॥

कोई भी क्यों न हो ! क्या लोकोत्तर कर्म करनेवाले इस बालककी शक्ति सदा इसी प्रकार अप्रतिहत और सफल होती है ? क्या यह मुझपर भी शासन करनेमें समर्थ है ? ईश्वर होनेके कारण मुझे यहाँ उसकी शक्तिको समझनेके लिए कुछ करना ही होगा ॥ ५ ॥

तस्मादिहाऽवसरमेव समीक्ष्य सज्जस्तिष्ठन्नहं विगतभीश्छलमाश्रितः स्वम् ।
अन्विष्य रन्ध्रमतुलं तदमुष्य वत्सान् बालान् सखीनपहराम्यसमक्षमद्य ॥६॥

इसलिए यहाँ अवसरकी प्रतीक्षामें ही मैं तैयार होकर बैठा हूँ । इसके किसी अनुपम छिद्रका अन्वेषण करके मैं निडर हो, छलपूर्वक परोक्षमें आज इसके बछड़ों और सखा-ग्वाल-बालोंका अपहरण कर लूँगा ॥ ६ ॥

इत्थं विचिन्त्य परमात्मनि दत्तदृष्टौ तस्मिन् स्थितेऽत्र शिशुराडपि भक्तमश्नन् ।
तन्मायया तृणविलोभितचित्तवृत्तीन् वत्सानपश्यदसमं विगतान् सुदूरम् ॥७॥

ऐसा सोचकर परमात्मा श्रीकृष्णपर दृष्टि गड़ाए ब्रह्माजी अपनी योजना कार्यान्वित करनेके लिए तैयार हो गए । उधर शिशुओंके राजा श्रीकृष्णने भी दही-भात खाते हुए देखा—ब्रह्माकी मायासे घासपर लुभाये हुए बछड़े असाधारणरूपसे बहुत दूर चले गए हैं ॥ ७ ॥

मित्राम्बुधावितरबालकवत्स्वमेव प्रेम्णा निमज्य विगतेश्वरभाव एषः ।
यावन्निरीक्षत इमान् स्वसखांस्तदैवाऽपश्यत्स्ववत्सगमनागतभीतिभग्नान् ॥८॥

उन मित्रोंके समुद्रमें साधारण बालककी भांति अपने आपको ही प्रेमसे निमग्न करके ईश्वर-भावको छिपाये हुए नन्द-नन्दनने जब अपने इन सखाओंपर दृष्टिपात किया, तब उन सबको अपने-अपने बछड़ोंके दूर चले जानेसे प्राप्त हुए भयके कारण हतोत्साह पाया ॥ ८ ॥

त्यक्त्वाऽशनं सकलतर्णकमार्गणार्थं यावत्स्वयं जिगमिषन्ति भयोत्कचित्ताः ।
ते चाप्यभाणिषत तत्वविदा सुखेन यस्माद्बिभेति भयमप्यभितो विभूम्नः ॥९॥

वे सब भयोद्विग्नचित्त हो, सारे बछड़ोंकी खोजके लिए ज्योंही स्वयं भोजन छोड़कर जानेको उद्यत हुए, त्योंही उन तत्त्वज्ञ एवं सुख-स्वरूप प्रभुने, जिन सर्वव्यापी भगवान्से भय भी भय खाता है, सब ग्वाल-बालोंसे कहा—॥ ९ ॥

भुङ्ध्वं भवन्त इह तृप्तिकरं तदेत-
द्भक्ष्यादिकं द्रुतमहं परितो भ्रमित्वा ।
वत्सान् वनादपि घनात् परिमृग्य सोऽत्राऽऽ-
नेष्ये सखाय इति संकथयंस्ततोऽगात् ॥१०॥

'सखाओ ? तुम सब लोग यहां तृप्तिकारक भक्ष्य-भोज्यादि पदार्थ ग्रहण करो (खाओ) मैं ही शीघ्रतापूर्वक चारो ओर घूमकर घने वनसे भी बछड़ोंको ढूँढ़कर यहां ले आऊँगा'। ऐसा कहकर वे प्रभु चले गए ॥ १० ॥

दूरं गतः स भगवानित एककोऽपि
ह्यश्नन् स्ववामभुजसंस्थितमिष्टमन्नम् ।
सामान्यबालकमिवाऽभिनयन् मुकुन्दो
वृन्दावनाद्वनमहो ! विचरन् रराज ॥११॥

भगवान् मुकुन्द, अपने बांये हाथमें विद्यमान अभीष्ट-अन्नको खाते हुए अकेले ही वहाँसे बहुत दूर चले गए। साधारण बालककी भांति अभियन करते हुए वे वृन्दावनके एक बनसे दूसरे वनमें विचरने लगे। अहो ! ऐसा करते समय उनकी अद्भुत शोभा हो रही थी ॥ ११ ॥

प्राप्ताऽन्तरो विधिरिहैत्य ततः क्षणेन
वत्साञ्जहार सकलान्निजयोग शक्त्या ।
दृष्ट्वैकमेनमखिलेश्वरमादिदेवं
तत्रत्यमित्रनिवहांश्च तदस्य युक्त्या ॥१२॥

तब अवसर पाकर ब्रह्मा क्षण-भरमें यहां आ पहुँचे और अपनी योगशक्तिसे उन्होंने सारे बछड़ोंका अपहरण कर लिया। इतना ही नहीं उन अखिलेश्वर आदिदेवको अकेला देख वे वहाँ बैठे हुए उनके सखाओंको भी युक्तिसे उड़ा लें गए ॥ १२ ॥

कृत्वा स्वकृत्यमिदमुत्सुकताप्ररूढं
ज्ञातुं ह्यमुष्य गतिमात्महितामभेयाम् ।
नीत्वा हृषीकनिवहान्निजनेत्रमार्गं
सोऽतिष्ठदस्य चरितं च निरीक्षमाणः ॥१३॥

उत्सुकतापूर्वक ऐसा कार्य करके भगवान्की आत्महितकारिणी अमेय-गतिको जानने-के लिए ब्रह्माजी अपनी सम्पूर्ण इन्द्रियोंको नेत्रके मार्गमें ले जाकर प्रभुके चरित्रको देखते हुए आकाशमें स्थित हो गए ॥ १३ ॥

गोवत्सपालक इतो बहुषु स्थलेषु
गत्वा निरीक्ष्य च वनान्यभितो भ्रमित्वा ।
दृष्ट्वा च गह्वरदरीः पुलिनानि कुञ्जा-
न्यप्राप्य तांस्तु पुनरत्र निवृत्त एषः ॥१४॥

इधर गोवत्सपालक भगवान् श्रीकृष्ण बहुतसे स्थानोंमें गए और सबओर घूमघामकर अनेकानेक वनोंका निरीक्षण करके पर्वतके कन्दराओं, नदीके तटों, और वनके कुञ्जोंकी भी छान-बीन करते रहे। परन्तु कहीं भी उन बछड़ोंको न पाकर ये पुनः पूर्वस्थानपर ही लौट आए ॥ १४ ॥

अत्राऽपि गोपशिशुकांञ्छरणागतांस्तां-
स्त्यक्तान् पुराऽन्ननपरान् स्वसखानदृष्ट्वा ।
संभ्रान्त एष बहुधाऽऽश्रितवैश्यवृत्ति-
र्वत्सान् सखींश्च विचिकाय वने समन्तात् ॥१५॥

वहाँ भी अपने शरणागत सखा ग्वाल-बालोंको, जिन्हें पहले भोजन करते छोड़ गए थे, न देखकर विशेषकर वैश्यवृत्तिका आश्रय लिए होनेसे घबरा उठे और वनमें चारोंओर बार-बार बछड़ों और सखाओंको ढूँढ़ते फिरे ॥ १५ ॥

एवं मुहुर्मुहुरयं परिमार्गमाणोऽ-
प्यप्राप्य तानिह वने पुलिनेऽपि बालान् ।
स्वात्मानमेव तमपश्यदयं परात्मा
यस्माज्जगद्भवति बुद्बुदवज्जलेषु ॥१६॥

इसप्रकार बारम्बार अन्वेषण करने पर भी जब वे वनमें और यमुनाके तटपर भी उन बालकों और बछड़ोंको न पा सके, तब उन परमात्माने अपने-आपपर ही दृष्टिपात किया। जिससे कि पानीमें बुलबुलोंके समान इस जगत्का प्रादुर्भाव होता है ॥ १६ ॥

आदर्शवद्विमल आत्मनि तेन तत्र
दृष्टं विरिञ्चिविहितं छलमात्मयोगात् ।
वैज्ञानिका ! विजयते जगति स्वशक्ति-
र्यांसद्व्रताः स्वत उपासत एव नित्यम् ॥१७॥

दर्पणके समान निर्मल आत्मामें उन्होंने अपने योगसे छलपूर्वक की हुई ब्रह्माजीकी करतूत देखी। वैज्ञानिको! आत्मशक्ति ही जगत्में सर्वोपरि विराजमान है। जिसकी उपासना यम-नियमादि उत्तम व्रतोंका पालन करनेवाले साधु ही नित्य-निरन्तर स्वतः किया करते हैं ॥ १७ ॥

आस्तां, तदत्र भगवानवगम्य कृत्यं
स्वात्मानमेवमसृजद्बहुधा गुणात्कम् ।
रूपोज्जलं रुचिरमस्य विधेः सुकृत्ये
विस्मापनं तदितरैर्मनसाऽप्यतर्क्यम् ॥१८॥

अस्तु, यहाँ अब अपना कर्तव्य क्या है ? यह जानकर भगवान्ने अपने-आपको ही अनेक गुणवान् रूपोंमें प्रकट कर लिया। उनका वह रुचिर उज्वल-रूप विधाताकी सृष्टिमें उनके लिए भी विस्मयोत्पादक था। उनके सिवा दूसरे लोग तो उसके विषयमें मनसे सोच भी नहीं सकते थे ॥ १८ ॥

ब्रह्माणमेनमतदर्हकृतं स्वभक्तं रक्तांश्च गोकुलजनान् व्रजमातृगाश्च ।
संहर्षयन्नतिशयं मुदमात्मनीनामेभ्यः प्रदातुमयमत्र बभूव नाना ॥१९॥

यह अयोग्य कर्म करनेवाले अपने भक्त ब्रह्माको, अपने प्रति अनुरक्त गोकुलके लोगोंको तथा व्रजकी माताओं और गौओंको अत्यन्त हर्षोत्फुल्ल करके एवं इन सबको आत्मानन्दकी प्राप्ति करानेके लिए ये भगवान् स्वयं वहाँ नाना-रूपोंमें प्रकट हो गए ॥ १९ ॥

एवं परात्मगतदिव्यगुणैः स्वशक्त्या योगेन गोपशिशुवत्सकपूर्वरूपम् ।
धृत्वा विभुः स उभयायितमात्मतत्त्वं पश्यन् बभावथ वने मधुरं विहस्य ॥२०॥

इसप्रकार परमात्मसम्बन्धी दिव्य-गुणोंसे, अपनी शक्तिसे और योग-बलसे गोपशिशुओं और बछड़ोंका पूर्ववत् रूपधारण करके वे सर्वव्यापी भगवान् आत्मतत्त्वको उभय-रूपमें प्रकट देखते हुए वृन्दावनमें मधुर हास्यकी छटा विखेरकर अनुपम शोभा पाने लगे ॥ २० ॥

आत्मेच्छयाऽपरिमितानि जगन्ति सृष्ट्वा
यः क्रीडतीह तदमीषु कृतावतारः ।
चित्रं किमस्य सुखदे चरितेऽमिते च
यान्यूर्णनाभिरिव संग्रसते च भूयः ॥२१॥

जैसे मकड़ी अपने मुखसे जाले बुनती और पुनः उन्हें निगल जाती है। उसी प्रकार जो परमात्मा अपनी इच्छासे ही असंख्य जगत्का निर्माण कर उन्हींमें अवतार धारण कर यहाँ क्रीड़ा करते हैं। उनके सुखदायक एवं अपरिमित चरित्रके विषयमें क्या आश्चर्य की बात है ? ॥ २१ ॥

एकोऽप्यनेक इव सोऽत्र विभू रराज गोवत्सपालकमिषेण विभिन्नमूर्तिः ।
तत्राऽपि यस्य शिशुवत्सगणस्य यद्यद्‌ध्यासीत्तथैव विधृताखिलनामरूपः ॥२२॥

वे सर्वव्यापी महेश्वर एक होकर भी अनेककी भाँति यहाँ शोभा पाने लगे। उन्होंने बछड़ों और चरवाहोंके व्याजसे भिन्न-भिन्न शरीर धारण कर लिए। उनमें भी जिस शिशु या बछड़ेका जैसा नाम-रूप था, वैसे ही नाम-रूप और लक्षणोंसे युक्त अपना रूप बना लिया ॥ २२ ॥

चिन्हानि च प्रतिहतात्मगतिस्तदेषां तान्येव संदध उपायविदात्मशक्त्या ।
आसीच्च यत्तु दलवेत्रविषाणवेणु यष्ट्यादिकं विधृतमेवमभूत् क्षणेन ॥२३॥

उपायवेत्ता तथा अप्रतिहत आत्मगतिवाले उन भगवान्ने जिन बालकोंके जैसे-जैसे चिन्ह थे, उनके उन्हीं चिन्होंको धारणकर लिया तथा जिनके पास जो पल्लव, बेंत, शृङ्ग वेणु और छडी आदि वस्तुयें थीं, उनके रूपमें भगवान्ने क्षण-भरमें वैसी ही सारी वस्तुयें ग्रहण कर लीं ॥ २३ ॥

तद्वद्विराज पुनरेष वयस्यवत्सशीलस्वभावगुणरूपसुभूषणानि ।
संधृत्य तत्तदखिलं चरितं तदायुः संगृह्य वाक्यमिव वर्णपदक्रमाढ्यम् ॥२४॥

प्रत्येक सखा और बछड़ेके जैसे शील, स्वभाव, गुण, रूप और आभूषण थे, वैसे ही वे सब धारण करके भगवान् श्रीकृष्ण सुशोभित होते थे। उन-उन बालकों और बछड़ोंके सारे चरित्र, आयु, तथा वर्ण, पद एवं क्रमसे युक्त वाक्य भी भगवान्ने अपना लिए थे ॥२४॥

प्रीतो गुरुः सुमतिशिष्यमिहाऽऽत्मतत्त्वं संदर्शयत्यखिलमेव यथैव तद्वत् ।
ब्रह्माणमेष विहितच्छलमात्मशक्तिं संदर्शयन् स्वविभुतां च बभौ भवात्मा ॥२५॥

जैसे प्रसन्न गुरुदेव अपने शुद्ध-बुद्धिवाले शिष्यको यहाँ सम्पूर्ण आत्मतत्त्वका साक्षात्कार करा देते है, उसी प्रकार ये जगदात्मा श्रीकृष्ण छल करनेवाले ब्रह्माको भी अपनी शक्ति और सर्वव्यापकताका दर्शन कराते हुए सुशोभित हुए ॥ २५ ॥

आत्मा स्वयंप्रभुरयं तत आत्मनोऽशांस्तानात्मनोऽर्भकगणांस्तदिमांश्च वत्सान् ।
स्वेनात्मना प्रतिनिवार्य वनात्सलीलं क्रीडन् ययौ व्रजमकुण्ठितपूर्णबोधः ॥२६॥

जिनका पूर्णबोध कभी कुण्ठित नहीं होता तथा जो स्वयं ही सबके आत्मा हैं, वे प्रभु ये श्रीकृष्ण अपने ही अंशभूत जीवात्मस्वरूप ग्वाल-बालों और बछड़ोंको अपने स्वरूपसे ही वनकी ओरसे लौटाकर लीलापूर्वक क्रीड़ा करते हुए व्रजमें गए ॥ २६ ॥

विश्वं प्रपूर्णमद एतदपि प्रपूर्णं पूर्णात् प्रपूर्णतरमेनदुदच्यते च ।
पूर्णस्य पूर्णमवगृह्य तदत्र पूर्णे पूर्णं स्वतो विजयते ह्यवशिष्यते च ॥२७॥

वह विश्वरूप ब्रह्म पूर्ण है और यह दृश्य प्रपञ्च भी पूर्ण है। पूर्ण ब्रह्मसे ही पूर्ण जगत्की उत्पत्ति होती है। पूर्णका पूर्ण लेकर भी उस पूर्ण-ब्रह्ममें पूर्ण ही शेष रहता है। अतः उस पूर्ण ब्रह्मकी सदा विजय हो ॥ २७ ॥

एतां महोपनिषदं गिरमात्मनीनां चोद्घुष्य यत्र सुधियो विरमन्ति कृच्छ्रात् ।
तत्रैव तां श्रुतिहितात्मगतिं प्रदर्श्य वेणुं प्रवाद्य स ततो व्रजमध्यमायात् ॥२८॥

महत्त्वपूर्ण उपनिषद्की यह आत्मकल्याणकारिणी वाणी है। इसका जहाँ उद्घोष करके सुधीजन इस क्लेशमय संसारसे विरत हो जाते हैं। वहीं श्रवणमात्रसे हितकारिणी आत्मगतिका प्रदर्शन करके वे भगवान् वनसे वेणु बजाते हुए व्रजमें लौट आए ॥ २८ ॥

वेणोः प्रवादनमिदं प्रथमं तदस्य लोकोत्तरं समभवच्छ्रवणाभिरामम् ।
विश्रुत्य यद्विधिरसौ तु निरीक्षमाणो व्यामोहमाप विगतेन्द्रियवृत्तिरत्र ॥२९॥

वेणुका यह प्रथम उत्कृष्ट वादन लोकोत्तर चमत्कारसे युक्त प्रकट हुआ। वह सुननेमें अत्यन्त अभिराम था। उसे सुनकर विधाताकी भी इन्द्रिय-वृत्तियां विलीन हो गईं और वे बाल-बछड़ों सहित भगवान्‌का वह लौटना देखकर व्यामोहमें पड़ गए ॥ २९ ॥

तं भूमिसात् ससुखमत्र विधाय चैतद् बभ्राम गोष्ठमभितो व्रजवासिकर्णे ।
श्रुत्वेह यत्तदितरे सुरसिद्धसङ्घैः साकं स्वतो मुमुदिरे स्वरतिं तदाप्य ॥३०॥

यह वेणुवादन ब्रह्माजीको आसानीसे भूमिपर खींच लाया और गोष्ठमें चारोंओर फैलकर व्रजवासियोंके कानोंमें प्रविष्ट हुआ। जिसे सुनकर यहां ब्रह्माजीसे भिन्न जो भी भूतलनिवासी थे वे, सब देवताओं और सिद्धोंके समुदायके साथ उस समय आत्मरति पाकर स्वतः प्रमुदित हो उठे ॥ ३० ॥

नीत्वाऽऽभवत्सनिवहानथ तत्तदेषां गोष्ठं प्रवेश्य पृथगेव धृतस्वभावः ।
स्वात्मांशवत्सपशिशूनपि तत्तदेषां प्रावेशयश्च पृथगेव गृहाणि तत्र ॥३१॥

बछड़ोंके समुदायको ले जाकर पृथक्-पृथक् गोष्ठमें भगवान्‌ने प्रवेश कराया। उन सबके रूपमें भगवान्‌ने अलग-अलग स्वभाव धारण कर रखा था। इसी तरह अपने अंशभूत वत्सपाल गोपशिशुओंको भी उन्होंने पृथक्-पृथक् उनके घरोंमें पहुँचाया ॥ ३१ ॥

सायं गतः स धृतबालकवत्सरूपः प्राग्वन्निदर्श्य रतिमुच्चतरां स्थितोऽत्र ।
तावत्समेत्य निजगोष्ठमरण्यतस्ता गावः स्ववत्सनिवहान् ददृशुः पुरेव ॥३२॥

ग्वाल-बाल और बछड़ोंका रूप धारण करके सायंकाल घरको लौटे हुए भगवान्‌ने उन-उन घरोंमें स्थित हो, पहलेकी ही भांति स्वजनोंके प्रति उत्कृष्ट प्रीति दिखाई। तबतक ही वनसे अपने गोष्ठमें लौटकर गौओंने भी पूर्ववत् अपने बछड़ोंको देखा ॥ ३२ ॥

किन्त्वद्य गाव इदमस्य महाचरित्रं ज्ञातुं स्वभावविवशाः परमात्ममात्रम् ।
हुङ्कारहूतिपरिसंगतवत्सकान् स्वान् स्तन्यं विलिह्य मुहुरेवमपाययंस्ताः ॥३३॥

परन्तु आज गौयें भगवान्‌के इस परमात्ममय महाचरित्रको जाननेमें समर्थ न हो सकीं। क्योंकि वे अपने पशु स्वभावसे विवश थीं। तथापि हुम्बा-रवसे पुकारे जाने पर आए हुए अपने उन बछड़ोंको जो दूध छोड़ चुके थे बारम्बार चाटकर स्तनपान कराने लगीं ॥३३॥

क्षीरं सुधामयमिमाः स्रवदौधसं तत् संपाय्य तानिह परात्मगतात्मकामाः ।
वात्सल्यतो हृदयखण्डनिभेषु चैषु सम्प्रापुरैक्यमधुनैव विलिह्य गात्रम् ॥३४॥

अपने स्तनोंसे झरते हुए अमृतमय दूधको उन्हें पिलाकर वे ऐसी सन्तुष्ट हुईं, मानों उनकी परमात्म-प्राप्ति विषयक अपनी इच्छा हो गई हो। वे बछड़े उनके हृदयके टुकड़े थे। उनके शरीरको वात्सल्यसे चाटकर वे उसी समय उनमें एकताको प्राप्त हो गईं ॥ ३४ ॥

तास्तादृशीरनुनयन् परिवृद्धसत्त्वात् स्नेहाद्विमुग्धमनसा च तथैव कुर्वन् ।
हन्ताऽयमत्र विरराज परात्मनिष्ठै रव्याकृतैरपि मनोभिरतर्क्यचेष्टः ॥३५॥

सत्त्वगुणकी वृद्धि होनेके कारण उन, वैसे वात्सल्य रसमें डूबी हुई, गौओंके अनुकूल चलते हुए स्नेह-विमुग्धचित्तसे तदनुरूप आचरण करते हुए ये भगवान् वहां विराजमान हुए। यह बड़े हर्षकी बात है। उनकी तात्कालिक-चेष्टा परमात्मनिष्ठ, अव्याकृत, मनके लिए भी अतर्कणीय थी ॥ ३५ ॥

गोपीष्वितस्तनयतां परिगृह्य तासां मायां विनैव परिवर्धिततत्स्वभावः ।
चिक्रीड हन्त ! जगदीश्वर एष तत्र तास्ता नयन् परमधाम पयः पिबंश्च ॥३६॥

इधर गोपियोंके पुत्रभावको प्राप्त होकर मायाका प्रयोग किए बिना ही उनके स्नेह शील-स्वभावको बढ़ाकर ये जगदीश्वर श्रीकृष्ण उनके दूध पीते और उन्हें परमधाम पहुँचाते हुए वहां आनन्द-जनक क्रीड़ा करने लगे ॥ ३६ ॥

ब्रह्मैव तं परिविभाव्य गलद्धृदस्ताः स्वाङ्के निधाय परिरभ्य शरीरमस्य ।
आघ्राय मूर्ध्नि परमां मुदमाप्य चैनं स्तन्यं सुधोपमममेयमपाययंश्च ॥३७॥

उन्हें साक्षात् ब्रह्म ही समझकर उनका हृदय द्रवित होने लगा। वे उन्हें गोदमें लेकर उनके शरीरको हृदयसे लगाकर और उनका मस्तक सूँघकर परम-आनन्दका अनुभव करके इन्हें अपना अमृतोपम एवं अमेय स्तन्य-रस पिलाने लगीं ॥ ३७ ॥

तास्तान् विशोध्य सुजलैः परिमार्ज्य गात्रं
संप्रोञ्छ्य वस्त्रशकलैश्च विलिप्य लेपैः ।
सम्भूष्य सत्तिलकभूषणवस्त्रबर्हैः
रक्षां विधाय मितलघ्वशनं ददुश्च ॥३८॥

उन्होंने उन बालकोंको शुद्ध जलसे नहला कर उनके शरीरका परिमार्जन करके, वस्त्रके टुकड़े (गमछे) से पोंछकर, अंगराग लगाकर, तिलक, आभूषण, वस्त्र और मोरपंखसे विभूषित करके और रक्षा-विधान कर उन्हें भोजनके लिए हल्का एवं परिमित अन्न दिया ॥ ३८ ॥

गोपीभिरेवमसकृत् परिपालितोऽयं संलालितः सुपरिवर्धित आत्मभावात् ।
संवर्ध्य तासु परमात्मगतं स्वभावं तद्ब्रह्मतां च विपिनव्रजयोरखेलत् ॥३९॥

इस प्रकार गोपियों द्वारा बारम्बार लालित, पालित और आत्मभावसे परिवर्धित होकर, उनमें परमात्म एवं ब्रह्मभावका सम्बर्द्धन करते हुए, ये भगवान् वृन्दावन और व्रजमें खेलते रहे ॥ ३९ ॥

तद्वद् व्रजस्थजनतास्वखिलासु वृद्धं वात्सल्यमात्मतनयेष्वधिकं यदाऽऽसीत् ।
निःसीम तत्तु ववृधेऽविहतं गुरुत्वं चादाय गोकुलगताविह यावदब्दम् ॥४०॥

उसी तरह व्रजकी सारी जनतामें, जो अपने पुत्रोंके प्रति अधिक बढ़ा हुआ वात्सल्य था, वह इन दिनों इतना बढ़ा कि पराकाष्ठाको पहुँच गया। गोकुलके अवलम्ब-स्वरूप उन श्रीकृष्णमें अप्रतिहत गौरवको लेकर सबका वात्सल्यभाव एक वर्षतक निरन्तर बढ़ता रहा ॥ ४० ॥

इत्थं परात्मा परमात्मरूपकान् वत्सांश्च बालांश्च वने व्रजेऽपि च ।
नयन् सुखाब्धावपि तान्निमज्जयंश्चिक्रीड यावत्परिवत्सरं ततः ॥४१॥

इस तरह परमात्मा श्रीकृष्णने परमात्मस्वरूप बछड़ों और ग्वाल-बालोंको व्रजसे वनमें और वनसे व्रजमें ले जाते हुए उन सबको सुखके समुद्रमें निमग्न करके पूरे एक वर्षतक वहाँ क्रीड़ा की ॥ ४१ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
सर्गोऽप्यगात् त्रिपञ्चाशो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥४२॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह तिरपनवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ४२ ॥

# चतुःपञ्चाशः सर्गः

[ श्रीरामेण सार्धं वनगतस्य, भगवतस्तद्विचिकित्साया
विनिवारणं तत्रत्यस्थितिबोधकरणवर्णनञ्च । ]

( भुजङ्गप्रयातवृत्तम् )

तदेवंविधेऽज्ञाततत्त्वेऽस्य कृत्ये चलत्यत्र मुग्धेष्वथो गोकुलेषु ।
बलेनैकदा सार्धमेष स्वबालैः प्रमुच्य स्ववत्सान् गतश्चारणार्थम् ॥१॥

जब इस प्रकार अज्ञात-रहस्यवाला श्रीकृष्णका लीला-चरित्र चल रहा था और गोकुलके सब लोग उसपर मुग्ध हो रहे थे, तब एक दिन ये जगदीश्वर श्रीकृष्ण, बलरामजी तथा अपने स्वरूपभूत ग्वाल-बालोंके साथ बछड़े खोलकर उन्हें चरानेके लिए वनमें गए ॥१॥

तदासंस्त्रियामास्तु पञ्चाऽवशिष्टा भुवः कालमानेन वर्षस्य पूर्तौ ।
वनं तान् समानीय सानन्दमेष समं तैरखेलच्च गाश्चारयित्वा ॥२॥

उस समय पृथ्वीके कालमानसे एक वर्ष पूर्ण होनेमें केवल पाँच रातें शेष रह गई थीं । उन सबको वनमें ले आकर ये श्रीकृष्ण बछड़े चराते हुए उन सखाओं और बलरामजीके साथ खेलने लगे ॥ २ ॥

इतो गोपवर्याः समादाय गाः स्वाः पुरावद् गताश्चारणार्थं वदाऽऽसन् ।
चरन्त्यस्तृणं तास्तु गोवर्धनाद्रौ स्ववत्सानपश्यंस्तदद्रेरधस्तात् ॥३॥

इधर बड़े-बड़े गोप अपनी गौयें साथ लेकर उन्हें चरानेके लिए पूर्ववत् वनमें आए थे । गोवर्धन पर्वतपर घास चरती हुई उन गौओंने पर्वतके नीचे तराईमें चरते हुए अपने बछड़ोंको दूरसे देखा ॥ ३ ॥

अगस्याऽस्य कूटादिमानात्मवत्सान् विलोक्यैव तद्गोपदुर्गाध्वतोऽत्र
अगाद् गोव्रजोऽतर्कयन्नात्मपातं स्ववात्सल्यतस्तत्समाकृष्टचेताः ॥४॥

उस गिरिराजके शिखरसे उन अपने बछड़ोंपर दृष्टि पड़ते ही उनके प्रति वात्सल्यसे आकृष्टचित्त हो वह गौओंका समुदाय ऐसे दुर्गम-मार्गसे, जिसपर चलना गोपोंके लिए भी कठिन था, गिरनेकी कोई परवाह न करते हुए, दौड़कर उनके पास जा पहुँचा ॥ ४ ॥

ककुद्ग्रीव एवं स्वहुङ्कारघोषैः कृताकारणो गोगणस्तांश्च मोहात् ।
स्रवत्स्तन्य ऊर्ध्वं गते वक्त्रपुच्छे विगृह्याऽध्वभागं प्रसिञ्चन् गतोऽत्र ॥५॥

उन गौओंकी गर्दनें कोहानोंसे सट गई थीं । वे अपने हुङ्कारघोषसे मानों बछड़ोंको बुला रही थीं । मोहवश उनके स्तनोंसे दूध झर रहा था । उन्होंने मुख और पूँछ ऊपरको ओर उठा ली थीं । इस प्रकार वे गौयें रास्तेको दूधसे सींचती हुई वहाँ गईं ॥ ५ ॥

समेत्याध एभिस्त्विमा वत्सवत्यो मुदाऽपाययन्स्वात्मवत्सान् स्वदुग्धम् ।
गिलन्तीव मन्ये विलिह्याऽङ्गमेषां प्रवृद्धात्मभावं नयन्तीव तांश्च ॥६॥

नीचे आकर ये गौएँ इन बछड़ोंसे मिलीं। यद्यपि उनसे दूसरे बच्चे भी पैदा हो गये थे। तथापि उन बड़े बछड़ोंको प्रसन्नतापूर्वक अपना दूध पिलाने लगीं। उनके सुन्दर अंग मानो पिघले जा रहे थे। ऐसा जान पड़ता था, वे इन बछड़ोंके अङ्गोंको चाट-चाटकर मानों इन्हें निगली जाती हैं और परिपुष्ट-आत्मभावकी ओर ले जा रही हैं ॥ ६ ॥

निरीक्ष्येदृशीं गोदशां तांश्च रोध्दुं ह्यकुर्वन् वृथाऽऽयासमत्राऽर्यगोपाः ।
परं मौढ्यमाप्ताः सलज्जास्तदानीं दधुः क्रोधमेष्वेव तच्चारणेऽत्र ॥७॥

गौओंको ऐसी दशा देख बड़े गोपोंने उन सबको रोकनेका व्यर्थ प्रयास किया। वे भारी असफलता पाकर लज्जित हो उठे और उस समय गोचारण-कालमें वहाँ उन्हें इन गौओंपर ही महान् क्रोध हुआ ॥ ७ ॥

तथाप्यागता दुर्गमार्गाच्च तेऽत्र स्ववत्सैः समं वत्सपांश्चाऽप्यपश्यन् ।
तदैवं स्थिते गोधने दत्तभावास्तदात्म्यैक्यमालोक्य मुग्धा बभूवु ॥८॥

तथापि वे गोप दुर्गंम मार्गंसे भी चलकर वहाँ तक आए। आनेपर उन्हें अपने बछड़ोंके साथ बत्सपाल बालक भी दिखाई दिए। उस समय इस स्थितिमें जब उन्होंने अपने गोधनपर ध्यान दिया, तब बछड़ोंके साथ उनकी एकातमता देखकर वे मुग्ध हो गए ॥ ८ ॥

निरोद्धुं तदाऽऽत्मानमेवाऽसमर्था गतक्रोधवेगाः प्रवृद्धात्मभावाः ।
सुतान् वत्सपान् स्वांस्त आलिङ्ग्य गाढं ममज्जुस्तदात्माम्बुधावेकरूपे ॥९॥

इनके क्रोधका वेग जाता रहा। उनमें आत्मभावना बढ़ गई। अब वे अपने-आपको भी रोकनेमें असमर्थ हो गए और बछड़े चरानेवाले अपने पुत्रोंका गाढ़ आलिङ्गन करके एकमात्र आत्मानन्द-सिन्धुमें डूब गये ॥ ९ ॥

गतेष्वेषु तद्वैष्णवं स्वात्मधाम व्यतीतोऽत्र कालोऽपि किञ्चित् तथैव ।
इतोऽस्याऽग्रजो राम एष स्वयोगाद्विभुत्त्वादिमानेकरूपानपश्यत् ॥१०॥

वे सब उस समय मानो वैष्णव-आत्मधाममें पहुँच गए थे। उसी स्थितिमें वहाँ कुछ काल व्यतीत हो गया। इधर श्रीकृष्णके बड़े भाई बलरामने भी विभु होनेके कारण अपनी योग-शक्तिसे इन बछड़ों और बालकोंको एकमात्र श्रीकृष्णरूप ही देखा ॥ १० ॥

तदा तर्कयामास चैष स्वचित्ते किमेतत् ? परित्यक्तदुग्धप्रपानाः ।
इमे बालवत्सा इमा गोपगावो विकुर्वन्त्यपूर्वं मिथः प्रेम चैशम् ॥११॥

तब उन्होंने अपने चित्तमें तर्क-वितर्क किया यह क्या बात है? जो बालक और बछड़े माताका दूध पीना छोड़ चुके हैं, उनके प्रति ये गोप और गौयें परस्पर ऐसा अपूर्व ईश्वरीय प्रेम कैसे करते हैं? ॥ ११ ॥

**विचित्रं दरीदृश्यते ! मेऽनुजोऽयं परं ब्रह्म चात्मा जगत्स्थावराणाम् ।**
**तदस्मिन्निमे कुर्वते स्नेहमित्थं स्वपुत्रेष्विवाऽभूतपूर्वं कथं स्यात् ? ॥१२॥**

इस समय मेरा यह छोटा भाई विचित्र दिखाई देता है। यही सम्पूर्ण स्थावर-जङ्गम प्राणियोंका आत्मा परब्रह्म है। अतः ये लोग मेरे इस भाईमें ही ऐसा अलौकिक प्रेम करते हैं—इन बछड़ों और बालकोंके रूपमें मेरा भाई ही दृष्टिगोचर होता है। अन्यथा इन सबका अपने पुत्रोंके प्रति यह अभूतपूर्व प्रेम कैसे होता? ॥ १२ ॥

**दृढं वर्धते प्रेम दिव्यं तदेषां मिथोऽभिन्नबुद्ध्यैक्यमाप्तं स्वतन्त्रम् ।**
**विवर्तः किमीदृक् ? किमेषाऽसुराणां विभात्यत्र मायाऽथवाऽमर्त्यमाया ? ॥१३॥**

इन सबका दिव्य-प्रेम दृढ़तापूर्वक बढ़ रहा है। जो परस्पर अभिन्न-बुद्धिसे एकत्वको प्राप्त और स्वतन्त्र है। यह कैसा विवर्त ( भ्रम ) है? क्या यह असुरों अथवा देवताओंकी मायाका विलास है ॥ १३ ॥

**मया निश्चितैषा जगद्भर्तुरस्य परब्रह्मगा वैष्णवी भाति लीला ।**
**तदस्यैव माया न चेन्मय्यपीयं समर्था भवेद्वा कथं मोहनार्थम् ॥१४॥**

मुझे तो यही निश्चित जान पड़ता है कि यह इन जगदीश्वर श्रीकृष्णकी परब्रह्म-सम्बन्धिनी वैष्णवी-लीला प्रकट हुई है। अवश्य इन्हींकी माया है। अन्यथा यह मुझपर भी अपनी मोहिनी डालनेमें कैसे समर्थ हो सकती थी? ॥ १४ ॥

**विचिन्त्येदृशीं वाचमुच्चां स रामो यदा पश्यति स्माऽऽत्मभित्तिं स्वयोगात् ।**
**तदैवाऽमुनाऽऽलोकितास्तेऽपि सर्वे चिदानन्दसत्यात्मवैकुण्ठरूपाः ॥१५॥**

ऐसी ऊँची बातका विचार करके बलरामने अपने योगबलसे जब आत्म-भित्तिपर दृष्टिपात किया, तब तत्काल ही उन्हें वे सबके सब सत्य, चिदानन्दमय, वैकुण्ठरूप दिखाई दिए ॥ १५ ॥

**ततो ध्यानमग्नोऽयमस्मिन् स्वतत्त्वे स्फुरज्ज्ञानकोशोऽनुजेनाऽव्ययेन ।**
**सुखं पृष्ट इत्थं भवान् किङ्करोति किमर्थं धृतं ध्यानमार्येण चेति ॥१६॥**

तब वे इस आत्मतत्त्वमें ध्यानमग्न हो गए। उनका ज्ञान-कोश प्रकाशित हो उठा। तब उनके अविनाशी अनुज श्रीकृष्णने सुखपूर्वक पूछा—'आर्य! आप ऐसा क्यों करते हैं? आपने यह ध्यान किस लिए लगा लिया?' ॥ १६ ॥

ज्ञातो मया परमतत्त्व ! भवान् परात्मा स्वात्मा च सर्वजगतां गतिरेकरूपा ।
पश्यामि चैतदपि चैत्य इमे सुरेशा नाऽत्रर्षयश्च विलसन्ति भवान् विभाति ॥१७॥

[ वे बोले— ] 'परमतत्त्वस्वरूप प्रभो ! मैंने जान लिया कि एकमात्र आप परमात्मा ही सम्पूर्ण जगत्के आत्मा तथा एकमात्र अवलम्ब हैं। मैं अपने चित्तमें यह भी देख रहा हूं कि ये देवेश्वर इन्द्र आदि तथा ऋषि-मुनि यहां कोई नहीं है। सब रूपोंमें एकमात्र आप ही प्रकाशित हो रहे हैं॥ १७ ॥

सर्वं भवान् विलसतीह परात्मरूपे सत्ये परे स्थित उभे भवनामरूपे ।
संधृत्य भाति च भवे बहुधाऽऽत्मयोगात् संमोह्य सिद्धपुरुषानपि पूर्णशक्त्या ॥१८॥

'आप ही इस दृश्य-जगत्में विलास कर रहे हैं और परम सत्य परमात्मरूपमें स्थित हैं। संसारके नाम और रूप दोनोंको धारण करके आप ही इस भवमें नाना-रूपसे प्रकाशमान हैं। आप अपने योगबल और सम्पूर्ण-शक्तिसे सिद्ध पुरुषोंको भी मोहित करके विराजमान हैं॥ १८ ॥

तथापि सर्वं व्यवहारतः प्रभो ! विदृश्यते भिन्नमिदं स्वतः कथम् ।
कथं पृथक्त्वं च विभाति तत्त्वयि तन्नाथ ! मां बोधय शक्तिमैश्वरीम् ॥१९॥

'प्रभो ! तथापि व्यवहार-दृष्टिसे सब कुछ स्वतः भिन्न-भिन्न कसे दिखाई देता है। आप एकमात्र अद्वितीय परमेश्वरमें यह पार्थक्य अथवा भेद-भाव क्यों प्रतीत होता है। ( अतः ) नाथ ! आप ही मुझे अपनी ईश्वरीय-शक्तिका बोध कराइये' ॥ १९ ॥

नतेन शीर्ष्णा गुरुभक्तिमत्तया बलेन चेत्थं विनिवेदितो विभुः ।
विहस्य किञ्चित् परमैश्वरं महः प्रदर्शयन्नात्ममहत्त्वमब्रवीत् ॥२०॥

अत्यन्त गौरवपूर्णं भक्ति-भावके कारण शिर झुकाकर जब बलरामजीने इस प्रकार निवेदन किया, तब भगवान् श्रीकृष्णने किञ्चित् मुस्कुराकर अपने परमेश्वरीय तेजको प्रदर्शित करते हुए अपनी महत्ताके विषयमें इस प्रकार बोले—॥ २० ॥

मदीया चिच्छक्तिर्विलसति विहायाऽर्थपदवीं
स्वतन्त्रेयं माया जगति सफलेयं विजयते ।
विनोदो मामित्थंकरण इह सन्नोदयति च
तदात्माभिज्ञाने स्वत उपरतिः प्राप्यत इतः ॥२१॥

'आर्य ! मेरी चित्-शक्ति, यहां अर्थ-पदवीका परित्याग करके सर्वत्र विलास करती है। यही स्वतन्त्र मेरी माया है। जो जगत्में इस प्रकार सफलता पूर्वक विजयिनी हो रही है। मेरा विनोदी-स्वभाव ही मुझे ऐसे खेल करनेके लिए प्रेरित करता रहता है। अतः मेरे आत्मस्वरूपके ज्ञान हो जानेपर इस संसारसे स्वतः उपरति प्राप्त होती है॥ २१ ॥

मायां द्रष्टुमिमामजोऽपि भगवान् ज्ञातात्मतत्त्वोऽव्ययं
विश्वेशो विधिरेत्य मित्रनिवहान् वत्सांश्च मेऽत्राऽहरत् ।
तं तां दर्शयितुं मयाऽप्यधिकृता मायाऽऽत्मनैवाऽऽत्मनः
सृष्ट्वा स्वात्मनि रम्यतेऽग्रज ! ततः स्याल्लब्धबोधो भवान् ॥२२॥

'बड़े भैया ! मेरी इस मायाको देखनेके लिए तत्त्ववेत्ता होनेपर भी इन अजन्मा-लोकेश्वर भगवान् ब्रह्माने यहाँ आकर मेरे सखाओं और बछड़ोंको चुरा लिया । तब उन्हें उस मायाका दर्शन करानेके लिए मैंने भी अपनेसे ही अपनी मायाका प्रकट की और अपने-आपमें ही बाल-बछड़ोंकी सृष्टि करके मैं यहाँ रमण करता हूँ । अतः आपको सब बातोंका रहस्य ज्ञात हो जाय' ॥ २२ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
चतुःपञ्चाशसर्गोऽगादेष काव्ये स्तवात्मके ॥२३॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह चौवनवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ २३ ॥

# पञ्चपञ्चाशः सर्गः

[ मनुष्यमानतो वर्षमितसमये ब्रह्मणः पुनस्तत्रागमनम् । सर्वानपि
वत्सबालान् भगवतः स्वस्वरूपावस्थितानवलोक्य
स्वाभिमानभङ्गपूर्वकं तस्य तेभ्यो नमनम् । ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

समीक्ष्य मूढोऽथ विधिः स्वयोगतः प्रभोर्महत्त्वं तदिदं गतव्यथः ।
चराचरात्मानममोघदर्शनं भूयोऽपि खेलन्तमपश्यदत्र तम् ॥१॥

तदनन्तर, अपने ही प्रयोगसे मूढ बने हुए विधाता भगवान्के इस महत्त्वका साक्षात्कार करके व्यथारहित ( मोहशून्य ) हो गए। उन्होंने देखा, जिनका दर्शन कभी व्यर्थ नहीं जाता तथा जो चराचर जगत्के आत्मा हैं, वे प्रभु पुनः वहाँ ( वृन्दावनमें ) खेल रहे हैं ॥ १ ॥

त्रुट्यात्मकः काल इहाऽस्य मानत आसीद् गतः किन्तु स मर्त्यमानतः ।
बभूव वर्षात्मक एव लक्षितः स चाऽपि तेनाऽखिललोककारिणा ॥२॥

ब्रह्माजीके कालमानके अनुसार बछड़ों और बालकोंके अपहरणसे लेकर अब तक केवल एक 'त्रुटि' ( पलभर ) का समय बीता था, किन्तु मानवीय कालमानसे वह समय उन अखिललोक-स्रष्टा ब्रह्माजीको एक वर्षके बराबर लक्षित हुआ ॥ २ ॥

अनन्तशक्त्याश्रयिणा महात्मनाऽनन्ताभिधानेन तथाऽगुणात्मना ।
रामेण तेनाऽप्यवितर्किता विभोस्तदात्ममाया जयतीह सर्वदा ॥३॥

जो अनन्त-शक्तिके आश्रय और 'अनन्त' नामसे अभिधेय हैं, उन निर्गुणात्मा महात्मा बलरामजीके लिए भी अतर्कणीया वह भगवान् श्रीकृष्णकी आत्ममाया सदा सर्वोपरि विराजमान है ॥ ३ ॥

मुहुर्महामोहतमो विनाशनमुद्भूतमात्मन्यखिलार्थदं महः ।
संलक्ष्य दीर्घं प्रविचिन्त्य योगिराण् ममज्ज तन्मोहमहाम्बुधौ पुनः ॥४॥

जो बारबार महान् मोहमय तमका विनाशक, एवम् सकल-वाञ्छित पदार्थ देनेमें समर्थ, प्रभुका अपने-आपमें प्रकट तेज है, उसे देखकर और दीर्घकालतक उसके विषयमें विचार करके योगिराज ब्रह्माजी पुनः मोहके महासागरमें डूब गए ॥ ४ ॥

तदात्मना नोदित एष लोककृद्विचारयामास तदस्य कर्मणि ।
यावन्त आसन् व्रजबालवत्सकाः संमोह्य ते सन्ति मयैव शायिताः ॥५॥

फिर अपने आपसे ही प्रेरित हो इन लोकस्रष्टा ब्रह्माने भगवान्के उस कर्मके विषयमें इस प्रकार विचार आरम्भ किया—'यहां जितने भी व्रजके ग्वाल-बाल और बछड़े थे, उन सबको तो मैंने ही मोहित करके सुला दिया है ॥ ५ ॥

माया मदीया सफलैव तेष्वहो ! ये शेरते मच्छयनेऽधुनाऽपि च ।
परन्तु दृश्यन्त इमेऽपि तादृशाः समागता अत्र कथं व एव वा ॥६॥

'अहो ! उनके प्रति किया हुआ मेरी मायाका प्रयोग तो सफल ही है। क्योंकि वे इस समय भी मेरी दो हुई शय्यापर ही सो रहे हैं। परन्तु ये भी तो वैसे ही बालक दिखायी देते हैं, इनका यहां आगमन कैसे हुआ ! ये वे ही तो नहीं हैं ? ॥ ६ ॥

तावन्त एवाऽत्र यथावयःस्थिताः सर्वे समानाश्च तथाकृतिं श्रिताः ।
के ते क एते कुत आगता इह किमुत्थितास्तेऽत्र रमन्त एव यत् ॥७॥

'ये सब बालक भी, गिनतीमें उतने ही हैं, इन सबकी अवस्था भी उन्हींके समान है। सब समान ही दिखायी देते हैं, इनकी आकृति भी उनसे ठीक मिलती-जुलती है। वे कौन हैं ? और ये कौन हैं ? यहां कहांसे आए हैं ? क्या वे निद्रासे उठकर आ गए हैं, जो यहाँ खेल रहे हैं ? ॥ ७ ॥

कालो व्यतीतोऽत्र मनुष्यमानत एकाब्दरूपः परमेष वत्सपः ।
आक्रीडतेऽमीभिरहो ! इमेऽपि च क्रीडन्ति मित्रेण सहामुनाऽऽत्मनः ॥८॥

'अहो ! मानवीय-मानसे यहां एक वर्षका समय व्यतीत हो गया, परन्तु यह वत्सपालक श्याम-शिशु आज भी यहाँ उन्हीं सखाओंके साथ खेलता है और ये भी अपने उसी मित्रके साथ खेल रहे हैं' ॥ ८ ॥

सत्याः क एतासु विभिन्नतास्वथो सत्याश्च के तेषु ? विचारयन्नसौ ।
तांस्तान्निरूप्याऽप्युभयस्थलाश्रिताञ्छशाक न ज्ञातुमिदं यथार्थतः ॥९॥

'इन विभिन्नताओंके होते हुए भी इन बालकोंमें सच्चे कौन है और झूठे कौन हैं ?' इस तरह विचारते हुए वे बार-बार यहां-वहाँ दोनों स्थानोंके बालकोंको देखकर भी उनमें यथार्थ कौन हैं ? यह जाननेमें समर्थ न हो सके ॥ ९ ॥

दत्तावधानोऽत्र निरीक्ष्य चात्मभूर्ध्यात्वाऽपि दीर्घं परमार्थलब्धये ।
स्वतोऽसमर्थोऽत्र विभोः सतां प्रिये लीलाह्रदेऽस्मिन् निममज्ज चाऽन्ततः ॥१०॥

फिर ब्रह्माजीने सावधान होकर दृष्टिपात किया, वे यथार्थ बातको जाननेके लिए देरतक ध्यानस्थ भी हुए, परन्तु स्वतः किसी निर्णयतक पहुँचनेमें असमर्थ हो गए, फिर वे भगवान्के उस लीला-सरोवरमें, जो सज्जनोंको प्रिय है, अन्ततोगत्वा डूब गए ॥ १० ॥

संमोहयंस्तत्र जगद्विमोहनं स्वतोऽविमोहं विभुमेनमीश्वरम् ।
स्वयैव मायाऽऽश्रितया धियात्मभूर्विमोहितो हन्त ! तदैक्यरूपणे ॥११॥

जो स्वतः मोहसे रहित हैं और सम्पूर्ण जगत्को मोहमें डालनेवाले हैं, उन सर्वव्यापी ईश्वर श्रीकृष्णको मोहित करनेकी चेष्टा करते हुए विधाता अपनी मायाश्रित-बुद्धिके द्वारा दोनों स्थानोंके बाल-बछड़ोंकी एकताका निरूपण करनेमें स्वयं मोहित हो गए ॥ ११ ॥

युक्तं तदेतद्भवतीह का गतिः खद्योतकान्तेरधिसूर्यमह्नि सा ।
तमोऽपि नैहारमथाऽधिरात्रि तन्निर्देशयेद्वा कथमात्मनो गतिम् ? ॥१२॥

यह ठीक ही तो है। दिनमें सूर्यके सन्निधानमें जुगनूकी प्रभाकी क्या गति होगी ? अथवा रातमें कुहरेका अन्धकार अपनी गतिका प्रदर्शन कैसे कर सकेगा ? ॥ १२ ॥ ॥

महाम्बुधौ तद्गतवारिबिन्दवः स्वे नामरूपे प्रविहाय सर्वथा ।
मिलन्ति यद्वत्त इवाऽस्य मोहकास्ते हेतवश्चैक्यमिहाऽऽपुरव्यये ॥१३॥

जैसे महासागरमें जलकी बूँदें अपने नाम और रूपको सर्वथा त्यागकर मिल जाती है, उसी प्रकार ब्रह्माजीके द्वारा प्रयुक्त भगवान्को मोहनेके लिए जितने भी हेतु थे, वे सब उन अविनाशी परत्मामामें मिलकर एकत्वको प्राप्त हो गए ॥ १३ ॥

यथा महावस्तुनि चाऽल्पवस्तुनो गतिर्भवत्येव हतात्मशक्तिका ।
तथाऽभवत्तत्र विभौ च तत्कृता व्यामोहिनी शक्तिरियं हतोदया ॥१४॥

जैसे महावस्तुमें अल्प-वस्तुकी गति अपनी शक्तिको नष्ट करनेवाली होती है उसीप्रकार उन व्यापक परमात्माके प्रति ब्रह्माजीद्वारा की गयी यह व्यामोहिनी-शक्ति स्वतः नष्ट हो गयी ॥ १४ ॥

संपश्यतस्तस्य तदग्र एव ते ह्यासन् पुरा येऽस्य वयस्यवत्सपाः ।
विवर्तितास्तेन परात्मना स्वतो रूपान्तरेष्वप्रतिमप्रभावतः ॥१५॥

ब्रह्माजीके देखते-देखते उनके सामने ही वे श्रीहरिके सखा वत्सपाल उन परमात्मा श्रीकृष्णके द्वारा अपने अप्रतिम-प्रभावसे रूपान्तरमें परिणत कर दिये गए ॥ १५ ॥

कीटा विवर्त्यन्त इहाऽपि सुन्दरं पेशस्कृता प्राकृतशक्तिनाऽपि च ।
किमत्र चित्रं परशक्तिधारिणा स्वपूर्वरूपेष्वपि तद्विवर्तनम् ? ॥१६॥

पेशस्कृत् ( भ्रमरी ) नामक कीट-विशेष प्राकृत-शक्तिसे युक्त है तो भी वह इस जगत्के लघु-कीटोंको प्रभावित करके सुन्दर ढंगसे अपने रूपमें परिणत कर लेता है; फिर जो अपने रूपमें परिणत कर लेता है; फिर जो परम—अप्राकृत शक्तिधारी परमात्मा हैं, उनके द्वारा अपने ही पूर्वरूप उन बालकोंमें रूप-विवर्तन किया जाना क्या आश्चर्यकी बात हैं ? ॥ १६ ॥

एते व्यदृश्यन्त तदा विरिञ्चिना नीलाम्बुदश्यामलविग्रहाः शुभाः ।
कौशेयपीताम्बरयुग्मभूषिता आपादशीर्षं परिशोभितास्तथा ॥१७॥

उस समय विरञ्ची ( ब्रह्माजी )ने देखा, वे सब बालक नीलमेघके समान अभिराम श्यामसुन्दर-विग्रह वाले हो गए। वे पैरसे लेकर सिरतक ( श्री कृष्णके समान ही परिशोभित हो उठे ) ॥ १७ ॥

किरीटिनः कुण्डलिनो लसन्मुखाश्चतुर्भुजाः शोभितनेत्रपङ्कजाः ।
हारैरनेकैस्तुलसीविमिश्रितैर्विभूषिता नैकविधैश्च भूषणैः ॥१८॥

उनके मस्तकपर मोर-मुकुट और कानोंमें कुण्डल झलमलाने लगे। इससे उनके मुखकी शोभा होती थी। वे सबके सब चार भुजाओंसे युक्त हो गए। उनके नेत्र कमलके समान शोभित होने लगे। तुलसी-मिश्रित अनेक प्रकारके पुष्पहार तथा भाँति-भाँतिके आभूषणोंसे विभूषित हो वे चमक उठे ॥ १८ ॥

सशङ्खचक्राब्जगदादिभिः शुभैर्धृतैश्चतुर्बाहुषु भूषितास्तथा ।
श्रीवत्सचिह्नाङ्कितवक्षसो लसद्दिव्याङ्गदा नूपुरमेखलान्विताः ॥१९॥

वे चारों भुजाओंमें, शङ्ख, चक्र, पद्म, और गदा आदि सुन्दर आयुध धारण करके विभूषित थे। वक्ष·स्थल श्रीवत्सचिन्हसे सुशोभित थे। उनकी बाहोमें दिव्य-अंगद, पैरोमें नुपूर और कटिप्रदेशमें कर्धनीकी अपूर्व शोभा हो रही थी ॥ १९ ॥

तद्ब्रह्मसूत्रैश्च शुभाङ्गुलीयकै रत्नाश्चितैः कुण्डलकङ्कणादिभिः ।
विरोचमाना बहुपुण्यकारिभिः पुष्पावलीभिर्बहुशः सुपूजिताः ॥२०॥

ब्रह्मसूत्रों, सुन्दर-अँगूठियों तथा रत्न-जटित कङ्कण, कुण्डल आदिसे वे प्रकाशमान थे। बहुतसे पुण्यात्माजन पुष्पमालाओं द्वारा उनकी अनेक प्रकारसे उत्तम पूजा करते थे ॥ २० ॥

स्मितैः शशाङ्कच्छविसुन्दरैः शुभैराह्लादकैः स्वैश्च कटाक्षवीक्षणैः ।
विनाशयन्तः प्रियभक्तहृद्गतान्यसत्तमान्यात्मतमांसि शन्तमैः ॥२१॥

उनके अधरोंपर चन्द्रमाकी चाँदनीके समान सुन्दर मंद-हास छिटक रहे थे, उनके कटाक्षपूर्णं अवलोकन शुभ एवं आह्लादक थे। उन परम शान्तिदायक हासों और कटाक्षवीक्षणों द्वारा वे प्रिय भक्तोंके हृदयगत अत्यन्त असत् अज्ञानान्धकारोंका नाश करते थे ॥२१॥

स्वभक्तचित्तेष्वखिलेषु संस्थितांस्तानर्थकामान् रजसा गुणेन च ।
विसृज्य सत्त्वेन सुखं प्रपूर्य तान् संपालयन्तः स्वपरात्मतेजसा ॥२२॥

अखिल भक्तजनोंके चित्तोंमें टिके हुए उन-उन अर्थों एवं कामनाओंको रजोगुणसे सृष्ट करके विशुद्ध सत्त्वगुणद्वारा अनायास ही उन्हें पूर्णकर अपने परमात्म-तेजसे उन सबकी वे रक्षा करते थे ॥ २२ ॥

आब्रह्मकीटात्मगतैस्तदात्मभि - श्चराचरैस्तैर्निजमूर्तिधारिभिः ।
उपास्यमानाः पृथगेव संस्थितैस्तौर्यत्रिकैर्गीतमहोदयास्तथा ॥२३॥

ब्रह्मासे लेकर कीटपर्यन्त जितने भी चराचर प्राणी हैं, वे सब पृथक्-पृथक् मूर्ति-धारण करके उन सबकी उपासनामें संलग्न थे तथा नृत्य, गीत एवं वाद्योंद्वारा उनके महान् अभ्युदयका गान करते थे ॥ २३ ॥

सत्सिद्धिभिर्योगगताणिमादिभि - र्विद्यात्ममायादिमहाविभूतिभिः ।
स्वरूपमालम्ब्य विभिन्नया धिया गत्या च भक्त्या च पृथक् सुसेविताः ॥२४॥

योगप्रसिद्ध अणिमा आदि सिद्धियां तथा विद्या, माया आदि महाविभूतियां मूर्तिमती होकर विभिन्न दृष्टि, गति तथा भक्तिके द्वारा पृथक्-पृथक् उनकी सेवा करती थीं ॥ २४ ॥

सत्साङ्ख्यतत्त्वैर्महदादिभिर्हितैः संख्यां चतुर्विंशतिमाश्रितैः स्वतः ।
धृत्वाऽऽत्ममूर्तिं प्रणयाभिसंस्थितैरुपास्यमानाः ससुखं समन्ततः ॥२५॥

चौबीसकी संख्याको प्राप्त जो सांख्य-सम्मत महत् आदि तत्त्व हैं, वे मूर्तरूप धारण करके प्रेमपूर्वक स्थित हो सब ओरसे बड़े सुखसे उनकी उपासना करते थे ॥ २५ ॥

कालेन साक्षाद्गुणहेतुना तथा स्वभावसंस्कारमयेन कर्मणा ।
गुणैश्च कामैर्विधृतात्मरूपकैः शक्त्या महद्धर्या च पृथङ् निषेविताः ॥२६॥

सत्त्व, रज और तम इन तीनों गुणोंके साक्षात् कारण काल, स्वभाव, संस्कार, कर्म, गुण और काम ये सब पृथक्-पृथक् देह धारण करके अपनी शक्ति तथा महती-समृद्धिके द्वारा पृथक्-पृथक् उन सबकी सेवा करते थे ॥ २६ ॥

प्रवृद्धमात्मीयमहत्त्वमाश्रितैस्तेनैव तेषां परिबाधितोदयाः ।
स्थित्या स्वयैवं परिपूर्णमानसाः सदिच्छया ध्वस्तजगत्प्रपञ्चकाः ॥२७॥

अपनी बढ़ी हुई महत्ताका आश्रय ले उसीके द्वारा अन्य सबके उदयका बाध करनेवाले वे सबके सब अपनी स्थितिसे ही परिपूर्ण मनोरथवाले थे तथा अपनी सदिच्छा ( या सत्संकल्प ) मात्रसे जगत्-प्रपञ्चका नाश करनेमें समर्थ थे ॥ २७ ॥

सच्चित्प्रबोधाः स्फुरदात्मसद्रसा आनन्दमात्रा जगदेकहेतवः ।
सद्भक्तिगम्याः परतत्त्वरूपकारतैर्ज्ञानिभिश्चाऽस्मृतसद्गतिं श्रिताः ॥२८॥

उनका स्वरूप सत्य, चैतन्य एवं ज्ञानमय था। वे परिस्फुरित आत्मानन्द रसमय मूर्तिवाले थे। केवल आनन्दके पुञ्ज थे, जगत्के एक ही हेतु थे; एकमात्र उत्तम-भक्तिसे ही उनतक पहुँच हो सकती थी। वे सभी परमतत्त्वमय रूपवाले थे। उन्होंने ऐसी सद्गति-का आश्रय ले रक्खा था, जो ज्ञानियोंकी भी समझमें आनेवाली नहीं है ॥ २८ ॥

एवं ददर्शाऽज इमान्निरन्तरं ह्यतृप्तनेत्रैः परमात्मनोऽखिलान् ।
यद्ब्रह्म सत्यं कथयन्ति सद्बुधा स्तदेव नानात्वमितं स्वयोगतः ॥२९॥

इस प्रकार ब्रह्माजीने उन सबको निरन्तर परमात्माके रूपमें ही देखा; उनके नेत्र उन सबके दर्शनसे तृप्त ही नहीं होते थे। ज्ञानी-जन जिसे सत्य ब्रह्म कहते हैं। मानो वही यहाँ अपनी योगशक्तिसे नानारूपोंमें प्रकट हुआ था ॥ २९ ॥

चराचरं विश्वमनन्तमप्यदोऽनन्तस्य यस्याऽऽत्मगतं विराजते ।
उद्भूतमप्यत्र विदृश्यते स्फुटं प्रकाशितं चाऽस्य परात्मतेजसा ॥३०॥

यह चराचर एवं अनन्त विश्व ब्रह्माण्ड भी जिन अनन्त परमात्माके अपने भीतर ही प्रकाशमान है, जिनके परमात्म-तेजसे प्रकट होकर यह यहाँ भी स्पष्टरूपसे प्रकाशित दिखाई देता है। ( वह ब्रह्म ही यहाँ नानारूपोंमें प्रकट हुआ है—ऐसा ब्रह्माजीको भान हुआ ) ॥ ३० ॥

ततो विरिञ्चिः परिवृद्धकौतुकात्स्तब्धेन्द्रियः स्थाणुरिवाऽभवत्तदा ।
अग्रे सुपर्णस्य भुजङ्गमो भयाद् यथा भवत्येव तथैव निश्चलः ॥३१॥

तब ब्रह्माजीका कौतुक अत्यन्त बढ़ जानेसे उनकी इन्द्रियाँ स्तब्ध हो गयीं। वे उस समय ठूँठ-काठके समान अचल हो गए। जैसे गरुड़के सामने सर्प भयके कारण निश्चल हो जाता है, वही दशा ब्रह्माजीकी भी हुई ॥ ३१ ॥

मूर्तस्वरूपात् परतत्त्वसंज्ञकादमूर्तरूपं परिगृह्य चिन्मयम् ।
पुरः स्फुरच्चाऽपरसंज्ञमक्षरं ह्यानन्दमात्रं तदिदं ददर्श सः ॥३२॥

फिर उस परतत्त्व-संज्ञक मूर्तस्वरूपका त्याग कर वे सब चिन्मय अमूर्तरूपको धारण करके अपर संज्ञक अक्षर तत्त्वके रूपमें स्थित हो गए। अब वे केवल आनन्दमय रह गए थे ब्रह्माजीने उनके इस रूपका भी साक्षात्कार किया ॥ ३२ ॥

स्वतो यदासीत्परिशुद्ध आत्मनि विभाव्यमानं मनसोऽप्यगोचरम् ।
अमेयसौख्यप्रदमव्ययाभिधं तच्चाऽप्यतर्क्यं महिमान्वितं परम् ॥३३॥

जो विशुद्ध आत्मामें स्वतः विभाव्यमान ( ध्यानका विषय ) था, जहाँतक मनकी भी पहुँच नहीं है, जो अमेयसौख्य-दायक अव्ययात्मा, अतर्क्य और महिमान्वित परम-पद है ( उसे ब्रह्माजीने देखा ) ॥ ३३ ॥

विभूषणं सद्वचसाऽप्यशान्तिहृन्महात्मनां चैत्यतमोविनाशकम् ।
व्यक्तात्परं केवलमात्मकारणं तत्स्वानुभूताविह सत्प्रकाशकम् ॥३४॥

वह उत्तम वाणी ( वेद )का श्री भूषण है, अशान्तिको हर लेनेमें समर्थ है, महात्माजनोंके चित्तगत अन्धकारको नष्ट करनेवाला है। दृश्यमान व्यक्त प्रपञ्चसे अतीत, केवल ( अद्वितीय ), जीवात्माओंके भी आविर्भावका कारण तथा आत्मानुभूति-कालमें सत्तत्त्वका प्रकाशक है ॥ ३४ ॥

तदत्र पश्यन् विधिरेष तद्‍गतः पेशस्कृता रुद्धगतिः कृमिर्यथा ।
क्षणाद्बभूवाऽथ तदेव तन्मयो विमोहमाप्याऽपि भृशं भ्रमन्मतिः ॥३५॥

उसीका साक्षात्कार करते हुए वे विधाता तद्‍गतचित्त हो गए। 'पेशस्कृत्' ( कीट विशेषके ) द्वारा अवरुद्ध कीट जैसे उसीमें चित्त लगाए हुए क्षणभरमें तदाकार हो जाता है, उसीप्रकार वे ब्रह्मा भ्रान्त-बुद्धि हो विमोहको प्राप्त होकर भी उस तत्त्वके चिन्तनसे तद्रूप हो गए ॥ ३५ ॥

निरूप्य चैनं तदवस्थमक्षतं ततस्त्वसौ गोपशिशुर्दयार्णवः ।
स्वां योगमायां प्रतिगृह्य सर्वथा प्राग्वद्राज प्रतिसीरिकां क्षिपन् ॥३६॥

तदनन्तर कृपाके अपार-पारावार उन गोपशिशुरूप श्रीहरिने जब ब्रह्माजीको उक्त अवस्थामें पहुँचकर निर्विकार स्थितिमें स्थित देखा तो अपनी योगमायाको सर्वथा समेटकर उसके पर्देको उठा लिया और पहलेकी भाँति एकाकी गोप-शिशुके रूपमें सुशोभित हो उठे ॥ ३६ ॥

इतो विरिञ्चिर्मृतवत्स्थितः क्षणं कृपां तदीयां समवाप्य चिन्मयीम् ।
सँल्लब्धबोधोऽथ भवे यतेन्द्रियः स्वं ज्ञातवानात्मपुरः स्थितं च तम् ॥६७॥

इधर ब्रह्माजी क्षणभर उनकी चिन्मयी-कृपाको पाकर मृतकतुल्य निष्पन्द-भावसे खड़े रहे; तत्पश्चात् बाह्य वस्तुका भान होनेपर उनकी इन्द्रियाँ संसारकी ओर उन्मुख हुई और उन्होंने अपनेको तथा सामने खड़े हुए उन नन्द-नन्दनको भी जाना ॥ ३७ ॥

दिशो विलोक्यैव पुनः स योगिराट् प्रसन्नचेता अभितः स्फुरत्प्रभाः ।
वृन्दावनं जीवनिकायभास्वरं पुरो व्यपश्यत्तरुगुल्मसङ्कुलम् ॥३८॥

इसकेवाद संपूर्ण दिशाओंको सब ओरसे प्रकाशमान देखकर योगिराज ब्रह्माजीका चित्त प्रसन्न हो गया। उन्होंने अपने समक्ष वृक्षों, गुल्मों और लताओंसे व्याप्त वृन्दावनको देखा, जो विविध जीवोंके समुदायसे दीप्तिमान् जान पड़ता था ॥ ३८ ॥

आजीव्यभूतं जगतां मनोहरं तत्स्थावरैरप्यभितो निषेवितम् ।
प्रपूर्णरूपं ह्यणिमादिभिर्वृतं स्वान्तं यथा शान्ततरं मनस्विनः ॥३९॥

यह बहुत-से जङ्गम प्राणियोंका उपजीव्य एवं मनोहर था, अचर प्राणियोंद्वारा भी सबओरसे सुसेवित था। उसका रूप सभी गुणोंसे पूर्ण और अणिमा आदि सिद्धियोंद्वारा सम्पन्न था। मनस्वी-महात्माओंके चित्तकी भाँति वह परमशान्त प्रतीत होता था ॥३९॥

अन्योन्यवैरा अपि दुष्टहिंस्रका मृगा मृगादाश्च परस्परं श्रिताः ।
क्रीडन्त आसन् बहुधा शरीरिणां स्वात्मांशभूता इव यत्र शान्तितः ॥४०॥

उस वृन्दावनमें एक दूसरेसे स्वाभाविक वैरवाले मृग और दुष्ट हिंसक जीव सिंह आदि भी प्रेमसे परस्पर मिलकर देहधारियोंमें अपने आत्माके अंशसे प्रकट हुए की भाँति शान्तिसे आपसमें नानाप्रकारकी क्रीडाएँ करते थे ॥ ४० ॥

सान्निध्यमाप्याऽस्य शिशोर्जगत्पतेरावासभूतं तदिदं वनं स्वतः ।
विभ्राजतेऽस्माऽत्र च तर्षकादिभिः क्षुत्तृड्विकारैरहितं हितं श्रितम् ।४१॥

उन बालरूपधारी जगदीश्वरका सान्निध्य पाकर उन्हींका आवास स्थान बना हुआ यह वृन्दावन कामनाओं तथा भूख-प्यास आदि विकारोंसे रहित था और सर्वहितकरभावका आश्रय ले स्वतः सुशोभित होता था ॥ ४१ ॥

अत्राऽप्यपश्यद्भगवन्तमव्ययं गोपालनन्दस्य सुतत्वमाश्रितम् ।
तत्राऽपि मुग्धाभिनयेन वस्तुतो निर्दर्शयन्तं च पृथक्त्वमात्मनः ॥४२॥

उस वनमें ब्रह्माजीने नन्दगोपके पुत्रभावको प्राप्त हुए अविनाशी भगवान् श्रीकृष्णको देखा। वहाँ भी वे अपने भोलेपनके अभिनयसे वस्तुतः औरोंसे अपनी विलक्षणता प्रकट कर रहे थे ॥ ४२ ॥

प्राग्वत् स्ववत्सान् स्वसखांश्च सर्वतो विमार्गमाणं परितोऽसमञ्जसम् ।
स्ववामबाहोर्दधिभक्तमञ्जसा स्वादन्तमद्याऽप्यसमं तथास्थितम् ॥४३॥

वे पहले हो की भाँति अपने बछड़े और सखाओंको सबओर खोजते हुए सर्वथा असमञ्जस स्थितिमें पड़े हुए थे। अपने बायें हाथमें रखे हुए दही-भातको अनायास ही खाते जाते थे और असाधारण अवस्थामें दृष्टिगोचर होते थे ॥ ४३ ॥

ततस्त्वसौ निश्चितधीः सदाग्रहो विभाव्य तद्ब्रह्ममयं जगत् स्वतः ।
अगाधबोधं परितो लसत्प्रभं तं सत्यकामं समवैक्षताऽग्रतः ॥४४॥

तदनन्तर, सत्-तत्त्वके प्रति आग्रह रखनेवाले ब्रह्माजीने अपना विचार निश्चित करके सम्पूर्ण जगत्को स्वतः श्रीकृष्ण-ब्रह्ममय जानकर उन अगाधबोधसिन्धु, परितः प्रकाशमान, सत्यकाम पुरुषोत्तमको अपने सामने ही खड़ा देखा ॥ ४४ ॥

सोऽहंस्वरूपादथ हंसवाहनात् सोऽद्धाऽवतीर्याऽथ इहाऽस्य सन्निधौ ।
आपात्य हैमोज्ज्वलमात्मविग्रहं जग्राह पादाम्बुजमेष विश्वसृक् ॥४५॥

विश्वविधाता ब्रह्माजीका वाहन हंस 'सोऽहं' स्वरूप था। उससे तत्काल उतरकर उन्होंने इन भगवान् श्रीकृष्णके समीप अपने सुवर्णगौर दिव्य-विग्रहको प्रणत करके इनके चरणारविन्दको ही पकड़ लिया ॥ ४५ ॥

भक्त्या गलन्मोह उपेन्द्रपादयोर्लुठंश्च तत्राऽपि निरन्तरं विधिः ।
पृष्ट्वा चतुर्भिर्मुकुटैः शिरःस्थितै - र्हर्षाश्रुभिस्तावकृतवार्द्ररूपकौ ॥४६॥

भक्तिभावके जागरणसे उनका मोह गल गया था। वे विधाता वहाँ उपेन्द्र (श्रीकृष्ण) के युगल चरणोंमें निरन्तर लोटने लगे। उन्होंने अपने मस्तकवर्ती चारों मुकुटोंसे भगवच्चरणोंका स्पर्श करके उन्हें हर्षके आंसुओंसे नहला दिया ॥ ४६ ॥

समुन्नमय्य स्वशिरांसि भक्तितः पश्यन् कृपालुं विभुमस्य पादयोः ।
पुनः पुनश्चापि पतन्नमन्नयं दृष्ट्वा तदस्येश्वरतां स्मरन् बभौ ॥४७॥

भक्तिसे अपने मस्तकोंको उठाकर वे उन कृपालु-प्रभुको देखते और उनके चरणोंमें बार-बार प्रणाम करते थे। उस समय ये भगवान्की प्रत्यक्ष देखी हुई परमेश्वरताका स्मरण करते हुए सुशोभित होने लगे ॥ ४७ ॥

पश्चात् सुखं सविनयोऽत्र समुत्थितोऽसाऽवस्तौद्विधिर्मुहुरुपेन्द्रममुं समीक्ष्य ।
भक्त्या गलद्धृदय उत्पुलकः प्रमोदाद्बद्धाञ्जलिर्विधृतवेपथुरार्यवाण्या ॥४८॥

तत्पश्चात् वे विधाता सुखपूर्वक विनीत भावसे उठकर खड़े हुए और उन उपेन्द्रकी ओर देखकर आर्यवाणी (संस्कृतभाषा) में उनका स्तवन किया। उस समय भक्तिभावसे उनका हृदय द्रवीभूत हो गया था। शरीरमें रोंगटे खड़े हो गये थे। उन्होंने आनन्दातिरेकसे अपनी दोनों अञ्जलि बांध रक्खी थी और उनके अङ्गमें 'कम्प' नामक सात्त्विक भावका उदय हो आया था ॥ ४८ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
पञ्चपञ्चाशसर्गोऽगान्महाकाव्ये स्तवात्मके ॥४९॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह पचपनवां सर्ग पूरा हुआ है ॥ ४९ ॥

◆

# षट्पञ्चाशः सर्गः

[ ब्रह्मकृता भगवत्स्तुतिः ]

( मन्दाक्रान्ता छन्दः )

नौमीड्य ! तेऽभ्रवपुषे तडिदम्बराय गुञ्जावतंसपरिपिच्छलसन्मुखाय ।
वन्यस्रजे कवलवेत्रविषाणवेणुलक्ष्मश्रिये मृदुपदे पशुपाङ्गजाय❀ ॥१॥

'हे स्तवनीय प्रभो ! आपका श्रीविग्रह नूतन जलधरके समान श्याम है, इसके ऊपर धारण किया हुआ पीताम्बर मेघमालामें विद्युत्के समान प्रकाशित होता है। गुञ्जाके कर्णभूषणसे आपके कान और मोरपंखके मुकुटसे आपका मस्तक मण्डित हो रहा है। आपने वन्य पुष्पोंकी माला धारण कर रक्खी है। आप दही-भातके कौर, बेंत, सींग और मुरलीके चिह्नसे सुशोभित हैं, आपके चरण बड़े कोमल हैं, तथा आप गोप-नन्दन हैं, मैं आपको नमन करता—आपके गुण गाता हूँ ॥ १ ॥

मूर्तं विश्वं तदिमघहन् ! मत्कृतं भ्राजते यत्
तच्चाऽमूर्तं विपरिघटयन्नात्मशक्त्याऽप्रमेयः ।
तत्रापि स्वं जगति विततं दर्शयन्मां च भूय
इत्थंरूपो विलसति भवान् सच्चिदानन्द एकः ॥२॥

'पापहारी अथवा अघासुर-संहारी हरे ! मेरेद्वारा रचित जो यह मूर्त-जगत् प्रकाशित होता है, इसको भी अपनी शक्तिसे अमूर्तरूपमें परिणत कर देनेवाले आप अप्रमेय हैं। फिर उस जगत्में अपने-आपको व्यापक दिखाते हुए तथा उसमें मुझको भी पृथक् प्रदर्शित करते हुए आप इस प्रकार एकमात्र सच्चिदानन्द-स्वरूपसे विलसित हो रहे हैं' ॥ २ ॥

ज्ञातं स्वामिन् ! भगवत इदं रूपमप्यात्महेतु
स्वात्माधत्तं किल विजयते सर्वतो व्याप्तिमत्त्वात् ।
वैराजाख्यं प्रभवति यतो यच्च सूक्ष्मं ह्यतर्क्यं
यस्मिन् सर्वं विपरिणमते तत्त्वमेवाऽसि नाथ ! ॥३॥

'स्वामिन् ! हमें यह ज्ञात है कि आप भगवान्का यह रूप आत्महेतुक है—किसी दूसरे कारणसे उद्भूत नहीं हुआ है तथा सर्वत्र व्याप्त होनेके कारण स्वतन्त्ररूपसे सर्वोपरि

---

❀ लोकगुरुणा ब्रह्मणा भगवत्स्वरूपस्याऽस्य कृतसाक्षात्कारोऽयं श्लोको रूपान्तरीकर्तुमयोग्यतया ध्यानपथमवगाहमानेन मयाऽप्यत्र तथैव स्थापितः । विदुषां विमर्शनीयो भवेदिति चाशास्ते । कविः ॥

विराजमान है। उससे ही वैराजसंज्ञक-विराट्की उत्पत्ति हुई है। वह स्वरूप सूक्ष्म तथा अतर्क्य है। नाथ ! जिसमें सबकी विपरिणति होती है; वह तत्त्व आप ही हैं' ॥ ३ ॥

दृष्टं चैतद्वपुरपि विभो ! यत्त्वया स्वेच्छयाऽत्रा-
धारि स्वामिन् ! मयि विधिवशान्मोहमाप्ते कुकृत्यात् ।
उद्धर्तुं मां तत इह कृपां कर्तुमेतामवाच्यां
भूतैर्भिन्नं निखिलजगतां कारणं चित्स्वरूपम् ॥४॥

'स्वामिन् ! विभो ! यह जो आपका रूप दृष्टिगत हो रहा है, इसे, जब भाग्यवश अपने ही कुकृत्यसे मैं मोहको प्राप्त हो गया था, तब मेरा ही उद्धार करने—मुझपर ही अकथनीय कृपा करनेके लिए अपने स्वेच्छासे स्वीकार किया है। यह पाँचों भूतोंसे भिन्न है तथा निखिल जगत्का कारणभूत एवं चैतन्यमय है' ॥ ४ ॥

एतस्याऽपि प्रथितवपुषः पूर्वकल्पादतोऽपि
गोपालस्याऽसमसुतमयस्याऽपि तत्त्वाश्रितस्य ।
नेशे ज्ञातुं विधिरहमपि क्षेमदं तन्महत्त्वं
चेदानन्दाऽतुलसुखमयं तत्कथं शक्नुयां हा ! ॥५॥

'जो पूर्वकल्पसे भी सुप्रसिद्ध आपका यह अनुपम गोपनन्दनरूप एवं तत्त्वोंका आश्रयभूत श्रीविग्रह है, मैं विधाता होकर भी इसकी भी महिमाको जाननेमें असमर्थ हो गया हूँ; फिर जो आपका आत्मानन्दस्वरूप असाधारण सुखमयरूप है; उसकी महत्ताको मैं कैसे जान सकता हूँ। हा हन्त !' ॥ ५ ॥

ज्ञानं प्राप्तुं भवति विदुषामुग्ररूपः प्रयासो
नाऽयं योग्यो न च भवति तद्धेतुरप्यात्मलब्धौ ।
तस्माद्भक्तिस्तव चरणयोः सिद्धिदा शन्तमेति
बुद्ध्वा चाऽन्ये बुधजनपदान्याश्रयन्ते तदाप्त्यै ॥६॥

'ज्ञान प्राप्त करनेके लिए विद्वानोंद्वारा उग्र प्रयास किया जाता है, किन्तु यह उचित नहीं है। क्योंकि वह प्रयास आत्माकी उपलब्धिमें हेतु नहीं है। आपके युगल-चरणोंके प्रति की गयी कल्याणमयी भक्ति ही सिद्धिदायिनी है—यह जानकर अन्यान्य भक्तजन उसे पानेके लिए भक्ति-तत्त्वके ज्ञाता बुधजनोंके चरणोंका आश्रय लेते हैं' ॥ ६ ॥

श्रुत्वा तेभ्यः ससुखमिह ते त्वत्कथां कर्णमार्गै-
र्नीत्वा चान्तर्हृदयकुहरस्थं तमस्तद्विनाश्य ।
साक्षात्कृत्याऽखिलभवमयं त्वां च तत्राऽऽत्मनैव
संहृत्यैतत्सकलमखिलान् भूषयन्त्यत्र सन्तः ॥७॥

'उनके मुखसे सुखपूर्वक यहां आपकी कथा-वार्ता सुनकर और कर्णमार्गसे उसे भीतर ले जाकर वे उसके द्वारा अपनी हृदयगुहामें स्थित अज्ञानान्धकारका नाश कर देते हैं। फिर अखिल-विश्वरूप आपका साक्षात्कार करके इस सारे प्रपञ्चका संहार कर देते हैं और इस प्रकार वे संत-जन सबके भूषण बन जाते हैं' ॥ ७॥

दत्त्वाऽऽत्मानं तव पदयुगायैव ये गीर्मनोभ्यां
कायैश्चैवं विगतविषयाः स्वेन्द्रियाणि प्रगृह्य ।
जीवन्त्यत्र त्वयि सुखमये स्वांश्च ते जीवयन्ति
धन्या मन्येऽजित ! विभुरपि त्वं जितस्तैस्त्रिलोक्याम् ॥८॥

'हे अजित परमात्मन् ! जो मन, वाणी और शरीरके द्वारा अपने आपको आपके युगल-चरणारविन्दोंमें अर्पित करके अपने इन्द्रियोंको वशमें रखते हुए विषयोंसे विरत हो गये हैं तथा आप-परमानन्दमय परमेश्वरका ही आश्रय लेकर जीवन धारण करते हैं, एवं स्वजनोंको भी आपमें ही लगाकर जीवित रखते हैं, वे सन्त पुरुष तीनों लोकोंमें धन्य हैं। यद्यपि आप किसीसे पराजित नहीं होते, तथापि वे सन्त निश्चय ही आपको जीत लेते हैं ॥ ८॥'

श्रेयो दात्रीमपरिगणयन्तश्च भक्तिं त्वदीयां
शिष्येभ्यो ये ददति शुभदं ज्ञानमप्यत्र केचित् ।
आत्मानं ते सह निजजनैः केवलं क्लेशयन्ति
तेषामन्ते प्रभवति गतिर्क्लेशदा चाऽर्थहीना ॥९॥

'प्रभो ! जो आपकी कल्याणदायिनी भक्तिको कुछ भी न गिनते हुए अपने शिष्योंको केवल शुभदायक ज्ञानमात्रका उपदेश देते हैं, वे अपने उन शिष्यजनोंके साथ स्वयंको भी क्लेशमें ही डालते हैं। अन्ततोगत्वा उन्हें परमार्थशून्य कष्टप्रद गति ही हाथ लगती है' ॥ ९ ॥

किं प्राप्स्यन्ते त इह भगवन् ! ज्ञानमप्यात्मसंस्थं
संम्प्राप्याऽपि प्रचुरमहहा ! भक्तिहीनं किलैते ।
निःसारांश्चाऽवहितमनसस्तांस्तुषान् व्यर्थमेव
यत्नाद्यत्नादुपचितगुणा ये त्ववघ्नन्ति हन्त ! ॥१०॥

'भगवन् ! वे लोग भक्तिहीन, प्रचुर आत्मज्ञान पाकर भी क्या लाभ उठायेगें ! जो सारहीन भूसोंको सावधान होकर बड़े यत्नसे कूटते हैं। हाय हाय ! उनका वह कूटना व्यर्थ परिश्रममात्र ही तो है। उन्हें चावल थोड़े ही मिल सकता है ॥ १० ॥

अन्ये स्वामिञ्छ्रितबहुगुणा योगिनः शुद्धचित्ता
विद्वद्वर्याद्बहुगुणयुतात् त्वत्कथा ध्यानगम्याः ।
श्रुत्वा श्रुत्वा हृदयकुहरे स्थापयित्वा सुखं ता
लब्ध्वाऽपूर्वास्त्वयि रतिततीस्त्वद्गतिं संलभन्ते ॥११॥

'स्वामिन्! उनसे भिन्न जो अनेक गुणोंसे सम्पन्न शुद्ध चित्त योगी जन है, वे बहुगुणशाली बुध शिरोमणि महात्मासे आपकी ध्यानगम्य कथामें सुन-सुनकर उन्हें सुखपूर्वक अपने हृदयमें स्थापित करते हैं और आपके प्रति अपूर्व अनुराग पाकर अन्तमें आपके ही स्वरूपको प्राप्त कर लेते हैं ॥११॥

नित्यं पूर्णस्त्वमसि भगवन्! सच्चिदानन्दरूपो
जानीयात् कस्तव शुभगतिं तामभेयामतर्क्याम् ।
ज्ञाने हेतुर्भवति च परं कर्म तेषां तदेव
यत्तैः सत्त्वाद्विदितमखिलं भासते नात्मभिन्नम् ॥१२॥

'भगवन्? आप नित्य परिपूर्ण हैं, सच्चिदानन्द स्वरूप हैं। आपकी कल्याणमयी गति अमेय और अतर्क्य है। उसे कौन जान सकता है। उसके ज्ञानमें हेतु होता है, उनका वह उच्चकोटिका निष्काम कर्म। जिससे अन्तःकरण शुद्ध हो जानेके कारण उन्हें यह सारा प्रपञ्च अपनेसे भिन्न नहीं प्रतीत होता है ॥१२॥'

येषामात्मा लगति नितरां निर्गुणं निर्विकारं
तत्त्वं ज्ञातुं तव शुभहितं स्वानुभूत्यैकलक्ष्यम् ।
धन्यास्तेऽपि प्रचुरगतिभिः कर्मभिः स्वैः परात्मन्!
प्राप्तुं तत्त्वां प्रमृजितपथा ये यतन्तेऽत्र नित्यम् ॥१३॥

'परमात्मन्! जिनकी बुद्धि निरन्तर आपके स्वानुभवैकगम्य परम-पूजित, निर्गुण निर्विकार तत्त्वके ज्ञानमें लगती है, वे महापुरुष धन्य हैं, वे प्रचुर गतिवाले अपने कर्मों द्वारा बिशुद्ध मार्गसे चलकर यहां आपको पानेके लिए सतत यत्नशील रहते हैं' ॥१३॥

मत्वाऽपि त्वाऽखिलगुणयुतं मूर्तमानन्दहेतुं
ब्रह्माण्डस्याऽसमहितकृतं पूर्णरूपाऽवतीर्णम् ।
को वा भूयादिह च सफलो ज्ञातुमाद्य कवीनां
मातुं तत्त्वादपि तव गुणान् स्यात् समर्थश्च कोऽत्र ॥१४॥

'आप सम्पूर्ण ब्रह्माण्डके अनुपम हितकारी, पूर्णावतार, सकल कल्याणमय गुणोंसे सम्पन्न, और आनन्दके मूर्तिमान हेतु हैं। ऐसा समझ लेनेपर भी कौन ऐसा माईका लाल होगा, जो आदि कवियोंके भी आदि कारण आप परमेश्वरको पूर्णतः जान लेनेमें सफल हो

सके ? तथा इस जगत्में कौन ऐसा पुरुष होगा, जो आपके गुणोंकी तत्त्वतः गणना करनेमें समर्थ हो सकेगा ?' ॥ १४ ॥

रेणून् भूम्याः सुसमयमयो नैककल्पैः सुलब्धैः
कश्चित् स्वामिन् ! समधिगणयेद्यत्नशीलो मनस्वी ।
यद्वा मायादिह रविकरान् खोद्भवानात्मशक्त्या
संख्यातीतान्न तु तव गुणांस्तानमेयान् कदापि ॥ १५ ॥

'स्वामिन् ! उत्तम समय और बड़ी आयु पाकर कोई यत्नशील मनस्वी पुरुष अनेक कल्पोंतक गिनते-गिनते सम्भव है कि भूमिके धूलिकणोंकी गणना कर ले अथवा यह भी हो सकता है कि वह अपनी शक्तिसे आकाशमें प्रकट होनेवाली सूर्यदेवकी किरणोंका माप कर ले। परन्तु आपके असंख्य-गुणोंकी कोई कदापि गणना नहीं कर सकता ॥ १५ ॥

तस्मात् स्वामिन्निह सुचरितो भक्तवर्यो महात्मा
शान्त्या तिष्ठन् स्वविहितफलं कर्मपाकं तदश्नन् ।
हृद्वाग्देहैर्भवगतगतिं त्वां नमंश्चैव भक्त्या
यो जीवत्यामरणमरणं त्वां स एवैति नूनम् ॥ १६ ॥

'अतः प्रभो ! जो उत्तम चरित्रवाला भक्तप्रवर महात्मा पुरुष, शान्तिपूर्वक रहकर अपने प्रारब्ध कर्मका फल भोगता हुआ, संसारी जीवोंके एकमात्र आश्रय आपको मृत्युपर्यन्त मन, वाणी और शरीर द्वारा प्रणाम करते हुए जीवन धारण करता है, निश्चय ही वही सबके शरण्य आप भगवान्को प्राप्त कर लेता है ॥ १६ ॥

धिङ् माऽनार्यं य इह कुपथे क्षिप्तवानात्मशक्ती-
राश्चर्यं यत्तदपि भवति स्वात्मशक्त्यैव पूर्णे ।
यस्मात् सर्वं प्रभवति तथाऽनन्तमायश्च योऽस्ति
तस्मिन्नात्मन्यकरवमहं धाष्टर्यमेतद्विधं धिक् ॥ १७ ॥

'नाथ ! जिसने यहाँ अपने शक्तियोंको कुमार्गमें लगाया, उस मुझ अनार्यको धिक्कार है। उसमें भी आश्चर्यकी बात यह है कि जो आत्मशक्तिसे ही परिपूर्ण हैं, उनके प्रति मैंने अपनी तुच्छ-शक्तिका प्रदर्शन किया। जिससे सबकी उत्पत्ति होती है, तथा जिनकी मायाका कहीं अन्त नहीं है, उन परमात्माके प्रति मैंने ऐसी धृष्टता की है। मुझे बार-बार धिक्कार है' ॥१७॥

मायां द्रष्टुं भगवत इमां ते निजां मायिमिश्राऽ-
तर्क्यां तां च स्वत उपरतिप्रापिकां मोहिनीञ्च ।
इच्छन् स्वामिन् ! पशुपशिशुकान् वत्सकांस्तांश्च सर्वान्
हृत्वाऽधां हाऽन्यत उभयतः स्वं प्रभुं मन्यमानः ॥ १८ ॥

'स्वामिन् ! सर्वात्मन् ! आपकी यह अपनी माया मायावियोंके लिए भी अतर्क्य है। वह सबको मोहमें डालनेवाली तथा संसारसे उपरति ( वैराग्य ) की प्राप्ति करानेवाली है। उसे देखनेकी इच्छासे अपनेको प्रभु माननेवाले मैंने इधर-उधर दोनों ओरसे ग्वाल-बालों और बछड़ोंको चुराकर अन्यत्र रख दिया था। यह कितने खेदकी बात है' ॥ १८ ॥

किं वा पश्यन्त्यहह ! भगवन् ! स्वां गतिं ते स्फुलिङ्गा
अग्नाविद्धेऽविहतगतयो ते भवन्त्येव किं वा ? ।
तद्वत्स्वेच्छाविधृतवपुषस्त्वत्स्थितिं ज्ञातुकामो
दुष्टो हृष्टोऽभवमहमिहाऽनन्तशक्तिं समीक्ष्य ॥ १९ ॥

'अहह ! भगवन् ! क्या चिनगारियाँ प्रज्वलित अग्निमें अपनी गतिको देख सकती हैं। अथवा क्या वे अप्रतिहत गतिवाली हो सकती हैं ? कदापि नहीं। उन्हींकी भाँति मेरी भी स्थिति है। आपने स्वेच्छासे शरीर धारण किया है, तो भी मुझ जैसे दुष्टने आपकी स्थितिको जाननेकी चेष्टा की। परन्तु यहाँ यह देखकर कि आपकी शक्तिका अन्त नहीं है, मैं हर्षसे उत्फुल्ल हो उठा हूँ' ॥ १९ ॥

ब्रह्मा सोऽहं ह्यतुल इति चाऽऽरूढमोहोऽभिमाना-
दज्ञश्च स्वं भवगतधिया त्वत्पृथङ् मन्यमानः ।
एषोऽभूवं चरणपतितोऽन्ते गतिं त्वां विभाव्य
क्षान्त्वा सर्वं तदिदमघहन् ! मे दयस्वाऽत्र भूयः ॥ २० ॥

'पापापहारी प्रभो ? मैं अजन्मा ब्रह्मा हूँ' मेरी कहीं तुलना नहीं है। इस अभिमानसे मैं मोहाच्छन्न हो गया था और अपनी सांसारिक बुद्धिसे अपने आपको आपसे पृथक् ईश्वर मानने लगा था। मैं कैसा अज्ञ हूँ। अन्तमें आप ही सबके गति हैं। यह सोचकर मैं आपके चरणोंमें पड़ा हूँ। मेरे इस समस्त अपराधको क्षमा करके आप पुनः मुझपर दया कीजिये ॥ २० ॥

सोऽहं मूढः प्रकृतिविकृतोऽहंमहत्त्वादियुक्तो
भूम्यप्तेजोऽनिलखसहितः सार्धहस्तत्रयोऽङ्गः ।
यद्ब्रह्माण्डं भवति भगवन्नेकरूपं विशालं
तद्वै जानाम्यहमिह विभो ! न त्वनन्तानि तानि ॥ २१ ॥

'भगवन् ! प्रभो ! प्रकृतिके विकार-भूत महत्तत्त्व, अहंकार, भूमि, जल, तेज, वायु, और आकाशसे युक्त विराट्‌रूपी शरीरमें जो मेरे अपने मापसे साढ़े तीन हाथका है, अहंताका अभिमान रखनेवाला मैं मूढ़, इस एक विशाल-ब्रह्माण्डको जानता हूँ। ऐसे-ऐसे जो अनन्त ब्रह्माण्ड हैं, उनका ज्ञान मुझको नहीं है' ॥ २१ ॥

क्वाऽहं चैतादृश इह हरे ! तान्यनन्तान्यमेय !
ब्रह्माण्डानि स्थिरतरतनोर्यस्य रोम्णि प्रभान्ति ।
क्व त्वं तादृक् क्व च तव विभो ! तन्महत्त्वं गवाक्षे
भूमौ दृष्टा अणव इव भो ! तानि यस्मिन्नतर्क्ये ॥ २२ ॥

'अप्रमेय हरे ! कहाँ तो मैं ऐसा तुच्छ जीव और कहां आप ? जिनके स्थिरतर शरीरके एक-एक रोममें असंख्य ब्रह्माण्ड प्रकाशित होते हैं । विभो ! जैसे गवाक्षमें आयी हुई सूर्यकी किरणोंमें बहुत-से परमाणु उड़ते देखे गये हैं, उसी प्रकार जिन आप अतर्क्य परमात्मामें, वे अनन्त-ब्रह्माण्ड विद्यमान हैं, उन्हीं आपके महत्त्वका कहांतक वर्णन किया जा सकता है ॥२२॥

गर्भान्तःस्थः शिशुरिह यदा मातरं स्वां कथञ्चित्
तत्पादाभ्यां प्रहरति यदि ज्ञानतोऽज्ञानतो वा ।
स्वामिंस्तस्य प्रहरणमिदं किं भवत्यागसेऽत्र
किं वा माता तमपि भगवन् ! मन्यते सापराधम् ? ॥ २३ ॥

'स्वामिन् ! भगवन् ! मां के गर्भमें विद्यमान शिशु यदि किसी प्रकार जानकर या बिना जाने अपने पैरोंसे मातापर प्रहार कर बैठता है—अपने पैर फेंकता है, तो उसका यह प्रहार क्या अपराध माना जाता है ? अथवा क्या माता इसके लिए उस बालकको अपराधी मानती है ?' ॥ २३ ॥

तद्वत् सोऽहं विहितकुमतिस्तत्कुकृत्येऽत्र मोहाद्-
ध्यन्नाऽकार्षं त्वनुचितमपि क्षम्यतां तत्तथैव ।
दिष्ट्या दृष्टं तदपि भगवन्नस्तिनास्तिप्रवादं
सर्वं कुक्षाविह विलसितं त्वय्यनन्ते(ऽ)पितर्क्यें ॥ २४ ॥

'उसी प्रकार मैंने भी कुबुद्धिका आश्रय लेकर मोहवश जो यहां कुकृत्य कर डाला है, वह अनुचित होनेपर भी माताकी ही भांति उसे क्षमाकर दें । भगवन् ! अस्ति और नास्ति ( है, और नहीं है ) इन शब्दोंसे कहा जानेवाला सारा जगत् आप अनन्त एवं अतर्क्य परमेश्वरकी कुक्षिमें ही तो विलसित हो रहा है, सौभाग्यवश यह बात मेरे ध्यानमें आ गयी है । अर्थात् जैसे गर्भगत बालकका पाद-संचालन माताकी दृष्टिमें अपराध नहीं है, उसी प्रकार आपके उदरमें विद्यमान समस्त जगत्की चेष्टायें, वे कैसी हो क्यों न हों, अपराधकी कोटिमें नहीं आनी चाहिए ॥ २४ ॥

स्वामिन् ! वेदाः प्रथितममृतं वाक्यमेतद्ध्युदीर्य
सेवन्ते त्वामितरजनवद् ब्रह्म नारायणोऽसि ।
अम्भोजं तद् भवमयमहो प्राग् विसृज्याऽत्र भूयो
ब्रह्माणं मामपि लयजले सृष्टवान्नाभितस्त्वम् ॥ २५ ॥

'स्वामिन् ! 'आप परब्रह्म परमात्मा हैं, नारायण हैं, इस सुप्रसिद्ध अमृतमय वचनका उच्चारण करके सम्पूर्ण वेद अन्य लोगोंकी भाँति आपकी आराधना करते हैं। आपने प्रलयके जलमें ब्रह्माण्डमय-कमलको प्रकट करके फिर मुझे भी वहींसे उत्पन्न किया था ॥ २५ ॥

किं वागेषा प्रभवतु मृषा तैस्तथा व्याहृताऽपि
यद्वा स्वामिंस्त्वदुदरतलान्निर्गतोऽस्मीह नाहम् ? ।
क्षन्तव्योऽयं तव निजजनः सापराधोऽपि नाथ !
नो चेत् का मे गतिरिह भवेत् ? साऽऽनुकम्पा विधेया ॥ २६ ॥

'प्रभो ! क्या यह बात वेदोक्त होनेपर भी मिथ्या हो सकती है ? क्या मैं आपके उदरसे नहीं प्रकट हुआ हूँ। नाथ ! आपका यह सेवक अपराधी होने पर भी सर्वथा क्षमाके योग्य है। अन्यथा मेरी क्या गति होगी। भगवन् ! आपको मुझपर अवश्य कृपा करनी चाहिए' ॥ २६ ॥

मन्येऽहं त्वां स्थिरतरजगत्प्राणिनां बीजरूपं
ह्यात्मानञ्चाऽप्रतिहतगतिं स्वामिनं तं तदेषाम् ।
तस्मान्नारायण इव भवान् भाति सत्यं न साऽपि
माया चैका तव तदपि भो ! आदिनारायणस्त्वम् ॥ २७ ॥

'मैं ऐसा मानता हूँ कि आप स्थावर-जंगम प्राणियोंके बीज (आदिकारण) हैं, आत्मा हैं, । आपकी गति कहीं भी प्रतिहत नहीं होती। अतः आप इन समस्त चराचर जीवोंके स्वामी हैं। नरसे उत्पन्न जल, जिसका अयन (आश्रय) है, वह नारायण है। इस व्युत्पत्तिके अनुसार यद्यपि आप नारायण-तुल्य प्रतीत होते हैं। तथापि यह बात सत्य नहीं है। यह आपकी एक माया ही है। भगवन् ! वास्तवमें आप आदिनारायण है (पूर्वोक्त-व्युत्पत्तिके अनुसार नर-सम्भव जलका आश्रय लेनेके कारण नारायण नहीं हैं) ॥ २७ ॥

नारा नीराण्यजित ! भगवन् ! यद्वदन्त्यत्र सन्तो
नैतत्सत्यं तदयनमपि त्वादृशस्याऽद्वयस्य ।
सत्यं तत्स्यात् कथमिह विभो ! मार्गमाणो जलेषु
त्वां नाऽद्राक्षं मम सदनतो यो गतोऽहं पुरा यत् ॥ २८ ॥

'किसीसे पराजित न होनेवाले भगवन् ! सत्पुरुष जो यह कहते हैं कि नारका अर्थ है नीर और वह है आपका अयन, यह बात ठीक नहीं है। आप जैसे अद्वितीय परब्रह्म परमात्माका वह नार (जल) कैसे अयन हो सकता है ? प्रभो ! जल आपका आश्रय है, यह बात कैसे सत्य हो सकती है ? क्योंकि पूर्वकालमें मैंने अपने निवासभूत कमलसे नीचे जाकर जलमें आपकी बहुत खोज की। परन्तु आप वहां मुझे दिखायी नहीं दिये ॥ २८ ॥

स्वस्थानं तत्त्वदुदरभवं भूय एवाऽऽगतोऽहं
श्रुत्वा शब्दं तप इति लयाब्धावकस्मादुदीर्णम् ।
धृत्वा श्रद्धामतपमिह यत्स्वात्मभित्तौ तदैव
दृष्टं लोकात्मकमथ तवाऽनन्तनारायणत्वम् ॥ २९ ॥

'तत्पश्चात् आपके उदरसे प्रकट हुए अपने निवासभूत कमल पर मैं पुनः लौट आया। फिर सहसा उस प्रलय-कालिक महासागरमें 'तप' इन दो अक्षरोंका शब्द प्रकट हुआ। जिसे सुनकर मैंने श्रद्धापूर्वक तपस्या की। फिर तो तत्काल ही अपनी आत्मभित्तिपर मुझे आपके लोकमय अनन्त-नारायणत्वका साक्षात्कार हुआ' ॥ २९ ॥

माया स्वामिन् ! भगवत इयं शक्तिरानन्दयित्री
दृष्टा यस्याः समभवदिदं चाऽत्र पूर्णाऽवतारे ।
स्वान्ते पूर्णं बहिरिव जगद्यद्यशोदा त्वदास्येऽ-
पश्यन्मायाशबलितमहो ! ब्रूहि सत्यं न तत् किम् ॥ ३० ॥

'स्वामिन् ! आप भगवान्‌की इस आनन्ददायिनी शक्ति मायाका मुझे दर्शन हुआ। जिससे इस पूर्णावतारमें यह सब कुछ सम्भव हुआ है। यह जगत् जैसा बाहर है, वैसा ही आपके भीतर भी परिपूर्ण है। क्योंकि माता यशोदाने आपके मुखारविन्दमें ही इसका दर्शन किया था। अहो! अब आप ही बताइये कि आपके भीतरका वह जगत् क्या माया शबलित था? क्या वह सत्य नहीं था! ॥ ३० ॥

भूयः स्वामिन् ! मयि च कृपया दर्शयन् स्वं च सद्यः
पूर्णं स्वात्मप्रचुरमघहन् ! रूपमास्थाय चाऽद्य ।
विक्रीडंस्त्वं ससुखमखिला बालवत्साश्च भूत्वा
वर्षं यावद् विहरसि विभुर्नैकरूपोऽपि चैकः ॥ ३१ ॥

'मेरे नाथ ? फिर आपने मुझपर भी कृपा करके आज इसी क्षण आत्म-चैतन्यसे परिपूर्ण रूपधारण करके उसका दर्शन कराया है। पापापहारी प्रभो ! आप खेल-खेलमें ही बिना किसी प्रयासके समस्त ग्वाल-बाल और बछड़े बन गए एवं अपने विभु-स्वरूपसे एक वर्ष-तक बिहार करते आ रहे हैं। यों तो आपने अनेक रूपधारण किये हैं, तथापि हैं एक ही' ॥ ३१ ॥

दृष्टाः पूर्वं स्वगतकलुषापूरिता नामरूप-
युक्ता ये ये विधृतवपुषो बालवत्सास्तथेड्य ! ।
तावन्तस्ते पुनरिह मयाऽऽलोकिताः सर्व एव
सच्चिन्मात्रा विगतकलुषास्तुल्यरूपा इदानीम् ॥ ३२ ॥

'स्तवन करनेके योग्य परमेश्वर ! पहले मैंने विभिन्न नाम और रूपोंसे युक्त तथा स्वगत-कल्मषसे पूरित जो-जो देहधारी ग्वाल-बाल और बछड़े यहाँ देखे थे इस समय उतने ही वे फिर मुझे इस स्थान पर सारेके सारे दृष्टिगोचर हो रहे हैं। इन सबके रूप भी पहलेवालोंके ही समान हैं। अन्तर इतना ही है कि ये कल्मषरहित तथा सच्चिदानन्दमय हैं। ( और वे ऐसे नहीं थे। )' ॥ ३२ ॥

येऽपि स्वामिन् ! सह भगवता स्वैश्चतुर्भिर्भुजैस्तै-
र्युक्ता भक्त्या स्वगुरुतरया ये मयोपासिताश्च ।
तस्माद् ध्यायाम्यहमिह विभो ! विश्वसारं तदेकं
ब्रह्मात्मैक्यं विलसति भवे तत्त्वमेवाऽसि नाथ ! ॥ ३३ ॥

'स्वामिन् ! आपके साथ ही वे ग्वाल-बाल और बछड़े भी मुझे अपनी चार भुजाओंसे युक्त दिखायी दिये हैं और मैंने गुरुतर भक्तिभावसे आपके साथ-साथ उनकी भी उपासना की है। अतः सर्वव्यापी नाथ ! मैं ऐसा सोचता हूँ कि यहाँ सम्पूर्ण संसारका सारभूत एकमात्र ब्रह्म और आत्माका एकत्व ही है। जगत्में उसीका सर्वत्र विलास है। और वह आप ही हैं' ॥ ३३ ॥

ये त्वद्रूपं जगति विततं नैव जानन्ति सम्यक्
तेषामग्रे प्रभुरपि विभास्यन्यवत् केवलोऽपि ।
भ्रान्तेः पात्रं प्रकृतिषु रतं विश्वजीवत्वमाप्तं
स्वात्मानं तानपि च भगवन् ! दर्शयन् राजसेऽत्र ॥ ३४ ॥

'भगवन् ! जो आपके विश्वव्यापी रूपको अच्छी तरह नहीं जानते हैं, उनके सामने आप सर्व समर्थ एवं अद्वितीय होकर भी अन्य साधारण जनोंके समान प्रतीत होते हैं। आप उन अज्ञानियोंको अपना रूप ऐसा दिखाते हैं, मानों आप भ्रान्तिके पात्र, प्रकृतिमें आसक्त तथा संसारी जीवभावको प्राप्त हैं। ऐसा दिखाते हुए आप यहाँ सर्वत्र विराजमान हैं' ॥ ३४ ॥

तैस्तै रूपैः प्रकृतिविकृतैस्तैर्महत्त्वादिभिस्त्वं
विश्वं सृष्ट्वा विधिरयमिति प्राप्तसंज्ञश्च तस्मिन् ।
लीलामात्रो विलससि विभो ! रक्षणे विष्णुरेवं
नाशे रुद्रो भवसि तदधि स्वात्ममायां वितत्य ॥ ३५ ॥

'विश्वव्यापी विभो ! प्रकृतिके विकासरूप महत्तत्व और अहंकार आदि विभिन्न तत्त्वोंसे संसारकी सृष्टि करके आप उसीमें 'यह ब्रह्मा है' ऐसी संज्ञा धारण करते हैं। रक्षण-कार्यमें संलग्न हो विष्णु कहलाते हैं और संहार कार्यमें रुद्ररूप हो जाते हैं। फिर इनके ऊपर भी अपनी माया फैलाकर आप लीलामात्र रूपसे विलसित होते हैं ॥ ३५ ॥

नानायोनिष्वपि विहरतो दृश्यते जन्म यत्ते
तिर्यग्यादोनरसुरगवास्वत्र दैत्यादिकासु ।
स्वामिन् ! नित्यं जयति भवतस्तत्तु यैर्दुष्टघातः
साधूद्धारः प्रभवति तदा शान्तिमाप्नोति लोकः ॥ ३६ ॥

'पशु, जलचर जीव, देवता तथा दैत्य आदि नाना योनियोंमें विहार करते हुए आपका जो प्राकट्य देखा जाता है, स्वामिन् ! आपके उस रूपकी सदा ही जय हो। आप उन्हीं रूपोंद्वारा जब दुष्टोंका संहार और साधु-पुरुषोंका उद्धार करते हैं, तभी जगत्में शान्तिकी स्थापना होती है' ॥ ३६ ॥

शक्नोत्यत्राऽमितगुण ! तवाऽनन्तशक्तेर्विभूम्न-
श्चेष्टा वक्तुं क इह सफलो ज्ञातुमेवं विधा वा ।
विस्तार्यैवं कति कथमहो ! स्वात्ममायाः कदा नु
किं किं कुर्वन् विरमसि विभो ! तद्वदाऽनन्तकृत्यः ॥ ३७ ॥

'अनन्त गुणशाली प्रभो ! आपकी शक्ति अनन्त है। आप भूमा हैं। आपकी इस तरहकी चेष्टाओंका कौन वर्णन कर सकता है ? अथवा कौन उन्हें जाननेमें सफल हो सकता है ! विभो ! आप कितनी बार कैसे अपनी मायाका इस प्रकार विस्तार करके, अनन्त कृत्योंका सम्पादन करके, कब क्या-क्या करते हुए विराम लेते हैं। यह कौन बता सकता है' ? ॥ ३७ ॥

एतद्विश्वं सकलमहितं तद्विभो ! स्वप्नतुल्यं
नष्टप्रज्ञं प्रचुरभयदं दुःखमात्रेण पूर्णम् ।
नित्यज्ञाने भवति भगवन् ! सच्चिदानन्दसौख्ये
मायामात्रादुदितमनृतं भाति सत्यं यथात्मन् ! ॥ ३८ ॥

'सर्वव्यापी प्रभो ! यह सारा संसार, अहितरूप स्वप्नतुल्य, ज्ञानशून्य, अत्यन्त भयदायक और दुःखमात्रसे भरा हुआ है। किन्तु भगवन् ! नित्य ज्ञानमय एवं सच्चिदानन्द स्वरूप सौख्यसे परिपूर्ण आपमें मायामात्रसे प्रकट हुआ है। सर्वात्मन् ! यह मिथ्या होनेपर भी सत्य-सा ही भासता है ॥ ३८ ॥

आत्मैकस्त्वं भवतनुभृतां तैरवाच्योऽवितर्क्यः
सत्यो नित्यः प्रथमपुरुषः स्वप्रकाशो ह्यनन्तः ।
आद्यः पूर्णो विरहितमलो मुक्त औपाधिकैश्च
ध्वस्तद्वैतोऽमृत इह सदा नामरूपैश्च भिन्नः ॥ ३९ ॥

‘भगवन् ! आप संसारी देहधारियोंके एकमात्र आत्मा हैं, तथापि उनके लिए अवर्णनीय और अतर्क्य हैं। सत्य, नित्य, स्वयंप्रकाश, अनन्त, आदिपुरुष, निर्मल, उपाधिरहित, सबका आदि कारण, द्वैतभावको नष्ट करके अद्वैतभावमें स्थित, अमृतस्वरूप, परिपूर्ण तथा सदा ही नाम और रूपोंसे पृथक् हैं’ ॥ ३९ ॥

विश्वस्वामिंस्तदुभयजगत्प्राणिनामात्मरूपं
त्वामात्मानं गुरुरविकरैर्ज्ञातवेदार्थदृष्ट्या ।
आत्मत्वेन स्वहृदि विततं येऽत्र पश्यन्ति धीरा
विश्वं तच्चाऽनृतजलनिधिं ते तरन्तीह तूर्णम् ॥ ४० ॥

‘जगदीश्वर ! आप चराचर जगत्के प्राणियोंके आत्मा हैं। जो लोग गुरुरूपी सूर्यकी ज्ञानमयी किरणोंके प्रकाशमें वेदार्थका ज्ञान प्राप्त करके तदनुरूप दृष्टिसे आपको अपने हृदयमें आत्मा-रूपसे व्याप्त देखते हैं, वे धीर पुरुष हो इस संसाररूपी मिथ्या-महासागरको शीघ्र ही पार कर जाते हैं’ ॥ ४० ॥

स्वात्मानं यैर्जगति भगवञ्ज्ञातमात्मत्वबुद्ध्या
विज्ञातं तैर्जगदिदमपि स्वप्रपञ्चप्रकाशम् ।
रज्जुज्ञाने प्रसरति यथा तद्भवा सर्पबुद्धि-
स्तद्वत्स्वामिन् ! प्रभवति सुधीर्ब्रह्मरूपः कृतार्थः ॥ ४१ ॥

‘भगवन् ! जिन्होंने अपने आत्माको जगत्में व्यापक तथा सबके आत्मारूपसे जान लिया है, उन्होंने इस जगत्को भी समझ लिया है। क्योंकि वह प्रपञ्च आत्मासे हो प्रकाशित है। जैसे रस्सीका ज्ञान हो जानेपर उसमें होनेवाली सर्पबुद्धि दूर हो जाती है, उसीप्रकार स्वामिन् ! सबको ब्रह्मरूप जाननेवाला ज्ञानी पुरुष कृतार्थ हो जाता है ॥ ४१ ॥

अज्ञानाढ्यौ जगति कृतकौ नाथ ! तौ बन्धमोक्षौ
नाऽन्यौ तस्मात् विलसत इहर्तज्ञसच्चैव भाति ।
सूर्ये यद्वन्न भवति दिनं नैव रात्रिर्विचाराद्
तद्वद्ध्येकीकृतमिदमपि ब्रह्म बुद्धं विशुद्धम् ॥ ४२ ॥

‘नाथ ! संसारमें जो ये बन्ध और मोक्ष कहे गए हैं, वे अज्ञानरूप एवं बनाबटी हैं। अज्ञानसे भिन्न नहीं हैं। यहां एकमात्र ऋतज्ञ ( सत्यस्वरूप ज्ञान ) की सत्ता ही प्रकाशित होती है। जैसे विचार करनेपर सूर्यमें न दिनकी पृथक् सत्ता है न रात्रिकी। वे दोनों सूर्यसे अभिन्न हैं। उसी प्रकार यह सारा प्रपञ्च एकीकृत बिशुद्ध ब्रह्म ही है ॥ ४२ ॥

एवं स्वात्मस्फुरितमघहन्नात्मरूपं विभुं त्वां
भिन्नं मत्वा स्वत उपरतं त्वत्पृथग्त्वात्मभावम् ।
प्राप्तुं भूयस्तदितरपदार्थेषु तन्मार्गमाणं
लोकं दृष्ट्वाऽधिहृदयमहं मुग्धचित्तोऽद्य दूये ॥ ४३ ॥

'पापहारी परमेश्वर ! आप मेरे अन्तःकरणमें सर्वव्यापी आत्माके रूपमें स्फुरित हो रहे हैं। ऐसे सर्वात्मरूप आपको अपनेसे भिन्न मानकर उपरत हुए तथा आपसे पृथक् आत्मभावको इतर पदार्थोंमें ढूँढ़ते हुए लोगोंको देखकर मैं मुग्धचित्त हो दुखका अनुभव कर रहा हूँ' ॥ ४३ ॥

विद्वांसस्त्वां जगति विततं तादृशं स्वात्मरूपं
सम्यग् ज्ञात्वा स्वहृदय इदं ब्रह्मरूपं विमृश्य ।
त्यक्त्वा सर्वं भवगतमदो वस्तुमात्रं परात्म-
न्नेकाकारा न जहति सुखं स्वान्तमेवाऽऽश्रयन्ते ॥ ४४ ॥

'परमात्मन् ! आप सम्पूर्ण जगत्में व्याप्त हैं और सबके आत्मरूप हैं। इसप्रकार आपको भली-भांति जानकर तथा अपने हृदयमें इस सम्पूर्ण प्रपञ्चको ब्रह्मरूप मानकर विद्वान् पुरुष संसारकी सारी वस्तुओंको त्याग देते हैं और आपमें एकरूप हो सुख-स्वरूप आपको कदापि नहीं छोड़ते हैं। सदा आपके चिन्तनके लिए हृदयाकाशका ही आश्रय लेते हैं ॥ ४४ ॥

रज्जुज्ञाने सुखद भगवन् ! सर्पविभ्रान्तचित्ताः
किं मन्यन्ते त इह कुतिनस्त्रासमायान्ति किं वा ? ।
तद्वन्नित्येऽमृत ऋतुमये सच्चिदानन्दधाम्नि
तत्त्वे ज्ञाते त्वयि जहति के ज्ञानिनस्त्वां वदाऽऽत्मन् ! ॥ ४५ ॥

'सबको सुख-देनेवाले भगवन् ! रस्सीमें सर्पके भ्रमसे विभ्रान्त चित्तवाले मनुष्य, जब रस्सीको जानते है, तब वे तत्त्वज्ञ-पुरुष क्या यहां उसे पुनः सर्प मानते हैं अथवा क्या उससे त्रासका अनुभव करते हैं ? परमात्मन् ! उसी प्रकार नित्य, अमृत, सत्यमय, सच्चिदानन्द-धाम, एवं परम-तत्त्वरूप आपको जो जान लेते हैं, वे कौन ऐसे ज्ञानी पुरुष हैं, जो आपको छोड़ते हैं। ( कोई नहीं )' ॥ ४५ ॥

किन्तु स्वामिन् ! परमकृपया त्वत्प्रसादैर्गृहीता
धन्या भक्ताः सरलहृदया एव जानन्ति तत्तु ।
नान्ये, दृष्टा बहव इह चाऽनन्त ! ते वै मयाऽपि
तद्भिन्नत्वे भ्रमितसुधियो मार्गमाणाश्च दीर्घम् ॥ ४६ ॥

'स्वामिन् ! जिन्हें आपने अपनी परम-कृपा तथा प्रसादसे अनुगृहीत किया है, वे सरल हृदय धन्यातिधन्य भक्तजन ही उस परमतत्त्वको जान पाते हैं, दूसरे नहीं। हे अनन्त ? मैंने इस जगत्में ऐसे बहुतसे लोगोंको देखा है, जिनकी बुद्धि आत्मातिरिक्त वस्तुमें ही भ्रमित हो रही है। और वे दीर्घकालतक उस अनात्म-पदार्थकी खोजमें ही भटकते रहते हैं' ॥ ४६ ॥

तस्मात् स्वामिन्नधिभवमिहैवाऽस्तु मे भूरिभाग्यं
जन्मन्यस्मिन्नुत तदितरस्मिन् कृपेयं मयि स्यात् ।
भूयासं कोऽप्यहमपि तिरश्चां तथाऽन्यान्ययोनौ
कस्यांश्चिद्वेतरजनसमो यस्त्वदङ्घ्रिं भजेयम् ॥ ४७ ॥

'अतः नाथ ! इस संसारमें, इसी जन्ममें या किसी दूसरे जन्ममें मुझे ऐसा महान् सौभाग्य प्राप्त हो, मुझपर आपकी ऐसी कृपा हो जाय कि मैं पशु-पक्षी आदिकी योनिमें अथवा किसी दूसरी ही योनिमें कोई देहधारी हो जाऊँ और अन्य भक्तजनोंके समान मैं भी आपके चरणारविन्दोंका भजन करूँ' ॥ ४७ ॥

धन्या धन्या व्रजपशुगणास्ताश्च गोप्योऽपि धन्या
यासां स्तन्यामृतमृतमहो ! यत्त्वया पीतमाद्य ! ।
तृप्तस्तस्माद्दृषिकृतमखैर्यो न तृप्तोऽधुनापि
गोगोपीनां स्वकृतकशिशुः स त्वमित्थं दयस्व ॥ ४८ ॥

'आदिपुरुष ! वे व्रजकी गौयें धन्य-धन्य हैं और वे गोपियां भी धन्य हैं, जिनके स्तनोंके वस्तुतः अमृत-स्वरूप दुग्धका आपने पान किया और उससे तृप्ति पायी। अहो ! कैसा आश्चर्य है। आप वही हैं, जो ऋषियों द्वारा किये गए नाना प्रकारके यज्ञोंसे आजतक तृप्त नहीं हो सके हैं। इससमय इसप्रकार गौओं और गौपियोंके कृत्रिम-शिशु बने हुए आप मुझपर दया कीजिये' ॥ ४८ ॥

भाग्यं भूरि व्रजपशुगणा नन्दराजादिकानां
सर्वेषां तान् समनुसरता चैतदेव प्रशस्यम् ।
यन्मित्रं त्वं विलससि विभो ! तादृशाऽङ्के सुधीभि-
श्चिन्त्यं ब्रह्माऽपि च भवगतं सच्चिदानन्दमात्रम् ॥ ४९ ॥

'प्रभो ! व्रजके गोप नन्दराय आदिका तथा उनका अनुसरण करनेवाले अन्य सब गोपोंका भी यही प्रशंसनीय एवं महान् सौभाग्य है कि आप उनके मित्रके रूपमें सुशोभित हो रहे हैं और उनके वैसे बड़भागी अङ्कमें खेलते हैं। वास्तवमें आप समस्त विश्वमें व्याप्त सच्चिदानन्दमात्र ब्रह्म हैं, जिसका शुद्ध बुद्धिवाले ज्ञानी एवं योगीजन चिन्तन करते हैं' ॥ ४९ ॥

आस्तामेषां नियतिमहिमा वर्णयेत् कोऽत्र मर्त्यो
धन्या एकादश वयमहो इन्द्रियारामदेवाः ।
शर्वो ब्रह्माऽहमपि च तथाऽन्ये सुरेशादयोऽपि
त्वल्लीलाब्धौ परमसुखदे यन्निमज्जाम ईड्य ! ॥ ५० ॥

‘हे स्तवनीय परमेश्वर ! इन व्रजवासी गोपोंके सौभाग्यकी महिमा अलग रहे, कौन मनुष्य यहां उसका वर्णन कर सकता है । पांच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय और एक मन, इन ग्यारह इन्द्रियोंके अधिष्ठाता, हम ग्यारहों देवता भी धन्य हैं, क्योंकि शिव, मैं ब्रह्म, तथा इन्द्र आदि अन्य देवता भी आपके परम सुखदायी लीलामृत सागरमें गोता लगा रहे हैं’ ॥ ५० ॥

तत्रापि स्वैर्जगति विततैरिन्द्रियैश्चाऽर्थलुब्धै-
स्त्वत्पादाब्जस्थितमधुरसं तत्पिबामः सुखेन ।
यत्पीत्वैवाऽखिलभवपते ! शान्तिमाप्नोति लोको
मत्वा सर्वं भवगतसुखं नश्वरं त्वां समेति ॥ ५१ ॥

‘उसपर भी संसारमें फैली हुई अपनी-अपनी विषयलोलुप इन्द्रियोंद्वारा हम लोग आपके चरणारविन्दोंके मधुर मकरन्द-रसका सुखपूर्वक पान करते हैं । जिसे पीकर ही हे अखिल विश्वके स्वामिन् ! मनुष्य सांसारिक सुखको नश्वर समझकर शान्ति पा लेता है—आपके स्वरूपको प्राप्त हो जाता है’ ॥ ५१ ॥

अस्मद्भाग्यं तदिह भवतात् पूर्णरूपेण नाथ !
ह्यत्रैवाऽस्य व्रजपशुपतेर्गोकुले जन्मरूपम् ।
अत्रत्येषु प्रथितमहिमा कोऽपि तैः पद्रजोभि-
रागत्याऽस्मांस्तृणतरुभवान् पावयिष्यत्यमुष्मिन् ॥ ५२ ॥

‘हे नाथ ! यहीं इन व्रज-गोपराज नन्दके गोकुलमें जन्म लेनेका हमें पूर्णतः सौभाग्य प्राप्त हो । क्योंकि यहाँ तृण, वृक्ष अथवा लता आदिके रूपमें उत्पन्न हुए हम लोगोंको इन व्रजवासियोंमें-से कोई प्रख्यात महिमावाला भक्त आकर अपने चरणोंकी धूलिसे पवित्र कर देगा ॥ ५२ ॥

स्वामिंस्तत्त्वच्चरणकमलादुद्गतं सद्रजोऽपि
मार्गन्ते ताः श्रुतय इह चाऽनन्तमार्गाश्रिताश्च ।
एतादृग् त्वं भवसि च सदा गोकुलेऽस्मिन् स्थितानां
तेषां तासामपि च निखिलं जीवनं प्रेय एकम् ॥ ५३ ॥

‘स्वामिन् ! अनन्तमार्गोंका आश्रय लेनेवाली वे श्रुतियां भी यहां आपके चरण कमलोंकी पवित्र रज ढूँढ़ती रहती हैं । ऐसी महिमावाले आप इस गोकुलमें सदा निवास करनेवाले उन गोपों और गोपियोंके निखिल जीवन-सर्वस्व तथा एकमात्र प्रियतम हैं’ ॥५३॥

एभ्यः प्रेम्णाऽखिलभवमयस्त्वं मखैकस्वरूपा
लोकाध्यक्षोऽमितफलयुतस्तन्मयोऽप्यत्र नाथ ! ।
किं किं दास्यस्यथ विनिमये तत्फलं चेति मत्वा
चेतोऽस्माकं गतभयमपि खिद्यते मोहमाप्य ॥ ५४ ॥

'नाथ ! आप सम्पूर्ण विश्वमय हैं। यज्ञ एकमात्र आपका स्वरूप है। आप सम्पूर्ण लोकोंके अध्यक्ष, अनन्त-फलसे सम्पन्न, तथा स्वयं फलस्वरूप हैं। तो भी आप इन व्रजवासियोंको इनके प्रेमके बदले कौन-कौन सा फल देगें, इस बातका विचार करके हमारा निर्भय-चित्त भी मोहको प्राप्त होकर खिन्न हो जाता है' ॥ ५४ ॥

आश्चर्यं तत्सगरलपयादानदक्षा बकी सा
त्वां ब्रह्मैवाऽखिलभवपतिं द्वेषतोऽप्याप देव ! ।
किं लप्स्यन्ते त इह भगवंस्त्वत्कृते यैः स्वसंज्ञं
सर्वं दत्तं पतिसुतयुतं गेहदेहाशयादि ॥ ५५ ॥

'देव ! भगवन् ! आश्चर्यकी बात है कि विषमिश्रित दूध पिलानेमें दक्ष, वह पूतना आपसे द्वेष रखनेपर भी अखिल ब्रह्माण्डाधिपति आप परम ब्रह्म परमात्माको ही प्राप्त हो गयी। फिर जिन्होंने आपके लिए अपनी कही जानेवाली सारी वस्तुयें दे दी हैं, पति-पुत्र, गेह-देह और अन्तःकरण आदिको भी समर्पित कर दिया है, वे गोप, गोपियां यहाँ आपसे उसकी अपेक्षा भी उत्कृष्ट कौन सा फल प्राप्त करेगीं ॥ ५५ ॥

रागद्वेषादय इह सुखं तं निबध्नन्ति तावत्
स्वात्मप्रेम्णा तव पदयुगं यो न गृह्णाति यावत् ।
यन्मोक्षाख्यः प्रियविषयदस्तद्गृहस्थाश्रमोऽपि
तावत् कारागृहमिव विभो ! त्वां भजन्ते न यावत् ॥ ५६ ॥

'जो जब तक अपने आन्तरिक प्रेमसे आपके युगल-चरणोंको अपना नहीं बना लेता, तबतक ही उसे राग और द्वेष आदि दोष बांधते हैं। विभो ! गृहस्थलोग जबतक आपका भजन नहीं करते हैं, तबतक मोक्षनामक प्रिय-विषयको देनेमें समर्थ गृहस्थ आश्रम भी कारागारके ही तुल्य ( बन्धनकारक ) है' ॥ ५६ ॥

सोऽहं चेमे प्रियविषयकाः स्थायिनो हृद्यरूपा
मन्वानास्ते विततमसा मोहमाप्ता अजस्रम् ।
बध्यन्ते हा ! जगति निगडैस्तैरसन्मोहरूपै-
स्तावत्तत्त्वच्चरणकमलं न प्रगृह्णन्ति यावत् ॥ ५७॥

'यह मैं हूँ, ये मेरे प्रिय तथा स्थायी एवं मनोरम विषय हैं' ऐसा माननेवाले और बढ़े हुए तमोगुणसे निरन्तर मोहमें डूबे हुए लोग संसारमें असत् मोहरूपी बेड़ियों द्वारा तभीतक बँधे रहते हैं, जबतक कि आपके चरणकमलोंको दृढ़ताके साथ नहीं पकड़ लेते हैं ॥ ५७ ॥

निष्कामोऽपि स्वजनवरदस्त्वं सकामश्च भूत्वा
भूयो भूयोऽपरिमितगुणोऽस्यूर्णनाभिर्यथाऽत्र ।
लीलाः कृत्वा बहुतनुगतो निष्प्रपञ्चोऽपि नाथ !
कुर्वन्नित्थं जयसि नितरां सप्रपञ्चो यथेड्य ! ॥ ५८ ॥

'हे नाथ ! आप निष्काम होते हुए भी अपने भक्तजनोंको वर देनेके लिए उद्यत हो, सकाम बन जाते हैं और जैसे मकड़ी अपने शरीरसे ही विस्तृत जाला प्रकट कर देती है, उसी प्रकार आप बार-बार अनन्तगुण सम्पन्न और असंख्य शरीरगत होकर विविध लीलाएँ करते हैं। स्तवनीय परमेश्वर ? यद्यपि आप प्रपञ्चसे दूर हैं, तथापि प्रपञ्चयुक्त-से हो जाते हैं। ऐसा करनेवाले आपकी सदा ही जय हो ॥ ५८ ॥

स्वामिन्नित्थंकरण इह चाऽनन्तलील ! त्वयाऽपि
पुण्यो हेतुर्विलसति महान् सच्चिदानन्दरूपः ।
यस्त्वं भक्तान् स्वपदपतितानुद्धरन्नारमोहा-
दानन्दाख्यं पदमपि निजं ख्यापयंस्तान् वृणीषे ॥ ५९ ॥

'यहां अनन्त लोलाओंका विस्तार करनेवाले मेरे नाथ ? आपके ऐसा करनेमें यह महान् सच्चिदानन्द-स्वरूप पवित्र कारण सुशोभित होता है कि आप अपने चरणोंमें पड़े हुए भक्तजनोंका उनके आन्तरिक मोहसे उद्धार करते हैं और अपने परमानन्दमय-पदको विख्यापित करते हुए उन सबको अपनाते हैं ॥ ५९ ॥

सम्यग् जानाम्यहमिदमदो विश्वरूपं विशालं
सूक्ष्मं तच्चाऽसममभयदं ये ब्रुवन्तीह नाथ !
जानन्तु त्वां त इह भगवन् ! नाहमेवं समर्थो
ज्ञातुं चेष्टा वचनमनसोदूरगास्तास्तवेश ! ॥ ६० ॥

हे नाथ ! हे ईश्वर ! जो ऐसा कहते हैं कि मैं इस विशाल विश्वको तथा उस सूक्ष्म, अनुपम एवं अभयदायक-तत्त्वको भी अच्छी तरह जानता हूँ। वे ऐसा कहने या जाननेवाले लोग यह जानते रहें। परन्तु भगवन् ! मैं तो यहां मन और वाणीसे दूरवर्तिनी आपकी चेष्टाओंको उस तरह जाननेमें सर्वथा असमर्थ हूँ ॥ ६० ॥

यस्मिन् विश्वं विपरिणमते यश्च विश्वाधिपोऽस्ति
यस्मात् सर्वं प्रभवति जगन्नाशमभ्येति भूयः।
ज्ञाता स त्वं सकलजगतामेकसारोऽविनाशी
तं त्वाऽनुज्ञापयति विधिवद् गन्तुकामो विरिञ्चिः ॥ ६१ ॥

'प्रभो ! जिसमें यह सारा विश्व विभिन्नरूपोंमें परिणत होता रहता है, जो इस विश्वका अधिपति है, जिनसे सारा जगत् प्रकट होता है और फिर जिनमें ही उसका लय होता है, वे आप ही सबके ज्ञाता, समस्त संसारके एकमात्र सार और अविनाशी परमेश्वर हैं। अब यह ब्रह्मा अपने लोकमें लौट जानेके लिए आपसे विधिवत् आज्ञा माँगता है ॥ ६१ ॥

भक्ताकर्षणशील ! सद्व्रत ! विभो ! त्वं वृष्णिवंशात्मकं
पद्मं हृद्यगुणं स्वतो विकसितं कर्तुं रवी राजसे।
भूदेवद्विजगोगणोदधिशशी तद्वृद्धिकृन्न्यायत
एवं सत्यरतश्च सत्प्रियहितस्त्वं सत्यदृग् भ्राजसे ॥ ६२ ॥

'भक्तजनोंको अपनीओर आकर्षित करनेवाले श्रीकृष्ण ! उत्तम व्रतका पालन करनेवाले प्रभो ? आप मनोरम गुणोंसे युक्त, वृष्णिवंशरूपी कमलको विकसित करनेके लिए सूर्यरूपसे सुशोभित हो रहे हैं। भूमि, देवता, ब्राह्मण तथा गोसमुदायरूपी महासागरके उल्लसित करनेके लिए आप पूर्णचन्द्रके समान शोभा पाते हैं तथा न्यायके अनुसार उन सबका संबर्द्धन करनेवाले हैं। इतना ही नहीं, आप सत्यपरायण, सत्पुरुषोंके प्रिय एवं हितैषी तथा सत्यके द्रष्टारूपसे उद्भासित होते हैं ॥ ६२ ॥

संवृद्धा भुवने खला बहुविधा धर्मा विनष्टा विभो !
पाखण्डा वितता अधर्मबहुला विश्वं ग्रसन्त्येव ते।
तांस्तान्नाशयितुं बुधेषु दयितुं तेजोभिरात्मोद्भवै-
रुद्भाव्य स्वत आत्मना स्वमिह भो ! जाताय तत्ते नमः ॥६३॥

'सर्वव्यापी प्रभो ? संसारमें अनेक प्रकारके दुष्टलोग बढ़ गये हैं। धर्मका नाश हो रहा है। जिसमें अधर्मकी बहुतायत है, ऐसे पाखण्ड फैल गये हैं और वे संसारको निगले जा रहे हैं। आप उन दुष्टों और पाखण्डोंका नाश करने तथा ज्ञानी-सत्पुरुषों पर दया करनेके लिए अपने तेजसे स्वयं ही अपने आपको उस रूपमें प्रकट करके भूतलपर अवतीर्ण हुए हैं। ऐसे आपको मेरा नमस्कार है' ॥ ६३ ॥

अणोरणीयांसममेयमीशं महन्महीयांसममोघमेनम्।
भक्त्या परिक्रम्य ततस्त्रिवारं प्रणम्य धाताऽथ ययौ स्वधिष्ण्यम् ॥ ६४ ॥

जो सूक्ष्मसे भी अत्यन्त सूक्ष्म, तथा महान्‌से भी अत्यन्त महान्, अप्रमेय एवं अमोघ परमेश्वर हैं, उन श्रीकृष्णकी भक्तिभावसे तीन बार परिक्रमा करके प्रणाम करनेके अनन्तर ब्रह्माजी अपने लोकको चले गये ॥ ६४ ॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
षट्पञ्चाशोऽप्यगात् सर्गो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥ ६५ ॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्ण चरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह छप्पनवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ ६५ ॥

# सप्तपञ्चाशः सर्गः

[ ब्रह्मणः स्वधामगमनम् । भगवतो वनभोजनम् ।
गृहं प्रत्यागमनञ्च । ]

( वसन्ततिलकावृत्तम् )

स्वं सत्यलोकमसमं प्रगते विरिञ्चौ वत्सान् सखींश्च पुरताऽथ निरीक्षमाणः ।
ईशोऽहसत् सुमधुरं धृतयोगशक्ति र्गोवत्सपालकमिषेण विहर्तुकामः ॥१॥

जब ब्रह्माजी अपने अनुपम सत्यलोकको चले गये, तब पहलेके बछड़ों और अपने सखाओंको सामने उपस्थित देख, अपनी योगशक्तिको समेट लेनेवाले ईश्वर श्रीकृष्ण गोवत्सपालकरूपसे विहार करनेके लिए वहाँ मधुर हास्यच्छटा विखेरते हुए हँसने लगे ॥ १ ॥

अन्धेतमस्यथ घटादिपदार्थकानां ज्ञानं स्वतो न भवतीह यथा तथैव ।
तन्मित्रवत्सशिशुरूपधरेषु तेषु देवर्षियोगिनिवहेष्वपि नाऽभवत् तत् ॥२॥

जैसे घने अन्धकारमें रखे हुए घटादि पदार्थोंका ज्ञान किसीको स्वतः नहीं होता है, उसी प्रकार श्रीकृष्णके मित्र, ग्वाल-बालों और बछड़ोंका रूप धारण करनेवाले उन भगवद्विग्रहोंके विषयमें देवर्षियों और योगियोंको भी कुछ ज्ञान न हो सका। ( क्योंकि उन सबकी बुद्धि मायान्धकारसे मोहित हुई थी। ) ॥ २ ॥

इत्थं विमोह्य सकलाञ्छिशुवत्सकान् स्वान् पश्यन्नितस्तत उमेशमतिः कृतार्थः ।
तानानिनाय यमुनापुलिनं यदस्मिन्नास्थाय भक्ष्यमघसन् ससुखं पुरा ते ॥३॥

इस प्रकार समस्त ग्वाल-बालों और बछड़ोंको मोहित करके इधर-उधर देखते खोजते हुए भगवान् शिवके समान कल्याणमयी बुद्धिवाले श्रीकृष्ण, मानो उन्हें पाकर कृतार्थ हो गए। फिर वे उन्हें यमुना तटपर ले आए, जहाँ पहले बैठकर उन सब लोगोंने सुखपूर्वक भोजन आरम्भ किया था ॥ ३ ॥

हन्तैकहायनमिते समये प्रयाते-
ऽप्यत्र स्थिताः शिशुगणाः परमस्य पुंसः ।
मायाविमोहितधियो घटनां समस्तां
तां नाऽस्मरन् विधिकृतां विगतां च लीलाम् ॥ ४ ॥

हर्षकी बात है कि एक वर्षका समय व्यतीत हो जानेपर भी वहां बैठे हुए ग्वाल-बाल परमपुरुष श्रीकृष्णकी मायासे मोहितचित्त होनेके कारण ब्रह्माजीके द्वारा घटित हुई सारी घटना तथा बीती हुई लीलाको भी भूल गए ॥ ४ ॥

देवर्षियोगिनिवहाश्च सुबुद्धयस्ते मायाविनोऽपि सुतरां परिपूर्णबोधाः ।
ते ज्ञानिनोऽप्यहह ! नित्यममुष्य मायाबद्धा भ्रमे जगति मूढधिया भ्रमन्ति ॥५॥

देवर्षियों और योगियोंके समुदाय उत्तम-बुद्धिसे सम्पन्न, मायावी, परिपूर्ण बोधवान् और ज्ञानी होते हैं, तो भी इन भगवान्की मायासे नित्य बँधे रह कर इस भ्रममय जगत्में मूढ़बुद्धिसे भ्रमित होते रहते हैं। ( जब इनकी ऐसी दशा है, तब बेचारे ग्वाल-बालोंके लिए क्या कहना है ? ) ॥ ५ ॥

चित्रं न तत्र किमपीश्वरताविमूढा-
स्ते व्यस्मरन्निति कथाऽनुभवात्मिकैव ।
यन्मोहितं जगदिदं पितरः सुतान् स्वान्
दग्ध्वा चितासु किमिह स्वमृतिं स्मरन्ति ? ॥६॥

उसमें कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। वे ईश्वरकी मायाशक्तिसे मोहित होनेके कारण ही सब कुछ भूल गए थे। यह कथन अनुभवरूप ही है। भगवान्की मायासे तो यह सारा जगत् ही मोहित है। यहां पिता अपने पुत्रोंको चितामें जला कर क्या अपनी अवश्यम्भाविनी मृत्युको याद रखते हैं ! ॥ ६ ॥

तद्विस्मृतात्मकमिदं जगदेव सर्वं हन्ताऽऽत्मरूपमपि विस्मृतवद्विभाति ।
तस्मान्न चित्रमिह गोपसुतैः प्रमुग्धैस्तत्कालविस्मरणमस्य हितैः सुकृत्यैः ॥७॥

यह सारा जगत् ही विस्मरणात्मक है। अपने आत्माका स्वरूप भी यहां भूला सा ही प्रतीत होता है। अतः भोले-भोले गोपशिशुओंके लिए भगवान्के हितकारक उत्तम कृत्योंद्वारा एक वर्षके समयको भूल जाना कोई विचित्र बात नहीं है ॥ ७ ॥

प्राणप्रियस्य तदमुष्य वियोगमाप्य वर्षात्मकं समयमप्यतिवाह्य मौग्ध्यात् ।
तत्र स्थिताः शिशव आत्महितं स्वभक्ष्यं ह्यश्नन्त आगतममुं तदनु व्यपश्यन् ॥८॥

अपने प्राणप्यारे सखाका वियोग पाकर उसीमें एक वर्षका समय बिताकर भी भोलेपनके कारण वहां बैठे हुए उन ग्वाल-बालोंने अपने लिए हितकर भोजन आरम्भ करते हुए देखा कि श्रीकृष्ण आ रहे हैं ॥ ८ ॥

दृष्ट्वैवमत्र शिशवः सहसा तमूचुरेह्येहि कृष्ण ! धृतशक्तिरलौकिकोऽसि ।
स्यात् स्वागतं तव सखे ! यदुरुक्रमोऽसि सर्वज्ञ ईश्वरसमोऽसि शिशुप्रियोऽसि ॥९॥

उन्हें देखते ही वहाँ गोपकुमार सहसा बोल उठे—'कृष्ण ! आओ, आओ। तुम अलौकिकशक्ति-सम्पन्न हो। सखे ! तुम्हारा स्वागत है। क्योंकि तुम लम्बे डग ( व्यवसाय ) भरनेवाले हो। ईश्वरके समान सर्वज्ञ हो तथा हम ग्वाल-बालोंके परम प्रिय हो ॥ ९ ॥

नैकोऽप्यभोजि कवलो विगते त्वयीशे ह्यस्माभिरप्यनघ! साधु कृतं त्वयाऽद्य ।
तद्भुङ्क्ष्व तिष्ठ सममत्र यथा पुरा त्वं यद्भुञ्ज्महे वयमपीह सुखं कथाभिः ॥१०॥

'प्रभो ! तुम्हारे चले जानेपर हमने भी यहाँ एक ग्रास ( कौर ) भी नहीं खाया है। तुमने अच्छा किया, जो आ गए। अब आओ, हमारे साथ यहाँ बैठो और पहलेकी तरह भोजन करो। हम सब लोग यहाँ सुखपूर्वक बातें करते हुए आहार ग्रहण करें' ॥ १० ॥

प्रत्याहृतानथ निदर्श्य च वत्ससङ्घान् संगम्य तैः सममभोघगतिर्मुकुन्दः ।
ईषद्विहस्य पुनरत्र पुरेव तेषां मध्ये स्थितः स शिशुराट् तदिमान् विलोक्य ॥११॥

अपने द्वारा लौटाकर लाये गए बछड़ोंको दिखा कर उन सखाओंके साथ मिलकर अमोघगतिवाले शिशुराज मुकुन्द किञ्चित् मुस्कराते हुए पूर्ववत् उन सबके बीचमें उनपर दृष्टिपात करते हुए बैठ गए ॥ ११ ॥

कृत्वा कथा हिततमास्तत एकवर्षपूर्वं कृतं रुचिरकर्म शयोर्वधादि ।
तान् स्मारयन् परिनिदर्श्य च चर्म तस्य सोऽत्राऽघसत् कृतकगोपशिशुस्तदन्नम् ॥१२॥

तदनन्तर हितकारिणी बातें करते और एक वर्ष पूर्व किए गए अघासुरके वध आदि रुचिर कर्मकी याद दिलाते हुए कृत्रिमगोप-शिशु श्रीकृष्ण, उस अजगरके सूखे चमड़ेको दिखाकर उन सबके साथ वहाँ अन्न भोजन करने लगे ॥ १२ ॥

तृप्तेषु मित्रनिवहेष्वघचर्ममध्यात् प्रस्थाप्य वत्सनिवहाननुगोऽयमेषाम् ।
गोष्ठं स्वमागमदितो नवधातुभिस्तैर्बर्हादिभिश्च परिभूषितपूर्ववेषः ॥१३॥

सारी मित्रमण्डलीके तृप्त हो जानेपर अघासुरके चमड़ेके बीचसे बछड़ोंको ले जाकर उनके पीछे-पीछे चलते हुए श्रीकृष्ण, वहाँसे अपने व्रजमें आए। उस समय उन्होंने नूतन गैरिक आदि धातुओं तथा मोरपंख आदिसे अपनेको विभूषित करके पूर्ववत् वेष धारण कर लिया था ॥१३॥

बालास्तथैव परिशोधितपूर्ववेषा मित्रं स्वमन्वगुरमुष्यगुणान् प्रगाय ।
आध्माय वेणुदलशृङ्गदलानि हर्षादाजग्मुरुन्नतधियो व्रजमध्यमित्थम् ॥१४॥

ग्वाल-बाल भी उसी प्रकार पूर्ववेषको परिशुद्ध करके अपने उन प्रिय-सखाके पीछे-पीछे उन्हींके गुण गाते हुए चले। वे वंशी, सिंग, तथा पत्ते आदिके बाजे बजाते, हर्ष एवं उत्साहयुक्त चित्तसे व्रजके भीतर आ पहुँचे ॥ १४ ॥

एवं विधाय विविधान् स्वगतान् विनोदानाब्रह्मकीटभवजीवगणान् प्रतोष्य ।
गोष्ठं विवेश भगवान् व्रजगोपगोभिर्गोपीभिरुत्सुकदृशाऽऽत्मनि नीयमानः ॥१५॥

इस प्रकार भाँति-भाँतिके स्वगत लीला-विनोद करते तथा ब्रह्मासे लेकर कीटपर्यन्त, समस्त जीवोंको सन्तोष देते हुए भगवान्ने व्रजमें प्रवेश किया। उस समय व्रजके गोप और गोपियाँ उत्कण्ठित नेत्रोंसे देखकर उन्हें अपने हृदय-मन्दिरमें ले आ रही थीं ॥ १५ ॥

तेषां मध्ये स्फुरितगतयो गोपबालास्तदानीं ।
प्रध्मायैवं तरुदलयुगं वेणुभृङ्गे च हर्षात् ॥
नृत्यन्तश्चाऽसममिह विभोः सद्गुणांस्तानधःस्थान् ।
गायं गायं हृदयविगतं भावमाचख्युरेतान् ॥१६॥

उनके बीचमें फुदकती हुई चालसे चलते हुए ग्वाल-बाल उस समय हर्षसे पत्ते, मुरली और सींग बजाकर अनुपम रीतिसे नाचने लगे। तथा उन भगवान्‌के इन निम्नाङ्कित सद्‌गुणोंका गान करते हुए अपना हार्दिक-भाव प्रकट करने लगे ॥ १६ ॥

शृणुत शृणुत लीला गोपराजप्रियस्य नवजलधरकान्तेर्मित्रवर्यस्य भूयः ।
तमपरिमितरूपं वाहसं योऽवधीद्भो ! वयमपि विपिनेऽस्माद्रक्षिता येन चाऽद्य ॥१७॥

'अरे ओ व्रजके लोगो ! नूतन जलधरके समान श्याम कान्तिवाले, गोपराजके प्रियपुत्र तथा हमारे मित्रप्रवर श्रीकृष्णकी पुनः नई-नई लीलायें सुनो, सुनो ! जिसने विशाल रूपधारी अजगरका वध किया है और उससे वनमें आज हम लोगोंको भी रक्षा की है' ॥ १७ ॥

आनन्दमग्नाः श्रुततद्गुणास्ते सोत्कण्ठदृष्ट्याऽथ निरीक्ष्य चैनम् ।
नीत्वा निजैर्नेत्रपथैस्तमन्तस्ततस्त्विमे तन्मयतामवापुः ॥१८॥

श्रीकृष्णका गुणगान सुनकर आनन्दमग्न हो, उत्कण्ठित दृष्टिसे उन्हें देखकर अपने नेत्र-मार्गसे अन्तःकरणमें ले आकर वे सब गोपगण उनके साथ तन्मयताको प्राप्त हो गए ॥१८॥

कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।
सर्गोऽगात् सप्तपञ्चाशो महाकाव्ये स्तवात्मके ॥१९॥

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह सत्तावनवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ १९॥

* * *

# अष्टपञ्चाशः सर्गः

[ भगवतः स्वरूपनिर्देशनपूर्वकं ग्रन्थनिर्मातुर्ग्रन्थस्थाऽस्य प्रथमखण्डमात्रसमाप्तिसूचनम् ।
निष्किञ्चनोऽस्तीत्यादिना सहृदयविद्वद्वरेभ्यः शुभाशीर्वादयाचनञ्च । ]

( वंशस्थेन्द्रवंशयोरुपजातिवृत्तम् )

विद्वांस ! इत्थं ववृधे निरन्तरं प्रेमा तदस्मिन् व्रजवासिनामिह ।
आनन्दसच्चिन्मय एकरूपकः परात्मकोऽगोचर एव वाग्धृदोः ॥१॥

विद्वज्जनो ! इस प्रकार इन श्रीकृष्णमें यहाँ व्रजवासियोंका प्रेम निरन्तर बढ़ने लगा। जो सच्चिदानन्दस्वरूप एकरूप तथा मन और वाणीके अगोचर परमात्मा ही हैं ॥ १ ॥

तदत्र पश्यन्तु दिशन्तु सन्मतिं परोद्भवे गोपसुते तथाविधे ।
कोऽर्थो भवेत् बुद्धिमतां सतामपि स्वप्रेमवृद्धौ किमिदं विचार्यताम् ? ॥२॥

आप लोग इस विषय पर दृष्टिपात करें और इस तुच्छ लेखकको नेक सलाह भी दें कि वैसे गोपनन्दन श्रीकृष्णमें, जिनकी उत्पत्ति दूसरे ( अर्थात् वसुदेव ) से हुई थी, बुद्धिमान् सत्पुरुषोंका भी, जो अपने-से अधिक प्रेम बढ़ने लगा, उसमें उनका क्या प्रयोजन था और इसमें क्या कारण है ? । इसपर विचार किया जाय ॥ २ ॥

आब्रह्मकीटेषु विराजते हि यच्चैकं स्वयंज्योतिरनन्यदव्ययम् ।
किमेतदत्रैव बुधाः स्वतो वयं सिद्धान्तदृष्ट्याऽद्य निभालयामहे ॥३॥

ब्रह्मासे लेकर कीटपर्यन्त समस्त प्राणियोंमें जो एक अद्वितीय, निर्विकार एवं स्वयंप्रकाश तत्त्व विराजमान है, वह क्या है ? विद्वानो ! हम इसी विषयमें सिद्धान्तकी दृष्टिसे स्वतः विचार करें ॥ ३ ॥

यद्देहिनां जन्मभृतां तनुष्विह स एष आत्मा च विदृश्यते स्थितः ।
नित्यं प्रियः स्वेष्टतरश्च सोऽव्ययः समश्च सर्वेष्वपि सत्यमेव तत् ॥४॥

जन्म लेनेवाले देहधारियोंके शरीरोंमें वह प्रत्यक्षकी भाँति अनुभवमें आनेवाला यह आत्मा स्थित दिखाई देता है, वही सबको सदा प्रिय है। सबसे अधिक अभीष्ट है। समस्त विकारोंसे रहित और सबमें समभावसे स्थित है। यह बात जो कही जाती है, वह सत्य ही है ॥ ४ ॥

हृद्यं यमाश्रित्य विभिन्नया धिया कल्प्य संचेष्टा मनसः समुद्भवाः ।
कुर्वन्ति कामं विविधाः क्रियाश्च ते संकल्पितानां परिपूरणात्मिकाः ॥५॥

इस मनोरम आत्माका ही आश्रय लेकर संसारके लोग विभिन्न बुद्धि-वृत्तिके द्वारा संकल्प करके मनसे होनेवाली चेष्टाओं तथा संकल्पित कार्योंकी पूर्तिके लिए विविध प्रकारकी क्रियाओंको इच्छानुसार करते हैं ॥ ५ ॥

तथैव तस्यैव कृते यथार्थतो भवन्ति तेषां विषया अपि प्रियाः ।
कलत्रपुत्रप्रियमित्रबान्धवाः स्निह्यन्त एभिश्च तदर्थलब्धये ॥६॥

उस प्रिय आत्माके लिए ही वास्तवमें उन प्राणियोंको वे-वे विषय प्रिय होते हैं। स्त्री-पुत्र, प्रिय-मित्र, तथा बन्धु-बान्धव भी आत्मप्रीतिकी उपलब्धिके लिए ही प्रिय माने गए हैं। आत्माकी प्रसन्नताके लिए ही लोग इन सबके साथ स्नेह करते हैं ॥ ६ ॥

आत्मा तदेषामखिलात्मधारिणां प्रेष्ठः स्वतः सिद्ध इतीह निश्चितः ।
प्रियास्तथाऽन्ये तदपेक्षया मताः सिद्धान्त एवैष सतां श्रुतेश्च हि ॥७॥

अतः इन समस्त शरीरधारियोंके लिए आत्मा ही सबसे बढ़कर प्रिय है। यह बात यहाँ निश्चितरूपसे स्वतः सिद्ध हो गयी। अन्य जो प्रिय वस्तुयें हैं, वे आत्माकी अपेक्षासे ही प्रिय मानी गयी हैं। यही श्रुतियों तथा सत्पुरुषोंका सिद्धान्त है ॥ ७ ॥

शरीरमात्मेति वदन्त उद्धता मन्यन्त एवाऽऽत्मशरीरमीदृशम् ।
तदस्तु, तेषामपि काय ईदृशः प्रियो भवत्येव विदृश्यते स्फुटम् ॥८॥

जो शरीरको ही आत्मा कहनेवाले हैं, वे उद्धत लोग भी अपने शरीरको ही आत्माके समान प्रिय मानते हैं। उनकी यह मान्यता रहे। उन्हें भी अपना शरीर ही ऐसा ही प्रिय होता है। यह बात स्पष्ट देखी जाती है ॥ ८ ॥

तद्वत् प्रिया नाऽत्र भवन्ति वस्तुतः कलत्रपुत्राः प्रियमित्रबान्धवाः ।
पूर्वं शरीरं प्रियमात्मनो हितं पश्चात् प्रियास्ते तदपेक्षयैव तु ॥९॥

उन्हें शरीरके समान वस्तुतः प्रिय स्त्री-पुत्र, प्रिय-मित्र और बन्धु-बान्धव भी नहीं होते हैं। उनके लिए पहले अपना शरीर प्रिय एवं हितकर है। पीछे उसकी अपेक्षासे ही वे स्त्री-पुत्रादि भी प्रिय होते हैं ॥ ९ ॥

कायो ममाऽयं तदहं स्वभावतो विशिष्ट एवं ममतामयो यदि ।
तद्देह आत्मत्वमिदं च दृश्यते यस्मिन् विजीर्यत्यपि सच्चिदात्मकम् ॥१०॥

'यह मेरा शरीर हैं, मैं स्वभावतः दूसरोंसे विशिष्ट हूँ'। इस प्रकार यदि शरीरके प्रति ममता हो तो उस शरीरमें उसके जरा-जीर्ण होनेपर भी सच्चित्-स्वरूप इस आत्मत्वका दर्शन स्पष्ट होता है ॥ १० ॥

यदत्र चाशा परिवर्धतेऽक्षया जीयासमित्यादिवृथाभिमानिनी ।
कैषा ? तदात्मा सकलान्तरस्थितः सच्चित्स्वरूपं प्रकटय्य राजते ॥११॥

'मैं सदा जीवित रहूँ' इत्यादि रूपसे व्यर्थ अभिमानवाली जो अक्षय आशा यहाँ बढ़ती रहती है, यह क्या है ? इससे सिद्ध है कि सबके भीतर अपने सच्चित्स्वरूपको प्रकट करके आत्मा विराजमान है ॥ ११ ॥

**तत्स्थावराणां जगतां च देहिनां स्वात्मा प्रियः सर्वमतश्च वस्तुतः ।**
**तस्यैव हेतोः सकलाश्चराचरा यतन्त एवाऽत्र समाहिता हि ते ॥१२॥**

इसलिए चराचर देहधारियोंको वास्तवमें अपना आत्मा ही प्रिय है। यही सर्वसम्मत सिद्धान्त है। उसीके लिए समस्त स्थावर-जंगम प्राणी यहाँ प्रयत्नशील होते हैं और उसीके हित-साधनमें एकाग्रचित्त रहते हैं ॥ १२ ॥

**तमात्मरूपं भगवन्तमव्ययं श्रीकृष्णतत्त्वं परिचिन्त्य चाऽर्थतः ।**
**निरूपयध्वं स्वहृदि व्यवस्थितं स्वात्मानमेवाऽमुमथाऽऽप्य तद्विदः ! ॥१३॥**

अनात्मवादी विद्वानो ! अब आप लोग यह जान लें कि षड्विध ऐश्वर्यसे सम्पन्न, तथा समस्त भाव-विकारोंसे रहित, जो श्रीकृष्णतत्त्व है, वह वास्तवमें सबका आत्मरूप है। उन अपने आत्मभूत श्रीकृष्णको आप लोग अपने हृदयाकाशमें विराजमान देखें ॥ १३ ॥

**मायां गृहीत्वा स्वत उद्भवां निजां छायां यथात्मप्रतिरूपगामिनीम् ।**
**स भाति देहीव गुणीव निर्गुणो जगद्धितायाङ्ग ! धृतावतारकः ॥१४॥**

आत्मप्रतिरूपगामिनी अपनी छायाकी भाँति अपने-आपसे ही उत्पन्न मायाका आश्रय लेकर वे श्रीकृष्ण देह-रहित होनेपर भी देहधारीकी भाँति तथा निर्गुण होनेपर भी गुणवान्की भाँति प्रतीत होते हैं। प्रिय सज्जनो ! उन्होंने जगत्के हितके लिए इस भूतलपर अवतार धारण किया है ॥ १४ ॥

**जानन्ति ये तं विभुमक्षरं हितं चराचरात्मानममेयशक्तिकम् ।**
**ते नैव मुह्यन्ति कदापि वस्तुतो ज्ञात्वा जगत्सर्वममुष्य रूपकम् ॥१५॥**

जो उन भगवान् श्रीकृष्णको सर्वव्यापी, अविनाशी, सर्वहितैषी, चराचर जगत्के आत्मा और अप्रमेय-शक्तिशाली जानते हैं, वे वस्तुतः सम्पूर्णं जगत्को उन्हींका रूप समझ कर कदापि मोहित नहीं होते हैं ॥ १५ ॥

**यद्वस्तुसत्ताऽत्र विदृश्यते भवे स्थिरेव तस्या अपि तत्त्वरूपणात् ।**
**तत्प्राप्यतेऽस्माभिरिमाञ्च संततां जानीत कृष्णं स्वगुरुं महेश्वरम् ॥१६॥**

इस संसारमें जो वस्तु-सत्ता स्थिर सी दिखाई देती है, उसके भी तत्त्वका निरूपण करने पर वह हमें स्वतः प्राप्त होती है। इस सत्ताको सर्वंत्र व्यापक श्रीकृष्णरूप जानना चाहिए। वे श्रीकृष्ण ही हम सबके अपने गुरु एवं महेश्वर हैं ॥ १६ ॥

**तद्ब्रह्मभिन्नं परमार्थकं भवे न दृश्यते वस्त्वपि तद्विचारणे ।**
**यन्नामरूपात्मकमेव वस्तुतो विशोभते विश्वमिदं त्वितस्ततः ॥१७॥**

सत्तत्त्वका विचार करनेपर इस संसारमें ब्रह्मसे भिन्न कोई भी वस्तु परमार्थरूप नहीं दिखाई देती है। क्योंकि इधर-उधर सब ओर जो यह विश्व सुशोभित होता है, वह वास्तवमें नाम-रूपमय ही है ॥ १७ ॥

तदेव नीलं मह उत्तमं स्फुरत् संकीर्त्यते ब्रह्मपदेन सूरिभिः ।
धृतावतारं परिपूर्णरूपतः श्रीकृष्णनाम्ना प्रबभूव यद्भुवे ॥१८॥

जो पूर्णावतार लेकर संसारमें श्रीकृष्ण नामसे प्रकट हुआ, उस कान्तिमान् उत्तम नील-तेजको ही ज्ञानीजन ब्रह्म-पदसे प्रतिपादित करते हैं ॥ १८ ॥

विभुं तमात्मानमिहाऽऽश्रयन्नरो गायंश्च लीला जगतोऽस्य पावनीः ।
आत्मानमेवोद्धरते हृदिस्थितं विधूय मायातिमिरं गतव्यथम् ॥१९॥

उन सर्वव्यापी सर्वात्मा श्रीकृष्णका इस जगत्में आश्रय लेकर जो मनुष्य उनकी जगत् पावनी लीलाओंका गान करता है, वह बिना किसी क्लेशके हृदयस्थित मायामय-अन्धकारको दूर करके निश्चय ही अपना उद्धार कर लेता है ॥ १९ ॥

ये तादृशाः सन्ति त एव वस्तुतो धन्या महान्तश्च विवेकिनो हि ते ।
उद्धारितं तैरखिलं जगत् स्वतो भूभाररूपा इतरे जनास्त्वहो ! ॥२०॥

जो इस प्रकार भगवान्का आश्रय लेनेवाले हैं, वास्तवमें वे ही धन्य, महापुरुष तथा विवेकी हैं। उन्हींके द्वारा समस्त संसारका उद्धार होता है। अहो ! इनसे भिन्न जो दूसरे लोग हैं, वे तो स्वतः इस भूतलके भाररूप ही हैं ॥ २० ॥

संप्राप्य तद्रूपममोघदर्शनं भूत्वा स्वयं ब्रह्म जगत्सु विस्तृतम् ।
कुर्वन्ति चाऽस्मानपि ते सदाशिषा तदत्र लग्नानिति मे मतिः स्थिरा ॥२१॥

वैसे महापुरुष ही, जिसका दर्शन सफल है, ऐसे स्वरूपको पाकर स्वयं जगद्व्यापक ब्रह्म होकर हम जैसे लोगोंको भी अपने शुभाशीर्वादसे उस ब्रह्मकी आराधनामें संलग्न करते हैं। ऐसा मेरा सुस्थिर विचार है ॥ २१ ॥

तथैव तत्कृष्णचरित्रवर्णने संप्रेरितोऽहं स्वगुरोः पदाम्बुजम् ।
आश्रित्य काव्याकृति कृष्णजीवनं व्यवर्णयं तद्गतमानसः स्तुवन् ॥२२॥

उस विचारसे ही श्रीकृष्ण-चरित्र वर्णनके लिए प्रेरित होकर मैंने अपने गुरुदेवके चरणारविन्दका आश्रय ले, तद्गतचित्त हो, स्तुति करते हुए काव्यके आकारमें श्रीकृष्णके जीवन-चरित्रका वर्णन किया है ॥ २२ ॥

तत्कृष्णपादाम्बुरुहासवामृतं पिबेयुरत्रैव तमाश्रिता बुधाः ।
यत्प्रीतिभाजां भवतां पदेष्वहं लुठाम्यजस्रं सफलीकृतश्रमः ॥२३॥

अतः उन्हींका आश्रय ले विद्वज्जन इस काव्यमें ही उन भगवान् श्रीकृष्णके चरणारविन्द-रसामृतका पान करें। जिससे उस चरणाविन्द—रसामृतके प्रति प्रेम रखनेवाले आप लोगोंके चरणोंमें मैं सफल-परिश्रम हो निरन्तर लोटता रहूँ ॥ २३ ॥

**निष्किञ्चनोऽस्ति भगवान् हरिरव्ययोऽसौ निष्किञ्चनाः प्रियजनाश्च तदस्य सन्ति ।**
**निष्किञ्चनोऽस्म्यहमपीह वदन्तु तद्भो निष्किञ्चनत्वमिदमेव भवेत्त्वयीति ॥२४॥**

वे अविनाशी भगवान् श्रीकृष्ण अकिञ्चन ( संग्रहरहित ) है। उनके प्रिय भक्तजन भी अकिञ्चन ही होते हैं और मैं भी यहाँ अकिञ्चन ही हूँ। अतः हे सन्त-महात्माओ ! आप लोग मुझसे इतना ही कह दें कि "तुममें यही अकिञ्चनता बनी रहे" ॥ २४ ॥

**ग्रन्थविस्तरभयादतः परं यन्मयाऽस्ति लिखितं मुदावहम् ।**
**न प्रकाश्यत इहाऽद्य तत्पुनः प्राकाश्यमानेष्यति स स्वयं प्रभुः ॥२५॥**

इसके बादका आनन्ददायी प्रसङ्ग, जो मैंने लिख रखा है, ग्रन्थ बढ़ जानेके भयसे इस समय यहाँ प्रकाशित नहीं किया जाता है। उसे पुनः कभी स्वयं भगवान् ही प्रकाशमें लायेगें॥२५॥

**इत्थं भागवतं पूर्णं लिख्यतेऽत्र मया विभोः ।**
**चरित्रं कृष्णसत्कीर्तिं प्रख्यापयितुमव्ययाम् ॥२६॥**

इस प्रकार भगवान् श्रीकृष्णकी अक्षय सत्कीर्तिका प्रचार-प्रसार करनेके लिए मेरे द्वारा पूर्ण-भागवत चरित्र लिखा जा रहा है ॥ २६ ॥

**परिपूर्णा भवेच्छीघ्रं तवेच्छेयमिति स्थिराम् ।**
**शुभाशिषमिमां मह्यं तद्विद्वांसो ददत्विह ॥२७॥**

विद्वानो ! आप लोग मुझे यह सुस्थिर शुभाशीर्वाद प्रदान करें कि "तुम्हारी यह इच्छा शीघ्र परिपूर्ण हो" ॥ २७ ॥

**सर्वसौन्दर्यसम्पूर्णे नव्ये भव्ये सतां प्रिये ।**
**काव्येऽस्मिन् प्रथमः खण्डो गतो मौलिकताश्रिते ॥२८॥**

समस्त काव्योचित—सौन्दर्यसे परिपूर्ण तथा सज्जनोंको प्रिय लगनेवाले इस नव्य-भव्य मौलिक-काव्यमें यह प्रथम खण्ड पूरा हुआ ॥ २८ ॥

**कृष्णप्रसादस्य कृतौ श्रीकृष्णचरितामृते ।**
**अष्टपञ्चाशसर्गोऽगान्महाकाव्ये स्तवात्मके ॥२९॥**

कृष्णप्रसाद घिमिरेकी कृति 'श्रीकृष्णचरितामृत' नामक इस स्तोत्रात्मक महाकाव्यमें यह अट्ठावनवाँ सर्ग पूरा हुआ ॥ २९ ॥

**इति प्रथमखण्डः समाप्तः**

श्रीकृष्णग्रन्थमाला-प्रकाशन